सीटेट
शिक्षक पात्रता परीक्षा
(CTET)
जूनियर स्तर (कक्षा VI से VIII के लिए)
सॉल्व्ड पेपर्स
(सामाजिक अध्ययन वर्ग के लिए)
(विस्तृत विश्लेषण एवं व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र)

प्रधान संपादक
आनन्द कुमार महाजन

संपादन एवं संकलन
CTET परीक्षा विशेषज्ञ समिति

संपादकीय कार्यालय
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
मो. : 9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/ www.yctfastbooks.com

© All Rights Reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने प्रिंटेक्स इण्डिया, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है
फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।
किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

मूल्य : 795/-

विषय-सूची

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)-2022 (CLASS : VI-VIII)

- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 06 फरवरी, 2023).....5-33
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 03 फरवरी, 2023).....34-62
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 01 फरवरी, 2023).....63-90
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 30 जनवरी, 2023) 91-116
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 29 जनवरी, 2023) 117-145
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 28 जनवरी, 2023) 146-173
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 27 जनवरी, 2023) 174-199
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 25 जनवरी, 2023) 200-225
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 24 जनवरी, 2023) 226-252
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 23 जनवरी, 2023) 253-281
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 20 जनवरी, 2023) 282-312
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 19 जनवरी, 2023) 313-342
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 18 जनवरी, 2023) 343-370
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 17 जनवरी, 2023) 371-397
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 13 जनवरी, 2023) 398-426
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 12 जनवरी, 2023) 427-455
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 11 जनवरी, 2023) 456-483
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 09 जनवरी, 2023) 484-514
- CTET-2022 (सामाजिक अध्ययन) व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र (VI-VIII) (परीक्षा तिथि 28 दिसंबर, 2022) 515-544

उत्तर प्रदेश (UP TET) एवं केन्द्रीय (CTET) शिक्षक पात्रता परीक्षा पाठ्यक्रम (कक्षा VI से VIII के लिए)

प्रारम्भिक अवस्था

I. बाल विकास और अध्यापन — 30 प्रश्न

(क) बाल विकास (प्रारम्भिक विद्यालय का बालक) — 15 प्रश्न

- विकास की अवस्था तथा अधिगम से उसका संबंध
- बालक के विकास के सिद्धान्त
- आनुवांशिकता और पर्यावरण का प्रभाव
- सामाजिकीकरण दबाव : सामाजिक विश्व और बालक (शिक्षक, अभिभावक और मित्रगण)
- पाइगेट, कोलबर्ग और वायगोट्स्की : निर्माण और विवेचित संदर्श
- बाल-केंद्रित और प्रगामी शिक्षा की अवधारणाएं
- बौद्धिकता के निर्माण का विवेचित संदर्श
- बहु-आयामी बौद्धिकता
- भाषा और चिंतन
- समाज निर्माण के रूप में लिंग : लिंग भूमिकाएँ, लिंग-पूर्वाग्रह और शैक्षणिक व्यवहार
- शिक्षार्थियों के मध्य वैयक्तिक विभेद, भाषा, जाति, लिंग, समुदाय, धर्म आदि की विविधता पर आधारित विभेदों को समझना करना
- अधिगम के लिए मूल्यांकन और अधिगम के मूल्यांकन के बीच अंतर; विद्यालय आधारित मूल्यांकन, सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन : संदर्श और व्यवहार
- शिक्षार्थियों की तैयारी के स्तर के मूल्यांकन के लिए; कक्षा में शिक्षण और विवेचित चिंतन के लिए तथा शिक्षार्थी की उपलब्धि के लिए उपयुक्त प्रश्न तैयार करना।

(ख) समावेशी शिक्षा की अवधारणा तथा निवेश आवश्यकता वाले बालकों को समझना — 5 प्रश्न

- गैर-लाभप्राप्त और अवसर-वंचित शिक्षार्थियों सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं को समझना।
- अधिगम संबंधी समस्याओं, 'कठिनाई' रखने वाले बालकों की आवश्यकताओं को समझना।
- मेधावी, सृजनशील, विशिष्ट, प्रतिभावान शिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं को समझना।

(ग) अध्ययन और अध्यापन — 10 प्रश्न

- बालक किस प्रकार सोचते और सीखते हैं; बालक विद्यालय प्रदर्शन में सफलता प्राप्त करने में कैसे और क्यों 'असफल' होते हैं।
- शिक्षण और अधिगम की बुनियादी प्रक्रियाएँ; बालकों की अध्ययन कार्यनीतियाँ; सामाजिक क्रियाकलाप के रूप में अधिगम, अधिगम के सामाजिक संदर्भ।
- एक समस्या समाधानकर्ता और एक 'वैज्ञानिक अन्वेषक' के रूप में बालक।
- बालकों के अधिगम की वैकल्पिक संकल्पना, अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण चरणों के रूप में बालक की 'त्रुटियों' को समझना।
- बोध और संवेदनाएं
- प्रेरणा और अधिगम
- अधिगम में योगदान देने वाले कारक – निजी एवं पर्यावरणीय।

II. भाषा I — 30 प्रश्न

(क) भाषा बोधगम्यता — 15 प्रश्न

अनदेखे अनुच्छेदों को पढ़ना – दो अनुच्छेद एक गद्य अथवा नाटक और एक कविता जिसमें बोधगम्यता, निष्कर्ष, व्याकरण और मौखिक योग्यता से संबंधित प्रश्न होंगे (गद्य अनुच्छेद साहित्यिक, वैज्ञानिक, वर्णनात्मक अथवा तर्कमूलक हो सकता है)

(ख) भाषा विकास का अध्यापन — 5 प्रश्न

- अधिगम अर्जन
- भाषा अध्यापन के सिद्धान्त
- सुनने और बोलने की भूमिका; भाषा का कार्य तथा बालक इसे किस प्रकार एक उपकरण के रूप में प्रयोग करते हैं,
- मौखिक और लिखित रूप में विचारों के सम्प्रेषण के लिए किसी भाषा के अधिगम में व्याकरण की भूमिका पर विवेचित संदर्श
- एक भिन्न कक्षा में भाषा पढ़ाने की चुनौतियाँ; भाषा की कठिनाइयां, त्रुटियाँ और विकार
- भाषा कौशल
- भाषा बोधगम्यता और प्रवीणता का मूल्यांकन करना : बोलना, सुनना, पढ़ना और लिखना
- अध्यापन – अधिगम सामग्री : पाठ्यपुस्तक, मल्टीमीडिया सामग्री, कक्षा का बहुभाषायी संसाधन
- उपचारात्मक अध्यापन

III. भाषा-II — 30 प्रश्न

(क) बोधगम्यता — 15 प्रश्न

दो अनदेखे गद्य अनुच्छेद (तर्कमूलक अथवा साहित्यिक अथवा वर्णनात्मक अथवा वैज्ञानिक) जिनमें बोधगम्यता, निष्कर्ष, व्याकरण और मौखिक योग्यता से संबंधित प्रश्न होंगे

(ख) भाषा विकास का अध्यापन — 15 प्रश्न

- अधिगम और अर्जन
- भाषा अध्यापन के सिद्धान्त
- सुनने और बोलने की भूमिका; भाषा का कार्य तथा बालक इसे किस प्रकार एक उपकरण के रूप में प्रयोग करते हैं।
- मौखिक और लिखित रूप में विचारों के सम्प्रेषण के लिए किसी भाषा के अधिगम में व्याकरण की भूमिका पर निर्णायक संदर्श
- एक भिन्न कक्षा में भाषा पढ़ाने की चुनौतियाँ; भाषा की कठिनाइयां, त्रुटियाँ और विकार
- भाषा कौशल
- भाषा बौधगम्यता और प्रवीणता का मूल्यांकन करना : बोलना, सुनना, पढ़ना और लिखना
- अध्यापन – अधिगम सामग्री : पाठ्यपुस्तक, मल्टीमीडिया सामग्री, कक्षा का बहुभाषायी संसाधन
- उपचारात्मक अध्यापन

IV. (क) गणित एवं विज्ञान : — 60 प्रश्न

(i) गणित — 30 प्रश्न

(क) विषय-वस्तु — 20 प्रश्न

- अंक प्रणाली
- अंकों को समझना
- अंकों के साथ खेलना
- पूर्ण अंक

- नकारात्मक अंक और पूर्णांक
- भिन्न
- बीजगणित
- बीजगणित का परिचय
- समानुपात और अनुपात
- ज्यामिति
- मूलभूत ज्यामितिक विचार (2-डी)
- बुनियादी आकारों को समझना (2-डी और 3-डी)
- सममिति
- निर्माण (सीधे किनारे वाले मापक, कोणमापक, परकार का प्रयोग करते हुए)
- क्षेत्रमिति
- आंकड़ा प्रबंधन

(ख) अध्यापन संबंधी मुद्दे **10 प्रश्न**

- गणितीय/तार्किक चिंतन की प्रकृति
- पाठ्यचर्या में गणित का स्थान
- गणित की भाषा
- सामुदायिक गणित
- मूल्यांकन
- उपचारात्मक शिक्षण
- शिक्षण की समस्याएं

(ii) विज्ञान **30 प्रश्न**

(क) विषय-वस्तु **20 प्रश्न**

I. भोजन

- भोजन के स्रोत
- भोजन के अवयव
- भोजन को स्वच्छ करना

II. सामग्री

- दैनिक प्रयोग की सामग्री

III. जीव-जंतुओं की दुनिया

IV. सचल वस्तुएं, लोग और विचार

V. चीजें कैसे कार्य करती हैं

- विद्युत करंट और सर्किट
- चुंबक

VI. प्राकृतिक पद्धति

VII. प्राकृतिक संसाधन

(ख) अध्यापन संबंधी मद्दे **10 प्रश्न**

- विज्ञान की प्रकृति और संरचना
- प्राकृतिक विज्ञान/लक्ष्य और उद्देश्य
- विज्ञान को समझना और उसकी सराहना करना
- दृष्टिकोण/एकीकृत दृष्टिकोण
- प्रेक्षण/प्रयोग/अन्वेषण (विज्ञान की पद्धति)
- अभिनवता
- पाठ्यचर्या सामग्री/सहायता-सामग्री
- मूल्यांकन-संज्ञात्मक/मनोप्रेरक/प्रभावन
- समस्याएं
- उपचारात्मक शिक्षण

V. सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान **60 प्रश्न**

(क) विषय-वस्तु **40 प्रश्न**

I. इतिहास

- कब, कहाँ और कैसे
- प्रारम्भिक समाज
- प्रथम कृषक और चरवाहे
- प्रथम शहर
- प्रारम्भिक राज्य
- नए विचार
- प्रथम साम्राज्य
- सुदूरवर्ती भूभागों के साथ सम्पर्क
- राजनैतिक गतिविधियाँ
- संस्कृति और विज्ञान
- नए सम्राट और साम्राज्य
- दिल्ली के सुल्तान
- वास्तुकला
- साम्राज्य का सृजन
- सामाजिक परिवर्तन
- क्षेत्रीय संस्कृतियाँ
- कम्पनी शासन की स्थापना
- ग्रामीण जीवन और समाज
- उपनिवेशवाद और जनजातीय समाज
- 1857-58 का विद्रोह
- महिलाएं और सुधार
- जाति व्यवस्था को चुनौती
- राष्ट्रवादी आंदोलन
- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत

II. भूगोल

- एक सामाजिक अध्ययन तथा एक विज्ञान के रूप में भूगोल
- ग्रह : सौरमण्डल में पृथ्वी
- ग्लोब
- अपनी समग्रता में पर्यावरण : प्राकृतिक और मानव पर्यावरण
- वायु
- जल
- मानव पर्यावरण : बस्तियाँ, परिवहन और संप्रेषण
- संसाधन : प्रकार – प्राकृतिक एवं मानवीय
- कृषि

III. सामाजिक और राजनीतिक जीवन

- विविधता
- सरकार
- स्थानीय सरकार
- आजीविका हासिल करना
- लोकतंत्र
- राज्य सरकार
- मीडिया को समझना
- लिंग-भेद समाप्ति
- संविधान
- संसदीय सरकार
- न्यायपालिका
- सामाजिक न्याय और सीमांत लोग

(ख) अध्यापन संबंधी मुद्दे **20 प्रश्न**

- सामाजिक विज्ञान/सामाजिक अध्ययन की अवधारण और पद्धति
- कक्षा की प्रक्रियाएं, क्रियाकलाप और व्याख्यान
- विवेचित चिंतन का विकास करना
- पूछताछ/अनुभवजन्य साक्ष्य
- सामाजिक विज्ञान/सामाजिक अध्ययन पढ़ाने की समस्याएं
- स्रोत – प्राथमिक और माध्यमिक
- प्रोजेक्ट कार्य
- मूल्यांकन

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 06-02-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. A child's growth and development is influenced by :/एक बच्चे की वृद्धि और विकास निम्नलिखित में से कौन-से कारकों द्वारा प्रभावित होता है?

(i) parenting styles/परवरिश की शैलियाँ

(ii) genetic make - up/आनुवंशिक ढाँचा/संरचना

(iii) schooling experiences/विद्यालयी अनुभव

(iv) personal interests/व्यक्तिगत रुचि

(a) (ii), (iii) (b) (i), (ii)
(c) (i), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (d) : वृद्धि और विकास आनुवांशिकता या अनुवांशिक संघटन और पर्यावरणीय कारकों, सभी अन्योन्याश्रितों के बीच एक जटिल संतुलन द्वारा विनियमित होते हैं। आनुवांशिकता वृद्धि और विकास की सीमा को निर्धारित करती है, जो संभव है लेकिन पर्यावरण उस स्थिति को निर्धारित करता है जिससे क्षमता हासिल की जाती है। अतः एक बच्चे की वृद्धि और विकास निम्न कारकों द्वारा की प्रभावित होता है–

- परवरिश की शैलियाँ
- आनुवंशिक ढाँचा संरचना
- विद्यालयी अनुभव
- व्यक्तिगत रूचि

2. Developmental changes in children :
बच्चों में विकासात्मक परिवर्तन :

(a) Are universal taking place at the same pace across cultures./सभी संस्कृतियों में सार्वभौमिक समान गति से होते हैं।

(b) Are unidimensional and linear./एक आयामी और रैखिक हैं।

(c) Are a complex interaction between hereditary and environmental factors./वंशानुगत और पर्यावरणीय कारकों के बीच एक जटिल अंतःक्रिया हैं।

(d) Are irreversible and proceed from toe to head. /अपरिवर्तनीय हैं और पैर की अंगुली से सिरे तक आगे बढ़ते हैं।

Ans. (c) : मानव विकास 'आनुवंशिकता और वातावरण' दोनों से प्रभावित होती है क्योंकि ये वे तत्व है जो किसी व्यक्ति के वृद्धि और विकास को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विकासात्मक परिवर्तन आनुवांशिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अद्वितीय संयोजन का परिणाम है क्योंकि बच्चों का विकास आनुवांशिकता और पर्यावरण के बीच अंतः क्रिया का परिणाम हैं। बच्चों में विकासात्मक परिवर्तन वंशानुगत और पर्यावरणीय कारकों के बीच एक जटिल अंतः क्रिया है जो सभी जन्मजात लक्षण, प्रवृत्ति, और बुद्धिलब्धि, आनुवांशिकता पर निर्भर करते हैं। तथा सभी मानसिक और सामाजिक लक्षण पर्यावरण पर निर्भर करते हैं।

3. Assertion (A) : All children across cultures proceed through the stages of development in the same manner at the same age.

अभिकथन (A) : सभी संस्कृतियों में बच्चे एक ही उम्र में एक ही तरीके से विकास के चरणों से गुतरते हैं।

Reason (R) : Childhood is universal and unidimensional.

तर्क (R) : बचपन सार्वभौमिक और एक आयामी होता है।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : बालक और बाल्यावस्था की सार्वभौमिक धारणा बचपन को सार्वभौमिक स्तर पर परिभाषित करना संभव नहीं हैं क्योंकि हर बालक अलग-अलग पृष्ठभूमि और संस्कृतियों में अलग-अलग क्षमताओं और अक्षमताओं के साथ बढ़ता है अभिकथन (A) सभी संस्कृतियों में बच्चे एक ही उम्र में एक ही तरीके से विकास के चरणों से गुजरते है। यह कथन गलत हैं क्योंकि बच्चे भिन्न तरीके से अलग-अलग उम्र में विकस के चरणों से गुजरते है। तर्क (R) बचपन सार्वभौमिक और एक आयामी नही बल्कि बहुआयामी होता है। अतः इस सन्दर्भ में (A) और (R) दोनों गलत है।

4. Assertion (A) : Socialisation happens only at school once the children begin to go to school.

अभिकथन (A) : समाजीकरण स्कूल में ही होता है जब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं।

Reason (R) : **School is the only institution of secondary socialisation.**

तर्क (R) : **स्कूल द्वितीयक समाजीकरण की एकमात्र संस्था है।**

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : सामाजीकरण समाज में विशेष भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों के अपेक्षित व्यवहार, मूल्यों, मानदंडों और सामाजिक कौशल को सीखने की चल रही प्रक्रिया को संदर्भित करता है। समाजीकरण के प्रमुख एजेंटों में परिवार और स्कूल शामिल है, लेकिन मीडिया, सहकर्मी समूह और अन्य प्रमुख सामाजिक संस्थान जैसे धर्म और कानूनी व्यवस्था भी शामिल हैं। अतः इस सन्दर्भ मे समाजीकरण स्कूल में ही नही वरन् परिवार, मीडिया व आसपास वातावरण से भी प्राप्त होता है। और द्वितीयक/माध्यमिक समाजीकरण में सिर्फ स्कूल ही नहीं बल्कि, पड़ोस, मीडिया, सहकर्मी समूह, समाज के कानून आदि है। इस प्रकार (A) और (R) दोनों गलत है।

5. Seema is scared to eat sweets from the kitchen without her mother's permission. She thinks that if her mother gets to know about it then she will be punished. Identify the stage of moral development of Seema according to Kohlberg's theory of Moral development.
सीमा अपनी मम्मी की आज्ञा के बिना रसोई से मिठाई खाने में डरती है। उसे लगता है कि मम्मी को पता लगने पर उसे सज़ा मिलेगी। कोहलबर्ग के नैतिक सिद्धांतों के अनुसार सीमा किस स्तर पर है ?

(a) Post Conventional Stage/उत्तर पारंपरिक स्तर
(b) Pre-Conventional Stag/पूर्व पारंपरिक स्तर
(c) Formal Stage/अमूर्त स्तर
(d) Conventional Stage /पारंपरिक स्तर

Ans. (b) : सीमा अपनी मम्मी की आज्ञा के बिना रसोई से मिठाई खाने में डरती है। उसे लगता है कि मम्मी को पता लगने पर उसे सजा मिलेगी कोहलबर्ग के नैतिक सिद्धान्तों के अनुसार सीमा पूर्व पारंपरिक स्तर की प्रारंभिक अवधि में है। यह लगभग 9 वर्ष तक रहता है। इस उम्र में, बच्चों के निर्णय मुख्य रूप से वयस्कों की अपेक्षाओं और नियमों को तोड़ने के परिणामों से प्रभावित होते है। इस स्तर में दो चरण होते है–
(1) आज्ञाकारिता और दंड
(2) व्यक्तिवाद और विनियम

6. According to Jean Piaget cognitive development is facilitated by the process of :
जीन पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास किस प्रक्रिया द्वारा सुगम होता है ?

(a) Adaptation /अनुकूलन
(b) Reinforcement/पूनर्बलन
(c) Rehearsal /पूर्वाभ्यास
(d) Algorithms/कलन विधि

Ans. (a) : पियाजे के अनुसार बच्चों में उनके वातावरण के साथ समायोजन की प्रकृति सहज होती है। बच्चे की इस प्रकृति को अनुकूलन (Adaptation) कहा जाता है। पियाजे के अनुसार बालक अपने प्रारंभिक जीवन से ही अनुकूलन करने लगता है। जब कोई बच्चा माहौल में किसी उद्दीपक परिस्थितियों के सामने होता है तो उस समय उसकी विभिन्न मानसिक क्रियाएं अलग-अलग कार्य न करके एक साथ संगठित होकर कार्य करती हैं और ज्ञान अर्जित करती हैं। यही क्रिया हमेशा मानसिक स्तर पर चलती हैं। वातावरण के साथ मनुष्य का जो संबंध होता है। उस संबंध को संगठन आन्तरिक रूप से प्रभावित करता है जबकि अनुकूलन बाहरी रूप से। यह कह सकते है कि इस प्रकार जीन पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास, अनुकूलन प्रक्रिया द्वारा सुगम होता है।

7. Choose the correctly matched pair of stages with the characteristics proposed by Jean Piaget.
जीन पियाजे द्वारा प्रस्तावित विशेषताओं के साथ चरणों की सही सुमेलित जोड़ी चुनें।

(a) Sensorimotor state/ संवेदी चालक अवस्था - can engage in make believe play/ नाटकीय खेल में संलग्न
(b) Pre-operational/ पूर्व संक्रियात्मक अवस्था - object permanence begins / वस्तु स्थायित्वता का प्रारंभ
(c) Concrete Operational/ मूर्त संक्रियात्मक अवस्था - Capable of mentally reversing actions / क्रियाओं को मानसिक तौर पर पतिर्वतन में सक्षम
(d) Formal Operational/ अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था - Capable of hypo-thetico deductive thinking / -परिकल्पित निगमनात्मक तर्क में सक्षम

Ans. (d) : जीन पियाजे द्वारा प्रस्तावित विशेषताओं के साथ चरणों की सही सुमेलित जोड़ीः

	अवस्थाएँ	परिवर्तन
(1)	संवेदी पेशीय गामक अवस्था (जन्म से 2 वर्ष तक)	● इंद्रिया शिक्षक है ● प्रतिवर्त क्रिया ● अंतरंग व्यवहार

(2)	पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था (2 वर्ष से 7 वर्ष की आयु तक)	• भाषा विकास • अपरिवर्तनीयता • अहंकेन्द्रवाद • जीववाद
(3)	मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7 वर्ष से 11 वर्ष तक)	• तर्क शुरू होता है। • प्रतिवर्ती • वर्गीकरण • संरक्षण
(4)	अनौपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11 वर्ष से किशोरावस्था तक)	• परिकल्पित निगमनात्मक तर्क में सक्षम • चिंतन • अपसारी/अभिसारी चिंतन • सृजनात्मक चिंतन

8. According to Lev Vygotsky, which of these is an important activity to enable children to learn ?
लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चों को सीखने में सक्षम बनाने के लिए इनमें से कौन से कारक की महत्वपूर्ण भूमिका है ?

(a) Dialogue/संवाद (b) Lecture/व्याख्यान
(c) Punishment/सज़ा (d) Rewards /पुरस्कार

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चों को सीखने में सक्षम बनाने के लिए संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। वाइगोत्स्की ने भाषा को अधिगम और विकास के बीच एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में माना है। भाषा का उपयोग शिक्षार्थी द्वारा विचारों को व्यवस्थित करने, सीखने के साथ-साथ संवाद करने तथा अनुभवों को साझा करने के लिए किया जाता है। संवाद छोटे बच्चों द्वारा उत्पादित भाषण को संदर्भित करता है। जो या तो स्वयं या दूसरों को संबोधित किया गया प्रतीत होता है जिसकी कभी-कभी आसानी से एक श्रोता द्वारा कल्पना नही की जा सकती है।

9. Which Psychologist formulated the theory in which interaction is considered the most important in language development of a child ?
निम्न में से किस मनोवैज्ञानिक ने प्रतिपादित किया कि अंतःक्रिया की बच्चे के भाषिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है?

(a) Jean Piaget/जीन पियाजे
(b) Lev Vygotsky/लेव व्यागोत्सकी
(c) BF Skinner/बी.एफ. स्कीनर
(d) Noam Chomsky /नोम चौमस्की

Ans. (b) : लेव वायगोत्स्की ने प्रतिपादित किया कि अंतः क्रिया की बच्चे के भाषिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका हैं। वायगोत्सकी ने भाषा को अधिगम और विकास के बीच एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में माना है। वाइगोत्स्की मानते है कि संज्ञानात्मक विकास संस्कृतियों में भिन्न होता है। इस प्रकार अधिगम सामाजिक परिवेश में अंतः क्रिया करने के साथ-साथ अपने मन में विचारों का पुर्ननिर्माण करना और उन्हें दूसरों के साथ साझा करना था। भाषा का उपयोग शिक्षार्थी द्वारा विचारों को व्यवस्थित करने, सीखने के साथ-साथ संवाद करने और अनुभवों को साझा करने के लिए किया जाता था। वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चे वयस्कों और साथियों के साथ अंतः क्रिया से सीखते है, और लेव वायगोत्स्की के अनुसार भाषा संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

10. The abilities in logico-mathematical intelligence include : /तार्किक-गणितीय बुद्धि की क्षमताओं में क्या शामिल हैं ?

(a) manipulating images, graphic skills and spatial reasoning - anything that would include more than two dimensions. /छवियों में हेरफेर, ग्रफिक कौशल और स्थानिक तर्क-कुछ भी जिसमें दो से अधिक आयाम शामिल होंगे।
(b) sensitivity to rhythm, pitch, meter, tone, melody./लय, ताल, स्वर, माधुर्य के प्रति संवेदनशीलता।
(c) distinguishing between specific pitches, tones and rhythms that others may miss./विशिष्ट पिचों, स्वरों और लय के बीच अंतर करना जिसे पहचानने में अन्य लोग चूक सकते हैं।
(d) making connections based on prior knowledge and categorization, patterning and relationships between ideas. /पूर्व ज्ञान के आधार पर वर्गीकरण करना, पैटर्न पहचानना व विचारों के बीच संबंध बनाना।

Ans. (d) : तार्किक-गणितीय बुद्धि की क्षमताओं में, पूर्व ज्ञान के आधार पर वर्गीकरण करना, पैटर्न पहचानना व विचारों के बीच संबंध बनाना शामिल हैं। हॉवर्ड गार्डनर के बहु प्रतिभा सिद्धान्त के अनुसार प्रतिरूप को खोजन की एवं तर्क की लम्बी शृंखला को हल करने की क्षमता और संवेदनशीलता 'तार्किक गणितीय' बुद्धि वाले एक व्यक्ति की विशेषताएं हैं। उन्होंने तार्किक रूप से समस्याओं का विश्लेषण करने, गणितीय संचालन और वैज्ञानिक जाँच करना, स्वरूपों का पता लगाने की क्षमता, तर्क की लंबी शृंखला को संभालने की क्षमता को बताया है।

11. Assertion (A) : **A major influence on adolescents' gender roles and stereotypes is exerted by films and advertisements.**
अभिकथन (A) : **किशोरों की जेंडर भूमिकाओं व रूढ़िवादियों के प्रति दृष्टिकोण और मूल्यों को निर्धारित करने में विज्ञापन और फिल्में एक बड़ा प्रभाव डालती हैं।**
Reason (R) : **Media is a powerful primary agency of socialisation for adolescents.**
तर्क (R) : **मीडिया समाजीकरण की एक शक्तिशाली प्राथमिक संस्था है।**

Choose the correct option./ सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : किशोरों के लिए मीडिया समाजीकरण की एक शक्तिशाली प्राथमिक संस्था हैं जो उन्हें दुनिया और उसके भीतर अपनी जगह के बारे में सिखातें हैं। स्कूल, साथियों और मीडिया द्वारा बारीकी से पालन किए जाने वाले परिवार को बच्चे के जीवन में समाजीकरण का प्राथमिक एजेंट माना जाता है। इसी संदर्भ में किशोरों की जेंडर भूमिकाओं व रूढ़िवादियों के प्रति दृष्टिकोण और मूल्यों को निर्धारित करने में विज्ञापन और फिल्में एक बड़ा प्रभाव डालती हैं। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता हैं।

12. To facilitate learning of children from varied backgrounds teachers should :
विभिन्न पृष्ठभूमियों के बच्चों के सीखने की सुविधा के लिए शिक्षकों को चाहिए कि वे :

(a) Follow decontextualised curriculum/ गैर-प्रासंगिक पाठ्यक्रम का पालन करें।

(b) Implement Differentiated instruction/ विभेदित निर्देश लागू करें।

(c) Adhere to Standardised assessment/ मानकीकृत मूल्यांकन का पालन करें।

(d) Practice exclusionary practices/ बहिष्करण प्रथाओं का अभ्यास करें।

Ans. (b) : एक समावेशी कक्षा में, विभिन्न योग्यताओं, संस्कृतियों, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और अक्षमताओं वाले कई शिक्षार्थी होते हैं। तो इसका एक शिक्षक को पालन करना चाहिए:

- चुनौतीपूर्ण, पिछड़े, दिव्यांग बच्चों सहित सभी के लिए समान शिक्षा देना होता है।
- विविध शैक्षणिक निर्देशात्मक रणनीतियों का उपयोग करना और व्यक्तिगत छात्रों की सीखने की गति का सम्मान करना होता है।
- ऐसा वातावरण बनाना जिसमें बच्चा विविधता के साथ सीख सके, न कि सीखने के लिए विशेष वातावरण तैयार कर सके।
- इस प्रकार हम विचार कर सकते हैं कि विभिन्न पृष्ठभूमियों के बच्चों के सीखने की सुविधा के लिए शिक्षकों को चाहिए कि वे विभेदित निर्देत लागू करें।

13. Assessment :
आकलन :

(a) Should direct learning and what has to be assessed should determine what is to be taught/को अधिगम को दिशा देनी चाहिए और किसका आकलन करना है इस से निर्धारित होना चाहिए कि क्या पढ़ाना है।

(b) Should not be linked to learning since the two are seperate processes /को सीखने से नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि दोनों अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं।

(c) Should take place to direct learning by segregating and dividing children into same ability groups - 'slow learners', 'intelligent children'/को बच्चों को समान क्षमता समूहों - 'धीमे सीखने वाले' 'बुद्धिमान बच्चों' के पृथक समूह बनाने के लिए इस्तेमान किया जाना चाहिए।

(d) Should be an integral part of teaching - learning process beginning from assessing children's readiness to learn/को बच्चों की सीखने की तैयारी से लेकर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग होना चाहिए।

Ans. (d) : शिक्षण-अधिगम की योजना और संगठन और आकलन में शिक्षक शिक्षण-अधिगम आकलन की योजना बनाते हैं और उसे व्यवस्थित करते हैं। मूल्यांकन के साथ शिक्षण-अधिगम शिक्षण-अधिगम एकीकृत में शिक्षक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को आकलन या मूल्यांकन दृष्टिकोण के साथ एकीकृत करते है।

- केवल ग्रेडिंग और रैंकिंग के लिए आकलन का दृष्टिकोण और इसे अधिगम की गतिविधियों के साथ एकीकृत मूल्यांकन के दृष्टिकोण में बदल दिया गया है जो शिक्षार्थियों के ज्ञान के निर्माण का समर्थन करता है।
- आकलन को बच्चों की सीखने की तैयारी से लेकर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग होना चाहिए।

14. In a progressive classroom, learning :
एक प्रगतिशील कक्षा में सीखना :

(a) Is individualistic and passive /व्यक्तिवादी और निष्क्रिय है।

(b) Is active and social in character/सक्रिय और सामाजिक है।

(c) In exam-oriented/परीक्षा उन्मुख है।

(d) In textbook centred /पाठ्यपुस्तक केंद्रित है।

Ans. (b) : जॉन डीवी, एक अमेरिकी दार्शनिक ने 'प्रगतिशील शिक्षा' की अवधारणा का प्रस्ताव दिया है जो इस बात पर जोर देता है कि शिक्षण केवल 'प्रायोगिक' दृष्टिकोण से होता है। इसलिए छात्रों को अनुकूलन और अधिगम हेतु अपने वातावरण के साथ बातचीत करनी चाहिए।

प्रगतिशील कक्षा की प्राथमिक विशेषताएँ:

- एक प्रगतिशील कक्षा में अधिगम एक सामाजिक और सक्रिय प्रक्रिया हैं क्योंकि प्रगतिशील शिक्षा इस बात पर जोर देती है कि ज्ञान प्रत्यक्ष अनुभवों और शिक्षकों और साथियों की सक्रिया एवं सहयोग से उत्पन्न होता है।
- यह इस विश्वास पर आधारित है कि शिक्षा को मुख्य रूप से बच्चों की जरुरतों को पूरा करना चाहिए और ज्ञान और याद रखने के बजाय समझ, क्रिया और अनुभव पर ध्यान देना चाहिए।

15. Assertion (A) : Teachers should follow standardized curriculum and procedures for assessment of children.

अभिकथन (A) : शिक्षकों को बच्चों के मूल्यांकन के लिए मानकीकृत पाठ्यक्रम और प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

Reason (R) : **The aim of inclusive education is to work towards making everyone the same by dismissing differences.**

तर्क (R) : **समावेशी शिक्षा का उद्देश्य मतभेदों को खारिज कर सभी को समान बनाने की दिशा में काम करना है।**

Choose the correct option. /सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : सभी छात्रों का वातावरण अलग होता है और वे भिन्न-भिन्न वातावरण और संस्कृतियों में भी विकसित होते हैं, इस प्रकार उनकी समझ भी भिन्न होती है। शिक्षकों को बच्चों के मूल्यांकन के लिए मानकीकृत पाठ्यक्रम और प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए यह कथन गलत है क्योंकि एक कक्षा में, अधिगमकर्ता अलग-अलग गति से अधिगम करते हैं और एक शिक्षक के रूप में आमने-सामने कक्षा में, सभी की अधिगम की आवश्यकताओं को पूरा करना लगभग असंभव हैं, लेकिन कक्षा में इस अवधारणाओं की समझ हमें विविध अधिगम की आवश्यकताओं को समायोजित करने में मदद करेगी। अतः इस संदर्भ में, समावेशी शिक्षा का उद्देश्य मतभेदों को खारिज कर सभी को समान बनाना गलत है क्योंकि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय होता है और उसकी भिन्न अधिगम की शैली और अधिगम की गति होती है। अतः (A) और (R) दोनों गलत है।

16. When children with special needs are admitted in an inclusive classroom, which of the following is correct in such situation?/जब विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे एक समावेशी कक्षा में प्रवेश लेते हैं तो निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(i) It seems unrealistic for 'special children' to learn among 'normal children'./विशिष्ट बच्चों का सामान्य बच्चों के साथ सीखना अवास्तविक है।

(ii) Children without special needs are demotivated to learn./विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे सीखने के लिए अभिप्रेरित नहीं होते।

(iii) Teachers need to change approach of teaching./शिक्षकों को शिक्षण की पद्धतियों में बदलाव की आवश्यकता है।

(iv) It strengthens the ability of all children to work together, understand and value different points of view./इससे सभी बच्चों के साथ कार्य करने की क्षमता व अलग-अलग दृष्टिकोण को तुल्य करने के कौशल सुदृढ़ होते हैं।

(a) (ii), (iii) and (iv)/ (ii), (iii) और (iv)

(b) (iii) and (iv)/(iii) और (iv)

(c) (i) and (iv)/(i) और (iv)

(d) (ii) and (iii)/(ii) और (iii)

Ans. (b) : समावेशी शिक्षा विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों को सामान्य बालकों से अलग शिक्षा देने की विरोधी हैं। शिक्षा का समावेशीकरण यह बताता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग को समान शिक्षा प्राप्ति करने के अवसर मिलने चाहिए। जब विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे एक समावेशी कक्षा में प्रवेश लेते हैं तो-

- शिक्षको को शिक्षण की पद्धतियों में बदलाव की आवश्यकता है।
- इससे सभी बच्चों के साथ कार्य करने की क्षमता व अलग-अलग दृष्टिकोण को तुल्य करने कौशल सुदृढ़ होते है।

17. When dealing with gifted learners, 'out-of-the-box' thinking is used to denote _____.
प्रतिभाशाली अधिगमकर्त्ताओं के संदर्भ में 'लीक से हटकर सोचने' का इस्तेमाल किसके लिए किया जाता है?

(a) low level thinking /निम्न स्तर की सोच

(b) convergent thinking /अभिसारी सोच

(c) rigid thinking /अनम्य सोच

(d) divergent thinking /अपसारी सोच

Ans. (d) : प्रतिभाशाली अधिगमकर्ताओं के संदर्भ में 'लीक से हटकर सोचने' का इस्तेमाल अपसारी सोच के लिए किया जाता है। प्रतिभाशाली शिक्षार्थी स्वाभाविक रूप से एक विशिष्ट क्षेत्र के सामान्य मानसिक क्षमता या प्रतिभा के उच्च स्तर के धनी होते है और ज्ञान भी प्राप्त करते हैं। वे समान आयु, अनुभव और पर्यावरण के अन्य लोगों की तुलना में उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने की क्षमता रखते है। इसके अलावा, उनके पास अपसारी चिंतन होता हैं। अपसारी चिंतन वाले शिक्षार्थी संवेदनशील होते है और विभिन्न दृष्टिकोणों से चीजों को देखने में सक्षम होते हैं।

18. What does inclusion in education imply ?
शिक्षा में समावेश का क्या अर्थ है?

(a) Placement of specially abled in special schools /विशेष विद्यालयों में विकलांगों की शिक्षा का प्रबंध

(b) Provisioning of quality education to all children /सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान

(c) Placement of gifted children in special schools /प्रतिभाशाली बच्चों का विशेष विद्यालयों में नियोजन

(d) Provisioning of separate sections for special children in an inclusive set-up /समावेशी व्यवस्था में विशेष बच्चों के लिए अलग-अलग वर्गों का प्रावधान

Ans. (b) : शिक्षा में समावेश का अर्थ है सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान करना। समावेशी शिक्षा का अर्थ प्रभावी कक्षाओं का निर्माण करना है, जहाँ सभी बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को संबोधित किया जाता है, चाहे उनकी क्षमता या अक्षमता कुछ भी हो। इसका तात्पर्य है कि सभी शिक्षार्थी, युवा-सामान्य या विकलांग सामान्य प्री-स्कूल प्रावधानों, स्कूलों और सामुदायिक शैक्षिक व्यवस्था तक पहुँच के माध्यम से समर्थन सेवाओं के उपयुक्त तंत्र के साथ एक ही साथ सीखने में सक्षम हैं।

19. Dyslexia is associated mainly with difficulties in:
पठन वैकल्य मुख्यतः किसमें चुनौतियों से संबंधित है ?

(a) hearing /सुनने (b) reading/पढ़ने
(c) speaking /बोलने
(d) speaking and hearing /बोलने व सुनने

Ans. (b) : पठन वैकल्य (डिस्लेक्सिया) एक ऐसी स्थिति है जिसमें बच्चें/छात्र को बार-बार विकल्प छोड़ने या अक्षरों और शब्दों को उलटने के कारण पाठ को पढ़ने और लम्बे अंशों को समझने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जब उन्हें पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो वे शब्दों की सही वर्तनी नही कर पाते है और उन्हें सही ढंग से लिखने में भी असमर्थ होते है। अतः इस संदर्भ में हम कह सकते हैं कि पठन वैकल्य मुख्यतः पढ़ने की चुनौतियों से संबंधित हैं।

20. Which of the following do NOT characterize inclusive classrooms ?/निम्नलिखित में से कौन समावेशी कक्षाओं की विशेषता नहीं है ?

(a) Co-operative learning /सहकारात्मक अधिगम
(b) Universal design for learning/सीखने के लिए सार्वभौमिक डिजाइन
(c) Reasonable accommodation /उपयुक्त समायोजन
(d) Standardised instruction /मानकीकृत निर्देश

Ans. (d) : समावेशी शिक्षा सभी वर्गों के लिए नियमित कक्षाओं में विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों को शिक्षित करने के अभ्यास को संदर्भित करती है। एक समावेशी कक्षा में, एक विविध पृष्ठिभूमि, विविध कौशल, विविध क्षमताओं और चुनौतियों वाले छात्रों को एक ही कक्षा में रखा जाता है। सहकारात्मक अधिगम, सीखने के लिए सार्वभौमिक डिजाइन एवं उपयुक्त समायोजन समावेशी कक्षाओं की विशेषता के अंतर्गत आते है जबकि मानकीकृत निर्देश समावेशी कक्षाओं की विशेषता नही है।

21. In Middle Schools teachers should :
माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों को :

(a) follow uniform and fixed curriculum /एकरूपी व कठोर पाठ्यचर्या का पालन करना चाहिए।
(b) follow standardized assessment/मानकीकृत आकलन का पालन करना चाहिए।
(c) discourage questioning/प्रश्न पूछने को हतोत्साहित करना चाहिए।
(d) encourage learning how to learn /'सीखना कि कैसे सीखते हैं' को प्रोत्साहित करना चाहिए।

Ans. (d) : माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों को 'सीखना कि कैसे सीखते हैं, को प्रोत्साहित करना चाहिए।

- NEP 2020 के अनुसार, '' यह सीखना की कैसे सीखना है'' और '' मानकीकरण से लचीलापन'' (Standardization to Flexibility) की ओर बदलाव का प्रस्ताव रखती है।
- हर बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं, रचनात्मकता, तार्किक सोच, नवाचार और समालोचनात्मक चिंतन (Critical Thinking) की पहचान करना और उनके समग्र विकास के लिए प्रयत्न करना।
- NEP 2020 के अनुसार, Learning (अधिगम) प्रयोगात्मक (Experiential) होना चाहिए जिसमें स्वयं करके सीखना (Learning) और प्रत्येक विषय में कला और खेल को स्वीकृत किया जायेगा।

22. Principles of socio-constructivist theories of learning :
अधिगम के सामाजिक - सांस्कृतिक सिद्धान्त :

(a) emphasise on memorization of information./ जानकारी के स्मरण पर ज़ोर देते हैं।
(b) emphasise on the predominant directive role of the teacher. /प्रमुख रूप से शिक्षक की निर्देशक की भूमिका पर ज़ोर देते हैं।
(c) advocate the role of social context in learning/सीखने में सामाजिक संदर्भ की भूमिका को अहम् मानते हैं।
(d) advocate use of reinforcement and punishment./पुनर्बलन व सजा के इस्तेमाल को प्रतिपादित करते हैं।

Ans. (c) : रूसी मनोवैज्ञानिक लेव वायगोत्स्की ने तर्क दिया है कि संस्कृति एक सामाजिक संदर्भ प्रदान करती हैं जिसमें लोग रहते हैं, बढ़ते हैं, और उनके आस पास की दुनिया को समझते है। उन्होंने सीखने और विकास को प्रक्रियाओं के रूप में समझा, जो वयस्कों और साथियों के साथ एक बच्चे की पारस्परिक क्रिया के दौरान होता है। अधिगम के सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त सीखने में सामाजिक संदर्भ की भूमिका को अहम् मानते हैं। वायगोत्स्की के अनुसार, सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ सीखने में बहुत महत्वपर्ण भूमिका निभाता है।

23. According to Piaget and Vygotsky learning takes place through :
पियाजे और व्यागोत्सकी के अनुसार सीखना किस प्रकार होता है ?

(a) Imitation/अनुसरण द्वारा
(b) Passive listening/निष्क्रिय श्रवण द्वारा
(c) Conditioning and reinforcement /अनुकूलन व पुनर्बलन द्वारा
(d) Active engagement of learners /अधिगमकर्त्ताओं की सक्रिय भागीदारी द्वारा

Ans. (d) : जीन पियाजे और लेव वायगोत्स्की ने अधिगम की समझ को एक निष्क्रिय प्रक्रिया से एक सक्रिय प्रक्रिया में स्थानांतरित कर दिया है। क्योंकि संरचनावाद यह मानता है कि अधिगमकर्ताओ द्वारा अपने वर्तमान ज्ञान और वातावरण के साथ अंतः क्रिया के उत्तर में ज्ञान संक्रिय रूप से उत्पादित किया जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि शिक्षक ज्ञान का वितरण नही करता है, परन्तु छात्रों को इसके निर्माण के अवसर और प्रोत्साहन प्रदान करता है। ज्ञान एक सक्रिय अर्थ-निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें अधिगमकर्ता अपने स्वयं के अर्थ का निर्माण करते हैं।

24. As a teacher how would you facilitate problem solving abilities in your students ?
एक शिक्षक के रूप में आप अपने विद्यार्थियों में समस्या समाधान क्षमताओं को कैसे सुगम बनाएंगे ?

(a) By Generating fear/भय उत्पन्न करके
(b) By Generating stress /तनाव उत्पन्न करके
(c) By Encouraging passive and repeated memorisation of content/सामग्री को निष्क्रिय और बार-बार याद करने को प्रोत्साहित करके
(d) By Encouraging brainstorming and use of strategies such as analogies and heuristics /विचार-मंथन को प्रोत्साहित करके और उपमाओं और अनुमानों जैसी रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके

Ans. (d) : एक शिक्षक के रूप में, बच्चों को जीवन में सफल होने में मदद करने के लिए समस्या-समाधन को सुविधाजनक बनाना आवश्यक है। ऐसा करने के लिए, एक शिक्षक को विद्यार्थियों को चीजों का विश्लेषण करने की आदत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

● एक शिक्षक के रूप में विचार-मंथन को प्रोत्साहित करके और उपमाओं और अनुमानों जैसे रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सुगम बनाएंगें।

● किसी समस्या को हल करने का अर्थ समस्या उत्पन्न करने वाले स्त्रातों को समाप्त करना है और यह केवल समस्या के प्रत्येक संभावित मूल कारण का विश्लेषण करके और फिर समस्या के स्त्रोत को समापत करके या समस्या के स्त्रोत पर नियमित जांच को लागू करके समाधान का निष्कर्ष निकाला जा सकता है। ताकि समस्या नियंत्रण से बाहर न हों।

25. When students experience the emotion of _____ their learning is likely to be influenced positively.
जब विद्यार्थी _____ की भावना का अनुभव करते हैं तब उनके सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

(a) tension/तनाव (b) shame/शर्म
(c) humiliation /हीनता (d) satisfaction /संतुष्टि

Ans. (d) : जब विद्यार्थी संतुष्टि की भावना का अनुभव करते हैं। तब उनके सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना हैं। संतुष्टि से तात्पर्य एक सुखद अहसास जो आपको तब मिलता है जब आप कुछ ऐसा प्राप्त करते है जो आप चाहते थे, या जब आप कुछ ऐसा करते है जो आप चाहते थें।

26. Intuitive guesses by children based on their previous understanding should be :
अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर बच्चों के सहज अनुमान लगाने को _____ किया जाना चाहिए।

(a) discouraged/हतोत्साहित (b) facilitated/सुसाधित
(c) dismissed/खारिज (d) punished /दंडित

Ans. (b) : सहज ज्ञान चिंतन का अर्थ है अपनी पहली वृत्ति के साथ जाना और स्वचालित संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के आधार पर त्वरित निर्णय लेना। इस प्रकार की सोच छात्रों को भिन्न तरह से सोंचने के लिए प्रोत्साहित करती है शिक्षकों को कुछ अधूरे वाक्यों, कार्यों या स्थितियों की मदद से अधिगमकर्ताओं को सोचने और अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। अधिगमकर्ताओं के अनुमान सही या गलत हो सकते है लेकिन उन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए। शिक्षकों को गलत अनुमानों को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए, क्योंकि केवल अनुमान लगाने से ही आप अधिगमकर्ताओं में सहज ज्ञान चिंतन विकसित कर सकते हैं। अतः अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर बच्चों के सहज अनुमान लगाने को सुसाधित किया जाना चाहिए।

27. Processes of meaning making in students should be facilitated :
विद्यार्थियों की अर्थ बनाने की प्रक्रिया को किस प्रकार सुगम बनाया जाना चाहिए।

(a) by emphasising repeated practice/ बारंबार अभ्यास पर ज़ोर देकर
(b) by passive imitation /निष्क्रिय अनुकरण द्वारा
(c) by giving material rewards/भौतिक पुरस्कार देकर
(d) by experimentation and discovery/खोज व अन्वेषण द्वारा

Ans. (d) : विद्यार्थियों की अर्थ बनाने की प्रक्रिया को खोज व अन्वेषण द्वारा सुगम बनाया जाना चाहिए। अन्वेषण विधि में छात्रों कम-से-कम बताकर उन्हें स्वयं अधिक-से-अधिक खोजकर सत्य को पहचानने पर बल दिया जाता है। अन्वेषण-आधारित शिक्षा एक सक्रिय शिक्षण दृष्टिकोण है जो बच्चों का जिज्ञासा और पूँछताछ के माध्यम से सीखने में मदद करता है।

28. _____ is NOT an effective problem solving strategy.
समस्या समाधान की प्रभावशाली रणनीति नहीं है।

(a) Functional fixedness /प्रकार्यात्मक आबद्धता
(b) Working backwards /पश्चगामी कार्यकारी युक्ति
(c) Heuristics /स्वानुभाविक
(d) Algorithms/कलन विधि

Ans. (a) : प्रकार्यात्मक आबद्धता समाधन की प्रभावशाली रणनीति नहीं हैं।
एक प्रभावी समस्या-समाधान रणनीति एक कार्य योजना है जिसका उपयोग समस्या खोजने के लिए किया जाता है। विभिन्न रणनीतियों में उनके साथ अलग-अलग कार्य योजनाएं हैं। उदाहरण के लिए एक प्रसिद्ध रणनीति परीक्षण, पश्चगामी कार्यकारी युक्ति, स्वानुभाविक, कलन विधि, और त्रुटि सिद्धान्त है। यह एक पूर्व निर्धारित लक्ष्य तक ले जाते हैं।

29. In socio - constructivist classrooms learning :
एक सामाजिक रचनावादी कक्षाकक्ष में सीखना/सीखने :

(a) is passive in nature/निष्क्रिय रूप से होता है।
(b) has a social character/का स्वरूप सामाजिक होता है।
(c) is textbook centric /पाठ्यपुस्तक केन्द्रित होता है।
(d) is exam centered /परिक्षा केन्द्रित होता है।

Ans. (b) : एक सामाजिक-रचनावादी कक्षा में रट कर सीखने, याद रखने, याद करने के आधार पर अधिगम और दोहराव की अनुमति नहीं हैं। एक सामाजिक रचानावादी कक्षाकक्ष में सीखना/सीखने का स्वरूप सामाजिक होता है। छात्रों को अपने स्वयं के अधिगमक की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, और इसमें उनका अपने चिंतन और अधिगम की प्रक्रियाओं को प्रतिबिंबित करना और भी शामिल होता है। यह शिक्षार्थियों को सामाजिक अन्तः क्रिया के माध्यम से अर्थ क निर्माता और ज्ञान के निर्माता के रूप मे देखती है।

30. Which of the following factors contributes to children's failure ?
निम्न में से कौन-सा कारक बच्चों की विफलता के लिए ज़िम्मेदार है?

(a) Individualized curriculum /व्यक्तिगत पाठ्यचर्या
(b) Contextualized curriculum /संदर्भित पाठ्यचर्या
(c) Spiral curriculum /सक्रिय पाठ्यचर्या
(d) Standardization of curriculum / पाठ्यचर्या का मानकीकरण

Ans. (d) : असफलता एक वांछित उद्देश्य को पूरा न करने की अवस्था या स्थिति है और इसे सफलता के विपरीत के रूप में देखा जा सकता है। छात्रों की अफलता के कई संज्ञानात्मक, शारीरिक, बौद्धिक शैक्षिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक कारण है। मानकीकृत पाठ्यचार्या का विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अधिक सहायता प्रदान नही कर सकती हैं। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों की आवश्यकताओं अनुसार प्रासंगिक पाठ्यचर्या अपनाएं और कक्षा में प्रत्येक समूह के लिए शिक्षाशास्त्र केन्द्रित दृष्टिकोण का उपयोग करें।

SOCIAL SCIENCE

1. The Kushanas ruled from the following centres of power :
कुषाणों ने किन निम्नलिखित शक्तिशाली केन्द्रों से शासन किया ?

(a) Peshawar and Malwa/पेशावर और मावला
(b) Peshawar and Mathura/ पेशावर और मथुरा
(c) Peshawar and Varanasi/ पेशावर और वाराणासी
(d) Peshawar and Ujjain/ पेशावर और उज्जैन

Ans. (b) : कुषाणों ने पेशावर और मथुरा नामक शक्तिशाली केन्द्रों से शासन किया। कुषाण चीन की यू ची जाति की एक शाखा थे। कुषाण वंश की स्थापना कुजुल कडफिसेस ने किया ने किया था। कुषाण शासकों में विमकडफिसेस ने सर्वप्रथम सोने के सिक्के जारी किए थे। इस वंश का सबसे प्रतापी शासक कनिष्क था। सम्राट कनिष्क ने पाकिस्तान के आधुनिक पेशावर को अपनी पहली राजधानी बनाया। कनिष्क ने अपने शासन काल में 78ई0 में शक-संवत चलाया।

2. Consider statements A, B and C and choose the correct option./ निम्नलिखित कथनों A, B और C को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें :

(A) The palaeolithic period extends from 2 million years ago to about 12,000 years ago./पुरापाषाण काल बीस लाख साल पहले से 12,000 साल पहले के दौरान माना जाता है।

(B) This long stretch of time is divided into the lower, middle and upper palaeolithic./इस काल को भी तीन भागों में बाँटा गया है: 'आरंभिक', 'मध्य' एवं 'उत्तर' पुरापाषाण युग।

(C) This long span of time covers 99% of human history./मानव इतिहास की लगभग 99 प्रतिशत कहानी इसी काल के दौरान घटित हुई।

(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true /केवल (B) और (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are true / केवल (A) और (C) सही हैं।
(d) (A), (B) and (C) all are true/(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (d) : पुरापाषाण काल बीस लाख साल पहले से 12,000 साल पहले के दौरान माना जाता है। इस काल को भी तीन भागों में बाँटा गया है, आंरभिक, मध्य एवं 'उत्तर' पुरापाषाण युग भीमबेटका के गुफा चित्र पुरापाषाण कालीन है जो म0प्र0 में स्थित है। पशुपालन का प्रारंभ मध्यपाषाण काल में हुआ। मानव इतिहास की लगभग 99 प्रतिशत कहानी इसी काल के दौरान घटित हुई है। अतः दिया गया कथन A, B और C सभी सही है।

3. Read statements (A) and (B) and choose the correct option./कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें तथा सही विकल्प का चुनाव करें :

(A) Mansab was a grading system used by the Mughals to fix/(A) : मनसब मुगलों द्वारा चलाई गई एक श्रेणी व्यवस्था थी, जिसके जरिए :

(i) Rank/पद
(ii) Salary/वेतन
(iii) Military responsibilities/सैन्य उत्तरदायित्व, निर्धारित किए जाते थे।

(B) The Mansabdar's military responsibilities were determined by a numerical value called zat./(B): मनसबदारों की सैन्य उत्तरदायित्व, का निर्धारण एक संख्या पर निर्भर था जिसे ज़ात कहा जाता था।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है परन्तु (B) गलत
(b) (B) is true but (A) is false /(B) सही है परन्तु (A) गलत
(c) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are false /(A) तथा (B) दोनों गलत हैं

Ans. (a) : मनसबदारी व्यवस्था एक विशिष्ट प्रशासनिक व्यवस्था थी, जिसका प्रचलन मुगल शासक अकबर ने सन् 1575 ई0 में किया था। मनसब मुगलों द्वारा चलाई गई एक श्रेणी व्यवस्था थी जिसके जरिए पद, वेतन और सैन्य उत्तरदायित्व निर्धारित किए जाते थे। मनसब शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' अथवा पद। इस व्यवस्था के अन्तर्गत 33 वर्ग थे। अकबर ने शासन के 40 वें वर्ष जात एवं सवार जैसी दोहरी व्यवस्था लागू की थी। मनसबदारों की सैन्य उत्तरदायित्व का निर्धारण एक निर्दिष्ट संख्या में सवार या घुड़सवार बनाए रखने की आवश्यकता थी। इसलिए (A) सही है, परन्तु (B) गलत।

4. At which of the following places Ashoka's inscription has been found in Greek and Aramaic languages ?
निम्नलिखित में से किस स्थान पर अशोक के अभिलेख ग्रीक और अरामाइक भाषाओं में पाया गया है?

(a) Kandahar/कंधार (b) Maski/मास्की
(c) Topra/टोपरा (d) Kalsi/कालसी

Ans. (a) : कंधार नामक स्थान पर अशोक के अभिलेख ग्रीक और अरामाइक भाषाओं में पाया गया है। मास्की, गुजर्रा, नेत्तुर तथा उडैगोलम अभिलेखों में उसका नाम अशोक मिलता है। अशोक को देवानामप्रिय तथा देवानामप्रियदशी उपाधियों से सम्बोधित किया जाता है।

नोट- सर्वप्रथम 1837 ई0 में जेम्स प्रिंसेप को अशोक के अभिलेख पढ़ने में सफलता मिली।
* अशोक के शिलालेखों की खोज 1750 ई0 में पाद्रेटीफेंथलर ने की थी तथा इनकी संख्या 14 हैं।
* अशोक के अभिलेखों को तीन भागों विभक्त किया जाता है - शिलालेख (14) स्तम्भ लेख (7) और गुहा लेख।
* अशोक के स्तम्भ लेख केवल ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं।
* अशोक के शिलालेख ब्राह्मी, खरोष्ठी, ग्रीक एवं अरामेइक लिपि में मिलते हैं।
* अशोक के कौशाम्बी अभिलेख को 'रानी का अभिलेख कहा जाता है।
बारहवों शिलालेख में– धार्मिक सहिष्णुता की नीति का उल्लेख।
तेरहवों शिलालेख में– कलिंग युद्ध, पड़ोसी राजाओं का वर्णन एवं आटविक राज्यों का उल्लेख।

5. The Gond Kingdom of Garha Katanga had 70,000 villages. This is mentioned in _____.
गोंड राज्य, गढ़ कटंगा, में 70,000 गाँव थे। इसे उल्लेखित किया गया है _____.
(a) Uyyakondan Udaiyar inscriptions /उईयाकोंडन उदेयार के अभिलेख में
(b) Akbar Nama/अकबरनामा में
(c) Historical work titled Buranjis/बुरंजी नामक ऐतिहासिक कृतियों में
(d) Description of William Methwold, a factor of English East India Company /अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के गुमारते, विलियम मेथवल्ड के वर्णन में

Ans. (b) : गोंड राज्य, गढ़ कटंगा में 70,000 गाँव थे। इसे अकबरनामा में उल्लेखित किया गया है। गोंड एक प्रकार की जनजाति थी जो झूम खेती करती थी। गढ़ कटंगा एक समृद्ध राज्य था यहाँ के निवासी जंगली हाथियों को पकड़कर अन्य राज्यों में निर्यात करके बहुत धन अर्जित करते थे। बुरंजी, असमिया भाषा में लिखी हुई ऐतिहासिक कृतियाँ हैं। अहोम राज्य सभा के पुरातत्व लेखों का संकलन बुरंजी में हुआ है।

6. Consider the following Assertion (A) and Reasoning (R)./निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) पर विचार करें :

Assertion (A) : **'The local tribal people make the wooden image of the deity Jagannatha at Puri, Odissa'.**
अभिकथन (A) : **'स्थानीय जनजातीय लोगों द्वारा पुरी, उड़ीसा के जगन्नाथ की काष्ठ प्रतिमा बनाई जाती है।'**
Reasoning (R) : **'The deity was most likely a local god, who was later identified with Vishnu'.**
कारण (R) : **'जगन्नाथ मूलतः एक स्थानीय देवता थे, जिन्हें आगे चलकर विष्णु का रूप मान लिया गया।'**

Choose the correct option :/ सही विकल्प चुनें :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). /(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : पुरी, ओडिशा में जगन्नाथ का सम्प्रदाय जगन्नाथ का शाब्दिक अर्थ है, दुनिया का मालिक जो विष्णु भगवान का पर्यायवाची है। अब तक जगन्नाथ की काष्ठ प्रतिमा, स्थानीय जनजातीय लोगों द्वारा बनाई जाती है, जिससे यह तात्पर्य निकलता है कि जगन्नाथ मूलतः एक स्थानीय देवता थे, जिन्हें आगे चलकर विष्णु का रूप मान लिया गया। बालभद्र, सुभद्र और जगन्नाथ की लघु मूर्तियाँ ताम्रपत्र की पांडुलिपि में ओडिशा में स्थित है।
बारहवीं शताब्दी में गंगवंश के एक अत्यंत प्रतापी राजा अनंतवर्मन ने पुरी में पुरुषोत्तम जगन्नाथ के लिए एक मंदिर बनवाने का निश्चय किया। उसके बाद 1230 में राजा अनंगभीय तृतीय अपना राज्य पुरुषोत्तम जगन्नाथ को अर्पित कर दिया और स्वयं को जगन्नाथ का प्रतिनियुक्त घोषित किया। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

7. Which of the following statements are true about the Birsa Munda movement/ निम्नलिखित में से कौन सा कथन बिरसा आंदोलन के विषय में सही है?
(A) Birsa's followers raised the Red Flag as a symbol of Birsa Raj./बिरसा के अनुयायियों ने लाल झण्डे को बिरसा राज का प्रतीक बनाया।
(B) Birsa used traditional symbols and languages to rouse people./बिरसा ने लोगों को उकसाने के लिए परंपरागत प्रतीकों और भाषा का इस्तेमाल किया।
(C) Birsa's movement was against reforming tribal people./बिरसा आंदोलन आदिवासी समाज को सुधारने के विरुद्ध था।
(D) Birsa turned against missionaries and Hindu land Lords./बिरसा ने मिशनरियों और हिन्दू जमींदारों का लगातार विरोध किया।
(a) (B) and (D)/ (B) तथा (D)
(b) (C) and (D)/ (C) तथा (D)
(c) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(d) (A) and (C)/ (A) तथा (C)

Ans. (a) : बिरसा का जन्म एक मुंडा परिवार में हुआ था। मुंडा एक जनजातीय समूह है जो छोटानागपुर में रहता है। 1895 ई. में बिरसा ने अपने अनुयायियों से आह्वान किया कि वे अपने गौरवपूर्ण अतीत को पुनर्जीवित करने के लिए संकल्प ले। जब आंदोलन फैलने लगा ता अंग्रेजों ने बिरसा को 1895 ई. में गिरफ्तार कर दो साल के लिए जेल में डाल दिया। 1897 ई. में जेल से लौटने के बाद बिरसा समर्थन जुटाते हुए गाँव-गाँव घूमने लगे। बिरसा ने लोगों को उकसाने के लिए परंपरागत प्रतीकों और भाषा का इस्तेमाल किया। सफेद झंडा बिरसा राज का प्रतीक था।

बिरसा का आंदोलन आदिवासी समाज को सुधारने का था। बिरसा ने वैष्णव धर्म प्रचारक के साथ भी कुछ समय बिताएँ। उन्होंने मुंडाओं से आवाहन किया कि वे शराब पीना छोड़ दे, गाँवों को साफ रखें और जादू-टोना में विश्वास न करें। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि बिरसा ने मिशनरियों और हिन्दू जमींदारों का भी लगातार विरोध किया। वह उन्हें बाहर का मानते थे जो मुंडा जीवन शैली को नष्ट कर रहे थे। अत; कथन (B) और (D) सही है।

8. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option./निम्नलिखित कथनों (A) और (B) पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :

(A) Thousands of rural women who made a living by spinning cotton thread in India were rendered jobless by the mid nineteenth century./लाखों ग्रामीण महिलाएँ जो सूत कातकर अपनी आजीविका चला रही थीं वे उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य तक बेरोजगार हो गईं।

(B) By the 1830s British cotton cloth flooded Indian market and by the 1880s two-third of all the cotton clothes worn by Indians were made of cloth produced in Britain./1830 के दशक तक भारतीय बाजार ब्रिटेन में बने सूती कपड़े से पट गए 1880 के दशक तक स्थिति यह हो गई थी कि भारत के लोग जितना कपड़ा पहनते थे, उसमें से दो तिहाई ब्रिटेन में बना होता था।

(a) (A) is true but (B) is false./(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (B) is true but (A) is false./ (B) सही है किन्तु (A) गलत है।
(c) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A)./(A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) का कारण (B) नहीं है।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) is not the reason for (A)./(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) का कारण (B) है।

Ans. (d) : लाखों ग्रामीण महिलाएँ जो सूत कातकर अपनी आजीविका चला रही थी। वे उन्नींसवीं शताब्दी के मध्य तक बेरोजगार हो गई। निर्धन परिवारों में आर्थिक कष्ट बना रहता था। कुछ संदर्भों में महिलाओं, वृद्ध लोगों और बच्चियों को भी ढंग से परिवार के उपलब्ध संसाधनों तक पहुँच से वंचित किया जाता था। 1880 के दशक तक स्थिति यह हो गई कि भारत के लोग जितना कपड़ा पहनते थे उसका 2/3 भाग ब्रिटेन में बना होता था, क्योंकि उस समय ब्रिटेन एक पूंजीवादी देश था, जहाँ भारत के ही सूत के कपड़े बनते थे, और ब्रांड के रूप में भारत में आते थे। इसलिए (A) और (B) दोनों सही है तथा (A) का कारण (B) है।

9. Which of the following statements is true ? निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) Mahatma Gandhi and Rabindranath Tagore opposed colonial Education./महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर ने औपनिवेशिक शिक्षा का विराध किया।
(b) Mahatma Gandhi and Rabindranath Tagore supported colonial Education./महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर ने औपनिवेशिक शिक्षा का समर्थन किया।
(c) Mahatma Gandhi opposed the colonial education but Tagore supported it./महात्मा गांधी ने औपनिवेशिक शिक्षा का विरोध किया किन्तु टैगोर ने इसका समर्थन किया।
(d) Tagore opposed the colonial education but Mahatma Gandhi supported it. /टैगोर ने औपनिवेशिक शिक्षा का विरोध किया किन्तु महात्मा गांधी ने इसका समर्थन किया।

Ans. (b) : महात्मा गाँधी और रविन्द्रनाथ टैगोर ने औपनिवेशिक शिक्षा का विरोध किया। गांधी जी का मानना था कि शिक्षा केवल भारतीय भाषाओं में ही दी जानी चाहिए। उनके मुताबिक अंग्रेजी में दी जा रही शिक्षा भारतीयों को अपाहिज बना देगी । वही रविन्द्रनाथ टैगोर का कथन है कि शिक्षा को सृंजनात्मकता के साथ प्राकृतिक परिवेश के साथ जोड़ा जाना चाहिए।
गांधी जी पश्चिमी सभ्यता और मशीनों व प्रौद्योगिकी की उपासना के कट्टर आलोचक थे, टैगोर आधुनिक पश्चिमी सभ्यता और भारतीय परंपरा के श्रेष्ठ तत्त्वों का सम्मिश्रण चाहते हैं। अतः औपनिवेशिक शिक्षा का दोनों ने विरोध किया इसलिए यह कथन सही है।

10. 'The practice of widow burning has no sanction in ancient texts !'/'प्राचीन ग्रंथों में विधवाओं को जलाने की अनुमति कहीं नही दी गई है।'
This statement is associated with which Social reformer ?/यह कथन किस समाज सुधारक के साथ जुड़ी हुई है?

(a) Sri Narayana Guru/श्री नारायण गुरु
(b) Swami Dayananda Saraswati /स्वामी दयानंद सरस्वती
(c) Subhash Chandra Bose/सुभाषचन्द्र बोस
(d) Raja Rammohan Roy /राजा राममोहन रॉय

Ans. (d) : प्राचीन ग्रंथों में विधवाओं को जलाने की अनुमति कहीं नही दी गई है। यह कथन प्रसिद्ध समाज सुधारक राजाराम मोहन रॉय के साथ जुड़ी हुई है।
इन्हें भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। इन्होंने बाल-विवाह, सती प्रथा, जातिवाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का भरपूर विरोध किया।

11. Which of the following organization focussed on abolition of caste during British rule in India ?
भारत में अंग्रजों के शासन के दौरान निम्नलिखित में से कौन से संगठन ने जाति उन्मूलन पर मुख्य ध्यान दिया?

(a) Sanatan Dharma Sabha/सनातन धर्म सभा
(b) Asiatic Society /एशियाटिक सोसाइटी
(c) Bharat Dharma Mahamandal/भारत धर्म महामंडल
(d) Satyashodhak Samaj/सत्यशोधक समाज

Ans. (d) : भारत में अंग्रेजों के शासन के दौरान सत्यशोधक समाज नामक संगठन ने जाति उन्मूलन पर मुख्य ध्यान दिया। सत्य शोधक समाज नामक संगठन की स्थापना सन् 1873 में ज्योतिबा फुले द्वारा किया गया था। यह एक छोटे से समूह के रूप में शुरू हुआ और इस संगठन का प्रमुख उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था। इसी समय ज्योतिबा फुले ने 1873 ई0 में गुलामगिरी नामक पुस्तक लिखी।

12. Read the statements (A) and (B) on the resistance of Tipu Sultan against the British and Choose the correct answer./टीपू सुल्तान द्वारा अंग्रेजों का विरोध के संदर्भ में कथन (A) एवं कथन (B) को पढ़ें तथा सही उत्तर चुनें :

(A) Tipu Sultan of Mysore fought the British until he died./अपनी मृत्यु तक टीपू सुल्तान अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ते रहे।

(B) He resisted the cultural traditions associated with them./उसने अंग्रेजों की सांस्कृतिक परंपराओं का विरोध किया।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत
(b) (A) is false but (B) is true /(A) गलत है किन्तु (B) सही
(c) Both (A) and (B) is true /दोनों (A) एवं (B) सही हैं।
(d) Both (A) and (B) is false /दोनों (A) एवं (B) गलत हैं।

Ans. (c) : अपनी मृत्यु तक टीपू सुल्तान अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते रहे। प्रथम आंग्ल- मैसूर युद्ध (1767-1769) में हैदर अली विजयी हुआ। हैदर अली की मृत्यु के बाद उसका पुत्र टीपू मैसूर की गद्दी पर बैठा। टीपू सुल्तान का जन्म 1750 ई0 में हुआ था। मंगलौर की संधि द्वारा टीपू सुल्तान एवं अंग्रेजों ने एक-दूसरे के विजित क्षेत्रों को वापस कर दिया, टीपू ने हमेशा अंग्रेजों की सांस्कृतिक परम्पराओं का विरोध किया। इन्होंने 1787 ई0 में ''यादशाह'' की उपाधि धारण की थी। टीपू ने अपनी राजधानी श्रीरंगपदस्म में स्वतंत्रता के वृक्ष लगवाया जो यह प्रतीक थे कि वह अंग्रेजों के अधीन नहीं है। टीपू स्वयं जैकोबिन क्लब का सदस्य बना और अपने आपको नागरिक टीपू कहने लगा। टीपू की मृत्यु चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799) के दौरान श्रीरंगपट्टनम में हुई थी। अतः (A) एवं (B) दोनों सही है।

13. The book 'Poverty and un-British Rule in India' was written by _____.
'पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रुल इन इंडिया' नामक पुस्तक के लेखक थे _____।

(a) A.O Hume/ए.ओ. ह्यूम
(b) Badruddin Tyabji/बदरुद्दीन तैयबजी
(c) Romesh Chandra Dutt/रोमेशचन्द्र दत्त
(d) Dadabhai Naorji/दादाभाई नौरोजी

Ans. (d) : पावर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया नामक पुस्तक के लेखक 'दादाभाई नौरोजी' थे। इन्हें ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया और भारत के अनौपचारिक राजदूत के रूप में भी जाना जाता है। यह एक भारतीय राजनीतिक नेता, व्यापारी एवं विद्वान लेखक थे। यह 1892 से 1895 के बीच फिन्सबरी सेंट्रल का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के सदस्य थे।

14. Statesmen from which countries were part of the Non-Aligned-Movement ?
किन-किन देशों के राजनेता गुटनिपेक्ष आंदोलन का हिस्सा थे ?

(a) India, Yugoslavia, Indonesia, Ghana, Egypt/भारत, यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया, घाना, मिस्त्र
(b) India, America, Britain, France, Spain/भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, स्पेन
(c) India, Russia, Poland, Hungary, Romania/भारत, रूस, पोलैंड, हंगरी, रोमानिया
(d) India, Pakistan, Bangladesh, Srilanka, China /भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, चीन

Ans. (a) : भारत, यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया, घाना मिस्त्र इन सभी देशों के राजनेता गुटनिरपेक्ष आंदोलन के हिस्सा थे। गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना औपनिवेशिक व्यवस्था के पतन के दौरान हुई थी। यह वह दौर था जब नए-नए देश औपनिवेशिक गुलामी से आजाद हो रहे थे। सितम्बर 1961 में यूगोस्लाविया के बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था और इसमें कुल 25 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

15. Which of the following planets have rings around them?/इनमें से किन ग्रहों के चारों ओर छल्ले होते हैं?

(A) Jupiter/बृहस्पति **(B) Saturn/शनि**
(C) Uranus/यूरेनस **(D) Neptune/नेप्च्यून**

(a) (A), (B), (C) (b) (A), (B), (D)
(c) (A), (C), (D) (d) (B), (C), (D)

Ans. (a) : बृहस्पति, शनि, यूरेनस (अरूण) इन सभी ग्रहों के चारों ओर छल्ले होते हैं।
बृहस्पति - यह सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह अपने अक्ष पर सबसे तीव्र गति से घूर्णन करता है। बृहस्पति के कुल उपग्रहों की संख्या 95 है। बृहस्पति का उपग्रह गैनिमीड सौरमंडल का सबसे बड़ा उपग्रह है।
शनि - इस ग्रह के चारों ओर वलय पाए जाते हैं, जिनकी संख्या 7 है। शनि का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटन है।
अरूण (यूरेनस) - इस ग्रह की खोज विलियम हरशेल ने की थी। इसके भी चारों ओर वलय पाए जाते हैं। यह अपने अक्ष पर पूर्व से पश्चिम की ओर घूमता है जबकि अन्य ग्रह पश्चिम से पूर्व की ओर घूमते हैं। यह अपनी धुरी पर अधिक झुका (97.8 अंश) होने के कारण लेटा हुआ प्रतीत होता है।

16. The Indian Standard time (IST) is based on the standard meridian at :
भारतीय मानक समय किस मानक याम्योत्तर पर आधारित है?

(a) 75° 30' E/75° 30' पू. (b) 78° 30' E /78° 30' पू.
(c) 82° 30' E /82° 30' पू. (d) 85° 30' E /85° 30' पू.

Ans. (c) : भारतीय मानक समय $82^0$30' पू0 मानक याम्योत्तर पर आधारित है। $82^0$30' पूर्वी देशांतर रेखा प्रयागराज के निकट मिर्जापुर से होकर गुजरती है। भारतीय मानक समय की याम्योत्तर रेखा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ओडिसा, आंध्र प्रदेश (कुल पाँच राज्यों) से होकर गुजरती है।

17. What makes days and nights, and change of seasons possible ?
इनमें से क्या दिन एवं रात तथा ऋतुओं में परिवर्तन संभावित करता है?

(a) Rotation and Revolution of the earth respectively./क्रमशः पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमण
(b) Revolution and Rotation of the earth respectively./ क्रमशः पृथ्वी के परिक्रमण एवं घूर्णन
(c) Rotation of the earth only./सिर्फ पृथ्वी का घूर्णन
(d) Revolution of the earth only./सिर्फ पृथ्वी का परिक्रमण

Ans. (a) : पृथ्वी के घूर्णन एवं परिक्रमण दिन एवं रात तथा ऋतुओं में परिवर्तन संभावित करता है। पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र ज्ञात ग्रह है, जिस पर जीवन है। जल की उपस्थिति के कारण इसे 'नीला ग्रह' भी कहा जाता है। पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है। यह अपने अक्ष पर $23^{1/2}$ अंश पर झुकी हुई है। यह सूर्य के चारों ओर 29.8 किमी/सेकंड के वेग से चक्कर लगाती है।

18. The earth rotates 360° in about 24 hours, which means 15° an hour. What it is 12 noon at Greenwich, the time at 30° E of Greenwich will be :
पृथ्वी लगभग 24 घंटे में अपने अक्ष 360° पर घूम जाती है, अर्थात् वह 1 घंटे में 15° घूमती है, इस प्रकार जब ग्रीन विच में दोपहर के 12 बजते हैं, तब ग्रीनिच से 30° पूर्व में समय होगा :

(a) 2 PM/2 अपराह्न (b) 10 AM/10 पूर्वाह्न
(c) 2 AM/2 पूर्वाह्न (d) 10 PM /10 अपराह्न

Ans. (a) : पृथ्वी लगभग 24 घंटे में अपने अक्ष 360^0 पर घूम जाती है, अर्थात् वह 1 घंटे में 15^0 घूमती है। इस प्रकार जब ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजते हैं, तब ग्रीनविच से 30° पूर्व में समय होगा 2 अपराह्न।

19. Which of the following type of forests are found in Andaman and Nicobar Islands in India/अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों में निम्न में से किस प्रकार के वन पाए जाते हैं।
(A) Moist Deciduous Forest/आर्द्र पर्णपाती वन
(B) Dry Deciduous Forest/शुष्क पर्णपाती वन
(C) Temperate Forest/शीतोष्ण वन
Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A)/ (A) केवल
(b) Both (A) and (B)/ (A) तथा (B) दोनों
(c) Both (A) and (C)/ (A) तथा (C) दोनों
(d) All (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C) सभी

Ans. (a) : अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों में आर्द्र पर्णपाती वन पाए जाते हैं। यह भारत का एक केन्द्र शासित प्रदेश है। यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण में हिंद महासागर में स्थित है। यह कई छोटे बड़े द्वीपों से मिलकर बना है। इसकी राजधानी पोर्ट ब्लेयर है।

20. Read the statements (A) and (R)./निम्न कथनों और को पढ़िए :

Assertion (A) : **Granite are solid rocks and desirable for buildings, ornamental purpose and as grinding stone.**
कथन (A) : **ग्रेनाइट ठोस चट्टानें हैं तथा बिल्डिंग बनाने, सजावटी व सिलबट्टे के तौर पर प्रयोग में लायी जाती है।**
Reason (R) : **They have large grains due to a very slow cooling process deep down inside the earth's crust.**
कारण (R) : **पृथ्वी की भूपर्पटी के बहुत नीचे धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण ये बड़े दानों का रूप ले लेते हैं।**

Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). /(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) सही व्याख्या नही है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false./(A) सही है किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false, but (R) is true./(A) गलत है किन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : ग्रेनाइट ठोस चट्टानें है तथा बिल्डिंग बनाने में सजावटी व सिलबट्टे के तौर पर प्रयोग में लायी जाती है। ग्रेनाइट मणिभीय दानेदार शिला है, जिसका प्रमुख अवयव स्फटिक होता है। ग्रेनाइट पृथ्वी के प्रत्येक भाग में पाया जाता है। भारत में भी यह प्रचुरता से मिलता है। तमिलनाडु के तंजावुर नगर में स्थित वृहदेश्वर मंदिर विश्व का पहला ऐसा मंदिर है जो ग्रेनाइट पत्थर से बनाया गया है। पृथ्वी की भूपर्वटी के बहुत नीचे धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण ये बड़े दानों का रूप ले लेते हैं। अतः (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।

21. Consider the following statements about winds and choose the correct option./पवनों के बारे में दिए गए कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) Monsoons are example of seasonal winds./मानसूनी पवनें मौसमी पवनों का उदाहरण हैं।
(B) Seasonal winds blow constantly throughout the year in a particular direction./मौसमी पवनें वर्ष भर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं।
(C) Land and sea breeza are examples of permanent winds./स्थल व समुद्री समीर, स्थायी पवनों के उदाहरण हैं।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (A) and (B) are true /केवल (A) तथा (B) सही है।
(c) Only (B) and (C) are true /केवल (B) तथा (C) सही है।
(d) Only (A) and (C) are true / केवल (A) तथा (C) सही है।

Ans. (a) : पवनें तीन प्रकार की होती है प्रचलित पवन, मौसमी पवन और स्थानीय पवन। मौसमी पवन, वह पवन है जिनकी प्रवाहित होने की दिशाएँ समय या मौसम के अनुसार परिवर्तित हो जाती है। स्थल, समुद्री व मानसूनी पवनें मौसमी पवनों के उदाहरण है।

22. Read the following statements in the context of condensation :/संघनन के संदर्भ में निम्न कथनों को पढ़िए :

(A) Water vapour condenses to droplets of water./जलवाष्प संघनित होकर ठंडा होकर जल की बूँद बनाते हैं।

(B) When droplets of water become too heavy to float in air, they come down as precipitation./जब जल की ये बूँदे इतनी भारी हो जाती हैं कि वायु में तैर न सके, तब ये वर्षण के रूप में नीचे आ जाती हैं।

(C) Jet planes flying in sky leave a white trail behind as moisture from their engines condense./आकाश में उड़ते हुए जेट हवाई जहाज अपने पीछे पद चिन्ह छोड़ते हैं क्योंकि इंजनों से निकली नमी संघनित हो जाती है।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true /केवल (B) तथा (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are true / केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true /सभी (A), (B) और (C) सही हैं।

Ans. (d) : गैस से द्रव बनने की परिघटना को संघनन कहते हैं। संघनन तब होता है जब ओसांक, हिमांक बिन्दु से कम या ज्यादा रहता है। जलवाष्प संघनित होकर ठंडा होकर जल की बूँद बनाते हैं। यह प्रक्रिया वाष्पन के विपरीत है, प्रायः जल चक्र के संदर्भ में ही इसका प्रयोग होता है। वर्षा भी एक प्रकार का संघनन ही है। आकाश में उड़ता हुआ एक जेट हवाई जहाज अपने पीछे पद चिन्ह छोड़ते हैं क्योंकि इंजनों से निकली नमी संघनित हो जाती है। इसलिए संघनन के संदर्भ में (A), (B) और (C) सही है।

23. The Tibetan antelope is hunted for its wool known as shahtoosh as :
तिब्बती एंटीलोप का शिकार इसके ऊन 'शाहतूश' के लिए किया जाता है, क्यों कि _____।

(A) It is light in weight/यह वजन में हल्का होता है
(B) It is extremely warm/यह अत्यधिक गर्म होता है
(C) The animal is found in large numbers/यह जानवर बहुत अधिक संख्या में पाया जाता है

Choose the correct options :/सही विकल्प चुनें।

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (a) : तिब्बती एंटीलोप का शिकार इसके ऊन शहतूश के लिए किया जाता है क्योंकि यह वजन में हल्का होता है तथा यह अत्यधिक गर्म भी होता है। यह पूर्वोत्तर तिब्बती पठार में पाये जाते हैं। उनका शिकार उनके बेहद गरम, नरम, तथा हल्के अंडरफर के लिए किया जाता है जो आमतौर पर मृत्यु के बाद प्राप्त होता है। शाहतूश शॉल पारम्परिक रूप से भारत में शादी के तोहफे के रूप में दिए जाते थे तथा एक शॉल बनाने के लिए तीन से पाँच तिब्बती एंटीलोप का अंडरफर प्रयोग होते हैं।

24. Consider the following statements (A) and (B)./नीचे दिए गए कथन (A) और (B) पर विचार करें:

(A) Renewable resources are unlimited and are not affected by human activities/नवीकरणीय संसाधन असीमित होते हैं और इन पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता है।

(B) Renewable resources get replenished quickly as compared to non renewable resources./अनवीकरणीय संसाधन की तुलना में नवीकरणीय संसाधन जल्दी पुनःपुरित हो जाते हैं।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चयन करें।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false /(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत हैं।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही हैं।

Ans. (d) : नवीकरणीय संसाधन में संसाधन है जिन्हें एक बार उपयोग करने के बाद फिर से पुनः स्थापित किया जा सकता है तथा पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। इन्हें नव्य संसाधन भी कहते है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, भूतापीय ऊर्जा नवीकरणीय संसाधन के उदाहरण है। अनवीकरणीय संसाधन वे संसाधन हैं जिनके भण्डार में प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनर्स्थापन नहीं होता है। कोयला, पेट्रोल तथा प्राकृतिक गैस अनवीकरणीय संसाधन के उदाहरण है। इसलिए (A) कथन गलत है, जबकि (B) सही है।

25. What will be the sequence of the process of taking out minerals from rocks, it you move from earth's surface to inner layers.
शैलों से खनिजों को बाहर निकालने की प्रक्रिया का क्रम क्या होगा अगर आप पृथ्वी की सतह से उसकी आँतरिक तहों तक जाते हैं ?

(A) Open cast mining/विवृत खनन
(B) Shaft mining/कूपकी खनन
(C) Quarrying/आखनन

Choose the correct options :/सही विकल्प चुनें।

(a) (C) - (A) - (B)
(b) (A) - (C) - (B)
(c) (A) - (B) - (C)
(d) (B) - (A) - (C)

Ans. (a) : आखनन, विवृत खनन, कूपकी खनन यह शैलों से खनिजों को बाहर निकलाने की प्रक्रिया का क्रम है जो पृथ्वी की सतह से उसकी आंतरिक तहों तक जाते हैं।

26. Consider the following statements about practice of shifting cultivation/स्थानांतरी कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) There are areas of heavy rainfall/ये भारी वर्षा वाले क्षेत्र हैं।

(B) It is practiced in areas of quick regeneration/यह तीव्र पुनर्जनन वाले क्षेत्रों में प्रचलित होती है।

(C) It is also called 'slash and burn' agriculture./इसे 'कर्तन एवं दहन कृषि' के नाम से भी जाना जाता है।

The correct statements are :/सही वाक्य हैं :

(a) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(b) (B) and (C)/(B) तथा (C)
(c) (A) and (C)/ (A) तथा (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C) सभी

Ans. (d) : स्थानांतरी कृषि के संदर्भ में निम्न कथन सही है– ये भारी वर्षा वाले क्षेत्र होते हैं, यह तीव्र पुनर्जनन क्षमता वाले क्षेत्रों में क्षेत्र प्रचलित होते है। इस कृषि प्रणाली को कर्तन एवं दहन कृषि के नाम से भी जाना जाता है। यह कृषि अमेजन बेसिन के सघन न क्षेत्रों, ऊष्ण कटिबंधीय अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वोत्तर भारत में प्रचलित है।

27. If you are discussing Prairies and Velds in the class, on a world map which region will you mark ?/अगर आप कक्षा में प्रेअरी और वेल्ड पर परिचर्चा कर रहे हैं तो आप विश्व मानचित्र पर किस क्षेत्र को अंकित करेंगे ?

(a) USA and South America respectively./संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका क्रमशः
(b) South America and Canada respectively./दक्षिण अमेरिका और कनाडा क्रमशः
(c) Amazon Basin and South Africa respectively./अमेजन बेसिन दक्षिण अफ्रीका क्रमशः
(d) Canada and South Africa respectively. /कनाडा और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः

Ans. (d) : अगर आप कक्षा में प्रेअरी और वेल्ड पर परिचर्चा कर रहे है तो आप विश्व मानचित्र पर क्रमशः कनाडा और दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र को अंकित करेंगे। यह शीतोष्ण कटिबंधीय घास के के मैदानों में उदाहरण है। यह 30^0 से 45^0 अक्षांशों के मध्यवर्ती भागों में पाए जाते है। उत्तरी गोलार्द्ध में स्थलीय विस्तार अधिक होने के कारण इस मैदानों का विस्तार कहीं-कहीं 50^0 उत्तरी अशांक्ष तक पाया जाता है। इन घास के मैदानों को संयुक्त राज्य अमेरिका व कनाडा में प्रेयरी, अर्जेंटीना उरूग्वे, ब्राजील में पम्पास, द. अफ्रीका में वेल्ड, यूरेशिया में स्टेपीज तथा ऑस्ट्रेलिया में डाउन्स कहा जाता है।

28. Consider the following statements about stereotypes :/रुढ़िबद्ध धारणाओं के संदर्भ में निम्न वाक्यों पर ध्यान दीजिए:

(A) Stereotypes stop us from looking at each person as a unique individual with his/her own special quality or skill./रुढ़िबद्ध धारणाएँ हमें प्रत्येक व्यक्ति को अनोखे और अलग व्यक्ति जिसके पास खास गुण व क्षमताएँ हो सकती हैं, के रूप में देखने से रोक देती हैं।

(B) Stereotypes fit large number of people into only one pattern or type./रुढ़िबद्ध धारणाएँ बड़ी संख्या में लोगों को एक ही प्रकार के खाँचे में जड़ देती हैं।

(C) Stereotypes affects all of us as they give us opportunities to do certain things we are good at./रुढ़िबद्ध धारणाओं का हम सब पर प्रभाव पड़ता है क्योंकि इनके चलते हमें उन कामों को करने का मौका मिलता है जिनमें हम अच्छे हैं।

Choose the correct option:/सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही है।
(c) Only (B) and (C) are true /केवल (B) तथा (C) सही है।
(d) All (A), (B) and (C) are true/सभी (A), (B) तथा (C) सही है।

Ans. (b) : रूढ़िवाद एक प्रकार की विचारधारा है जो किसी चीज के बारे में पुराने समय से चली आ रही तथ्य एवं सिद्धान्तों पर विश्वास करती है एवं उसी को स्वीकार करती है। रूढ़िवाद परिवर्तन को स्वीकार नहीं करता है। वह पहले से बनी परंपरा पर ही विश्वास करता है। यह बड़ी संख्या में लोगों को एक ही प्रकार के खाँचे में जड़ देती है। साथ ही रूढ़िबद्ध धारणायें हमें प्रत्येक व्यक्ति को अनोखे और अलग व्यक्ति जिसकेपास खास गुण व क्षमताएँ हो सकती हैं के रूप में देखने से रोक देती है। अतः रूढ़िबद्ध धारणाओं के संदर्भ में A तथा B सही है।

29. Identify the areas from those given below, which have notable cultural influences of Arab and Chinese traders in the past :
निम्नलिखित क्षेत्रों में से उन क्षेत्रों की पहचान कीजिए जहाँ अतीत में आए अरबी और चीन के व्यापारियों के उल्लेखनीय सांस्कृतिक प्रभाव हैं?

(a) Punjab and Tamil Nadu/पंजाब और तमिलनाडु
(b) Kerala and Ladakh /केरल और लद्दाख
(c) Assam and Harayana /असम और हरियाणा
(d) Gujarat and Telangana /गुजरात और तेलंगाना

Ans. (b) : केरल और लद्दाख यह दो प्रमुख क्षेत्र है, जहाँ अतीत में आए अरबी और चीन के व्यापारियों के उल्लेखनीय सांस्कृतिक प्रभाव है। लद्दाख जम्मू और कश्मीर के पूर्व में पहाड़ियों में बसा एक रेगिस्तानी इलाका है। लद्दाख के रास्ते ही बौद्ध धर्म तिब्बत पहुँचा। लद्दाख को छोटा तिब्बत भी कहा जाता है। केरल, भारत के दक्षिण पश्चिमी कोने में बसा हुआ है। सबसे पहले अरबी एवं यहूदी व्यापारी केरल आए थे। चीन के व्यापारी भी केरल आए, यहाँ पर मछली पकड़ने के लिए जो जाल इस्तेमाल किए जाते हैं वे चीनी जालों से हू-ब-हू मिलते हैं और उन्हें 'चीना-वला कहते है।

30. The President of India is elected by :
भारत के राष्ट्रपति का चुनाव _____ के द्वारा होता है।

(a) the council of ministers and their head./मंत्रियों एवं उनके मुखियाओं की परिषद्
(b) direct election by eligible citizens./योग्य नागरिकों द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव
(c) indirect election by the electoral college./निर्वाचक मंडल द्वारा अप्रत्यक्ष चुनाव
(d) indirect election by all the elected members including Panchs./पंचों सहित सभी चयनित सदस्यों द्वारा अप्रत्यक्ष चुनाव

Ans. (c) : भारत के राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा अप्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा होता है। भारतीय राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल के माध्यम से किया जाता है, जिसमें राज्य सभा, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य रहते हैं। चुनाव का आयोजन भारतीय चुनाव आयोग (EC) द्वारा किया जाता है। निर्वाचक मंडल संसद के उच्च एवं निम्न सदन (राज्य सभा और लोकसभा सांसदों) के सभी निर्वाचित सदस्यों एवं राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों (दिल्ली एवं पुदुचेरी) के विधान सभाओं (विधायकों) के निर्वाचित सदस्यों से बना होता है।
नोट - अनु0 54 – राष्ट्रपति का चुनाव
अनु0 55 – राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया।

31. 'Our Constitution ensures that Government system doesn't involve only a few privileged people making decision for everyone. There are different levels of government. Which derive their authority from the Constitution'./'हमारा संविधान यह सुनिश्चित करता है कि शासन की व्यवस्था केवल कुछ विशेषाधिकृत लोगों को सम्मिलित नहीं करती जो सभी के लिए निर्णय लें। यहाँ सरकार के विभिन्न स्तर हैं जो संविधान से ही अपनी ताकत और अधिकार प्राप्त करते हैं।'

This explains the following feature of the Indian Constitution./यह भारतीय संविधान के निम्नलिखित विशेषता की व्याख्या करता है:

(a) Federalism/संघवाद
(b) Separation power/शक्तियों का बँटवारा
(c) Secularism /धर्मनिरपेक्षता
(d) Parliamentary Government /संसदीय शासन

Ans. (a) : हमारा संविधान यह सुनिश्चित करता है कि शासन की व्यवस्था केवल कुछ विशेषाधिकृत लोगों को सम्मिलित नहीं करती जो सभी के लिए निर्णय लें। यहाँ सरकार के विभिन्न स्तर हैं जो संविधान से ही अपनी ताकत और अधिकार प्राप्त करते हैं। यह भारतीय संविधान के संघवाद विशेषता की व्याख्या करता है। संघवाद (Federalism) मूल रूप से एक द्वैध सरकार प्रणाली (Dual Government System) है, जिसमें एक केन्द्र और कई राज्य शामिल होते है। संघवाद संविधान की मूल संरचना के स्तंभों में से एक है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ मामले में दुहराया था कि राज्य, संघ के महज उपांग नहीं है और संघ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यों की शक्तियों को कुचला नहीं जाएगा।
संघीय सिद्धान्तकार के.सी. व्हेयर के अनुसार 'भारतीय संविधान की प्रकृति 'अर्द्ध-संघीय' (Quasi-Federal) है।''

32. Which of the following situations most likely represents the condition of migrant workers to an Indian city ?
इनमें से कौन सी स्थिति भारत के एक शहर में आए प्रवासी मजदूर की अवस्था को सबसे करीब से दर्शाती है?

(a) Babu owns a pucca shop in the main market of the town, which gives him income throughout the year./बाबू शहर के मुख्य बाजार में एक पक्का दुकान का मालिक है, जिससे उसे पूरे वर्ष आय मिलती है।
(b) Rajan sells his wares from a cart during the day and on which he sleeps at night./राजन एक ठेले पर दिन में सामान बेचता है और रात होने पर उसी में सो जाता है।
(c) Joy starts a showroom in a new mall to sell branded wear. /जॉय एक नये शॉपिंग मॉल में ब्रंडेड कपड़ों का शोरूम खोलता है।
(d) Veena has a dental clinic in an unauthorised colony. /वीणा एक अनधिकृत बस्ती में एक दंत्य चिकित्सालय चलाती है।

Ans. (b) : राजन एक ठेले पर दिन में सामान बेचता है और रात होने पर उसी में सो जाता है। यह स्थिति भारत के एक शहर में आए प्रवासी मजदूर की अवस्था को सबसे करीब से दर्शाती है। अपने मूल निवास स्थान से दूर आंतरिक अथवा अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार लोगों की आवाजाही को प्रवासन कहते है। अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम, 1979 में प्रवासी श्रमिकों को नियुक्त करने वाले सभी प्रतिष्ठानों का पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया है।

33. Consider the following statements about putting out system :/'दादन व्यवस्था' के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें:

(A) It is prevalent in most of the big industries in India./यह व्यवस्था भारत में बड़े उद्योगों में प्रचलित है।
(B) In this system merchant supplies the raw material and receives the finished product./इसमें व्यापारी कच्चा माल देता है और उसे तैयार माल प्राप्त होता है।
(C) In this system craftsman mostly work at their home or at workshop./इसमें बुनकर अधिकतर अपने घर या कार्यशाला में कार्य करते हैं।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (B) is true/केवल (B) सही है
(b) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(c) Both (B) and (C) are true /(B) तथा (C) दोनों सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true /सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : दादन व्यवस्था में बुनकरों और व्यापारियों के बीच एक तादात्म्य सम्बन्ध स्थापित होता है। जिसमें व्यापारी कच्चा माल देता है और उसे तैयार माल प्राप्त होता है। यह दादन व्यवस्था भारत के अधिकांश क्षेत्रों में बुनाई उद्योगों में प्रचलित है। इसमें बुनकर अधिकतर अपने घर या कार्यशाला में कार्य करते है। अतः (B) और (C) कथन सही है।

34. The killing of Hector Pieterson by the police in the wake of a protest, is an episode associated with which of the following historical struggle ?
एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हेक्टर पीटरसन की हत्या की घटना, किस ऐतिहासिक संघर्ष से जुड़ी हुई है ?

(a) Struggle against racism in America /अमेरिका में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष
(b) Struggle against monarchy in Nepal/नेपाल में राजतंत्र के खिलाफ संघर्ष
(c) Struggle against apartheid in South Africa/दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के खिलाफ संघर्ष
(d) Struggle against colonialization in Algeria /अलजीरिया में उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष

Ans. (c) : एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हेक्टर पीटरसन की हत्या की घटना, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के खिलाफ संघर्ष से जुड़ी हुई है। रंगभेद प्रणाली ने लोगों को उनकी त्वचा के रंग के आधार पर विभाजित करने का कार्य किया। इसी रंग भेद प्रणाली के कारण ही अश्वेत लोगों को मतदान के अधिकार से वंचित रखा गया। रंगभेद व्यवस्था ने उपनिवेशवाद और जातिवाद के चरम को दर्शाया। रंगभेद के खिलाफ लम्बे संघर्ष के बाद वर्ष 1994 में दक्षिण अफ्रीका ने अखिरकार स्वतंत्रता प्राप्त की और एक नए संविधान का निर्माण कर रंगभेद पर प्रतिबंध लगा दिया। इस नए निर्मित संविधान में सभी को समान अधिकार दिए गए।

35. The Hindu Succession Amendment Act 2005 is a step towards gender equality for which of the following reason ?
हिंदु उत्तराधिकार अधिनियम धारा 2005, निम्नलिखित में से किस कारण हेतु लैंगिग समानता की ओर एक कदम है?

(a) It recognizes the right of daughter to retain their father's surname upon getting married. /यह बेटियों को विवाह के बाद भी पैतृक कुलनाम रखने का अधिकार देता है।
(b) It recognizes the right of daughter to father's property./यह बेटियों को पिता की संपत्ति पर अधिकार दिलाता है।
(c) It recognizes the eldest child - whether male or female to be the father's Successor./यह सबसे बड़ी संतान-लड़का या लड़की-को पिता का उत्तराधिकारी मानता हैं।
(d) It recognizes the right of only unmarried daughter to father's lands./यह केवल गैर विवाहित बेटियों का पिता के जमीन पर अधिकार मानता है

Ans. (b) : हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम धारा 2005 के अनुसार यह बेटियों को पिता की संपत्ति पर अधिकार दिलाता है। सितम्बर 2005 में 1956 के अधिनियम में संशोधन के बाद से वर्ष 2005 से महिलाओं को सम्पत्ति विभाजन के लिए सहदायिक के रूप में मान्यता दी गई थी। इस अधिनियम की धारा 6 में संशोधन किया गया था। ताकि एक सहदायक (Coparcenary) की पुत्री को भी जन्म से सहदायिक बनाया जा सके तथा यह लैंगिक समानता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

36. Indians celebrate Republic day in order to mark _____.
भारतीय _____ के दिन को याद करने के लिए गणतंत्र दिवस मनाते हैं।

(a) India's first general election/भारत के पहले आम चुनाव
(b) India's independence/भारत की स्वतंत्रता
(c) Enforcement of the Constitution /संविधान के लागू होने
(d) Completion of the writhing of the Constitution /संविधान का लेखन पूरा होने

Ans. (c) : भारतीय संविधान के लागू होने के दिन को याद करने के लिए गणतंत्र दिवस मनाते है। भारतीय संविधान की मूल संरचना भारत सरकार अधिनियम 1935 पर आधारित है। भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को औपचारिक रूप से अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ था। तब से 26 जनवरी के दिन प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

37. Ramya working as a support staff in a bakery has been falsely accused of stealing her employer's costly mobile phone but she cannot hire a lawyer to defend her case due to poor economic conditions. According to which Article of the Indian constitution will she be provided a lawyer by the state to represent her case ?
राम्या एक बेकरी में सहयोगी कर्मी के रूप में काम करती है। उसे उसके मालिक का महंगा मोबाईल फोन चुराने के झूठे आरोप में अभियुक्त बनाया जाता है परन्तु वह 'अपनी खराब आर्थिक स्थिति' के चलते अपने बचाव केलिए वकील नहीं कर पाती है। उसके केस का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार राज्य द्वारा वकील दिया जाएगा ?

(a) Article 38/अनुच्छेद 38
(b) Article 39 (A)/अनुच्छेद 39 (A)
(c) Article 40 /अनुच्छेद 40
(d) Article 21 /अनुच्छेद 21

Ans. (b) : भारत के संविधान के भाग IV (अनु0 36-51) में राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त (DPSP) शामिल है। यह आयरलैण्ड के संविधान से लिया गया है। 42वें संविधान संशोधन 1976 के द्वारा अनु 39 (A) में कहा गया है राज्य 'गरीबों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेगा। दिए गए प्रश्न में भी रम्या को अपने ऊपर लगे झूठे आरोप को सही साबित करने हेतु अन0 39(A) के तहत राज्य द्वारा वकील दिया जायेगा।

38. Read the Assertion (A) and Reasoning (R) and choose the appropriate option :/अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A): The decisions made by higher courts are binding on the lower courts./ऊपरी न्यायालय के फैसले नीचे की सारी न्यायालयों को मानने होते हैं।

(R): India has an integrated judicial system./भारत के पास एकीकृत न्यायिक व्यवस्था है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है परन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : ऊपरी न्यायालय के जो भी फैसले होते है, वह नीचे के सारी न्यायालयों को मानने होते हैं। भारत का सर्वोच्च न्यायालय न्यायिक समीक्षा की शक्ति के साथ देश का शीर्ष न्यायालय है। भारत एक संघीय राज्य है एवं इसकी एकल तथा एकीकृत न्यायिक प्रणाली है जिसकी त्रिस्तरीय संरचना है, अर्थात् सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालय। अतः यह सपष्ट है कि (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

39. Consider the following statements (A), (B) and (C) :/निम्नलिखित कथनों (A), (B) तथा (C) पर विचार कीजिए :

(A) Tawa Matsya Sangh was formed against building the Tawa Dam./तवा मत्स्य संघ का गठन तवा बाँध के निर्माण के खिलाफ हुआ था।

(B) Tawa matsya Sangh was formed for protecting the rights of forest dwellers of Madhya Pradesh to continue fishing at dam for their livelihood./तवा मत्स्य संघ का गठन मध्य प्रदेश के जंगल निवासियों के जीवन निर्वहन के लिए बाँध पर मछलियाँ पकड़ने के काम को जारी रखने के अधिकार की रक्षा के लिए हुआ था।

(C) Tawa Matsya Sangh provides loan to the fish workers./ तवा मत्स्य संघ मछुवारों को ऋण भी देने की व्यवस्था करता है।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।

(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही हैं।

(c) Only (B) and (C) are true /केवल (B) तथा (C) सही हैं।

(d) All (A), (B) and (C) are true/सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : 1996 ई0 में मध्य प्रदेश सरकार ने यह तय किया कि तवा बाँध के जलाशय से मछली पकड़ने का अधिकार यहाँ से विस्थापितों को ही दिया जायेगा। तत्कालीन सरकार ने तवा मत्स्य संघ को बाँध में मछली पकड़ने के लिए पाँच वर्ष का पट्टा (लीज) देना स्वीकार किया और इस तरह 2 जनवरी 1997 को तबा क्षेत्र के 33 गाँवों के लोगों के लिए 'नया साल' सही अर्थों में आंरभ हुआ। तवा मत्स्य संघ मछुआरों को ऋण देने की व्यवस्था भी करता है। इस प्रकार कथन (B) और (C) सही है।

40. Consider the following statements about Tribal languages./जनजातीय भाषाओं के बारे में दिए गए निम्न कथनों को पढ़ें :

(A) Santhali has significant body of publication including magazines an the internet./संथाली भाषा का अपना बड़ी मात्रा में प्रकाशन होता है जिनमें इंटरनेट पर पत्रिकाएँ भी शामिल हैं।

(B) Tribal languages are radically different from and possibly as old as Sanskrit./जनजातीय भाषाएँ संस्कृत से बिल्कुल अलग हैं और संभवतः उतनी ही पुरानी हैं।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Only (A) is true /केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is true / केवल (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।

(d) Neither (A) nor (B) is true /न तो (A) और न ही (B) सही है

Ans. (c) : वर्ष 2003 में 92वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा संथाली को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में बोडो, डोगरी, मैथिली, भाषाओं के साथ भारत की अधिकारिक भाषा के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आठवीं अनुसूची में इसे शामिल करने का अर्थ था कि भारत सरकार संथाली भाषा के विकास के लिए प्रतिबद्ध थी। संथाली भाषा का इंटरनेट पर पत्रिकाएँ भी शामिल है। भारत की वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश भर में संथाली बोलने वाले 70 लाख से अधिक लोग है। जनजातीय भाषाएँ संभवतः पुरानी तथा संस्कृत से बिल्कुल अलग होती है। इस प्रकार जनजातीय भाषाओं के संदर्भों में कथन (A) और (B) दोनों सही है।

41. Match the following column as :

Column X Approach of Learning Social Sciences	**Column Y Interpretation**
(A) Behaviouristic	(I) Facilitates integrated knowledge
(B) Constructivist	(II) Accumulation of finite sets of skills and facts
(C) Multi disciplinary	(III) Disciplines remain independent
(D) Inter disciplinary	(IV) Learner centric and contextual

निम्नलिखित स्तंभ का मिलान कीजिए :

कॉलम X सामाजिक विज्ञान अधिगम के तरीके	कॉलक Y विवेचन/अर्थ
(A) व्यवहारवादी	(I) समाकलित ज्ञान में सहायता करना
(B) रचनावादी	(II) सीमित कौशल और तथ्यों का संचय
(C) बहु-विषयक उपागम	(III) विषय हमेशा स्वतंत्र होते हैं
(D) अंतर्विषयी उपागम	(IV) अधिगमकर्ता केंद्रित और प्रांसगिक

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) (A) - (IV) B - (I) (C) - (II) (D) - (III)
(b) (A) - (II) B - (IV) (C) - (III) (D) - (I)
(c) (A) - (III) B - (II) (C) - (I) (D) - (IV)
(d) (A) - (IV) B - (I) (C) - (III) (D) - (II)

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

सामाजिक विज्ञान अधिगम के तरीके	विवेचन/अर्थ
(A) व्यवहारवादी	सीमित कौशल और तथ्यों का संचय
(B) रचनावादी	अधिगमकर्ता केन्द्रित और प्रासंगिक
(C) बहु-विषयक उपागम	विषय हमेशा स्वतंत्र होते है।
(D) अंतर्विषयी उपागम	समाकलित ज्ञान में सहायता करना।

42. Which of the following is the correct explanation of the term 'site' in history ?
निम्नलिखित में से कौन सा शब्द इतिहास में 'पुरास्थल' की सही व्याख्या प्रस्तुत करता है ?

(a) A place where store tools were manufactured./वह स्थान जहाँ पत्थर के औजारों का निर्माण किया जाता था।
(b) A place where the remains of things line tools pots, buildings etc were found./ वह स्थान जहाँ औजार, बर्तन और इमारतों जैसी वस्तुओं के अवशेष मिले हों।
(c) A place where hunter - gatherers used to live./ वह स्थान जहाँ आखेटक-खाद्य संग्राहक रहते थे।
(d) A place where remains of ancient engineering works were found. / वह स्थान जहाँ प्राचीन इंजीनियरिंग कार्य के अवशेष मिले हों।

Ans. (b) : वह स्थान जहाँ औजार, बर्तन और इमारतों जैसी वस्तुओं के अवशेष मिले हों यह तथ्य इतिहास में पुरास्थल की सही व्याख्या प्रस्तुत करता है। प्राचीन भारतीय इतिहास की विशद सामग्री को समझने योग्य बनाने के लिए इतिहासकारों ने इसे तीन भागों में बाँटा हैं–
(A) प्रागैतिहासिक काल
(B) आद्य - ऐतिहासिक काल
(C) ऐतिहासिक काल
प्रागैतिहासिक काल का इतिहास पूर्णतः पुरातात्विक साक्ष्यों से ही ज्ञात होता है, क्योंकि इस काल का कोई लिखित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं।

43. A teacher wants to discuss about the lived experiences of a minority community with her students. What would be the most appropriate teaching strategy ?
एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के जीवन्त अनुभवों के बारे में चर्चा करना चाहती है। कौन सी अति उपयुक्त शिक्षण रणनीति होगी?

(a) Charts on Constitutional provisions for Minorities. /अल्पसंख्यकों के लिए संवैधानिक प्रावधानों पर चार्ट।
(b) NSS data on employment of Minorities./ अल्पसंख्यकों के रोजगार पर एन.एस.एस. डाटा।
(c) A feature film having a Minority character./एक फीचर फिल्म जिसमें एक अल्पसंख्यक किरदार है।
(d) A Presentation on people's daily activities in a Minority dominated area./अल्पसंख्यक प्रभुत्व वाले क्षेत्र में लोगों की दैनिक गतिविधियों पर एक प्रस्तुतीकरण।

Ans. (d) : अल्पसंख्यक प्रभुत्व वाले क्षेत्र में लोगों की दैनिक गतिविधियों पर एक प्रस्तुतीकरण, एक अति उपयुक्त शिक्षण रणनीति होगी जिस पर एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के जीवन्त अनुभवों के बारे में चर्चा करना चाहती है। भारतीय संविधान में भी अल्पसंख्यक वर्गों के संबंध में चर्चा की गई है–
अनु0 29 - अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण, सुरक्षा संबंधी अधिकार उल्लिखित है।
अनु0 30- शिक्षा संस्थानों की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों को अधिकार प्रदान किया गया है।

44. To introduce elementary school students to issues of caste based discrimination, which of the following resource can be used ?
प्रारम्भिक शिक्षा के विद्यार्थियों को जाति आधारित भेदभाव के मुद्दे से परिचित कराने के लिये, निम्नलिखित में से कौन से संसाधन का प्रयोग कर सकते हैं ?

(a) Ashokan pillar inscriptions /अभिलेख जो अशोक के स्तंभ पर लिखे हुए हैं।
(b) Text on Reservation policy/आरक्षण नीति पर लेख
(c) Universal Declaration of Human Rights/मानवअधिकारों का सार्वजनिक घोषणापत्र
(d) Narrative of B.R. Ambedkar's childhood experiences. /बी.आर.अम्बेडकर के बचपन के अनुभवों के वृत्तांत।

Ans. (d) : बी.आर अम्बेडकर के बचपन के अनुभवों के वृत्तान्त का प्रयोग प्रारम्भिक शिक्षा के विद्यार्थियों को जाति आधारित भेदभाव के मुद्दे से परिचित कराने के लिए एक महत्वपूर्ण तथ्य हो सकता है। अम्बेडकर ने जातिगत भेदभाव को दूर करने हेतु 1936 में'एनीहिलेशन ऑफ कास्ट (जाति प्रथा का विनाश) नामक पुस्तक लिखी।

45. A history teacher wants to teach 'Rise of Mauraya Empire' to her students. Whihc of the following teaching aid should she use ?
एक इतिहास की अध्यापिका 'मौर्य राजवंश का उदय' विषय को अपने विद्यार्थियों को पढ़ाना चाहती है। निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण सहायक सामग्री की इस्तेमाल उन्हें करना चाहिए?

(a) Comparative Timeline/तुलनात्मक समय रेखा
(b) Line Graph /रेखा आलेख
(c) Progressive Timeline/प्रगतिशील समयरेखा
(d) Bar Graph/दंड आलेख

Ans. (c) : एक इतिहास की अध्यापिका मौर्य राजवंश का उदय विषय को अपने विद्यार्थियों को पढ़ाना चाहती है। इसके लिए उसे प्रगतिशील समय रेखा शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग करना चाहिए। प्रगतिशील समय रेखा, भारतीय इतिहास की समय रेखा है, जिसमें भारत और इसके पूर्ववर्ती राज्यों में महत्वपूर्ण कानूनी और क्षेत्रीय परिवर्तन तथा राजनीतिक घटनाएँ शामिल होती है।

46. Documentaries to teach about 'diversity' is relevant, if the teacher uses it for _____.
'विविधता' के बारे में पढ़ाने के लिए वृत्तचित्र प्रासंगिक है अगर शिक्षक इसका प्रयोग _____ के लिए करता है।

(a) Providing experience of life in an unfamiliar geographical space./एक अनजान भौगोलिक स्थान में जीवन के अनुभव उपलब्ध कराने
(b) Keeping stduents entertained /विद्यार्थियों के मनोरंजन
(c) Showing the'weird' ways in whihc others live their lives./अन्य अपने जीवन में कैसे जीते हैं उन 'अजीब' से तरीकों को दिखाने
(d) Breaking monotony of lecture method. /व्याख्यान विधि की एकरसता को भंग करने

Ans. (a) : विविधता के बारे में पढ़ाने के लिए वृत्तचित्र प्रासंगिक है अगर शिक्षक इसका प्रयोग 'एक अनजान भौगोलिक स्थान में जीवन के अनुभव उपलब्ध कराने' के लिए करता है। विविधता से आशय यहाँ पर यह है कि अलग-अलग प्रकार के धर्म, बोली भाषा और अर्थात् समाज। जैसे : भारत एक विविधता वादी राष्ट्र है, अर्थात् यहाँ विभिन्न प्रकार की बोलियाँ, भाषाएँ और सभ्यताएँ तथा अनेक धर्म एवं जातियाँ मिलती हैं।

47. A seventh grade social science teacher took her students for a visit to a village Panchayat office. What are the benefits of using this pedagogical strategy ?/एक सातवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान अध्यापिका अपने विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत के दफ्तर के दौरे पर ले जाती हैं। इस शिक्षण विधि के क्या फायदे हैं ?

(A) Furnishes first hand information about the topic./विषय के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी/जुटाना।
(B) Effective means of supplementing topic./विषय के बारे में अतिरिक्त जानकारी देने का प्रभावी तरीका।
(C) Links school life with the life of the community./स्कूली जीवन का समुदायिक जीवन से संपर्क स्थापित करना।
(D) Provides a framework to record events and developments./घटनाओं और घटनाक्रम को दर्ज करने की रूपरेखा प्रदान करना।

Select the most appropriate option.
उचित विकल्प चुनिए :

(a) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) Only (A) /केवल (A)

Ans. (b) : विषय के बारे में अतिरिक्त जानकारी देने का प्रभावी तरीका विषय के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी जुटाना तथा स्कूली जीवन का सामुदायिक जीवन से सम्पर्क स्थापित करना यह साइट विजिट के प्रमुख लाभ है, जिसके अन्तर्गत एक सातवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान अध्यापिका अपने विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत के दफ्तर के दौरे पर ले जाती है। बच्चों को विषय के अतिरिक्त ज्ञान देने से उनके मौलिक तथा तार्किक चिंतन का विकास होता है। N.C.F. 2005 के अनुसार, बच्चों को बाह्य परिवेश से जोड़कर रखना चाहिए।

48. Which of the following teaching strategy is best suited to teach "gender sensitisation"?
निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण-विधि ''जेंडर संवेदीकरण' को पढ़ाने के लिए सर्वोत्तम है?

(a) Discussion/परिचर्चा
(b) Demonstration/प्रदर्शन
(c) Lecture/व्याखान
(d) Questioning/प्रश्न-विधि

Ans. (a) : जेंडर संवेदीकरण को पढ़ाने के लिए सर्वोत्तम शिक्षण विधि परिचर्चा है। शिक्षा में जेण्डर संवेदीकरण का अर्थ होगा रूढ़िगत विचारों के ऊपर उठकर बालक और बालिका को समान शैक्षिक व्यवस्थाएँ एवं अवसर उपलब्ध कराना। जिससे उनकी शैक्षिक उपलब्धियों पर लिंग भेद के कारण प्रभाव न हो सके। जेंडर संवेदीकरण में शिक्षक शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक शिक्षा की प्रक्रिया में सम्मिलित सभी तत्वों जैसे-विद्यालय, शिक्षकों, पाठ्यक्रम, पाठ्यवस्तु एवं कक्षा-कक्षा का समान-योगदान है। सभी के द्वारा बालिका को बालक के समान व्यवहार दिया जाए। शिक्षक परिवर्तन के प्रमुख नियामक होते हैं। ये विद्यालय में बच्चों के रोल मॉडल होते है। विद्यार्थी उनका ही अनुसरण करते है।

49. Which of the following strategy is appropriate in promoting critical thinking in students ?
निम्न में से कौन सी रणनीति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने में सबसे उपयुक्त है?

(a) Asking students to accept all information as true./विद्यार्थियों से सभी सूचनाओं को सत्य समझ कर स्वीकृत कराना।
(b) Making students to accept all the opinions of the teacher./ विद्यार्थियों से अध्यापक के सारे मतों को स्वीकृत कराना।
(c) Assisting students to recognise biases. / विद्यार्थियों को पक्षपात पहचाने में मदद करना।
(d) Helping students see a situation from a single perspective./विद्यार्थियों को परिस्थिति को सिर्फ एक नजरिया से देखना सीखाना।

Ans. (c) : विद्यार्थियों को पक्षपात पहचानने में मदद करना यह रणनीति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने में सबसे उपयुक्त है। प्राथमिक विद्यालय में महत्वपूर्ण सोच सिखाने के लिए कल्पना महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को कुछ नया बनाने के लिए छात्रों के जानकारी का उपयोग करने के लिए नए तरीके की तलाश करनी चाहिए। ऐसा करने के लिए कला परियोजनाएँ एक शानदार तरीका है। आलोचनात्मक सोच छात्रों को समझने के कौशल को बढ़ाती है। आलोचनात्मक सोच क्षमता आपको सभी ओर मूल्यांकन करने में सक्षम बनाती है।

50. Which of the following methods of teaching social develop learners ability to propose, argue, counter argue and present facts and or view points.
निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक विज्ञान शिक्षण विधि, विद्यार्थियों की प्रस्ताव करने की, तार्किक बहस करने की, जवाबी तर्क देने की और तथ्यों या विचारों को प्रस्तुत करने की क्षमता को विकसित करती है?

(a) Debate/वाद-विवाद
(b) Discussion/परिचर्चा
(c) Field work/क्षेत्र कार्य
(d) Project work/परियोजना कार्य

Ans. (a) : वाद-विवाद, सामाजिक विज्ञान शिक्षण विधि, विद्यार्थियों की प्रस्ताव करने की, तार्किक बहस करने की, जवाबी तर्क देने की और तथ्यों या विचारों को प्रस्तुत करने की क्षमता को विकसित करती है।
वाद-विवाद या बहस किसी विषय पर चर्चा की एक औपचारिक विधि है। वाद-विवाद में दो परस्पर विपरीत विचारों के समर्थक अपना-अपना तर्क रखते हैं और दूसरे के कथनों का खण्डन करने का प्रयत्न करते है। ''वाद विवाद एक शैक्षिक सामूहिक क्रिया है जिसमें शिक्षक तथा छात्र सहयोगी रूप से किसी समस्या या प्रकरण पर बातचीत करते है।''

51. A social science teacher in elementary classroom want to introduce features of different types of rocks in her class. Which of the following activity will best suit her objective ?
सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में 'शैलों की विशेषताएँ' विषय शुरू कर रही है। निम्न में से कौन सी गतिविधि उसके उद्देश्य हेतु सबसे अधिक महत्व रखती है?

(a) Showing a model of earth's layers and discussing about it./'पृथ्वी की परतों' को दर्शाते मॉडल को दिखाना व उस पर चर्चा करना।
(b) Explaining and reading all the features of rocks given in the text book./पाठ्यपुस्तक में दी गई शैलों की विशेषताओं को पढ़ना एवं समझाना।
(c) Ask students to collect few samples of rocks available in their surrounding. /शिक्षार्थियों को उनके आस-पास पाए जानेवाली शैलों को इकट्ठा करने के लिए कहना।
(d) Bringing different types of rocks and then using them to identify their features and make comparisons. /विभिन्न प्रकार की शैलों को लाना तथा इनका प्रयोग इन शैलों की विशेषताओं को पहचानने तथा तुलना करने में करना।

Ans. (d) : सामाजिक विान की एक शिक्षिका अपनी कक्षा में शैलों की विशेषताएँ से संबंधित विषय शुरू कर रही है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की शैलों को लाना तथा इनका प्रयोग इन शैलों की विशेषताओं को पहचानने तथा तुलना करने में करना जैसी गतिविधि उसके उद्देश्य हेतु सबसे अधिक महत्व रखती है।
सामाजिक विज्ञान समाज का विज्ञान है, इसमें वैज्ञानिक पद्धति को आधार बनाकर समाज का अध्ययन किया जाता है। यह मानव एवं पशुओं के व्यवहार का अध्ययन करता है। यह समाज की आवश्यकताओं एवं उनमें हो रहे बदलावों का विस्तृत अध्ययन कर उसको सही मार्ग की ओर अग्रसर करती है।

52. In discussing coastal landforms in India, a teacher in Rajasthan could face pedagogical issue of :
भारत के तटीय स्थलरूप पढ़ाते हुए, राजस्थान के शिक्षक किस शैक्षणिक समस्या का सामना कर सकते हैं?

(a) Building context for learners /छात्रों के लिए संदर्भ बनाने में
(b) Providing print resources/प्रकाशित सामग्री उपलब्ध कराने में
(c) Assessing students knowledge/छात्रों के मूल्यांकन में
(d) Completing the syllabus in time /पाठ्यक्रम समय पर पूरा करने में

Ans. (a) : भारत के तटीय स्थलरूप पढ़ाते हुए राजस्थान के शिक्षक छात्रों के लिए संदर्भ बनाने में शैक्षणिक समस्या का सामना कर सकते है। कुछ शैक्षणिक समस्याएँ इस प्रकार है–
(1) शिक्षा प्रणाली समावेशी नहीं है।
(2) पाठ्यक्रमों में व्यवहारिकता की कमी
(3) स्कूल स्तर के आंकड़ों की अविश्वसनीयता
(4) शासन गुणवत्ता में कमी
(5) शिक्षक प्रबंधन, शिक्षक की शिक्षा और प्रशिक्षण, स्कूल प्रशासन और प्रबंधन के स्तर में कमी।

53. Which of the following are existing hindrances in social science curriculum ?/सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में निम्नलिखित में से कौन सी विद्यमान बाधाएँ हैं?

(A) Existing pedagogical practices in schools./विद्यालयों में विद्यमान शिक्षण शास्त्रीय प्रथाएँ।
(B) Pressure to perform and score high marks./अच्छा प्रदर्शन तथा उच्च अंक प्राप्त करने का दबाव।
(C) Lack of scientific inquiry and skill building./वैज्ञानिक अन्वेषण तथा कौशल निर्माण का अभाव

(a) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(b) (A) and (C)/ (A) तथा (C)
(c) (B) and (C)/ (B) तथा (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)

Ans. (a) : विद्यालयों में विद्यमान शिक्षण शास्त्रीय प्रथाएँ और अच्छा प्रदर्शन तथा उच्च अंक प्राप्त करने का दबाव, सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में विद्यमान बाधाएँ हैं। इस प्रकार कथन (A) और (B) सही है।
सामाजिक विज्ञान को मुख्य पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि यह शिक्षार्थियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियाँ प्रदान करते हैं। सामाजिक विज्ञान वास्तविक दुनिया से संबंधित है। यह शिक्षार्थी को यह समझने में मदद करता है कि समाज कैसे काम करता है। यह समाज के सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करता है। किसी समाज की शिक्षा के स्वरूप को निश्चित करने में सबसे अधिक भूमिका उस समाज के जीवन दर्शन की होती है।

54. A discussion on National Movement in India, with elementary school students, could refer to sources like _____.
प्रारंभिक विद्यालय के छात्रों के समक्ष भारत के राष्ट्रीय आंदोलन की चर्चा के लिए निम्न स्त्रोतों को उल्लेखित किया जा सकता है
(a) Letters and official records from cellular jail /सेलुलर जेल के अधिकारिक दस्तावेज और पत्र
(b) Cave paintings (Rock paintings)/शैल चित्रकला
(c) Verses of kabir/कबीर के दोहे
(d) Ashokan pillar/अशोक स्तंभ

Ans. (a) : प्रारम्भिक विद्यालय के छात्रों के समक्ष भारत के राष्ट्रीय आंदोलन की चर्चा के लिए सेलुलर जेल के आधिकारिक दस्तावेज और पत्र को उल्लेखित किया जा सकता है। जबकि शैल चित्रकला, कबीर के दोहे, अशोक स्तंभ प्राचीन दस्तावेजों से संबंधित है। इनका राष्ट्रीय आन्दोलन में कोई भूमिका नहीं है। सेलुलर जेल अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान कई क्रांतिकारियों को इस जेल में रखा गया था। इस जेल का इस्तेमाल भारत की औपनिवेशिक सरकार द्वारा अपराधियों और राजनीतिक कैदियों को निर्वासित करने के उद्देश्य से किया जाता था।
नोट– सेलुलर जेल को कालापानी के नाम से भी जाना जाता है।

55. Main objective of using project method in social science class is _____.
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में परियोजना विधि का प्रयोग करने का मुख्य उद्देश्य _____.
(a) engaging students in building theoretical knowledge. /विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान के सैद्धान्तिक ज्ञान के निर्माण में संलग्न करना।
(b) saving teaching time in class./सामाजिक विज्ञान कक्षा में शिक्षण समय बचाना।
(c) reducing the burden of teachers./सामाजिक विज्ञान शिक्षक का भार कम करना।
(d) engaging students in real life investigation of social problems./विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में सामाजिक समस्याओं की जाँच में संलग्न करना।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में परियोजना विधि का प्रयोग करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में सामाजिक समस्याओं की जाँच में संलग्न करना है। सामाजिक विज्ञान के प्रभावी शिक्षण अधिगम को सुनिश्चित करने में परियोजना विधि का योगदान निम्नलिखित है–
(1) स्व निर्देशित गतिविधि के माध्यम से सीखने की अनुमति देता है।
(2) व्यक्तिगत को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है।
(3) शिक्षार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है।
(4) सीखने वाले को खोजकर्ता में बदल देता है।
(5) वास्तविक जीवन के साथ सीखने से संबंधित है।
(6) अमूत और मूर्त वैज्ञानिक कौशल विकसित करता है।

56. Which cognitive process is assessed in the question, "What are the salient features of the Indian Constitution" ?
निम्नलिखित प्रश्न में कौन-सी ज्ञानात्मक प्रक्रिया का आकलन होता है? भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?
(a) Recall/स्मरण (b) Evaluate/मूल्यांकन
(c) Analyse/विश्लेषण (d) Create /सृजन

Ans. (a) : 'स्मरण' में ज्ञानात्मक प्रक्रिया का आकलन होता है। यह भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएँ हैं। स्मरण (याद करना) मनोविज्ञान में, अतीत से जानकारी या घटनाओं को पुनः प्राप्त करने का कार्य, जबकि सूचना को पुनः प्राप्त करने में मदद करने के लिए एक विशिष्ट संकेत की कमी होती है। स्मरण करने की महत्वपूर्ण विधियाँ–
(1) खंड विधि
(2) प्रगतिशील विधि
(3) क्रिया विधि
(4) पूर्ण विधि
(5) मिश्रित विधि

57. Which of the following strategy is not part of group assessment?
निम्न में से कौन-सी कार्यनीति समूह आकलन का हिस्सा नहीं है?
(a) Debate/वाद-विवाद
(b) Seminar presentations/सेमिनार प्रस्तुति
(c) Term end examination/सत्रांत परीक्षा
(d) Class discussion /कक्षा में चर्चा

Ans. (c) : संत्रात परीक्षा कार्यनीति समूह आकलन का हिस्सा नहीं है, जबकि वाद-विवाद, सेमिनार प्रस्तुति, कक्षा में चर्चा जैसी कार्यनीति समूह आकलन का हिस्सा है।
किसी कार्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से कार्य करते समय सीखने और प्रगति का आकलन सामूहिक आकलन है। आकलन का यह तरीका बच्चों के सामूहिक कौशलों, सहयोग द्वारा सीखने की प्रक्रिया तथा बच्चों के व्यवहार से संबंधित अन्य मूल्यों के आकलन के लिए बहुत उपयुक्त पाया जाता है। आकलन के द्वारा बालकों की प्रगति स्तर का पता लगाया जाता है।

58. Which of the following statement is not true about continuous and comprehensive evaluation (CCE) ?
निम्न में से कौन-सा कथन सतत् और व्यापक मूल्यांकन के बारे में सही नहीं है?

(a) It caters only to the cognitive aspects of students behaviour./यह विद्यार्थियों के व्यवहार के केवल संज्ञानात्मक पक्ष की आवश्यकता पूर्ति करता है।
(b) Evaluation strategies are integrated with the teaching - learning process. /मूल्यांकन रणनीतियाँ शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के साथ समाकलित है।
(c) It ensures all round assessment of the students. /यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण आँकलन को सुनिश्चित करता है।
(d) It provides timely feed back to teachers./यह अध्यापकों को समय पर प्रतिपुस्टि प्रदान करते हैं।

Ans. (a) : सतत और व्यापक मूल्यांकन विद्यार्थियों के व्यवहार के केवल संज्ञानात्मक पक्ष की आवश्यकता की पूर्ति करता है। यह सही नहीं है, जबकि सतत और व्यापक मूल्यांकन के बारे में मूल्यांकन रणनीतियाँ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के साथ समाकलित है, यह विद्यार्थियों के सर्वागीण आकलन को सुनिश्चित करता है और यह अध्यापकों को समय पर प्रतिपुष्टि प्रदान करते हैं ये सभी सही है। सतत तथा व्यापक मूल्यांकन का अर्थ है छात्रों के विद्यालय आधारित मूल्यांकन की प्रणाली जिसमें छात्र के विकास के सभी पक्ष शामिल होते हैं।

59. Before introducing the topic 'Democracy', a teachers asks questions related to it. What kind of assessment is she making?
'लोकतंत्र' विषय को शुरू करने से पहले एक अध्यापिका कक्षा में इससे संबंधित प्रश्न पूछती है। वो किस तरह का आंकलन कर रही हैं?
(a) Assessment of per-concept /पूर्व अवधारणा का आंकलन
(b) Summative assessment/योगात्मक आंकलन
(c) Diagnostic assessment/नैदानिक आंकलन
(d) Formative assessment /रचनात्मक आंकलन

Ans. (a) : लोकतंत्र विषय को शुरू करने से पहले एक अध्यापिका कक्षा में इससे संबंधित प्रश्न पूछती है। वह पूर्ण-अवधारणा का आकलन करना चाहती है। सीखने के आकलन का अभ्यास शिक्षकों द्वारा उनकी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों की सुविधा के अनुसार शिक्षण में सुधार और सीखने में वृद्धि करना है। यह कक्षा में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के साथ होता है।

60. A well designed portfolio should be _____.
एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया पोर्टफोलियो _____ होना चाहिए।
(A) Purposeful and systematic./उदेश्यपूर्ण और व्यवस्थित
(B) Reflect assignment and activities of student./विद्यार्थी के प्रदत्त कार्यों और गतिविधियों को प्रतिबिंबित करने वाला
(c) Accumulation of a students work over a long period of time./विद्यार्थी के एक लंबी समय अवधि के काम का संचयन

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only / केवल (B) और (C)
(c) (A) and (C) only / केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C) /(A), (B) और (C)

Ans. (d) : एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया पोर्टफोलियो उद्देश्यपूर्ण और व्यवस्थित होना चाहिए, विद्यार्थी के प्रदत्त कार्यों और गतिविधियों को प्रतिबिंबित करने वाला होना चाहिए और विद्यार्थी के एक लंबी समय अवधि के काम का संचयन होना चाहिए। पोर्टफोलियो एक प्रकार का रिपोर्ट कार्ड या फाइल होता है। जिनमें विद्यार्थी की शैक्षिक और गैर-शैक्षिक सभी तरह की जानकारी को क्रमबद्ध तरीके से एकत्रित करके रखा जाता है साधारण भाषा में कहा जाए तो विद्यार्थियों की उपलब्धि और कमियों का रिकॉर्ड पोर्ट फोलियो में रखा जाता है। पोर्टफोलियो शिक्षार्थी की क्षमताओं, विचारों और दृष्टिकोणों का प्रमाण प्रदान करता है। एक पोर्टफोलियो बच्चों की क्रमिक प्रगति को दर्शाता है और मार्ग प्रसस्त करता है।

HINDI

दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

बस्तर में बहुत कुछ बदल रहा है। लेकिन, यह जो बदल रहा है, विकास के अर्थ में नहीं बल्कि बस्तर की उन परम्पराओं के संदर्भ में है जो अपना जीवन-काल पूरा करके अब अपने अवसान की ओर अग्रसर हो रही हैं। यहाँ, यह सब जिस संदर्भ से सम्बंधित है वह बस्तर का, सूर्य-चंद्र का अनोखा लिपि शास्त्र है, जो वहाँ के आदिवासियों के पास, उनके विशिष्ट आकार-भावों (माटिफ) में, मालूम नहीं कब से सुरक्षित रहा। आकार-भावों में सुरक्षित यह, कम से कम इतना पुराना तो हो ही चुका, जितना पुराना होने पर किसी प्रथा को हम परंपरा कहने लगते हैं।

हम चकित रह जाते हैं कि सूर्य-चंद्र, पशु-पक्षी और अपने काल की जीव-जगत की अनोखी लिपि में अपने किसी पूर्वज की स्मृतियों को अपने शरीर पर धारण किए हुए ये काष्ठ-स्तम्भ जाने कब से ऐसे ही खुले आकाश के नीचे खड़े हैं? धूप, हवा, पानी, सर्दी, गर्मी को अपने पर झेलते हुए क्या इन्हें हमारे आने की प्रतीक्षा होती है कि अपने उस पूर्वज के विषय में हमें कुछ बता सकें, जो इस गाँव के लोगों की दृष्टि में कोई यशोगाथा हो सकती है जिससे हमारी तरह के, बाद के दिनों में आने वाले लोगों को परिचित होना चाहिए?

जो सुघड़ आकृतियाँ काष्ठ-स्तम्भों पर उकेरी जाती हैं, अपने पारंपरिक बल्कि अनुष्ठानिक आकार-भाव (मोटिफ) में, वही की वही लाल-पीले-हरे चटख रंगों में इन प्रस्तर स्तम्भों पर चित्रित हैं। लेकिन इनके, काष्ठ माध्यम से प्रस्तर माध्यम में प्रवेश का अन्तरण कलात्मक विघटन को दर्शाता है। यह विघटन कलात्मकता तक ही सीमित नहीं, बल्कि बस्तर के आनुष्ठानिक-सामाजिक चरित्र में आ रहे परिवर्तन का संकेतक भी है।

1. 'चंद्र' शब्द है :

(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) विदेशी

Ans. (b) : 'चन्द्र' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव शब्द चाँद होगा। वे शब्द जो संस्कृत से निकल कर ज्यों के त्यों हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

2. 'अवसान' का विलोम है :

(a) आविर्भाव (b) समाप्ति
(c) अंत (d) पतन

Ans. (a) : 'अवसान' का विलोम शब्द आविर्भाव हैं दिये गये अन्य विकल्पों के शब्दों का विलोम शब्द निम्न है–

शब्द	–	विलोम
आदि	–	अंत
उत्थान	–	पतन
समाप्ति	–	असमाप्ति

3. 'सुघड़' शब्द में 'सु' है :

(a) प्रत्यय (b) उपसर्ग
(c) संज्ञा (d) सर्वनाम

Ans. (b) : 'सुघड़' शब्द में 'सु', 'उपसर्ग' है। उपसर्ग वे शब्दांश होते हैं, जो किसी शब्द के पहले लगकर एक नये शब्द का निर्माण करते हैं। 'सु' उपसर्ग से बने हुए अन्य शब्द हैं– स्वागत, सुयश आदि।

4. विघटन का पर्याय नहीं है :

(a) ध्वंस (b) क्षीणता
(c) नाश (d) निर्माण

Ans. (d) : 'विघटन' का पर्याय 'निर्माण' नहीं हैं निर्माण रचना या बनावट का पर्याय है जबकि ध्वंस, क्षीणता, नाश, पतन, विध्वंस, क्षय, विनाश आदि विघटन के पर्यायवाची शब्द हैं।

5. कोई प्रथा परंपरा कैसे बनती है ?

(a) अल्प समय तक बनी रहकर
(b) दीर्घ काल तक बनी रहकर
(c) बहुसंख्यक द्वारा मान्य रहकर
(d) वैध होने पर

Ans. (b) : कोई प्रथा दीर्घकाल तक बनी रहकर परम्परा बन जाती है।

6. बस्तर के विशिष्ट 'आकार-भावों' (मोटिफ) में निम्नलिखित चित्र नहीं है :

(a) सूर्य-चंद्र (b) पशु-पक्षी
(c) शिव-पार्वती (d) आनुष्ठानिक चित्र

Ans. (c) : बस्तर के विशिष्ट 'आकार-भावों' (मोटिफ) शिव-पार्वती का चित्र नहीं है। जबकि सूर्य-चन्द्र, पशु-पक्षी तथा आनुष्ठानिक चित्र बस्तर के विशिष्ट आकार-भावों (मोटिफ) के चित्र हैं।

7. इन 'आकार-भावों' (मोटिफ) का रंग है :

(a) लाल-पीला-हरा (b) हरा-नीला-गेरुआ
(c) गेरुआ-पीला-नीला (d) नीला-काला-लाल

Ans. (a) : इन 'आकार-भावों' (मोटिफ) का रंग लाल-पीला-हरा है।

8. 'आकार-भावों' (मोटिफ) में प्रचलित मोटिफ हैं :

(a) सामाजिक-राजनैतिक (b) मनोवैज्ञानिक
(c) धार्मिक-आनुष्ठानिक (d) प्राकृतिक

Ans. (c) : 'आकार-भावों' (मोटिफ) में प्रचलित मोटिफ 'धार्मिक - आनुष्ठानिक' है।

9. निम्नलिखित में से गद्यांश के आधार पर कौन सा वाक्य सही नहीं है ?

(a) बस्तर में बहुत कुछ बदल रहा है।
(b) पुराना होने पर किसी प्रथा को हम त्योहार कहने लगते हैं।
(c) इन्हें हमारे आने की प्रतीक्षा होती है।
(d) सुघड़ आकृतियाँ काष्ठ-स्तंभों पर उकेरी जाती हैं।

Ans. (b) : गद्यांश के आधार पर पुराना होने पर किसी प्रथा को हम त्योहार कहने लगते हैं, वाक्य सही नहीं है। गद्यांश के अनुसार इसका सही वाक्य है – पुराना होने पर किसी प्रथा को हम परम्परा कहने लगते हैं। शेष विकल्पों के वाकय सही हैं।

दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

मै बचा लेना चाहती हूँ
जमीन का एक टुकड़ा
खालिस मिट्टी और
नीचे दबे धरोहरों के साथ
उसमें शायद बची रह जाएगी
बारिश की बूंदों की नमी
धूप की गरमाहट
कुछ चांदनी
उसमें शायद बची रह जाएगी
चीटियों की बांबी
चिड़िया की चोंच से गिरा हुआ कोई दाना
बाँस का एक झुरमुट
जिससे बांसुरी की आवाज गूंजती होगी .....

10. 'खालिस' शब्द का पर्याय है :

(a) सच्चा (b) विशुद्ध
(c) मिश्रित (d) दूषित

Ans. (b) : 'खालिस' शब्द का पर्याय 'विशुद्ध' है। खालिस के अन्य पर्याय हैं– असली, खरा, अनमेल, अमिश्र, शुद्ध आदि।

11. 'चांदनी' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(a) इ (b) ई
(c) नी (d) नि

Ans. (c) : 'चांदनी' शब्द में 'नी' प्रत्यय है। 'नी' प्रत्यय से बने अन्य शब्द हैं– करनी, चटनी, कटनी, मरनी आदि।

12. कवियित्री क्या नहीं बचा लेना चाहती है :

(a) जमीन का एक टुकड़ा (b) धूप की गरमाहट
(c) कुछ चांदनी (d) विस्फोटक ध्वनियाँ

Ans. (d) : कवियित्री विस्फोटक ध्वनियां नहीं बचा लेना चाहती है।

13. मैं बचा लेना चाहती हूँ
जमीन का एक टुकड़ा
पंक्ति से अभिव्यक्त है :

(a) उपभोक्तावादी संस्कृति पर एक कटाक्ष
(b) मनुष्य और प्रकृति के आदम रिश्ते की छटपटाहट
(c) प्रकृति के क्षरण पर रोष
(d) प्राकृतिक संपदा की रक्षा

Ans. (b) : मैं बचा लेना चाहती हूँ, जमीन का एक टुकड़ा। पंक्ति से मनुष्य और प्रकृति के आदम रिश्ते की छटपटाहट अभिव्यक्ति हुई है।

14. प्रस्तुत कविता के संदर्भ में किस धरोहर का उल्लेख नहीं है ?

(a) कुछ चांदनी (b) धूप की गरमाहट
(c) बारिश की बूंदों की कमी (d) चिड़ियों की चहचहाहट

Ans. (d) : प्रस्तुत कविता के संदर्भ में 'चिड़ियों की चहचहाहट' धरोहर का उल्लेख नहीं है।

15. कविता में बाँस के झुरमुट से बांसुरी के संबंध का आशय है :

(a) बाँसो में छिपी बांसुरी की आदिम लय की खोज
(b) बाँसो ने नष्ट होते जाने की चिंता
(c) बाँसो के बजाय अन्य धातुओं से बांसुरी बनने की पीड़ा
(d) बाँसो के घने जंगल के बढ़ते जाने का डर

Ans. (a) : कविता में बाँस के झुरमुट से बांसुरी के संबंध का आशय बाँसों में छुपी बांसुरी की आदिम लय की खोज है।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के पाँच निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल नहीं है?

(a) ज्ञान को विद्यालय से बाहर के जीवन से जोड़ना
(b) यह सुनिश्चित करना कि अधिगम रटन्त अधिगम पर आधारित न हो
(c) पाठ्यचर्या को इस प्रकार से समृद्ध करना कि वह बच्चों के समग्र विकास में मदद करें और पाठ्यपुस्तक केन्द्रित न हो
(d) एक व्यवसायिक अध्यापक की भूमिका निभाना

Ans. (c) : राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के पांच निर्देशक सिद्धन्तों में पाठ्यचर्या को इस प्रकार से समृद्ध करना कि वह बच्चों के समग्र विकास में मदद करें और पाठ्य पुस्तक केन्द्रित न हो शामिल नहीं हैं।

17. भाषा की अन्तरसंबंधित व्यवस्थाओं में क्या शामिल हैं?

(a) ध्वनि विज्ञान और वाक्य विन्यास
(b) ध्वनि विज्ञान और अर्थ विज्ञान
(c) ध्वनि विज्ञान, आकृति विज्ञान, वाक्य विन्यास और अर्थ विज्ञान
(d) वाक्य विन्यास, आकृति विज्ञान और अर्थ विज्ञान

Ans. (a) : भाषा की अंतरसंबंधित व्यवस्थाओं में ध्वनि विज्ञान और वाक्य विन्यास शामिल है।

18. किसके द्वारा शिक्षार्थियों को व्यक्तिगत भूमिकाओं के आवंटन के बिना विशिष्ट संदर्भों में लक्ष्य भाषा के प्रयोग के अवसर दिए जाते हैं ?

(a) अभिव्यक्ति (b) सिमुलेशन
(c) रोल प्ले (d) प्रतियोगिता

Ans. (a) : अभिव्यक्ति द्वारा शिक्षार्थियों को व्यक्तिगत भूमिकाओं के आवंटन के बिना विशिष्ट संदर्भों में लक्ष्य भाषा के प्रयोग के अवसर दिये जाते है।

19. 'बच्चे भाषा सीखने की क्षमता के साथ पैदा होते हैं।' मुख्यतः यह किसका विचार है?

(a) एल. एस. वाइगोत्स्की (b) ईवान पैवलोव
(c) नॉओम चॉम्सकी (d) जीन पियाजे

Ans: (c) नॉओम चॉम्सकी के अनुसार बच्चे भाषा सीखने की क्षमता के साथ पैदा होते है।

20. 'मैंने चाट खाई और फिर मैंने हँसी।' शर्मिला का यह भाषा-प्रयोग मुख्यतः किस ओर संकेत करता है?

(a) व्याकरणिक नियमों की जानकारी न होना
(b) नियमों का अति समान्यीकरण
(c) भाषा-प्रयोग में असावधानी
(d) भाषा की समझ न होना

Ans: (a) 'मैंने, चाट खाई और फिर मैने हँसी।' शर्मिला का यह भाषा प्रयोग उसके व्याकरणिक नियमों की जानकारी न होने की तरफ संकेत कर रहा है।

21. लिखित कार्य की जाँच में बच्चों की सहायता लेने से –

(a) केवल पठन-कौशल का अभ्यास होता है
(b) बच्चे ज्यादा गलतियाँ ढूँढ़ना सीख जाते हैं
(c) बच्चों को दूसरों के हस्तलिखित सामग्री को पढ़ने का अवसर और अवलोकन-क्षमता के विकास का अवसर मिलता है
(d) बच्चे दूसरों के विचारों से परिचित होते हैं

Ans : (c) लिखित कार्यों की जाँच में बच्चों की सहायता लेने से बच्चों के दूसरे के हस्तलिखित सामग्री के पढ़ने का अवसर और अवलोकन क्षमता के विकास का अवसर मिलेगा और ऐसा करने से बच्चों को जब दूसरों के लिखित कार्यों के जाँच करने का मौका मिलेगा तब वह उसकी कमियों और अच्छाइयों को जान सकेगें जिससे उनके अपनी भी कमियों को पूरा करने का पर्याप्त अनुभव हो जायेगा।

22. लोकगीतों को भाषा की कक्षाओं में स्थान दिया जाना चाहिए, क्योंकि –

(a) लोकगीतों को बढ़ावा देना भाषा-शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है
(b) लोकगीत गाए जा सकते हैं
(c) केवल लोकगीतों के माध्यम से पारम्परिक मूल्यों की शिक्षा दी जा सकती है
(d) इससे बच्चे संस्कृतिगत विशेषताओं से परिचित होते हैं

Ans: (d) बच्चों को संस्कृतिगत विशेषताओं से परिचित कराने के लिए लोकगीतों को भाषा की कक्षाओं में स्थान देना चाहिए क्योंकि लोकगीत हमारे देश एवं संस्कृति की परिचायक है।

23. पाठ पढ़कर बच्चों से प्रश्न बनवाने से –

(a) इस बात का पता चलता है कि बच्चे प्रश्नवाचक शब्दों से परिचित है या नहीं
(b) शिक्षक को यह जानने का अवसर मिलता है कि बच्चों ने पाठ को कितनी गहराई से समझा है
(c) कक्षा-कार्य की अच्छी युक्ति पूरी होती है
(d) प्रश्न बनाने की आदत का विकास होता है

Ans: (b) पाठ पढ़कर बच्चों से प्रश्न बनवाने से शिक्षक को यह जानने का अवसर मिलता है कि बच्चों ने पाठ को कितनी गहराई से समझा है।

24. किसी भाषा कक्षा में कहानी-कथन की आवश्यकता के सन्दर्भ में कौन-सा तर्क उचित नहीं है?

(a) सभी बच्चों को भाषा सुनने का परिवेश मिलता है।
(b) सभी बच्चों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए यह उचित नहीं है
(c) बच्चों को शब्द-भण्डार के विकास के अवसर प्राप्त होते है।
(d) सभी बच्चों की क्षमता-अनुसार कल्पना-शक्ति का विकास होता हैं।

Ans: (d) किसी भाषा कक्षा में कहानी कथन की आवश्यकता के सन्दर्भ में यह कहना कि सभी बच्चों की क्षमता अनुसार कल्पना शक्ति का विकास होता है उचित तर्क नहीं है। जबकि भाषा की कक्षा कहानी कथन से बच्चों के शब्द भण्डार में विकास होगा तथा उन्हें भाषा सुनने के परिवेश के साथ-साथ उनके अवलोकन की क्षमता का भी विकास होगा।

25. एल. एस. वाइगोत्स्की के अनुसार–

(a) भाषा चिन्तन को निर्धारित करती है
(b) चिन्तन भाषा को निर्धारित करती है
(c) भाषा एवं चिन्तन एक-दूसरे से स्वतन्त्र रूप से विकसित होते हैं
(d) भाषा एक अर्जित योग्यता है

Ans: (d) एल.एस. वाइगोत्स्की के अनुसार भाषा एक अर्जित योग्यता है। वाइगोत्स्की एक मनोवैज्ञानिक था उसने बालकों के समाजिक विकास से सम्बन्धित सिद्धांत का प्रतिपादन किया जिसमें बताया जाता है कि बालक के विकास में समाज का क्या योगदान है और उसमें किस प्रकार का परिवर्तन आता है। वह कहता है कि भाषा शिक्षण के सन्दर्भ में केवल भाषाई शुद्धता पर ही अधिक बल रहता है सही नहीं है। जबकि भाषा अर्जन और भाषा अधिगम में अन्तर होता है क्योंकि भाषा अर्जन से आशय है हमने क्या सीखा है और भाषा अधिगम से तात्पर्य है हम क्या सीख रहें हैं। हमारा भाषा परिवेश जितना संबद्ध और विस्तृत होगा उतना ही हमें भाषा सीखने में सरलता होगी।

26. भाषा-शिक्षण के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) भाषा-अर्जन और भाषा-अधिगम में अन्तर होता है
(b) भाषा-शिक्षण में केवल भाषायी शुद्धता पर ही अधिक बल रहता है
(c) भाषा सीखने में अन्य विषयों को अध्ययन-अध्यापन सहायक होता है
(d) समृद्ध भाषा-परिवेश भाषा अर्जित करने में सहायक होता है

Ans: (b) भाषा शिक्षण के सन्दर्भ में भाषा शिक्षण में केवल भाषाई सुन्दरता पर ही बल रहता है कथन सही नहीं है बल्कि भाषा अधिगम के साथ-साथ अन्य विषयों के अध्ययन अध्यापन में सहायक होता है।

27. एक बहुसांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली कक्षा में भाषा सीखने के बारे में कौन-सा विचार उचित है?

(a) अधिकाधिक पुस्तकों का निर्माण किया जाए
(b) भाषा सिखाने के लिए व्याकरणिक नियमों का और अधिकाधिक प्रयोग होना चाहिए
(c) भाषा परिवेश का निर्माण किया जाए ताकि भाषा-अर्जन की सहज स्थिति बन सके
(d) बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता बलपूर्वक विकसित करनी होती है

Ans: (c) एक बहुसांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाली कक्षा में भाषा सीखने के लिए भाषा परिवेश का निर्माण किया जाय ताकि भाषा अर्जन की सहज स्थिति बन सके। क्योंकि जब तक बच्चों को भाषा सीखने का समुचित वातावरण नहीं मिलेगा तब तक भाषा सीखने की सहज स्थिति नहीं बन सकती।

28. स्वलीन विकार (ऑटिस्टिक डिस्ऑर्डर) में बच्चा–

(a) अपने हाथ-पैर हिलाने में कठिनाई का अनुभव करता है
(b) सामाजिक अन्तःक्रिया और सम्प्रेषण में कठिनाई का अनुभव करता है
(c) अक्सर खाने से मना कर देता है
(d) अपने ही कार्यों में लीन रहता है

Ans: (b) स्वलीन विकार (ऑटिस्टिक डिस्ऑर्डर) में बच्चा सामाजिक अन्तःक्रिया और सम्प्रेषण में कठिनाई का अनुभव करता है।

29. भाषा-शिक्षण का सम्प्रेषणपरक उपागम –

(a) भाषिक संरचनाओं की जानकारी पर बल देता है
(b) सन्दर्भ में भाषा-प्रयोग की कुशलता पर बल देता है
(c) मातृभाषा-प्रयोग का निषेध करता है
(d) 'बोलना' कौशल पर बल देता है

Ans: (b) भाषा शिक्षण के सम्प्रेषणपरक उपागम सन्दर्भ में भाषा-प्रयोगों की कुशलता पर बल देना भाषा शिक्षण का सम्प्रेषणपरक उपागम है।

30. भाषा-शिक्षण की कौन-सी विधि मातृभाषा को मध्यस्थ बनाए बिना दूसरी भाषा को सिखाने पर बल देती है?

(a) द्विभाषीय विधि (b) अनुवाद विधि
(c) व्याकरण एवं अनुवाद विधि (d) प्रत्यक्ष विधि

Ans: (d) भाषा शिक्षण की प्रत्यक्ष विधि मातृभाषा को मध्यस्थ बनाए बिना दूसरी भाषा को सीखने पर बल देती है और प्रत्यक्ष विधि मूर्त से अमूर्त की तरफ चलती है।

ENGLISH

Read the passage given below and answer the follow :

1. I was born into a middle-class Tamil family in the island town of Rameswaram in the erstwhile Madras state. My father, Jainulabdeen, had neither much formal education nor much wealth; despite these disadvantages, he possessed great innate wisdom and a true generosity of spirit.
2. He had an ideal helpmate in my mother, Ashiamma. I do not recall the exact number of people she fed every day, but I am quite certain that far more outsiders ate with us than all the members of our own family put together.
3. My parents were widely regarded as an ideal couple. My mother's lineage was more distinguished, one of her forebears having been bestowed the title of 'Bahadur' by the British. I was one of the many children - a short boy with rather undistinguished looks, born to tall and handsome parents. We lived in our ancestral house, which was built in the middle of the 19th century. It was a fairly large pucca house, made of limestone and brick, on the Mosque Street in Rameswaram. My austere father used to avoid all inessential comforts and luxuries. However, all necessities were provided for, in terms of food, medicine or clothes. In fact, I would say mine was a very secure childhood, both materially and emotionally.

4. I normally ate with my mother, sitting on the floor of the kitchen. She would place a banana leaf me, on which she the ladled rice and aromatic sambhar, a variety of sharp, home-made pickles and a dollop of fresh coconut chutney. The famous Shiva temple, which made Rameswaram so sacred to pilgrims, was about a ten-minute walk from our house.

1. Kalam says his father was not highly educated but he was :
(a) kind and generous
(b) generous and charitable
(c) generous and wise
(d) hard working and religious

Ans. (c) : According to the passage first, the corrent option is (c).
Kalam says his father was not highly educated but he was generous and wise.
Thus, the correct answer is option (c).

2. The fact that Kalam's parents were large-hearted can be evinced from the fact that :
(a) they were popular in Rameswaram
(b) they had a lot of people visit them everyday
(c) everyday they welcomed even strangers during meal times and fed them
(d) they gave away clothes and medicines to people in need

Ans. (c) : According to the second passage, the correct answer is option (c).
The fact that Kalam's parents were large-hearted can be evinced from the fact that : very day they welcomed even strangers during meal times and fed them.
Thus, the correct answer is option (c).

3. Kalam mentions that his mother's lineage was more distinguished. This means that :
(a) she had a better family background than his father
(b) she was better looking than his father
(c) she was more educated than his father
(d) she was more respected in society than his father

Ans. (a) : According to the third passage, the correct answer is option (a).
Kalam mentions that his mother's lineage was more distinguished. It means that - She had a better family background than his father because one of her forebears having been bestowed the title of 'Bahadur' by the British.
Thus, the correct answer is option (a).

4. The phrase 'undistinguished looks' means :
(a) outstanding looks
(b) below average looks
(c) average looks
(d) handsome looks

Ans. (c) : The phrase 'Undistinguished looks' means – 'Average looks,' which means – 'they are not ugly by any means but also not stunning to look at, or nothing special.'
Thus, the correct answer is option (c).

5. From the passage we can infer that Kalam's father was _____.
(a) very strict, serious and a disciplinarian
(b) very simple and avoided luxuries and comforts
(c) committed and sincere in whatever he did
(d) difficult to understand and was mysterious and grave

Ans. (b) : According to the passage third, the correct option is (b). We can infer that Kalam's father was very simple and avoided luxuries and comforts. However, all necessities were provided for, in terms of food, medicine or clothes.
Thus, the correct answer is option (b).

6. We know that Kalam had a happy childhood from the fact that :
(a) his parents were an ideal couple
(b) his parents were both tall and handsome looking
(c) his childhood was secure both materially and emotionally
(d) his mother fed him herself everyday

Ans. (c) : According to the passage third, we know that Kalam had a happy childhood from the fact that :– his childhood was secure both materially and emotionally.
Thus, the correct answer is option (c.)

7. Rameswaram is <u>famous</u> as a place of pilgrimage for the Hindus. The underlined word is an example of a/an :
(a) preposition (b) adjective
(c) adverb (d) noun

Ans. (b) : In the above given sentence, the underlined word 'famous' is an 'adjective', a part of speech that can be used to describe more information about a noun or pronoun.
In this sentence the subject, 'Rameswaram' is modified by adjective – 'famous'.
Thus, the correct answer is option (b).

8. The word 'sharp' as used in this text means :
(a) nutritious (b) sour
(c) harmful (d) tacky

Ans. (b) : In this passage the word 'Sharp' is used, which means 'Sour' because he told about rice, aromatic sambhar, home-made pickles and fresh coconut chutney.
Thus, the correct answer is option (b),

Read the passage given below and answer the question that follow :

1. In January 2018, I was travelling from Brooklyn to New Jersey. I have two little children and a busy consulting business, so a quiet train ride felt like mini-vacation. Yet I found myself spending that precious time scrolling through my social media feeds. One day, I put down my phone and started writing thank-you notes to people who had contributed to a fund-raiser I had organized recently.

2. When I got off the train that day, I was in a noticeably better mood. The next day, I wrote more thank you notes - and felt the same afterglow. When I finished writing the notes, I counted them up. There were 31 in all - one for every day of the year so far. Something clicked in my mind. I wondered, what if I continue this practice of writing these notes. I decided to write one thank-you note for every day of that year.

3. I soon realized that I had no shortage of people I was grateful to. So I picked out a different theme for each month to keep on task. January was charity - and, thankfully, I had already completed that goal. I quickly learnt I couldn't write the notes while listening to a podcasts. Focusing on one task at a time(in this case writing notes), felt refreshing. It was good for my brain, which had been trained to wander, darting from app to app on my cell-phone. Looking at a blank page with a pen in hand, felt almost meditative. I soon realized that writing thank-you notes was time spent on something purely positive.

9. The train ride felt like a vacation because :
(a) it gave the writer some personal quiet time
(b) it was the time for the writer to talk with other passengers
(c) it took her through some scenic spots
(d) it was very comfortable and luxurious

Ans. (a) : According to the passage first, the correct option is (a). The train ride felt like a vacation because it gave the writer some personal quiet time.
Thus, the correct answer is option (a).

10. 'Precious' in 'precious time' is used as a/an:
(a) noun (b) verb
(c) adverb (d) adjective

Ans. (d) : The above given word 'precious time' 'precious' is used as an 'adjective', used to modify a noun or a pronoun. It is used before the noun or after the verb.

Precious	Time
↓	↓
Adjective	Noun

Thus, the correct answer is option (d),.

11. The writer decided to put the time the train ride took to good use by :
(a) planning a fund-raiser
(b) checking out her mail
(c) posting feeds on social media platforms
(d) thanking people who had donated to her fund raiser

Ans. (d) : According to the passage the writer decided to put the time the train ride took to good use by writing thanking people who had donated to her fund-raiser I had organized recently.
Thus, the correct answer is option (d).

12. Writing notes made the writer feel :
(a) superior (b) egoistic
(c) happy (d) beautiful

Ans. (c) : According to the passage , the writer started writing thank-you notes to people who had contributed to a fund-raiser, writing notes made the writer feel <u>happy</u>.
Thus, the correct answer is option (c).

13. The writer says 'one day for every day of the year so far' because she had written them :
(a) in the first month of the last year
(b) for 31 days
(c) December 2018
(d) January 2018

Ans. (b) : According to the second passage, the writer says 'one day for every day of the year so far' because she had written them : <u>for 31 days.</u>
Thus, the correct answer is option (b).

14. The writer did not find it difficult to continue writing her notes because :
(a) she realized she loved composing then
(b) she was very expressive
(c) she had no dearth of people to thank in her life
(d) she wanted to make a good impression on her friends and family

Ans. (c) : According to the passage' the writer did not find it difficult to continue writing her notes because she had no dearth of people to thank in her life.
Thus, the correct answer is option (c).

15. I was in <u>noticeably</u> better mood. The underlined word in the given sentence is an example of :
(a) verb (b) pronoun
(c) preposition (d) adverb

Ans. (d) : The above given sentence – 'I was in noticeably better mood', the underlined word is an – 'Adverb', a word that modifies - a verb, an adjective and another adverb.
In this sentence – noticeably (adverb) modify by an adjective (better).

'noticeably	better	mood'
↓	↓	↓
Adv.	Adj.	Noun

Thus, the correct answer is option (d).

16. Which among the following is not TRUE about the feature of Simulations ?
(a) The individual participants retain their identity while reacting to the given imaginary situation.
(b) Simulations usually work in small groups.
(c) These provide the learners with an opportunity, to gain confidence when speaking English.
(d) In simulations there is unlimited use of language and an unlimited scope for expressing emotions.

Ans. (b) : All the above given option is true except option (b_ 'simulations usually work in small groups'. It is the imitative representation of the functioning of one system or process by means of the functioning of another.
Thus, the correct answer is option (b).

17. A learner in the city of Srinagar opts Malayalam as her third language and is able to speak and read it within a year through her classroom exposure and interactions. What is this known as ?

(a) language learning
(b) Language acquisition
(c) language addition
(d) Subtractive bilingualism

Ans. (a) : This process is known as language learning-
Language learning– It is an active process that begins at birth and continuous throughout life. Students learn langauge as they use it communicate their thoughts, feelings and experience establish relationships with family members and friends, and strive to make sense and order of their world.
Therefore, option (a) is correct.

18. Which two of the following are true as per current understanding of language learning?

(1) Errors are learning areas.
(2) Errors hamper language learning.
(3) Errors should be corrected then and there.
(4) Errors are feedback for the teacher

(a) 2 and 3 (b) 1 and 2
(c) 1 and 4 (d) 3 and 4

Ans. (c) : In applied linguistics, an error is an unintended deviation from the immanent rules of a language variety made by a second language learner. Such errros result from the learners' lack of knowledge of the correct rules of the target language variety errors are learning areas, & it is a feedback for the teacher. Hence statement 1 and 4 are true.
Therefore, option (c) is correct.

19. Procedural knowledge in learning of grammar is know as _____.

(a) analyse one's errors to learn language
(b) understanding how a (grammatical) form works and applying the same
(c) learning the rules of grammar and reproducing it later
(d) understanding how a grammatical form works from a grammar book.

Ans. (b) : The two motions are similar to Chomsky's distinction between competence and performance, the first referring to the factual knowledge of a language (grammar) and the second to the actual ability of using language. The concept of declarative and procedural knowledge is based on the view of language.
Procedural knowledge is known as understanding how a (grammatical) from works and applying the same.
Therefore, option (b) is correct.

20. A short story is a _____.

(a) Descriptive writing (b) Analytical writing
(c) Narrative writing (d) Comparative writing

Ans. (c) : A short story is a form of narrative writing that has all the same elements as novels– plot, character, development, point of view, story structure, theme – but are delivered in fewer words. For many writers short stories are a less daunting way to dive into creative writing than attempting to write a novel.
Therefore, option (c) is correct.

21. Multilingualism as a strategy in a language or content classroom is _____.

(a) Making use of the languages of learners to teach-learn languages and content subjects.
(b) Teaching-learning of many languages which includes mother tongue, modern Indian languages, classical languages and a foreign language.
(c) Teaching-learning of as many languages as possible.
(d) Learning the mother tongue both as a language as a medium.

Ans. (a) : Multilingualism (multilingual classroom) is a classroom with learners having more than one languages at their disposal (irrespective of level of competence), including learners from migrant backgrounds, such as first & second generation and newly- arrived immigrants and refugees.
This strategy makes use of the languages of learners to teach-learn languages and content subjects.
Therefore, option (a) is correct.

22. Learners undergo the various stages of writing . what is this approach to writing known as ?

(a) Product approach (b) Process approach
(c) Paragraph dictation (d) Personal writing

Ans. (b) : Process approach– A working process approach is based on the principle that if students receive formative feedback during the process of writing than their final products will improve. This approach to writing known as process approach.
Therefore, option (b) is correct.

23. Here is a teacher who divides her class into groups of four and allocates a number of themes/ topics to each group to work over a period of three months and to write and present the report to the whole class. What is the group activity known as ?

(a) Group work (b) Assignment
(c) language task (d) Project work

Ans. (d) : This kind of group activity is known as **project work** it is a work which focuses on completing a task. Project work normally involves a lot of resources – time, people and materials and learners practice a

range of skills and language systems. A group of teenage learners work on a project to develop a series of posters on how to protect the environment.
For example– build a garage, develop a website, go on vacation, organize a party. Therefore, option (d) is correct.

24. What is the following typology of question known as ?
Imagine you are the son in the story and write your feelings in your diary at the end of the day.
(a) Descriptive writing
(b) Extrapolative writing
(c) Autobiographical writing
(d) Creative writing

Ans. (b) : This type of typology of question known as extrapolative writing – it is about taking facts and observations about a present or known situations and use them to make a prediction about what might eventually happen.
Extrapolation comes from the word extra, meaning "outside" and a shortened form of the word interpolation.
Therefore, option (b) is correct.

25. major aim of teaching -learning poetry is ____.
(a) enjoyment and appreciation
(b) Learning the art of writing poetry
(c) Language learning
(d) Learning vocabulary and grammar

Ans. (a) : The major aim of teaching poetry is enjoyment and appreciation. Poetry has tremendous appeal for children and it is the best way of exciting their love of the language. It lays the foundation for the appreciation of the beauty of the language. It enables students to enjoy recitation in individual and chorus.
Therefore, option (a) is correct.

26. It is expected in a language classroom that learners work in and work with language. This is _____.
(a) Learning the forms of the language
(b) using the language with accuracy
(c) engagement with language
(d) acquisition of language

Ans. (c) : This is engagement with language. In the context of language learning and use, 'engagement with language' (engagement) is a cognitive, and/or affective, and/or social state and a process in which the learner is the agent and language is the object and may be the vehicle (means of communication).
Therefore, option (c) is correct.

27. An ' authentic text' is ____.
(a) a text/ narrative written by textbook authors
(b) an original of the text from context
(c) a completely modified and contrived text from the original writing
(d) a story and pictures drawn by learners as part of their assignment

Ans. (b) : An authentic text is an original of the text from context. Authentic text may be thought of an any text that was written and published for the public. Journal articles, blog posts and novels are just a few examples. Authentic texts are written for 'real world' purposes and audiences: to entertain, inform, explain, guide, document or convince.
Therefore, option (b) is correct.

28. Basic Interpersonal Communicative Skills (BICS) refers to _____.
(a) language needed for conveying abstract ideas.
(b) Language needed for communication by young learner.
(c) language needed for here-and-now communication.
(d) communicative language teaching

Ans. (c) : Basic interpersonal communicative skills (BICS) refers to language needed for here-and-now communication.
It is a language skills needed to interact in social situations, for example– when chatting to a friend.
Therefore, option (c) is correct.

29. Language assessment is oriented to _____.
(a) Measure the achievement of learners.
(b) find the place of the learners in their class.
(c) measure their overall or summative achievement.
(d) measure the language proficiency of learners.

Ans. (d) : Language assessment is oriented to measure the language proficiency of learners.
Learning oriented assessment (LOA) is a systematic approach to language learning that uses formal and informal assessment to : help teachers and learners to plan learning more effectively, measure progress, identify areas for improvement.
Therefore, option (d) is correct.

30. What is 'content oriented language inputs'?
(a) Inputs which focus on how language is used
(b) Vocabulary, pronunciation, grammar, etc.
(c) Presentation of the inputs and its processes.
(d) Language inputs which focus on information.

Ans. (d) : Content oriented language input focuses on information precisely competencies to enhance in using the language linguistic competence guidance from the teacher and another source on vocabulary pronunciation and grammar. Discourse competence appropriate things to say in specific contexts
Therefore, option (d) is correct.

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 03-02-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Which of the following is an example of gross motor skill?/निम्नलिखित में से कौन-सा स्थूल गामक कौशलों का उदाहरण है?

(a) Sketching/चित्र बनाना
(b) Holding a needle/सुई पकड़ना
(c) Walking fast/तेज चलना
(d) Putting beads in a thread/धागे में मोती पिरोना

Ans. (c) : स्थूल कौशल के अन्तर्गत वे बड़ी गतिविधियाँ आती हैं जो शिशु अपनी बाजुओं, टांगों, पैरों या पूरे शरीर के जारिये करते हैं। घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना,तेज चलना, दौड़ना और कूदना आदि स्थूल कौशलों के उदारहण हैं।

2. 'Proximo-distal' principle of development suggests that development proceeds from:
विकास का 'अधोगामी' सिद्धान्त बताता है कि विकास किस ओर से किस तरफ बढ़ता है?

(a) Complex to Simple/जटिल से सरल
(b) Head to Toe/सिर से पैर
(c) Center of Extremes/केन्द्र के बाह्य
(d) General to specific/सामान्य से विशिष्ट

Ans. (c) : विकास का 'अधोगामी' सिद्धान्त यह बताता है कि विकास शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर आता है अर्थात् पहले स्पाइनल कॉर्ड बनेगी, फिर हृदय और इसी क्रम में विकास होता चला जायेगां जैसे- बच्चों का खड़े होने से पहले बैठने में सक्षम होना, बच्चे हाथों और पैरों को हिलाना सीखने से पहले अपने सिर को हिलाना सीखते हैं; ये सभी अधोगामी सिद्धान्त को स्पष्ट करते है।

3. Which of the following are secondary agencies of socialisation?/निम्नलिखित में से कौन-से सामाजीकरण के द्वितीयक कारक है?

(i) School/ विद्यालय
(ii) Books/किताबें
(iii) Media/मीडिया
(iv) Parents/माता-पिता

(a) (i), (iv) (b) (i), (ii), (iv)
(c) (i), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iii)

Ans. (d) : द्वितीयक सामाजीकरण उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जो बाद के वर्षों में पड़ोस, विद्यालय और सहकर्मी समूहों जैसे माध्यम से शुरू होता है। यह तब होता है जब बच्चा बाल्यावस्था के चरण से गुजरता है और परिपक्वता में जाता है। विद्यालय, किताबे व मीडिया सामाजीकरण के द्वितीयक कारक हैं जो कि बच्चे को सामाजिक बनाने में भूमिका निभाते हैं इसके साथ ही बच्चों की मूल्यों मानदंडो और परम्पराओं को प्राप्त करने में तथा बातचीत के माध्यम से सामाजिक भूमिकाओं के बारे में आनौपचारिक संकेतों को विकसित करने में मदद करते हैं।

4. According to Jean Piaget's theory of Cognitive development, at which stage, most children can 'operate on perations' and develop hypothetico - deductive thinking?
जीन पियाजे संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के अनुसार, किस अवस्था में अधिकांश बच्चे 'सक्रियाओं पर क्रियांए' करने लगते हैं और उनमें परिकल्पनात्मक निगमनात्मक सोच विकसित हो जाती है?

(a) Sensori motor/संवेदी गामक
(b) Pre operational/पूर्व संक्रियात्मक
(c) Concrete oeperational/मूर्त संक्रियातमक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

Ans. (d) : जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था में अधिकांश बच्चे 'संक्रियाओं पर क्रियाएँ' करने लगते हैं और उनमें परिकल्पनात्मक निगमनात्मक सोच विकसित हो जाती है। इस अवस्था को अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था भी कहते हैं जो 11-15 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। इस अवस्था में बच्चे की मानसिक क्षमता अधिकतम स्तर तक विकसित होती है तथा वे अमूर्त और वैज्ञानिक सोच के माध्यम से दुनिया को समझने लगते हैं तथा उनमें संज्ञान और समस्या को सुलझाने का कौशल विकसित हो जाता है।

5. Jean Piaget gave importance to _____ in the process of learning.
जीन पियाजे ने अधिगम की प्रक्रिया में किसे महत्व दिया है?

(a) Readiness to learn/सीखने के लिए तत्परता
(b) Negative reinforcement/नकानात्मक पुनर्बलन
(c) Competitive feelings/प्रतियोगी भावना
(d) Functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता

Ans. (a) : जीन पियाजे ने अधिगम की प्रक्रिया में सीखने के लिए तत्परता को महत्व दिया और बताया कि बच्चों को कुछ अवधारणाएँ तब तक नहीं सिखाई जानी चाहिए जब तक कि वे संज्ञानात्मक विकास के उपयुक्त चरण तक नहीं पहुँच जाते।

6. Amarjeet considers rules as fixed and advocates that everyone should follow rules irrespective of their personal situations. According to Lawrence Kohlberg's theory of moral development at which stage Amarjeet is at present?

अमरजीत नियमों को स्थिर मानती है और इस बात की अनुशंसा करती है कि सभी को इन नियमों का अनुसरण करना चाहिए, चाहे उनके व्यक्तिगत स्थिति किसी भी प्रकार की क्यों ना हो। लारेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार, अमरजीत इस समय किस अवस्था में है?

(a) Obedience and punished orientation/ आज्ञाकारिता और दण्ड उन्मुखी
(b) Instrumental purpose orientation/यंत्रीय उद्देश्य उन्मुखी।
(c) Good boy-Good girl orientation/अच्छा लड़का-अच्छी लड़की उन्मुखी
(d) Law and order orientation/कानून और व्यवस्था उन्मुखी

Ans. (d) : लारेन्स कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त के अनुसार, अमरजीत कानून और व्यवस्था उन्मुखीकरण अवस्था में है। इस अवस्था में सामाजिक नियम और कानून व्यवहार निर्धारित करते है। व्यक्ति इस चरण में सामाजिक कानून के एक बड़े दृश्य पर ध्यान रखने लगता है तथा उसके नैतिक निर्णय दूसरों के साथ घनिष्ठ संबंध के विचार से अधिक हो जाते है। इस चरण में व्यक्ति यह मानने लगता है कि नियम और कानून सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखते हैं जो कि संरक्षित करने योग्य है। प्रश्नानुसार अमरजीत भी नियमों को स्थिर मानती है और इस बात की अनुशंसा करती है कि सभी को इस नियामों का अनुसरण करना चाहिए, चाहे उनकी व्यक्तिगत स्थिति किसी भी प्रकार की क्यों ना हो। जो कि कानून और व्यवस्था उन्मुखीकरण अवस्था की पुष्टि करता है।

7. During a group work in class, Ramesh finds his students struggling to solve a given question. In order to scaffold them Ramesh should.
कक्षा में समूह कार्य के दौरान, रमेश ने देखा कि उसके विद्यार्थी दिए गए प्रश्न का हल ढूँढने में जूझ रहे हैं। विद्यार्थियों को सहयोग देने के लिए रमेश को क्या करना चाहिए?

(a) Tell them to copy the answer from book/उन्हें पुस्तक से उत्तर नकल करके लिखने के लिए कहना चाहिए
(b) Ask them to withdraw given assignment and move on next task/उस प्रदत्त कार्य को छोड़कर अगले कार्य को करने के लिए करना चाहिए।
(c) Given cues and hints relevants to the problem/प्रश्न से संबंधित संकेत देने चाहिए
(d) Complicate the question by ambigous intructions/अस्पष्ट निर्देश द्वारा प्रश्न को जटिल बना देना चाहिए

Ans. (c) : कक्षा में समूह कार्य के दौरान, रमेश ने देखा कि उसके विद्यार्थी दिए गए प्रश्न का हल ढूँढने में जूझ रहे हैं। विद्यार्थियों को सहयोग देने के लिए रमेश को प्रश्न से संबंधित संकेत देने चाहिए जिसकी सहायता से विद्यार्थी समस्या का वास्तविक हल ढूँढ़ने में सक्षम हो पायें क्योंकि संकेतों के माध्यम से बच्चे प्रश्नों के संभावित हल को चरणबद्ध तरीके से जोड़-जोड़कर वास्तविक हल तक पहुँच जाते है।

8. To enhance student's cognitive development, Lev Vygotsky advocated for _____.
विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास के संवर्द्धन के लिए लेव व्यगोत्सकी ने किसके कार्यान्वयन की अनुशंसा की है?

(a) Social isolation/सामाजिक पृथक्कीकरण
(b) Use of culture tools/सांस्कृतिक उपकरणों का प्रयोग
(c) Rote memorisation/कंठस्थीकरण
(d) Passive imutation/निष्क्रिय अनुकरण

Ans. (b) : विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास के संवर्धन के लिए लेव वायगोत्सकी ने सांस्कृतिक उपकरणों के प्रयोग की अनुशंसा की है और बताया कि भाषा समाज द्वारा दिया गया प्रमुख सांकेतिक उपकरण है जो कि बालक के विकास में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वायगोत्सकी के अनुसार बालक सामाजिक अंतः क्रिया के द्वारा ज्ञान का अर्जन करता है तथा वयस्कों और समवयस्कों के साथ परस्पर अंतः क्रिया से सीखता है जिसके फलस्वरूप उनका संज्ञानात्मक, शारीरिक व सामाजिक विकास होता है। अतः, बालक के संज्ञानात्मक विकास में सांस्कृतिक उपकरणों का महत्वपूर्ण योगदान है।

9. Progressive educiton places _____ at the centre of teaching-leaning process.
प्रगतिशील शिक्षा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के केन्द्र में किसे स्थान देती है?

(a) Students/विद्यार्थी (b) Parents/अभिभावक
(c) Teachers/अध्यापक (d) Exams/परीक्षाएँ

Ans. (a) : प्रगतिशील शिक्षा ज्ञान, प्रतिभा और कौशल का उपयोग और खुद को बनाए रखने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर और उत्पादक बनाने के लिए 'सीखने के द्वारा' बच्चों को प्रोत्साहित करती है। यह सामग्री और अनुभवों से जुड़कर शिक्षार्थियों के कौशल और समझ को बढ़ाने पर जोर देती है अतः प्रगतिशील शिक्षा शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया के केन्द्र में विद्यार्थी को स्थान देती है।

10. Ahmad wants to became a Psycho - therapist or Counselor. As per Howard Gardner's theory of multiple intelligences, his teachers should provide opportunities to enhance his _____ intelligence.
अहमद मनोउपचारक या परामर्शदाता (काउंसलर) बनना चाहता है। हावर्ड गार्डनर के बहुविध बुद्धि सिद्धांत के अनुसार उनकी अध्यापिका को उसकी किस बुद्धि के संवर्द्धन के अवसर देने चाहिए?

(a) Spatial/स्थानिक
(b) Naturalistic/प्राकृतिक
(c) Musical/संगीतात्मक
(d) Interpersonal/अन्तरवैयक्तिक

Ans. (d) : अहमद मनोउपचारक या पशमर्शदाता (काउंसलर) बनना चाहता है। हावर्ड गार्डनर के बहुविध बुद्धि सिद्धान्त के अनुसार उत्की अध्यापिका को उसकी अन्तरवैयाक्तिक बुद्धि के संवर्द्धन के अवसर देने चाहिए क्योंकि अन्तरवैयक्तिक बुद्धि वाले व्यक्ति लोगों की मानोदशा व प्रयोजनों को समझने में सक्षम होते हैं। इसमें राजनेता, प्रबंधक, शिक्षक, व्याख्याता, परामर्शदाता और सामाजिक कार्यकर्ता शमिल हैं।

11. While practising cooperative learning, a teacher should _____.
सहयोगात्मक अधिगम का कार्यान्वयन करते समय अध्यापक को क्या करना चाहिए?

(a) make same ability based groups/एक समान योग्यता आधारित समूहों का निर्माण।
(b) instruct students to follow only prescribed procedure/विद्यार्थियों को केवल निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करने का निर्देश देना।
(c) restrict use of discussions and debates/चर्चाओं और वाद-विवाद के प्रयोग को प्रतिबंन्धित करना।
(d) make groups of diverse learners/विविध शिक्षार्थियों के समूह बनाना।

Ans. (d) : सहयोगात्मक अधिगम का कार्यान्वयन करते समय अध्यापक को विविध शिक्षार्थियों के समूह बनाने चाहिए जिससे कि वे एक-दूसरे से कुछ न कुछ सीख सकें या सीखने का प्रयास करें। सहयोगात्मक अधिगम बच्चों में उच्च स्तरीय सोच, मौखिक संचार, स्वप्रबंधन और नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं।

12. In a classroom discussion on cricket, a teacher is giving more chances to boys than girls. By doing so he is _____.
कक्षा मे क्रिकेट पर हो रही चर्चा में एक अध्यापक लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक अवसर दे रहा है। ऐसा करके वह क्या कर रहा है?

(a) Combating stereotype threat/रूढ़िबद्ध चुनौतियों को कम कर रहा है।
(b) Practising gender bias/जैण्डर पूर्वाग्रहों का पालन कर रहा है।
(c) Ensuring gender equality/जैण्डर समानता का अनुसरण कर रहा है।
(d) Breaking gender stereotypes/जैण्डर रूढ़िबद्ध धारणाओं को तोड़ रहा है।

Ans. (b) : कक्षा में क्रिकेट पर हो रही चर्चा में एक अध्यापक लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक अवसर दे रहा है ऐसा करके वह जैण्डर पूर्वाग्रहों का पालन कर रहा है। किसी लिंग विशेष (जैसे पुरूष अथवा महिला) के प्रति एक निश्चित सोच बना लेना लैंगिक पूर्वाग्रह कहलाता है और यहाँ लड़कों को अधिक शक्तिशाली समझते हुए शिक्षक द्वारा लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक अवसर दिया जा रहा है जो यह स्पष्ट करता है कि अध्यापक जैण्डर पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

13. In a class of diverse learners, a teacher should:
विविध पृष्ठभूमि से आए शिक्षार्थियों वाली कक्षा में अध्यापक को क्या करना चाहिए?

(a) Group students base on their performance in exams/परीक्षा में उनके निष्पादन के आधार पर विद्यार्थियों के समूह बनाने चाहिए।
(b) Set and maintain expectations of success from all/सभी से सफलता की अपेक्षाएँ करनी एवं बनाए रखनी चाहिए।
(c) Divide students base on their socio - economic context/विद्यार्थियों के सामाजिक-आर्थिक प्रसंग के आधार पर उनका वर्गीकरण करना चाहिए।
(d) Practise standardised curriculum and method of assessement/मानकीकृत पाठ्यचर्या और आकलन की विधियों को अपनाना चाहिए।

Ans. (b) : विविध पृष्ठभूमि से आए शिक्षार्थियों वाली कक्षा में अध्यापक को सभी छात्रों से सफलता की अपेक्षाएँ करनी चाहिए एवं उन्हें बनाए रखना चाहिए जिससे कि छात्र पूर्ण सहभागिता के साथ एक-दूसरे का सहयोग करते हुए सक्रिय रूप से अधिगम कर सकें जबकि समूह बनाना, उनके पृष्ठभूमि के आधार पर उनका वर्गीकरण करना तथा मानकीकृत पाठ्यचर्या ये सभी तरीके बच्चों के अधिगम में नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

14. Formative assesment is done:
रचनात्मक आकलन कब किया जाता है?

(a) only at the beginning of the session/केवल सत्र के आरंभ में।
(b) through the session for all students/सभी विद्यार्थियों के लिए पूरे सत्र के दौरान।
(c) at the end of the session only/केवल सत्र के अंत में।
(d) only for students facing learning challenges/ केवल उन विद्यार्थियों के लिए जो अधिगम चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

Ans. (b) : रचनात्मक आकलन का कार्य शिक्षण प्रक्रिया की दशा का ज्ञान करना होता है, ये आकलन शिक्षण प्रक्रिया के दौरान लगातार (सतत) होता है। इसका प्रयोग अधिगम के लिए कार्य छात्रों का पृष्ठपोषण प्रदान करना है। इसके द्वारा विद्यार्थी को ये पता लगता है कि उसे कहाँ सुधार की आवश्यकता है। रचनात्मक आकलन सभी विद्यार्थियों के लिए पूरे सत्र के दौरान किया जाता है।

15. Which of the following quesiton will promote ciritical thinking among students?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को समुन्नत करेगा?

(a) What is the Capital of Sri Lanka?/श्रीलंका की राजधानी कौन-सी है?
(b) When is teacher day celebrated in India?/भारत मे अध्यापक दिवस कब मनाया जाता है?
(c) Which is the largest city in Asia?/एशिया में सबसे बड़ा शहर कौन-सा है?
(d) How would you resolve water crisis in your city?/आप अपने शहर में पानी की कमी की समस्या किस प्रकार सुलझाएगें?

Ans. (d) : समालोचनात्मक चिंतन तर्क या तर्क को नई या अपरिचित स्थितियों, विचारों और सुझावों पर लागू करने की क्षमता है। यह तथ्यों, घटनाओं आदि को पहचानने या उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। यह ऐसे प्रश्नों को बढ़ावा देता है जिनके केवल एक रटे-रटाये उत्तर न आयें अपितु छात्रों के विभिन्न दृष्टिकोण प्राप्त किए जा सकें। समालोचनात्मक चिंतन के लिए उचित विश्लेषण, मूल्यांकन, निष्कर्ष और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है अतः आप अपने शहर में पानी की समस्या को किस प्रकार सुलझाएगें प्रश्न विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को समुन्नत करेगा।

16. Concept of inclusion requires:
समावेशन की अवधारणा हेतु किसकी आवश्यकता है?

(a) Respect of diversity and individual differences/विविधता और वैयक्तिक भिन्नताओं के लिए सम्मान।
(b) Standardised testing for assessment/आकलन के लिए मानकीकृत परीक्षण।
(c) Teacher - centered Pedagogy/अध्यापक-केन्द्रित शिक्षणशस्त्रीय प्रवधियाँ।
(d) Labeling and segregation of students/विद्यार्थियों का नामीकरण (लेबलिंग) और पृथक्कीकरण।

Ans. (a) : समावेशन, शब्द सभी छात्रों को उनकी सामाजिक पहचान के बावजूद, उनकी भिन्नताओं और अक्षमताओं की परवाह किए बिना शैक्षिक प्रणाली में प्रत्येक श्रेणी के बच्चों को शामिल करने के लिए संदर्भित करता है। यह विविधता को महत्व देता है: जो वैयक्तिक भिन्नताओं को सम्मन प्रदान करता है समावेशन, सभी प्रकार के बच्चों को कक्षा तक लाता है और सभी को सीखने और आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करता है।

17. 'Dyslexia' poses direct challenges in the domain of :/पठनवैकल्य किस क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप में चुनौती प्रस्तुत करता है?

(a) emotional regulation/भावात्मक वियमन में
(b) body coordination/शारीरिक समान्वयन में
(c) social interactions/सामाजिक अंतक्रियाओं में
(d) comprehension of written text/लिखित विषयवस्तु बोध में

Ans. (d) : पठनवैकल्य या डिस्लेक्सिया एक अधिगम विकलांगता है जिसका प्रकटीकरण मुख्य रूप से वाणी या लिखित भाषा के दृश्य अंकन की कठिनाइयों के रूप में होता है अतः पठनवैकल्य से ग्रसित छात्रों को लिखित विषय वस्तु बोध में प्रत्यक्ष रूप में चुनौती का समाना करना पड़ता है।

18. While students with Autism faces several challenges in certain domains, they have strength _____, which can be utilised by the teacher in teaching - learning process.
स्वलीनता (आटिज्म) से ग्रस्त विद्यार्थी हालॉकि कुछ क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हैं, लेकिन उनके पास _____ का मजबूत पक्ष भी है, अध्यापक जिसका इस्तेमाल शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में कर सकते है।

(a) to pay attenion for minute details/सूक्ष्म विवरणों पर ध्यान देने
(b) for social commnunication/सामाजिक सम्प्रेषण
(c) of expressing themselves without hesitation in front of large groups/स्वयं को बड़े समूहों के सामने, बिना हिचक के व्यक्त करने
(d) of easily adjusting to frequent changes in schedule/दैनंदिनी में जल्दी-जल्दी परिवर्तन के प्रति सरलतापूर्वक सामंज्य

Ans. (a) : स्वलीनता (ऑटिज्म) से ग्रसित विद्यार्थी हालाकि कुछ क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामाना करते हैं, लेकिन उनके पास सूक्ष्म विवरणों पर ध्यान देने का मजबूत पक्ष भी है, अध्यापक जिसका इस्तेमाल शिक्षक-अधिगम प्रक्रिया में कर सकते हैं। ऑटिज्म ऐसा रोग है जिसमें बच्चे समाज से दूरी बनाने लगते हैं तथा लोगों से बातचीत करने में असहज महसूस करते हैं ऑटिज्म से पीड़ित विद्यार्थी सामान्य बच्चों की तरह अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने में सक्षम नही हो सकता है। वह चीजों को दोहराते हुए बोलते हैं। इसलिए उसका संवाद अर्थपूर्ण नहीं होता है।

19. Which of the following mode should be avoided while teaching students with visual impairment?
दृष्टि बाधित से जूझते विद्यार्थियों के साथ शिक्षण करते समय किस विधि माध्यम के प्रयोग से बचना चाहिए?

(a) verbally explaining the content written on board/श्यामपट्ट पर लिखित विषयवस्तु की मौखिक रूप से व्याख्या करना
(b) providing tactile maps/स्पर्शग्राही मानचित्र देना
(c) allowing use of assistive devices/सहायक उपकरणों के प्रयोग की अनुमति देना
(d) using written tests to assess learning/अधिगम के आकलन के लिए लिखित परीक्षण लेना

Ans. (d) : दृष्टिबाधित बालक वह होते हैं जो अपनी आँखों से ठीक प्रकार से नहीं देख पाते हैं अतः ऐसे बच्चों के साथ शिक्षण करते समय उनके आकलन के लिए लिखित परीक्षण लेने से बचना चाहिए क्योंकि लिखित परीक्षण दृष्टिबाधित बच्चों के अधिगम को पूर्णतयः आकलित नहीं कर पाते हैं। दृष्टिबाधित बच्चे लिखित परीक्षण में स्वयं को असहज महसूस करते हें जिससे कि वे परीक्षण के मानकों पर खरे नहीं उत्तर पाते हैं अतः शिक्षक को चाहिए कि वे ऐसे बच्चों के शिक्षण में श्यामपट्ट पर लिखित विषयवस्तु की मौखिक व्याख्या को शामिल करें, उन्हें स्पर्शग्राही मानचित्र प्रदान करें तथा उन्हें सहायक उपकरणों के प्रयोग की अनुमति दे जो उनके अधिगम में साधक हो सकें।

20. Which of the following is not a characteristic of students with 'giftedness'?
निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता 'प्रतिभाशाली' विद्यार्थी की नहीं है?

(a) above-average intelligence level/औसत से अधिक बुद्धि स्तर।
(b) higher order problem-solving skills/उच्च स्तरीय समस्या समाधान कौशल
(c) high motivation to master skills/कौशलों पर निपुणता प्राप्त करने के लिए उच्च स्तरीय अभिप्रेरणा
(d) slow in processing information/जानकारी को ग्रहण करने में धीमापन

Ans. (d) : प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से आशय उन विद्यार्थियों से है जो अनिवार्य रूप से असाधारण हैं और शारीरिक या संज्ञानात्मक पहलुओं में लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन प्रदर्शित करते हैं तथा सामान्य बुद्धि स्तरों में श्रेष्ठता प्रदर्शित करते हैं। इन विद्यार्थियों की

सोच अपसारी होती है और ये स्वभाव से बहुत जिज्ञासु होते है इसलिए कभी-कभी उन्हें अपनी कक्षा नीरस लगती है क्योंकि ये विद्यार्थी अपने साथियों की तुलान में चीजों को तेजी से सीख लेते हैं अतः जानकारी को ग्रहण करने में धीमापन होना प्रतिभाशाली विद्यार्थी की विशेषता नहीं है।

21. A teacher should motivate students to form _____ view of ability and should consider learning as _____ process.
एक अध्यापक को विद्यार्थियों को योग्यता के _____ परिप्रेक्ष्य और अधिगम को _____ प्रक्रिया मानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

(a) incremental, an active/वृद्धिबोधक, एक सक्रिय
(b) entity, a passive/अस्तित्व बोधक, एक निष्क्रिय
(c) incremental, a passive/वृद्धिबोधक, एक निष्क्रिय
(d) entity, an active/अस्तित्व बोधक, एक सक्रिय

Ans. (a) : एक अध्यापक को विद्यार्थियों को योग्यता के वृद्धिबोधक परिप्रेक्ष्य और अधिगम को एक सक्रिय प्रक्रिया माने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे कि एक प्रभावी कक्षाकक्ष का निर्माण हो सके तथा विद्यार्थी अर्थिपूर्ण अधिगम कर सकें।

22. Students are likely to experience _____ when the activity is not valued by them.
यदि गतिविधि को महत्व नहीं दिया जा रहा है तो विद्यार्थी द्वारा किस का अनुभव करने की संभावना हैं।

(a) Curiosity/जिज्ञासा (b) Excitement/उत्साह
(c) Joy/आनन्द (d) Boredom/बोरियत

Ans. (d) : यदि गतिविधि को महत्व नहीं दिया जा रहा है तो विद्यार्थी द्वारा बोरियत का अनुभव करने की संभावना है। किसी गतिविधि से असंतुष्ट महसूस करना या उसमें रूचि न लेना बोरियत का कारण बन सकता है। यह तब भी हो सकता है जब विद्यार्थियों को किसी कार्य पर ध्यान केन्द्रित करने में कठिनाई होती है।

23. Richa, a school teacher wanted to promote conceptual understanding among her students. To do so, she should:
स्कूल अध्यापिका रिचा अपने विद्यार्थियों में समुन्नत समझ को समुन्नत करना चाहती है। इसके लिए उसे क्या करना चाहिए?

(a) ask students to solve questions in prescribed manner only/विद्यार्थियों को प्रश्नों का समाधान निर्धारित रूप से करने के लिए कहना चाहिए।
(b) focus on procedural knowledge and metacognitive skills/प्रक्रियात्मक ज्ञान और अधि संज्ञानात्मक कौशलों पर ध्याान देना चाहिए।
(c) emphasise on rote memorisation of content/ विषयवस्तु के कठस्थ स्मरण पर बल देना चाहिए
(d) discourage studetns to establish connections between sub-concepts/विद्यार्थियों को उप-अवधारणाओं मे सम्बद्धता स्थापित करने के लिए निरूत्साहित करना चाहिए

Ans. (b) : स्कूल अध्यापिका रिचा अपने विद्यार्थियों मे अवधारणात्मक समझ को समुन्नत करना चाहती है तो इसके लिए उसे प्रक्रियात्मक ज्ञान और अधिसंज्ञानात्मक कौशलों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि प्रक्रियात्मक ज्ञान बच्चों को यह बताता है कि उन्हें चीजों को कैसे करना है तथा अधिसंज्ञानात्मक कौशल विद्यार्थियों के चिंतन और अधिगम को नियमित करते हैं एवं बच्चों की उच्च क्रम की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का समाधान करने में सहायक हैं, जहाँ एक बच्चे का अपने संज्ञान पर सक्रिय नियंत्रण होता है।

24. Which of the following characterizes a socio-constructivist classroom?
निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक रचनावादी कक्षा की विशेषता है?

(a) Teacher inculcating competition-oriented attitude among students/अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों में प्रतियोगिता उन्मुखी दृष्टिकोण का विकास करना
(b) An environment conducive for discovery learning/अन्वेषण संबंधी अधिगम लिए अनुकूलित परिवेश
(c) Pedagogy geared to focus on rote memorisation/कंठस्थीकरण पर केन्द्रित शिक्षणशास्त्रीय प्रविधियाँ
(d) Curriculum which is standsardised and does not consider cultural differences/मानकीकृत पाठ्यचर्या जो सांस्कृतिक भिन्नताओं का ध्यान न रखती हो

Ans. (b) : सामाजिक रचनावादी कक्षा से तात्पर्य ऐसे कक्षा-कक्ष से है जहाँ छात्रों को रट कर सीखने, याद रखने और याद करने के आधार पर अधिगम और दोहराव की अनुमति नहीं होती है। ऐसी कक्षाओं में छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अन्वेषण संबंधी अधिगम के लिए अनुकूलित परिवेश भी सामाजिक रचनावादी कक्षाओं की विशेषता के अन्तर्गत आता है।

25. Students feel more involved and engaged in the process of learning if classroom environment promotes:
(i) Enquiry about the concept
(ii) Reflection on their thoughts
(iii) Passive imitation of the teacher
(iv) Mere reproduction of knowledge
विद्यार्थी कक्षा में अधिगम की प्रक्रिया में अधिक सक्रिया और सहभागी बना महसूस करते है। यदि कक्षा परिवेश समुन्नत करता है:
(i) अवधारणाओं के बारे में जिज्ञासा
(ii) अपने विचारों पर विमर्श-चिंतन
(iii) अध्यापक का निष्क्रिय अनुकरण
(iv) ज्ञान का मात्र पुनरउत्पादन

(a) (i) (ii) (b) (i) (iii)
(c) (ii) (iii) (d) (iii) (iv)

Ans. (a) : यदि कक्षा का परिवेश अवधारणाओं के बारे में जिज्ञासा तथा अपने विचारों पर विमर्श-चिंतन समुन्नत करता है तो विद्यार्थी कक्षा में अधिगम की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय और सहभागी बना महसूस करते हैं। ऐसे परिवेश विद्यार्थियों के विचारों को महत्व देते हैं जिससे वे स्वयं को समायोजित महसूस करते हैं और अर्थपूर्ण अधिगम करते हैं।

26. To facilitate student's learning, a teacher should conduct activities which are:
विद्यार्थियों के अधिगम को सहज-सुगम बनाने के लिए अध्यापक को किस प्रकार की गतिविधियों का संचालन करना चाहिए?

(a) relevant to their everyday life/जो उनके प्रतिदिन के जीवन के लिए प्रासंगिक हो।
(b) mechanical an require passive listening/जो यांत्रिक हो ओर जिसमें निष्क्रिय श्रृवण शामिल हो।
(c) decontextualised/जो संदर्भ से हटकर हो।
(d) presented in progressive sequence from complex to simple/जो जटिल से सरल की ओर आगे बढ़ते हुए क्रम में प्रस्तुत हो।

Ans. (a) : विद्यार्थियों के अधिगम को सहज-सुगम बनाने के लिए अध्यापक को ऐसी गतिविधियों का संचालन करना चाहिए जो उनके प्रतिदिन के जीवन के लिए प्रासंगिक हो क्योंकि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में रूचि पैदा करती हैं जिसके द्वारा वे सहजतापूर्ण अधिगम करते हैं। प्रतिदिन के जीवन की प्रासंगिक गतिविधियाँ बच्चों के जीवन से जुड़ी हुई होती है अतः वे ज्ञान के सक्रिय निर्माण में अत्यन्त ही सहायक होती है।

27. Development of critical thinking in students can be faciliated by emphasising on _____.
विद्यार्थियों मे समालोचनात्मक चिन्तन का विकास किस प्रकार सहज सुगम किया जा सकता है?

(a) application of learning in varied contexts/विविध संदर्भों में अधिगम के अनुप्रयोग द्वारा
(b) competition to finish the task at earliest rather than understanding it/समक्ष के स्थान पर कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने के लिए प्रतियोगिता करवा कर
(c) mere summarisation of notes given by the teacher/अध्यापक द्वारा दिए गए व्याख्यान का केवल सारांशीकरण करके
(d) rote memorisation of content and passive imitation of teacher/विषयवस्तु का कंठस्थीकरण और अध्यापक का निष्क्रिय अनुकरण करके

Ans. (a) : विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन का विकास उन्हें विविध संदर्भों में अधिगम के अनुप्रयोग द्वारा सहज सुगम किया जा सकता है क्योंकि इन गतिविधियों द्वारा बच्चों में रचनात्मक कार्य की समझ उत्पन्न हो जाती है जिससे उनमें अपसारी सोच का विकास होता है और वे एक ही समस्या के समाधान के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार करते हुए सृजनशील गुणों को विकसित करते हैं जो कि समालोचनात्मक चिंतन को समुन्नत करता है।

28. Pace of learning is:
अधिगम की गतिः

(a) dependent solely on personal factors/पूरी तरह व्यक्तिगत कारकों पर निर्भर है।
(b) dependent solely on environmental factors/पूरी तरह वातावरणीय कारकों पर निर्भर है।
(c) indepndent of both personal and environmental factors/व्यक्तिगत और वातारणीय कारकों, दोनों से स्वतंत्र है।
(d) dependent on interaction of personal and environmental factors/व्यक्तिगत और वातावरणीय कारकों की पारस्परिक क्रिया पर निर्भर है।

Ans. (d) : अधिगम नई समझ, ज्ञान, व्यवहार, कौशल, मूल्य दृष्टिकोण और वरीयताओं को प्राप्त करने की प्रक्रिया है जिसकी गति एक छात्र से दूसरे छात्र में भिन्न होती है। सीखने की गति विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होती है। व्यक्तिगत कारक में थकान, ऊब, परिपक्वता की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं तथा वातावरणीय कारकों में आंतरिक तथा बाह्य कारक शामिल हैं जो प्रायः गर्भाधान से शुरू होकर बच्चे के जन्म के बाद तक प्रभाव डालते हैं। अतः निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि सीखने की गति व्यक्तिगत और पर्यावरणीय कारकों की पारस्परिक क्रिया पर निर्भर है।

29. Alternative conceptions of students _____.
विद्यार्थियों की वैकल्पिक अवधारणाएँ _____।

(a) should be discouraged by ignoring them/की अनदेखी करके निरूत्साहित की जानी चाहिए
(b) are not related to their experiences/उनके अनुभवों से संबंधित नहीं है।
(c) are always extremely errouneous and represents irrational thinking process/हमेशा अत्यंत गलत होती है और तर्कहीन चिंतन प्रक्रिया को दर्शाती है।
(d) illustrates their 'naive' theories constructed in the process of meaning-making/अर्थ निर्माण की प्रक्रियाओं की में गढ़ी गई सहज संरचनाओं को दर्शाती है।

Ans. (d) : विद्यार्थियों की वैकल्पिक अवधारणाएँ अर्थ निर्माण की पक्रियाओं में गढ़ी गई सहज संरचनाओं को दर्शाती हैं। जब शिक्षक विषयों में अवधारणाओं पर निर्देश प्रदान करते है तो वे ऐसे छात्रों को पढ़ा रहे होते हैं जिन्हें पहले से ही विषय के बारे में कुछ पूर्व - अनुदेशात्मक ज्ञान होता है यद्यपि छात्रों का यह ज्ञान त्रुटिपुर्ण, अतार्किक अवधारणा कहा जाता है। वैकल्पिक अवधारणाओं के माध्यम से शिक्षक यह पहचानता है कि बच्चे चिन्तन करने में सक्षम हैं और उनकी सोच वयस्कों से अलग है। ये अवधारणाएँ बच्चों की अधिगम की क्षमता में मध्यस्थता करने में सार्थक हैं।

30. While teaching a concept, it is important to avoid:
किसी भी अवधारणा का शिक्षण करते समय किस बात से बचना महत्वपूर्ण है?

(a) making connections among different aspects of the concept/अवधारणाओं के विभिन्न पहलुओं के मध्य सम्बद्धता स्थापित करना।
(b) hightlighting cause-effect relations/कारक-प्रभाव संबंधों को रेखांकित करना।
(c) giving non-exemplars related to concept/अवधारणाओं को गैर उदाहरणों के साथ प्रस्तुत करना।
(d) presenting the content of concept disconnected chunks of information/समप्रत्ययों की विषयवस्तु को जानकारियों के असम्बन्धित खण्ड़ों के रूप मे प्रस्तुत करना।

Ans. (d) : किसी भी अवधारणा का शिक्षण करते समय शिक्षक को इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि विषय वस्तु को ऐसे प्रस्तुत किया जाये जिसमें अवधारणाओं के विभिन्न पहलुओं के मध्य सम्बन्ध स्थापित किया जा सके तथा कारक-प्रभाव संबंधों को रेखांकित करते हुए अवधारणाओं को गैर उदाहरणों के साथ प्रस्तुत करने पर ध्याान दिया जाना चाहिए जबकि शिक्षक को समप्रत्ययों की विषयवस्तु को जानकारियों के असम्बन्धित खण्डों के रूप में प्रस्तुत करने से बचना चाहिए।

SOCIAL SCIENCE

1. Consider the following Assertion (A) and Reason (R) and choose the correct option.
Assertion (A): 'Hanters and gatherers, moved from place to place'.
Reason (R): 'Depletion of plant and animal resources in an area is possible'.
Choose the correct option.
निम्नलिखित में कथन (A) और कारण (R) पर विचार करें: और सही विकल्प का चयन करें–
कथन (A) : आखेटक और खाद्य संग्राहक लोक एक जगह से दूसरी जगह पर घूमते रहते थे।
कारण (R) : किसी इलाके में पौधों और जानवरों जैसे संसाधनों का खत्म होना संभव है।
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) explains (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) does not explain (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्यख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : 'आखेटक और खाद्य संग्राहक लोग से जगह सक दूसरी जगह पर घूमते रहते थे' क्योंकि 'किसी इलाके में पौधों और जानवरों जैसे संसाधनों का खत्म होना संभव है' यह दोनों कथन सत्य हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है। आखेटक एवं खाद्य संग्राहक समुदाय के एक जगह से दूसरी जगह पर घूमते रहने के कई कारण थे –

- पहला कारण यह है कि अगर वे एक ही जगह पर ज्यादा दिनों तक रहते तो आस-पास के पौधे, फलों और जानवरों को खाकर समाप्त कर देते थे, इसलिए भोजन की तलाश में इन्हें दूसरी जगहों पर जाना पड़ता था।
- दूसरा कारण यह है कि जानवर अपने शिकार, चारा आदि के लिए एक जगह से दूसरी जगह जाया करते थे।
- तीसरा कारण यह है कि पेड़ों में फल-फूल अलग-अलग मौसम में आते है इसलिए लोग उनकी तलाश में उपयुक्त मौसम के अनुसार अन्य इलाकों में घूमते रहते थे।
- चौथा कारण पानी है, कुछ नदियों-झीलों, झरनों का पानी कभी नही सूखता कुछ का सूख जाता है, सूखने वाली नदियों, झीलों के किनारे रहने वाले लोगों को पानी की तलाश में इधर-उधर जाना पड़ता है।

2. "Widows, young women who are differently abled, nuns, mothers of courtesans, retired women servants of the king, women who have retired from service in temples, any be used for processing wool, bark, cotton, hemp and flax". This guideline on spinning and weaving workshops is described in which of the following texts?
''ऊन, पेड़ों की छाल, कपास, पटुआ तथा सन को तैयार करने के काम में विधवाओं, सक्षम-अक्षम महिलाओं, भिक्षुणियों, वृद्धों, वेश्याओं, राजा की अवकाश प्राप्त दासियों, सेविकाओं, और अवकाश प्राप्त देवदासियों को लगाया जा सकता है'' यह कताई-बुनाई कारखानों पर दिये गए निर्देश, निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में वर्णित है?

(a) Mudrarakshas/मुद्राराक्षस
(b) Rajtarangini/राजतरंगिणी
(c) Arthasastra/अर्थशास्त्र
(d) Brihat Kathamanjari/बृहतकथामंजरी

Ans. (c) : ''ऊन, पेड़ों की छाल, कपास, पटुआ तथा सन को तैयार करने के काम में विधवाओं, सक्षम-अक्षम महिलाओं, भिक्षुणियों, वृद्धों, वेश्याओं, राजा की अवकाश प्राप्त दासियों, सेविकाओं और अवकाश प्राप्त देवदासियों को लगया जा सकता है'' यह कटाई-बुनाई कारखानों पर दिये गए निर्देश 'अर्थशास्त्र' ग्रंथ में वर्णित है। अर्थशास्त्र राजा के कौशल, आर्थिक नीति और सैन्य रणनीति पर एक प्राचीन भारतीय संस्कृत ग्रंथ हैं कौटिल्य, जिन्हें विष्णुगुप्त और चाणक्य के रूप में भी जाना जाता है, को अर्थशास्त्र के लेखक के रूप में जाना जाता है।

ग्रंथ		लेखक
मुद्राराक्षस	–	विशाखादत्त
राजतरंगिणी	–	कल्हण
अर्थशास्त्र	–	चाणक्य
अष्टाध्यायी	–	पाणिनी
कुमार संभवम्	–	कालीदास

3. Consider the following statement and choose the correct option.
Statement I: 7th century onwards rulers often tried to demonstrate their power and resources by building large temples.
Statement II : During 10th and 11th centuary when rulers attacked one another's kingdoms, they chose to larget temples.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।
कथन (I) : सातवीं शताब्दी से शासकों ने बड़े मंदिरों का निर्माण करवा कर भी अपनी सत्ता और संसाधनों का प्रदर्शन करने का प्रयास किया।
कथन (II) : दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी के दौरान शासक एक-दूसरे के राज्यों पर आक्रमण करते थे तो मंदिरों को अपना निशाना बनाते थे।

(a) Statement I is false but II is true/कथन (I) गलत है परन्तु (II) सही है।
(b) Both Statement I and II are true but I is not correct explanation for II./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु (I), (II) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) Statement I is true but II is false/कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है।
(d) Both statement I and II are true but I is correct explanation for II./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं तथा (I), (II) की सही व्याख्या है।

Ans. (d) : सातवीं शताब्दी से शासकों ने बड़े मंदिरों का निर्माण करवा कर भी अपनी सत्ता और संसाधनों का प्रदर्शन करने का प्रयास किया। दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी के दौरान शासक एक-दूसरे के राज्यों पर आक्रमण करते थे तो वे मंदिरों को अपना निशाना बनाते थे यह दोनों कथन सही है तथा कथन (I), कथन (II) की सही व्याख्या है। सातवीं शताब्दी में बड़े जमींदारों और प्रमुखों ने धन, शक्ति प्राप्त की और खुद को महा-सामंत घोषित किया। सातवीं शताब्दी के बाद कई नए राजवंशों का उदय हुआ तथा 11वीं शताब्दी की शुरुआत में, भारत में राजनीतिक स्थिति बहुत अस्थिर थी। उस समय भारत कई छोटे राज्यों में विभाजित था। विभिन्न शासकों के बीच सत्ता के लिए हमेशा युद्ध होता रहा, सही या गलत विवादों को युद्ध द्वारा सुलझाया जाता था।

4. The architectural style of intersecting arches in high ceiling roof is common between:
ऊँची भीतरी छत में प्रतिच्छेदी मेहराबों वाली वास्तुकला की यह शैली _____ के बीच समान हैं:
(a) Govind Deva temple in Vrindavan and Fatehpur Sikri palaces./वृंदावन का गोविंददेव मंदिर और फतेहपुर सीकरी के महलों
(b) Bangla Dome temples and JodhaBai palace./बांग्ला गुंबद मंदिरों और जोधाबाई के महल
(c) Palace of Vijayanagar and Shahjahanabad./विजयनगर और शाहजहाँनाबाद के महलों
(d) Qutub Minar and Rajarajeshwara temple./कुतुबमीनार और राजराजेश्वर मंदिर

Ans. (a) : ऊँची भीतरी छत में प्रतिच्छेदी मेहराबों वाली वास्तुकला की यह शैली वृंदावन का गोविंददेव मंदिर और फतेहपुर सीकरी के महलों के बीच समान है। वृंदावन का गोविंददेव मन्दिर का निर्माण 1590 में आमेर के राजा मान सिंह ने करवाया और फतेहपुर सीकरी की स्थापना अकबर ने की थी। यह उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्थित है। राज राजेश्वर मंदिर केरल राज्य के कुन्नूर के तलिरम्बा में स्थित है और कुतुबमीनार दिल्ली में स्थित है। कुतुबमीनार को बनाने की शुरुआत कुतुबद्दीन-ऐबक ने की थी और उसको पूरा इल्तुतमिश ने कराया था।

5. By the seventh century, the following political developments emerged in the Indian subcontinent:
(A) Big landlords and warrior chiefs could become kings.
(B) Brahmanas gave up their traditional professions and took up arms.
Choose the correct option.
सातवीं सदी के आते-आते, भारतीय उपमहाद्वीप में निम्नलिखित राजनीतिक बदलाव अस्तित्व में आ चुके थे।
(A) बड़े भूस्वामी और योद्धा-सरदार राजा बन सकते थे।
(B) ब्राह्मणों ने अपने परंपरागत पेशे को छोड़कर शस्त्र उठा लिए।
सही विकल्प का चयन करें–
(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are correct/(A) और (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are incorrect/(A) और (B) दोनों सही नहीं हैं

Ans. (c) : सातवीं सदी के आते-आते, भारतीय उपमहाद्वीप में निम्नलिखित राजनीतिक बदलाव अस्तित्व में आ चुके थे–
- बड़े भूस्वामी और योद्धा-सरदार राजा बन सकते थे।
- ब्राह्मणों ने अपने परंपरागत पेशे को छोड़कर शस्त्र उठा लिए।
- कई शासकों ने प्रशस्तियों में अपनी उपलब्धियों का बखान किया है।
- सातवीं शताब्दी के बाद कई राजवंशों का उदय हुआ।
- अधिक सत्ता और संपदा हासिल करने पर सामंत अपने-आप को महा सामंत, महामंडलेश्वर (पूरे मण्डल का महान स्वामी) इत्यादि घोषित कर देते थे।

6. Consider the following statements on 18th century India and choose the correct option.
Statement (A): Craft and commerce underwent major changes as merchants and artisans were moved to 'black towns' by the European companies in the 18th century.
Statement (B) : The 'black' referred to native traders and craft persons, who lived in places like Fort St. George and Fort St. William.
18वीं शताब्दी भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।
कथन (A) : अठारहवीं शताब्दी में शिल्प और वाणिज्य में बड़े-बड़े परिवर्तन आए, जब व्यापारी और कारीगर यूरोपीय कंपनियों द्वारा स्थापित ''ब्लैक टाउन्स'' में स्थानांतरित हो गए।
कथन (B) : 'ब्लैक' देसी व्यापारियों और शिल्पकारों को कहा गया है जो फोर्ट सेंट जॉर्ज और फोर्ट सेंट विलियम जैसी जगहों पर रहते थे।
(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है
(b) (A) and (B) are both true and (B) is a correct elaboration of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (B), (A) का सही वृत्तांत है
(c) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है, (B) सही है
(d) (A) and (B) are both true, but (B) is not a correct elaboration of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु (B), (A) का सही वृत्तांत नहीं है

Ans. (a) : अठारहवीं शताब्दी में शिल्प और वाणिज्य में बड़े-बड़े परिवर्तन आए, जब व्यापरी और कारीगर यूरोपीय कंपनियों द्वारा स्थापित ''ब्लैक टाउन्स'' में स्थानांतरित हो गए यह कथन सत्य है तथा 'ब्लैक' टाउन्स देशी व्यापारियों और शिल्पकारों को कहा गया है जो केवल फोर्ट सेंट विलियम जैसी जगहों पर रहते थे अतः यह कथन असत्य है।

18वीं सदी की विशेषता –

- 18वीं सदी में गुलामी भारतीय समाज की प्रमुख विशेषताओं में से एक थी। राजपूत, खत्री और कायस्थ आमतौर पर दास महिलाओं को घरेलू काम के लिए रखते थे।
- अठारहवीं शताब्दी के भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति अस्थिरता से प्रभावित थी सामान्य रूप से समाज ने अपनी अधिकांश परंपराओं को बरकरार रखा लेकिन समाज में कई बदलावों को प्रेरित किया गया।
- सामाजिक व्यवस्था के सबसे निचले स्तर पर अधिकांश गरीब थे।
- 18वीं शताब्दी के प्रारम्भ में औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् मुगल साम्राज्य का पतन प्रारम्भ हो गया।

7. In the context of Permanent settlement of Colonial India, which of the following statements is correct?
औपनिवेशिक भारत के स्थायी बंदोबस्त के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(A) In 1793, Thomas Munro introduced the Permannet Settelement in Bengal./1793 में थॉमस मुनरों ने बंगाल प्रांत में स्थायी बंदोबस्त की शुरूआत की।
(B) Under Permanent settlement, the rajas and taluqdars were recognized as Zamindars./इसके तहत राजाओं और तालुकादारों को जमींदार के रूप में मान्यता दी गई।
(C) Zamindars were given the rights to collect rent from the peasants/जमींदारों को किसानों से लगान वसूल करने का अधिकार दिया गया।

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(c) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(d) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)

Ans. (c) : औपनिवेशिक भारत के स्थायी बंदोबस्त के संदर्भ में निम्नलिखित कथन सत्य हैं–

- इसके तहत राजाओं और तालुकादारों को जमींदार के रूप में मान्यता दी गई।
- जमींदारों को किसानों से लगान वसूल करने का अधिकार दिया गया।
- ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने राज्यक्षेत्र में स्थायी बंदोबस्त और महालवाड़ी बंदोबस्त लागू किए।
- इस बंदोबस्त को प्रत्यक्ष रूप से किसानों के लिए बनाया गया था, जिन्हें 'रैयत' कहा जाता था, इस प्रकार इस बंदोबस्त को रैयतवाड़ी के नाम से जाना जाने लगा।
- इसे लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा स्थायी बंदोबस्त अधिनियम 1793 के माध्यम से पेश किया गया था।

इस प्रकार कथन (B) और (C) कथन सत्य है तथा A कथन असत्य है।

8. Which of the following is/are true about William Adam?
(i) William Adam was a Scottish Missionary.
(ii) He was a British administrator.
(iii) He had been asked by the company to report on the progress of education in verncular schools.
(iv) He toured the districts of Bengal and Bihar to report on vernacular schools.
Choose the correct option:
विलियम एडम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं?
(i) विलियम एडम एक स्कॉटिश प्रचारक थे।
(ii) वह एक अंग्रेजी शासक थे।
(iii) कंपनी ने उन्हें देशी स्कूलों में शिक्षा की प्रगति पर रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा सौंपा था।
(iv) उन्होंने बंगाल और बिहार के जिलों के देशी स्कूलों पर रिपोर्ट बनाने के लिये भ्रमण किया।
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (i) and (iii)/केवल (i) और (iii)
(b) Only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)
(c) Only (i), (ii) and (iii)/केवल (i), (ii) और (iii)
(d) Only (i), (iii) and (iv)/केवल (i), (iii) और (iv)

Ans. (d) : विलियम एडम एक स्कॉटिश प्रचारक थे, कम्पनी ने उन्हें देशी स्कूलों में शिक्षा की प्रगति पर रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा सौंपा था और उन्होनें बंगाल और बिहार के जिलों का दौरा देशी स्कूलों पर रिपोर्ट बनाने क लिए किया। यह तीनों कथन सत्य है।

एडम एक शिक्षाविद्, विद्वान एंव कर्तव्यनिष्ठ समाज सेवक थे। एडम का मानना था कि शिक्षा के द्वारा ही किसी भी समाज का विकास किया जा सकता है। तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बैटिक ने एड्म को बिहार तथा बंगाल में शिक्षा की स्थिति का सर्वेक्षण करने का कार्य दिया था। एडम ने अपनी पहली रिपोर्ट जुलाई, 1835 में प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में उसने सम्पूर्ण बंगाल प्रांत के स्कूल संबंधी आँकडे प्रस्तुत किये।

9. Match the Column (A) with Column (B):

Column (A)	Column (B)
(a) Raja Ram Mohan Roy	(i) Widow's Home
(b) Swami Dayanand Saraswati	(ii) Set up schools for girls
(c) Pandita Ramabai	(iii) Arya Samaj
(d) Ishwarchand Vidyasagar	(iv) Brahmo Sabha

Choose the correct answer
कॉलम (A) का कॉलम (B) के साथ मिलान करें:

कॉलम (A)	कॉलम (B)
(a) राजाराम मोहन रॉय	(i) विधवा गृह
(b) स्वामी दयानंद सरस्वती	(ii) लड़कियों के लिए स्कूल बनवाए
(c) पंडिता रमाबाई	(iii) आर्य समाज
(d) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर	(iv) ब्रह्मो सभा

सही विकल्प का चयन करें

(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(c) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)

Ans. (c) :

संस्थाएँ	संस्थापक	स्थापना वर्ष
ब्रह्मो सभा	राजाराम मोहन रॉय	1828
आर्य समाज	स्वामी दयानन्द सरस्वती	1875
विधवा गृह	पण्डिता रमाबाई	
लड़कियों के लिए स्कूल बनवाए	ईश्वरचन्द्र विद्यासागर	
वेद समाज	आचार्य केशवचन्द्र सेन	1867
वेल्लूर मठ	स्वामी विवेकानन्द	1887
विश्व भारती	रवीन्द्र नाथ ठाकुर	1912

10. The strategy adopted by Ishwarchandra Vidyasagar to challenge a social evil was the following:
(A) referring to western ideas
(B) looking for supportive superstitions
(C) finding a verse or sentence in ancient texts.
Choose the correct option.
किसी भी सामाजिक बुराई को चुनौती देने के लिए ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा अपनाई गई रणनीति निम्न प्रकार से थी:
(A) पश्चिमी विचारों का हवाला देना
(B) समर्थन देने वाले अन्धविश्वास को खोजना
(C) प्राचीन ग्रंथों मे श्लोक या वाक्यों को ढूँढना।
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (B)/केवल (B)
(b) Only (C)/केवल (A)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) (A) and (C)/(A) और (C)

Ans. (d) : पश्चिमी विचारों का हवाला देना और प्राचीन ग्रंथों में श्लोक या वाक्यों को ढूँढना किसी भी सामाजिक बुराई को चुनौती देने के लिए ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा अपनाई गई रणनीति थी। 1820 में, ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म बंगाल के हुगली जिले के बिरसिंह गांव में एक बंगाली हिन्दू ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर 19वीं सदी में एक उल्लेखनीय कार्यकर्ता और विचारक थे। एक प्रसिद्ध विद्वान और समाज सुधारक के रूप में, उनके विचारों में भारतीय और पश्चिम दोनों आदर्श शामिल थे।

11. Which of the following movements/agitation was/were the part of Gandhi's Non-Cooperation movement?
(i) Patidar peasants movement in Kheda, Guajarat.
(ii) Akali agitation in Punjab against corrupt mahants
(iii) Salt - Satyagraha in Gujarat
(iv) Forest - Satytagraha by tribals and poor peasants of Guntur district of Andhra Pradesh
Choose the correct answer.
निम्नलिखित में से कौन से आन्दोलन गांधी जी के असहयोग आन्दोलन के हिस्सा थे?
(i) खेड़ा, गुजरात के पाटीदार किसान आन्दोलन
(ii) पंजाब के घूसखोर महन्तों के खिलाफ अकाली आन्दोलन
(iii) गुजरात में नमक सात्याग्रह
(iv) आन्ध्र प्रदेश में गुंटूर जिले के गरीब किसान और जनजातियों द्वारा 'वन सात्याग्रह'
निम्नलिखित में से सही उत्तर को चुनें।

(a) Only (i) and (ii) are correct/केवल (i) एवं (ii) सही हैं
(b) Only (i) and (iii) are correct/केवल (i) एवं (iii) सही हैं
(c) Only (i), (ii) and (iii) are correct/केवल (i), (ii) एवं (iii) सही हैं
(d) Only (i), (iii) and (iv) are correct/केवल (i), (iii) एवं (iv) सही हैं

Ans. (d) : असहयोग आंदोलन 1 अगस्त 1920 को शुरू किया गया था, बाद में फरवरी, 1922 में चौर चौरा की घटना के कारण वापस ले लिया गया। जहाँ 22 पुलिसकर्मियों को थाने में जिंदा जला दिया गया था।
खेड़ा, गुजरात के पाटीदार किसान आन्दोलन, गुजरात में नमक सत्याग्रह और आन्ध्र प्रदेश में गुंटूर जिले के गरीब किसान और जनजातियों द्वारा 'वन सत्याग्रह' आन्दोलन गांधी जी के असहयोग आन्दोलन के हिस्सा थे।

12. The 'Swadeshi Movement' after the division of Bengal in 1905, was also known as 'Vandemataram Movement' in which part of India?
1905 के बंगाल विभाजन के बाद के 'स्वदेशी आन्दोलन' को भारत के किस क्षेत्र में 'वन्दे मातरम्' आन्दोलन के नाम से जाना गया?

(a) Bengal/बंगाल (b) Andhra/आंध्र
(c) Assam/असम (d) Punjab/पंजाब

Ans. (b) : 1905 के बंगाल विभाजन के बाद के 'स्वदेशी आन्दोलन' को भारत के आंध्र क्षेत्र में 'वन्दे मातरम्' आन्दोलन के नाम से जाना गया। यह गांधीवादी आंदोलनों के बाद सबसे सफल आंदोलन था, इसका उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य का समाप्त करना और भारतीयों की आर्थिक स्थित में सुधार करना था। यह आन्दोलन 1911 में समाप्त हो गया था।

13. Consider the following statements and choose the correct option.
(A) In 1950 the Indian governemnt set up a planning commission to help design and execute suitable policies for economic development.
(B) In 1956, the Second five year plan was formulated which strongly focused on agriculture and put emphasis on consumer goods industries.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

(A) 1950 में भारत सरकार ने आर्थिक विकास के लिए नीतियाँ बनाने और उनको लागू करने के लिए एक 'योजना आयोग' का गठन किया।

(B) 1956 में दूसरी पंचवर्षीय योजना तैयार की गई जिसमे कृषि तथा उपभोक्ता वस्तु उद्योगों पर पर्याप्त जोर दिया गया।,

(a) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं

(b) Both (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत हैं

(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत हैं

(d) (B) is true but (A) is false/(B) सही किन्तु (A) गलत हैं

Ans. (c) : 1950 में भारत सरकार ने आर्थिक विकास के लिए नीतियाँ बनाने और उनकों लागू करने के लिए एक 'योजना आयोग' का गठन किया। स्वतंत्रता के बाद भारत ने सरकारी योजनाएं बनाने का एक औपचारिक मॉडल अपनाया और इसके तहत 'योजना आयोग' जो सीधे भारत के प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करता था, का गठन 15 मार्च, 1950 को प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरु की अध्यक्षता में किया गया। योजना आयोग का नाम बदलकर 1 जनवरी, 2015 को 'नीति आयोग' कर दिया गया। नीति आयोग का अध्यक्ष प्रधान मंत्री होता है।

1956 में तैयार द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष जोर देने के साथ-2 तीव्र औद्योगीकरण था। अतः कथन (A) सही है किन्तु (B) गलत है।

14. Which of the following statements on Jyotirao Phule are correct?

(A) Phule studied in Christian missionary schools.

(B) He countered Brahman's claims of superiority.

(C) He said that Aryans were foreigners.

(D) He was critical of anti-colonial nationalism of his times.

(E) He dedicated his book Gulamgiri to anti-apartheid struggle of South Africa.

Choose the correct option.

निम्नलिखित में से ज्योतिराव फूले पर कौन से कथन सही हैं?

(A) फूले ने ईसाई मिशनरी स्कूलों में पढ़ाई की थी।

(B) उन्होंने ब्राह्मणों के श्रेष्ठ होने के दावों पर खुलकर हमला किया था।

(C) उन्होंने कहा कि आर्य विदेशी थे।

(D) वह अपने समय के उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रवाद के आलोचक थे।

(E) उन्होंने अपनी किताब 'गुलामगीरी' दक्षिण-अफ्रीका के रंगभेद विरोधी संघर्ष को समर्पित किया।

सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D)

(b) (B), (C), (D) and (E)/(B), (C), (D) और (E)

(c) (A), (C), (D) and (E)/(A), (C), (D) और (E)

(d) (A), (B), (C) and (E)/(A), (B), (C) और (E)

Ans. (a) : ज्योतिराव फूले पर निम्न कथन सत्य है–

- फूले ने ईसाई मिशनरी स्कूलों में पढ़ाई की थी।
- उन्होंने ब्राह्मणों के श्रेष्ठ होने के दावों पर खुलकर हमला किया था।
- उन्होंने कहा कि आर्य विदेशी थे।
- वह अपने समय के उपनिवेशवाद-विरोधी राष्ट्रवाद के आलोचक थे।
- दबे हुए वर्गों के लिए 'दलित' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले उनके द्वारा किया गया था।
- ज्योतिराव फूले गैर-ब्राह्मण आंदोलन के प्रारंभिक नेताओं में से एक है।

इस प्रकार कथन (A), (B), (C) और (D) सत्य कथन हैं।

15. To depict planet sizes correstly in a role play on the solar system a teacher selects two students of the same height and weight. Which of the following two planets could they be enacting?

एक 'रोल प्ले' (नाटक) में सौर मंडल के ग्रहों को सही आकार में दर्शाने के लिये, एक शिक्षक दो समान कद और वजन के छात्रों को चुनता हैं। निम्नलिखित में से कौन से दो ग्रहों का अभिनव वे कर सकते हैं?

(a) Mecury - Venus/बुध - शुक्र

(b) Saturn - Earth/शनि - पृथ्वी

(c) Earth - Moon/पृथ्वी - चंद्रमा

(d) Earth - Venus/पृथ्वी - शुक्र

Ans. (d) : एक 'रोल प्ले' (नाटक) में सौर मण्डल के ग्रहों को सही आकार में दर्शाने के लिए एक शिक्षक दो समान कद और बजन के छात्रों को चुनता हैं। दिए गए ग्रहों में से पृथ्वी-शुक्र दो ग्रहों का अभिनव वे कर सकते हैं। आकार के अनुसार ग्रहों का क्रम (घटते क्रम में) है–

बृहस्पति $\rightarrow$ शनि $\rightarrow$ अरुण $\rightarrow$ वरुण $\rightarrow$ पृथ्वी $\rightarrow$ शुक्र $\rightarrow$ मंगल $\rightarrow$ बुध अर्थात सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति एंव सबसे छोटा ग्रह बुध है।

16. Consider the following statements about international date line and choose the correct option.

(A) International date line is an imaginary line.

(B) International date line passes through Pacific Ocean.

अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए:

(A) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा एक काल्पनिक रेखा है।

(B) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा प्रशांत महासागर से होकर गुजरती है।

(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is correct/ केवल (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are correct/दोनों (A) तथा (B) सही हैं।

(d) Both (A) and (B) are incorrect/दोनों (A) तथा (B) गलत हैं।

Ans. (c) : अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के बारे में सत्य कथन निम्न है–

- अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा काल्पनिक रेखा है।
- अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा प्रशांत महासगर से होकर गुजरती है।
- अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के दोनों ओर के समय का अन्तर ठीक 12 घण्टे है।
- अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा प्रशान्त महासागर के बीचों बीच 180° याम्योत्तर पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची गई एक काल्पनिक रेखा है।

⇒ इस प्रकार (A) तथा (B) दोनों कथन सही हैं।

17. If it is 10:00 am at 60° West longitude, what will be the time at Greenwich?
यदि 60° पश्चिम देशांतर पर 10:00 पूर्वाह्न हैं, तो ग्रीन विच पर क्या समय होगा?

(a) 2:00 a.m./2:00 पूर्वाह्न
(b) 2:00 p.m./2:00 अपराह्न
(c) 6:00 a.m./6:00 पूर्वाह्न
(d) 6:00 p.m./6:00 अपराह्न

Ans. (b) :
- पृथ्वी लगभग 24 घण्टे में 360° घूमती है, जिसका अर्थ है प्रति घण्टा यह 15° तथा 1° प्रति चार मिनट में घूमती है।

इस प्रकार दिये गए प्रश्न में, ग्रीनविच के 60° पश्चिम में स्थित देशांतर पर समय $4 \times 60 = 240$ मिनट पीछे होगा।
मि. को घण्टा में बदलने के लिए 60 से भाग–

$$\frac{240 \text{ मि.}}{60} = 4 \text{ घण्टा}$$

60° पश्चिम देशान्तर पर 10 : 00 पूर्वाह्न है (दिया है) तो GMT पर 10 + 4 घण्टा = 02 : 00 अपराह्न होगा।

18. If you are at 0° latitude, you would be standing on the _____.
अगर आप 0° अक्षांश पर हैं तो आप _____ पर खड़े होंगे।

(a) Equator/विषुवत् वृत्त
(b) North pole/उत्तरी ध्रुव
(c) Tropic of capricon/मकर रेखा
(d) Antartic circle/दक्षिण ध्रुववृत्त

Ans. (a) : अगर आप 0° अक्षांश पर हैं तो आप 'विषुवत वृत्त' पर खड़े होंगे। वह काल्पनिक वृत्त जो पृथ्वी को उत्तर और दक्षिण गोलार्द्ध के दो बराबर भागों में बाँटता है, विषुवत वृत्त कहलाता है। यह पृथ्वी पर हाँ स्थित है, जहाँ सूर्य की किरणें विषवत रेखा पर लम्बवत पड़ती है। और सर्वत्र दिन एवं रात बराबर होते हैं। 23 सितम्बर एवं 21 मार्च को सम्पूर्ण पृथ्वी पर दिन और रात बराबर होते है।



19. There are four domains of the natural environment. Two are Atmosphere and Biosphere. The other two are:
प्राकृतिक पर्यावरण के चार क्षेत्र हैं। इनमें से दो वायुमंडल और जैवमंडल हैं। बाकि दोनों हैं:

(a) Hydrosphere and Mesophere/जलमंडल और मध्यमंडल
(b) Hydrosphere and Lithosphere/जलमंडल और स्थलमंडल
(c) Lithosphere and Mesophere/स्थलमंडल और मध्यमंडल
(d) Lithosphere and Stratophere/स्थलमंडल और समतापमंडल

Ans. (b) : भूमि, जल, वायु, पेड-पौधे एवं जीव जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं। प्राकृति पर्यावरण के चार क्षेत्र हैं– वायुमण्डल, जैवमण्डल एवं जलमण्डल और स्थलमण्डल इनमें से स्थलमण्डल वह क्षेत्र है, जो हमें वन, कृषि एवं मानव बस्तियों के लिए भूमि, पशुओं को चराने के लिए घास स्थल प्रदान करता है। यह खनिज सम्पदा का भी स्त्रोत है, जल क्षेत्र को जलमण्डल कहते हैं। यह जल के विभिन्न स्त्रोतों जैसे – नदी, झील, समुद्र, महासागर आदि और पृथ्वी के चारो तरफ फैली वायु की पतली परत को वायुमण्डल कहते है।

20. Which of the following is true about Tropical Rain forest?
(A) These forest are called evergreen forests.
(B) The trees in these forests shed their leaves at different times of the year.
(C) Sal, Teak and Shisham are important trees of these forests.
(D) These forests are called monsoon forests.
Choose the correct option.
निम्नलिखित में से कौन उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन के बारे में सही है?
(A) इन्हें सदाबहार वन कहा जाता है।
(B) इन वनों में वृक्ष अलग-अलग समय में अपनी पत्तियाँ गिराते हैं।
(C) इन वनों में पाए जाने वाले महत्वपूर्ण वृक्ष साल, सागौन और शीशम हैं।
(D) इन वनों को मानसून वन भी कहते हैं।
सही विकल्प का चयन करें।

(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (A) and (C)/(A) और (C)
(c) (B) and (D)/(B) और (D)
(d) (C) and (D)/(C) और (D)

Ans. (a) : उष्णकटिबंधीय वर्षा-वन एक ऐसा क्षेत्र होता है जो भूमध्य रेखा के दक्षिण या उत्तर में लगभग 28 डिग्री के भीतर होता है। वे एशिया, ऑस्ट्रेलिया, द. अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिकों और प्रशान्त महासागरीय पर पाए जाते हैं।
उष्णकटिबंधीय वर्षा वन के बारे में सही कथन निम्न है–

- इन्हें सदाबहार वन कहा जाता है।
- इन वनों में वृक्ष प्रायः अलग-अलग समय में अपनी पत्तियाँ गिराते है। अतः केवल (A) और (B) सही हैं।
- वर्षा वन उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु समूह से संबंधित हैं।

21. Which of the following is/are true about Amazon basin?

(A) The river Nile flows through this region.

(B) Both days and nights weather almost equally hot and humid here.

(C) At night the temperature goes down but the humidity remains high.

Choose the correct option.

अमेजन बेसिन के बारे में निम्न में से कौन सा/से सही हैं?

(A) नील नदी इस प्रदेश से होकर बहती है।

(B) यहाँ का मौसम दिन एवं रात दोनों में ही समान रूप से गर्म एवं आर्द्र होता है।

(C) रात के समय तापमान थोड़ा कम हो जाता है लेकिन आर्द्रता उच्च बनी रहती है।

सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (B) is true/(A) और (B)

(b) Only (C) is true /(A) और (C)

(c) (A) and (B) are true/(B) और (D)

(d) (B) and (C) are true/(C) और (D)

Ans. (d) : अमेजन बेसिन के बारे में निम्न कथन सत्य है–

- यहाँ का मौसम दिन एंव रात दोनों समय समान रूप से गर्म एवं आद्र होता है।
- रात के समय तापमान थोड़ा कम हो जाता है लेकिन आर्द्रता उच्च ही बनी रहती है।
- अमेजन बेसिन के लोग टैपिओका, अनानास और शकरकंद उगाते हैं। कॉफी, मक्का और कोको जैसी नकदी फसलें भी उगाई जाती है।
- अमेजन बेसिन दक्षिण अमेरिका का हिस्सा है जो अमेजन नदी और उसकी सहायक नदियों द्वारा सिंचित किया जाता है।

इस प्रकार कथन (B) और (C) सही है तथा कथन (A) गलत है।

22. Which of the following is/are factors that cause veriation in amount of insolation on earth?

(A) the rotatioin of the earth on its axis.

(B) the angle of inclination of the Sun's rays.

(C) the length of the day.

Choose the correct option.

पृथ्वी पर आतपन की मात्रा में भिन्नता का/के, निम्नलिखित में से क्या कारण हैं?

(A) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना

(B) सूर्य की किरणों का नति कोण

(C) दिन की अवधि

सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A) is true/ केवल (A) सही है।

(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही है।

(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) तथा (C) सही हैं।

(d) (A), (B) and (C) all are true/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (d) : पृथ्वी पर आतपन की मात्रा में भिन्नता के निम्न करण है–

- पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना
- सूर्य की किरणों का नति कोण
- दिन की अवधि

इस प्रकार दियें गये तीनों कथन सत्य हैं।

आतपन सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो पृथ्वी पर तापमान के वितरण को प्रभावित करता है। आतपन वह सौर विकिरण है जो सूर्य से पृथ्वी की सतह तक पहुँचता है।

23. Consider the following statements about air pressure and choose the appropriate option.

(A) Air above us presses us with a great force on our bodies, however we don't even feel it.

(B) Air presses us form all directions and out body exerts a counter pressure.

वायु दाब के बारे में दिए गए कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

(A) वायु हमारे शरीर पर उच्च दाब के साथ बल लगाती है किन्तु हम इसका अनुभव नहीं करते हैं।

(B) वायु का दाब हमारे ऊपर सभी दिशाओं से लगता है, और हमारा शरीर विपरीत बल लगाता है।

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanaiton of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (B) सही व्याख्या है (A) की

(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the correct explanaiton of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं, किन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की

(c) Both (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत हैं

(d) (A) is true but (B) is false(A)/(A) सही है किन्तु (B) गलत है

Ans. (a) : वायु हमारे शरीर पर उच्च दाब के साथ बल लगाती है किन्तु हम इसका अनुभव नही करते हैं तथा वायु का दाब हमारे ऊपर सभी दिशाओं से लगाता है, और हमारा शरीर विपरीत बल लगाता है। इस प्रकार (A) तथा (B) दोनों सही है, तथा (B) सही व्याख्या करता है। (A) की।

धरातल पर या सागर तल के इकाई क्षेत्रफल के ऊपर स्थित वायुमण्डल की समस्त परतों द्वारा समुदतल पर पड़ने वाले भार को ही वायु दाब कहा जाता है। वायु दाब को मापने वाले यंत्र को बैरोमीटर या वायुदाबमापी कहा जाता है।

24. Consider the following statements .

(A) Rock is an aggregate of one or more minerals with definite composition of consituent minerals.

(B) Minerals are created by natural process without any human interference.

Choose the correct option.

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

(A) शैल खनिज अवयवों के निश्चित संघटन वाले एक या एक से अधिक खनिजों का एक समूहन है।

(B) खनिज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के, प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते हैं।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is fasle/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (d) : शैल खनिज अवयवों के निश्चित संघटन वाले एक या एक से अधिक खनिजों का समूहन है। यह कथन गलत है तथा खनिज बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होता है। यह कथन सत्य है।
खनिज के संदर्भ में सही कथन –
- ये प्राकृतिक रूप से प्राप्त होते हैं।
- इनका एक निश्चित रासायनिक संगठन होता है।
- ये विभिन्न प्रकार के भू-वैज्ञानिक परिवेश में निर्मित होते हैं।
- कुछ खनिज संरचना में कठोर होते हैं जैसे हीरे।
- खनिज दो प्रकार के होते है– धातु और अधातु।

25. Fill in the blank with the correct option.
The Prairies are _____
रिक्त स्थान को सही विकल्प से भरें।
प्रेअरी है _____ ।
(a) home to cheetas/चीतों का घर
(b) suitable place for Cattle rearing/मवेशी पालने के लिए उपयुक्त जगह।
(c) very hot during daytime and very cold at night/दिन के समय बहुत गर्म और रात के समय बहुत ठंडा।
(d) cold deserts/ठंडे रेगिस्तान।

Ans. (b) : प्रेअरी मवेशी पालने के लिए उपयुक्त जगह है। प्रेयरी एक घास का मैदान है जो उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में पाया जाता है। प्रेयरी उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाड़ा और मैक्सिकों में विस्तृत शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदान को प्रेयरी के नाम से जाना जाता है। यह विशाल घास का मैदान अन्न भण्डार है। 'प्रेयरी' क्षेत्र गेहूं उत्पादन के लिए दुनियाभर में जाना जाता है।

26. Which of the following factors leads to shortness in supply of fresh water?
(A) Increasing urbanisation
(B) Rising standards of living
(C) Generating electricity through reservoir of dams
(D) Rising demands of food and cash crops
Choose the correct options:
निम्नलिखित में से अलवणीय जल की आपूर्ति की कमी के मुख्य कारक हैं:
(A) बढ़ता नगरीकरण
(B) बेहतर होता जीवन स्तर
(C) बाँधों के जलाशयों के माध्यम से विद्युत उत्पादन
(D) भोजन और नकदी फसलों की बढ़ती माँग
सही विकल्प का चयन करें:
(a) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(b) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

Ans. (a) : अलवणीय जल की आपूर्ति की कमी का मुख्य कारण निम्न है–
- बढ़ता नगरीकरण
- बेहतर होता जीवन स्तर
- भोजन और नगदी फसलों की बढ़ती माँग
- बढ़ती जनसंख्या
- बढ़ता अद्यौगीकरण

27. Choose the most appropriate option.
Change in the land use pattern leads to cultural changes i.e society because it _____.
सबसे उचित विकल्प का चयन करें:
भूमि उपयोग में परिवर्तन हमारे समाज में सांस्कृतिक परिवर्तनों के बढ़ावा देती हैं क्योंकि:
(a) increases the per capita income of that area/यह उस क्षेत्र के लोगों की प्रति व्यक्ति आय को बढ़ा देता है।
(b) spreads modern values and practices/यह आधुनिक मूल्यों और व्यवहार (अभ्यास) को विस्तार देता है।
(c) affects the local natureal resources and settings/यह स्थानीय प्राकृतिक संसाधन और उसकी व्यवस्था को प्रभावित करती है।
(d) increases the infrastructural facilities/यह संरचनात्मक सुविधाओं को बढ़ाती है।

Ans. (c) : भूमि उपयोग में परिवर्तन हमारे समाज में सांस्कृतिक परिवर्तनों के बढ़ावा देती हैं क्योंकि यह स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों और उसकी व्यवस्था को प्रभावित करती है। भूमि उपयोग परिवर्तन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्राकृतिक परिदृश्य को प्रत्यक्ष रूप से बस्तियों, वाणिज्यिक एवं आर्थिक उपयोग तथा वानिकी गतिविधियों जैसे मानव-प्रेरित भूमि उपयोग के लिए परिवर्तित कर दिया जाता है।

28. Fixing someone into an image is called_____.
किसी को एक छवि में बाँधने का अर्थ है _____।
(a) photography/फोटो खींचना
(b) creating a stereotype/रूढिबद्ध धारणा बनाना
(c) acknowledging diversity/विविधता की सराहना करना
(d) differentiating/अंतर करना

Ans. (b) : किसी को एक छवि में बाँधने का अर्थ है रूढ़िबद्ध धारणा बनाना। जब हम सभी लोगों को एक ही छवि में बाँध देते हैं या उनके बारे में पक्की एवं निश्चित धारणा बना लेते हैं तो उसे रूढ़िबद्ध धारणा कहते है और जब इन रूढ़िबद्ध धारणाओं के अनुसार लोगों के साथ व्यवहार करने लगते हैं तो इसे भेद भाव कहते हैं।
उदाहरण ⇒ लड़कों में लड़कियों की तुलना में बहुत अधिक शैक्षणिक क्षमताएं होती हैं। यह रूढ़िबद्ध धारणा का उदाहरण है।

29. Consider the following Assertion (A) and Reason (R) about equality:

(A) People's struggle and positive actions by the government are necessary to make equality a reality.

(R) Equality is a value that we have to keep striving for and not semething that will happen automatically.

Choose the correct option.

समानता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों (A) एवं कारणों (R) को पढ़ें।

कथन (A) : समानता एक वास्तविकता बने, इसके लिए लोगों के संघर्ष और सरकार द्वारा सकारात्मक कदम उठाए जाने की बहुत आवश्यकता है।

कारण (R) : समानता वह मूल्य है जिसके लिए हमें निरंतर संघर्ष करते रहना होगा, यह स्वतः नहीं होगा।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सही हैं और किन्तु, (R), (A) की सही व्याख्या नहीं हैं।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है, किन्तु (R) गलत है

(d) (A) is false but (R) is true /(A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : समानता एक वास्तविकता बने, इसके लिए लोगों के संघर्ष और सरकार द्वारा सकारात्मक कदम उठाए जाने की बहुत आवश्यकता है और समानता वह मूल्य है जिसके लिए हमें निरंतर संघर्ष करते रहना होगा, यह स्वतः नही होगा। इसलिए दोनों कथन सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

30. Which of the following statement is/are true?

(A) Panch is also known as ward member under a panchayat area.

(B) All the members of Gram Sabha elect a Panchayat President.

(C) The Gram Sabha is a meeting of all adults who live in a an area covered by a Panchayat.

Choose the correct option.

निम्न में से कौन सा/से कथन सही हैं?

(A) पंच को पंचायत क्षेत्र के वार्ड सदस्य के नाम से भी जाना जाता है।

(B) ग्राम सभा के सभी सदस्य मिलकर पंचायत मुखिया को चुनते हैं।

(C) ग्राम सभा एक पंचायत के क्षेत्र में रहने वाले सभी वयस्कों की सभा होती है।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) (A) and (B)/(A) और (B)

(b) (A) and (B)/(A) और (B)

(c) (A) and (B)/(A) और (B)

(d) All (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C) सभी

Ans. (d) : ग्राम सभा में पंच को पंचायत क्षेत्र के वार्ड सदस्य के नाम से भी जाना जाता है, ग्राम सभा के सभी सदस्य मिलकर पंचायत मुखिया चुनते हैं और ग्राम सभा एक पंचायत के क्षेत्र में रहने वाले सभी वयस्कों की सभा होती है। दिये गये तीनों कथन सही है।

पंचायती राज का शुभारम्भ स्वतंत्र भारत में 2 अक्टूबर, 1959 ई. को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के द्वारा राजस्थान राज्य के नौगौर जिला में हुआ था। 73वाँ संविधान संशोधन पंचायती राज से संबंधित हैं।

नोट ⇒ 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1973 के द्वारा पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

31. Which of the following statements is correct about Rajya Sabha?

(A) Twelve (12) members of Rajya Sabha are nominated by the Prime Minister.

(B) The Rajya Sabha members are elected by the members of legilative assembiles of various states.

(C) It funcitons primarily as the representative of the states in the Parliament.

(D) It plays a role in reviewing and altering laws initiated by the Lok Sabha.

राज्यसभा के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(A) राज्यसभा के 12 सदस्य प्रधानमंत्री द्वारा नामांकित किए जाते हैं।

(B) राज्यसभा के सदस्य का चुनाव विभिन्न राज्यों के विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य करते हैं।

(C) यह मुख्यतः संसद में राज्यों के प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करती है।

(D) इसकी लोकसभा द्वारा प्रवर्तित नियमों की पुनरावृत्ति एवं परिवर्तन में भूमिका है।

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)

(d) (A), (D) and (B)/(A), (D) और (B)

Ans. (b) : भारत की संसद राष्ट्रपति, राज्य सभा तथा लोकसभा से मिलकर बनती है। राज्य सभा संसद का उच्च सदन है।

राज्य सभा के बारे में निम्न कथन सत्य है –

- वर्तमान समय में राज्यसभा में '245' सदस्य हैं, इनमें से '12' सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते है न कि प्रधानमंत्री द्वारा।
- राज्यसभा के सदस्य का चुनाव विभिन्न राज्यों के विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य करते हैं।
- यह मुख्यतः संसद में राज्यों के प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करती है।
- इसकी लोकसभा द्वारा प्रवर्तित नियमों की पुनरावृत्ति एवं परिवर्तन में भूमिका है।
- राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल '6' वर्ष होता है तथा इसके एक-तिहाई सदस्य प्रति दो वर्ष बाद सेवा-निवृत्त हो जाते हैं।
- भारत का उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभा पति होता है।

⇒ इसलिए कहा जा सकता है कि कथन (A) गलत है तथा शेष कथन (B), (C), (D) सही हैं।

32. Match the column I of service condition with the column II on occupation and choose the appropriate option.

Column I	Column II
(a) Regular salaried	(i) Street vendors
(b) Casual work	(ii) Housewife
(c) Self employment	(iii) Construction worker
(d) Unpaid labour	(iv) Teacher

निम्नलिखित कॉलम I के सेवाशर्त को कॉलम II के जीविका से सुमेलित करें और उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

कॉलम I	कॉलम II
(a) वेतनभोगी कर्मचारी	(i) फुटपाथ-ठेला दुकानदार
(b) अनियमित काम	(ii) गृहणी
(c) स्वरोजगार	(iii) निर्माण मजदूर
(d) बिना वेतन का मजदूर	(iv) शिक्षक

(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(c) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)

Ans. (c) :

कॉलम–I		कॉलम–II
(A) वेतन भोगी कर्म चारी	–	शिक्षक
(B) अनियमित काम	–	निर्माण मजदूर
(C) स्वरोजगार	–	फुटपाथ-ठेला दुकानदार
(D) बिना वेतन का मजदूर	–	गृहणी

33. The arrangement between a merchant and weavers whereby merchant supplies the raw material to weavers and receives the finished product from the weavers is known as:
व्यापारी और बुनकरों के बीच की व्यवस्था जहाँ व्यापारी बुनकरों को कच्चा माल देता है और उनसे तैयार माल प्राप्त करता है, कहलाती है।

(a) Import-Export/आयात-निर्यात
(b) Co-operative/सहकारिता
(c) Putting-out system/दादन व्यवस्था
(d) Chain of markets/बाजारों की श्रृंखला

Ans. (c) : व्यापारी और बनुकरों के बीच की व्यवस्था जहाँ व्यापारी बुनकरों को कच्चा माल देता है और उनसे तैयार माल प्राप्त करता है, वह व्यवस्था 'दादन व्यवस्था'कहलाती है।
दादन व्यवस्था प्रणाली घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं को खरीदने और बेचेने की एक पुरानी प्रथा है, इसे कुटीर उद्योग के रूप में भी जाना जाता है और आमतौर पर पूरा परिवार इस प्रक्रिया में मदद करता है।
यह भारत के अधिकांश क्षेत्रों में बुनाई उद्योग में प्रचलित है।

34. Which of the following are valid reasons for arguing that there is a lesser possibility of famine in a democratic country?
(A) People are free to practice faith of their choice.
(B) Government is likely to respond quickly fearing its defeat in the next election.
(C) Opposition can draw attention to hunger and starvation.
(D) Free Press can report suffering from famine.
Choose the correct option.
निम्नलिखित में से इस तर्क के, कि लोकतांत्रिक देश मे अकाल की संभावना कम होती है, कौन से वैध कारण हैं?
(A) लोग अपनी आस्था का पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं।
(B) सरकार अगले चुनाव में हार के भय से शीघ्र प्रतिक्रिया देगी।
(C) विपक्ष भूख और भुखमरी की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है।
(D) स्वतंत्र प्रेस अकाल से हो रहे कष्टों की रिपोर्ट बना सकती है।
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) Only (A), (B) and (C)/ केवल (A), (B) और (C)
(c) Only (B), (C) and (D)/ केवल (B), (C) और (D)
(d) Only (A), (B) and (D)/ केवल (A), (B) और (D)

Ans. (c) : लोकतांत्रिक देश में अकाल की संभावना कम होती है, इसके निम्न वैद्य कारण हैं–
- सरकार अगले चुनाव में हार के भय से शीघ्र प्रतिक्रिया देगी।
- विपक्ष भूख और भूखमरी की ओर ध्यान आकर्षित कर सकता है।
- स्वतंत्र प्रेस अकाल से हो रहे कष्टो की रिपोर्ट बना सकता है।
- लोकतांत्रिक सरकारें लोगों के प्रति ज्यादा उत्तरदायी होती है।

⇒ भारत दुनिया की सबसे लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है एवं यह एक युवा राष्ट्र है। वर्ष '1947' में आजादी के बाद भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना।

35. If in a class only girls are asked to help in cleaning, this can be considered as an exaple of the following:
अगर किसी कक्षा में केवल लड़कियों को सफाई कार्य में सहायता के लिये कहा जाता है। इसे उदाहरण मान सकते हैं निम्नलिखित का:

(a) Division of labour/श्रमिकों का विभाजन
(b) Gender steriotypes/लैंगिक रूढ़िबद्ध धारणा
(c) Nutrition and care/पोषण एवं देखभाल
(d) Disciplining/अनुशासित करना

Ans. (b) : अगर किसी कक्षा में केवल लड़कियों को सफाई कार्य में सहायता के लिए कहा जाता है तो इस उदाहरण को लैंगिकरूढ़िबद्ध धारणा मान सकते है। रूढ़िबद्धता से अभिप्राय समाज में व्याप्त विभिन्न असामाजिक क्रियाएं एंव कुरितियों से है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में अपने मूल रूप में स्थानांतरित होती रहती है इसकी सामाजिक उपयोगिता न होते हुए भी प्रत्येक वर्ग एवं समुदाय इसको मान्यताएं प्रदान करता हैं
स्मिथ के अनुसार ''रूढ़िबद्धता अंधविश्वासों का एक ऐसा समुच्चय है जो गलत या अधूरी सूचना पर आधारित है तथा जिसे पूरे समूह के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

36. Which of the following is not true about the Consituent Assembly?
निम्नलिखित में से कौन सा संविधान सभा के संबंध में सही नहीं है?

(a) The Assembly had many members who were not with the Indian National Congress/सभा में कई सदस्य थे जो भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के साथ नहीं थे।
(b) The Assembly represented memebrs from different social groups/सभा ने विभिन्न सामाजिक समूहों से आए सदस्यों का प्रतिनिधित्व किया।
(c) Members of the Assembly believed in different ideologies/सभा के सदस्य विभिन्न विचारधाराओं में विश्वास करते थे।
(d) The Assembly only had male members/सभा में केवल पुरूष सदस्य थे।

Ans. (d) : कैबिनेट मिशन की संस्तुतियों के आधार पर भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली संविधान सभा का गठन जुलाई, 1946 ई. में किया गया।
संविधान सभा के संबंध सही कथन–
- संविधान सभा में महिलाओं की संख्या 15 थी।
- संविधान सभा में कई सदस्य थे जो भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के साथ नहीं थे।
- संविधान सभा के सदस्य विभिन्न विचार धाराओं में विश्वास करते थे।
- 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक नई दिल्ली स्थित कौंसिल चैम्बर के पुस्तकालय भवन हुई।
- सच्चिदानन्द सिंहा को सभा का अस्थायी अध्यक्ष तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सभा का स्थायी अध्यक्ष चुना गया।

नोट ⇒ विकल्प (D) गलत है क्योंकि सभा में केवल पुरूष सदस्य नही थे, सभा में 15 महिला सदस्य भी थी।

37. The Preamble of Indian Consitution ensure which two kinds of equality to all citizens?
भारतीय संविधान की प्रस्तावना सभी नागरिकों को किन दो प्रकार की समानता सुनिश्चित करता है?

(a) Status and Opportunity/प्रतिष्ठा और अवसर
(b) Income and Wealth/आय और धन
(c) Property and Status/संपत्ति और प्रतिष्ठा
(d) Opportunity and Income/अवसर और आय

Ans. (a) : भारतीय संविधान की प्रस्तावना सभी नागरिकों को प्रतिष्ठा और अवसर नामक दो प्रकार की समानता प्रदान कराता है। संविधान की प्रस्तावना का प्रस्ताव 13 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा में जवाहरलाल नेहरु द्वारा पेश किए गए उद्देश्य प्रस्ताव के आधार पर 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 ई. के द्वारा इसमें 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' और 'राष्ट्र की अखण्डता' शब्द जोड़ा गया। प्रस्तावना में मुख्य शब्द – प्रभुत्वसम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य हैं।

38. 'Legislature and Executive cannot interfere with the work of the Judiciary'. This statement stands for which principle of the Indian Constitution?
'विधायिका और कार्यपालिका, न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं।' यह कथन भारतीय संविधान के किस सिद्धांत को दर्शाता है?

(a) Judicial Review/न्यायिक समीक्षा
(b) Basic Structure Doctrine/आधारभूत संरचना का सिद्धांत
(c) Separation of Powers/शक्तियों का बँटवारा
(d) Judicial Activism/न्यायिक सक्रियता

Ans. (c) : विधायिका और कार्यपालिका, न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं यह कथन भारतीय संविधान के शक्तियों का बँटवारा सिद्धांत को दर्शाता है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय का उद्घाटन 28 जनवरी 1950 को किया गया था। इसने भारत के सधीय न्यायालय की स्थापना की, जो कि भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत स्थापित किया गया।
भारतीय न्यायपालिका की संरचना तीन स्तरीत है–
- उच्चतम न्यायालय
- उच्च न्यायालय
- अधीनस्थ न्यायालय

नोट ⇒ भारत के एक उच्चतम न्यायालय है और 25 उच्च न्यायालय हैं।

39. Read the statements (A) and (B) and choose the arppropriate option.
(A) There is no official religion of Indian state.
(B) There is provision of reservation in government jobs for religious minorities.
कथन (A) और (B) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) भारतीय राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नहीं हैं।
(B) सरकारी नौकरियों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का प्रावधान है।

(a) (A) and (B) are true/(A) और (B) सही हैं
(b) (A) and (B) are false/(A) और (B)गलत हैं
(c) (A) is true (B) is false/(A) सही है, (B) गलत हैं
(d) (A) is false (B) is true/(A) गलत है, (B) सही हैं

Ans. (c) : भारतीय राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नही है यह कथन सत्य है तथा सरकारी नौकरियों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण है यह कथन गलत हैं सरकारी नौकरियों में SC, ST, OBC, EWS और विकलांगों को आरक्षण दिया गया है जो कि सभी धर्म के लोगों के पिछड़े वर्ग हेतु है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि कथन (A) सही है और कथन (B) गलत है।

40. Which of the following statements are correct with refrence to Bhopal Gas Tragedy?
निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन भोपाल गैस त्रासदी के संबंध में सही हैं?

(a) Union Carbide was taken by surpriced when the tragedy occured./यूनियन कार्बाइड आश्चर्यचकित रह गई थी जब त्रासदी हुई।
(b) Union Carbide cleaned up the toxic chemicals before leaving the country/यूनियन कार्बाइड ले देश छोड़ने से पहले विषैले रसायनों की साफ-सफाई की थी।

(c) Most of those exposed to the poisonus gas came from poor working class families./ जहरीली गैस के संपर्क में आने वाले अधिकांश लोग गरीब कामकाजी परिवारों से थे।

(d) The survivors accepted the compensation given by the company without appealing against the settlement in Supreme Court./इस त्रासदी से जीवित बच निकलने वाले लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय में बिना अपील किये, कंपनी द्वारा दिये गये मुआवजे को स्वीकार किया।

Ans. (c) : भोपाल गैस त्रासदी 2, 3 दिसम्बर 1984 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी यूनियन कार्बाइड के कीटनाशक संयंत्र से 'मिथाइल आइसोसानेट' गैस के रिसाव के कारण हुई थी। इस जहरीली गैस के सम्पर्क में आने वाले अधिकांश लोग गरीब कामकाजी परिवार से थे। इसलिए (C) कथन सही हैं।

41. What is the vision behind the change in nomenclature Civics to Political Science?
नागरिक शास्त्र की नामावली राजनीतिक विज्ञान किए जाने के पीछे क्या दृष्टि है?

(a) To ensure obedience and loyalty among citizens/नागरिकों मे आज्ञाकारिकता एवं निष्ठा को सुनिश्चत करना।

(b) To create civil society who follows rules and regulations/एक ऐसे सभ्य समाज की स्थापना करना जो नियम एवं कानूनों का अनुसरण करे।

(c) To create civil society which is informed, receptive and responsible/एक ऐसे सभ्य समाज की स्थापना करना जो अवगत, ग्रहणशील एवं उत्तरदायी हो।

(d) To create a civil socity according to the universal value of progress/प्रगति के सार्वभौमिक मूल्यों के अनुसार एक सभ्य समाज की स्थापना करना।

Ans. (c) : नागरिक शास्त्र की नामावली राजनीतिक विज्ञान किए जाने के पीछे की दृष्टि है कि एक ऐसे सभ्य समाज की स्थापना करना जो अवगत, ग्रहणशील एवं उत्तरदाई हो। नागरिक शास्त्र से राजनीति विज्ञान शब्दावली में बदलाव विमर्शी नागरिक विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। नागरिक शास्त्र नागरिके के पहलुओं और आवश्यकताओं से संबंधित है, जबकि राजनीति विज्ञान शासन के साथ है।

42. Social Science are inter disciplinary in nature because,

(A) It does not have subject matter of its own.

(B) Issue of social sciences may not be confirmed to the discipline of social sciences.

Choose the correct option.
सामाजिक विज्ञान की प्रकृति अंतः विषय है क्योंकिः

(A) इनकी अपनी कोई विषयवस्तु नहीं होती।

(B) सामाजिक विज्ञान के मुद्दे सामाजिक विज्ञान के कोई एक विषय मे सीमित नहीं हो सकते।

सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A) is true/सिर्फ (A) सही है

(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।

(c) Only (B) is true/सिर्फ (B) सही है

(d) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही है।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान की प्रकृति अंतः विषय है क्योंकि सामाजिक विज्ञान के मुददे सामाजिक विज्ञान के कोई एक विषय में सीमित नही हो सकते है। इसलिए विकल्प (B) सही है और (A) विकल्प गलत है।
सामाजिक विज्ञान की प्रकृति मानव कल्याण से संबंधित है, क्योंकि सामाजिक विज्ञान में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, मृत्युदर को घटाना व जीवन - प्रत्याशा को बढ़ाना आदि मुद्दों को गहनता से अध्ययन किया जाता है।

43. Which of the following chart shows steps in a process:
निम्न में से कौन सा चार्ट एक प्रक्रिया के चरणों को प्रदर्शित करता है?

(a) Tabulation chart/सारणीबद्ध चार्ट

(b) Narrative outline/कथनात्मक रूपरेखा

(c) Classification chart/वर्गीकरण चार्ट

(d) Flow chart/प्रवाह चार्ट

Ans. (d) : 'प्रवाह चार्ट' एक प्रक्रिया के चरणों को प्रदर्शित करता है। फ्लो चार्ट (जिसे प्रोसेस प्लो डॉयग्राम या प्रोसेस मैप के रूप में भी जाना जाता है) एक प्रक्रिया और उनके अनुक्रम में चरणों का एक आरेख है। गुणवत्ता सुधार में दो प्रकार के प्लो चार्ट का उपयोग किया जाता है। एक उच्च-स्तरीय फ्लोचार्ट, 6-10 प्रमुख चरणों को रेखांकित करता है।

44. Which one of the following are commonly used constructivist methods of teaching social science at elementary level?/निम्न में से कौन-सा प्रारंभिक स्तर पर सामान्य तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाला रचनावादी सामाजिक विज्ञान शिक्षण का तरीका है?

(A) Project work/परियोजना कार्य

(B) Lecture/व्याख्यान

(C) Field trips/क्षेत्र कार्य

(D) Discussion/ परिचर्चा

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)

(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (c) : निम्न में से 'परियोजना कार्य', 'क्षेत्र कार्य' और 'परिचर्चा' प्रारंभिक स्तर पर सामान्य तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले रचनावादी विज्ञान शिक्षण के तरीके हैं। विज्ञान शिक्षा के संबंध में 'रचनावाद' शब्द का अर्थ है कि बच्चों को विज्ञान सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना। रचनावादी परिप्रेक्ष्य में, ज्ञान समझ, आवेदन कौशल, आदि या याद रखना, समझना, आवेदन करना और विश्लेषण करना, आदि की कल्पना नही की जा सकती है, यह एक दूसरे से अलग है क्योंकि कोई भी ज्ञान तब तक संभव नहीं है जब तक कि उसकी ओर से समझ न हो। रचनावाद में ज्ञान का निर्माण होता है और रचनावादी परिप्रेक्ष्य में, सीखना ज्ञान के निर्माण की एक प्रक्रिया है।

45. Consider the four tasks given below and select the taks that are most imortant for thematic planning in a constructivist classroom.
TASK:
(A) Specifying teaching learning activities
(B) Clearly stating learning objectives
(C) Selecting assessment strategies
(D) Including tips on how to pass exminations
Choose the correct option.
निम्नलिखित चार कार्यों पर ध्यान दें और उन कार्यों का चयन करें जो रचनावादी कक्षा में विषय योजना बनाने हेतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं।
(A) शिक्षण अधिगम गतिविधियों को विशेष रूप से उल्लेखित करना
(B) स्पष्ट रूप से अधिगम उद्देश्यों को बताना
(C) आँकलन के तरीकों का चयन करना
(D) परीक्षा में सफल होने के लिये उपयोगी सूचनाऐं शामिल करना।
सही विकल्प का चयन करें।
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (a) : 'शिक्षण अधिगम गतिविधियों को विशेष रूप से उल्लेखित' करना, 'स्पष्ट रूप से अधिगम उद्देश्यों की बताना' और 'आँकलन के तरीकों का चयन करना' रचनावादी कक्षा में विषय योजना बनाने हेतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य हैं रचनावादी कक्षा में शिक्षार्थी समूह में अंतः क्रिया करते हैं तथा कक्षा में सक्रिय रूप से कार्य करते है।
रचनावादी कक्षाकक्ष निम्नलिखित को प्राथमिकता देता है–
- मित्र शिक्षक
- सामूहिक गतिविधि
- आत्म मूल्यांकन
- गरिमापूर्ण चर्चा
- सहकारी शिक्षा
- बातचीत में आपने सामने

पाठ योजना – अध्यापक एक पाठ को पढ़ाने के लिए उसे कई छोटी-छोटी इकाईयों में बांट लेते है और एक इकाई की विषय-वस्तु को एक कालांश में पढ़ाता है इस विषय वस्तु को पढ़ाने के लिए एक विस्तृत रूप रेखा तैयार करनी पड़ती है, जिसे दैनिक पाठ योजना कहा जाता है।

46. Which of the following is not a specific objective in the teaching of the concept of 'Eclipses'.
निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य 'ग्रहण' की अवधारणा के शिक्षण मे विशिष्ट उद्देश्य नहीं हैं?
(a) Learners will be able to explain how eclipse occurs./ग्रहण कैसे होते हैं- विद्यार्थी इस प्रक्रिया को समझा पायेंगे।
(b) Learners will be able to develop awareness about physics world./विद्यार्थी भौतिक दुनिया के बारे में जागरूकता विकसित कर पायेंगे।
(c) Learners will be able to draw diagrams to represent an eclipse./विद्यार्थी ग्रहण का वैचारिक प्रतिरूप आरेखों के द्वारा दिखा पायेंगे।
(d) Learners will be able to demonstrate how an eclipse occures with a model./विद्यार्थी, ग्रहण कैसे होते हैं, मॉडल के माध्यम से दर्शा पायेंगे।

Ans. (b) : विद्यार्थी भौतिक दुनिया के बारे में जागरूकता विकसित कर पायेंगे। यह कथन उद्देश्य 'ग्रहण' की अवधारणा के शिक्षण में विशिष्ट उद्देश्य नही हैं।
ग्रहण की अवधारणा के शिक्षण में विशिष्ट उद्देश्य है–
- ग्रहण कैसे होते है–विद्यार्थी इस प्रक्रिया को समझ पायेंगे।
- विद्यार्थी, ग्रहण का वैचारिक प्रतिरूप आरेखों के द्वारा दिखा पायेंगे।
- विद्यार्थी, ग्रहण कैसे होता है, मॉडल के माध्यम से दर्शा पायेंगे।

47. To strengthen the concept of markets and their functions, a teacher has three topics in her unit plan.
(A) Markets and value addition
(B) Neighbourhood markets
(C) Chain of markets
Which of the following seqeunce of teaching is most suitable?
बाज़ारों और उनकी कार्य-विधियों की संकल्पना को सुदृढ़ करने के लिए, एक शिक्षण के पास उसकी इकाई योजना (यूनिट प्लान) में तीन विषय हैं।
(A) बाजार और मूल्य वृद्धि (वैल्यू एडिशन)
(B) मोहल्ले के बाजार
(C) बाज़ारों की शृंखला
निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण का अनुक्रम अति उपयुक्त है?
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (A)/(B), (C) और (A)
(c) (B), (A) and (C)/(B), (A) और (C)
(d) (A), (C) and (B)/(A), (C) और (B)

Ans. (b) : बाजारों और उनकी कार्य विधियों की संकल्पना को सुदृढ़ करने के लिए, एक शिक्षक के पास उसकी इकाई योजना (यूनिट प्लान) में तीन विषय निम्न है–
इनका शिक्षण अनुक्रम निम्न है।
A. मोहले के बाजार
B. बाजारों की शृंखला
C. बाजार और मूल्य वृद्धि।

48. _____ plan contains all curricular and co-curricular activities in social science to be taken in the specified academic year.
_____ योजना सामाजिक विज्ञान की सारी पाठ्यचर्यागत और पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों का संकलन होती है जो कि उस विशिष्ट शैक्षिक वर्ष में संचालित किए जाते हैं।
(a) Weekly/साप्ताहिक (b) Daily/दैनिक
(c) Unit/इकाई (d) Annual/वार्षिक

Ans. (d) : 'वार्षिक योजना' सामाजिक विज्ञान की सारी पाठ्यचर्यागत और पाठ्यसहगामी क्रियाकलापों का संकलन होती है जो कि उस विशिष्ट शैक्षिक वर्ष में संचालित किए जाते हैं। यह शिक्षण की ऐसी दीर्घ कालीन योजना है जो विद्यालय में पूरे एक सत्र के लिए बनाई जाती है। वार्षिक योजना में शिक्षक सम्पूर्ण सत्र की विभन्न गतिविधियों का ब्यौरा रखता है।

वार्षिक योजना का महत्त्व :–

- वार्षिक योजना से सत्रभर के शिक्षण कार्य को एक निश्चित दिशा मिलती है।
- शिक्षक के आत्म मूल्यांकन में सहायक है।
- शिक्षक विषय की समुचित तैयारी कर सकता हैं।
- छात्रों को सत्र की समस्त गतिविधियों का प्रतिबिम्ब सत्र के प्रारम्भ में ही मिल जाता है।

49. Consider the following statements and choose the correct option.
While teaching gender roles, a teacher should _____.

(A) Suggest different professions for boys and girls
(B) Offer different education for boys and girls
(C) Challenge stereotypes in everyday life

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।
जेंडर (लैंगिक) भूमिकाओं को सिखाते समय, एक शिक्षक को _____ ।

(A) लड़के और लड़कियों को अलग व्यवसायों को अपनाने का सुझाव देना चाहिये।
(B) लड़के-लड़कियों को अलग-अलग शिक्षा देनी चाहिये।
(C) दैनिक जीवन में जेंडर (लैंगिक) रूढ़ियों को चुनौती देनी चाहिए।

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (A)/केवल (A)
(d) Only (C)/केवल (C)

Ans. (d) : जेंडर (लैंगिक) भूमिकाओं को सिखाते समय, एक शिखक को दैनिक जीवन में जेंडर (लैंगिक) रूढ़ियों को चुनौती देना चाहिए। जेंडर रूढ़िवादिता अपेक्षाकृत स्थिर और अतिव्यापक अभिवृप्ति और व्यवहार को संदर्भित करता है जो किसी व्यक्ति विशेष के लिए उसे जैविक लिंग के आधार पर सामान्य और उपयुक्त माना जाता है। उदाहरण के लिए एक पुरूष कह सकता है कि महिलाएं लड़ाई के लिए नही है, जबकी एक महिला कह सकती की पुरूषा कुछ नहीं करते हैं लेकिन देखते हैं। इस तरह शक भाव जेंडर रूढ़िवादिता का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो लिंग के आधार पर एक पूरे समूह की विशेषताओं के बारे में अतिव्यापक है। जेंडर पक्षपात पर इस तरह की परिचर्चा बच्चों की जेंडर रूढ़िवादिता को कम करने के लिए एक प्रभावी रजनीति है।

50. To do a project on the topic 'challenges faced by women at workplace', which of the following sources will provide primary information?
'महिलाओं को कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों' विषय पर प्रोजेक्ट के लिये, निम्नलिखित में से कौन सा स्रोत प्राथमिक सूचना दे सकते हैं?

(a) Personal Inteviews/व्यक्तिगत साक्षात्कार
(b) Biography/जीवनी
(c) Textbook/पाठ्यपुस्तक
(d) Newspaper/समाचार पत्र

Ans. (a) : 'महिलाओं को कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों विषय पर प्रोजेक्ट करने के लिये, 'व्यक्तिगत साक्षात्कार' स्रोत प्राथमिक सूचना दे सकते हैं। जिन स्रोतों से हमे जानकारी मिलती है उन्हें डेटा/सूचना स्रोत कहा जाता है और इनमे दस्तावेज, मानव, संस्थान, और साथ ही समाचार पत्र, रेडियों और टेलीविजन जैसे बड़े पैमाने पर मीडिया शमिल हो सकते हैं। उनकी सामग्री और रूपों के बावजूद जानकारी के सभी रिकॉर्ड किए गए स्रोत दस्तावेजी स्रोतों के अन्तर्गत आते है।

51. To undertake a project with students, what should be the first step?
छात्रों के साथ प्रोजेक्ट करने के लिये, सबसे पहला कदम क्या होना चाहिए?

(a) Planning data collection/आँकड़े एकत्रण की योजना बनाना।
(b) Locating source of data/आँकड़े के स्रोत को चिह्नित करना
(c) Deciding the objectives/उद्देश्यों का निर्धारण करना।
(d) Analyzing the findings/खोज का विश्लेषण करना।

Ans. (c) : छात्रों के साथ एक प्रोजेक्ट करने के लिए, सबसे पहला कदम उद्देश्यों का निर्धारण करना चाहिए। प्रोजेक्ट विधि की मूल अवधारणा जॉन डीवी के द्वारा दी गई है तथा उनके शिष्य किलपैट्रिक ने दान विधि का प्रतिपादन किया। इस विधि में बालक द्वारा ही किसी समस्या को प्रोजेक्ट द्वारा हल किया जाता है यह उद्देश्य पूर्ण होती हैं। इसमें शिक्षक मार्गदर्शक के रूप में काम करता है।

52. Which of the following questions assesses 'analyzing' skill of learner:

(A) What type of clothes the people of Sahara desert wear?
(B) Climate of Sahara desert is so hot and harsh even then people wear heavy robes why? Discuss with reasons and suitable examples.
(C) 'Present day Sahara once used to be a lush green plain'. How would you examine this statement.

Choose appropriate option.
निम्न में से कौन सा/से प्रश्न अधिगमकर्ता 'विश्लेषण' कौशल का आँकलन करते हैं:

(A) सहारा रेगिस्तान के लोग किस प्रकार के वस्त्र पहनते हैं?

(B) सहारा रेगिस्तान की जलवायु इतनी कठोर और गर्म है तब भी वहाँ पर लोग भारी वस्त्र क्यों पहनते हैं? उपयुक्त कारणों व उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए।

(C) 'आज का सहारा रेगिस्तान एक समय में हरा-भरा मैदान हुआ करता था'। आप इस कथन की जाँच कैसे करेंगे?

उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) and (B)/(A) तथा (B)
(b) (B) and (C)/(B) तथा (C)
(c) (A) and (C)/(A) तथा (C)
(d) (C) only/केवल (C)

Ans. (b) : सहारा रेगिस्तान की जलवायु इतनी कठोर और गर्म है तब भी वहाँ पर लोग भारी वस्त्र क्यों पहनते हैं? उपयुक्त कारणों व उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए और 'आज का सहारा रेगिस्तान एक समय में हरा-भरा मैदान हुआ करता था'। आप इस कथन की जाँच कैसे करेंगे?

इस तरह के प्रश्न अधिगमकर्ता 'विश्लेषण' कौशल का आँकलन करते हैं। विश्लेषणात्मक कौशल सूचना एकत्र करने और विश्लेषण करने, समस्या हल करने और निर्णय लेने की क्षमता का संदर्भ लेते हैं।

निम्नलिखित प्रश्न भी अधिगमकर्ता -विश्लेषण' कौशल का आँकलन करते हैं–

● साक्षरता क्या है? राष्ट्रीय साक्षरता दर से अधिक दर वाले पाँच राज्यों की सूची बनाइए।

● निजी स्वास्थय सविधाओं के कई मायने हो सकते हैं। अपने क्षेत्र को कुछ उदाहरणों की सहायतता से स्पष्ट कीजिए।

53. A social science teacher could use which of the following assessments to understanding why a student is not doing well in geography?

एक सामाजिक विज्ञान शिक्षका निम्नलिखित आंकलन में से कौन सा चुन सकती हैं अगर उन्हें यह समझना हो क्यों एक विद्यार्थी भूगोल में सफल नहीं है?

(a) Placement assessment/स्थापन आंकलन
(b) Summative assessment/योगात्मक आंकलन
(c) Diagnostic assessment/नैदनिक आंकलन
(d) Formative assessment/रचनात्मक आंकलन

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका निम्नलिखित आंकलन में से 'नैदानिक आंकलन' चुन सकती हैं अगर उन्हें यह समझ हो क्यों एक विद्यार्थी भूगोल में सफल नहीं है? नैदानिक मूल्यांकन विधि से शिक्षक/शिक्षिका शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया की शुरुआत में मूल्यांकन करता है।

नैदानिक मूल्यांकन –

● एक नैदानिक मूल्यांकन एक व्यक्ति की कमजोरियों और अध्ययन के एक निश्चित पाठ्यक्रम में शक्तियों को प्रकट करने में मदद करता है।

● यह सभी छात्रों के लिए अधिगम के परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

● नैदानिक मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य अधिगम समस्याओं के कारणों को निर्धारित करना और उपचारात्मक करावाई के लिए योजना तैयार करना है।

54. What approach (es) should be kept in mind while teaching social and political life content. Consider the following two statements and choose the correct answer.

(I) Take a unidirectional approach to teach about social-political issues and concerns.

(II) Avoid contentious contemporary themes that can impact commonness and homogenity in the class.

सामाजिक और राजनीतिक जीवन विषय पढ़ाते समय कौन से/सा उपागम/उपागमों का ध्यान में रखना चाहिए? निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन (I) : सामाजिक-राजनीतिक मामलों और चिंताओं के बारे में पढ़ाने के लिए एकमार्गी उपागम लें।

कथन (II) : कलहप्रिय समकालीन मूल विषयों की उपेक्षा करें जोकि कक्षा में सामूहिकता एवं एकरूपता को प्रभावित कर सकते हैं।

(a) Only (I)/केवल (I)
(b) Only (II)/केवल (II)
(c) Both (I) and (II)/(I) और (II) दोनों
(d) Neither (I) and (II)/(I) और (II) कोई नहीं

Ans. (d) : सामाजिक और राजनीतिक जीवन विषय पढ़ाते समय निम्न उपागमों को ध्यान में रखना चाहिए –

(I) सामाजिक-राजनीतिक मामलों और चिंताओं के बारे में पढ़ाने के लिए बहुमार्गी उपागम ले।

(II) सामाजिक और राजनीतिक संस्थानों का अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए।

(III) सामाजिक और राजनीतिक के मूल सिद्धांतों का अध्ययन करना चाहिए।

(IV) कलहप्रिय समकालीन मूल विषयों की उपेक्षा न करें जो कि कक्षा में सामूहिकता और एक रुपता को प्रभावित कर सकते हैं।

अतः न तो (I) और न ही (II) सही है।

55. Which of the following statements is essential to make social sciences relevant to elementary school students?

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन प्रारंभिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सामाजिक विज्ञान को प्रासंगिक बनाने में अत्यावश्यक है?

(a) 'Provide a plethora of details, facts and information to students'./विद्यार्थियों को भरपूर विवरणों, तथ्यों और सूचना उपलब्ध कराना।

(b) 'Textbook must be seen as the ultimate source of knowledge'./पाठ्यपुस्तक को ज्ञान के परम स्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए।

(c) 'Social sciences do not lend themselves to scientific inquiry hence it is easy'./सामाजिक विज्ञान का वैज्ञानिक परीक्षण संभव नहीं है इसलिए यह सरल है।

(d) 'Social science is indispensible for laying the foundations of an analytical mind'./एक विश्लेषणात्मक मानस की बुनियाद रखने के लिए सामाजिक विज्ञान अपरिहार्य है।

Ans. (d) : निम्नलिखित कथनों में से 'एक विश्लेषणात्मक मानस की बुनियाद रखने के लिए सामाजिक विज्ञान अपरिहार्य है' यह कथन प्रारंभिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सामाजिक विज्ञान को प्रासंगिक बनाने में अत्यावश्यक है। सामाजिक अध्ययन संबंधों और अंतर्सबंधों, इतिहास, भूगोल और सामाजिक विज्ञान का अध्ययन है और सामाजिक विज्ञान एक विश्लेषणात्मक और रचनात्मक मानसिकताा की नींव रखता हैं

उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान :–

- सामाजिक विज्ञान को स्कूल में कक्षा के बाहर के जीवन के साथ एक बच्चे के जीवन से जोड़ना होगा।
- इसमें इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र के विषयों को शामिल किया गया है।
- सामाजिक विज्ञान को पढ़ाने का उद्देश्य मानव जाति और जीवन के अन्य रूपों के रूप में पृथ्वी की समझ विकसित करना है।

56. Consider the following statement and choose the correct option. /निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:

(A) Thematic approach is useful for developing a unit plan./ यूनिट योजना का विकास करने के लिए कथन परक उपागम उपयोगी है।

(R) Societal issues are better udnerstood through the study of interdisciplinary content./अंतर्विषयक विषय-वस्तु के अध्ययन के माध्यम से सामाजिक मामलों को बेहतर समझा जाता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) is false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : यूनिट योजना का विकास करने के लिए कथ्यपरक उपागम उपयोगी है और अंतर्विषयक विषय-वस्तु के अध्ययन के माध्यम से सामाजिक मामलों को बेहतर समझा जाता है। दिया गया दोनों कथन (A) और (R) सही है तथा (A) कथन की व्याख्या (R) कथन करता हैं यूनिट योजना छात्रों के ज्ञान का विस्तार करती है और इसके प्रयोग से छात्रों में चिन्तन तथा तर्क-शक्ति का विकास होता है।

57. To experientially teach about natural vegetation and wildlife, which of the following methods will be the best pedagogical approach? प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन के बारे में अनुभवात्मक रूप से पढ़ाने के लिए, निम्नलिखित विधियों में से कौन सी विधि एक श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री उपागम होगी?

(a) Taking student for a nature walk/विद्यार्थियों को प्रकृतिक भ्रमण के लिए लेकर जाना।

(b) Screening a documentary/वृत्तचित्र का प्रदर्शन

(c) Inviting an expert for a talk/एक विशेषज्ञ को वाचन के लिए आमंत्रित करना।

(d) Having group presentations based on information in the textbook/पाठ्यपुस्तक में उपलब्ध सूचना के आधार पर सामूहिक प्रस्तुतीकरण कराना।

Ans. (a) : प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन के बारे में अनुभावात्मक रूप से पढ़ाने के लिए, 'विद्यार्थियों को प्रकृतिक भ्रमण के लिए लेकर जाना' सभी विधियों में एक श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री उपागम विधि होगी क्योंकि छात्र प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक स्थानों का भ्रमण करके व्यावहारिक रूप से ज्ञान की प्राप्ति करते है और वह ज्ञान स्थायी हो जाता है।

क्षेत्र भ्रमण के उद्देश्य –

(1) क्षेत्र भ्रमण के द्वारा छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देना।

(2) छात्रों को उनके पास के वातावरण एवं संस्कृति आदि से परिचित कराना।

(3) छात्रों को विभिन्न स्थलों तथा दृश्यों की सौन्दर्यानुभूति कराकर वास्तविक अनुभव प्रदान करना।

58. 'Why do you think proper ways of garbage disposal are not available to those living in slums?'

This question attempts to assess a student's ability to:

'अपको क्यों लगता है कूड़े का निपटारण कच्ची बस्तियों में रहने वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं?'

यह प्रश्न प्रयास है छात्र की _____ की क्षमता का आंकलन।

(a) Generalise/सामान्यीकरण करने

(b) Extrapolate and estimate/अनुमान लगाने

(c) Reason/तर्क देने (विवेचना करने)

(d) Imagine/कल्पना करने

Ans. (c) : आपकों क्यों लगता है कूड़े का निपटारण कच्ची बस्तियों के लिए उपलब्ध नहीं है? यह प्रश्न प्रयास है की छात्र तर्क देने (विवेचना करने) की क्षमता का आंकलन कर सके। आंकलन द्वारा यह ज्ञात किया जाता है कि बालक ने शिक्षण के अन्त में वास्ततिक अर्थों में क्या-क्या सीखा है एक अच्छे आंकलन में पाँच गुणों का होना आवश्यक है–

(I) वैद्यता (II) विश्वसनीयता

(III) व्यवहारिकता (IV) मानकीकरण

(V) उपयोगिता

59. In the middle of teaching a topic, a teacher conducts a test to identify conceptual confusions among students. What kind of assessment is she conducting?

एक विषय को पढ़ाने के बीच में शिक्षिका विद्यार्थियों में अवधारणात्मक दुविधाओं को जानने के लिए एक टेस्ट आयोजित करती है।

वह किस प्रकार के आंकलन का आयोजन कर रही है?

(a) Placement assessment/स्थानन आंकलन

(b) Summative assessment/योगात्मक आंकलन

(c) Formative assessment/रचनात्मक आंकलन

(d) Peer assessment/सहपाठी आंकलन

Ans. (c) : एक विषय को पढ़ाने के बीच में शिक्षिका विद्यार्थियों में अवधारणात्मक दुविधाओं को जानने के लिए एक टेस्ट आयोजित करती है, वह शिक्षिका 'रचनात्मक आंकलन' का आयोजन कर रही है। रचनात्मक आंकलन छात्रों को शिक्षा उपागम में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक शृंखला है।

रचनात्मक आंकलन की विशेषताएं –
- यह निदानात्मक और उपचारात्मक है।
- यह जो पढ़ाया जाता है उसे अभिकल्पित करने में छात्रों के पूर्ण ज्ञान और अनुभव का गठन किया जाता है।
- यह छात्रों को उनके अधिगम में सक्रिय भागीदारी के लिए आधार प्रदान करता है।

60. A teacher finds the following levels of performance in a test, after the completion of the topic 'Diversity' and 'Discrimination'.
Student (A), is able to identify prejudice and discrimination in various situations.
Student (B), is able to define prejudice and stereotyping.
Student (C), is able to indicate relevant constitutional provisions for specific acts of discrimination.
Arrange the students performance in the test starting from most conceptually clear.
'विविधता और भेदभाव' विषय के पूरा होने के बाद शिक्षक टेस्ट में प्रदर्शन के निम्नलिखित स्तरों का पता लगाता है।

विद्यार्थी (A) : विविध परिस्थितियों में पूर्वाग्रह और भेदभाव को पहचानने में समर्थ है।
विद्यार्थी (B) : रूढिबद्ध धारणा बनाने और पूर्वाग्रह को परिभाषित करने में समर्थ है।
विद्यार्थी (C) : भेदभाव के विशिष्ट कृत्यों के लिए प्रारंभिक संवैधानिक प्रावधानो की ओर संकेत करने में समर्थ है।

अवधारणात्मक तौर पर अति स्पष्ट से आरंभ करते हुए, टेस्ट में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सुव्यवस्थित कीजिए।
(a) (A), (B), (C) (b) (B), (C), (A)
(c) (C), (B), (A) (d) (C), (A), (B)

Ans. (d) : 'विविधता और भेदभाव' विषय के पूरा होने के बाद शिक्षक टेस्ट में प्रदर्शन के निम्नलिखित स्तरों का पता लगाता है। अवधारणात्मक तौर पर अति स्पष्ट से आरम्भ करते हुए, टेस्ट में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को इस प्रकार सुव्यवस्थित कर सकते है–
(I) विद्यार्थी (C) भेदभाव के विशिष्ट कृत्यों के लिए प्रारंभिक संवैधानिक प्रावधानों की ओर संकेत करने में समर्थ है।
(II) विद्यार्थी (A) विविध परिस्थितियों में पूर्वाग्रह और भेदभाव को पहचानने में समर्थ है।
(III) विद्यार्थी (B) रूढ़िबद्ध धारणा बनाने और पूर्वाग्रह को परिभाषित करने में समर्थ है।
इस प्रकार विकल्प (D) सही सुव्यवस्थित है।

HINDI

1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्न का विकल्प चुनिए।
कहा जाता है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ शरीर के लिए वातावरण का शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। जनसंख्या की बेहिसाब वृद्धि और जनता की बढ़ती माँगों की आपूर्ति के लिए रोजगार और आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति के लिए बढ़ता औद्योगीकरण दोनों ने वातारण को सीमा से अधिक प्रभावित किया है। ऐसी अवस्था में वातारण का शुद्ध रहना स्वयं एक समस्या बन गया है। आज इसीलिए प्रदूषण चाहे वायु का हो, जल का हो अथवा ध्वनि का, एक नितान्त आधुनिक समस्या के रूप में सामने है क्योंकि जिस वातावरण में और जिस वायुमंडल में हम साँस लेते हैं, वह प्रदूषित होता जा रहा है और यह स्थिति केवल भारत की नहीं बल्कि अधिकाँश देशों में प्रदूषण की समस्या विकट होती जा रही है। वैज्ञानिकों का तो यहाँ तक कथन है कि बेहिसाब हो रहे इस प्रदूषण के फणधारी साँप को यदि शीघ्र ही नहीं नियंत्रित किया गया तो आने वाले दशकों में यह पृथ्वी मनुष्य तो क्या किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रह पाएगी, वनस्पतियाँ तक नहीं पनप पाएँगी, प्राणी के जीवन का तो प्रश्न ही नहीं उठता है।

1. गद्यांश के आधार पर स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक है _____।
(a) अच्छा स्वास्थ्य (b) शुद्ध वातावरण
(c) शुद्ध भावनाएँ (d) शुद्ध मनोभाव

Ans. (b) : गद्यांश के आधार पर स्वस्थ शरीर के लिए शुद्ध वातावरण आवश्यक है। क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

2. वातावरण पर बुरा प्रभाव डालने वाले मुख्य कारक हैं _____।
(a) जनता की बढ़ती माँगे तथा पूर्ति
(b) जनसंख्या तथा औद्योगीकरण में वृद्धि
(c) रोजगार की बढ़ती माँग तथा पूर्ति
(d) जनसंख्या में सीमित किन्तु औद्योगीकरण में तीव्र वृद्धि

Ans. (b) : वातावरण पर बुरा प्रभाव डालने वाले मुख्य कारक जनसख्या तथा औद्योगीकण में वृद्धि है। जनसंख्या में बेहिसाब वृद्धि और जनता की बढ़ती माँगों की आपूर्ति के लिए रोजगार और आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति के लिए बढ़ता औद्योगीकरण; दोनों ने वातावरण को सीमा से अधिक प्रभावित किया है।

3. गद्यांश के अनुसार आधुनिक समस्या है _____ ।
(a) वायुमंडल प्रदूषण (b) रोजगार में कमी
(c) जनसंख्या में वृद्धि (d) ग्लोबल वार्मिंग

Ans. (a) : गद्यांश के अनुसार आधुनिक समस्या वायुमंडल प्रदूषण हैं। प्रदूषण चाहे वायु का हो, जल का हो अथवा ध्वनि का, एक नितान्त आधुनिक समस्या के रूप में सामने है।

4. प्रदूषण की समस्या है _____ ।
(a) केवल भारत में
(b) केवल एशियाई देशों में
(c) संसार के अधिकतर देशों में
(d) संसार के कुछ ही देशों में

Ans. (c) : प्रदूषण की समस्या संसार के अधिकतर देशों में है। वैज्ञानिकों का तो यहाँ तक कथन है कि बेहिसाब हो रहे इस प्रदूषण के फणधारी साँप को यादि शीघ्र ही नहीं नियंत्रित किया गया तो आने वाले दशकों में यह पृथ्वी मनुष्य तो क्या किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रह पाएगी।

5. गद्यांश में बेहिसाब बढ़ते प्रदूषण की तुलना किससे की है?
(a) फणधारी साँप से (b) गिरगिट से
(c) बिच्छू से (d) अजगर से

Ans. (a) : गद्यांश में बेहिसाब बढ़ते प्रदूषण की तुलना फणधारी साँप से की गयी है।

6. 'आने वाले दशकों में यह पृथ्वी मनुष्य तो किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रह पाएगी।'
वाक्य का भाव है -
आने वाले वर्षों में -
(a) पृथ्वी से मनुष्य का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा
(b) पृथ्वी से जंतुओं का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा
(c) पृथ्वी से सभी प्रकार के जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा
(d) मनुष्य के अस्तित्व पर कोई आँच नहीं आएगी

Ans. (c) : दिये गये गद्यांश के अनुसार प्रश्नगत वाकय का भाव है पृथ्वी से सभी प्रकार के जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

7. 'नियंत्रित' शब्द में प्रत्यय है-
(a) त (b) त्रित
(c) यंत्रित (d) इत

Ans. (d) : 'नियंत्रित' शब्द में 'इत' प्रत्यय है। प्रत्यय वे शब्द हैं जो शब्दों के अन्त में जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

8. 'दशक' में समास का भेद बताइए।
(a) द्वंद्व (b) तत्पुरूष
(c) द्विगु (d) बहुब्रीहि

Ans. (c) : 'दशक' में द्विगु समास है। जिस समास का पूर्वपद संख्याबोधक हो, वह द्विगु समास कहलाता है। समास के मुख्यतः छः भेद होते है।
(I) अव्ययी भाव (II) तत्पुरूष (III) द्वंद्व (IV) कर्मधारय (V) द्विगु (VI) बहुब्रीहि समास।

9. समूह से भिन्न शब्द हैः
(a) आधुनिक (b) आवश्यक
(c) स्वस्थ (d) स्वास्थ्य

Ans. (d) : स्वास्थ्य शब्द समूह से भिन्न शब्द हैं स्वास्थ्य शब्द गद्यांश में नहीं दिया गया है। अन्य सभी विकल्प गद्यांश में हैं।

दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्न का विकल्प चुनिए।

रक्तपात पर अड़ा नहीं यह,
दया-दंड मे जड़ा हुआ।
खड़ा नहीं पशु-बल के ऊपर,
आत्म-शक्ति से बड़ा हुआ।
इसको छोड़ कहाँ वह सच्ची,
विजय-वीरता ठहरें।
भारत का झंडा फहरे।

10. कविता में किसकी कामना की गई है?
(a) वीरता के गान की
(b) भारत के झंडे को फहराने की
(c) आत्म-शक्ति के गुणगान की
(d) दया-दंड के गुणगान की

Ans. (b) : दिये गये काव्यांश में भारत के झण्डे को फहराने की कामना की गई है।

11. भारत के झंडे को फहराने से तात्पर्य है-
(a) विजय गाथा (b) गणतंत्र दिवस
(c) कीर्ति गान (d) स्वतंत्रता

Ans. (d) : उपर्युक्त काव्यांश में भारत के झंडे को फहराने से तात्पर्य स्वतन्त्रता से है।
अन्य विकल्प संगत नहीं है।

12. भारतीयों को स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किस मार्ग को अपनाने के लिए प्रेरित किया है?
(a) युद्ध (b) अहिंसा
(c) शक्ति-प्रदर्शन (d) आत्म-समर्पण

Ans. (b) : कविता में कवि ने भारतीयों को स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए अहिंसा के मार्ग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया है।

13. 'दया-दंड' के माध्यम से किस ओर संकेत किया गया है?
(a) कठोर दंड (b) विवेकपूर्ण न्याय
(c) दया भाव (d) अन्याय

Ans. (b) : दिये गये काव्यांश के अनुसार 'दया-दंड' के माध्यम से विवेकपूर्ण न्याय की ओर संकेत किया गया है।

14. समूह से भिन्न शब्द है-
(a) वीरता (b) दया
(c) शक्ति (d) भारत

Ans. (d) : समूह से भिन्न शब्द भारत है। भारत शब्द में व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान अथवा वस्तु के नाम का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं जैसे – जयपुर, अमेरिका, रामायण, इत्यादि।
अन्य विकल्पों में वीरता, दया, शक्ति भाववाचक संज्ञा के अन्तर्गत आते हैं।

15. 'विजय' शब्द का विलोम है-
(a) पराजय (b) हार
(c) आक्रांत (d) ध्वस्त

Ans. (a) : विजय शब्द का विलोम पराजय है।

शब्द	विलोम
हार	जीत
आक्रान्त	अनाक्रान्त
ध्वस्त	निर्माण

16. संगीता अपनी कक्षा में उन स्थितियों पर आधारित वास्तविक गतिधियाँ करवाती है जो विद्यार्थियों के जीवन अनुभवों से संबंधित है। वह किस शिक्षण विधि का अनुसरण कर रही है?
(a) श्रव्य भाषिक विधि
(b) व्याकरण अनुवाद विधि
(c) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण
(d) संरचनात्मक मौखिक उपागम

Ans. (c) : संगीता अपनी कक्षा में उन स्थितियों पर आधारित वास्तविक गतिविधियाँ करवाती है जो विद्यार्थियों के जीवन अनुभवों से संबंधित है। वह सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण का अनुसरण कर रही है। इसमें भाषा का प्रमुख काम सम्प्रेषण करना होता है।

17. प्रत्यक्ष विधि के संबंध में कौन-सा कथन सही है?
(a) प्रत्यक्ष विधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक स्थितियों में भाषा प्रयोग में मदद करना नहीं है।
(b) प्रत्यक्ष विधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कक्षा में भाषा प्रयोग के लिए मदद देना है
(c) प्रत्यक्ष विधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक स्थितियों में भाषा प्रयोग में मदद करना है।
(d) प्रत्यक्ष विधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का अनुवाद करके भाषा व्याकरण व शब्द भंडार के प्रयोग में मदद करना है।

Ans. (c) : प्रत्यक्ष विधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक स्थितियों में भाषा प्रयोग में मदद करना है। क्योंकि इसमें वस्तुओं को प्रत्यक्ष रूप में दिखाना होता है। अन्य विकल्प असंगत है।

18. बबीता अपने विद्यार्थियों से आरंभिक ध्वनि (उत्पत्ति) और तुकबंदी को पृथक करवा रही है, इस तरह से वह उनके किस पक्ष को मजबूत कर रही है?

(a) ध्वनि विज्ञान जागरुकता
(b) आकृति विज्ञान जागरुकता
(c) चित्र विज्ञान जागरुकता
(d) व्याकरण के प्रति जागरुकता

Ans. (a) : बबीता अपने विद्यार्थियों से आरम्भिक ध्वनि (उत्पत्ति) और तुकबंदी को पृथक करवा रही है, इस तरह से वह उनके ध्वानि विज्ञान जागरुकता पक्ष को मजबूत कर रही है। ध्वनि विज्ञान जागरुकता उस क्षमता को समाहित करने के लिए आती हैं जिसे उस क्षण से प्राप्त करना चाहते है जिससे हम बोलना सीखते है।

19. किसे 'सारांश पठन' के रूप में भी जाना जाता है?

(a) सरसरी तौर पर पठन (b) बारीकी से पठन
(c) डिकोड करना (d) कूटबद्ध करना

Ans. (a) : सरसरी तौर पर पठन को 'सारांश पठन' के रूप में भी जाना जाता है। सरसरी तौर पर पठन का अर्थ है किसी पाठ को देखकर उसकी विषयवस्तु का पता कर लेना।

20. निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत पाठ्य सामग्री को जल्दी-जल्दी किसी विशिष्ट सूचना के लिए पढ़ा जाता है?

(a) सरसरी तौर पर (b) बारीकी से पठन
(c) डिकोडिंग (d) कूटबद्ध करना

Ans. (b) : बारीकी से पठन विशिष्ट सूचना के लिए पढ़ा जाता है।

21. गीता अपने विद्यार्थियों की परीक्षा की योजना बना रही है। वह उन्हें एक वाक्य देती है और उसमें एक शब्द विशेष को रेखांकित कर देती है। बहुविकल्पीय प्रश्न के माध्यम से वह रेखांकित शब्द के समीपस्थ अर्थ वाले विकल्प को चुनने के लिए कहती है। गीता भाषा के किस उपकौशल की परीक्षा ले रही है?

(a) श्रवण (b) पठन
(c) शब्द भंडार (d) व्याकरण

Ans. (c) : गीता अपने विद्यार्थियों की परीक्षा की योजना बना रही है। वह उन्हे एक वाक्य देती है और उसमें एक शब्द विशेष को रेखांकित कर देती है। बहुविकल्पीय प्रश्न के माध्यम से वह रेखांकित शब्द के समीपस्थ अर्थ वाले विकल्प को चुनने के लिए कहती है। गीता भाषा के 'शब्द भंडार' उपकौशल की परीक्षा ले रही है।

22. प्रेरणा अपने विद्यार्थियों की शब्द संपदा की परीक्षा लेना चाहती है। उसे क्या नहीं करना चाहिए?

(a) बिना किसी संदर्भ के शब्दों के अर्थ पूछना
(b) वाक्य में किसी शब्द को रेखांकित कर उसका समानार्थी पूछना
(c) वाक्य में किसी शब्द को रेखांकित कर उसका विलोमार्थी पूछना
(d) अनुच्छेद से कुछ शब्द देकर, संदर्भ में उनके अर्थ खोजना

Ans. (a) : प्रेरणा अपने विद्यार्थियों की शब्द संपदा की परीक्षा लेना चाहती है उसे बिना किसी संदर्भ के शब्दों के अर्थ वहीं पूछना चाहिए। बिना संदर्भ के बच्चों से अर्थ पूछने से उन्हें भ्रम पैदा होगा। शब्द संपदा के परीक्षण के लिए विकल्प संगत युक्तिया हैं।

23. देबीना अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित अनुच्छेद देती है:

''आज मैं _____ गई और कुछ फल व सब्जियाँ खरीदीं। मैं जानती थी कि बारिश होगी पर मैं _____ लेना भूल गयी और रास्ते में भीग गई।''

वह विद्यार्थियों को सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों के माध्यम से रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए कहती है।

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए देबीना के विद्यार्थियों को क्या करना होगा?

(a) संदर्भ को समझकर सर्वाधिक उपयुक्त शब्द जानना होगा
(b) केवल व्याकरण के नियमों को समझना होगा
(c) वाक्य के वाक्य विन्यास को समझना होगा
(d) पाठ की विषयवस्तु को समझना होगा

Ans. (a) : रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए देबीना के विद्यार्थियों को संदर्भ को समझकर सर्वाधिक उपयुक्त शब्द जानना होगा।

24. प्रत्यक्ष विधि मे व्याकरण किस प्रकार से पढ़ाई जाती है?

(a) आगमनात्मक तरीके से
(b) निगमनात्मक तरीके से
(c) बिना व्याख्या के
(d) कृत्रिम तरीके से

Ans. (a) : प्रत्यक्ष विधि में व्याकरण आगमनात्मक तरीके से पढ़ाई जाती है। आगमनात्मक विधि में विशेष तथ्यों और घटनाओं के अवलोकन और विश्लेषण द्वारा सामान्य नियम या सिद्धान्त बनाए जाते हैं।

25. पाठ्यक्रम डिज़ाइन में प्रस्तुतीकरण अपने-आप में किससे संबंधित है?

(a) वे प्रक्रियाएँ जिनसे कोशविषयक और व्याकरणिक विषयवस्तु का चयन किया जाता है
(b) वे सिद्धान्त जिनसे विषयवस्तु का संयोजन व क्रम निर्धारित किया जाता है
(c) सूचनाएँ प्रस्तुत करने की तकनीक
(d) भाषा शिक्षण की विशिष्ट प्रक्रियाओं का इस्तेमाल करना

Ans. (b) : पाठ्यक्रम डिजाइन में प्रस्तुतीकरण ऐसे सिद्धान्त जिनसे विषयवस्तु का संयोजन व क्रम निर्धारित किया जाता से संबंधित है।

26. वाचन (बोलने) और शारीरिक क्रियाओं के समन्वयन पर आधारित भाषा शिक्षण विधि कौन-सी है?

(a) प्रत्यक्ष विधि (b) समग्र भौतिक प्रतिक्रिया
(c) स्थितिपरक उपागम (d) संरचनात्मक उपागम

Ans. (b) : वाचन (बोलने) और शारीरिक क्रियाओं के समन्वयन पर आधारित समग्र भौतिक प्रतिक्रिया भाषा शिक्षण विधि है। भाषा शिक्षण की एक विधि है जो शिक्षक के कहने या आदेश देने के साथ छात्र की शारीरिक गति के समन्वय को संदर्भित करता है।

27. भाषा की कक्षा का परिवेश किस तरह का नहीं होना चाहिए?

(a) बाल अनुकूल (b) सजीव एवं सक्रिय
(c) संसाधनपूर्ण (d) तानाशाही

Ans. (d) : भाषा की कक्षा का परिवेश तानाशाही नहीं होना चाहिए। 'तानाशाही' से बच्चों में डर का माहौल रहता है। वह प्रश्न पूछने और बात करने से डरेगें। भाषा की कक्षा का परिवेश बाल अनुकूल, सजीव एवं सक्रिय तथा संसाधन पूर्ण होना चाहिए।

28. निम्नलिखित में से किसकी उत्पत्ति भाषा की प्रकृति और सामाजिक संदर्भ में पाठ्य सामग्री की भूमिका के 'विधा सिद्धान्त' से हुई है?

(a) पाठ्य सामग्री आधारित निर्देश
(b) समग्र भाषा
(c) विषयवस्तु आधारित निर्देश
(d) परामर्शकोश (सजस्टोपीडिया)

Ans. (a) : पाठ्य सामाग्री आधारित निर्देश की उत्पत्ति भाषा की प्रकृति और सामाजिक संदर्भ में पाठ्य सामग्री की भूमिका के 'विधा सिद्धान्त' से हुई है। शिक्षा बालक के भावी जीवन का आधार तैयार करती है। यदि शिक्षा के प्रत्येक सोपान में बालक को उचित शैक्षिक निर्देशन मिलता है, तो उसका व्यावहारिक व्यावसायिक एवं आर्थिक जीवन सफल, सुखी एवं संतुष्ट होता है।

29. भाषा के विविध प्रकार जो दूसरों से केवल उच्चारण में ही भिन्न नहीं होते, बल्कि शब्द भंडार, व्याकरण और शब्द क्रम में भी भिन्न होते हैं, उन्हें किस रूप में जाना जाता है?

(a) बोली (b) उच्चारण लहजा
(c) अपबोली (d) विशिष्ट शब्दावली

Ans. (a) : भाषा के विविध प्रकार जो दूसरों से केवल उच्चारण में ही भिन्न नहीं होते, बल्कि शब्द भंडार, व्याकरण और शब्द क्रम में भी भिन्न होते हैं, उन्हें 'बोली' के रूप में जाना जाता है।

30. 'आर्मी विधि' और किस नाम से जानी जाती है?

(a) श्रव्य भाषिक विधि
(b) प्रत्यक्ष विधि
(c) परामर्शकोश (सजस्टोपीडिया)
(d) समग्र भौतिक प्रतिक्रिया

Ans. (a) : 'आर्मी विधि' श्रव्य भाषिक विधि के नाम से जानी जाती है। यह अग्रेंजी भाषा शिक्षण की एक विधि है जो पढ़ने और लिखने से पहले बोलने और सुनने के शिक्षण पर जोर देती है।

ENGLISH

Read the passage given below and answer the question that follow

1. Our locality was predominantly Muslim, but there were quite a few Hindu families too, living amicably with their Muslim neighbours. There was a very old mosque in our locality where my father would take me for everning prayers. I had not the faintest idea of the meaning of the Arabic prabic prayers chanted, but I was totally convinced that they reached God.
2. When my father came out of the mosque after the prayers, people of different religions would be sitting outside, waiting for him. Many of them offered bowls of water to my father who would dip his fingertips in them and say a prayer. This water was then carried home for invalids. I also remember people visiting our home to offer thanks after being cured. My father alywas smiled and asked them to thank Allah, the benevolent and merciful.
3. The high priest of Rameshwaram temple, Pandit Lakshamana Sastry, was a very close friend of my father's. One of the most vivid memories of my early childhood is of the two men,each in his traditional attire, discharging spiritual matters.
4. When I was old enough to ask questinos, I asked my father about the relevance of prayer. My father told me there was nothing mysterious about prayer. Rather, prayer made possible a communion of the spirit between people. "When you pray", he said, "you transcend your body and become a part of the cosmos, which knows no division of wealth, age, caste, or creed." My father could convey complex spiritual concepts in very simple, down-to-earth Tamil.

1. The word 'predominantly' (para 1) means:

(a) dominated by (b) all pervading
(c) surrounded by (d) isolated

Ans. (a) : According to the passage, the word 'Predominantly' (Para-I) means 'dominated' which means 'Govern'.
Thus, the correct answer is option (a).

2. The word 'amicably' as used in (para 1) means:

(a) sincerely (b) generously
(c) wisely (d) harmoniously

Ans. (d) : According to the passage, the word 'Amicably' as used in (Para-I) means 'Harmoniously' which means 'Affable'.
Thus, the correct answer is option (d),

3. The fact that people came with water bowls to his father for his blessings show that he was:

(a) a spiritual leader
(b) a powerful man
(c) a religious fanatic
(d) deeply respected and reversed

Ans. (d) : According to the passage, in para-2 show the fact that people come with water bowls to his father for his blessings show that he was deeply respected and reversed.
Thus, the correct answer is option (a).

4. Writer's father was a secular man as:

(a) he was the neighbor of a Hindu priest.
(b) he was approached by people of all religions for prayers for those sick and suffering.
(c) he was a pious Muslim and never forgot his prayers.
(d) he would always talk about spirituality

Ans. (b) : According to the passage, the most appropriate answer is option (b) because writer's father was a secular man as he was approached by people of all religions for prayers for those sick and suffering.

5. According to father , prayer helped one to:

(a) get whatever one desired
(b) connect with other people around oneself
(c) achieve greatness
(d) become successful and wealthy

Ans. (b) : According to father, prayer helped one to connect with other people around oneself. In para-3, prayer made possible a communion of the spirit between people.
Thus, the correct answer is option (b).

6. The word 'transcend' (para 4) means:
(a) to go beyond (b) to rise
(c) to move away (d) to pass by

Ans. (a) : According to the passage, the word 'transcend' (Para-4) means 'to go beyond'. Other words give different meaning, are –
– 'To move away' means to leave a place to live elsewhere.
– To pass by means 'abandon'
Thus, the correct answer is option (a).

7. According to writer's father prayers were a way of promoting:
(a) social norms
(b) harmony and equality
(c) barriers and class distinction
(d) religious disharmony

Ans. (b) : According to passage, the most appropriate answer is option (b) because according to writer's father prayers were a way of promoting 'harmony and equality'.

8. Which part of the following sentence contains an error?
Kalam's father (A) tell him (B) about (C) power of prayer (D)
(a) option (A) (b) option (B)
(c) option (C) (d) option (D)

Ans. (b) : In part (b) of the given sentence 'told' will be used in place of 'tell' because passage in past tense.
Hence Past Tense Verb (V^2) will be used.
Structure – $S + V^2 + O$
Thus, the correct sentence should be 'Kalam's father told in about power of prayer'.

Read the passage given below and answer the question that follow:

1. After handing the first batch of thank you notes to my neighbours, I spent a few days trying to remember times when other neighbours had done something nice for me. And funnily neough, I started noticing different acts of kindness that were happening in real time. There was the driver who had waited for me as I bolted down the street to catch his shuttle bus. There was the cashier at a supermarket who chased me with a bag of groceries I'd left behind.
2. One the day I delivered my thank you note to this cashier at the supepermarket, my mother mother-in-low, Louise, dropped off a week's worth of food. At first I thought, Louise is not technically a neighbor, but if I was going to thank grocer Pete for three minutes of his time, I needed to acknowledge Louise for hours of here.
3. Similarly in the ensuing months, I wrote notes to friends, doctors, career mentors, and parenting role models, I also dashed off missives to my husband, Jake, as well as my siblings, in-laws and parents. And I found that doing so changed the fundamental dynamics of these relationships in small but impactful ways. I was smoothing out any prickly bumps and adding a new shine to it. It is a powerful thing, I learnt, to fully appreciate and feel fully appreciated by the people closest to me.

9. The change that came over the writer while the thank you notes was that she started:
(a) getting new ideas
(b) becoming more aware of the kind behaviour of people
(c) becoming a kinder person
(d) leaning new ways of commnunicating with people

Ans. (b) : According to the passage, the change that came over the writer while the thank you notes was that she started 'becoming more aware of the kind behaviour of people'.
Thus, the correct answer is option (b).

10. She appreciated the bus driver for waiting for her to:
(a) cross the road (b) climb onto the bus
(c) drive past (d) buy her groceries

Ans. (b) : According to the passage, She appreciated the bus driver for waiting for her to climb onto the bus. In Para -1 show, there was the driver who had waited for me I bolted down the street to catch his shuttle bus.
Thus, the correct answer is option (b).

11. The cashier at the supermarket ran after her because she had:
(a) not paid him
(b) not taken the change
(c) lifted some objects from his shop
(d) forgotten to pick up her bag of groceries

Ans. (d) : According to the passage, the cashier at the supermarket ran after her because she had forgotten to pick up her bag of groceries.
Thus, the correct answer is option (d).

12. Pete was:
(a) the bus driver (b) the grocer
(c) a neighbour (d) a friend

Ans. (b) : According to the passage, Pete was the grocer. it is indicate in para-2.
Thus, the correct answer is option (b).

13. I need to acknowledge Louise for 'hours of hers'. This refers to the hours:
(a) Spend by Louise to travel to the writer's house
(b) Louise had spent planning the menu for her
(c) Louise had spent cooking the dishes for her
(d) Louise had spent thinking of her

Ans. (c) : According to the passage, 'I need to acknowledge Louise for 'hours of hers'. Louise had spent cooking the dishes for her". (Para-2)
Thus, the correct answer is option (c).

14. Writing notes to family and friends changed a lot of things for the writer by:
(a) making the bonds stronger
(b) making her appreciate others and be appreciated by them
(c) making her love everyone around her
(d) making her compassionate

Ans. (b) : According to the passage, writing notes to family and friends changed a lot of things for the writer by 'making her appreciate others and be appreciated by them'.
Thus, the correct answer is option (b).

15. The driver waited <u>while</u> I bolted down the street. The underlined word in this sentence is an example of:
(a) preposition (b) pronoun
(c) conjuction (d) verb

Ans. (c) : The above underlined word in this sentence is an example of 'conjunction'. It is a word that is used for joining other words, phrases or sentences.
Thus, the correct answer is option (c).

16. _____ is based on the way children learn languages.
(a) Grammar Translation
(b) Communicative Language teaching
(c) Structural approach
(d) Role playing method

Ans. (b) : Communicative language teaching (CLT) is based on the way children learn language. It is an approach that aims to achieve communicative rather than linguistic competence through learner interaction.
Thus, the correct answer is option (b).

17. _____ is an important early reading skill in all students.
(a) Phonological awareness
(b) Morphological awareness
(c) Graphological awareness
(d) Grammar awareness

Ans. (a) : Phonological awareness is an important early reading skill in all students.
Phonological awareness is the ability to recognize and manipulate the spoken parts of sentences and words.
Thus, the correct answer is option (a).

18. Before beginning a language lesson Nidhi discusses the meanings and contexts of the new words that the students would encounter in the next. What is Nidhi doing?
(a) She is creating a scaffold so that her students understand the lesson better.
(b) She creating fear in students so that they understand the seriousness of the topic for exams.
(c) She is reating a sense of ease so that students know this is not an important aspect.
(d) She is creating a belief so that students feel that only word meanings are important in the lesson.

Ans. (a) : Before beginning a language lesson, a teacher discusses the meaning and contents of the new words that the students would encounter in the next. This act is creating a scaffold so that her students understand the lesson better.
Thus, the correct answer is option (a).

19. Parvati is calculating the discriminaiton level of the test questions. In one of her questions she notices the discriminaiton level has a value of 18%. What should Parvati do to the item?
(a) The item should be kept in the test
(b) The item should be discarded from the test
(c) The item is moderately discriminating for the test
(d) The item is a bad question for the test

Ans. (a) : The item should be kept in the test when a teacher is calculating the discriminaiton level of the test questions.
Thus, the correct answer is option (a).

20. _____ refers to theories about the nature of language learning that serves as a source of practice.
(a) Approach
(b) Method
(c) Instruction
(d) Technique

Ans. (a) : 'Approach' refers to theories about the nature of language learning that serves as a source of practice.
Thus, the correct answer is option (a).
<u>Method :–</u> A method is as a way of doing things it deals with the 'how' of teaching. The methodology of language teaching indicates the sequence to be followed in a language task activity and the role of the learners and the teachers in it.

21. In the Direct method, teachers are:
(a) allowed to use some elements of the native language
(b) not allowed to use any native language at all
(c) allowed to explain using native language
(d) not allowed to give grammar exercises

Ans. (b) : In the Direct Method, teachers are not allowed to use any native language at all.
<u>Direct Method</u> :– it is also known as natural Method. It was developed as a reaction to the grammar-translation method and is designed to take the learner into the domain of the target language in the most natural manner. It main objective to impart a perfect command of a foreign language.
Thus, the correct answer is option (b).

22. During the WWII, _____ method was used by the American soldiers to train their soldiers in foreign languages.
(a) Communicative (b) Audio-lingual
(c) Structural (d) Direct

Ans. (b) : During the WWII, Audio-lingual method was used by the American soldiers to train their soldiers in foreign languages.
<u>Audio-Lingualism</u> :– It is a method of foreign language teaching were the emphasis is on learning grammatical and phonological structure, especially for speaking and listening.
Thus, the correct answer is option (b).

23. In a communicative language classroom emphasis is laid on:
(a) Creativity and Fluency
(b) Fluency and Comprehensibility
(c) Creativity and Comprehensibility
(d) Fluency and Intonation

Ans. (b) : In a communicative language classroom emphasis is laid on fluency and comprehensibility.
- Communicative language Teaching (CLT) is an approach that aims to achieve communicative rather than linguistic competence through learner interaction.
Thus, the correct answer is option (b).

24. Emergent literacy deals with:
(a) Reading and Writing in the early years of a student
(b) Reading and Writing in the middle school
(c) Reading and Writing in Senior School
(d) Reading and Writing in College

Ans. (a) : Emergent literacy deals with reading and writing in the early years of a student.
– Emergent literacy has been defined as those behaviours shown by very young children as they begin to respond to and approximate reading and writing acts.
Thus, the correct answer is option (a).

25. In a classroom, a teacher is providing the students a text and asks them to make predictions on the basis of pictures, headings and quotes of the text, then read the text to check those predictions, then she instructions them to raise questions if they have any doubt and after that clarifies those questions. In the end, the teacher allows them to summarize whatever they have understood. Hence the teacher is applying _____.
(a) Intensive Teaching (b) Extensive Teaching
(c) Reciprocal Teaching (d) Oriented Teaching

Ans. (c) : To above mentioned act known as 'Reciprocal Teaching'. It refers to an instructional activity in which students become the teacher in small group reading sessions.
Thus, the correct answer is option (c).

26. In 'Text Based Instruction' text refers to _____.
(a) printed material in extended form
(b) specifically written documents
(c) structured sequences of language used in specific contexts
(d) conversation in specific contexts

Ans. (c) : Text-Based Instruction (TBI) is an approach that is based on the teaching explicity about the structures and grammatical features of spoken and written texts.
Thus, the correct answer is option (c).

27. In a language classroom, the teacher is distributing some pictures to the students and asking them to describe the pictures in pair. Here, the whole scenario gives the impression of _____.
(a) Skinner's theory (b) Chomsky's theory
(c) Krashen's theory (d) Ashubell's theory

Ans. (c) : In a language classroom, the teacher is distributing some pictures to the students and asking them to describe the pictures in pair. Here, the whole scenario given the impression of 'Krashen's theory'. Krashen, a Linguist, propounded "the theory of second language Acquisition", in which he proposed the fine main Hypothesis, Acquisition Learning, natural order, Monitor and Affective Filter Hypothesis.
Thus, the correct answer is option (c).

28. Culturally Responsive Teacher should NOT focus on:
(a) collaborative learning
(b) active engagement of learners
(c) providing instructions as per students learning style
(d) developing a sene of individualism

Ans. (d) : Culturally Responsive Teachers should focus on collaborative learning, active engagement of learners and providing instructions as per students learning style. Therefore, 'developing a sense of individualism' should not focus on culturally Responsive teacher quality.
Thus, the correct answer is option (a).

29. Consider the statements about Cooperative language learning groups as described by Johnson et al (1994):
(A) Informal cooperative language learning groups are established for a specific task and these groups last from one class period to several weeks.
(B) Formal groups last for few minutes to a class period and which aim to facilitate learning during direct teaching.
(a) (A) is true but (B) is false
(b) (A) is false but (B) is true
(c) (A) & (B) both are true
(d) (A) & (B) both are false

Ans. (d) : The above given both statement are false.
Cooperative learning is the instructional use of small groups through which students work together to maximize their own and each other's learning.
(Johnson et al (1994).
Thus, the correct answer is option (d).

30. Read the following statements about derivational morphemes and choose the correct option:
(A) Normalize and courageous are derivational morphemes.
(B) Derivational morphemes are used to show some aspect of the grammatical function of a word.
(a) (A) is wrong but (B) is right
(b) (A) is right but (B) is wrong
(c) (A) and (B) both are right and (B) is the explanation of (A)
(d) (A) and (B) both are wrong

Ans. (b) : For the above question, statment (A) is right and statement (B) is wrong about derivational morphemes.
Hence option (b) is correct.

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 01-02-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. The course of development of children is:
बच्चों के विकास की प्रक्रिया किस प्रकार की होती है?

(a) Uniform and orderly /एकसमान और क्रमानुसार
(b) Uniform and disorderly
एकसमान और अव्यवस्थित
(c) Individualistic and sequential
व्यक्तिगत व क्रमानुसार
(d) Individualistic and disorderly
व्यक्तिगत व अव्यवस्थित

Ans. (c) : प्रत्येक बच्चा विशिष्ट होता है और प्रत्येक बच्चे की योग्यताएँ एवं क्षमताएँ एक-दूसरे से भिन्न होती हैं तथा विकास एक क्रम में सामान्य से विशिष्ट की ओर होता है। बच्चों के विकास की प्रक्रिया गर्भावस्था से प्रारंभ होती है और जीवन पर्यंत तक चलती रहती है। इसलिए कहा जा सकता है कि बच्चों के विकास की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न एवं व्यक्तिगत व क्रमानुसार होती है।

2. Theorists now prefer to refer of certain periods as 'sensitive periods' rather than 'critical periods' in recognition that:
आजकल सिद्धांतकार 'क्रांतिक अवस्था' के बजाए 'संवेदनशील अवधि' का प्रयोग करते हैं क्योंकि-

(a) Development is dynamic in nature
विकास की प्रकृति गतिशील है।
(b) Development is determined by heredity only
विकास केवल आनुवंशिकता से निर्धारित होता है।
(c) Development is determined by environment only
विकास केवल पर्यावरण द्वारा निर्धारित किया जाता है।
(d) Development is fixed and static/विकास स्थिर और नियत है।

Ans. (a) : वर्तमान समय में या आजकल सिद्धांतकार 'क्रांतिक अवस्था' के बजाए 'संवेदनशील अवधि' का प्रयोग इसलिए करते हैं क्योंकि क्रांतिक अवधि प्रदर्शन को स्थायी रूप से बदल देता है जबकि संवेदनशील अवधि में सीमित समय के दौरान अनुभव अपना प्रभाव डालता है।

3. Naresh and Mukesh are in the same age group yet they show differences in social and cognitive development. It is due to which of the following?
नरेश और मुकेश उम्र में लगभग बराबर हैं, लेकिन दोनों के संज्ञानात्मक व सामाजिक विकास में अंतर है। यह किस सिद्धांत के कारण है?

(a) Cephalocaudal Principle/विकास का शीर्षगामी सिद्धांत
(b) Proximodistal Principle/ विकास का समीपदूराभिमुख सिद्धांत
(c) Principle of Individual differences/व्यक्तिगत भिन्नताओं का सिद्धांत
(d) Principle of Uniformity/एकरुपता का सिद्धांत

Ans. (c) : नरेश और मुकेश उम्र में लगभग बराबर हैं, लेकिन दोनों के संज्ञानात्मक व सामाजिक विकास में अंतर है। यह व्यक्तिगत भिन्नताओं का सिद्धांत के कारण है। इस सिद्धान्त के अनुसार–
प्रत्येक व्यक्ति के सीखने की दर भिन्न-भिन्न होती है, सभी की योग्यता, क्षमता सोचने समझने का स्तर भिन्न-भिन्न होते है अतः इस आधार पर कहा जा सकता है कि कोई भी दो व्यक्ति एक जैसे नहीं हो सकते हैं उनके एक-दूसरे से कुछ न कुछ भिन्नताएँ अवश्य मौजूद होती हैं।

4. Assertion (A) : Delay in achievement of developmental milestone by children can be directly attributed to heredity.
Reason (R) : Environmental factors do not play any role in development.
Choose the correct option.
कथन (A) : बच्चों के विकासात्मक प्रतिमान की उपलब्धि में देरी के लिए सीधे आनुवंशिकता को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।
तर्क (R) : पर्यावरणीय कारक विकास में कोई भूमिका नहीं निभाते हैं।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false.
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : बच्चों के विकासात्मक प्रतिमान की उपलब्धि में देरी के लिए सीधे आनुवंशिकता को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है यह कथन गलत है क्योंकि बच्चों के विकासात्मक प्रतिमान की उपलब्धि में देरी के लिए आनुवंशिकता के साथ-साथ पर्यावरणीय कारक, वातावरण और पोषण आदि को भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। पर्यावरणीय कारक विकास में कोई भूमिका नहीं निभाते हैं यह कथन भी गलत है क्योंकि पर्यावरणीय कारक विकास में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और पर्यावरण विकास पर एक बड़ा प्रभाव डाल सकता है।
अतः (A) और (R) दोनों गलत है।

5. Socialisation of children is:
बच्चों का सामाजीकरण -

(a) A simple and linear process.
एक सरल और रैखिक प्रक्रिया है।
(b) An orderly and well laid out process
एक व्यवस्थित और सुव्यवस्थित प्रक्रिया है।
(c) Is a complex and multidimensional process
एक जटिल और बहु आयामी प्रक्रिया है।
(d) A fixed and static process
एक निश्चित और स्थिर प्रक्रिया है।

Ans. (c) : बच्चों का सामाजीकरण एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें बहुत सी संस्थाएँ और कई कारक बच्चों के उनके जीवन के दौरान बहुत बार प्रभावित करती हैं। इसके साथ ही सामाजीकरण बहु आयामी भी होता है क्योंकि प्राथमिक सामाजीकरण के रूप में परिवार, घर, पास-पड़ोस आदि तथा द्वितीयक सामाजीकरण के रूप में विद्यालय, धर्म-मीडिया आदि बहुत से स्त्रोतों से बच्चा प्रभावित होता है।

6. At which stage of cognitive development do children develop the abilities of inference and abstract logic?/संज्ञानात्मक विकास के किस चरण में बच्चे अनुमान लगाने व अमूर्त चिंतन करने के कौशल हासिल कर लेते हैं?

(a) Sensori-motor/संवेदी चालक
(b) Pre-operational/पूर्व संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

Ans. (d) : संज्ञानात्मक विकास के औपचारिक संक्रियात्मक चरण में बच्चे अनुमान लगाने व अमूर्त चिंतन करने के कौशल हासिल कर लेते हैं तथा इस चरण में बच्चे अमूर्त सिद्धांतों और काल्पानिक संभावनाओं के संदर्भ में सोचना शुरु कर देते हैं। यह अवस्था 11 वर्ष के ऊपर की अवस्था मानी जाती है। जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के चार चरण बताए हैं-
(1) संवेदी गामक अवस्था (0 से 2 वर्ष)
(2) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष)
(3) मूर्त संक्रियात्मक या ठोस अवस्था (7 से 11 वर्ष)
(4) अमूर्त या औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11 वर्ष से ऊपर)

7. In Jean Piaget's theory _____ is said to occur when the child modifies the existing schemas to account for a new experience.
जीन पियाजे के सिद्धांत में _____ जब बच्चा नए अनुभव के लिए मौजूदा स्कीमा को संशोधित करता है, वह प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(a) Accommodation/समायोजन
(b) Organization/संगठन
(c) Metacognition/अभिसंज्ञान
(d) Scaffolding/पाड़

Ans. (a) : जीन पियाजे के सिद्धांत में जब बच्चा नए अनुभव के लिए मौजूदा स्कीमा को संशोधित करता है, वह प्रक्रिया समायोजन कहलाती है। समायोजन तब घटित होता है, जब बच्चे अपने वर्तमान स्कीमाओं में परिवर्तन करके नए अनुभवों के अभिप्राय को समझते हैं। जबकि अभिसंज्ञान से तात्पर्य व्यक्ति की स्वयं की अनुभूति एवं ज्ञान के प्रति जागरूकता से है तथा पाड़ या मचान से तात्पर्य बच्चों को उनकी व्यक्तिगत आवश्कता के अनुरूप संकेतक एवं इशारे प्रदान करने से है।

8. In Jean Piaget's theory, egocentricism refers to:
जीन पियाजे के अनुसार आत्मकेंद्रीयता के क्या मायने हैं?

(a) the ability to consider more than one aspect of the situation at a time./किसी स्थिति के एक से ज्यादा आयाम पर विचार करने की क्षमता।
(b) the tendency to organize thinking processes into psychological structures./सोच प्रक्रिया को मानसिक संरचनाओं के आधार पर संगठित करना।
(c) the use of existing schemas to make sense of the world./मौजूदा स्कीमा का उपयोग करते हुए संसार की समझ बनाना।
(d) the tendency to see the world and the experiences of others from one's own viewpoint./दूसरों के अनुभवों व सांसारिक दृष्टिकोण को अपनी दृष्टि से देखने की प्रवृति।

Ans. (d) : जीन पियाजे के अनुसार आत्मकेन्द्रीयता दूसरों के अनुभवों व सांसारिक दृष्टिकोण को अपनी दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति है। यह संज्ञानात्मक विकास की दूसरी अवस्था अर्थात् पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष) के दौरान बच्चों में उत्पन्न होती है। जिसमें बच्चे यह मानने लगते हैं कि सम्पूर्ण दुनिया उनके इर्द-गिर्द घूमती है और वे जो भी सोचते हैं या कहते हैं वही सही है बाकी सब गलत है।

9. As per Lev Vygotsky, _____ plays a very important role in cognitive development.
लेव वायागोत्सकी के अनुसार, _____ का संज्ञानत्मक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

(a) conditioning/अनुबंधन
(b) reinforcement/पुर्नबलन
(c) cultural context/सांस्कृतिक परिवेश
(d) schema/स्कीमा

Ans. (c) : लेव वायगोत्सकी के अनुसार, सांस्कृतिक परिवेश का संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इन्होंने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। जिसके अनुसार संस्कृति और भाषा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका मानना है कि विभिन्न संस्कृतियों के व्यक्ति सामाजिक अन्तःक्रिया द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार से सीखते हैं। इसलिए सांस्कृतिक उपकरण संज्ञानात्मक विकास और अधिगम के मुख्य निर्धारक हैं।

10. A classroom built on Vygotskian principles would promote:
लेव वायागोत्सकी के सिद्धान्तों पर आधारित कक्षा में किसको महत्वा दी जाएगी?

(a) recitation and recall./सस्वर पाठ व रटने को
(b) collaborative learning./सहयोगात्मक सीखने को
(c) use of rewards and punishment./ईनाम व सजा के उपयोग को
(d) conditioning of responses./प्रतिक्रियाओं के अनुबंधन को

Ans. (b) : लेव वायगोत्सकी के सिद्धांतों पर आधारित कक्षा में सहयोगात्मक सीखने को महत्वा दी जाएगी। वायगोत्सकी की सहयोगात्मक अधिगम युक्तियाँ विद्यार्थियों के सीखने के लिए एक दूसरे की सहायता करने पर केन्द्रित हैं। इसमें दो या दो से अधिक लोग एक साथ कुछ सीखने का प्रयास करते हैं। सहयोगात्मक अधिगम छात्रों को स्वयं करके सीखने का अवसर प्रदान करता है।

11. How many stages of moral development does Lawhrence kohlberg propose in his theory?
लारेंस कोहलबर्ग ने अपने सिद्धांत में नैतिक विकास के कितने चरण प्रतिपादित किए हैं?

(a) 6 (b) 7
(c) 5 (d) 4

Ans. (a) : लारेंस कोहलबर्ग ने अपने सिद्धांत में नैतिक विकास के 6 चरण प्रतिपादित किए हैं। वह अपने सिद्धांत द्वारा दिये गए 3 अवस्थाओं के 6 चरणों को सार्वभौमिक मानते हैं। कोहलबर्ग ने अपने नैतिक विकास के सिद्धांत का प्रतिपादन 3 अवस्थाओं तथा 6 चरणों में विभाजित किया। जो इस प्रकार हैं–
(1) पूर्व परंपरागत नैतिक अवस्था (4 से 10 वर्ष)
(i) आज्ञाकारिता और सजा (ii) आत्म अभिरूचि और प्रतिफल
(2) पारंपरिक नैतिक अवस्था (10 से 13 वर्ष)
(iii) अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास (iv) सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना
(3) उत्तर-परंपरागत नैतिक अवस्था (13 से 16 वर्ष)
(v) सामाजिक अनुबंध और व्यक्तिगत अधिकार (vi) सार्वभौमिक सिद्धांत

12. At which stage of Kohlberg's moral development do individuals believe that fixed rules must be obeyed in order to maintain the social order?
कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस चरण में व्यक्तियों का मानना है कि सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निश्चित नियमों का पालन किया जाना चाहिए?

(a) Instrumental purpose orientation/यांत्रिक सापेक्षता अभिविन्यास
(b) Punishment and obedience orientation/सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास
(c) Law and order orientation/कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
(d) Good boy-good girl orientation/अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास

Ans. (c) : कोहलबर्ग के नैतिक विकास के कानून और व्यवस्था अभिविन्यास चरण में व्यक्तियों का मानना है कि सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निश्चित नियमों का पालन किया जाना चाहिए। इस चरण में सामाजिक नियम और कानून व्यवहार को निर्धारित करते हैं। व्यक्ति इस चरण में सामाजिक कानूनों के एक बड़े परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखता है तथा नैतिक निर्णय लेना दूसरों के साथ घनिष्ठ संबंधों के विचार अधिक हो जाता है।

13. Dancers, athletes and actors possess high _____ as per Howard Gardner's theory.
हावर्ड गार्डनर के सिद्धांत के अनुसार नर्तकियों, धावकों और अभिनेताओं के पास कौनसी बुद्धि अधिक होती है?

(a) Spatial intelligence/स्थानिक बुद्धि
(b) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि
(c) Bodily-Kinaesthetic intelligence/शारीरिक-गति-संवेदनात्मक बुद्धि
(d) Intrapersonal intelligence/अंतरावैयक्तिक बौद्धिकता

Ans. (c) : हावर्ड गार्डनर के सिद्धांत के अनुसार नर्तकियों, धावकों और अभिनेताओं के पास शारीरिक गति-संवदेनात्मक बुद्धि अधिक होती है। शारीरिक-गति-संवेदनात्मक बुद्धि गार्डनर द्वारा दी बुद्धि के प्रकारों में से एक है। यह समस्याओं को हल करने के लिए पूरे शरीर या शरीर के कुछ हिस्सों का उपयोग की क्षमता को दर्शाती है। यह शारीरिक गतिविधियों के समन्वय करने के लिए मानसिक क्षमताओं का उपयोग करने की क्षमता है।

14. A teacher's remark to boys in a co-education class- "Be a man and don't behave like girls' would encourage:
यह-शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी- ''पुरुष बनो और लड़कियों की तरह व्यवहार मत करो'' किसको बढ़ावा देगी?

(a) Gender equity/जेंडर समानता
(b) Gender stereotyping/जेंडर रूढ़िबद्धता
(c) Gender role flexibility/जेंडर भूमिका में लचीलापन
(d) Gender equality/जेंडर समता

Ans. (b) : यह शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी- ''पुरूष बनो और लड़कियों की तरह व्यवहार मत करों'' यह जेंडर रूढ़िबद्धता को बढ़ावा देगी।
लड़के और लड़कियों में जेंडर के आधार पर किया गया भेदभाव जेंडर रूढ़िबद्धता के अन्तर्गत आता है। यह एक अनुचित विचार है जो समाज द्वारा स्थापित किया गया होता है। इसके द्वारा बच्चों को लिंग के आधार पर व्यक्तिगत रूप से विकास के विविध अवसरों से वंचित किया जाता है।

15. Which of the following statements about assessment of children is correct?
बच्चों के आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) Primary purpose of assessment is comparison. मूल्यांकन का प्राथमिक उद्देश्य तुलना है।
(b) Primary purpose of assessment is to generate anxiety and fear./आकलन का प्राथमिक उद्देश्य चिंता और भय उत्पन्न करना है।
(c) Assessment should be carried out using a variety of means./मूल्यांकन विभिन्न साधनों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।
(d) Assessment should not include self-assessment by children./मूल्यांकन में बच्चों द्वारा स्व-मूल्यांकन शामिल नहीं होना चाहिए।

Ans. (c) : आकलन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि कोई बच्चा अधिगम को किस स्तर तक सीखा है या किस स्तर तक अधिगम को ग्रहण करने में समर्थ रहा है। बच्चों का आकलन उनके आगे के अधिगम के लिए सहायता प्रदान करने हेतु योजना के लिए किया जाता है। आकलन सीखने की प्रक्रिया में सुधार की एक प्रक्रिया है एवं बच्चों की प्रगति को अवगत कराने का एक माध्यम भी है। अतः आकलन विभिन्न साधनों का उपयोग करके किया जाना चाहिए यह कथन बच्चों के आकलन के बारे में पूर्णतः सत्य है।

16. Which of the following do NOT follow the spirit of inclusive education?
निम्नलिखित में से कौन समावेशी शिक्षा की भावना का पालन नहीं करता है?

(a) Differentiated instruction/विभेदित निर्देश
(b) Universal design for Learning/सीखने के लिए सार्वभौमिक डिजाइन
(c) Labelling and Segregation/पृथक्कीकरण और नामीकरण
(d) Collaborative learning/सहयोगपूर्ण सीखना

Ans. (c) : पृथक्कीकरण और नामीकरण समवेशी शिक्षा की भावना का पालन नहीं करता है। जबकि विभेदित निर्देश, सीखने के लिए नामीकरण, सहयोगपूर्ण सीखना, भयमुक्त सीखना तथा स्वतंत्र एवं सहज रूप में सीखने से समावेशी शिक्षा की भावना का पालन करता है। समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो सभी के लिए शिक्षा की बात करती हैं समावेशी शिक्षा में बच्चों को एक साथ बैठाकर एक ही स्कूल में शिक्षा प्रदान की जाती है। यह भेदभाव रहित शिक्षा प्रणाली है जो सभी बच्चों के लिए शिक्षा की बात करती है।

17. In a class with students having students from disadvantaged backgrounds whose experiences should a teacher allow to be shared?
वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों वाली कक्षा में एक शिक्षक को किसके अनुभवों को साझा करने की अनुमति देनी चाहिए?
(a) Discourage everyone from bringing their experiences to the class./सभी को अपने अनुभव कक्षा में लाने से हतोत्साहित करना चाहिए।
(b) Encourage only children from dominant groups to share their experiences./केवल प्रभावशाली समूहों के बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(c) Encourage only children from disadvantaged groups to share their experiences./केवल वंचित समूहों के बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(d) Share her own experiences and encourage all children to share their experiences./अपने स्वयं के अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

Ans. (d) : वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों वाली कक्षा में एक शिक्षक को सभी समूहों के बच्चों को अपने अनुभाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने की अनुमति देनी चाहिए। वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों वाली कक्षा में एक शिक्षक को निम्न कार्य करने चाहिए–
(1) उनके बारे में अधिक जानकारी एकत्र करने और उन्हें कक्षा में होने वाली चर्चा में शामिल करें।
(2) पाठ्यचर्या बच्चों के वास्तविक जीवन के अनुभवों से सम्बन्धित होनी चाहिए।
(3) समूह के बीच व्यक्तिगत मतभेदों को दूर करने के लिए अपने सांस्कृतिक ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

18. In order to accommodate a student with locomotor disabilites schools should facilitate access and barrier free environment that includes provisions such as:
शारीरिक गतिक विकलांगता से जूझते छात्रों को समायोजित करने के लिए स्कूलों को पहुंच और बाधा मुक्त वातावरण की सुविधा प्रदान करनी चाहिए जिसमें निम्नलिखित प्रावधन शामिल होः
(i) Wheel chairs/ पहिया कुर्सी/व्हील चेयर
(ii) Walker/ वाकर
(iii) Ramps with hand-rails/ हैंड-रेल के साथ रैंप
(iv) Embossed tiles/ उभरा हुए टाइल
(v) Braille systems/ब्रेल प्रणाली
(a) (i), (ii), (iii) (b) (i), (iii), (iv)
(c) (ii), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

Ans. (a) : शारीरिक गतिक विकलांगता से जूझते छात्रों को समायोजित करने के लिए स्कूलों को पहुँच और बाधा मुक्त वातावरण की सुविधा प्रदान करनी चाहिए जिसमें निम्नलिखित प्रावधान शामिल हो –
(i) पहिया कुर्सी/व्हील चेयर
(ii) वाकर
(iii) हैंड-रेल के साथ रैंप
(iv) भूतल पर कक्षाओं का आयोजन
(v) शौचालय की सुविधाजनक व्यवस्था
(vi) पीने के पानी की उचित व्यवस्था

19. Which of the following are typical identifying characteristics of student with learning disability?
निम्नलिखित में से कौन सी अधिगम अक्षमता से जूझने वाले छात्रों की विशिष्ट पहचान विशेषताएँ हैं?
(a) Omits words or lines in readings; mistakes in spellings/पढ़ने में शब्दों या पंक्तियों को छोड़ देते हैं; वर्तनी में गलती करते हैं।
(b) Cannot see things after a distance of 2 feet दो फीट की दूरी के परे चीज़े नहीं देख सकते।
(c) Perform the same motor action repeatedly एक ही गतिक क्रिया को बार-बार करते हैं।
(d) Cannot hear sounds of 70 dB/70 dB की आवाज़ नहीं सुन सकते।

Ans. (a) : अधिगम अक्षमता से जूझने वाले छात्रों की विशिष्ट पहचान विशेषताएँ यह है कि ये पढ़ने में शब्दों या पंक्तियों को छोड़ देते हैं; वर्तनी में गलती करते हैं।
अधिगम अक्षमता से जूझने वाले छात्रों के बुद्धि परीक्षणों का संचालन करके एक अधिगम अक्षमता वाले छात्रों की पहचान की जा सकती है।
अधिगम अक्षमता से जूझने वाले छात्रों की पहचान –
(1) ऐसे छात्र अतिसक्रियता के शिकार होते हैं।
(2) सामान्य समन्वय का इनमें अभाव रहता है।
(3) भावनाओं के प्रति अस्थिरता।
(4) पाठ्य सहगामी क्रियाओं में अरूचि।

20. Which of the following statements about gifted children is correct?/प्रतिभाशाली बच्चों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) Gifted children do not require any pedagogical modifications./प्रतिभाशाली बच्चों को किसी भी खास शैक्षणिक संशोधन की आवश्यकता नहीं होती है।
(b) Gifted children should be given very simple routine tasks to be performed repeatedly. प्रतिभाशाली बच्चों को बार-बार करने के लिए बहुत ही सरल नियमित कार्य दिए जाने चाहिए।

(c) Gifted children have very high emotional maturity./प्रतिभाशाली बच्चों में बहुत अधिक भावनात्मक परिपक्वता होती है।
(d) Gifted children have specific learning needs that often get ignored in the classrooms.
प्रतिभाशाली बच्चों की सीखने की विशिष्ट जरूरतें होती है जिन्हें अक्सर कक्षाओं में नजरअंदाज कर दिया जाता है।

Ans. (d) : ऐसे बच्चे जिनकी मानसिक आयु, योग्यता एवं क्षमता अपने आयु वर्ग के बच्चे से अधिक होती है प्रतिभाशाली बच्चा कहा जाता है। ऐसे बच्चों की अभिव्यक्ति में नवीनता और जिज्ञासा सदैव रहती है, इसलिए इस प्रकार के बच्चों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इन बालकों की बुद्धिलब्धि 140 से ऊपर होती है अतः इन बच्चों इन बच्चों की सीखने की कुछ विशिष्ट जरूरते होती है जिन्हें अक्सर कक्षाओं में नजरअंदाज कर दिया जाता है ताकि सामान्य बच्चों के साथ इनका समन्वय स्थापित किया जा सके।

21. Active engagement of students in a middle classroom should be promoted by:
माध्यमिक कक्षाओं में छात्रों की सक्रिय भागीदारी को किसके द्वारा बढ़ावा दिया जाना चाहिए?
(a) Offering positive and negative reinforcement
सकारात्मक और नकारात्मक पुर्नबलन द्वारा
(b) Passive listening/निष्क्रिय श्रवण द्वारा
(c) Reinforcing competition
प्रतियोगिता को बढ़ावा देकर
(d) The processes of enquiry and questioning
पूछताछ और जाँच की प्रक्रियाओं के माध्यम से

Ans. (d) : माध्यमिक कक्षाओं में छात्रों की सक्रिय भागीदारी को पूछताछ और जाँच की प्रक्रियाओं के माध्यम से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। ऐसी क्रियाओं में बच्चे सक्रिय रूप से संलग्न रहते हैं तथा स्वयं के द्वारा करके सीखने का अवसर उपलब्ध होता है, जिससे शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में उनकी रूचि बनी रहती है।
पूछताछ आधारित शिक्षा - यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो खोज के माध्यम से सीखने पर बल देता है। यह सक्रियता के साथ सीखने का एक रूप होता है। यह मुख्य रूप से सोच चिंतन और समस्या को सुलझाने के कौशल के विकास और अभ्यास से संबंधित होता है।

22. Assertion (A) : Pedagogical processes of dialogue and discussion amongst peers hinders development of problem-solving abilities.
कथन (A) : समकक्षियों से चर्चा व संवाद की शिक्षाशास्त्रीय पद्धतियाँ समस्या समाधान के कौशल के विकास में बाधा डालती हैं।
Reason (R) : Learning is a process that is individualistic in nature and not social in character.
तर्क (R) : अधिगम की प्रक्रिया का स्वरूप व्यक्तिवादी है न कि सामाजिक।
Choose the correct option./ सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : समकक्षियों से चर्चा व संवाद की शिक्षाशास्त्रीय पद्धतियाँ समस्या समाधान के कौशल में बाधा डालती है, गलत है क्योंकि समकक्षियों से चर्चा व संवाद की शिक्षाशास्त्रीय पद्धतियाँ समस्या समाधान के कौशल में सहज अवसर उपलब्ध कराती हैं तथा अधिगम की प्रक्रिया का स्वरूप व्यक्तिवादी है न कि सामाजिक यह तर्क गलत है क्योंकि व्यक्ति एक सामाजिक प्राणी होता है और उसी के अनुरूप वह अधिगम करता है। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

23. What kind of goals should a teacher encourage her students to set?
एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों को किस प्रकार के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए?
(a) Mastery-oriented/महारत उन्मुख
(b) Performance oriented/प्रदर्शन उन्मुख
(c) Failure accepting/विफलता को स्वीकारने वाले
(d) Failure avoiding/असफलता से बचने वाले

Ans. (a) : एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों को महारत उन्मुख लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य निर्धारण करना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि लक्ष्य निर्धारण के द्वारा बच्चे अपने समय और संसाधनों को अधिक कुशलता से केंद्रित करना सीखते हैं। ये लक्ष्य सीखने के पास्परिक मानको के आधार पर उपलब्धि के माध्यम से छात्रों का ध्यान केंद्रित करता है।

24. One's beliefs have an important influence on one's learning. Which belief would have a positive influence on learning?
एक व्यक्ति की धारणाएँ उसके सीखने पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी धारणा सीखने पर एक सकारात्मक प्रभाव डालेगी?
(a) I am not born with any abilities
मुझमें जन्मजात कोई क्षमताएँ मौजूद नहीं हैं।
(b) Teachers always make difficult question papers/शिक्षक हमेशा कठिन प्रश्नपत्र बनाते हैं।
(c) Getting good or bad marks depends on your efforts /अच्छे या बुरे अंक लाना अपने प्रयास पर निर्भर करता हैं।
(d) I have never got good marks in geography and I never will ever if I try.
भूगोल-शास्त्र में मेरे कभी भी अच्छे अंक नहीं आए और मेरे प्रयास करने पर भी इसमें अच्छे अंक नहीं आ पाएंगे।

Ans. (c) : एक व्यक्ति की धारणाएँ उसके सीखने पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। अच्छे या बुरे अंक लाना अपने प्रयास पर निर्भर करता है ऐसी धारणा सीखने पर एक सकारात्मक प्रभाव डालेगी। एक व्यक्ति की सकारात्मक धारणाएँ व्यक्ति को जीवन की परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाने और प्रत्येक परिस्थितियों को सहज रूप में स्वीकार करने की क्षमता का विकास करती हैं तथा स्वयं के प्रति एवं दूसरों के प्रति सकारात्मक धारणाएँ विकसित करती है।

25. Constructivism as a theory:
संरचनावाद का सिद्धांतः

(a) Emphasises the role of the learner in constructing his own view of the world
सीखने में अधिगमकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है जिससे वह संसार के बारे में खुद की समझ बनाते हैं।

(b) Emphasises on memorising information and testing through recall/जानकारी के स्मरण व उसके प्रत्यास्मरण की परीक्षा पर ज़ोर देता हैं।

(c) Emphasises on the dominant role of the teacher/शिक्षिका की प्रभुत्व भूमिका पर ज़ोर देता है।

(d) Focuses on the role of passive imitation in learning/निष्क्रिय अनुकरण की अधिगम में भूमिका पर ज़ोर देता है।

Ans. (a) : संरचनावाद का सिद्धांत सीखने में अधिगमकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है जिससे वह संसार के बारे में खुद की समझ बनाते हैं।
विल्हेम वुण्ट संरचनावाद के प्रतिपादक थे। संरचनावाद का सिद्धांत जानकारी के चिंतन व समालोचनात्मक विचारों पर जोर देता है, शिक्षकों की लोकतांत्रिक भूमिका पर जोर देता है तथा सक्रिय अनुकरण की अधिगम में भूमिका पर जोर देता है। संरचनावाद के केन्द्र बिन्दु में विद्यार्थी रहते हैं इसके अनुसार प्रत्येक बच्चा स्वयं ज्ञान का निर्माण करता है और वह स्वयं के पूर्व अनुभव के साथ विद्यालय में प्रवेश करता है।

26. Children construct further knowledge on the basis of:
बच्चे निम्न में से किस आधार पर अगले ज्ञान का निर्माण करते हैं?

(a) What is irrelevant for them./जो उनके लिए अप्रासंगिक है।

(b) What is already understood by them/जो वह पहले से समझते हैं।

(c) What is completely alien to them./जो उनके लिए अज्ञात हैं।

(d) What is much beyond their cognitive levels./जो उनके वर्तमान संज्ञानात्मक स्तर से बहुत परे हैं।

Ans. (b) : बच्चे जो पहले से समझते हैं उसके आधार पर वे अगले ज्ञान का निर्माण करते हैं। बच्चे निम्नलिखित आधार पर अगले ज्ञान का निर्माण करते हैं–
(1) जो उनके लिए प्रासंगिक है।
(2) जो उनके लिए ज्ञात है।
(3) जो उनके वर्तमान संज्ञानात्मक स्तर से सम्बन्धित है।
(4) जो उनके लिए सहज व सरल है।
(5) जो उनके परिवेश से अन्तर्संबंधित है।

27. Which of the following statements about cognition and emotions is correct?
संज्ञान व संवेगों के बारे में कौन सा कथन सही हैं?

(a) Cognition and emotions are processes independent of each other/संज्ञान व संवेग की प्रक्रियाएँ एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।

(b) Cognition and emotions are intertwined and affect each other/संज्ञान व संवेग एक दूसरे से गुथे हुए हैं व एक दूसरे को प्रभावित करते हैं।

(c) Cognition affects emotions but emotions do not affect cognition/संज्ञान, संवेग पर प्रभाव डालता है परन्तु संवेगों का संज्ञान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

(d) Emotions affects cognition but cognition does not affect emotions/संवेग, संज्ञान पर प्रभाव डालते हैं परन्तु संवेगों का संज्ञान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

Ans. (b) : संज्ञान व संवेगों के बीच एक द्वि-दिशात्मक गतिशील परस्पर क्रिया है और एक-दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध भी है।
संज्ञान व संवेगों के बारे में निम्न कथन सत्य है–
(1) संज्ञान व संवेग की प्रक्रियाएँ एक-दूसरे से अन्तः सम्बन्धित हैं।
(2) संज्ञान व संवेग एक-दसरे से जुड़े है इसलिए एक-दूसरे पर प्रभाव डालते हैं।
(3) संज्ञान और संवेग परस्पर सम्बन्धित हैं और एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं।
(4) संवेग स्मृतियों के कूटलेखन और पुनर्प्राप्ति को सुसाध्य करते हैं।

28. Meaningful learning of students is NOT promoted by encouraging children for:
किन शैक्षिक परिणामों द्वारा छात्रों में सार्थक अधिगम को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता?

(a) Exploration and experimentation
अन्वेषण और प्रयोग

(b) Developing Metacognitive capabilities
अधिसंज्ञानात्मक कौशलों का विकास

(c) Discussion and debate/चर्चा और बहस

(d) Passive listening/निष्क्रिय सुनने के कौशल

Ans. (d) : निष्क्रिय सुनने के कौशल वे शैक्षिक हैं जिनके द्वारा छात्रों में सार्थक अधिगम को प्रोस्साहित नहीं किया जा सकता है। क्योंकि निष्क्रिय श्रवण से अधिगम भी निष्क्रिय हो जाता है। और यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में अरूचि उत्पन करता हैं जबकि अन्वेषण और प्रयोग, अधिसंज्ञानात्मक कौशलों का विकास तथा चर्चा और बहस के द्वारा छात्रों में सार्थक अधिगम को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

29. A constructivist approach for dealing with 'misconceptions' among middle school students is:
विद्यार्थियों द्वारा निर्मित भ्रान्तियों को निपटने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण क्या सुझाव देता है?

(a) to completely ignore them./उन्हें अनदेखा करना चाहिए।

(b) to assign lot of content for passive memorization./उन्हें निष्क्रिय रटने के लिए बहुत सारी विषयवस्तु देनी चाहिए।

(c) to punish the students./विद्यार्थियों को सज़ा देनी चाहिए।

(d) give opportunities for discussing counter perspectives./भ्रांतियों के प्रत्युत्तर हेतु चर्चा को मौके मुहैया करवाने चाहिए।

Ans. (d) : विद्यार्थियों द्वारा निर्मित भ्रान्तियों को निपटने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण भ्रांतियों के प्रत्युत्तर हेतु चर्चा को मौके मुहैया करवाने का सुझाव देता है। क्योंकि चर्चा और बहस के माध्यम से विद्यार्थी सहज तरीक से सीखते हैं। रचनात्मक दृष्टिकोण बच्चों की समस्याओं को अधिक खुले तौर पर और नवाचार के साथ देखने, विचार करने और उनकों हल करने की अनुमति प्रदान करता है। जीन पियाजे महोदय ने रचनात्मक दृष्टिकोण को बहुत प्रभावित किया है। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित भ्रांतियाँ शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

30. Assertion (A) : Schools should not involve parents in any manner is education of their children.
Reason (R) : Establishing links of the school with the community hinders meaningful learning for students.
Choose the correct option.
कथन (A) : स्कूलों को माता-पिता को किसी भी तरह से उनके बच्चों की शिक्षा में शामिल नहीं करना चाहिए।
तर्क (R) : समुदाय के साथ संपर्क स्थापित करने से विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम में बाधा उत्पन्न होती है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : कथन (A) स्कूलों को माता-पिता को किसी भी तरह से उनके बच्चों की शिक्षा में शामिल नहीं करा चाहिए कथन गलत है, क्योंकि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता को शामिल करने से विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम में सहायता मिलती है तथा बच्चों को परिवेश से जुड़ाव महसूस होता है। तर्क (R) समुदाय के साथ संपर्क स्थापित करने से विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम में बाधा उत्पन्न होती है, गलत है, क्योंकि समुदाय के साथ संपर्क स्थापित करने से विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम में सकारात्मक रूप से वृद्धि होती है। (A) और (R) दोनों गलत हैं।

SOCIAL SCIENCE

1. The term Prathama- Kulika in the Gupta period stands for:
गुप्त काल के 'प्रथम कुलिक' शब्द का अर्थ है:

(a) Chief Judicial Officer/मुख्य न्यायिक अधिकारी
(b) Chief Banker/मुख्य बैंकर
(c) Chief Merchant/मुख्य व्यापारी
(d) Chief Craftsman/मुख्य शिल्पकार

Ans. (d) : गुप्तकाल के प्रथम कुलिक शब्द का अर्थ है 'मुख्य शिल्पकार'। मुख्य न्यायिक अधिकारी को 'महादंड नायक' तथा मुख्य व्यापारी को 'सार्थवाह' कहा जाता था।
Note- गुप्तवंश का प्रथम महान शासक चंद्रगुप्त प्रथम था।

2. Where was the birch bark found on which hymns of the Rig Veda were written?
वो भूर्ज (बर्च) छाल कहाँ पाई गई जिस पर ऋग्वेद की वैदिक प्रार्थनाएँ (सूक्त) लिखी गईं?

(a) Kashmir/कश्मीर (b) Maharashtra/महाराष्ट्र
(c) Bengal/बंगाल (d) Bihar/बिहार

Ans. (a) : वो भूर्ज (बर्च) छाल 'कश्मीर' में पाई गई जिस पर ऋग्वेद की वैदिक प्रार्थनाएँ (सूक्त) लिखी गई। लगभग 150 वर्ष पहले ऋग्वेद को सबसे पहली बार छापने के लिए इस भूर्ज वृक्ष की छाल का उपयोग किया गया था। यह पाण्डुलिपि पुणे, महाराष्ट्र के पुस्तकालय में सुरक्षित है। 'ऋग्वेद'। ऋग्वेद में एक हजार से ज्यादा प्रार्थनाएँ है जिन्हे सूक्त कहा गया है।

3. Which one of the following Tamil works informs us about the lives of ordinary men and women?
निम्नलिखित में से कौन सी तमिल कृति हमें आम पुरुषों और महिलाओं के जीवन के बारे में सूचित करती है?

(a) Silappathikaram/शिलाप्पादिकरम
(b) Valayapathi/वलैयापति
(c) Manimegalai/मणिमेकलई
(d) Periyapuranam /पेरियापूरणम

Ans. (d) : बारहवीं शताब्दी की तमिल कृति 'पेरियापूरणम' में आम पुरूषों और महिलाओं के जीवन के बारे में सूचित करती है। शिलपदिकारम को 'तमिल साहित्य' के प्रथम महाकाव्य के रूप में जाना जाता है। इस महाकाव्य की रचना इलांगों आदिगल ने की थी। वलैयापति संगमकालीन प्रसिद्ध महाकाव्य है। इसका तमिल साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान है। मणिमेकलई तीस छंदो का महाकाव्य है, इसके रचनाकार चितलाई चतनार है।

4. Which of the following is not matched correctly?
निम्नलिखित में से कौन मेल नहीं खा रहा है?

(a) Khajuraho – Chandellas
खजुराहो – चंदेल
(b) Aihole – Chalukyas
ऐहोल – चालुक्य
(c) Kanchipuram – Pallavas
कांचीपुरम – पल्लव
(d) Mahabalipuram – Cholas
महाबलीपुरम – चोल

Ans. (d) : महाबली पुरम क्षेत्र का सम्बंध पल्लव वंश से है इस प्रकार है-

क्षेत्र	**वंश**
खजुराहो	चंदेल
एहोल	चालुक्य
कांचीपुरम	पल्लव
महाबलीपुरम	पल्लव

अतः स्पष्ट है कि विकल्प D का सुमेलन सही नही है।

5. Consider the following statements:
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

(I) Tawarikh was written by learned men in Urdu/तवारीख को सुशिक्षित व्यक्तियों द्वारा उर्दू में लिखा गया था।
(II) The writer of Tawarikh used to live in urban areas/तवारीख के लेखक नगरों में रहते थे।
(III) They often wrote their histories for Sultans in the hope of rich rewards/वे प्रायः अपने इतिहास सुल्तानों के लिए उनसे ढ़ेर सारे पुरस्कार पाने की आशा में लिखा करते थे।

Which of the statement (s) is/are correct?
कौन सा कथन सही है/हैं?

(a) Both (I) and (II)/(I) और (II) दोनों
(b) Both (II) and (III)/(II) और (III) दोनों
(c) Both (I) and (III)/(I) और (III) दोनों
(d) Only (I)/केवल (I)

Ans. (b) : तवारीख के सम्बंध में कथन II और कथन III दोनों सही है। तवारीख के लेखक नगरों में रहते थे। अपने इतिहास सुल्तानों के लिए उनसे ढ़ेर सारे पुरस्कार पाने की आशा में लिखा करते थे। तवारीख के लेखक सचिव, प्रशासक कवि और दरबारियों जैसे सुशिक्षित व्यक्ति होते थे जो घटनाओं का वर्णन भी करते थे ओर शासकों को प्रशासन सम्बंधी सलाह भी देते थे। तवारीख फारसी भाषा में लिखा गया था।

6. Which one of the following compositions are not compiled by Surdas?
निम्नलिखित में से कौन सी रचना सूरदास द्वारा संकलित नहीं है?

(a) Sursagar/सूरसागर
(b) Surasaravali/सूरसारावली
(c) Sahitya Ratna/साहित्य रत्ना
(d) Sahitya Lahari/साहित्य लहरी

Ans. (c) : साहित्य रत्ना सूरदास द्वारा संकलित नही है। सूरसागर, सूरसारावली, सहित्य लहरी यह तीनों सूरदास द्वारा संकलित है। सूरदास हिन्दी के भक्तिकाल के महान कवि थे, ये भगवान श्री कृष्ण के अनन्य उपासक और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि थे। सूरदास हिंदी साहित्य के सूर्य माने जाते है।

7. Consider the following statements (A) and (R) and choose the correct answer./निम्नलिखित कथन तथा कारण पर विचार करें तथा सही विकल्प चुनें।

Assertion (A) : Through the 18th century, the Mughal empire gradually fragmented into a number of independent regional states.
कथन (A) : 18वीं शताब्दी के दौरान, मुगल साम्राज्य धीरे-धीरे कई स्वतंत्र, क्षेत्रीय राज्यों में बिखर गया।

Reason (R) : With the decline of the Mughal emperers, the governers of large provinces, subadars and the great zamindars consolidated their authority in different parts of Indian sub continent.
कारण (R) : मुगल सम्राटों की सत्ता के पतन के साथ, कई प्रांतों के सूबेदारों और बड़े जमींदारों ने भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों में अपनी शक्ति और प्रबल कर ली।

Choose the correct option:
सही विकल्प चुनें:

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : A और R दोनों सही हैं और R सही व्याख्या करता है A की। 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात मुगल साम्राज्य का पतन आरंभ हो गया। 18 वीं शताब्दी में अहमदशाह अब्दाली के आक्रमणों से मुगल साम्राज्य धीरे-धीरे कई स्वतंत्र, क्षेत्रीय राज्यो में बिखर गया। 18वीं शताब्दी में बंगाल के एक क्षेत्रीय राज्य बन जाने में जमीदारों मे काफी बदलाव आया। मुगल सम्राटों की सत्ता के पतन के साथ कई प्रांतों के सुबेदार अपनी शक्ति और प्रबल कर ली।

8. In which region landowners were known as Vellalars?
किस क्षेत्र में भूस्वामियों को वेल्लार कहा जाता था?

(a) Maharashtra region/महाराष्ट्र क्षेत्र
(b) Tamil region/तमिल क्षेत्र
(c) Punjab region/पंजाब क्षेत्र
(d) Bengal region/बंगाल क्षेत्र

Ans. (b) : तमिल क्षेत्र के भूस्वामियों को वेल्लार कहा जाता था। संगम युग में साधारण हल चलाने वाले को उझावर के नाम से जाना जाता था। दासों सहित भूमिहीन मजदूरों को कदैसियार और अदिमई के नाम से जाना जाता था।

9. Read the statements (A) and (B) and choose the correct answer:/कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें एवं सही उत्तर का चुनाव करें।

(A) People such as Raja Ram Mohan Roy are described as reformers because they felt that changes were necessary in society.
राजा राममोहन रॉय जैसे लोगों को सुधारक इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे मानते थे कि समाज में परिवर्तन लाना और अन्यायपूर्ण तौर-तरीकों से छुटकारा पाना जरूरी है।

(B) The reformers thought that the best way to ensure such changes was by persuading people to give up old practices and adopt a new way of life./सुधारकों का विचार था कि इस तरह के परिवर्तन लाने के लिए लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे पुराने व्यवहार को छोड़कर जीवन का नया ढंग अपनाने के लिए तैयार हों।

(a) (A) is true but (B) is false
(A) सही है किन्तु (B) गलत।
(b) (A) is false but (B) is true
(A) गलत है किन्तु (B) सही।
(c) Both (A) & (B) are true
दोनों (A) एवं (B) सही है।
(d) Both (A) & (B) are false
दोनों (A) एवं (B) गलत है।

Ans. (c) : कथन (A) एवं (B) दोनों सही है। राजाराम मोहन रॉय को समाज सुधारक के रूप में जाना जाता है। उन्होंनें ब्रह्म समाज की स्थापना 1828 में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए की थी। क्योंकि वे मानते थे कि समाज में परिवर्तन लाना और अन्यायपूर्ण तौर-तरीको से छुटकारा पाना जरूरी है। सुधारकों का प्रमुख विचार था कि लोगों को समाज में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

10. Veda Samaj established in the erstwhile Madras (Chennai) was inspired by:
पूर्व मद्रास (चेन्नई) में स्थापित वेद समाज प्रेरित था:

(a) Prarthana Samaj/प्रार्थना समाज द्वारा
(b) Arya Samaj/आर्यसमाज द्वारा
(c) Brahmo Samaj/ब्रह्मसमाज द्वारा
(d) Young Bengal Movement
युवा बंगाल आंदोलन द्वारा

Ans. (c) : पूर्व मद्रास (चेन्नई) में स्थापित वेद समाज 'ब्रह्मसमाज' द्वारा प्रेरित था। ब्रह्मसमाज की स्थापना राजाराम मोहन राय द्वारा 1828 ई. में भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए की गई थी।
प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 ई. में आत्माराम पांडुरंग द्वारा की गई थी। आर्य समान एक हिंदू सुधार आंदोलन से सम्बंधित था, जिसकी स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 ई में की थी। युवा बंगाल आंदोलन (1826) इस आंदोलन की शुरूआत हेनरी विपियन डेरेजियों द्वारा किया गया था। 'डेरेजियों' को आधुनिक भारत का 'प्रथम राष्ट्रकवि' भी कहा जाता है।

11. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:-

Assertion (A) : E.V. Ramaswamy Naicker or Periyar was critical of Hindu scriptures such as Codes of Manu, Bhagavad Gita and the Ramayana/ कथन (A) : ई.वी. रामास्वामी नायकर और पेरियार मनु संहिता, भगवद् गीता और रामायण जैसे ग्रंथों के आलोचक थे।

Reason (R) : Periyar viewed that these texts were used to establish authority of upper castes over lower castes and domination of men over women/कारण (R) : पेरियार ने देखा कि ये ग्रंथ निम्न जातियों के ऊपर उच्च जातियों और महिलाओं के ऊपर पुरुषों का वर्चस्व स्थापित करने के लिये उपयोग में लाये जाते हैं।

Choose the correct option:/सही विकल्प चुनें:

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता हैं।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : ई. पी. रामास्वामी नायकर और पेरियार मनु संहिता, भगवद् गीता ओर रामायण जैसे ग्रंथों के आलोचक थे। वेरियार ने देखा कि ये ग्रंथ निम्न जातियों के ऊपर उच्च जातियों और महिलाओं के ऊपर पुरूषों का वर्चस्व स्थापित करने के लिए उपयोग में लाए जाते है। इसलिए (A) और (R) दोनों सही है और कथन (A) की कारण (R) सही व्याख्या करता है।

12. Which Governor General pronounced that Bahadur Shah Zafar would be the last Mughal king?
किस गवर्नर जनरल ने घोषणा की थी कि बहादुर शाह जफर अंतिम मुगल राजा होंगे?

(a) Canning/कैनिंग (b) Dalhousie/डलहौज़ी
(c) Hardinge/हार्डिंग (d) Elgin/एल्गिन

Ans. (a) : लॉर्ड कैनिंग नामक गवर्नर जनरल ने घोषणा की थी कि बहादुर शाह जफर अंतिम मुगल राजा होगें। 1857 ई. के विद्रोह में भाग लेने के कारण अंग्रेजों द्वारा बहादुर शाह जफर को बंदी बनाकर रंगून भेज दिया गया था।
डलहौजी - व्यपगत के सिद्धांत का आरंभ
हार्डिंग - नरबलि प्रथा प्रतिबंध
एल्गिन - वाहषी आंदोलन का दमन

13. In which of the following languages 'Kesari' newspaper was published?
निम्नलिखित में से किस भाषा में 'केसरी' अखबार छपता था?

(a) English/अंग्रेजी (b) Bengali/बंगला
(c) Marathi/मराठी (d) Urdu/उर्दु

Ans. (c) : मराठी भाषा में 'केसरी' अखबार छपता था। केसरी अखबार का प्रकाशन बंबई से बाल गंगाधर तिलक द्वारा किया जाता था।

14. From which of the following Acts, a large number of provisions have been adopted by the Indian Constitution?
निम्नलिखित में से किस एक्ट से भारतीय संविधान द्वारा काफी संख्या में प्रावधान लिए गए हैं?

(a) 1909 Act/1909 एक्ट
(b) 1991 Act/1991 एक्ट
(c) 1935 Act/1935 एक्ट
(d) India Independence Act 1947
भारत स्वाधीनता अधिनियम - 1947

Ans. (c) : 1935 एक्ट से भारतीय संविधान द्वारा काफी संख्या में प्रावधान लिए गए है। यह एक विस्तृत दस्तावेज था, जिसमें 321अनुच्छेद और 10 अनुसूचियां थीं इसमें प्रस्तावना कर अभाव था। इस अधिनियम द्वारा अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया गया था। इस अधिनियम के तहत वर्ष 1937 में एक संघीय न्यायालय की स्थापना की गई। इसी अधिनियम द्वारा बर्मा को ब्रिटिश भारत से पृथक कर दिया गया तथा दो नए प्रांत सिंध और ओडिशा का निर्माण हुआ।
1909 एक्ट:- इसे मार्ले- मिंटो सुधार के नाम से भी जाना जाता है। इस अधिनियम द्वारा मुसलमानों के लिए सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व तथा पृथक निर्वाचन क्षेत्रों की स्थापना की गई।
भारतीय स्वाधीनता अधिनियम 1947- इस अधिनियम के तहत भारत का विभाजन कर, दो स्वतंत्र अधिराज्यों (Dominion states) भारत तथा पाकिस्तान की स्थापना की। इस अधिनियम के अन्तर्गत 15 अगस्त 1947 से भारतीय रियासतों पर ब्रिटिश संप्रभुता की समाप्ति की भी घोषणा की गई थी।

15. Which of the following is not matched correctly?
निम्न में कौन सा सुमेलित नहीं है?

Planet ग्रह		No. of moons चन्द्रमा की संख्या
(a) Mars/मंगल	–	02
(b) Jupiter/बृहस्पति	–	53
(c) Uranus/यूरेनस	–	52
(d) Neptune/नेप्च्यून	–	13

Ans. (b, c, d) : बृहस्पति ग्रह में चंद्रमा की संख्या (उपग्रह) 52 न होकर 27 है। नेप्च्यून (वरूण) में चंद्रमा की संख्या 13 न होकर 14 है। मंगल नामक ग्रह के 2 उपग्रह (चंद्रमा की संख्या) है, फोबोस और डीमोस। अतः b, c और विकल्प (d) सुमेलित नही है।

16. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option given below:
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : The areas lying between the Arctic Circle and the North Pole are very cold./कथन (A) : उत्तरी ध्रुव वृत्त और उत्तरी ध्रुव के बीच के क्षेत्र में बहुत ठंड होती है।

Reason (R) : The sun rays are always slanting and provide less heat.
कारण (R) : सूर्य की किरणें हमेशा तिरछी होती हैं और कम ऊष्मा देती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is true but (R) is false/(A) गलत है परन्तु (R) सही है।

Ans. (b) : उत्तर ध्रुव वृत्त और उत्तरी ध्रुव के बीच के क्षेत्र में बहुत ठंड होती है। सूर्य की किरणें हमेशा तिरछी होती हैं और कम ऊष्मा देती है। विषुवत रेखा के उत्तरी भाग को उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी भाग को दक्षिणी, दक्षिणी गोलार्द्ध के मध्य भाग को शीतकटिबंध या ध्रुवीय कटिबंध (Polar zone) कहा जाता है। शीत कटिबंध में तापमान बहुत ही कम होता है, परिणामस्वरूप यहाँ हमेशा बर्फ जमी रहती है जिससे उत्तरी ध्रुव वृत्त के क्षेत्र में ठंड अधिक होती है। इसलिए कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही है।

17. Sun rises in the east because:
सूर्य पूर्व में उदय होता है क्योंकिः

(a) Earth rotates from east to west
पृथ्वी पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाती है।
(b) Earth rotates from west to east
पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है।
(c) Earth is tilted on its axis
पृथ्वी अपने अक्ष पर झुकी हुई है।
(d) Earth rotation takes 24 hours
पृथ्वी का चक्कर 24 घंटे लेता है।

Ans. (b) : सूर्य पूर्व में उदय होता है क्योंकि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर चक्कर लगाती है। पृथ्वी द्वारा सूर्य की एक परिक्रमा करने में लगने वाले समय को सौर वर्ष कहते है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29.7 किमी/सेकंड के वेग से चक्कर लगाती है।

पृथ्वी से सम्बंधित प्रमुख तथ्य - पृथ्वी को जल की उपस्थिति के कारण इसे 'नीला ग्रह' भी कहा जाता है।
* पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

18. The opening time of Central Government offices in India is 9 : 00 a.m. IST. What will be the local time of opening of the Central Government offices located at 76° 45 'East Longitude near Chandigarh and 88° 15' East Longitude near Kolkatta, respectively?
भारत में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के खुलने का समय पूर्वाह्न 9 बजे (भारतीय मानक समय) है। चंडीगढ़ के पास 76°45' पू. देशांतर पर और कलकत्ता के पास 88°15' पू. देशांतर क्रमशः पर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय क्या होगा?

(a) 08 : 37 a.m. and 09 : 37 a.m. respectively
08 : 37 पूर्वाह्न और 09 : 37 पूर्वाह्न क्रमशः
(b) 09 : 37 a.m. and 08 : 37 a.m. respectively
09 : 37 पूर्वाह्न और 08 : 37 पूर्वाह्न क्रमशः
(c) 09 : 23 a.m. and 08 : 37 a.m. respectively
09 : 23 पूर्वाह्न और 08 : 37 पूर्वाह्न क्रमशः
(d) 08 : 37 a.m. and 09 : 23 a.m. respectively
08 : 37 पूर्वाह्न और 09 : 23 पूर्वाह्न क्रमशः

Ans. (d) : भारत में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के खुलने का समय पूर्वाह्न 9 बजे (भारतीय मानक समय) है। चंडीगढ़ के पास 76°45 पू. देशांतर पर और कलकत्ता के पास 88°15 पू. देशांतर क्रमशः पर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय 08:37 पूर्वाह्न और 9:23 पूर्वाह्न और 9:23 पूर्वाह्न क्रमशः होगा।

19. Deccan plateau is bordered by which physical feature in its western side?
दक्कन पठार अपने पश्चिमी भाग पर कौन सी भौतिक विशेषता से जुड़ा हुआ है?

(a) Satpura ranges/सतपुड़ा श्रेणी
(b) Vindhya ranges/विंध्य श्रेणी
(c) Sahyadri/सह्याद्रि
(d) Nilgiris/नीलगिरि

Ans. (c) : दक्कन पठार अपने पश्चिमी भाग पर सह्याद्रि भौतिक विशेषता से जुड़ा हुआ है। 16° उत्तरी अक्षांश रेखा सह्याद्रि को दो भागों में विभाजित करती है। उत्तरी सह्याद्रि एवं दक्षिणी सह्याद्रि। उत्तरी सह्याद्रि का सर्वोच्च शिखर 'काल्सुबाई' (1646मी.) एवं दक्षिणी सहाद्रि के सर्वोच्च शिखार 'कुद्रेमुख' (1892 मी.) है। दक्कन का पठार मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। यह पठार ज्वालामुखी बेसाल्ट चट्टानों से बना हुआ है। इस पठार के पूर्वी भाग को विदर्भ कहा जाता है। दक्कन पठार में काली मिट्टी की प्रचुरता पाई जाती है।

20. Match the following columns and choose the correct option.
मिलान करें और उचित विकल्प का चयन कीजिए।

	Column-I कॉलम - I		Column-II कॉलम - II
(a)	Marble संगमरमर	(i)	Sedimentary rocks अवसादी शैल
(b)	Sandstone बलुआ पत्थर	(ii)	Fossils Fuels जीवाष्म ईंधन
(c)	Coal/कोयला	(iii)	Igneous rocks आग्नेयशैल
(d)	Granite ग्रेनाइट	(iv)	Metamorphic rocks/कायान्तरित शैल

Options:/विकल्पः
(a) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(b) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(c) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

(a) संगमरमर	कायातंरित शैव
(b) बलुआ पत्थर	अवसादी शैल
(c) कोयला	जीवाश्म ईधन
(d) ग्रेनाइट	आग्नेय शैल

21. Consider the following pairs:
निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए।

Land Forms/स्थल रूप		Agents/घटक	
A.	Levees/तट बंध	i.	Wind/पवन
B.	Stacks/स्टैक	ii.	Sea waves/समुद्री तरंग
C.	Mushroom Rocks/क्षत्रक शैल	iii.	River/नदी
D.	Moraines/हिमौढ़	iv.	Glaciars/हिमनद

Which of the following options is correct?
उपर्युक्त युग्मों में कौन से युग्म सही है?
(a) Only (a) and (b)/केवल (a) और (b)
(b) Only (b) and (c)/केवल (b) और (c)
(c) Only (b) and (d)/केवल (b) और (d)
(d) Only (a) and (d)/केवल (a) और (d)

Ans. (c) : सही युग्म इस प्रकार है–

स्थल रूप	घटक
(a) तटबंध	समुद्री तरंग
(b) स्टैक	समुद्री तरंग
(c) क्षत्रक शैल	पवन
(d) हिमौढ़	हिमनद

22. The climate of Ladakh is extremely cold and dry. Which of the following factors is responsible for it?
लद्दाख की जलवायु अत्यधिक शीतल और शुष्क है। निम्न में से कौन सा कारक इसके लिए उत्तरदायी है?
(a) Latitude/अक्षांश (b) Altitude/ऊँचाई
(c) Pressure and winds/वायुदाब एवं पवने
(d) Distance from the sea/समुद्र से दूरी

Ans. (b) : लद्दाख की जलवायु अपनी ऊँचाई के कारण अत्यधिक शीतल और शुष्क है। लद्दाख, उत्तर-पश्चिमी हिमालय के पर्वतीय क्रम में आता है, जहाँ का अधिकांश धरातल कृषि योग्य नहीं है। यहाँ की जलवायु अत्यन्त शुष्क एवं कठोर है।

23. Read the Statements (A) and (R) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
Assertion (A) : The air is cold in areas having lower temperature.
कथन (A) : कम तापमान वाले क्षेत्रों में वायु ठंडी होती है।
Reason (R) : Air is heavy in cold areas.
कारण (R) : ठंडे क्षेत्रों में वायु भारी होती है।
विकल्पः
(a) Both these statements (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both these statements (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true (R) is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कम तापमान वाले क्षेत्रों में वायु ठंडी होती है। तथा ठंडे क्षेत्रों में वायु भारी होती है। कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है। पृथ्वी की सतह पर वायु के भार द्वारा लगाया गया दाब, वायुदाब कहलाता है। वायुमंडल में ऊपर की ओर जाने पर दाब तेजी से गिरने लगता है। समुद्र स्तर पर वायुदाब सर्वाधिक होता है और ऊँचाई पर जाने पर यह घटता जाता है। वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है। अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में वायु गर्म होकर ऊपर उठती है। यह निम्न दाब क्षेत्र बनाता है। निम्न दाब, बादलयुक्त आकाश एवं नम मौसम के साथ जुड़ा होता है। जहाँ कम तापमान होगा, उस क्षेत्र की वायु ठंडी होती है। इसके फलस्वरूप यह भारी होती है। भारी वायु त्रिमज्जित होकर उच्च दाब क्षेत्र बनाती है। उच्च दाब के कारण स्पष्ट एवं स्वच्छ आकाश होता है। वायु सदैव उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब की ओर गमन करती है।

24. Which of the following is not an example of mass media?
निम्नलिखित में से कौन सा जनसंपर्क माध्यम का उदाहरण नहीं है?
(a) Newspapers/समाचार पत्र
(b) Radio/रेडियो
(c) Cellular Phones/सेल्युलर फोन
(d) Television/टेलीविजन

Ans. (c) : सेल्युलर फोन जनसंपर्क माध्यम का उदाहरण नहीं है। समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन यह तीनों जनसंपर्क के माध्यम है। सेल्युलर फोन एक तारारहित (Cordless) चल संचार उपकरण है।

25. Where we do not find Mediterranean type of vegetation?
भूमध्यसागरीय प्रकार की वनस्पति कहाँ पाई जाती है?

(a) Around the Mediterranean type of vegetation?/यूरोप, अफ्रीका एवं एशिया के भूमध्यसागर के समीप वाले प्रदेशों में
(b) California in the United states of America संयुक्त राज्य अमेरिका के केलिफोर्निया
(c) South West Africa/दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका
(d) South East Africa/दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका

Ans. (d) : भूमध्य सागरीय प्रकार की वनस्पति दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका में पाई जाती है। यहाँ की अधिकतर वनस्पति में शुष्कता प्रतिरोधी क्षमता होती है। इन पेड़ों की छाल मोटी पत्तियाँ, कड़ी, चिकनी एवं चमकदार होती है। इन पेड़ों की शाखाएँ कांटेदार तथा मोटी होती है। यहाँ की वनस्पति की ये सभी विशेषताएँ उसे ग्रीष्म ऋतु में होने वाले अत्यधिक वाष्पोत्सर्जन से बचाती है। इस प्रकार की वनस्पति का सबसे अच्छा उदाहरण यहाँ पाई जाने वाली सदाहरित छोटी-छोटी झाड़ियाँ हैं, जिन्हें कैलीफोर्निया के चेपेरल, दक्षिणी फ्रांस में मेकीज तथा इटली में मछिया कहते है। भूमध्य सागरीय प्रदेशों की जलवायु घास उगने के लिए अनुकूल नहीं है क्योंकि यहाँ ग्रीष्म ऋतु शुष्क होती है। यहाँ पर नींबू जाति के रसदार फल उगाने के लिए प्रसिद्ध है। इस प्रदेश में उगाए जाने वाले प्रमुख फल है– संतरा, नींबू, अंगूर, खुमानी, अनार, आड़ू।

26. Consider the following resources:
निम्न संसाधनों पर विचार कीजिए।

(i) Mica/अभ्रक
(ii) Forest/वन
(iii) Natural Gas/प्राकृतिक गैस
(iv) Soil/मृदा
(v) Water/जल

Which of the above are examples of renewable resource?
उपर्युक्त में से कौन सा/से प्राकृतिक संसाधन नवीकरणीय संसाधन के उदाहरण है?

(a) Only (A), (B) & (C)/केवल (A), (B) और (C)
(b) Only (B), (C) & (D)/केवल (B), (C) और (D)
(c) Only (B), (D) & (E)/केवल (B), (D) और (E)
(d) Only (B), (C) & (E)/केवल (B), (C) और (E)

Ans. (c) : वन, मृदा एवं जल प्राकृतिक संसाधन नवीकरणीय संसाधन के उदाहरण है। प्राकृतिक संसाधन वे संसाधन है जो प्रकृति से प्राप्त होते है तथा कुछ संसाधनों के साथ उपयोग किए जाते हैं। वन मनुष्यों के लिए इमारती लकड़ी जनजातियों और जानवरों के लिए भोजन, पानी और आश्रय प्रदान करते हैं। जीवों के बीच पोषक चक्र खाद्य शृंखला बनाते है और प्रजातियों की जैव विविधता को बढ़ावा देते है। महासागरीय जल प्राकृतिक संसाधन का एक उदाहरण है। महासागरीय तरंगों का उपयोग तरंग शक्ति उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जो एक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है। समुद्र में समुद्री प्रजातियों की जैव विविधता होती है जहाँ पोषक चक्र सामान्य होते हैं। प्राकृतिक संसाधन मानवता की प्राकृतिक विरासत का हिस्सा है।
नोट - नवीकरणीय संसाधन (ऊर्जा) के उदाहरण - सौर ऊर्जा, पवनऊर्जा, जलविद्युत ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, बायोयास, जैव ईंधन। अनवीकरणीय संसाधन के उदाहरण– कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस।

27. Which factors play a major role in the formation of soil?/मृदा के विरचन/गठन में कौन से कारक मुख्य भूमिका निभाते हैं?

(A) Parent rock/मूल चट्टान
(B) Topography/स्थलाकृति
(C) Climatic factors/जलवायु संबंधी कारक
(D) Time/समय

Options:/विकल्पः

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(c) Only (D)/केवल (D)
(d) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)

Ans. (d) : मृदा के विरचन/गठन में मूल चट्टान एवं जलवायु संबंधी कारक मुख्य भूमिका निभाते है। जलवायु मृदा निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण सक्रिय कारक है। मृदा के विकास में संलग्न विभिन्न जलवायवी तत्त्व हैं– वर्षा, वाष्पीकरण की बारंबारता व अवधि तथा आर्द्रता एवं तापक्रम मृदा निर्माण में शैल एक निष्क्रिय नियंत्रक कारक है। मृद निर्माण के गठन व संरचना, शैल निक्षेप के खनिज एवं रासायनिक संयोजन पर निर्भर करती है। जिन स्थानों पर मृदाएँ नई होती है अर्थात् परिपक्व नहीं होती है, वहाँ की मृदाओं का मूल शैलों के साथ घनिष्ठ संबंध होता है। मूल शैव (चट्टान) की भाँति स्थलाकृति भी एक दूसरा निष्क्रिय नियंत्रक कारक है। तीव्र ढालों वाले क्षेत्र में मृदा छिछली तथा सपाट क्षेत्र में मृदा गहरी व मोटी होती है।

28. Debt trap in rural areas mainly illustrates the exploitative relationship between _____.
कर्ज का जाल ग्रामीण इलाकों में मुख्यतः _____ के बीच एक शोषणकारी संबंध को दर्शाता है।

(a) Moneylenders and small farmers साहूकार और छोटे किसान
(b) Small farmers and agricultural labourers छोटे किसान और खेतीहर मज़दूर
(c) Agricultural landless labourers and village cooperatives/भूमिहीन खेतीहर संबंधी मज़दूर और ग्रामीण सहकारिता
(d) Village cooperatives and moneylenders ग्रामीण सहकारिता और साहूकार

Ans. (b) : कर्ज का जाल ग्रामीण इलाकों में मुख्यतः साहूकार और छोटे किसान के बीच एक शोषणकारी संबंध को दर्शाता है। साहूकार यथेष्ट सम्पत्ति तथा घनाढ्य व्यक्ति होते हैं। छोटे किसान, वह किसान होते है जिनके पास खेती करने योग्य भूमि केवल एक हेक्टेयर से ज्यादा और 2 हेक्टेयर से कम होती है। भारत में ज्यादातर किसान छोटे और सीमांत है। कर्ज की समस्या ग्रामीण में छोटे किसानों में ज्यादा है। इसलिए कर्ज रूपी जाल साहूकार और छोटे किसानों के बीच एक शोषणकारी संबंध को प्रदर्शित करता है।

29. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : In a democracy, an independent media is important
अभिकथन (A) : लोकतंत्र में, स्वतंत्र संचार माध्यम (मीडिया) महत्त्वपूर्ण है।

Reason (R) : Information available through media should be reliable and not biased
कारण (R) : संचार माध्यम (मीडिया) से प्राप्त सूचना विश्वसनीय होनी चाहिए ना कि पक्षपातपूर्ण।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
दोनों (A) तथा (R) गलत हैं।

Ans. (a) : लोकतंत्र में, स्वतंत्र संचार माध्यम (मीडिया) महत्वपूर्ण है। संचार माध्यम (मीडिया) से प्राप्त सूचना विश्वसनीय होनी चाहिए ना कि पक्षपात पूर्ण। लोकतंत्र में मीडिया का एक प्रमुख स्थान है। मीडिया द्वारा प्रदत्त जानकारी ही जनमानस तक पहुँचती है। लोकतंत्र में कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका के साथ मीडिया चौथा स्तम्भ है। यह लोकतंत्र का एक प्रमुख प्रहरी है। मीडिया के माध्यम से ही जनमानस में वास्तविकता का सही विकास होता है। मीडिया एक स्वस्थ लोकतंत्र को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। यह लोकतंत्र की रीढ़ है। मीडिया को पक्षपात पूर्ण रूप से व्यवहार नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह एक विश्वसनीय संचार का रूप है। अतः (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

30. In India, the government works at _____.
भारत में सरकार काम करती है _____ पर।

(a) Ward level/वार्ड स्तर
(b) State level/राज्य स्तर
(c) National level/राष्ट्रीय स्तर
(d) Regional level/क्षेत्रीय स्तर

Which of the following option is correct?
निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सही है?

(a) (A) & (B)/(A) और (B)
(b) (B) & (C)/(B) और (C)
(c) (C) & (D)/(C) और (D)
(d) (A) & (C)/(A) और (C)

Ans. (b) : भारत में सरकार राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर काम करती है। सरकार कुछ निश्चित व्यक्तियों का समूह होती है। जो राष्ट्र तथा राज्यों में निश्चित काल के लिए तथा निश्चित पद्धति द्वारा शासन करता है। प्रायः इसके तीन अंग होते हैं– विधायिका, कार्यपालिका न्यायपालिका। सरकार के माध्यम से राज्य में राजशासन नीति लागू होती है। सरकार के तंत्र का अभिप्राय उस राजनीतिक व्यवस्था से होता है। जिसके द्वारा राज्य की सरकार को जाना जाता है।
राज्य निरन्तर बदलती हुई विधायिका द्वारा प्रशासित होते है। संसदीय पद्धति में सरकार का अभिप्राय राष्ट्रपतीय पद्धति के अधिशासी शाखा से होता है। इस पद्धति में राष्ट्र में प्रधानमंत्री एवं मंत्री परिषद तथा राज्य में मुख्य मंत्री एवं मंत्री परिषद कार्यपालिका के प्रमुख सदस्य होते है।

31. Who acts as a panchayat president?
कौन सरपंच की तरह कार्य करता है?

(a) The Secretary of the Gram Sabha
ग्राम सभा का सचिव
(b) Block Development Officer
खंड विकास अधिकारी
(c) One ward member elected by other ward members/अन्य वार्ड सदस्यों द्वारा चयनित (चुना गया) एक वार्ड सदस्य
(d) Ward members by rotation
बारी-बारी से वार्ड सदस्य

Ans. (c) : अन्य वार्ड सदस्यों द्वारा चयनित (चुना गया) एक वार्ड सदस्य सरपंच की तरह काम करता है। सरपंच ग्राम पंचायत का मुख्य होता है। सरपंच भारत में स्थानीय स्वशासन के लिए गाँव स्तर पर विधिक संस्था ग्राम पंचायत का प्रधान होता है। सरपंच चुने गए पंचों की मदद से ग्राम पंचायत के महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेता है। सरपंच का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। इनका चुनाव ग्राम वासियों द्वारा किया जाता है।
सन् 1992 में संविधान के 73वें और 74वें संशोधन को संसद ने पारित किया। संविधान का 73वाँ संशोधन गाँव के स्थानीय शासन से जुड़ा है। इसका संबंध पंचायती राज व्यवस्था की संस्थाओं से है। संविधान का 74वाँ संशोधन शहरी स्थानीय शासन (नगरपालिका) से जुड़ा है। सन् 1993 में 73वाँ और 74वाँ संशोधन लागू हुए।
नोट - त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत (ग्राम स्तर पर) पंचायत समिति (मध्यवर्ती स्तर पर) और जिला परिषद (जिला स्तर पर) शामिल है।

32. What is a labour chowk?
''लेबर चौक'' किसे कहते हैं?

(a) A place where bonded labour system is praticed /ऐसी जगह जहाँ बेगारी की प्रथा प्रचलित हो
(b) A place where labourers are sold
ऐसी जगह जहाँ मज़दूरों की बिक्री होती हो
(c) A place where daily wage labourers assemble in search of work/ऐसी जगह जहाँ दिहाड़ी मज़दूर काम की तलाश में इकट्ठा होते हैं
(d) A place where labourers are given night shelters/ऐसी जगह जहाँ मज़दूरों को रेन बसेरा दिया जाता है।

Ans. (c) : लेबर चौक उस जगह को कहते है जहाँ दिहाड़ी मजदूर काम की तलाश में इकट्ठा होते हैं। लेबर चौक पर जो मजदूर रहते हैं उनमें से अधिकतर अपने रहने की स्थायी व्यवस्था नहीं कर पाते है। इसलिए ये मजदूर काम की तलाश में एक साथ चौक पर इकट्ठा रहते हैं।

33. Read the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

(a) Weaver's cooperatives are one way to reduce the dependence on the merchant
बुनकरों की सहकारी संस्था व्यापारियों के ऊपर निर्भरता कम करने का एक साधन है
(b) And to earn a higher income for the merchant/और व्यापारियों की आमदनी बढ़ाने का जरिया है

Options:/विकल्पः

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are true
दोनों (A) और (B) सही हैं
(d) Both (A) and (B) are false
दोनों (A) और (B) गलत हैं

Ans. (a) : बुनकरों की सहकारी संस्था व्यापारियों के ऊपर निर्भरता कम करने का एक साधन है। यह तथ्य सही है। एक बुनकर सहकारी समिति में एक समूह बनाते है तथा सामूहिक रूप से कुछ गतिविधियाँ करते है। बुनकर सहकारी समिति में समान हितों वाले लोग एक साथ आते हैं। और पारस्परिक लाभ के लिए काम करते है। व्यापारियों की भूमिका यहाँ कम हो जाती है और बुनकर अधिक आय अर्जित करते है। व्यापारियों की आमदनी बढ़ाने का जरिया नही है। अतः (b) सही नहीं है। सरकार सहकारी समितियों से उचित दरों पर कपड़ा खरीदकर बुनकरों की मदद भी करती है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु सरकार राज्य में निःशुल्क स्कूल की वर्दी का कार्यक्रम चलाती है। सरकार इस कार्यक्रम के लिए पावरलूम बुनकर सहकारी समितियों से कपड़ा खरीदती है।

34. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : No country can be said to be completely democratic.
अभिकथन (A) : किसी भी देश को पूरी तरह से लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता।

Reason (R) : Individuals and communities always try to expand the idea of democracy.
कारण (R) : व्यक्ति और समुदाय सदैव लोकतंत्र को नए अर्थ देने का प्रयास करते हैं।

विकल्पः

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
दोनों (A) तथा (R) गलत है।

Ans. (a) : अभिकथन (A) : किसी भी देश को पूरी तरह से लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। कारण (R) : व्यक्ति और समुदाय सदैव लोकतंत्र को नए अर्थ देने का प्रयास करते हैं। (A) और (R) दोनों सही है। तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है। लोकतंत्र सरकार का एक रूप है जिसमें लोग अपने नेताओं को सार्वभौमिक वयस्क मतदान और संविधान जैसे मौलिक नियमों के माध्यम से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के द्वारा चुनते हैं। लोकतंत्र गलतियों को ठीक करने की अनुमति देकर सुधार की अनुमति देता है। तानाशाही और लोकतांत्रिक शासन वाले देशों के आर्थिक विकास दर में अंतर भले ज्यादा हो लेकिन इसके बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था का चुनाव ही बेहतर है क्योंकि इसके अन्य सकारात्मक फायदे है।

35. Gender inequality needs to be dealt with at _____.
जेंडर असमानता का समाधान _____ के स्तर पर करने की ज़रूरत है।

(a) Family level only/केवल परिवार
(b) Family, society and government levels
परिवार, समाज और सरकार
(c) Government level only/केवल सरकार
(d) Family and society levels/परिवार और समाज

Ans. (b) : जेंडर असमानता का समाधान परिवार, समाज और सरकार के स्तर पर करने की जरूरत है। लैंगिक असमानता का तात्पर्य लैंगिक आधार पर महिलाओं के साथ भेदभाव से है। परंपरागत रूप समान में महिलाओं को कमजोर वर्ग के रूप में देखा जाता रहा है। वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेद-भाव से पीड़ित होती है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति के बावजूद वर्तमान भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक मानसिकता जटिल रूप में व्याप्त है। लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए परिवार, समाज और सरकार को महिलाओं के प्रति एक समान भाव प्रदर्शित करना चाहिए।

36. Which one of the following is NOT a Fundamental Right?
निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकार नहीं है?

(a) Right to freedom of remedies
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to constitutional remedies
संवैधानिक उपचार का अधिकार
(c) Right to property /संपत्ति का अधिकार
(d) Availing elementary education
प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करना

Ans. (c) : संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों का विवरण है। इन्हें भारत का 'अधिकार-पत्र' (Magnacarta) भी कहा जाता है। वर्तमान में संविधान के तहत नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किए गए है, जिनका विवरण इस प्रकार है–
(1) समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14–18)
(2) स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19–22)
(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23–24)
(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25–28)
(5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29–30)
(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)
नोट - मूल संविधान में सभी नागरिकों को अनु0 19 के तहत 7 प्रकार की स्वतंत्रता प्रदान की गई थी। लेकिन सम्पत्ति के अधिकार अनु0 19(1) (च) को 44वें संविधान संशोधन से हटा दिया गया था। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300-ए के तहत कानूनी अथवा विधिक अधिकार बनाया गया है।

37. The provision of Midday Meal Scheme in schools is extension of which of the fundamental rights granted to Indian citizens?
स्कूलों में मध्याह्न भोजन की योजना का प्रावधान निम्नलिखित में से भारतीय नागरिकों को प्राप्त किस मौलिक अधिकार का विस्तार है?

(a) Right to equality/समानता का अधिकार
(b) Right to life/जीवन का अधिकार
(c) Right against exploitation/शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) Right to freedom of religion/धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (b) : स्कूलों में मध्याह्न भोजन की योजना का प्रावधान भारतीय नागरिकों को प्राप्त 'जीवन का अधिकार' नामक मौलिक अधिकार का विस्तार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 में कहा गया है कि "कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा यह अधिकार प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होता है। न कि केवल भारतीय नागरिकों पर अनु 21 के अंदर अनेक अधिकारों को शामिल करते हुए, इसकी सीमा का विस्तार किया है, जिनमें शामिल है आजीविका, स्वच्छ पर्यावरण, बेहतर स्वास्थ्य, अदालतों में त्वरित सुनवाई तथा कैद में मानवीय व्यवहार से संबंधित अधिकार। उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के अधिकार को 86वें संशोधन 2002 के द्वारा अनु0 21(A) के तहत मौलिक अधिकार बना दिया गया है।
नोट - समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23–24)
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25–28)

38. The phrase 'Justice delayed is Justice denied' refers to which of the following problems of the justice system in India?
'इंसाफ में देरी यानी इंसाफ का कत्ल', यह मुहावरा भारत की न्याय व्यवस्था से जुड़ी निम्नलिखित में से किस समस्या को दर्शाता है?
(a) Red tapism in bureaucracy/नौकरशाही में लालफीताशाही
(b) Inordinate delay in completion of trial by judiciary/न्यायालयों द्वारा सुनवाई खत्म करने में अप्रत्याशित देरी होना
(c) Long system of appeals going through various levels/अपील की लम्बी व्यवस्था जो कई स्तरों से होकर गुजरती है
(d) Grant of bail to the accused/आरोपी को ज़मानत दे देना

Ans. (b) : इंसाफ में देरी यानी इंसाफ का कत्ल, यह मुहावरा भारत की न्याय व्यवस्था से जुड़ी न्यायालयों द्वारा सुनवाई खत्म करने में अप्रत्याशित देरी होने की प्रमुख समस्या को दर्शाता है। लंबित मामलों की देर से सुनवाई होना यह याचिका कर्ता के अधिकार का हनन है। इसके प्रमुख कारण यह है कि 'बढ़ती अपराध दर'। अपराध का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है और अदालतों में मुकदमों की संख्या भी अत्यधिक बढ़ रही है। मामलों की बढ़ती संख्या समय पर फैसले में अप्रत्याशित देरी होने की प्रमुख समस्या का कारण है।

39. The Forest Rights Act (2006) is a law which recognizes the rights of _____.
2006 में लागू हुआ वन अधिकार अधिनियम एक ऐसा कानून है जो _____ के अधिकारों को सुनिश्चित करता है।
(i.) Forest Dwellers/वनवासी
(ii.) Scheduled Tribes/अनुसूचित जनजाति
(iii.) Paper Mill Owners/पेपरमिल मालिक
(iv.) Animal rights activists/जानवर अधिकार कार्यकर्ता
Choose the correct option from the codes given below.
नीचे दिए गए कूटों में से सही विकल्प का चयन करें:
(a) (A) and (D)/(A) और (D)
(b) Only (A)/केवल (A)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) Only (D)/केवल (D)

Ans. (c) : 2006 में लागू हुआ वन अधिकार अधिनियम एक ऐसा कानून है जो वनवासी और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों को सुनिश्चित करता है। यह अधिनियम उन अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है। जिन पर ये समुदाय विभिन्न प्रकार की जरूरतों के लिए निर्भर थे, जिनमें आजीविका, निवास और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक आवश्यकताएँ शामिल है। यह अधिनियम आदिवासियों या वनवासियों द्वारा खेती की जाने वाली भूमि पर स्वामित्व का अधिकार देता है। वन निवासियों के अधिकारों का विस्तार लघु वनोत्पाद, चराई क्षेत्रों तक है।

40. Marginalisation is often associated to experiencing which of the following conditions?
निम्नलिखित में से किस स्थिति को अनुभव करने के साथ हाशियाकरण प्रायः संबंधित होता है?
(a) Disadvantage/अभाव/वंचन
(b) Discrimination/भेदभाव
(c) Equality/समानता
(d) pride/गर्व
Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A) & (B)/(A) और (B)
(b) (A), (B) & (C)/(A), (B) और (C)
(c) (A) & (C)/(A) और (C)
(d) (A) & (D)/(A) और (D)

Ans. (a) : अभाव/वंचन और भेदभाव अनुभव करने के साथ हाशियाकरण प्रायः संबंधित होता है। धार्मित सांत्वना, सशस्त्र संघर्ष, आत्म सुधार और शिक्षा इन सभी मामलों में संघर्ष का चुनाव उन परिस्थितियों पर निर्भर करता है। जिनमें हाशिये पर रहने वाले लोग खुद को करते हैं। ऐसे कई उदाहरण होते है जहाँ हासिए पर रहने वाले वर्ग दूसरों के वर्चस्व का विरोध करते है। उच्च वर्ग या सरकार के कानून नीति के अनुरूप नहीं होते। हासिये पर पड़े कई वर्ग शिक्षित होते है। और अपने अधिकारों के लिए लड़ने की कोशिश करते है। शिक्षा सबसे अच्छा हथियार है जिसका उपयोग हाशिए के लोग कर सकते है। समानता और गर्व हाशियाकरण के साथ प्रायः संबंधित नहीं होता है।

41. _____ is not included as one of the topics in social science at the middle level.
सामाजिक विज्ञान में एक विषय के रूप में माध्यमिक स्तर पर _____ सम्मिलित नहीं है।
(a) Psychology/मनोविज्ञान
(b) Geography/भूगोल
(c) History/इतिहास
(d) Political Science/राजनीतिक विज्ञान

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान में एक विषय के रूप में माध्यमिक स्तर पर 'मनोविज्ञान सम्मिलित नहीं है। बल्कि भूगोल, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान सामाजिक विज्ञान में एक विषय के रूप में सम्मिलित है। माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राथमिक और उच्च शिक्षा के मध्य की शिक्षा है। अर्थात् यह 6-8 कक्षा तक की शिक्षा के विषय आते है। सामाजिक विज्ञान की विषय-वस्तु के शिक्षण में बालक की अवधारणात्मक समझ विकसित हो जाती है।

42. Historical studies help in development of _____.
ऐतिहासिक अध्ययन _____ के विकास में मदद करते हैं।

(a) Spiritual domain/आध्यात्मिक पक्ष के स्तर
(b) Cognitive domain/ज्ञानात्मक पक्ष के स्तर
(c) Psychomotor domain/मनोक्रियात्मक पक्ष के स्तर
(d) Economic domain/आर्थिक पक्ष के स्तर

Ans. (b) : ऐतिहासिक अध्ययन 'ज्ञानात्मक पक्ष के स्तर' के विकास में मदद करते है। ज्ञानात्मक का संबंध सूचनाओं का ज्ञान तथा तथ्यों की जानकारी से होता है। ज्ञानात्मक पक्ष के अन्तर्गत शिक्षार्थी शब्दों, प्रतीकों, परिभाषाओं तथा सूत्रों को प्रमुख अवधारणा के रूप में याद करते है। बेंजामिन ब्लूम ने व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों के पक्ष को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया है–
* संज्ञानात्मक पक्ष - सिर से संबंधित होता है।
* भावात्मक पक्ष - हृदय से संबंधित होता है।
* मनोप्रेरणा पक्ष - हाथ से संबंधित होता है।

पूर्व में हुई घटनाओं का वर्तमान के साथ जोड़ना यह ज्ञानात्मक पक्ष के स्तर के अन्तर्गत आता है। पूर्व में हुई कोई भी घटना हमारे मस्तिष्क में तभी आती है जब संज्ञान का स्तर क्रियाशील रहता है।

43. In a geography class, the teacher could help students detect specialized regions by engaging them in the following.
भूगोल की कक्षा में, शिक्षक विशेषित क्षेत्रों को ढूँढ़ने के लिए विद्यार्थियों को निम्नलिखित में संलिप्त करने के द्वारा उनकी सहायता कर सकता है:

(i.) Identifying and recording certain characteristic features/कुछ विशिष्ट विशेषताओं को पहचानने और रिकॉर्ड करने
(ii.) Studying map/मानचित्र का अध्ययन करने
(iii.) Locating information on a map मानचित्र पर सूचना ढूँढ़ने
(iv.) Using encyclopedia/विश्वकोष का उपयोग करने

Options:/विकल्प:
(a) (i), (ii) and (iv)/(i), (ii) और (iv)
(b) (i), (ii) and (iii)/(i), (ii) और (iii)
(c) (i), (iii) and (iv)/(i), (iii) और (iv)
(d) (ii), (iii) and (iv)/(ii), (iii) तथा (iv)

Ans. (b) : भूगोल की कक्षा में शिक्षक विशेषित क्षेत्रों को ढूढ़ने के लिए विद्यार्थियों को कुछ विशिष्ट विशेषताओं को पहचानने और रिकॉर्ड करने, मानचित्र का अध्ययन करने तथा मानचित्र पर सूचना ढूँढ़ने में संलिप्त करने के द्वारा उनकी सहायता कर सकता है। क्योंकि भूगोल की कक्षा में मानचित्र का बहुत उपयोग रहता है। मानचित्र की सहायता से पूरे विश्व के प्राकृतिक वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

44. Arrange the following stages of problem solving in order./निम्नलिखित समस्या समाधान के स्तरों को सही क्रम में सुव्यवस्थित कीजिए।

(i.) Evaluation and review मूल्यांकन और पुनरीक्षण
(ii.) Making an action plan and implementing it/कार्य-योजना बनाना और लागू करना
(iii.) Problem formulation and interpretation समस्या का सूत्रीकरण और व्याख्या करना
(iv.) Generation ideas and options/विचारों और विकल्पों को उत्पन्न करना

Options:/विकल्प:
(a) (iii), (iv), (ii), (i) (b) (iii), (ii), (iv), (i)
(c) (iv), (ii), (iii), (i) (d) (iv), (iii), (ii), (i)

Ans. (a) : समस्या समाधान के स्तरों का सही क्रम में सुव्यवस्थित इस प्रकार से है–
* समस्या का सूत्रीकरण और व्याख्या करना।
* विचारों और विकल्पों को उत्पन्न करना।
* कार्य योजना बनाना और लागू करना।
* मूल्यांकन और पुनरीक्षण करना।

45. Suppose you wish to use "simple to complex" approach to organise curricular topics. Choose the appropriate option arranging them in the appropriate sequence.
मान लीजिए आप ''सरल से जटिल'' उपागम में पाठ्यचर्या को सुव्यवस्थित करना चाहते हैं। नीचे दिए उपागम को उपयुक्त अनुक्रम में लगाकर उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(i) Living in a family/परिवार में रहना
(ii) Forest regions of India/भारत के वन क्षेत्र
(iii) Family in neighbourhood/पड़ोस में परिवार
(iv) Communities existed long ago बहुत पहले के समुदाय

Options:/विकल्प:
(a) (ii), (i), (iv), (iii) (b) (iii), (i), (ii), (iv)
(c) (i), (iii), (ii), (iv) (d) (i), (iii), (iv), (ii)

Ans. (d) : सरल से जटिल उपागम में पाठ्यचर्या को सुव्यवस्थित करने के लिए निम्न उपागम को अनुक्रम में लगाया जाता है–
* परिवार में रहना
* पड़ोस में परिवार
* बहुत पहले के समुदाय
* भारत के वन क्षेत्र

औपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम (करिकुलम) विद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रदान किये जाने वाले पाठ्यक्रमों और उनकी सामग्री को कहते है।

46. Which of the following maps will you use to show the natural features of the earth in class?
निम्नलिखित मानचित्रों में से कौन से मानचित्र का आप कक्षा में पृथ्वी की प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाने के लिए उपयोग करेंगे?

(a) Physical Map/भौतिक मानचित्र
(b) Political Map/राजनीतिक मानचित्र
(c) Thematic Map/कथ्यपरक (थीमैटिक) मानचित्र
(d) Natural Map/प्राकृतिक मानचित्र

Ans. (a) : भौतिक मानचित्र का उपयोग कक्षा में पृथ्वी की प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाने के लिए उपयोग किया जाता है।
मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग को पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। मानचित्र हमारी विभिन्न जरूरतों के लिए आवश्यक है। मानचित्र के प्रमुख प्रकार निम्न है–
भौतिक मानचित्र - पृथ्वी की प्राकृतिक आकृतियाँ जैसे - पर्वत, पठार, मैदान, नदियाँ, महासागर इत्यादि को दर्शाने वाले मानचित्र को 'भौतिक मानचित्र' या उच्चावच मानचित्र कहा जाता है।
राजनीतिक मानचित्र – राज्यों, नगरों, शहरों तथा गावों और विश्व के विभिन्न देशों व राज्यों तथा उनकी सीमाओं को दर्शाने वाले मानचित्र को राजनीतिक मानचित्र कहा जाता है।
थिमैटिक मानचित्र – कुछ मानचित्र विशेष जानकारियाँ प्रदान करते हैं जैसे - सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र वन तथा उद्योग आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र इत्यादि। इस प्रकार के मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहा जाता है।
नोट - मानचित्र के तीन घटक है– दूरी, दिशा और प्रतीक।

47. A social science teacher wants her students to inquire about the condition of health facilities in their area. Which of the following would find place in her lesson plan?
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से उनके अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की दशा पर जाँच करवाना चाहती हैं। निम्नलिखित में से उनकी पाठ योजना में क्या स्थान पा सकता है?
(i) Organizing a visit to local health centre/स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भ्रमण का आयोजन
(ii) Discussion on why government should provide health care for poor/सरकार को गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएं क्यों उपलब्ध करवानी चाहिए - इस पर चर्चा का आयोजन
(iii) Showing data on malnutrition among children world wide./पूरे विश्व में बच्चों में पाये जाने वाले कुपोषण के आँकड़े दिखाना।
Options:/विकल्पः
(a) Both (A) and (B)/दोनों (A) तथा (B)
(b) Both (B) and (C)/दोनों (B) तथा (C)
(c) Both (A) and (C)/दोनों (A) तथा (C)
(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)

Ans. (a) : एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों से उनके अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की दशा पर जाँच करवाना चाहती है। उनकी पाठ योजना में निम्न स्थान पा सकता है–
* स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भ्रमण का आयोजन
* सरकार को गरीबों को स्वास्थ्य सेवाएँ क्यों उपलब्ध करवानी चाहिए - इस पर चर्चा का आयोजन करना चाहिए।

48. A social science teacher planning to discuss the topic 'social justice and marginalisation'. Which of the following are the most appropriate learning outcomes?
सामाजिक विज्ञान का एक शिक्षक 'सामाजिक न्याय और हाशियाकरण' विषय पर चर्चा करने की योजना बना रहा है।
निम्नलिखित में से कौन से सर्वाधिक उपयुक्त अधिगम प्रतिफल हैं?
(i) Students understand concept of marginalization/विद्यार्थी हाशियाकरण की अवधारणा को समझते हैं।
(ii) Students understand how judiciary functions in daily lives/दैनिक जीवन में न्यायपालिका कैसे कार्य करती हैं, विद्यार्थी यह समझते हैं।
(iii) Students recognize how marginalization takes place in the real lives/विद्यार्थी पहचानते हैं कि वास्तविक जीवन में हाशियाकरण कैसे होता है।
(iv) Students recognize how social justice is denied and to whom/विद्यार्थी जानते हैं कि किसे और कैसे सामाजिक न्याय अस्वीकृत किया जाता है।
Options:/विकल्पः
(a) (A), (B) & (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) & (D)/(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) & (D)/(A), (C) और (D)
(d) (A), (B) & (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान का एक शिक्षक 'सामाजिक न्याय और हाशियाकरण विषय पर चर्चा करने की योजना बना रहा है। सर्वाधिक उपयुक्त अधिगम प्रतिफल निम्न है–
* विद्यार्थी हाशियाकरण की अवधारणा को समझते हैं।
* विद्यार्थी पहचानते है कि वास्तविक जीवन में हाशियाकरण कैसे होता है।
* विद्यार्थी जानते है कि किसे और कैसे सामाजिक न्याय अस्वीकृत किया जाता है।

आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारक समाज में कुछ समूहों को हाशिए पर महसूस करने के लिए एक साथ काम करते है।

49. 'I live in a Muslim dominant area. My brother and I had gone for an Iftar party in the neighbourhood and were dressed in traditional clothes, that is sherwani and salvaar kameej respectively. Later we changed our clothes to jeans and T-shirt'.
How do you view this narrative of a girl?
मैं एक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में रहती हूँ। मैं और मेरा भाई पड़ोस में ही इफ़्तार की एक दावत में गए थे और हमने परंपरागत कपड़े यानी क्रमशः शेरवानी एवं सलवार-कमीज़ पहन रखे थे। बाद में हमने अपने कपड़े बदलकर जीन्स और टी-शर्ट पहन लिए। आप उस लड़की के वृत्तांत को कैसे देखते हैं?

(i) **Clothes can be seen as a marker of identity/कपड़ों को पहचान के निशान के रूप में भी देखा जा सकता है।**

(ii) **We may be prejudiced for the clothes wr wear/हम जो कपड़े पहनते हैं उनको लेकर हम पूर्वाग्रही हो सकते हैं।**

(iii) **Clothes should be worn for comfort and as per occasion/कपड़ों को आराम के लिए और मौके के अनुसार पहनना चाहिए।**

Option:/विकल्पः

(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (A) and (C)/(A) और (C)
(c) (B) and (C)/(B) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

Ans. (b) : मैं एक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में रहती हूँ। मैं और मेरा भाई पड़ोस कें ही इफ्तार की एक दावत में गए थे और हमने परंपरागत कपड़े यानी क्रमशः शेरवानी एवं सलवार कमीज पहन रखे थे। बाद में हमने अपने कपड़े बदलकर जीन्स और टी-शर्ट पहन लिए। आप उस लड़की के वृत्तान्त को निम्न प्रकार से देखते हैं–
* कपड़ो को पहचान के निशान के रूप में भी देखा जा सकता है।
* कपड़ों को आराम के लिए और मौके के अनुसार पहनना चाहिए।

50. Which of the following questions promote critical thinking among students? Choose the appropriate option.
निम्नलिखित में से किन प्रश्नों से छात्रों के आलोचनात्मक विवेचन को प्रोत्साहन मिलता है? उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) **Explain the formation of Himalaya and Ganges river system./हिमालय तथा गंगा नदी व्यवस्था के बनने की प्रक्रिया की व्याख्या करें।**

(b) **What are the merits and demerits of multi party system/बहु-दलीय व्यवस्था के गुण और अवगुण क्या-क्या है?**

(c) **What are the suitable conditions to establish iron and steel industry in Jharkhand?/झारखंड में इस्पात और स्टील उद्योग स्थापित करने की उचित स्थितियाँ कौन-कौन सी है?**

(d) **Give three differences between the way villages are managed today and in time of mahajanapadas./आज के गांवों और महाजनपद के समय के गांवों की व्यवस्था में तीन अंतरों को बताएं।**

Options:/विकल्पः

(a) (A) & (B)/(A) तथा (B)
(b) (B) & (D)/(B) तथा (D)
(c) (B) & (C)/(B) तथा (C)
(d) (C) & (D)/(C) तथा (D)

Ans. (b) : बहु-दलीय व्यवस्था के गुण और अवगुण क्या-क्या है? आज के गावों और महाजनपद के समय के गाँवों की व्यवस्था में तीन अंतरों को बताएँ। ये सभी प्रश्नों से छात्रों के आलोचनात्मक विवेचन को प्रोत्साहन मिलता है। आलोचनात्मक प्रश्न करने से छात्रों के अंदर तर्क करने तथा अमूर्त चिंतन का विकास होता है।

51. Read the following statements (A) and (R) and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Branding means stamping a product with a particular name or sign, so as to differentiate it from other products in the market./अभिकथन (A) : ब्रांडिंग का अर्थ है किसी उत्पाद पर किसी विशेष नाम या चिह्न की मोहर लगाना ताकि एक उत्पाद को बाज़ार में प्रचलित अन्य उत्पादों से अलग (भिन्न) दिखे।

Reason (R) : Branding came from cattle grazing where owners thought of marking their cattle to avoid mix up./कारण (R) : 'ब्रांडिंग' या 'दागना' पशुपालन की ज़रूरत से उभरा एक शब्द है जहाँ मालिकों ने पशुओं पर पहचानने की समस्या को दूर करने के लिए अपना खास चिह्न लगाने का सोचा।

Options:/विकल्पः

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : ब्रांडिंग का अर्थ है कि किसी उत्पाद पर किसी विशेष नाम या चिह्न की मोहर लगाना ताकि एक उत्पाद को बाजार में प्रचलित अन्य उत्पादों से अलग (भिन्न) दिखे। उत्पादों से जुड़ा एक-एक ब्रांड मूल्य होता है जिनके साथ उपभोक्ता अपने को जोड़ता है। ब्रांडिंग या 'दागना' पशुपालन की जरूरत से उभरा एक शब्द है जहाँ मालिकों ने पशुओं पर पहचानने की समस्या को दूर करने के लिए अपना खास चिन्ह लगाने का सोचा। उदाहरण के लिए साबुन तो बहुत है लेकिन हर कंपनी को अपने साबुन को एक अलग नाम देना होगा, ऐसा करने से वे साबुन का एक और ब्रांड बनाते है। इसलिए (A) और (R) दोनों सही है तथा (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

52. Consider the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

Assertion (A) : There is a need to decentralise the development of social science curricular materials in which teachers, students and community members introduce their own realities./कथन (A) : सामाजिक विज्ञान सामग्रियों के विकास का विकेंद्रीकरण करने की ज़रूरत है जहाँ शिक्षक, विद्यार्थी और समुदाय के सदस्य अपनी वास्तविकताओं को प्रस्तुत करें।

Reason (R) : Decentralisation enables students of different regions and social groups to relate

to the social science curricular materials they work with./कारण (R) : विकेंद्रीकरण विभिन्न क्षेत्रों और सामजिक समूहों से आए विद्यार्थियों को जिन सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या सामग्रियों के साथ वे काम करते हैं उनके साथ जोड़कर देखने में सबल बनाता है।

Options:/विकल्पः

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान सामग्रियों के विकास का विकेंद्रीकरण करने की जरूरत है जहाँ शिक्षक, विद्यार्थी और समुदाय के सदस्य अपनी वास्तविकताओं को प्रस्तुत करें सामाजिक विज्ञान में कई विषयों का समावेश होता है उन सभी विषयों को एक साथ पढ़ने के लिए शिक्षक और छात्र के मध्य एक अच्छा सामंजस्य बनता है। विकेंद्रीकरण विभिन्न क्षेत्रों और सामाजिक समूहों से आए विद्यार्थियों को जिन सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या सामग्रियों के साथ वे काम करते है उनके साथ जोड़कर देखने में सबल बनाता है। इसलिए (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

53. Consider the following statements (A) and (R) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

Assertion (A) : Traditionally social science curriculum accommodated gender concerns by including 'examples' of women.
कथन (A) : परंपरागत रुप से सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में जेंडर संबंधी मुद्दों के समायोजन में स्त्रियों के उदाहरणों को शामिल करते हैं।

Reason (R) : Making the perspectives of women integral to the discussion of any historical event or contemporary concerns is inevitable.
कारण (R) : किसी भी ऐतिहासिक घटना और समकालीन मुद्दों की चर्चा में स्त्री-परिप्रेक्ष्य को एकीकृत करने की आवश्यकता है।

Options:/विकल्पः

(a) Both (A) and (R) are true
(A) और (R) दोनों सही हैं।

(b) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत हैं।

(d) (A) is false, (R) is true
(A) गलत है लेकिन (R) सही हैं।

Ans. (a) : परंपरागत रूप से सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या में जेंडर संबंधी मुद्दों के समायोजन में स्त्रियों के उदाहरणों को शमिल करते है। जेंडर सम्बंधी मुद्दों में पुरूष और महिलाओं के कार्यों और व्यवहारों को परिभाषित करते है। जबकि 'सेक्स' शब्द जैविक और एक शारीरिक घटना को प्रतिबिंबित करता है। अपने वर्तमान के सामाजिक ढाचा में पुरूष को महिला से श्रेष्ठ माना जाता है, बल्कि यह धारणा गलत है, लैंगिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं किसी भी ऐतिहासिक घटना और समकालीन मुद्दों की चर्चा में स्त्री - परिप्रेक्ष्य को एकीकृत करने की आवश्यकता है। लैंगिक आधार पर पुरूष तथा महिलाओं के साथ भेद-भाव नही करना चाहिए। अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

54. Which of these is/are example (s) of secondary sources?
इनमें से कौन द्वितीयक स्त्रोत का उदाहरण है?

(a) Scholarly journals/विद्वानों की पत्रिकाएँ

(b) Biographies/आत्मकथाएँ

(c) Diaries/डायरी

(d) Photographs/तस्वीरें

Options:/विकल्पः

(a) (A) only/केवल (A)

(b) (A) & (B)/(A) और (B)

(c) (A), (B) & (C)/(A), (B) और (C)

(d) (B) & (D)/(B) और (D)

Ans. (a) : द्वितीयक स्त्रोत का उदाहरण है विद्वानों की पत्रिकाएँ। सामाजिक विज्ञान, विज्ञान की एक शाखा है जो मानव व्यवहार और सामाजिक संबंधों से संबंधित जो मुख्य रूप से अनुभवजन्य दृष्टिकोण पर निर्भर करती हैं सामाजिक विज्ञान के एक स्त्रोत को किसी ऐसी चीज के रूप में संदर्भित किया जा सकता है जो किसी वस्तु या घटना की उत्पत्ति को बताता है। सामाजिक विज्ञान में दो प्रकार के स्त्रोत है –

- **प्राथमिक स्त्रोत** : उदाहरण के लिए, सिक्के, नदियाँ, किले, भारत का संविधान, रवीन्द्रनाथ टैगोर की एक पेंटिंग, जेम्स मिल का ब्रिटिश भारत का इतिहास आदि (ये वे स्त्रोत है, जब घटना हुई थी)
- **द्वितीयक स्त्रोत** : ये वे स्त्रोत है जो कुछ विश्लेषण के बाद प्राथमिक स्त्रोत से प्राप्त होते है। उदाहरण के लिए, आत्मकथाएँ, शोध प्रबंध, सूचकांक आदि।

55. For doing a project on freedom struggle at the middle level, which of the following may be least essential?
माध्यमिक (मिडिल) स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम के ऊपर एक परियोजना करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा न्यूनतम रूप से अनिवार्य हो सकता है?

(a) Photographs/चित्र

(b) Important Quotations of Freedom Fighters
स्वतंत्रता सेनानियों के महत्त्वपूर्ण उद्धरण

(c) Sources from which the information was collected /वो स्त्रोत जिन से सूचना इकट्ठी की गई

(d) Questionnaire based collection of data
प्रश्नावली पर आधारित आंकड़ों का संग्रह

Ans. (d) : माध्यमिक (मिडिल) स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम के ऊपर एक परियोजना करने के लिए प्रश्नावली पर आधारित आंकड़ों का संग्रह न्यूनतम रूप से अनिवार्य हो सकता है। प्रश्नावली (Questionnaire) प्रश्नों या कथनों का समूह हैं जिसके माध्यम से व्यक्ति से पूछकर सूचनाएँ एकत्रित की जाती है। प्रश्नावली, अनुसंधान करने का एक प्रमुख रूप होता है। जिसमें लोगों से सूचना एकत्र करने के लिए उनसे बहुत से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रश्नावली, निर्माण में एक आत्मनिष्ठ तथा प्रयोग में वस्तुनिष्ठ विधि है।

56. Agencies approved by which of the following is/are expected to develop evaluation procedures as per RTE Act 2009?
आर.टी.ई. एक्ट-2009 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी संस्था/संस्थाओं से मूल्यांकन प्रक्रमों को विकसित करने की अपेक्षा है?

(a) Union Government/केन्द्र सरकार
(b) State Government/राज्य सरकार
(c) Local Government/स्थानीय सरकार
Options:/विकल्पः
(a) Both (A) and (B)/(A) और (B) दोनों
(b) Either (A) or (B)/या (A) या (B)
(c) Only (A)/केवल (A)
(d) Only (B) & (C)/केवल (B) और (C)

Ans. (a) : आर.टी.ई. एक्ट 2009 के अनुसार केन्द्र सरकार और राज्य सरकार नाम संस्था/संस्थाओं से मूल्यांकन प्रक्रमों को विकसित करने की अपेक्षा है। R.T.E. Act यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम को 4 अगस्त 2009 को संसद में अधिनियम किया गया परंतु इस एक्ट को 1 अप्रैल 2010 में लागू किया गया था। इस एक्ट के अनुसार देश के सभी बच्चों को जो कि 6-14 वर्ष के है, उन्हे नि;शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। सातवी अनुसूची में समवर्ती सूची के तहत शिक्षा एक प्रमुख विषय है। यह अधिनियम शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के दौरान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और यहाँ तक कि स्थानीय निकायों द्वारा पालन की जाने वाली विशिष्ट नीतियों और दिशा निर्देशों को निर्धारित करता है।

57. The assessment cycle of a class or school begins with _____ and ends with _____.
किसी कक्षा या विद्यालय का आकलन चक्र _____ से आरंभ होता है और _____ पर समाप्त होता है।

(a) Formative assessment & summative assessment/निर्माणात्मक आकलन और योगात्मक आकलन
(b) Placement assessment & summative assessment/नियोजन आकलन और योगात्मक आकलन
(c) Diagnostic assessment & formative assessment/नैदानिक आकलन और निर्माणात्मक आकलन
(d) Formative assessment & placement assessment/निर्माणात्मक आकलन और नियोजन आकलन

Ans. (b) : लैंगिक रूढ़िवादिता एक अनुचित विचार है जो एक सामान्यीकृत दृष्टिकोण या विशेषताओं को माहौल में, वे एक युवा व्यक्ति के कक्षा के अनुभव, शैक्षणिक प्रदर्शन, विषय की पसंद और भलाई को प्रभावित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए – ''सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में गृह विज्ञान को मत लो, तुम लड़की नहीं हो।'' इससे जेंडर रूढ़िवादिता को बढ़ावा मिलेगा।

14. Assessment of conceptual clarity of a student can be effectively done by:
एक छात्र की वैचारिक स्पष्टता का आकलन प्रभावी ढंग से किस प्रकार किया जा सकता है?

(a) Asking the student to recite the definition/छात्र को परिभाषा पढ़ने के लिए कहकर
(b) Asking the student to think of application of the concept to daily life /विद्यार्थी को दैनिक जीवन में अवधारणा के अनुप्रयोग के बारे में सोचने के लिए कहकर
(c) Asking the student to copy from the board/छात्र को बोर्ड से कापी करने के लिए कहकर
(d) Asking the student to memorize another student's response/छात्र को दूसरे छात्र की प्रतिक्रिया याद रखने के लिए कहकर

Ans. (b) : वैचारिक स्पष्टता या संरचनात्मक समझ आधिगम का मॉडल एक नया दृष्टिकोण है जो केवल डेटा को व्यवस्थित और वितरित करने के बजाय अवधारणाओं को समझने पर केन्द्रित है।

* यह 'क्यों' और कैसे; जैसी पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में एक बहुत जरूरी बदलाव पर केन्द्रित हैं।

* वैचारिक स्पष्टता शिक्षा का परिणाम है जो छात्रों को वास्तविक जीवन में आर्जित ज्ञान और कौशल को लागू करने में मदद करती है।

* अतः वैचारिक स्पष्टता को तब प्राप्त किया जा सकता है जब एक छात्र की वैचारिक स्पष्टता का आकलन प्रभावी ढ़ंग से विद्यार्थी को दैनिक जीवन में अवधारणा के अनुप्रयोग के बारे में सोचने के लिए कहकर किया जा सकाता है।

15. To encourage critical thinking a teacher should:/समालोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करने के लिए एक शिक्षक को चाहिए कि वे -

(a) Accept multiple perspectives/कई दृष्टिकोणों को स्वीकार करें।
(b) Discourage discussions/चर्चा को हतोत्सहित करें।
(c) Be intolerant to dissent/असहमति के प्रति असहिष्णु रहें।
(d) Emphasise convergent thinking/अभिसरण सोच पर जोर दें।

Ans. (a) : समालोचनात्मक चिंतन का उद्देश्य एक ओर सरलीकरण/ सामान्यीकरण और दूसरी ओर सत्य और सटीकता हैं। यह ईमानदारी से तर्क के सिद्धान्तों को स्थापित करने का पालन करता है। तर्क चिंतन का विज्ञान है। यह सोचने के लिए सामान्य नियम प्रदान करता हैं। समालोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करने के लिए एक शिक्षक को कई दृष्टिकोणों को स्वीकार करना चाहिए। अपने छात्रों में महत्वपूर्ण सोच को सक्रिय करने और बढ़ाने के लिए, शिक्षकों को कार्यों और गतिविधियों को विकसित करने और ऐसी सोच को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी शिक्षण विधियों में सुधार करने की आवश्यकता हैं।

16. Inclusion as a philosophy and practice is situated in the context of diversity which includes
एक दर्शन और व्यवहार के रूप में समावेश विविधता के संदर्भ में स्थित है जिससें शामिल हैः

(A) Linguistic diversity/भाषाई विविधिता
(B) Gender diversity/लिंग विविधता
(C) Socio-cultural diversity /समाजिक-सांस्कृतिक विविधता
(D) 'Ability' and 'disability'/ 'योग्यता' और 'विकलांगता'

(a) (A), (C) (b) (A), (D)
(c) (B), (C), (D) (d) (A), (B), (C), (D)

Ans. (d) : एक दर्शन या अभ्यास के रूप में समावेश पर तब तक सार्थक चर्चा नही की जा सकती जब तक कि यह समूह के सदस्यों में विविधता के संदर्भ में, विशेष रूप से समावेशी शिक्षा के ढ़ाँचे में स्थित न हो। एक दर्शन और व्यवहार के रूप में समावेश विविधता के संदर्भ में स्थित है जिसमें शामिल हैः

* भाषाई विविधता

* लिंग विविधता

* सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता

* 'योग्यता' और 'विकलांगता'

17. Which of the following is NOT an effective pedagogical strategy to cater to students from disadvantaged backgrounds?
वंचित पृष्ठिभूमि के छात्रों के अनुसार शिक्षण के लिए निम्न में से कौन सी एक प्रभावी सैक्षणिक रणनीति नहीं है?

(a) Link learning activities with the social and cultural environment of the students/ सीखने की गतिविधियों को छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण से जोड़ना।

(b) Dismiss expression in local language/स्थानीय भाषा में अभिव्यक्ति को खारिज करना।
(c) Make it compulsory for them to take tutions at home/उनके लिए घर पर ट्युशन लेना अनिवार्य बनाना।
(d) Focus on reproduction of school knowledge as it through repeated practice/बार-बार अभ्रूास के माध्यम सक स्कूली ज्ञान के पुनरूत्पादन पर ध्यान देना।

Ans. (*) : वंचित पृष्ठभूमि वे है जिनके पास सम्पन्न छात्रों की तुलना में पर्यात संसाधन नहीं हैं। छात्रों के इन समूहों के साथ जाति, रंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव किया जाता हैं। वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों की क्षमताओं के बारे में अध्यापकों की नकारात्मक सोच और उनके प्रति बहुत कम अपेक्षाएँ होना वंचित समूहों के बच्चों के अधिगम और विकास में शामिल एक संभावित जोखिम कारक हैं।
Note- इस प्रश्न के उत्तर पर बोर्ड ने बोनस अंक प्रदान किया है।

18. Students struggling with —— often face difficulties in mathematical concepts and computation.
—————— के साथ संघर्ष करने वाले छात्रों को अक्सर गणितीय अवधारणाओं और गणना में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।
(a) Dyscalculia /गुणज वैकल्य
(b) Dyslexia/पठन वैकल्य
(c) Dysgraphia/लेखन वैकल्य
(d) Autism/स्वलीनता

Ans. (a) : गुणजवैकल्य के साथ संघर्ष करने वाले छात्रों को अक्सर गणितीय अवधारणाओं और गणना में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं। डिसकैलकुलिया (गुणजवैकल्य) एक गणितीय अक्षमता है। इसमें शिक्षार्थी को गणित को सीखने या समझने में कठिनाई होती है। ऐसे कई संकेत हैं जो इंगित करते है कि शिक्षार्थी को डिसकैलकुलिया हो सकाता है, ये हैं–
* चीजों को क्रम में व्यवस्थित करने में कठिनाई होती हैं।
* समझ में नहीं आता कि गणितीय संक्रिया में चरणों का उपयोग कैसे करें।
* मात्रा, स्थानीय मान और सकारात्मक और नकारात्मक मानों की अवधारणाओं को समझने में कठिनाई होती हैं।

19. An assistive technology to aid vision is :
दृष्टि की सहायता के लिए एक सहायक तकनीक है।
(a) large print worksheets/बड़े मुद्रण वाली वर्कशीट
(b) Voice activated computer/वाक चलित कंप्यूटर
(c) Calculators/कैल्कुलेटर
(d) magnifying glass/आवर्धक लेंस

Ans. (b) : दृष्टि की सहायता के लिए एक सहायक तकनीक वाक चलित कम्प्यूटर हैं। यह मार्गदर्शिका नेत्रहीनों और दृष्टि बाधितों पर संसाधन उपलब्ध कराती हैं। 1988 के विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रौद्योगिक संबंधी सहायता अधिनियम ने एक सहायक प्रौयोगिक उपकरण को " किसी भी वस्तु, उपकरण का टुकड़ा, या उत्पाद प्रणाली के रूप में वर्णित किया है, चाहे वह व्यावसायिक रूप से शेल्फ से प्राप्त, संशोधित, या अनुकूलित किया गया हो, जिसका उपयोग बढ़ाने, बनाये रखने, या विकलांग व्यक्तियों की कार्यात्मक क्षमताओं में सुधार हों"। वॉयस-एक्टिवेटेड तकनीक 1960 के दशक से मौजूद हैं, लेकिन हाल ही में वॉयस रिकग्निशन और स्पीच-टू-स्पीच-टू-टेक्स्ट रूपांतरण में महत्वपूर्ण सफलता देखी है।

20. Typical identifying characteristics of creative children include:
रचनात्मक बच्चों की विशिष्ट पहचान विशेषताओं में शामिल हैं:
(a) Flexibility, fluency and originality of ideas /विचारों का लचीलापन, प्रवाह और मौलिकता
(b) High intellectual, social and emotional maturity/उच्च बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक परिपक्वता
(c) Preference for simple tasks and low risk taking /सरल कार्यों और कम जोखिम लेने वाले कार्यों के लिए वरीयता
(d) Convergent and rigid thinking/अभिसारी सोच और सोच में स्थिरता

Ans. (a) : रचनात्मकता वह घटना है जिससे कल्पनाशील और मूल विचार वास्तविकता में बदले जाते हैं। रचनात्मक बच्चे वे हैं जो कई क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन क्षमता दिखाते हैं जैसे कि कलात्मक और रचनात्मक कार्य, नेतृत्व की गुणवत्ता, अवलोकन की उत्सुकता आदि।
रचनात्मक बच्चों की विशिष्ट पहचान विशेषताओं में शामिल हैः
* जिज्ञासु, बर्हिमुखी और स्वभाव में महत्वकांक्षी होना।
* जल्दी से सोचने और समस्याओं को एक नवीन तरीके से हल करना।
* विचारों का लचीलापन, प्रवाह और मौलिकता।
* कल्पनाशील और मूल विचारों को वास्तविकता में परिवर्तित करना।

21. Multiple ways of —— are of importance for successful implementation of Universal Design for Learning?
सीखने के लिए सार्वभौमिक डिजाइन के सफल कार्यान्वयन के लिए ——— के कई तरीके महत्वपूर्ण हैं?
(a) Representation/प्रतिनिधित्व
(b) Action /क्रिया
(c) Engaement /संलग्नता
(d) Labelling /नमीकरण

Ans. (*) : यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लॉर्निंग (UDL) शिक्षण और सीखने के बारे में सोचने का एक तरीका है, जो वास्तुकला के सिद्धांतों से प्रेरित था जिसका उद्देश्य रिक्त स्थान को सभी के लिए सुलभ और समान बनाना था।
CAST ने UDL दिशानिर्देश विकसित किए जो तीन मुख्य सिद्धांतों पर आधारित हैं जो इन शिक्षण नटवर्कों के साथ संरेखित होते हैं। तीन UDL सिद्धांत सगाई/संलग्नता, प्रतिनिधित्व और कार्रवाई तथा अभिव्यक्ति हैं।
Note– बोर्ड ने इस प्रश्न के उत्तर पर सबकों समान अंक अर्थात् बोनस अंक दिये हैं।

22. What skills do contemporary policies of education such as National Education Policy 2020 propose should be developed in children?
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी शिक्षा की समकालीन नीतियाँ बच्चों में कौन से कौशल विकसित करने का प्रस्ताव करती है?

(a) Critical thinking/समालोचनात्मक चिंतन
(b) Recall and reproduction/स्मरण और पुनरूत्पादन
(c) Learning for exams /परीक्षा के लिए सीखना
(d) Rote memorisation /रटना

Ans. (a) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी शिक्षा की समकालीन नीतियां बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन से कौशल विकसित करने का प्रस्ताव करती है। चिन्तन सूचना की अवधारणा, अनुप्रयोग, विश्लोषण, संश्लेषण या मूल्यांकन करने की बौद्धिक प्रक्रिया हैं।

* राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रस्ताव है कि समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने के लिए अनुभव जनित अधिगम को प्रोत्साहित किया जाना चहिए।

23. Meaningful learning of students is NOT promoted by encouraging children for:
विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के लिए बच्चों को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए।

(a) Exploration and experimentation/अन्वेषण और प्रयोग
(b) Metacognition/परासंज्ञान
(c) Discussion and debate/चर्चा और बहस
(d) Passive listening/निष्क्रिय श्रवण

Ans. (d) : विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देने के लिए निष्क्रिय श्रवण प्रक्रिया के लिए बच्चों को प्रोत्साहित नही करना चाहिए। अर्थपूर्ण अधिगम की विशेषताएँ–

* अर्थपूर्ण अधिगम तभी संभव है जब शिक्षार्थी नए ज्ञान को उस प्रासंगिक अवधारणा से जोड़ने का जानबूझकर प्रयास करें जिसे वे पहले से जानते है।

* यह व्यक्तिगत अनुभव से ज्ञान संरचनाओं का सक्रिय निर्माणहै।

* अर्थपूर्ण अधिगम संभव है जब अधिगम के विचार अपसारी होते है और वे ज्ञान, अर्थात् खोज अधिगम को एकत्रित करने में सक्षम होते हैं।

24. The broad prespective of schools and especially teachers to understand failure of students should be that it:
स्कूलों और विशेष रूप से शिक्षकों को छात्रों की विफलता को किस तरह समझना चाहिए ?

(a) reflects poorly on the students' academic capabilities./ छात्रों की कमजोर शैक्षणिक क्षमताओं का प्रतिबिंबन
(b) reflects poorly on the teacher's abilities./शिक्षक की कमजोर क्षमताओं का प्रतिबिंबन
(c) Is a systemic issue and there is a need to reflect on the school systems./एक व्यवस्थागत मुद्दा जिस में स्कूल को शिक्षण प्रणालियों पर प्रतिबिंबन करने की अवश्यकता है।
(d) is an issue of communities since children belonging to poor economic class connot be educated in the same set-up as children. /समुदायों का मुद्दा क्योकिं गरीब आर्थिक वर्ग के बच्चों को अन्य बच्चों की तरह एक ही स्कूली तंत्र में शिक्षित नहीं किया जा सकता है।

Ans. (c) : स्कूलों और विशेष रूप से शिक्षकों को छात्रों की विफलता को एक व्यवस्थागत मुद्दा जिस में स्कूल को शिक्षण प्रणालियों पर प्रतिबिंबन करने की आवश्यकता को समझना चाहिए। असफलता वांछनीय लक्ष्य नही मिलने की स्थिति हैं और इसे सफलता के विपरीत के रूप में देखा जा सकता हैं। छात्रों की विफलता के कई भौतिक, बौद्धिक, विद्धतापूर्ण, भावनात्मक और सांस्कृतिक कारण हैं। विद्यालयों में छात्रों की विफलता इसलिए होती हैं क्योंकि शिक्षण ढंग से नहीं किया जाता है, यह उनके लिए सार्थक है, और स्कूल प्रणाली व्यक्तिगत प्रणाली को पूरा नही करती हैं।

25. Children from naive theories or alternative conceptions because: /बच्चे सहन सिद्धांत या बैकल्पिक अवधारणाएँ बनाते हैं क्योंकि:

(a) Their thinking is much inferior to adults/उनकी सोच बड़ों से काफी नीच होती है।
(b) They are blank slates./वे कोरी पट्टी हैं।
(c) They are thinking beings who are constructing knowledge by interacting with the world./वे सोच वाले प्राणी हैं जो दुनिया के साथ बातचीत करके ज्ञान का निर्माण कर रहे हैं।
(d) Their thinking is illogical and irrational./उनकी सोच अतार्किक और तर्कहीन है।

Ans. (c) : जब शिक्षक विभिन्न विषयों में अवधारणाओं पर निर्देश प्रदान करते हैं, तो वे उन छात्रों को पढ़ा रहे हैं, जिनके पास पहले से ही विषय के बारे में कुछ पूर्व-अनुदेशात्मक ज्ञान हैं। हालांकि, उन छात्र कों ज्ञान, गलत, अतार्किक, या गलत जानकारी हो सकती हैं। इन गलत समझ को वैकल्पिक अवधारणा या गलत अवधारणा कहा जाता है। बच्चे सहन सिद्धांत या वैकल्पिक अवधारणाएँ बनाते है क्योंकि वे सोच वाले प्राणी है जो दुनिया के साथ बातचीत करके ज्ञान का निर्माण कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम सें, शिक्षक यह स्वीकार करता है कि बच्चे सोचने में सक्षम हैं और उनकी सोच वयस्कों से भिन्न हैं।

26. When a student is stuck on one way of representing a problem it is called:/जब कोई विद्यार्थी किसी समस्या को एक ही तरीके से निरूपित करने पर अब्क जाता है, तब वह क्या कहनाया जाता है?

(a) Working backward strategy/पश्चगामी-युक्ति का संचालन
(b) Functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता
(c) response set /अनुक्रिया समुच्चय
(d) analogical thinking /अनुरूपी चिंतन

Ans. (c) : जब कोई विद्यार्थी किसी समस्या को एक ही तरीके से निरूपति करने पर अटक जाता है, तब वह अनुक्रिया समुच्च्य कहलाया जाता हैं। अच्छे समस्या समाधानकर्ताओं में प्रतिक्रिया अनम्यता अर्थात् अनुक्रिया समुच्चय की कमी होती है क्योंकि वे अपसारी रूप से सोचेंगे और किसी समस्या पर प्रतिक्रिया देने या हल करने से पहले दी गई समस्या के हर संभावित परिणाम का विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे।

27. Assertion (A) : While teaching problem-solving, teachers should discourage the children to think about their own thinking and focusing on how to learn./
कथन (A) : समस्या-समाधान पढ़ाते समय, शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों को अपनी सोच के बारे में सोचने और सीखने के तरीके पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हतोत्साहित करें ।

Reason (R): Development of metacognitive abilities hinder problem-solving.
Choose the correct option.
तर्क (R): संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास समस्या-समाधान में बाधा डालता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : समस्या-समाधान एक अधिगम केंद्रित दृष्टिकोण है जो सीखने की प्रक्रिया में शिक्षार्थी की सक्रिय भागीदारी पर जोर देता हैं। यह बच्चों को शैक्षिक प्रक्रिया में होने वाले अपने अनुभवों की समग्रता को बेहतर बनाकर सीखने में मदद करता हैं। समस्या-समाधान पढ़ाते समय, शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों को अपनी सोच के बारे में सोचने और सीखने के तरीके पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए हतोत्साहित नही बल्कि प्रोत्साहित करेगें। तथा संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास समस्या-समाधान में बाधा नही डालता हैं। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

28. Assertion (A) Teachers should tell middle school students exactly in details what they have to do including what, how and when to learn. /
कथन (A) : शिक्षकों को मध्य विद्यालय के छात्रों को विस्तार से बताना चाहिए कि उन्हें क्या करना है, जिसमें क्या, कैसे और कब सीखना है।

Reason (R): Middle School children do not have the capacity to self-regulate their learning./
तर्क (R): मिडिल स्कूल के बच्चों में अपने अधिगम को स्व-नियमन करने की क्षमता नहीं होती है।

Choose the correct option. / सहरी विकलप चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false /(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false /(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : स्व-नियमन शिक्षा (SRL) में सीखने के संज्ञानात्मक, मेटाकॉग्निटिव, व्यवहारिक, प्रेरक और भावनात्मक पहलू शामिल हैं। शिक्षकों को मध्य विद्यालय के छात्रों को विस्तार से बताने की बजाय उन्हें उनके स्वयं के ज्ञान का निर्माण करने में मदद करनी चाहिए। उन्हें क्या करना चाहिए, जिसमें क्या, कैसे, और कब सीखना है ये नही बताना चाहिए। मिडिल स्कूल के बच्चों में अपने अधिगम कों स्व-नियमन करने की क्षमता होती हैं। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

29. Thinking of ability as —— and failure as ——. Motivates the students to work harder by putting in more efforts .
योग्यता को ——— और असफलता को —— को रूप में सोचना छात्रों को अधिक प्रयास करके अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।

(a) Fixed; humiliating /स्थिर : अपमानजनक
(b) Fixed; an opportunity to learn /स्थिर ; सीखने का अवसर
(c) Incremental; humiliating /वृद्धिशील ; अपमानजनक
(d) Incremental; opportunity to learn/ वृद्धिशील ; सीखने का अवसर

Ans. (d) : योग्यता को वृद्धिशील और असफलता को सीखने का अवसर के रूप में सोचना छात्रों को अधिक प्रयास करकें अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता हैं। प्रभावी अधिगम के लिए, एक शिक्षक को बच्चों के बीच योग्यता की वृद्धिशीलात्मक धारणा को सक्रिय करना चाहिए ताकि वह सफलता पाने के लिए प्रयास सार्थक भूमिका निभाते रहें।

30. Which of the following factors influences learning?
निम्नलिखित में से कौन सा कारक सीखने को प्रभावित करता है?

(A) Socio-cultural context of the student/छात्र का सामाजिक - सांस्कृतिक संदर्भ
(B) Age of the student/छात्र की आयु
(C) Pedagogical strategies to teach a concept /एक अवधारणा को पढ़ाने के लिए शैक्षणिक रणनीतियाँ
(D) Teacher's beliefs about the student's ability/छात्र की क्षमता के बारे में शिक्षक का विश्वास

(a) (A), (C) (b) (B), (C)
(c) (A), (B), (C) (d) (A), (B), (C), (D)

Ans. (d) : आधुनिक शिक्षा प्रणाली बाल केन्द्रित है। बालकों को ज्ञान देने हेतु अध्यापकों को विद्यालय में सीखने की अनुकूल परिस्थितियों को जुटाना पड़ता हैं ताकि वे प्रभावकारी शिक्षण कर सकें। अनेक ऐसे कारक है जो सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं जो निम्न है–

* छात्र का सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ।
* छात्र की आयु।
* एक अवधारणा को पढ़ाने के लिए शैक्षणिक रणनीतियाँ।
* छात्र की क्षमता के बारे में शिक्षक का विश्वास।

SOCIAL SCIENCE

1. Which Buddhist text explains rules made for the Buddhist Sangha?
कौन से बौद्ध साहित्य में बौद्ध संघ के लिए बनाए गए नियमों का वर्णन मिलता है?

(a) Sutta Pitaka /सुत्त पिटक
(b) Vinay Pitaka/विनय पिटक
(c) Abhidhamma Pitaka /अभिधम्म पिटक
(d) Buddhacharita/बुद्धचरिता

Ans. (b) : महात्मा बुद्ध का मानना था कि घर का त्याग करने पर ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ती हो सकती है। ऐसे लोगों के लिए उन्होंने संघ नामक संगठन बनाया जहाँ घर का त्याग करने वाले लोग एक साथ रह सकें। संघ में रहने वाले बौद्ध भिक्षुओं के लिए बनाए गये नियम विनयपिटक नामक ग्रन्थ में मिलता हैं।
सुत्त पिटक – सुत्त पिटक में बौद्ध धर्म के उपदेशों का संग्रह है।
अभिधम्मपिटक – बौद्ध धर्म के दार्शनिक सिद्धान्त का प्रश्नोत्तर के रूप में वर्णन है।

2. City of Kannauj was a point of contention among which of the following dynasties?
कन्नोज नगर निम्नलिखित वंशों में से कौन से वंशों के बीच में विवाद का केंद्र बिन्दु था?

(a) Pratihara - Rastrakuta and Pala/प्रतिहार-राष्ट्रकूट-पाल
(b) Rastrakuta - Pala -Pallavas/राष्ट्रकूट - पाल - पल्लव
(c) Pallavas- Pala - Pratihara/पल्लव - पाल -प्रतिहार
(d) Rastrakuta - Pratihara - Pallavas/राष्ट्रकूट-प्रतिहार -पल्लव

Ans. (a) : उत्तर भारत का अत्यन्त प्राचीन एवं प्रसिद्ध नगर कन्नौज उत्तर प्रदेशों में फतेहगढ़ एवं कानपुर के मध्य स्थित है। इसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज, कुशस्थल और गांधीपुर था। कन्नौज का वैभव 7वीं शताब्दी से शुरू हुआ जब हर्षवर्धन ने इसे अपनी राजधानी बनाया। हर्ष के पश्चात् कन्नौज पर अधिकार करने के लिए पाल-प्रतिहार तथा राष्ट्रकूट राजवंशों के मध्य त्रिकोणात्मक संघर्ष 783 ई0 से 915 ई0 तक चलता रहा। कन्नौज पर हर्ष के पश्चात् राष्ट्रकूटों, गहड़वालों एवं प्रतिहारों ने शासन किया।

3. In the Rosetta town of Egypt an inscribed stone has been found. Which of the following languages is inscribed on it?
मिस्त्र के रोसेट्टा नाम के कस्बे में एक उत्कीर्णित पत्थर मिला है। निम्नलिखित में से कौन सी भाषा उस पर उत्कीर्णित है?

(a) Roman/रोमन (b) Greek /यूनानी
(c) Aramic/अरामेइक (d) Latin/लैटिन

Ans. (b) : रोसेटा मिस्त्र में उत्तरी तट पर एक शहर है यहाँ से एक उत्कीर्णित पत्थर प्राप्त हुआ है जिसमें तीन अलग-अलग भाषाओं में शिलालेख थे। जिसमें ग्रीक (यूनानी) भाषा और प्राचीन मिस्त्र दोनों की भाषाएँ शामिल हैं। रोसेटा एक विशेष दुर्घटना का काला पत्थर का टुकड़ा है जो 196 ईसापूर्व यानि लगभग 2200 वर्ष पुराना है। यह शिलालेख प्राचीन मिस्त्र की सभ्यता से संबंधित है।

4. Match the following in the context of construction of Shiva temple by Chola King Rajendra I in the early eleventh century and choose the correct option.
चोल राजा राजेन्द्र-प्रथम द्वारा ग्यारहवीं शताब्दी में बनाए गए विश्व मंदिरों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए, और सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

	A		B
A	Sun Pedestal/ सूर्य पीठिका	**I**	Palas/ पालों से
B	Nandi Statue/ नंदी मूर्ती	**II**	Kalingas/ कालिंगों से
C	Image of Bhairava/ भैरव की एक प्रतिमा	**III**	Eastern Chalukyas/ पूर्वी चालुक्यों से
D	Kali Statue/ काली की मूर्ती	**IV**	Chalukyas/ चालुक्यों से

	A	B	C	D
(a)	(III)	(IV)	(II)	(I)
(b)	(I)	(II)	(III)	(IV)
(c)	(II)	(III)	(IV)	(I)
(d)	(IV)	(III)	(II)	(I)

Ans. (d) : दिये गये मंदिरों का सही मिलान निम्नलिखित हैं–

A	B
A. सूर्यपीठिका	IV- चालुक्यों से
B. नंदी मूर्ति	III- पूर्वी चालुक्यों से
C. भैरव की एक प्रतिमा	II - कालिंगों से
D. काली की मूर्ति	I - पालों से

5. Which of these statements are true about Sikhs during 17th and 18th Centuries?
निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन 17वीं तथा 18वीं शताब्दी के दौरान सिक्खों के बारे में सत्य नहीं हैं:

(A) The Sikhs Organised themselves into a number of bands called Jathas and later on misls /सिक्खों ने अपने आपको पहले 'जत्थों' में और बाद में 'मिस्लों' में संगठित किया ।
(B) Their combined Forces were known as the grand army (Dal Khalsa)/उनकी संयुक्त सेनाएं 'दल खालसा' कहलाती थी।
(C) Introduction of Rakhi system, which offered protection to Muslims on the payment of a tax of 20% of the produce./राखी व्यवस्था के तहत उन्होने मुसलमानों से उनकी उपज का 20% कर के रूप में लेकर उन्हे संरक्षण प्रदान किया था।
(D) Guru Gobind Singh inspired the Khalsa with the belief that their destiny was to rule (Raj Karega Khalsa) /गुरू गोविंद सिंह ने खालसा को इस विश्वास के साथ प्रेरित किया कि उनके भाग्य में शासन करना था (राज करेगा खालसा)।

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (A), (B) and (C) only /केवल A, B और C
(c) (A), (B) and (D)/ A, B और D
(d) (A), (C) and (D) / A, C और D

Ans. (*) : सत्रहवीं शताब्दी के दौरान सिक्ख एक राजनैतिक समुदाय के रूप में गठित हो गये थे। गुरू गोविन्द सिंह ने 1699 ई0 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। 1708 ई0 में गुरू गोविन्द सिंह की मृत्यु के बाद बंदा बहादुर के नेतृत्व में खालसा ने मुगल सत्ता के खिलाफ विद्रोह किया। अठारहवीं शताब्दी में कई योग्य नेताओं के नेतृत्व में सिक्खों ने अपने आपको पहले 'जत्थों' में और बाद में 'मिसलों' में संगठित किया। इन जत्थों और मिसलों की संयुक्त सेनाएँ दल खालसा कहलाती थी। सिक्खों ने राखी व्यवस्था स्थापित की, जिसके अन्तर्गत किसानों से उनकी उपज का 20% कर के रूप में लेने के बदले में उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाता था। गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा को प्रेरित कियाा था कि शासन उनके भाग्य में है (राजकेरगा खालसा)

नोट - दिये गये विकल्पों में से सभी विकल्प सिक्ख समुदाय के बारे में सही है अतः कोई भी उत्तर विकल्प सही नहीं है।

6. Who founded the Virashaiva Movement ?
विरशैव आंदोलन की स्थापना किसने की ?

(a) Jnaeshwar /ज्ञानेश्वर (b) Shankara/शंकर
(c) Basavanna /बसवन्ना (d) Ramanuja/रामानुज

Ans. (c) : बारहवीं शताब्दी में कर्नाटक में एक नवीन आंदोलन का उद्भव हुआ जिसका नेतृत्व बासवन्ना (1106-68) नामक एक ब्राह्मण ने किया। बासवन्ना कलचुरी राजा के दरबार में मंत्री थे। इनके अनुयायी वीरशैव (शिव के वीर) व लिंगानुपात (लिंगधारण करने वाले) कहलाये।

7. Which one of the following tribal communities live in the forest areas of Odisha?
निम्नलिखित में से कौन सा आदिवासी समुदाय उड़ीसा के जंगलों में रहता है।

(a) Khonds /खोंड (b) Munda/मुंडा
(c) Gonds /गोंड (d) Khasi/खासी

Ans. (a) : उन्नीसवीं सदी तक देश के विभिन्न भागों में आदिवासी तरह-तरह की गतिविधियों में सक्रिय थे। बहुत सारे इलाकों में आदिवासी समुदाय पशुओं का शिकार करके और वन्य उत्पादों को इकट्ठा करके अपना काम चलाते थे। उड़ीसा के जंगलों में रहने वाला खोंड समुदाय इसी तरह का एक समुदाय था। इस समुदाय के लोग टोलियाँ बनाकर शिकार पर निकलते थे।

कुछ प्रमुख राज्य/क्षेत्र और वहाँ निवास करने वाली जनजातियाँ निम्न हैं–

पंजाब	–	वन गुज्जर
आंध्र प्रदेश	–	लबाडिया
कुल्लु	–	गद्दी समुदाय
कश्मीर	–	बकरवाल
छोटानागपुर	–	मुंडा

8. Look at these terms mentioned in the Chola inscriptions and choose the correct answer.
चोल अभिलेखों में उल्लिखित इन शब्दों को देखिए और सही उत्तर दीजिए:

(A) Vellanvagai / वेल्लनवगाई
(B) Devadana / देवदान
(C) Pallichchhandam/ पल्लिचंदम
(D) Shalabhoga / शालाभोग

(a) All four are categories of land/सभी चार भूमि की श्रेणियाँ हैं।
(b) All four are units of measurement/चारों माप की इकाइयाँ हैं।
(c) All four are varieties of taxes/सभी चार प्रकार के कर हैं।
(d) All four are parts of a temple/चारों मंदिर के महत्वपूर्ण अंग हैं।

Ans. (a) : चोल अभिलेखों में भूमि की विभिन्न श्रेणियों का उल्लेख मिलता है। जो निम्नलिखित है–
वेल्लनवगाई – गैर-ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि।
ब्रह्मदेय – ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि।
शालाभोग – किसी विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि।
देवदान, तिरूनमट्टक्कनी – मंदिरों को उपहार में दी गई भूमि।
पल्लिच्चदम – जैन संस्थानों को दान दी गई भूमि।

9. Which one of the following about Raja Ram Mohan Roy is not correct ?
राजा राममोहन रॉय के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) He founded a reform association known as Brahmo-Sabha /उन्होंने 'ब्रह्मो सभा ' नाम से एक सुधारवादी संगठन बनाया था।
(b) He was against spreading the knowledge of Western-education in India/ वह भारत में पश्चिमी शिक्षा के प्रसार के विरूद्ध थे।
(c) He began a campaign against the practice of Sati / उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी।
(d) He wanted greater freedom and equality for women/ वह महिलाओं के लिए और अधिक स्वतंत्रता व समानता के पक्षधर थे।

Ans. (b) : राजा राम मोहन राय (1772–1833) एक महान भारतीय समाज सुधारक थे। उन्होंने कलकत्ता में ब्रह्मसभा के नाम से एक सुधारवादी संगठन बनाया था। जिसे बाद में ब्रह्म समाज के नाम से जाना गया। राजा राममोहन रॉय देश में पश्चिमी शिक्षा का प्रसार करने और महिलाओं के लिए ज्यादा स्वतन्त्रता व समानता के पक्षधर थे। शेष कथन राजाराम मोहन राय के बारे में सत्य है।

10. Read statements (A) and (R) regarding Indian Society in the 19th Century and choose the correct option,/ 19वीं सदी के भारतीय समाज के संबंध में कथनों (A) तथा (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प का चयन करें ।

Assertion (A): Orthodox Hindu society reacted by the anti-caste system movements and formed organisations like Sanatan Dharma Sabha and Brahman Sabha.
अभिकथन (A) : जाति व्यवस्था के विरोध में उठे आन्दोलनों के प्रतिक्रिया में रूढ़िवादी हिन्दू समाज ने भी 'सनातन धर्म सभा ' तथा 'ब्राह्मण सभा ' जैसे संगठन स्थापित किए।

Reason (R): The objective of these associations was to uphold caste distinctions as a cornerstone of Hinduism and show how this was sanctified by scriptures,

कथन (R): इन संगठनों का मकसद यही था कि हिन्दू धर्म में जातीय ऊँच-नीच को महत्व दिया जाता है उस पर कोई आँच न आए तथा वे साबित करना चाहते थे कि इस बात को धार्मिक ग्रंथों में भी मान्यता मिली हुई है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) लेकिन सही है (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : बीसवीं सदी के आरम्भ में जाति व्यवस्था के विरोध में उठे आन्दोलनों की प्रतिक्रिया में रूढ़िवादी हिन्दू समाज ने भी उत्तर में सनातन धर्म सभाओं तथा भारत धर्म महामंडल और बंगाल में ब्राह्मण सभा जैसे संगठन स्थापित किये तथा सख्ती से गैर ब्राह्मण आंदोलनों का विरोध किया। इन संगठनों का मकसद यही था कि हिन्दू धर्म में जातीय ऊँच-नीच को जो महत्व दिया जाता था। उस पर कोई आँच न आये तथा वे साबित करना चाहते थे कि इस बात को धार्मिक ग्रन्थों में भी मान्यता मिली हुई है।
अतः A और R दोनों सही हैं तथा A की R सही व्याख्या करता है।

11. Which statements are true among the social reformers Haridas Thakur and E.V. Ramaswamy Naicker? / समाज सुधारकों हरिदास ठाकुर और ई.वी. रामास्वामी नयकर के विषय में कौन सा / से कथन सत्य है।

(A) Both worked for the caste groups which faced discrimination in the society / दोनों ने समाज में भेदभाव का समना कर रहे जाति समूहों के लिए कार्य किया।

(B) Both were against Bahmanical texts that supported the caste system / दोनों ब्राह्मणों के उन ग्रंथों के विरूद्ध थे जो जाति प्रथा के समर्थक थे।

(a) Both (A) and (B) are true /(A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(b) Both (A) and (B) are false /(A) और (B) दोनों असत्य हैं।
(c) (A) is true but (B) is false /(A) सत्य हैं किन्तु (B) असत्य है।
(d) (A) is false but (B) is true /(A) असत्य है किन्तु (B) सत्य है।

Ans. (a) : समाज सुधारक हरिदास ठाकुर और ई0वी0 रामास्वामी नयकर दोनों ने समाज में भेदभाव का सामना कर रहे जाति समूहों के लिए कार्य किया तथा दोनों ब्राह्मणों के उन ग्रन्थों के विरुद्ध थे जो जाति प्रथा के समर्थक थे। अतः दिया गया कथन A और B दोनों सत्य है।

12. Read statements (A) and (R) considering the formation of Indian National Congress and choose the correct option. /

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के सदर्भ में अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़े और सही उत्तर का चुनाव करें:

Assertion (A): The Indian National Congress was established in 1885 when delegates from all over the country met at Bombay.
अभिकरण (A): 1885 में देश भर के प्रतिनिधियों ने बम्बई में सभा करके भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की।

Reason (R); A.O. Hume a retired British official played a crucial role in bringing Indians from the various regions together to form the INC.
कारण (R) : सेवानिवृत्त ब्रिटिश अफसर, ए.ओ. ह्यूम ने विभिन्न क्षेत्रों के भारतीयों को साथ लाकर कांग्रेस बनाने में अहम भूमिका अदा की ।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ दोनों (A) एवं (R) सही हैं किन्तु (R), (A) की व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is **not** the correct explanation of (A)/ दोनों (A) एवं (R) सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है किन्तु (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false/(A) गलत है किन्तु (R) सही है

Ans. (b) : राष्ट्रवाद के प्रसार के लिए भारतीयों द्वारा एक अखिल भारतीय संगठन की जरूरत 1880 से ही महसूस की जा रही थी। परन्तु इल्बर्ट बिल (1883) ने इस चाह को और गहरा कर दिया। 1885 ई0 में देश भर के 72 प्रतिनिधियों ने बम्बई में सभा करके भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की। संगठन में प्रारम्भिक नेता - दादा भाई नैरोजी, फिरोजशाह मेहता, बदरूद्दीनतैयव जी, W.C. बनर्जी, एव अन्य।
सेवा निवृत्त ब्रिटिश अफसर ए0ओ0 ह्यूम ने विभिन्न क्षेत्रों के भारतीयों को निकट लाकर कांग्रेस बनाने में अहम भूमिका अदा की। अतः कथन A और R दोनों सत्य है तथा R, A की सही व्याख्या है।

13. Who among the following coined the slogan' Gandhi Maharaj Ki jai' ?
निम्नलिखित में से किसने ''गाँधी महराज की जय'' का नारा दिया था?

(a) Mill workers / मिल मजदूरों ने
(b) Tea garden labourers/चाय बगान मजदूरों ने
(c) Indigo planters/नील की खेती करने वाले मजदूरों ने
(d) Peasants/किसानों ने

Ans. (b) : असम में 'गाँधी महाराज की जय' का नारा असम के चाय बगान मजदूरों ने दिया था। असम में चाय बगान मजदूरों ने अपनी तनख्वाह में इजाफे की माँग 'गाँधी महराज की जय' के नारे लगाते हुए शुरू की तथा अंग्रेजी स्वामित्व वाले बगानों की नौकरी छोड़ दी।

14. Who among the following was the first Indian Governor General of free India?
निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल थे?

(a) Jawahar Lal Neharu /जवाहरलाल नेहरू
(b) C. Rajagopalachari /सी. राजगोपालाचारी
(c) Sardar vallabhbhai Patel /सरदार बल्लभभाई पटेल
(d) Dr. Rajendrra Prasad/डा. राजेन्द्र प्रसाद

Ans. (b) : 15 अगस्त 1947 ई0 को भारत स्वतन्त्र हुआ। स्वतन्त्र भारत के प्रथम गर्वनर जनरल लॉर्ड माउंटवेटन (1947-48) थे। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (1948-1950) भारत के अंतिम गर्वनर जनरल और प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल थे। वर्ष 1950 में स्थायी रूप से यह पद (गवर्नर - जनरल) समाप्त कर दिया गया।

15. Statement (A), (B) and (C) describe the features of a planet. Identify the planet.
कथन (A), (B) और (C) एक ग्रह की विशेषताओं का वर्णन करते हैं। उस ग्रह की पहचान करें।

(A) It is the third nearest planet to the sun /सूर्य से दूरी के हिसाब से यह तीसरा ग्रह है।
(B) It is the fifth largest planet /आकार में यह पाँचवा ग्रह है।
(C) It is slightly flattened at the poles/यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है।

(a) Mars /मंगल (b) Mercury /बुध
(c) Venus/शुक्र (d) Earth /पृथ्वी

Ans. (d) : पृथ्वी सौरमंडल का एक मात्र ज्ञात ग्रह हैं जहाँ पर जीवन है। सूर्य से दूरी के हिसाब से पृथ्वी तीसरा ग्रह है। आकार में यह पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है। यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है। यही कारण है कि इसके आकार को भू-आभ कहा जाता है। भू-आभ का अर्थ है पृथ्वी के समान आकार। अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी नीले रंग की दिखाई पड़ती है। क्योंकि इसका दो तिहाई सतह पानी से ढका हुआ है। इसलिए इसे नीला ग्रह कहा जाता है। पृथ्वी सौर मंडल का सबसे अद्भुत ग्रह है।

16. The opening time of central Government offices in India is 9.00 a.m, IST, what will be the local time of opening of the Central Government offices located at 72°45` East longitude near Gandhinagar and 85° East Longitude near Patna, respectively?
भारत में केन्द्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का समय 9:00 पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) है। गाँधीनगर के समीप 72°45' पू. देशांतर पर और पटना के समीप 85° पू. देशान्तर पर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय क्या होगा?

(a) 09:39 a.m. and 08:50 a.m. respectively/ 09:39 पूर्वाह्न और 08:50 पूर्वाह्न क्रमशः
(b) 08:50 a.m. and 09:39 a.m. respectively / 08:50 पूर्वाह्न और 09:39 पूर्वाह्न क्रमशः
(c) 08:21 a.m. and 09:10 a.m. respectively / 08:21 पूर्वाह्न और 09:10 पूर्वाह्न क्रमशः
(d) 09:10 a.m. and 08:21 a.m. respectively / 09:10 पूर्वाह्न और 08:21 पूर्वाह्न क्रमशः

Ans. (c) : हम सभी जानते हैं कि पृथ्वी अपनी धुरी पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती हुई 360^0 देशान्तर अर्थात् एक चक्कर 24 घण्टे में पूरा करती है। इस प्रकार सूर्य पूर्व से पश्चिम प्रति घण्टा 15 देशांतर या 4 मिनट में एक देशान्तर को पार करता है। भारत के मानक समय का निर्धारण $82^0 30^0$ पूर्व से किया जाता है। भारतीय मानक समय (IST) ग्रिनविच माध्य समय (GMT) से 5:30 घण्टे आगे है।
भारत में केन्द्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का समय 9:00 पूर्वाह्न है। तो गाँधीनगर के समीप $72^0 45$ पू0 देशान्तर पर और पटना के समीप 85^0 पू0 देशान्तर पर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के खुलने का समय क्रमशः 08:21 पूर्वाह्न और 9:10 पूर्वाह्न होगा।

17. Consider the given statements and choose the correct option/नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए तथा विकल्प का चयन कीजिए।

(A) World's largest hot desert is located in Asia/ विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान एशिया में स्थित है।
(B) Equator passes through Asia/विषुअत् वृत्त एशिया से होकर गुजरता है
(C) Asia is the third largest continent/एशिया तीसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है
(D) Asia lies in the Eastern Hemisphere/एशिया पूर्वी गोलार्द्ध में पड़ता है।

(a) Only statement (A) is correct/केवल कथन (A) सही है
(b) Only (A) and (B) are correct / केवल कथन (A) और (B) सही है
(c) Only statement (D) is correct/केवल कथन (D) सही है।
(d) Only (C) is correct/केवल (C) सही है।

Ans. (c) : विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान सहारा रेगिस्तान है जो अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है। विषुवत वृत्त दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और एशिया महाद्वीप से होकर गुजरता है। एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के एक तिहाई भाग में फैला है। यह महाद्वीप पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है। कर्क रेखा इस महाद्वीप से होकर गुजरती है।

18. Choose the correct option considering the following statements given below.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करने के बाद सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) The thin blanket of air is an integral part of the planet Earth /वायु की पतली परत पृथ्वी का अटूट भाग है
(B) It provides us with the air we breathe./ यह हमें ऐसी वायु प्रदान करती है जिससे हम लोग साँस लेते हैं।
(C) It protects us from the harmful effects of the sun rays./यह हम लोगों को सूर्य की कुछ हानिकारक किरणों से बचाती है।

(a) Only (A) and (B) are correct /केवल (A) और (B) सही है।
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is correct /केवल (c) सही है।
(d) (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C) सही है।

Ans. (d) : हमारी पृथ्वी चारों ओर से गैस की एक परत से घिरी हुई है। जिसे वायुमंडल कहा जाता है। वायु की यह पतली परत इस ग्रह का महत्वपूर्ण एवं अटूट भाग है। यह हमें ऐसी वायु प्रदान करती है। जिससे हम लोग साँस लेते हैं। यह वायुमण्डल हम लोगों को सूर्य की कुछ हानिकारक किरणों से बचाता है। वायुमण्डल 1600 किमी. की ऊँचाई तक फैला है। अतः दिया गया कथन (A), (B) और (C) सही है।

19. When block mountains are created then:
जब भ्रंशोत्थ पर्वतों का निर्माण होता है तबः

(a) large areas are broken /बहुत बड़ा भाग टूट जाता है।
(b) large areas are displaced /बहुत बड़ा भाग विस्थापित हो जाता है।
(c) large areas are broken and displaced at the same time/ बहुत बड़ा भाग एक ही समय में टूटता और विस्थापित होता है।
(d) Only a small portion of land is broken or displaced / भूमि का केवल छोटा सा भाग ही टूटता या विस्थापित होता है।

Ans. (c) : पर्वत तीन प्रकार के होते हैं– वलित पर्वत, ब्लाक पर्वत और ज्वालामुखी पर्वत। जब भ्रंशोत्थ पर्वतों का निर्माण होता है। तब बहुत बड़ा भाग एक ही समय में टूटता और लम्बवत विस्थापित होता है। ऊपर उठे ब्लाकों को हॉर्स्ट और नीचे वाले ब्लाकों को ग्रैबेन कहा जाता है। यूरोप में राइन घाटी और वासेजेस पर्वत ऐसे पर्वतों के उदाहरण है।

20. If you want to see gompas, meadows and glaciers which one of the following State/Union Territories you may to visit?
यदि आप गोंपा, घास के दौरान, व हिमनद देखना चाहते हैं तो आपको निम्नलिखित में से किस राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की यात्रा करनी होगी ?

(a) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(b) Jammu and Kashmir /जम्मू और काश्मीर
(c) Ladakh/लद्दाख
(d) Assam/असम

Ans. (c) : यदि आप गोंपा घास के मैदान व हिमनद देखना चाहते हैं तो आपको केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख की यात्रा करनी पड़ेगी।

21. Which of the following country is not located in Sahara desert ?
निम्न में कौन सा देश सहारा रेगिस्तान में स्थित नही है।

(a) Algeria /अल्जीरिया (b) Mali/माली
(c) Niger/नाइजर (d) Zambia/जांबिया

Ans. (d) : सहारा रेगिस्तान विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान है। यह लगभग 8.54 लाख वर्ग किमी0 के क्षेत्र में फैला हुआ है। सहारा रेगिस्तान विश्व के ग्यारह देशों से घिरा हुआ है। ये देश हैं– अल्जीरिया, चाड़, मिस्त्र, लीविया, मात्मी, मौरितानिया, मोरक्को, नाइजर, सूडान, ट्यूनीशिया एवं पश्चिमी सहारा।

22. Read the statements (A) and (B) and choose the correct option. /
कथन (A) और (B) को पढ़कर सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

Statement (A): Nitrogen is the most plentiful gas in the air/
कथन (A) : नाइट्रोजन वायु मंडल में सर्वाधिक पायी जाने वाली गैस है।

Statement (B): The increased volume of Nitrogen is affecting the Earth's weather and climate
कथन (B): इसका बढ़ा हुआ आयतन पृथ्वी पर मौसम तथा जलवायु को प्रभावित करता है।

Choose the correct option. / सही विकल्प का चुनाव करें

(a) Both (A) and (B) are true /(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false /(A) और (B) दोनों गलत है।
(c) (A) is true but (B) is false /(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है

Ans. (c) : नाइट्रोजन वायु में सर्वाधिक पायी जाने वाली गैस है। जब हम सांस लेते हैं, तो फेफड़ों में कुछ नाइट्रोजन भी ले जाते हैं और फिर उसे बाहर निकाल देते हैं। कार्बन डाईऑक्साइड का बढ़ा हुआ आयतन पृथ्वी पर मौसम तथा जलवायु को प्रभावित करता है। अतः कथन A सत्य है जबकि कथन B असत्य है।

23. Loo is an example of which type of winds ?
लू निम्न में से किस प्रकार की पवन का उदाहरण है?

(a) Permanent winds /स्थायी पवनें
(b) Seasonal winds/मौसमी पवनें
(c) Local winds/स्थानीय पवनें
(d) Polar winds/ध्रुवीय पवनें

Ans. (c) : लू स्थानीय पवन का उदाहरण है। स्थानीय पवनें किसी छोटे क्षेत्र में वर्ष या दिन के किसी विशेष समय में चलती हैं। ये धूल भरी गर्म एवं शुष्क पवनें होती हैं।

24. Read the statements (A) and (R). Choose the correct option given below.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A) : Very less number of people live in the mountainous areas
कथन (A) : पर्वतीय क्षेत्र में बहुत ही कम लोग निवास करते हैं।

Reason (R) : The mountain areas with steep slopes have inhospitable terrain
कारण (R) : तीव्र ढाल वाले पर्वतीय क्षेत्र बसने के लिए प्रतिकूल है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या हैं।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A) / (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false /(A) सही है परन्तु (R) गलत है ।
(d) Both (A) and (R) are false / दोनों (A) तथा (R) गलत है।

Ans. (a) : पर्वतीय क्षेत्र में बहुत ही कम लोग निवास करते हैं क्योंकि पहाड़ों की ढाल तीव्र होती है जिससे खेती करने में कठिनाई होती है। तीव्र ढाल वाले पर्वतीय क्षेत्र बसने के लिए प्रतिकूल होते हैं। अतः दिया गया कथन (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

25. Which of the following minerals is called Black Gold?
निम्न में से कौन सा खनिज काला सोना कहलाता हैं?
(a) Petroleum /पेट्रोलियम
(b) Coal /कोयला
(c) Natural Gas /प्राकृतिक गैस
(d) Manganese/मैंग्नीज

Ans. (a) : पेट्रोलियम को काला सोना कहा जाता है। पेट्रोलियम और उसके व्युत्पन्न को काला सोना कहा जाता है, क्योंकि वे बहुत मूल्यवान होते हैं। पेट्रोलियम को अवसादी चट्टानों से निकाला जाता है, इसी कारण इसे रॉक आयल भी कहा जाता है।

26. Which of the following industries is called backbone of modern industries?
निम्न में से किस उद्योग को आधुनिक उद्योगों का मेरूदंढ कहा जाता है।
(a) Iron and steel industry /इस्पात व स्टील उद्योग
(b) Cotton textile industry /सूती वस्त्र उद्योग
(c) Chemical industry/रसायन उद्योग
(d) Automobile industry /ओटोमोबाइल उद्योग

Ans. (a) : इस्पात और स्टील उद्योग को आधुनिक उद्योगों का मेरूदंड कहा जाता है। लौह और इस्पात उद्योग भारत के सबसे महत्वपूर्ण एवं पुराने उद्योगों में एक है। 1874 में बॉम्बे आयरन वर्क्स द्वारा पहली बार पिग आयरन का उत्पादन किया गया था। भारत, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चात् तीसरा सबसे बड़ा इस्पात उद्योग है।

27. Which of the following type of farming is also known as Milpa, Roca and Lading?
मिल्पा, रोका और लदांग निम्न में से किस प्रकार की कृषि के अन्य नाम हैं?
(a) Shifting cultivation /स्थानंतरी कृषि
(b) Mixed farming /मिश्रित कृषि
(c) Plantation farming /रोपण कृषि
(d) Commercial farming /वाणिज्यिक कृषि

Ans. (a) : मिल्पा, रोका और लदांग स्थानांतरित कृषि के प्रकार है। स्थानांतरित कृषि एक व्यापक खेती पद्धति है। इसके अंतर्गत भूमि के एक भूखंड को अस्थायी रूप से साफ किया जाता है और उसमें खेती की जाती है। लेकिन कुछ समय पश्चात वहाँ की मिट्टी की उर्वरता कम होने पर वहाँ से लोग दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाते है। यह खेती उत्तर-पूर्वी भारत में अधिक प्रचलित है।

28. Civil Rights Act of 1964 in the United States of America Prohibits discrimination on the basis of ———.
संयुक्त राज्य अमेरिका में 1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम ने —— के आधार पर भेदभाव का निषेध कर दिया ।
(A) Race /नस्ल
(B) Religion /धर्म
(C) Gender/जेंडर
(D) National origin/राष्ट्रीय मूल
Choose the correct option / सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A), (B) and (C) /(A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D) /(A), (B) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(d) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)

Ans. (b) : संयुक्त राज्य अमेरिका में 1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम ने नस्ल, धर्म और राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव का निषेध कर दिया गया।

29. Which among the following factors make rural livelihood vulnerable?
निम्नलिखित में से कौन से कारण ग्रामीण जिविकोपार्जन को असुरक्षित बनाते हैं?
(A) Dependence on monsoon for irrigation/सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भरता
(B) Selling products to village cooperatives/ उत्पादन को ग्रामीण सहकारिताओं में बेचना
(C) Crop failure due to pest attack /कीट हमले में फसलों का नष्ट हो जाना
(D) Loans taken from money lenders/साहूकारों से कर्ज उठाना
(a) (A), (B) and (C) / (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D) / (A), (C) और (D)
(d) (A) and (D)/ (A) और (D)

Ans. (c) : ग्रामीण जीविकोपार्जन को असुरक्षित करने वाले निम्न कारण हैं–
(A) सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भरता।
(C) कीट हमलों में फसल का नष्ट हो जाना।
(D) साहूकारों से कर्ज उठाना।

30. Which of the following is NOT the source of fund for Panchayats?
निम्नलिखित में से कौन सा पंचायत की आमदनी का स्त्रोत नही है?
(a) Taxes on houses, Market places etc./घरों एवं बाजारों पर लगाए जाने वाले कर
(b) Donation for community work /समुदाय के काम के लिए मिलने वाला दान
(c) Government scheme funds received through various departments/विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा चलायी गई योजनाओं की राशि
(d) Rent on private property of Panchayat Secretary/पंचायत सचिव की निजी संपत्ति पर किराया

Ans. (d) : पंचायत सचिव की निजी संपत्ति पर किराया पंचायत की आमदनी का स्त्रोत नहीं है। भारतीय संविधान के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के तहत पंचायत का गठन किया गया था।

31. Territorial constituencies created for the purpose of Municipal election are known as ——

नगर निगम के चुनाव के उद्देश्य से गठित किए गए क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों को —— के रूप में जाना जाता है।

(a) Councils/परिषद् (b) Wards /वार्ड खंड
(c) Section/ खंड (d) Areas/क्षेत्र

Ans. (b) : नगर निगम के चुनाव के उद्देश्य से गठित किए गए क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों को वार्डखंड के रूप में जाना जाता है। वॉर्ड स्थानीय प्रशासन के लिए स्थापित एक छोटा भौगोलिक क्षेत्र होता है। यह किसी मुहल्ले, गली पर आधारित होता है। प्रत्येक वार्ड में वार्ड समिति में एक सीट होती है। वार्ड के पार्षद को वयस्क मताधिकार के द्वारा पाँच वर्ष के लिए चुना जाता है। वर्ष 1992 का 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम विभिन्न स्तरों पर नगर निकायों को शक्तियों और प्राधिकारों के विकेन्द्रीकरण का बुनियादी ढाँचा प्रदान करता है।

32. Which of the following sectors provides employment to most number of people in India?

निम्न में से कौन सा क्षेत्र भारत में सबसे ज्यादा रोजगार प्रदान करता है?

(a) Primary /प्राथमिक
(b) Secondary /द्वितीयक
(c) Tertiary /तृतीयक
(d) Gig economy /गिग इकॉनॉमी

Ans. (a) : प्राथमिक क्षेत्र भारत में सबसे अधिक रोजगार प्रदान करता है। यह क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण पर निर्भर होता है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि, वानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन आदि आते हैं। इसमें संलग्न श्रम की प्रकृति को रेड कॉलर जॉब कहा जाता है।

33. Seasonal unemployment is commonly associated with which of the following activities? /मौसमी बेरोजगारी निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के साथ जोड़ी जा सकती है?

(a) Farming /खेती
(b) Milk cooperatives /दुग्ध सहकारिता
(c) Call centre /कॉल सेन्टर
(d) Ceramic pottery /चीनी मिट्टी के बर्तन बनाना

Ans. (a) : मौसमी बेरोजगारी खेती (कृषि) के अंतर्गत पायी जाती है। मौसमी बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्र में पायी जाती है। मौसमी बेरोजगारी तब होती है जब लोग वर्ष के विशेष समय में बेरोजगार होते हैं जब श्रम की मांग सामान्य से कम होती है। यह बेरोजगारी समय की एक अस्थायी खिड़की को संदर्भित करती है।

34. The basic indicator of a democratic government is having/ applying ———.

एक लोकतांत्रिक सरकार का आधारभूत सूचक है —— का होना/लागू करना।

(a) Proportional system of representation/ प्रतिनिधित्व की अनुपातिक व्यवस्था
(b) Universal Adult Franchise / सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(c) First past the post system/ फार्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम
(d) Territorial representation /क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व

Ans. (b) : एक लोकतांत्रिक सरकार का आधारभूत सूचक सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का होना/लागू करना है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है कि जाति, वर्ग, रंग, धर्म या लिंग के भेदभाव के बिना सभी वयस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए। यह समानता पर आधारित है। यह लोकतंत्र का एक बुनियादी सिद्धान्त है।

35. In what way, the amendment in Hindus Succession Act in the year 2005 benefits women?

हिंदु उत्तराधिकार अधिनियम में वर्ष 2005 में हुए बदलाव महिलाओं को किस तरह लाभान्वित करेगा?

(a) It provides women with equal share in the Parent's property/यह महिलाओं को माता-पिता की संपत्ति में बराबर हिस्सा दिलाता है।
(b) It provides more property share to daughters in comparison with sons/यह पुत्रों की तुलना में पुत्रियों को संपत्ति में अधिक हिस्सा दिलाता है।
(c) It transfers the entire property in daughter's name /यह सारी संपत्ति पुत्रियों के नाम हस्तांतरित करता है
(d) It provides distribution preference to daughters over the sons in family property/यह पारिवारिक संपत्ति बँटवारे में पुत्रियों को पुत्रों के ऊपर प्राथमिकता देता है।

Ans. (a) : हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में वर्ष 2005 के अंतर्गत भारत में महिलाओं को परिवार की कृषि भूमि और संपत्ति में हिस्सा दिलाता है। यह कानून/अधिनियम देश के सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू होगा।

36. When the tribal groups are displaced from their lands due to developmental activities, as a consequence they tend to lose their ———.

जब विकासात्मक गतिविधियों के कारण आदिवासी समूह को उनकी भूमि से विस्थापित किया जाता है, तो परिणामस्वरूप वे अपना अधिकार खो देते हैं?

(A) Customs and traditions/रीति-रिवाज
(B) Sources of income and livelihoods/आय और अजीविका
(C) Access to forests/जंगल में प्रवेश के स्त्रोत
(D) Status as a deprived communities /वंचित समुदायों के रूप में स्थिति

Choose the **correct** option.
सही विकल्प को चुनिए :

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D) /(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)

Ans. (a) : जब विकासात्मक गतिविधियों के कारण आदिवासी समूह को उनकी भूमि में विस्थापित किया जाता है तो वे अपने निम्न अधिकार खो देते हैं–
(a) रीति-रिवाज
(b) आय और अजीविका के स्त्रोत
(c) जंगल में प्रवेश

37. Which of the following statements are true regarding the nature of history as a discipline of knowledge?
इतिहास में तिथियों एवं वर्षों को सूचित करने के लिए प्रयोग में आने वाली वर्तमान के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है?

(A) History relies solely on the past without examination of how the past has influenced the present/अतीत ने वर्तमान को कैसे प्रभावित किया है, इसकी जांच किए बिना इतिहास पूर्ण रूप से अतीत पर निर्भर करता है।

(B) History is the story of the growth of human consciousness, both in its individual and collective aspects /इतिहास मानव चेतना के व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों पहुँचने में विकास की कहानी है।

(C) History is a dialogue between the events of how the past and progressive changes in future /इतिहास अतीत और भविष्य में प्रगतिशील परिवर्तनों की घटनाओं के बीच एक संवाद है।

(D) Continuity and coherence are the necessary requisites of history/निरंतरता और सुसंगतता इतिहास की आवश्यक आवश्यकताएँ है।

Choose the correct option.
सही विकल्प को चुनिए :

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D) /(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)

Ans. (d) : इतिहास में तिथियों एवं वर्षों को सूचित करने के लिए प्रयोग में आने वाली वर्तमान के बारे में निम्न कथन सत्य हैं–
(A) अतीत ने वर्तमान को कैसे प्रभावित किया है इसकी जाँच किए बिना इतिहास पूर्ण रूप से अतीत पर निर्भर करता है।
(B) इतिहास मानव चेतना के व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों पहलुओं में विकास की कहानी है।
(C) निरंतरता और सुसंगतता इतिहास की आवश्यक आवश्यकताएँ हैं।

38. Which of the following statements is correct about the present use of deates and years in history?
इतिहास में तिथियों एवं वर्षों को सुचित करने के लिए प्रयोग में आने वाली वर्तमान के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है?

(a) A.D. inplace B.C.E./ए.डी. के स्थान पर बी.सी.ई.
(b) B.C. in place of A.D./बी.सी. के स्थान ए.डी.
(c) B.C.E. in place of A.D. बी.सी.ई. के स्थान ए.डी.
(d) B.C. in place of B.C.E. बी.सी. के स्थान पर बी.सी.ई.

Hence option (a) is right answer.

29. Which of the following of the Govt. India initiative helps students to learn about the remarkable unity of most of the major Indian languages?
(a) Ek Bharat Shrestha Bharat
(b) Swachh Bharat Abhiyan
(c) Bhasha Abhiyan
(d) Digital India campaign

Ans. (a) : " Ek Bharat Shrestha Bharat" helps students to learn about the remarkable unity of most of the major Indian Languages.
Hence option (a) is right answer.

30. Which one of the following is the most appropriate for fostering language learning?
(a) Engage children in frequent conversations
(b) Establish joint attention and comment on what the child sees
(c) Play the social game
(d) Engage children in watching the movies

Ans. (a) : Engage children in frequent conversations is the most appropriate for fostering language learning.
(बच्चों को लगातार बातचीत में शामिल करना, भाषा सीखने को बढ़ावा देने के लिए सबसे उपयुक्त है)
Hence option (a) is right answer.

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 29-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Physical development of a child is directly concerned with/बच्चों के शारीरिक विकास का सीधा संबंध किससे हैं?

(i) growth rate/वृद्धि दर

(ii) sensory functioning/संवेदी प्रकार्य

(iii) fine and gross motor skills/सूक्ष्म और सकल मोटर कौशल

(iv) interpersonal relationships/अंतर्वैयक्तिक संबंध

(a) (i), (iii) (b) (i), (iv)
(c) (i), (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (c) : शारीरिक विकास का तात्पर्य बालक की शारीरिक संरचना एवं उसमें होने वाला परिवर्तन हैं। शारीरिक विकास के अन्तर्गत बालक के शरीर का भार, उसकी लंबाई, उसकी हड्डियों का विकास एवं मजबूती आदि चीजों का विकास सम्मिलित हैं। बच्चों के शारीरिक विकास का सीधा संबंध उनके वृद्धि दर, संवेदी प्रकार्य और सूक्ष्म और सकल मोटर कौशल से हैं। प्रारंभिक बचपन के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तनों में वृद्धि दर, सूक्ष्म मोटर समन्वय, सकल मोटर समन्वय में वृद्धि और संतुलन में वृद्धि शामिल हैं। जीवन के पहलुओं जैसे कि खेल खेलने, ड्राइंग करने और लिखने के लिए सूक्ष्म मोटर समन्वय विकसित करना महत्वपूर्ण हैं।

2. Assertion (A) - A child cannot learn to hold a pencil and write before she attains some neuromotor maturation.

कथन (A) – एक बच्चा कुछ तांत्रिक गतिक परिपक्वता प्राप्त करने से पहले पेंसिल पकड़ना और लिखना नहीं सीख सकता है।

Reason (R) - Learning is dependent upon development.

तर्क (R) - सीखना विकास पर निर्भर है।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता हैं (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : बाल विकास दो दिशाओं में होता है, एक सिर से पैर की दिशा से और दूसरा निकट से दूर (शरीर के केंद्र से परिधीय तक) की ओर होता है। विकास के अनुक्रमिक स्वरूप को दो दिशाओं में देखा जा सकता है :

(1) शीर्षगामी अनुक्रम (2) अधोगामी अनुक्रम

अधोगामी अनुक्रम का अर्थ है कि विकास शरीर के मध्य भाग से परिधि की ओर बढ़ता हैं। इस क्रम में पहले व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी का विकास होता है और उसके बाद बाहरी विकास होता हैं तथा सीखना विकास पर ही निर्भर होता हैं। उदाहरण के लिए, बच्चा अपने हाथों से पहले अपनी बाहों का उपयोग कर सकता है और अपनी उंगलियों की गति को नियंत्रित करने से पहले अपने हाथों का उपयोग कर सकता हैं। पेंसिल पकड़ने और लिखने से पहले बच्चे गेंद फेंकना सीखते हैं। अतः (A) और (R) और दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

3. Teachers should recognize that_____ is the foremost primary agency of socialization that continues to play a role in middle childhood./शिक्षकों को स्वीकारना चाहिए कि _____ सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है जिसकी माध्यमिक बचपन में भी भूमिका है।

(a) family/परिवार (b) media/मीडिया
(c) school/स्कूल (d) neighbourhood/पड़ोस

Ans. (a) : समाजीकण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से समुदाय अपने सदस्यों को सामाजिक रूप से स्वीकार्य होने के लिए समाज के मानदंडों ओर मूल्यों के बारे में शिक्षित करते हैं। प्राथमिक समाजीकरण शैशवावस्था और बाल्यावस्था के दौरान होता है। यह उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जहाँ बच्चे को बचपन के वर्षों में परिवार के माध्यम से समाजीकृत किया जाता है। यह रेखांकित करता है कि प्राथमिक समाजीकरण की प्रक्रिया में प्रमुख माध्यम परिवार हैं।
अतः इस संदर्भ में शिक्षकों को स्वीकारना चाहिए कि परिवार सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था है जिसकी माध्यमिक बचपन में भी भूमिका हैं।

4. As per Jean Piaget's theory, At which stage do children become more skilled at symbolic play, yet continue to think in a concrete manner but not is abstraction?/जीन पियाजे के सिद्धांत के अनुसार किस चरण में बच्चे प्रतीकात्मक खेल करने में सक्षम हो जाते हैं, परन्तु उनकी सोच मूर्त वस्तुओं तक ही सीमित होती है बजाए अमूर्तता के?

(a) Sensorimotor stage/संवेदीचालक अवस्था
(b) Post-conventional state/उत्तर पारंपरिक अवस्था
(c) Concrete operational state/मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational state/अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

Ans. (c) : जीन पियाजे के सिद्धांत के अनुसार मूर्त संक्रियात्मक चरण में बच्चे प्रतीकात्मक खेल करने में सक्षम हो जाते हैं, परन्तु उनकी सोच मूर्त वस्तुओं तक ही सीमित होती है बजाय अमूर्तता के। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत

की तीसरी अवस्था हैं। इस चरण में बच्चे संख्या बोध, क्षेत्र, मात्रा और अभिविन्यास के संरक्षण की क्षमता हासिल करते हैं। बच्चे वस्तुओं और घटनाओं के बारे में तार्किक रूप से सोचना शुरू कर देते हैं तथा संज्ञानात्मक क्षमता के रूप में प्रतिवर्तिता, संचालन, संक्रामकता की अवधारणा को प्राप्त करते हैं।

5. According to Jean Piaget, how is children's thinking different from adults?/जीन पियाजे के अनुसार बच्चों की सोच वयस्कों से किस प्रकार भिन्न हैं?

(a) It is not different from adults/यह वयस्कों से अलग नहीं हैं।
(b) Children's thinking differs qualitatively from adults/बच्चों की सोच वयस्कों से गुणात्मक रूप से भिन्न होती हैं।
(c) Children's thinking differs quantitively from adults/बच्चों की सोच वयस्कों से मात्रात्मक रूप से भिन्न होती हैं।
(d) Children's thinking is inferior to adults/बच्चों की सोच बड़ों से कम होती है।

Ans. (b) : पियाजे के महसूस किया कि बड़े बच्चे एक ही परीक्षा में अधिक प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम थे। साथ ही, बड़े बच्चों द्वारा अनुप्रयुक्त उत्तरों और तर्क के बीच गुणात्मक अंतर थे, लेकिन वे मात्रात्मक रूप से भिन्न नहीं हैं।

✯ पियाजे के अनुसार, बच्चों की सोच मात्रा की तुलना में वयस्कों से भिन्न होती हैं।
✯ पियाजे विकास को क्रमिक मात्रात्मक परिवर्तनों के साथ निरंतर प्रगति के रूप में नहीं देखते हैं। उनके लिए, शारीरिक विकास की तरह, संज्ञानात्मक विकास भी अवस्थाओं में होता हैं जिसमें प्रत्येक अवस्था दूसरे से गुणात्मक रूप से भिन्न होती हैं।
✯ इस प्रकार, इन सभी संदर्भों से, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि जीन पियाजे ने प्रस्तावित किया कि बच्चों की सोच वयस्कों की तुलना में गुणात्मक रूप से भिन्न होती हैं।

6. According to Jean Piaget, which of the following are the part of adaptation?/जीन पियाजे के अनुसार निम्नलिखित में से अनुकूलन के भाग कौन से हैं?

(i) Assimilation/समायोजन
(ii) Accommodation/समावेशन
(iii) Scaffolding/पाड़
(iv) Conditioning/अनुबंधन

(a) (i), (ii) (b) (ii), (iii)
(c) (i), (iv) (d) (iii), (iv)

Ans. (a) : पियाजे के अनुसार बच्चों में उनके वातावरण के साथ समायोजन की प्रकृति सहज होती है। बच्चे की इस प्रकृति को अनुकूलन कहा जाता हैं। पियाजे के अनुकूलन की संपूर्ण प्रक्रिया से दो उप-प्रक्रियाएँ जुड़ी हुई हैं।

✯ समायोजन या आत्मसात्करण (Assimilation)
✯ समावेशन (Accommodation)

(1) आत्मसातीकरण तब होता है जब किसी व्यक्ति को नई स्थिति पर प्रतिक्रिया देने के लिए मौजूदा ज्ञान को बदलना होता है।
(2) समावेशन एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूर्व में सीखी योजना या मानसिक प्रक्रियाओं से काम न चलने पर समंजन के लिए ही की जाती हैं। पियाजे कहते हैं कि बालक आत्मसात्करण और सामंजस्य की प्रक्रियाओं के बीच संतुलन कायम करता हैं।

7. In Kohlberg's_____ of moral development the individual strives to maintain the expectations of others rather than focus on the consequences of one's actions?/कोहलबर्ग के किस स्तर के अनुसार नैतिक विकास में व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय दूसरों की अपेक्षाओं को बनाए रखने का प्रयास करता है?

(a) Pre-operational level/पूर्व संक्रियात्मक स्तर
(b) Pre-conventional level/पूर्व-पारंपरिक स्तर
(c) Conventional level/पारंपरिक स्तर
(d) Post-conventional level/उत्तर-पारंपरिक स्तर

Ans. (c) : कोहलबर्ग के पारंपरिक स्तर के अनुसार नैतिक विकास में व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय दूसरों की अपेक्षाओं को बनाए रखने का प्रयास करता है। कोलबर्ग के अनुसार नैतिकता के विकास का यह दूसरा चरण है जो कि 10 से 13 वर्ष तक चलती है। इसके अंतर्गत छात्र अधिक सामाजिक होते हैं, अर्थात् वह ऐसे कार्य करते हैं जिससे समाज से उन्हें सम्मान प्राप्त हो सकें। इस आयु में छात्र दूसरे व्यक्तियों की नैतिकता के स्तर को अपने अंदर समाहित (अनुकरण) कर लेता हैं। वह दूसरे व्यक्तियों के मानकों के अनुसार सही और गलत के मध्य अंतर को स्पष्ट कर उचित निर्णय ले पाता हैं। इस अवस्था को भी कोहलबर्ग ने 2 भागों में विभाजित किया है, जो इस प्रकार हैं -

✯ अच्छा लड़का या लड़की बनने की आशा
✯ कानून एवं व्यवस्था उन्मुखता

8. Lev Vygotsky proposed that learning -
लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया कि सीखना–

(a) is a social activity./एक सामाजिक गतिविधि है।
(b) happens through repeated drill and recall./बार-बार अभ्यास और प्रत्यास्मरण से होता है।
(c) occurs through the processes of conditioning. /अनुकूलन की प्रक्रियाओं के माध्यम से होता है।
(d) occurs independent of development/विकास से स्वतंत्र होता है।

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की को सबसे अधिक उनके सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत और भाषा सिद्धांत के लिए जाना जाता है।
लेव वायगोत्स्की के अनुसार अधिगम एक सामाजिक गतिविधि है क्योंकि उन्होंने अधिगम को सामाजिक-संपर्क का परिणाम माना हैं।

सामाजिक विकास विधि का सिद्धांत



9. According to Lev Vygotsky, how should the experts enable the children to perform at a higher level of zone of proximal development ?
लेव व्यागोत्सकी के अनुसार, विशेषज्ञयों को बच्चों को समीपस्थ विकास के क्षेत्र के उच्चतर स्तर पर ले जाने के लिए क्या करना चाहिए?

(a) By strengthening conditioning/अनुकूलन को सुदृढ़ करना चाहिए।
(b) By giving punishment/सज़ा देनी चाहिए।
(c) By offering positive reinforcement/सकारात्मक पुनर्बलन देना चाहिए
(d) By providing scaffolding/पाड़ प्रदान करना चाहिए।

Ans. (d) : लेव वायगोत्स्की के अनुसार विशेषज्ञयों को बच्चों को समीपस्थ विकास के क्षेत्र के उच्चतर स्तर पर ले जाने के लिए पाड़ प्रदान करना चाहिए। वायगोत्स्की के अनुसार, 'समीपस्थ विकास का क्षेत्र' या 'ZPD' कहा जाता है –
✯ बच्चा स्वतंत्र रूप से और सहायता के साथ क्या कर सकता है के बीच का अंतर
✯ एक शिक्षार्थी अपने दम पर क्या कर सकता है और किसी की मदद से वह क्या कर सकता हैं, इसके बीच अंतर।
✯ बच्चे को अकेले करने के लिए कार्यों की सीमा बहुत कठिन है, लेकिन वयस्कों और अधिक कुशल सहकर्मी की मदद से संभव हैं।

10. In a progressive classroom –
एक प्रगतीशील कक्षा में –
(a) children are provided appropriate learning activities and the freedom to enhance their innate capabilities./बच्चों को उपयुक्त शिक्षण क्रियाकलाप के द्वारा अपनी जन्मजात क्षमताओं को बढ़ाने क स्वतंत्रता दी जाती हैं।
(b) only summative assessment is followed./केवल योगात्मक मूल्यांकन का पालन किया जाता है।
(c) teachers are the only sources of knowledge. /शिक्षिका ही ज्ञान का एकमात्र स्त्रोत होती है।
(d) teacher-centric pedagogy is followed./शिक्षिका केंद्रित शिक्षाशास्त्र का पालन किया जाता है।

Ans. (a) : जॉन डीवी, एक अमेरिकी दार्शनिक ने 'प्रगतिशील शिक्षा' की अवधारणा का प्रस्ताव दिया है। प्रगतिशील शिक्षा जो इस बात पर बल देती है कि शिक्षण केवल 'करके-सीखना' दृष्टिकोण से होता है इसलिए छात्रों को अपने वातावरण के साथ अनुकूलन और अधिगम के लिए अंतःक्रिया करनी चाहिए।
प्रगतिशील कक्षा प्रगतिशील शिक्षा का एक भाग है जो हर बच्चे की क्षमता में विश्वास करती हैं।
✯ एक प्रगतिशील कक्षा में बच्चों को उपयुक्त शिक्षक क्रियाकलाप के द्वारा अपनी जन्मजत क्षमताओं को बढ़ाने की स्वतंत्रता दी जाती हैं।
✯ प्रगतिशील शिक्षा के रूप में ज्ञान के निर्माण के लिए एक प्रगतिशील कक्षा में पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

11. A poet, a writer and a story teller are likely to possess high/एक कवि, एक लेखक और एक कहानीकार के पास कौनसी बुद्धि अधिक मात्रा होने की संभावना है?
(a) Spatial intelligence/स्थानिक बुद्धि
(b) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि
(c) Musical intelligence/संगीतमय बुद्धि
(d) Intrapersonal intelligence/अंतरावैयक्तिक बौद्धिकता

Ans. (b) : हावर्ड गार्डनर की आठ बहुबुद्धियों में से एक भाषाई बुद्धि में बोली जाने वाली और लिखित भाषा को समझने और उपयोग करने की क्षमता शामिल हैं। इसमें भाषण या लिखित शब्द के माध्यम से स्वयं को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने के साथ-साथ विदेशी भाषाओं को सीखने की सुविधा दिखाना शामिल हो सकता हैं। लेखक, कवि, वकील और वक्ता उनमें से हैं जिन्हें गार्डनर उच्च भाषाई बुद्धि वाले के रूप में देखते हैं।

12. Lev Vygotsky proposed that language –
लेव व्यागोत्सकी ने प्रतिपादित किया कि भाषा–
(a) plays a central role in cognitive development./ की संज्ञानात्मक विकास में प्रमुख भूमिका है।
(b) hinders cognitive development of children./ बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालती है।
(c) does not impact learning and development/सीखने एवं विकास को प्रभावित नहीं करती।
(d) doesn't get influenced by social context./ सामाजिक संदर्भ से प्रभावित नहीं होती।

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की ने प्रतिपादन किया कि भाषा की संज्ञानात्मक विकास में प्रमुख भूमिका हैं। बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वायगोत्स्की ने भाषा को अधिगम और विकास के बीच एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में माना हैं। भाषा का उपयोग शिक्षार्थी द्वारा विचारों को व्यवस्थित करने, सीखने के साथ-साथ संवाद करने और अनुभवों को साझा करने के लिए किया जाता था। अतः वायगोत्स्की के अनुसार, बच्चे वयस्कों और साथियों के साथ अंतःक्रिया करके सीखते हैं, और भाषा लेव वायगोत्स्की के अनुसार संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

13. To cater to diversity in a classroom the teachers should focus on/कक्षा में विविधता के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए किस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?
(a) uniformity/समरूपता
(b) equality/समानता
(c) equity/समता
(d) standardization/मानकीकरण

Ans. (c) : कक्षा में विविधता का अर्थ यह समझना है कि प्रत्येक विद्यार्थी अद्वितीय होता है तथा उस व्यक्तिगत भिन्नताओं की पहचान विद्यार्थियों में विद्यमान होती हैं। विविधता विद्यार्थियों में ऐसी भिन्नताओं तथा विधियों को महत्व दे रही है जिसमें ये शिक्षाएँ कक्षा-कक्षों में अधिगम परिवेश के अधिक जीवंत, समृद्ध तथा उत्पादक बनाने में योगदान कर सकती हैं। कक्षा में विविधता के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए समता पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। समावेशी शिक्षा में ऐसा वातावरण बनाना जिसमें बच्चा विविधता के साथ सीख सके, न कि सीखने के लिए विशेष वातावरण तैयार कर सके। चुनौतीपूर्ण बच्चों सहित सभी के लिए समान शिक्षा देना।

14. Assessment for learning should focus on -
'सीखने के लिए आकलन' को किस पर ध्यान देना चाहिए?
(a) Learning for exams/परीक्षा के लिए सीखना
(b) Conceptual understanding/वैचारिक समझ
(c) Mechanical practise/यांत्रिक अभ्यास
(d) Recall and reproduction/स्मरण और पुनरुत्पादन

Ans. (b) : अधिगम/सीखने के लिए आकलन का अभ्यास शिक्षकों द्वारा उनकी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य अधिगमकर्ताओं की सुविधा के द्वारा शिक्षण में सुधार और अधिगम में वृद्धि करना हैं। यह कक्षा में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के साथ होता हैं। यह बार-बार और विशेषकर असंरचित होता है, जिसे 'रचनात्मक आकलन' भी कहा जाता हैं। सीखने के लिए आकलन को वैचारिक समझ पर ध्यान देना चाहिए। वैचारिक समझ के लिए शिक्षार्थियों को प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने की आवश्यकता होती है जबकि प्रक्रियात्मक सीखने के लिए शिक्षक को तथ्यों की व्याख्या करने और प्रक्रिया को प्रदर्शित करने की आवश्यकता होती हैं। छात्र को तब ध्यान देने और अंतर्निहित गतिशीलता के बारे में स्पष्टता के बिना प्रक्रियाओं का अभ्यास करने की आवश्यकता होती हैं।

15. Use of open-ended questions in the class and encouraging children to think of multiple perspectives promotes –
कक्षा में खुले प्रश्नों का उपयोग और बच्चों को कई दृष्टिकोणों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना किस को बढ़ावा देता हैं?

(a) Problem solving skills and divergent thinking/समस्या समाधान कौशल और अपसारी सोच
(b) Reproduction of knowledge and convergent thinking/ज्ञान का पुनरुत्पादन और अभिसारी सोच
(c) Competition among students/छात्रों के बीच प्रतियोगिता
(d) Stress and anixiety among students/छात्रों में तनाव और चिंता

Ans. (a) : एक खुला प्रश्न आपके बच्चे के अपने ज्ञान या भावनाओं का उपयोग करके एक पूर्ण, सार्थक उत्तर को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया हैं। ओपेन-इंडेड प्रश्न आमतौर पर ''क्यों'' या ''कैसे'' जैसे शब्दों से शुरू होते हैं और वाक्यांश जैसे ''मुझे इसके बारे में बताएं...''। ओपन - इंडेड प्रश्न एक शब्द के उत्तर की अनुमति नहीं देते हैं। कक्षा में खुले प्रश्नों का उपयोग और बच्चों को कई दृष्टिकोणों को बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना समस्या-समाधान कौशल और अपसारी सोच को बढ़ावा देता हैं। समस्या-समाधान कौशल प्राप्त करने के लिए अधिगमकर्ता विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं, उनके विचार अपसारी होते हैं।

16. Principle of inclusion proposes
समावेश के सिद्धांत क्या प्रस्तावित करते हैं?

(a) 'Special schools' for 'special children'/'विशेष बच्चों' के लिए 'विशेष विद्यालय'
(b) An attitude of pity and sympathy for children/बच्चों के प्रति दया और सहानुभूति का रवैया
(c) Uniform and standard curriculum for all children/सभी बच्चों के लिए समारूपी और मानक पाठ्यक्रम
(d) Creation of an ethos for overall development of each child regardless of her background or abilities/प्रत्येक बच्चे की पृष्ठभूमि या क्षमताओं में विभिन्नता होते हुए भी उसके समग्र विकास के लिए एक लोकाचार का निर्माण।

Ans. (d) : समावेशन के सिद्धांत शिक्षा और देखभाल में विकलांग बच्चों और छात्रों के अधिकारों, पहुँच, अवसर और अधिकारों को बढ़ावा देते हैं और उनके खिलाफ भेदभाव को कम करने में योगदान करते हैं। वे प्रारंभिक बचपन की शिक्षा और देखभाल केंद्र (प्रारंभिक बचपन) और स्कूलों के साथ-साथ प्रारंभिक बचपन और स्कूल क्षेत्रों को शामिल करने के लिए व्यापक और सुसंगत मानदंड प्रदान करते हैं ताकि उनकी प्रगति का आकलन किया जा सके। समावेशन के सिद्धांत प्रत्येक बच्चे की पृष्ठभूमि या क्षमताओं में विभिन्नता होते हुए भी उसके समग्र विकास के लिए एक लोकाचार का निर्माण प्रस्तावित करते हैं।

17. _____is and example of accomodation strategy to help students with hearing impairment,
श्रवण अक्षमता से जुझते विद्यार्थियों की मदद के लिए निम्न में से कौन सी समायोजन तकनीक मददगार है?

(a) Large print books/बड़ी मुद्रक वाली किताबें
(b) Crutches/बैसाखी
(c) Sign language/सांकेतिक भाषा
(d) Audio tapes/श्रवण टेप

Ans. (c) : बधिर या कम सुनने वाले लोगों के लिए सांकेतिक भाषा में संवाद करने के कई फायदे हैं। इस तथ्य के अलावा कि यह उन्हें आराम से संवाद करने की अनुमति देता हैं, इसके कुछ सामाजिक और संज्ञानात्मक लाभ भी हैं, खासकर बच्चों और उनके विकास के लिए। सांकेतिक भाषा एक दृश्य भाषा है जो संवाद करने के लिए हाथ के इशारों, चेहरे के भावों और शरीर की गतिविधियों का उपयोग करती हैं। दुनिया भर में कई सांकेतिक भाषाओं का उपयोग किया जाता हैं, जिनमें सबसे प्रसिद्ध अमेरिकी सांकेतिक भाषा (एएसएल) और ब्रिटिश सांकेतिक भाषा (बीएसएल) हैं।

18. Universal Design for Learning to cater to diverse needs to children do not propose multiple ways of –
बच्चों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिपादित अधिगम हेतु सार्वभौमिक डिजाइन निम्नलिखित के किसके कई तरीके प्रस्तावित नहीं करते हैं?

(a) Engagement/संलग्नता
(b) Representation/प्रतिनिधित्व
(c) Labelling/नामीकरण
(d) Action/गतिविधि

Ans. (c) : सीखने के लिए यूनिवर्सल डिजाइन (यूडीएल) अंडरस्टूड फाउंडिंग पार्टनर कास्ट द्वारा विकसित एक फ्रेमवर्क हैं। यूडीएल शिक्षार्थियों की सुंदरता को सक्रिय रूप से पूरा करने के लिए सीखने के लिए सीखने के सभी डिजाइन का मार्गदर्शन करता है। जब आप यूडीएल (UDL) का उपयोग करते हैं, तो आप मान लेते हैं कि सीखने के विशेष पर्यावरण के डिजाइन में हैं, छात्रों में नहीं। यूडीएल मस्तिष्क विज्ञान और धारणा-आधारित शैक्षणिक प्रमाणन पर आधारित हैं। यह डिजिटल तकनीक की शक्ति का भी लाभ उठाता हैं। कास्ट ने यूडीएल निर्देश तैयार किए जो तीन मुख्य सिद्धांतों पर आधारित है जो इन शिक्षण नेटवर्क के साथ सांकेतिक होते हैं। तीन UDL सिद्धांत प्रतिनिधियाँ और संलग्नता हैं। इसमें नामीकरण तरीका प्रस्तावित नहीं होता हैं।

19. Which of the following are typical characteristics of a student with learning disability?
निम्नलिखित में से कौन सी 'अधिगम अशक्तता' वाले छात्र की विशिष्ट विशेषताएँ हैं?

(i) Omits words or lines in readings/पढ़ने में शब्दों या पंक्तियों को छोड़ देता है
(ii) Makes mistakes in spellings/वर्तनी में गलती करता है
(iii) Does not read well/ठीक से नहीं पढ़ता
(iv) Performs the same motor action repeatedly/एक ही गतिक क्रिया को बार-बार करता है

(a) (i), (ii), (iii) (b) (i), (ii)
(c) (i), (iii) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (a) : अधिगम अशक्तता या सीखने की अक्षमता वाले छात्र की संज्ञानात्मक विशेषताएं आमतौर पर प्रसंस्करण समस्याओं से निपटती है। इसमें पढ़ने, लिखने और गणित में कठिनाई शामिल हो सकती है, लेकिन यह संगठन, समय प्रबंधन, सार तक्र, लंबी या छोटी अवधि की स्मृति और ध्यान को प्रभावित कर सकता हैं। भाषा-आधारित सीखने की अक्षमता आयु उपयुक्त पढ़ने, वर्तनी या लिखने की समस्याएँ हैं। इसमें पढ़ने और लिखित अभिव्यक्ति और समझ में कठिनाई शामिल हो सकती हैं। अधिगम अशक्तता वाले छात्र की विशिष्ट विशेषताएँ हैं :

✯ पढ़ने में शब्दों या पंक्तियों को छोड़ देता हैं।
✯ वर्तनी में गलती करता हैं।
✯ ठीक से नहीं पढ़ता।

20. Assertion (A) : It is important to focus on the learning needs of gifted children in a classroom by giving them tasks that help them achieve their potential.
कथन (A) : प्रतिभाशाली बच्चों को उनके क्षमता को प्राप्त करने में मदद करने वाले कार्य देकर कक्षा में प्रतिभाशाली बच्चों की सीखने की जरूरतों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है।
Reason (R) : Gifted children have specific learning needs and these often get ignored in a classroom.
तर्क (R) : प्रतिभाशाली बच्चों की सीखने की विशिष्ट आवश्यकताएँ होती हैं और इन्हें अक्सर कक्षा में नज़रअंदाज कर दिया जाता है।
Choose the correct opiton./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता हैं।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता हैं।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : प्रतिभाशाली छात्र उन छात्रों को संदर्भित करते हैं, जो अपने सहकर्मी समूह के अन्य सदस्यों की तुलना में असाधारण कार्य प्रदर्शित करते हैं। प्रतिभाशाली छात्र अपने निर्णयों में स्वतंत्र होते हैं क्योंकि वे उन्नत तार्किक और रचनात्मक सोच रखते हैं। प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी क्षमता को प्राप्त करने में मदद करने वाले कार्य देकर कक्षा में प्रतिभाशाली बच्चों की सीखने की जरूरतों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि प्रतिभाशाली बच्चों की सीखने की विशिष्ट आवश्यकताएँ होती हैं और इन्हें अक्सर कक्षा में नजर अंदाज कर दिया जाता है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या करता हैं।

21. In a middle school classroom learning is to be understood as :/माध्यमिक स्कूल की कक्षाओं में सीखने को किस प्रकार समझा जाना चाहिए?

(a) Being constructed by the children with support from more knowledgeable persons /अधिक जानकर व्यक्तियों के सहयोग से बच्चों द्वारा निर्माण रूप में
(b) As passive and individualistic/निष्क्रिय और व्यक्तिवाद रूप में
(c) As conditioning of stimulus and response/ उत्तेजना और प्रतिक्रिया के अनुकूलन के रूप में
(d) As a measurable change in behaviour/व्यवहार में एक मापने योग्य परिवर्तन के रूप में

Ans. (a) : माध्यमिक स्कूल की कक्षाओं में सीखने को अधिक जानकार व्यक्तियों के सहयोग में बच्चों द्वारा निर्माण रूप में समझा जाना चाहिए।

✯ वायगोत्स्की के ढाँचे में, ''अधिक जानकर अन्य'' किसी ऐसे व्यक्ति के लिए एक शब्द है जो एक नए कौशल के माध्यम से एक शिक्षार्थी का मार्गदर्शन करता हैं।
✯ यह सिखाया जा रहा कौशल की निपुणता के साथ कोई भी हो सकता हैं। कक्षा सेटिंग में, यह अक्सर शिक्षक या ट्यूटर होता हैं।
✯ हालांकि, यहाँ तक कि विषय की महारत रखने वाला एक सहकर्मी भी संभावित रूप से दूसरे छात्र को सहारा दे सकता हैं।

22. Problem solving is hindered by -
समस्या-समाधान की प्रक्रिया किससे बाधित होती हैं?

(a) Metacognitive abilities/अधिसंज्ञानात्मक क्षमताओं
(b) Response set/अनुक्रिया समुच्चय
(c) Studying worked examples/सुलझाए हुए उदाहरण को समझकर
(d) Brainstorming and discussion with peers/समकक्षियों के साथ चर्चा व संवाद करके

Ans. (b) : समस्या-समाधान किसी विशेष समस्या का स्थायी समाधान खोजने की प्रक्रिया हैं। यह प्रक्रिया समस्या को सही ढंग से परिभाषित करने के साथ शुरू होती है, उन सभी संभावित मूल कारणों की पहचान करती है जो समस्या पैदा कर सकते हैं। समस्या-समाधान की प्रक्रिया अनुक्रिया समुच्चय से बाधित होती हैं। अच्छे समस्या समाधानकर्ताओं में अनुक्रिया समुच्चय की कमी होती हैं क्योंकि वे अपसारी रूप से सोचेंगे और किसी समस्या पर प्रतिकिया देने या हल करने से पहले दी गई समस्या के हर संभावित परिणाम का विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे।

23. Which of the following statements is NOT correct about children's learning in a socioconstructivist classroom?
सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में बच्चों के सीखने के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?

(a) Children's interaction with their peers facilitates cognitive development/बच्चों को अपने साथियों के साथ बातचीत के द्वारा अपने संज्ञानात्मक विकास में मदद मिलती हैं।
(b) Formative and diverse forms of assessment shuould be carried out in classrooms./कक्षाओं में केवल रचनात्मक और विविध तरह के आकलन को ही किया जाना चाहिए।

(c) Cildren construct knowledge rather than receive it passively./बच्चे इसे निष्क्रिय रूप से प्राप्त करने के बजाय ज्ञान का निर्माण करते हैं।

(d) Norm-referenced testing is the only way to standardise assessment./मानक-संदर्भित परीक्षण आकलन को मानकीकृत करने का एकमात्र तरीका हैं।

Ans. (d) : सामाजिक-रचनात्मक सीखने की सहयोगी प्रकृति पर ध्यान केन्द्रित करती है। ज्ञान का विकास इस बात से होता है कि लोग एक-दूसरे के साथ, उनकी संस्कृति और समाज के साथ किस तरह से व्यवहार करते हैं। सामाजिक-रचनात्मक कक्षा की विशेषताएँ :

✯ एक सामाजिक - रचनात्मक कक्षा में रहकर याद रखना, याद करने के आधार पर सीखना और पुनरावृत्ति की अनुमति नहीं होती हैं।

✯ बच्चों को अपने साथियों के साथ बातचीत के द्वारा अपने संज्ञानात्मक विकास में मदद मिलती हैं।

✯ कक्षाओं में केवल रचनात्मक और विविध तरह के आकलन को ही किया जाना चाहिए।

✯ बच्चे इसे निष्क्रिय रूप से प्राप्त करने के बजाय ज्ञान का निर्माण करते हैं।

24. The socio-cultural context of the students - विद्यार्थियों का सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ–

(a) Does not impact their learning process./उनकी सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित नहीं करता हैं।

(b) Should be ignored to facilitate effective learning./को प्रभावशाली अधिगम के लिए अनदेखा किया जाना चाहिए।

(c) Is an important factor that influences learning./एक महत्त्वपूर्ण कारक है जो सीखने को प्रभावित करता हैं।

(d) Provides an excellent opportunity to categories children from same caste in one group. /एक ही जाति के बच्चों को एक समूह में वर्गीकृत करने के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है।

Ans. (c) : अधिगम को व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया जाता है जो अभ्यास/अनुभव के परिणामस्वरूप होता हैं। यह हमारे व्यवहार का केंद्र है क्योंकि हम बोलना, लिखना, सोचना और अनुभव करना सीखते हैं। हमारे दृष्टिकोण और भावनात्मक भाव भी अर्जित व्यवहार हैं। विद्यार्थियों का सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ एक महत्वपूर्ण कारक है जो सीखने को प्रभावित करता हैं। छात्र का अधिगम समाज, साथियों, परिवार आदि के साथ अन्तःकिया से भी होता है। इसलिए सामाजिक-सांस्कृतिक कारक भी छात्र के अधिगम को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक हैं।

25. Teachers should encourage students to become_____motivated learners and set_____goals.
शिक्षकों को विद्यार्थियों को _____ प्रेरित शिक्षार्थी बनने के लिए और _____ लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

(a) Intrinsically; mastery-oriented/आंतरिक रूप से; महारत उन्मुख

(b) Intrinsically; performance-oriented/आंतरिक रूप से; प्रदर्शन उन्मुख

(c) Extrinsically; mastery-oriented/बाह्य रूप से; महारत उन्मुख

(d) Extrinsically; performance-oriented/बाह्य रूप से; प्रदर्शन उन्मुख

Ans. (a) : शिक्षकों को विद्यार्थियों को आंतरिक रूप से प्रेरित शिक्षार्थी बनने के लिए महारत उन्मुख लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जब कोई कार्य छात्र द्वारा बार-बार किया जाता है तो वह उसका कौशल बन जाएगा, तो छात्र असहज महसूस नहीं करता हैं। लेकिन जब छात्रों को कार्य करने मजा आता है या इसे करने के लिए प्यार होता है, तो वे आंतरिक रूप से प्रेरित होते हैं। यदि कोई शिक्षक व्यक्तिगत लक्ष्यों और उनकी महारत को निर्धारित करके व्यक्तिगत रूप से छात्रों का समर्थन कर रहा हैं, तो वह उन्हें प्रोत्साहित करने में सक्षम हो सकता हैं।

26. Assertion (A) - In middle school classrooms only the teachers should ask questions and not the students./मध्य विद्यालयी कक्षाओं में केवल शिक्षकों को प्रश्न पूछने चाहिए, विद्यार्थियों को नहीं।

Reason (R) - Passive listening is the best method to learn meaningfully./निष्क्रिय रूप से श्रवण अर्थपूर्ण ढंग से सीखने का सबसे अच्छा तरीका है।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : मध्य विद्यालयी कक्षाओं में केवल शिक्षकों को ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों को भी प्रश्न पूछने चाहिए। सक्रिय रूप से श्रवण अर्थपूर्ण ढंग से सीखने का सबसे अच्छा तरीका हैं। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में प्रश्नों को इस प्रकार प्रस्तुत करना कि शिक्षार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न हो और विद्यार्थियों को शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय बनाया जाए। अतः इस संदर्भ में (A) और (R) दोनों गलत हैं।

27. _____and _____ promote active engagement or students in a classroom.
_____ और_____ एक कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता है।

(a) Drill and repeated practise/ड्रिल और बार-बार अभ्यास

(b) Competition and friendly rivalry/प्रतिस्पर्धा और मैत्रीपूर्ण प्रतिद्वंदिता

(c) Passive listening and imitation./निष्क्रिय रूप से श्रवण और नकल

(d) Enquiry and questioning/अन्वेषण और पूछताछ

Ans. (d) : अन्वेषण और पूछताछ एक कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता हैं।
शिक्षकों को निम्नलिखित द्वारा शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए :

- ✯ कक्षा को बाल केन्द्रित बनाना।
- ✯ सभी शिक्षार्थियों को अपने ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए कई अवसर प्रदान करता हैं।
- ✯ शिक्षार्थियों को सामाजिक गतिविधियों, टीम वर्क आदि में शामिल करें।
- ✯ छात्रों के विचारों के बढ़ावा देना और उन्हें प्रश्न पूछने और दी गई अवधारणा के बारे में अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित करना।

28. A teacher can foster critical thinking in her students by/एक शिक्षक अपने छात्रों में आलोचनात्मक सोच को कैसे बढ़ावा दे सकती है?

(a) Encouraging multiple ideas and intuitive guesses/कई विचारों और सहज ज्ञान युक्त अनुमानों को प्रोत्साहित करके

(b) Promoting mere reproduction of information/केवल सूचना के पुनरुत्पादन को बढ़ावा देकर

(c) Repeated drill and practice/बार-बार वेधन और अभ्यास पर बल देकर

(d) Ensuring that the teacher has absolute control over the children's learning/यह सुनिश्चित करके कि शिक्षिका का बच्चों के सीखने पर पूर्ण नियंत्रण हैं।

Ans. (a) : सोच पर जेरोम ब्रूनर का शोध शैक्षिक दृष्टिकोणों में उनकी रूचि पर आधारित है जो ''सोच के विकास को प्रोत्साहित करते हैं।'' ब्रूनर ने सुझाव दिया कि शिक्षकों को शिक्षार्थियों को कुछ अधूरे वाक्यों, कार्यों या स्थितियों की मदद से सोचना और अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षार्थियों के अनुमान सही या गलत हो सकते हैं लेकिन उन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए। शिक्षकों को गलत अनुमानों को हतोत्साहित नहीं करना चाहिए, क्योंकि अनुमान लगाने से ही आप शिक्षार्थियों में सहज ज्ञान युक्त विचार विकसित कर सकते हैं।

29. How should a middle school teacher deal with naive theories held by students about various phenomenon?
माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक को विभिन्न घटनाओं के छात्रों द्वारा रखे गए वैकल्पिक सिद्धांतों के संदर्भ में क्या करना चाहिए?

(a) Giving strict punishment to the students to change their conceptions/छात्रों को अपनी धारणा बदलने के लिए कड़ी सजा देनी चाहिए।

(b) Offering physical rewards to change these theories/इन सिद्धांतों को बदलने के लिए भौतिक पुरस्कार प्रदान करने चाहिए।

(c) Totally ignore them and carry on with one's lectures/उन्हें पूरी तरह से अनदेखा करके अपने व्याख्यान जारी रखना चाहिए।

(d) Analyse them and address them in the teaching-learning process/इनका विश्लेषण करके शिक्षण-अधिगम में इन्हें संबोधित करना चाहिए।

Ans. (d) : एक अनुभवहीन सिद्धांत या वैकल्पिक सिद्धांत (जिसे व्यावहारिक बुद्धि सिद्धांत या लोक सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है) एक विशिष्ट सामग्री क्षेत्र (जैसे भौतिकी या मनोविज्ञान) के बारे में ज्ञान और विश्वासों का एक सुसंगत संग्रह है जो कि ओटोलॉजिकल कमिटमेंट, डोमेन-विशिष्ट कारण संबंधी सिद्धांतों पर ध्यान देने और अप्राप्य संस्थाओं के अपील करने के जरूरत पर जोर देता है। माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक को विभिन्न घटनाओं के छात्रों द्वारा रखे गए वैकल्पिक सिद्धांत के संदर्भ में इनका विश्लेषण करके शिक्षण-अधिगम में इन्हें संबोधित करना चाहिए।

30. Assertion (A) : Students should be given reasonable autonomy in the classroom to self-regulate their own learning.
कथन (A) : छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम को स्व-नियमित करने के लिए कक्षा में उचित स्वायत्तता दी जानी चाहिए।

Reason (R) : Learning is effective when the learners take ownership.
तर्क (R) : अधिगम प्रभावी होता है जब शिक्षार्थी स्वामित्त्व करते हैं।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : कक्षा में एक प्रभावी-शिक्षण-अधिगम तब होगा जब एक शिक्षक उस ज्ञान को जोड़ने में मदद या सुविधा प्रदान करेगा जो एक छात्र के पास सिखाई जाने वाली नई अवधारणा के साथ है। इसके पीछे का उद्देश्य सहसंबंध और ज्ञान के स्थानांतरण को बढ़ावा देना हैं। छात्रों को अपने स्वयं के अधिगम को स्व-नियमित करने के लिए कक्षा में उचित स्वायत्तता दी जानी चाहिए। अधिगम प्रभावी होता है जब शिक्षार्थी स्वामित्त्व करते हैं। अतः इस संदर्भ में (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

SOCIAL SCIENCE

1. In which script was Ashoka's inscriptions written?
अशोक के अभिलेख किस लिपि में लिखे गए थे?

(a) Sanskrit/संस्कृत (b) Devnagri/देवनागरी
(c) Brahmi/ब्राह्मी (d) Tamil/तमिल

Ans. (c) : सम्राट अशोक के ज्यादातर अभिलेख ब्राह्मी लिपि में लिखे गये थे। यद्यपि अशोक के दो अभिलेख जो शाह बाज गढ़ी एवं मानसेहरा से प्राप्त हुए हैं खरोष्ठी लिपि तथा तक्षशिला एवं लमगान अरामेइक लिपि तथा एक अन्य अभिलेख शर-ए-कुना द्विभाषी (अरामेइक + ग्रीक) लिपि में भी लिखे हैं।

2. In order to do large scale cultivation in the present day Tamilnadu of 5th and 6th century, it was necessary to –
पाँचवीं एवं छठवीं शताब्दी वर्तमान के तमिलनाडु में बड़े स्तर पर खेती करने के लिए यह आवश्यक था कि :

(a) build embarkments for irrigation. /सिंचाई के लिए तटबंधों का निर्माण हो।
(b) afforestation of the land./भूमि का वनारोपण किया जाए।
(c) clear up the grassland./घासस्थलों को हटाया जाए।
(d) pay taxes to the authorities./अधिकारियों को करों का भुगतान किया जाए।

Ans. (a) : तमिलनाडु प्रायद्वीपीय भारत के अन्तर्गत आता है जहाँ पर पुरानी चट्टानी अवसंरचना होने के कारण प्रचीन समय से ही कृषि योग्य भूमि के लिए सिंचाई की आवश्यकता थी। पाँचवी एंव छठी शताब्दी में यहाँ पर कृषि कार्यों हेतु सिंचाई के लिए तटबंधों की आवश्यकता थी।

3. Which of the following best explains the reason for burying the dead with their possession ?
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प मृतकों को उनके सामान के साथ दफनाये जाने के कारण की सबसे अच्छी व्याख्या है?
(a) People believed in some form of life after death/मृत्यु के बाद भी जीवन में लोगों का विश्वास था।
(b) Dead person's possessions were not required by family members/परिवार के सदस्यों को मृतक के सामान की आवश्यकता नहीं थी।
(c) It was inauspicious to use dead person's possessions/मृतक के सामान का उपयोग करना अशुभ माना जाता था।
(d) To show off the dead person's status and wealth/मृतक की स्थिति और धन को दिखाने के लिए ऐसा किया जाता था।

Ans. (a) : प्राचीन भारत एवं अन्य देशों में यह अवधारणा प्रचलित थी कि मृत्यु के बाद भी जीवन हो सकता है या मृत व्यक्ति पुनः जीवित हो सकता है इसलिए दाह संस्कार के समय उनके साथ जरूरत की चीजे भी दफनाई जाती थी।

4. Consider the statements (A), (B) and (C) and choose the correct option.
(A), (B) **और** (C) **कथनों को देखें और सही उत्तर चुनें।**
(A) Miniatures are small sized paintings./लघुचित्र छोटे आकार के चित्र होते हैं।
(B) Miniatures usually marked with water colour on the cloth or paper/लघुचित्र आमतौर पर वाटर कलर से कपड़े या कागज़ पर चिह्नित किए जाते हैं।
(C) The earliest miniatures were on palm leaves or wood./प्राचीनतम लघुचित्र ताड़ के पत्तों अथवा लकड़ी पर चित्रित किए जाते थे।
Option/विकल्प
(a) (A), (B) and (C) all are correct/(A), (B) और (C) सभी सही हैं।
(b) (A) and (B) are correct and (C) is incorrect/ (A) और (B) सही हैं, और (C) गलत है।
(c) (A) and (C) are correct and (B) is incorrect/ (A) और (C) सही हैं, और (B) गलत है।
(d) (B) and (C) are correct and (A) is incorrect/ (B) और (C) सही हैं, और (A) गलत है।

Ans. (a) : चित्रकारी के सन्दर्भ में लघुचित्र छोटे आकार के चित्र होते हैं जो आमतौर पर वाटर कलर से कपड़े या कागज पर बनाये जाते है। प्राचीनतम लघु चित्र ताड़ के पत्तों अथवा लकड़ी पर चित्रित किये जाते थे। अतः (A), (B) और (C) सभी सही है।

5. The sacred space created by Guru Nanak initially was known as_____?
गुरू नानक द्वारा बनाए गए शुरुआती पवित्र स्थान को किस नाम से जाना जाता था?
(a) Bijak/बिज़क (b) Khalsa/खालसा
(c) Langar/लंगर (d) Dharmsala/धर्मसाला

Ans. (d) : सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरूनानक द्वारा बनाए गए शुरूआती पवित्र स्थान को धर्मशाला के नाम से जाना जाता था।

6. Read the following statement (A) and (R) and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
Assertion (A) : About 2500 years ago, some Janapadas became more important than others and were known as Mahajanapadas.
अभिकथन (A) : लगभग 2500 वर्ष पहले, कुछ जनपद दूसरों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो गए और इन्हें महाजनपद कहा जाने लगा।
Reason (R) : Proper fortification was done, armies were raised and a proper taxation system was put in place to maintain the armies.
कारण (R) : सही तरीके से किलेबंदी की गई, सेनाएँ खड़ी की गई और सेनाओं के रखरखाव के लिए एक सही कर प्रणाली (व्यवस्था) लागू की गई।
Options/विकल्प :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is Not correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true./ (A) गलत है परन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : प्राचीन भारत में जनपद धीरे-धीरे शक्तिशाली होकर महाजनपद का स्वरूप ग्रहण कर लिए इन्होने सही तरीके से किले बड़ी की बढ़ी सेनाओं का गठन किया आस-पास के क्षेत्रों को विजित किया और सेनाओं के रखरखाव के लिए एक सही कर प्रणाली लागू की गई तथा नवीन प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना की गई। अतः (A) और (R) दोनों सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या करता हैं।

7. Which of the following new systems was devised by Holt Mackenzie?
निम्नलिखित में से कौन सी नई प्रणाली हॉल्ट मैकेज़ी द्वारा तैयार की गई थी?
(a) Permanent Settlement/स्थायी बंदोबस्त
(b) Mahalwari Setlement/महलवाड़ी बंदोबस्त
(c) Ryotwari Settlement/रैयतवाड़ी बंदोबस्त
(d) Temporary Settlement/अस्थायी बंदोबस्त

Ans. (b) : महालवाड़ी व्यवस्था ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा 1833 ई0 में उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा मध्य प्रदेश में लागू की गई थी। इसके प्रतिपादक हॉल्ट मैकेंजी थे। यह भू-राजस्व व्यवस्था भारत के 30% भूमि पर लागू थी।

8. Kaikollar and devangas were famous weaving communities belonging to which of the following regions ?
निम्नलिखित में से किस राज्य के कैकोल्लार और देवांग समुदाय बुनकरी के लिए प्रसिद्ध थे?
(a) West India/पश्चिम भारत
(b) East India/पूर्वी भारत
(c) North India/उत्तर भारत
(d) South India/दक्षिण भारत

Ans. (d) : दक्षिण भारत में बुनकर समुदाय को कैकोल्लार और देवांग नामों से जाना जाता था। ये उन्नत किस्म के वस्त्रों का निर्माण करने के लिए प्रसिद्ध थे।

9. Read statements (A) and Reason (R) considering the equality and freedom for women in the twentieth century.
बीसवीं शताब्दी में महिलाओं की स्वतंत्रता व समानता के संदर्भ में कथनों (A) एवं (R) को पढ़ें तथा सही उत्तर चुनें।
(A) : Jawaharlal Nehru and Subhas Chandra Bose lent their support to demands for greater equality and freedom for women.
(A) : जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस ने महिलाओं के लिए और अधिक स्वतंत्रता व समानता की माँगों का समर्थन किया।
(R) : Nationalist leaders promised that there would be full suffrage for all men and women after independence.
(R) : राष्ट्रीय नेताओं ने आश्वासन दिया कि स्वतंत्रता मिलने पर सभी पुरुषों व महिलाओं को वोट डालने का अधिकार दे दिया जाएगा।
Choose the correct option :/सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : राष्ट्रीय आंदोलन के नेता जवाहर लाल नेहरू एवं सुभाष चन्द्र बोस आदि ने महिलाओं के लिए स्वतंत्रता व समानता का समर्थन किया था। इन्होंने आश्वसन दिया था कि स्वतंत्रता उपरान्त पुरूषों के समान महिलाओं को भी वोट डालने का अधिकार दिया जायेगा। अतः (A) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

10. Which of these terms are associated with Sufism? Choose the correct option.
इनमें से कौन सा शब्द 'सूफीवाद' से जुड़ा है? सही विकल्प चुनें।
(A) Khanqah/ख़ानकाह (B) Raqs/रक्स
(C) Zikr/ज़िक्र (D) Isnan/इस्नान
Option :/विकल्प
(a) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(b) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(c) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)
(d) Only (A), (C) and (D)/केवल (A), (C) और (D)

Ans. (b) : खानकाह (निवास स्थान), रक्स, जिक्र शब्द सूफीवाद से जुड़े है। भारत में सूफीवाद के जनक शेख मुइनुद्दीन चिश्ती थे।

11. Who wrote the book, the Cultivator's Whipcord?/किसने 'काश्तकार की चाबुक' नामक पुस्तक लिखी?
(a) Narayana Guru/नारायण गुरू
(b) Vandana Shiva/वन्दना शिवा
(c) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फूले
(d) E.V. Ramasamy Naicker/ई.वी. रामास्वामी नायकर

Ans. (c) : भारतीय समाज सुधारक, लेखक एवं दार्शनिक तथा दलित नेता महात्मा ज्योतिबा फूले ने काश्तकार की चाबुक गुलामगीरी, दास्ता आदि जैसी पुस्तकों का संकलन किया है। इन्होंने महाराष्ट्र में 1873 में सत्य शोधक समाज की स्थापना किया था।

12. Which of the following freedom fighters from the present day Karnataka organised 'Prabhat Pheris'?/निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सैनानी जो वर्तमान के कर्नाटक से थी, ने 'प्रभात फेरियों' का आयोजन किया?
(a) Sarojini Naidu/सरोजिनी नायडू
(b) Ambabai/अम्बाबाई
(c) Begum Hazrat Mahal/बेगम हज़रत महल
(d) Vijaya Laxmi Pandit/विजय लक्ष्मी पंडित

Ans. (b) : स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कर्नाटक के क्षेत्र में अम्बाबाई ने प्रभात फेरी का आयोजन किया था।

13. Consider the statements (A) and (B) about 'Provincial Autonomy' and choose the correct option.
(A) और (B) कथनों पर 'प्रांतीय स्वायत्तता' के संदर्भ में विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।
(A) The government announced elections to the Provincial legislatures in 1937./सरकार ने ऐलान किया कि 1937 में प्रांतीय विधायिकाओं के लिए चुनाव कराए जाएंगे।
(B) After Incoming results, the congress formed governments in 7 out of 11 Provinces./इन चुनाओं के परिणाम आने पर 11 में से 7 प्रांतों में कांग्रेस की सरकार बनी।
(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।

(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही हैं।

Ans. (a) : स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1937 में ब्रिटिश सरकार ने प्रांतीय विधायिकाओं के लिए चुनाव कराने का ऐलान किया। इन चुनावों मे 11 में से 7 प्रांतो में क्रांग्रेस अपनी सरकार बनाने में सफल रही। अतः दोनों कथन (A) और (B) सत्य हैं।

14. Which of the following statements (s) about the Indian Constitution is/are correct
निम्न में से कौन सा/से कथन भारतीय संविधान के बारे में सही है?

(A) The Indian Constitution came into effect on 26 January 1950/भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ।
(B) It adopted universal adult franchise and all Indians above the age of 18 years were allowed to vote/इसमें सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को लिया गया और सभी भारतीय जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं, को वोट देने का अधिकार मिला।
(C) It guaranteed equality before the law to all citizens/सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समान माना गया।

Options :/विकल्प
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) (A) and (B)/ (A) और (B)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A) and (C)/ (A) और (C)

Ans. (d) : भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार दिया गया और उन्हें कानून के समक्ष समान माना गया। अतः केवल (A) और (C) सही है।

15. Which of the following is an example of a thematic map?
निम्नलिखित में से कौन सा 'थिमैटिक मानचित्र' का उदाहरण है?

(a) Road map of India/भारत का सड़क मानचित्र
(b) Mountains map of India/भारत का पर्वतों का मानचित्र
(c) State map of India/भारत के राज्यों का मानचित्र
(d) Village field map/गाँव के खेतों का मानचित्र

Ans. (a) : भारत का सड़क मानचित्र 'थिमैटिक मानचित्र' का उदाहरण है।

16. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option given below.
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) : The area between the Tropic of Cancer and the Tropic of Capricorn receives the maximum heat.
(A) कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच वाले क्षेत्र में सबसे अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है।

(R) :The mid - day sun is exactly overhead at least once a year on all latitudes between the Tropic of Cancer and the Tropic of Capricorn.
(R) : कर्क रेखा एवं मकर रेखा के बीच के सभी अक्षांशों पर सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर होता है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है परन्तु (R) सहीं है।

Ans. (a) : कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच के सभी अक्षांशों पर सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर चमकता है जिससे इस क्षेत्र में सबसे अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है। अतः (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

17. If the time at Greenwich is 11.00 a.m. what will be the longitude at which the time is 9.00 a.m.?
जब ग्रीनविच पर 11.00 पूर्वाहन् बजे होंगे तब 9.00 पूर्वाहन् किस देशांतर पर बजे होंगे?

(a) 20° East/20° पूर्व (b) 20° West /20° पश्चिम
(c) 30° East /30° पूर्व (d) 30° West /30° पश्चिम

Ans. (d) : जब ग्रीनविच पर 11.00 पूर्वाहन बजे होंगे तब 9.00 पूर्वाहन 30° पश्चिम देशांतर पर बजेगें।

18. Choose the statements(s) which is/are correct about the Southern Hemisphere.
दक्षिणी गोलार्द्ध के बारे में कौन सा/से कथन सही हैं उनका चुनाव कीजिए।

(A) Longest day in the Southern Hemisphere is 21 June./दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे लंबा दिन 21 जून को होता है।
(B) Shortest day in the Southern Hemisphere is 21 June./ दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन 21 जून को होता है।
(C) Equal day and night in the Southern Hemisphere are 21 March and 23 September./ 21 मार्च व 23 सितम्बर को दक्षिणी गोलार्द्ध में दिन तथा रात की अवधि समान होती है।

Option :विकल्प
(a) Only (c)/केवल (C)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)
(d) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)

Ans. (d) : दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन 21 जून को होता है तथा 21 मार्च व 23 सितम्बर को दक्षिणी गोलार्द्ध में दिन तथा रात की अवधि समान होती है। अतः (B) व (C) सही है।

19. Process of change of rock from one type to another type is known as :
शैल के एक प्रकार से दूसरे प्रकार में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को कहते हैं :
(a) Rock formation/शैल निर्माण
(b) Rock cycle/शैल-चक्र
(c) Rock transformation/शैल परिवर्तन
(d) Rock decompostion/शैल अपघटन

Ans. (b) : शैल का एक प्रकार से दूसरे प्रकार में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को शैल-चक्र कहते हैं।

20. The rhythmic rise and fall of ocean water twice in a day is called_____.
महासागरीय जल का लयबद्ध रूप से दिन में दो बार उठना एवं गिरना कहलाता है :
(a) Waves/तरंगे
(b) Tides/ज्वारभाटा
(c) Ocean currents/महासागरीय धाराएँ
(d) Tsunami/सुनामी

Ans. (b) : दिन में दो बार लयबद्ध रूप से महासागरीय जल का उठना एवं गिरना ज्वार भाटा कहलाता है।

21. Consider the following pairs and choose the correct option.
निम्न युग्मों पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए।

Regions/क्षेत्र	**Grasslands**/घासस्थल
(i) North America /उत्तरी अमेरिका	- Prairie प्रेअरी
(ii) South Africa /दक्षिणी अफ्रीका	- Down डाऊन
(iii) Central Asia /मध्य एशिया	- Steppe स्टेपी
(iv) Australia /ऑस्ट्रेलिया	- Veld वेल्ड

How many pairs given above are correctly matched?/उपर्युक्त में कितने युग्म सही सुमेलित हैं?
(a) Only 1 pair/केवल 1 युग्म
(b) Only 2 pairs/केवल 2 युग्म
(c) Only 3 paris/केवल 3 युग्म
(d) All four piars/सभी चारों युग्म

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार हैं–
(1) उत्तरी अमेरिका --- प्रेअरी
(2) दक्षिणी अफ्रीका ---- वेल्ड
(3) मध्य एशिया ----- स्टेपी
(4) आस्ट्रेलिया ----- डाऊन्स
अतः केवल दो युग्म सही सुमेलित है।

22. Which of the following is the first indication of approaching Tsunami?
निम्नलिखित में से आने वाली सुनामी का पहला संकेत कौन सा है?
(a) Approaching water on the coastal region./ तटीय क्षेत्र में आता हुआ जल।
(b) Withdrawal of water from the coastal region/तटीय क्षेत्र से जल में कमी आती है।
(c) Huge wave approaching the coastal region./ तटीय क्षेत्र की तरफ बढ़ती विशालकाय तरंग
(d) Huge wave withdrawing from the coastal region/तटीय क्षेत्र से जाती हुई विशालकाय तरंग

Ans. (b) : सुनामी शब्द जापानी भाषा का शब्द है जो दो शब्दो 'सु' अर्थात् बंदरगाह और 'नामी' आर्थात् 'विनाशकारी लहरें' से मिलकर बना है। सूनामी आने का पहला संकेत तटीय क्षेत्र से जल में कमी आना होता हैं।

23. Where do we find natural vegetation and wildlife?
प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्यजीवन हमें कहाँ मिलते हैं?
(a) Lithosphere/स्थलमंडल में
(b) Hydrosphere/जलमंडल में
(c) Atmosphere/वायुमंडल में
(d) Biosphere/जैवमंडल में

Ans. (d) : जल मण्डल, स्थल मण्डल एवं वायु मण्डल के सम्मिलित रूप को जैव मण्डल कहा जाता है। यही पर प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्यजीव मिलते हैं।

24. Which major river of India flows throught the cold deserts of India?/भारत के ठंडे रेगिस्तान से होकर कौन-सी प्रमुख नदी बहती है?
(a) Brahmaputra/ब्रह्मपुत्र (b) Ganga/गंगा
(c) Indus/सिंधु (d) Yamuna/यमुना

Ans. (c) : प्रश्नानुसार भारत के ठंडे रेगिस्तान (लद्दाख) से होकर बहने वाली नदी सिंधु नदी हैं।

25. Match the following and choose the correct option./निम्नलिखित का मिलान करें और उचित विकल्प का चयन करें:

State/राज्य	**Nuclear Power Stations/परमाणु ऊर्जा केंद्र**
(A) Tamil Nadu /तमिलनाडु	(I) Tarapur तारापुर
(B) Maharashtra /महाराष्ट्र	(II) Kalpakkam कलपक्कम
(C) Uttar Pradesh /उत्तर प्रदेश	(III) Kaiga कैगा
(D) Karnataka /कर्नाटक	(IV) Narora नरोरा

Option/विकल्प

	(A)	**(B)**	**(C)**	**(D)**
यदि आप किसी अवगुण को दूर करना चाहते हैं, तो उससे दूर रहने के लिए दृढ़ संकल्प करना छोड़िए, क्योंकि जब आप उससे दूर-दूर रहने की कसमें खाते हैं, तब भी आप उसी का चिंतन करते हैं। संसार में प्रत्येक कार्य अनेक कारणों से होता है। यदि दूसरे कारण एकदम प्रतिकूल हों तो अकेली भावना क्या करेगी? कोई तरुण अपने शरीर को बलवान बनाना चाहता है। खाने-पीने के साधारण नियमों का ख्याल नहीं करता, स्वच्छ वायु में नहीं सोता, व्यायाम नहीं करता, केवल भावना के ही बल पर बलवान होना चाहता है, यह असंभव है। भावना अपना काम करती है, किंतु अकेली भावना खाने-पीने, स्वच्छ वायु और व्यायाम सभी की जगह नहीं ले सकती। सभी भावनाओं में श्रेष्ठ भावना एक ही है जिसे सभी धर्मों ने प्रमुख माना है सभी के प्रति मैत्री, गुणियों के प्रति-श्रद्धा, दुखियों के प्रति दया, भावना के इन्हीं पक्षों को अपनाने का प्रयत्न और अभ्यास व्यक्ति के निर्माण की कुंजी है।

1. शरीर को बलवान बनाने की इच्छा रखने वाले को क्या करना चाहिए?
(a) बलवान बनने की भावना
(b) दृढ़ संकल्प लेना चाहिए
(c) अच्छी जीवन शैली का अभ्यास
(d) सभी के प्रति मैत्री भाव

Ans. (c) : शरीर को बलवान बनाने की इच्छा रखने वाले को अच्छी जीवन शैली का अभ्यास करना चाहिए। क्योंकि सही अभ्यास और प्रयत्न ही व्यक्ति के निर्माण की कुंजी है। कोई व्यक्ति केवल दृढ़ संकल्प लेकर ही किसी दुर्गुण से दूर नहीं हो सकता जैसे केवल भावना के बल पर बलवान होना असंभव है।

2. सभी भावनाओं में श्रेष्ठ भावना कौन-सी नहीं है?
(a) दुखियों के प्रति उपेक्षा (b) गुणियों के प्रति श्रद्धा
(c) सभी के प्रति मैत्री (d) दुखियों के प्रति दया

Ans. (a) : 'दुखियों के प्रति उपेक्षा' का भाव सभी भावनाओं में श्रेष्ठ भावना नहीं है। जबकि गुणियों के प्रति श्रद्धा, सभी के प्रति मैत्री, तथा दुखियों के प्रति दया इत्यादि भावनाएँ श्रेष्ठ भावनाएँ हैं।

3. बुरी आदत छोड़ने का दृढ़ संकल्प करने पर भी बार-बार असफलता क्यों मिलती है?
(a) दृढ़ संकल्प याद नहीं रहता।
(b) जब दूसरे के कहने का संकल्प लिया जाता है।
(c) जब भावनाएँ बलवती नहीं होती।
(d) दृढ़ संकल्प में भी उसी आदत का चिंतन छाया रहता है।

Ans. (d) : बुरी आदत छोड़ने का दृढ़ संकल्प करने पर भी बार-बार असफलता मिलती है क्योंकि दृढ़ संकल्प में भी व्यक्ति उसी आदत की चिंता में चिंतित रहता है। इसलिए दृढ़ संकल्प लेने के बाद भी व्यक्ति को शेष अन्य कारणों पर ध्यान देने चाहिए ताकि सफलता प्राप्त हो सके।

4. लेखक ने किस बात को असंभव बताया है?
(a) अवगुण को दूर करना
(b) सदगुणों को अपनाना
(c) भावनाओं के बल पर ही लक्ष्य की प्राप्ति
(d) उद्देश्य प्राप्ति के लिए केवल चिंतन करना

Ans. (c) : लेखक ने 'भावनाओं के बल पर ही लक्ष्य की प्राप्ति' इस बात को असंभव बताया है। क्योंकि अकेले भावना से व्यक्ति सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। भावना के साथ-साथ लक्ष्य प्राप्ति के अन्य उपादानों पर भी विशेष ध्यान देना पड़ता है, तभी सफलता मिलती है।

5. व्यक्ति के निर्माण की कुंजी किसमें निहित है?
(a) व्यायाम एवं नियमों के पालन में
(b) भावनाओं के श्रेष्ठ पक्षों को अपनाने में
(c) समाज के सहयोग में
(d) अपने अवगुणों की पहचान में

Ans. (b) : व्यक्ति के निर्माण की कुंजी भावनाओं के श्रेष्ठ पक्षों को अपनाने में निहित है। सभी के प्रति मैत्री गुणियों के प्रति सम्मान, दुखियों के प्रति दया आदि श्रेष्ठ भावनाएँ व्यक्ति के निर्माण की कुंजी हैं।

6. 'तब भी आप उसी का चिंतन करते हैं।' वाक्य से अभिप्राय है :
(a) उसी बात के बारे में सतत विचार करना
(b) उसी बात का अध्ययन करना
(c) उसी बात के बारे में लिखना
(d) उसी बात की दूसरों से चर्चा करना

Ans. (a) : 'तब भी आप उसी का चिंतन करते हैं।' वाक्य से अभिप्राय है : उसी बात के बारे में सतत विचार करना। व्यक्ति जब अवगुण से दूर रहने का दृढ़ संकल्प करता तो भी बार-बार उस अवगुण के बारे में सोचता है इसलिए उस अवगुण से दूर रहने के लिए दृढ़ संकल्प करना छोड़ देना चाहिए।

7. 'प्रतिकूल' का विपरीतार्थी शबद है :
(a) विपरीत (b) अनुकूल
(c) अनुसार (d) चिरकाल

Ans. (b) : 'प्रतिकूल का विपरीतार्थी शब्द 'अनुकूल' है। शेष अन्य विकल्प असंगत हैं।

8. 'अवगुण' में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?
(a) अ (b) अन (c) अव (d) अनु

Ans. (c) : 'अवगुण' में 'अव' उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है। 'अव' उपसर्ग से निर्मित शब्द निम्नवत् हैं -
अवकाश, अवगत, अवगाहन, अवगुंफन, अवच्छिन्न, अवज्ञा, अवनति इत्यादि।

9. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

अधिकांश देशों में शिक्षा की आधुनिक राष्ट्रीय प्रणाली सैद्धांतिक और कागज़ी स्तर पर बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए प्रतिबद्ध होती है, लेकिन व्यवहार में स्कूली शिक्षा विरले ही ऐसे मौके और बौद्धिक साधन देती है। जिससे बच्चे अपने समाजीकृत अन्तस पर विचार कर पाएं। साधारणतः शिक्षा की ये प्रणालियाँ बच्चों की चिन्तनपरक क्षमताएँ विकसित करने की बजाए उनमें वफ़ादार नागरिक के लक्षणों को परिष्कृत करने में लगी रहती हैं। जहाँ तक अतीत की पढ़ाई से संबंध है, विभिन्न शिक्षा प्रणालियाँ बच्चों को एक स्वीकृत राष्ट्रीय अतीत में समाजीकृत करने का कार्य करती हैं। परिवार में संपन्न होने वाले प्राथमिक सामाजीकरण से भिन्न, द्वितीयक सामाजीकरण की संस्था की तरह स्कूल राष्ट्र के अतीत का स्वीकृत ज्ञान बच्चों को देता है। किसी भी देश में प्रचलित परिस्थितियों के अनुसार यह भूमिकाएँ कानून के पालन से लेकर युद्ध के समय देश के लिए लड़ मरने तक की हो सकती हैं।

शिक्षा प्रणालियों को किस बात के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए?

(a) बच्चों को आज्ञाकारी नागरिक बनाने के प्रति
(b) बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन-कौशल विकसित करने के प्रति
(c) बच्चों को राष्ट्र के गौरव से मात्र परिचित कराने के प्रति
(d) बच्चों को राष्ट्र का अतीत कंठस्थ कराने के प्रति

Ans. (b) : शिक्षा प्रणालियों को बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन-कौशल विकसित करने के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए।

10. गद्यांश में किस संस्था को बच्चों के सामाजीकरण की द्वितीयक संस्था कहा गया है?

(a) परिवार (b) राष्ट्र
(c) आस-पड़ोस (d) विद्यालय

Ans. (d) : गद्यांश में विद्यालय जैसी संस्था को बच्चों के सामाजीकरण की द्वितीयक संस्था कहा गया है। जबकि परिवार को सामाजीकरण की प्रथम संस्था बताया गया है।

11. वर्तमान शिक्षा प्रणालियाँ राष्ट्र के अतीत का शिक्षण किस उद्देश्य से करती है?

(a) देश के प्रति जान भी देने का भाव पैदा करना
(b) अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने की ताकत पैदा करना
(c) बौद्धिक रूप से सक्षम प्राणी बनाना
(d) स्वयंचेता मनुष्य के रूप में विकसित करना

Ans. (a) : वर्तमान शिक्षा प्रणालियाँ राष्ट्र के अतीत का शिक्षण देश के प्रति जान भी देने का भाव पैदा करने के उद्देश्य से ही करती है।

12. ''जहाँ तक अतीत की पढ़ाई से संबंध है,'' वाक्यांश में रेखांकित शब्द किस विषय की ओर संकेत कर रहा है?

(a) भूगोल (b) नागरिकशास्त्र
(c) इतिहास (d) गणित

Ans. (c) : ''जहाँ तक अतीत की पढ़ाई से संबंध है, ''वाक्यांश में रेखांकित शब्द इतिहास विषय की ओर संकेत कर रहा है। शेष अन्य विकल्प असंगत हैं।

13. गद्यांश के संदर्भ में 'अंतस' का अर्थ है :

(a) आन्तरिक चेतना (b) भीतर से तपा हुआ
(c) भीतरी-चमड़ी (d) मन का ताप

Ans. (a) : गद्यांश के संदर्भ में 'अंतस' का अर्थ है 'आन्तरिक चेतना'। शेष दिए गए अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

14. 'आधुनिक' का विपरीतार्थी शब्द है :

(a) नवीन (b) अर्वाचीन
(c) प्राचीन (d) वर्तमान

Ans. (c) : 'आधुनिक' शब्द का विपरीतार्थी शब्द 'प्राचीन' है। शेष विकलप असंगत हैं।

15. 'राष्ट्रीय' में प्रत्यय है :

(a) ईन (b) ई
(c) इय (d) ईय

Ans. (d) : 'राष्ट्रीय' में 'ईय' प्रत्यय है जबकि 'राष्ट्र मूल शब्द है। वे शब्दांश जो मूल शब्द के अन्त में जुड़कर उसके अर्थ को परिवर्तित करते हैं वे 'प्रत्यय' कहलाते हैं।

16. रीमा ने एक साँप के बारे में अपने विद्यार्थियों को एक कहानी सुनाई है। कहानी सुनाने के बाद उसने अपने विद्यार्थियों से कहा, ''आप कल्पना करें कि आप साँप हैं, आप सोचिए कि आपके साथ क्या होगा?''

इस गतिविधि के माध्यम से रीमा विद्यार्थियों को क्या करवाना चाह रही है?

(a) व्याकरण की बेहतर समझ
(b) कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का पोषण
(c) भाषा की बेहतर समझ
(d) बहुसर्जक पाठक

Ans. (b) : रीमा के कहानी सुनाने के उपरान्त यह कहना कि ''आप कल्पना करें कि आप साँप हैं, आप सोचिए कि आपके साथ क्या होगा'' इस गतिविधि के माध्यम से वह अपने विद्यार्थियों में कल्पनाशीलता तथा रचनात्मकता का पोषण करती है।

17. सृष्टि की कक्षा में, एक विद्यार्थी अपने मित्र से अपने स्वप्न के बारे में कहती है और उसकी मित्र उसके प्रश्न का उत्तर देती है।

सृष्टि किस युक्ति का प्रयोग कर रही है?

(a) प्रश्न करना (b) साक्षात्कार
(c) भूमिका निर्वाह (रोल प्ले) (d) चर्चा

Ans. (b) : उपर्युक्त के संदर्भ में सृष्टि साक्षात्कार मुक्ति का प्रयोग कर रही है।
साक्षात्कार अध्ययन की एक प्रविधि है, जिसके माध्यम से महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ एवं आकड़े एकत्रित किए जाते हैं।
गुड़ और हॉट के अनुसार- ''साक्षात्कार मूलरूप से सामाजिक अन्तःक्रिया की एक प्रक्रिया है।''

18. निम्नलिखित में से कौन सा 'समग्र भौतिक प्रतिक्रिया' का सिद्धान्त नहीं है?

(a) लक्ष्य भाषा का अर्थ क्रियाओं के माध्यम से सम्प्रेषित किया जा सकता है
(b) शिक्षार्थी करते समय बेहतर तरीके से सीखते हैं
(c) पठन बोध बहुत ही महत्वपूर्ण है
(d) श्रवण कौशल दूसरों कौशलों से पहले होना चाहिए

Ans. (c) : निम्नलिखित में से 'पठन बोध बहुत ही महत्त्वपूर्ण है' समग्र भौतिक प्रतिक्रिया का सिद्धांत नहीं हैं जबकि दिए गए अन्य विकल्प समग्र भौतिक प्रतिक्रिया के सिद्धांत हैं।

19. भाषा की कक्षा में कौन-सा उदाहरण प्रामाणिक सामग्री का उदाहरण नहीं है?

(a) भोजनालय की भोजन तालिका (मैन्यु कार्ड)
(b) गीत के बोल
(c) नौकरी हेतु विज्ञापन
(d) अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक

Ans. (d) : भाषा की कक्षा में 'अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक' का उदाहरण प्रामाणिक सामग्री की उदाहरण नहीं है। जबकि भोजनालय की भोजन तालिका, गीत के बोल तथा नौकरी हेतु विज्ञापन इत्यादि प्रामाणिक सामग्री के उदाहरण हैं।

20. मनु भाषा की नई-नई अध्यापिका है। उसे किस पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए?

(a) कार्य पत्रकों (वर्कशीट) का अभ्यास
(b) विद्यार्थियों को स्वयं को अभिव्यक्त करने के अवसर देना
(c) विद्यार्थियों को प्रतिदिन पठन के अवसर देना
(d) विद्यार्थियों को शब्द संपदा कंठस्थ (याद) करने के लिए

Ans. (d) : उपर्युक्त कथन के परिप्रेक्ष्य में मनु के द्वारा विद्यार्थियों को शब्द संपदा कंठस्थ करने पर ध्यान केन्द्रित नहीं करना चाहिए। जबकि दिए गए अन्य विकल्पों पर उसे ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

21. प्रत्यक्ष (निर्देश) विधि किस बात पर निर्भर करती है?

(a) सुनिश्चित तरीके से व्याकरण पढ़ाना
(b) निगमनात्मक तरीके से व्याकरण पढ़ाना
(c) आगमनात्मक तरीके से व्याकरण पढ़ाना
(d) व्याकरण नहीं पढ़ाना

Ans. (c) : प्रत्यक्ष विधि आगमनात्मक तरीके से व्याकरण पढ़ाने पर निर्भर करती है। जबकि शेष अन्य तरीके से व्याकरण पढ़ाना प्रत्यक्ष विधि पर निर्भर नहीं करती है।

22. भाषा अधिगम में चुनौतीपूर्ण अवधि कौन-सी है?

(a) वह विशेष समय जब बालिका गहन प्रशिक्षण द्वारा भाषा सीखती है
(b) बच्चे के जीवन का वह काल जब भाषाएँ किसी भी अन्य समय की अपेक्षा अधिक सहजता से सीखी जाती है
(c) कक्षा में परीक्षाओं की आवृत्ति
(d) भाषा अभ्यास के लिए एक विशेष अवधि

Ans. (b) : 'बच्चे के जीवन का वह काल जब भाषाएँ किसी भी अन्य समय की अपेक्षा अधिक सहजता से सीखी जाती है' इस अवधि में भाषा अधिगम चुनौती पूर्ण होती है।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भंडार शिक्षण का उद्देश्य नहीं है?

(a) विभिन्न संदर्भों में शब्दों के प्रयोग की योग्यता हासिल करना
(b) संदर्भ से शब्दों के अर्थ समझना
(c) शब्दकोश का प्रयोग
(d) शब्द-अर्थ कंठस्थ (याद) करना

Ans. (d) : निम्नलिखित में से 'शब्द-अर्थ कंठस्थ करना' शब्द भंडार शिक्षण का उद्देश्य नहीं है। जबकि विभिन्न संदर्भों में शब्दों के प्रयोग की योग्यता हासिल करना, संदर्भ से शब्दों के अर्थ समझना तथा शब्दकोश का प्रयोग करना इत्यादि शब्द भण्डार शिक्षण के उद्देश्य हैं।

24. रीमा ने अपने विद्यार्थियों को एक कहानी सुनाई है। कहानी सुनाने के बाद उसे अपने विद्यार्थियों को उस कहानी का अन्त बदलने के लिए कहा।
इस गतिविधि से रीमा अपने विद्यार्थियों के लिए क्या करना चाह रही है?

(a) व्याकरण की बेहतर समझ
(b) कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का पोषण
(c) लिखने के उद्देश्य से भाषा की बेहतर समझ
(d) निपुण पाठक

Ans. (b) : उपर्युक्त गतिविधि के द्वारा रीमा अपने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का पोषण करना चाह रही है।

25. सुजाती चाहती है कि उसके विद्यार्थी शब्दों की सही वर्तनी लिखें। उसे अपने विद्यार्थियों की कैसे मदद करनी चाहिए?

(a) शब्दों का सही उच्चारण (b) शब्दों का सही पठन
(c) साफ़-साफ़ लिखना (d) सही लिखना

Ans. (a) : सुजाती को अपने विद्यार्थियों को शुद्ध वर्तनी लिखना सिखाने के लिए उन्हें शब्दों का सही उच्चारण करना सिखाना होगा। तभी उसके विद्यार्थी शुद्ध वर्तनी लिख सकेंगे।

26. अंशु कक्षा आठ में पढ़ाती है और अपने विद्यार्थियों के शब्द भंडार में वृद्धि करना चाहती है। शब्द भंडार में वृद्धि का सर्वोत्तम तरीका क्या है?

(a) पठन (b) लेखन
(c) वाचन (d) श्रवण

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न के अनुसार अंशु 'पठन' के द्वारा बच्चों के शब्द भंडार में वृद्धि कर सकती है।

27. गीता की कक्षा के अधिकतर बच्चे अप्रवासी हैं, वे पहली बार अंग्रेजी सीख रहे हैं, गीता उनके घर की भाषा का प्रयोग करती है और साथ ही धीरे-धीरे अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग शुरू करती है और अंग्रेजी में निर्देश देती है। गीता अपनी कक्षा में किसका संवर्द्धन कर रही है?

(a) द्विभाषावाद (b) राष्ट्रवाद
(c) देशभक्ति (d) श्रेत्रीयवाद

Ans. (a) : उपर्युक्त संदर्भ में गीता अपनी कक्षा में द्विभाषावाद का संवर्धन कर रही है।

28. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता भाषा अधिगम के संप्रेषणात्मक उपागम की विशेषता नहीं है?

(a) अर्थतत्व पर आधारित पाठ्यक्रम
(b) विभिन्न प्रकार्यों को समझने के लिए विभिन्न स्थितियों में भाषा पढ़ाते है
(c) भाषा प्रयोग की प्रयुक्तता पर ध्यान नहीं देते हैं
(d) भाषा के सही प्रयोग पर ध्यान देते हैं।

Ans. (c) : भाषा प्रयोग की प्रयुक्तता पर ध्यान न देना भाषा अधिगम के संप्रेषणात्मक उपागम की विशेषता नहीं है जबकि अन्य सभी भाषा अधिगम के संप्रेषणात्मक उपागम की विशेषता हैं।

29. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता व्याकरण अनुवाद विधि की विशेषता नहीं है?

(a) शब्द भंडार द्विभाषिक सूची के माध्यम से सिखाया जाता है
(b) भाषा की सटीकता को बहुत महत्व दिया जाता है
(c) भाषा अधिगम का तात्पर्य शब्दों का अधिगम है
(d) महान लेखकों के लंबे-लंबे लेखन को पाठ्य सामग्री के रूप में लिया जाता है।

Ans. (c) : 'भाषा अधिगम का तात्पर्य शब्दों का अधिगम' हैं, यह व्याकरण अनुवाद विधि की विशेषता नहीं है, जबकि अन्य सभी व्याकरण अनुवाद विधि की विशेषताएँ हैं।

30. मिनी चाहती है कि उसके विद्यार्थी अपनी पठन सामग्री का सारांश जान ले। उसे किस पठन सामग्री का प्रयोग नहीं करना चाहिए?

(a) समाचार पत्र के आलेख (b) पत्रिका के आलेख
(c) शोध लेख (d) शब्द कोश

Ans. (d) : मिनी चाहती है कि इसके विद्यार्थी अपनी पठन सामग्री का सारांश जान लें। उसे निम्नलिखित के संदर्भ में शब्दकोश पठन सामग्री का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

Sanskrit

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पत्माकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत-

यः मानवः विद्यायाः (ज्ञानस्य) अविद्यायाः (अज्ञानस्य) च उभयोः स्वरूपं सम्यग् रूपेण जानाति। सः अविद्यया (कर्मोपासनया) मृत्युं तीर्त्वा विद्यया (याथार्थज्ञानेन) मोक्षमवाप्नोति। अविद्या का भवति ? अस्मिन् विषये महर्षिपतंजलिना योगदर्शने एकस्मिन् सूत्रे कथितम- 'अनित्याशुचिदुःखानात्मसुनित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या' अर्थात् य अनित्यपदार्थेषु नित्यता मन्यते, यथा इदं मानवशरीरमनित्यमस्ति परमविद्याया (अज्ञानेन) इदं नित्यमस्ति इति स्वीकरोति मानवः। अशुध्दपदार्थान् शुध्दं मन्यते अज्ञानेन एव। दुःख-सुखरूपे अवगच्छति। शरीरं, इन्द्रियाणि, मनश्च एतानि सर्वाणि आत्मा न सन्ति परं अविद्यया मानवः इमानि सर्वाणि आत्मा एव अवगच्छति। एवं प्रकारेण वयं कथयितुं शक्नुमः यत् अस्मिन् संसारे महर्षिदयानन्दानुसारं जनाः भवबन्धने स्थिताः सन्ति। मोक्षस्य प्राप्तनोति केन प्रकारेण भवति? कानि साधनानि भवन्ति मुक्तेः? ऋषिदयानन्दः कथयति यत् चत्वारि साधनानि अनुबन्धचतुष्टायश्च मुक्तेः पृष्ठभूमिः सन्ति। चत्वारि साधनानि सन्ति- विवेकः, वैराग्यं, षट्क-सम्पत्तिः, मुमुक्षत्वं च सन्ति। सत्पुरुषैः सह विवेकः अर्थात् सत्यासत्यस्य, धर्माधर्मस्य कर्त्तव्याकर्त्तव्यस्य निश्चयमवश्यमेव करणीयम। पृथक्रूपेण ज्ञातव्यं तथा च जीवने पंचकोशानां ज्ञानमावश्यकं भवितव्यम् एकः भवति 'अन्नमसकोशः' अस्मिन् त्वगिन्द्रयतः अस्थिपर्यन्तसमुदायः पृथिवीमयो भवति। द्वितीयः 'प्राणमयकोशः' भवति। तृतीयः मनोमयकोशः भवति। अस्मिन् कोशे मनसा सह वाक, पाणिः, पादः, पायुः, उपस्थः इमानि इंद्रियाणि भवन्ति। चतुर्थः विज्ञानमयकोशः यस्मिन् बुध्या सहचि श्रोत्रं, त्वकं, चक्षुः, जिह्वा प्राणं च भवन्ति। पंचम आनन्दमयकोशः भवति अस्मिन् कोशे प्रीतिः, न्यूनानन्दः, अधिकानन्दः, कारणरूपप्रकृतिः भवति। ऐते पंचकोशा भवन्ति। एतैः सह एव जीवः कर्मोपासना-ज्ञानादीनां व्यवहरति। तिस्रः अवस्थाः सन्ति जाग्रत-स्वप्न-सुषुप्तिश्च। त्रीणि शरीराणि च-स्थूलशरीरम् , सूक्ष्मशरीरं च। एतेभ्यः कोषेभ्यः अवस्थाभ्यश्च जीवः पृथगस्ति यतोहि यदा मृत्युः भवति तदा सर्वे कथयन्ति जीवः गतः। अयमेव जीवः सर्वेषां प्रेरकः, धर्ता साक्षी कर्ता, भोक्ता भवति।

1. योगदर्शने अविद्याः कतिविधाः वर्णिताःकोषेभ्यः अवस्थाभ्यश्च जीवः पृथगस्ति यतोहि यदा मृत्युः भवति तदा सर्वे कथयन्ति जीवः गतः। अयमेव जीवः सर्वेषां प्रेरकः, धर्ता, साक्षी कर्ता, भोक्ता भवति।
योगदर्शने अविद्याः कतिविधाः वर्णिताः?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

Ans. (c) : योगदर्शने अविद्याः चतुर्थः (4) वर्णिताः। योगदशर्न में अविद्या के चार (4) भेद हैं।
योगदर्शन के प्रणेता महर्षि पतञ्जलि हैं। इन्होंने 4 अविद्या को माना है- अनत्यि, अशुचि, दुःख और अनात्म।

2. विद्यायाः कोर्थः?

(a) विज्ञानम् (b) शिल्पानि
(c) वैद्यकम् (d) यथार्थज्ञानम्

Ans. (d) : विद्यायाः अर्थः यथार्थज्ञानम्। विद्या का अर्थ है यथार्थ (वास्तविक) ज्ञान प्राप्त कराना।

3. अधोङ्गितेषु कस्य गणनां चतुर्षु साधनेषु न भवति?

(a) मुमुक्षत्वम् इत्यस्य (b) योगस्य
(c) विवेकस्य (d) वैराग्यस्य

Ans. (b) : योगस्य गणनां चतुर्षु साधनेषु न भवति। योग की गणना चार साधनों में नहीं होती है।
विवेक, वैराग्य, षट्-सम्पत्ति और मुमुक्ष (मोक्ष की इच्छा रखना) ये चार साधन है।

4. 'जनाः भवबन्धने स्थिताः सन्ति' इत्यत्र' भवबन्धने' इत्यस्य कोर्थः?

(a) कारागारबन्धने (b) परलोकबन्धने
(c) कामबन्धने (d) संसारबन्धने

Ans. (d) : 'जनाः भवबन्धने स्थिताः सन्ति' इत्यत्र भवबन्धने इत्यस्य अर्थः संसार बन्धने। लोग भवबन्धन में स्थित हैं यहाँ 'भवबन्धने' का तात्पर्य सांसारिक बन्धन से है।

5. मनोमयकोशे अधोऽङ्गितेषु किन्न भवित?

(a) प्राणाः (b) वाक्
(c) पायुः (d) पाणिः

Ans. (a) : मनोमयकोशे अधोऽङ्गितेषु प्राणाः न भवति।
मनोमय कोश - मनसा, वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ।
विज्ञानमयकोश - बुद्धि, श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, प्राण।

6. 'निश्चयमवश्यमेवकरणीयम्' इत्यत्र 'करणीयम्' अस्मिन् पदे को धातुः कश्च प्रत्ययः ?

(a) कृ + रणीयर (b) कृ + णिनि
(c) कृ + अनीयर (d) कृ + णीयर

Ans. (c) : 'निश्चयमवश्यमेवकरणीयम्' इत्यत्र 'करणीयम् ' अस्मिन् पदे कृ धातुः + अनीयर प्रत्ययः।
'निश्चयमवश्यमेवकरणीयम्' इत्यत्र 'करणीयम्' इस पद में कृ धातु + अनीयर प्रत्यय है।
अनीयर प्रत्यय का प्रयोग 'चाहिए' अर्थ में होता है। अनीयर का 'अनीय' शेष बचता है।

7. 'जनाः भवन्धने स्थिताः सन्ति' अत्र 'सन्ति' इत्यस्य का निष्पत्तिः ?
(a) सन् + लट् प्रथमपुरुषहुवचनम्
(b) शास् + लट् प्रथमपुरुषहुवचनम्
(c) अस् + लट् प्रथमपुरुषबहुवचनम्
(d) षूञ् + लट् प्रथमपुरुषबहुवचनम्

Ans. (c) : 'जनाः भवन्धने स्थिताः सन्ति' अत्र 'सन्ति' अत्र 'सन्ति-इत्यस्य अस् + लट् प्रथमपुरुष बहुवचनम् निष्पत्तिः।
सन्ति अस् धातु लट्लकार प्रथम पुरुष की क्रिया है।

अस् धातु (लट् लकार)

अस्ति	स्तः	सन्ति
असि	स्थः	स्थ
अस्मि	स्वः	स्मः

8. 'वयं कथयितुम् शक्नुमः' इत्यत्र 'कथयितुम् ' अत्र को धातुः कश्च प्रत्ययः ?
(a) कथ् + तुमुन् (b) कथ् + ण्वुल्
(c) कथ् + णमुल् (d) कथ् + क्तवतु

Ans. (a) : 'वयं कथयितुम् शक्नुमः' इत्यत्र 'कथयितुम्' कथ् धातुः तुमुन् प्रत्ययः।
कथयितुम् में कथ् धातु तुमुन् प्रत्यय है।
तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग 'को' या 'के लिए' अर्थ में प्रयुक्त होता है। तुमुन् का 'तुम्' शेष बचता है। तुमुन् प्रत्ययान्त अव्यय होता है।

अधालिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यं समीचीनमुत्तरं चिनुत-

'अहं पुरा शूद्रकस्य राज्ञः क्रीडासरसि कर्पूरकेलिनाम्नो राजहंसस्य पुत्र्या कर्पूरमञ्जर्या सहानुरागवानभवान्। तत्र वीरवरो नाम महाराजपुत्रः कुतश्चिद्देशादागत्य राजद्वारमुपगम्य प्रतीहारमुवाच- 'अहं तावद्वेतनार्थी राजपुत्रः । राजदर्शनं कारय। ' ततस्तेनासौ राजदर्शनं कारितो ब्रते- 'देव ! यदि मया सेवकेन प्रयोजनमस्ति तदास्मद्वर्तनं क्रियताम् । ' शूद्रक उवाच-किं ते वर्तनम्? ' वीरवरो ब्रूते- 'प्रत्यहं सुवर्णपञ्चशतानि देहि।' राजाह –'का ते सामग्री ?' वीरवरो ब्रते-'द्वौ बाहू तृतीयश्च खड्गः। ' राजाह – 'नैतच्छक्यम् ' तच्छ्रुत्वा वीरवरश्चलितः। अथ मन्त्रिभिरुक्तम् –'देव!' दिनचतुष्टयस्य वर्तनं दत्त्वा ज्ञायतास्य स्वरुपं किमुपयुक्तोऽयमेतावद्वर्तनं गृह्णात्यनुपयुक्तो वेति'। ततो मन्त्रिवचनादाहूय वीरवराय ताम्बूलं दत्त्वां पंञ्चशतानि सुवर्णानि दत्तानि। तद्विनियोगश्च राज्ञा सुनिभृतं निरूपितः। तदर्धं वीरवरेण देवेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दत्तम् । स्थितस्यार्धं दुःखितेभ्यः, तदवशिष्टं भोज्यव्ययविलासव्ययेन। एतत्सर्वं नित्यकृत्यं कृत्वा राजद्वारमहर्निशं खड्गपाणिः सेवते । यदा च राजा स्वयं समादिशति तदा स्वगृहमपि याति।

अथैकदा कृष्णचतुर्दश्यां रात्रौ राजा सकरुणं क्रन्दनध्वविं शुद्रक उवाच- 'कः कोऽत्र द्वारि ?' तेनोक्तम् – 'देव! अहं वीरवरः।' राजोवाच- 'क्रन्दनानुसरणं क्रियताम् । ' वीरवरो 'यथाज्ञापयति देवः' इत्युक्त्वा चलितः। राज्ञा च चिन्तितम् –'नैतदुचितम् । आयमेकाकी राजपुत्रो मया सूचिभेद्ये तमसि प्रेरितः। तदनु गत्वा किमेतदिति निरूपयामि। ' ततो राजापि खड्गमादाय तदनुसरणक्रमेण नगराद्वहिर्निर्जगाम । गत्वा च वीरवरेण सा रुदती रूपयौवनसंपन्ना सर्वालंकारभूषिता काचित्स्त्री दृष्टा। पृष्टा च – 'का त्वम् । किमर्थ रोदिषि । स्त्रियोक्तम् –' अहमेतस्य शूद्रकस्य राजलक्ष्मीः। चिरादेतस्य भुजच्छायायां महता सुखेन विश्रान्ता। इदानिमन्यत्र गमिष्यामि।' वरीवरो ब्रूते –'यत्रापायः संभवति तत्रोपायोऽप्यस्ति। तत्कथं स्यात्पुनरिहावलम्बनं भवत्याः? लक्ष्मीरुवाच- 'यदि त्वमात्मनः पुत्रं शक्तिधरं द्वात्रिंशल्लक्षणोपेतं भगवत्याः सर्वमङ्गलाया उपहारीकरोषि तदाहं पुनरत्र सुचिरं निवसामि' इत्युक्तत्वाऽदृश्याऽभवत् ।

9. 'राजद्वारमुपगम्य प्रतिहारमुवाच' इत्यत्र' प्रतिहारम्' इत्यस्य कोऽर्थः ?
(a) द्वारपालः (b) सेनापति
(c) नगराध्यक्षः (d) अङ्गरक्षकः

Ans. (a) : ''राजद्वारं उपगम्य प्रति हारमुवाच'' इत्यत्र प्रतिहारम् ''पदस्य अर्थः द्वारपालः अस्ति। अर्थात् राजद्वार के समीप जाकर प्रतिहार बोला, यह प्रतिहार शब्द का अर्थ द्वारपाल है। प्रति विषय प्रत्येकं वा हरित स्वामिसमीपमानयति इति।
प्रतिहारः
प्रति + हृ + अण् = प्रतिहारः (द्वारपाल)

10. दिनचतुष्टयस्य वर्तनं दत्त्वा ज्ञायताम्' इत्यत्र वर्तनम् ' इत्यस्य कोऽर्थः?
(a) सुकेतनम् (b) रजतम्
(c) निकेतनम् (d) वेतनम्

Ans. (d) : दिनचतुष्टयस्य वर्तनं दत्त्वा ज्ञायताम्' इत्यत्र वर्तनम् ' इत्यस्य 'वेतनम्' अस्ति।
वर्तनम् = जीवनोपायः, आजीव, वार्ता, वृत्ति, वर्तन, जीवन
वर्तनम् = वृत् + ल्यु = वर्तनम्

11. 'दिनचतुष्टयस्य वर्तनं दत्त्वा ज्ञायताम्' अत्र 'दत्त्वा' इत्यस्य का व्युत्पुत्तिः ?
(a) दा + क्तवतु (b) दा + क्तवा
(c) दा + तुमुन् (d) दा + ण्वुल

Ans. (b) : 'दिनचतुष्टयस्य वर्तनं दत्त्वा ज्ञायताम्' अत्र 'दत्त्वा' इत्यस्य ''दा+क्त्वा'' इति व्युत्पत्तिः अस्ति।
''चार दिन का वेतन देकर जानो'' यहाँ दत्वा पद की व्युत्पत्ति दा+क्त्वा है।
दा + क्त्वा = दत्वा
दा + क्तवतु = दानवान्
दा + तुमुन् = दातुम्
दा + ण्वुल् = दायकः

12. 'शूद्रक उवाच' इत्यत्र 'उवाच' इत्यस्य का व्यत्पत्तिः?
(a) व्रज् + लिट् प्रथमपुरुषैकवचनम्
(b) वृह् + लिट् प्रथमपुरुषैकवचनम्
(c) वृञ् + लिट् प्रथमपुरुषैकवचनम्
(d) बूञ् + लिट् प्रथमपुरुषैकवचनम्

Ans. (d) : 'शूद्रक उवाच' इत्यत्र 'उवाच' इत्यस्य व्युत्पत्तिः
बूञ् + लिट् प्रथम पुरुष एकवचनम् अस्ति। अर्थात् ''शूद्रक उवाच्'' यहाँ ''उवाच'' पद की व्युत्पत्तिः है
बूञ् + लिट् प्रथम पुरुष एकवचन है।

13. रात्रौ सकरुणं क्रन्दनध्वनिः केन श्रुता?
(a) वीरवरेण (b) प्रतिहारेण
(c) शूद्रकेण (d) सचिवेन

Ans. (c) : रात्रौ सकरुणं क्रन्दनध्वनिः शूद्रकेण श्रुता।
प्रसंगानुसार रात्रि में सकरुण क्रन्दन ध्वनि शूद्रक ने सुना।

14. रूपयौवन सम्पन्ना सर्वालङ्कारभूषिता रुदती स्त्री का आसीत् ?
(a) शूद्रकस्य राजलक्ष्मी: (b) शूद्रकस्य स्त्री
(c) वीरवरस्य स्त्री (d) सचिवस्य स्त्री

Ans. (a) : रूपयौवन सम्पन्ना सर्वालङ्कारभूषिता रुदती स्त्री ''शूद्रकस्य राजलक्ष्मीः'' आसीत्। अर्थात् रूप यौवन से सम्पन्न सभी अलंकारों से भूषित रोती हुयी स्त्री शूद्रक की राजलक्ष्मी थी।

15. शक्तिधरः का आसीत् ?
(a) राज्ञः पुत्रः (b) वीरवरस्य पुत्रः
(c) सचिवस्य पुत्रः (d) सेनापतिः

Ans. (b) : शक्तिधरः वीरवरस्य पुत्रः आसीत्। 'शक्तिधर वीरवर का पुत्र था।

16. रीमा सर्पविषयकां कथां श्रावयित्वा विरमति। तदनन्तरं छात्रान् कथयति कल्पनां कुर्वन्तु, यदि भवन्तः सर्पाः भवेयुः तर्हि किं करिष्यन्ति ? अनया प्रक्रियया रीमा छात्रेभ्यः काः सहायतां ददाति?
(a) व्याकरणं सम्यकमतया अवबोधने
(b) कल्पनाशीलान् रचनात्मकांश्च कर्तुम्
(c) भाषां सम्यकतया अवबोधने
(d) बहुविषयाणां पाठकान् कर्तुम्

Ans. (b) : रीमा सर्पविषयकां कथां श्रावयित्वा विरमति। तदनन्तरं छात्रान् कथयति कल्पनां कुर्वन्तु, यदि भवन्तः सर्पाः भवेयुः तर्हि किं करिष्यन्ति ? अनया प्रक्रियया रीमा छात्रेभ्यः ''कल्पनाशीलान् रचनात्मकश्च कर्तुम्'' सहायता ददाति। अर्थात् रीमा सर्पविषयक कथा को सुनाकर रुक जाती है। बाद में छात्रों से कहती है कल्पना करो यदि आप सब सर्प होते तो क्या करते। इस प्रक्रिया के द्वारा सीमा छात्रों को कल्पनाशील रचनात्मक करने में सहायता करती है।

17. सृष्टिः इत्यस्याः कक्षायां एका छात्रा स्वमित्रम् स्वकीयं स्वप्नमधिकृत्य प्रश्नान् प्रच्छति तस्याः मित्रं प्रश्नानुमुत्तरं ददाति। सृष्टिः कतमो पद्धति प्रयोजयति?
(a) प्रश्नानं अन्वेषणम् (b) साक्षात्करणम्
(c) भूमिका निर्वहणम् (d) विचारविमर्शम्

Ans. (b) : सृष्टिः इत्यस्याः कक्षायां एका छात्रा स्वमित्रम् स्वकीयं स्वप्नमधिकृत्य प्रश्नान् प्रच्छति तस्याः मित्रं प्रश्नानुमुत्तरं ददाति। सृष्टिः साक्षात्कार पद्धति प्रयोजयति। सृष्टि इस कक्षा में एक छात्रा अपने मित्र से अपने स्वप्न को अधिकृत करके प्रश्नों को पूछती है। उसकी मित्र प्रश्नों के उत्तर भी देती है। यहाँ सृष्टि साक्षात्कार पद्धति का प्रयोग करती है।

18. अधोऽङ्कितेषु कतमः सिद्धान्तः सकलशारीरिकप्रतिक्रियायाः नास्ति?
(a) लक्ष्यभाषाया अर्थः क्रियामाध्यमेन सम्प्रेषयितुं शक्यते।
(b) शिक्षार्थिनः कार्यमाध्यमेन सम्यक्तया शिक्षन्ति।
(c) अवबोधपूर्वकं पठनमतिमहत्त्वपूर्णमस्ति।
(d) अवबोधपूर्वकं श्रवणम् इतरकौशलेभ्यः पूर्व भवितव्यम् ।

Ans. (c) : उपरिलिखितेषु ''अवबोधपूर्वकं पठनमतिमहत्त्वपूर्णमस्ति'' एतत् सिद्धान्तः सकलशारीरिक प्रतिक्रियायाः नास्ति। उपरिलिखितों में ''ज्ञानपूर्वक पठन अति महत्वपूर्ण है'' यह सिद्धांत सकल शारीरिक प्रतिक्रिया का नहीं है।

19. पठनस्य प्रारम्भिकस्थितौ शिक्षकः ध्यानं दधात्–
(a) भाषायाः वर्णमालयाः कण्ठस्थीकरणे।
(b) पठनस्यप्रवाहे ।
(c) अक्षर-ध्वनि-समन्वये
(d) पठनस्यशुद्धतायाम्

Ans. (c) : पठनस्य प्रारम्भिकस्थितौ शिक्षकः अक्षर-ध्वनि समन्वये ध्यानं दधात्।
पठन के प्रारम्भिक स्थिति में शिक्षक को अक्षर-ध्वनि के समन्वय पर ध्यान देना चाहिए।
जब शिक्षक कक्षा में प्रारम्भिक पठन कार्य करता है तो उसे स्पष्ट वाचन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। स्पष्ट वाचन से ही अक्षर-ध्वनि के मध्य समन्वय स्थापित हो सकता है।

20. श्रवणं पठनं चैव–
(a) ग्रहणात्मककौशले (b) अभिव्यक्त्यात्मककौशले
(c) रुच्युत्पादककौशले (d) चिन्तनात्मककौशले

Ans. (a) : श्रवणं पठनं चैव ग्रहणात्मककौशले।
श्रवण और पठन ग्रहणात्मक कौशल है।
श्रवण और पठन को ग्रहणात्मक कौशल के अन्तर्गत रखा गया है।

21. प्रत्यक्षविधिः अधोलिखितेषु केन सम्बन्धितोऽस्ति?
(a) सुस्पष्टतया व्याकरणशिक्षणम् (Teaching Grammar Expilicity)
(b) निगमनात्मकरूपेण व्याकरणशिक्षणम् (Teaching Grammar Inductively)
(c) आगमनत्मकरूपेण व्याकरणशिक्षणम् (Teaching Grammar Inductively)
(d) व्याकरणशिक्षणम् न कार्यम् ।

Ans. (c) : उपरिलिखितेषु प्रत्यक्ष विधिः ''आगमनात्मक रूपेण व्याकरण शिक्षणेम्'' सम्बन्धितोऽस्ति। उपरिलिखितों में प्रत्यक्ष विधि आगमनात्मक रूप से व्याकरण शिक्षण से सम्बन्धित है।

22. भाषा शिक्षणे संवेदनशीलः यमयोऽस्ति -
(a) स विशेषकालः यदा बालः गहनप्रशिक्षणमाध्यमेन भाषाम् शिक्षति।
(b) बालस्य स कालः यस्मिन् अन्यकाल-अपेक्षया सर्वातिशयसरल्येन भाषाम् अधिगच्छति।
(c) कक्षायां परीक्षस्य दीर्घता।
(d) भाषा-अभ्यासाय विशेषकालः।

Ans. (b) : भाषा शिक्षणे संवेदनशीलः यमयोऽस्ति - बालस्य स काल: यस्मिन् अन्यकाल-अपेक्षया सर्वातिशयसरल्येन भाषाम् अधिगच्छति अर्थात् भाषा शिक्षण में संवेदनशील नियम है- बालक के उस काल में जिसमें अन्य समय (काल) की अपेक्षा जिस समय में सब प्रकार से सरल भाषा को अधिग्रहण करते हैं अर्थात् सीखते हैं।

23. युवलेखकानाम् आवश्यकतानुसारं शिक्षकाः प्रतिक्रियां कुर्यात्–

(a) तैः कृतानां व्याकरणगतत्रुटीनां विस्तृतप्रतिपुष्टिं दत्त्वा।
(b) तैः सम्यक् कार्यं कृतम इति प्रशंसां कृत्वा तेषां कृतिभ्यः उद्धरणं कृत्वा विशिष्टटिप्पणीं च दत्त्वा ।
(c) त्रुटीनाम् उपेक्षां कर्तुं निर्दिश्य ।
(d) कक्षायां तेषाम् उत्तमलेखनार्थं सम्माननं कृत्वा।

Ans. (b) : युवलेखकानाम् आवश्यकतानुसार शिक्षिकाः प्रतिक्रियां कुर्यात् तैः सम्यक् कार्यं कृतम् इति प्रशंसां कृत्वा तेषां कृतिभ्यः उद्धरणं कृत्वा विशिष्टटिप्पणीं च दत्वा।

24. रीमा कथां श्रावयित्वा छात्रान् निर्दिशति यत् ते कथायाः अन्तभागं परिवर्तयन्तु। अनेन प्रकारेण सा छात्राणां कीदृशीं सहायतां करोति?

(a) सुगमेन व्याकरण-अवबोधने।
(b) कल्पनाशीलान् सर्जनात्मकाश्च कर्तुम् ।
(c) लेखनप्रयोजनाय भाषां सम्यक्रूपेण अवबोधने।
(d) विविधविषयाणां पाठकान् कर्तुम् ।

Ans. (b) : रीमा कथां श्रावयित्वा छात्रान् निर्दिशति यत् ते कथायाः अन्तभागं परिवर्तयन्तु। अनेन प्रकारेण सा छात्राणां 'कल्पनाशीलान् सर्जनात्मकाश्च कर्तुम् सहायता करोति' अर्थात रीमा कथा को सुना करके छात्रों को निर्देश देती है जो वे कथा के अन्तिम भाग का परिवर्तन करने के लिए अनेक प्रकार से वह छात्रों को कल्पनाशील और चिन्तनशील बनाने के लिए सहायता करती है।

25. अधस्तनेषु किं भाषाधिग्रहणाधिगमयोः मूलभूतं पार्थक्यं वर्तते?

(a) प्रवाहः शुद्धता च
(b) भाषायाः साम्मुख्यम्
(c) शुद्धता वेगः च
(d) वेगः उच्चारणम् च (Pac and Pronunciation)

Ans. (b) : भाषायाः साम्मुख्यम् भाषाधिग्रहणाधिगमयोः मूलभूतं पार्थक्यं वर्तते।

26. मातृभाषायाः संसाधनरूपेण प्रयोगदृष्ट्या अधोलिखितेषु का उक्तिः च समीचीना?

(a) एषा बालानाम् अधिगमे चिन्तने सम्प्रेषणे च सहाय्यं करोति
(b) तेषाम् अर्थबोधप्रक्रियायाम् मातृभाषा गुणात्मकभूमिकां निर्वहति ।
(c) शिक्षणविधीनां विस्तारार्थं मातृभाषा सहाय्यं करोति ।
(d) द्वितीयभाषायाः उपेक्षां कर्तुं मातृभाषा सहाय्यं करोति।

Ans. (d) : मातृभाषायाः संसाधनरूपेण प्रयोगदृष्टया द्वितीयभाषायाः उपेक्षां कर्तुं मातृभाषा सहाय्यं करोति।

शिक्षक को पठन कार्य करते समय द्वितीय भाषा की उपेक्षा करके मातृभाषा में ही शिक्षा देनी चाहिए। क्योंकि पठन कार्य में मातृभाषा सहायक संसाधन के रूप में प्रयुक्त होती है। बालक मातृभाषा में कम समय में अधिक सीखता है।

27. प्राथमिकस्तरे बालस्य भाषाविकासार्थं सर्वतो महत्त्वपूर्णम् अस्ति–

(a) व्याकरणस्य ज्ञानम्
(b) भाषासमृद्धं वातावरणम्
(c) भाषायाः पाठ्यपुस्तकम्
(d) बालस्य आकलनम्

Ans. (b) : 'भाषासमृद्धं वातावरणम्' प्राथमिकस्तरे बालस्य भाषाविकासार्थं सर्वतो महत्त्वपूर्णम् अस्ति।
भाषा से समृद्ध (सम्पन्न) वातावरण प्राथमिक स्तर पर बालक के भाषाविकास के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है। न कि व्याकरण का ज्ञान, भाषा का पाठ्यक्रम ज्ञान और बालक का आकलन।

28. पत्राधानम् (Portfolio) एकम् उदाहरणम् अस्ति–

(a) स्वतः आकलनस्य
(b) शिक्षकाकलनस्य
(c) उभयं स्वतः आकलनस्य शिक्षकाकलनस्य च
(d) राज्यबोर्ड द्वारा आकलनस्य

Ans. (c) : उभयं स्वतः आकलनस्य शिक्षकाकलनस्य च पत्राधानम् एकम् उदाहरणम् अस्ति।
पत्राधान दोनों स्वतः आकलन और शिक्षक के आकलन का एक उदाहरण है। पत्राधान के माध्यम से बालक और शिक्षक दोनों का आकलन किया जाता है।

29. वर्गप्रहेलिका (Crossord) क्रीडा वर्धयति–

(a) श्रवणकौशलम् ।
(b) लेखनकौशलम् ।
(c) शब्दज्ञानम्
(d) साहित्यिकम् अर्थम् ।

Ans. (c) : वर्गप्रहेलिका क्रीडा 'शब्दज्ञानम्' वर्धयति। वर्गप्रहेलिका खेल से शब्दज्ञान बढ़ता है। जब बालक वर्गों में बंटकर प्रहेलिका को पूछते हैं और दूसरा उसका उत्तर देता है। इस प्रकार के खेल को खेलने से बालकों में शब्दों का भण्डारण होता है और बालक नये-नये शब्दों को सीखते हैं।

30. छात्रा यद् विषयं पठन्ति तस्य सारं नीत्वा मिनी छात्रान् पाठयितुम् इच्छति, तया मतया पठनसामग्री न प्रयोक्तव्या?

(a) समाचारपत्रस्य लेखा: (b) पत्रिकाया: लेखा:
(c) शोधलेखा: (d) शब्दकोश:

Ans. (d) : छात्रा यद् विषयं पठन्ति तस्य सारं नीत्वा मिनी छात्रान् पाठयितुम् इच्छति, तया मतया 'शब्दकोशः' पठन सामग्री न प्रयोक्तव्या अर्थात् एक छात्रा जिस विषय को पढ़ती है उसके सार को लेकर के छोटे छात्रों (बच्चों) को पढ़ाने की इच्छा करती है, उसके बुद्धि से पठन सामग्री में शब्दकोष का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 28-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Which of the following characterize the process of development ?
विकास की प्रक्रिया की क्या विशेषताएँ हैं?

(i) It is a process limited to childhood/यह प्रक्रिया बचपन तक सीमित है।

(ii) It is a life longg process/यह जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है।

(iii) It begins at birth/इसकी शुरूआत जन्म के समय होती है।

(iv) It begins at conception/इसकी शुरूआत गर्भधारण के समय होती है।

Choose the correct option :
सही विकल्प चुनें–

(a) (i), (iii) (b) (i), (iv)
(c) (ii), (iii) (d) (ii), (iv)

Ans. (d) : प्रत्येक व्यक्ति में शारीरिक, मानसिक, भावानात्मक और सामाजिक परिपेक्ष्य में समय-समय पर बदलाव आता है। जन्म के समय वह शिशु कहलाता है, कुछ समय के बाद बालक, फिर किशोर, वयस्क, और अंत में प्रौढ़ एवं वृद्ध कहलाता है। बालक की आयु के साथ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, सांवेगिक, नैतिक आदि पक्षों का विकास होता है। व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में परिवर्तन को अभिवृद्धि एवं विकास के नाम से जाना जाता है। हरलॉक के अनुसार, ''विकास अभिवृद्धि तक सीमित नहीं है, अपितु इसमें परिवर्तनों का वह प्रगतिशील क्रम निहित है जो परिपक्वता के लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है। विकास के परिणामस्वरूप व्यक्ति में नवीन विशेषताएँ और नवीन योग्यताएँ प्रकट होती है।''
इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं–
* यह जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है।
* इसकी शुरूआत गर्भधारण के समय से ही होती है।
* वृद्धि की तुलना में विकास अधिक व्यापक है।
* इसमें शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

2. 'Sensitive' periods of development refers to :
विकास की 'संवेदनशील अवधि' से क्या तात्पर्य है?

(a) Time spans when the child is ready for certain kinds of learnings./वह समय अवधि जब बच्चे अधिगम के कुछ प्रकारों के प्रति तत्पर हैं।

(b) The time period when children become very emotional/वह समय अवधि जब बच्चे बहुत भावुक होते हैं।

(c) The time period from conception till birth/गर्भधारण से जन्म तक की समय अवधि

(d) The time period from infancy till adolescence/शैशवावस्था से किशोरावस्था तक की समय अवधि

Ans. (a) : 'वह समय अवधि जब बच्चे अधिगम के कुछ प्रकारों के प्रति तत्पर है' यह विकास की 'संवेदनशील अवधि' कहलाती है। संवेदनशील अवधि वह होती है जब बच्चा एक कौशल प्राप्त करने के लिए परिपक्व होता है। इस अवधि के दौरान बच्चे के पास अनुकूल अनुभव होना चाहिए जो उसे कौशल प्राप्त करने में मदद करते हैं। एक संवेदनशील अवधि जीवन में वह समय अवधि होती है जब बच्चे के विकास पर पर्यावरणीय प्रभाव का सबसे अधिक और गहरा प्रभाव पड़ता है।

3. As a teacher, which of the following would you believe in, if you think that environment is profoundly influential throughout development?
एक शिक्षिका के रूप में आपकी मान्यता है कि वातावरण का विकास पर निरंतर प्रभाव पड़ता है। इस मान्यता के अनुरूप आपका क्या दृष्टिकोण रहेगा?

(a) Provide assistance to children anytime, as with the help of avourable life circumstances children can recover from early negative experiences/बच्चों को किसी भी समय सहायता प्रदान करेंगी, क्योंकि जीवन की अनुकूल परिस्थितियों की मदद से बच्चे आरंभिक नकारात्मक अनुभवों से उबर जाते हैं।

(b) Providing experiences aimed at promoting chane would seem to be little value/बदलाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिए गए अनुभवों को महत्वपूर्ण नहीं मानेंगी।

(c) Children who are high or low in a charactersitics such as verbal ability will remain so at later stages/इस तथ्य पर विश्वास करेंगी कि वे बच्चे जो किसी गुणधर्म जैसे मौखिक कौशल में प्रवीण या कमतर हैं, वह आगे के चरणों में भी ज्यों के त्यों रहेंगे।

(d) Powerful negative events in first few years of life cannot be overcome later/जीवन के पहले के कुछ वर्षों में हुई प्रबल नकारात्मक घटनाओं से बाद में उबरा नहीं जा सकता।

Ans. (a) : एक शिक्षिका के रूप में उनकी मान्यता है कि वातावरण का विकास पर निरंतर प्रभाव पड़ता है इस मान्यता के अनुरूप उनका दृष्टिकोण यह रहेगा कि वह बच्चों को किसी भी समय सहायता प्रदान करेंगी, क्योंकि जीवन के अनुकूल परिस्थितियों की मदद से बच्चे आरम्भिक नकारात्मक अनुभवों से उबर जाते हैं। वातावरण के साथ ही साथ आनुवांशिक कारक दोनों ही बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो बच्चों के आदत निर्माण द्वारा प्रतिबिम्बित होती है।

4. What is the role of schools in socialization of children ?
स्कूल की बच्चों के सामाजीकरण में क्या भूमिका हैं?

(a) No role/कोई भूमिका नहीं है।
(b) Primary socializing agency/प्राथमिक सामाजीकरण की संस्था है।
(c) Secondary socializing agency/द्वितीयक सामाजीकरण की संस्था है।
(d) Tertiary socializing agency/तृतीयक सामाजीकरण की संस्था है।

Ans. (c) : विद्यालय शिक्षा का महत्वपूर्ण, श्रेष्ठ तथा सक्रिय साधन है। बालक के सामाजीकरण में विद्यालय/स्कूल द्वितीयक संस्था के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जॉन डीवी के अनुसार, ''विद्यालय ऐसा विशिष्ट वातावरण है जहाँ जीवन के गुणों तथा विशिष्ट क्रियाओं और व्यवसायों की शिक्षा बालक के अन्तर्निहित मानसिक विकास के लिए दी जाती है।'' द्वितीयक समाजीकरण तब होता है जब शिशु बाल्यावस्था से आगे बढ़ जाता है और परिपक्वता प्राप्त कर रहा होता है। यह विद्यालय, सहकर्मी समूहों, मीडिया, धार्मिक संस्थानों आदि जैसे संस्थाओं के माध्यम से शुरू होता है।

5. The ability to 'Operate on operations' is acquired in :
'संक्रियाओं पर संक्रियाएँ' करने के कौशल किस चरण में विकसित होते हैं?

(a) Sensori-motor stage/संवेदी चालक (गामक)
(b) Pre-operational stage/पूर्व संक्रियात्मक
(c) Concrete operational stae/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational stage/अमूर्त संक्रियात्मक

Ans. (d) : 'संक्रियाओं पर संक्रियाएँ' करने के कौशल 'अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था/चरण में विकसित होते हैं। इसे इसे पियाजे की अंतिम औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था भी कहा जाता है। इसमें बच्चे मूर्त चिंतन के साथ-साथ अमूर्त चिंतन भी करने लगते हैं। अमूर्त का अर्थ हैं - प्रेम, सहानुभूति, न्याय, स्वतंत्रता आदि। अर्थात् कोई बालक किसी के मृत्यु की खबर सुनता है तो दुःखी होता है या वेदना महसूस करता है। यहाँ किसी घटना या कहानी को पढ़कर उसकी विषय वस्तु या वर्णनात्मक घटना को मन में सोचता है। कहानी में सुखद अनुभूति होती है। तो वह खुशी महसूस करता है दुःखद अनुभूति होती है तो वह दुखी महसूस करेगा। प्रत्यक्ष तथ्यों या वस्तु को अमूर्त चिंतन कर अप्रत्यक्ष रूप से निरंतर अनुबंध करता है।

6. According to Jean Piaget how do children learn?
जीन पियाजे के अनुसार बच्चे कैसे सीखते हैं?

(a) Through passive imitation/निष्क्रिय नकल के माध्यम से
(b) By active exploration/सक्रिय अन्वेषण द्वारा
(c) Through conditioning/अनुकूलन के माध्यम से
(d) By rewards and punishment/पुरस्कार और दंड द्वारा

Ans. (b) : जीन पियाजे के अनुसार बच्चे सक्रिय अन्वेषण द्वारा सीखते हैं। इनका मानना था कि बच्चे सक्रिय रूप से विश्व के बारे में अपनी समझ का निर्माण करते हैं। उनका मानना था कि एक बच्चे का मस्तिष्क शैशवावस्था से किशोरावस्था तक विचार के चरणों की एक श्रृंखला से गुजरता है। बच्चे आस-पास के वातावरण के साथ अंतःक्रिया की समझ विकसित करते हैं। पियाजे के अनुसार, 'जानकारी केवल पर्यावरण से बच्चों के मस्तिष्क में नहीं आती है, इसे बच्चों की शिक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए।' इसीलिए सीखने के लिए बालक द्वारा सक्रिय अन्वेषण का होना अति आवश्यक होता है।

7. Which of the following is an example of scaffolding ?
निम्न में से पाड़ का उदाहरण कौन-सा है?

(a) Repeated practice/बारम्बार अभ्यास
(b) Negative reinforcement/नकारात्मक पुनर्बलन
(c) Association of stimulus - response/उद्दीपन - प्रक्रिया का अुनबंधन
(d) Providing half solved example/आधा हल किया हुआ उदाहरण देना

Ans. (d) : 'आधा हल किया हुआ उदाहरण देना' 'पाड़' का (Scaffolding) उदाहरण है। पाड़ वह शब्द है, जिसे वायगोत्स्की ने दिया था। जिसमें उन्होंने प्रस्तावित किया था कि यह शिक्षकों, परिवार, मित्रों आदि द्वारा बच्चों को उनकी शिक्षा में दी जाने वाली अस्थायी सहायता है। पाड़ उस तकनीक को संदर्भित करता है जो बच्चों की योगयता को बढ़ाने के लिए सही समय पर सही मात्रा में समर्थन का सही प्रकार प्रदान करता है। पाड़ को माचान एवं आधारभूत सहायता के रूप में भी जाना जाता है।

8. In his ..... theory, Lev Vygotsky proposed that learning takes place in a context.
लेव वायगोत्सकी ने ..... सिद्धान्त में प्रतिपादित किया कि सीखने की प्रक्रिया एक संदर्भ में होती है।

(a) Psycho-dynamic/मनोगतिकी
(b) Behavioristic/व्यवहारवादी
(c) Information - processing/सूचना का प्रसंस्करण
(d) Socio-cultural/सामाजिक-सांस्कृतिक

Ans. (d) : लेव वाइगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त में प्रतिपादित किया कि सीखने की प्रक्रिया एक संदर्भ में होती है। वायगोत्सकी एक रचनात्मक विचारधारा वाले व्यक्ति थे। जिन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक सिद्धान्तों के आधार पर छात्रों के संज्ञानात्मक विकास की व्याख्या की थी। वायगोत्सकी के इस सिद्धान्त के अनुसार बालक समाज और संस्कृति में रहकर अनुकरण (नकल) के द्वारा सीखता है। इनके अनुसार बालक समाज एवं वातावरण के साथ अन्तःक्रिया करके अपना विकास करता है। वायगोत्सकी अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन समाज को केन्द्र में रखकर करते हैं।

9. Subhiksha always provides opportunities to the children for creating new knowledge through new exploration, experiments, games and various practical activities in her class. She wants to create a .....

सुभिक्षा हमेशा अपनी कक्षा में नए अन्वेषण, प्रयोग, खेल और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नया ज्ञान सर्जन करने का अवसर प्रदान करती है। वह किस प्रकार की कक्षा ..... को बढ़ावा देना चाहती है?

(a) Progressive and child-centered classroom/प्रगतिशील और बाल केंद्रित कक्षा
(b) Teacher - centered classroom/शिक्षक केंद्रित कक्षा
(c) Controlled and exam-centered classroom/नियंत्रित और मूल्यांकन केन्द्रित कक्षा
(d) Behavioristic and reward-oriented classroom/व्यवहारवादी और ईनाम केन्द्रित कक्षा

Ans. (a) : सुभिक्षा हमेशा अपनी कक्षा में नए अन्वेषण, प्रयोग, खेल और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नया ज्ञान सर्जन करने के अवसर प्रदान करती है। वह प्रगतिशील और बाल केन्द्रित कक्षा को बढ़ावा देना चाहती है। बाल केन्द्रित शिक्षा का मूल सिद्धान्त एक बच्चे के व्यक्तित्व और दक्षताओं के इष्टतम विकास को उनकी व्यक्तिगत जरूरतों और आवश्यकताओं का साथ-साथ सक्षम बनाना है। बाल केन्द्रित शिक्षण, शिक्षक से छात्र तक परिवर्तित कर केन्द्रित कर देता है। प्रगतिशील शिक्षा एक शैक्षणिक प्रणाली है जो व्यक्तिगत बच्चों की जरूरतों और क्षमताओं द्वारा निर्धारित गतिविधियों के आधार पर सीखने की प्रक्रियाओं में लचीलापन की अनुमति प्रदान करती है। इसका उद्देश्य सामाजिक विकास के साथ बच्चों की अकादमिक को एकीकृत करना है। प्रगतिशील शिक्षा के तत्वों को 'बाल केन्द्रित' और 'सामाजिक पुनर्निर्माण' दृष्टिकोण कहा गया है।

10. Assertion (A) : Teachers should use standardize IQ tests to measure the IQ of children.

कथन (A) : शिक्षकों को बच्चों की बुद्धिलब्धि मापने के लिए बुद्धिलब्धि की मानीकृत परिक्षाओं का इस्तेमाल करना चाहिए।

Reason (R) : IQ test scores help the teachers to predict students' academic performance and successess later in life.

तर्क (R) : बुद्धिलब्धि में प्राप्त अंक शिक्षकों को विद्यार्थियों के आकादमिक प्रदर्शन और भविष्य में सफलता की भविष्यवाणी करने में मदद करते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : बुद्धिलब्धि एक बच्चे की समस्याओं को तर्क करने और हल करने की क्षमता का मापन है। IQ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समस्या समाधान और शैक्षिक प्रदर्शन के साथ सहसंबद्ध है। शिक्षकों को बच्चों की बुद्धिलब्धि मापने के लिए बुद्धिलब्धि की मानकीकृत परीक्षाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इस प्रकार की परीक्षाओं में सांस्कृतिक पक्षपात दिखाई देता है। बुद्धिलब्धि में प्राप्त अंक शिक्षकों को विद्यार्थियों के आकादमिक प्रदर्शन और भविष्य में सफलता की भविष्यवाणी करने में मदद नहीं करते हैं। अतः विकल्प (d), (A) और (B) दोनों गलत हैं।

11. Artists, architescts and nevigators posses high ..... as per Howard Gardner's theory.

हावर्ड गार्डनर के सिद्धान्त के अनुसार कलाकारों, वास्तुकारों और नाविकों के पास कौन-सी बुद्धि अधिक मात्रा में होती है?

(a) Spatial intelligence/स्थानिक बुद्धि
(b) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि
(c) Musical intelligence/संगीतमय बुद्धि
(d) Intrapersonal intelligence/अंतरावैयक्तिक बुद्धि

Ans. (a) : हावर्ड गार्डनर के सिद्धान्त के अनुसार कलाकारों, वास्तुकारों और नाविकों के पास 'स्थानिक बुद्धि' अधिक मात्रा में होती है। स्थानिक बुद्धि में स्थानिक और दृश्य जानकारी को प्रभावी ढंग से देखने, समझने और उपयोग करने की क्षमता होती है। ऐसे लोग स्थानिक अभिविन्यास में अच्छे होते हैं, दृश्य चित्र और पैटर्न बनाते हैं। उच्च स्तर की स्थानिक बुद्धि वाले लोग समझने और निर्देश देने, नक्शे और चार्ट पढ़ने, और जिस स्थान पर वे गए हैं, उसके विवरण को स्पष्ट रूप से याद करने में बहुत अच्छे होते हैं।

12. Assertion (A) : Teachers should discourage girls to participate in science and mathematics classrooms.

कथन (A) : शिक्षकों को लड़कियों को विज्ञान व गणित की कक्षाओं में भागीदारी रने से हतोत्साहित करना चाहिए।

Reason (R) : Girls o not have the inherent abilities to study mathematics and sciences.

तर्क (R) : लड़कियों में गणित व विज्ञान विषयों को पढ़ने की जन्मजात क्षमता नहीं होती।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : शिक्षकों को लड़कियों को विज्ञान व गणित की कक्षाओं में भागीदारी करने से हतोत्साहित नहीं करना चाहिए क्योंकि शिक्षक की अपेक्षाएँ लिंग के आधार पर नहीं होनी चाहिए शिक्षकों के दृष्टिकोण भी गणित व विज्ञान में लड़कियों की भागीदारी में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अतः कथन (a) असत्य है।
इसी प्रकार, लड़कियों में गणित व विज्ञान विषयों को पढ़ने की जन्मजात क्षमता नहीं होती यह तर्क (R) भी असत्य है। क्योंकि लड़कियों और लड़कों दोनों में गणित को समझने की आनुवांशिक क्षमता होती है।

13. Which of the following is a barrier in addressing diverse learning needs of students ?
निम्न में से कौन-सी प्रणाली विद्यार्थियों की विविध अधिगम जरूरतों को पूरा करने में बाधक है?
(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(b) Labelling and segregation/प्रथक्करण व नामीकरण
(c) Reasonable accommodation/उपयुक्त समावेशन
(d) Multiple pedagogical strategies/विभिन्न शिक्षाशास्त्रीय पद्धतियाँ

Ans. (b) : पृथक्करण व नामीकरण प्रणाली विद्यार्थियों की विविध अधिगम जरूरतों को पूरा करने में बाधक है। यह प्रणाली बच्चों को उनके अधिगम करने की क्षमता को प्रभावित करता है जिससे बालक अधिगम की विविध जरूरतों को सीख पाते हैं। इस प्रणाली (पृथक्करण एवं नामीकरण) को दूर करने के लिए समावेशी शिक्षा प्रणाली का उपयोग किया जाने लगा। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को भिन्न-भिन्न नामों से नामांकित किए बिना उन्हें शिक्षित करना तथा अधिगम में उनकी सहायता करना है।

14. Assessment should not be undertaken :
मूल्यांकन किस उद्देश्य से नहीं कियाा जाना चाहिए ?
(a) To find out the readiness levels of children/बच्चों की तैयारी के स्तर का पता लगाने
(b) To identify gaps in children's conceptual understanding/बच्चों की अवधारणात्मक समझ में कमियों की पहचान करने।
(c) To inclucate competitive psirit among children/बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने।
(d) To help understand what the child can do/यह समझने में मदद करने के लिए बच्चा क्या कर सकता है।

Ans. (c) : मूल्यांकन के आधार पर पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों, सहायक सामग्री आदि में आवश्यक सुधार किया जा सकता है। मूल्यांकन कक्षा शिक्षण में सुधार लाता है। अध्यापक को अपनी कमी ज्ञात हो जाती है जिससे वह अपने शिक्षण को अधिक सुसंगठित बनाता है। मूल्यांकन के आधार पर छात्रों को शैक्षिक के निम्न उद्देश्य होते हैं–
* छात्रों की असफलताओं के कारण पता करके सुधार करना।
* शिक्षण की गुणात्मक सुधार के लिए अधिगम वातावरण में सुधार करना।
* समाज तथा अभिभावकों को जवाबदेही के लिए नियमित बच्चों की उपलब्धि एवं उन्नति का पता लगाना।
* बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना' मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य नहीं होता है। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सुधार करना मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य होता है।

15. According to Lawhrence Kohlberg, moral development :
लॉरेंस कोहलबर्ग के अनुसार, नैतिक विकास :
(a) is a discontinuous process that takes place in six stages/एक असतत प्रक्रिया है जो छह चरणों में होता है।
(b) depens on the social and cultural context of the child/बच्चों के सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों पर निर्भर करता है।
(c) is inter related with the IQ (Intelligent Quotient) of children/बच्चों के बुद्धिलब्धि (IQ) से परस्पर संबंधित है।
(d) depends entirely on genetic or heredity factors/पूरी तरह से आनुवंशिक कारकों पर निर्भर करता है।

Ans. (a) : लॉरेंस कोहलबर्ग के अनुसार, नैतिक विकास एक असतत प्रक्रिया है। जो छह चरणों में होता है। कोहलबर्ग का सिद्धान्त उस सोच प्रक्रिया पर केन्द्रित है जो तब होती है जब कोई यह तय करता है कि कोई व्यवहार सही है या गलत। इस प्रकार, कोहलबर्ग के सिद्धान्त के ढाँचे में जटिलता के क्रमिक स्तरों में क्रमिक रूप से व्यवस्थित छह चरण होते हैं। उन्होंने अपने छह चरणो को नैतिक विकास के तीन सामान्य स्तरों में व्यवस्थित किया –
(1) पूर्व- परम्परागत स्तर
चरण (1) : दंड /आज्ञाकारिता उन्मुखीकरण
चरण (2) : इन्ट्रुमेंटल पर्पस ओरिएंटेशन
(2) परम्परागत स्तर
चरण (3) : अच्छा लड़का/अच्छी लड़की उन्मुखीकरण
चरण (4) : लॉ एण्ड ऑर्डर ओरिएंटेशन (कानून और व्यवस्था अभिविन्यास)
(3) उत्तर-परम्परागत स्तर
चरण (5) : सामाजिक अनुबंध उन्मुखीकरण
चरण (6) : सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त अभिविन्यास

16. Culture of inclusion is promoted through :
समावेशन की संस्कृति को किससे बढ़ावा मिलता है:
(a) differentiated instruction/विभेदित निर्देश
(b) Standardised assessment/मानकीकृत मूल्यांकन
(c) Segregation/पृथक्करण
(d) Labelling/नामीकरण

Ans. (a) : समावेशन की संस्कृति को विभेदित निर्देश से बढ़ावा मिलता है। यह एक शिक्षण दृष्टिकोण है जो सभी छात्रों की सीखने की जरूरतों के लिए निर्देश तैयार करता है। सभी छात्रों का सीखने का एक ही लक्ष्य होता है लेकिन निर्देश छात्रों की रूचियों, प्राथमिकताओं, शक्तियों और संघर्षों के आधार पर भिन्न होता है। विभेदित निर्देश शिक्षण के लिए एक रूपरेखा है जिसमें सभी छात्रों को उनके विविध कक्षा के शिक्षार्थियों के समुदाय में नई जानकारी को विषयवस्तु प्राप्त करने के संदर्भ में समझने, प्रसंस्करण निर्माण या विचारों की समझ बनाना और शिक्षण विषयवस्तु और मूल्यांकन उपायों को विकसित करने के लिए विभिन्न रूपों की एक श्रृंखला प्रदान करना शामिल है ताकि कक्षा के भीतर सभी छात्र प्रभावी ढ़ंग से सीख सकें।

17. To cater to the specific needs of a student with visual impairment in her class, which of the following pedagogical adaptations a teacher should make ?
अपनी कक्षा में एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी की विशिष्ट जरूरतों को ध्यान में रखकर, एक अध्यापिका को क्या शिक्षाशास्त्रीय समायोजन करने चाहिए?

(a) Provisioning for visual presentations/दृश्यिक प्रस्तुतीकरण का प्रावधान
(b) Rigid curriculum/सख्त पाठ्यचर्या का पालन
(c) Using tactile materials/स्पार्शिकि संसाधनों का इस्तेमाल
(d) Standardized assement/मानकीकृत मूल्यांकन

Ans. (c) : अपनी कक्षा में एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी की विशिष्ट जरूरतों को ध्यान में रखकर, एक अध्यापिका को स्पार्शिक संसाधनों का इस्तेमाल करके शिक्षाशास्त्रीय समायोजन करना चाहिए। दृष्टिबाधित बालकों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं के समुचित निष्पादन के लिए विशेष शिक्षक की व्यवस्था होती है। विशेष शिक्षक दृष्टिबाधित बालकों की शिक्षा तथा पुनर्वास के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित होते हैं। इस प्रकार की बाधिता से ग्रसित विद्यार्थी के लिए 'ब्रेल लिपि' का उपयोग किया जाता है। यह दृष्टिबाधित बालक के लिए पठन व लेखन का कार्य स्पर्श रूप में करता है। ब्रेल लेखन कार्य दाएँ से बाएँ ओर होता है जबकि पठन बाएँ से दाएँ ओर होता है। ब्रेल प्रशिक्षण के द्वारा दृष्टिबाधित बालकों को पढ़ने -लिखने मिलती है। ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल हैं।

18. Neera is in midle school and often confuses letters such as writing 'bad' as 'ab'. This is a typical identifying characteristic of :
नीरा मिडिल स्कूल में पढ़ती है और अक्षरों को लेकर भ्रमित रहती हैं, जैसे कि 'म' को 'न' पड़ती है। यह किसका विशिष्ट लक्षण हैं ?

(a) Autism/स्वलीनता
(b) Dyslexia/पठन वैकल्य
(c) Learned helplesseness/अधिगम असहायपन
(d) Dysgraphia/लेखन वैकल्य

Ans. (b) : नीरा मिडिल स्कूल में पढ़ती है और अक्षरों को लेकर भ्रमित रहती हैं, जैसे कि 'म' को 'न' पढ़ती है। यह एक प्रकार का पठन वैकल्प (Dyslexia) का विशिष्ट लक्षण हैं। डिस्लेक्सिया सीखने समझने में होने वाली कठिनाई है जो पढ़ने में दिक्कत, लिखने और वर्तनी की समस्याओं का कारण बनती है। यह बुद्धि को प्रभावित नहीं करता है, लेकिन बच्चे सीधे अक्षर को उल्टा लिखते हैं, जो एक तरह की लर्निंग डिसेबिलिटी या अधिगम अक्षमता है। यह ज्यादातर बच्चों में होता है और वयस्क होने तक इसका पता नहीं चल पाता है।

19. Prem can think of multiple ways of solving a problem and always brings some new ideas to the discussion. This is a characteristic of :
प्रेम किसी समस्या को हल करने के लिए बहुत सारे अलग-अलग तरीकों की समझ रखता हैं और चर्चा करते समय हमेशा नए विचारों को पेश करता है। यह निम्नलिखित में से किसकी विशेषता है?

(a) Creativity/रचनात्मकता
(b) Learned helplessness/अधिगम असहायपन
(c) Egocentricism/आत्मकेन्द्रियता
(d) Centration/केंद्रीयन

Ans. (a) : प्रेम किसी समस्या को हल करने के लिए बहुत सारे अलग-अलग तरीकों की समझ रखता हैं और चर्चा करते समय हमेशा नए विचारों को पेश करता है। यह 'रचनात्मकता' की विशेषता है। गिल फोर्ड के अनुसार, ''रचनात्मक बालकों में प्रायः सामान्य गुण होते हैं, उनमें न केवल मौलिकता का गुण होता है, वरन उनमें लचीलापन, प्रवमयता, प्रेरण, संयमता की योग्यता पाई जाती है।''
स्टेन के अनुसार, ''रचनात्मकता वह कार्य है जिसका परिणाम नवीन हो और किसी समय, किसी समूह द्वारा उपयोगी एवं संतोषजनक रूप में स्वीकार किया जाए।''

20. Teachers should consider failure of children as :
शिक्षकों को बच्चों की असफलता को किस प्रकार देखना चाहिए?

(a) Shameful and humiliating for the children/बच्चों के लिए शर्मनाक और अपमानजनक
(b) Shameful and humiliating for the teacher/शिक्षक के लिए शर्मनाक और अपमानजनक
(c) A reflection of the capabilities of the students and their paraents/छात्र और उनके माता-पिता की क्षमताओं का प्रतिबिंब
(d) A reflection of the school system being unable to provide conductive environment for learning/स्कूल प्रणाली को अनुकूल वातावरण न प्रदान कर पाने का प्रतिबिंब

Ans. (d) : शिक्षकों को बच्चों की असफलता को स्कूल प्रणाली के अनुकूल वातावरण न प्रदान कर पाने के प्रतिबिंब के रूप में देखना चाहिए। एक बच्चे की असफलता विद्यालय व्यवस्था तथा बच्चे के प्रति प्रतिक्रिया करने की असमर्थता का एक प्रतिबिंब है क्योंकि बच्चे मिट्टी की तरह होते हैं, प्रणाली जिस तरह से इन्हें जिस आकार में ढालता है वे उस तरह से उस आकार को धारण कर लेते हैं। छात्र के असफल होने का एक कारण यह भी है कि जिस प्रकार का शिक्षण उन्हें चाहिए वह उस तरह नहीं होता है जो उनके लिए सार्थक होता है। इसीलिए शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया सदैव बच्चों के अनुरूप होनी चाहिए।

21. Active engagement is not promoted in :
सक्रिय जुड़ाव को निम्न में से किसके द्वारा बढ़ावा नहीं दिया जाता हैं?

(a) Questioning/प्रश्न पूछना
(b) Rote memorization/रटकर स्मरण
(c) Discovery learning/खोज विधि
(d) Dialogue/संवाद

Ans. (b) : 'रटकर स्मरण' करना किसी चीज को बार-बार दोहराने की प्रक्रिया अल्पकालिक स्मृति को संलग्न करता है और हमें तथ्यों, तिथियों, नामों, गुणन और सारणी आदि जैसी बुनियादी चीज़ो की जल्दी से याद करने की अनुमति देती है। यह सीखने के अन्य रूपों से अलग है क्योंकि इसमें सीखने वाले की आवश्यकता नहीं होती

है। किसी चीज़ के बारे में सावधानी से सोचना, बल्कि पुनरावृत्ति के कार्य पर ही निर्भर है। इसमें केवल याद करने की प्रवृत्ति होती है, अगर सक्रिय जुड़ाव की बात की जाए तो रटकर स्मरण करना इस प्रकार के जुड़ाव को कभी भी बढ़ावा नहीं देती है।

22. If a child is unable to perform well in school the teachers should :
यदि कोई बच्चा स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ है तो शिक्षकों को चाहिए–

(a) Reflect on the pedagogical strategies and the school environment/वे शैक्षणिक रणनीतियों और स्कूल के माहौल पर चिंतन करें।
(b) Punish the child and tell the child's paraents to put the child in home tuitions/बच्चे को सजा दें और बच्चे के माता-पिता से कहें कि बच्चे को घर पर ट्यूशन लगाना सुनिश्चित करें।
(c) Ensure that the child is shifted to a separate section meant for children with low abilities/बच्चे को कम योग्यता वाले बच्चों के लिए बने एक अलग संकाय में स्थानांतरित कर दिया जाए।
(d) Find out the social backgroud of the child because belonging to certain communities are not capable of learning/बच्चें की सामाजिक पृष्ठभूमि का पता लगाएँ क्योंकि कुछ समुदायों के बच्चे सीखने में सक्षम नहीं होते हैं।

Ans. (a) : यदि कोई बच्चा स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ है तो शिक्षकों को चाहिए कि वह शैक्षणिक रणनीतियों और स्कूल के माहौल पर चिंतन करें। स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक कई तरह की चीज़ें कर सकते हैं। शिक्षक वे होते हैं जो छात्रों के जीवन की संरचना करते हैं और स्कूल को बेहतर बनाने के लिए, वे कई काम करते हैं, जैसे पाठ्यक्रम में सुधार के लिए मूल्यवान प्रतिक्रिया देना, छात्रों की सफलता में सुधार करना और स्कूल में स्वस्थ वातावरण की स्थापना करना। इसीलिए बच्चें के अच्छे प्रदर्शन करने के लिए इन सारी चीज़ों पर शिक्षकों को ध्यान देना चाहिए।

23. Which of the following is NOT a constructive pedagogical strategy ?
निम्नलिखित में से कौन-सी एक रचनात्मक शैक्षणिक रणनीति नहीं है?

(a) Encouraging intuitive guesses/सहज ज्ञान युक्त अनुमानों को प्रोत्साहित करना।
(b) Presenting opportunities for discussion/चर्चा के अवसर प्रस्तुत करना।
(c) EnCouraging students to reproduce answers from the textbooks as it is/छात्रों को पाठ्यपुस्तकों के उत्तरों को ज्यों का त्यों पुनरुत्पादित करने के लिए प्रोत्साहित करना।
(d) Giving opportunities for guided discovery/निर्देशित खोज के अवसर देना।

Ans. (c) : रचनात्मक शिक्षण एक ऐसी रणनीति है जिसमें विद्यार्थी के पूर्व ज्ञान, आस्थाओं और कौशल का इस्तेमाल किया जाता है। रचनात्मक रणनीति के माध्यम से विद्यार्थी अपने पूर्व ज्ञान और सूचना के आधार पर नई किस्म की समझ विकसित करता है। रचनात्मक शिक्षण रणनीतियाँ अर्थपूर्ण शिक्षण, छात्रों के जुड़ाव और साथियों के साथ बातचीत को बढ़ावा देती है। यह शिक्षण रणनीतियाँ छात्रों को पाठ्यपुस्तकों के उत्तरों को ज्यों का त्यों पुरूत्पादित करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती है। अतः सहज ज्ञान युक्त अनुमानों को प्रोत्साहित करना, चर्चा के अवसर प्रस्तुत करना और निर्देशित खोज के अवसर देना एक रचनात्मक शैक्षणिक रणनीति है।

24. Assertion (A) : The errors made by children during the process of learning should be seen as a part of their cognitive development.
कथन (A) : सीखने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों को उनके संज्ञानात्मक विकास के एक भाग के रूप में देखा जाना चाहिए।
Reason (R) : Children learn things differently than adults.
तर्क (R) : बच्चे व्यस्कों की तुलना में चीजों को अलग तरह से सीखते हैं।
Choose the correct option–
सही विकल्प चुनें–

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : उपयुक्त कथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या है (A) की।
सीखने की प्रक्रिया के दौरान बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों को उनके संज्ञानात्मक विकास के एक भाग के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि बच्चे वयस्कों की तुलना में चीज़ों को अलग तरह से सीखते हैं। वयस्कों को यह जानने की जरूरत होती है कि कुछ क्यों सीखना है; जैसे ही वे इस प्रश्न का उत्तर देते हैं, वे आरम्भ करने के लिए तैयार होते हैं दूसरी ओर, बच्चों को आमतौर पर बताया जाता है कि उन्हें क्या सीखना है। इसीलिए बच्चे वयस्कों की तुलना में अलग तरह से सीखते हैं। बच्चे गुणात्मक रूप से वयस्कों से भिन्न होते हैं।

25. Neha is always concerned with being the first in her class even if it means cheating. What kind of goals is Neha setting ?
नेहा को हमेशा कक्षा में प्रथम आना होता है चाहे इसके लिए उसे बेईमानी करके नकल क्यों न करनी पड़े। नेहा किस प्रकार के लक्ष्य तय कर रही हैं?

(a) Mastery - oriented goals/महारत उन्मुखी लक्ष्य
(b) Performance oriented goals/प्रदर्शन उन्मुखी लक्ष्य
(c) Work - avoidance goals/कार्य परिहार लक्ष्य
(d) Failure accepting goals/असफलता स्वीकार्य लक्ष्य

Ans. (b) : नेहा को हमेशा कक्षा में प्रथम आना है चाहे इसके लिए उसे बेईमानी करके नकल क्यों न करनी पड़े। नेहा प्रदर्शन उन्मुख लक्ष्य तय कर रही है। प्रदर्शन उन्मुख व्यक्ति प्रतिस्पर्धा में रूचि रखते हैं। वे अन्य छात्रों को तुलना बिन्दुओं के रूप में उपयोग करते हैं। उनका मुख्य ध्यान दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करने पर होता है। उदाहरण के लिए मानक प्रदर्शन मानकों को पार करने की कोशिश करना, दूसरों को सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करना, आकस्मिक तुलनात्मक मानकों का उपयोग करना आदि प्रदर्शन-उन्मुख लक्ष्य के उदाहरण है। इसमें व्यक्ति केवल लक्ष्य को देखता है रास्तों को नहीं देखता है।

26. Which of the following emotions facilitates the process of meaningful learning ?
निम्नलिखित में से कौन-सी भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाती है?

(a) Fear/भय (b) Anger/क्रोध
(c) Joy/खुशी (d) Worry/चिंता

Ans. (c) : 'खुशी' की भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाती है। सार्थक शिक्षण एक सक्रिय, रचनात्मक और टिकाऊ प्रक्रिया है। यह 'समझ' को संदर्भित करता है अर्थात् बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि जानकारी उपयोगी है और उन्हें केवल इसे याद रखने तक सीमित नहीं रखना है। 'आनंद', 'गर्व', 'आशा', एवं 'खुशी' जैसी सकारात्मक भावनाओं का सार्थक सीखने में शिक्षार्थियों के संज्ञानात्मक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार चिंता, क्रोध, शोक व शर्म जैसी नकारात्मक भावनाएँ सीखने के दौरान शिक्षार्थियों की संज्ञानात्मक प्रक्रिया को दृढ़ता से बाधित एवं विचलित कर सकती है।

27. When Mohit says, "I am good at English. I wrote my answers hurriedly that's why I did not get good marks", he is attributing his performance to :
मोहित कहता है - ''मैं अंग्रेजी में अच्छा हूँ। वह तो मैनें उत्तर जल्दी में लिखे थे इसलिए मेरे अच्छे नम्बर नहीं आए।'' मोहित अपने प्रदर्शन का आरोपण किस पर कर रहा है?

(a) bad luck/बुरी किस्मत
(b) lack of ability/योग्यता की कमी
(c) lack of effort/प्रयास की कमी
(d) external factors/बाहरी कारक

Ans. (c) : मोहित कहता है– ''मैं अंग्रेजी में अच्छा हूँ। वह तो मैंने उत्तर जल्दी में लिखे थे इसलिए मेरे अच्छे नम्बर नहीं आए।'' मोहित अपने प्रदर्शन का आरोपण प्रयास की कमी पर कर रहा है। यदि वह प्रश्नों को समझकर पूर्णरूप से व्याख्यायित करता तब उसका प्रदर्शन और अच्छा होता। लेकिन वह अपनी इस कमी को प्रयास पर आरोपित कर रहा है। इसीलिए वह अपने आन्तरिक गुणारोपण (प्रयास की कमी) पर दोष देता है।

28. The process through which we activate and sustain our thoughts, behaviours and emotions in order to reach our oals is called :
वह प्रक्रिया, जिसके माध्यम से हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने विचारों, व्यवहारों और भावनाओं को क्रियाशील करते व बनाए रखते हैं, क्या कहलाती है?

(a) Slef - regulation/स्व नियमन
(b) Assimilation/आत्मसात्करण
(c) Inter - subjectivity/अन्तर वस्तुनिष्ठता
(d) Adaptation/अनुकूलन (समंजन)

Ans. (a) : 'स्व-नियमन' वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने विचारों, व्यवहारों और भावनाओं को क्रियाशील करते व बनाए रखते हैं। स्वनियमन उस स्तर को संदर्भित करता है जिस हद तक लोग लक्ष्यों या मानकों के अनुसार अपने स्वयं के व्यवहार (विचारों और भावनाओं सहित) को प्रभावित, संशोधित या नियंत्रित करते हैं। स्व-नियमन की चार बुनियादी रणनीतियाँ हैं–
* लक्ष्य - निर्धारण
* आत्म - निगरानी
* स्व-निर्देशों का प्रभावी उपयोग या आत्म-चर्चा।
* आत्म-सुदृढ़ीकरण।

29. Assertion (A) : A teacher can help children understand complex concepts most effectively by the method of direct instruction.
एक शिक्षक प्रत्यक्ष अनुदेशन की विधि द्वारा बच्चों को जटिल अवधारणाओं को सबसे प्रभावी ढंग से समझने में मदद कर सकता है।

Reason (R) : Children learn most effectively when they are passive and information is transmitted to them.
तर्क (R) : बच्चे सबसे प्रभावी तरीके से तब सीखते हैं जब वे निष्क्रिय होते हैं और उन्हें जानकारी सम्प्रेषित की जाती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : उपयुक्त कथन (A) तथा तर्क (R) दोनों गलत है। एक शिक्षक प्रत्यक्ष अनुदेशन की विधि द्वारा बच्चों की जटिल अवधारणाओं को सबसे प्रभावी ढंग से समझने में मदद नहीं कर सकता क्योंकि शिक्षक की भूमिका, शिक्षार्थियों को उनके सीखने में सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में देखना है न कि ज्ञान प्राप्तकर्ता के रूप में। इसी प्रकार, बच्चे सबसे प्रभावी ढंग से तब सीखते हैं जब वे सक्रिय होते हैं और उन्हें जानकारी सम्प्रेषित की जाती है। बच्चे पर्यावरण के सक्रिय खोजकर्ता है क्योंकि वे यह जानने के लिए उत्साहित होते हैं कि यह क्या है, यह यहाँ क्यों है, यह कैसे काम कर रहा है आदि।

30. An effective pedagogical strategy to promote inclusion in a socio-constructivist classroom is :
समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक सामाजिक सांस्कृतिक कक्षा में प्रभावी शिक्षाशास्त्रीय प्रणाली क्या है?

(a) Implementation of universal desgin for learning/अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प (डिजाइन) का क्रियान्वयन
(b) Labelling and segregation of children based on their abilities/योग्यता के आधार पर बच्चों का नामीकरण व पृथक्करण
(c) Labelling and segregation of children based on their economic status/आर्थिक स्थिति के आधार पर बच्चों का नामीकरण व पृथक्करण।
(d) Fierce competition amon children for marks/बच्चों में अंकों के लिए प्रबल प्रतिस्पर्धा पैदा करना।

Ans. (a) : समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक सामाजिक-सांस्कृतिक कक्षा में प्रभावी शिक्षाशास्त्रीय प्रणाली अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प (डिजाइन) का क्रियान्वयन करना चाहिए। यह सम्मान और अपनेपन के रूप में समाज व संस्कृति को बढ़ावा देता है। यह व्यक्तिगत अंतरों के बारे में जानने और उन्हें स्वीकार करने का अवसर भी प्रदान करता है। यह सभी बच्चों को एक-दूसरे के साथ मित्रता विकसित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

SOCIAL SCIENCE

1. Who among the following said, "English Education has enslaved us" ?
निम्नलिखित में से किसने कहा कि ''अंग्रेजी शिक्षा ने हमें गुलाम बना दिया है'' ?

(a) Maulana Abul Kalam Azad/मौलाना अबुल कलाम आजाद
(b) Rabindranath Tagore/रवीन्द्रनाथ टैगोर
(c) Dadabhai Naoroji/दादाभाई नौरोजी
(d) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी

Ans. (d) : राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि ''अंग्रेजी शिक्षा ने हमें गुलाम बना दिया है।'' महात्मा गाँधी ने महसूस किया कि औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मन में हीनता की भावना पैदा कर दी थी। औपनिवेशिक शिक्षा ने पश्चिमी सभ्यता को श्रेष्ठ दिखाया और भारतीय संस्कृति के गौरव को नष्ट कर दिया। औपनिवेशिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षित भारतीयों ने पश्चिम से आने वाली प्रत्येक वस्तु का स्वागत किया और ब्रिटिश शासन की प्रशंसा करना शुरू कर दिया। गाँधी जी को महसूस होता था कि अंग्रेजी शिक्षा ने भारतीयों को उनके ही देश में अजनबी बना दिया है।

2. Given below are the location of four archeaological sites in India.
भारत में चार पुरातात्विक स्थलों के नाम नीचे दिए गए हैं?

(A) Paiyampalli/पैय्यमपल्ली
(B) Bhimbetka/भीमबेटका
(C) Hunsgi/हुन्स्गी
(d) Burzhom/बुर्जहोम

Which among the following presents the correct order of their locations from North to South ?
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उत्तर से दक्षिण दिशा में इन पुरास्थलों की स्थिति का सही क्रम प्रस्तुत करता है?

(a) (A), (B), (C), (D) (b) (B), (C), (A), (D)
(c) (B), (D), (A), (B) (d) (D), (B), (C), (A)

Ans. (d) : भारत के चार पुरातात्विक स्थलों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम निम्न है–
(D) बुर्जहोम (जम्मू और कश्मीर)
(B) भीमबेटका (मध्य प्रदेश)
(C) हुन्स्गी (कर्नाटक)
(A) पैय्यमपल्ली (तमिलनाडु)

3. Match the following in the context of India's ancient times and choose the appropriate option.
भारत में प्राचीन समय के सन्दर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए, और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

A	B
(a) The composition of the Sangam Text/संगम साहित्य की रचना	**(i) 327-325 BCE**
(b) Alexander invaded the North - West/पश्चिमोत्तर में सिकन्दर का आक्रमण	**(ii) 300 BCE-300CE**
(c) The rule of Harshavardhan/ हर्षवर्धन का शासन	**(iii) 630 - 643 CE**
(d) Xuan Zang comes to Inia/श्वैन त्सांग का भारत आगमन	**(iv) 606-647 CE**

(a) (A) - (ii), (B) - (iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(b) (A)-(i), (B) - (iv), (C)-(iii), (D)-(ii)
(c) (A)- (ii), (B)-(i), (c)- (iv), (d)- (iii)
(d) (A)- (iii), (B)- (iv), (C)- (i), (D)- (ii)

Ans. (c) : सही मिलान निम्न है–

A	B
(a) संगम साहित्य	(II) 300 BCE - 300 CE
(b) पश्चिमोत्तर में सिकन्दर का आक्रमण	(I) 327 – 325 BCE
(c) हर्षवर्धन का शासन	(IV) 606–647 CE
(d) श्वैन त्सांग का भारत आगमन	(III) 630–643 CE

4. Chola bronze statues were made using the 'lost wax' technique. Following this technique which material was used first to make an image ?
चोलकालीन कांस्य मूर्त्तियाँ 'लुप्तमोम' तकनीक से बनाई जाती थी। इस तकनीक का अनुसरण करते हुए

सबसे पहले प्रतिमा बनाने हेतु किस पदार्थ का प्रयोग किया गया था?

(a) Clay/मिट्टी
(b) Wax/मोम
(c) Molten Metal/पिघली हुई धातु
(d) Terracotta/पकी मिट्टी (टेराकोटा)

Ans. (b) : चोल कालीन कांस्य मूर्तियाँ 'लुप्तमोम' तकनीक से बनाई जाती थी। इस तकनीक का अनुसरण करते हुए सबसे पहले प्रतिमा बनाने हेतु 'मोम' पदार्थ का प्रयोग किया जाता था। चोल मूर्तियाँ मंदिरों के दीवारों की भित्तियों में देवी-देवताओं की नक्काशीदार लघु चित्र हैं।

5. Which of these statements is/are true about the idea of Sulh-i-kul ?
इनमें से कौन-सा/से कथन सुलह-ए कुल के विचार के बारे में सत्य हैं?

(A) This idea focussed on a system of ethics-honesty, justices and peace/यह विचार नैतिकता-ईमानदारी, न्याय, शांति की व्यवस्था पर केंद्रित था।
(B) An effort was made to frame a vision of governance around this idea/इस विचार के इर्द-गिर्द शासन दर्शन बनाने का प्रयास किया गया।
(C) This principle of governance was not followed by Jahangir and Shahjahan/शासन के इस सिद्धान्त का जहाँगीर और शाहजहाँ ने पालन नहीं किया।
(d) Some amount of discrimination between people of different religions was required/ विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच थोड़ा भेदभाव आवश्यक था।

विकल्प
(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) तथा (C)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(c) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(d) Only (A)/केवल (A)

Ans. (a) : सुलह-ए-कुल उत्सव का आयोजन 'आगरा में किया जाता है। यह उत्सव हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है।
इस उत्सव के तहत निम्न विचार सत्य हैं–
(A) यह विचार नैतिकता - ईमानदारी, न्याय, शांति की व्यवस्था पर केन्द्रित था।
(B) इस विचार के इर्द-गिर्द शासन दर्शन बनाने प्रयास किया गया।
(C) शासन के इस सिद्धान्त का जहाँगीर और शाहजहाँ ने पालन नहीं किया।

6. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को पढ़ें तथा उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

Statement (A) : Murshid Quli Khan ordered a major reassessment of the revenues of Bengal.
कथन (A) : मुर्शीद कुली खाँ ने बंगाल के राजस्व का बड़े पैमाने पर पुनर्निधारण करने का आदेश दिया।

Statement (R) : Murshid Quli Khan wanted to reduce Mughal influence in Bengal.
कारण (R) : मुर्शीद कुली खाँ बंगाल में मुगल प्रभाव को कम करना चाहता था।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही हैं लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : मुगल नियंत्रण से अलग मुर्शीद कुली खाँ ने बंगाल के राजस्व का बड़े पैमाने पर पुनर्निधारण करने का आदेश दिया। सभी जमींदारों से राजस्व की वसूली की गयी। मुर्शीद कुली खाँ को मुगल शासक द्वारा बंगाल के गवर्नर के रूप नियुक्त किया गया था। मुर्शीद कुली खाँ ने हैदराबाद एवं अवध की तरह बंगाल के स्वतंत्र शासक के रूप में कमान संभाली। बंगाल में मुगल प्रभाव को कम करने के प्रयास में उसने सभी मुगल जागीरदारों को ओडिशा में स्थानांतरित कर दिया था।

7. Which of the following statements about the Harappan seals is/are correct ?
निम्नलिखित में से हरप्पन मुहर के बारे में कौन-सा/से कथन सही है?

(A) Harappan made seals out of stones/हड़प्पा संस्कृति के लोग पत्थरों से मुहर बनाते थे।
(B) Seals were generally of circular shape/मुहर सामान्यतः गोलाकार होती थी।
(C) Seals usually have an animal carved on them/मुहर में एक जानवर की आकृति गढ़ी होती थी।

Options :
विकल्प :
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) (A) and (B)/(A) और (B)
(c) (B) and (C)/(B) और (C)
(d) (A) and (C)/(A) और (C)

Ans. (d) : पुरातत्वविदों ने सिंधु घाटी के विभिन्न स्थलों पर हजारों मुहरों की खोज की। इन मुहरों पर जानवरों की सुन्दर आकृतियाँ जैसे - गैंडा, बैल, बाघ, हाथी, जंगली बैल आदि थी। यह मुहरें पत्थर की बनी होती थी।
मुहरों का मुख्य उद्देश्य वाणिज्यिक था। हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट मुहर चौकोर आकार की होती थी। सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे प्रसिद्ध मुहर पशुपति मुहर है। अतः कथन-A और कथन-C सत्य है।

8. Which one of the following reasons is not true, 'Why hunter-gatherers moved from place to place' ?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है, 'आखेटक खाद्य- संग्राहक समुदाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर क्यों जाते थे' ?

(a) They would have eaten up all the available plant and animal resources/वे आस-पास के पौधों, फलों और जानवरों को खाकर समाप्त कर देते थे।
(b) Animals move from place to place/जानवर एक जगह से दूसरी जगह जाया करते थे।
(c) Plants and trees bear fruit in different seasons/पेड़ों और पौधों में फल-फूल अलग-अलग मौसम में आते थे।
(d) They were looking for a place to establish kingdom/वे एक जगह तलाश कर रहे थे जहाँ राज्य स्थापित कर सकें।

Ans. (d) : आखेटक खाद्य - संग्राहक समुदाय एक स्थान से दूसरे स्थान निम्न कारणों से जाया करते थे –
(i) वे आस-पास के पौधों, फलों और जानवरों को खाकर समाप्त कर देते थे।
(ii) जानवर एक स्थान से दूसरे स्थान जाया करते थे।
(iii) पेड़ों और पौधों में फल-फूल अलग-अलग मौसम में आते थे।

9. Who founded Arya Samaj ?
आर्य समाज की स्थापना किसने की?
(a) Raja Ram Mohan Roy/राजा राममोहन रॉय
(b) Veerasalingam Pantulu/वीरेशलिंगम पंतुलु
(c) Swami Dayananda Saraswati/स्वामी दयानंद सरस्वती
(d) Ishwar Chandra Vidyasagar/ईश्वर चंद्र विद्यासागर

Ans. (c) : आर्य समाज की स्थापना बम्बई में 10 अप्रैल 1875 ई0 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी। आर्य समाज भारत में एक एकेश्वरवादी हिन्दू सुधार आंदोलन है जो वेदों के अचूक अधिकारों में विश्वास के आधार पर सिद्धान्तों और प्रथाओं को बढ़ावा देता है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 'वेदो की ओर लौटो' का नारा दिया तथा लोगों को पुनः हिन्दू धर्म में लाने के लिए 'शुद्धि आंदोलन चलाया' था।

10. Why Jyotirao Phule dedicated his book Gulamgiri to American people ?
ज्योतिराव फुले ने अपनी किताब 'गुलामगीरी' अमेरिका के लोगों को क्यों समर्पित की?
(a) Some American civil rights activitists financed its publication/कुछ अमेरिकी नागरिक अधिकार सक्रियतावादियों ने इसके प्रकाशन में आर्थिक मदद की
(b) America ended slavery a few years before its publication/इसके प्रकाशन से कुछ साल पहले अमरीका में दास प्रथा खत्म कर दी गई थी।
(c) This book contains details of the way American Blacks fought in the civil rights movement/इस किताब में विस्तार से वर्णन किया गया है कि कैसे अमेरिकी अश्वेतों ने नागरिक अधिकार आंदोलन लड़ा
(d) Phule wrote this book when he went to USA for a short visit/फुले ने यह किताब तब लिखी जब वे अमेरिका में एक अल्पकालिक भ्रमण पर गए थे

Ans. (b) : ज्योतिराव फुले द्वारा अपनी किताब 'गुलाम गिरी' को अमेरिका के लोगों को समर्पित करने का मुख्य कारण है कि अमेरिकी आन्दोलन को गुलामों को मुक्त करने के लिए समर्पित की क्योंकि उन्होंने भारत में निचली जातियों की स्थिति और अमेरिका में अश्वेत दासों की स्थिति के बीच समानताएँ पाई। ज्योतिराव गोंविदराव फुले एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्त्ता, विचारक जाति - विरोधी समाज सुधारक और महाराष्ट्र के लेखक थे।

11. Match the following and choose the appropriate option.
निम्नलिखित का सुमेल कीजिए और उपयुक्त विकल्प को चुनें :

I	II
(A) Satya Sodhak Samaj/ सत्य शोधक समाज	**(i) Ghasidas/घासीदास**
(B) Satnami Movement/ सतनामी आंदोलन	**(ii) Haridas Thakur/ हरिदास ठाकुर**
(C) Matua Sect मतुआ पंथ	**(iii) Jyotiba Phule/ ज्योतिबा फुले**
(D) Self Respect Movement/स्वाभिमान आंदोलन	**(iv) E.V. Ramaswamy Naicker/ ई.वी. रामास्वामी नायकर**

(a) (A) - (i), (B) - (iii), (C)-(iv), (D)-(ii)
(b) (A)-(iii), (B) - (i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(c) (A)- (i), (B)-(ii), (c)- (iii), (d)- (iv)
(d) (A)- (iii), (B)- (iv), (C)- (ii), (D)- (i)

Ans. (b) : सही मिलान निम्न है–

I	II
(a) सत्य शोधक समाज	(II) ज्योतिबा फुले
(b) सतनामी आंदोलन	(I) घासीदास
(c) मतुआ पंथ	(IV) हरिदास ठाकुर
(d) स्वाभिमान आन्दोलन	(III) ई0वी0 रामास्वामी नायकर

12. Who raised the slogan "Freedom is my birthright and I shall have it" ?
'स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूँगा' यह नारा किसने बुलंद किया ?
(a) Lala Lajpat Rai/लाला लाजपत राय
(b) Chitta Ranjan Das/चितरंजन दास
(c) Vallabhbhai Patel/वल्लभभाई पटेल
(d) Balgangadhar Tilak/बाल गंगाधर तिलक

Ans. (d) : 'स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूँगा' यह नारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा दिया गया था। बालगंगाधर 1856 में महाराष्ट्र में हिन्दू परिवार में जन्में थे। इनका निधन 1920 में हुआ। तिलक 1890 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। इन्होंने मराठी में 'केसरी' और अंग्रेजी मे 'मराठा' का प्रकाशन किया।

13. Mahatma Gandhi was initially opposed to women's participation in Salt Satyagraha. Who persuaded him to allow women to join the movement ?
शुरूआत में महात्मा गाँधी नमक आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी के पक्ष में नहीं थे। निम्न में से किसने उन्हें महिलाओं को आंदोलन में जुड़ने की स्वीकृति देने के लिए मनाया?

(a) Ambabai/अंबाबाई
(b) Pandita Ramabai/पंडिता रमाबाई
(c) Tarabai Shinde/ताराबाई शिन्दे
(d) Sarojini Naidu/सरोजिनी नायडू

Ans. (d) : शुरूआत में महात्मा गाँधी नमक आन्दोलन में महिलाओं की भागीदारी के पक्ष में नहीं थे परन्तु सरोजनी नायडू ने महिलाओं को आन्दोलन में जुड़ने की स्वीकृति देने के लिए मनाया। सरोजनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष (1925 में 40वाँ) बनने वाली प्रथम भारतीय महिला थी। यह उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल थी। इन्हें भारत की कोकिला कहा जाता था।

14. Which of the following combinations is not matched correctly ?
निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही सुमेलित नहीं है?

(a) Lord Mountbatten – The last British Viceroy of Inia
लार्ड माउंटबेटेन – भारत का अंतिम ब्रिटिश वायसराय
(b) Direct Action Day – August 15, 1946
सीधी कारवाई दिवस –
(c) Bombay Session of the Congress – July, 1946/
कांग्रेस का बांबे अधिवेश – जुलाई, 1946
(d) Dr. B.R. Ambedkar – First Law Minister of India
बी.आर. अंम्बेडकर – भारत के पहले कानून मंत्री

Ans. (b) : भारतीय उपमहाद्वीप से अंग्रेजों के जाने के पश्चात् मुस्लिम लीग द्वारा 16 अगस्त 1946 ई0 को 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' के रूप में मनाया था। इस दिवस का मुख्य कारण मुस्लिम देश की मांग बनी रहना है। मुस्लिम बहुल जनसंख्या वाले एक अलग देश का दावा करना था। इस कार्यवाही दिवस की शुरूआत मुहम्मद अली जिन्ना ने की थी। जुलाई 1946 में कांग्रेस का अधिवेशन मेरठ में हुआ था जिसकी अध्यक्षता जे.बी. कृपलानी ने किया। अतः विकल्पानुसार विकल्प B एवं C दोनों सही सुमेलित नहीं है।
नोट- आयोग ने इसका उत्तर विकल्प B माना है।

15. In which of the follwing layers of the atmosphere do the meteorites burn up ?
निम्नलिखित परतों में से वायुमंडल की कौन-सी परत में उल्का पिंड जल जाते हैं?

(a) Stratosphere/समताप मंडल
(b) Troposphere/क्षोभमंडल
(c) Thermosphere/बाह्य वायुमंडल
(d) Mesosphere/बहिर्मंडल

Ans. (d) : अधिकांश उल्काएँ वायुमण्डल की मध्यमंडल परत में जल जाती है। मध्यमण्डल समतापमण्डल के ऊपर और बाह्य वायुमण्डल के नीचे 50 से 80 किलोमीटर की ऊँचाई पर स्थित है। मध्यमण्डल पृथ्वी का सबसे ठण्डा स्थान है क्योंकि मेसोपॉज का औसत तापमान -80^0C है।

16. Consider the following statements about longitudes.
देशांतर याम्योत्तरों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) All meridians of longitudes are of equal length/सभी देशांतरीय याम्योत्तरों की लम्बाई समान होती है।
(B) The value of Prime Meridian is 0^0 longitude/प्रमुख याम्योत्तर का मान 0^0 देशांतर है।
(C) The equator represents 60^0 longitude/भूमध्यरेखा 60^0 देशांतर याम्योत्तर को निरूपित करती है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सत्य हैं।
(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) और (C) सत्य हैं।
(c) Only (A) is true/केवल (A) सत्य है।
(d) Only (B) is true/केवल (B) सत्य है।

Ans. (a) : सभी देशांतरीय याम्योत्तरों की लम्बाई समान होती है। किसी स्थान की कोणीय दूरी जो प्रधान याम्योत्तर के पूर्व या पश्चिम में होती है, देशांतर कहलाती है। प्रधान याम्योत्तर रेखा का मान 0^0 देशांतर होता है। यह लंदन के ग्रीनविच से होकर गुजरती है। 0^0 के दोनों ओर 180^0 तक देशांतर रेखाएँ होती है, जो कुल मिलाकर 360^0 है। 1^0 देशान्तर की भूमध्य रेखा पर दूरी 111.32 किमी. है। 1^0 देशातर की दूरी तय करने में पृथ्वी को 4 मिनट का समय लगता है।

17. Why is torrid zone receiving maximum heat ?
उष्ण कटिबंध-क्षेत्र सबसे अधिक ऊष्मा क्यों प्राप्त करते हैं?

(a) Because sun is exactly overhead at least once a year in tropical region/क्योंकि उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में कम से कम वर्ष में एक बार सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है।
(b) Because earth is tilted/क्योंकि पृथ्वी झुकी हुई है।
(c) Because of earth rotation/पृथ्वी के घूर्णन के कारण
(d) Because of earth's revolution/पृथ्वी की परिक्रमा करने के कारण

Ans. (a) : उष्ण कटिबंध निम्न कारणों से अधिक ऊष्मा प्राप्त करता है–
(i) उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में कम से कम वर्ष में एक बार सूर्य ठीक सिर के ऊपर चमकता है।
(ii) सूर्य की तिरछी किरणों की तुलना में लम्बवत सूर्य की किरणें अधिक ऊष्मा देती है।

18. The opening time of Central Government offices in India is 9:00 a.m. IST, what will be the local time of opening of the Central Government offices located at 78^0 East Longitude near Dehradun and $91^0$45' East Longitude near Dispur, respectively ?
भारत में केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को खुलने का समय 9:00 पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) है। देहरादून के समीप 78^0 पू. देशांतर पर और दिसपूर के समीप $91^0$45' पू. देशांतर पर स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय क्या होगा?

(a) 08:42 a.m. and 09:37 a.m. respectively/08:42 पूर्वाह्न और 09:37 पूर्वाह्न क्रमशः
(b) 09:37 a.m. and 08:42 a.m. respectively/09:37 पूर्वाह्न और 08:42 पूर्वाह्न क्रमशः
(c) 09:18 a.m. and 08:23 a.m. respectively/09:18 पूर्वाह्न और 08:23 पूर्वाह्न क्रमशः
(d) 08:23 a.m. and 09:18 a.m. respectively/08:23 पूर्वाह्न और 09:18 पूर्वाह्न क्रमशः

Ans. (a) : भारत में केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के खुलने का समय 9:00 पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) है। देहरादून के समीप 78^0 पू. देशांतर पर और दिसपुर के समीप $91^0$45' पू0 देशांतर पर स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के खुलने का समय 8:42 पूर्वाह्न और 09:37 पूर्वाह्न क्रमशः है।

19. Which are the cities connected by Golden Quadrilateral ?
कौन-से शहर स्वर्ण चतुर्भुजीय मार्ग द्वारा जुड़े हैं?

(a) Delhi, Kandla, Chennai and Kolkatta/दिल्ली, काण्डला, चेन्नई, कोलकत्ता
(b) Delhi, Mumbai, Chennai and Guwahati/दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, गुवाहाटी
(c) Delhi, Mumbai, Chennai and Kolkatta/दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कोलकत्ता
(d) Chandigarh, Kandla, Tuticorin and Guwahati/चंढ़ीगढ़, काण्डला, तुतीकोरणा, गुवाहाटी

Ans. (c) : स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरूआत 2001 में देश के चार महानगरों दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई को चार लेन वाले राजमार्गों से जोड़ने वाली द्रुतगामी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना है। यह परियोजना 2012 में पूर्ण हुई।

20. Match List-I with List-II and select the correct answer.
सूची-I का सूची-II से मिलान कर सही उत्तर का चयन करें :

I	II
(A) Tropical deciduous/ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती	**(i) Close to Equator and Tropics/भूमध्य रेखा एवं उष्ण कटिबंध के पास**
(B) Tropical Evergreen/ उष्णकटिबंधीय सदाबहार	**(ii) South East USA, South China East Brazil/ दक्षिण-पूर्वी अमेरिका, दक्षिण चीन एवं दक्षिण पूर्वी ब्राजील**
(C) Temperate Evergreen शीतोष्ण सदाबहार	**(iii) India, Northern Australia, Central America/ भारत, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया एवं मध्य अमेरिका**
(D) Temperate Deciduous/शीतोष्ण पर्णपाती	**(iv) North Eastern USA, China, New Zealand, Chile/ उत्तरी पूर्वी, अमेरिका, चीन, न्यूजीलैण्ड, चिली**

(a) (A) - (i), (B) - (iii), (C)-(iv), (D)-(ii)
(b) (A)-(iii), (B) - (i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(c) (A)- (i), (B)-(ii), (c)- (iv), (d)- (iii)
(d) (A)- (ii), (B)- (iv), (C)- (iii), (D)- (ii)

Ans. (b) : सही सुमेलन निम्न है–

I	II
(a) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती	(II) भारत, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया एवं मध्य अमेरिका
(b) उष्णकटिबंधीय सदाबहार	(I) भूमध्य रेखा एवं उष्ण कटिबंधीय के पास
(c) शीतोष्ण सदाबहार	(IV) दक्षिण-पूर्वी अमेरिका, दक्षिण चीन एवं दक्षिण पूर्वी ब्राजील
(d) शीतोष्ण पर्णपाती	(III) उत्तरी-पूर्वी, अमेरिका, चीन, न्यूजीलैण्ड, चिली

21. Choose the correct option for the statements gien below :
निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Endogenic forces sometimes produce sudden movements/अंतर्जनित बल (एंडोजेनिक फोर्स) कभी-कभी आकस्मिक गति उत्पन्न करते हैं।
(B) Sudden moments like earthquakes and volcanoes cause mass destruction on the surface of the earth/भूकंप और ज्वालामुखी जैसी आकस्मिक गति के कारण पृथ्वी की सतह पर अत्यधिक हानि होती है।

विकल्प

(a) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct explanation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (B) are correct but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is correct and (B) is incorrect/(A) सही है तथा (B) गलत है।
(d) (A) is incorrect and (B) is correct/(A) सही है तथा (B) गलत है।

Ans. (a) : अंतर्जनित बल (एंडोजेनिक फोर्स) कभी-कभी आकस्मिक गति उत्पन्न करते हैं। अंतर्जात बल वे आंतरिक बल है जो पृथ्वी के आंतरिक भाग से अपनी शक्ति प्राप्त करते हैं। पृथ्वी के आंतरिक भाग में कार्य करने वाले बलों को अंतर्जात बल कहा जाता है। यह मुख्य रूप से भूमि निर्माण करने वाले बल हैं। अंतर्जनित बल भूकम्प और ज्वालामुखी जैसे अचानक गति का उत्पादन करते हैं। इससे पृथ्वी की सतह की अत्यधिक हानि होती है। पृथ्वी की सतह पर कार्य करने वाले बलों को बहिर्जात बल कहते हैं।

22. Which among the following statements is correct ?
निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Troposphere contains a layer of OZone gas which protects us from harmful effect of the sun rays/क्षोभमण्डल : इसमें ओज़ोन गैस की परत पाई जाती है जो हमें सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभाव से बचाती है।

(b) In stratosphere, Meteorites burn up on entering from the space/समतापमण्डल : अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड इस परत में आने पर जल जाते हैं।

(c) In Mesosphere, temperature rise very rapidly with increasing height/मध्यमण्डल : इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है।

(d) In Thermosphere, radio waves are reflected back/बाह्य वायुमण्डल : रेडियो तरंगे इस परत द्वारा पुनः परावर्तित कर दी जाती है।

Ans. (d) : बाह्य वायुमण्डल की परत रेडियो संचरण में मदद करती है। बाह्यमंडल में तापमान तेजी से बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता है। पृथ्वी से प्रेषित रेडियो तरंगे इस परत के माध्यम से वापस पृथ्वी पर परिवर्तित हो जाती है।

23. Consider the following statements about insolation and choose the correct option.
आतपन के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Insolation is the incoming solar energy intercepted by the earth/सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा जिसे पृथ्वी रोक लेती है, आतपन कहलाती है।

(B) The amount and the intensity of the insolation vary during a day, in a second and in a year/आतपन की मात्रा और प्रबलता दिनों में, ऋतुओं में और सालभर बदलती रहती है।

(C) The amount of insolation increases from the equator towards the poles/आतपन की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ती है।

Options :
विकल्प :

(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही है।

(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) तथा (C) सही है।

(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) तथा (C) सही है।

(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सही है।

Ans. (a) : सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा, जिसे पृथ्वी रोक लेती है, आतपन कहलाती है। पृथ्वी की सतह अपनी अधिकांश ऊर्जा लघु तरंग दैर्ध्य के रूप में प्राप्त करती है। पृथ्वी एक गोले के समान एक भू-आकृति है। सूर्य की किरणें वायुमण्डल के शीर्ष पर तिरछी पड़ती है और पृथ्वी सूर्य की ऊर्जा के एक बहुत कम भाग को ग्रहण करती है। सूर्यातप की मात्रा और तीव्रता एक दिन, एक मौसम और एक वर्ष में बदलती रहती है। सूर्यातप (आयतन) की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर घटती है। अतः कथन– 'A' और कथन–'B' सत्य है।

24. Which means of transport of India has the largest network in Asia ?
एशिया में भारत के किस यातायात के साधन का सबसे बड़ा जाल है?

(a) Roadways/सड़कमार्ग (b) Railways/रेलमार्ग
(c) Waterways/जलमार्ग (d) Pipelines/पाइपलाइन

Ans. (b) : एशिया में भारत के रेलमार्ग यातायात के साधन का सबसे बड़ा जाल है। भारत में अमेरिका, चीन, रूस के बाद विश्व का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। भारत में 1,26,366 किमी. लम्बा कुल रेल नेटवर्क है। भारत में प्रथम रेल लाइन मुंबई और थाणे के बीच बिछायी गयी थी, जिसकी लम्बाई 34 किमी. थी। 16 अप्रैल 1853 ई0 को इसी रेल लाइन पर पहली रेलगाड़ी चलायी गयी।

25. Choose the correct options for the given statement./दिए गए कथन के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:

Human being are a special resource because of
मानव एक विशेष संसाधन किस कारण है?

(A) Skills/कौशल
(B) Knowledge/ज्ञान
(C) Technology/प्रौद्योगिकी
(D) Personality/व्यक्तित्व

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (D)/केवल (D)
(d) Only (C)/केवल (C)

Ans. (a) : लोग अधिक संसाधन बनाने के लिए प्रकृति का सर्वोत्तम उपयोग तब कर सकते हैं जब उनके पास ऐसा करने के लिए ज्ञान, कौशल और तकनीक हो। इसीलिए मनुष्य एक विशेष संसाधन है। अतः A और B सत्य है।

26. Consider the following statements.
निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

(A) Metallic mineral mainly found in sedimentary rocks/धात्विक खनिज मुख्यतः अवसादी शैल समूह में पाए जाते हैं।

(B) Mineral fuels such as coal and petroleum are also found in the sedimentary strata/खनिज ईंधन जैसे कोयला और पेट्रोलियम भी अवसादी स्तर में पाए जाते हैं।

Choose the correct options :
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Both (A) and (B) are true but (B) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (B) सही व्याया है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं, किन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (d) : धात्विक खनिज मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से प्राप्त होते हैं। आग्नेय चट्टानों का निर्माण तप्त एवं तरल मैग्मा के ठण्डा होने से होता है। आग्नेय चट्टाने रवेदार होती है। इन्हें प्राथमिक चट्टाने भी कहते हैं। अवसादी तथा रूपांतरित चट्टाने इससे निर्मित होती है।

खनिज ईंधन जैसे कोयला और पेट्रोलियम भी अवसादी स्तर पर पाए जाते हैं। अवसादी चट्टानों का निर्माण पृथ्वी तल पर आग्नेय व रूपांतरित चट्टानों के अपरदन व निक्षेपण के फलस्वरूप अवसादी चट्टानों में जीवाश्म अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। अतः कथन- A असत्य है तथा कथन - B सत्य है।

27. What do we call the rows of trees are planted to check the wind movement to protect the soil from erosion ?
वृक्षों की उन कतारों को क्या कहा जाता है, जो मृदा को अपरदन से बचाने हेतु वायु की गति को रोकने के लिए लगाई जाती है?

(a) Intercropping/अंतरा सस्यन
(b) Shelter belts/आश्रय पट्टी
(c) Contour planting/समोच्च रोपण
(d) Strip plantation/पट्टीदार रोपण

Ans. (b) : वृक्षों की उन कतारों को आश्रय पट्टी कहा जाता है, जो मृदा को अपरदन से बचाने हेतु वायु की गति को रोकने के लिए लगायी जाती है। इसका उपयोग कृषि भूमि, भवनों, पशुओं को हवा और मिट्टी को कटाव से बचाने के लिए किया जाता है।

28. Values, beliefs, ideas and characteristics passed from one generation to the next is called :
एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित मूल्यों, विश्वासों, विचारों व लक्षणों को कहते हैं :

(a) Customs/रिवाज/रुढ़ि
(b) Ethnicity/नृजातीयता
(c) Culture/संस्कृति
(d) Assimilation/आत्मसातकरण

Ans. (c) : एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित मूल्यों, विश्वासों, विचारों व लक्षणों को संस्कृति कहते है। संस्कृति लोगों के अपेक्षाकृत बड़े समूह द्वारा साझा ज्ञान की प्रणाली है। एक संस्कृति लोगों के एक समूह के जीवन जीने का एक तरीका है।

29. Identify a behaviour/situation which reflects 'Prejudice'.
उस व्यवहार/स्थिति को पहचानिये जो 'पूर्वाग्रह' को प्रतिबिंबित करती है।

(A) Giving preferential treatment to English speaking people/अंग्रेजी बोलने वालों को व्यवहार में प्राथमिकता देना।
(B) Making friends with people of one's own caste and religion only/केवल अपने धर्म व जाति के लोग को मित्र बनाना
(C) Separate queues for females and males /महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग पंक्तियाँ होना।
(D) Paying homage to places of one's own religion/ केवल अपने धर्म के पवित्र स्थलों का सम्मान करना।

Choose the correct option :
सही विकल्प को चुनिए :

(a) (A) and (D)/(A) और (D)
(b) (A) and (B)/(A) और (B)
(c) (C) and (D)/(C) और (D)
(d) (B) and (C)/(B) और (C)

Ans. (b) : उस व्यवहार/स्थिति में पहचाने गए कथन निम्न हैं, जो पूर्वाग्रह को प्रतिबंधित करती है–
(A) अंग्रेजी बोलने वालों को व्यवहार में प्राथमिकता देना।
(B) केवल अपने धर्म व जाति के लोगों को मित्र बनाना।

30. Consider the following statements :
निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

(A) Costa Rica is considered to be one of the healthiest countries in Central America/ कोस्टारिका को मध्य अमेरिका का सबसे स्वस्थ देश माना जाता है।
(B) Instead of spending money on Army, Costa Rican Government decided to spend on safe drinking water, sanitation and nutrition/ कोस्टारिका की सरकार ने सेना पर खर्च करने की बजाय साफ व सुरक्षित पानी, सफाई और पोषण पर खर्च करने का निर्णय लिया।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (B) are true but (B) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (B) सही व्याया है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं, किन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (a) : कोस्टारिका को मध्य अमेरिका का सबसे स्वस्थ देश माना जाता है। यह उत्तर में निकारागुआ, दक्षिण-पूर्व में पनामा और पश्चिम में प्रशांत महासागर से घिरा है। कोस्टरिका की राजधानी सैन जोस है। हाल ही में कोस्टारिका की सरकार ने सेना पर खर्च करने के स्थान पर साफ व सुरक्षित पानी, सफाई और पोषण पर खर्च करने का निर्णय लिया है। कोस्टारिका की अर्थव्यवस्था पर्यटन, कृषि और इलेक्ट्रॉनिक्स पर आधारित है।
अतः कथन (A) और कथन - (B) दोनों सत्य हैं तथा कथन-(B) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

31. Which of the following statements is true about democratic government ?
एक प्रजातांत्रिक सरकार के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Government has the power to make decisions but not to enforce its decision/सरकार के पास कानून बनाने की ताकत तो होती है, पर लागू करने की नहीं।
(b) Without laws the government's power to make decisions is not of much use/कानूनों के बिना सरकार की निर्णय लेने की शक्ति का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।
(c) In representative democracy people do participate directly/प्रतिनिधि लोकतंत्र में लोग प्रत्यक्ष रूप से भाग लेते हैं।
(d) In a democratic government few adults are allowed to vote/प्रजातांत्रिक सरकार में कुछ वयस्कों को वोट देने का अधिकार होता है।

Ans. (b) : एक प्रजातांत्रिक सरकार के लिए कानूनों के बिना सरकार की निर्णय लेने की शक्ति का कोई अर्थ नहीं रह जाता है कथन सही है। एक प्रजातांत्रिक सरकार में विधि का शासन होता है। प्रजातांत्रिक सरकार में सम्पूर्ण शक्ति जनता में निहित होती है।

32. Most of the working women in India are engaged in :
भारत में अधिकांश कामकाजी महिलाएँ निम्नलिखित क्षेत्र में कार्य करती है?

(a) Agricultural work/कृषि-कार्य
(b) Medical profession/चिकित्सीय पेशे में
(c) Teaching work/शिक्षण कार्य
(d) Private companies/निजी कंपनियों में

Ans. (a) : भारत में अधिकांश कामकाजी महिलाएँ कृषि क्षेत्र में कार्य करती है। कृषि जनगणना के अनुसार 73.2% ग्रामीण महिलाएँ कृषि गतिविधियों में संलग्न है, परन्तु केवल 8% महिलाओं के पास भूमि का स्वामित्व है।

33. Which of the following is/are true in reference to minimum wages ?
न्यूनतम वेतन के संदर्भ में कौन-सा/से कथन सत्य है?

(A) Minimum wages are not meant to protect workers/न्यूनतम वेतन का कानून मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नहीं बनाया गया है।
(B) A worker has to be paid less the minimum wages by the employer/एक मजदूर को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी ही देनी हैं।
(C) It is legal to deny workers the wages as fixed by the government/सरकार द्वारा मजदूरों के लिए सुनिश्चित किया गया वेतन न देना गैर - कानूनी है।

Options :/ विकल्प :
(a) (A) and (B)/(A) तथा (B)
(b) (B) and (C)/(B) तथा (C)
(c) Only (A)/केवल (A)
(d) Only (C)/केवल (C)

Ans. (d) : न्यूनतम वेतन से तात्पर्य है कि सरकार द्वारा मजदूरों के लिए सुनिश्चित किया गया वेतन न देना गैर-कानूनी है। न्यूनतम-जीवन स्तर या भरण पोषण के लिए आवश्यक वेतन को 'न्यूनतम वेतन' कहा जाता है।

34. It is the decision of the ..... that creates a democratic government and decides about its functioning.
यह ..... का निर्णय होता है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार बनाता है और इसके कामकाज़ के बारे में निर्णय लेता है:

(a) elected government/निर्वाचित सरकार
(b) people of India/भारत के लोगों
(c) members of Rajya Sabha/राज्यसभा के सदस्यों
(d) members of Lok Sabha/लोकसभा के सदस्यों

Ans. (b) : यह भारत के लोगों का निर्णय होता है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार बनाता है और इसके कामकाज के बारे में निर्णय लेता है।

35. The women as compared to men labor both inside the home and outside. This condition is referred to as .....
पुरुष की तुलना में घर में और घर के बाहर दोनों जगहों पर एक श्रमिक के रूप में महिला की स्थिति ..... के रूप में निर्दिष्ट है।

(a) Double burden/दोहरा बोझ
(b) Over burden/अधिभार
(c) Double duty/दोहरा काम
(d) Over time/अधिसमय

Ans. (a) : पुरुष की तुलना में घर में और घर के बाहर दोनों जगहों पर एक श्रमिक के रूप में महिला की स्थिति दोहरा बोझ के रूप में निर्दिष्ट है।

36. The Preamble of the Constitution of India does not refer to ..... justice.
भारत के संविधान की प्रस्तावना में ..... न्याय का उल्लेख नहीं कियाा गया :

(a) Social/सामाजिक (b) Economic/आर्थिक
(c) Legal/कानूनी (d) Political/राजनीतिक

Ans. (c) : भारत के संविधान की प्रस्तावना में कानूनी न्याय उल्लेख नहीं किया गया है। भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय का उल्लेख है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पाँच प्रकार की स्वतंत्रता - विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना का वर्णन है।

37. If Rishad from Parsi community opened an Educational institution based on the teaching of his faith, Which of the following constitutional provisions enabled him to do so?
अगर पारसी समुदाय से रिशद अपनी आस्था के शिक्षण के आधार पर एक शैक्षिक संस्थान खोलता है। निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान उसे ऐसा करने के लिए सक्षम बनाता है?

(a) Right of freedom of religion/धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to equality/समानता का अधिकार
(c) Right to cultural development and education/सांस्कृतिक विकास और शिक्षा का अधिकार
(d) Right to freedom/स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (c) : अगर पारसी समुदाय से रिशद अपनी आस्था के शिक्षण के आधार पर एक शैक्षिक संस्थान खोलता है तो भारतीय संविधान अनुच्छेद - 30 के तहत सांस्कृतिक विकास और शिक्षा के अधिकार प्रदान करता है।

विषय	–	अनुच्छेद
समानता का अधिकार	–	14–18
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार	–	25–28
स्वतंत्रता का अधिकार	–	19–22

38. Who is the final interpreter of the Constitution of India ?
संविधान की व्याख्या का अधिकार मुख्य रूप से किसके पास होता है?
(a) Legislature/विधायिका
(b) Executive/कार्यपालिका
(c) Judiciary/न्यायपालिका
(d) Parliament/संसद

Ans. (c) : संविधान की व्याख्या का अधिकार मुख्य रूप से न्यायपालिका के पास होता है। भारतीय संविधान में एकीकृत न्यायपालिका का वर्णन किया गया है। भारत की न्यायिक व्यवस्था इकहरी है जिसके शीर्ष पर सर्वोच्च न्यायालय है। सर्वोच्च न्यायालय के गठन संबंधित प्रावधान अनुच्छेद - 124 में वर्णित है। सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्णय को पुनर्विलोकन करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद–137 के तहत वर्णित है।

39. In 2005, a high level committee chaired by Justice Rajinder Sachar studied and examine the ..... status of the Muslim community in India :
2005 में न्यायमूर्ति राजिन्दर सच्चर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति ने भारत में मुस्लिम समुदाय की ..... स्थिति का अध्ययन और जाँच की।
(a) Economic/आर्थिक (b) Political/राजनीतिक
(c) Social/सामाजिक (d) Educational/शैक्षिक
Choose the correct combinations to fill in the blank./रिक्त स्थान को भरने के लिए सही संयोजन का चयन कीजिए :
(a) Economic, Political and Social/आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक
(b) Economic, Political and Educational/आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक
(c) Political, Educational and Social/राजनीतिक, शैक्षिक और सामाजिक
(d) Economic, Social and Educational/आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक

Ans. (d) : वर्ष 2005 में न्यायमूर्ति राजिन्दर सच्चर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने भारत में मुस्लिम समुदाय की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का अध्ययन और जाँच की।

40. Which real life incident established the right to livelihood as part of the Right to Life ?
किस जीवन की वास्तविक घटना ने जीवन के अधिकार के हिस्से के रूप में आजीविका के अधिकार के अधिकार को स्थापित किया ?
(a) Once some slum-dwellers were evicted from Mumbai city/एक बार कुछ झुग्गीवासियों को मुंबई शहर से बाहर निकाल दिया गया था।
(b) Injured farmer Hakim Sheikh/घायल किसान हकीम शेख
(c) Discrimination faced by Omprakash because he was a Dalit/ओमप्रकाश को दलित होने के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा
(d) The protest of Samykut Kisan Morcha (SKM)/संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का विरोध

Ans. (a) : ''एक बार कुछ झुग्गीवासियों को मुम्बई शहर से बाहर निकाल दिया गया था।'' इस जीवन की वास्तविक घटना ने जीवन के अधिकार के हिस्से के रूप में आजीविका के अधिकार को स्थापित किया। यह अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 21 के तहत मिला अधिकार है।

41. One can use the word CE (Common Era) in place of .....
सी.ई. (कॉमन एरा) शब्द का प्रयोग ..... के स्थान पर किया जा सकता है।
(a) BCA (b) AE
(c) AD (d) ACE

Ans. (c) : सी.ई. (कॉमन एरा) शब्द का प्रयोग AD के स्थान पर किया जाता है।

42. The following are statements regarding interdisciplinary approach to social sciences.
सामाजिक विज्ञान की अंतर्विषयिक उपागम के संबंध में निम्नलिखित कथन हैं।
(A) All themes must be discussed in an interdisciplinary manner/सभी थीम की अंतर्विषयिक तरीके से परिचर्चा (चर्चा) होनी चाहिए।
(B) For an enabling curriculum in an interdisciplinary manner/योग्य बनाने वाली पाठ्यचर्या के लिए, अंतर्विषयिक चिंतन आवश्यक है।
(C) The boundaries of disciplines need to be opened up, and a plurality of approaches are applied to understand a given phenomenon/विषयों की परिधियों को खोलने की आवश्यकता है तथा प्रदत्त परिघटनाओं को समझने के लिए उपागमों की बहुलता का प्रयोग किया जाता है।

(D) The discipline that make up the social sciences i.e., history, geography, political science etc. have distinct methodologies./ विषय जो सामाजिक विज्ञान, बनाते हैं, जैसे - इतिहास, भूगोल राजनीतिक विज्ञान आदि का विशिष्ट विधि - तंत्र है।

Choose the option comprising correct statements
सही कथनों वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(c) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(d) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की अंतर्विषयिक उपागम के संबंध में निम्न कथन सत्य हैं–
(B) योग्य बनाने वाली पाठ्यचर्चा के लिए, अंतर्विषयिक चिंतन आवश्यक है।
(C) विषयों की परिधियों को खोलने की आवश्यकता है तथा प्रदत्त परिघटनाओं को समझने के लिए उपागमों की बहुलता का प्रयोग किया जाता है।
(D) विषय जो सामाजिक विज्ञान बनाते हैं जैसे - इतिहास भूगोल, राजनीतिक विज्ञान आदि का विशिष्ट विधि - तंत्र है।

43. Story - telling method in teaching a social science subject is most useful for which level of education ?/सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण में कहानी कहने की विधि किस स्तर की शिक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी है?

(a) Foundational level/बुनियादी स्तर
(b) Preparatory level/प्रारंभिक स्तर
(c) Secondary level/माध्यमिक स्तर
(d) It can be used across levels/यह हर एक स्तर पर उपयोग हो सकती है

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षण में कहानी कहने की विधि हर एक स्तर पर शिक्षा के लिए सर्वाधिक उपयोगी हो सकती है।

44. In this situation of discomfort with respect to certain terms or concepts in social science, what is expected from a teacher ?
सामाजिक विज्ञान में कुछ शब्दावलियों अथवा संकल्पनाओं के संबंध में असहजता की स्थिति में एक शिक्षक से क्या अपेक्षित है?

(a) She should not bring up such issues in the classroom/उसे ऐसे विषयों को कक्षा में नहीं लाना चाहिए।
(b) She should avoid teaching such topics/उसे ऐसे विषयों के शिक्षण से बचना चाहिए।
(c) She should teach with sensitivity while respecting everyone's dignity/सभी के गौरव का सम्मान करते हुए उसे संवेदनशीलता के साथ-पढ़ाना चाहिए
(d) She should read out loud and go to next topic/उसे उच्च स्वर में पढ़ना चाहिए और अगले विषय पर जाना चाहिए

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान में कुछ शब्दावलियों अथवा संकल्पनाओं के संबंध में असहजता की स्थिति में एक शिक्षक सभी के गौरव का सम्मान करते हुए उसे संवेदनशीलता के साथ पढ़ाना अपेक्षित है।

45. If a teacher of Andhara Pradesh is teaching a topic of equality, the socio-economic conditions of which of the following may find a mention as a more relevant example for the discussion ?
अगर आंध्र - प्रदेश की एक शिक्षिका 'समानता' विषय का अध्यापन कर रही है तो निम्नलिखित में से किसकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का उल्लेख परिचर्चा के लिए एक अधिक प्रासंगिक उदाहरण के रूप में होगा?

(a) The Chenchus/चेन्चू (b) The Baigas/बैगा
(c) The Mishmis/मिश्मिस (d) The Orans/ओरण

Ans. (a) : अगर आंध्र-प्रदेश की एक शिक्षिका 'समानता' विषय का अध्यापन कर रही है तो चेन्चू जनजाति की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का उल्लेख परिचर्चा के लिए एक अधिक प्रासंगिक उदाहरण के रूप में होगा।

46. While teaching a topic such as food security, which of the following may be more appropriate in the social science class ?
(b) Pre conventional Level/पूर्व पारंपरिक स्तर
(c) Conventional Level/पारंपरिक स्तर
(d) Formal conventional Level/अमूर्त परंपारिक स्तर

Ans. (b) : कोहलबर्ग के नैतिक विकास के अनुसार पूर्व पारंपरिक स्तर पर नैतिक समझ-सजा, ईनाम व प्राधिकारियों की शक्ति पर आधारित होती है। इस स्तर पर नैतिकता बाहरी रूप से नियंत्रित होती है तथा सजा से बचने या पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण के आँकड़ों द्वारा लगाए गए नियमों की पुष्टि की जाती है। पूर्व पांरपरिक स्तर के दौरान दो चरण आज्ञाकारिता/सजा और स्व-हित या यंत्रवाद है। पूर्व-पारंपरिक नैतिक तर्क तब होता है जब बच्चे सजा से बचने या इनाम पाने के लिए नियमों का पालन करते है।

7. **The importance of cultural tools such as language in cognitive development has been proposed by _____ in his _____.**
संज्ञानात्मक विकास में भाषा जैसे सांस्कृतिक साधनों के महत्व को _____ ने अपने _____ सिद्धांत में प्रस्तावित किया है।
(a) Lev Vygotsky; socio-cultural theory/लेव वायगोत्स्की; सामाजिक-सांस्कृतिक
(b) Lev Vygotsky; behavioristic/लेव वायगोत्स्की; व्यवहारवादी
(c) Jean Piaget; behavioristic/जीन पियाजे; व्यवहारवादी
(d) Jean Piaget; socio-cultural theory/जीन पियाजे; सामाजिक-सांस्कृतिक

Ans. (a) : संज्ञानात्मक विकास में भाषा जैसे सांस्कृतिक साधनों के महत्व को लेवायगोत्स्की ने अपने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त में प्रस्तावित किया है। इस सिद्धान्त के अनुसार बालक के संज्ञानात्मक विकास पर सामाजिक कारकों (परिवार, समाज, विद्यालय, मित्र-मंडली, परिवेश व भाषा का प्रभाव पड़ता है। वाइगोत्स्की के अनुसार बालक का विकास समाज के द्वारा होता है अर्थात् सामाजिक अंतः क्रिया के द्वारा बालक ज्ञान का अर्जन करता है। जिसके फलस्वरूप उनका संज्ञानात्मक, शारीरिक व सामाजिक विकास होता है

8. **Lev Vygotsky proposed that children :**
लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया कि बच्चे →
(a) Learn passively through the processes of repetition and recall/पुनरावृत्ति और स्मरण की प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्क्रिय रूप से सीखते हैं।
(b) Go through eight sequential stages of cognitive development./संज्ञानात्मक विकास के आठ क्रमिक चरणों से गुजरते है।
(c) Have a lot of potential that includes things that they are able to do with support from others./के विकास में बहुत सारी संभावनाएं है जिनमें वे चीजें शामिल हैं जो वे दूसरों के समर्थन से करने में सक्षम हैं।
(d) Are born with fixed intellectual abilities at birth which cannot be changed./जन्म के समय निश्चित बौद्धिक क्षमताओं के साथ पैदा होते हैं जिन्हें बदला नहीं जा सकता।

Ans. (c) : लेव वाइगोत्स्की ने प्रस्तावित किया कि बच्चे के विकास में बहुत सारी संभावनाएँ है जिनमें वे चीजें शामिल हैं जो वे दूसरों के समर्थन से करने में सक्षम हैं।

9. **In progressive classroom, the teacher :**
एक प्रगतिशील कक्षा में, शिक्षिका :
(a) follows 'learning by doing' approach based on the child's interests./बच्चों की रूचि के अनुरूप 'करके सीखने' की पद्धति का पालन करती है।
(b) follows the pedagogy of repeated practice and rote memorization./बारम्बार अभ्यास व रटन्त स्मरण की प्रक्रिया का पालन करती है।
(c) ensures that all teaching is directed towards examinations./सुनिश्चित करती है कि सभी अधिगम परिक्षाओं की तरफ केन्द्रित हो।
(d) promotes competition rather than collaboration./सहयोग के बजाए प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है।

Ans. (a) : प्रगतिशील कक्षा छात्रों के लिए वास्तविक दुनिया की स्थितियों का अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है इसमें शिक्षिका बच्चों की रुचि के अनुरूप 'करके सीखने' की पद्धति का पालन करती है, बच्चों को ज्ञान के निर्माण के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है तथा विद्यार्थियों को उनके अकादमिक अंकों के आधार पर नामांकित करती है। प्रगतिशील कक्षा में अध्यापक द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का पालन किया जाता है तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा पर बल दिया जाता है।

10. The ability to understand oneself and know one's thoughts, emotions, feelings, motives is called :
खुद को समझने व अपने विचार, संवेग, भावनाओं, अभिप्रेरण को पहचानने के कौशल किस प्रकार की बुद्धि में शामिल है?

(a) Musical Intelligence/संगीतमय बुद्धि
(b) Spatial Intelligence/स्थानिक बुद्धि
(c) Intrapersonal Intelligence/अंतः वैयक्तिक बुद्धि
(d) Social Intelligence/सामाजिक बुद्धि

Ans. (c) : खुद का समझने व अपने विचार, संवेग, भावनाओं, अभिप्रेरण को पहचानने के कौशल अंतः वैयक्तिक बुद्धि मे शामिल हैं। अंतः वैयक्तिक बुद्धि स्वयं की भावनाओं, भय और इच्छाओं को समझने की क्षमता विकसित हो जाती है। अंतः वैयक्तिक बुद्धि जीवन को प्रभावी ढंग से योजनाबद्ध करने विनियमित करने और प्रबंधित करने की क्षमता है।

11. According to Lev Vygotsky :
लेव वायगोत्स्की के अनुसार:

(a) Language and cognitive development are not related to each other./भाषा व संज्ञानात्मक विकास का आपस में कोई संबंध नहीं है।
(b) Language and cognitive development take place independent of each other./भाषा व संज्ञानात्मक प्रक्रियाओ का विकास एक दूसरे से स्वतंत्र होता है।
(c) Language facilitates the shared experiences necessary for building cognitive processes./भाषा उन साझे अनुभवों को सुसाधित करती है जो संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक हैं।
(d) Language development takes place after cognitive development/भाषा का विकास संज्ञानात्मक विकास के पश्चात होता है।

Ans. (c) : लेव वायगोत्स्की के अनुसार भाषा उन साझे अनुभवों को सुसाधित करती है जो संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है। वाइगोत्सकी के अनुसार भाषा समाज द्वारा दिया गया प्रमुख सांकेतिक उपकरण है जो कि बालक के विकास में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

12. Assessment for learning includes :
(i) Categorization and labeling of students in same ability groups.
(ii) Understanding the processes of students' thinking.
(iii) Finding out readiness levels of students.
अधिगम के आकलन करने में निम्नलिखित में से क्या शामिल है?
(i) विद्यार्थियों को समान क्षमता वाले समूहों में वर्गीकृत करना और नामीकरण करना।
(ii) विद्यार्थियों के चिंतन प्रक्रियाओं को समझना।
(iii) बच्चों के सीखने की तैयारी के स्तर का पता लगाना।

(a) (i), (ii) (b) (ii), (iii)
(c) (i), (iii) (d) (i), (ii), (iii)

Ans. (b) : अधिगम के आकलन शिक्षार्थी के ज्ञान, समझ, कौशल और मूल्यों को विकसित करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग करने में मदद करता है जिसे वे अपने व्यवहार में प्रतिबिंबित करने में सक्षम होते हैं। यह छात्रों की क्षमताओं, आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है। इसके द्वारा विद्यार्थियों के चिंतन प्रक्रियाओं को समझा जाता है। तथा बच्चों के सीखने की तैयारी के स्तर का पता लगाया जाता है।

13. Statement that-"Boys are intelligent while girls are compliant", is an example of :
यह कथन कि- ''लड़के बुद्धिमान होते हैं जबकि लड़कियां आज्ञाकारी होती है।'', किसका उदाहरण है?

(a) Gender equity/जेंडर समता
(b) Gender stereotype/जेंडर रूढ़िवादिता
(c) Gender equality/जेंडर समानता
(d) Gender role flexibility/जेंडर भूमिका में लचीलापन

Ans. (b) : यह कथन कि – ''लड़के बुद्धिमान होते हैं जबकि लड़कियाँ आज्ञाकारी होती है। जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण है। जब किसी तरह के व्यवहार, मान्यताओं और विशेषताओं को किसी एक जेंडर पर मढ़ दिया जाए तो वह जेंडर रूढ़िवादिता कहलाता है। जैसे– महिलाओं से हमेशा अपेक्षा रहती है कि उनका व्यवहार सभ्य, परवाह करने वाला और प्यार भरा होगा वहीं पुरुषों से अपेक्षा रहती है कि वो हमेशा आक्रामक और निर्भीक रहेंगें।

14. Assessment should be :
आकलन किस प्रकार का होना चाहिए?

(a) Only quantitative/केवल मात्रात्मक
(b) Comprehensive/व्यापक
(c) Standardised/मानकीकृत
(d) Only Summative/केवल योगात्मक

Ans. (b) : आकलन छात्र के प्रदर्शन के मूल्यांकन के चरणों में से एक है। यह अधिगम की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से जानकारी एकत्र करने, प्राप्त करने और उपयोग करने की एक प्रक्रिया है यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग है जो छात्र के अध्ययन को सुगम बनाने और निर्देशों को बेहतर बनाने में मदद करता है अतः आकलन व्यापक रूप से होना चाहिए।

15. Why should children be assessed?
बच्चों का मूल्यांकन क्यों किया जाना चाहिए?

(a) To compare the performance of children/ बच्चों के प्रदर्शन की तुलना करने के लिए
(b) To encourage competition among children/ बच्चों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए
(c) To identify and label slow learners/धीमी गति से सीखने वालों की पहचान और नामीकरण के लिए
(d) To improve the process of teaching-learning/ सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सुधार करने के लिए

Ans. (d) : मूल्यांकन शैक्षिक नियोजन के लिए, विश्वसनीय निर्णय लेने और सीखने की प्रक्रिया की प्रभावशीलता को निर्धारित करने पर केन्द्रित है। अतः किसी बच्चे का मूल्यांकन सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सुधार करने के लिए किया जाता है।

16. Inclusive education stresses on:
समावेशी शिक्षा किस पर बल देती है?

(a) enhancing the potential of each student./प्रत्येक छात्र की क्षमता को बढ़ाने पर
(b) viewing gaps in learning as deficiencies./ सीखने में कमियों के रूप में देखने पर

(c) assessing cognitive skills on the basis of academic performance./शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर संज्ञानात्मक कौशल के आकलन पर

(d) setting same parameters of learning and assessment of each child./प्रत्येक बच्चे के सीखने और मूल्यांकन के समान मानदंड निर्धारित करने पर

Ans. (a) : समावेशी शिक्षा से आशय उस शिक्षा प्रणाली से है जिसमें एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ विद्यालय में अधिकतर समय बिताता है। अतः समावेशी शिक्षा प्रत्येक छात्र की क्षमता को बढ़ाने पर बल देती है। इसमें शिक्षक कक्षा में विषमता के दायरे के साथ कक्षा का आयोजन करता है। इसमें विविधता को महत्व दिया जाता है। सभी प्रकार के बच्चों को कक्षा में शामिल किया जाता है। तथा सभी को सीखने और बढ़ने के समान अवसर प्रदान किया जाता है।

17. Assertion (A) : When teachers believe that children coming from disadvantaged backgrounds have the capacities of learning and make them feel belonged in the classroom they are likely to improve their performance.
Reason (R) : Teachers beliefs about children and their abilities influence children.
Choose the correct option :
कथन (A) : जब शिक्षक मानते हैं कि वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों में सीखने की क्षमता है और उन्हें कक्षा में अपनेपन का एहसास कराते हैं तो उनके प्रदर्शन में सुधार की संभावना है।
तर्क (R) : बच्चों और उनकी क्षमताओं के बारे में शिक्षकों का विश्वास बच्चों को प्रभावित करता है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों है।

Ans. (a) : जब शिक्षक मानते हैं कि वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों में सीखने की क्षमता है और उन्हें कक्षा में अपनेपन का एहसास कराते हैं तो उनके प्रदर्शन में सुधार की संभावना है क्योंकि बच्चों और उनकी क्षमताओं के बारे में शिक्षकों का विश्वास बच्चों को प्रभावित करता है। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

18. Presentation of content in _____ facilitates _____.
_____से सामग्री की प्रस्तुति_____को सुगम बनाती है।

(a) Multiple ways; learning of all children/कई तरीके; सभी बच्चों के अधिगम

(b) Multiple ways; learning of special children only/कई तरीके; केवल विशेष बच्चों के अधिगम

(c) Uniform manner; learning of all children/एकसमान तरीके; सभी बच्चों के अधिगम

(d) Uniform manner; learning of special children only/एकसमान तरीके; केवल विशेष बच्चों के अधिगम

Ans. (a) : कई तरीके से सामग्री की प्रस्तुति सभी बच्चों के अधिगम को सुगम बनाती है क्योंकि जब बच्चों को विविध सामग्रियों के प्रस्तुतीकरण द्वारा शिक्षण कराने से उनमें अवधारणाओं के प्रति एक विशेष समझ का विकास होता है जिससे कि वे अत्यन्त ही रुचि के साथ कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करतें हैं जिससे कि एक अर्थपूर्ण अधिगम व प्रभावी कक्षा-कक्ष का निर्माण होता है।

19. Which of the following is NOT a reasonable accommodation for students with learning disability?
सीखने की अक्षमता वाले छात्रों के लिए निम्नलिखित में से कौन सा उचित समायोजन नहीं है?

(a) Allowance for frequent breaks between tasks/कार्यो के बीच बार-बार विराम के लिए समय

(b) Extending allotted time for test/परीक्षण के लिए आवंटित समय का विस्तार

(c) Providing a space with minimal distractions/न्यूनतम विकर्षणों के साथ कार्य स्थल प्रदान करना

(d) Standardized tests for assessment/मूल्यांकन के लिए मानकीकृत परीक्षण

Ans. (d) : सीखने की अक्षमता वाले छात्रों के मूल्यांकन के लिए मानकीकृत परीक्षण का उपयोग करना उचित समायोजन नहीं है जबकि कार्यों के बीच बार –बार विराम के लिए समय, परीक्षण के लिए आवंटित समय का विस्तार तथा न्यूनतम विकर्षणों के साथ कार्य स्थल प्रदान करना अधिगम अक्षम बच्चों में सहायता प्रदान करता है।

20. Flexibility, fluency and originality of ideas are typical identifying characteristics of:
धारणाओं में लचीलापन, धाराप्रवाहिता और मौलिकता निम्नलिखित में से किसकी प्रतिनिधिक अभिज्ञेय विशेषताएँ हैं ?

(a) Creative learners/रचनात्मक शिक्षार्थी

(b) Convergent thinkers/अभिसारी विचारक

(c) Rigidity of thought/ विचारण/विवेचन में अनम्यता

(d) Autism/स्वलीनता

Ans. (a) : रचनात्मक का अर्थ कुछ अलग ढंग से सोचना या करना है। रचनात्मक को कुछ मूल उत्पादन करने की क्षमता के रूप में माना जाता है। एक रचनात्मक शिक्षार्थी वह होता है। जिसमें निम्न गुण होता है:-
जो अपसारी पार्श्व सोच में अच्छा होता है।
जिसमें अत्यधिक विकसित समस्या-समाधान की क्षमता है।
जिसमें मौलिक और कल्पनाशील विचारों को बनाने की क्षमता है।
इनमें जागरुकता की एक उच्च जिज्ञासा होती है।
जिसमें विचारों की धारा प्रवाहिता होती है।
ये अच्छी यादों के साथ तेजी से सीखते हैं।
इनमें जिज्ञासु व आवेगी स्वभाव होता है।
अतः धारणाओं में लचीलापन, धारा प्रवाहिता और मौलिकता रचनात्मक शिक्षार्थी की प्रतिनिधिक अभिज्ञेय विशेषताएँ है।

21. Teachers should focus on use of _____curriculum and _____assessment.
शिक्षकों को _____ पाठ्यचर्या और _____ मूल्यांकन का उपयोग करना चाहिए।

(a) Fragmented; standardised/खंडित; मानकीकृत
(b) Decontextualised; summative/गैर-संदर्भित; योगात्मक
(c) Flexible; formative/लचीला; रचनात्मक
(d) Uniform; normative/एकसमान; मानक

Ans. (c) : शिक्षकों को लचीला पाठ्यचर्या और रचनात्मक मूल्यांकन का प्रयोग करना चाहिए जिससे छात्र नियम व मानकीकृत पाठ्यक्रम से स्वतंत्र होकर स्वच्छन्द तरीके से अध्ययन करें व अर्थपूर्ण अधिगम करे क्योंकि रचनात्मक मूल्यांकन का उपयोग निर्देश देते समय छात्रों की सीखने की प्रगति की निगरानी के लिए किया जाता है। अतः यह मूल्यांकन छात्र को उसकी सफलता या असफलता के बारे में निर्देशात्मक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिक्रिया प्रदान करता है यह उन विशिष्ट अधिगम की पहचान भी करता है जिन्हें ठीक करने की आवश्यकता है।

22. A teacher should enable students to become effective problem-solvers by: /एक शिक्षक को छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता बनने में सक्षम किस प्रकार बनाना चाहिए ?

(a) Generating fear/भय उत्पन्न करके
(b) Inducing stress and tension/तनाव और तनाव को प्रेरित करके
(c) Encouraging use of passive memorization strategies/निष्क्रिय संस्मरण रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित करके
(d) Encouraging use of analogical thinking/समान सोच के उपयोग को प्रोत्साहित करके

Ans. (d) : एक शिक्षक को छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता बनने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है कि बच्चों की समान सोच के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाये जिससे कि वे समस्या समाधान के तरीकों पर विचार करने में सक्षम हो सकें।

23. The process of construction of knowledge and making meaning in middle school students is facilitated through:
(i) Active exploration
(ii) Social interaction
(iii) Experimentation
(iv) Conditioning of behaviour
मध्य विद्यालय के छात्रों में ज्ञान निर्माण और अर्थ बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए किसका प्रयोग करना चाहिए?
(i) सक्रिय अन्वेषण
(ii) सामाजिक संपर्क
(iii) प्रयोग
(iv) व्यवहार का अनुबंधन

(a) (i), (iii) (b) (iii), (iv)
(c) (i), (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (c) : मध्य विद्यालय के छात्रों में ज्ञान निर्माण और अर्थ बनाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सक्रिय अन्वेषण, सामाजिक संपर्क और प्रयोग का उपयोग करना चाहिए ताकि वे सक्रिय खोजकर्ता बन सकें तथा उनमें सामाजिकता के गुणों का विकास हो सकें तथा वे करके सीखने व अवधारणाओं के प्रति विशेष समझ स्थापित करने में सक्षम हो सकें।

24. Which of the following strategies will not facilitate students conceptual understanding?
निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति छात्रों की अवधारणात्मक समझ को बढ़ावा नहीं देगी?

(a) Asking students to copy answers from the backboard as it is/छात्रों को बैकबोर्ड से ज्यो के त्यो उत्तर कॉपी करने के लिए कहना।
(b) Asking students to explain the concepts to a peer/विद्यार्थियों से किसी सहकर्मी को अवधारणाएँ समझाने के लिए कहना।
(c) Asking students to think of examples and non-examples/विद्यार्थियों से उदाहरणों और गैर-उदाहरणों के बारे में सोचने के लिए कहना।
(d) Asking students to make linkages with previous concepts/छात्रों को पिछली अवधारणाओं के साथ संबंध बनाने के लिए कहना।

Ans. (a) : छात्रों को बैकबोर्ड से ज्यों के त्यों उत्तर कॉपी करने के लिए कहना उनकी अवधारणात्मक समझ को बढ़ावा नही देगी जबकि विद्यार्थियों से किसी सहकर्मी को अवधारणाएँ समझाने के लिए कहकर, विद्यार्थियों से उदाहरणों सें और गैर-उदाहरणों के बारे में सोचने के लिए कहना तथा छात्रों को पिछली अवधारणाओं के साथ संबंध बनाने के लिए कहना और रणनीतियाँ छात्रों की अवधारणात्मक समझ को बढ़ावा देंगी।

25. How should middle school teachers deal with alternative misconceptions of students during the process of teaching-learning?
मध्य विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान छात्रों की वैकल्पिक भ्रांतियों से कैसे निपटना चाहिए?

(a) Ignore them/उन्हें अनदेखा करके
(b) Punish them/उन्हें सजा देकर
(c) Reward them/उन्हें इनाम देकर
(d) Address them/उन्हें संबोधित करके

Ans. (d) : मध्य विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के दौरान छात्रों की वैकल्पिक भ्रान्तियों को उन्हें संबोधित करने से निपटना चाहिए। ये भ्रान्तियाँ कई कारणों से उपयोग नए अनुभवों की व्याख्या करने के लिए करते है। जिससे नए अनुभवों को सही ढंग से समझने में बाधा उत्पन्न होती है। एक अध्यापिका को निश्चित रूप से इस वैकल्पिक भ्रान्तियों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वे शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण हैं अतः वे आलोचनात्मक सोच विकसित करने में बहुत सहायक हैं। इसके बिना, बच्चा अपने विचारों को सामने नही रख पायेगा और चीजों को खत्म कर देगा।

26. During brainstorming and discussions children's intuitive guesses should be:
संवाद व चर्चा के दौरान बच्चों के सहज ज्ञान युक्त अनुमान लगानेः

(a) Discouraged/को हतोत्साहित करना चाहिए।
(b) Ignored/की अवहेलना करनी चाहिए।
(c) Punished/को दंडित करना चाहिए।
(d) Facilitated/को सुसाधित करना चाहिए।

Ans. (d) : संवाद व चर्चा के दौरान बच्चों के सहज ज्ञानयुक्त अनुमान लगाने को सुसाधित करना चाहिए क्योंकि इससे बच्चों में अपने विचारों को व्यक्त करने की सामर्थ्य आती है और वे कक्षा में चर्चा के दौरान असहज नहीं महसूस करते हैं और अपनी बातों को शिक्षक के समक्ष प्रस्तुत करते है।

27. The process of problem-solving is facilitated by:
समस्या-समाधान की प्रक्रिया को किस प्रकार सुगम बनाया जा सकता है?

(a) Response set/प्रतिक्रियात्मक सधिरता को बढ़ावा देकर
(b) Convergent thinking/अभिसरण सोच को बढ़ावा देकर
(c) Functional fixedness/कार्यात्मक स्थिरता को बढ़ावा देकर
(d) Making intuitive guesses/सहज अनुमान को बढ़ावा देकर

Ans. (d) : समस्या-समाधान एक मानसिक प्रक्रिया है जिसमें समस्या का पता लगाना और समस्या को आकार देना शामिल है। सहज अनुमान को बढ़ावा देकर समस्या समाधान की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकता है। जब आप किसी समस्या में फँस जाते है तो आपकों कुछ नवीन विचारों की आवश्यकता होती है। अतः आप किसी अन्य क्षेत्रों मे समानता बनाकर कल्पनाशील विचार प्राप्त कर सकते हैं इस प्रकार उपमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करके भी समस्या-समाधान की क्षमता को सुगम बनाया जा सकता है।

28. Competition amongst students in a middle school classroom:/ मध्य विद्यालय की कक्षा में छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को:

(a) Should be encouraged since creating 'winners' and 'losers' motivates children to learn constructively./प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्यों कि 'विजेता' और 'हारे हुए' बच्चों के नामीकरण उन्हें रचनात्मक रूप से सीखने के लिए प्रेरित करते है।
(b) Should be ignored and students should be left to decide if they want to compete./नजरअंदाज किया जाना चाहिए और छात्रों को यह तय करने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए कि क्या वे प्रतिस्पर्धा करना चाहते है।
(c) Should be encouraged since it prepares students to fit into the competitive market based economies./प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह छात्रों को प्रतिस्पर्धी बाजार आधारित अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए तैयार करता है।
(d) Should be discouraged since it increases the stress and anxiety of students thereby hampering their cognitive growth./हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के तनाव और चिंता को बढ़ाता है जिससे उनके संज्ञानात्मक विकास में बाधा आती है।

Ans. (d) : मध्य विद्यालय की कक्षा में छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के तनाव और चिंता कों बढ़ाता है जिससे उनके संज्ञानात्मक विकास में बाधा आती है।

29. When children experience the emotion of _____their learning is likely to be influenced positively.
जब बच्चे _____ की भावना का अनुभव करते हैं, तो उनके सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

(a) Shame/शर्म
(b) Fear/भय
(c) Joy/खुशी
(d) Humiliation/अपमान

Ans. (c) : जब बच्चें खुशी की भावना का अनुभव करते हैं तो उनके सीखने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। खुशी एक सकारात्मक संवेग है जिसका अनुभव करके बच्चे स्वयं में संतुष्ट महसूस करते हैं और अत्यन्त ही तत्परता के साथ कार्यों का निष्पादन करते हैं जिससे उनका अधिगम सुसाधित होता है।

30. Assertion (A) : Promoting students to reflect on attributing their success and failure to internal factors helps them to work on themselves constructively.
Reason (R) : Internal attributions of success and failure help individuals to improve their performance by working harder.
Choose the correct option :
कथन (A) : छात्रों को अपनी सफलता और विफलता के लिए आंतरिक कारकों को जिम्मेदार ठहराने पर प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे उन्हें खुद पर रचनात्मक रूप से काम करने में मदद मिलती है।
तर्क (R) : सफलता और असफलता के आंतरिक गुण व्यक्तियों को कड़ी मेहनत करके अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : छात्रों को अपनी सफलता और विफलता के लिए आंतरिक कारकों को जिम्मेदार ठहराने पर प्रतिबिंबित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे उन्हें खुद पर रचनात्मक रूप से काम करने में मदद मिलती है क्योंकि सफलता और असफलता के आंतरिक गुण व्यक्तियों को कड़ी मेहनत करके अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करतें हैं अतः (A) और (R) दोनों सही है और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

SOCIAL SCIENCE

1. As people began domestication, domestic animals became gradually different from wild animals as in :
(A) Their teeth became smaller.
(B) Their horns became smaller.
जैसे-जैसे लोगों ने पशुओं को पालतू बनाना आरंभ किया, पालतू पशु धीरे-धीरे जंगली पशुओं से इस रूप से भिन्न होते गए:
(A) उनके दाँत छोटे हो गए।
(B) उनके सींग छोटे हो गए।
(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are correct/(A) और (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are incorrect/(A) और (B) दोनों सही नहीं हैं

Ans. (c) : जैसे-जैसे लोगों ने जानवरों को पालतू बनाना आरम्भ किया वैसे-वैसे उनके शारीरिक छोटे सींग के बनावट में बदलाव होने लगा उनके दाँत, छोटे होते गये, उनके बाल भी छोटे होते गये उनके स्वभाव में परिवर्तन होने लगा आदि।

2. Match the following in the context of campaigns of Mughal kings and choose the appropriate option.
मुगल शासकों के अभियानों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए, और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए

A		B	
(a)	**Battle of Chanderi/ चंदेरी का युद्ध**	**(i)**	**1632**
(b)	**Battle of Chausa/ चौसा का युद्ध**	**(ii)**	**1685**
(c)	**Ahmadnagar Annexed/ अहमदनगर को राज्य में मिला लिया**	**(iii)**	**1528**
(d)	**Bijapur Annexed/ बीजापुर को राज्य में मिला लिया**	**(iv)**	**1539**

(a) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (iii), (d) - (i)
(b) (a) - (iv), (b) - (ii), (c) - (iii), (d) - (i)
(c) (a) - (iii), (b) - (iv), (c) - (i), (d) - (ii)
(d) (a) - (i), (b) - (iii), (c) - (iv), (d) - (ii)

Ans. (c) :

सूची (A)	सूची (B)
(I) चंदेरी का युद्ध –	1528 ई.
(II) चौसा का युद्ध –	1539 ई.
(III) अहमदनगर को राज्य में मिलाया जाना –	1632 ई.
(IV) बीजापुर को राज्य में मिलाया जाना –	1685 ई.

3. Which of the following Gupta rulers used the title of 'Maharaja-adhiraja'?
निम्नलिखित में से किस गुप्तवंश शासक ने 'महाराजाधिराज' की उपाधि का प्रयोग किया था?
(A) Chandragupta II/ चन्द्रगुप्त द्वितीय
(B) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(C) Vishnugupta/विष्णुगुप्त
(D) Chandragupta/चन्द्रगुप्त
Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (B) and (C)/(B) और (C)
(c) (C) and (D)/(C) और (D)
(d) (B) and (D)/(B) और (D)

Ans. (d) : महाराजाधिराज की उपाधि समुद्रगुप्त और चन्द्रगुप्त ने धारण किया था जबकि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने विक्रमादित्य, 'शकारी एवं राजाधिराज की उपाधि धारण किया था। विष्णु गुप्त का अन्य नाम कौटित्य या चणक्य था। बृहत्कथाकोश के अनुसार चाणक्य की पत्नी का नाम यशोमती था।

4. With reference to medieval Indian history, what does 'Pietra Dura' refer to ?
मध्यकालीन भारत के इतिहास के संदर्भ में, 'पिएत्रा ड्यूरा' से क्या तात्पर्य है?
(a) It was a type of an intricate textile design quite popular in the Deccan and nearby areas under Mughals./यह एक प्रकार की कपड़े की जटिल डिज़ाइन थी जो मुगलों के अधीन दक्कन और आस-पास के इलाकों में लोकप्रिय थी।
(b) Coloured hard stones placed in depressions carried into marble on sand stone creating beautiful patterns./ये उत्कीर्णित संगमरमर अथवा बलुआ पत्थर पर रंगीन, कठोर पत्थर को दबाकर बनाए गए सुंदर तथा अलंकृत नमूने थे।
(c) A variety of musical instruments played during Mughal wedding rituals./मुगल विवाह की रस्मों के दौरान बजाए जाने वाले वाद्य यंत्रों की एक किस्म।
(d) A kind of coloured photograph brought from Iran to the Mughal Court./एक प्रकार का रंगीन चित्र जो ईरान से मुगल दरबार में लाया गया था।

Ans. (b) : पिएत्रा ड्यूरा शैली भवन निर्माण से जुड़ी हुई है इसमें उत्कीर्ण संगमरमर एवं बलुआ पत्थर पर रंगीन, कठोर पत्थर को दबाकर सुंदर अलंकृत नमूने बनाये जाते थे। इसका पहला उदाहरण एत्मादुदौला का मकबरा है।

5. Match the following in the context of regional cultures and choose the appropriate option.
क्षेत्रीय संस्कृतियों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान किजिए, और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

A		B	
(a)	**Mahodayapuram/ महोदयपुरम**	**(i)**	**Orissa/ उड़ीसा**
(b)	**Ananta Varman/ अनंतवर्मन**	**(ii)**	**Kerala/ केरल**

(c)	**Mangala Kavyas/ मंगलकाव्य**	**(iii)**	**Kangra/ कांगड़ा**
(d)	**Basohli/ बसोहली**	**(iv)**	**Bengal/ बंगाल**

(a) (a) - (i), (b) - (iv), (c) - (iii), (d) - (ii)
(b) (a) - (iii), (b) - (ii), (c) - (iv), (d) - (i)
(c) (a) - (ii), (b) - (iv), (c) - (iii), (d) - (i)
(d) (a) - (ii), (b) - (i), (c) - (iv), (d) - (iii)

Ans. (d) : समुलेलित सूची इस प्रकार है।

सूची (I)		सूची (II)
(I) महोदयपुरम	–	केरल
(II) अनंतवर्मन	–	उड़ीसा
(III) मंगलकाव्य	–	बंगाल
(IV) बहोसली	–	कांगड़ा

6. Read the following statements and choose the appropriate option.
(A) Aryabhatta stated that day and night were caused by the rotation of the earth on its axis.
(B) Aryabhatta developed a scientific explanation for eclipses.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
(A) आर्यभट्ट ने लिखा कि दिन और रात पृथ्वी के अपनी धुरी पर चक्कर काटने की वजह से होते हैं।
(B) आर्यभट्ट ने ग्रहण के बारे में वैज्ञानिक तर्क दिया।
(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (a) : आर्यभट्ट ने ग्रहण के बारे में वैज्ञानिक तर्क दिया था उन्होंने बताया कि दिन और रात पृथ्वी के अपनी धुरी पर चक्कर काटने की वजह से होती है इनका प्रसिद्ध ग्रंथ आर्यभट्टीयम है।

7. Which of these is not matched correctly ?
इनमें से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) Manigramam and Nanadesi - guilds/मणिग्रामम और नानादेसी - व्यापार संघ
(b) Shikaste and Nastalig - styles of writing/शिकस्ते व नस्तलिक - लेखन की शैली
(c) Vetti and Kadamai - categories of land/वेट्टी और कदमाई - भूमि की श्रेणियाँ
(d) Muvendar and Araiyar - titles/मुवेन्दवेर और अरैयर - उपाधियाँ

Ans. (c) : सही सुमेल है –

मणिग्रामम् और नानादेशी	–	व्यापर संघ
शिकस्ते व नस्तलिख	–	लेखन की शैली
वेट्टी और कदमाई	–	बेगार कर एवं भू-राजस्व कर
मुवेन्दवेर और अरैयर	–	उपाधियाँ

8. Consider the following statements and choose the option containing correct statement(s).
(I) The Ashokan Pillar at Allahabad provides information about emperor Ashoka.
(II The inscription on Ashokan Pillar was composed as a Kavya by Harishena.
(III)The Prashastis were written about the common people and the social life.
Options:
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही कथन वाले विकल्प का चयन कीजिए।
(I) इलाहाबाद में अशोक -स्तम्भ, सम्राट अशोक के बारे में सूचना प्रदान करता है।
(II) अशोक-स्तम्भ पर अभिलेख, हरिषेण द्वारा एक काव्य के रूप लिखे गए थे।
(III) प्रशस्तियों में जन साधारण एवं सामाजिक जीवन के बारे में लिखा गया था।
विकल्प:
(a) Only (I)/केवल (I)
(b) Only (II)/केवल (II)
(c) Only (III)/केवल (III)
(d) Both (I) and (II)/(I) और (II) दोनों

Ans. (b) : इलाहाबाद का अशोक स्तम्भ या प्रयाग प्रशस्ति समुद्रगुप्त के दरबारी कवि हरिषेण द्वारा लिखवाया गया है जिसमें इसके विजयों का वर्णन है। इसी अभिलेख में इसे कविराज भी कहा गया। अशोक मौर्य वंश के सबसे प्रसिद्ध शासक थे। वह ऐसे पहले शासक थे जिन्होनें अमिलेखों द्वारा जनता तक अपने संदेश पहुँचाने की कोशिश की। अशोक के ज्यादातर अभिलेख प्राकृत भाषा और ब्राही लिपि में है।

9. Read the statements (A) and (B) and choose the correct option:
(A) Veerasalingam Pantulu formed an association for widow remarriage in Madras Presidency.
(B) Swami Dayanand Saraswati, founded the reform association called 'Arya Samaj' also supported widow remarriage.
Options:
कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें एवं सही उत्तर चुनें:
(A) वीराशलिंगम पंतुलु ने विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में मद्रास प्रेसीडेंसी में एक संगठन बनाया था।
(B) आर्य समाज की स्थापना करने वाले स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया।
विकल्प:
(a) Both (A) and (B) are ture/दोनों (A) एवं (B) सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/दोनों (A) एवं (B) गलत हैं।
(c) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(d) Only (B) is true/केवल (B) सही है।

Ans. (a) : वीराशलिंगम पंतुलु ने विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में मद्रास प्रेसीडेंसी में एक संगठन बनाया था। आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द सरस्वती भी विधवा विवाह के समर्थक थे। अतः दोनों कथन सत्य है।

10. Why were Singh Sabhas formed in the nineteenth Century India?
(A) To fight against British Government
(B) To get rid of superstitions prevailing in Sikhim
(C) To do away with caste distinctions and discriminatory practices
(D) To promote education among Sikhs
Options:
उन्नीसवीं शताब्दी के भारत में सिंह सभाओं का गठन क्यों हुआ?
(A) अंग्रेज सरकार के विरूद्ध लड़ाई के लिये
(B) सिक्खों में प्रचलित अंधविश्वासों से छुटकारा पाने के लिये
(C) जाति प्रतिष्ठा और भेदभाव की प्रथाओं को समाप्त करने के लिए
(D) सिक्खों में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए
विकल्पः
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (b) : उन्नीसवीं शताब्दी मे भारत में सिंह सभा का गठन किया सिक्खों में प्रचलित अंधविश्वास से छुटकारा मिल सके, शिक्षा का प्रसार हो सके तथा जाति प्रथा और भेदभाव को समाप्त किया जा सके। स्वाभिमान आंदोलन दक्षिण भारत में शुरू किया गया एक आन्दोलन है जिसका उद्देश्य एक ऐसे समाज को प्राप्त करना है जिसमें उत्पीड़ित जातियों को समान मानव अधिकार प्राप्त हो।

11. Which of the following movements was critical of exercising authority on the basis of religion in the early twentieth century India?
भारत में प्रारंभिक बीसवीं शताब्दी में धर्म के आधार पर, अधिकार जमाने/अधिपत्य स्थापित करने की निम्नलिखित में से कौन सा आंदोलन आलोचना करता है?
(a) Satyashodhak Samaj/सत्यशोधक समाज
(b) Self Respect Movement/स्वाभिमान आंदोलन
(c) Arya Samaj/आर्य समाज
(d) Brahma Samaj/ब्रह्म समाज

Ans. (b) : स्वाभिमान आंदोलन भारत में प्रारम्भिक बीसवी शताब्दी में धर्म के आधार पर अधिपत्य स्थापित करने की विचारधारा की आलोचना करता है।

12. Which one of the following is NOT true about Ilbert Bill?
इल्बर्ट बिल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
(a) The bill provid for the trial of British a European persons by Indian judges./इस विधेयक में प्रावधान किया गया था कि भारतीय न्यायाधीश भी ब्रिटिश या यूरोपीय व्यक्तियों पर मुकदमे चला सकते हैं।
(b) The bill provid for 'No' trial of British a European persons by Indian judges./इस विधेयक में प्रावधान किया गया था कि भारतीय न्यायाधीश ब्रिटिश या यूरोपीय व्यक्तियों पर मुकदमें नहीं चला सकते हैं।
(c) The bill sought equality between British and Indian judges in the Country./बिल, भारतीय तथा ब्रिटिश न्यायाधीशों के बीच समानता स्थापित करता था।
(d) Europeans working in British India wanted the Government to introduce the bill./भारत में काम कर रहे अंग्रेजों ने सरकार से इस बिल को लाने की माँग की।

Ans. (b) : इल्बर्ट बिल 1883 ई. में लाया गया था। इसमें भारतीय एवं ब्रिटिश न्यायाधीशों को एक समान श्रेणी में रखा गया था। इस बिल में यह प्रावधान किया गया था। कि भारतीय न्यायधीश भी ब्रिटिश व्यक्तियों के मुकदमें की सुनवाई कर सकते है। इस बिल के लिए ब्रिटिश नागरिकों ने सरकार से मांग की थी।

13. Match the following in the context of India's freedom movement and choose the appropriate option.

List-I	List-II
(a) Kols Rebellion	**(i) 1910**
(b) Santhal Rebellio	**(ii) 1940**
(c) Bastar Rebellion	**(iii) 1855**
(d) Warli Revolt	**(iv) 1831-32**

Options:
भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित का सुमेल कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिएः

सूची-I	सूची-II
(a) कोल विद्रोह	**(i) 1910**
(b) संथाल विद्रोह	**(ii) 1940**
(c) बस्तर विद्रोह	**(iii) 1855**
(d) वर्ली विद्रोह	**(iv) 1831-32**

विकल्पः
(a) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(b) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(c) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)/र

Ans. (a) : सही सुमेल है –

सूची (I)		सूची (II)
(I) कोल विद्रोह	–	1831–32
(II) संथाल विद्रोह	–	1855
(III) बस्तर विद्रोह	–	1910
(IV) वर्ली विद्रोह	–	1940

14. Which one of the following new states came into being on 1 October 1953?
निम्नलिखित में से किस नए राज्य का गठन 1 अक्टूबर 1953 को हुआ?
(a) Tamil Nadu/तमिलनाडु
(b) Karnataka/कर्नाटक
(c) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(d) Maharashtra/महाराष्ट्र

Ans. (c) : 1 अक्टूबर 1953 को प्रथम भाषाई राज्य के रूप में आंध्र प्रदेश का गठन किया गया था। भाषायी आधार पर राज्य गठन हेतु बनी समितियों के सुझाव पर पूरे देश में राज्यों के पुनर्गठन को लेकर व्यापक आंदोलन शुरु हुए, जिनमें मद्रास प्रेसीडेंसी से अलग आंध्र राज्य बनाने की मांग सबसे प्रबल थी। इस कारण सरकार को 1953 में आन्ध्र प्रदेश के रूप में नया राज्य बनाना पड़ा।

15. Which of the following maps shows the vegetation distribution?
निम्न में कौन सा मानचित्र वनस्पति के वितरण को दर्शाता है?

(a) Physical map/भौतिक मानचित्र
(b) Political map/राजनैतिक मानचित्र
(c) Thematic map/थिमैटिक मानचित्र
(d) Sketch/खाका

Ans. (c) : थिमैटिक मानचित्र वनस्पति के वितरण को दर्शाता है। थीमैटिक मानचित्र विशेष जानकारिया प्रदान करते है- जैसे सड़क मानचित्र वर्षा मानचित्र वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र इत्यादि।
नोट→ मानचित्र के तीन घटक है- दूरी, दिशा और प्रतीक।

16. When we travel from an Indian city to Canberra, (149°7' E) the capital of Australia, how many hours we will gain or lose (let us ignore the time required to reach the city) ?
जब हम एक भारतीय शहर से ऑस्ट्रेलिया की राजधानी केनबेरा (149°7 पूर्व) की यात्रा करेंगे तब हम कितने घंटे अर्जित करेंगे या गवाएँगे (शहर तक पहुचनें के लिए लगने वाले आवश्यक समय को हम नज़रअंदाज़ कर दें)?

(a) Lose about 5 hours/लगभग 5 घंटे गवाएँगे
(b) Lose about 10 hours/लगभग 10 घंटे गवाएँगे
(c) Lose about 15 hours/लगभग 15 घंटे गवाएँगे
(d) Gain about 5 hours/लगभग 5 घंटे अर्जित करेंगे

Ans. (a) : भारतीय शहर एवं आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा की यात्रा करने पर लगभग 5 घण्टें के समय में कमी आती है।

17. Read the following statements (A) and (B) and choose the appropriate option.
(A) Summer solstice occurs on June 21 and Tropic of Capricorn receives direct sunrays.
(B) Winter solstice occurs on January 22 and Tropic of Cancer receives direct sunrays.
नीचे दिए गए कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(A) 21 जून को उत्तर आयनांत होता है तथा मकर रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।
(B) दक्षिण अयनांत 22 जनवरी को होता हैं, तथा कर्क रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

(a) Both (A) and (B) are true./(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false./(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true./(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (b) : 21 जून को सूर्य उत्तर की ओर अयनांत होता है तब कर्क रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है जिससे उत्तरी गोलार्द्ध में सर्वाधिक लम्बे दिन होते है। 22 दिसम्बर को शीत अयनांत होता हे। जब किरणे मकर रेखा पर सीधी पड़ती है। अतः दोनों कथन असत्य है।

18. Read the following statements about globe and choose the appropriate option.
(A) On the globe countries, continents and ocean are shown in their correct size.
(B) Globe is useful when we want to study a part of the earth.
Options:
ग्लोब के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा उचित विकल्प का चयन करिए।
(A) ग्लोब पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।
(B) ग्लोब हमारे लिए उपयोगी तब होता है जब हमें पृथ्वी के केवल एक भाग का अध्ययन करना हो।
विकल्पः

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) is true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is true/न तो (A) सही है न ही (B) सही है।

Ans. (a) : ग्लोब पर देशो, महाद्वीपो तथा महासागरो को उनके सही आकार में दिखाया जाता है। ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है।

19. Which of the following is the main mineral constituent of the continental mass?
निम्नलिखित में से कौन से महाद्वीपीय संहति के निर्माण के मुख्य खनिज हैं?

(a) Silica and Magnesium/सिलिका और मैग्नीशियम
(b) Silica and Alumina/सिलिका और ऐलुमिना
(c) Silica and Iron/सिलिका और लौह
(d) Magnesium and Alumina/मैग्नीशियम और ऐलुमिना

Ans. (b) : सिलिका और ऐलुमिना महाद्वीपीय संहति के निर्माण में मुख्य खनिज पदार्थ है। पृथ्वी की पर्पटी अनेक प्रकार की शैलों से बनी है। पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राकृतिक पिंड को शैल कहते हैं।

20. Match List-I to List-II and select the correct answer.
सूची-I का सूची-II से मिलान कर सही उत्तर का चयन करें।

List-I (Forest)/ सूची-I (वन)		List-II (Major Trees)/ सूची-II (मुख्य वृक्ष)	
(A)	**Temperate Deciduous/ शीतोष्ण पर्णपाती**	**(i)**	**Sal, Teak, Shisham/ साल, सागवान, शीशम**
(B)	**Tropical Deciduous उष्णकटिबंधीय पर्णपाती**	**(ii)**	**Oak, Pine, Eucalyptus/बांज, चीड़, यूकेलिप्टस**
(C)	**Tropical Evergreen उष्णकटिबंधीय सदाबहार**	**(iii)**	**Oak, Ash, Beech/ बांज, ऐश, बीच**
(D)	**Temperate Evergreen/ शीतोष्ण सदाबहार**	**(iv)**	**Rose wood, Ebony, Mahogany/ रोजवुड आबनूस, महोगनी**

(a) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)
(b) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii,) (D)-(iv)
(c) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(ii)
(d) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है –

सूची–I (वन)	सूची–II (मुख्य वृक्ष)
शीतोष्ण पर्णपाती –	बांस, ऐश, बीच
उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती –	सागवन, साल, शीशम
उष्णकटिबंधीय सदाबहार –	रोजवुड, आबनूस, महोगनी
शीतोष्ण सदाबहार –	चीड़, यूकेलिप्टस

21. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option in the context of tides.
Assertion (A) : During the full moon and new moon days the tides are highest.
Reason (R) : The Sun, Moon and the Earth are in the same line and the strong gravitational pull exerted by the Sun and Moon causes the highest tide.
निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और ज्वार के संदर्भ में उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
अभिकथन (A) : पूर्णिमा एवं अमावस्या के दिनों में सबसे ऊँचे ज्वार उठते है।
कारण (R) : सूर्य, चन्द्रमा एवं पृथ्वी एक सीध में होते हैं और सूर्य एवं चन्द्रमा के शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ऊँचे ज्वार आते हैं।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true./(A) गलत है लेकिन (R) सही है।

Ans. (a) : सूर्य, चन्द्रमा एवं पृथ्वी एक सीध में होते है तो सूर्य एवं चन्द्रमा के शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ऊँचे ज्वार आते हैं। पूर्णिमा और अमावस्या, पर अक्सर ऊँचे ज्वार उठते हैं। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

22. Which among the following are NOT permanent winds?
निम्न में से कौन सी स्थाई पवनें नहीं हैं?
(a) Westerlies winds/पश्चिमी पवनें
(b) Easterlies winds/पूर्वी पवनें
(c) Monsoon winds/मानसूनी पवनें
(d) Trade winds/व्यापारिक पवनें

Ans. (c) : मानसूनी पवनें स्थायी नहीं होती यह मानसून के अनुसार चलने वाली पवने होती है। व्यापारिक पवनें पश्चिमी पवने और पूर्वी पवने स्थायी पवने है। ये वर्ष भर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती है।

23. Which is the correct order of the layers of atmosphere starting from the surface of the earth?
पृथ्वी की सतह से आरंभ होते हुए वायुमंडल की परतों का सही क्रम कौन सा है?
(a) Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Troposphere/समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, क्षोभमंडल
(b) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere/क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल
(c) Stratosphere, Troposphere, Thermosphere, Mesosphere/समतापमंडल, क्षोभमंडल, बाह्य वायुमंडल, मध्यमंडल
(d) Mesosphere, Troposphere, Stratosphere, Thermosphere/मध्यमंडल, क्षोभमंडल, समतापमंडल, बाह्य वायुमंडल

Ans. (b) : वायुमण्डल की परतों का सही क्रम इस प्रकार है – क्षोभमण्डल, समताप मण्डल, मध्यमण्डल बाह्य वायुमण्डल एवं बर्हिमंडल।

24. In which type of rural settlement dwellings are built in close vicinity?
किस प्रकार की ग्रामीण बस्तियों में घर पास-पास बने होते है?
(a) Linear/रेखीय (b) Circular/वृताकार
(c) Scattered/प्रकीर्ण (d) Compact/सघन

Ans. (d) : घननी या सघन बसी हुई ग्रामीण बस्तियों में घर पास-पास बने होते हैं। ग्रामीण बस्ती अधिक निकटता से तथा पृत्यक्ष रूप से भूमि से नजदीकी संबंध रखती है। यहाँ के निवासी अधिकतर प्राथमिक गतिविधियों में लगे रहते हैं। जैसे→ कृषि, पशुपालन, मछली पकड़ना आदि।

25. What is the importance of mulching ?
पलवारने (मल्चिंग का महत्व क्या है?)

(a) It keeps pest away/पीड़कों को दूर रखता है।
(b) It helps in better growth of plants/पौधों की बेहतर वृद्धि में सहायक है।
(c) It acts as a fertilizer/उर्वरक की भांति कार्य करता है।
(d) It helps in retaining soil moisture/मृदा की नमी बनाए रखने में सहायक है।

Ans. (d) : पलवार (मल्चिंग) से मृदा की नमी बरकार रहती है क्योंकि पलवार में मृदा को प्लास्टिक की एक पतली परत से ढँक दिया जाता है जिससे वाष्पोत्सर्जन नहीं हो पाता।

26. Which of the following statements is NOT true in the context of minerals?/खनिजों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) Minerals have a definite chemical composition./खनिजों का निश्चित रासायनिक संयोजन होता है।
(b) Naturally occurring substances./ये प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थ हैं।
(c) Evenly distributed over space./पूरे स्थान में समान (बराबर) रूप से फैले होते हैं।
(d) Found in a particular area or rock formations./किसी विशिष्ट क्षेत्र अथवा चट्टानों के गठन में पाए जाते हैं।

Ans. (c) : खनिज प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले तत्व होते है। इनका एक निश्चित रासायनिक संयोजन होता है, ये किसी विशेष क्षेत्र या चट्टानों के गठन में पाये जाते है। इस प्रकार कथन (c) सही नही है।

27. Which industry is of the oldest industry in the world?
कौन सा उद्योग विश्व का प्राचीनतम उद्योग है?

(a) Iron industry/लौह उद्योग
(b) Cotton Textile industry/कपास वस्त्र उद्योग
(c) Jute industry/जूट उद्योग
(d) Rubber industry/रबड़ उद्योग

Ans. (b) : कपास वस्त्र उद्योग विश्व के प्राचीनतम उद्योग के रूप में जाना जाता है। धागे से कपड़े की बुनाई एक प्राचीन कला है। कपास , ऊन, सिल्क जूट और पटसन का प्रयोग वस्तु निर्माण में होता है।

28. Read the following statements (A) and (B) and choose the appropriate option.
Statement (A) : The terms 'State' and 'Government (B) : Government is responsible for administrating and enforcing laws where as the state refers to a political institution that represents a sovereign people who occupy a definite territory.
निम्नलिखित कथनों (A) और (B) को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन (A) : पद 'राज्य' और 'सरकार' का अन्तर्बदल नही किया जा सकता।
कथन (B) : सरकार कानूनों के प्रबंधन और उन्हें लागू करने के लिए उत्तरदायी है जबकि राज्य एक ऐसी राजनीतिक संस्था है जो उन प्रभुता-संपन्न लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्होंने एक निश्चित क्षेत्र पर अधिकार कर रखा है।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (a) : सरकार कानूनों के प्रबंधन और उन्हें लागू करने के लिए उत्तरदायी है जबकि राज्य एक ऐसी संस्था है जो उन प्रभुता सम्पन्न लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्होंने एक निश्चित क्षेत्र पर अधिकार कर रखा है। इनका एक दूसरे में अन्तर्बदल नहीं किया जा सकता । अतः दोनों कथन सत्य है।

29. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
Statement (A) : Kerala and Ladakh have different geographical features but their history has witnessed similar cultural influences.
Statement (R) : History and Geography are often tied in the cultural life of a region
(A) तथा (R) कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
कथन (A) : केरल और लद्दाख की भौगोलिक विशेषताएँ भिन्न हैं किन्तु उनका इतिहास समान सांस्कृतिक प्रभावों का साक्षी रहा है।
कथन (R) : इतिहास तथा भूगोल अक्सर क्षेत्र विशेष के सांस्कृतिक जीवन से बंधे होते हैं।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation fo (A)./दोनों (A) तथा (R) सही व्याख्या नही है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true./(A) गलत है किन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : केरल और लद्दाख की भौगोलिक विशेषताएँ भिन्न है परन्तु उनका इतिहास समान सांस्कृतिक प्रभावों का साक्षी रहा है। इतिहास और भूगोल अक्सर क्षेत्र विशेष के सांस्कृतिक जीवन से बँधे होते है। अतः इस प्रकार कथन (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या है (A) की।

30. A _____ is an organization or agency through which political unit exercises its authority and controls the actions of its citizens.
_____ एक संगठन या अभिकरण है जिसके द्वारा कोई राजनैतिक इकाई अपने प्राधिकरण का प्रयोग करती है और नागरिकों के कार्यों पर नियंत्रण रखती है।

(a) Cabinet/मंत्रिमंडल
(b) Parliament /संसद
(c) Government/सरकार
(d) Judiciary/न्यायपालिका

Ans. (c) : सरकार एक संगठन या अभिकरण है जिसके द्वारा कोई राजनैतिक इकाई अपने प्राधिकरण का प्रयोग करती है और नागरिकों के कार्यों पर नियत्रंण रखती है। सरकार के प्रायः तीन अंग होते हैं। जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका होती है।

31. Consider the following statements about farmers struggle against new agriculture Bills, which were withdrawn by the Union Government in 2021.
(A) People in democratic government structure do participate in such protests and show their disapproval.
(B) The government had to change its decision because it is responsible to the people.
Choose the correct option:
नए कृषि बिलों के खिलाफ किसानों के संघर्ष, जिसे केन्द्र की सरकार ने 2021 में वापिस ले लिया था, के संदर्भ में निम्न कथनों को पढ़ें।
(A) लोकतांत्रिक सरकार संरचना में लोग विरोध प्रदर्शन करते हैं और अपनी असहमति दिखाते हैं।
(B) सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा क्योंकि वह आम जनता के प्रति जिम्मेदार है।
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is true/न तो (A) सही है न ही (B) सही है।

Ans. (c) : नए कृषि बिलों के खिलाफ किसानों के विरोध को देखकर सरकार ने इसे वापस ले लिया क्योंकि लोकतांत्रित सरकार संरचना, में लोग सरकार के खिलाफ विरोध कर सकते हैं। सरकार अपना निर्णय बदल सकती है क्योंकि वह आम जनता के प्रति जिम्मेदार होती है। अतः दोनों कथन सत्य है।

32. Consider the following statements (A) and (R) and choose the correct option:
Assertion (A) : Agricultural labourers are forced to accept low wages.
Reason (R) : The labourers earn their incomes throughout the year
कथन (A) : खेतिहर मजदूरों को कम मजदूरी पर काम करना पड़ता है।
कारण (R) : ये मजदूर साल भर कमाई करते हैं।
सही विकल्प चुनें:
निचे दिए गए कथन और कारण पर विचार करे:
(a) Both (A) and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) are false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) दोनों गलत है।(R)

Ans. (c) : खेतिहर मजदूरों को कम मजदूरी पर काम करना पड़ता है ये साल भर कमाई नहीं कर पाते क्योंकि ये मौसमी बेरोजगारी के शिकार होते है। इस प्रकार (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

33. Which of the following is an example of self-employed worker?
निम्न में से कौन सा विकल्प स्व-रोजगार का एक उदाहरण है?
(a) An agricultural labourer working at landlords house/जमींदार के घर काम करती हुई एक खेतिहर मजदूर
(b) An Anganwadi worker/आंगनवाड़ी कर्मी
(c) A teacher working in a school in a village/गांव के एक विद्यालय की एक शिक्षिका
(d) A women selling fish in an urban market/शहर के बाजार में मछली बेचती एक महिला

Ans. (d) : प्रश्नानुसार शहर के एक बाजार में मछली बेचती महिला स्व-रोजगारक उद्यम कर रही है।

34. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
Assertion (A) : The setting of agenda by media is to influence the public opinion.
Reason (R) : Media has close relationships with business houses.
Options:
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :
अभिकथन (A) : जनमत को प्रभावित करने के लिए संचार माध्यम (मीडिया) द्वारा मसौदा तय किया जाना।
कारण (R) : संचार माध्यम (मीडिया) के व्यावसायिक घरानों से निकट संबंध हैं।
विकल्प :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है परन्तु (R) गलत है
(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है परन्तु (R) सही है

Ans. (b) : संचार मीडिया द्वारा किसी भी मुद्दे को जनमत द्वारा प्रभावित किया जा सकता है क्योंकि मीडिया समाज का चतुर्थ स्तंभ होता है। मीडिया का व्यवसायिक घरानों से निकट का सम्बंध होता है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

35. Which of the following can be source of gender inequality and discrimination in society?
निम्नलिखित स्त्रोतों में से कौन सा समाज में लैंगिक असमानता और भेदभाव का स्त्रोत हो सकता है?

(a) Assigning different values for the work of women and men/महिलाओं और पुरूषों के काम को अलग-अलग भाव (महत्व) देना
(b) Provision for girls' education/बालिका शिक्षा के लिए प्रावधान
(c) Curtailing dowry practices/दहेज प्रथा को कम करना
(d) Separate washroom for boys and girls in schools/विद्यालयों मे लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय

Ans. (a) : महिलाओं और पुरुषों के काम को अलग-अलग महत्व देना समाज में लैंगिक असमानता और भेदभाव के स्त्रोत हो सकते है।

Ans. (b) : कश्चिद् अध्यापकः छात्रान् शीघ्रतया पाठ्यविषयम् अवलोकयितुम् कथयति यत् लेखं शीर्षकम् दीयेत् । तस्य ध्यानं विहंगावलोकनम् पठनपद्धत्यां केन्द्रितम् अस्ति।
अर्थात् कोई अध्यापक छात्रों को शीघ्रता से पाठ्य विषय को देखने के लिए कहता है जो लेख देना चाहता है। उसका ध्यान विहगावलोकन पठन पद्धति पर केन्द्रित है।
अतः विकल्प (b) सही है।

21. उदीयमानलेखकेषु अध्यापकः केन प्रकारेण उत्तमलेखनकौशलं विकासयितुं शक्नोति?

(a) विषये, शब्दसीमायां च स्पष्टनिर्देशप्रदानेन।
(b) छात्रस्य उत्तमकार्यस्य प्रशंसया, परिष्कारार्थ परामर्शेन च।
(c) छात्रान् सुन्दरहस्तलेखेन लेखितुं कथनेन।
(d) व्याकरणिकत्रुटिषु एव विस्तृत प्रतिपुष्टिप्रदानेन।

Ans. (b) : उदीयमानलेखकेषु अध्यापकः 'छात्रस्य उत्तमकार्यस्य प्रशंसया, परिष्कारार्थ परामर्शेन च' येन प्रकारेण उत्तमलेखनकौशलम् विकासयितुं शक्नोति।
अर्थात् उदीयमानलेखक में अध्यापक 'छात्र का उत्तम कार्य की प्रशंसा से, और परिष्कार के लिए परामर्श से' इस प्रकार से उत्तमलेखन कौशल का विकास कर सकता है। अतः विकल्प (b) सही है।

22. संरचनात्मके कक्षाकक्षे, भाषाशिक्षणं निम्नलिखिते आधारितं भवेत्-

(a) व्याकरणविषयेषु आवृत्तिमूलकः अभ्यासः
(b) निर्धारित-पाठ्यपुस्तके अध्यापकस्य क्रियाकलापः
(c) प्रमाणिकक्रियाकलापस्य प्रयोगपूर्वकं छात्राणां नवीनज्ञाननिर्माणे पूर्वज्ञानस्य उपयोगः
(d) 'कक्षायां अध्यापकस्य हस्तक्षेपेण क्रियाकलापे न च भाषा शिक्षितुं शक्यते' इत्यवधारणा

Ans. (c) : संरचनात्मके कक्षाकक्षे, भाषाशिक्षणं निम्नलिखिते 'प्रमाणिकक्रियाकलापस्य प्रयोगपूर्वकं छात्राणां नवीनज्ञाननिर्माणे पूर्वज्ञानस्य उपयोगः' आधारितं भवेत्।
अर्थात् संरचनात्मक कक्षा कक्ष में, भाषाशिक्षण को निम्नलिखित में प्रमाणिक क्रिया कलाप का प्रयोगपूर्वक छात्रों के नवीनज्ञान निर्माण में पूर्वज्ञान का उपयोग आधारित होना चाहिए।
अतः विकल्प (c) सही है।

23. प्रारम्भिकछात्राः द्वे पुस्तके दीयेते। तयोः एकं पुस्तक पाठ्यपुस्तकम् अस्ति। द्वितीयं च पूरकं पाठ्यपुस्तकम् अस्ति। पूरकपाठ्यपुस्तकस्य प्रयोजनं निम्नलिखितम् वर्धयितुमस्ति।

(a) शैक्षणिककौशलम् (b) गहन-अध्ययनम्
(c) नैतिकशिक्षणम् (d) व्यापकपठनम्

Ans. (d) : प्रारम्भिकछात्राः द्वे पुस्ते दीयेते। तयोः एकं पुस्तक पाठ्यपुस्तकम् अस्ति। द्वितीयं च पूरकं पाठ्यपुस्तकम् अस्ति। पूरकपाठ्यपुस्तकस्य प्रयोजनम् व्यापकपठनम् वर्धयितुमस्ति।
अर्थात् प्रारम्भिक छात्र दो पुस्तकों को देते हैं। उनमें से एक पुस्तक पाठ्य-पुस्तक है। और द्वितीय पूरक पाठ्य-पुस्तक है। पूरक पाठ्य पुस्तक का प्रयोजन व्यापक पठन को बढाने के लिए है। अतः विकल्प (d) सही है।

24. कश्चिद् अध्यापकः छात्रान् समूहेषु विभाजितवान् तथा पठनाय काश्चिद् कथाम् दत्तवान् । तदा स तान् कल्पयितुं, विमर्शयितुं तथा कथां वैकल्पिकं अन्तं दातुम् अकथयत्। अनेन कार्येण अध्यापकः तेषां कीदृशं लेखनं विकासयति-
(a) नियन्त्रितलेखनम् (b) निर्देशितलेखनम्
(c) रचनात्मकलेखनम् (d) उत्पादितलेखनम्

Ans. (c) : कश्चिद् अध्यापकः छात्रान् समूहेषु विभाजितवान् तथा पठनाय काश्चिद् कथाम् दत्तवान् । तदा स तान् कल्पयितुं, विमर्शयितुं तथा कथां वैकल्पिकं अन्तं दातुम् अकथयत् । अन्तं दातुम् अकथयत् । अनेन कार्येण अध्यापकः तेषां रचनात्मकलेखनम् विकासयति।
अर्थात् कोई अध्यापक छात्रों को समूह में विभाजित किया तथा पढ़ने के लिए कोई कथा दिया। तब वह अध्यापक उस कथा को कल्पना के लिए, विमर्श के लिए तथा कथा को वैकल्पिक अंत देने के लिए कहता है। इस कार्य से अध्यापक उसमें रचनात्मकलेखन का विकास करता है। अतः विकल्प (c) सही है।

25. भाषाशिक्षणे कथाश्रावणं महत्त्वपूर्णं योगदानं ददाति। कथाश्रावणविषये निम्नलिखितेषु सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं किमस्ति?
(a) इदं कक्षायां मनोविनोदं करोति
(b) इदं भाषां समग्रतया प्रस्तौति
(c) इदं छात्रेषु नैतिकमूल्यानि विकासयति
(d) इदं छात्रणां शब्दावलीं परिष्करोति

Ans. (b) : भाषाशिक्षणे कथाश्रावणं महत्वपूर्णं योगदानं ददाति। कथा श्रावणविषये निम्नलिखितेषु सर्वाधिकं कहत्वपूर्णं 'इदं भाषा समग्रतया प्रस्तौति' अस्ति। अर्थात् भाषा शिक्षण में कथा श्रावण को महत्वपूर्ण योगदान देता है। कथा श्रावणविषय मे ंनिम्नलिखित में सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि यह भाषा को समग्ररूप से प्रस्तुत करता है। अतः विकल्प (b) सही है।

26. भाषायाः अध्ययन-अध्यापन सन्दर्भे कः उपागमः ''भाषाशिक्षणस्य भाषाप्रयोगः महत्त्पूर्णः पक्षोऽस्ति'' इत्यनुमोदयति?
(a) व्याकरण अनुवाद विधिः (b) प्रत्यक्षविधिः
(c) सम्प्रेषणात्मक-उपागमः (d) संरचनात्मक-उपागमः

Ans. (c) : भाषा अध्ययन-अध्यापन सन्दर्भे सम्प्रेषणात्मक – उपागमः ''भाषाशिक्षणस्य भाषाप्रयोगः
अर्थात् भाषा के अध्ययन – अध्यापन सन्दर्भ में सम्प्रेषणात्मक-उपागमा 'भाषाशिक्षण का भाषाप्रयोग महत्वपर्ण पक्ष है' यह उपागम ऐसा अनुमोदित करता है। अर्थात् समर्थन करता है। अतः विकल्प (c) सही है।

27. भाषाकक्षायां निर्माणात्मकमूल्याङ्कनस्य प्रयोजनम् अस्ति-
(a) छात्राणां निम्न-उपलब्धिकर्तृणाम् उच्चउपलब्धिकर्तृणां च वर्गयोः विभाजनम्
(b) छात्रेभ्यः गुणात्मकप्रतिपुष्टिप्रदानम्
(c) 'भाषाकक्षायां कः सक्षमतमः अस्ति' इत्यस्य ज्ञानम्
(d) अपरछात्राणां कार्यस्य आधारे बालकस्य स्तरनिर्धारणम् ।

Ans. (b) : भाषाकक्षायां निर्माणात्मकमूल्याङ्कनस्य प्रयोजनं छात्रेभ्यः गुणात्मकपप्रतिपुष्टि प्रदानम् – अस्ति।
अर्थात् भाषा कक्षा में निर्माणात्मक मूल्यांकन का प्रयोजन छात्रों के लिए गुणात्मकप्रतिपुष्टि प्रदान करना हे। जिससे छात्र अना सर्वांगीण विकास कर सकें। अतः विकल्प (b) सही है।

28. वायसः कस्मै विशेषयूजां विधातुं मन्थरं कथयति?
(a) मूषिक राजाय (b) आत्मने
(c) सर्पराजाय (d) चित्रग्रीवाय

Ans. (a) : वायसः मूषक राजाय विशेष पूजां विधातुं मन्थरं कथयति। अर्थात् कौआ मूषक राज की विशेष पूजा करने के लिए मन्थर को कहता है। मूषक राज हिरणयक नाम से जाना जाता है। ये पुण्यकर्मों में प्रधान और करुणा के सागर है। अतः विकल्प (a) सही है।

29. 'उपार्जितः' इत्यस्मिन् शब्दे कः प्रत्ययः?
(a) त (b) पूतच्
(c) क्त (d) तस्

Ans. (c) : 'उपार्जितः' इत्यस्मिन शब्दे क्तप्रत्ययः अस्ति।
अर्थात् 'उपार्जितः' इस शब्द में क्त प्रत्यय है। उप उपसर्ग पूर्वक अर्ज् धातु से क्त प्रत्यय होकर उपार्जितः रूप निष्पन्न होता हैं उपार्जित; में दीर्घ सन्धि हैं विग्रह उप+अर्जितः = उपार्जितः
पण्डितः = पाण्डा + इतच्
कुण्ठितः = कुण्ठा + इतच् ।

30. हिरण्यः केन सह मैत्रीं व्यदधत् ?
(a) कपोतेन (b) मृगेण
(c) वायसेन (d) सर्पेण

Ans. (c) : हिरण्यकः वायसेन सह मैत्रीं व्यदधत् । अर्थात् हिरण्यक कौआ के साथ मित्रता किया। 'हिरण्यक मैत्रयं विधाय भोजनविशेषैर्वायसं संतोष्य विवरं प्रविष्टः'
इससे स्पष्ट है। कि विकल्प (c) सही है।
'सहयुक्तेऽप्रधाने' सूत्र से वायसेन पद में सह के योग से अप्रधान में तृतीया का विधान हुआ है तथा 'मैत्रीं' में कर्तुरीप्सित तमम् सूत्र से कर्म संज्ञा और कर्मणि द्वितीय सूत्र से द्वितीया का विधान हुआ है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 25-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Which of the following is NOT included in physical development?
निम्न में से क्या शारीरिक विकास में शामिल नहीं है?

(a) Changes in body size and proportions
शारीरिक आकार व अनुपात में बदलाव
(b) Functioning of body systems
शारीरिक प्रणाली का कार्य
(c) Perceptual and motor capacities
प्रतिबोधिक व गतिक कौशल
(d) Changes in emotional communication
संवेगात्मक सम्प्रेषण में बदलाव

Ans : (d) 'संवेगात्मक संप्रेषण में बदलाव' शारीरिक विकास में शामिल नहीं है। शारीरिक विकास से अभिप्राय है, ''शरीर के विभिन्न अंगों का विकास और उनकी कार्यक्षमता। जन्म के क्षण (समय) से लेकर मृत्युपर्यन्त व्यक्ति निरन्तर बदलता रहता है। यह बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक कभी भी स्थिरता की स्थिति में नही होता और वह प्रौढ़ावस्था को ग्रहण करता है। फिर भी परिवर्तन का अंत नहीं होता बल्कि वह धीमा गति से होता रहता है। इस प्रकार विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसका प्रारम्भ जन्म से पूर्व ही हो जाता है जो भी हो, जीवन के शुरु के वर्षों में शारीरिक परिवर्तन की मात्रा में तीव्रता रहती है और स्तर में निश्चितता। प्रत्येक शारीरिक परिवर्तन पहले के परिवर्तन पर आश्रित होता है। और बदले में होने वाले परिवर्तन को प्रभावित करता है। (कुण्डू एवं टूट) शारीरिक विकास में शरीर के आकार व अनुपात में बदलाव शरीर की कार्यक्षमता, तथा प्रतिबोधिक व गतिक कौशल शामिल होता है।

2. The course of development of children-
बच्चों के विकास का क्रमः

(a) Is fixed at birth/जन्म के समय निश्चित हो जाता है
(b) Can be altered with appropriate support from the environment/पर्यावरण से उचित सहायता के साथ बदला जा सकता है
(c) Is uniform and follows the same pace across cultures/एक समान है और सभी संस्कृतियों में विकास की गति समान रहती है
(d) Is totally unpredictable since it is disorderly/पूरी तरह से अप्रत्याशित है क्योंकि यह अव्यवस्थित है

Ans : (b) बच्चों के विकास का क्रम पर्यावरण से उचित सहायता के साथ बदला जा सकता है। पर्यावरण पर विचार करते समय यह समझना महत्वपूर्ण है कि केवल भौतिक ही नहीं है, जैसे घर के अंदर और बाहर, बल्कि भावनात्मक भी बच्चे अपने परिवेश में सुरक्षित महसूस करने के लायक हैं, और जब वे ऐसा करते है तो यह स्वस्थ मानसिक कल्याण, स्थिरता को बढ़ावा देता है। और सक्रिय रूप से बाल विकास का समर्थन करते है। पर्यावरण के द्वारा ही बच्चे के व्यक्तित्व के विकास को सम्बोधित किया जाता है। और यही पर्यावरण बच्चे के व्यक्तित्व विकास को आगे बढ़ाता है।

3. An important primary agency of socialization is-
सामाजीकरण की प्रमुख प्राथमिक संस्था कौन सी है?

(a) Library/पुस्तकालय (b) School/स्कूल
(c) Family/परिवार (d) Government/सरकार

Ans : (c) सामाजीकरण करने वाली संस्थाओं में परिवार सबसे अधिक महत्वपूर्ण संस्था है। बच्चा परिवार में ही जन्म लेता है, परिवार में ही उनका पालन–पोषण होता है। और परिवार में ही वह सम्पूर्ण जीवन व्यतीत करता है। परिवार में माता-पिता के संरक्षण में जो कुछ भी सीखता है वह उसके जीवन की स्थाई पूँजी हो जाती है परिवार में ही उसे समाज की रीति-रिवाज, मूल्य, रूढ़ियों, प्रथाओ। आदि से परिचित कराया जाता है। परिवार से ही वह स्नेह, प्रेम, त्याग, बलिदान, सहयोग, दया, क्षमा, परोपकार, सहिष्णुता, आज्ञापालन आदि उच्च-कोटि के गुण सीखता है। इसीलिए यह कहा गया है कि, ''परिवार शिशु की प्रथम पाठशाला है।''

4. Children in _____ stage can reason hypothetically and develop concerns around social issues.
किस चरण में बच्चे निगमनात्मक तर्क कर पाते हैं व सामाजिक मुद्दों से सरोकार रखते हैं?

(a) Sensori-motor stage/संवेदी चालक अवस्था
(b) Pre-operational stage/पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(c) Concrete operational stage/मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational stage/अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

Ans : (d) अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था (Formal operational Stage) में बच्चे निगमनात्मक तर्क कर पाते हैं व सामाजिक मुद्दों से सरोकार रखते है। इस अवस्था की आयु सीमा की बात की जाये तो जीन पियाजे ने अपने सिद्धान्त में इसकी आयु 11 से 15 वर्ष या इससे ऊपर मानी जाती है। इसे औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था भी कहा जाता है। इसमें बच्चे केवल मूर्त चीजों के बारे में नहीं बल्कि काल्पनिक चीजों और संभावित घटनाओं के बारे में चिंतन करना शुरु कर देते हैं। इस अवस्था में प्राथमिक स्तर पर बच्चे निगमनात्मक तर्क, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अमूर्त चिंतन का उपयोग कर सकते हैं जबकि प्राथमिक स्तर पर बच्चे आगमनात्मक तर्क को प्राथमिकता देते हैं।

5. **One of major criticisms of Piaget's theory of cognitive development is that-**
जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास की एक प्रमुख आलोचना है कि:
(a) He did not consider children as active beings/उन्होंने बच्चों को सक्रिय कर्ताओं के रूप में नहीं देखा
(b) He gave too much importance to the role of language in cognition /उन्होंने अधिगम में भाषा की बहुत महत्वपूर्णता प्रस्तावित की
(c) He did not take into account the influence of culture and society/उन्होंने समाज और संस्कृति के प्रभाव को ध्यान में नहीं रखा
(d) He laid too much emphasis on use of reward and punishment/उन्होंने ईनाम व सजा के प्रयोग को बहुत ज्यादा प्रमुखता दी

Ans : (c) जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास की एक प्रमुख आलोचना यह है कि उन्होंनें समाज और संस्कृति के प्रभाव को ध्यान में नहीं रखा। इसके अलावा किशोरावस्था की क्षमता को अधिक आंकना और शिशु की क्षमता को कम आंकना शामिल था। पियाजे बच्चों की अनुभूति और सोचने की क्षमता के विकास में सांस्कृतिक और सामाजिक सम्पर्क कारकों की भी उपेक्षा की। इनके सिद्धान्त में केवल ज्ञानात्मक सम्प्रत्ययों की ही व्याख्या की गई है। यह सिद्धान्त वस्तुनिष्ठ कम व्यक्तिनिष्ठ अधिक है।

6. **According to Piaget which of these factors does not play an important role in cognitive development?**
पियाजे के अनुसार इनमें से कौन सा कारक संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाता है?
(a) Activity/गतिविधि
(b) Exploration /अन्वेषण
(c) Language/भाषा
(d) Biological Maturation/जैविक परिपक्वता

Ans : (c) पियाजे के अनुसार भाषा संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाता है। पियाजे चार कारकों की पहचान करते है, जैसे जैविक परिपक्वता, सक्रिय अन्वेषण (गतिविधि), सामाजिक अनुभव और सन्तुलन जो किसी के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित करतें हैं। पियाजे का मानना है कि संज्ञानात्मक विकास भाषा से स्वतंत्र होता है और विचार भाषा को निर्धारित करता है। विचार पहले उभरता है और भाषा मध्यस्थ बन जाती है। जो साधन प्रदान करती है। जिसके द्वारा बाद की अवधारणाओं और वैचारिक सोच को आगे बढ़ाया जाता है। इसीलिए भाषा व्यक्ति की संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित नहीं करेगी।

7. **The stage 5 'Social contract orientation' of post-conventional morality as given by Lawrence Kohlberg is marked by the belief that-**
लॉरेंस कोहलबर्ग द्वारा दिए गए उत्तर पारंपरिक नैतिकता के पांचवे चरण 'सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास' में व्यक्ति मानते हैं कि:
(a) The physical consequences of an action determine goodness or badness/किसी क्रिया के भौतिक परिणाम ही उसकी अच्छाई या बुराई निर्धारित करते हैं
(b) Obeying rules should bring some sort of benefit in return/नियमों का पालन करने के बदले में किसी प्रकार का लाभ मिलना चाहिए
(c) In order to maintain social order fixed rules must be established and obeyed/सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निश्चित नियमों को स्थापित करना और उनका पालन करना आवश्यक है
(d) Moral decisions should be made in terms of self-chosen ethical principles/नैतिक निर्णय स्व-चुने हुए नैतिक सिद्धांतों के संदर्भ में किए जाने चाहिए

Ans : (d) लॉरेंस कोहलबर्ग द्वारा दिए गए उत्तर पारम्परिक नैतिकता के पाँचवे चरण 'सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास' में व्यक्ति मानते हैं कि नैतिक निर्णय स्व-चुने हुए नैतिक सिद्धान्तों के संदर्भ में किए जाने चाहिए। उत्तर परम्परागत स्तर पर, व्यक्ति अपने समाज के परिप्रेक्ष्य से आगे बढ़ता है। नैतिकता को अमूर्त सिद्धान्तों और मूल्यों के संदर्भ में परिभाषित किया गया है। जो सभी स्थितियों और समाजों पर लागू होते है। व्यक्ति सभी व्यक्तियों के परिप्रेक्ष्य को लेने का प्रयास करता है। इनके सिद्धान्त के 5वें चरण (सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास) में व्यक्ति कानूनों और नियमों को मानव उद्देश्यों में सुधार के लिए लचीले उपकरण के रूप में देखता है। यानि सही स्थिति को देखते हुए नियमों के अपवाद है। जब कानून व्यक्तिगत अधिकारों और बहुसंख्यकों के हितों के अनुरूप नही होते हैं तो वे लोगों के लिए अच्छा नहीं लाते हैं और विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए।

8. **The idea that children should be guided and assisted in their learning as per the cultural context has been proposed by:**
यह विचार कि बच्चों के सीखने में उनके सांस्कृतिक संदर्भ के अनुसार उनकी सहायता व मार्गदर्शन देना चाहिए किसने प्रस्तावित किया है?
(a) Howard Gardner /हावर्ड गार्डनर
(b) Lawrence Kohlberg/लॉरेंस कोहलबर्ग
(c) Jean Piaget/जीन पियाजे
(d) Lev Vygotsky /लेव वायगोत्स्की

Ans : (d) लेव वाइगोत्स्की के अनुसार बच्चों के सीखने में उनके सांस्कृतिक संदर्भ के अनुसार उनकी सहायता व मार्गदर्शन देना चाहिए। इनके अनुसार छात्रों को अधिगम करवाने या उनके विकास करने हेतु उचित मार्गदर्शन या दिशा-निर्देश की आवश्यकता होती है और यह निर्देशन एवं मार्गदर्शन समाज और संस्कृति से प्राप्त होता है। संस्कृति बालक में नैतिक-मूल्यों का विकास करती है।मनुष्य को सभ्य-व्यवहार करने की ओर प्रेरित करती है। और बालक यह सब भी अनुकरण द्वारा ही सीखता है।

9. **Giving hints and cues; modelling the thought process for the students are examples of -**
विद्यार्थियों को संकेत व इशारे देना; सोच-विचार की प्रक्रियाओं को 'मॉडल' करना, किसके उदाहरण है?
(a) Conditioning/अनुकूलन
(b) Delayed imitation/विलंबित अनुसरण
(c) Rote memorisation/रटकर स्मरण
(d) scaffolding /पाड़

Ans : (d) विद्यार्थियों को संकेत व इशारे देना; सोच-विचार की प्रक्रियाओं को 'मॉडल' करना यह सभी 'स्केफोल्डिंग (पाड़) के उदाहरण है। पाड़ एक प्रकार की शिक्षण प्रक्रिया है, जिसमें बच्चों को दिये जाने वाले निर्देश की मात्रा तथा स्वरूप उनके विकास के स्तर के अनुरूप होता है। बच्चों को दिया जाने वाला समर्थन या सहयोग तब वापस ले लिया जाता है जब बच्चा स्वतंत्र रूप से किसी काम को करने लग जाता है। वाइगोत्स्की के अनुसार बालक में सीखने के दो स्तर होते है– पहला जिसमें बालक को सहयोग की आवश्यकता नहीं होती; दूसरा जिसमें उसे सहयोग की आवश्यकता होती है। जिसे इन्होनें (scaffolding) (पाड़) कहा है। इसमें यदि बालको को थोड़ा सहयोग मिल जाए तो वह दूसरा स्तर प्राप्त कर लेता है। और यह प्रक्रिया बालक के लिए एक मचान का कार्य करती है। इस सहयोग की आवश्यकता बालक के लिए सदैव नही होती बल्कि शुरूआत में ही होती है।

10. In a progressive classroom-
एक प्रगतिशील कक्षा में:

(a) children engage in purposeful activities that realises their potential/बच्चे अर्थपूर्ण गतिविधियों में संलग्न होते हैं जिससे वे अपनी क्षमता के अनुसार कार्य कर पाएं
(b) teacher is at the centre of all the teaching-learning activities/शिक्षक सभी सीखने-सीखाने का केन्द्र है।
(c) textbook is the only source of learning/ पाठ्यपुस्तक ही सीखने का एकमात्र स्रोत है
(d) exams are at the centre of all teaching-learning/सभी सीखने-सीखाने का केन्द्र परिक्षाएँ हैं

Ans : (a) एक प्रगतिशील कक्षा में बच्चे अर्थपूर्ण गतिविधियों में संलग्न होते हैं जिससे वे अपनी क्षमता के अनुसार कार्य कर पाएँ। प्रगतिशील कक्षा छात्रों के लिए वास्तविक दुनिया की स्थितियों का अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है। यह सहकारी शिक्षण को बढ़ावा देता है, बच्चे सहकारी शिक्षण प्रयासों से सामाजिक और शैक्षणिक रूप से ज्ञान प्राप्त करते हैं। जॉन डीवी, जो कि एक अमेरिकी दार्शनिक थे ने प्रगतिशील शिक्षा की संकल्पना को प्रस्तावित किया था कि शिक्षकों को बच्चों को रटने पर निर्भर होने के बजाय कैसे सोचना है, यह सिखाना चाहिए।

11. Individuals with _____are able to distinguish between specific pitches, tones and rhythms that other may miss.
_____वाले व्यक्ति विशिष्ट स्वरों, लय और ताल के बीच अंतर करने में सक्षम होते हैं जिसे पहचानने में अन्य चूक सकते हैं?

(a) Logico-mathematical intelligence/तर्क-गणितीय बुद्धि
(b) Bodily-kinesthetic intelligence/शारीरिक-गति संवेदनात्मक बुद्धि
(c) Interpersonal intelligence/अंतरवैयक्तिक बुद्धि
(d) Musical intelligence/संगीतमय बुद्धि

Ans : (d) हॉवर्ड गार्डनर के अनुसार, संगीत की बुद्धि नौ बहुविध बुद्धि में से एक है, जिसका सारांश उनके प्रभावशाली कार्य, फ्रेम्स ऑफ माइंडः द थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलिजेंस (1983) में दिया गया है। गार्डनर ने जोर देकर कहा कि बुद्धि के नौ अलग-अलग प्रकार के बिट्स का संयोजन है। संगीतमय बुद्धि वाले व्यक्ति विशिष्ट स्वरों, लय और ताल के बीच अंतर करने में सक्षम होतें है जिसे पहचानने में अन्य चूक सकतें हैं। संगीतमय बुद्धि वाले लोग पैटर्न के संदर्भ में सोचते है। उदाहरण के लिए वे अपने सीखने को बढ़ाने के लिए नए ज्ञान पैटर्न की तलाश करते है। वे भाषा और भाषा में पैटर्न भी तलाशतें हैं। वे चीजों को याद कर सकतें है जैसे किराने की सूची या शब्दावली शब्द, उन्हें गीत या तुकबंदी में बदलकर।

12. According to Lev Vygotsky language-
लेव व्यागोत्सकी के अनुसार, भाषाः

(a) does not influence cognitive development/की संज्ञानात्मक विकास में कोई भुमिका नहीं है
(b) is critical for cognitive development /संज्ञानात्मक विकास में बेहद महत्वपूर्ण है
(c) hinders cognitive development /संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालती है
(d) lags behind cognitive development/संज्ञानात्मक विकास के पीछे रहती है।

Ans : (b) लेव वाइगोत्स्की के अनुसार, भाषा संज्ञानात्मक विकास में बेहद महत्वपूर्ण है। इनके अनुसार भाषा समाज द्वारा दिया गया प्रमुख सांकेतिक उपकरण है जो कि बालक के विकास में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इनका मानना था कि संचार उद्देश्यों के लिए भाषा सामाजिक अंतः क्रियाओं ने भाषा को मनुष्य के सबसे बड़ी उपकरण के रूप में देखा था। बालक समाज के साथ अंतःक्रिया के द्वारा ही विचारों या भाषा का विकास करता है। अर्थात् वह भाषा भी सामाजिक अंतःक्रिया के द्वारा ही सीखता है।

13. Assertion (A): It is important for middle school teachers to enable the students to look at the portrayal of gender stereotypes in the media critically/
कथन (A): माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे मीडिया में जेंडर रूढ़िवादिता के चित्रण को आलोचनात्मक रूप से देखने के लिए छात्रों को सक्षम करें।
Reason (R) : Media is an important socialising agency.
तर्क (R): मीडिया सामाजीकरण की एक महत्वपूर्ण संस्था है।
Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(c) (A) is true but (R) is false/
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans : (a) उपयुक्त कथन (A) तथा तर्क (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की । अर्थात् माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे मीडिया में जेंडर रूढ़िवादिता के चित्रण को आलोचनात्मक रूप से देखने के लिए छात्रों को सक्षम करें क्योंकि मीडिया सामाजीकरण की एक महत्वपूर्ण संस्था है। मास मीडिया जो संचार के माध्यम के रूप में कार्य करता है, सामाजीकरण की एजेंसियों मे से एक है। जन संचार के माध्यम से, तो जीवन के नए तरीकों और प्रथाओं को सीख सकते हैं और अपना सकते हैं जो अंत में सार्वजनिक क्षेत्र में एक परम्परा बन जाती है। मीडिया सामाजिक मानकों के माध्यम से बच्चे को समाज के साथ बातचीत करने में मदद करता है।

14. Which of the following statements about assessment of children is NOT correct?
बच्चों के आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) Assessment should help in assessing readiness levels/आकलन से बच्चों की तैयारी को परखने में मदद मिलनी चाहिए।
(b) Assessment should help in generating anxiety and fear/आकलन से चिंता और भय पैदा करने में मदद मिलनी चाहिए
(c) Assessment should be carried out using a variety of means/मूल्यांकन विभिन्न साधनों का उपयोग करके किया जाना चाहिए
(d) Assessment should include peer and self-assessment/मूल्यांकन में सहकर्मी और स्व-मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

Ans : (b) आकलन यह देखने के लिए किया जाता है कि बच्चे और युवा क्या जानतें हैं, समझते हैं और क्या करने में सक्षम हैं। प्रगति पर नजर रखने, अगले चरणों की योजना बनाने, रिपोर्टिंग करन और सीखने में माता पिता, बच्चों और युवाओं को शामिल करने के लिए आकलन बहुत महत्वपूर्ण है। इरविन के अनुसार, आकलना छात्रों के व्यवस्थित विकास के आधार का अनुमन है। यह किसी भी वस्तु को परिभाषित कर चयन, रचना, संग्रहण, विश्लेषण, व्याख्या और सूचनाओं का उपयुक्त प्रयोग कर छात्र विकास तथा अधिगम को बढ़ाने की प्रक्रिया है। '' आकलन द्वारा चिंता और भय पैदा करने में मदद नहीं मिलती बल्कि यह इन्हें दूर करने में सहायता करती है।

15. How is assessment linked to learning?
आकलन सीखने से कैसे जुड़ा है?

(a) There is no link between assessment and learning/आकलन और सीखने के बीच कोई संबंध नहीं है।
(b) Assessment should take place at the end of learning/आकलन सीखने के अंत में होना चाहिए
(c) Assessment should be an integral part of learning/आकलन सीखने का एक अभिन्न अंग होना चाहिए
(d) Learning should be directed towards assessment/सीखने को मूल्यांकन के आधार पर निर्देशित किया जाना चाहिए

Ans : (c) आकलन सीखने का एक अभिन्न अंग होता है। सीखने के लिए आकलन शिक्षण और सीखने के लिए एक दृष्टिकोण है जो फीडबैक बनाता है जिसका उपयोग छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार के आकलन को आमतौर पर फॉर्मेटिव कहा जाता है जो निर्देश को सूचित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रकार के आकलन का मुख्य प्रयोजन छात्रों को वह रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने में सक्षम बनाना है, जो उन्हें बेहतर सीखने और प्रभावी प्रगति करने में उनकी मदद करेगी। आकलन सीखने के लिए निम्न रूप से महत्वपूर्ण होता है–

- छात्र जुड़ाव में वृद्धि
- बेहतर छात्र प्रदर्शन
- आत्म–समझ
- वैयक्तिकृत शिक्षण में योगदान
- आत्म विश्वास बढ़ाना

16. Inclusive education in schools should-
विद्यालयों में समावेशी शिक्षाः

(a) aim at eliminating the discriminatory and exclusionary practices that are a result of an attitude towards an individual or a group/को किसी व्यक्ति या समूह विशेष के प्रति दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप उपजी भेदभावकारी और बहिष्कारी गतिविधियों को दूर करने का उद्देश्य रखना चाहिए।
(b) identify, classify and appropriately label group of children who have specific learning needs/को विशिष्ट अधिगम आवश्यकताओं वाले बच्चों के समूह की पहचान करनी चाहिए, उनका वर्गीकरण करना चाहिए व उनको उचित रूप से लेबल करना चाहिए।
(c) make provisions for special education of children who are 'not normal' only/को केवल उन्हीं बच्चों के लिए विशेष शिक्षा का प्रावधान करना चाहिए जो 'सामान्य' नहीं है।
(d) Seggregate children based on academic abilities/को बच्चों की अकादमिक योग्यताओं के आधार पर उनका पृथकीकरण करना चाहिए।

Ans : (a) विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को किसी व्यक्ति या समूह विशेष के प्रति दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप उपजी भेदभावकारी और बहिष्कारी गतिविधियों को दूर करने का उद्देश्य रखना चाहिए। शिक्षा का समावेशीकरण यह बताता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग को समान शिक्षा प्राप्ति के अवसर मिलने चाहिए। इसमें एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ विद्यालय में अधिकतर समय बिताता हैं। वर्तमान समय में सामान्य शिक्षा के साथ-साथ समावेशी शिक्षा, शिक्षण की ऐसी प्रणाली है जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ मुख्यधारा के स्कूलों में पठन-पाठन और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है जिससे वे समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें।

17. Teachers can encourage children to think creatively by-
शिक्षक बच्चों को रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं?

(a) asking them to think of different ways to solve a problem /उन्हें किसी समस्या को हल करने के विभिन्न तरीकों के बारे में सोचने के लिए कहकर
(b) asking them to memorize answers/उन्हें उत्तर रटने के लिए कहकर
(c) asking recalls based questions/प्रत्यास्मरण पर आधारित प्रश्न पूछकर
(d) asking them to focus on only one aspect of a problem/उन्हें किसी समस्या के एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहकर

Ans : (a) शिक्षक बच्चों को रचनात्मक रूप से सोचने के लिए उन्हें किसी समस्या को हल करने के विभिन्न तरीकों के बारे में सोचने के लिए कहकर प्रोत्साहित कर सकते हैं। इसके अलावा, वे अपने छात्रों को विभिन्न विचारों और सोचने के तरीकों से परिचित कराते हैं, अन्वेषण और प्रयोग को प्रोत्साहित करतें हैं। ऐसा करने से, शिक्षक छात्रों को रचनात्मक होने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करते हैं। इससे बच्चे अपने को अभिव्यक्त कर सकेंगें और समाज के लिए कुछ नया योगदान दे सकेंगे, जिसे रचनात्मकता कहा जा सकता है।

18. To cater to diversity in a classroom the teachers should focus on-
कक्षा में विविधता को पोषित करने के लिए शिक्षकों को किस पर ध्यान देना चाहिए?

(a) Seggregation/पृथक्करण
(b) Labelling/नामीकरण
(c) Negative discrimination /नकारात्मक भेदभाव
(d) Equity/समता

Ans : (d) कक्षा में विविधता को पोषित करने के लिए शिक्षकों को समता (Equity) पर ध्यान देना चाहिए। आज एक शिक्षक के लिए जरुरी है कि वह बच्चों को जाने, समझे, कक्षा में उनके व्यवहार को समझें, उनके सीखने के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करें, उनके लिए उपयुक्त सामग्री व गतिविधियों का चुनाव करें, बच्चे की जिज्ञासा को बनाए रखें, उन्हें अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करें व उनके अनुभवों का सम्मान करें। उन सबके साथ सम्मान के साथ बात करें, जहाँ उपयुक्त हो उनकी राय को ध्यान में रखें और उन्हें हर एक को लाभ पहुँचाने वाले काम करके कक्षा की जिम्मेदारी लेने को प्रोत्साहित करें।

19. In a diverse class with students from disadvantaged backgrounds a teacher should-
वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों वाली विविधता की कक्षा में एक शिक्षक को:

(a) discourage all children from bringing their experiences to the class/सभी बच्चों को अपने अनुभवों को कक्षा में लाने से हतोत्साहित करना चाहिए।
(b) encourage only children from dominant groups to share their experiences /केवल प्रभावशाली समूहों के बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए
(c) encourage only children from disadvantaged groups to share their experiences /केवल वंचित समूहों के बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(d) share her own experiences and encourage all children to share their experiences/अपने अनुभव साझा करना चाहिए और सभी बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

Ans : (d) वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों वाली विविधता की कक्षा में एक शिक्षक को अपने अनुभव साझा करना चाहिए और सभी बच्चों को अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विविधता पर विचार सुविधा वंचित समूहों के शिक्षार्थियों को शामिल करने में मदद करता है। और उन्हें अपनेपन का एहसास कराता है। इन शिक्षार्थियों के मामले में मौखिक पठन,सस्वर पाठ, समूह कार्य, भूमिका-निर्वहन और सहकर्मी-अधिगम जैसी विविध विधियाँ प्रभावी हो सकती हैं। शिक्षकों को सुविधा वंचित शिक्षार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के बारे में जागरुक होने में मदद करने के लिए स्थानीय संस्कृति और भाषा पर आधारित पाठक्रम का उपयोग करना चाहिए जो प्रभावी ढंग से सीखने में वृद्धि करता है।

20. Assertion (A): It is important to provide appropriate materials such as manipulatives calculators and maths apps to students struggling with dyscalculia.
अभिकथन (A): गुणज वकल्य से जूझ रहे विद्यार्थियों को उपयुक्त सामग्री जैसे कि हस्त-कौशलयुक्त वस्तुएँ, गणक यंत्र और गणित के ऐप उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है।

Reason (R) : Students having autism perform repetitive motor actions.
तर्क (R): स्वलीनता से जूझ रहे विद्यार्थी गत्यात्मक क्रियाओं को बार-बार दोहराते हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(3) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(4) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans : (b) डिसकैलकुलिया में दिमाग के एक हिस्से में जानकारी का सम्प्रेषण धीमा हो जाता है जिससे बच्चा कैलकुलेट नही कर पाता है। इसमें बच्चा अंकों को जोड़ने के दौरान लगातार भटक जाता है। गुणज वैकल्य से जूझ रहे विद्यार्थियों को उपयुक्त सामग्री जैसे कि हस्तकौशलयुक्त वस्तुएँ, गणक यंत्र और गणित के ऐप उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण होता है। यह कथन (A) सही है इसी प्रकार स्वलीनता एक विकासात्मक दिव्यांगता है जो ज्यादातर बच्चों में देखी जाती है जो महत्वपूर्ण सामाजिक, संचार और व्यवहार संबंधी चुनैतियों का कारण बन सकती है। यह मुख्य रूप से एक

जटिल स्थिति है जिसमें संचार और व्यवहार की संमस्याएँ होती है। इसमें बच्चे गत्यात्मक क्रियाओं को बार-बार दोहराते है। यह तर्क (R) भी सही है। अतः यह देखा जा सकता है। कि (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं कर रहा है।

21. The process of problem-solving is hindered by:
समस्या-समाधान की प्रक्रिया किसके द्वारा बाधित होती है?

(a) Analogical thinking/अनुरूपित सोच
(b) Heuristics /स्वानुभाविकता
(c) Means-end analysis/साधन लक्ष्य विश्लेषण
(d) Functional fixedness /प्रकार्यात्मक स्थिरता

Ans : (d) समस्या-समाधान की प्रक्रिया प्रकार्यात्मक स्थिरता द्वारा बाधित होती हे। प्रकार्यात्मक स्थिरता यह महसूस करने में असमर्थता है कि किसी विशेष उपयोग के लिए जानी जाने वाली चीज का उपयोग अन्य कार्यों को करने के लिए भी किया जा सकता है। जब किसी को नई समस्या का सामना करना पड़ता है तो प्रकार्यात्मक स्थिरता नए तरीकों से पुराने उपकरणों का उपयोग करने की क्षमता को अवरुद्ध कर देती है।

22. Assertion (A): Teachers who believe that ability is not fixed and can be changed by putting in efforts are likely to motivate students to improve their performance at schools.
अभिकथन (A): जो शिक्षक यह मानते हैं कि क्षमता निश्चित नहीं है और प्रयास करके उसे बदला जा सकता है, छात्रों को स्कूलों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित करने की संभावना प्रस्तुत करते हैं।
Reason (R) : Motivation is linked to beliefs teachers have about the abilities of students.
तर्क (R): अभिप्रेरणा उन विश्वासों से जुड़ी है जो शिक्षक अपने छात्रों की क्षमताओं के बारे में रखते हैं।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(3) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(4) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है

Ans : (a) उपयुक्त कथन (A) और तर्क (R) दोनों सही है एवं (R) सही व्याख्या है (A) की। अर्थात् जो शिक्षक यह मानते हैं कि क्षमता निश्चित नहीं है और प्रयास करके उसे बदला जा सकता है, छात्रों को स्कूलों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित करने की सम्भावना प्रस्तुत करते हैं क्योंकि अभिप्रेरणा उन विश्वासों से जुड़ी है जो शिक्षक अपने छात्रों की क्षमताओं के बारे में रखते हैं। अभिप्रेरणा शिक्षार्थी को सिखाने के लिए निरन्तर क्रियाशील रखती है। इसका कार्य शिक्षार्थी को क्रिया विशेष करने की ओर धकेलना ही नही होता अपितु यह उसमें एक ऐसी ऊर्जा पैदा करती है कि वह निरन्तर क्रियाशील रहता है। अभिप्रेरणा द्वारा शिक्षार्थी अपनी मानसिक योग्यताओं से वहीं अधिक उपलब्धि प्राप्त करते हैं।

23. Which of the following statement does not support a belief in socio-constructivist perspective of learning?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन सीखने के सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य का समर्थन नहीं करता है?

(a) Children's interactions with their peers are an important source of cognitive development /अपने साथियों के साथ बच्चों की बातचीत संज्ञानात्मक विकास का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।
(b) Children acquire knowledge through their actions/बच्चे अपने कार्यों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं।
(c) Pedagogy must incorporate activities that encourage experimentation/शिक्षाशास्त्र में ऐसी गतिविधियाँ शामिल होनी चाहिए जो प्रयोग को प्रोत्साहित करती है।
(d) Assessment should be undertaken only at \the end of teaching/मूल्यांकन शिक्षण के अंत में ही किया जाना चाहिए।

Ans : (d) 'मूल्यांकन शिक्षण के अंत में ही किया जाना चाहिए।' यह कथन सीखने के सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य का समर्थन नहीं करता है। सामाजिक-रचनात्मकता सीखने की सहयोगी प्रकृति पर ध्यान केन्द्रित होता है। ज्ञान का विकास इस बात से होता है कि लोग एक दूसरे के साथ, उनकी संस्कृति और समाज के साथ कैसे बातचीत करते हैं। मूल्यांकन वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से शिक्षक अपने विषय को कितना जानता है, वह कितना प्रभावशीलता के साथ शिक्षण कार्य कर रहा है, इसका भी ज्ञान होता है। इसलिए मूंल्याकन की प्रक्रिया को बीच-बीच में करना चाहिए ताकि विद्यार्थी व शिक्षक स्थिति से अवगत हों सकें।

24. Assertion (A): To ensure meaningful learning students should be expected to reproduce knowledge in the exact same way as it is received
अभिकथन (A): अर्थपूर्ण अधिगम सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि वे ज्ञान को ठीक उसी तरह से पुनरुपित करें जैसे उन्होंने उसे गृहीत किया है।
Reason (R) : Learning is the process of passive reception and reproduction of knowledge by children
तर्क (R): अधिगम बच्चों द्वारा ज्ञान को निष्क्रिय रूप से प्राप्त करने और उसका पुनरुत्पादन करने की प्रक्रिया है।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
(3) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(4) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है

Ans : (d) उपयुक्त कथन (A) तथा तर्क (R) दोनों गलत हैं। अर्थपूर्ण अधिगम सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों से यह अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए कि वे ज्ञान को ठीक उसी तरह से पुनरुपित करें जैसे उन्होंने उसे गृहीत किया है क्योंकि बच्चे जो चीज सीखते है वह अपने वास्तविक जीवन से जोड़ते है वह हुबहू किसी चीज को ग्रहीत नहीं करते है। अधिगम बच्चों द्वारा ज्ञान को सक्रिय रूप से प्राप्त करने और उसका पुनरुत्पादन करने की प्रक्रिया है अधिगम जीवन की एक मूलभूत प्रक्रिया है, जिसके बिना जीवन में प्रगति सम्भव नहीं है इसलिए यह निष्क्रिय क्रिया नहीं है।

25. Charu studies only to get passing marks in all the subjects and has no interest in any of the subjects. She is-
चारू की किसी विषय में कोई अभिरुचि नहीं है तथा वह केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ती है। चारू :

(a) Intrinsically motivated/आंतरिक रूप से अभिप्रेरित है।
(b) Failure accepting learner/असफलता स्वीकार्य विद्यार्थी है
(c) Mastery-oriented learner/महारत उन्मुख विद्यार्थी है।
(d) Failure avoiding learner/असफलता परिहार विद्यार्थी है।

Ans : (d) चारु की किसी विषय मे कोई अभिरुचि नहीं है तथा वह केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ती है। चारु एक 'असफलता परिहार विद्यार्थी, है। इसमे चारु केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ती है क्योंकि वह असफल नहीं होना चाहती है इसलिए बिना अभिरुचि के वह केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ती है।

26. Which of the following is not an effective strategy for learning?
निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यनीति अधिगम के लिए एक प्रभावी कार्यनीति नहीं है?

(a) Meaningless recitation /अर्थहीन अनुवाचन
(b) Explaining to a peer/अपने किसी साथी को समझाना
(c) Self-questioning/स्वयं से प्रश्न करना
(d) Making concept maps/अवधारणा-मानचित्र बनाना

Ans : (a) 'अर्थहीन अनुवाचन (Meaningless recitation) कार्यनीति अधिगम के लिए एक प्रभावी कार्यनीति नहीं है। अधिगम शिक्षण का मूल आधार है। शिक्षा की समस्त प्रक्रिया इसी पर निर्भर करती है। यह अधिगम व्यक्ति के जीवन के अंत तक चलती रहती है। व्यक्ति जो कुछ भी सीखता है वह उसके वास्तविक जीवन से जुड़ा हुआ होता है तथा वह उस अधिगम को अपने भविष्य में उपयोग करने में सक्षम होता है। इसलिए अर्थहीन अनुवाचन का अधिगम प्रक्रिया में कोई स्थान नहीं होता है।

27. In a middle school classroom emphasis should be on creating an environment of-
मध्य विद्यालय की कक्षा में किस प्रकार का वातावरण बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए?

(a) Cooperation and collaboration/सहयोगात्मक और सहकारात्मक
(b) Competition and individualism/प्रतिस्पर्धात्मक और व्यक्तिवादी
(c) Drill and rote memorisation/वेधन व रटना
(d) Fear and stress/भय और तनाव

Ans : (a) मध्य विद्यालय की कक्षा में सहयोगात्मक और सहकारात्मक वातावरण बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। कक्षा और वातावरण अधिगम और अवधारणा के प्रति छात्र की रुचि और जिज्ञासा को तय करता है। कक्षा का वातावरण-
उच्च छात्र सहभागिता और भागीदारी पर ध्यान केन्द्रित करने वाला होना चाहिए।
सहभागी एवं सहयोगी होना चाहिए।
छात्र को अन्वेषण करने और सीखने के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिए।

28. Contemporary policies of education such as New Education Policy 2020 propose that learning should be:
नई शिक्षा नीति 2020 जैसी समकालीन नीतियाँ सीखने के किस शिक्षाशास्त्र को प्रस्तावित करती है?

(a) Teacher oriented/शिक्षक केन्द्रित
(b) Experiential /अनुभवात्मक
(c) Behaviourist /व्यवहारवादी
(d) Textbook centric /पाठ्यपुस्तक केंद्रित

Ans : (b) नई शिक्षा नीति 2020 जैसी समकालीन नीतियाँ सीखने के अनुभवात्मक (Experiential) शिक्षाशास्त्र को प्रस्तावित करती है। अनुभवात्मक शिक्षा का अर्थ अनुभव से सीखना या करके सीखना हैं अनुभवात्मक शिक्षा पहले शिक्षार्थियों को एक अनुभव में डुबोती है और फिर नए कौशल, नए दृष्टिकोण या सोचने के नए तरीकों को विकसित करने के अनुभव के बारे में प्रतिबिंब को प्रोत्साहित करती है।

29. What should be the sequence of introduction of new concepts to children?
बच्चों को नई अवधारणाओं के परिचय का क्रम क्या होना चाहिए?

(a) Global to local /वैश्विक से स्थानीय
(b) Abstract to concrete/अमूर्त से ठोस
(c) Application based to conceptual understanding/अनुप्रयोग से संप्रत्यात्मक समझ
(d) Familiar to unfamiliar/अपरिचित से परिचित

Ans : (d) बच्चों को नई अवधारणाओं के परिचय का क्रम अपरिचित से परिचित होना चाहिए। जब बच्चों को किसी विषय के बारे में शिक्षक पढ़ाना शुरु करता है तो वह सबसे पहले उनके पूर्व ज्ञान को वर्तमान ज्ञान के साथ जोड़ता है। इस समय बच्चा उस विषय के बारे में नही जानता वह केवल अपने वास्तविक अनुभव के आधार पर उत्तर देता है। तब शिक्षक उनके उस ज्ञान के बारे में परिचित करता है। इसीलिए जब बच्चों को नई अवधारणा से अवगत कराया जाता है तो उसका क्रम अपरिचित से परिचित होता है।

30. Meaningful learning of students at school is negatively influenced by _____and positively influenced by _____
विद्यालय में विद्यार्थियों का अर्थपूर्ण अधिगम _____से नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और _____से सकारात्मक रूप से प्रभावित होता है।

(a) Exclusionary practices; learner-centred pedagogy
बहिष्करण प्रथाओं; शिक्षार्थी केंद्रित शिक्षाशास्त्र
(b) Exclusionary practices; exam-oriented pedagogy
बहिष्करण प्रथाओं; परीक्षा -उन्मुख शिक्षाशास्त्र
(c) Inclusive practices; exam-oriented pedagogy
समावेशी प्रथाओं; परीक्षा-उन्मुख शिक्षाशास्त्र
(d) Inclusive practices; learner-centred pedagogy
समावेशी प्रथाओं; शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षाशास्त्र

Ans : (a) विद्यालय में विद्यार्थियों का अर्थपूर्ण अधिगम बहिष्करण प्रथाओं से नकारात्मक रूप से प्रभावित होता हैं और शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षाशास्त्र से सकारात्मक रूप से प्रभावित होता है। जब अर्थपूर्ण अधिगम होता है, तो यह हमारी सम्पूर्ण संज्ञानात्मक संरचना के भीतर परिवर्तनों की एक श्रृंखला उत्पन्न करता है मौजूदा अवधारणाओं को संशोधित करता है। और अवधारणाओं के बीच नए संबंध बनाता है।

SOCIAL SCIENCE

1. Mesolithic period is marked by which of the following changes?
मध्यपाषण युग को निम्नलिखित में से किस परिवर्तन द्वारा किया गया?
(a) Development of grasslands/घास वाले मैदान बनना
(b) Development of semi-arid zones/अर्ध शुष्क क्षेत्रों का बनना
(c) Massive deforestation /अत्याधिक वनउन्मूलन
(d) Colder temperature on the planet/गृह पर तापमान का और ठंडा होना

Ans : (a) मध्य पाषण काल (10000 - 6000 ई. पू.) को संक्रमण काल कहा जाता है। इस दौरान पर्यावरण में अनेक परिवर्तन हुए जिसमें घास वाले मैदानों का बनना, अच्छी वर्षा होना, छोटे-छोटे औजारों का निर्माण जिस कारण इसे 'माइक्रोलिथ भी कहा जाता है'।

2. Who among the following could be a valid reason for choosing a particular site to live by hunter-gatherers?
आखेटक-संग्राहकों द्वारा रहने के लिए एक विशेष स्थल का चयन करने हेतु वैद्य कारणों में से निम्नलिखित में कौन सा कारण हो सकता है?
(a) Availability of good quality stones/अच्छी गुणवत्ता वाले पत्थरों की उपलब्धता
(b) Familiarity with the local tribes/स्थानीय जनजातियों के साथ घनिष्ठता
(c) Fear of god and other forces /भगवान एवं अन्य शक्तियों का भय
(d) Decision of the group leader/समूह के मुखिया का निर्णय

Ans : (a) आखेटक-संग्राहकों द्वारा रहने के लिए एक विशेष स्थल का चयन करने हेतु अच्छी गुणवत्ता, वाले पत्थरों की उपलब्धता प्रमुख तत्व होगा क्योंकि पाषाण काल में पाषाणोपरण के द्वारा ही आखेट सम्भव हो सकता था।

3. In which of the following parts, mentioned in Sangam poems, evidence of trade was found on the East Coast?
निम्नलिखित में से किस बन्दरगाह में, जिसका उल्लेख कविताओं में मिलता है, पूर्वी तट पर व्यापार के प्रमाण मिले हैं?
(a) Dharanikota /धरणीकोटा (b) Puhar/पुहार
(c) Madurai /मदुरै (d) Korkai/कोर्काई

Ans : (b) पुहार तमिलनाडु में बंगाल की खाड़ी में स्थित एक पूर्वी तटीय बंदरगाह है। जहाँ से प्राचीन कालीन व्यापार-वाणिज्य के साक्ष्य मिलते हैं। यह चोल वंश की आरम्भिक राजधानी थी।

4. Match the following in the context of earliest cities in the Indian Sub-Continent and choose the appropriate option.
भारतीय उपमहाद्वीप में प्रारंभिक नगरों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

List-I सूची- I	List-II सूची- II
(a) Citadel/नगर-दुर्ग	(i) Lothal /लोथल
(b) Fire Altar/अग्निकुण्ड	(ii) Harappa/हड़प्पा
(c) Store houses/भंडार गृह	(iii)Kalibangan/कालीबंगा
(d) Dockyard/बन्दरगाह	(iv) Mohenjodaro मोहनजोदड़ों

	a	b	c	d
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(3)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(4)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)

Ans : (a) सुमेलित सूची इस प्रकार है–

सूची – I		सूची – II
नगर-दुर्ग	–	मोहन जोदड़ों
अग्नि कुण्ड	–	कालीबंगा
भंडार गृह	–	हड़प्पा
बंदरगाह	–	लोथल

5. Read the statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों (A) और (R) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): Both Mahavira and Buddha laid emphasis on abandonment of houses in order to atain spiritual atainment
अभिकथन (A): महावीर और बुद्ध दोनों ने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के लिए घरों के त्याग पर बल दिया।

Reason (R) : They felt that only those who left their homes to stay at Sangha could gain true knowledge.
कारण (R): उनका मानना था कि संघ में रहने के लिए अपने घरों का त्याग करने वाले ही सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों ही सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों ही सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true /(A) गलत है परन्तु (R) सही है

Ans : (a) बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध एवं जैन धर्म के स्वामी महावीर दोनों ने ज्ञान प्राप्ति के लिए गृह त्याग किया था। उनके अनुसार/संघ के नियमों के अनुसार सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त करने के लिए सांसारिक मोह-माया को त्यागना आवश्यक होता है। अतः कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या है।

6. Consideer the following statements regarding, Kathak and choose the appropriate option.
कथक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

I. Kathak was performed in the court of Mughal emperors and their nobles /मुगल सम्राटों एवं उनके अभिजातों के राजदरबार में कथक नृत्य प्रस्तुत किया जाता था।

II. Kathak began evolving into a distinct model of dance in the 15th and 16th centuries/पंद्रहवीं तथा सोलहवीं शताब्दियों में कथक एक विशिष्ट नृत्य शैली का रूप धारण करने लगा।

III. Kathak was viewed with favour by most British administrators in 19th and 20th centuries/कथक को उन्नीसवीं तथा बींसवीं शताब्दियों में अधिकांश ब्रिटिश प्रशासकों ने पसंद किया।

Which of the statement (s)/are correct?

(1) Only I/केवल I

(2) Only II/ केवल II

(3) Both I and II / I और II दोनों

(4) Both II and III / II और III दोनों

Ans : (c) कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। यह पन्द्रहवीं तथा सोलहवीं शताब्दी मे ंएक विशिष्ट नृत्य शैली के रूप में उभर कर सामने आया। कथक को मुगल सम्राट एवं अभिजात्य वर्ग अत्यधिक पसन्द करते थे। अतः कथक I और II सत्य है।

7. Read the statement (A) and (R) and choose the correct option:
कथन (A) तथा (R) को पढ़िए और सही विकल्प का चुनिए।

(A) Shankara was an advocate or Advaita or the doctrine of the Oneness of the individual soul and the supreme good which is the ultimate reality/शंकर अद्वैत के समर्थक थे, जिसके अनुसार जीवात्मा और परमात्मा जो कि परम सत्य है, दोनों एक ही है।

(R) He considered the world around us to be an illusion (Maya), and preached renunciation of the world to attain salvation/शंकर ने हमारे चारों ओर के संसार को मिथ्या (माया) माना और मोक्ष प्राप्त करने के लिए संसार का परित्याग करने का उपदेश दिया।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों ही सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है(A) की

(c) (A) is true but (R) is false/ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans : (a) दार्शनिक विचारधारा 'अद्वैतवाद' के प्रतिपादक शंकराचार्य थे। इनके अनुसार जीवात्मा और परमात्मा दोनों एक ही हैं और यही सत्य है। इन्होने संसार को मिथ्या माना है और मोक्ष प्राप्ति के लिए संसार का त्याग करना आवश्यक तत्व माना है। अतः (A) और (R) दोनों ही सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

8. Under which of the following system Sikhs offered protection to cultivatiors on the payment of a tax of 20% of the produce?
निम्नलिखित में से किस व्यवस्था के अंतर्गत सिखों ने किसानों से उनकी उपज का 20 प्रतिशत कर के रूप में लेकर बदले में उन्हें संरक्षण प्रदान किया?

(a) Jatha /जत्था (b) Khalsa /खालसा

(c) Chauth/चौथ (d) Rakhi/राखी

Ans : (d) राखी व्यवस्था के तहत सिखों ने किसानों से उनकी उपज का 20 प्रतिशत कर के रूप में लेकर बदले में उन्हें संरक्षण प्रदान करते थे।

9. Which of the following social reformers used the ancient texts to suggest that widows could remarry?/निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने प्राचीन ग्रंथों का उपयोग यह सुझाव देने के लिए किया कि विधवाएँ पुनर्विवाह कर सकती है?

(a) Swami Dayanand Saraswati/स्वामी दयानंद सरस्वती

(b) Raja Rammohan Roy/राजा राममोहन राय

(c) Veerasalingam Panthulu /वीरसालिंगम पंतुलु

(d) Ishwarchand Vidyasagar/ईश्वरचंद विद्यासागर

Ans : (d) समाज सुधारक ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने प्राचीन ग्रंथों का सन्दर्भ देते हुए विधवा पुनर्विवाह के लिए सर्वप्रथम वकालत की थी। आगे चलकर लार्ड कैनिंग के समय ''विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856'' पारित किया गया, जिससे सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लग गया।

10. Why in some schools of Bombay Presidency in the 1820s, young students belonging to certain castes were allowed to sit down only in the veranda outside the classroom and listen to the lessons?
1820 के बाद के वर्षों में मुंबई प्रेसीडेंसी के कई विद्यालयों में क्यों कुछ जातियों के किशोर विद्यार्थियों को केवल कक्षा के बाहर बरामदे में बैठने और पाठों को सुनने की अनुमति दी गई थी?

(A) Because they did not pay the fees /क्योंकि उन्होंने फीस नहीं दी थी।

(B) Because they were making unnecessary noise when the class was going/क्योंकि जब कक्षा में पाठ पढ़ाया जा रहा था तब वे अनावश्यक शोर कर रहे थे।

(C) It was felt that allowing those students would pollute the classroom where students of other castes were taught /यह महसूस किया गया कि ये विद्यार्थी उस कक्षाकक्ष को प्रदूषित कर देंगे जहाँ अन्य जातियों के विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है।

Options/विकल्प

(a) Only (A) was true/केवल (A) सत्य है

(b) Only (C) was true/केवल (C) सत्य है

(c) Both (A) and (C) were true / (A) और (C) दोनों सत्य है

(d) Both (A) and (B) were true/ (A) और (B) दोनां सत्य है।

Ans : (b) प्राचीन भारत में जाति प्रथा की कठोर छवि देखने को मिलती है। इसी सन्दर्भ में 1820 के दशक में मुंबई प्रसीडेंसी के कई विद्यालयों में शूद्र या अछूत समझी जाने वाले जाति के बच्चों को विद्यालय के कक्ष में पढ़ने नहीं दिया जाता था। आगे चलकर अम्बेडकर, पेरियार, गाँधी जी आदि जैसे समाजसेवियों के द्वारा अस्पृश्यता को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

11. What was the purposeof Parmahans Mandali founded in Bombay in 1840?
बम्बई में 1840 में गठित परमहंस मंडली का उद्देश्य क्या था ?

(a) Abolition of Caste/जाति प्रथा का उन्मूलन

(b) Abolition of Sathi/सती प्रथा का उन्मूलन

(c) Abolition of Purdha/पर्दा प्रथा का उन्मूलन

(d) Abolition of Child Marriage /बाल विवाह प्रथा का उन्मूलन

Ans : (a) पंरमहंस मंडली 1849 में बाम्बे में स्थापित एक गुप्त सामाजिक, धार्मिक समूह था जिसकी स्थापना दुर्गाराम मेहता जी, दादोबा पाण्डुरंग आदि लोगों ने किया था। इसका मुख्य उद्देश्य जाति प्रथा का अंत करना था।

12. Match the following in the context of nationalism and art and choose the appropriate option.
राष्ट्रवाद और कला के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

	A	B
(a)	Krishna Sandhan कृष्ण संधान	(i) Nandlal Bose नंदलाल बोस
(b)	Jatugriha Daha जातृगृह दाह	(ii) Abanindranth Tagore अबनिंद्रनाथ टैगोर
(c)	My Mother मेरी माँ	(iii) Okakura Kakuzo ओकाकुरा काकुज़ो
(d)	The ideals of the east पूर्व के आदर्श	(iv) Raja Ravi Verma राजा रवि वर्मा

Code/विकल्प

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(2)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(3)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(4)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

Ans : (c) सुमेलित सूची इस प्रकार है–

सूची (A)		सूची (B)
कृष्ण संधान	–	राजा रवि वर्मा
जातृगृह दाह	–	नंद लाल बोस
मेरी माँ	–	अबनिंद्र नाथ टैगोर
पूर्व के आदर्श	–	ओकाकुरा काकुजो

13. Match the territory which were annexed by the East India Company using the Doctrine of Lapse and choose the appropriate option.
विलय नीति का प्रयोग करके ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अधिग्रहित किए गए भूभागों का सुमेल कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

	List-I सूची- I	List-II सूची- II
(a)	Satara/ सतारा	(i) 1848
(b)	Sambalpur/संबलपुर	(ii) 1853
(c)	Nagpur/नागपुर	(iii) 1850
(d)	Udaipur/उदयपुर	(iv) 1852

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(i)	(ii)	(iii))	(iv)
(2)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(i)	(iii)	(ii) `	(iv)

Ans : (d) सही सुमेलित सूची इस प्रकार है–

सूची I		सूची II
सतारा	–	1848
संबकपुर	–	1850
नागपुर	–	1853
उदयपुर	–	1852

14. Consider the following statements regarding the creation of Linguistic States after India became independent nation.
भारत के स्वतंत्र राष्ट्र बनने के बाद भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। निम्न कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

I. Jawaharlal Nehru and Vallabhbhai Patel were against the creation of Linguistic States/जवाहरलाल नेहरू और वल्लभभाई पटेल भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के विरूद्ध थे।

II. Andhra Pradesh became the first state based on Linguistic ideas /आंध्रप्रदेश भाषायी विचारों पर आधारित पहला राज्य बना।

III. States Reorganisation Commission was setup in 1952/1952 में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया।

Which of the above statement (s) is/are correct?/ उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सही है/हैं?

(a) Only I/केवल I
(b) Only II/केवल II
(c) Both I and II/ I और II दोनों
(d) Both II and III/ I और III दोनों

Ans : (c) स्वतंत्रता के बाद भाषाई राज्यों की मांग तेज होने लगी थी। जून 1948 मे धर आयोग का गठन किया गया जिसने भाषा के आधार पर राज्यों के गठन को नकार दिया इस आयोग ने प्रशासनिक सुविध के आधार पर राज्यों के गठन की अनुशंसा की नेहरू और पटेल जी भाषाई आधार पर राज्यों के गठन के विरुद्ध थे। राज्य पुर्नगठन आयोग का गठन 1953 में किया गया। भाषा के आधार पर गठित होने वाला पहला राज्य आंध्र प्रदेश था।

15. Which of the following planets in our Solar System have rings around them?
हमारे सौर मंडल के कौन से ग्रहों के चारों ओर छल्ले हैं?

(a) Jupiter, Saturn and Uranus/ बृहस्पति, शनि तथा यूरेनस
(b) Saturn, Uranus and Neptune/ शनि, यूरेनस तथा नेप्यून
(c) Mars. Jupiter and Saturn/ मंगल, बृहस्पति तथा नेप्यून
(d) Mars. Jupiter and Saturn/ मंगल, बृहस्पति तथा शनि

Ans : (a,b) हमारे सौर मण्डल में वृहस्पति, शनि, यूरेनस तथा नेप्चून ग्रहों के चारों ओर छल्लें है।

16. The International Date Line coincides with :
अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा मेल खाती है:

(a) Longitude of 180º/180º देशांतर के साथ
(b) Longitude of 90º/90º देशांतर के साथ
(c) Longitude of 0º /0º देशांतर के साथ
(d) Latitude of 0º/0º अक्षांश के साथ

Ans : (a) अंतराष्ट्रीय तिथि रेखा 180º देशांतर के साथ मेल खाती है। यह प्रशांत महासागर के बीचों बीच उत्तर से दक्षिण की ओर खींची गई एक काल्पनिक रेखा है।

17. Consider the following statements on 22nd December and choose the correct option.
22 दिसंबर से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) Tropic of Cancer receives direct rays of the sun/कर्क रेखा सूर्य की सीधी किरणें प्राप्त करती है
(B) Sun rays falls vertically at the Tropic of Cancer/सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर लंबवत् पड़ती है
(C) Large portion of Southern Hemisphere gets light/दक्षिणी गोलार्ध के बहुत बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है
(D) It is summer season in the Southern Hemisphere/दक्षिणी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु होती है।

Options:

(a) Only statement (A) is correct/केवल कथन (A) सही है
(b) Only statements (B) and (C) are correct/केवल (B) और (C) कथन सही है
(c) Statements (A), (B), (C) and (D) are correct/केवल (A), (B), (C) और (D) सही है।
(d) Only (C) and (D) are correct/केवल कथन (C) और (D) सही है।

Ans : (d) सूर्य के उत्तरायन होने पर दक्षिणी गोलार्द्ध में 22 दिसंबर को सबसे छोटा दिन एवं सबसे लम्बी रात होती है। क्योंकि दक्षिणी गोलार्द्ध के बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है। सूर्य दक्षिणायन होने पर दक्षिणी गोलार्द्ध में ग्रीष्म ऋतु होती है।

18. What do large scale maps show?
बड़े पैमाने वाले मानचित्र क्या दर्शाते हैं?

(a) Village and town localities/ गाँव और शहरी इलाके
(b) States and countries/राज्य और देश
(c) Continents and oceans/महाद्वीप और सागर
(d) Climatic region of the world/ विश्व के जलवायु संबंधी क्षेत्र

Ans : (a) बड़े पैमाने वाले मानचित्र छोटे स्तर के मानचित्रों को भी दर्शाते हैं जैसे गाँव, शहर, गली, स्थानीय स्थलाकृति एवं प्राकृतिक आवरण इत्यादि।

19. What forms an ecosystem?
परितंत्र की रचना क्या करता है?

(A) The relation between living organisms/ जीवधारियों के बीच के पारस्परिक संबंध
(B) The relation between organisms and surroundings/ जीवधारियों और आस-पास के वातावरण के बीच के संबंध
(C) Relation between elements of nature/ प्रकृति के तत्त्वों के बीच के संबंध

Options:/विकल्प

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(c) (A) and (C) only /केवल (A) और (C)
(d) (B) only/केवल (B)

Ans : (a) पारितंत्र प्रकृति की वह क्रियात्मक इकाई है जिसमें जीवमण्डल के सभी घटकों के समूह पारस्परिक क्रिया में शामिल होते है। यह जीवधारियों के बीच सम्बंध साथ ही आस-पास के वातावरण के सम्बंध को दर्शाता है।

20. Consider the following pairs:
निम्न युग्मों पर विचार कीजिए:

	River नदी	Continents महाद्वीप
I	Mississippi मिसीसिपी	North America उत्तरी अमेरिका
II	Amazon अमेजन	South America दक्षिणी अमेरिका
III	Organe आरेंज	Asia एशिया
IV	Darling डार्लिंग	Australia ऑस्ट्रेलिया

How many of the above mentioned pairs are correctly matched?
उपर्युक्त में कितने युग्म सुमेलित है?

(a) Only one/केवल एक
(b) Only two/केवल दो
(c) All four pairs/सभी चारों
(d) only three /केवल तीन

Ans : (d) सही सुमेलन है–

नदी		**महाद्वीप**
मिसीसिपी	–	उत्तरी अमेरिका
अमेजन	–	दक्षिणी अमेरिका
आरेंज	–	दक्षिण अफ्रीका
डार्लिंग	–	आस्ट्रेलिया

21. Trophical deserts are located on _____
उष्णकटिबंधीय रेगिस्तान पाए जाते हैं
(a) Western margins of the continents/महाद्वीपों के पश्चिमी
(b) eastern margins of the continents /महाद्वीपों के पूर्वी किनारों पर
(c) mid of the continents/महाद्वीपों के मध्य में
(d) northern margins of the continents/महाद्वीपों के उत्तरी किनारों पर

Ans : (a) उष्णकटिबंधीय रेगिस्तान महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में पाये जाते है। इसका मुख्य कारण यह है कि महाद्वीप के पूर्वी तटीय क्षेत्र चलने वाली मानसूनी हवाएं पूर्वी तट से आर्द्रता ग्रहण करने के पश्चात पूर्वी तटीय क्षेत्र में घनघोर वर्षा करती है तथा पश्चिमी क्षेत्र तक जाते-जाते यह आर्द्रता बहुत निम्न मात्रा में रह जाती है।

22. Consider the following statements about stratosphere and choose statements which are true.
समतापमंडल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही कथनों का चयन कीजिए।
(A) This layer is almost free from clouds/यह परत बादलों से लगभग मुक्त होती है।
(B) It contains a layer of ozone gas/इसमें ओजोन गैस की परत होती है।
(C) It extends upto a height of 50 kms/50 किलोमीटर की ऊँचाई तक इसका विस्तार होता है।

Options:/विकल्प
(a) (A) and (B)/ (A) तथा (B)
(b) (B) and (C)/ (B) तथा (C)
(c) (A) and (C)/ (A) तथा (C)
(d) (A), (B) and (C)/सभी (A), (B) तथा (C)

Ans : (d) क्षोभमण्डल के बाद दूसरा मण्डल समताप मण्डल होता है। जिसकी ऊँचाई सतह से 50 km तक होती है। इस मण्डल में मानसून गतिविधियाँ नहीं होती है। यह मण्डल बादलों के गरज एवं विद्युत तड़ित से मुक्त होता है। ओजोन गैस इसी परत में पाई जाती है।

23. Read the given statements about high tides and identify which among the following is/are correct?
उच्च ज्वार के बारे में दिए गए निम्न कथनों को पढ़िए तथा पहचान कीजिए कौन सा/से कथन सही है?
(A) High tides help in navigation/उच्च ज्वार नौसंचालन में सहायक होती हैं।
(B) High tides help in fishing/उच्च ज्वार मछली पकड़ने में सहायक होते हैं।
(a) (A) and (B) are true / (A)और (B)दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true /(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans : (a) आमवस्या और पूर्णिमा के दिन सूर्य चन्द्रमा और पृथ्वी तीनों एक सीधे में होते है जिसके प्रभाव के कारण ज्वार की ऊँचाई सामान्य ऊँचाई से 20% अधिक होती है इसे वृहद् या उच्च ज्वार कहते है यह नौसंचालन में सहायक होती है। उच्च ज्वार मछली पकड़ने में भी सहायक होता है।

24. What is river's mouth?
नदी का मुहाना क्या होता है?
(a) Place from which river originates /वह स्थान जहाँ से नदी को उद्गम
(b) Place where one river joins another river/वह स्थान जहाँ एक नदी दूसरी नदी से मिलती है।
(c) Place where the river joins another water body/वह स्थान जहाँ कोई नदी किसी अन्य जल राशि से मिलती है
(d) Place where river dries out during dry season./वह स्थान जहाँ नदी शुष्क मौसम में सूख जाती है।

Ans : (c) वह स्थान जहाँ कोई नदी किसी अन्य जल राशि से मिलती है। इसे नदी का मुहाना कहते है।

25. Which country is a leading producer of coal in the world?
विश्व में कौन सा देश कोयले का अग्रणी उत्पादक है?
(a) India/भारत (b) Indonesia/इंडोनेशिया
(c) China/चीन (d) Australia/ऑस्ट्रेलिया

Ans : (c) चीन मुख्य कोयला उत्पादक देश है। कोयला उत्पादन में देशों का घटता क्रम-चीन, अमेरिका, भारत, आस्ट्रेलिया आदि है।

26. On the basis of development and use; resources can be classified as"
विकास एवं उपयोगों के आधार पर संसाधनों को निम्नलिखित में वर्गीकृत किया जा सकता है:
(A) Actual resources/वास्तविक संसाधन
(B) Potential resources/संभावित संसाधन
(C) Localised resources/स्थानीय संसाधन
(D) Abiotic resources/अजैविक संसाधन

Options:/विकल्प
(a) (A), (B) and (C) only /केवल (A), (B) तथा (C)
(b) (A) and (B) only/केवल (A) तथा (B)
(c) (B) and (C) only /केवल (B) तथा (C)
(d) (C) and (D) only /केवल (C) तथा (D)

Ans : (b) विकास एवं उपयोग के आधार पर संसाधनों को वास्तविक एवं संभावित संसाधन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

27. Type of farming wherein people move from place to place with their animals for fodder and water, is known as:/ऐसी कृषि जिसमें पशुचारक अपने पशुओं के साथ चारे और पानी के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते हैं, क्या कहलाती है?

(a) Intensive Subsistence Farming/गहन निर्वाह कृषि
(b) Shifting Cultivation/स्थानांतरी कृषि
(c) Nomadic Herding/चलवासी पशुचारण
(d) Mixed Farming/मिश्रित कृषि

Ans : (c) ऐसी कृषि जिसमें पशुपालक अपने पशुओं के साथ चारे और पानी के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते हैं उसे चलवासी पशुचारण कहा जाता है।

28. The following are considered to be a part of diversity of India :/निम्नलिखित को भारत की विविधता का हिस्सा माना गया है:

(A) Different ways in which people get married/लोगों के विवाह करने के भिन्न -भिन्न तरीके।
(B) In Jharkhand people use Johar to greet each other /झारखंड में लोग एक दूसरे का अभिवादन करने के लिए जोहार का प्रयोग करते हैं।
(C) Different culture influences and shape life of people /विभिन्न संस्कृतियाँ लोगों के जीवन को प्रभावित है।
(D) Symbols of the nation symbolises diversity/राष्ट्र के चिह्न (प्रतीक) विविधता को दर्शाते हैं।

Which of the above statements are correct?
उपरोक्त में से कौन से कथन सही है?

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (A) and (C)/केवल (A), और (C)
(c) Only (A), (B), (C)/ केवल (A), (B) और (C)
(d) (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D)

Ans : (d) विविधता से तात्पर्य कई प्रकार की क्रियाएँ, संस्कृति, भाषा, रहन-सहन, खान-पान आदि समाहित हो। भारत विविधताओं का देश है जिसमें विवाह के भिन्न-भिन्न तरीके संस्कृति, राष्ट्र का चिन्ह और झारखण्ड के आदिवासी समूह द्वारा 'जोहर' शब्द का आशीर्वाद के लिए प्रयोग आदि है।

29. Stereotyping particular communities i.e. Adivasis may lead people to _____against such groups
विशेष समुदाय जैसे कि आदिवासियों को रूढ़िबद्ध करना इन लोगों के विरुद्ध _____ पैदा कर सकते हैं।

(a) Appreciate/सराहना
(b) Make biased opinions /पक्षपाती राय बनाना
(c) Discriminate/भेद भाव करना
(d) Ridicule/उपहास

Choose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चयन करें :

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans : (b) विशेष समुदायों जैसे आदिवासी आदि को रूढ़िबद्ध करने से उनके अन्दर भय, भेदभाव, उपहास एवं पक्षपात जैसे कारक जन्म लेते है। जिससे वे स्वयं को आम समाज से अलग महसूस करते हैं।

30. The statement "The provision of Separation of Powers strives to ensure harmony among the three organs of government viz the executive, the legislature and the judiciary" implies:
कथन ''शक्यिों के बँटवारे का प्रावधान, सरकार के तीनों अंगों, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रयास है'' दर्शाता है:

(A) each organ acts as a check on the other organs of government/प्रत्येक अंग सरकार के दूसरे अंगों पर अंकुश रखता है
(B) all three organs work under their defined jurisdictions /तीनों अंग अपने परिभाषित क्षेत्राधिकारों केतहत काम करते हैं
(C) this provision protects rights and liberties of the Indian citizens /यह प्रावधान भारतीय नागरिकों के अधिकारों और आजादी की रक्षा करता है
(D) this provision ensures smooth transactions among the central and the state governments/यह प्रावधान केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच सुगम लेन-देनों (व्यवहारों) की सुनिश्चित करता है।

Choose the correct answer:
सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) (C) and (D)/(C) और (D)

Ans : (c) शक्तियों को बँटवारा सरकार के तीनों अंगो कार्यपालिका,विधायिका और न्यायपालिका के रूप में किया गया है। इसमें प्रत्येक अंग एक दूसरे पर अंकुश रखते है और अपने परिभाषित क्षेत्रों के तहत कार्य करते हैं।

31. The President of India is the Head of the _____
भारत का राष्ट्रपति मुखिया होता है _____का।

(a) State/राज्य
(b) Government/सरकार
(c) Parliament/संसद
(d) Union Cabinet/संघीय मंत्रीमंडल

Ans : (a) भारत का राष्ट्रपति राज्य का मुखिया होता है। क्योंकि भारत राज्यों का एक संघ है। संविधान में भारत के लिए राज्य शब्द का प्रयोग किया गया है।

32. In which of the following situations a landless agricultural labourer may not be engaged?
निम्न में से किस स्थिति में भूमिहीन खेतिहर मजदूर के पाए जाने की संभावना कम है?

(i) Making baskets at home /घर में टोकरी बनाने में
(ii) Construction sites/निर्माण स्थल
(iii) Supervising a garment factory/कपड़ा फैक्ट्री में सुपरवाइजर के रूप में
(iv) Collecting firewood from forests/जंगल से लकड़ियां चुनने में

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) Only (ii)/ केवल (ii)
(c) Only (iii)/केवल (iii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)

Ans : (c) फैक्ट्री में बड़े पदों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के पास खेतिहर जमीन नही होने की सम्भावना हो सकती है। अन्य सभी भूमिहीन खेतिहर मजदूर हो सकते है।

33. Consider the following statements in reference to Bhopal Gas Tragedy and choose the correct option.
भोपाल गैस त्रासदी के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें।

(A) In 1984 there were very no laws protecting the environment of India/1984 में भारत में पर्यावरण की रक्षा के लिए कोई भी कानून नहीं था
(B) Supreme Court held that the Right to Life is a Fundamental Right under Article 21 of the Constitution and it includes the right to the consumption of pollution-free water and air./सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन का अधिकार संविधान के अनुचछेंद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है और इसमें प्रदूषण-मुक्त हवा और पानी का अधिकार भी शामिल है।

(a) Both (A) and (B)are true /(A) और (B) दोनों सही है।
(b) Both (A) and(B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans : (d) भोपाल गैस त्रासदी 1984 से पहले भारत में वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण से जुड़े कई कानून थे। मौलिक अधिकारों के सन्दर्भ में अनुच्छेद 21 के तहत प्रदूषण मुक्त हवा और पानी का अधिकार भी शामिल होता है।

34. Which of the following will be instrumental in realizing gender equality at work places?
निम्नलिखित में से कौन सा/से कार्य स्थल पर लैंगिक समानता का बोध करवाने में सहायक होगा?

(A) Setting up of child-are centre/शिशु-देखभाल केंद्र की स्थापना करना
(B) Equal pay/समान वेतन
(C) Less working hours for female employees/ महिला कर्मचारियों के लिए कार्य के कम घंटे

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Both (A) and (C) are true/ (A) और (C) दोनों सही है
(b) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनां सही है
(c) Both (A) and (C) are false/(A) और (C) दोनों गलत है
(d) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है

Ans : (b) शिशु-देखभाल केन्द्र की स्थापना करना एवं समान वेतन देना कार्य स्थल पर लैंगिक समानता के तत्व होंगे।

35. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
निम्नलिखित दिये गये कथन (A) और (R) का अध्ययन करे और सही विकल्प को चुनेः

Assertion (A): Women are often paid less than men in many workplaces.
अभिकथन (A): बहुत से कार्य-स्थलों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कम वेतन दिया जाता है।

Reason (R) : Men are physically stronger than women.
विवेचना (R): महिलाओं की तुलना में पुरुष शारीरिक रूप से ज्यादा तगड़े होते हैं

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है
(c) (A) is true but (R) is false /(A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A)और (R) दोनों गलत है।

Ans : (b) बहुत से कार्यस्थल पर महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कम वेतन मिलता है। महिलाओं की अपेक्षा पुरुष शारीरिक रूप से ज्यादा मजबूत होते है। (A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या है

36. Three organs of government exercising different powers is called _____
सरकार के तीनों अंग भिन्न-भिन्न अधिकारों का पालन करते हैं, यह _____ कहलाता है।

(a) Division of powers /शक्तियों का विभाजन
(b) Centripetalism/अभिकेंद्रीवाद
(c) Separation of powers/शक्तियों का बँटवारा
(d) Confederation/राज्यसंघ

Ans : (c) सरकार के तीनों अंग भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं जो शक्तियों का बँटवारा कहलाता है। विधायिका का कार्य विधि का निर्माण करना तथा कार्यपालिका का कार्य विधि का क्रियान्वयन करना एवं न्यायपालिका का कार्य निरपक्ष न्याय करना है।

37. Which of the following became a part of Fundamental Duties in the year 2002?
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प वर्ष 2002 मौलिक कर्तव्यों का हिस्सा बना?

(a) Value and preserve the rich heritage of our composite culture/हमारी मिश्रित संस्कृति की समृद्ध-धरोहर को सम्मान (मान) देना और सुरक्षित रखना
(b) Provide opportunities for education to child between the age of six to fourteen years by parent or guardian/माता-पिता या अभिभावक द्वारा छः से चौदह वर्ष के बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना

(c) Uphold and protect the Sovereignty Unity and integrity of India/भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को संभालना और सुरक्षित रखना

(d) Safeguard public property and to abjure violence/जन संपत्ति की सुरक्षा करना और शपथपूर्वक हिंसा को त्याग देना

Ans : (b) 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा माता-पिता या अभिभावक द्वारा छः वर्ष से चौदह वर्ष के बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करने का प्रावधान किया गया।

38. Under what condition the Judiciary has the power to strike down laws passed by the Parliament in India?
किस स्थिति में भारत में न्यायपालिका के पास अधिकार है कि वह संसद द्वारा पारित कानून को रद्द कर सकती है?

(a) When law passed by the Parliament violates the basic structure of the Constitution/जब संसद द्वारा पारित कोई कानून संविधान के आधारभूत ढाँचे का उल्लंघन करता है।

(b) When the President instructs the judiciary to do so/जब राष्ट्रपति न्यायपालिका को ऐसा करने के लिए निर्देश देता है।

(c) When law passed by Parliament is not supported by certain groups/जब संसद द्वारा पारित कानून को कुछ समूहों द्वारा समर्थन नहीं मिलता।

(d) When the process of passing the law is not inclusive/जब कानून पारित करने की प्रक्रिया समावेशी नहीं होती है।

Ans : (a) संसद द्वारा पारित कोई कानून संविधान के आधार भूत ढाँचे का उल्लंघन करता है तो न्यायपालिका के पास अधिकार है कि ऐसे कानूनों को निरस्त कर सकता है।

39. The marginalisation certain groups in society is likely because they _____
समाज में कुछ समूहों का हाशियाकरण संभावनीय है क्योंकि वे _____ ।

(A) speak a different language/भिन्न भाषा बोलते हैं

(B) follow different customs than the mainstream /मुख्यधारा से भिन्न दूसरी प्रथाओं का अनुसरण करते हैं

(C) belong to a unacceptable social group/अस्वीकार्य सामाजिक समूह से आते हैं।

(D) belong to a different religious group from the majority community/बहुसंख्यक समुदाय के मुकाबले किसी दूसरे धर्म से होते हैं

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) A, (B), (C) and (D)/ A, (B), (C) तथा (D)

(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B), तथा (C)

(c) (B), (C) and (D) /(B), (C) तथा (D)

(d) (A), (B) and (D)/ (A), (B) तथा (D)

Ans : (d) समाज के कुछ समूहों का हाशियाकरण या नीचे जाने के प्रमुख कारण भिन्न भाषा बोलना, मुख्य धारा से अलग दूसरी प्रथाओं को मानना एवं बहुसंख्यक समुदाय के मुकाबले किसी अन्य धर्म का होना हो सकता है।

40. Choose the incorrect statement from the following statements regarding Adivasis and Development.
आदिवासियों और विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से गलत कथन का चयन कीजिए

(a) Adivasis have been increasingly complelled to migrate to live as workers in plantations, domestic workers, etc, due to various forces/विभिन्न कारणों से आदिवासियों को बगानों में मजदूरों, घरेलू कर्मचारी आदि के रूप में जीने के लिए प्रवास करने हेतु अधिकाधिक विवश किया गया

(b) Adivasis lose only source of income Adivasis lose their traditions and custom when they are displaced/आदिवासियों को जब विस्थापित किया जाता है तो उनका आय का एकमात्र स्रोत भी छिन जाता है

(c) Apart from losing souce of income Adivasis lose their traditions and custom when they are displaced /जब, उन्हें विस्थापित किया जाता है तब आदिवासी अपने आय के स्रोत के साथ-साथ अपनी परंपराओं और प्रथाओं (रीति) को भी गवाँ देते हैं।

(d) When Adivasis are displacded, they often get caught in a cycle of poverty and deprivation/जब आदिवासियों को विस्थापित किया जाता है तब प्रायः वे गरीबी और अभाव के जाल में फँसते चले जाते हैं।

Ans : (b) आदिवासियों के विकास के सन्दर्भ में गलत कथन जब उन्हें विस्थापित किया जाता है तो उनका आय का एकमात्र स्रोत भी छिन जाता है।

41. NCERT's history part of social science textbooks for class 6-8 are titled as "Our Pasts" What does the Book title "Our pasts" indicate?/6-8 कक्षा के लिए NCERT सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों के इतिहास वाले भाग की ''हमारे अतीत'' का शीर्षक दिया गया है।
पुस्तक का शीर्षक ''हमारे अतीत'' किस ओर संकेत करता है?

(a) Past was different for different group of people/लोगों के भिन्न भिन्न समूहों के लिए अतीत भिन्न था।

(b) Past was only about people lived in India /अतीत केवल भारत में रहने वालों के बारे में था।

(c) Past was static in nature/अतीत प्रकृति में स्थिर था

(d) Past was about important rulers/अतीत महत्वपूर्ण शासकों के बारे में था।

Ans : (a) 6–8 कक्षा के लिए एन.सी.आर.टी. (NCRT) सामाजिक विज्ञान की पुस्तक का शीर्षक हमारे अतीत से तात्पर्य लोगों के भिन्न-भिन्न समूहों के लिए अतीत भिन्न-भिन्न होता है।

42. The following are statements about Social Sciences in context of scientific rigour. Choose the appropriate option:
वैज्ञानिक सख्ती (रिंगर) के संदर्भ में सामाजिक विज्ञान के बारे में निम्नलिखित कथन है। उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) It is often presumed that human sciences cannot be, by their very nature, 'scientific'./प्रायः यह मान लिया जाता है कि मानव विज्ञान अपनी प्रकृति से 'वैज्ञानिक' नहीं हो सकते।

(B) In view of the 'higher status' and legitimacy enjoyed by the natural sciences, some practitioners of the social sciences seek to imitate the methods of the physical and natural sciences/प्राकृतिक विज्ञान की तरह उच्च स्थिति और वैधता की प्रतिष्ठा प्राप्त करने हेतु सामाजिक विज्ञान के कुछ अभ्यासकर्ता (पालनकर्ता) भौतिक और प्राकृतिक विज्ञान के तरीकों (पद्धतियों) का अनुकरण करना चाहते हैं।

Options:/विकल्प

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही है।

(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।

(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।

(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans : (c) वैज्ञानिक सख्ती के संदर्भ हो प्रायः यह मान लिया जाता है कि मानव विज्ञान अपनी प्रकृति से वैज्ञानिक नहीं होता। प्राकृतिक विज्ञान की तरह सामाजिक विज्ञान के अभ्यासकर्ताओं को प्राकृतिक और भौतिक विज्ञान का अनुसरण नहीं करना चाहिए।

43. Which of the following specified the development citizenship as the primary aim of education?
निम्न में से किसने शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य के रूप में लोकतांत्रिक नागरिकता के विकास को निर्दिष्ट किया?

(a) University Education Commission, 1948-49/विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग, 1948-49 ने।

(b) Secondary Education Commission, 1952-53/माध्यमिक शिक्षा आयोग, 1952-53 ने

(c) Kothari Commission, 1964-66/कोठारी आयोग, 1964-66 में

(d) National Policy of Education, 1986/शिक्षा की राष्ट्रीय नीति, 1986 में

Ans : (b) माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952–53 में शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों के रूप में लोकतांत्रिक नागरिकता के विकास को निर्दिष्ट किया है।

44. Audio-Visual aids provide a _____experience in social science teaching.
ऑडियो-विजुअल एड्स सामाजिक विज्ञान शिक्षण में एक _____अनुभव प्रदान करते हैं।

(a) programmed /क्रमादेशित

(b) multisensory/बहुसंवेदी

(c) Collaborative/सहयोगी

(d) functional/कार्यात्मक

Ans : (b) ऑडियो-विजुअल एड्स सामाजिक विज्ञान शिक्षा में एक बहुसंवेदी अनुभव प्रदान करता है।

45. Which of the following is expected from a social teacher's role in cooperative learning situation?
निम्नलिखित में से कौन सा सहयोगी अधिगम में एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक की भूमिका से अपेक्षित है?

(a) Leave the class for the students to decide themselves/कक्षा छोड़कर जान ताकि विद्यार्थी अपने आप निर्णय ले।

(b) Ignore what learners are doing in some groups/कुछ समूहों में अधिगमकर्ता क्या कर रहे हैं उसकी उपेक्षा करें

(c) To monitor each group, guide wherever needed/प्रत्येक समूह की निगरानी करना और जहाँ आवश्यक हो मार्गदर्शन करना

(d) Be with the most active group/एक सर्वाधिक सक्रिय समूह के साथ होता है

Ans : (c) सामाजिक विज्ञान के शिक्षक की प्रमुख भूमिका प्रत्येक समूह की निगरानी करना और जहाँ आवश्यक हो मार्गदर्शन करना होता है।

46. "In 1999, Lawyers Collective, after a nation-wide consultation took the lead in draftingthe Domestic Violence (Prevention and Protection) Bill".
In a social science classroom this could be referred to as an example of _____
1999 में (लॉयरस कलेक्टिव) ने देशव्यापी विचार विमर्शों के बाद घरेलू हिंसा (रोकथाम व सुरक्षा) विधेयक के प्रारूपण का उत्तरदायित्व लिया।''
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में इसे _____ के उदाहरण के रूप में उल्लिखित किया जा सकता है।

(a) Common people's role in the law making processes/जन साधारण की कानून बनाने की प्रक्रियाओं में भूमिका

(b) The nature of domestic violence /घरेलू हिंसा की प्रकृति

(c) Lawyers role and power to draft any Bill/किसी विधेयक के प्रारूपण के लिए वकीलों की भूमिका एवं क्षमता (शक्ति)

(d) Political clout of associations in law making/कानून बनाने में संगठनों के राजनीतिक प्रभाव

Ans : (a) 1999 में (लॉयरस कलेक्टिव) ने देशव्यापी विचार विमर्शों के बाद घरेलू हिंसा (रोकथाम व सुरक्षा) विधेयक प्रस्तुत किया जिसे सामाजिक विज्ञान की कक्षा में 'जन साधारण की कानून बनाने की प्रक्रियाओं की भूमिका के रूप में देखा जा सकता है।

47. If a social science teacher wants students to develop the ability to learn and understand, which of the following would they need to be emphasise?/यदि एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में सीखने व समझने की क्षमता विकसित करना चाहती है, तो उसे निम्न में से किन पर जोर देना चाहिए?

(A) Careful observation /सावधानी पूर्वक प्रेक्षण
(B) Reading the contents quickly /विषय वस्तु को तेजी से पढ़ना
(C) Thinking about what is observed/जिसका प्रेक्षण किया है, उस पर विचार करना
(D) Question what is taught/जो पढ़ाया गया है उस पर प्रश्न करना

Choose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(b) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)
(d) (A), (C) and (D)/ (A), (C) तथा (D)

Ans : (d) यदि सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका शिक्षार्थियों को सीखने की समता विकसित करना चाहती है तो उसे सावधानी पूर्वक प्रेक्षण, जिसका प्रेक्षण किया है उस पर विचार करना एवं जो पढ़ाया गया है उस पर प्रश्न करना शामिल है।

48. In social science that promote critical thinking_____
सामाजिक विज्ञान में जो तर्कसंगत चिंतन को प्रोत्साहित करता है _____ ।
(A) students bring evidences to argue for an social issue in a classroom debate /एक कक्षा वाद-विवाद में सामाजिक समस्या पर बहस के लिए विद्यार्थी प्रमाण लाते हैं।
(B) no restriction on the number of questions posed by students in the class /कक्षा में विद्यार्थियों के प्रश्न पूछने की संख्या पर कोई रोक नहीं है।
(C) mainly those students who sit on the last beneches are encouraged to answer/मुख्यतः उन्हीं विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करना जो पीछे की बेंचों पर बैठते हैं।
(D) the amount of time students speak in the class is almost equal to that of the teacher/कक्षा में विद्यार्थियों के बोलने का समय शिक्षक के बोलने के समय के बराबर हो।

Options:/विकल्प
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(d) (A), (C) and (D)/ A), (C) और (D)

Ans : (b) सामाजिक विज्ञान में तर्कसंगत चिंतन को प्रोत्साहित करने के तत्व कक्षा में वाद-विवाद में सामाजिक समस्या पर बहस के लिए विद्यार्थी प्रमाण लाते है। विद्यार्थियों के प्रश्न पूछने की संख्या पर अंकुश न होना एवं कक्षा में विद्यार्थियों के बोलने का समय शिक्षक के बराबर होना हो।

49. Which of the following questions promote critical thinking skills in social science class?
निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न सामाजिक विज्ञान की कक्षा में आलोचनात्मक चिंतन कौशलों को प्रोत्साहित करते हैं?
(A) Recently Article 370 has been removed from Indian Constitution. What are pros and cons of this act/हाल ही में भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है। इस एक्ट के पक्ष और विपक्ष क्या है?
(B) Describe the movement of sun from Tropic of Capricorn to tropic of cancer/मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर सूर्य की गति की व्याख्या कीजिए
(C) Do you think right to freedom of religion in India works properly? Does it make India a secular state /क्या आप सोचते हैं कि भारत में धर्म के संबंध में स्वतंत्रता का अधिकार सहीं प्रकार से नियोजित हो पाता है?
(D) India is sharing its boundary with how many countries? Name them/कितने देशों के साथ भारत अपनी सीमा को साझा करता है? उनके नाम लिखिए।

Options:/विकल्प
(a) (A), (B) and (C) only/केवल (A), (B), और (C)
(b) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(c) (B), (C) and (D) only/केवल (B), (C) और (D)
(d) (B) and (D) only/केवल (B) और (D)

Ans : (b) हाल ही में भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया। एक एकल पर प्रश्न एवं क्या आप सोचते है कि भारत में धर्म के संबंध में स्वतंत्रता का अधिकार सही प्रकार से नियोजित हो पाता है, जैसे प्रश्न सामाजिक विज्ञान की कक्षा में आलोचनात्मक चिंतन कौशल को प्रोत्साहित करते हैं।

50. Given below are two sets of measurement system used in maps. Find the odd one out from each of these sets.
नीचे मानचित्रों में प्रयोग होने वाले मापन प्रणाली के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में से विषम को पहचानकीजिए

Column-I कॉलम- I	Column-II कॉलम- II
(A) Feet/फीट	(i) Miles/मील
(B) Centimeter/सेंटीमीटर	(ii) Furlong/फर्लांग
(C) Meter/मीटर	(iii) Inch/इंच
(D) Kilometer/किलोमीटर	(iv) Centimeter /सेंटीमीटर

Options:/विकल्प
(A) (A) and (i)/ (A) तथा (i)
(B) (A) and (iv)/ (A) तथा (iv)
(C) (B) and (iii)/ (B) तथा (iii)
(D) (D) and (i)/ (D) तथा (i)

Ans : (b) विषम समुच्चय हैं–
(1) फीट – मील
(2) किलोमीटर – सेंटीमीटर

51. Locating a place on the maps associated with _____skill.
मानचित्र पर एक स्थान को ढूँढ़ना संबंधित (जुड़ा) है _____के कौशल के साथ।

(a) Remembering/याद रखने
(b) Comprehension/बोध/समझने
(c) Application/अनुप्रयोग
(d) Evaluation/मूल्यांकन

Choose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(a) Only (A) and (D)/केवल (A) और (B)
(b) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(d) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)

Ans : (c) मानचित्र पर एक स्थान को ढूँढना याद रखने, समझने एवं अनुप्रयोग करने के कौशल से संबंधित है।

52. Read the statements (A) and (R) regarding social science and choose the appropriate option.
सामाजिक विज्ञान के संबंध में दिए गए कथनों (A) और (R) को पढ़े और उपयुक्त विकल्प चुने

Assertion (A): The social science curriculum in India is broadly science and choose the appropriate option.
कथन (A): भारत में सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम का संगठन मुख्यतः विषय (थीम) आधारित है।

Reason (R) : Bringing together various social sciences under one discipline to teach for school children is very difficult.
कारण (R): कई सामाजिक विज्ञानों की एक विषय के अंदर लाने पर विद्यालय के छात्रों को पढ़ाने में कठिनाई होती है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है तथा (R) (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false /(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) and (R) are false/(A)और (R) दोनों गलत है।

Ans : (a) भारत में सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम का संगठन मुख्यतः विषय आधारित है। कई सामाजिक विज्ञानों की एक विषय के अन्दर लाने पर विद्यालय के छात्रों को पढ़ाने में कठिनाई होती है।(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है

53. Read the statements (A) and (R) regarding social science and choose the appropriate option.
सामाजिक विज्ञान के बारे में कथन (A) और (R) को पढ़िये तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (A): Social science receive less importance in the school curriculum when compared with other subjects.
कथन (A): दूसरे विषयों की तुलना में स्कूली पाठ्यचर्या में सामाजिक विज्ञान को कम महत्व मिलता है।

Reason (R) : There are no better qualified teachers to teach social sciences in India.
कारण (R): भारत में सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के लिए योग्य शिक्षक नहीं है।

Choose the correct option:
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (A) की सही व्याख्या करता है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही है लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) is true but (R) is false /(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A)और (R) दोनों गलत है।

Ans : (c) दूसरे विषयों की तुलना में स्कूली पाठ्यचर्या में सामाजिक विज्ञान को कम महत्व मिलता है। भारत मे सामाजिक विज्ञान के बहुत से योग्य शिक्षक है।

54. Which of the following could be used as primary sources to teach about different forms of money in the past?
अतीत में मुद्रा के विभिन्न स्वरूपों को पढ़ाने हेतु निम्नलिखित में से किन्हें प्राथमिक स्त्रोतों की तरह प्रयोग में लाया जा सकता है?

(A) Coins/सिक्के
(B) Currency notes/मुद्रा नोट्स
(C) ATM'/Debit Card/ए टी एम/डेबिट कार्ड
(D) Credit Card/क्रेडिट कार्ड

Choose the correct option:
सही विकल्प का चुनाव कीजिए:

(a) Only (A)/केवल
(b) Both (A) and (B)/ (A) तथा (B) दोनों
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)
(d) (C) and (D) only/केवल (C) तथा (D)

Ans : (b) सिक्का और मुद्रा नोट्स को अतीत में मुद्राशास्त्र के अध्ययन के लिए स्त्रोत के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है।

55. The principle 'Learning by Doing' is best suited to:
'करके सीखना' सिद्धांत सबसे उपयुक्त है:

(a) Discussion Method/चर्चा विधि के लिए
(b) Demonstration Method/प्रदर्शन विधि के लिए
(c) Project Method/परियोजना विधि के लिए
(d) Constructivist Approach/रचनावादी उपागम के लिए

Ans : (c) करके सीखना सिद्धान्त परियोजना विधि के लिए सबसे उपयुक्त होता है।

56. Asking questions with a globe in a geography class will be a part of _____
भूगोल की कक्षा में ग्लोब के साथ प्रश्न पूछना _____ का भाग होगा।

(A) Formative assessment /रचनात्मक आकलन
(B) Summative assessment/योगात्मक आकलन
(C) Diagnostic assessment/नैदानिक आकलन
(D) Assessment of learning/अधिगम का आंकलन

Choose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A)/केवल (A
(b) Only (A) and (B) /केवल (A) और (B)
(c) Only (B) and (C)/ केवल (B) और (C)
(d) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)

Ans : (d) भूगोल की कक्षा में ग्लोब के साथ प्रश्नपूछना रचनात्मक आकलन और नैदानिक आकलन का भाग होता है।

57. Social science teacher checking the notebooks of a student forms part of
एक सामाजिक विज्ञान के शिक्षक द्वारा अभ्यास पुस्तिका जाँचने की गतिविधि, हिस्सा (भाग) बनती है:
(a) Formative assessment/रचनात्मक आकलन का
(b) Assessment for learning /अधिगम के आकलन का
(c) Summative assessment /योगात्मक आकलन का
(d) Formal Assessment/औपचारिक आकलन का

Options:/विकल्प
(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और((C)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(c) Only (A), (B) and (D)/ केवल (A) (B), और (D)
(d) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

Ans : (c) सामाजिक विज्ञान के शिक्षक द्वारा अभ्यास पुस्तिका जाँचने की गतिविधि रचनात्मक आकलन, अधिगम आकलन एवं औपचारिक आकलन का भाग होता है।

58. Which assessment is conducted during instructional process?/ निर्देशात्मक प्रक्रिया के दौरान कौन सा आकलन किया जाता है?
(a) Summative Assessment/योगात्मक आकलन
(b) Diagnostic Assessment/नैदानिक (डायग्नोस्टिक) आंकलन
(c) Placement Assessment /प्लेसमेंट आकलन
(d) Educational Assessment/शैक्षिक आकलन

Ans : (b) निर्देशात्मक प्रक्रिया के दौरान नैदानिक (डाइनोस्टिक) आकलन किया जाता है।

59. Which of the following questions assess the remembering aspect of cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न संज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'स्मरण' पहलू का आंकलन करते हैं।
(A) What are the roles of World Trade Organisation/विश्व व्यापार संगठन की क्या भूमिकाएँ हैं।
(B) What can be done to promoten fair false trade amongst the countries/विभिन्न देशां के बीच न्यायसंगत व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए क्या किया जा सकता है।
(C) Green Revolution has made India self-sufficient in food . Explain /हरित क्रांति ने भारत को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया है। समझाइये।
(D) What is a settlement/बंदोबस्त क्या है?

Options:/विकल्प
(a) A, (B) and (C)/ (A), (B) और (c)
(b) (B) and (C) / (B) और (c)
(c) (A) and (C) / (A) और (c)
(d) (A) and (D)/(A) और (D)

Ans : (d) विश्व व्यापार संगठन की भूमिका पर प्रश्न और बंदोबस्त पर प्रश्न करना संज्ञानात्मक प्रक्रिया के स्मरण पहलू का आकलन करने से संबंधित है।

60. Which of the following questions assess the evaluation skills in social science?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन से प्रश्न सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन के कौशल को आंकते हैं?
(A) Describe the implementation of Mahatma Gandhi National Rural EmploymentGuarantee Act. /महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के कार्यान्वयन का वर्णन कीजिए।
(B) Do you think that the Right to Life is ensured through Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act /क्या आप समझते हैं कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से जीवन का अधिकार सुनिश्चित है?
(C) What is Poshan Abhiyan? Who are the main beneficiaries of this scheme/पोषण अभियान क्या है? इस योजना के मुख्य लाभार्थी कौन है?
(D) Do you agree with the statement that Sipoy Mutiny is nothing but the India's first freedom struggle?/क्या आप इस कथन से सहमत है कि सिपाही बगावत कुछ नहीं अपितु भारत का पहला (प्रथम) स्वतंत्रता संग्राम है?

Options:/विकल्प
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (B)/ केवल (A) और (B)
(c) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(d) Only (B) and (D)/केवल (B) और (D)

Ans : (d) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) पर प्रश्न करना और स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में सिपाही बगावत पर प्रश्न करना सामाजिक विज्ञान में मूल्यांकन कौशल को आंकते है।

HINDI

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

वाणी प्राणी की पहचान है। जिस प्रकार कौए और कोयल की पहचान उनकी वाणी से होती है, उसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार-व्यवहार तथा स्वभाव की परख भी वाणी द्वारा होती है। मीठी वाणी दूसरों को वश में करने की औषधि है। जब हम मधुर वाणी का श्रवण करते हैं, तब हमारा चित्त प्रसन्न हो जाता है। सज्जन सर्वदा मधुर वाणी का ही प्रयोग करते हैं, जबकि दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है। मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है, निराश व्यक्तियों में आशा, उत्सव का संचार कर सकता है। कटुवाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है, इससे अपने भी पराए हो जाते हैं। इतना ही नहीं, कटुवाणी लड़ाई-झगड़ों यहां तक कि बड़े युद्ध का कारण भी बन जाती है। ऐसा कहा जाता है कि जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया। मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है।

1. गद्यांश के अनुसार प्राणी की पहचान किससे होती है?

(a) दान (b) पुण्य
(c) वाणी (d) पद

Ans : (c) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार प्राणी की पहचान उसकी 'वाणी' से होती है।

2. 'कौए और कोयल की पहचान उनकी वाणी से होती है।' वाक्य से तात्पर्य है कि _____

(a) कोयल कौए से सुन्दर होती है और उसकी वाणी भी मधुर होती है।
(b) कोयल और कौआ दोनों लगभग समान रूप होते हैं किंतु उनकी वाणी में अंतर होता है।
(c) कोयल की मधुर वाणी जग प्रसिद्ध है।
(d) कौए के रंगरूप से परिचित है किंतु कोयल के रंगरूप से नहीं।

Ans : (b) कौए और कोयल की पहचान उनकी वाणी से होती है। वाक्य से तात्पर्य है कि 'कोयल और कौआ दोनों लगभग समान रूप होते हैं किंन्तु उनकी वाणी में अन्तर होता है।

3. इनमें से कौन सा गुण मधुर वाणी का नहीं है?

(a) दूसरों को वश में करना
(b) शत्रु को वश में करना
(c) निराश व्यक्तियों में आशा उत्पन्न करना
(d) अपनों को पराया बनाना

Ans : (d) 'अपनों को पराया बनाना' मधुर वाणी का गुण नही है।

4. ''जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया।'' से आशय है _____

(a) वाणी पर नियंत्रण करने और मधुर वचन बोलने वाले व्यक्ति को धन-दौलत मिल जाती है।
(b) वाणी पर नियंत्रण करने और मधुर वचन बोलने वाले व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है।
(c) वाणी पर नियंत्रण करने और मीठे वचन बोलने वाले व्यक्ति को अपमान सहना पड़ता है।
(d) वाणी पर नियंत्रण करने और कटुवचन बोलने वाले व्यक्ति को सब कुछ प्राप्त हो जाता है।

Ans : (b) उपर्युक्त वाक्य से आशय है कि ''वाणी पर नियंत्रण करने और मधुर वचन बोलने वाले व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है।

5. निम्न में से समूह से भिन्न शब्द-युग्म कौन-सा है?

(a) शत्रु-मित्र (b) अपने-पराए
(c) दुर्जन-सज्जन (d) शूल-तूल

Ans : (d) निम्न में से समूह से भिन्न शब्द युग्म 'शूल-तूल' है, जबकि शब्द युग्म शत्रु-मित्र, अपने-पराये, तथा दुर्जन-सज्जन विलोम शब्द युग्म हैं।
शब्द युग्म शूल-तूल, का अर्थ नुकीला-लम्बाई है।

6. 'वाणी प्राणी की पहचान है।' वाक्य का अर्थ के आधार पर भेद बताइए।

(a) इच्छावाचक (b) संकेतवाचक
(c) विधानवाचक (d) संदेहवाचक

Ans : (c) 'वाणी प्राणी की पहचान है।' वाक्य का अर्थ के आधार पर भेद 'विधानवाचक वाक्य' है। अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं जो निम्न हैं–

1. विधानवाचक वाक्य 2. निषेधवाचक वाक्य
3. प्रश्नवाचक वाक्य 4. विस्मयादिवाचक वाक्य
5. आज्ञावाचक वाक्य 6. इच्छावाचक वाक्य
7. संदेहवाचक वाक्य 8. संकेतवाचक वाक्य

7. कटुवाणी के कारण _____नहीं होते।

(a) लड़ाई-झगड़े (b) अपने-पराए
(c) पराए-अपने (d) बड़े युद्ध

Ans : (c) कटुवाणी के कारण 'अपने-पराए' नही होते है।

8. हमारा मन कैसी वाणी सुनकर प्रसन्न हो जाता है?

(a) वाणी (b) कटु
(c) मधुर (d) कर्कश

Ans : (c) हमारा मन 'मधुर' वाणी सुनकर प्रसन्न हो जाता है।

9. 'बड़े युद्ध का कारण भी बन सकती है।' वाक्य में निपात शब्द है _____

(a) बड़े (b) का
(c) बन (d) भी

Ans : (d) 'बड़े युद्ध का कारण भी बन सकती है।' वाक्य में निपात शब्द 'भी' है।
निपात – किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उसे निपात कहते हैं।
जैसे – तक, मत, क्या, हाँ, भी, केवल, जी, नहीं, न, काश आदि।

दिए गए वाक्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दीजिए।

कस्बे की साँझ, बुझे कंडों का धुआँ,
बल्वों की फुन्सियाँ जल उठीं यहाँ वहाँ।
अभी गये साल यहाँ आयी है बिजली
लेकिन बस एक सड़क छूते हुए निकली
कुत्ता लोट सड़कें और कौव्वों की काँव-काँव,
धूल भरे चौराहे पूछ रहे नाम गाँव

10. कविता में किस ओर संकेत किया है?

(a) गाँव में बिजली की पर्याप्त मात्रा की ओर
(b) गाँव में बल्बों की लड़ियों की ओर
(c) गाँव में सुविधाओं के अभाव की ओर
(d) गाँव में कुत्तों की अधिक संख्या की ओर

Ans : (c) कविता में 'गाँव में सुविधाओं के अभाव की ओर संकेत किया गया है।

11. 'बुझे कंडो का धुआँ' का एक निहितार्थ संभव नहीं है-

(a) उपले समाप्त हो गए हैं (b) चूल्हे बुझ चुके हैं
(c) भोजन पक चुका है (d) अन्न का अभाव है

Ans : (a) 'उपले समाप्त हो गये हैं।'बुझे कंडो का धुआँ का निहितार्थ नहीं है।

12. गाँव में बिजली कब आई है?

(a) एक महीना पहले (b) एक वर्ष पहले
(c) दो वर्ष पहले (d) अगले वर्ष

Ans : (b) उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर गाँव में 'एक वर्ष पहले' बिजली आई।

13. 'बल्बों की फुन्सियाँ' से आशय है-

(a) बल्बों की संख्या कम है
(b) बल्ब फुन्सियों की तरह होते हैं
(c) बल्बों की रोशनी कम है
(d) बल्बों को फुन्सी रोग हो गया है।

Ans : (c) 'बल्बों की फुंसियाँ से आशाय है। कि बल्बों की रोशनी कम है।

14. गाँव में बिजली _____

(a) चहुँ ओर है (b) पर्याप्त मात्रा में है
(c) एक ही सड़क पर है (d) दिन में ही आती है

Ans : (c) उपर्युक्त पंद्याश के अनुसार गाँव में बिजली एक ही सड़क पर है।

15. समूह से भिन्न शब्द है

(a) गाँव (b) कस्बा
(c) सड़कें (d) बुझे

Ans : (d) 'बूझे' समूह से भिन्न शब्द है।

16. भाषा विकास में बच्चे जिन शब्द और शब्द संयोजनों को समझते हैं, वे क्या कहलाते हैं?

(a) स्वनिम (b) ग्राह्य
(c) उत्पाद (d) बोध

Ans : (d) भाषा विकास में बच्चे जिन शब्द और शब्द संयोजनों को समझते है। वे 'बोध' (ज्ञान) कहलाते हैं।

17. दूसरों के साथ प्रभावशाली और उपयुक्त सम्प्रेषण में कैसे संलग्न किया जाए, इससे संबंधित भाषा का घटक क्या है?

(a) ध्वनि विज्ञान (b) अर्थ विज्ञान
(c) व्यवहारशील (d) व्याकरण

Ans : (c) दूसरों के साथ प्रभावशाली और उपयुक्त सम्प्रेषण में कैसे संलग्न किया जाए, इससे संबंधित भाषा का घटक 'व्यवहारशील' है।

● सम्प्रेषण केवल बोलने या सुनने की योग्यता ही नहीं अपितु अपने को व्यक्त करने एवं दूसरों को समझने की कला है। और यह उस समय ही प्रभावशाली हो सकता है जबकि आप जिस बात की अभिव्यक्ति करना चाहते हैं, वह ठीक उसी ढंग से दूसरों के पास पहुँच सके और वो उसे समझ सकें। यही प्रभावशाली सम्प्रेषण है।

18. प्रत्येक बच्चे में भाषा के नियमों की सहजात क्षमता है जो सभी मानवीय भाषाओं में लागू होते हैं। यह विचार किसके द्वारा समर्थत है?

(a) व्यवहारवादी (b) प्रकृतवादी
(c) संज्ञानात्मकवादी (d) रचनावादी

Ans : (b) प्रत्येक बच्चे में भाषा के नियमों की सहजात क्षमता है जो सभी मानवीय भाषाओं में लागू होते हैं। यह विचार 'प्रकृतिवादी' द्वारा समर्थित है।

● प्रकृतिवाद शिक्षा को प्रकृति से प्रेरित मानता है। वह बालक की शक्तियों के विकास तथा बालक की मूल प्रवृतियों के समृद्धिकरण को ही विवेचित करता है।

19. विद्यार्थी द्वारा पढ़ी-गई कहानी को अपने शब्दों में दुबारा कहना, इससे किसके आकलन में सहायता मिलती?

(a) सटीकता (b) प्रवाह
(c) बोध (d) स्मृति

Ans : (c) विद्यार्थी द्वारा पढ़ी-गई कहानी को अपने शब्दों में दुबारा कहना, इससे विद्यार्थियों के बोध-आकलन में सहायता मिलती है।

20. भाषा अधिगम में 'बोधगम्य निवेश' से क्या तात्पर्य है?

(a) बच्चों को उनकी भाषा के वर्तमान स्तर से एक स्तर ऊपर का भाषायी निवेश देना
(b) बच्चों को उनकी भाषा के वर्तमान स्तर के समान का ही भाषा निवेश देना
(c) बच्चों को लक्ष्य भाषा में संलग्न होने के अधिकतम अवसर देना
(d) कथावाचन शिक्षाशास्त्र के माध्यम से भाषा अधिगम को रुचिकर बनाना

Ans : (a) भाषा अधिगम में 'बोधगम्य निवेश' का तात्पर्य है कि 'बच्चों को उनकी भाषा के वर्तमान स्तर से एक स्तर ऊपर का भाषायी निवेश देना।

21. एक अध्यापिका विद्यार्थियों को एक पाठ पढ़ा रही है। पढ़ाते समय वह शब्द संपदा पर ध्यान केन्द्रित कर रही है, विद्यार्थियों की उनकी मातृभाषा में शब्दों के अर्थ समझा रही है। वह अनुच्छेद की एक-एक पंक्ति का अर्थ बच्चों की निज की भाषा में समझाती है। वह कक्षा में किस विधि/उपागम का प्रयोग कर रही है?

(a) सम्प्रेषणात्मक उपागम (b) संरचनात्मक उपागम
(c) श्रव्यभाषिक उपागम (d) व्याकरण अनुवाद विधि

Ans : (d) उपर्युक्त के संदर्भ अध्यापिका कक्षा में व्याकरण अनुवाद विधि का प्रयोग कर रही है।

● व्याकरण- अनुवाद विधि शास्त्रीय, पारम्परिक और भण्डारकर विधि भी कहा जाता है क्योंकि इस विधि के संदर्भ में डॉ. रामकृष्ण गोपाल भंडारकर ने दो पुस्तकें लिखी थी।

● इस विधि में लेखन कौशल को अधिक महत्व दिया जाता है इसमें भाषा शिक्षण में मातृ-भाषा के प्रयोग पर बल देती है।

22. संरचनात्मक उपागम के अनुसार एक अध्यापक को किस सिद्धांत के आधार पर शिक्षार्थियों की जरूरत के मुताबिक संरचनाओं को स्तरवार बनाना चाहिए?

(a) उपयोगिता, सरलता, अध्यापन में आसान
(b) प्रकार्य, वर्गीकरण और बारम्बारिता
(c) पुरानेपन के आधार पर, श्रेणीकरण, स्थायित्व
(d) अनुमान, उत्पाद और सामूहीकरण

Ans : (a) संरचनात्मक उपागम के अनुसार एक अध्यापक को 'उपयोगिता, सरलता तथा अध्यापन में आसान' सिद्धान्त के आधार पर शिक्षार्थियों के जरुरत के मुताबिक संरचनाओं को स्तरवार बनाना चाहिए।

● 'संरचनात्मक उपागम' से शिक्षण में एफ.जी.फ्रेंच ने तीन सिद्धान्त दिए हैं, ये क्रमशः – अक्षरों की बनावट पर बल, भाषायी आदतों का विकास तथा वाचन पर बल' है।

23. एक अध्यापक बच्चों को बिना अंत वाली एक खोजी (जासूसी) कहानी सुनाता है। शिक्षार्थियों की कहानी में प्रस्तुत रहस्य को सुलझाने के लिए कहा जाता है और इस तरह से उसका अन्त बताने के लिए कहा जाता है। यह कार्य शिक्षार्थियों के किस स्तर के भाषा अधिगम का आकलन करने में मदद करेगा?

(a) निम्न स्तरीय चिंतन
(b) मध्यम स्तरीय चिंतन
(c) उच्च स्तरीय चिंतन
(d) बोध/समझ पाने के चिंतन का स्तर

Ans : (c) उपर्युक्त कार्य शिक्षार्थियों के उच्च स्तरीय चिंतन स्तर के भाषा अधिगम का आकलन करने में मदद करेगा। भाषा अधिगम का दार्शनिक आधार एक नियमबद्ध प्रक्रिया होती है। इस आधार पर चलकर बालक को किसी भाषा का ज्ञान दिया जाता है। तो भाषा के व्याकरणीय नियमों का प्रयोग किया जाता है। इसमें बालक को भाषा का ज्ञान देने के लिए विभिन्न विधियों का प्रयोग किया जाता है।

24. निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति के भाषा विकास का समर्थन नहीं करेगी?

(a) संदर्भ में भाषा अधिगम के लिए अवसर देना
(b) कक्षा में एक-दूसरे के साथ अन्तःक्रिया करने के अवसर देना
(c) इस तरह की गतिविधियों की योजना बनाना जिसमें बच्चे अर्थपूर्ण उद्देश्यों के लिए सम्प्रेषण कर सके
(d) भाषा का मूल रूप बोलने वालों की बातचीत के प्रभावशाली मॉडल सुनाना और बच्चों को उसकी नकल करने के लिए कहना

Ans : (d) 'भाषा का मूल रूप बोलने वालों की बातचीत के प्रभावशाली मॉडल सुनाना और बच्चों को उसकी नकल करने के लिए कहना' यह युक्ति भाषा विकास का समर्थन नही करेगी।

25. भाषा के अध्यापक होने के नाते श्रवण ओर वाचन के लिए योजना बनाते समय क्या करने की आवश्यकता है?

(a) बच्चों को द्वितीय और विदेशी भाषाओं का अर्जन करके अपनी भाषा के दायरे में विस्तार करने में मदद करना
(b) विद्यार्थियों को कुछ संवाद कंठस्थ करने के लिए देना और फिर कक्षा में अभिनय द्वारा प्रस्तुति के लिए कहना
(c) बातचीत के विभिन्न प्रकारों को सुमन्नत के लिए अवसरों, उद्देश्यों, श्रोताओं और समूहों के साथ अधिकाधिक अवसर शामिल करना
(d) कक्षा में विद्यार्थी के भाषा प्रदर्शन की तुलना दूसरों के साथ करने के लिए उसके मजबूत पक्ष, आवश्यकताओं रुचियों और प्राथमिकताओं की पहचान करना

Ans : (c) भाषा के अध्यापक होने के नाते श्रवण और वाचन के लिए योजना बनाते समय हमें 'बातचीत के विभिन्न प्रकारों को समुन्नत के लिए अवसरों उद्देश्यों, श्रोताओं और समूहों के साथ अधिकाधिक अवसरों को शामिल करने की आवश्यकता है।

26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) लेखन में सर्जना (सृजन) शामिल है, प्रतिलेखन नहीं
(b) लेखन में प्रतिलेखन शामिल है, सृजन नहीं
(c) कुछ लेखनों में सृजन एवं प्रतिलेखन दोनों ही शामिल है
(d) सभी प्रकारों के लेखनों में सृजन व प्रतिलेखन दोनों ही शामिल है

Ans : (d) निम्नलिखित में से सही कथन है ''सभी प्रकारों के लेखनों में सृजन व प्रतिलेखन दोनों ही शामिल हैं।

27. निम्नलिखित में से कौन-से निबन्ध प्रकार शिक्षार्थियों को अपनी पाँचों इन्द्रियों के बेहतर प्रयोग के अवसर देते हैं?

(a) समझ-बूझ पर आधारित निबंध
(b) वर्णनात्मक निबंध
(c) तर्क आधारित निबंध
(d) व्याख्यात्मक निबंध

Ans : (b) 'वर्णनात्मक निबंध' शिक्षार्थियों को अपनी पाँचों इन्द्रियों के बेहतर प्रयोग के अवसर देते है।

● 'वर्णनात्मक निबंध' निबंध की एक शैली है जो छात्र को कुछ वस्तु, व्यक्ति, स्थान, अनुभव, भावना, स्थिति आदि का वर्णन करने के लिए कहता है।

28. वह कौन सी अवधि है जिसमें बच्चे भाषा अधिगम हेतु सर्वाधिक रूप से ग्राह्यशील होते हैं?

(a) मौन अवधि (b) चुनौतिपूर्ण अवधि
(c) भाषिक अवधि (d) जागरूकता संबंधी अवधि

Ans : (b) चुनौतीपूर्ण अवधि में बच्चे भाषा अधिगम हेतु सर्वाधिक रूप से ग्रह्यशील होते है।

29. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा विकास के लिए सर्वाधिक रूप से महत्वपूर्ण है?

(a) आकलन हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरण और विधियों का प्रयोग
(b) पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक के सभी अभ्यासों को पूरा करना
(c) अन्तःक्रिया करने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना
(d) बहुत सी शिक्षण सामग्रियों का उपयोग करना

Ans : (c) 'अन्तः क्रिया करने के लिए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना' भाषा विकास के लिए सर्वाधिक रूप से महत्वपूर्ण है।

30. एक व्यवस्था के रूप में भाषा के बारे में चिंतन करने की योग्यता को क्या कहा जाएगा?

(a) अधिभाषिक जागरूकता
(b) ध्वनिग्राम (स्वनिम) जागरूकता
(c) मुद्रित समृद्ध जागरूकता
(d) अर्थविज्ञान जागरूकता

Ans : (a) एक व्यवस्था के रूप में भाषा के बारे में चिंतन करने की योग्यता को 'अधिभाषिक जागरुकता' कहा जाता है।

● ध्वनिग्राम (स्वनिम) जागरुकता – बोले गये शब्दों में स्वनिमों को पहचानकर उनमें परिवर्तन करने की योग्यता को स्वनिम जागरुकता कहते है।

SANSKRIT

निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां समुचितविकल्पं चित्वा उत्तराणि देयानि-

अथ ते सर्वे भयत्रस्तमनसो मत्स्यकच्छपप्रभृतयस्तमभ्युपेत्य प्रपच्छुः-''माम! अस्ति कश्चिदुपायो येनास्माकं रक्षा भवति?'' बक आह- ''अस्ति अस्य जलाशयस्य नातिदूरे प्रभूतजलसनाथं सरः पद्मिनीखण्डमण्डितं यच्चतुर्विंशत्यापि वर्षाणामवृष्ट्या न शोषमेष्यति। तद्यदि मम पृष्ठं कश्चिदारोहति तदहं तं तत्र नयामि।'' अथ ते तत्र विश्वासमापन्नाः तात!मातुल! भ्रातः! इति ब्रुवाणा अहं पूर्वमहं पूर्वमिति समन्तात् परितस्थुः। सोऽपि दुष्टाशयः क्रमेण तान् पृष्ठे आरोप्य जलाशयस्य नातिदूरे शिलां समासाद्य तस्यामाक्षिप्य स्वेच्छया भक्षयित्वा भूयोऽपि जलाशयं समासाद्य जलचराणां मिथ्यावार्त्तासन्देशकैर्मनांसि रञ्जयन्नित्यामिषाहारवृत्तिमकरोत्। अन्यस्मिन् दिने च कुलीरकेणोक्तः-''माम! मया सह ते प्रथमः स्नेहसम्भाषः सञ्जातः। तत् किं मां परित्यज्य अन्यान्नयसि। तस्मादद्य मे प्राणत्राणं कुरु''। तदाकर्ण्य सोऽपि दुष्टाशयश्चिन्तितवान्।'' निर्विण्णोऽहं मत्स्यमांसादनेन। तदद्य एनं कुलीरकं व्यञ्जनस्थाने करोमि''। इति विचिन्त्य तं पृष्ठे समारोप्य तां वध्यशिलामुद्दिश्य प्रस्थितः। कुलीरकोऽपि दूरादेवास्थिपर्वतं शिलाश्रयमवलोक्य मत्स्यास्थीनि परिज्ञाय तमपृच्छत् - ''माम! कियद्दूरे स जलाशयः? मदीयभारेण अतिश्रान्तस्त्वं तत् कथय''। सोऽपि मन्दधीर्जलचरोऽयमित्ति मत्वा स्थले न प्रभवतीति सस्मितमिदमाह- ''कुलीरक! कुतोऽन्यो जलाशयः मम प्राणयात्रेयम् , तस्मात् स्मर्य्यतामात्मनोऽभीष्टदेवता। त्वामपि अस्यां शिलायां निक्षिप्य भक्षयिष्यामि''।

1. मत्स्यादयः कम् अभ्युपेत्य प्रपच्छुः?

(a) वायसम् (b) कच्छपम्
(c) बकम् (d) कुलीरकम्

Ans : (c) मत्स्यादयः बकम् अभ्युपेत्य प्रपच्छुः।
अर्थात् मत्स्य आदि बगुले के पास जाकर पूँछे। भय से दुःखी मन से मछली, कछुआ आदि बगुल के पास जाकर अपने बचाव का उपाय पूँछे।
अभ्युपेत्य में यण् सन्धि है। अभि+उपेत्य – इकोयणचि सूत्र से इ, उ, ऋ और ऌ को क्रमशः य्, व्, र् और ल् हो जाता है। अतः अभि+उपेत्य मे इ को य् होकर अभ्युपेत्य रूप सिद्ध हो जाता है।

2. बकेन प्रस्तावितं सरः कतिषु वर्षेषु शोषं न यास्यति?

(a) विंशतिवर्षेषु (b) चतुर्विंशतिवर्षेषु
(c) षट्त्रिंशत् -वर्षेषु (d) असंख्यवर्षेषु

Ans : (b) बकेन प्रस्तावितं सरः चतुर्विंशतिवर्षेषु शोष न यास्यति।
अर्थात् बगुले के द्वारा प्रस्तावित तालाब चौबीस वर्षों में शुष्कता को नहीं प्राप्त होता है। यह तालाब जलाशय के समीप अत्यधिक जल से युक्त कुमुदिनी पुष्पों से सुशोभित था। यास्यति या गतौ धातु ऌट लकार प्रथम पुरुष एकवचन की क्रिया है।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु. –	यास्यति	यास्यतः	यास्यन्ति
म.पु. –	यास्यसि	यास्यथः	यास्यथ
उ.पु. –	यास्यामि	यास्यावः	यास्यामः

अतः विकल्प (b) सही है।

3. बकः मत्स्यान् कुत्र आनीतवान्

(a) जलाशयम् (b) शिलाम्
(c) वृक्षकुञ्जे (d) नदीतीरे

Ans : (b) बकः मत्स्यान शिलाम् आनीतवान्।
अर्थात् बगुला मछलियों को शिला पर लाया।
आनीतवान् क्रिया पद में क्तवतु प्रत्यय है। आङ् उपसर्गपूर्वक नी धातु से क्तवतु प्रत्यय होकर आनीतवान् रूप सिद्ध होता है। मत्स्यान् कर्म कारक है यह कर्तुरीप्सिततमम् सूत्र से कर्म कारक होकर द्वितीया विभक्ति में प्रयुक्त हुआ है।
अतः विकल्प (b) सही है।

4. मत्स्यमांसभोजनेन क निर्विण्णोऽभवत्?

(a) कुलीरकः (b) बकः
(c) वायसः (d) मकरः

Ans : (b) मत्स्यमांस भोजनेन बकः निर्विण्णोऽभवत्।
अर्थात् मछलीमांस के भोजन से बगुला दुःखी हुआ था। निर्विण्णोऽहं मत्स्यमांसभोजनेन। मै इस मछली के मांस से दुःखी हूँ।
अभवत् ललकार की क्रिया है।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु. –	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
म.पु. –	अभवः	अभवतम्	अभवत
उ.पु. –	अभवम्	अभवाव	अभवाम।

5. 'समासाद्य' शब्दस्य कोऽर्थः

(a) दत्त्वा (b) भक्षयित्वा
(c) गत्वा (d) परित्यज्य

Ans : (c) 'समासाद्य' शब्दस्य गत्वा अर्थः।
अर्थात् समासाद्य शब्द का अर्थ गत्वा है।
सोऽपि दुष्टाशयः क्रमेण तान् पृष्ठे आरोप्य जलाशयस्य नातिदूरे शिलां समासाद्य तस्यामाक्षिप्य स्वेच्छया भक्षयित्वा भूयोऽपि जलाशयं समासाद्य जलचराणां मिथ्यावर्त्तान्देशकैर्मनांसि रञ्जयन्नित्यामिषाहरवृत्तिमकरोत्। अर्थात् वह भी दुष्ट क्रम से उसको पीठ पर रखकर जलाशय के समीप शिला पर पहुँचकर उसपर उसको रखकर स्वेच्छा से खाकर पुनः जलाशय को जाकर जलचरों के मन की झूठी वार्ता सन्देश से रञ्जन करता हुआ यह आहार की वृत्ति का सम्पादन कर रहा था।
अतः प्रकरण से स्पष्ट है। कि समासाद्य का पर्याय शब्द गत्वा है। जिसका अर्थ होता है जाकर या पहुँच कर गत्वा में गम् धातु से क्त्वा प्रत्यय है।

6. 'एष्यति' इत्यस्मिन् क्रियापदे कः धातुः, कः लकारः?

(a) इ धातु + लट् लकारः (b) एष् + लट् लकारः
(c) इ + ऌट् लकारः (d) इष् + लट् लकारः

Ans : (c) 'एष्यति' इत्यस्मिन् क्रियापदे इ धातुः ऌट् लकारः अस्ति।
अर्थात् 'एष्यति' इस क्रिया पद में इ धातु ऌट् लकार है 'इ' धातु का अर्थ आना है। यह अदादिगण तथा परस्मैपदी धातु है।

लृट्लकार (इ धातु आना) भविष्यत् काल

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु. –	एष्यति	एष्यतः	एष्यन्ति
म.पु. –	एष्यसि	एष्यथः	एष्यथ
उ.पु. –	एष्यामि	एष्यावः	एष्यामः।

अतः विकल्प (c) सही है।

7. 'भ्रातृः' इत्यत्र कस्मिन्नर्थे प्रथमा प्रयुज्यते?

(a) कर्तृकारके (b) सम्बोधने
(c) शेषार्थे (d) पञ्चम्यर्थे

Ans : (b) 'भ्रातृः' इत्यत्र सम्बोधने प्रथमा प्रयुज्यते।
अर्थात् 'भ्रातृः यह सम्बोधन अर्थ में प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त होती है।

भ्रात–भाई ऋकारान्त पुल्लिङ

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र. –	भ्राता	भ्रातरौ	भ्रातरः
द्वि. –	भ्रातरम्	भ्रातरौ	भ्रातृन्
तृ. –	भ्रात्रा	भ्रातृभ्याम्	भ्रातृभिः
च. –	भ्रात्रे	भ्रातृभ्याम्	भ्रातृभ्यः
प. –	भ्रातुः	भ्रातृभ्याम्	भ्रातृभ्यः
ष. –	भ्रातुः	भ्रात्रोः	भ्रातृणाम्
स. –	भ्रातरि	भ्रात्रोः	भ्रातृषु
सम्. –	हे भ्रातः!	हे भ्रातरौ!	हे भ्रातरः!

अतः विकल्प (b) सही है।

8. 'आक्षिप्य' इत्यत्र का निर्मितिप्रक्रिया?

(a) आ + क्षि + प्य (b) आ + क्षिप् + यत्
(c) आ + क्षिप् + ण्यत् (d) आ + क्षिप् + ल्यप्

Ans : (d) 'आक्षिप्य' इत्यत्र आ+क्षिप्+ल्यप् निर्मित प्रक्रिया अस्ति। अर्थात् 'आक्षिप्य' यहाँ आङ्उपसर्ग पूर्वक क्षिप् धातु से ल्यप् प्रत्यय होकर आक्षिप्य निष्पन्न होता है।

निम्नलिखित गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां यथोचितं विकल्पं चित्वा उत्तराणि देयानि-

अस्ति कस्मिंश्चित् वनप्रदेशे नानाजलचरसनाथं महत् सरः। तत्र च कृताश्रयो बक एको वृद्धभावमुपागतो मत्स्यान् व्यापादयितुमसमर्थः। ततश्च क्षुत्क्षामकण्ठः सरस्तीरे उपविष्टो मुक्ताफलप्रकरसदृशैःअश्रुप्रवाहैर्धरातलमभिषिञ्चन् रुरोद। एकः कुलीरको नानाजलचरसमेतः समेत्य तस्य दुःखेन दुःखितः सादरमिदमूचे,-"माम! किमद्य त्वया न आहारवृत्तिः अनुष्ठीयते?। केवलमश्रुपूर्णनेत्राभ्यां सनिःश्वासेन स्थीयते"। स आहं-"वत्स! सत्यमुपलक्षितं भवता, मया हि मत्स्यादनं प्रति परमवैराग्यतया साम्प्रतं प्रायोपवेशनं कृतं, तेनाहं समीपगतानपि मत्स्यान् न भक्षयामि"। कुलीरकः तच्छ्रुत्वा प्राह-"माम! किं तद्वैराग्यकारणम्?" स प्राह,- "वत्स! अहम् अस्मिन् सरसि जातो वृद्धिं गतश्च। तत् मया एतत् श्रुतं यत् द्वादशवार्षिकी अनावृष्टिः सम्पद्यते लग्ना"। कुलीरक आह, "कस्मात् तच्छ्रुतम्? बक आह-"दैवज्ञमुखात्। यतः शनैश्चरो हि रोहिणीशकटं भित्वा भौमं शुक्रञ्च प्रयास्यति।"

9. सरः कीदृशं आसीत्

(a) अनेकजलचरैः पूर्णम्
(b) अनेकजलचरैः परित्यक्तम्
(c) जलेन रहितम्
(d) वायसैः परिवृत्तम्

Ans : (a) सरः अनेक जलचरैः पूर्णम् आसीत् अर्थात् सरोवर अनेक जलचरो से पूर्ण था।
जलचरः – जल + चर + त

10. अश्रुप्रवाहैः कः रुरोद?

(a) जलचरसमूहः (b) बकः
(c) कुलीरकः (d) मत्स्यव्याधः

Ans : (b) अश्रुप्रवाहैः बकः रुरोद।
अश्रुप्रवाह के साथ बकुला रोया। क्योंकि वह जलचरों का शिकार करने में असमर्थ था।
(1) जलचर समूहः = जल में रहने वाले जीवों का समूह,
(2) बकः = बकुला
(3) कुलीरकः = केकड़ा
(4) मत्स्यव्याध = मछुआरा

11. क्षुत्क्षामकण्ठः कः आसीत्?

(a) मत्स्यः (b) बकः
(c) मत्स्यव्याधः (d) जलचरसमूहः

Ans : (b) क्षुत्क्षामकण्ठः बकः आसीत् ।
प्रश्नानुसारं क्षुत्क्षामकण्ठ बकुला था।
एको बकः वृद्धभावभुवगतो मत्स्यान् ब्यापदयितुं असमर्थः ततश्च क्षुत्क्षामकण्ठः सरस्तीरे उपविष्टो मुक्ता फल प्रकरसदृशैः अश्रु प्रवाहैर्धरातलमभिषिञ्चन् रूरोद।
क्षुत्क्षामकण्ठ : – रुधें हुए गले वाला,
मत्स्यः – मछली, मीन,

12. 'भक्षयामि' इत्यस्मिन्नर्थे निम्नलिखितेषु कः शब्दः प्रयोक्तुं शक्यते?

(a) अद्मि (b) भक्षिम
(c) खादसि (d) अदामि

Ans : (a) 'भक्षयामि' इत्यस्मिन्नर्थे प्रयुक्तः शब्दः अद्मि '' अस्ति
अर्थात् भक्षयामि इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द ''अद्मि'' है।

भक्षयति	भक्षयतः	भक्षयन्ति
भक्षयसि	भक्षयथः	भक्षयथ
भक्षयामि	भक्षयावः	भक्षयामः

13. निम्नलिखितेषु कः शब्दः क्त- प्रत्ययान्तः नास्ति?

(a) उपागतः (b) उपविष्टः
(c) दुःखितः (d) श्रुतम्

Ans : (c) उपरिलिखितेषु क्त प्रत्ययान्तः शब्दः दुखितः नास्ति।
प्रश्नानुसार क्त प्रत्ययान्त शब्द दुःखित नहीं है।
दुःखितः = दुःख + इतच
उपागतः = उप + गम + क्त
उपविस्तः = उप + विश् + क्त
श्रुतम् = श्रु + क्त

14. 'सरसि' इत्यस्यार्थे कोऽपरः पर्यायवाची शब्दः प्रयोक्तुं शक्यते?

(a) जलधौ (b) वापौ
(c) तडागे (d) सिन्धौ

Ans : (c) 'सरसि' इत्यस्य अपरः पर्यायवाची शब्दः 'तडागे' अस्ति। अर्थात् 'सरसि' इस पद के स्थान पर प्रयुक्त पर्यायवाची शब्द 'तड़ागे' होता है।

जलधौ – स. एकवचन = समुद्र में
वापौ – स. एकवचन = वापी में
सिन्धौ – स. एकवचन = सिन्धु में

15. 'सरस्तीरे' इत्यस्मिन् पदे कः समासः? सविग्रहं वर्ण्यताम्।
(a) सरसि तीरे-सप्तमी तत्पुरुषः
(b) सरसः तीरे-पञ्चमी तत्पुरुषः
(c) सरसः तीरे-षष्ठी तत्पुरुषः
(d) सरश्च तीरं च -द्वन्द्व तत्पुरुषः

Ans : (c) 'सरस्तीरे' इत्यस्मिन् पदे षष्ठी तत्पुरुष समासः भवति।
सरसः तीरे इति लौकिक विग्रहः अस्ति।
'सरस्तीरे' इस पद में षष्ठी तत्पुरुष समास है।
'सरसः तीरे '' यह लौकिक विग्रह है।

16. बालकाः सामाजिक -अन्तः सम्पर्कमाध्यमेन अधिगृह्यते। विचारोऽयं केन समर्थ्यते?
(a) पियाजे (b) वायगोट्स्की
(c) चौम्स्की (d) स्किनर

Ans : (b) बालकाः सामाजिक – अन्तः सम्पर्कमाध्यमेन अधि–गृह्यते। अयं विचारः वायगोत्स्की महोदयेन समर्थ्यते। अर्थात् बालक सामाजिक अन्तसम्पर्क माध्यम से अधिग्रहण करता है। यह विचार वायगोत्स्की महोदय से सम्बन्धित है।

17. भाषाविकासस्य कस्याम् अवस्थायाम् शिशवः व्यञ्जन स्वरमिश्रणं दीर्घशृङ्खलायां पुनः पुनः उच्चरन्ति।
(a) अस्पष्टवाक् -काले (Babbling)
(b) कूजनकाले (Cooing)
(c) मानसिकसम्भाषणकाले (Telegraphic speech)
(d) आविष्कृतभाषणे

Ans : (a) भाषाविकासस्य 'अस्पष्टवाक् –काले' अवस्थायाम् शिशवः व्यञ्जन स्वरमिश्रणं दीर्घशृङ्खलायां पुनः उच्चरन्ति।
अर्थात् भाषाविकास के ''अस्पष्ट बोलने का समय'' में शिशु स्वरमिश्रण को दीर्घ शृंखला में बार बार उच्चारित करते हैं।

18. प्रारम्भिकभाषा-शिक्षणे शैशवे अर्थोपलब्धिः तदा मन्यते यदा _____
(a) भाषार्थावबोधनात् पूर्वं बालकस्य भाषा उत्पादनं वर्धते।
(b) बालकस्य भाषाबोधगम्यता भाषा-उत्पादनात् पूर्वं वर्धते।
(c) भाषावबोधनस्य भाषा दक्षता
(d) बालकस्य ध्वनिविज्ञानसंचेतना भाषार्थबोधनात्पूर्वं भवति।

Ans : (b) प्रारम्भिक भाषा-शिक्षणे शैशवे अर्थोपलब्धिः तदामन्यते यदा 'बालकस्य भाषाबोधगम्यता भाषा उत्पादनात् पूर्वं वर्धते। अर्थात् प्रारम्भिक भाषा शिक्षण में शैशवावस्था में अर्थोपलब्धि तब मानते है। जब ''बालक के भाषाबोधगम्यता भाषा उत्पादन से पूर्व बढ़ता है।

19. मानवा भाषाशिक्षणस्य सहजातयन्त्रेण सह जायन्ते। परिवेशात् निवेशरूपे शब्दानां सम्पर्केण यन्त्रम् इदं संचालितं भवति। विचारोऽयं केन समर्थ्यते?
(a) प्रकृतिवादिभिः (b) व्यवहारवादिभिः
(c) संज्ञानवादिभिः (d) संरचनावादिभिः

Ans : (a) मानवाः भाषाशिक्षणस्य सहजातयन्त्रेण सह जायन्ते परिवेशात् निवेशरूपे शब्दानां सम्पर्केण यन्त्रम् संचालितं भवति। विचारोऽयं प्रकृतिवादिभिः समर्थ्यते। मानवो में, भाषा शिक्षण के सहजात यन्त्र के साथ उत्पन्न होते हैं। परिवेश से निवेश रूप में शब्दों के सम्पर्क से यंत्र संचालित होता है।

20. चतुष्चक्रयुक्तानि सर्वाणि वाहनानि बालकः 'कार' इति ब्रवीति। प्रारम्भिक-शब्दावलिदोषोऽयम् यस्मिन् कश्चित् शब्दः व्यापकरूपेण बहुभ्यः पदार्थेभ्यः घटनाभ्यः वा प्रयुज्यते, कथ्यते -
(a) अतिविस्तारः (b) न्यूनविस्तारः
(c) वाणी-वैकल्यम् (d) वाक्-स्खलनम्

Ans : (a) चतुष्चक्रयुक्तानि सर्वाणि वाहनानि बालकः 'कार' इति ब्रवीति। प्रारम्भिक-शब्दावलिदोषोऽयम् यस्मिन् कश्चित् शब्दः व्यापकरूपेण बहुभ्यः पदार्थेभ्यः घटनाभ्यः वा प्रयुज्यते। एतत् 'अतिविस्तारः' कथ्यते ।
अर्थात् चारचक्कों से युक्त सभी वाहनों को बालक कार ऐसा कहता है। यह प्रारम्भिक शब्दावली का दोष है जो कोई शब्द व्यापक रूप से बहुत पदार्थों से घटनाओं से अर्थ लेकर प्रयुक्त होता है। इसको ''अतिविस्तार'' कहते है।

21. कौशलयुक्तपाठकः भवितुं एतद् आवश्यकं अस्ति यत् स दैनिकजीवनात् अध्ययनस्य अनुशासितक्षेत्रेभ्यश्च ज्ञानं प्रयोज्य लिखितसामग्रीविषये तर्कपूर्णविवेचनार्थं शिक्षणं गृह्णीयात् । अतः एतत् कथयितुं शक्यते यत् कौशलयुक्तपठनं स्यात् _____
(a) प्रवाहपूर्णम् (b) संरचनात्मकम्
(c) विस्तृतम् (d) निष्कूटनम्

Ans : (b) कौशलयुक्तपाठकः भवितुं एतद् आवश्यकं अस्ति यत स दैनिकजीवनात् अध्ययनस्य अनुशासितक्षेत्रेभ्यश्च ज्ञानं प्रयोज्य लिखितसामग्रीविषये तर्कपूर्णविवेचनार्थं शिक्षणं गृह्णीयात् । अतः एतत् कथयितुं शक्यते यत् ''संरचनात्मकम्'' कौशलयुक्तपठनं स्यात्
अर्थात्– कौशल से युक्त पाठक होने के लिए, यह आवश्यक है वह दैनिक जीवन से अध्ययन के अनुशासित क्षेत्र में ज्ञान का प्रयोग करके लिखित सामग्री के विषय में तर्क पूर्ण विवेचन के लिए शिक्षण ग्रहण करता हैं। इसलिए यह कहने के लिए समर्थ है। जो कौशल युक्त पठन संरचनात्मक कौशल होता है।

22. कश्चिद् अध्यापकःअवकाशे गृहकार्यस्य रूपेण स्वछात्रान् दत्तसूच्याः स्वरुचेः उपन्यासं पठितुं कार्यं ददाति। एषः पठनप्रयोगःअस्ति _____
(a) सघनपठनम् (b) विस्तृतपठनम्
(c) परिवीक्षणम् (Scanning) (d) सहयोगि-पठनम्

Ans : (b) कश्चिद् अध्यापकःअवकाशे गृहकार्यस्य रूपेण स्वछात्रान् दत्तसूच्याः स्वरुचेः उपन्यासं पठितुं कार्यं ददाति। एषः पठनप्रयोगः ''विस्तृत पठनम्'' अस्ति।
अर्थात् कोई अध्यापक अवकाश में गृह कार्य रूप से अपने क्षेत्रों को दी गई सूची से अपने रुचि के अनुसार उपन्यास पढ़ने के लिए कार्य देता है यह पठन प्रयोग ''विस्तृत पठन'' प्रयोग है।

23. कक्षासंसाधनरूपे निम्नलिखितेषु बहुभाषीयता किम् अस्ति?
(a) यतः छात्राः विभिन्नाभिः भाषाभिः सह विद्यालयम् आगच्छन्ति। अतः छात्राः प्रथमकक्षातः आंग्लभाषायां पाठ्यन्ते।
(b) भाषिकाः सांस्कृतिकाश्च विविधताः मानकस्तरात् दूरीभवन्ति।
(c) छात्राः विद्यालयीशिक्षां मातृभाषायां प्रारभन्ते तथा यदा ते प्रोन्नतिं कुर्वन्ति तदा ते अधिकाः भाषाः योजयन्ति।
(d) बालकानां विविधाः भाषाकक्षायां न सह्यन्ते नैव च प्रयोज्यन्ते।

Ans : (c) कक्षासंसाधनरूपे छात्राः विद्यालयीशिक्षां मातृभाषायां प्रारभन्ते तथा यदा ते प्रोन्नतिं कुर्वन्ति तदा ते अधिकाः भाषाः योजयन्ति'' एतत् बहुभाषीयता अस्ति। कक्षा संसाधन रूप में ''छात्र विद्यालयीय शिक्षा को मातृभाषा में प्रारम्भ करते है तब वे अधिक भाषाओं को जोड़ते है। यह बहुभाषीयता का उदाहरण है।

24. यदा छात्राः स्व-उन्नत्या आत्मानं सन्तुष्टाः मन्यन्ते, असन्तुष्टाःवा, तदा ते यं स्वमूल्याङ्कनविधिं निर्धार्यन्ते, स कथ्यते _____

(a) समेकितमूल्यांकनम् (b) सामूहिक-मूल्यांकनम्
(c) सहपाठि-मूल्यांकनम् (d) आत्म-मूल्यांकनम्

Ans : (d) यदा छात्राः स्व-उन्नत्या आत्मानं सन्तुष्टाः मन्यन्ते, असन्तुष्टाःवा, तदा ते यं स्वमूल्याङ्कनविधिं निर्धार्यन्ते, सः आत्म-मूल्यांकनम् कथ्यते।
अर्थात् जब छात्र अपनी उन्नति से अपने को सन्तुष्ट मानते है अथवा नही, तब वे जिसे अपने मूल्यांकन की विधिनिर्धारित करते हैं वह ''आत्म मूल्यांकन'' कहलाता है।

25. 'उपभाषायाः' तथा 'बलाघातस्य' विषये किं कथनं सत्यम्?

(a) 'बलाघातः' वास्तविकभाषया सम्बन्धितोऽस्ति, उपभाषा मूलभाषायाः भाषणविधिः कथ्यते।
(b) बलाघातः लोकशब्दान् वाक्यांशान् वा विवृणोति, उपभाषा च भाषणविधिं विवृणोति।
(c) उपभाषा वास्तविकभाषया सम्बन्धिता अस्ति, बलाघातश्च तद्भाषायाः भाषणविधिं विवृणोति।
(d) उपबोली लोकशब्दैः वाक्यांशैः वा सम्बन्धिता अस्ति, बलाघातश्च विशिष्टप्रकरणे पारिभाषिकशब्दावल्या सम्बन्धितः अस्ति।

Ans : (c) उपभाषाः तथा बलाघातस्य विषये 'उपभाषा वास्तविक भाषया सम्बन्धिता अस्ति, बलाघातश्च, तद भाषाः भाषण विधिं विवृणोति'' एतत् कथनं सत्यं अस्ति।
अर्थात् उप भाषा के तथा बलाघात के विषय में ''उप भाषा वास्तविक भाषा से सम्बन्धित है और बलाघात उस भाषा के भाषण विधि को प्रकट करता है ''यह कथन उपभाषा तथा बलाघात के विषय में सत्य है।

26. निम्नलिखितेषु किं पठनोपरान्तप्रविधिः नास्ति?

(a) बहुविकल्पीया प्रश्नाः (b) रेखीय-संयोजका
(c) संक्षिप्तीकरणम् (d) अनुमानम्

Ans : (d) उपरिलिखितेषु ''अनुमानम् '' पठनोपरान्त प्रविधिः नास्ति। उपरि लिखितों में ''अनुमान'' पठनोंपरान्त प्रविधि नही है। तथा बहुविकल्पीय प्रश्न, रेखीय संयोजक तथा संक्षिप्तीकरण'' पठनोपरान्त प्रविधियाँ हैं।

27. भाषाशिक्षणं वर्धयितुं शक्यते, यदि-

(a) अध्यापकेन अधिकाधिकं पठनसामग्री प्रयुज्यते
(b) छात्राणां प्रोन्नतिं ज्ञातुं साप्ताहिक्यः परीक्षाः अध्यापकैः दीयन्ते।
(c) कक्षायां छात्राः वास्तविकीजीवनस्थितिः दीयन्ते यत् छात्राः परस्परं अन्तः सम्पर्कं कुर्युः
(d) अध्यापकः संवादान् रटनाभ्यासेन स्मर्तुं छात्रान् ददाति। पश्चात् स तान् कक्षायां पुनः कथयितुं कथयति।

Ans : (c) भाषा शिक्षणम् वर्धयितुं कक्षायां छात्राः वास्तविकी जीवन स्थितिः दीयन्ते यत् छात्राः परस्परं अन्तः सम्पर्कम् कुर्युः। वास्तविक जीवन स्थिति दी जानी चाहिए, जो छात्र परस्पर अन्तः सम्पर्क में रहने चाहिए।

28. अधस्तात् मूल्यांकनस्य द्वे पद्धती दीयेते।

(A) छात्रान् कक्षायां समयप्रदानम् येन ते मूल्यांकनाय समूहेषु कुर्युः,अर्थात् ते परस्परं परीक्षन्ताम्।
(B) छात्राः समेकितमूल्यांकनाय आत्मनः लेखनकार्यस्य पत्राधानानि सज्जीकुर्युः अर्थात् तेषां लेखनस्य षट् उत्तमलेखान् चिन्वन्तु।

एतयोः पद्धत्योः मैत्रीपूर्णमूल्यांकनाय कतमा सत्या अस्ति?

(1) (A) सत्यमस्ति, (B) मिथ्यास्ति
(2) (B) सत्यमस्ति, (A) मिथ्यास्ति
(3) (A) तथा (B) उभे सत्ये स्तः
(4) (A) तथा (B) उभे मिथ्या स्तः

Ans : (c) एतयोः पद्धत्योः मैत्रीपूर्ण मूल्यांकनाय (A) तथा (B) पद्धतिः उचिता अस्ति। तथा A, B उभे सत्ये स्तः।
(A) छात्रान् कक्षायां समयप्रदानम् येन ते मूल्यांकनाय समूहेषु कुर्युः,अर्थात् ते परस्परं परीक्षन्ताम्।
(B) छात्राः समेकितमूल्यांकनाय आत्मनः लेखनकार्यस्य पत्राधानानि सज्जीकुर्युः अर्थात् तेषां लेखनस्य षट् उत्तमलेखान् चिन्वन्तु।

29. षोडशवर्षीयः रघुः द्विवादनस्य समीपे विद्यालयाद् आगतः। उष्णवातावरणस्य कारणात् स श्रान्तः आसीत् । स कमपि गृहे न प्राप्तवान्। स पाकगृहे अगच्छत् जम्बीररसं सज्जीकृतवान्, हिमखण्डान् च प्रावेशयत्। सः रुचिपूर्वकं अपिबत्। एषः कीदृशस्य लेखनस्यः प्रकारः अस्ति।

(a) वर्णनात्मकं लेखनम्
(b) विवरणात्मकं लेखनम्
(c) प्रेरकलेखनम्
(d) कथनात्मकं लेखनम् (Narrative)

Ans : (b) षोडशवर्षीयः रघुः द्विवादनस्य समीपे विद्यालयाद् आगतः। उष्णवातावरणस्य कारणात् स श्रान्तः आसीत् । स कमपि गृहे न प्राप्तवान्। स पाकगृहे अगच्छत् जम्बीररसं सज्जीकृतवान्, हिमखण्डान् च प्रावेशयत्। सः रुचिपूर्वकं अपिबत्। एषः विवरणात्मकं लेखनम् लेखनस्यः प्रकारः अस्ति। अर्थात् सोलह वर्षीय रघु दो बजे के समीप में विद्यालय से आया, गर्मी के कारण वह थका हुआ था, वह सोने के लिए घर में स्थान नहीं पाया, वह रसोई घर गया, नीबू का रस तैयार किया, वर्क को डाला, तथा इच्छानुसार पान किया, यह विवरणात्मक लेखन का प्रकार है।

30. निम्नलिखितेषु किं पत्राधानमूल्याङ्कनम् कथ्यते।

(a) छात्राणां विविधशिक्षणानुभवानां संग्रहणं लेखनं तथा छात्राणां समग्रमूल्यांकनाय प्रयोगः
(b) अध्ययन-अध्यापनस्य वर्षपर्यन्तं संग्रहणं, लेखनं तथा समग्रमूल्यांकनाय।
(c) छात्राणां सत्रान्तपरीक्षाणां उपयोगः।
(d) वर्षपर्यन्तं औपचारिकपरीक्षाणां माध्यमेन मूल्याङ्कनम् ।

Ans : (a) उपरिलिखितुषु ''छात्राणां विविध शिक्षणानुभवानां संग्रहण तथा छात्राणां समग्रमूल्यांकनाय प्रयोगः। पत्राधान मूल्यांकनाय प्रयोगः, पत्राधान मूल्यांकनम् कथ्यते। उपरिलिखितों में ''छात्रों के विविध शिक्षण का अनुभवों का संग्रह तथा छात्रों के समग्र मूल्यांकन के लिए प्रयोग ''यह पत्राधान मूल्यांकन कहा जाता है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 24-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Which of the following is a part of the domain of emotional development?
निम्न में से कौन से संवेगात्मक विकास का हिस्सा हैं?
(a) Interpersonal Skills/अंतर्वैयक्तिक कौशल
(b) Attention and Memory/अवधान व स्मृति
(c) Functioning of body system/शारीरिक प्रणाली की क्रिया
(d) Perceptual and Motor Capacities/प्रतिबोधिक और गतिक कौशल

Ans. (a) : संवेगात्मक विकास के अर्न्तगत व्यक्ति का संवेगों के बारे में पता होना, नियंत्रण करना, व्यक्त करना और आंतरिक रूप से पारस्परिक संबंधों को संभालने की क्षमता को शामिल किया गया है तथा अंतर्वैयक्तिक कौशल दूसरे लोगों के इरादों, प्रेरणाओं और इच्छाओं को समझने की क्षमता से संबंधित है अतः अंतर्वैयक्तिक कौशल संवेगनात्मक विकास का हिस्सा है।

2. Which factors determine and influence development of children?
कौन से कारक बच्चों के विकास को निर्धारित व प्रभावित करते हैं?
(i) Heredity/आनुवंशिकता
(ii) Physical environment/भौतिक वातावरण
(iii) Socio-cultural factors/सामाजिक-सांस्कृतिक कारक
(a) (i) and (iii)/(i) और (iii)
(b) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(c) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)

Ans. (d) : बच्चों के विकास को आनुवंशिकता, भौतिक वातावरण तथा सामाजिक-सांस्कृतिक कारक ये तीनों प्रभावित व निर्धारित करते हैं। बालक को अपने माता पिता से जो भी गुण प्राप्त होता है वो वंशानुक्रम के माध्यम से ही होता है। वातावरण के कारण बालक की मानसिक शक्ति, कल्पना शक्ति तथा तर्क-शक्ति प्रभावित होती है। बालक की सामाजिक- आर्थिक स्थिति का भी प्रभाव उसके विकास पर पड़ता है अतः निर्धन परिवार के बच्चे अधिक अवसर प्राप्त न करने के कारण पीछे रह जाते हैं। जबकि शहर के बच्चों को बेहतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिलने के कारण उनका मानसिक एवं सामाजिक विकास स्वाभाविक रूप से अधिक होता है।

3. Assertion (A) : Motor co-ordination of children is not important for learning at the school.
कथन (A) : स्कूल में सीखने के लिए बच्चों के गति कौशल का समन्वय महत्वपूर्ण नहीं है।
Reason (R) : Learning and development are independent of each other.
तर्क (R) : सीखना और विकास एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : स्कूल में सीखने के लिए बच्चों के गति कौशल का समन्वय महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि सीखना और विकास एक दूसरे से स्वतंत्र है; ये दोनों (A) और (R) गलत हैं। क्योंकि स्कूल में सीखने के लिए बच्चों में मोटर समन्वय महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों को अपने आस-पास की दुनिया का पता लगाने में भी मदद मिलती है। तथा मोटर समन्वय के द्वारा बच्चा चलना, दौड़ना, कूदना जैसी क्षमताओं को प्राप्त करता है। अतः सीखना और विकास एक दूसरे के अन्तर्सम्बधित है।

4. What is the role of family and peers in the development and socialization of children in middle school?
माध्यमिक स्कूल में परिवार व समकक्षियों की बच्चों के विकास में क्या भूमिका है?
(a) Both have no role./दोनों की कोई भूमिका नहीं है।
(b) Family does not have any role; peers have a significant role./परिवार की कोई भूमिका नहीं है, समकक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।
(c) Peers do not have any role; family has a significant role./समकक्षियों की कोई भूमिका नहीं है, परिवार की प्रमुख भूमिका।
(d) Both have important though different roles./दोनों की अलग-अलग परन्तु महत्वपूर्ण भूमिका है।

Ans. (d) : माध्यमिक स्कूल में परिवार व समकक्षियों की बच्चों के विकास में अलग-अलग परन्तु महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि परिवार में बालकों को नैतिकता व सामाजिकता का प्रशिक्षण मिलता है। जिससे कि उनमें उत्तम आदतों व चरित्र का विकास होता है तथा समकक्षियों के द्वारा बच्चों में सहयोग की भावना का विकास होता है। जिससे कि वे साहसिक कार्यों में भागीदारी लेने लगते हैं।

5. A student is able to interpret the logic of a verbal statement without questioning the validity of the statement in reality. According to Piaget at which stage of cognitive development is the student?

एक विद्यार्थी शाब्दिक कथन के तर्क को बिना वास्तविक परिस्थिति से सम्बन्धित किये विवेचित कर लेता है। पियाजे के अनुसार विद्यार्थी संज्ञानात्मक विकास की किस अवस्था में है?

(a) Formal operational stage/औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
(b) Pre-opertional stage/पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(c) Concrete-operational stage/मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(d) Sensori-motor stage/संवेदी गामक अवस्था

Ans. (a) : एक विद्यार्थी शाब्दिक कथन के तर्क को बिना वास्तविक परिस्थिति से सम्बन्धित किये विवेचित कर लेता है। पियाजे के अनुसार विद्यार्थी संज्ञानात्मक विकास की औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था में है। यह चरण लगभग 12 वर्ष की आयु में शुरु होता है और वयस्कता में रहता है। औपचारिक चरण में बच्चा गणितीय रूप से सोचने और गणितीय समस्या के रूप या संरचना को समझने में सक्षम हो जाता है।

6. As per Jean Piaget, children's thinking is _____ that of adults.
जीन पियाजे के अनुसार, बच्चों की सोच वयस्कों _____ होती है।

(a) Qualitatively different from/से गुणात्मक रूप से भिन्न
(b) Quantitively different from/से मात्रात्मक रूप से भिन्न
(c) Inferior than/से कम
(d) Superior than/से बेहतर

Ans. (a) : जीन पियाजे के अनुसार; बच्चों की सोच वयस्कों से गुणात्मक रूप से भिन्न होती है। क्योंकि बच्चें परिपक्व होने पर मूल रूप से अलग-अलग तरीकों से सोचते हैं न कि केवल अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए।

7. At which stage of Kohlberg's moral development do individuals believe that rules should involve mutual agreements and the rights of the individual should be protected?
कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस चरण में व्यक्तियों का मानना है कि नियमों में आपसी समझौते शामिल होने चाहिए और व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए?

(a) Instrumental purpose orientation/यांत्रिक सापेक्षता अभिविन्यास
(b) Punishment and obedience orientation/सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास
(c) Social contract orientation/सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास
(d) Good boy-good girl orientation/अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास

Ans. (c) : कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास चरण में व्यक्तियों का मानना है कि नियमों में आपसी समझौता शामिल होने चाहिए और व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास सामाजिक दृष्टिकोण के आधार पर नैतिक निर्णयों को प्रदर्शित करता है।

8. In his _____ theory Lev Vygotsky proposed that learning is a process of co-construction of knowledge.
लेव व्यागोत्सकी ने _____ सिद्धान्त में प्रस्तावित किया कि सीखना ज्ञान के सह निर्माण की प्रक्रिया है।

(a) Behaviouristic/व्यवहारवादी
(b) Socio-cultural/सामाजिक सांस्कृतिक
(c) Information-processing/सूचना के प्रसंस्करण
(d) Psycho-dynamic/मनोगतिकी

Ans. (b) : लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त में प्रस्तावित किया कि सीखना ज्ञान के सहनिर्माण की प्रक्रिया है। वायगोत्स्की के इस सिद्धान्त के अनुसार बालक समाज और संस्कृति में रहकर अनुकरण के द्वारा सीखता है तथा समाज के साथ अंतः क्रिया करके अपना विकास करता है।

9. An important classroom implication of Lev Vygotsky's theory is that :
निम्न में से क्या लेव व्यागोत्सकी के सिद्धान्तों का उपयुक्त कक्षागत निहितार्थ है?

(a) Children should be expected to discover things completely on their own./बच्चों से अपेक्षा रखनी चाहिए कि वे पूर्ण रूप से खुद से चीजों को खोज पाएँगे।
(b) Children should be rewarded appropriately to increase desirable behaviour./बच्चों में वांछनीय व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें इनाम देने चाहिए।
(c) Children should be punished to decrease undesirable behaviour./बच्चों में अवांछनीय व्यवहार को कम करने के लिए सजा देनी चाहिए।
(d) Children should be guided and assisted in their learning./बच्चों का सीखने में मार्गदर्शन व सहायता करनी चाहिए।

Ans. (d) : बच्चों का सीखने में मार्गदर्शन व सहायता करनी चाहिए यह लेव वायगोत्स्की के सिद्धान्तों का उपयुक्त कक्षागत निहितार्थ है। इस सम्बद्ध में लेव वायगोत्स्की का मचान/पाड़ या आधार भूत सहायता का एक सिद्धान्त है, जो एक से अधिक सूचित व्यक्ति की मदद से एक छात्र की जानकारी को सीखने की क्षमता पर केन्द्रित है। इसमें शिक्षक एक सुविधादाता के रूप में कार्य करतें हैं और समस्या को हल करते समय बच्चों के किसी बिन्दु पर अटकने पर संकेत और इशारे प्रदान करते हैं।

10. Roma helps Jaspreet solve a crossword puzzle by giving prompts and cues gradually reducing her support as Jaspreet becomes better at it. This is an example of :
रोमा, जसप्रीत को एक क्रासवर्ण पहेली सुलझाने में संकेत व इशारे देकर मदद करती है जब तक जसप्रीत उसे करने में बेहतर न हो जाए। रोमा का धीरे-धीरे कर अपनी मदद कम करना, निम्न में से किसका उदाहरण है?

(a) Scaffolding/पाड़
(b) Observational Learning/अनुकरण अधिगम
(c) Multiple Intelligence/बहु बुद्धि
(d) Cognitive conflict/संज्ञानात्मक द्वंद्व

Ans. (a) : रोमा, जसप्रीत को एक क्रासवर्ण पहेली सुलझाने में संकेत व इशारे देकर मदद करती है। जब तक जसप्रीत उसे करने में बेहतर न हो जाए। रोमा का धीरे-धीरे कर अपनी मदद कम करना पाड़ का उदाहरण है। स्कैफोल्डिंग एक प्रकार की शिक्षण प्रक्रिया है,

जिसमें बच्चों को दिये जाने वाले निर्देश की मात्रा तथा स्वरूप उसके विकास के स्तर के अनुरूप होता है। बच्चों को दिया जाने वाला समर्थन या सहयोग तब वापस ले लिया जाता है, जब बच्चा स्वतंत्र रूप से किसी काम को करने लग जाता है। इस प्रक्रिया में बड़े या शिक्षक की तरफ से उस समय समर्थन वापस लिया जाता है, जब बच्चा उच्च क्षमता आत्मविश्वास के साथ कोई काम करना सीख जाता है।

11. Assertion (A) : In a progressive classroom the teacher should be diadactic and keep the children in control by maintaining 'pin-drop' silence.
कथन (A) : एक प्रगतिशील कक्षा में शिक्षिका को होना चाहिए और बच्चों को नियंत्रण में रखना चाहिए।
Reason (R) : Children learn only when teachers exercise total control over them.
तर्क (R) : बच्चे तभी सीखते हैं जब शिक्षक उन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखते हैं।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : एक प्रगतिशील कक्षा में शिक्षिका को होना चाहिए और बच्चों को नियंत्रण में रखना चाहिए क्योंकि बच्चे तभी सीखते हैं जब शिक्षक उन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखते है। यह कथन (A) और तर्क (R) पूर्णतः गलत है क्योंकि प्रगतिशील कक्षा बालक की क्षमता में विश्वास रखती है, इसमें बालक को केन्द्र में रखकर शिक्षण कार्य कराया जाता है। तथा पाठ्यक्रम का स्वरूप लचीला होता है क्योंकि प्रगतिशील कक्षा इस मत में विश्वास करती है कि बच्चे तभी सीखते हैं जब उन्हें बिना किसी नियंत्रण करके स्वयं करके-सीखने का अवसर दिया जाता है।

12. Individuals with _____ are able to make connections based on their prior knowledge and are drawn to categorization, patterning, and relationships between ideas.
_____ वाले व्यक्ति अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर संबंध बनाने में सक्षम होते हैं और विचारों के बीच वर्गीकरण, पैटर्निंग और संबंधों को गहराई से देख पाते हैं।

(a) Logico-mathematical intelligence/ तर्क-गणितीय बुद्धि
(b) Bodily-kinaesthetic intelligence/ शारीरिक-गति संवेदनात्मकता बुद्धि
(c) Interpersonal intelligence/अंतर्वैयक्तिक बुद्धि
(d) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि

Ans. (a) : तर्क-गणितीय बुद्धि वाले व्यक्ति अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर संबंध बनाने में सक्षम होते हैं और विचारों के बीच वर्गीकरण, पैटर्निंग और संबंधों को गहराई से देख पाते हैं। ऐसे व्यक्तियों में तार्किक रूप से समस्याओं का विश्लेषण करने गणितीय संचालन करने और वैज्ञानिक रूप से मुद्दों की जाँच करने की क्षमता होती है।

13. A teacher's remark in a co-education class to boys, "Be brave and don't behave weakly like girls" would encourage :
सह-शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी, ''बहादुर बनो और लड़कियों की तरह कमजोर व्यवहार मत करो'' किसका बढ़ावा देगा?

(a) gender equity/जेंडर समता
(b) gender stereotyping/जेंडर रूढ़िवादिता
(c) gender role flexibility/जेंडर भूमिका में लचीलापन
(d) gender equality/जेंडर समानता

Ans. (b) : सह-शिक्षा कक्षा में लड़कों के लिए एक शिक्षक की टिप्पणी ''बहादुर बनो और लड़कियों की तरह कमजोर व्यवहार मत करो'' जेंडर रुढ़िवादिता को बढ़ावा देगा। जेंडर रुढ़िवादिता किसी व्यक्ति के बारे में उसके लिंग के आधार पर बनायी गयी धारणा है, जो समाज में उसकी विशेषताओं व्यवहारों और जिम्मेदारियों को लिंग के अनुसार परिभाषित करती है।

14. Which of the following are key characteristics of Continuous and Comprehensive Evaluation?
निम्न में से कौन सतत् एवं समग्र मूल्यांकन के प्रमुख अभिलक्षण हैं?

(i) It's primary objective is to segregate and label childrens./इसका प्राथमिक उद्देश्य विद्यार्थियों का पृथक्करण व नामीकरण है।
(ii) It provides opportunities for teachers to reflect on their pedagogy./यह शिक्षकों को अपने शिक्षाशास्त्र पर मदद करने के अवसर देता है।
(iii) It incorporates assessment as a part of learning./यह मूल्यांकन को सीखने का हिस्सा मानता है।
(iv) It helps to promote learning by inducing fear and anxiety./यह डर और चिंता पैदा करके सीखने को बढ़ाता है।

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) (ii), (iii) and (iv)/ (ii), (iii) और (iv)
(c) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii) और (iv)

Ans. (c) : सतत् तथा समग्र मूल्यांकन से आशय छात्रों के विद्यालय आधारित मूल्यांकन की उस प्रणाली से है जिसमें छात्र के विकास के सभी पक्ष शामिल है। यह शिक्षकों को अपने शिक्षाशास्त्र पर मदद करने के अवसर देता है तथा मूल्यांकन को सीखने का हिस्सा मानता है। यह नियमित एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं, जो कक्षा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के साथ-साथ चलती है अतः (ii) व (iii) सही है।

15. Which of the following questions promotes critical thinking than mere recall of information?
निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है बजाए कि सूचनाओं के मात्र प्रत्यास्मरण को?

(a) In which year was the last census held?/आखिरी जनगणना किस वर्ष में हुई थी?
(b) Where was Mahatma Gandhi born?/महात्मा गाँधी का जन्म कहाँ हुआ था?
(c) Who was the first President of India? /भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
(d) How can democratic ideals be promoted in a society?/समाज में लोकतांत्रिक आदर्शों को बढ़ावा कैसे दिया जाता है?

Ans. (d) : समाज में लोकतांत्रिक आदर्शों को बढ़ावा कैसे दिया जाता है? ऐसे प्रश्न बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देते है बजाए कि सूचनाओं के मात्र प्रत्यास्मरण को बढ़ावा देने के क्योंकि ऐसे प्रश्नों का कोई रटा-रटाया उत्तर नहीं होता है अतः जब बच्चे ऐसे प्रश्नों के उत्तर के बारे में अपने विभिन्न विचार प्रस्तुत करते हैं तो उनमें तार्किक चिंतन व सृजनात्मकता का विकास होता है। समालोचनात्मक चिंतन द्वारा बच्चों में अपसारी सोच का विकास होता है। यह तर्क या तर्क को नई, अपरिचित स्थितियों, विचारो और सुझावों पर लागू करने की क्षमता है जो कि तथ्यों घटनाओं आदि को पहचानने या उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता हैं।

16. For successful inclusion of students belonging to disadvantaged groups the teachers should :
वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए, शिक्षकों को :
(a) include aspects of their culture through various activities./अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उनकी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को शामिल करना चाहिए।
(b) discourage them to take part in cultural activities and ask them to focus on studies. /उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए और पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहना चाहिए।
(c) encourage them to take part in cultural activities but not on studies./उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए परन्तु पढ़ाई पर नहीं।
(d) gently ask the parents to enroll children in home tutitons. /प्यार से उनके माता-पिता को उन्हें घर पर ट्यूशन पढ़ाने को कहना चाहिए।

Ans. (a) : वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उनकी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को शामिल करना चाहिए जिससे कि वे स्वयं को हीन व पिछड़ा न समझते हुए अत्यन्त ही उत्साह के साथ उन गतिविधियों में अपनी भागीदारी दिखाते हुए सार्थक अधिगम कर सके जिससे कि एक प्रभावी कक्षा-कक्ष का निर्माण हो सके।

17. A key pedagogical strategy to ensure inclusive education is : /समावेशी शिक्षा की प्रमुख शिक्षास्त्रीय रणनीति क्या है?
(a) Collaboration/सहयोग
(b) Segregation/पृथक्करण
(c) Negative discrimination/नकारात्मक भेद-भाव
(d) Labelling/नामीकरण

Ans. (a) : समावेशी शिक्षा ऐसी शिक्षा है जिसके अन्तर्गत शारीरिक रूप से बाधित बालक तथा सामान्य बालक साथ-साथ सामान्य कक्षा में शिक्षा ग्रहण करते है। अपंग बालको को कुछ अधिक सहायता प्रदान की जाती है अतः समावेशी शिक्षा की प्रमुख शिक्षाशास्त्रीय रणनीति सहयोग है।

18. A teacher should support inclusion of students belonging to disadvantaged groups by :
एक शिक्षक को वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन के लिए क्या करना चाहिए?
(a) creating a classroom ethos were differences are accepted and every child is valued./एक ऐसी कक्षा-नीति का निर्माण करना चाहिए जहाँ पर वैयक्तिक भिन्नताओं को स्वीकारा जाए और प्रत्येक बच्चे को महत्व दिया जाए।
(b) identifying children's academic abilities and always group children of same ability together./बच्चों की शैक्षणिक क्षमताओं की पहचान करके समान क्षमताओं वाले बच्चों के समूह बनाए जाएँ।
(c) segregation of children groups based on their caste./बच्चों को उनकी जाति के आधार पर अलग-अलग समूहों में बाँटा जाए।
(d) promoting them to reproduce textbook knowledge even if it is meaningless to them./उन्हें पाठ्यपुस्तक-आधारित ज्ञान का पुनरुत्पादन करने के लिए बढ़ावा दिया जाए, भले ही वह उनके लिए अर्थहीन हो।

Ans. (a) : एक शिक्षक को वंचित समूहों के विद्यार्थियों के समावेशन के लिए ऐसी कक्षा-नीति का निर्माण करना चाहिए जहाँ पर वैयक्तिक भिन्नताओं को स्वीकारा जाए और प्रत्येक बच्चे को महत्व दिया जाए जिसके कि वे स्वयं को महत्वपूर्ण समझ सके और नकारात्मक विचारों को त्यागकर अपनी समस्याओं को शिक्षक के समक्ष रखने में सक्षम हो सकें।

19. A child's intelligence test score shows that she is above average, she is regular and active in class. Her mathematics grades and writing skill is good but when given the task of roading loudly her permformance is poor, the child is likely to have :
एक बच्ची के बुद्धि परीक्षण के स्कोर यह दर्शाते है कि वह औसत से ऊपर है, वह कक्षा में नियमित तथा क्रियाशील है। उसके गणित के ग्रेड तथा लिखने का कौशल अच्छा है परन्तु जब उसे सुस्वर पाठन करने के लिये कहा जाता है तो उसका निष्पादन बुरा होता है। बच्ची में किसके लक्षण होने की संभावना है?
(a) Dysgraphia/डिसग्राफिया
(b) Dyscalculia/डिस्कैल्क्यूलिया
(c) Dyslexia/डिस्लेक्सिया
(d) Autism/स्वलीनता

Ans. (c) : एक बच्चों के बुद्धि परीक्षण के स्कोर यह दर्शाते हैं कि वह औसत से ऊपर है वह कक्षा में नियमित तथा क्रियाशील है। उसके गणित के ग्रेड तथा लिखने का कौशल अच्छा है परन्तु जब उसे सुस्वर पाठन करने के लिए कहा जाता है तो उसका निष्पादन बुरा होता है। बच्ची में डिस्लेक्सिया होने की संभावना है।

डिस्लेक्सिया सीखने समझने में होने वाली कठिनाई है जो पढ़ने में दिक्कत, लिखने और वर्तनी की समस्याओं का कारण बनती है। यह बुद्धि को प्रभावित नहीं करती है लेकिन बच्चे सीधे अक्षर को उल्टा लिखते हैं, जो एक तरह की अधिगम अक्षमता है।

20. What is creativity? /रचनात्मकता क्या है?

(a) Ability to repetitively perform an action without being bored./बिना ऊब के किसी कार्य को बार-बार करने की क्षमता

(b) Ability to rote memorize long passages./लंबे गद्यांशो को रटने की क्षमता

(c) Ability to think divergently./अपसारी ढंग से सोचने की क्षमता

(d) Ability to copy and imitate others as it is./दूसरों की नकल ज्यों की त्यों करने की क्षमता

Ans. (c) : रचनात्मकता वह योग्यता है जो व्यक्ति को किसी समस्या का समाधान खोजने के लिए नवीन ढंग से सोचने व विचार करने के लिए समर्थ बनाती है। अतः अपसारी ढंग से सोचने की क्षमता ही रचनात्मकता है।

21. How is learning looked at in a socio-constructivist perspective?
सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में सीखने को किस प्रकार देखा जाता है?

(a) As active and social in character./सक्रिय और सामाजिक प्रक्रिया के रूप में

(b) The process of passive acquistion of knowledge./ज्ञान के निष्क्रिय अर्जन की प्रक्रिया

(c) Relatively permanent change in behavior./ व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन

(d) Conditioning between the stimulus and response./उत्तेजना और प्रतिक्रिया के बीच अनुबंध

Ans. (a) : सामाजिक-रचनात्मक परिप्रेक्ष्य में सीखने को सक्रिय और सामाजिक प्रक्रिया के रूप में देखा जाता है। सामाजिक रचनात्मकवाद इस शोध पर आधारित है कि सामाजिक प्रक्रियाएँ अधिगम और संज्ञानात्मक विकास के लिए केन्द्रीय है। यह ज्ञान को एक सामाजिक निर्माण के रूप में मानता है और अधिगम व संज्ञानात्मक विकास के सामाजिक पहलुओं को प्राथमिकता देता है। इनमें से कुछ सामाजिक पहलू – भाषा, संस्कृति, दैनिक, जीवन की प्रथाएँ, भौतिक वस्तुएँ, पारस्परिक संपर्क, सहकर्मी संपर्क, उपकरण और प्रतीक है।

22. _____ is an example of intristic motivation.
आंतरिक अभिप्रेरण का उदाहरण क्या है?

(a) Studying to get first prize./प्रथम पुरस्कार पाने के लिए पढ़ना

(b) Learning to satisfy curiosity./अपनी उत्सुकता की संतुष्टि के लिए सीखना

(c) Completing work to get appreciation/सराहना पाने के लिए काम पूरा करना

(d) Coming first to get a bicyle./साईकिल पान के लिए प्रथम आना

Ans. (b) : आंतरिक अभिप्रेरणा स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है कि हम व्यक्तिगत रूचियों को आगे बढ़ायें और अपनी क्षमताओं का प्रयोग करें। जब हम आंतरिक रूप से प्रेरित होते हैं तो हमें प्रलोभन या दंड की आवश्यकता नहीं होती है।, क्योंकि गतिविधि स्वयं संतोषजनक और पुरस्कृत होती है। इसे आकांक्षा के स्तर के रूप में भी जाना जाता है। अतः अपनी उत्सुकता की संतुष्टि के लिए सीखना आंतरिक अभिप्रेरणा का उदाहरण है।

23. Assertion (A) : Effective teaching includes forming positive relationship with students and giving importance to their emotional needs.
कथन (A) : प्रभावी शिक्षण में छात्रों के साथ सकारात्मक संबंध बनाना और उनकी भावनात्मक जरूरतों को महत्व देना शामिल है।
Reason (R) : Emotions and learning are inter-related.
तर्क (R) : भावनाएँ और सीखना परस्पर संबंधित हैं।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : प्रभावी शिक्षण में छात्रों के साथ सकारात्मक संबंध बनाना और उनकी भावनात्मक जरूरतों को महत्व देना शामिल है क्योंकि भावनाएँ और सीखना परस्पर सम्बन्धित है अतः जब बालक भावनात्मक रूप से सकारात्मक सोच रखेगा तभी उसमें सार्थक अधिगम संभव हो पायेगा। इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

24. Mastery oriented learners :
महारत उन्मुखी विद्यार्थी :

(i) Set learning goals./सीखने के लिए लक्ष्य तय करते है।

(ii) Believe that ability is stable and permanent./मानते हैं कि क्षमता स्थिर व स्थायी है।

(iii) Set very easy or no goals./बहुत ही आसान लक्ष्य करते है या कोई लक्ष्य तय नहीं करते हैं।

(iv) Seek help and support to facilitate their learning./अपने सीखने को सुसाध्य करने के लिए दूसरों की सहायता व मदद लेते हैं।

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)

(b) (iii) and (ii)/ (iii) और (ii)

(c) (i) and (iv)/ (i) और (iv)

(d) (iii) and (iv)/ (iii) और (iv)

Ans. (c) : जो विद्यार्थी महारत उन्मुख होते हैं वे प्रयास पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, सीखने के लिए लक्ष्य तय करते हैं, उपयुक्त सीखने की रणनीतियों का उपयोग करते हैं तथा ऐसे विकल्प चुनते हैं जो चुनौतीपूर्ण व आकर्षक होते हैं। महारत उन्मुखी विद्यार्थी अपने सीखने को सुसाध्य करने के लिए दूसरों की सहायता व मदद लेते हैं तथा सीखने की दिशा में एक सकारात्मक अभिविन्यास विकसित करते हैं।

25. Questioning by children :
बच्चों के द्वारा प्रश्न पूछने :
(a) Should be ignored./को नजरअंदाज करना चाहिए
(b) Should be punished./पर उन्हें सजा होनी चाहिए।
(c) Should not be allowed./की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।
(d) Should be encouraged/को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

Ans. (d) : बच्चों के द्वारा प्रश्न पूछने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे कि वे बिना भय के शिक्षकों के समक्ष अपनी समस्याओं को रख सकें तथा उनके हल के उचित समाधान प्राप्त कर सकें। इससे शिक्षक छात्र सम्बन्ध दृढ़ होते हैं एवं बच्चों के अधिगम का स्तर शीर्ष होता है।

26. Students learn effectively when the teacher :
विद्यार्थी प्रभावी तरीके से तब सीखते हैं जब शिक्षकः
(a) does not have any expectations from them./उनसे किसी प्रकार की अपेक्षाएँ नहीं रखते हैं।
(b) has very low expectations from them./उनसे बहुत कम स्तर की अपेक्षाएँ रखते हैं।
(c) does not give any autonomy to the students./उन्हें किसी तरह की स्वायत्तता प्रदान नहीं करते हैं।
(d) focuses on the processes of inquiry through discovery learning. /खोज-अधिगम द्वारा अन्वेषण की प्रक्रियाओं पर ध्यान देते हैं।

Ans. (d) : विद्यार्थी प्रभावी तरीके से तब सीखते हैं जब शिक्षक खोज – अधिगम द्वारा अन्वेषण की प्रक्रियाओं पर ध्यान देते हैं क्योंकि खोज विधि में छात्र स्वयं खोज करके सीखते हैं, शिक्षक का कार्य केवल पथ-प्रदर्शक का होता है, जो उचित समय पर गलतियाँ सुधारने में सहायता करता है। छात्र जैसे-जैसे कार्य तथा प्रयोग करते जाते हैं, वैसे-वैसे ही उन्हें नवीन ज्ञान की प्राप्ति होती जाती है और इस प्रकार वे सार्थक व प्रभावी अधिगम करते हैं।

27. During the teaching-learning process, children are constantly encouraged by the teacher to create new knowledge through exploration, games, and various practical activities. This is an example of :
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान शिक्षक द्वारा बच्चों को लगातार नए अन्वेषण, खेल और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से नया ज्ञान के सर्जन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह उदाहरण है-
(i) A progressive classroom in which children have the opportunity to learn by doing and their active participation./एकप्रगतिशील कक्षा का जिसमें बच्चों को करके सीखने का अवसर एवं उनकी सक्रिय भागीदारी है।
(ii) A traditional classroom in which there is active participation of teacher rather than students in the teaching-learning process./परंपरागत कक्षा का जिसमें शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक की सक्रिय भागीदारी है।
(iii) A classroom in which the teacher focuses on child-centered methods of learning rather than textbook knowledge./एक ऐसी कक्षा जिसमें शिक्षक किताबी ज्ञान से अलग हटकर बाल केंद्रित विधियों से अधिगम कराने को महत्व देता है।
(iv) A progressive classroom where the students are expected to be passive recipients of knowledge./एक ऐसी कक्षा जिसमें शिक्षक को अधिगम कराने के अन्य तरीकों की जानकारी नहीं हैं?
(a) (i), (ii) (b) (i), (ii)
(c) (iii), (iv) (d) ((ii), (iv)

Ans. (a) : शिक्षक अधिगम प्रक्रिया के दौरान शिक्षक द्वारा बच्चों को लगातार नए अन्वेषण, खेल और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से नया ज्ञान सर्जन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यह उदाहरण एक प्रगतिशील कक्षा का है, जिसमें बच्चों को करके सीखने का अवसर दिया जाता है एवं उनकी सक्रिय भागीदारी होती है तथा इसके साथ ही यह परंपरागत कक्षा का भी एक उदाहरण है जिसमें शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक की सक्रिय भागीदारी है।

28. Assertion (A) : While teaching group of learners a teacher should not have any discussion regarding the social and cultural context of students.
कथन (A) : शिक्षार्थियों के विविध प्रकार के समूह को पढ़ाते समय शिक्षक को उनके सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ के बारे में किसी भी तरह की चर्चा नहीं करना चाहिए।
Reason (R) : Social and cultural contexts do not play any role in learning.
तर्क (R) : सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ अधिगम में किसी भी प्रकार की भूमिका नहीं निभाते है।
Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : शिक्षार्थियों के विविध प्रकार के समूह को पढ़ाते समय शिक्षक को उनके सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ के बारे में किसी भी तरह की चर्चा नही करना चाहिए ये कथन गलत है क्योंकि यदि बच्चों से उनके सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ के बारे में चर्चा नहीं की जायेगी तो उनमें समाजीकरण की सीख नही प्राप्त हो पायेगा और वे पूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर पायेंगे क्योंकि सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ अधिगम में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं अतः यह तर्क भी गलत है कि सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ की अधिगम में कोई भूमिका नहीं है।

29. To facilitate deeper long lasting understanding amongst the students a teacher should :
छात्रों के बीच गहरी संप्रत्यात्मक समझ को विकसित करने के लिए एक शिक्षक को :
(a) Focus on memorisation of concepts./ अवधारणाओं को याद करने पर ध्यान देना चाहिए।
(b) Use the methods of direct instruction./प्रत्यक्ष निर्देश के तरीको का उपयोग करना चाहिए।

(c) Make provisions for materials to facilitate learning by doing./संसाधन के लिए प्रावधान करना चाहिए जिससे करके सीखने को सुसाधित किया जा सके।
(d) Make verbal presentations and discourage questioning by children./मौखिक प्रस्तुतिकरण करना चाहिए और बच्चों को प्रश्न पूछने से हतोत्साहित करना चाहिए।

Ans. (c) : छात्रों के बीच गहरी सम्प्रत्यात्मक समझ को विकसित करने के लिए एक शिक्षक को संसाधन के लिए प्रावधान करना चाहिए जिससे करके सीखने को सुसाधित किया जा सके क्योंकि जब बच्चों गतिविधियों को करके सीखेंगे तो उनमें स्थायी समझ का विकास होगा।

30. Using diverse physical learning materials helps the children to make progression in learning concepts in the sequence of :
विविध भौतिक शिक्षण सामग्री का उपयोग करने से बच्चों को सीखने की अवधारणाओं में किस क्रम में मदद मिलती है?
(a) concrete to abstract/ठोस से अमूर्त
(b) unfamiliar to familiar/अपरिचित से परिचित
(c) higher-order to lower-order/उच्च-क्रम से निचले क्रम
(d) complex to simple/जटिल से सरल

Ans. (a) : विविध भौतिक शिक्षण सामग्री का उपयोग करने से बच्चों को सीखने की अवधारणाओं को ठोस से अमूर्त क्रम में मदद मिलती है अर्थात् पहले वे दृश्य सामग्रियों को देखकर अपनी समझ को अमूर्त धारणाओं के प्रति विकसित कर लेते हैं एवं परिकल्पनात्मक तर्क करने में सक्षम हो जाते हैं।

SOCIAL SCIENCE

1. Sangam literature were composed and compiled in assemblies held in the city of :
संगम साहित्य की रचना एवं संकलन किस नगर के सम्मेलनों में की गई ?
(a) Arikamedu/अरिकामेडू
(b) Kaveripattinam/कावेरीपट्टीनम
(c) Amaravati/अमरावती
(d) Madurai/मदुरै

Ans. (d) : संगम साहित्य की रचना एवं संकलन मदुरै नगर के सम्मेलन में की गयी थी। संगम तमिल कवियों का एक सम्मेलन था, जो स्थानीय राजाओं के संरक्षण में आयोजित किया गया था। दक्षिण भारत में लगभग 300 ईं.पू. से 300 ई. के मध्य के काल को संगम काल के नाम से जाना जाता है। संगम काल के अंतर्गत तीन वंशों का शासन प्रमुख है, जो चेर, चोल एवं पाण्ड्य है। संगम काल में तीन सम्मेलनों का आयोजन हुआ है, जो हैं-

सम्मेलन	स्थान	अध्यक्ष
प्रथम	मदुरै	ऋषि अगस्त्य या अमात्तियार
द्वितीय	कपाटपुरम्	अगस्त्य और तोलकाप्पियर
तृतीय	मदुरै	नक्कीरर

2. Which of the following statements are true about Buddha ?
निम्नलिखित में से कौन से कथन बुद्ध के विषय में सही हैं ?
(A) Buddha first taught his message at Sarnath. /बुद्ध ने अपना सर्वप्रथम उपदेश सारनाथ में दिया था।
(B) Buddha taught his message in Sanskrit language.
बुद्ध ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में दिया।
(C) buddha taught people to be kind and to respect the human of others, including animals.
बुद्ध ने लोगों के दयालु होने तथा मनुष्यों के साथ-साथ जानवरों के जीवन का भी आदर करने की शिक्षा दी।
(D) Buddha believed that the results of our actions (called Karma), whether good or bad, affect us both in this life and the next.
बुद्ध मानते थे कि हमारे कर्मों के परिणाम, चाहे वे अच्छे हों या बुरे, हमारे वर्तमान जीवन के साथ-साथ बाद के जीवन को भी प्रभावित करते है।
Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प चुनें
(a) (A), (B), (C) (b) (A), (B), (D)
(c) (B), (C), (D) (d) (A), (C), (D)

Ans. (d) : गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता का नाम शुद्धोधन था, जो शॉक्य गण के मुखिया थे। इनकी माता का नाम मायादेवी था तथा इनका लालन-पालन इनकी सौतेली माँ प्रजापति गौतमी ने किया था। इन्होंने 29 वर्ष की अवस्था में गृहत्याग कर दिया तथा 6 वर्ष की कठिन तपस्या के पश्चात इनको वैशाख पूर्णिमा के दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् वह बुद्ध कहलाये। बुद्ध ने अपने उपदेश जनसाधारण की भाषा पालि में दिए थे।
बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ (ऋषिपत्तनम/मृगदाव) में दिया था।
बुद्ध लोगों के प्रति दयालु होने तथा मनुष्यों के साथ-साथ जानवरों के जीवन का भी आदर करने की शिक्षा दी।
बुद्ध मानते थे कि हमारे कर्मों का परिणाम, चाहे वे अच्छे हो या बुरे हमारे वर्तमान जीवन के साथ-साथ बाद के जीवन को भी प्रभावित करते हैं।

3. Read statements (A) and (B) and choose the correct option.
कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें तथा सही विकल्प चुने।
A) Under Alauddin Khalji the state brought the assessment and collection of land revenue under its own control.
अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में भू-राजस्व के निर्धारण और वसूली के कार्य को राज्य अपने नियंत्रण में ले आया।
(B) The rights of the local chieftains to levy taxes continued and they were exempted from paying taxes.
स्थानीय सामंतों द्वारा कर लगाने का अधिकार जारी रहा तथा उन्हें कर चुकाने से छूट दी गई।

(a) (A) is true but (B) is false/
(A) सही है परन्तु (B) गलत है।
(b) (B) is true but (A) is false/
(B) सही है परन्तु (A) गलत है।
(c) Both (A) and (B) are true/
(A) तथा (B) दोनों सही है।
(d) Both (A) and (B) are false/
(A) तथा (B) दोनों गलत है।

Ans. (a) : अलाउद्दीन खिलजी, जलालुद्दीन फिरोज खिलजी का भतीजा एवं दामाद था। वह 1296 ई. में दिल्ली का सुल्तान बना। इसके बचपन का नाम अली 'गुरशास्प' था। अलाउद्दीन खिलजी ने भू-राजस्व की दर 1/2 कर दी थी। इसके शासनकाल में भू-राजस्व के निर्धारण और वसूली के कार्य को राज्य ने अपने नियंत्रण में ले आया था। अलाउद्दीन ने व्यापारियों की बेईमानी रोकने के लिए दण्ड देने का प्रावधान किया तथा इसके लिए मूल्य नियंत्रण प्रणाली को दृढ़ता से लागू किया। अतः कथन 'A' सत्य है तथा कथन 'B' असत्य है।

4. Which of the following statements are true about the epic Manimekhalai ?
निम्नलिखित में से कौन से कथन मणिमेखलई महाकाव्य के विषय में सही है ?

(A) It was written in Tamil.
यह तमिल में लिखा गया था।
(B) It was composed by poet named Sattanar.
यह सत्तनार नामक कवि द्वारा लिखा गया था।
(C) This describes the story of the daughter of Kovalan and Madhavi.
उसमें कोवलन् तथा माधवी की बेटी की कहानी है।
(D) This was composed around 2500 years ago.
यह लगभग 2500 वर्ष पूर्व लिखा गया था।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) तथा (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) तथा (D)
(d) (A), (B) and (D)/ (A), (B) तथा (D)

Ans. (a) : मणिमेखलई तमिल भाषा में लिखा गया महाकाव्य है। इसकी रचना मदुरै में सत्तनार नामक कवि ने की थी। इस महाकाव्य की रचना 'शिलप्पादिकारम' के पश्चात् की गयी थी। 'शिलप्पादिकारम' की कहानी जहाँ से समाप्त होती है वहीं से मणिमेखलई की कहानी प्रारम्भ होती है। इस महाकाव्य में कोवलन तथ माधवी की बेटी की कहानी है।

5. Present day the Ahoms migrated to the Brahmaputra Valley from ———:
अहोम लोग वर्तमान समय के ———— से आकर ब्रह्मपुत्र घाटी में आ बसे।

(a) Bangladesh/बांग्लादेश (b) Myanmar/म्यॉनमार
(c) Laos/लाओस (d) Cambodia/कम्बोडिया

Ans. (b) : अहोम लोग वर्तमान समय के म्यांमार से आकर ब्रह्मपुत्र घाटी में आ बसे हैं। अहोम भारत के उत्तर-पूर्वी भाग की एक जनजाति है। उन्होंने मुइयाँ (जमीदारों) की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था को दबाकर नए राज्य का निर्माण किया था।

6. Which of the following statements are true about Surat from the sixteenth-seventeenth centuries ?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दियों के सूरत के संबंध में सही है ?

(A) It was the gateway of trade with West Asia.
यह पश्चिमी एशिया के साथ व्यापार करने के लिए मुख्य-द्वार था।
(B) It was called the gate to Mecca as pilgrim ships sailed from here.
इसे मक्का का प्रस्थान द्वार कहा जाता था, क्योंकि बहुत से हजयात्री जहाज से यहीं से रवाना होते थे।
(C) On an average five thousand ships of different countries could be found at any given time according to the English chronicler Ovington.
अंग्रेज इतिहासकार ओविंगटन के अनुसार किसी भी समय पर भिन्न-भिन्न देशों के औसतन पाँच हजार जहाज इस बंदरगाह पर खड़े देखे जा सकते थे।

(a) (A) and (B) are correct/(A) और (B) सही है।
(b) (A) and (C) are correct/(A) और (C) सही है।
(c) (B) and (C) are correct/(B) और (C) सही है।
(d) (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C) सही है।

Ans. (a) : सोलहवीं एवं सत्रहवीं शताब्दियों के समय सूरत एक बंदरगाह नगर था। प्राचीन काल में यह निम्न वस्तुओं एवं अन्य कार्यों के लिए प्रसिद्ध था-
A. यह पश्चिमी एशिया के साथ व्यापार करने का मुख्य द्वार था।
B. इसे मक्का का प्रस्थान द्वार कहा जाता था, क्योंकि बहुत से हज यात्री जहाज के माध्यम से यहीं से रवाना होते थे।
वर्तमान में 'सूरत' ताप्ती नदी के तट पर स्थित है। वर्तमान में यह कपड़ा उद्योग, डायमंड कटिंग और पॉलिशिंग के लिए प्रसिद्ध है। इसे 'सिल्क सिटी' और 'डायमंड सिटी' के नाम से जाना जाता है।

7. Missionaries set up a mission at Serampore. This area was under the control of which of the following company ?
प्रचारकों ने सेरमपोर में एक मिशन खोला। उस समय यह क्षेत्र निम्नलिखित में से किस कंपनी के अधीन था?

(a) Danish East India Company/
डैनिश ईस्ट इंडिया कंपनी
(b) British East India Company/
ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी
(c) French East India Company/
फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी
(d) Portuguese East India Company/
पुर्तगीज ईस्ट इंडिया कम्पनी

Ans. (a) : प्रचारकों ने सेरमपोर (श्रीरामपुर) में 1793 ई. में बैप्टिस्ट मिशन शुरू किया गया। उस समय यह क्षेत्र डैनिश ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन था। इसे फ्रेडरिक्स नगर भी कहा जाता था। 1845 ई. में इस पर अंग्रेजों का कब्जा हो गया। श्रीरामपुर (सेरमपोर) पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के तट पर स्थित है।

8. In the colonial period the British approach to tribals was such that ————
औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों का आदिवासियों की तरफ व्यवहार ऐसा था कि :

(a) their life continued as it was before colonisation./उनका जीवन उपनिवेश से पहले जैसा था वैसा ही चलता रहा।
(b) tribal chiefs retained administrative power over their areas/आदिवासी मुखियाओं ने अपने क्षेत्रों पर प्रशासनिक अधिकार बनाए रखा।
(c) tribal chiefs retained titles over clusters of villages/आदिवासी मुखियाओं ने गाँवों के समूहों पर मालिकाना अधिकार बनाए रखा।
(d) rights over forest produce remained with adivasi people/वन उत्पाद पर अधिकार आदिवासी लोगों के पास ही रहे।

Ans. (c) : औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों का आदिवासियों की तरफ व्यवहार ऐसा था कि- आदिवासी मुखियाओं ने गाँवों के समूहों पर मालिकाना अधिकार बनाए रखा।

9. Match the following :

Column I/कॉलम-I		Column II/ कॉलम-II	
(A)	**Calcutta Madarsa/ कलकत्ता मदरसा**	**(i)**	**1791**
(B)	**Banaras Sanskrit College/बनारस संस्कृत कॉलेज**	**(ii)**	**1781**
(C)	**English Education Act/अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम**	**(iii)**	**1854**
(D)	**Wood's Despatch/ वुड्स डिस्पैच**	**(iv)**	**1835**

Choose the correct answer from the following.
सही उत्तर का चुनाव करें :

	a	b	c	d
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(c)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(d)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

Ans. (b) : सही सुमेलित हैं-

	कॉलम- 'I'		कॉलम- 'II'
A.	कलकत्ता मदरसा	(ii)	1781
B.	बनारस संस्कृत कॉलेज	(i)	1791
C.	अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम	(iv)	1835
D.	वुड्स डिस्पैच	(iii)	1854

10. Gulamgiri, a book meaning slavery, was written by : /गुलामगीरी, एक पुस्तक जिसका अर्थ है गुलामी, किस ने लिखी थी ? सही उत्तर चुनें :
(a) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी
(b) B.R. Ambedkar/बी.आर. अम्बेडकर
(c) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फूले
(d) Raja Ram Mohan Roy/राजा राम मोहन रॉय

Ans. (c) : गुलामगिरी, एक पुस्तक जिसका अर्थ है 'गुलामी' यह पुस्तक 1873 ई. में ज्योतिराव फूले के द्वारा लिखी गयी थी। इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने अमेरिकी काले गुलामों की खराब स्थिति और भारत में निचली जातियों के लोगों के बीच एक कड़ी स्थापित की थी। वह निचली जातियों के अपमान मजदूरों की दुर्दशा और उच्च जाति की महिलाओं की दुर्दशा के बारे में चिंतित थे।

11. Read the statements (A) and (B) considering the vision of national art :
राष्ट्रीय कला की छवि के संदर्भ में कथन (A) एवं (B) को पढें :

(A) In Bengal, a new group of nationalist artists gathered around Abanindranath Tagore.
बंगाल में राष्ट्रीय कलाकारों का एक नया समूह अबनिंद्रनाथ टैगोर के इर्द-गिर्द जुटने लगा।

(B) They rejected the art of Ravi Varma as imitative and westernised and declared that such a style was unsuitable for depicting the nation's ancient myth and legends.
इस समूह के कलाकारों ने रवि वर्मा की कला को नकल आधारित और पश्चिमी रंग-ढंग की कहकर खारिज कर दिया और ऐलान किया कि इस तरह की शैली राष्ट्र के प्राचीन मिथकों और जनश्रुतियों को चित्रित करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

Choose the correct answer of the following :
सही उत्तर का चुनाव करें :
(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true but (B) does not explain (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं किन्तु (B), (A) की व्याख्या नहीं करता है। ।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या करता है।

Ans. (d) : राष्ट्रीय कला छवि के संदर्भ में बंगाल में राष्ट्र कलाकारों का एक समूह अबनीन्द्रनाथ टैगोर के इर्द-गिर्द जुटने लगा। इस समूह के कलाकारों ने राजा रवि वर्मा की कला को नकल आधारित और पश्चिमी रंग-ढंग की कहकर खारिज कर दिया और ऐलान किया कि इस तरह की शैली राष्ट्र के प्राचीन मिथकों और जनश्रुतियों को चित्रित करने के लिए उपयुक्त नहीं है। अतः कथन-A और कथन-B दोनों सत्य है तथा 'कथन-B', 'कथन-A' की सही व्याख्या करता है।

12. Pandit, Look in your heart for knowledge, tell me where untouchability came from, since you believe in it.
पंडित देखहु मन में जानी।
कहु धौं छूति कहाँ से उपजी, तबहिं छूति तुम मानी।।
We eat by touching, we wash by touching, from a touch the world was born.
एकहि पाट सकल बैठाए, छूति लेत धौं काकी।
So who's untouchable, asks Kabir ?
छूतिहि जेवन छूतिहि अँचवन, छूतिहि जग उपजाया।
Only she who is free from delusion
कहैं कबीर ते छूति विवरजित, जाके संग न माया।
How do think the teacher should interpret the poem to her/his students ?
आपके विचार में शिक्षक को इस दोहे की व्याख्या छात्रों के समक्ष किस प्रकार करनी चाहिए ?

(a) Concept of purity and impurety is inherited by birth./पवित्रता तथा अपवित्रता की अवधारणा जन्म से ही विरासत मिलती है।
(b) Purity and impurity is determined by the nature of work./पवित्रता तथा अपवित्रता कार्य की प्रकृति से निर्धारित होते हैं।
(c) The idea of untouchability is a social construct and is determined by our thoughts and beliefs./अस्पृश्यता का विचार एक सामाजिक रचना है तथा हमारे विचारों और धारणाओं से निर्धारित होती है।
(d) Asymmetry among social groups is crucial for society to function./सामाजिक समूहों के बीच विषमता समाज की क्रियाशील बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाती है।

Ans. (c) : पंडित देखहु मन में जानी।
कहु धौं छूति कहाँ से उपजी, तबहिं छूति तुम मानी।।
एकहि पाट सकल बैठाए, छूति लेत धौं काकी।
छूतिहि जेवन छूतिहि अँचवन, छूतिहि जग उपजाया।
कहैं कबीर ते छूति विवरजित, जाके संग न माया।
शिक्षक को इस दोहे की व्याख्या छात्रों के समक्ष 'अस्पृश्ता का विचार एक सामाजिक रचना है तथा हमारे विचारों और धारणाओं से निर्धारित होती है' इस प्रकार करनी चाहिए।

13. As a leader of the moderates in the National movement against British rule, which of the following methods would you have employed ?
ब्रिटिश शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय आंदोलन में मध्यमार्गियों के नेता के रूप में आप निम्नलिखित में से किन विधियों को अपनाते ?
(a) Boycotting British goods and attacking British property./अंग्रेजी सामान का बहिष्कार और अंग्रेजी संपत्तियों पर हमला करना।
(b) Arguing for self rule in anti-British gatherings./ब्रिटिश विरोधी बैठकों में स्वःशासन के लिए बहस करना।
(c) Petitioning the rulers to draw attention to injustice faced by Indians. /भारतीयों पर हो रहे अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए शासकों से याचना करना।
(d) Organising uprisings in Chittagong/चित्तगौंग में विद्रोह का आयोजन करना।

Ans. (c) : ब्रिटिश शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय आन्दोलन में मध्यमार्गियों के नेता के रूप में 'भारतीयों पर हो रहे अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए शासकों से याचना करना' इस विधि को अपनाया जाता।

14. What constituted the mixed economy model that India adopted after Independence ?
'मिश्रित अर्थव्यवस्था' मॉडल, जो भारत ने स्वतंत्रता के बाद अपनाया, वह किन से बना था ?
(a) Modern and traditional industries/ आधुनिक एवं परंपरागत उद्योग
(b) Public and Private sector/सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र
(c) Agriculture and Industries/कृषि एवं उद्योग
(d) Foreign and domestic investment/ विदेशी एवं घरेलु निवेश

Ans. (b) : 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' मॉडल, जो भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् अपनाया गया, वह सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र से बना है। सार्वजनिक क्षेत्र में सरकार का स्वामित्व अधिक होता है, वही निजी में सरकार स्वामित्व बहुत कम होता है।

15. Arrange the following continents in descending order of size : /निम्नलिखित महाद्वीपों को आकार के अवरोही क्रम में लिखिए।
South America, Africa, Antarctica, Europe, North America/दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, अंटार्कटिका, यूरोप, उत्तरी अमेरिका
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) North America, Africa, South America, Europe, Antarctica/उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, अंटार्कटिका
(b) Africa, South America, North America, Europe, Antarctica/अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, यूरोप, अंटार्कटिका
(c) Africa, North America, South America, Antarctica, Europe/अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अंटार्कटिका, यूरोप
(d) Africa, North America, South America, Europe Antarctica/अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप, अंटार्कटिका

Ans. (c) : दिए गए महाद्वीपों के आकार का अवरोही क्रम निम्न है- अफ्रीका > उत्तरी अमेरिका > दक्षिण अमेरिका > अंटार्कटिका > यूरोप। सबसे बड़ा महाद्वीप एशिया है तथा सबसे छोटा महाद्वीप ऑस्ट्रेलिया है।

16. The Antarctic circle is located at :
दक्षिण ध्रुव वृत्त अवस्थित है :
(a) $23\frac{1}{2}^{\circ}$ S (b) $66\frac{1}{2}^{\circ}$ S
(c) $25\frac{1}{2}^{\circ}$ S (d) $50\frac{1}{2}^{\circ}$ S

Ans. (b) : दक्षिणी ध्रुव वृत्त (अंटार्कटिका वृत्त) $66\frac{1}{2}^{\circ}$ S में अवस्थित है। दक्षिणी ध्रुव वृत्त और दक्षिणी ध्रुव के मध्य के क्षेत्र को शीत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

17. Which of the following concept is required to understand and calculate time of a particular place ? /किसी स्थान विशेष पर समय की समझ व गणना हेतु निम्नलिखित में से किस पूर्व संप्रत्यय की आवश्यकता होगी ?
(a) Revolution of earth /पृथ्वी का परिक्रमण
(b) Longitude of the place and its relative direction from Greenwich /स्थान विशेष का देशांतर और ग्रीनिच से उसकी तुलनात्मक दिशा
(c) Latitude of the place and its relative direction from Greenwich/स्थान विशेष का अंक्षाश और ग्रीनविच से उसकी तुलनात्मक दिशा

(d) Longitude of the place, its relative direction from Greenwich and time at Greenwich/स्थान विशेष का देशान्तर तथा ग्रीनविच से तुलनात्मक दिशा तथा ग्रीनविच का समय

Ans. (d) : किसी स्थान विशेष का समय की समझ व गणना हेतु स्थान विशेष का देशांतर, ग्रीनविच से उसकी तुलनात्मक दिशा और ग्रीनविच पर समय पूर्व-संप्रत्यय की आवश्यकता होगी।

18. The earth rotates 360° in about 24 hours, which means 15° an hour, so when it is 12 midnight at Greenwich, the time at 15°W of Greenwich will be :
पृथ्वी लगभग 24 घंटे में अपने अक्ष पर 360° घूम जाती है, अर्थात् वह 1 घंटे में 15° घूमती है। इस प्रकार जब ग्रीनविच में रात के 12 बजते है, तब ग्रीनविच से 15° पश्चिम में समय होगा :

(a) 1 PM/1 अपराह्न (b) 1 AM/1 पूर्वाह्न
(c) 11 PM/11 अपराह्न (d) 11 AM/11 पूर्वाह्न

Ans. (c) : पृथ्वी लगभग 24 घण्टे में अपने अक्ष पर 360^0 घूम जाती है, अर्थात् वह 1 घण्टे में 15^0 घूमती है। इस प्रकार जब ग्रीनविच में रात के 12 बजते हैं तब ग्रीनविच से 15^0 पश्चिम में समय 11 अपराह्न होगा।
ग्रीनविच से पश्चिम गोलार्द्ध की ओर जाने पर समय एवं दिन में कमी आती है तथा ग्रीनविच से पूर्वी गोलार्द्ध की ओर जाने पर समय एवं दिन में वृद्धि होती है।

19. Match the following and identify the correct tropical grassland :
निम्न में से कौन सा उष्णकटिबंधीय घास का मैदान है?

(a) Central Asia - Steppe/मध्य एशिया - स्टेपी
(b) South Africa - Veld/दक्षिण अफ्रीका - वेल्ड
(c) Argentina - Pampas /अर्जेन्टीना - पैंपास
(d) Brazil - Campos/ब्राजील - कंपोस

Ans. (d) : ब्राजील में पाया जाने वाला कंपोस घास का मैदान उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अर्जेन्टीना में पाया जाने वाला पैंपास घास का मैदान शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्र में आता है। स्टेपी एक घासदार, सूखा मैदान होता है, जो शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। दक्षिण अफ्रीका में स्थित वेल्ड घास का मैदान शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्र में आता है।

20. Consider the following statements about 'Ladakh' :
'लद्दाख' के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

(A) Ladakh is a cold desert./लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है।
(B) Ladakh is at low altitude thus climate is extremely cold and dry./लद्दाख कम ऊँचाई पर होने के कारण यहाँ की जलवायु अत्यधिक ठंडी तथा शुष्क होती है।
(C) Due to the high aridity, the vegetation is sparse in Ladakh./लद्दाख में उच्च शुष्कता के कारण वनस्पति विरल है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) (A) and (B) are true /(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true /(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true /(A) तथा (C) सही हैं।
(d) Only (A) is true / केवल (A) सही हैं।

Ans. (c) : भारतीय संसद द्वारा जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत 31 अक्टूबर, 2019 को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग केन्द्रशासित प्रदेश का दर्जा प्रदान किया गया। लद्दाख के विषय में निम्न कथन सही है-
(A) लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है।
(B) लद्दाख में उच्च शुष्कता के कारण वनस्पति विरल है।

21. Which of the following is / are correctly matched?

Layer of Earth	Content
(A) Continental Mass -	Silica and Magnesium
(B) Oceanic Crust -	Silica and iron
(C) Core -	Nickel and Iron

निम्न में से कौन सा/युग्म सही सुमेलित हैं?

पृथ्वी की परत	मूल तत्व
(A) महाद्वीपीय संहति -	सिलिका एवं मैग्नीशियम
(B) महाद्वीपीय पर्पटी -	सिलिका एवं लौह
(C) कोर/क्रोड़ -	निकल व लोहा

Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

(a) Only (A) / केवल (A)
(b) Only (B) / केवल (B)
(c) Only (C) / केवल (C)
(d) All (A), (B) and (C) / सभी (A), (B) तथा (C)

Ans. (c) : पृथ्वी का केन्द्रीय भाग क्रोड/कोर कहलाता है। यह निकेल और फेरस (लोहा) का बना होता है। इसका औसत घनत्व 13 ग्राम/सेमी.^{3} है। पृथ्वी का केन्द्रीय भाग द्रव अवस्था में पाया जाता है। यह पृथ्वी के कुल आयतन का लगभग 16% भाग घेरे है। पृथ्वी की भू-पर्पटी सिलिकॉन एवं एल्युमीनियम से बनी होती है। भू-पर्पटी के पश्चात् पृथ्वी का मेंटल सिलिकन तथा मैग्नीशियम से बना होता है।

22. Which of the following is an example of seasonal winds ?
निम्नलिखित में से कौन सा मौसमी पवनों का उदाहरण है?

(a) Monsoon in India / भारत में मॉनसूनी पवनें
(b) Loo of Northern planes of India / भारत के उत्तरी मैदानों की लू
(c) Easterlies /पूर्वी पवनें
(d) Westerlies /पश्चिमी पवनें

Ans. (a) : भारत में मानसूनी पवनें मौसमी पवनों का उदाहरण है। यह मानसूनी पवनें जून में दक्षिण-पश्चिमी मानसून के रूप में भारत में प्रवेश करती है तथा भारतीय क्षेत्र में वर्षा करती हैं। भारत में अधिकांश वर्षा इन्हीं मानसूनी पवनों के माध्यम से होती है।

23. Read the statements made by students A, B and C after a geography class on water and choose the correct option.
Student (A): 'Waves are formed when winds scrape the water across ocean surface'
Student (B) : 'Tsunami is caused by winds blowing at high speeds'.
Student (C) : 'Tides are a type of wawes'.
भूगोल की कक्षा के पश्चात् विद्यार्थियों A, B और C द्वारा जल पर बनाए गए कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
विद्यार्थी (A): 'जब तेज वायु सागर के पूरे सतह पर जल को रगड़ती हैं तब तरंगे उत्पन्न होती हैं।'
विद्यार्थी (B): 'तेज वायु चलने पर सुनामी उत्पन्न होती हैं'।
विद्यार्थी (C): 'ज्वार-भाटा तरंगों के प्रकार है'।
(a) Only (A) is correct /केवल (A) सही है
(b) Only (A) and (B) are correct / केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are correct / केवल (A) और (C) सही हैं।
(d) (A), (B) and (C) are correct / (A), (B) और (C) सही हैं।

Ans. (a) : भूगोल की कक्षा के पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा जल पर बनाए कए कथनों के तहत ''जब तेज वायु सागर के पूरे सतह पर जल को रगड़ती है तब तरंग उत्पन्न होती है।'' यह कथन सत्य है।

24. Which one of the following industries rose in the Velds?
इनमें से कौन सा उद्योग वेल्ड में विकसित हुआ ?
(a) Wool industry due to sheep rearing / भेड़ पालन के कारण ऊनी उद्योग
(b) Wool industry due to yak rearing / याक पालन के कारण ऊनी उद्योग
(c) Leather industry due to camel rearing/ ऊंट पालन के कारण चमड़ा उद्योग
(d) Agriculture industry due to wheat production/ गेहूँ उत्पादन के कारण कृषि आधारित उद्योग

Ans. (a) : भेड़ पालन के कारण ऊनी उद्योग वेल्ड क्षेत्र में विकसित हुआ। पशुपालन और खनन वेल्ड क्षेत्र में रहने वाले लोगों की दो प्रमुख गतिविधियाँ हैं। वेल्ड क्षेत्र दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के घास का मैदान क्षेत्र है।

25. Consider the statements (A) and (B) and choose the correct answer:/कथन (A) और (B) पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें।
(A): Kolar mines are among the deepest in the world which makes mining of the ore a very expensive process. / कोलार की खानें विश्व की गहरी खानों में से एक है जो अयस्क के खनन को बहुत खर्चीली प्रक्रिया बनाती है।
(B): Karnataka has deposits of gold in India./ भारत में कर्नाटक में सोने के निक्षेप हैं।
(a) Both (A) and (B) are true / (A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false / (A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false / (A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false But (B) is true / (A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (a) : कर्नाटक के कोलार में भारत में सोने के भंडार हैं। यह विश्व की सबसे गहरी खानों में एक है। यह अयस्क के खनन को बहुत खर्चीली प्रक्रिया बनाती है। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने देश में 100 से अधिक स्थानों पर सोने के भंडार की पहचान की है, जिनमें से अधिकांश दक्षिणी राज्य कर्नाटक में है। अतः कथन-A और कथन-B दोनों सत्य हैं।

26. What is a common feature of Biogas Firewood ?
बायो-गैस और ईंधन में समान लक्षण क्या हैं?
(a) Both takes almost same time of formation/ दोनों को बनने में लगभग समान समय लगता है।
(b) Both are non conventional energy/ दोनों गैर परंपरागत ऊर्जा के स्रोत हैं।
(c) Both can cause greenhouse effect/ दोनों हरित गृह प्रभाव का कारण बन सकती है।
(d) Both have similar kinds of by-product during their formation/ दोनों के बनने की प्रक्रिया में समान प्रकार के सहउत्पाद बनते हैं।

Ans. (c) : बायो-गैस और ईंधन दोनों हरित गृह प्रभाव का कारण बन सकते है। हरित गृह प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी ग्रह या उपग्रह के वातावरण में मौजूद कुछ गैसें वातावरण के तापमान को अपेक्षाकृत अधिक गर्म कर देती हैं। इन गैसों में CO_2, जलवाष्प, मीथेन आदि शामिल हैं।

27. Which of the following features can be associated with intensive subsistence agriculture ?
(A) Small plots and simple tools
(B) Thick populated area
(C) Semi arid area
(D) Climate with large number of days with sunshine
निम्नलिखित में से कौन सी विशिष्टता गहन निर्वाह कृषि से सम्बद्ध हैं?
(A) छोंटे भूखण्ड और साधारण औजारें
(B) सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र
(C) अर्धशुष्क क्षेत्र
(D) अधिक धूप वाले दिनों से युक्त जलवायु
(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)

Ans. (b) : गहन निर्वाह कृषि प्रायः कृषि की एक पद्धति है। इसके तहत भूमि के प्रति क्षेत्र में उपज बढ़ाने के लिए अधिक धन, कीटनाशक दवाओं और श्रम का उपयोग किया जाता है। दिए गए कथनों में निम्न कथन विशिष्टता गहन निर्वाह कृषि से संबंधित हैं-
(A) छोटे भूखण्ड और साधारण औजारें।
(B) सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र।
(C) अधिक धूप वाले दिनों से युक्त जलवायु।

28. Which among the following is not an example of diversity but inequality?
निम्नलिखित में से क्या विविधता नहीं बल्कि असमानता का एक उदाहरण है?
(a) Difference of religion /धर्म का अंतर
(b) Difference of mother tongue /मातृभाषा का अंतर
(c) Difference of economic status /आर्थिक स्तर का अंतर
(d) Difference of food habits /खाद्य संबंधी आदतों का अतंर

Ans. (c) : आर्थिक स्तर का अंतर विविधता नहीं है, बल्कि असमानता का एक उदाहरण है।

29. Prejudice would mean:
(A) Judging people negatively.
(B) Seeing some people as inferior.
(C) Fixing people into one image.
पूर्वाग्रह का अर्थ होगा:
(A) लोगों के बारे में नकारात्मक राय बनाना।
(B) लोगों को हीनता की दृष्टि से देखना।
(C) लोगों को एक ही छवि में बाँधना
Choose the appropriate answer.
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) Only (A) /केवल (A)
(b) Only (A) and (B) / केवल (A) तथा (B)
(c) Only (B) and (C)/ केवल (B) तथा (C)
(d) Only (A) and (C)/ केवल (A) तथा(C)

Ans. (b) : पूर्वाग्रह से तात्पर्य है कि लोगों के बारे में नकारात्मक राय रखना तथा लोगों को हीनता की दृष्टि से देखना है। पूर्वाग्रह चीजों को सबसे पहले करने के एक तरीके को अत्यधिक महत्त्व देना होता है और इसे सबसे अच्छे तरीके से करने की आग्रह विधि है, जो दूसरे लोगों का सम्मान नहीं करती है।

30. Which among the following is not a law enacted by the Indian Parliament?
निम्नलिखित में से कौन सा कानून भारतीय संसद द्वारा पारित नहीं किया गया हैं?
(a) Sedition Act /राजद्रोह का कानून
(b) Domestic Violence Act /घरेलू हिंसा अधिनियम
(c) Street Vendros Act/ स्ट्रीट वेंडर्स/पथ विक्रेता अधिनियम
(d) Hindu Succession Act/हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम

Ans. (a) : राजद्रोह का कानून भारतीय संसद द्वारा पारित नहीं किया गया है। इसे धारा 124A के तहत 1870 में जेम्स स्टीफेन द्वारा पेश किए एक संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया था। राजद्रोह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 124ए के तहत एक अपराध है। राजद्रोह से तात्पर्य जब कोई व्यक्ति शब्दों द्वारा या तो बोले गए या लिखित या संकेतों द्वारा या दृश्य प्रतिनिधित्व या असंतोष को उत्तेजित करने का प्रयास करता है। यह गैर जमानती अपराध है।

31. Read the following statements :
(A) Dispute with respect to allocation of GST to a state is matter of dispute between two states.
(B) Dispute regarding sharing of river water is a matter of dispute between two states.
निम्नलिखित कथनों को पढिए :
(A) एक राज्य को (वस्तु एवं सेंवा कर) के वितरण से संबंधित विवाद दो राज्यों के बीच विवाद का मामला है।
(B) नदी के जल के बँटवारे से संबंधित विवाद दो राज्यों के बीच विवाद का मामला है।
Select the correct answer:
सही उत्तर का चयन कीजिए।
(a) Only (A) is correct /केवल (A)सही है
(b) Only (B) is correct /केवल (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are correct / (A) और (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are incorrect / (A) और (B) दोनों गलत हैं

Ans. (b) : वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) एक अप्रत्यक्ष कर है जिसे भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई, 2017 से एकीकृत रूप से लागू किया गया है। एक राज्य को जी.एस.टी. के वितरण से संबंधित विवाद केन्द्र और राज्यों के मध्य विवाद का मामला है। इस विवाद का निवारण वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण द्वारा किया जाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-262 के तहत नदी के जल के बँटवारे से संबंधित विवाद दो राज्यों के बीच विवाद का मामला है। अतः कथन-'A' असत्य एवं कथन-'B' सत्य है।

32. Identify the term more likely to be associated with migrant workers in Indian towns and cities:
निम्नलिखित में से कौन सी शब्दावली भारत के शहरों के प्रवासी मजदूरों को दर्शाती है?
(a) Organised workforce /संगठित कार्यबल
(b) Labour chowk /लेबर चौक
(c) Landlords /भू मालिक
(d) Skilled technician /प्रशिक्षित तकनीशियन

Ans. (b) : 'लेबर चौक' शब्दावली भारत के शहरों के प्रवासी मजदूरों को दर्शाती है। प्रवासी मजदूर वे लोग होते हैं, जो अपने राज्य से बाहर किसी दूसरे राज्य में काम करने के लिए जाते हैं।

33. What is putting out system?
दादन व्यवस्था क्या है?
(a) An arrangement between the slave and the master /दास व स्वामी के बीच की व्यवस्था
(b) An arrangement between the merchant and the weavers /व्यापारी व बुनकरों के बीच की व्यवस्था
(c) An arrangement between the government and the weavers /सरकार व बुनकरों के बीच की व्यवस्था
(d) An arrangement between the farmers and the moneylender /किसानों व साहूकारों के बीच की व्यवस्था

Ans. (b) : दादन व्यवस्था व्यापारी व बुनकरों के बीच की व्यवस्था है। इस व्यवस्था को यूरोपीय व्यापारियों ने कपड़ा व्यापार में विस्तार के लिए शुरू किया था। इसके अंतर्गत छोटे किसानों और कारीगरों को कपड़ा से संबंधित सामान बनाने के लिए अग्रिम धनराशि प्रदान कर दी जाती थी।

34. Read the following statements on democracy in India.
(A) A democracy must be based on a free and fair election.

(B) In a democracy the decision making power must rest with those elected by the people.

भारत में लोकतंत्र पर निम्न कथनों को पढ़िए:

(A) लोकतंत्र मुक्त एवं निर्पक्ष चुनाव पर आधारित होना चाहिए।

(B) लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जनता द्वारा चुने गए व्यक्तियों के पास ही होनी चाहिए।

Choose the correct option:

(a) (A) is correct, (B) is incorrect / (A) सही है, (B) गलत है

(b) (A) is incorrect, (B) is correct / (A) गलत है, (B) सही है

(c) (A) and (B) both correct / (A) और (B) दोनों सही हैं

(d) (A) and (B) both incorrect / (A) और (B) दोनों गलत हैं

Ans. (c) : भारत ने लोकतंत्र से तात्पर्य सरकार के ऐसे स्वरूप से है जिसमें लोकतंत्र मुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव पर आधारित होना चाहिए। इसके अंतर्गत लोगों को समान राजनैतिक अधिकार प्राप्त रहते हैं। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जनता के पास होता है, क्योंकि जनता ही संप्रभु होती है तथा जनता के द्वारा चुने व्यक्ति संसद और विधान मण्डल में किसी विषय पर निर्णय लेते हैं। अतः कथन-A और कथन-'B' दोनों सत्य हैं।

35. Read the following statements and choose the correct option.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) Ronit's uncle wants him to score more so that he has good chances of securing a job.

(B) Laxmi Lakra (27) became the first woman engine driver for Northern Railways.

Which of the above statements can used as an example of 'breaking gender stereotypes'?

(A) रोनित के अंकल चाहते हैं कि वह अधिक अंक अर्जित करे उसके पास नौकरी प्राप्त करने के अच्छे अवसर हों।

(B) लक्ष्मी लाकड़ा (27) भारतीय रेलवे में पहली महिला इंजन चालक बनी थीं।

उपरोक्त कथनों में से कौन से कथन को 'रूढ़िबद्ध धारणाओं को तोड़ने' के उदाहरण के रूप में उपयोग कर सकते हैं?

(a) Only (A) / केवल (A)

(b) Only (B) /केवल (B)

(c) Both (A) and (B) /(A) और (B) दोनों

(d) Neither (A) nor (B) /(A) और (B) दोनों नहीं

Ans. (b) : दिए गए कथनों में 'रूढ़िबद्ध धारणाओं को तोड़ने' के लिए ''लक्ष्मी लाकड़ा (27) भारतीय रेलवे में पहली महिला इंजन चालक बनी थी।'' उदाहरण का उपयोग कर सकते हैं।

36. Right to Health in India is recognized as a part of which fundamental right ?

भारत में स्वास्थ्य के अधिकार को किस मौलिक अधिकार के एक प्रकार के रूप में मान्यता प्राप्त है?

(a) Freedom /स्वतंत्रता

(b) Equality /समानता

(c) Life /जीवन

(d) Privacy /निजता

Ans. (c) : भारत में स्वास्थ्य के अधिकार को जीवन जीने के अधिकार के तहत मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्राप्त है। भारतीय संविधान के अंतर्गत यह अधिकार अनुच्छेद-21 के तहत आता है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार का वर्णन भाग-III में अनुच्छेद 12-35 तक है। वर्तमान में भारतीय संविधान में छः प्रकार के मौलिक अधिकारों का वर्णन है।

37. The provisions of Fundamental Rights and the Directive Principles of State Policy in Indian constitution seeks to establish:

(A) Political Democracy

(B) Socio-economic democracy

(C) Welfare state

(D) Police state

भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार एवं नीति-निर्देशक तत्व स्थापित करना चाहते हैं:

(A) राजनीतिक लोकतंत्र

(B) सामाजिक–आर्थिक लोकतंत्र

(C) कल्याणकारी राज्य

(D) पुलिस राज्य

Choose the correct option:

सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) (A), (B) and (C) /(A), (B) और (C)

(b) (B), (C) and (D) /(B), (C) और (D)

(c) (A), (B) and (D) /(A), (B) और (D)

(d) (A), (B), (C) and (D) /(A), (B), (C) और (D)

Ans. (a) : भारतीय संविधान के भाग-III में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों का वर्णन है। इसे भारतीय संविधान में अमेरिका के संविधान से ग्रहण किया गया है। इन अधिकारों को राज्य के विरुद्ध न्यायपालिका का संरक्षण प्राप्त है। भारतीय संविधान के भाग-IV में अनुच्छेद 36 से 51 तक नीति-निदेशक तत्त्वों का वर्णन है। इन्हें आयरलैड के संविधान से लिया गया है। इन्हें वैधानिक शक्ति प्राप्त नहीं है तथा इसे न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार एवं नीति-निदेशक तत्त्व निम्न नियम स्थापित करना चाहते हैं-

(A) राजनीतक लोकतंत्र

(B) सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र

(C) कल्याणकारी राज्य

38. Who presides over the Supreme Court of India?

भारत के उच्चतम न्यायालय का मुखिया कौन होता है?

(a) The President of India /भारत के राष्ट्रपति

(b) The Judge of the Federal Court of India /फेडरल कोर्ट इंडिया के न्यायाधीश

(c) The Chief Justice of India /भारत के मुख्य न्यायधीश

(d) The Attorney General of India /भारत के महान्यायवादी

Ans. (c) : भारत के उच्चतम न्यायालय का मुखिया भारत का मुख्य न्यायाधीश होता है। भारतीय संविधान में एकीकृत न्याय व्यवस्था की स्थापना की गयी है, जिसे भारत सरकार अधिनियमम 1935 से लिया गया है। भारतीय संविधान के भाग-V में अनुच्छेद 124 से 147 तक उच्चतम न्यायालय के उपबंधों का उल्लेख है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति अनु. 124 (2) के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में 33 न्यायाधीश और एक मुख्य न्यायाधीश हैं।

39. Which was the first state of India to introduce the mid-day meal scheme?
मध्याह्न भोजन कार्यक्रम शुरू करने वाला पहला भारतीय राज्य कौन था?

(a) Andhra Pradesh /आन्ध्र प्रदेश
(b) Kerala /केरल
(c) Tamil Nadu /तमिल नाडु
(d) Maharashtra /महाराष्ट्र

Ans. (c) : मध्याह्न भोजन योजना भारत में 15 अगस्त, 1995 से प्राथमिक शिक्षा के लिए पोषण सहायता का राष्ट्रीय कार्यक्रम के नाम से शुरू की गयी थी। इस योजना को शुरू करने वाला प्रथम राज्य तमिलनाडु था। सितम्बर 2021 में मध्याह्न भोजन योजना का नाम बदलकर पीएम-पोषण (प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण) कर दिया गया। इस योजना के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक स्तर या सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों के बाल वाटिकाओं में पढ़ने वाले छात्रों गर्म पके भोजन का वितरण किया जाएगा।

40. The Indian government has developed and implemented various schemes for attaining Sustainable Development Goals. Which of the following SDG is being addressed by Mid-day meal scheme?
सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भारत सरकार कई योजनाओं का विकास व कार्यान्वयन कर रही है। मध्याह्न भोजन योजना के द्वारा वह किस सतत विकास लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश कर रही है?

(a) Goal – 01 /लक्ष्य – 01
(b) Goal – 02/ लक्ष्य – 02
(c) Goal – 03/ लक्ष्य – 03
(d) Goal – 04/ लक्ष्य – 04

Ans. (b) : सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भारत सरकार कई योजनाओं का विकास व क्रियान्वयन कर रही है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत वह सतत विकास लक्ष्य-02 को पूरा करने की कोशिश कर रही है। सतत विकास से तात्पर्य है कि वर्तमान पीढ़ी द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का इस तरह से उपयोग किया जाना चाहिए, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का कम से कम क्षरण हो।

41. Choose the most appropriate answer.
The purpose of assessment in social science is
सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
सामाजिक विज्ञान में आकलन का उद्देश्य है :

(a) To facilitate streaming of the students in terms of their learning levels./विद्यार्थियों को उनके अधिगम स्तरों के अनुसार प्रवाही बनाने में सहयोग करना।
(b) To appraise students, perceptivity and ability to understand and connect their learning's with lived realities./विद्यार्थियों के ग्रहण क्षमता तथा अधिगम को समझने और उनकी जीवंत वास्तविकताओं के जोड़ने को आंकना।
(c) To test the writing skills of students./विद्यार्थियों के लेखन के कौशल को परखना।
(d) To evaluate the students' retention capacity./ विद्यार्थियों की स्मरण क्षमता का मूल्यांकन करना।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में आकलन का निम्नलिखित उद्देश्य है-
1. शिक्षार्थियों को प्रतिक्रिया देना और उनके लिए मानक निर्धारित करना है ताकि वे बेहतर शिक्षण परिणाम प्राप्त कर सकें।
2. विद्यार्थियों के ग्रहण क्षमता तथा अधिगम को समझने और उनकी जीवंत वास्तविकताओं के जोड़ने को आंकना।
3. अपने आसपास में होने वाली विभिन्न घटनाओं को विस्तार से समझना।
4. समीक्षात्मक जाँच कर उस पर प्रश्न करते हुए विद्यार्थियों में आलोचनात्मक जागरूकता का संवर्धन करना है।
5. शैक्षिक योजना के बारे में विश्वसनीय निर्णय लेना।
6. एक बच्चे की वृद्धि के शैक्षिक और सह-शैक्षिक दोनों पहलुओं का आकलन करना।

42. Which of the following question (s) assess the 'Analysing' skill of learners ?
निम्न में से कौन सा/से प्रश्न अधिगमकर्ता के 'विश्लेषण' कौशल का आकलन करता है ?

(A) What type of clothes do people of Sahara Desert wear ?
सहारा रेगिस्तान में लोग कैसे कपड़े पहनते हैं ?

(B) Climate of Sahara Desert is hot in day time even then people wear heavy robes.
सहारा रेगिस्तान में दिन में बहुत गर्मी होती है तब भी लोग भारी वस्त्र पहनते हैं। ऐसा क्यों होता है ? कारणों व उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।

(C) 'Present day Sahara used to be a lush green plain'. How could you examine the truthfulness of this argument ?
'आज का सहारा कभी हरा-भरा मैदारी इलाका हुआ करता था'। इस तर्क की सच्चाई की जाँच आप कैसे कर सकते हैं ?

Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) Only (B)/ केवल (B)

Ans. (b) : अधिगमकर्ता के 'विश्लेषण' कौशल ब्लूम के वर्गीकरण के संज्ञानात्मक क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। संज्ञानात्मक क्षेत्र में, एक बच्चा ज्ञान से सम्बन्धित होता है और इसलिए वह निर्माण करना, मूल्यांकन करना, विश्लेषण करना, अनुप्रयोग करना, समझना और याद रखना सीखता है। 'विश्लेषण' में दी गई सूचना के बीच स्वरूपों और सम्बन्धों की पहचान करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। इसीलिए एक अधिगमकर्ता द्वारा निम्न प्रश्नों से उसके 'विश्लेषण' कौशल का आकलन किया जा सकता है जो कि इस प्रकार है-

B. सहारा रेगिस्तान में दिन में बहुत गर्मी होती है तब भी लोग भारी वस्त्र पहनते हैं। ऐसा क्यों होता है?
C. 'आज का सहारा कभी हरा-भरा हुआ करता था।' इस तर्क की सच्चाई की जाँच आप कैसे कर सकते हैं?

43. Which of the following questions assess 'applying' skill of the learner ? /निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न अधिगमकर्त्ता के संप्रत्ययों को 'प्रयोग में लाने' के कौशल का आकलन करते है ?

(A) How are beaches formed ?
तटों का निर्माण कैसे होता है ?

(B) How do people modify their environment ? Give example from your observation.
मनुष्य अपने आस-पास के वातावरण को कैसे बदलता है ? अपने अवलोकन से उदाहरण दीजिए।

(C) What do you think the government can do to help small farmers when they get into debt ? Discuss.
जब छोटे किसान कर्ज में डूब जाते हैं तो आपके अनुसार सरकार उनकी सहायता के लिए क्या कर सकती है ? चर्चा कीजिए।

Choose the appropriate option :
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) All (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C) सभी

Ans. (b) : ब्लूम द्वारा वर्णित टेक्सोनॉमी में तीन क्षेत्रों की व्याख्या की गई है तीनों क्षेत्र की अपनी-अपनी विशेषताएँ होती हैं। इसमें संज्ञानात्मक क्षेत्र भी आता है। इस क्षेत्र में मानसिक कौशल शामिल होता है जिन्हें अधिगम के छह स्तरों में वर्गीकृत किया जाता है इसमें 'ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग (प्रयोग में लाना), विश्लेषण, संश्लेषण व मूल्यांकन आते हैं। अतः अधिगमकर्ता के संप्रत्ययों को 'प्रयोग में लाने' (अनुप्रयोग) के कौशल का आकलन निम्न प्रश्नों की सहायता से किया जा सकता है-
B. मनुष्य अपने आस-पास के वातावरण को कैसे बदलता है? अपने अवलोकन से उदाहरण दीजिए।
C. जब छोटे किसान कर्ज़ में डूब जाते हैं तो आपके अनुसार सरकार उनकी सहायता के लिए क्या कर सकती है? चर्चा कीजिए।
इस प्रकार के प्रश्न के माध्यम से अनुप्रयोग (प्रयोग में लाने) के कौशल का आकलन किया जा सकता है।
अनुप्रयोग कौशल नई और विभिन्न स्थितियों में सूचना के उपयोग की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।

44. Read the following statements about rubrics :
रूब्रिक्स के बारे में निम्न कथनों को पढ़िए :

(A) They add reliability to assessment.
ये आकलन में विश्वसनीयता को बढ़ा देते है।

(B) They increase transparency in assessment.
ये आकलन में पारदर्शिता को बढ़ा देते है।

(C) They decrease subjectivity in assessment.
ये आकलन में व्यक्तिपरकता को घटा देते है।

Choose the correct option :
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) (A) and (B) are correct/(A) और (B) सही है।
(b) (B) and (C) are correct/(B) और (C) सही है।
(c) (A) and (C) are correct/(A) और (C) सही है।
(d) All (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C) सभी सही है।

Ans. (d) : रूब्रिक्स विद्यार्थी के आकलन के लिए एक दिशा-निर्देश हैं। मूल्यांकन से पहले उन्हें छात्रों को सबसे अच्छी तरह स्पष्ट किया जाता है; प्रभावी रूब्रिक्स विद्यार्थियों को इस बारे में पारदर्शिता प्रदान करते हैं कि उनका मूल्यांकन कैसे किया जाएगा, आकलन पर क्या अपेक्षा की जाए और सीखने में अगले कदम प्रदान करें। इसकी कुछ प्रमुख विशेषताएँ हैं-
- यह छात्रों के प्रदर्शन को भिन्न-भिन्न श्रेणियों में आकलन करने हेतु वर्ग विभाजन हेतु तथा समग्र पदक्रम के अंकन के लिए प्रयोग किया जाता है।
- ये आकलन में विश्वसनीयता को बढ़ा देते हैं।
- ये आकलन में पारदर्शिता को बढ़ा देते हैं।
- ये आकलन में व्यक्तिपरकता को घटा देते हैं।

45. In a project work the assessments can be done through :
एक परियोजना कार्य में आकलन किया जा सकता है :

(A) Oral presentation
मौखिक प्रदर्शन द्वारा

(B) Written report
लिखित रिपोर्ट द्वारा

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें ।
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/दोनों (A) और (B)
(d) Neither (A) nor (B)/न तो (A) और (B) न ही

Ans. (c) : किसी भी परियोजना के उद्देश्य को प्राप्त करने के दिशा में परियोजना का सतत् अनुश्रवण/मूल्यांकन एक आवश्यक गतिविधि है। परियोजना कार्य में आकलन मुख्यतः दो रूप में किया जा सकता है-
1. मौखिक प्रदर्शन द्वारा 2. लिखित रिपोर्ट द्वारा
यह दोनों ही एक परियोजना कार्य के आकलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आकलन का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा उस जानकारी की व्याख्या और उपयोग है जो उसके इच्छित उद्देश्य के लिए एकत्रित की जाती है।

46. Which of the following is considered as a 'secondary source' ?/निम्नलिखित में से कौन सा 'द्वितीयक स्त्रोत' के रूप में माना जाता है ?
(a) A book review published in a newspaper/ समाचार पत्र में प्रकाशित एक किताब की समीक्षा
(b) A testimony of a partition survivor/विभाजन के उत्तरजीवी की आप बीती
(c) Photographs of bombings in the Ukraine war/यूक्रेन युद्ध में बमबारी के चित्र
(d) Girnar Rock inscription of king Rudradaman/ राजा रूद्रदमन के गिरनार पत्थर पर अंकित अभिलेख

Ans. (a) : सूचना सामग्री और संगठनात्मक स्तर के दस्तावेजी के आधार पर तीन स्रोत बताए गए हैं। प्राथमिक स्रोत, द्वितीय स्रोत, तृतीयक स्रोत। द्वितीय स्रोत में सूचना को एक निश्चित योजना के अनुसार व्यवस्थित और संगठित किया जाता है। द्वितीय स्रोत के अंतर्गत, समाचार पत्र में प्रकाशित एक किताब की समीक्षा, सार सेवाएँ, अनुक्रमण सेवाएँ, प्रगति की समीक्षा, ग्रंथ, मोनोग्राफ आदि आते हैं।

47. In incorporating local knowledge in the classroom, the following issues should be of concern to a social science teacher :
कक्षा में स्थानीय ज्ञान को समाविष्ट करने में, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए निम्नलिखित मामले चिंता का विषय होने चाहिए।
(A) Authenticity of sources/स्त्रोतों की प्रमाणिकता
(B) Relevancy to syllabus/पाठ्यक्रम के लिए प्रासंगिकता
(C) Quantity of examples/उदाहरणों की मात्रा
(D) Interest building/रूचि उत्पन्न करना
(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान शिक्षक उन विषयों में निर्देश प्रदान करते हैं जो सामाजिक अध्ययन के शीर्षक के अंतर्गत आते हैं। यह एक व्यापक शैक्षिक श्रेणी है, जिसमें अन्य विषयों के अलावा इतिहास, वर्तमान घटनाओं, सामाजिक विज्ञान और राजनीति शामिल हैं। इस विषय को पढ़ाने का उद्देश्य राष्ट्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय समझ का विकास करना है। कक्षा में स्थानीय ज्ञान को समाविष्ट करने में, सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए निम्न मामले में चिंता करनी चाहिए-
- स्रोतों की प्रामाणिकता।
- पाठ्यक्रम के लिए प्रासंगिकता।
- रूचि उत्पन्न करना।

48. Which of the following should be of utmost concern to ensure proper conduction of social science education ?
निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक विज्ञान शिक्षा के सही आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए गहन चिंता का विषय हो सकता है ?
In should be :
यह होना चाहिए :
(a) learner centric/अधिगमकर्ता केंद्रित
(b) textbook centric/पाठ्यपुस्तक केंद्रित
(c) teacher centric/शिक्षक-केंद्रित
(d) discipline centric/विद्या-विशेष केंद्रित

Ans. (a) : 'अधिगमकर्ता केन्द्रित' से सामाजिक विज्ञान शिक्षा के सही आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए गहन चिंता का विषय हो सकता है। सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वास्तविक जीवन की स्थितियों पर शिक्षण को आधारित करना विषय को पढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका होता है। अधिगमकर्ता केन्द्रित शिक्षा का उद्देश्य में बच्चे वास्तविक अनुभवों के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ रूप से सीखते हैं। इसलिए सामाजिक विज्ञान को सीखना सबसे प्रभावी है यदि इसे बच्चे के सामाजिक अनुभवों से जोड़कर पढ़ाया जाए।

49. What is the relevance of giving an open book test in social science ?
सामाजिक विज्ञान में खुली पुस्तक परीक्षा की क्या सार्थकता है ?
(a) To remove fear of examination./ परीक्षा का भय दूर करना।
(b) To prevent rote memorisations of content./ विषयवस्तु रटने से बचाना।
(c) To avoid invigilation duties for teachers./ शिक्षकों को निरीक्षण से दूर रखना।
(d) So that students can find exact material for answers from the textbook/s./ताकि छात्र पाठ्यपुस्तकों से उत्तर ढूँढ सके।

Ans. (b) : खुली पुस्तक परीक्षा से तात्पर्य छात्रों को परीक्षा के समय पुस्तक अपने साथ रखने और उसे देखने की अनुमति देना है अर्थात् इस परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर देते समय परीक्षार्थियों को पुस्तक से सहायता लेने की सुविधा प्रदान किया जाता है। खुली पुस्तक परीक्षा सामाजिक विज्ञान में शिक्षार्थियों की उच्च क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करता है। सामाजिक विज्ञान में खुली पुस्तक परीक्षा का प्राथमिक उद्देश्य प्रतिक्रिया और आलोचनात्मक कौशलों को आंकना है। यह परीक्षा विषय-वस्तु को रटने से दूर रखती है।

50. Sensitivity and awareness on issues faced by marginal groups can be encouraged by :
हाशिये वाले समूहों ने जिन मामलों का सामना किया है उन पर संवेदनशीलता और जागरूकता प्रोत्साहित किया जा सकता है :
(A) identifying the factors that contribute to marginalisation.
हाशियाकरण में योगदान देने वाले कारकों की पहचान करने के द्वारा।
(B) making students identify the marginalised communities.
विद्यार्थियों से हाशियाकृत समुदायों की पहचान करवाने के द्वारा।
(C) leaving out controversial isssues so as not hurt students feelings.
विवादास्पद मामलों को छोड़ देना ताकि विद्यार्थियों की भावनाएँ आहत न हों।
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) (A), (B) and (c)/ (A), (B) और (c)/

Ans. (a) : हाशिये वाले समूह, ऐसे समूह होते हैं जिनके पास प्रतिष्ठित छात्रों की तुलना में पर्याप्त संसाधन नहीं होते हें। छात्रों के इन समूहों के साथ जाति, रंग या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव किया जाता है। हाशिये वाले समूहों ने जिन मामलों का सामना किया है उन पर संवेदनशीलता और जागरूकता को निम्न रूप से प्रोत्साहित किया जा सकता है-
- हाशियाकरण में योगदान देने वाले कारकों की पहचान करने के द्वारा।
- विद्यार्थियों से हाशियाकृत समुदायों की पहचान करवाने के द्वारा।

51. Which of the following examples would you give to best challenge the stereotypical gender depiction in discussing 'Advertisements' ?
निम्नलिखित उदाहरणों में से कौन सा उदाहरण आप विज्ञापनों पर परिचर्चा में रूढ़िबद्ध लैंगिक चित्रण को श्रेष्ठ चुनौती देने के लिए देंगे ?

(A) A female driving in a car endorsement.
एक कार बेचान में गाड़ी चलाती महिला

(B) A male cooking in a refined oil endorsement.
एक परिष्कृत तेल बेचान में खाना बनाता पुरुष

(C) A female washing clothes in a detergent endorsement.
एक डिटर्जेंट बेचान में कपड़े धोती महिला

(D) A working female in a clothing endorsement.
वस्त्रों के बेचान में काम करती महिला

(a) (A) and (B)/(A) और (B)
(b) (A) and (D)/ (A) और (D)
(c) (B) and (C)/(B) और (C)
(d) (B) and (D)/(B) और (D)

Ans. (a) : लैंगिक रूढ़िबद्धता से तात्पर्य है, ''स्त्री या पुरुष, लड़का या लड़की के व्यवहार एवं भूमिका से सम्बन्धित समाज का वह सामान्यीकरण जो प्रायः गलत चित्रण के कारण होता है।'' स्त्री-पुरुष से सम्बन्धित विशेष व्यवहारों व कार्यों को समाज द्वारा परिभाषित करना और इन्हीं विशेष कार्यों और भूमिकाओं की अपेक्षा करना, सुसंगत न होने की स्थिति में उनको टोकना, विचारों में सुधार करने को कहना लैंगिक रूढ़िबद्धता है। जैसे; एक कार बेचान में गाड़ी चलाती महिला, एक परिष्कृत तेल बेचान में खाना बनाता पुरुष, यह दोनों उदाहरण रूढ़िबद्ध लैंगिक चित्रण को श्रेष्ठ चुनौती देने के लिए देंगे।

52. What can be the purpose for introducing newspaper reading in class ?
कक्षा में अखबार पढ़ाने का क्या उद्देश्य हो सकता है ?

(a) To develop analytical skills on the basis of news and reports/समाचार और रिपोर्टों के आधार पर विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करना।
(b) To break the monotony of textbook teaching./पाठ्यपुस्तक पढ़ाने की एकरसता तोड़ना।
(c) To reduce the burden of teachers as students read newspapers in class/छात्रों के कक्षा में समाचार पत्र पढ़ने से शिक्षकों का भार कम होगा।
(d) To make students aware of sensational developments in the country./छात्रों को देश के सनसनीखेज प्रगतियों से वाकिफ करना।

Ans. (a) : कक्षा में अखबार पढ़ाने का उद्देश्य समाचार और रिपोर्टों के आधार पर विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करना है। छात्रों को समाचार पत्र पढ़ने से विभिन्न लाभ मिल सकते हैं। जैसे; अखबार पढ़ने से शब्दावली बढ़ जाती है। यहाँ तक की अर्थशास्त्र के छात्र, हिन्दी भाषा के छात्र, राजनीति विज्ञान के छात्र और विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को अखबार से नए शब्द मिलते हैं। इसे पढ़ने से लेखन और पढ़ने के कौशल में भी सुधार होता है।

53. While 'introducing' the theme Panchayati Raj and Rural administration in a village school, what could be the most appropriate contextualised learning activity for students ?
ग्रामीण स्कूल में पंचायती राज एवं ग्रामीण प्रशासन के थीम से परिचित करते समय, विद्यार्थियों के लिए सबसे उपयुक्त संदर्भात्मक अधिगम गतिविधि क्या हो सकती है ?

(a) A sarpanch sharing her experiences in the class/कक्षा में अपने अनुभवों को साझा करती एक सरपंच।
(b) Reading an article on the 73rd Amendment Act./73वें संशोधन अधिनियम पर एक लेख पढ़ना।
(c) Watching a documentary on Panchayati Raj./पंचायती राज पर एक वृत्तचित्र देखना।
(d) Asking students their opinions on the Gram Panchayat/विद्यार्थियों से ग्राम पंचायत पर उनके विचार पूछना।

Ans. (a) : ग्रामीण स्कूल में पंचायती राज तथा ग्रामीण प्रशासन के थीम से परिचित करते समय, विद्यार्थियों के लिए सबसे उपयुक्त संदर्भात्मक अधिगम 'कक्षा में अपने अनुभवों को साझा करती एक सरपंच' गतिविधि हो सकती है क्योंकि अधिगम केवल किताबी ज्ञान के माध्यम से ही नहीं बल्कि अनुभवात्मक अधिगम द्वारा भी सीखा जाता है। यदि एक सरपंच स्वयं बच्चों को अपने अनुभव द्वारा साझा कराती है तो इससे उनकी अधिगम क्षमता और बढ़ जाती है।

54. To pedagogically engage a visully challenged student in the class, which of the following would be most appropriate ?
कक्षा में दृष्टिबाधित विद्यार्थी को शैक्षणिक रूप से शामिल करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सर्वाधिक उपयुक्त होगा ?

(a) Allot one day in a week, when all children have to use only audio material/सप्ताह में एक दिन निर्धारित कीजिए, जब सभी बच्चों को केवल श्रवण-सामग्री का उपयोग करना होगा।
(b) Ask one student to take care of this student, as you teach the class/जब आप कक्षा को पढ़ा रहे हों तब एक विद्यार्थी को उस विद्यार्थी की देखभाल करने के लिए कहना।
(c) Give verbal clues regularly to the class asking students to think, imagine or respond/कक्षा को नियमित मौखिक संकेत देना और विद्यार्थियों को सोचने, कल्पना करने या उत्तर देने के लिए कहना।
(d) Hold separate class for this student/इस विद्यार्थी के लिए एक अलग कक्षा लगाना।

Ans. (c) : कक्षा में दृष्टिबाधित विद्यार्थी को शैक्षणिक रूप से शामिल करने के लिए कक्षा को नियमित मौखिक संकेत देने और विद्यार्थियों को सोचने, कल्पना करने या उत्तर देने के लिए कहने जैसी गतिविधि सार्वधिक उपयुक्त होगी। दृष्टिबाधित छात्रों को कक्षा में सफल होने का समान अवसर देने के लिए इन्हें बोर्ड के पास वाले कमरे के सामने बिठाएँ, स्पर्शीय ग्लोब या ब्रेल लिपि का प्रयोग करे कक्षा में प्रकाश की उचित व्यवस्था बनाए रखें ताकि उन्हें समस्या न हों।

55. Which teaching strategies would you use to make students aware and sensitised on 'Sanitation Work' ?
विद्यार्थियों को 'स्वच्छता कार्य' पर अवगत और संवेदनशील बनाने के लिए आप शिक्षण के किस तरीके को अपनाएंगे ?

(A) Lecture method and Questioning
व्याख्यान विधि एवं प्रश्न पूछना

(B) Enacting a Roleplay and Debate
भूमिका निभाने एवं वाद-विवाद

(C) Inviting a person who does this work for Interaction
बातचीत के लिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित करना जो यह कार्य करता है।

(D) Documentary screening and Discussion
वृत्तचित्र परदे पर दिखाना एवं परिचर्चा

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (D)/ (A) और (D)
(d) (C) and (D)/ (C) और (D)

Ans. (d) : विद्यार्थियों को 'स्वच्छता कार्य' पर अवगत और संवेदनशील बनाने के लिए शिक्षण के निम्न तरीके को अपनाया जाएगा-
- बातचीत के लिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित करना जो यह कार्य करता है।
- वृत्तचित्र पर्दे पर दिखाना एवं चर्चा करना।
- बच्चों को उचित हाथ धोने की प्रथाओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- संगीत, नाटक और स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के ज़रिये लोगों को स्वच्छता के प्रति अवगत कराना।

56. While discussing about leaders of the Indian National Movement, a teacher is expected to :
भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नेतृत्वकारियों को पढ़ाते हुए एक शिक्षक को :

(a) discuss only those names mentioned in the textbooks/सिर्फ पाठ्यपुस्तकों में वर्णित नामों की चर्चा करनी चाहिए।
(b) aid students to develop cynicism regarding leaders/छात्रों में नेताओं के प्रति निराशा (कटुता) पैदा करनी चाहिए।
(c) eulogise the contribution of all the leaders/सभी नेताओं के योगदान का गुणगान करना चाहिए।
(d) add relevant examples of local leaders/स्थानीय नेताओं के प्रासंगिक उदाहरण देना चाहिए।

Ans. (d) : भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्वकारियों को पढ़ाते हुए एक शिक्षक को स्थानीय नेताओं के प्रासंगिक उदाहरण देना चाहिए ताकि बच्चे उनकी कार्यकुशलता को समझ सकें। एक राष्ट्रवादी आंदोलन राजनीतिक या सांस्कृतिक या दोनों हो सकता है यह दोनों की पूर्ण व्याख्या स्थानीय नेताओं द्वारा ही समझा जा सकता है क्योंकि वह इन दोनों चीजों से गुज़र चुके हैं। वह अपने अनुभव के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के बारे में समझाते हैं इसलिए शिक्षक ऐसे नेतृत्वकारियों के उदाहरण का उपयोग करता है।

57. Which one of the following statements is/are necessary for promoting equality as a concept in the classroom.
निम्न में से कौन सा/से तरीका/तरीके कक्षा में समानता को बढ़ाने व प्रोत्साहित करने में जरूरी है ?

(A) Establishing an inclusive environment
समावेशित माहौल स्थापित करना

(B) Accommodating different learning styles and disabilities
अधिगम शैलियों और अक्षमताओं को समायोजित कर लेना

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/दोनों (A) और (B)
(c) Endorsing segregation/पृथक्करण का पुष्टिकरण
(d) Promoting stigmatization/दोषारोपण का प्रोत्साहन

Ans. (a) : समावेशी स्कूल की स्थापना में बहिष्करण पर सवाल उठाना शामिल है। समावेशी शिक्षा साहित्य में, बहिष्करण का उपयोग उस प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो तब होती है जब एक छात्र को स्कूल में भागीदारी तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है। इसमें पाठ्यचर्या तक पहुँच, मैत्री समूहों तक पहुँच, शिक्षक के समय तक पहुँच आदि जैसी चीजें शामिल है।

17. It is important to include children from disadvantaged and deprived backgrounds in the classroom discussion because:
वंचित और वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों को कक्षा की चर्चाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि :

(a) These children are to be pitied and we should adopt a sympathetic attitude towards them./इन बच्चों पर दया करनी चाहिए और हमें उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए।
(b) Every child has a right to education and the teacher should involve all the children irrespective of their socio-economic cultural and religious context./प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और शिक्षक को सभी बच्चों को शामिल करना चाहिए, चाहे उनका सामाजिक-आर्थिक सांस्कृतिक और धार्मिक संदर्भ कुछ भी हो।
(c) Such children do not have any potential to learn./ऐसे बच्चों में सीखने की क्षमता नहीं होती।
(d) These children are 'stupid' and should not be allowed to mix with other children./ये बच्चे 'बेवकूफ' है ओर इन्हें दूसरे बच्चों के साथ घुलने-मिलने नहीं देना चाहिए।

Ans. (b) : वंचित और वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों को कक्षा की चर्चाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और शिक्षक को सभी बच्चों को शामिल करना चाहिए, चाहे उनका सामाजिक-आर्थिक सांस्कृतिक और धार्मिक संदर्भ कुछ भी हो।

18. A child has difficulty in distinguishing words such as 'WAS' and 'SAW', 'BATTLE' and 'BOTTLE'. Such a difficulty is a typical identifying characteristic of:
एक बच्चे को कई शब्दों को आपस में अंतर करने में कठिनाई आती है- नमन और मनन; कलम और कतल। यह किसका विशिष्ट अभिलक्षण है?

(a) Dysgraphia/लेखन वैकल्य
(b) Dyscalculia/गुणज वैकल्य
(c) Dysaphasia/भाषा वैकल्य
(d) Dyslexia/पठन वैकल्य

Ans. (d) : एक बच्चे को कई शब्दों को आपस में अंतर करने में कठिनाई आती है- नमन और मनन; कलम और कतल। यह वैकल्य का विशिष्ट अभिलक्षण है। डिस्लेक्सिया एक अधिगम विकलांगता है जिसका प्रकटीकरण मुख्य रूप से वाणी या लिखित भाषा के दृश्य अंकन की कठिनाइयों के रूप में होता है। यह समस्या विशेष तौर पर मनुष्य-निर्मित लेखन प्रणालियों को पढ़ने में होती है।

19. Which of the following are effective accommodations in the classroom environment as per the needs of students with partial hearing loss?
(i) allow them to seat near the teacher
(ii) minimize background noise
(iii) use lecture method
(iv) Give handouts using graphic organizers and mind maps
निम्न में से कौन-से शिक्षाशास्त्रीय प्रावधान एक विद्यार्थी जिसे कम सुनाई देता है की जरूरतों के अनुसार उपयुक्त समायोजन हैं?
(i) शिक्षिका के पास बैठने की अनुमति देना।
(ii) परिवेश की पृष्ठभूमि के शोर को कम करना ।
(iii) व्याख्यान प्रणाली का उपयोग।
(iv) विज्ञप्तिपत्रक देना जिसमें आलेखी आयोजक और संकल्पनात्मक चित्रण हो।

(a) (i) (ii) (iv) (b) (i) (ii) (iii) (iv)
(c) (i) (ii) (d) (i) (iii)

Ans. (a) : एक विद्यार्थी जिसे कम सुनाई देता है उसके लिए विद्यार्थी को शिक्षिका के पास बैठने की अनुमति देना चाहिए जिससे कि वह शिक्षिका द्वारा बताये गये निर्देशों को स्पष्ट रूप से सुन सके। ऐसे बच्चों को उस परिवेश में शिक्षा दी जानी चाहिए जहाँ की पृष्ठिभूमि में शोर कम हो ताकि बच्चे को ऐसे विज्ञप्तिपत्र देना चाहिए जिसमें आलेखी आयोजक और संकल्पनात्मक चित्रण हो जिसे देखकर बच्चे स्वतः ही बिना किसी व्याख्यान के अवधारणाओं की समझ विकसित कर सकें। अतः (i), (ii), (iv) सही है।

20. A teacher can foster creativity in her students by:
एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में रचनात्मकता को किसके द्वारा बढ़ावा दे सकती है:

(a) Encouraging multiple ideas and intuitive guesses/कई विचारों और सहज ज्ञान युक्त अनुमानों को प्रोत्साहित करना।
(b) Promoting mere reproduction of information/केवल सूचना के पुनरुत्पादन को बढ़ावा देकर।
(c) Repeated drill and practice/बार-बार अभ्यास और वेधन से ।
(d) Ensuring that the teacher has absolute control over the children's learning/यह सुनिश्चित करके कि शिक्षक का बच्चों की शिक्षा पर पूर्ण नियंत्रण है।

Ans. (a) : एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में रचनात्मकता को कई विचारों और सहज ज्ञान युक्त अनुमानों को प्रोत्साहित करके बढ़ावा दे सकती है क्योंकि इस युक्ति द्वारा बच्चों में सृजनात्मकता का गुण विकसित हो जाता है और वे तार्किक दृष्टिकोण विकसित करके अपने विचारों में नवीनता लाने में सक्षम हो जाते हैं।

21. Teacher should encourage _____ rather than _____.
शिक्षक को _____ प्रोत्साहित करना चाहिए बजाय _____ के।

(a) Intrinsic motivation; extrinsic motivation/आंतरिक अभिप्रेरणा को; बाहरी अभिप्रेरणा
(b) Competition; co-operation/प्रतिस्पर्धा को; सहयोग
(c) Performance-oriented goals; mastery/प्रदर्शन-उन्मुख लक्ष्य को; महारत उन्मुख लक्ष्य
(d) Failure accepting goals; failure avoidance goals/विफलता स्वीकार्य लक्ष्य को; विफलता परिहार लक्ष्य

Ans. (a) : शिक्षक को आंतरिक अभिप्रेरणा को प्रोत्साहित करना चाहिए बजाय बाहरी अभिप्रेरणा के क्योंकि जब बच्चे आंतरिक रूप से अभिप्रेरित रहेंगे तो वे किसी भी कार्य का निष्पादन अत्यन्त ही उत्साह के साथ करेंगे जिससे कि उनमें रचनात्मकता का विकास होगा। आंतरिक रूप से अभिप्रेरित बच्चे किसी पुरस्कार की लालसा से नहीं अपितु अपनी रुचि के अनुसार प्रेरित होकर कार्य करते हैं जो उनकी प्रतिभा में वृद्धि करता है।

22. Which of the following emotions hinders the process of meaningful learning?
निम्नलिखित में से कौन-सी भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालती है?

(a) Boredom/ऊब
(b) Enjoyment/आनंद
(c) Happiness/खुशी
(d) Pride/गर्व

Ans. (a) : ऊब कई शिक्षार्थियों को शैक्षिक गतिविधियों से अलग कर देती है और यह शिक्षार्थियों की ज्ञान प्राप्त करने की क्षमताओं को गंभीर रूप से कम कर देती है। जिन छात्रों में बोरियत की भावना होती है वे अक्सर कवर की जा रही सामग्री में रुचि खो देते हैं, कक्षा की गति को बाधित करते हैं और अन्य शिक्षार्थियों को बाधित करते हैं अतः ऊब की भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालती है।

23. Students who exhibit 'learned helplessness':
विद्यार्थी जो 'अधिगम असाहयता' को दर्शाते हैं-

(a) believe that ability is fixed and stable./मानते हैं कि क्षमता स्थिर व स्थायी है।
(b) believe that ability is incremental – improvable with effort./मानते हैं कि क्षमता वृद्धिशील है – उसे प्रयास से बेहतर किया जा सकता है।
(c) are mastery – oriented learners./महारत उन्मुखी विद्यार्थी होते हैं।
(d) set learning – oriented goals./सीखने उन्मुख लक्ष्य तय करते हैं।

Ans. (a) : विद्यार्थी जो 'अधिगम असहायता' को दर्शाते हैं वे मानते हैं कि क्षमता स्थिर व स्थायी है अतः ऐसे विद्यार्थी में आत्मविश्वास कम होने की भावना व विचार उत्पन्न हो जाते हैं और वे अपना सर्वोत्तम प्रयास करना बन्द कर देते हैं क्योंकि उनमें एक धारणा व्याप्त हो जाती है कि वे कितना भी प्रयास करें, वे अभी भी असफल होने जा रहे हैं इसलिए यह प्रयास करने के लायक नहीं है। वे यह मान लेते हैं कि उनमें असफल होने की स्थिर व स्थायी क्षमता व्याप्त है जो कि परिवर्तित नहीं हो सकती है।

24. What the child learns, how well she learns it and how she is able to apply that learning to various situations depends on:
बच्चा क्या सीखता है, वह कितनी अच्छी तरह सीखता है और विभिन्न परिस्थितियों में उस सीखने को कैसे लागू कर पाता है, यह इस पर निर्भर करता है?

(a) Opportunities she has to observe and interact with objects and people/वस्तुओं और लोगों के अवलोकन और अंतःक्रिया के अवसर।
(b) Opportunities the teacher provides for memorization and recall/शिक्षक याद करने के कितने अवसर प्रदान करता है।
(c) The kind of punishment she is given to ensure learning/सीखने को सुनिश्चित करने के लिए उसे किस तरह की सजा दी जाती है।
(d) The variety of materialistic rewards she is offered to complete the tasks/कार्यों को पूरा करने के लिए उसे किस विभिन्न प्रकार के भौतिकवादी पुरस्कार दिए जाते हैं।

Ans. (a) : बच्चा क्या सीखता है, वह कितनी अच्छी तरह सीखता है और विभिन्न परिस्थितियों में उस सीखने को कैसे लागू कर पाता है, यह वस्तुओं और लोगों के अवलोकन और अंतःक्रिया के अवसर पर निर्भर करता है।

25. Thinking about one's own thinking is known as _____ and is a _____ ability.
अपनी सोच के बारे में सोच पाना _____ कहलाता है और एक _____ कौशल है।

(a) adaptation ; lower order/अनुकुलन; निम्न स्तरीय
(b) adaptation ; higher order/अनुकूलन; उच्च स्तरीय
(c) metacognition ; lower order/अधिसंज्ञान; निम्न स्तरीय
(d) metacognition ; higher order/अधिसंज्ञान; उच्च स्तरीय

Ans. (d) : अपनी सोच के बारे में सोच पाना अधिसंज्ञान कहलाता है जो कि एक उच्च स्तरीय कौशल है। जब हम अपने स्वयं के संज्ञानात्मक कार्यों पर नियंत्रण रखते हैं तो इन्हें अधिसंज्ञान कहा जाता है। अधिसंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है। यह अधिगम के नए लक्ष्य निर्धारित करने, लक्ष्यों को प्राप्त करने की सफलता का अनुमान लगाने और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वैकल्पिक रणनीतियों का चयन करने की छात्र की क्षमता से संबंधित है।

26. How can a teacher facilitate learning in a constructivist classroom?
एक शिक्षिका रचनावादी कक्षा में सीखने को कैसे सुसाधित कर सकती है?

(a) By asking children to do repeated drill and practice/बच्चों को बारम्बार वेधन व अभ्यास करने को कहकर।
(b) By punishing the children who seem disinterested/जो बच्चे अरूचि दिखाते हैं उन्हें सज़ा देकर।
(c) By making the process of teaching learning interesting and interactive/सीखने सीखाने की प्रक्रिया को दिलचस्प व संवादात्मक बनाकर।
(d) By dictating the answers to the questions in the textbook/पाठ्यपुस्तक के सवालों के उत्तर निर्देशित करके।

Ans. (c) : एक शिक्षिका रचनावादी कक्षा में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को दिलचस्प व संवादात्मक बनाकर अधिगम को सुसाधित कर सकती है। रचनावादी कक्षा शिक्षा के रचनावादी दृष्टिकोंण से संबंधित है जो चर्चाओं और परियोजनाओं में शिक्षार्थियों को शामिल करके सहयोगी शिक्षा को प्राथमिकता देती है अतः ऐसी कक्षा में शिक्षिका सहयोग आधारित अधिगम कराते हुए शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करती है और शिक्षार्थियों को कार्य करने के लिए सीखने की अपनी रणनीति को बढ़ावा देने की अनुमति देती है जिससे वे अर्थपूर्ण अधिगम कर सकें।

27. Assertion (A): The primary role of a teacher in middle school classroom is to transmit knowledge and correct wrong answers of the students.
Reason (R): Learning is a process of acquisition of facts that take place through drill and repeated practice.
Choose the correct option:
कथन (A) : माध्यमिक स्कूली कक्षा कक्ष में एक शिक्षिका की प्रमुख भूमिका ज्ञान का स्थानांतरण व विद्यार्थियों के गलत उत्तरों को सही करना है।
तर्क (R) : सीखना तथ्यों को अर्जित करने की प्रक्रिया है तो वेधन व बारम्बार अभ्यास से आती है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : माध्यमिक स्कूली कक्षा कक्ष में एक शिक्षिका की प्रमुख भूमिका ज्ञान का स्थानान्तरण व विद्यार्थियों के गलत उत्तरों को सही करना है क्योंकि सीखना तथ्यों को अर्जित करने की प्रक्रिया है जो वेधन व बारम्बार अभ्यास से आती है, ये दोनों (A) और (R) गलत है।

28. Which of the following strategies are helpful in facilitating meaningful learning?
(i) Explaining to a peer
(ii) Making concept maps
(iii) Using imageries and creating flowcharts
(iv) Thinking of examples and non-examples
(v) Self-questioning
निम्न में से कौन-सी रणनीति अर्थपूर्ण अधिगम को सुसाधित नहीं करेगी?
(i) समकक्षी को समझाना
(ii) संकल्पनात्मक मानचित्र बनाना
(iii) मानसिक चित्र व प्रवाह संचित्र बनाना
(iv) उदाहरण व गैर-उदाहरण सोचना
(v) खुद से सवाल करना

(a) (ii) (iii) (iv)
(b) (i) (ii) (iv)
(c) (i) (ii) (iii) (iv)
(d) (i) (ii) (iii) (iv) (v)

Ans. (d) : अर्थपूर्ण अधिगम संबंधपरक अधिगम है। यह पूर्व ज्ञान और अनुभवों से संबंधित है। यह हमारे पूर्व दृष्टिकोंण को बदल देता है और हमें गहन अधिगम करने में मदद देता है। यह नई विषय वस्तु को सीखने या नई सूचना को आंतरिक बनाने की प्रक्रिया है जो वर्तमान रुचि या ज्ञान के आधार से संबंधित है।
अर्थपूर्ण अधिगम को सुसाधित करने की रणनीतियाँ निम्न हैं→
समकक्षी को समझाना।
संकल्पनात्मक मानचित्र बनाना।
मानसिक चित्र व प्रवाह संचित्र बनाना।
उदाहरण व गैर-उदाहरण सोचना।
खुद से सवाल करना।
अतः (i), (ii), (iii), (iv), (v), सही है।

29. Neha is always concerned on getting more marks than Rashmi so that she can show her superiority to Rashmi. What kind of goals is Neha setting?
नेहा हमेशा रश्मी से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए कार्य करती है ताकि वह खुद को रश्मी से बेहतर दिखा पाए। नेहा किस प्रकार के लक्ष्य निर्धारित कर रही है?

(a) intrinsic motivation driven goals/आंतरिक अभिप्रेरणा द्वारा निर्धारित लक्ष्य।
(b) learning goals/सीखने के लक्ष्य।
(c) mastery goals/महारत लक्ष्य।
(d) performance goals/प्रदर्शन लक्ष्य।

Ans. (d) : नेहा हमेशा रश्मी से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए कार्य करती है ताकि वह खुद को रश्मी से बेहतर दिखा पाए। नेहा महारत लक्ष्य निर्धारित कर रही है, महारत उन्मुख सिद्धान्त एक सामाजिक-संज्ञानात्मक सिद्धान्त है जो लक्ष्यों और लक्ष्य प्रेरणा के बीच संबंध स्थापित करने का प्रयास करता है। यह उन कारणों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनके कारण व्यक्ति उपलब्धि-संबंधी गतिविधियों में संलग्न होते हैं।

30. In a socio-constructivist classroom, children's learning should NOT be influenced by:
एक सामाजिक रचनावादी कक्षा में बच्चों का सीखना किससे प्रभावित नहीं होगा?

(a) Activities in the classroom/कक्षा कक्ष में की जाने वाली गतिविधियों से।
(b) From the content given in the curriculum and books/पाठ्यचर्या और पुस्तकों में दी गई विषय वस्तु से।
(c) Interaction with peer groups/सहकर्मी समूह के साथ अंतःक्रिया।
(d) Marks and scores obtained by friends/दोस्तों द्वारा प्राप्त अंकों से।

Ans. (d) : एक सामाजिक रचनावादी कक्षा में बच्चों का सीखना दोस्तों द्वारा प्राप्त अंकों से प्रभावित नहीं होगा जबकि कक्षा-कक्ष में की जाने वाली गतिविधियाँ, सहकर्मी समूह के साथ अंतःक्रिया तथा पाठ्यचर्या और पुस्तकों में दी गयी विषयवस्तु से बच्चों का सीखना प्रभावित होगा। सामाजिक रचनावादी कक्षा सीखने,काम करने, प्रदर्शन, समस्या-समाधान आदि के लिए दूसरों के साथ सहयोग पर जोर देती है।

SOCIAL SCIENCE

1. From among which of the first cities were pieces of cloth found attached to the lid of a silver vase?
निम्न शुरुआती नगरों में से किस स्थान से कपड़े के टुकड़ों के अवशेष चाँदी के एक फूलदान के ढक्कन से चिपके हुए मिले?

(a) Mohenjodaro/मोहनजोदड़ो
(b) Harappa/हड़प्पा
(c) Lothal/लोथल
(d) Kalibangan/कालीबंगा

Ans. (a) : मोहनजोदड़ों नगर से कपड़े के टुकड़ों के अवशेष चांदी के एक फूलदान के ढक्कन से चिपके हुए मिले। मोहनदजोदड़ो सैंधव सभ्यता का एक प्रमुख स्थल है। जिसके उत्खननकर्ता राखालदास बनर्जी द्वारा 1922 ई0 में किया गया था। मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ 'मृतकों का टीला' होता है। मोहनजोदड़ों से ही कांसे की नर्तकी की मूर्ति प्राप्त हुई है। तथा मोहनजोदड़ो से पुजारी की घड़ वाली मूर्ति प्राप्त होने के साथ एक अन्नागार प्राप्त हुआ है जो संभवतः सैंधव सभ्यता की सबसे बड़ी इमारत है।

2. Modern Indian scripts such as Devanagari, Bengali and Tamil have developed from the _____ script.
आधुनिक भारत की लिपियाँ जैसे देवनागरी, बंगाली और तमिल का विकास _____ लिपि से हुआ है।

(a) Sanskrit/संस्कृत (b) Prakrit/प्राकृत
(c) Latin/लैटिन (d) Brahmi/ब्राहमी

Ans. (d) : आधुनिक भारत की लिपियाँ जैसे देवनागरी, बंगाली और तमिल का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है। ब्राह्मी लिपि भारत की अधिकांश लिपियों की जननी है तथा इसका प्रयोग सम्राट अशोक के लेख में हुआ है। ब्राह्मी लिपि में बाये से दायें लिखा जाता है।

3. Arrange the following Delhi sultans in chronological order.
(i) Ghiyasuddin Balban
(ii) Khizr khan
(iii) Firuz shah Tughluq
(iv) Alauddin Khalji
निम्नलिखित दिल्ली के सुल्तानों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।
(i) ग़यासुद्दीन बलबन
(ii) खिज्र खान
(iii) फिरोज़ शाह तुग़लक़
(iv) अलाउद्दीन ख़लजी
सही विकल्प चुनें।

(a) (ii), (iii), (i), (iv) (b) (iii), (i), (ii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (i), (iii), (iv)

Ans. (c) : दिल्ली के सुल्तानों का कालानुक्रमिक क्रम इस प्रकार है।
(i) गयासुद्दीन बलबन (iv) अलाउद्दीन खिलजी (iii) फिरोज़शाह तुगलक (ii) खिज्र खान

गयासुद्दीन बलबन (1266 -1286) – बलबन का पूरा नाम गयासुद्दीन बलबन था। जो इल्तुतमिश का गुलाम एवं चालीसा दल का सदस्य था इन्होंने ने ही तुर्कान-ए-चहलगानी का विनाश किया था।

अलाउद्दीन खिलजी (1296–1316 ई0):–
बलाउद्दीन खिलजी दिल्ली का पहला सुल्तान था, जिसने धर्म पर राज्य का नियंत्रण स्थापित किया। अलाउद्दीन खिलजी अपने सिक्कों पर स्वयं का नाम 'द्वितीय सिकंदर' के रूप में उल्लेख करवाया।

फिरोजशाह तुगलक (1357–1388 ई0) –
फिरोजशाह तुगलक ने हिसार, फतेहाबाद, फिरोजपुर, फिरोजाबाद तथा जौनपुर (जौना खाँ की स्मृति में) नामक नए नगर बसाए तथा अनेक नहरे भी बनवाई। इन्होंने ने ही सर्वप्रथम 'लोकनिर्माण विभाग' की स्थापना किया।

खिज्र खान - यह सैय्यद वंश की स्थापना किया था।

4. Match the following :
निम्नलिखित को मिलाएँ :

List – I/सूची - I	List – II/सूची - II
(a) Banabhatta बाणभट्ट	**(i) Buddha charita बुद्ध चरित**
(b) Ashvaghosha अश्वघोष	**(ii) Harsha charita हर्ष चरित**
(c) Harishena हरिषेण	**(iii) Pulkeshin II's Prashasti पुलकेशिन द्वितीय की प्रशस्ति**
(d) Ravikirti रविकीर्ति	**(iv) Samudragupta's Prashasti समुद्रगुप्त की प्रशस्ति**

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें :

(a) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(b) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)
(c) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(d) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची-I	सूची-II
बाणभट्ट	हर्षचरित
अश्वघोष	बुद्धचरित
हरिषेण	समुद्रगुप्त की प्रशस्ति
रवीकीर्ति	पुलकेशिन द्वितीय की प्रशस्ति

5. Magadhi (Magahi) is a form of which language?
किस भाषा का एक रूप मागधी (मगही) है?

(a) Pali/पाली (b) Prakrit/प्राकृत
(c) Maithili/मैथिली (d) Brahmi/ब्राहमी

Ans. (b) : प्राकृत भाषा का एक रूप मागधी (मगही) है। मागधी (मगही) भाषा भारत के मध्य पूर्व में बोली जाने वाली एक प्रमुख भाषा है। मागधी भाषा से ही भोजपुरी, मैथिली, आंगिका आदि भाषा निकाला गया है। मागधी भाषा मौर्य दरबार की आधिकारिक भाषा थी इसे 1961 की जनगणना में मागधी को हिन्दी के तहत कानूनी रूप से अवशोषित किया गया था।

6. Which of the following statements are true about the Virashaiva movement initiated by Basavanna?
(A) It started as a reaction against the Tamil Bhakti Movement.
(B) It was inspired by the Tamil Bhakti Movement.
(C) It preached the love of shiva as the path of salvation.
Choose the correct option.
निम्नलिखित में से कौन सा कथन बसवन्ना द्वारा आरंभ किए गए वीरशैव आंदोलन के बारे में सही है?
(A) इसका आरंभ तमिल भक्ति आंदोलन के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया के रूप में हुआ।
(B) यह तमिल भक्ति आंदोलन से प्रेरित था।
(C) इसने शिव से प्रेम को मुक्ति के मार्ग के रूप में अपनाने का उपदेश दिया।
सही विकल्प चुनें।

(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है
(b) Only (B) is correct/ केवल (B) सही है
(c) (A) and (C) are correct/(A) और (C) सही है
(d) (B) and (C) are correct/(B) और (C) सही है

Ans. (a) : बसवन्ना द्वारा बारहवीं शताब्दी में कर्नाटक में वीरशैव आंदोलन का प्रारम्भ किया गया। बसवन्ना कलाचूरी राजा के दरबार में मंत्री थे। इनके अनुयायी ही वीरशैव व लिंगायत कहलाये। लिंगायत अर्थात् भगवान शिव का लिंग धारण करने वाले।
बसवन्ना द्वारा आरंभ आंदोलन तमिल भक्ति आंदोलन के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया के रूप में हुआ।

7. The growers of woad in Europe saw which Indian crop as its competition?
यूरोप में वोड के उत्पादकों ने किस भारतीय फसल को उसके प्रतिस्पर्धी के रूप में देखा?

(a) Cotton/कपास (b) Pepper/काली मिर्च
(c) Jute/जूट (d) Indigo/नील

Ans. (d) : वोड पौधा शीतोष्ण क्षेत्र में उगता था इसलिए यूरोप में आसानी से मिल जाता था। उत्तरी इटली, दक्षिणी फ्रांस व जर्मनी और ब्रिटेन के कई हिस्सों में यह पौधा उगता है। नील के साथ प्रतिस्पर्धा से परेशान यूरोप के वोड उत्पादकों ने अपनी सरकारों पर दबाव डाला कि वे नील के आयात पर पाबंदी लगा दे। मगर कपड़े को रंगने वाले तो नील को ही पसंद करते थे। नील से बहुत चमकदार नीला रंग मिलता था जबकि वोड से मिलने वाला रंग बेजान और फीका होता था।
नील का पौधा मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय इलाकों में ही उगता है। इटली, फ्रांस, ब्रिटेन के कपड़ा उत्पादक कपड़े की रंगाई के लिए भारतीय नील का इस्तेमाल कर रहे थे।

8. Consider the following statements (A) and (B) and choose the correct option:
(A): The image of British rule bringing modern civilization to India is powerfully emphasized in the paintings by the Daniells.
(B): The Daniells presented the traditional life of India as pre-modern, changeless and motionless in their picturesque landscape paintings.
Options:
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:
(A) : डैनियलों के चित्रकारी में ब्रिटिश शासन द्वारा भारत लाई जा रही आधुनिक सभ्यता के चित्रण पर जोर हैं
(B) : डैनियलों ने अपने सुरम्य परिदृष्य चित्रकारी में भारत की पारंपरिक जीवन को पूर्व आधुनिक, निरंतर तथा गतिहीन प्रस्तुत किया।
विकल्प :

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है किन्तु (A) गलत है।
(c) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही है।
(d) Both (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत है।

Ans. (c) : डैनियल के चित्रकारी में ब्रिटिश शासन द्वारा भारत लाई जा रही आधुनिक सभ्यता के चित्रण पर जोर है। डैनियल ने अपने सुरम्य परिदृश्य चित्रकारी में भारत की पांरपरिक जीवन को पूर्व आधुनिक, निरंतर तथा गतिहीन प्रस्तुत किया है। इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण N.C.E.R.T. में चित्र के रूप में अंकित टीपू सुल्तान के बेटों को बंधक के रूप में कार्नवालिस के सामने पेश किया जा रहा है। ब्रिटिश चित्रकारों को ऐसे दृश्यों की तस्वीर बनाने में मजा आता था जिनमें अंग्रेजों की सत्ता की विजय दिखाई देती थी।

9. Read statements 'A' & 'B' regarding Mahatma Gandhi's views on western education and choose the correct answer.

(A): Gandhi was against western education in India.

(B): He thought that colonial education created a sense of inferiority in the minds of Indians.

Options:

पश्चिमी शिक्षा के बारे में महात्मा गाँधी के विचार के संदर्भ में कथन 'A' एवं 'B' को पढ़ें तथा सही उत्तर चुनें:

(A) गाँधी, भारत में पश्चिमी शिक्षा के विरुद्ध थे।

(B) वह सोचते थे कि औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मस्तिष्क में हीनता का बोध पैदा कर दिया है।

विकल्प :

(a) (A) is true but (B) is false /(A) सही है किन्तु (B) गलत है।

(b) Both (A) & (B) are true but (B) does not explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं किन्तु (B),(A) की व्याख्या नहीं करता है

(c) Both (A) & (B) are true and (B) explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

Ans. (c) : महात्मा गाँधी का कहना था कि औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मस्तिष्क में हीनता का बोध पैदा कर दिया है। इसके प्रभाव में आकर यहाँ के लोग पश्चिमी सभ्यता को श्रेष्ठतर मानने लगे है और अपनी संस्कृति के प्रति उनका गौरव भाव नष्ट कर रहा है। महात्मा गाँधी ने कहा कि इस शिक्षा में विषभरा है। यह पापपूर्ण है इसने भारतीयों को दास बना दिया है, इसने लोगों पर प्रभाव डाला है। महात्मा गाँधी की दृढ़ मान्यता थी कि शिक्षा केवल भारतीय भाषाओं में ही दी जानी चाहिए। उनके मुताबिक अंग्रेजी में दी जा रही शिक्षण भारतीयों को अपाहिज बना रही। इस प्रकार (A) और (B) दोनों सही है और (B), (A) की सही व्याख्या है।

10. The main motive for the British to divide Bengal in 1905 was _____.

अंग्रेजों द्वारा 1905 में बंगाल विभाजन का मुख्य कारण था-

(a) that Bengal was a big province at that time./बंगाल उस समय एक बहुत बड़ा प्रांत था।

(b) the demand by the people of Bengal./बंगाल के लोग यह मांग थी।

(c) for administrative convenience./प्रशासनिक सुविधा के लिए।

(d) to curtail the influence of Bengali nationalists and to split the people./बंगाल के राष्ट्रवादियों के प्रभाव को कम करना तथा बंगाल के लोगों को विभाजित करने के लिए।

Ans. (d) : अंग्रेजों द्वारा 1905 में बंगाल विभाजन का मुख्य कारण बंगाल के राष्ट्रवादियों के प्रभाव को कम करना तथा बंगाल के लोगों को विभाजित करने के लिए था। बंगाल उस समय बहुत बड़ा क्षेत्र था और उसके प्रशासन की जिम्मेदारी लेफ्टिनेंट गवर्नर के हाथों में रहती थी परन्तु लेफ्टिनेंट गवर्नर इतने बड़े क्षेत्र के प्रशासन को सही से नहीं चला सकता था। इसी कारण 1905 में लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन का निर्णय लिया और अंततः बंगाल का विभाजन 16 अक्टूबर 1905 को लागू किया गया और उसके बाद बंगाल को दो भागों में (1) पश्चिम बंगाल (2) पूर्वी बंगाल (आ0 बांग्लादेश) बट गया।

11. Consider the following statements and choose the correct option:

Assertion (A) : The moderate section of the Congress demanded a greater representation in the government and in administration under the British rule.

Reason (R) : The moderates felt that the British had respect for the ideals of freedom and justice.

Options:

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:

कथन (A) : कांग्रेस के मध्यमार्गी धड़े ने ब्रिटिश शासन के अधीन सरकार और शासन में भारतीयों को और ज्यादा प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग उठाई।

कारण (R) : मध्यमार्गियों को ये लगता था कि अंग्रेज स्वतंत्रता व न्याय के आदर्शों का सम्मान करते थे।

विकल्प :

(a) (A) is true but (R) is false/(A) सही है किन्तु (R) गलत है।

(b) (R) is true but (A) is false /(R) सही है किन्तु (A) गलत है।

(c) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (R) नहीं करता है।

(d) Both (A) & (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) करता है।

Ans. (d) : कांग्रेस के मध्यमार्गी नेताओं ने ब्रिटिश शासन के अधीन सरकार और शासन में भारतीयों को और ज्यादा प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग उठाई। और मध्यमार्गी को ये लगता था कि अंग्रेज स्वतंत्रता व न्याय के आदर्शों को सम्मान करते थे। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है (A) की सही व्याख्या (R) करता है। अक्सर कहा जाता है कि अपने पहले 20 सालों में कांग्रेस अपने उद्देश्य और तरीकों के लिहाज से ''मध्यमार्गी'' पार्टी थी। इस दौरान कांग्रेस ने सरकार और शासन में भारतीयों को और ज्यादा जगह दिये जाने की आवाज उठाई। कांग्रेस चाहती थी कि सरकार में भारतीयों को भी ऊँचे पढ़ दिए जाएँ।

12. Read the following statements, (A) and (B).
(A) : Pakistan was partitioned in 1971 and Bangladesh created.
(B) : One of the main reasons of partition was that the Bengali speakers of the east felt that their language and identity was being suppressed.
Choose the correct answer of the following:
निम्नलिखित कथन (A) तथा (B) को पढ़ें :
(A) : 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ और बांग्लादेश अस्तित्व में आया।
(B) : विभाजन का एक मुख्य कारण यह था कि पूर्व के बंगला बोलने वाले लोगों को यह लगा कि उनके भाषा और पहचान को कुचला जा रहा है।
निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें :
(a) Statement (A) is true and (B) is false/कथन (A) सही है एवं (B) गलत है।
(b) Statement (A) is false and (B) is true/कथन (A) गलत है एवं (B) सही है।
(c) Both (A) & (B) are true but (B) does not explain (A)/दोनों कथन (A) एवं (B) सही हैं किन्तु कथन (B) कथन (A) की व्याख्या नहीं करते हैं।
(d) Both (A) & (B) are true and (B) explains (A)/ दोनों कथन (A) एवं (B) सही हैं और कथन (B) कथन (A) की सही व्याख्या करते हैं।

Ans. (d) : 1971 में भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान को बड़ी हार का सामना करना पड़ा जिसमें पूर्वी पाकिस्तान आजाद हो गया और बांग्लादेश के रूप में एक नया देश बना। और विभाजन का मुख्य कारण यह था कि पूर्व के बांग्ला बोलने वाले लोगों को यह लगा कि उनके भाषा और पहचान को कुचला जा रहा है। इस प्रकार दोनों कथन सही है। (B) (A) की सही व्याख्या करता है।
लेफ्टिनेंट जनरल ए.ए. नियाजी पाकिस्तान पूर्वी कमान के कमाण्डर, ढाका में 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय ले0 जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा की उपस्थिती में समर्पण अभिलेख पर हस्ताक्षर किए।

13. Sri Narayana Guru led caste equality movement:/श्री नारायण गुरू ने जाति समानता आंदोलन की शुरुआत की :
(a) in Kerala, Karnataka and Maharashtra/केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र में
(b) to promote the idea of one God/एक परमेश्वर के विचार को बढ़ावा देने के लिए
(c) to endorse the idea of caste multiplicity/जाति विविधता के विचार को समर्थन देने के लिए
(d) in order to promote western education/पश्चिमी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए

Ans. (b) : पूर्वी बंगाल में हरिदास ठाकुर के मतुआ पंथ ने चांडाल काश्त कारों के बीच काम किया। हरिदास ने जाति व्यवस्था को सही ठहराने वाले ब्राह्मणवादी ग्रंथों पर सवाल उठाया जिसे आज केरल कहा जाता है वहाँ ऐझावा जाति के श्री नारायण गुरू ने अपने लोगों के बीच एकता का आदर्श रखा। उनके अनुसार सारी मानवता की एक ही जाति है। उनका एक महत्वपूर्ण कथन था - ओरू जाति, ओरू मतम् औरू दैवम मनुष्यानु' (मानवता की एक जाति एक धर्म एक ईश्वर) इस प्रकार इन्होंने एक परमेश्वर के विचार को बढ़ावा देने को कहा।

14. Veersalingam Pantulu was a reformer.
वीरेशलिंगम पंतुलु एक सुधारक थे :
(a) from Bombay Presidency who mobilized against casteism./बम्बई प्रेज़ीडेंसी से आते थे जिन्होंने जातिवाद के विरूद्ध लोगों को लामबंद किया।
(b) from Telugu speaking area of Madras Presidency, who campaigned for widow remarriage./मद्रास प्रेज़ीडेंसी के तेलुगु भाषी इलाके से आते थे जिन्होंने विधवा विवाह के लिए अभियान चलाया
(c) who founded the Arya Samaj./जिन्होंने आर्य समाज की स्थापना की
(d) who founded the Brahmo Samaj./जिन्होंने ब्रह्मों समाज की स्थापना की

Ans. (b) : वीरेशालिंगम पंतुलु मद्रास प्रेसीडेंसी के तेलुगु भाषी इलाके से आते थे जिन्होंने विधवा विवाह के लिए अभियान चलाया। लगभग उसी समय बम्बई में युवा बुद्धजीवीयो और सुधारकों ने भी विधवा विवाह के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। उत्तर में आर्य समाज की स्थापना करने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी विधवा विवाह का समर्थन किया। इसके बावजूद भी विधवा विवाह करने वाली विधवा महिलाओं की संख्या कम थी। विवाह करने वाली विधवाओं को समाज में आसानी से स्वीकार नहीं किया जाता था। इस तरह रूढ़िवादी तबके इस नए कानून का विरोध करते रहे।

15. Consider the following statements and choose the correct option:
Statement (A) : Ground on which we are standing is slowly moving.
Statement (B) : Within earth internal and external processes are responsible for this continuous movement.
Options :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :
कथन (A) : जिस मैदान पर हम खड़े हैं उसमे धीरे-धीरे गति हो रही है।
कथन (B) : पृथ्वी के अन्दर होने वाली इस लगातार गति के लिए आंतरिक व बाह्य प्रक्रियाएं उत्तरदायी है।
विकल्प :
(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)/ (A) व (B) दोनों सही हैं तथा (B) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)/ (A) व (B) दोनों सही हैं किन्तु (B) व्याख्या नही है (A) की।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true /(A) गलत है किन्तु (B) सही है।

Ans. (a) : जिस मैदान पर हम खड़े है उसमें धीरे-धीरे गति हो रही है इसका आशय यह है कि पृथ्वी के अन्दर होने वाली इस लगातार गति के लिए आंतरिक व बाह्य प्रक्रियाएँ उत्तरदायी है। इस प्रकार कथन (A) और (B) दोनों सही है तथा (B) सही व्याख्या है (A) की। पृथ्वी सूर्य से दूरी के हिसाब से यह तीसरा ग्रह है। आकार में यह पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है। यह ध्रुवों के पास थोड़ी चपटी है यही कारण है कि इसके आकार को भू-आभा कहा जाता है।

16. Match the column of Countries with the column of Latitudes.
देशों के कॉलम का अक्षांशों के कॉलम से मिलान कीजिए :

Latitudes/अक्षांश	Country/देश
(a) Equator विषुवत रेखा	**(i) India भारत**
(b) Tropic of Cancer कर्क रेखा	**(ii) Republic of Congo काँगो गणराज्य**
(c) Tropic of Capricorn मकर रेखा	**(iii) Chile चिली**

Options:
विकल्प :
(a) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii)
(b) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i)
(c) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

Latitudes/अक्षांश	Countrty/देश
विषुवत रेखा	कांगो गणराज्य
कर्क रेखा	भारत
मकर रेखा	चिली

17. Read the following statements (A) and (B) and choose the appropriate option.
(A) : Earth is slightly flattened at the middle and bulged at the poles.
(B) : Earth is slightly flattened at the poles and bulged in the middle.
Options :
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) : पृथ्वी मध्य में थोड़ी चपटी तथा ध्रुवों पर उभरी हुई है।
(B) : पृथ्वी ध्रुवों पर थोड़ी चपटी तथा मध्य में उभरी हुई है।
विकल्प :
(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (d) : हमारी पृथ्वी गोलाकार नहीं है। यह उत्तर और दक्षिण ध्रुवों पर थोड़ी चपटी है तथा मध्य में थोड़ी उभरी हुयी है। ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है। ग्लोब विभिन्न प्रकार के हो सकते है - बड़े ग्लोब जो आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर नहीं ले जाए जा सकते। पॉकेट में रखने योग्य छोटे ग्लोब तथा गुब्बारे जैसे ग्लोब, जिनमें हवा पानी भरी जा सकती है एवं आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाए जा सकते है। ग्लोब पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।

18. If the time at Greenwich is 6:30 am, what will be the longitude of the place where the time is 11:30 am.
जब ग्रीनविच पर 6:30 पूर्वाह्न बजे होंगे तब 11:30 पूर्वाह्न किस देशांतर पर बजे होंगे?
(a) 60º East/60º पूर्व (b) 70º West/70º पश्चिम
(c) 75º East/75º पूर्व (d) 75º West/75º पश्चिम

Ans. (c) : यदि ग्रीनविच पर 6:30 पूर्वाह्न बजे होंगे तब 11:30 पूर्वाह्न 75^0 पूर्व देशान्तर पर बजे होंगे। भारत ग्रीनविच के पूर्व $82^0$30 पूर्व में स्थित है। कुछ देशों का देशांतरीय विस्तार अधिक होता है। जिसके कारण वहाँ एक से अधिक मानक समय अपनाए गए है। उदाहरण के लिए रूस में 11 मानक समयों को अपनाया गया है। पृथ्वी को एक-एक घंटे वाले 24 समय क्षेत्रों में बांटा गया है। इस प्रकार प्रत्येक समय क्षेत्र 15^0 देशान्तर तक वे क्षेत्र को घेरता है।

19. Which of the following is different from the rest?
निम्न में से कौन सा अन्यों से भिन्न है?
(a) Savanna/सवाना (b) Campos/कंपोस
(c) Llanos/लानोस (d) Praire/प्रेअरी

Ans. (d) : उत्तर अमेरिका के घासस्थल को प्रेयरी कहते हैं। यह एक शीतोष्ण घास स्थल है जबकि विकल्प में दिए गए और सवाना, कम्पोस, लानोज ये उष्ण कटिबंधीय घास के उदाहरण है। जोकि प्रेयरी इनमें से भिन्न है। प्रेयरी घास स्थल समतल, मंद ढलान या पहाड़ियों वा2ले प्रदेश है, जहाँ पेड़ कम घास अधिक होती है। वास्तव में यह घास का विशाल क्षेत्र है। अधिकांश भागों में प्रेयरी वृक्ष रहित है परन्तु निचले मैदानों के निकट नदी घाटियों के साथ-साथ यहाँ वन भी पाएँ जाते है।
नोट - प्रेयरी शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'प्रिएटा' से हुयी है। जिसका अर्थ 'शाइल' है।

20. Consider the following statements about 'Deserts' and choose the appropriate option:
(A) Desert is an arid region.
(B) Desert area is characterized only by extreme hot temperature.
(C) Desert area could have gravel plains and plateaus besides vast stretches of sands.
Options :
'मरूस्थलों' के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) मरूस्थल एक शुष्क प्रदेश होता है।
(B) मरूस्थल की विशेषता है कि यहाँ केवल अत्यधिक उच्च तापमान पाया जाता है।
(C) मरूस्थलीय क्षेत्र में बालू के विशाल फैलाव के साथ बजरी के मैदान और पठारी इलाके भी पाए जा सकते हैं।
विकल्प :
(a) (A) and (B) are true/(A) और (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true/(B) और (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true /(A) और (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (c) : मरूस्थल एक शुष्क प्रदेश होता है। मरूस्थल की एक विशेषता यह है वहाँ दिन में अत्यधिक उच्च तापमान और रात में निम्न तापमान रहता है और मरूस्थल बालू की विशाल परतों से ढंका हुआ ही नहीं बल्कि वहाँ बजरी के मैदान और नग्न चट्टानी सतह वाले उत्थित पठार भी पाए जाते हैं। ये चट्टानी सतहे कुछ स्थानों पर 2500 मीटर से भी अधिक ऊँची है।
नोट - जहाँ पीने के लिए जल न हो, मवेशियों के चरने के लिए घास न हो ऐसे स्थान को मरूस्थल कहते है।

21. Consider the following statements about rocks:
(A) Any natural mass of mineral matter that makes up earth's crust is called a rock.
(B) Igneous rocks are formed from magma.
(C) Deccan plateau is made up of granite.
Choose the correct option:
शैल के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :
(A) पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राकृतिक पिंड को शैल कहते हैं।
(B) आग्नेय शैल मैग्मा से बनती हैं।
(C) दक्कन पठार ग्रेनाइट से बना है।
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) (A) and (B) are true/(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true /(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true /(A) तथा (C) सही है।
(d) Only (B) is true/केवल (B) सही है।

Ans. (a) : पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राकृतिक पिंड को शैल कहते हैं। द्रवित मैग्मा ठंडा होकर ठोस हो जाता है। इस प्रकार बने शैल को आग्नेय शैल कहते है। इन्हें प्राथमिक शैल भी कहते है और दक्कन का पठार ग्रेनाइट से नहीं बल्कि बेसाल्ट शैलों से बना है। इस प्रकार कथन (A) तथा (B) सही है जबकि (C) गलत है।
मुख्य रूप से शैल तीन प्रकार की होती है–
(1) आग्नेय शैल
(2) अवसादी शैल
(3) कायान्तरित शैल

22. Insolation is influenced by _____.
(A) Clouds
(B) Latitude
(C) Water vapour and dust
Choose the correct option:
आतपन प्रभावित होता है _____ ।
(A) बादलों द्वारा
(B) अक्षांश द्वारा
(C) जलवाष्प व धूलकणों द्वारा
सही विकल्प चुने :
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (d) : आतपन को प्रभावित करने वाले कारक निम्न है–
(1) बादलों द्वारा
(2) अक्षांश द्वारा
(3) जलवाष्प व धूलकणों द्वारा
आतपन एक महत्वपूर्ण कारक है, जो तापमान के वितरण को प्रभावित करता है। सूर्य से आने वाली वह ऊर्जा जिसे पृथ्वी रोक लेती है, आतपन कहलाती है। आतपन (सूर्यातप) की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की घटती है। इसलिए तापमान उसी प्रकार घटता जाता है।
नोट - तापमान को मापने की मानक इकाई डिग्री सेल्सियस है इसका आविष्कार ऐंडर्स सेल्सियस ने किया था।

23. Consider the following statements on trade winds and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर व्यापारिक पवनों के संदर्भ में विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) The trade winds are unpredictable, they blow only in winters./व्यापारिक पवनों के बारे में अनुमान नही लगाया जा सकता, ये सिर्फ सर्दियों में चलती हैं।
(b) The trade winds blow from west to east/व्यापारिक पवनें पश्चिम से पूर्व की ओर चलती हैं।
(c) The trade winds blow from east to west /व्यापारिक पवनें पूर्व से पश्चिम की ओर चलती हैं।
(d) They blow in the polar region/ये ध्रुवीय क्षेत्रों में बहती हैं।

Ans. (c) : व्यापारिक पवने पूर्व से पश्चिम की ओर चलती है। दक्षिण अक्षांश के क्षेत्रों अर्थात् उपोष्ण उच्च वायु दाब कटिबंधों से भूमध्यरेखीय निम्नवायु दाब कटिबंध की ओर दोनों गोलार्द्धों में वर्ष भर निरन्तर प्रवाहित होने वाले पवन को व्यापारिक पवन कहते हैं। ये पवन वर्ष भर एक ही दिशा में निरन्तर बहती रहती है। इन्हें अंग्रेजी में ट्रेड विंड्स' कहते है। यहाँ ट्रेड शब्द जर्मन भाषा से लिया गया है जिसका तात्पर्य निर्दिष्ट पथ या मार्ग से है। इस कारण यह वर्ष एक ही दिशा में बहती रहती है।

24. Read the following Assertion (A) and Reasoning (R) and choose the appropriate option.
(A) : Less number of people live in the mountainous areas of the Ganga – Brahmaputra basin.
(R) : Environment plays a dominant role in the distribution of population.
Options :
दिए गए कथन (A) तथा कारण (R) को पढिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए :
(A) : गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन के पर्वतीय क्षेत्र में कम लोग रहते हैं।
(R) : जनसंख्या के वितरण में पर्यावरण की प्रमुख भूमिका होती है।
विकल्प :-
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) Both (A) and (R) are false/(A) तथा (R) दोनों गलत है।
(d) (A) is true but (R) is false/(A) सही है किन्तु (R) गलत है।

Ans. (a) : गंगा तथा ब्रह्मपुत्र की सहायक नदिया मिलकर भारतीय उपमहाद्वीप में गंगा ब्रह्मपुत्र बेसिन का निर्माण करती है। इस बेसिन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की स्थलाकृति है। जनसंख्या के वितरण में पर्यावरण की प्रमुख भूमिका होती है। तीव्र ढाल वाले पर्वतीय क्षेत्र बसने के लिए प्रतिकूल है अतः गंगा ब्रह्मपुत्र बेसिन के पर्वतीय क्षेत्र में कम लोग रहते है। इस प्रकार (A) और (R) दोनों सही है, (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

25. Consider the statements A, B and C and choose the correct answer:

(A) Minerals are found in igneous rocks, sedimentary rocks and metamorphic rocks.

(B) Metallic minerals are found in igneous rocks but not in metamorphic and sedimentary rocks.

(C) Mineral fuels are found in the sedimentary strata.

Which of the above statement/statements are true?

कथन A, B और C पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें।

(A) खनिज आग्नेय शैलों, अवसादी शैलों और कायांतरित शैलों में पाए जाते हैं।

(B) धात्विक खनिज आग्नेय शैलों में पाए जाते हैं लेकिन कायांतरित एवं अवसादी शैलों में नही पाए जाते हैं।

(C) खनिज ईंधन अवसादी स्तर में पाए जाते हैं।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) Only (B)/केवल (B)

Ans. (b) : खनिज आग्नेय शैलों, अवसादी शैलों, और कायांतरित शैलों में पाए जाते हैं। धात्विक खनिज केवल आग्नेय शैलों में ही नहीं, बल्कि सभी शैलों में पाए जाते हैं। खनिज ईंधन अवसादी स्तर में पाए जाते है। इस प्रकार कथन (A) और (C) सही है।
खनिज एक प्राकृतिक अकार्बनिक तत्व या यौगिक है। इसमें विशिष्ट रासायनिक संरचना, क्रिस्टल रूप और भौतिक गुणों के साथ-साथ एक व्यवस्थित आंतरिक संरचना होती है। पृथ्वी पर पाए जाने वाले सामान्य खनिजों में अभ्रक, क्वार्टज, शामिल होते है।

26. Consider the following statements (A) and (R).

Assertion (A) : Gulf of Kachchh in India has tidal mill farms.

Reason (R) : Tidal energy can be harnessed by building dams at wide openings of the sea.

Choose the correct option:

निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) पर विचार करें।

कथन (A) : भारत में कच्छ की खाड़ी में विशाल ज्वारीय मिल के क्षेत्र हैं।

कारण (R) : ज्वारीय ऊर्जा का विदोहन समुद्र के चौड़े मुँहाने में, बाँध के निर्माण से किया जा सकता है?

सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (c) : भारत में खम्भात की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी तथा पश्चिमी तट पर गुजरात में और पश्चिम बंगाल में सुंदर ज्वारीय वन क्षेत्र मिलते हैं और महासागरीय तरंगों का प्रयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकता है। संकरी खाड़ी के आर-पार, (न कि चौड़े मुहाने) बाढ़ द्वारा बनाकर बाँध बनाए जाते है। उच्च ज्वार में इस संकरी खाड़ी नुमा प्रवेश द्वार से पानी भीतर भर जाता है और द्वार बन्द होने पर बांध में ही रह जाता है। बाढ़ द्वार के बाहर ज्वार उतरने पर, बांध के पानी को इसी रास्ते पाइप द्वारा समुद्र की तरफ बहाया जाता है। जो इसे ऊर्जा उत्पादक टरबाइन की ओर ले जाता है।

27. Arrange in descending order the amount of raw material required for the manufacture of steel.

(A) Iron ore
(B) Coal
(C) Lime stone
Options :

इस्पात के उत्पादन में कच्चे मालों को जरूरत पड़ने वाली मात्रा के हिसाब से घटते क्रम में रखें।

(A) लौह अयस्क
(B) कोयला
(C) चूना-पत्थर

(a) (A) – (B) – (C)
(b) (A) – (C) – (B)
(c) (B) – (A) – (C)
(d) (A) & (B) in equal amount but more than (C)/(A) और (B) समान मात्रा में लेकिन (C) से ज्यादा

Ans. (c) : इस्पात के उत्पादन में कच्चे मालों को जरूरत पड़ने वाली मात्रा के हिसाब से घटते क्रम इस प्रकार है। (1) कोयला (2) लौह अयस्क (3) चूना-पत्थर
(1) कोयला - एक ठोस कार्बनिक पदार्थ है जिसको ईंधन के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। यह 4 प्रकार का होता है–
(1) ऐंथ्रेसाइट कोयला (2) विटुमिनस कोयला
(3) लिग्नाइट कोयला (4) पीट
(2) लौह अयस्क - यह कच्चा माल है, जिसका उपयोग पिग आयरन (ढलवा लोहा) बनाने के लिये किया जाता है।
(3) चूना-पत्थर - यह एक अवसादी चट्टान है जो मुख्य रूप से कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) के विभिन्न क्रिस्टलीय रूपों जैसे कि खनिज से मिलकर बनी होती है।

28. Which among the following is the opposite of stereotyping?
निम्नलिखित में से क्या रूढ़िबद्ध धारणाएँ बनाने का विपरीत है?

(a) Recognition of individuality in society/समाज में व्यक्तिकता की पहचान करना
(b) Fitting people into one pattern/लोगों को एक खाँचे में जड़ना
(c) Having prejudices against a category of people/एक किस्म के लोगों के लिए पूर्वाग्रह रखना
(d) Acknowledging homogeneity in society/समाज में एकरूपता की सराहना करना

Ans. (a) : समाज में व्यक्तिकता की पहचान करना रूढ़िबद्ध धारणाएँ बनाने का विपरीत है। रूढ़िबद्धता से अभिप्राय समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक क्रियाएँ एवं कुरीतियों से है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में अपने मूल रूप से स्थानांतरित होती रहती है।

29. What would be missing in a society with uniformity ?
एकरूपी समाज में किस चीज की कमी पाई जाएगी?

(a) Equality/समानता
(b) Sameness/समरूपता
(c) Homogeneity/समांगता/एकरूपता
(d) Diversity/विविधता

Ans. (d) : एक रूपी समाज में विविधता की कमी पाई जाएगी। शैक्षणिक उद्देश्य से हम विविधता को विभिन्न भागों में बांट सकते है–
भौगोलिक तत्व में विविधता
धार्मिक तत्त्व में विविधता
राजनीतिक तत्व का भाषायी तत्त्व में विविधता
भौगोलिक तत्त्व - भारत में भौगोलिक विविधताएँ है। बड़े स्तर पर देश को कई क्षेत्रों में बांट सकते है। हिमालय, उत्तरी मैदान, मध्य भारत तथा दक्कन का पठार, पूर्वी एवं पश्चिमी घाट आदि।
धार्मिक तत्व - भारत में बहुत से धार्मिक समुदाय रहते है जिनमें बहुसंख्यक हिन्दू तथा अल्पसंख्यक मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि।

30. The panchayat at block level is called _____.
विकासखंड स्तर की पंचायत को _____ कहते हैं।

(a) Janpad Panchayat/जनपद पंचायत
(b) Zila Parishad/जिला परिषद
(c) Panchayat sabha/पंचायत सभा
(d) Gram Panchayat/ग्राम पंचायत

Ans. (a) : विकासखंड स्तर की पंचायत को जनपद पंचायत कहते है। जनपद पंचायत का अर्थ तालुका स्तर पर स्थानीय स्वशासी निकाय (कराधान उद्देश्यों के लिए एक प्रशासनिक जिला जिसमें आमतौर पर कई गाँव शामिल होते है।) जनपद पंचायत संगठन के कार्य भी भिन्न होते है। यह एक ब्लॉक में पंचायतों की सभी गतिविधियों का समन्वय करता है। यह समिति कई विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देते है।
नोट – अलग-अलग राज्यों में इन्हें अलग-अलग नाम दिया गया है।

31. In America, women got the right to vote in 1920. In the light of the given statement, which among the following would NOT be a correct statement?
अमेरिका में महिलाओं को मतदान का अधिकार 1920 में प्राप्त हुआ। दिए गए कथन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही नहीं माना जाएगा?

(a) Women were considered as equal to men prior to 1920./1920 से पहले तक महिलाओं को पुरुषों के समान माना जाता था।
(b) Women and men were not treated equally prior to 1920 in matter of political rights./1920 से पहले तक पुरुषों और महिलाओं को राजनीतिक अधिकारों में समानता नहीं दी गई थी।
(c) America did not have Universal Adult Franchise prior to 1920./1920 से पहले अमेरिका में सार्वभौमिक मताधिकार नहीं था।
(d) Women's suffrage in America is a 20th century event./अमेरिका में महिला मताधिकार एक बीसवीं शताब्दी की घटना है।

Ans. (a) : अमेरिका में महिलाओं को मतदान का अधिकार 1920 में प्राप्त हुआ और 1920 से पहले महिलाओं को पुरुषों के समान नहीं माना जाता था। इस प्रकार विकल्प (a) सही नहीं है। जबकि 1920 से पहले पुरुषों और महिलाओं को राजनीतिक अधिकारों में समानता नहीं दी गयी थी।
1920 से पहले अमेरिका में सार्वभौमिक मताधिकार नहीं था, और अमेरिका में महिला मताधिकार एक बीसवीं शताब्दी की घटना है। इस प्रकार (A) को छोड़कर बाकी सभी सही है। 1917 में न्यूयॉर्क शहर में महिलाओं ने मताधिकार के लिए अपने अधिकारों की मांग की थी।

32. Why goods sold in the weekly markets are cheaper than those sold in permanent shops?
(A) Weekly market traders do not need to hire workers.
(B) Weekly market traders face tough competition.
(C) Weekly market traders sell too low quality products.
Choose the appropriate option.
पक्की दुकानों की तुलना में साप्ताहिक बाजारों में बहुत सी चीजें सस्ते दामों पर क्यों मिल जाती हैं?
(A) साप्ताहिक बाजारों में व्यापारियों को कर्मचारी नही भर्ती करने पड़ते।
(B) साप्ताहिक बाजारों में व्यापारियों को कड़ी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है।
(C) साप्ताहिक बाजारों में बेची जानी वाली वस्तुओं की गुणवत्ता बहुत खराब होती है।
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct /केवल (B) सही है।
(c) Only (A) and (B) are correct/केवल (A) और (B) सही है।
(d) Only (B) and (C) are correct /केवल (B) और (C) सही हैं।

Ans. (c) : पक्की दुकानों की तुलना में साप्ताहिक बाजारों में बहुत सी चीजें सस्ते दामों पर मिलती है। इसका प्रमुख कारण इस प्रकार है– (1) साप्ताहिक बाजारों में व्यापारियों को कर्मचारी नहीं रखने पड़ते है।
(2) साप्ताहिक बाजारों में व्यापारियों को कड़ी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ता है। इस कारण चीजे सस्ती मिल जाती है।
वह बाजार जो सप्ताह में किसी निश्चित दिन लगती है इसे साप्ताहिक बाजार कहते है। इस साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकाने नहीं होती है। व्यापारी दिन में दुकान लगाते है और शाम को समान समेटकर चले जाते है।

33. The struggle led by Tawa Matsya Sangh in Madhya Pradesh in the 1990s was to ensure which of the following right?
1990 के दशक में मध्य प्रदेश में तवा मत्स्य संघ द्वारा संचालित संघर्ष निम्नलिखित में से किस अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था?
(a) Right to livelihood/जीविका का अधिकार
(b) Right to information/सूचना का अधिकार
(c) Right to land/भूमि का अधिकार
(d) Right to forest Products/वन उत्पाद का अधिकार

Ans. (a) : 1990 के दशक में मध्य प्रदेश में तवा मत्स्य संघ द्वारा संचालित संघर्ष 'जीविका का अधिकार' को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था। नवगठित 'तवा मत्स्य संघ' (टी.एम.एस.) ने सरकार से मांग की कि लोगों के जीवन निर्वाह के लिए बांध में मछलियाँ पकड़ने के काम को जारी रखने की अनुमति दी जाए। यह मांग करते हुए चक्का जाम शुरू किया। उनके प्रतिरोध को देखकर सरकार ने पूरे मामले की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की। समिति ने गाँव वालो के जीवन यापन के लिए उनको मछली पकड़ने का अधिकार देने की अनुशंसा की।

34. Majority of the members of the Rajya Sabha are elected by:
राज्यसभा के अधिकांश सदस्यों का चुनाव किया जाता है:
(a) the people of the states/राज्य के लोगों द्वारा।
(b) the political parties that oppose the majority party/राजनीतिक दलों द्वारा जो बहुमत दल का विरोध करते हैं।
(c) the elected members or ministers of different areas/विभिन्न क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों या मंत्रियों द्वारा।
(d) the elected members of the legislative Assemblies of various states./विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा।

Ans. (d) : राज्य सभा के अधिकांश सदस्यों का चुनाव विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है। नियमों के अनुसार, केवल राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्य ही राज्य सभा चुनाव में मतदान कर सकते है। इनके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा एक निरन्तर चलने वाली संस्था है, यानी ये एक स्थायी संस्था है और इसका विघटन नहीं होता है, किन्तु इसके एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष सेवानिवृत्ति होते है। इसके अतिरिक्त इस्तीफे, मृत्यु या अयोग्यता के कारण उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को उपचुनावों के माध्यम से भरा जाता है।

35. International woman's day is celebrated every year on:
प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाये जाने की तिथि है:
(a) 8th March/8 मार्च
(b) 18th April/18 अप्रैल
(c) 11th June/11 जून
(d) 21th December/21 दिसंबर

Ans. (a) : प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की तिथि 8 मार्च है। इसमें शामिल है–
(1) महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न।
(2) महिलाओं की समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
(3) त्वरित लैंगिक समानता के लिए निर्णय
(4) महिलाओं के लिए अनुदान की व्यवस्था
नोट- हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी का चयन पश्चिमी क्षेत्र (पाकिस्तान का सामना करने वाली) में एक फ्रंटलाइन लड़ाकू इकाई की कमान संभालने के लिए किया गया है।

36. Consider the following statements (A) and (R).
(A) : The Constitution of India recognizes the right to water as being a part of the right to life under Article 21.
(R) : Every person should have universal access to water.
Choose the correct option:
निम्न कथनों (A) तथा (R) पर विचार कीजिए :
(A) : भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत पानी के अधिकार को जीवन के अधिकार का हिस्सा माना गया है।
(R) : प्रत्येक व्यक्ति की पानी तक सार्वजनिक पहुँच होनी चाहिए।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) तथा (R) दोनों सही है, और (R) सही व्याख्या है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही है, किन्तु (R) सही व्याख्या नही है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत पानी के अधिकार को जीवन के अधिकार का हिस्सा माना गया है। इसका आशय है कि प्रत्येक व्यक्ति की पानी तक सार्वजनिक पहुँच होनी चाहिए। अनुच्छेद 21 कहता है कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा। यह अधिकार नागरिकों और गैर-नागरिकों दोनों के लिए है। यह अनुच्छेद व्यक्ति को मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रदान करता है।

37. Which among the following constitutional provision enable Radha from Madhya Pradesh to come to Delhi and work there?

निम्नलिखित में से कौन सा संवैधानिक प्रावधान राधा को मध्यप्रदेश से दिल्ली आकर काम करने के समर्थ बनाता है?

(a) Fundamental Rights/मौलिक अधिकार
(b) Fundamental Duties/मौलिक दायित्व
(c) Parliamentary system/संसदीय व्यवस्था
(d) Directive principles of state policy/नीति-निर्देशक तत्त्व

Ans. (a) : भारतीय संविधान के अंतर्गत भारतीयों को सुख में 7 मौलिक अधिकारों की गारंटी प्रदान की गयी थी। बाद में 44वें संविधान संशोधन द्वारा संपत्ति के अधिकार को इन अधिकारों की सूची से हटा देने के बाद छः मौलिक अधिकार रह गए है। स्वतंत्रता का अधिकार अनुच्छेद 19-22 में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रत का अधिकार प्रदान करता है। जिसमें पूरे भारत में स्वतंत्रत रूप से घूमने, भारत के किसी भी हिस्से में निवास करने और बसने, किसी भी व्यापार या व्यवसाय को करने का अधिकार देता है। इस प्रकार मौलिक अधिकार प्रावधान द्वारा राधा को मध्य प्रदेश से दिल्ली आकर काम करने के समर्थ बनाता है।

38. D.K. Basu guidelines laid down by the Supreme Court relate to which of the following?
उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए डी.के बासु दिशानिर्देश निम्नलिखित में से किस के बारे में है?

(a) Procedure to be followed by the police in matter of arrest & interrogation/गिरफ्तारी और पूछताछ के दौरान पुलिस द्वारा मानी जाने वाली प्रक्रियाएँ
(b) Health care facilities in public hospitals/जन अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएँ
(c) Investigation in domestic violence cases/घरेलु हिंसा के मामलों में जांच
(d) Provision for appeal in a case from a lower court to a higher court/निचली अदालत से उपरी अदालत में किसी मामले को लेकर अपील का प्रावधान

Ans. (a) : उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए डी.के. बासु द्वारा दिशा निर्देश गिरफ्तारी और पूछताछ के दौरान पुलिस द्वारा मानी जाने वाली प्रक्रियाओं से संबंधित है। डी.के. बसु द्वारा कुछ अन्य महत्वपूर्ण निर्देश–
(1) पुलिस की स्पष्ट पहचान
(2) दोस्तो और रिश्तो को बताया जाए
(3) कानूनी सहायता
(4) अन्य मुख्यालयों से संपर्क
नोट - इस निर्देश का उद्देश्य उत्पीड़न के संरक्षण से है।

39. Who is the author of 'Gendering Caste : through a Feminist Lens'?
'जेंडरिंग कास्ट : थ्रू अ फेमिनिस्ट लेन्स' की लेखिका कौन हैं?

(a) Ramabai/रमाबाई
(b) Uma Chakravarti/उमा चक्रवर्ती
(c) Soyrabai/सोयराबाई
(d) Arundhati Roy/अरुंधती रॉय

Ans. (b) : कुछ प्रमुख पुस्तक एवं उनसे संबंधित लेखिका -

पुस्तक	लेखिका
जेंडरिंग कास्ट : थ्रू अ फेमिनिस्ट लेंस	उमा चक्रवर्ती
स्त्री धर्म नीति	रमाबाई
द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स	अरूंधती राय
स्त्रीपुरुष तुलना	ताराबाई शिंदे

40. Which of the following is/are true statements about process of social marginalization?
(A) People may experience marginalization because they speak a different language.
(B) Marginalised people experience a sense of disadvantage and powerlessness.
(C) Marginalisation is often experienced in either social or economic or political sphere only.
Choose the correct option:
सामाजिक हशियाकरण की प्रक्रिया के बारे में कौन सा/से कथन सही हैं?
(A) कई व्यक्ति हशियाकरण का अनुभव कर सकते हैं क्योंकि वे एक अलग भाषा बोलते हैं।
(B) हाशियाई समूह शक्तिहीनता और पराजय का अहसास अनुभव करता है।
(C) हाशियाकरण प्रायः राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक दायरे में किसी एक में ही महसूस किया जाता है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(d) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)

Ans. (c) : सामाजिक हाशियाकरण की प्रक्रिया के बारे में कई व्यक्ति हाशियाकरण का अनुभव कर सकते हैं क्योंकि वे एक अलग भाषा बोलते हैं। हाशियाई समूह शक्तिहीनता और पराजय का अनुभव अहसास कराता है। और हाशियाकरण राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक दायरे में इनमें से सभी में महसूस किया जाता है। इस प्रकार कथन (A) तथा (B) सही है।
हाशियाकरण का मतलब होता है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को किनारे या हाशिए पर ढकेल देना। हाशियाकरण वाला व्यक्ति या समुदाय समाज की मुख्य धारा में नहीं रहता है। हाशियाकृत लोग या समुदाय गरीब व कमजोर होते है तथा इनको हीन दृष्टि से देखा जाता है।

41. In an inclusive social science classroom, a teacher would _____ .
समावेशी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में, एक शिक्षक :

(a) believe that every child has a potential to learn as per his/her abilities and strength/विश्वास करेगा कि प्रत्येक बच्चे के पास उसके/उसकी शक्ति एवं क्षमताओं के अनुसार सीखने की संभावना है।

(b) attend only to the gifted and talented learners/केवल प्रतिभावान एवं गुणी अधिगमकर्ताओं पर ही ध्यान देगा।
(c) use labels such as 'retarded learner' and 'slow learner'/'मंद-बुद्धि अधिगमकर्ता एवं मंद अधिगमकर्ता' जैसे वर्गीकरण का प्रयोग करेगा।
(d) show pity and sympathy towards the challenged learners/दिव्यांग अधिगमकर्ताओं के प्रति दया एवं सहानुभूति दिखाएगा।

Ans. (a) : समावेशी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में, एक शिक्षक प्रत्येक बच्चे के पास उसके /उसकी शक्ति एवं क्षमताओं के अनुसार सीखने की संभावना को संदर्भित करता है। शिक्षकों में निम्न गुणों का होना अनिवार्य है।
(1) विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान कर सके।
(2) शिक्षक में इस प्रकार की योग्यता होनी चाहिए कि बालकों में किस प्रकार के कौशल है। उनके मूल्यों का आकलन करें।
(3) अधिगम को आनन्ददायक बनाने की योग्यता हो।
(4) उनमें इस प्रकार की योग्यता हो कि वह विद्यार्थियों की व्यक्तिगत रूचियों और आन्तरिक प्रेरणा से वांक्षनीय कौशलों का विकास कर सकें।

42. The approach to bring together methods of enquiry and conceptual schemes from many disciplines into a combination for a course is called the following:
एक पाठ्यक्रम में कई विषयों से अन्वेषण पद्धतियों एवं संकल्पनात्मक योजनाओं को साथ लाने के उपागम को कहते हैं :
(a) Multidisciplinary approach/बहुविषयात्मक उपागम
(b) Integrated approach/समावेशी उपागम
(c) Unit approach/इकाई उपागम
(d) Interdisciplinary approach/अंतर्विषयात्मक उपागम

Ans. (a) : एक पाठ्यक्रम में कई विषयों से अन्वेषण पद्धतियों एवं संकल्पनात्मक योजनाओं को साथ लाने के उपागम को बहुविषयात्मक उपागम कहते है। बहुविषयक उपागम एक ऐसा उपागम है, जो विभिन्न विषयों के उपागम से एक अवधारणा को परिभाषित करने या समझने की अनुमति देता है। बहुविषयक उपागम किसी मामले या मुद्दे को समझने के लिए विभिन्न विषयों के दृष्टिकोणों का उपयोग करता है। जहाँ प्रत्येक विषय की अपनी विशिष्ट पहचान होती है। इसके अन्तर्गत सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए दृश्य, श्रवण और स्पर्शीय विधि का उपयोग करते है।

43. With regard to the factors to be kept in mind while developing a lesson plan for a Social and Political life class, consider the following statements and choose the correct option.
Statement (I) : While preparing lesson plans, a teacher should ensure that the teaching techniques and strategies are homogenous in nature.
Statement (II) : Theoretical knowledge should not be applied on lesson plans to avoid incomprehensibility.
सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन की कक्षा में एक पाठ योजना विकसित किए जाते समय जिन कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, उसके संदर्भ में निम्न कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
कथन (i) : पाठ योजना बनाते समय शिक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शैक्षिक प्रविधियाँ और युक्तियाँ प्रकृति में एकरूप हों।
कथन (ii) : अबोधगम्यता से बचने के लिए पाठ योजना में सैद्धान्तिक ज्ञान को प्रयोग में नहीं लाना चाहिए।
विकल्प :-
(a) Only (I) is correct/केवल (i) सही है।
(b) Only (II) is correct/केवल (ii) सही है।
(c) Both (I) and (II) are correct/दोनों (i) तथा (ii) सही हैं।
(d) Both (I) and (II) are incorrect/दोनों (i) तथा (ii) गलत हैं।

Ans. (d) : पाठ योजना बनाते समय शिक्षक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शैक्षिक प्रविधियाँ और युक्तियाँ विषय के अनुरूप हो प्रकृति के नहीं और अबोधगम्यता से बचने के लिए पाठ योजना में सैद्धान्तिक ज्ञान को प्रयोग में लाना चाहिए। इस प्रकार कथन (i) और कथन (ii) दोनों गलत हैं पाठ योजना बनाते समय निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए–
(i) पाठ योजना बनाते समय कक्षा-स्तर का ज्ञान अवश्य होना चाहिए।
(ii) प्रकरण को एक या अधिक सोपानों में विभाजित करना चाहिए।
(iii) विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान की जानकारी शिक्षकों को होनी चाहिए।
(iv)शिक्षण सिद्धान्तों, शिक्षण सूत्रों तथा शिक्षण विधियों का पूरा ज्ञान होना चाहिए।

44. With regard to end text questions, consider the following two statements and choose the correct answer :
Statement (I) : Can be used to assess the extent to which content has been assimilated.
Statement (II) : Cover the main concepts raised by the chapter and encourage students to explain them in their own words.
Options :
पाठ के अंत में दिए प्रश्नों के संदर्भ में निम्न दो कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए:
कथन (I) : पाठ्य-वस्तु को किस हद तक आत्मसात् कर लिया है, इसके आकलन हेतु उपयोग में लाए जा सकते हैं।
कथन (II) : पाठ में उठाए गए मुख्य संप्रत्ययों को पूरा करते हैं तथा विद्यार्थियों के अपने शब्दों में समझाने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।
विकल्प :-
(a) Only (I) is correct/केवल (I) सही है।
(b) Only (II) is correct/केवल (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are correct/दोनों (I) तथा (II) सही है।
(d) Both (I) and (II) are incorrect/दोनों (I) तथा (II) सही नहीं है।

Ans. (c) : पाठ के अंत में पाठ्य वस्तु को छात्र किस हद तक आत्मसात कर लिया है, इसके आकलन हेतु उपयोग में लाए जा सकते हैं और पाठ में उठाए गए मुख्य संप्रत्ययों को पूरा करते है तथा विद्यार्थियों के अपने शब्दों में समझाने हेतु प्रोत्साहित करते है। इस प्रकार (I) और कथन (II) दोनों सही है।
पाठ के अंत में अभ्यास और गतिविधियाँ देने का उद्देश्य है बच्चों को अभिव्यक्ति के अवसर देना ताकि बच्चे अधिकाधिक भाषा का प्रयोग कर सके। पाठ के अंत में अभ्यास करने से पढ़े हुए पाठ का पूरा विश्लेषण हो जाता है।

45. "I had to sit away from the others in the class, and that too on the floor …….. sometimes they would beat me without any reason".
In using this excerpt of Omprakash Valmiki from his autobiography, 'Joothan' in the class, you will encourage students to:
''कक्षा में मुझे दूसरों से दूर बैठना पड़ता था, वह भी ज़मीन पर ..... कभी-कभी वे मुझे बिना किसी कारण के पीटते थे''। कक्षा में ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' से लिए गए उद्धरण के उपयोग से आप विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करेंगे:
(a) Interpret and comprehend the text/लेख की व्याख्या तथा समझने के लिए
(b) Analyse students' behavior towards Valmiki/वाल्मीकि के प्रति विद्यार्थियों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए
(c) Reason why Valmiki was treated in such a manner/क्यों वाल्मीकि के साथ-इस प्रकार का व्यवहार किया गया इसका तर्क देने के लिए
(d) Introspect on Valmiki's experiences/वाल्मीकि के अनुभवों पर आत्मविश्लेषण के लिए

Ans. (d) : कक्षा में मुझे दूसरों से दूर बैठना पड़ता था, वह भी जमीन पर ..... कभी-2 वे मुझे बिना किसी कारण के पीटते थे। कक्षा में ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' से लिए गए उद्धरण के उपयोग से आप विद्यार्थियों को वाल्मीकि के अनुभवों पर आत्मविश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। ओमप्रकाश वाल्मीकि एक भारतीय लेखक और कवि थे। अपनी आत्मकथा के लिए विख्यात 'जूठन' को दलित साहित्य में मील का पत्थर माना जाता है। इनका जन्म उ0प्र0 के मुजफ्फरनगर जिले के बरला गांव में हुआ था। इनकी अन्य रचना जैसे- सदियो का संताप है।

46. In order to make students gain some understanding about the horrors of war and to be able to suggest peaceful alternatives, a teacher organizes two weeks of teaching around the question 'can world war – III be prevented?' Throughout their study students use information from a variety of disciplines.
This above approach is an example of:
विद्यार्थियों को युद्ध की वीभत्सता के बारे में कुछ समझ अर्जित करने के लिए एवं शांतिपूर्ण विकल्पों को सुझाने में समर्थ बनाने के लिए, एक शिक्षक 'क्या तृतीय विश्व युद्ध टाला जा सकता है?' पर दो सप्ताह के अध्यापन का आयोजन करता है। उनके अध्ययन के समय विद्यार्थी विविध विषयों से सूचना का प्रयोग करते हैं।
उपरोक्त उपागम उदाहरण है:
(a) Interdisciplinary approach/अंतर्विषयात्मक उपागम का
(b) Integrated approach/समावेशी उपागम का
(c) Multidisciplinary approach/बहुविषयात्मक उपागम का
(d) Unit approach/इकाई उपागम का

Ans. (b) : विद्यार्थियों को युद्ध की वीभत्सता के बारे में कुछ समझ अर्जित करने के लिए एवं शांतिपूर्ण विकल्पों को सुझाने में समर्थ बनाने के लिए, एक शिक्षक क्या तृतीय विश्व युद्ध टाला जा सकता है ? पर दो सप्ताह के अध्यापन का आयोजन करता है। उनके अध्ययन के समय विद्यार्थी विविध विषयों से सूचना का प्रयोग करते है तथा यह समावेशी उपागम का उदाहरण है।
समावेशी शिक्षा ऐसी शिक्षा है जिसके अन्तर्गत शारीरिक रूप से बाधित बालक या सामान्य बालक साथ-साथ सामान्य कक्षा में शिक्षण ग्रहण करते है। समावेशी शिक्षा आधुनिक युग की नवीन खोज है, शिक्षा के क्षेत्र में यह एक नया मार्ग है।

47. Consider the following statements and choose the appropriate option.
Statement (I) : People think and draw meaning from their experiences by using concepts and generalizations.
Statement (II) : In a social science classroom emphasis is to be laid on developing concepts and the ability to analyse socio-political realities rather than mere retention of information.
Options:
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
कथन (I) : लोग संकल्पनाओं और सामान्यीकरण का उपयोग करते हुए, लोग अपने अनुभवों के अर्थ निकालते हैं।
कथन (II) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में संकल्पनाओं के विकास एवं सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं के विश्लेषण की क्षमता पर बल होना चाहिए बजाय मात्र सूचना को स्मरण रखने के।
विकल्प :-
(a) Statement (I) is false but Statement (II) is true/कथन (I) गलत है परन्तु (II) सही है।
(b) Both Statement (I) and (II) are true and (I) is the rational for (II)/कथन (I) और (II) दोनों सही हैं और (I), (II) का मूलाधार है
(c) Statement (I) is true, but Statement (II) is false/कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है
(d) Both Statement (I) and (II) are true but (I) is not the rational for (II)/कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु (I), (II) का मूलाधार नहीं है

Ans. (b) : लोग संकल्पनाओं और सामान्यीकरण का उपयोग करते हुए अपने अनुभवों का अर्थ निकालते है तथा सामाजिक विज्ञान की कक्षा में संकल्पनाओं के विकास एवं सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं के विश्लेषण की क्षमता पर बल होना चाहिए बजाय मात्र सूचना को स्मरण रखने पर। इस प्रकार इस प्रश्न के अन्तर्गत

कथन (I) और कथन (II) दोनों सही है और (I), (II) का मूलाधार है। विषय तथ्यों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है तथा तथ्यों का संकलन करने का माध्यम सामान्यीकरण कहलाता है अनुसंधानकर्ता तथ्यों को सही दिशा में प्रक्षेपित करने का प्रयास करता है।

48. A social science teacher wants to engage her students in evidence based enquiry on 'weather'. Which of the following tasks would find a place in her lesson plan?

(A) Asking students to note down weather report from a local newspaper for 10 days.

(B) Asking students to note down important points from a documentary on climate change.

(C) Asking students to collect songs on weather.

Choose the appropriate option.

सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका 'मौसम' विषय पर अपने विद्यार्थियों को प्रमाण आधारित जाँच में संलग्न करना चाहती है। निम्न में से कौन सा कार्य उनकी पाठ योजना में शामिल होगा?

(A) विद्यार्थियों को स्थानीय समाचार पत्र से दस दिन की मौसम रिपोर्ट लिखने का सुझाव देना।

(B) कक्षा में जलवायु परिवर्तन पर वृत्त चित्र देखने के दौरान विद्यार्थियों को मुख्य बिन्दुओं को लिखने को कहना।

(C) बच्चों को मौसम पर गाने एकत्रित करने को कहना।

उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(d) All (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C) सभी

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका 'मौसम' विषय अपने विद्यार्थियों को प्रमाण आधारित जांच में संलग्न करना चाहती है इसके लिए वह विद्यार्थियों को स्थानीय समाचार पत्र से 10 दिन की मौसम संबंधी रिपोर्ट लिखने का सुझाव देगी। जबकि कक्षा में जलवायु परिवर्तन पर वृत्त चित्र देखने के दौरान शिक्षार्थियों को मुख्य बिन्दुओं को लिखने को कहना और बच्चों को मौसम पर गाने एकत्रित करने को कहना। ये कथन तर्कसंगत नहीं है क्योंकि जलवायु एक लंबे समय बाद परिवर्तित होती जबकि मौसम दिन, सप्ताह और महीनो पर परिवर्तन होता रहता है और मौसम पर गाने एकत्र करना भी सही नही है। इस प्रकार केवल विकल्प (a) सही है।

49. Consider the following statements and choose the appropriate option.

Statement (I) : In a study on the making of a historical cinema, a historical documentary will be a secondary source.

Statement (II) : Encyclopedias are a primary source of information.

Options :

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

कथन (I) : ऐतिहासिक सिनेमा बनाने पर अध्ययन में एक ऐतिहासिक वृत-चित्र द्वितीयक स्त्रोत होगा।

कथन (II) : विश्वकोष (Encyclopedias) सूचना के प्राथमिक स्त्रोत है।

विकल्प :-

(a) Statement (I) and (II) are false/कथन (I) और (II) दोनों गलत है
(b) Statement (I) is true and (II) is false/कथन (I) सही है तथा (II) गलत है
(c) Statement (I) and (II) are true/कथन (I) और (II) सही है
(d) Statement (I) is false and (II) is true/कथन (I) गलत है तथा (II) सही है

Ans. (a) : ऐतिहासिक सिनेमा बनाने पर अध्ययन में एक ऐतिहासिक वृत-चित्र द्वितीयक स्त्रोत नहीं है बल्कि यह प्राथमिक स्त्रोत के अन्तर्गत आता है। विश्वकोश सूचना के द्वितीयक स्त्रोत है यह कथन भी गलत है। इस प्रकार दिए गए कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत है।

प्राथमिक स्त्रोत वे सूचनाएँ है जो सीधे स्त्रोत से एकत्रित की जाती है इसे दूसरे तरीके से रखने के लिए प्राथमिक स्त्रोत किसी व्यक्ति द्वारा एकत्रित की गयी कच्ची या बेतरतीब जानकारी है।

50. What are the perceptions surrounding Social Science that can be dispelled with effective classroom engagement?

(A) It is non-Utilitarian.

(B) It is all about rote memorisation.

(C) It does not require problem solving skills.

Options :

सामाजिक विज्ञान के प्रति कौन सी धारणाएं हैं जिन्हें प्रभावी कक्षा विनियोजन के साथ दूर किया जा सकता है?

(A) यह अव्यावहारिक है

(B) यह बस यंत्रवत् कंठस्थ करने के बारे में है

(C) इसमें समस्या समाधान के कौशल की जरूरत नहीं होती है

उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B), (C)/ (A) (B) (C)

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के प्रति यह अव्यवहारिक है, यह बस यंत्रवत कंठस्थ करने के बारे में है इसमें समस्या समाधान के कौशल की जरूरत नहीं होती है, जैसी धारणाएँ जिन्हें प्रभावी कक्षा विनियोजन के साथ दूर किया जाता है। इस प्रश्न में विकल्प (D) के अन्तर्गत कथन (A), (B) और (C) तीनों सही है।

सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसमें मानवीय संबंधों की विभिन्न दृष्टिकोणों से चर्चा होती है। सामाजिक विज्ञान वह क्षेत्र है जिसके द्वारा आधुनिक सभ्यता को स्पष्ट किया जाता है।

51. 'Make a list of at least ten occupations in the city, town or village to which you belong and find out how long they have existed?

This question attempts to assess students' understanding of :

(A) Continuity
(B) Complexity
(C) Contrast
Choose the appropriate option.
आप जिस शहर, कस्बा या गाँव से संबंध रखते हैं उसके कम से कम दस व्यवसायों की सूची बनाइए और यह पता लगाएँ कि वे कितने समय से विद्यमान है?
यह प्रश्न विद्यार्थियों की _____ की समझ को आंकने का प्रयास करता है:
(A) निरंतरता
(B) जटिलता
(C) विषमता
उपयुक्त विकल्प चुनें।
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (c) : आप जिस शहर, कस्बा या गांव से संबंध रखते हैं उसके कम से कम दस व्यवसायों की सूची बनाइए और यह पता लगाएं कि वे कितने समय से विद्यमान है। यह प्रश्न विद्यार्थियों की निरंतरता और विषमता की समझ को आंकने का प्रयास करता है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत (A) और (C) सही है।
ग्राम संगठन की बैठक में हुए कार्य एवं योजनाओं की चर्चा का हिसाब किताब रखना। सामुदायिक निधि एवं निवेश पर निरंतर चर्चा करना आदि।

52. A teacher has been asked to prepare a report of students learning, relative to each other. Which type of test is relevant for her requirements?
एक शिक्षिका को विद्यार्थियों की एक दूसरे से संबंधित रिपोर्ट बनाने को कहा गया। इसके लिए किस प्रकार की परीक्षा प्रासंगिक होगा?
(a) Peer assessment/सहभागी आंकलन
(b) Norm referenced assessment/मानक संदर्भित आंकलन
(c) Criterion – referenced tests/मानदंड-संदर्भित टेस्ट
(d) Rubric based assessment/रूबरिक आधारित आकलन

Ans. (b) : एक शिक्षिका को विद्यार्थियों की एक दूसरे से संबंधित रिपोर्ट बनाने को कहा गया। इसके लिए मानक संदर्भित आकलन परीक्षा के लिए प्रासंगिक होगा। मानक संदर्भित आकलन छात्रों सहित विविध तरीको से समझने का प्रदर्शन करना चयनित प्रतिक्रिया (लेकिन सीमित नहीं) शारीरिक निर्माण लिखित प्रतिक्रियाओं और प्रदर्शन के स्तर को बताता है। शिक्षक एक विशिष्ट मानक के संदर्भ में सीखने को रेखांकित करने के लिए सभी उपलब्ध अवलोकनों और मात्रात्मक जानकारी का उपयोग करता है। इन आंकड़ों के साथ, एक शिक्षक किसी विशेष अवधारणा की महारत हासिल करने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों या कार्यों को तैयार कर सकता है।

53. A Social Science teacher at middle level asked her students to prepare a project on the topic of 'Why are forests necessary'? Which of the following activity/activities students are supposed to be engaged in?
(A) Collection of various samples of products made from wood.
(B) Showing various forests areas found in India on map and using it for discussion related to the topic.
Options :
मिडिल स्तर पर सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'हमें वनों की आवश्यकता क्यों है', विषय पर परियोजना कार्य करने को कहती हैं। विद्यार्थियों को निम्न में से किस गतिविधि/गतिविधियों में संलग्न होने की अपेक्षा है?
(A) लकड़ी से बने विभिन्न उत्पादों के नमूने इकट्ठे करना।
(B) भारत में पाए जाने वाले विभिन्न वन क्षेत्रों को मानचित्र पर दर्शाना तथा विषय से संबंधित चर्चा करना।
सही विकल्प चुनें।
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/(A) तथा (B) दोनों
(d) Neither (A) nor (B)/न तो (A) और न ही (B)

Ans. (c) : मिडिल स्तर पर सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'हमे वनो की आवश्यकता क्यो है जैसे विषय पर परियोजना कार्य करने को कहती है। विद्यार्थियों को लकड़ी से बने विभिन्न उत्पादों के नमूने इकट्ठा करना और भारत में पाए जाने वाले विभिन्न वन क्षेत्रों को मानचित्र पर दर्शाना तथा विषय से संबंधित चर्चा करना जैसे गतिविधियों में संलग्न होने की अपेक्षा से है। किसी व्यापार, विज्ञान, शैक्षिक या इंजीनियरिंग में किसी विशेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जो विस्तृत कार्य योजना बनायी और कार्यान्वित की जाती है उसे परियोजना कहते है।

54. In Social Science, the purpose of encouraging small group, field based projects is to :
सामाजिक विज्ञान में, छोटे समूह वाली, क्षेत्र आधारित प्रायोजनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य है:
(a) decrease teachers burden so that she/he can assess less number of projects/शिक्षकों का भार कम करना ताकि वह कम संख्या में प्रायोजनाओं को आंक सके।
(b) develop the skill among students to work as a team/विद्यार्थियों के मध्य एक टीम के रूप में काम करने के कौशल को विकसित करना।
(c) ensure safety of students in the field/क्षेत्र में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
(d) make it cost effective/प्रभावी लागत वाले होना

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में छोटे समूह वाली, क्षेत्र आधारित परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यार्थियों के मध्य एक टीम के रूप में काम करने के कौशल को विकसित करना इसका उद्देश्य है। समूह कार्य एक व्यवस्थित एवं सक्रिय शिक्षण विधा है जो छात्रों के छोटे समूहों को मिलाकर एक आम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। ये छोटे समूह नियोजित गतिविधियों के माध्यम से अधिक सक्रिय और अधिक प्रभावी रूप से सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देते है।

55. Which of the following questions attempt to check the applicational knowledge of students?
निम्न में से किस प्रश्न से छात्र के व्यवहारिक ज्ञान की जाँच की जा सकती है?

(a) What is a latitude/अक्षांश क्या है?
(b) How can stereotypes impact the life of a girl/रूढ़िबद्ध धारणाएँ एक लड़की की जिंदगी को कैसे प्रभावित करती है?
(c) What actions are required to realize fundamental rights a reality/मौलिक अधिकार को वास्तविकता में लाने के लिए किस तरह के कार्रवाईयों की जरूरत है?
(d) Who is a municipal councillor/निगम पार्षद् कौन होता है?

Ans. (c) : मौलिक अधिकार को वास्तविकता में लाने के लिए किस तरह की कार्यवाइयों की जरूरत जैसे प्रश्न के माध्यम से छात्र के व्यावहारिक ज्ञान की जांच की जा सकती है। व्यावहारिक शिक्षा वह साधन है जिसके द्वारा व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए अपने कौशल, क्षमताओं और ज्ञान को विकसित और बढ़ाता है इसका उद्देश्य एक व्यवस्थित दृष्टिकोण के माध्यम से समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना है। जीवन का लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी वस्तु का प्रत्यक्ष दर्शन यानि व्यावहारिक ज्ञान सबसे अधिक जरूरी है।

56. Regarding teaching of controversial topics in Social Science, which of the following should a teacher keep in mind?
सामाजिक विज्ञान में विवादास्पद मुद्दों को पढ़ाते हुए एक शिक्षक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(a) Dismiss any conflicts that arise in class./कक्षा में उत्पन्न हुए किसी भी तरह के विवाद को खारिज कर देना चाहिए।
(b) Taking up it only when the teacher is certain the children are from similar social contexts/शिक्षक जब निश्चित हो कि छात्र एक ही तरह के सामाजिक संदर्भों से आते हैं तभी मुद्दे उठाने चाहिए।
(c) Engage with proper planning so that discussions happen with respect and dignity/उचित योजना बनाकर विचार-विमर्श कराई जाए ताकि सम्मान और गरिमा बनी रहे।
(d) Avoid such themes altogether/इस तरह के विषय को कक्षा में पढ़ाया ही न जाए।

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान में एक विवादास्पद मुद्दों को पढ़ाते समय एक शिक्षक को उचित योजना बनाकर विचार विमर्श कराई जाए ताकि सम्मान और गरिमा बनी रहे। सामाजिक विज्ञान का अध्ययन कर आत्मसात करने से व्यक्ति को समाज में रहने की समझ विकसित होती है, एक मानव का दूसरे मानव के प्रति, मानव का पशु पक्षियों तथा मानव का पर्यावरण के प्रति सामाजिक कार्यों और दायित्वों की समझ विकसित होती है, इससे विकसित समाज का निर्माण होता है। सामाजिक विज्ञान का उद्देश्य राष्ट्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय समझ को विकसित करना है।

57. It is high tide when _____.
उच्च ज्वार होता है, जब :

(a) 'Moon and sun are in straight line with earth'/चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी तीनों एक सीध में होते हैं।
(b) 'Moon is pulling huge water bodies on Earth from one side and sun from another direction'/चंद्रमा एक तरफ पृथ्वी के जल अपनी तरफ खींचता है और सूर्य दूसरी दिशा में।
(c) 'It is windy'/तेज हवा चलती है।
(d) 'Ocean currents become warm'/महासागरीय धाराएं गर्म हो जाती है।

Ans. (a) : पृथ्वी के संदर्भ में सूर्य एवं चंद्रमा की स्थिति ज्वार की ऊँचाई को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। जब तीनों सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी तीनों एक सीधी रेखा में होते है तो उच्च ज्वार आता है तथा ऐसा महीने में दो बार होता है एक पूर्णिमा और दूसरा अमावस्या के दिन।
चन्द्रमा एवं सूर्य के आकर्षण के कारण दिन में एक बार या दो बार समुद्र तल का नियतिकालिक उठने या गिरने को ज्वार भाटा कहा जाता है, जलवायु संबंधी प्रभावों के कारण जल की गति को महोर्मि कहते है।

58. To understand the Coriolis effect on ocean currents, wherein force intervenes and causes water to move right in the northern hemisphere, which of the following concepts should the students be familiar with?
कोरियोलिस प्रभाव जहाँ उत्तरी गोलार्द्ध में बल पानी को बाधित करता है और उसे दायीं ओर प्रवाहित करता है, को समझने के लिए विद्यार्थियों को निम्न में से किससे परिचित होना चाहिए।

(a) Rotation and Axis of the Earth/पृथ्वी के घूर्णन व अक्ष
(b) Revolution and Insolation/परिक्रमण एवं आतपन
(c) Glaciers and Polar climate/हिमनद व ध्रुवीय जलवायु
(d) Altitude and Sea level/तुंगता (ऊँचाई) व समुद्रतल

Ans. (a) : कोरियोलिस प्रभाव जहाँ उत्तरी गोलार्द्ध में बल पानी को बाधित करता है और उसे दायीं ओर प्रवाहित करता है, को समझने के लिए विद्यार्थियों को पृथ्वी के घूर्णन व अक्ष से परिचित होना चाहिए। कोरियोलिस बल एक आभासी बल है। यह पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न होता है। पृथ्वी की घूर्णन गति भिन्न-भिन्न होती है क्योंकि पृथ्वी के विभिन्न अक्षांशों में परिधि का आकार तथा केन्द्र से दूरी के कारण होती है। कोरियोलिस बल के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में गति की दिशा के बाईं ओर बल लगता है। मौसम संबंधी गतिविधियों में कोरियोलिस बल के प्रभाव को देखा जा सकता है।

59. In discussing 'domestic violence', what is an appropriate way to project women who have faced violence?
'घरेलू हिंसा' पढ़ाते हुए, उस महिला जिसने हिंसा झेली है, को दर्शाने का सबसे उचित तरीका क्या होगा?

(a) Victims/पीड़िता
(b) Strugglers/संघर्षरत
(c) Survivors/उत्तरजीवी (सर्वाइवर)
(d) Weaklings/कमजोर

Ans. (c) : घरेलू हिंसा पढ़ाते हुए, उस महिला जिसने हिंसा झेली है, को दर्शाने का सबसे उचित तरीका उत्तरजीवी (सर्वाइवर) है। घरेलू हिंसा अर्थात् कोई भी ऐसा कार्य जो किसी महिला एवं बच्चे (18 वर्ष से कम आयु के बालक - एवं बालिका) के स्वास्थ्य, सुरक्षा जीवन पर संकट, आर्थिक क्षति और ऐसी क्षति जो असहनीय हो तथा जिससे महिला व बच्चे को दुख एवं अपमान सहन करना पड़े, इन सभी को घरेलू हिंसा के दायरे में शामिल किया जाता है। भारत में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के अनुसार घरेलू हिंसा के पीड़ित रूप में महिलाओं के किसी भी रूप में 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका को संरक्षित किया गया है।

60. How would you discuss the theme, 'Equality in Indian democracy' in the class?

(A) As a Fundamental Right we are entitled to.

(B) As an ideal quality for living a fulfilling life.

(C) By giving its proper definition and features.

(D) By highlighting the inequalities that exists in Society.

Options :

'भारतीय लोकतंत्र में समानता' विषय की आप कक्षा में कैसे चर्चा करेंगे? उपयुक्त विकल्प चुनें।

(A) हमें मिले हुए मौलिक अधिकार के रूप में

(B) एक परिपूर्ण जीवन के लिए एक आदर्श गुण के रूप में

(C) इसकी परिभाषा और विशिष्टता बताते हुए

(D) समाज में विद्यमान असमानताओं को उजागर करते हुए

विकल्प :

(a) (A), (B), (C) (b) (B), (C), (D)
(c) (C), (D), (A) (d) (A), (B), (D)

Ans. (d) : 'भारतीय लोकतंत्र में समानता' विषय पर कक्षा में चर्चा करने का सबसे उपयुक्त विकल्प मिले हुए मौलिक अधिकार के रूप में, एक परिपूर्ण जीवन के लिए एक आदर्श गुण के रूप में तथा समाज में विद्यमान असमानताओं को उजागर करते हुए चर्चा करेंगे। समानता का तात्पर्य व्यक्तियों के सभी क्षेत्रों को समान विशेषाधिकार और अवसर देना है उनके लिंग, रंग और वित्तीय स्थिति के बावजूद व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए।

HINDI

निर्देश (91-99) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

पानी का चंचल रूप है नदी। यह वह जीवन रेखा है जो अपने कछार में बसे लोगों को जीवनदायी जल प्रदान करती है। जिस भूमि पर केवल वर्षा के जल से खेती होती है उसे 'देवमातृक' और जो ज़मीन केवल वर्षा के भरोसे न रहकर नदी के पानी से सिंचित होती है, उसे 'नदी मातृक' कहा गया है। उन दिनों नदी का पानी मछलियों से लबालब रहता था। पीने के लिए पानी, खाने के लिए मछली और खेती के लिए वह उपजाऊ मिट्टी जिसे नदी बाढ़ के समय बहाकर लाती है। पहले के लोगों के लिए इससे बड़ा वरदान भला और क्या हो सकता था।

नदी के कारण कृषि संभव हुई। जो शिकारी था, वह किसान बन गया। उसे शिकार की भागदौड़ से मुक्ति मिली। वह एक जगह घर बसाकर कला, धर्म, अध्यात्म, विज्ञान और साहित्य की ओर अग्रसर हो सका। मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ आया।

1. 'पानी का चंचल रूप है नदी।' वाक्य का आशय है:

(a) नदी का पानी स्वच्छ होता है।
(b) नदी का पानी उफ़ान पर रहता है।
(c) नदी का पानी निरंतर गतिमान रहता है।
(d) नदी का पानी शरारती होता है।

Ans. (c) : गद्यांश में आये वाक्य 'पानी का चंचल रूप है नदी।' का आशय है- नदी का पानी निरंतर गतिमान रहता है। गद्यांश में चंचलता का आशय पानी के गतिमान अथवा निरंतर प्रवाहमान होने से है।

2. 'देवमातृक' खेती कहते हैं, जब _____.

(a) खेतों को नहर के जल से सींचा जाता है।
(b) खेतों को तालाब के जल से सींचा जाता है।
(c) खेतों को केवल वर्षा के जल से सींचा जाता है।
(d) खेतों को नदी के जल से सींचा जाता है।

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार जो खेत केवल वर्षा के जल से ही सींचे जाते हैं ऐसे खेती को 'देवमातृक' खेती कहा जाता है जबकि जो खेत केवल वर्षा के जल पर न आश्रित होकर नदियों के जल द्वारा सींचे जाते हैं उन्हें 'नदीमातृक' कहा जाता है।

3. मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन कब आया?

(a) जब मनुष्य ने शिकार करना सीख लिया था।
(b) जब मनुष्य ने खेती करना सीख लिया था।
(c) जब मनुष्य ने नदियों से मछलियाँ पकड़ना सीख लिया था।
(d) जब मनुष्य को अन्न की पहचान हो गई थी।

Ans. (b) : प्रारंभिक मानवों का जीवन यापन शिकार के द्वारा ही होता था फिर मानव ने कृषि करनी आरम्भ की जिससे उन्हे भोजन के लिए जगह-जगह भटकना नहीं पड़ता था। इन्होंने नदियों के आस-पास ही बस कर अपना जीवन यापन प्रारम्भ किया। मानव के जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण परिवर्तन खेती करना सीखना ही है।

4. नदी को जीवन रेखा कहा गया है क्योंकि _____.

(a) नदी मनुष्य की आयु में वृद्धि करती है।
(b) नदी एक रेखा की भाँति बहती है।
(c) नदी का जल नदी के आस-पास रहने वाले मनुष्य को जीवन प्रदान करता है।
(d) नदी जीवन की रेखा में वृद्धि करती है।

Ans. (c) : नदियों को जीवन रेखा कहा जाता है, क्योंकि नदियों का जल आस-पास रहने वाले मनुष्यों को जीवन प्रदान करता है। नदी का जल नहीं होगा तो खेती नहीं होगी, खेती नहीं होगी तो भोजन प्राप्त नही होगा और बिना भोजन के जीवन संभव नहीं है।

5. नदी का पर्यायवाची शब्द नहीं है _____.

(a) वारि (b) तटिनी
(c) सरिता (d) सलिला

Ans. (a) : वारि नदी का पर्यायवाची शब्द नहीं है अपितु यह पानी का पर्यायवाची है जबकि तटिनी, सरिता, सलिला, अपगा, तरंगिणी आदि नदी के पर्यायवाची शब्द हैं। जल, वारि, नीर, सलिल, अंबु आदि पानी के पर्यायवाची शब्द हैं।

6. समूह से भिन्न शब्द है _____.

(a) सिंचित (b) सींचना
(c) सिलना (d) सीखना

Ans. (a) : प्रश्नगत विकल्पों में सिंचित शब्द तुकान्त की दृष्टि से भिन्न है जबकि सींचना, सिलना एवं सीखना तीनों शब्द एक ही तुक में है। इसके अतिरिक्त इन तीनों में 'ना' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

7. नदी-तट पर बसने का सबसे बड़ा आकर्षण था _____.

(a) खेती के लिए उपजाऊ भूमि
(b) नदी जल का सिंचाई के लिए उपयोग
(c) नदी किनारे के रमणीक दृश्य
(d) नदी में मछलियों की बहुलता से उपलब्धि

Ans. (d) : गद्यांश के अनुसार प्रारम्भ में मनुष्य के नदियों के तट पर बसने का सबसे बड़ा आकर्षण पर्याप्त मात्रा में मछलियों की उपलब्धता थी। बाद में जब मानव ने कृषि करना सीखा तो नदियों के किनारे ही वह खेती करने लगा जिसमें सबसे बड़ा सहयोग नदी के जल का था।

8. _____ के कारण कृषि संभव हुई।

(a) जल (b) तालाब
(c) सरोवर (d) नदी

Ans. (d) : गद्यांश के अनुसार नदी के कारण ही कृषि संभव हुई।

9. बारहों महीने में रेखांकित शब्द है _____.

(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

Ans. (b) : बारहों महीने में रेखांकित शब्द 'बारहों' संख्यावाचक विशेषण शब्द है। जिस विशेषण शब्द से संज्ञा की संख्या का बोध हो, उसे संख्या वाचक विशेषण कहा जाता है। संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं।

निर्देश (100-105) :- दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

यह धरती कितना देती है ! धरती माता
कितना देती है अपने प्यारे पुत्रों को!
नहीं समझ पाया था में उसके महत्व को-
बचपन में निःस्वार्थ लोभ वश पैसे बेकार!
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ।
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं
इसमें मानव-ममता के दाने बोने हैं-
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें
मानवता की – जीवन श्रम से हँसे दिशाएँ-
हम जैसा बोयेंगे वैसा ही पायेंगे

10. 'रत्न प्रसविनी है वसुधा' से क्या तात्पर्य है?

(a) धरती में केवल रत्न ही रत्न है
(b) धरती रत्नों की खान है
(c) धरती रत्नों को पैदा करती है
(d) धरती में बहुत सारे खनिज पदार्थ है

Ans. (d) : पद्यांश के अनुसार 'रत्न प्रसविनी है वसुधा' पंक्ति का तात्पर्य है- धरती में बहुत सारे खनिज पदार्थ हैं। उपर्युक्त काव्य पंक्तियों के रचनाकार सुमित्रानंदन पंत हैं। इस कविता में कवि ने धरती माता का चित्रण किया है।

11. 'हम जैसा बोयेंगे वैसा ही पायेंगे' का निहितार्थ है-

(a) अच्छे बीज बोने होंगे
(b) अच्छी फ़सल पैदा करनी होगी
(c) सद्भाव से रहना होगा
(d) सामर्थ्य बढ़ानी होगी

Ans. (c) : उपर्युक्त काव्यगत पंक्तियाँ 'हम जैसा बोयेंगे वैसा ही पायेंगे' का तात्पर्य है कि हमें सद्भाव से रहना होगा। क्योंकि आप जिससे जैसा व्यवहार करोगे बदले में भी वैसा ही प्राप्त होगा अर्थात् अगर आप बबूल बोयेंगे तो बबूल प्राप्त होगा और अगर आप गुलाब बोयेंगे तो गुलाब प्राप्त होगा।

12. 'हमें मानव-मात्र से प्रेम करना चाहिए। यह भाव कविता के किस पद से प्रेषित हो रहा है?

(a) सच्ची समता (b) मानव ममता
(c) जन की क्षगता (d) धरती माता

Ans. (b) : उपर्युक्त पद्यांश में 'हमें मानव मात्र से प्रेम करना चाहिए' यह भाव कविता के 'मानव ममता' पद से प्रेषित हो रहा है।

13. समाज में किस गुण की उपस्थिति को महत्व नहीं दिया गया है?

(a) समता (b) ममता
(c) मानवता (d) वसुधा

Ans. (d) : समाज में वसुधा के गुणों की उपस्थिति को महत्त्व नहीं दिया गया है जबकि समता, ममता एवं मानवता जैसे गुणों की बातें करते सभी दिख जायेंगे।

14. 'धरती' का पर्यायवाची शब्द नहीं है:

(a) अवनि (b) मही
(c) धरा (d) मोदिनी

Ans. (d) : 'मोदिनी' शब्द धरती का पर्यायवाची शब्द नहीं है जबकि अवनि, मही एवं धरा, धरती शब्द पृथ्वी के पर्यायवाची शब्द है।

15. विशेषण – विशेष्य का उदाहरण है :

(a) जीवन श्रम (b) सुनहली फ़सलें
(c) धरती माता (d) मानव-ममता

Ans. (b) : सुनहली फसलें विशेषण विशेष्य का उदाहरण है। यहाँ सुनहली शब्द विशेषण व फसलें विशेष्य है। संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। तथा विशेषण जिन संज्ञा शब्द की विशेषता बताता है वह विशेष्य कहलाता है। जैसे- 'काली गाय' यहाँ काली शब्द गाय की विशेषता बता रहा है तो 'काली' विशेषण व 'गाय' विशेष्य होगा।

16. नीचे कॉलम A में कक्षा 6 से 8 तक के लिए भाषा की कुछ गतिविधियाँ दी गई हैं। उनका संबंधित भाषा शिक्षण सिद्धान्त से मिलान करें। सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

कॉलम (A)	कॉलम (B)
(i) भूमिका निर्वहन	(a) सहारा देना
(ii) सारांशीकरण	(b) तरह-तरह की पाठ्य सामग्री से परिचय
(iii) निर्देशित कथा लेखन	(c) गत्यात्मक अधिगम
(iv) भाषा पत्रिका	(d) रचनावादी उपागम

(a) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(b) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)
(c) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(d) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

Ans. (c) : भाषा की गतिविधियाँ तथा उनका संबंधित भाषा शिक्षण सिद्धांत का सही मिलान इस प्रकार है–

कॉलम (A)		कॉलम (B)
भूमिका निर्वहन	–	गत्यात्मक अधिगम
सारांशीकरण	–	रचनावादी उपागम
निर्देशित कथा लेखन	–	सहारा देना
भाषा पत्रिका	–	तरह-तरह की पाठ्य सामग्री से परिचय

17. निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अधिगम के रचनावादी उपागम का उदाहरण है?
(a) परियोजना कार्य
(b) प्रतिमानों (पैटर्न) का अभ्यास
(c) व्याकरण अनुवाद
(d) आगमनात्मक विधि

Ans. (a) : 'परियोजना कार्य' भाषा अधिगम के रचनावादी उपागम का उदाहरण है। रचनावादी उपागम के अंतर्गत जिज्ञासा आधारित अधिगम शामिल है। यह रचनात्मक दृष्टिकोण सीखने के लिए महत्त्वपूर्ण सोच विकसित करता है।

18. नीचे भाषा अधिगम से संबंधित चार व्यवस्थाएँ दी गई हैं। उस विकल्प का चयन करें जो प्रकृतवाद (नेटीविज़्म) के तर्कों से संबंधित है?
(a) भाषा अधिगम में प्रकृति की कोई भूमिका नहीं है।
(b) बच्चे भाषा अधिगम उपकरण के साथ जन्म लेते हैं।
(c) भाषा प्रतिमानों (पैटर्न) के अभ्यास से अधिगम को पुनर्बलन मिलता है।
(d) बच्चे अपने अभिभावकों से भाषा सीखते हैं।

Ans. (b) : बच्चे भाषा अधिगम उपकरण के साथ जन्म लेते हैं, यह प्रकृतवाद (नेटीविज्म) के तर्कों से संबंधित विकल्प है।

19. नीचे दी गई गतिविधि पढ़े और पहचान करें कि यह श्रवण के किस उपकौशल का विकास कर रही है?
''अध्यापिका कविता पढ़ती है और विद्यार्थियों से कहती है कि कविता में उस विचार बिन्दु की पहचान करें जो बाकी सभी विचारों से समर्थित है।''
(a) समर्थित वर्णनों के लिए बारीकी से पठन
(b) मुख्य विचार बिन्दु के लिए सारांशीकरण
(c) निष्कर्ष निकालना
(d) सार्वभौमिक समझ बनाना

Ans. (b) : उपर्युक्त गतिविधि श्रवण के 'मुख्य विचार बिन्दु के लिए सारांशीकरण' उपकौशल का विकास कर रही है।

20. नीचे दिए गए परीक्षणों को पढ़ें और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें जो इसके उद्देश्य की पहचान करे।
(i) कहानी का मुख्य नायक कौन है?
(ii) लेखक हमें अपनी कहानी क्यों सुना रहा है?
(iii) कहानी के वर्णन के आधार पर मुख्य नायक का मौखिक रूप से शब्द चित्र प्रस्तुत करें
(iv) कोई दो कारण बताएँ कि अमुक व्यक्ति कहानी का मुख्य नायक क्यों है?
(A) उद्देश्य की पहचान
(B) पाठ्य सामग्री में से केवल एक ही सूचना प्राप्त करना
(C) पाठ्य सामग्री में से बहुत सी सूचनाएँ प्राप्त करना
(D) निष्कर्ष निकालना
(a) (i)-(B), (ii)-(A), (i)-(C), (iv)-(D)
(b) (i)-(A), (ii)-(B), (iii)-(D), (iv)-(C)
(c) (i)-(D), (ii)-(C), (iii)-(B), (iv)-(A)
(d) (i)-(C), (ii)-(D), (iii)-(A), (iv)-(B)

Ans. (a) : शिक्षण संबंधी परीक्षण तथा इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं-

परीक्षण	उद्देश्य
(i) कहानी का मुख्य नायक कौन है?	(B) पाठ्य सामग्री में से केवल एक ही सूचना प्राप्त करना
(ii) लेखक हमें अपनी कहानी क्यों सुना रहा है?	(A) उद्देश्य की पहचान
(iii) कहानी के वर्णन के सूचना प्राप्त करना	(C) पाठ्य सामग्री में से बहुत सी सूचनाएँ प्राप्त करना
(iv) कोई दो कारण बताएँ कि अमुक व्यक्ति कहानी का मुख्य नायक क्यों हैं?	(D) निष्कर्ष निकालना

21. भाषा अधिगम में सही व्याकरणिक रूपों की पहचान करने के लिए विस्तृत गहन पठन किस प्रकार से मदद करता है।
(a) यह चेतन रूप में सही तरीके से अंग्रेजी सीखने में मदद करता है।
(b) यह शब्द भंडार और सही संरचनाओं के लिए पर्याप्त अवसर देता है।
(c) यह पाठकों को भाषा सही करने के लिए व्यवस्थित अवसर देता है।
(d) यह पाठकों को अपनी सही तरीके से क्रियाशील शब्दावली विकसित करने में मदद करता है।

Ans. (b) : भाषा अधिगम में सही व्याकरणिक रूपों की पहचान करने के लिए विस्तृत गहन पठन शब्द भण्डार और सही संरचनाओं के लिए पर्याप्त अवसर देता है।

22. पठन बोध प्रश्नों के लिए शिक्षार्थी _____
(a) अपने मस्तिष्क में मातृभाषा में अनुवाद करता है।
(b) भाषा के सौंदर्य की सराहना करता है।
(c) पाठ्य सामग्री में से अर्थ निर्माण करते हैं।
(d) शब्दकोश में से अर्थ खोजते और पढ़ते हैं।

Ans. (c) : पठन बोध प्रश्नों के लिए शिक्षार्थी पाठ्य सामाग्री में से अर्थ निर्माण करते हैं।

23. शिक्षा की मिश्रित व्यवस्था में भाषा अध्यापक को निम्नलिखित कौशल समूहों की आवश्यकता होगी। सर्वाधिक उपयुक्त कौशल समूह का चयन करें।

(a) कम्प्यूटर कौशल – शिक्षणशास्त्रीय ज्ञान – विषय का ज्ञान
(b) विषय का ज्ञान – शिक्षणशास्त्रीय ज्ञान – डिजिटल दक्षता
(c) डिजीटल दक्षता – ऑनलाइन विषयवस्तु का प्रयोग – जूम मीटिंग
(d) ऑनलाइन विषयवस्तु को जानना – डिजीटल विशेषज्ञता – सही इंटरनेट व्यवस्था

Ans. (b) : शिक्षा की मिश्रित व्यवस्था में भाषा अध्यापक को निम्नलिखित कौशल समूहों की आवश्यकता होगी सर्वाधिक उपयुक्त कौशल समूह है- विषय का ज्ञान – शिक्षण शास्त्री ज्ञान – डिजिटल दक्षता।

24. वृत्ताकार पाठ्यचर्या, जिस पर सभी भारतीय भाषाओं की पाठ्यपुस्तकें आधारित हैं, का क्या लाभ है? प्रश्न के उत्तर हेतु सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें। विचार एवं अवधारणाएँ हैं-

(a) अध्यापन की सुगमता की दृष्टि से सरल से जटिल की ओर क्रम
(b) क्रियान्वयन की सुगमता की दृष्टि से विद्यालय सत्र के अनुसार क्रम
(c) स्तरवार और सतत लेकिन आवश्यकतानुसार पुनरावलोकन के लिए प्रावधान
(d) उचित आकलन के लिए परीक्षा पैटर्न के अनुसार क्रम

Ans. (c) : वृत्ताकार पाठ्यचर्या, जिस पर सभी भारतीय भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें आधारित हैं, का क्या लाभ है। प्रश्न के उत्तर हेतु स्तरवार और सतत लेकिन आवश्यकतानुसार पुनरावलोकन के लिए प्रावधान सर्वाधिक उपयुक्त विचार एवं अवधारणाएं हैं।

25. उस विकल्प का चयन करें जो अधिगम और अर्जन के बीच के अन्तर को सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से पूरा करता हो?

अधिगम है _____ अर्जन है _____ ।

(a) पठन-लेखन ..... श्रवण-वाचन
(b) एक व्यवस्थित प्रक्रिया ..... व्यवस्थित प्रक्रिया नहीं है
(c) सोच विचार कर, निर्देशात्मक ..... स्वाभाविक, प्राकृतिक
(d) विद्यार्थी द्वारा ..... अध्यापक द्वारा

Ans. (c) : अधिगम है 'सोच विचार कर, निर्देशात्मक' अर्जन है 'स्वाभाविक, प्राकृतिक' जो अधिगम और अर्जन के बीच के अन्तर का सर्वाधिक उपयुक्त तरीका है।

26. एक अध्यापिका विद्यार्थियों को संरचनात्मक संकेत जैसे शब्द भंडार, कल्पना, साहित्यिक तत्व आदि का इस्तेमाल करते हुए कविता के मनोदशा के बारे में लिखने के लिए कहती है। विद्यार्थी किन कौशलों का प्रयोग करेंगे?

(A) विस्तृत वर्णनों के लिए बारीकी से पठन
(B) मुख्य विचार बिन्दु के लिए सरसरी तौर पर पठन
(C) निष्कर्ष निकालना
(D) सार्वभौमिक बोध

(a) केवल (A), (C), (D)
(b) केवल (A), (B), (C)
(c) केवल (A), (B), (D)
(d) केवल (B), (C), (D)

Ans. (c) : एक अध्यापिका विद्यार्थियों को संरचनात्मक संकेत जैसे शब्द भंडार, कल्पना, साहित्यिक तत्त्व आदि का इस्तेमाल करते हुए कविता के मनोदशा के बारे में लिखने के लिए कहती है। विद्यार्थी विस्तृत वर्णनो के लिए बारीकी से पठन, मुख्य विचार बिन्दु के लिए सरसरी तौर पर पठन एवं सार्वभौमिक बोध कौशलों का प्रयोग करेगें।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा विद्यालय में द्वितीय भाषा अधिगम कौशल का भाग नहीं है?

(a) प्रश्न पूछने और उत्तर देने की योग्यता
(b) अभिव्यक्तिपूर्ण हावभाव और तरह-तरह के शब्दों का प्रयोग
(c) शब्दों और वाक्यों में अभिव्यक्त करना और कल्पना करना
(d) मातृभाषा में अनुवाद करना और मातृभाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करना

Ans. (d) : निम्नलिखित में से 'मातृभाषा में अनुवाद करना और मातृभाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करना' विद्यालय में द्वितीय भाषा अधिगम कौशल का भाग नहीं है, जबकि दिए गए अन्य विकल्प विद्यालय में द्वितीय भाषा अधिगम कौशल का भाग है।

28. एक अध्यापिका बच्चों को एक अनुच्छेद मौन रूप से पढ़ने के लिए कहती है, नए शब्दों पर ध्यान देने के लिए कहती है, उन शब्दों के अर्थों का अनुमान लगाने के लिए कहती है और फिर शब्दकोश से अर्थ ढूँढ़ने के लिए कहती है। वह कौन-सा पठन कौशल विकसित करना चाह रही है?

(a) बारीकी से पठन (b) सरसरी तौर पर पठन
(c) निष्कर्ष निकालना (d) अनुमान लगाना

Ans. (c) : उपर्युक्त के अनुसार अध्यापिका निष्कर्ष निकालने संबंधी पठन कौशल को विकसित करना चाह रही है।

29. कक्षा 8 के विद्यार्थी द्वारा की गई गलतियों का विश्लेषण करें और उचित कार्यवाही का चयन करें। बहुत से विद्यार्थी रोजमर्रा की गतिविधि, पूर्व में किए गए कार्य और दृष्टिकोण व मंशा बताने के लिए क्रियाओं के सही रूप का प्रयोग नहीं कर पाते हैं।

(a) विद्यार्थी समझ नहीं पा रहे हैं। उन्हें नियम कंठस्थ करवा देने चाहिए
(b) ये बहुत पुरानी गलतियाँ है, इन्हें सुधारा नहीं जा सकता है
(c) ये संरचनात्मक गलतियाँ हैं, सही नियमों का अधिक अभ्यास करवाना चाहिए
(d) ये प्रयोग से संबंधित गलतियाँ हैं, समय के साथ अपने आप दूर हो जाएँगी

Ans. (c) : उपर्युक्त के अनुसार विद्यार्थी संरचनात्मक गलतियाँ कर रहे हैं, उन्हें सही नियमों का अधिक अभ्यास करवाना चाहिए।

30. उच्च स्तरीय चिंतन कौशल (HOTS) के संबंध में भाषा अधिगम के आकलन के लिए कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?

(a) दिए गए मौखिक संकेतों के आधार पर समाचारपत्र रिपोर्ट लिखना
(b) दिए गए ऊपर-नीचे वाले संकेतों के आधार पर क्रॉसवर्ड पहेली पूरी करना
(c) आपके गॉव में पानी की भीषणतम समस्या है। आपके माता-पिता पानी लेने के लिए दूर-दूर तक जाते हैं। इस स्थिति का विश्लेषण करें और समाधान हेतु पंचायत अध्यक्ष को पत्र लिखें
(d) अपने गाँव में 'पानी का संकट' पर एक अनुच्छेद लिखें

Ans. (c) : उपर्युक्त के संबंध में दिया गया विकल्प 'आपके गॉव में पानी की भीषणतम समस्या है। आपके माता-पिता पानी लेने के लिए दूर-दूर तक जाते हैं। इस स्थिति का विश्लेषण करें और समाधान हेतु पंचायत अध्यक्ष को पत्र लिखें' यह भाषा अधिगम के आकलन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उदाहरण है।

SANSKRIT

निर्देश : (121-128) निम्नलिखितं गद्यांश पठित्वा प्रश्नानां यथोचितं विकल्पं चित्वा उत्तराणि देयानि।

तदत्रास्ति विष्णुशर्मा नाम ब्राह्मणः सकलशास्त्रपारङ्गमश्छात्रसंसदिलब्धकीर्तिः तस्मै समर्पयतु एतान्। स नूनं द्राक् प्रबुद्धान् करिष्यति'' इति। स राजा तदाकर्ण्य विष्णुशर्माणमाहूय प्रोवाच – ''भो भगवान्। मदनुग्रहार्थमेतान् अर्थशास्त्रं प्रति द्राग्यथा अनन्यसदृशान् विदधासि तथा कुरु। तदा अहं त्वां शासनशतेन योजयिष्यामि''। अथ विष्णुशर्मा तं राजानमूचे – ''देव! श्रूयतां मे तथ्यवचनम्। नाहं विद्याविक्रयं शासनशतेनापि करोमि। पुनरेतांस्तव पुत्रान् मासषट्केन यदि नीतिशास्त्रज्ञान् न करोमि ततः स्वनामत्यागं करोमि। किं बहुना, श्रूयतां ममैष सिंहनादः नाहमर्थनिप्सुर्ब्रवीमि। ममाशीतिवर्षस्य व्यावृत्तसर्वेन्द्रियार्थस्य न किञ्चदर्थेन प्रयोजनं किन्तु त्वत्प्रार्थनासिद्ध्यर्थं सरस्वतीविनोदं करिष्यामि। तल्लिख्यतामद्यतनो दिवसः यदि अहं षण्मासाभ्यन्तरे तव पुत्रान् नयशास्त्रं प्रति अनन्यसदृशान् न करिष्यामि ततो नार्हति देवो देवमार्गं सन्दर्शयितुम्''। अथासौ राजा तां ब्राह्मणस्यासंभव्यां प्रतिज्ञां श्रुत्वा ससचिवः प्रहृष्टो विस्मयान्वितः तस्मै सादरं तान् कुमारान् समर्प्य परां निर्वृतिमाजगाम। विष्णुशर्मणापि तानादाय तदर्थं मित्रभेद-मित्रप्राप्ति-काकोनलुकीय-लब्धप्रणाश-अपरीक्षितकारकाणि चेति पञ्च तन्त्राणि रचयित्वा पाठितास्ते राजपुत्राः। तेऽपि तानि अधीत्य मासषट्केन यथोक्ताः संवृत्ताः। ततः प्रभृति एतत्पञ्चतन्त्रकं नाम नीतिशास्त्रं बालावबोधनार्थं भूतले प्रवृत्तम्।

1. कस्मै समर्पयितुं परामर्शः दत्तः?

(a) विद्यालयस्य प्राचार्याय (b) गुरवे
(c) मन्त्रिणे (d) विष्णुशर्मणे

Ans. (d) : विष्णुशर्मणे समर्पयितुं परामर्शः दत्तः।
विष्णु शर्मा के द्वारा परामर्श दिया जाता है।

2. राजा स्वपुत्रान् किं शास्त्रं पाठयितुं प्रार्थयत् ?

(a) धर्मशास्त्रम् (b) आयुर्वेदशास्त्रम्
(c) धनुर्वेदशास्त्रम् (d) अर्थशास्त्रम्

Ans. (d) : राजा स्वपुत्रान् अर्थशास्त्रम् पाठयितुं प्रार्थयत्।
राजा अपने पुत्र को अर्थशास्त्रम् पढ़ाने के लिए प्रार्थना करता है।

3. स्वपुत्रान् पाठयितुं राज्ञा विष्णुशर्मणे कः लोभः प्रदत्तः?

(a) मन्त्रिपदं दातुम्
(b) भूयो धनं दातुम्
(c) शासनशतं दातुम्
(d) विद्वत्शिरोमणेः सम्मानं दातुम्

Ans. (d) : स्वपुत्रान् पाठयितुं राजा विष्णुशर्मणे विद्वत्शिरोमणेः सम्मानं दातुम् लोभः प्रदत्तः।
राजा अपने पुत्र को पढ़ाने के विष्णुशर्मा को विद्वत्शिरोमणि का सम्मान देने का लोभ देता है।

4. परां निर्वृत्तिं कः प्राप्तवान् ?

(a) विष्णुशर्मा (b) राजा
(c) सचिवः (d) राज्ञःपुत्राः

Ans. (b) : परां निर्वृत्तिं राजा प्राप्तवान्। राजा परानिर्वृत्ति को प्राप्त किये।

5. अर्थलिप्सुः कः न आसीत् ?

(a) राज्ञः सचिवः (b) राजा
(c) विष्णुशर्मा (d) राज्ञः सेवकः

Ans. (c) : अर्थलिप्सुः विष्णुशर्मा न आसीत्।
विष्णुशर्मा अर्थ में लिप्त नहीं था। विष्णुशर्मा को धन आदि की कोई अपेक्षा नहीं थी।

6. 'द्राक्' इत्यस्य शब्दस्य कोऽर्थः?

(a) अत्यधिकम् (b) बुद्धिमान्
(c) शीघ्रम् (d) सर्वोपरि

Ans. (c) : 'द्राक्' इत्यस्य शब्दस्य शीघ्रम् अर्थः।
द्राक् शब्द का 'शीघ्रम्' अर्थ है।

शब्द	**अर्थ**
अत्यधिकम्	अत्यधिक
बुद्धिमान्	बुद्धिमान
शीघ्रम्	शीघ्र
सर्वोपरि	सबसे ऊपर

7. 'श्रुत्वा' इत्यस्यार्थे गद्यांशे कः शब्द प्रयुक्तः?

(a) आकर्ण्य (b) श्रूयताम्
(c) समर्प्य (d) आहूय

Ans. (a) : 'श्रुत्वा' इत्यस्यार्थे गद्यांशे 'आकर्ण्य' शब्द प्रयुक्तः।
'श्रुत्वा' इस अर्थ के लिए गद्यांश में 'आकर्ण्य' शब्द प्रयुक्त है। श्रुत्वा शब्द क्त्वा प्रत्यय का उदाहरण है। क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग करके अर्थ में होता है।
क्त्वा का 'त्वा' शेष बचता है।

8. 'संसदि' इत्यस्मिन् शब्दे का विभक्तिः?

(a) तृतीया (b) द्वितीया
(c) पञ्चमी (d) सप्तमी

Ans. (d) : 'संसदि' इत्यस्मिन् शब्दे सप्तमी विभक्तिः।
'संसदि' शब्द में सप्तमी विभक्ति है।

संसद्

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	संसद्	संसदौ	संसदः
द्वितीया	संसदम्	संसदौ	संसदः
तृतीया	संसदा	संसद्भ्याम्	संसद्भिः
चतुर्थी	संसदे	संसद्भ्याम्	संसद्भ्यः
पंचमी	संसदः	संसद्भ्याम्	संसदभ्यः
षष्ठी	संसदः	संसदोः	संसदाम्
सप्तमी	संसदि	संसदोः	संसत्सु
सम्बोधन	हे संसद् !	हे संसदौ !	हे संसदः !

निर्देश :- (9-15) निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां उत्तराणि समुचितं विकल्पं चित्वा दत्त।

इत्येवं सम्प्रधार्य्य मथुरागामीनि भाण्डानि आदाय शुभायां तिथौ गुरुजनानुज्ञातः सुरथाधिरूढः प्रस्थितः। तस्य च मंगलवृषभौ सञ्जीवकनन्दकनामानौ गृहोत्पन्नौ धूर्वोढारौ स्थितौ। तयोरेकः सञ्जीवकाभिधानो यमुनाकच्छमवतीर्णः सन् पक्ङपूरमासाद्य कलितचरणो युगभंगं विधाय निषसाद। अथ तं तदवस्थमालोक्य वर्द्धमानः परं विषादमगमत्। तदर्थं च स्नेहार्द्रहृदयः त्रिरात्रं प्रयाणभंगमकरोत्। अथ तं विषण्णमालोक्य सार्थिकैरभिहितम् – ''भोः श्रेष्ठिन्! किमेवं वृषभस्य कृते सिंहव्याघ्रसमाकुले बह्वपायेऽस्मिन् वने समस्तसार्थः त्वया सन्देहे नियोजितः। अथासौ तदवधार्य्य सञ्जीवकस्य रक्षापुरुषान् निरूप्य अशेषसार्थं नीत्वा प्रस्थितः। अथ रक्षापुरुषा अपि बह्वपायं तद्वनं विदित्वा सञ्जीवकं परित्यज्य पृष्ठतो गत्वा अन्येद्युस्तं सार्थवाहं मिथ्याहुः - ''स्वामिन्। मृतोऽसौ सञ्जीवकोऽस्माभिस्तु सार्थवाहस्याभीष्ट इति मत्वा वह्निना संस्कृतः'' इति तच्छ्रुत्वा सार्थवाहः कृतज्ञतया स्नेहार्द्रहृदयस्तस्य और्ध्वदेहिकक्रियाः वृषोत्सर्गादिकाः सर्वाश्चकार। सञ्जीवकोऽप्यायुः शेषतया यमुनासलिलमिश्रैः शिशिरतरवातैः आप्यायितशरीरः कथञ्चिदप्युत्थाय यमुनातटमुपपेदे॥ तत्र मरकतसदृशानि बालतृणाग्राणि भक्षयन् कतिपयैरहोभिर्हरवृषभ इव पीनः ककुद्मान् बलवाश्च संवृत्तः प्रत्यहं वल्मीकशिखराग्राणि शृंगाभ्यां विदारयन् गर्जमानः आस्ते। साधु चेदमुच्यते -

9. सञ्जीवकः कः आसीत् ?

(a) अश्वः (b) गजः
(c) वृषभः (d) शृगालः

Ans. (c) : सञ्जीवकः वृषभः आसीत्।
सञ्जीवक नाम का वृषभ था।

10. युगभंङ्ग विधाय कः निषसाद?

(a) नन्दकः (b) वर्धमानः
(c) संजीवकः (d) सार्थिकः

Ans. (c) : युगभंङ्ग विधाय संजीवकः निषसाद।

11. सार्थवाहं सञ्जीवकस्य मृत्योर्विषये मिथ्या समाचारं के दत्तवन्तः?

(a) सार्थिकाः (b) रक्षापुरुषाः
(c) राजपुरुषाः (d) वनवासिनः

Ans. (b) : सार्थवाहं सञ्जीवकस्य मृत्योर्विषये मिथ्या समाचारं रक्षापुरुषाः दत्तवन्तः।
सार्थवाह सञ्जीवक के मृत्यु के विषय में मिथ्या (असत्य) समाचार रक्षा पुरुष देता है।

12. 'प्रयाण' शब्दस्य कोऽर्थः?

(a) मृत्युः (b) वनम्
(c) यात्रा (d) पक्ङम्

Ans. (c) : 'प्रयाण' शब्दस्य यात्रा अर्थः।
प्रयाण शब्द का अर्थ 'यात्रा' है।

शब्द	अर्थ
मृत्युः	मृत्यु
वनम्	वन
यात्रा	यात्रा
पक्ङम्	कीचड़

13. 'प्रस्थितः' शब्दस्य निम्नलिखितेषु कः समानार्थी ?

(a) व्यवस्थितः (b) अव्यवस्थितः
(c) आगतः (d) गतः

Ans. (d) : 'प्रस्थितः' शब्दस्य गतः समानार्थी।
'प्रस्थितः' शब्द का 'गतः' समानार्थी शब्द है।
'व्यवस्थित' का विलोम शब्द 'अव्यवस्थित' है।
आगतः का अर्थ आया हुआ

14. 'अकरोत्' रूपमिदं कस्य लकारस्य ?

(a) लट्लकारस्य
(b) लङ्लकारस्य
(c) लुङ्लकारस्य
(d) विधिलिङ्लकारस्य

Ans. (b) : 'अकरोत्' रूपमिदं लङ्कारस्य।
'अकरोत्' लङ्कार का रूप है।

कृ धातु (लङ्लकार)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र.पु.	अकरोत्	अकुरुताम्	अकुर्वन्
म.पु.	अकरोः	अकुरुतम्	अकुरुत
उ.पु.	अकरवम्	अकुर्व	अकुर्म

15. 'बह्वपाये' हत्यत्र सन्धिविच्छेदः क्रियताम्

(a) बहु + उपाये (b) बहु + अपाये
(c) बहवी + अपाये (d) बहू + अपाये

Ans. (b) : 'बह्वपाये' इत्यत्र सन्धिविच्छेदः – बहु + अपाये
बह्वपाये यण् सन्धि का उदाहरण है।
इकोयणचि – इ / ई, उ / ऊ, ऋ / ॠ या ऌ के बाद कोई स्वर आये तो उसके स्थान पर क्रमशः य, व, र, ल हो जाता है।

16. कविताविषयकभाषाप्रयोगान्तर्गते दिवसमध्ये यः पूर्वं कृतः, छात्रैः किं शिक्षितं, इत्येतां स्थितिं ज्ञातुम् अध्यापकः पुनरीक्षते स्म। एतत्कृते स सम्पूर्णकक्षायाः विचारविमर्शम् प्रारब्धवान्। अयं विचारविमर्शः अस्ति -

(a) प्रवचनम्
(b) काव्यालोचनम्
(c) रूपरेखा
(d) पुनर्वीक्षणम्

Ans. (a) : कविताविषयक भाषा प्रयोगान्तर्गते दिवसमध्ये यः पूर्वं कृतः छात्रैः किं शिक्षितं इत्येतां स्थितिं ज्ञातुम् अध्यापकः पुनरीक्षते स्म। एतत्कृते स सम्पूर्णकक्षायाः विचारविमर्शम् प्रारब्धवान्। अयं विचारविमर्शः प्रवचनम् अस्ति।
कविता विषयक भाषा प्रयोग के अन्तर्गत दिन के बीच में जो पहले किया गया, छात्र को कैसे शिक्षित किया जाए। इस स्थिति को जानने के लिए अध्यापक पुनः परीक्षण करता है। ऐसा करने से वह सम्पूर्ण कक्षा के विचार-विमर्श को प्राप्त कर लेता है। यह विचार-विमर्श प्रवचन है।

17. भाषा-अधिग्रहण-उपकरणम्-अस्ति
(a) मस्तिष्कस्य भागः यां भाषां ग्रहितुं पूर्वतः प्रयोजितः अस्ति।
(b) मस्तिष्कस्य सः भागः यत्र भाषा संगृह्यते।
(c) तद् उपकरणं येन बाल्यकाले एकस्याः भाषायाः अधिकतराणां भाषाणां अधिगमः सम्भवः कृतः।
(d) तद् उपकरणं येन छात्राः नवीनैः शब्दैः सह अनुभवं कृतवन्तः।

Ans. (a & c) : भाषा - अधिग्रहण - उपकरण - अस्ति - मस्तिष्कस्य भागः यां भाषां ग्रहितुं पूर्वतः प्रयोजितः अस्ति।
तद् उपकरणं येन बाल्यकाले एकस्याः भाषायाः अधिकतराणां भाषाणां अधिगमः सम्भवः कृतः।
नोट—आयोग ने इसका Answer (a/c) दोनों को माना है।

18. पठन-अधिग्रहणार्थं कतमा संज्ञानात्मकयोग्यता इष्यते -
(a) मानसिकप्रतिनिधित्वम् (b) मस्तिष्कसिद्धान्तः
(c) भाष्यमाना भाषा (d) कल्पनाशक्तिः

Ans. (c) : पठन-अधिग्रहणार्थं भाष्यमाना भाषा संज्ञानात्मकयोग्यता इष्यते।

19. ध्वन्यात्मकज्ञानस्य काः तिस्रः अवस्थाः सन्ति?
(a) मात्राः, शब्दाः, वाक्यानि
(b) ध्वनयः, स्वरोच्चता, स्वरशैली
(c) गहनता, गतिः, लयः
(d) मात्राः, अन्त्यानुप्रासः, ध्वनिग्रामाः (Phonemes)

Ans. (d) : ध्वन्यात्मकज्ञानस्य मात्राः अन्त्यानुप्राप्तः, ध्वनिग्रामाः (Phonemes)
ध्वन्यात्मकज्ञान का तीन अवस्था है– मात्रा, अन्त्यानुप्रास, ध्वनिग्राम 'ध्वन्यते इति ध्वनि' भाषाविज्ञान में 'ध्वनि विज्ञान' का विशेष महत्व है। विश्व की समस्त भाषाओं में ध्वनि तत्व पर विचार हुआ है, परन्तु ध्वनि तत्व का जितना सूक्ष्म तथा वैज्ञानिक विश्लेषण संस्कृत में हुआ है, वह अन्यत्र नहीं मिलता।

20. कश्चिद् बालकः स्वपित्रा सह आपणं गच्छति। तस्य पिता गच्छन् मार्गचिह्नानि आपणचिह्नानि च दर्शयति, पठति च। अनेन तस्य निम्नलिखितस्य विकासे सहायता भविष्यति -
(a) मुद्रणपरिचये
(b) चिह्न (sign) भाषापरिचये
(c) शिष्टाचार-परिचये
(d) ध्वनिग्राम (phonemic) परिचये

Ans. (a) : कश्चिद् बालकः स्वपित्रा सह आपणं गच्छति। तस्य पिता गच्छन् मार्गचिह्नानि आपणचिह्नानि च दर्शयति पठति च। अनेन तस्य मुद्रण परिचये विकासे सहायता भविष्यति।
कोई बालक अपने पिता के साथ बाजार जाता है। उसका पिता जाते हुए मार्ग चिह्न और बाजार के चिह्न को दिखाता और पढ़ाता है। उसके द्वारा (पिता) उसे मुद्रण परिचय के विकास में सहायता होगी।

21. चित्र-अध्ययन-प्रयोगाय अध्यापिका छात्रान् हस्तपत्राणि ददाति। एतानि चित्राणि बालकान् निम्नलिखिते सहायतां दास्यति -
(a) भाषाविकासे
(b) रेखाचित्रविकासे
(c) शिष्टाचारविकासे
(d) कलाविकासे

Ans. (a) : चित्र-अध्ययन-प्रयोगाय अध्यापिका छात्रान् हस्तपत्राणि ददाति। एतानि चित्राणि बालकान भाषाविकासे सहायतां दास्यति।
चित्र-अध्ययन प्रयोग के लिए अध्यापिका छात्रों को हस्त पत्र देती है। ऐसे चित्र बालकों में भाषा विकास में सहायता देंगे।

22. निम्नलिखितेषु कतमं उदीयमान-साक्षरतायाः चिह्नं नास्ति -
(a) बालकः एतज्जानाति यत् पठनक्रिया वामतः दक्षिणं प्रति भवति।
(b) बालकः सम्यग् रूपेण पठति।
(c) बालकः अनुभवति यद् अक्षराणि लेखनस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति।
(d) बालकः सोद्देश्यं आरेखति।

Ans. (b) : उपरिलिखितेषु बालकः सम्यग् रूपेणं पठति उदीयमान साक्षरतायाः चिह्नं नास्ति।
उपर्युक्त में बालक सम्यक रूप से पढ़ता है यह उदीयमान साक्षरता का चिह्न नहीं है जबकि अन्य विकल्प संगत हैं।

23. आधारभूता साक्षरता निम्नलिखितस्य योग्यता अस्ति।
(a) वर्णमालायाः अक्षराणां अभिज्ञानम्
(b) उपयुक्तध्वनिग्रामाणां परिचयः
(c) पूर्णवाक्यानां लेखनम्
(d) पठनं, लेखनं च

Ans. (d) : आधारभूता साक्षरता पठनं, लेखनं च योग्यता अस्ति।
पठन और लेखन आधारभूत साक्षरता की योग्यता है। पठन और लेखन समूची शिक्षण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। यह सीखने सिखाने की प्रक्रिया में पठन और लेखन ज्ञान का विस्तार करने के लिए अनिवार्य प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया केवल भाषा के साथ ही नहीं वरन् प्रत्येक विषय के साथ चलती रहती है।

24. चतुर्थकक्षायाः पठनपरीक्षायाः सज्जीकरणे, अध्यापकः परामर्शः दीयते-
(a) छात्रेभ्यः एतत्कथनं यत् 'परीक्षा अतिमाहत्त्वपूर्णा अस्ति। तैः यथासम्भवं सर्वोत्तमं करणीयम्'।
(b) छात्राः निर्दिश्यन्तां यत् व्युत्क्रान्तानि वाक्यानि पठितपाठ्यानुसारं पुनः व्यवस्थापितव्यानि।

(c) छात्राः कथ्यन्तां यत् निर्देशः स्पष्टतया पठितव्यः तथा पठितपाठ्यस्य विषयमाश्रित्य शब्दसीमान्तर्गते एकः अनुच्छेदः लेखनीयः।
(d) परीक्षाविधिम् अनुसृत्य प्रश्नोत्तरस्य अभ्यासः छात्रैः कारणीयः।

Ans. (b) : चतुर्थकक्षायाः पठनपरीक्षायाः सज्जीकरणे, अध्यापकः परामर्श दीयते - छात्राः निर्दिश्यन्तां यत् व्युत्क्रान्तानि वाक्यानि पठितपाठ्यानुसारं पुनः व्यवस्थापितव्यानि।

25. काचिद् अध्यापिका स्वछात्रान् बहुषु समूहप्रयोगेषु संलग्नान् करोति, यथा सामूहिकविचारविमर्शे, सामूहिकप्रायोजनासु, भूमिकानिर्वहणेषु इत्यादिषु एदादृशी सहपाठिभिः सह शिक्षणप्रक्रिया निम्नलिखितेषु केन समर्थिता -
(a) स्किनरमहोदयेन
(b) चौम्सकीमहोदयेन
(c) वायगोत्स्कीमहोदयेन
(d) पियाजेमहोदयेन

Ans. (c) : काचिद् अध्यापिका स्वछात्रान् बहुषु समूहप्रयोगेषु संलग्नान् करोति, यथा सामूहिकविचारविमर्शे, सामूहिकप्रयोजनासु, भूमिकानिर्वहणेषु इत्यादिषु एतादृशी सहपाठिभिः सह शिक्षणप्रक्रिया वायगोत्स्कीमहोदयेन समर्थिता।
कोई अध्यापिका अपने छात्रों को अनेक समूहों में तत्पर करती है, जो सामूहिक विचार विमर्श, सामूहिक प्रयोजन, भूमिकानिर्वहण इत्यादि साथ-साथ पढ़ने की शिक्षणप्रक्रिया को 'वायगोत्स्कीमहोदय' का है।
वायगोत्स्की महोदय सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त' के लिये जाने जाते हैं।

26. निम्नलिखितेषु किं प्रभावशालिशिक्षणे आधारितम् अस्ति?
(a) अनुमानम् (b) सूचनालेखनम्
(c) टिप्पणीलेखनम् (d) टिप्पणीग्रहणम्

Ans. (d) : टिप्पणीग्रहणम् प्रभावशालिशिक्षणे आधारितम् अस्ति।
टिप्पणी ग्रहण प्रभावशाली शिक्षण पर आधारित है।

27. यस्यां प्रक्रियायां छात्राणाम् आवश्यकता अस्ति – विचारोत्तेजनम् , व्यवस्था, प्रारूपम्, सम्पादनं तथा पुनर्वीक्षणं, सा प्रक्रिया विदधाति -
(a) श्रवणकौशलम् (b) भाषणकौशलम्
(c) पठनकौशलम् (d) लेखनकौशलम्

Ans. (d) : यस्यां प्रक्रियायां छात्राणां आवश्यकता अस्ति - विचारोत्तेजनम्, व्यवस्था प्रारूपम्, सम्पादनम् तथा पुनर्वीक्षणं, सा प्रक्रिया लेखनकौशलम् विदधाति।
जिस प्रक्रिया की छात्रों को आवश्यकता है - विचारोत्तेजन, व्यवस्था प्रारूप, सम्पादन तथा पुनर्वीक्षण, वह प्रक्रिया लेखन कौशल कहलाती है। लेखन कौशल का अर्थ है भाषा-विशेष में स्वीकृत लिपि-प्रतीकों के माध्यम से विचारों तथा भाषों को अंकित करने की कुशलता।

28. कश्चिद् अध्यापकः स्वछात्रान् पाठ्यं तूष्णीं पठितुं कथयति। अध्यापकरूपेण स छात्रान् निर्दिशेत् -
(a) यदि ते कमपि शब्दं कठिनम् अनुभवन्ति, तदा ते अध्यापकं अगच्छन्तु।
(b) प्रकरणानुसारं नवीनशब्दानां अर्थाः निष्कृष्टव्या तथा अर्थावबोधेन सह पठितव्याः।
(c) पाठ्ये प्रयुक्ताः व्याकरणनियमाः रेखाङ्कितव्या तथा तेषु विशेषं ध्यानं दातव्यम्।
(d) यदि ते पाठ्यस्य अर्थबोधं कर्तुं न शक्नुवन्ति तदापि पाठ्यं निर्दिष्टकाले पठितव्यम्।

Ans. (b) : कश्चिद् अध्यापकः स्वछात्रान् पाठ्यं तूष्णीं पठितुं कथयति। अध्यापकरूपेण स छात्रान् निर्दिशेत् - प्रकरणानुसारं नवीनशब्दानां अर्थाः निष्कृष्टव्या तथा अर्थावबोधेन सह पठितव्याः।
कोई अध्यापक अपने छात्रों को पाठ चुप होकर पढ़ने के लिए कहता है। अध्यापक के रूप में वह छात्रों को निर्देश देता है -
प्रकरण के अनुसार नवीन शब्दों के अर्थ को निर्दिष्ट करके तथा अर्थ अवबोधन के साथ पढ़ाता है।

29. कश्चिद् भाषा-अध्यापकः स्वछात्रान् कथयति यत् ते कक्षायां समक्षं ग्रीष्मकालीन-अवकाशस्य स्मरणीयघटनाः वर्णयन्तु। भाषा-छात्रस्य कृते निम्नलिखितेषु कः विधिः सर्वोत्तमः अस्ति?
(a) स तान् कथयतु यत्ते स्वानुभवान् आङ्गलमाध्यमेन वर्णयन्तु।
(b) स प्रयुक्तभाषाया प्रवाहे शुद्धतायाश्च विषये केन्द्रितो भवेत्।
(c) स तान् गृहभाषायां स्वविचारान् प्रकटयितुं प्रोत्साहयेत्।
(d) स पाठ्यक्रमं पूर्णतया पाठने केन्द्रितो भवेत, न तु अन्यविषयेषु।

Ans. (c) : कश्चिद् भाषा-अध्यापकः स्वछात्रान् कथयति यत् ते कक्षायां समक्षं ग्रीष्मकालीन-अवकाशस्य स्मरणीयघटनाः वर्णयन्तु। भाषा-छात्रस्य कृते स तान् गृहभाषायां स्वविचारान् प्रकटयितुं प्रोत्साहयेत्।
कोई भाषा-अध्यापक अपने छात्रों से कहता है जो वे कक्षा के समक्ष ग्रीष्मकालीन-अवकाश का स्मरण करके वर्णन करते हैं। भाषा-छात्र के लिए वह अपने घरेलू भाषा में अपने विचारों को प्रकट करने का प्रोत्साहन देना सर्वोत्तम विधि है।

30. उदीयमानलेखकेषु अध्यापकः उत्तमलेखनकौशलं विकासयितुं कथं शक्नोति?
(a) विषये स्पष्टनिर्देशं दत्त्वा शब्दसीमान्तर्गते भवितुं निर्दिशेत्।
(b) छात्रैः यत् उत्तमं कृतं अध्यापकः तस्याः प्रशंसां कुर्यात् परिष्कर्तुं च स्वविचारान् कथयेत्।
(c) सुन्दरलेखेन लेखितुं निर्दिशेत्।
(d) केवलं व्याकरण-त्रुटीः अधिकृत्य छात्रान् व्यापकं प्रतिपुष्टिं दद्यात्।

Ans. (b) : उदीयमानलेखकेषु अध्यापकः उत्तमलेखनकौशलं विकासयितुं शक्नोति छात्रैः यत् उत्तमं कृतं अध्यापकः तस्याः प्रशंसां कुर्यात् परिष्कर्तुं च स्वविचारान् कथयेत्।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 20-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. The period from years 6 till 11 is referred to as:
छः से ग्यारह वर्ष तक के काल को क्या कहा जाता है?
(a) infancy/शैशवावस्था
(b) early childhood/प्रारंभिक बाल्यावस्था
(c) middle childhood/माध्यमिक बाल्यावस्था
(d) pre-operational/पूर्व संक्रियात्मक

Ans. (c) : बाल्यावस्था जन्म काल से लेकर युवावस्था तक का समय है। बाल्यावस्था के तीन चरण हैं–
- प्रारंभिक बाल्यावस्था (पूर्वस्कूली वर्ष) (2–6 वर्ष)
- मध्य बाल्यावस्था (स्कूल के वर्ष) 6 से 11 वर्ष की आयु)
- उत्तर बाल्यावस्था (11 से 14 वर्ष की आयु)

मध्य बाल्यावस्था : यह अवधि 6 वर्ष से 11 वर्ष की आयु तक है। इस समय के दौरान, विकास दर धीमी लेकिन स्थिर हैं।
- मध्य बाल्यावस्था के दौरान शारीरिक विकास प्रारंभिक बाल्यावस्था या किशोरावस्था की तुलना में कम उत्तेजक होता हैं। युवावस्था की शुरूआत तक विकास धीमा और स्थिर होता है जब व्यक्ति बहुत तेज गति से विकसित होने लगते हैं।

2. Development_____.
विकास _____
(a) proceeds from centre of the body in an outward direction./शरीर के मध्य से बाहर की दिशा में होता है।
(b) development proceeds from bottom to top. नीचे से ऊपर की ओर होता है।
(c) is unidimensional./एक आयामी है।
(d) is not influenced by environmental efforts. वातावरणीय कारकों से प्रभावित नहीं होता है।

Ans. (a) : विकास शरीर के मध्य से बाहर की दिशा में होता है अर्थात् पहले स्पाइनल कार्ड बनात है फिर हृदय इस क्रम में विकास होता है। चूंकि निकट दूर विकास क्रम (Proximodistal Development Sequence) में शारीरिक विकास पहले केन्द्रीय भागों में प्रारम्भ होता है तत्पश्चात केन्द्र से दूर के भागों में होता है। उदाहरण के लिए पेट और धड़ में क्रियाशीलता जल्दी आती है।

3. Assertion (A) : Physical development of children does not have any influence on their social and cognitive development.
Reason (R) : Aspects of development are not related to each other.
Choose the correct option:
कथन (A) बच्चों के शारीरिक विकास का उनके सामाजिक व संज्ञानात्मक विकास पर कोई प्रभाव नही पड़ता।
तर्क (R) विकास के आयामों का आपस में कोई संबंध नहीं है।
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (AR)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : विकास से तात्पर्य किस व्यक्ति में गुणात्मक परिवर्तन जैसे व्यक्तित्व में परिवर्तन या अन्य मानसिक और भावनात्मक पहलुओं सें है। यह सभी पहलुओं जैसे शारीरिक, संज्ञानात्मक, भाषा, सामाजिक, भावनात्मक और अन्य में होता हैं। विकास के सभी आयामों का आपस में संबंध हैं। बच्चों के शारीरिक विकास का उनके सामाजिक व संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव पड़ता हैं। उदाहरण के लिए : एक बच्चा, जो शारीरिक रूप से स्वस्थ है, में बेहतर सामाजिकता और भावनात्मक स्थिरता होने की संभावना हैं। बच्चा एक एकीकृत पूर्ण रूप में विकसित होता है। विकास का प्रत्येक क्षेत्र दूसरे पर निर्भर है और इस प्रकार अन्य विकासों को प्रभावित करता हैं। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

4. In middle schools family has _____ role and peers have _____ role in the development and socialization of children.
माध्यमिक स्कूल में बच्चों के विकास एवं सामाजीकरण में परिवार की _____ और समकक्षियों की _____।
(a) no; no/कोई भूमिका नहीं है; कोई भूमिका नहीं है
(b) important; significant/महत्वपूर्ण भूमिका है; प्रमुख भूमिका है
(c) no; significant/कोई भूमिका नहीं है; प्रमुख भूमिका है
(d) significant; no/प्रमुख भूमिका है; कोई भूमिका नहीं है

Ans. (b) : माध्यमिक स्कूल में बच्चों के विकास एवं सामाजीकरण में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका है और समकक्षियों की प्रमुख भूमिका हैं। बालक के सामाजीकरण में बहुत सी संस्थाएँ योगदान देती हैं फिर भी परिवार का योगदान सबसे ऊपर है क्योंकि समाजीकरण की पहली शिक्षा बच्चा परिवार के द्वारा ही सीखता है। बालक के समाजीकरण में बालक के सहपाठियों/समकक्षियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं जिसमें मित्र-समूह, सम-समूह, आयु, योग्यता एवं सामाजिक स्थिति का समूह शामिल होता है।

5. According to Jean Piaget's theory of cognitive development, in which stage children gain the ability to seriate objects in a specified order?
जीन पियाजे के संज्ञानात्मक सिद्धांत के अनुसार, बच्चे किस अवस्था में वस्तुओं को कहे गए क्रम में लगाने की योग्यता पा लेते हैं?

(a) Sensory motor/सांवेदिक पेशीय
(b) Pre operational/पूर्व संक्रियात्मक
(c) Concrete operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) Formal operational/अमूर्त संक्रियात्मक

Ans. (c) : जीन पियाजे के संज्ञानात्मक सिद्धांत के अनुसार, बच्चे मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में वस्तुओं को कहे गए क्रम में लगाने की योग्यता पा लेते हैं। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था को ठोस संक्रियात्मक अवस्था भी कहा जाता है। यह अवस्था सात से ग्यारह वर्ष (7-11) तक की अवस्था है। इस अवस्था में वह यह विश्वास करने लगता है कि लंबाई, भार तथा अंक आदि स्थिर रहते हैं। वह अनेक कार्यो की मानसिक प्रतिभा प्रस्तुत कर सकता है। वह किसी पूर्व और उसके अंश के संबंध में तर्क कर सकता है।

6. According to piaget, at which stage of cognitive development children develop the abilities of 'conservation' and 'classification' ?
पियाजे के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास के किस स्तर पर बच्चे संरक्षण और वर्गीकरण की योग्यता विकसित करते है?

(a) Sensori-motor/संवेदी गामक
(b) Pre-operational/पूर्व संक्रियात्मक
(c) Concrete operation/मूर्तसंक्रियात्मक
(d) Formal operational/औपचारिक संक्रियात्मक

Ans. (c) : मूर्त संक्रियात्मक चरण लगभग 7 से 11 वर्ष की आयु तक रहता है जो बाल विकास की उत्तर बाल्यावस्था को संदर्भित करता हैं। इस चरण में, बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत कर सकते है तथा संख्या बोध क्षेत्र और मात्रा के संरक्षण की क्षमता हासिल करते हैं। बच्चे संज्ञानात्मक क्षमता के रूप में प्रतिवतिता, संचलन, परिवर्तन की अवधारणा को प्राप्त करते हैं। पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बच्चों में संरक्षण और वर्गीकरण की क्षमताएँ विकसित हो जाती हैं।

7. Which of the following is NOT an educational implications of jean piaget's theory?
निम्नलिखित में से कौन सा जीन पियाजे के सिद्धान्त का शैक्षिक निहितार्थ नहीं है?

(a) Using appropriate rewards and punishment/ उचित पुरस्कार और दंड का उपयोग करना।
(b) Sensitivity to children's readiness to learn/ सीखने के लिए बच्चों की तत्परता के प्रति संवेदनशीलता।
(c) Acceptance of individual differences/ व्यक्तिगत मतभेदों की स्वीकृत।
(d) Discovery learning./खोज अधिगम।

Ans. (a) : सीखने और विकास के बारे में पियाजे के विचारों ने सीखने के रचनावादी सिद्धांतों के साथ-साथ बाल केंद्रित शिक्षाशास्त्र और विशेष रूप से बच्चों की शिक्षा में शिक्षकों के लिए निष्क्रिय पृष्ठभूमि की भूमिका की प्रवृत्ति को प्रभावित किया हैं। पियाजे ने सुझाव दिया कि शिक्षक की भूमिका में उपयुक्त सीखने के अनुभव और सामग्री प्रदान करना शामिल है जो छात्रों को उनकी सोच को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता हैं। उनके सिद्धांत ने व्यक्तिगत और छात्र केन्द्रित सीखने, रचनात्मक मूल्यांकन, सक्रिय सीखने की अवधारणाओं, डिस्कवरी लर्निंग और पीयर इंटरेक्शन को प्रभावित किया। उचित पुरस्कार और दंड का उपयोग करना पियाजे के सिद्धांत का शैक्षिक निहितार्थ नही हैं।

8. The fourth stage 'law and order orientation' of conventional morality as given by Lawrence Kohlberg is marked by the belief that:
लॉरेंस कोलबर्ग के पारंपरिक नैतिकता के चौथे चरण कानून और व्यवस्था अभिविन्यास, में व्यक्तिः

(a) the physical consequences of an action determine goodness or badness./किसी क्रिया के भौतिक परिणाम से अच्छाई या बुराई निर्धारित करते हैं।
(b) Obeying rules should some sort of benefit in return./नियमों का पालन करने के बदले में किसी प्रकार के लाभ की अपेक्षा करते हैं।
(c) In order to maintain social order fixed rules must be established and obeyed./सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निश्चित नियमों को स्थापित करने और उनका पालन करने में विश्वास रखते हैं।
(d) Moral decision should be made in terms of self-chosen ethical principles./नैतिक निर्णय स्व-चुने हुए नैतिक सिद्धान्तों के संदर्भ में लेते हैं।

Ans. (c) : लॉरेंस कोलबर्ग के पारंपरिक नैतिकता के चौथे चरण कानून और व्यवस्था अभिविन्यास में, व्यक्ति सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निश्चित नियमों को स्थापित करने और उनका पालन करने में विश्वास रखते हैं इसमें सामाजिक नियम और कानून व्यवहार को निर्धारित करते हैं। व्यक्ति अब सामाजिक कानूनों के एक बड़े परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखता हैं। नैतिक निर्णय लेना दूसरों के साथ घनिष्ठ संबंधों के विचार से अधिक हो जाता हैं। व्यक्ति का का मानना है कि नियम और कानून सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखते है जो कि संरक्षित करने योग्य हैं।

9. Which of the following strategies are in accordance with Lev Vygotsky's Principles?
निम्न में से कौन सी पद्धतियाँ लेव व्यागोत्सकी के सिद्धान्तों के अनुसार हैं ?

(i) Scaffolding/पाड़
(ii) Conditioning/अनुकूलन
(iii) Collaborative learning/सहयोगात्मक सीखना
(iv) Modelling/माडलिंग (मॉडल का अनुसरण)

(a) (i), (ii)
(b) (i), (iii)
(c) (i), (iii), (iv)
(d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (c) : लेव वायगोत्स्की ने अपने सिद्धांत में सामाजिक अवधारणा के महत्व पर तीन अवधारणाओं को प्रस्तुत करके जोर दिया है जो इस प्रकार उनके सिद्धान्तों के अनुसार हैः–

• पाड़ → यह एक ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिसके माध्यम से सीखने वालों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सीखने के लिए अस्थायी सहायता प्रदान की जाती हैं।

● सहयोगात्मक सीखना → इसमें बालक अपने साथियों के साथ विशिष्ट कौशलों को समूह बनाकर ग्रहण करते है, अर्थात् समान उम्र के बालकों के साथ अधिगम करते हैं।

● माडलिंग (माडल का अनुसरण) → यह विचार कि किसी और के व्यवहार या उस व्यवहार के परिणामों को देखने के परिणामस्वरूप व्यवहार, अनुभूति या भावनात्मक स्थिति में परिवर्तन होता हैं।

10. Seeing the challenges faced by Sona to solve a complex problems her teacher gives her some prompts and cues. In Lev Vyygotsky's theory the teacher in providing scaffolding to help Sona reach:
सोना को एक जटिल समस्या से हल करने में चुनौती का सामना करते देख उसकी शिक्षिका उसको संकेत व इशारे देती है। लेव व्यागोत्सकी के सिद्धान्त के अनुसार शिक्षिका सोना को पाड़ प्रदान कर किस पर पहुँचने के लिए मदद कर रही है?

(a) Biological Maturation/जैविक परिपक्वता
(b) Egocentricism/आत्मकेन्द्रियता
(c) Irreversible Thinking/अपरिवर्तनीय सोच
(d) Zone of proximal Development/समीपस्थ विकास का क्षेत्र

Ans. (d) : सोना को एक जटिल समस्या से हल करने में चुनौती का सामना करते देख उसकी शिक्षिका उसको संकेत व इशारे देती है। लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार शिक्षिका सोना को पाड़ प्रदान कर समीपस्थ विकास का क्षेत्र पर पहुँचने के लिए मदद कर रही हैं। वायगोत्स्की के अनुसार, समीपस्थ विकास का क्षेत्र "स्वतंत्र समस्या समाधान द्वारा निर्धारित वास्तविक विकास स्तर और वयस्क मार्गदर्शन के तहत या अधिक सक्षम साथियों के सहयोग से समस्या-समाधान के माध्यम से निर्धारित संभावित विकास के स्तर के बीच की दूरी हैं।"

11. In a progressive classroom:
एक प्रगतिशील कक्षा में :

(a) the idea of discipline is of self-directed activity which comes from within the child herself./अनुशासन को एक स्व निर्देशित आंतरिक क्रिया के रूप में देखा जाता है।
(b) the teacher transmits knowledge through the method of direct instruction./शिक्षक सीधे निर्देश की पद्धति से ज्ञान का स्थानांतरण करता है।
(c) the textbook is the only source of learning./पाठ्यपुस्क ही सीखने का एकमात्र स्रोत है।
(d) the child assumes a passive role who does not have any control over her learning./बच्ची एक निष्क्रिय भूमिका ग्रहण करती है जिसमें उसका सीखने में कोई नियंत्रण नहीं है।

Ans. (a) : एक प्रगतिशील कक्षा में अनुशासन को एक स्व निर्देशित आंतरिक क्रिया के रूप में देखा जाता हैं। जॉन डीवी, एक अमेरिकी दार्शनिक ने 'प्रगतिशील शिक्षा' जो इस बात पर बल देती है कि शिक्षण केवल 'करके-सीखना' दृष्टिकोण से होता है। इसलिए छात्रों को अपने वातावरण के साथ अनुकूलन और अधिगम के लिए अंतःक्रिया करनी चाहिए। प्रगतिशील कक्षा मे कक्षा वातावरण की निम्नलिखित विशेषताएँ हैः

● ज्ञान के निर्माण के अवसर
● निर्णय लेने में बच्चों की भागीदारी
● भयमुक्त अधिगम वातावरण का निर्माण
● विद्यार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं का आकलन
● समस्याओं को हल करने के लिए लचीले और सहकारी समूह

12. As per Howard Gardner dancers and theatre artists people are known to demonstrate high:
हावर्ड गार्डनर के अनुसार, नृत्यक व नाटककार में किस प्रकार की बुद्धि अधिक मात्रा में होती है?

(a) Logico mathematical intelligence/ तर्क-गणितीय बुद्धि
(b) Bodily Kinaesthetic intelligence/ शारीरिक-गतिक-संवेदनात्मक बुद्धि
(c) Naturalistic intelligence/प्राकृतिक बुद्धि
(d) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि

Ans. (b) : शारीरिक गतिक बुद्धि गार्डनर द्वारा दी गई बुद्धि के प्रकारों में से एक है।
शारीरिक गतिक बुद्धि –

● यह समस्याओं को हल करने के लिए पूरे शरीर या शरीर के कुछ हिस्सों का उपयोग करने की क्षमता को दर्शाती है। यह शारीरिक गतिविधियों के समन्वय करने के लिए मानसिक क्षमताओं का उपयोग करने की क्षमता हैं।

● जिन लोगों की शारीरिक गतिक बुद्धि होती है, तो मांसपेशियों की गति को शामिल करके बेहतर सीख सकते हैं और आमतौर पर शारीरिक गतिविधियों में अच्छे होते हैं।

● इस बुद्धि से प्रभावित होने वाले करियर में एथलीट, डांसर, संगीतकार, अभिनेता, सर्जन, डॉक्टर, बिल्डर, पुलिस अधिकारी और सैनिक हो सकते हैं।

13. The notion that Men are powerful, decision-makers, and head of the household while women are weak, submissive, tolerant, and can only do household chores, is an example of:
"पुरुष ताकतवर, निर्णय लेने वाले और घर के मुखिया होते है जबकि महिलाएँ कमजोर, दब्बू, सहनशील होती है और केवल घरेलू काम ही कर सकती है" किसका उदाहरण है?

(a) Gender Stereotypes/जेंडर रूढ़िवादिता
(b) Gender Equity/जेंडर समता
(c) Gender Flexibility/जेंडर लचीलापन
(d) Gender Equality/जेंडर समानता

Ans. (a) : " पुरूष ताकतवर, निर्णय लेने वाले और घर के मुखिया होते है जबकि महिलाएँ कमजोर, दब्बू, सहनशील होती है और केवल घरेलू काम ही कर सकती है।" यह जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण हैं। लैंगिक रूढ़िवादिता एक अनुचित विचार है जो ऐसी सामान्यीकृत दृष्टिकोण या विशेषताओं को संदर्भित करता है जो महिलाओं और पुरूषों के पास होना चाहिए। लैंगिक रूढ़िवादिता हानिकारक होती हैं, यह महिलाओं और पुरूषों की व्यक्तिगत क्षमताओं को विकसित करने, उनके पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने अथवा उनकी चुनाव करने की उनकी क्षमता को सीमित करती हैं।

14. Which of the following are key characteristics of a critical thinking learner?
निम्नलिखित में से कौन-सी समालोचनात्मक चिंतन करने वाले शिक्षार्थी की मुख्य विशेषातएँ हैं?

(i) Open mindedness/मानसिक विचारों में खुलापन
(ii) Curiosity and inquiry/उत्सुकता एवं जिज्ञासा
(iii) Asks question and clarifies/प्रश्न पूछते हैं और स्पष्टीकरण करते हैं
(iv) Follows instructions blindly/बिना सोच-विचार किए निर्देशों का पालन करते है
(v) Formulates hypothesis and plans Experiments/परिकल्पनाओ का निर्माण करते है और प्रयोगों की योजना बनाते हैं।

(a) (i), (ii) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (ii), (iii), (v) (d) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

Ans. (c) : समालोचनात्मक चिंतन एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति को निर्णय लेने के लिए सूचना एकत्र करने, व्याख्या करने और मूल्यांकन करने के लिए चिंतनशील, उचित, तर्क संगत सोच का उपयोग कने के लिए चुनौती देती हैं। एक शिक्षक छात्रों में समालोचनात्मक चिंतन कौशल को विकसित करने के लिए निम्नलिखित विशेषताएँ हैं:–

- मानसिक विचारों में खुलापन
- उत्सुकता एवं जिज्ञासा
- प्रश्न पूछते है और स्पष्टीकरण करते हैं
- परिकल्पनाओं का निर्माण करते है और प्रयोगों की योजना बनाते है।

15. Which of the following statements about assessment of children is NOT correct?
बच्चों के आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) Assessment should be only quantitative in the form of marks./मूल्यांकन केवल अंक के रूप में मात्रात्मक होना चाहिए।
(b) Assessment should be done during the classroom activities./कक्षा की गतिविधियों के दौरान मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
(c) Observation of children is an important tool of assessment./बच्चों का अवलोकन आकलन का एक महत्वपूर्ण उपकरण है।
(d) Assessment should focus on understanding children's learning on continuum./आकलन को बच्चों के सीखने की निरंतरता को समझने पर ध्यान देना चाहिए।

Ans. (a) : बच्चों के आकलन के बारे में कि मूल्यांकन केवल अंक के रूप में मात्रात्मक होना चाहिए यह कथन सही नही हैं। आकलन से तात्पर्य आंकड़ों के संग्रह और विभिन्न स्त्रोतों से विभिन्न साधनों के माध्यम से साक्ष्य एकत्र करने से होता है। एक आकलन छात्र की ताकत और सुधार के क्षेत्रों को निर्दिष्ट करते हुए उसके प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया प्रदान करता हैं जो अधिगम में सुधार के लिए उचित कदम उठाने के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

16. For successful inclusion of students with 'giftedness', which of the following strategy a teacher should avoid to use?
'प्रतिभाशाली' विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापक को निम्न में से क्या करने से बचना चाहिए?

(a) Allow opportunities to express diverse perspectives./विविध दृष्टिकोणों को व्यक्त करने के मौके देना।
(b) Provide academic enrichment activities to students./विद्यार्थियों को शैक्षणिक संवर्द्धक गतिविधियाँ प्रदान करना।
(c) Implement teacher-centered curriculum./ अध्यापक-केन्द्रित पाठ्यक्रम को लागू करना।
(d) Allow students to pursue independent projects based on their interests./ विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार स्वतंत्र परियोजनाएँ करने देना।

Ans. (c) : 'प्रतिभाशाली' विद्यार्थियों के सफल समावेशन हेतु, एक अध्यापक को निम्न में से अध्यापक-केन्द्रित पाठ्यक्रम को लागू करने से बचना चाहिए चूँकि N.C.F- 2005 के अनुसार अब बाल केन्द्रित शिक्षा है इस लिए अध्यापक को केन्द्र में नही बल्कि बच्चे को केन्द्र में रखना चाहिए और उसी के अनुसार पाठ्य क्रम लागू करना चाहिए और बच्चों को विविध दृष्टिकोण को व्यक्त करने के मौके देना चाहिए। विद्यार्थियों को शैक्षणिक संवर्द्धक गतिविधियाँ प्रदान करना चाहिए तथा विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार स्वतंत्र परियोजनाएँ करने देना चाहिए।

17. Student from disadvantaged backgrounds:
वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को:

(a) Should be made to study in different schools since their cognitive capabilities cannot match other students./अलग-अलग स्कूलों में अध्ययन का प्रवधान लिया जाना चाहिए क्योंकि उनकी संज्ञानात्मक क्षमता अन्य छात्रों में मेल नही खा सकती है।
(b) Should be given vocation education so that they can pursue their parent's occupation./व्यावसायिक शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे अपने माता-पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें।
(c) Should be placed in regular schools and efforts should be made to adapt the curriculum and facilitate learning for all the students in the context of their social cultural context./नियमित स्कूलों में रखा जाना चाहिए और पाठ्यक्रम को अनुकूलित करने और सभी छात्रों के लिए उनके सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ के संदर्भ में सीखने की सुविधा के प्रयास किए जाने चाहिए।
(d) Should not be given any education at all./बिल्कुल भी शिक्षा नहीं देनी चाहिए।

Ans. (c) : सामाजिक रूप से वंचित बच्चा वह है जो समुदाय के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े तबके से है, जो एक तरह से या किसी अन्य से वंचित होने के कारण स्कूल का लाभ नही उठा सकता हैं।

- सामाजिक रूप से वंचित बच्चे को नियमित शिक्षा कार्यक्रमों में विशिष्ट समायोजन के लिए शिक्षार्थी की विशेष आवश्यकताओं की जरूरत होती हैं।

● अतः यह स्पष्ट है कि वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को नियमित स्कूलों में रखा जाना चाहिए और पाठ्यक्रम को अनुकूलित करने और सभी छात्रों के लिए उनके सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ के संदर्भ में सीखने की सुविधा के प्रयास किए जाने चाहिए।

18. Which of the following is correctly matched pair of appropriate accommodation strategy for inclusion of students with specified disability?
विशिष्ट प्रकार की विकलाँगता वाले विद्यार्थियों के समावेशन के लिए उपयुक्त समंजन युक्ति का सही युग्म मिलान कौन सा है?

(a) Learning disability – extra time to complete tasks./अधिगम कठिनाई-कार्य पूरे कर पाने के लिए अतिरिक्त समय
(b) Attention Deficit Hyperactivity Disorder – giving complex higher order tasks./ध्याान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार – बेहद जटिल
(c) Visual impairment – provisioning for printed materials./दृष्टि बाधिता – मुद्रित सामग्री का प्रावधान
(d) Speech impairment – use of lecture method./वाक बाधिता – व्याख्यान विधि का प्रयोग

Ans. (a) : समावेशन का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांग बच्चे अपने गैर-विकलांग साथियों के साथ स्कूल जाते है, जबकि उन्हें व्यक्तिगत निर्देश और सहायता प्रदान करते है जिनकी उन्हें आवश्यकता होती हैं। विशिष्ट प्रकार की विकलांगता वाले विद्यार्थियों के समावेशन के लिए उपयुक्त समंजन युक्ति का सही युग्म अधिगम कठिनाई-कार्य पूरे कर पाने के लिए अतिरिक्त समय हैं।

19. Assertion (A) : Creativity is limited to only artists, scientists, and poets.
Reason (R) : Manual work like carpentry, cooking does not have any scope of being creative.
Choose the correct option:
कथन (A) सृजनात्मक केवल कलाकार, वैज्ञानिक, कवि जैसे व्यक्तियों तक सीमित है।
तर्क (R) दस्ती कार्य जैसे बढ़ईगीरी व खाना पकाने में सृजनात्मकता की कोई गुंजाइश नही है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (AR)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : पहले यह माना जाता था कि केवल लेखक, कवि, चित्रकार, संगीताकर आदि ही रचनात्मक होते है लेकिन अब यह माना जाने लगा है कि मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में व्यक्तित्व की रचना की अभिव्यक्ति हो सकती हैं। वास्तव में संसार के सभी प्राणियों में सृजनात्मकता पायी जाती हैं – किसी व्यक्ति में कम मात्रा में रचना होती है तथा किसी व्यक्ति में अधिक मात्रा में रचना होती है। सृजनात्मक केवल कलाकार, वैज्ञानिक, कवि जैसे व्यक्तियों तक ही सीमित नही हैं। दस्ती कार्य जैसे बढ़ईगीरी व खाना पकाने में सृजनात्मकता की भी गुंजाइश होती हैं। अतः (A) और (R) दोनों गलत हैं।

20. Assertion (A) : Teachers should be flexible in implementing curriculum and methods of assessment to cater to individual differences.
Reason (R) : Individual differences among children should be accepted and respected.
Choose the correct option:
अभिकथन (A) शिक्षकों को व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखने के लिए पाठ्यचर्या और आकलन के तरीकों को लागू करने में लचीला होना चाहिए।
तर्क (R) बच्चों में पाई जाने वाली व्यक्तिगत भिन्नताओं को स्वीकार किया जाना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (AR)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : व्यक्तिगत भिन्नता वह शब्द है, जो कक्षा में विविधता को मान्यता देता है और एक शिक्षक हमेशा विविधता का सम्मान करता है। अलग-अलग क्षमता वाले छात्रों की अलग-अलग भिन्नता होती है, जो सभी शिक्षार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को दिलचस्प बनाती है। शिक्षकों को व्यक्तिगत भिन्नताओं को ध्यान में रखने के लिए पाठ्यचर्या और आकलन के तरीकों को लागू करने में लचीला होना चाहिए। बच्चों में पायी जाने वाली व्यक्तिगत भिन्नताओं को स्वीकार किया जाना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

21. Which of the following statements about school communities is correct?
स्कूल और समुदायों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) Schools and communities should work harmoniously for the well-being of the children./स्कूलों और समुदायों को बच्चों की भलाई के लिए मिलकर काम करना चाहिए।
(b) Schools do not have any role in ensuring quality education for children belonging to disadvantaged communities./वंचित समुदायों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में स्कूलों की कोई भूमिका नहीं होती है।

(c) Communities do not have any role in ensuring quality education of children belonging/वंचित समुदायों के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में समुदायों की कोई भूमिका नहीं होती है।

(d) It is best that there is not interaction between the schools and the community for the well being of the children./बच्चों को भलाई के लिए स्कूलों और समुदायों के बीच कोई बातचीत न होना ही बेहतर है।

Ans. (a) : स्कूलों और समुदायों को बच्चों की भलाई के लिए मिलकर काम करना चाहिए यह स्कूल और समुदायों के बारे में सही कथन हैं। कई संदर्भो में स्कूलों के संचालन में माता-पिता और समुदायों की भागीदारी ने स्कूल में बच्चों की पहुंच, प्रतिधारण और उपस्थिति दर बढ़ाने में मदद की हैं। शिक्षा एक 'सामाजिक गतिविधि है जिसमें, स्कूल के अलावा, समाज एक सूत्रधार और भागीदार की भूमिका निभाता हैं। सफल विद्यालय समुदाय के साथ बच्चे अच्छे और सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने के महत्व को समझते हैं।

22. Monu believes that he has a fair for languages but be got less marks in English lest because he could not study well. Monu is attributing his performance to :
मोनू का मानना है कि उसके भाषाई कौशल अच्छे है: उसके अंग्रेजी की परीक्षा में कम अंक आने का कारण है उसका अच्छे से पढ़ाई न करना। मोनू अपने प्रदर्शन का आरोपण किस कारक को कर रहा है?

(a) Environmental factors/पर्यावरणीय कारक
(b) Hereditary factors/आनुवंशिक कारक
(c) Lack of ability/योग्यता की कमी
(d) Lack of effort/कोशिश की कमी

Ans. (d) : मोनू का मानना है कि उसके भाषाई कौशल अच्छे है: उसके अंग्रेजी की परीक्षा में कम अंक आने का कारण है उसका अच्छे से पढ़ाई न करना। मोनू अपने प्रदर्शन का आरोपण कोशिश की कमी कारण को कर रहा हैं। यदि कोई छात्र असफलता के लिए योग्यता की कमी को दोष देता है, फिर इसके बारे में करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। दुर्भाग्य से, विफलता के लिए बार-बार अभ्यास किया गया, आत्म-पूर्ति की भविष्यवाणियाँ बन जाती हैं। जैसे-'मैने पर्याप्त प्रयास नही किया' या 'मैं इसमें अच्छा नहीं हूँ' कोशिश की कमी कारक को दर्शाता हैं।

23. Assertion (A) : Overall physical and emotional well-being of the child greatly affects her learning.
Reason (R) : Academic learning is not influenced by personal emotional factors.
Choose the correct option:
कथन (A) बच्चों का संपूर्ण शारीरिक व संवेगात्मक विकास उसके सीखने को बहुत प्रभावित करता है।
तर्क (R) अकादमिक अधिगम पर व्यक्तिगत संवेगात्मक कारकों को कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (AR)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : शारीरिक स्वास्थ्य संवेगों के उचित विकास पर निर्भर होता है। यदि संवेगात्मक स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो शारीरिक स्वास्थ्य कभी भी ठीक नहीं हो सकता। संवेगों के बढ़ने से ग्रन्थियाँ बहुत क्रियाशील होती है, दिल की धड़कन, नाड़ी की गति तथा सांस की रफ्तार तेज हो जाती हैं। बच्चों का संपूर्ण शारीरिक व संवेगात्मक विकास उसके सीखने को बहुत प्रभावित करता है ये कथन सही हैं। अकादमिक अधिगम पर व्यक्तिगत संवेगात्मक कारकों को कोई प्रभाव नही पड़ता यह कथन गलत है क्योंकि इसका प्रभाव अकादमिक अधिगम पर पड़ता हैं। अतः (A) सही है लेकिन (R) गलत हैं।

24. In middle school classroom teachers should focus on encouraging students to set:
मध्य विद्यालय कक्षा में छात्रों को सेट करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान देना चाहिए :-

(a) mastery-oriented goals/महारत उन्मुख लक्ष्य
(b) failure-accepting goals/असफलता स्वीकार से करने वाले लक्ष्य
(c) failure-avoiding goals/असफलता से बचने वाले लक्ष्य
(d) performance-oriented goals/प्रदर्शन उन्मुख लक्ष्य

Ans. (a) : एक माध्यमिक विद्यालय कक्ष में, शिक्षकों को छात्रों को निपुणता उन्मुख लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान देना चाहिए। छात्रों को वांछित कौशल में प्रवीणता/निपुणता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वे लक्ष्य प्राप्त कने में तभी सक्षम होंगे जब उन्हें वांछित कौशल में निपुणता हासिल हो। उदाहरण के लिए, एक छात्र जिसकी क्रिकेट में रूचि है और एक बल्लेबाज बनना चाहता है, उसे अपने बल्लेबाजी कौशल पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, वह तभी बेहतर प्रदर्शन करेगा जब उसके पास सही कौशल और प्रशिक्षण होगा।

25. Which of the following form of learning, a teacher should emphasize upon:
निम्न में से अधिगम की कौन-सी तकनीक पर एक अध्यापिका को बल देना चाहिए?

(a) learning through stimulus-response
उद्दीपक-प्रतिक्रिया द्वारा अधिगम
(b) learning through process of structured enquiry/संरचनाबद्ध अन्वेषण की प्रक्रिया द्वारा अधिगम
(c) learning through rote-memorisation/
रट्टा-मार सीखना
(d) learning to achieve more marks than others/
दूसरों से ज्यादा अंक प्राप्त करने के लिए सीखना

Ans. (b) : संरचनाबद्ध अन्वेषण की प्रक्रिया द्वारा अधिगम तकनीक पर एक अध्यापिका को बल देना चाहिए क्योंकि इससे बच्चों के विभिन्न पहलुओं का पता चलता है जिससे अध्यापक उन पहलुओं को समझ करके उसका निराकरण करते हैं। यह एक बच्चों के अधिगम के रूप में समस्या-साधक का काम करता है।

26. Which of the following is NOT an example of extrinsic motivation?/निम्न में से कौन-सा बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण नहीं है?

(a) Avoidance of punishment/सजा से बचना
(b) Interest/रुचि
(c) Rewards/इनाम
(d) Fear of failure/असफलता का डर

Ans. (b) : 'रूचि' बाह्य अभिप्रेरणा का उदाहरण नही है। बाह्य अभिप्रेरणा से तात्पर्य उस अभिप्रेरण से है जो व्यक्ति को बाहर से प्राप्त होता है। जो पर्यावरण से सम्बद्ध होती है। यह अभिप्रेरणा प्रोत्साहन द्वारा दी जाती है। प्रोत्साहन में प्रशंसा, दोषारोपण, पुरस्कार, दण्ड, अंक, श्रेणी एवं सहयोग आते हैं। चूँकि रूचि आंतरिक अभिप्रेरणा है। आंतरिक अभिप्रेरणा स्वयं व्यक्ति के अन्दर स्थित होता है। आंतरिक अभिप्रेरणा व्यक्ति को हमेशा किसी भी कार्य को सतत् रूप से करने के लिए प्रेरित करती रहती है।

27. Which of the following emotion hinders student's learning?/निम्न में से कौन-सा भाव, विद्यार्थियों के अधिगम में बाधक रहेगा?

(a) Eagerness/उत्सुकता (b) Gratitude/कृतज्ञता
(c) Curiosity/जिज्ञासा (d) Hopelessness/निराशा

Ans. (d) : निराशा भाव विद्यार्थियों के अधिगम में बाधक रहेगा। निराशा से तात्पर्य व्यक्ति की एक ऐसी नकारात्मक मानसिक स्थिति अथवा भावात्मक दशा होती है जो बालक या विद्यार्थियों को अनेक अवरोध और परस्पर विरोधी विकल्पों का सामना करने पर प्राप्त होती है। उत्सुकता, कृतज्ञता तथा जिज्ञासा तीनो व्यक्ति की आंतरिक अभिप्रेरणा है जो व्यक्ति के अन्दर स्थित होती है और हमेशा व्यक्ति को किसी भी कार्य को करने के लिए प्रेरित करती रहती है।

28. During the classroom discussion on concept of water, a child responded, "water is not colourless". On enquiring by the teacher, child gave reference of dirty water which he had seen in a drain near his home. A teacher respond to this misconception of the child by:
एक कक्षा में जल संप्रत्यय पर चर्चा के दौरान एक बच्चा कहता है कि 'जल रंगहीन नहीं है।' अध्यापिका के पूछे जाने पर वह उसके घर के पास वाले नाले के गंदे पानी का संदर्भ देता है। बच्चे के इस भ्रांति पर अध्यापिका की क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिए?

(a) completely discarding this answer
इस जवाब को सिरे नकार देना चाहिए।
(b) asserting that his logic is baseless
इस बात पर बल देना चाहिए कि उसका तर्क निराधार है।
(c) accept the response and explain the logic of calling the water colorless/इस जवाब को अपना लेना चाहिए और जल के रंगहीन होने का तर्क बताना चाहिए।
(d) emphasing on only one correct answer i.e. water is colorless/केवल एक ही सही जवाब जो है कि 'जल रंगहीन है' पर जोर देना चाहिए।

Ans. (c) : एक कक्षा में जल संप्रत्यय पर चर्चा के दौरान एक बच्चा कहता है कि 'जल रंगहीन नहीं है।' अध्यापिका के पूछे जाने पर वह उसके घर के पास वाले नाले के गंदे पानी का संदर्भ देता है। बच्चे के इस भ्रांति पर अध्यापिका की ऐसी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि इस जवाब को अपना लेना चाहिए और जल के रंगहीन होने का तर्क बताना चाहिए। जिससे बच्चे की भ्रांतियाँ दूर हो सकें।

29. Socio-constructivist approach to learning emphasises on importance of _____.
अधिगम का सामाजिक-संरचनात्मक उपागम निम्न में से किसकी महत्ता पर बल देता है?

(a) Rewards and Punishment/इनाम और दण्ड
(b) Standardised Assessment/मानकीकृत आकलन
(c) Cultural Context/सांस्कृतिक संदर्भ
(d) Expository Teaching/प्रतिपादक अध्यापन

Ans. (c) : अधिगम का सामाजिक-संरचनात्मक उपागम सांस्कृतिक संदर्भ की महत्ता पर बल देता है। वायगोत्सकी ने बालक के संज्ञानात्मक विकास में समाज एवं उसके सांस्कृतिक सम्बन्धों के बीच संवाद को एक महत्वपूर्ण आयाम घोषित किया। इनके अनुसार संज्ञानात्मक विकास एकाकी नही हो सकता, यह भाषा-विकास, सामाजिक-विकास, यहाँ तक की शारीरिक विकास के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में होता है। वायगोत्सकी के सिद्धान्त के अनुसार बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक कारकों (Social factors) एवं भाषा (Language) का महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए वायगोत्सकी के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त को सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धान्त भी कहा जाता है।

30. Learning is most effective and meaningful when
अधिगम सबसे अधिक प्रभावशाली और अर्थपूर्ण होगा, अगरः

(a) it occurs in contextualised manner
यह संदर्भित रूप में हो।
(b) learners are performance-oriented
अधिगमकर्ता प्रदर्शन-अभिमुखी हो।
(c) learners are motivated by intrinsic factors
अधिगमकर्ता बाह्य कारकों से अभिप्रेरित हो।
(d) information is presented in disconnected chunks/जानकारी असंबंधित खण्डों में प्रस्तुत की जाए।

Ans. (a) : अधिगम सबसे अधिक प्रभावशाली और अर्थपूर्ण होगा, अगर यह संदर्भित रूप में हो। साथ ही कक्षा में प्रभावशाली अधिगम के लिए सहयोगिक वातावरण की रचना करनी चाहिए बजाय प्रतिस्पर्द्धिक वातावरण के। सहयोगी वातावरण में बच्चे अपने समकक्षी समूहों के साथ सामाजिक अंतःक्रिया द्वारा अधिगम- अनुभव प्राप्त करते है अर्थात् सहयोगी वातावरण में बच्चे अपने अध्यापक और साथियों के साथ बात-चीत, संवाद तथा चर्चा-परिचर्चा के द्वारा सीखते हैं और एक दूसरे को सीखने में सहायता करते हैं।

SOCIAL SCIENCE

1. In which state of India can you find the old sites of Bhimbetka?
भीमबेटका के पुरास्थल भारत के किस राज्य में पाए जाते हैं?

(a) Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(b) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Karnataka/कर्नाटक

Ans. (b) : भीमबेटका के पुरास्थल भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि मानव द्वारा बनाये गये शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए

प्रसिद्ध हैं। इसकी खोज 1957-1958 में डॉक्टर विष्णु श्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी। 2003 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया। यहाँ पर अन्य पुरावशेष भी मिले हैं, जिनमें प्राचीन किले की दीवार, लघु स्तूप, पाषाण निर्मित भवन, शुंग-गुप्त कालीन अभिलेख, शंख अभिलेख और परमार कालीन मंदिर के अवशेष सम्मिलित हैं।

2. Under which of the following Regulating Acts of India, the supreme court was established?
निम्नलिखित में से भारत के किस रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत सुप्रीम कोर्ट की स्थापना किया गया था ?

(a) Regulating Act of 1784/1784 का रेग्यूलेटिंग एक्ट
(b) Regulating Act of 1793/1793 का रेग्यूलेटिंग एक्ट
(c) Government of India Act 1858/भारत सरकार अधिनियम 1858
(d) Regulating Act of 1773/1773 का रेग्यूलेटिंग एक्ट

Ans. (d) : सुप्रीम कोर्ट की स्थापना 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत हुयी थी जिसमें अपीलीय क्षेत्राधिकार शामिल थे। जहां सभी मामलों के निवारण की मांग की जा सकती है। इसमें एक मुख्य न्यायाधीश और तीन अन्य न्यायाधीश शामिल थे। 1773 के एक्ट के कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य–
बाम्बे और मद्रास के गवर्नर जब बंगाल के गवर्नर जनरल के अधीन कार्य करते थे।
वारेन हेस्टिंग्स को बांगाल का पहला गवर्नर जनरल बनाया गया था।
बंगाल में प्रशासन गवर्नर जनरल और 4 सदस्यों वाली एक परिषद् द्वारा चलाया जाना था।

3. Read the statements (A) and (R) and choose the correct option.
(A) : Accountants were appointed by the state to check the amount of revenue collected by muqtis
(R) : This was done so that the muqti collected only the taxes prescribed by the state and that he kept the required number of soldiers.
कथन (A) तथा (R) को पढ़िए तथा सही विकल्प को चुनें:
(A) : मुक्तीयों द्वारा एकत्रित राजस्व की रकम का हिसाब लेने के लिए राज्य द्वारा लेखा अधिकारी नियुक्त किए जाते थे।
(R) : यह इसलिए किया जाता था। ताकि मुक्ती राज्य द्वारा निर्धारित कर ही वसूलें और तय संख्या के अनुसार सैनिक रखें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : मुक्तीयों द्वारा एकत्रित राजस्व की रकम का हिसाब लेने के लिए राज्य द्वारा लेखा अधिकारी नियुक्ति किए जाते थे, ऐसा इसलिए किया जाता या, ताकि मुक्ति राज्य द्वारा निर्धारित कर ही वसूले और तय संख्या के अनुसार सैनिक रखें। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है। (A) की।
पहले वाले सुल्तानों की तरह खिलजी और तुगलक शासकों ने भी सेना नायकों को भिन्न-2 आकार के इलाकों के सूबेदार के रूप में नियुक्ति किया गया था। इलाके इक्ता कहलाते थे और इन्हें सँभालने वाले अधिकारी इक्तादार या मुक्ति कहे जाते थे। मुक्ति या कर्ज का सैनिक अभियानों का नेतृत्व करनपा और अपने इक्तों में कानून और व्यवस्था बनाये रखना।

4. Which is the meaning of Pishtaq, an important aspect of Mughal architecture?
पिश्तक का क्या अर्थ है, जो मुगल वास्तुकला का एक महत्वपूर्ण पहलू है?

(a) Forty pillared halls./चालीस खंभों का सभा भवन
(b) Tall gateway./मेहराबदार प्रवेशद्वार
(c) Central Hall surrounded by eight rooms. आठ कमरों से घिरा हुआ केन्द्रीय सभा भवन
(d) Rectangular walled enclosures./आयताकार अहाते

Ans. (b) : 1192 में भारत में तराइन के द्वितीय युद्ध के बाद तुर्क सत्ता की स्थापना के साथ अन्य क्षेत्रों सहित वास्तुकला में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन आये । जिनमें भवनों के मेहराबदार प्रवेशद्वार थे। जिन्हें पिश्तक कहा गया इनकी बनावट नीचे से सीधे व शीर्ष पर जाकर गोलाई लिए त्रिभुजाकार थे इनसे दरवाजों की ऊँचाई व आकर्षण बढ़ा। विकास क्रम में इनकी लम्बाई बढ़ती गई और लोदी काल तक यह पूर्ण विकास की अवस्था में पहुँच गये।

5. Read the following statements (A) and (B) and choose the appropriate option:
(A) : Ashoka's 'dhamma' involve worship of a God and performance of sacrifice.
(B) : Ashoka appointed officials, known as the 'dhamma mahamatta' who went from place to place teaching people about 'dhamma'.
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :
(A) : अशोक के धम में देवताओं की पूजा और कर्मकांड शामिल थे।
(R) : अशोक ने धम-महामत्ता नाम के अधिकारियों की नियुक्ति की जो जगह-जगह जाकर धम की शिक्षा देते थे।

(a) Both (A) and (B) are true./(A) और (B) दोनों कथन सही है।
(b) Both (A) and (B) are false./(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true./(A) गलत है, लेकिन (B) सही है।

Ans. (d) : अशोक के धम्म में किसी देवता की पूजा अथवा किसी कर्मकांड की आवश्यकता नही थी। उन्हें लगता था कि जैसे पिता अपने बच्चों को अच्छे व्यवहार की शिक्षा देते है। वैसे ही यह उनका कर्तव्य था कि अपनी प्रजा को निर्देश दें। वे बुद्ध के उद्देश्यों से प्रेरित हुए थे। अशोक ने धम्म महामात्य नाम के अधिकारियों की नियुक्ति की जो जगह-2 जाकर धम्य की शिक्षा देते थे। इस प्रकार विकल्प (D) के अन्तर्गत दिये गये कथन (A) गलत है। और (B) सही है।
अशोक ने धम्म के विचारों को प्रसारित करने के लिए, सीरिया मिस्र, ग्रीस में दूत भेजे। अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को इसी कार्य हेतु उसने श्रीलंका भेजा।

6. Read the statements A and B and choose the correct option.
कथन A तथा कथन B को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें।

A. Around 2500 years ago, there is evidence for the growing use of iron tools including axes for clearing forests and the iron plough share, which were useful for increasing agricultural production.
करीब 2500 वर्ष पूर्व लोहे के औजारों, जिनमें जंगलों के साफ करने के लिए कुल्हाड़ियाँ और जुताई के लिए हलों के फाल शामिल हैं, के बढ़ते प्रयोग का प्रमाण मिलता है जो कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए उपयोगी थे।

B. Many cities developed from about 2500 years ago./लगभग 2500 वर्ष पूर्व तक अनेक शहर विकसित हुए।

(a) A is true But B is false.
(a) सही है परन्तु (b) गलत है।
(b) A is false but B is true.
(a) गलत है परन्तु (b) सही है।
(c) Both A and B are true and there is a relation between A and B. /(a) और (b) दोनों सही हैं और (a) तथा (b) में संबंध है।
(d) Both A and B are true but there is no relation between A and B./ (a) और (b) दोनों सहीं हैं और (a) तथा (b) में कोई संबंध नहीं है।

Ans. (c) : आज से 2500 वर्ष पूर्व उत्तर भारत में भारतीय इतिहास का द्वितीय नगरीकरण हुआ। लोहे की खोज से बनी मजबूत कुल्हाड़ी ने जंगलों को तेजी से साफ किया। लोहे के फाल वाले हल लकड़ी के हल से अधिक गहरी जुताई करते थे।इनसे कृषि उत्पादन बढ़ा, उत्पादन से व्यापार, व्यापार से शहरों का विकास हुआ जिनमें चम्पा, साकेत कौशाम्बी आदि थे।

7. Consider the statement, (A) and (B) about Wood's Dispatch and choose the correct answer.

(A) : Wood's Dispatch argued that European learning would improve the moral character of Indians.

(B) : The literature of the East was error free.

(A) और (B) कथनों पर वुड के नीतिपत्र के संदर्भ में विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

(A) : वुड का नीतिपत्र यह तर्क देता था। कि यूरोपीय शिक्षा से भारतीयों के नैतिक चरित्र का उत्थान होगा।

(R) : पूरब का साहित्य त्रुटि रहित था।

(a) Both (A) and (B) are true./(A) और (B) दोनों कथन सही है।
(b) Both (A) and (B) are false./(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true./(A) गलत है, लेकिन (B) सही है।

Ans. (c) : वुड का घोषणा पत्र यह तर्क देता है कि यूरोपीय शिक्षा से भारतीयों के नैतिक चरित्र का उत्थान होगा, और पूरब का साहित्य त्रुटि रहित नहीं बल्कि त्रुटि पूर्ण कहा गया था। इस प्रकार कथन (A) सही है। लेकिन (B) गलत है।
सर चार्ल्स वुड उस समय ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ कंट्रोल के अध्यक्ष थे। उन्होंने भारत की भावी शिक्षा के लिए एक विस्तृत योजना बनाई और भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी को 1854 में अपना सुझाव भेजा जिसे वुड का घोषणा पत्र कहा गया और इसे ही भारत का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।

8. Match the following in the context of Mughal Empire and choose the appropriate option :
निम्नलिखित का मिलान मुगल साम्राज्य के संदर्भ में कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

	List I (Battle) /सूची I (संग्राम)		List II (Year) /सूची II (सन्)
a)	Battle of Chausa/चौसा का संग्राम	**i**	1527
b)	Battle of Kanauj/ कन्नौज का संग्राम	**ii**	1528
c)	Battle of Khanwa/ खानवा का संग्राम	**iii**	1539
d)	Battle of Chanderi/ चंदेरी का संग्राम	**iv**	1540

(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(c) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची I	सूची II
चौसा का युद्ध	1539 ई.
कन्नौज का युद्ध	1540 ई.
खानवा का युद्ध	1527 ई.
चंदेरी का युद्ध	1528 ई.

9. Who contributed to the banning of Sati in 1829?/1829 में सती प्रथा को प्रतिबंधित करवाने में किसका योगदान था?

(a) Raja Rammohun Roy / राजा राममोहन रॉय
(b) Ishwar Chandra Vidya Sagar
ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(c) Jyoti Rao Phule / ज्योतिराव फुले
(d) Swami Dayanand Saraswati
स्वामी दयानंद सरस्वती

Ans. (a) : ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के विरूद्ध समाज को जागरूक किया जिसके फलस्वरूप इस आन्दोलन को बल मिला और तत्कालीन अंग्रेजी सरकार को सती प्रथा को रोकने के लिए कानून बनाने पर विवश होना पड़ा था। अन्ततः उन्होंने सन् 1829 में सती प्रथा को रोकने का कानून पारित किया।

10. Read the statements (a) and (R) and choose the correct option.
अभिकथन (a) तथा कारण (R) को पढ़े सही विकल्प को चुनें।

Assertion (a)- Between 1927 and 1935 Ambedkar led three temple entry movements.
अभिकथन (a) : 1927 से 1935 के बीच अम्बेडकर ने मंदिर में प्रवेश के लिए तीन आंदोलन चलाए।

Assertion (R)- Ambedkar's aim was to make everyone see the power of British rule in India.
कारण (R) : अम्बेडकर का मुख्य लक्ष्य सब लोगों को अंग्रेजी शासन की शक्ति दिखाना था।

(a) Both (a) and (R) true and (R) is the correct explanation of (a)./ (a) और (R) दोनों सही और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (a)/(a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (a) की।
(c) (a) is but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : 1927 से 1935 के बीच अम्बेडकर ने मंदिर में प्रवेश के लिए तीन आन्दोलन चलाए। अम्बेडकर जी का मुख्य लक्ष्य था मंदिर में प्रवेश, आन्दोलन के जरिए देश में फैली सामाजिक और जातिगत कुरीतियों को खत्म कर सामाजिक असमानता को दूर करना चाहते थे और पिछड़े वर्ग के लोगों को इज्जत और सम्मान दिलाना चाहते थे।

11. Which the reforms movements with their leaders correctly:
निम्नलिखित सुधार आंदोलन का उनके नेताओं के साथ सही मिलान करें:

	List/ सूची -1		List/ सूची -2
(a)	Matua Panth मटुआ पंथ	(i)	Jyotirao Phule/ ज्योतिराव फुले
(b)	Satyashodhak Samaj सत्यशोधक समाज	(ii)	Raja Rammohun Roy/राजा राममोहन रॉय
(c)	Arya Samaj आर्य समाज	(iii)	Haridas Thakur हरिदास ठाकुर
(d)	Brahmo Samaj ब्रह्म समाज	(iv)	Swami Dayanand Saraswati स्वामी दयानंद सरस्वती

(a) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(b) (a)-(iv),(b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(c) (a)-(i), (b)-(iv), (c) -(iii), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

Ans. (d) : सही मिलान इस प्रकार है -

	सूची -1		सूची -2
(a)	मटुआ पंथ	(iii)	हरिदास ठाकुर
(b)	सत्यशोधक समाज	(i)	ज्योतिराव फुले
(c)	आर्य समाज	(iv)	स्वामी दयानंद सरस्वती
(d)	ब्रह्म समाज	(ii)	राजा राममोहन रॉय

- मटुआ पंथ एक धर्म सुधार आन्दोलन है जो 1860 ई. के आस-पास अविभाजित बंगाल में शुरू हुआ था। इस आन्दोलन की शुरुआत हरिदास ठाकुर ने किया था।
- सत्यशोधक समाज 24 सितम्बर 1873 में ज्योतिबा फुले द्वारा स्थापित एक पन्थ है। इसका उद्देश्य शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को विमुक्त करना था।
- आर्य समाज एक हिन्दू सुधार आन्दोलन है जिसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 में की।
- ब्रह्म समाज भारत का एक सामाजिक- धार्मिक आन्दोलन था।इसके प्रवर्तक राजा राममोहन राय अपने समय के विशिष्ट समाज सुधारक थे। 1828 में ब्रह्म समाज को राजा राममोहन राय और द्वारकानाथ टैगोर ने स्थापित किया था।

12. Read the following statements on emergence of Nationalism and choose the correct option.
राष्ट्रवाद के उदय के बारे में दिए गए कथनों को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

A. The Indian National Congress was founded in the year 1885.
1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।

B. The early Nationalist leaders were largely from rural and uneducated background.
अधिकांश शुरूआती राष्ट्रवादी नेता ग्रामीण और अशिक्षित पृष्ठभूमि से थे।

(a) A is true but B is false
(a) सही है किन्तु (b) गलत है।
(b) A is false but B is true
(a) गलत है किन्तु (b) सही है।
(c) Both A and B are true/ (a) और (b) दोनों सही हैं।
(d) Both A and B are false
(a) और (b) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : राष्ट्रवादी चेतना का उदय यूरोप में पुनर्जागरण काल से ही शुरु हो गया था, परन्तु 1789 ई. के फ्रांसीसी क्रांति में यह सशक्त रूप लेकर प्रकट हुआ । 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। भारत में राष्ट्रवाद की शुरूआत 19 वीं शताब्दी से शुरू हुयी थी। ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियों और उनकी चुनौतियों से भारत में लोगों ने राष्ट्रवाद के बारे में सोचना शुरू किया।

13. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
Assertion (A) : The state had a monopoly on the manufacture and sale of salt.

Reason (R) : Mahatma Gandhi broke the law as it was sinful to tax salt, being essential food item.

निम्नलिखित कथनों (A) तथा (R) को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

अभिकथन (A) : नमक के उत्पादन एवं बिक्री पर राज्य का एकाधिकार था।

कारण (R) : महात्मा गाँधी ने इस नियम को तोड़ा क्योंकि नमक पर टैक्स (कर) वसूलना पाप है और यह भोजन का बुनियादी हिस्सा है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है। परन्तु (R) सही है।

Ans. (a) : नमक कानून ब्रिटिश भारत के सर्वाधिक घृणित कानूनों में से एक था इसके अनुसार नमक के उत्पादन और विक्रय पर राज्य एकाधिकार स्थापित था। महात्मा गांधी ने इस नियम को तोड़ा क्योंकि नमक पर टैक्स (कर) वसूलना पाप है और यह भोजन का बुनियादी हिस्सा है। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है। (R) सही व्याख्या करता है। (A) की।

12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से इस सत्याग्रह की शुरुआत की। यह यात्रा साबरमती आश्रम से 240 किमी.. दूर गुजरात के दांडी नामक स्थान पर पहुँचकर समाप्त होनी थी। 6 अप्रैल 1930 को वे दांडी पहुँचे और वहां मुट्ठीभर नमक उठाकर कानून तोड़ा।

नोटः- 30 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दांडी मे महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर दांडी में, राष्ट्रीय नमक सत्याग्रह स्मारक का उद्घाटन किया।

14. Read the following Assertion (a) and Reason (R) on formation of states and choose the correct option.

राज्यों के गठन के संदर्भ में निम्न अभिकथन (a) व कारण (R) को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

Assertion (a)- Both Prime Minister Jawaharlal Nehru and Deputy Prime Minister Vallabhbhai Patel were against the creating of linguistic states.

अभिकथन (a): प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल, दोनों ही भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की नीति के विरोधी थे।

Reason (R)-State Reorganisation Commission recommended in 1956 the redrawing of districts and provisional boundaries to form compact provinces at Assamese, Bengali, Oriya, Tamil, Malayalam, Kannada and Telugu speakers respectively.

कारण (R): राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1965 में सुझाव दिया कि असमिया, बंगला, उड़िया, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु भाषियों के लिए अलग-अलग प्रांतों का गठन करने के उद्देश्य से जिलों और प्रांतों की सीमा को पुनः तय किया जाए।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।

(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (a) की।

(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : भारत का बँटवारा धर्म के आधार पर हुआ था। इसी बँटवारे के कारण हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच हुए भीषण दंगों में 10 लाख से ज्यादा लोग मारे गये थे। ऐसी परिस्थितियों में भाषा के अधार पर देश को और विभाजित करना उचित नहीं था। इसलिए हमारे देश को भाषा के आधार पर बाँटा नहीं जा सकता। यही कारण था कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु और उपप्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल दोनों ही भाषा के आधार पर राज्यों के गठन की नीति के विरोधी थे।

भारत के स्वतंत्र होने के बाद भारत सरकार ने राज्यों को भाषाई आधार पर पुनर्गठित करने के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना 1953 में की जो न्यायाधीश फजल अली की अध्यक्षता में हुयी। राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1965 में सुझाव दिया कि असमिया, बंगाल, उड़िया, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगु भाषियों के लिए अलग-अलग प्रांतों का गठन करने के उद्देश्य से जिलों और प्रांतों की सीमा को पुनः तय किया जाए।

नोट : एन.सी.ई.आर.टी. में लिखा है कि राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1956 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

15. Given statements are about various celestial bodies in the sky. Which of the statements are correct?

आसमान में विभिन्न खगोलीय पिंडों के विषय में दिये गये कथनों में कौन-से कथन सही हैं?

(a) We do not feel heat and light of countless twinkling stars in the night sky as they are very far away from us/ हम रात में आकाश में असंख्य टिमटिमाते तारों की गर्मी और प्रकाश अनुभव नहीं करते क्योंकि वे बहुत दूर हैं।

(b) Ursa Major Constellation is a group of seven stars also called Saptarishi. / अर्सा मेजर नक्षत्र मंडल सात तारों का समूह है जिसे सप्त-ऋषि भी कहा जाता है।

(c) Pole Star keeps changing its position in the sky. / ध्रुव तारा अपना स्थान बदलता रहता है।

(d) Moon appears at different times, in different shapes and at different positions./ चन्द्रमा अलग-अलग समय पर, अलग-अलग आकार में विभिन्न अवस्थिति में दिखता है।

Choose the correct option
सही विकल्प का चयन करें-

(a) A, B and D/ A, B और D
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and C/ A, B और C

Ans. (a) : खगोलीय पिण्ड या खगोलीय वस्तु ऐसी वस्तु को कहा जाता है जो ब्रह्माण्ड में प्राकृतिक रुप से पायी जाती है, इसमें तारे ग्रह, प्राकृतिक उपग्रह, गैलेक्सी , उल्का पिण्ड, ब्लैक होल, पल्सर आदि। हम रात में आकाश में असंख्य टिमटिमाते तारों की गर्मी और प्रकाश अनुभव नहीं करते क्योंकि वे बहुत दूर हैं और अर्सा मेजर नक्षत्र मंडल सात तारों का समूह है जिसे सप्त-ऋषि भी कहा जाता है। चंद्रमा अलग-अलग समय पर अलग- अलग आकार में विभिन्न अवस्थिति में दिखता है। ध्रुव तारा, तारामण्डल का सबसे रोशन तारा है। ध्रुव तारा पृथ्वी से लगभग 434 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। ध्रुव तारा अपना स्थान नहीं बदलता है।

16. Which of the following statements correct description of the globe?
ग्लोब के विषय में कौन-से कथन सही हैं?

A. Globe is a true model (miniature from) of the Earth/ग्लोब पृथ्वी का सही मॉडल (छोटा प्रतिरूप) है।
B. Globes can be of varying size and type./ग्लोब आकार और प्रकार में भिन्न हो सकते हैं।
C. On the globe, countries, continents and oceans are shown in their correct size. /ग्लोब पर देश, महाद्वीप और महासागर उनके सही आकार में दिखाए जाते हैं।
D. It is fixed and cannot be rotated/यह स्थिर और न घूमने वाला है।

(a) Only A, B and C / केवल A, B और C
(b) Only A, C and D/ केवल A, C और D
(c) Only A, B and D / केवल A, B और D
(d) Only B, C and D/ केवल B, C और D

Ans. (a) : ग्लोब पृथ्वी या किसी अन्य खगोलीय पिंड का एक मॉडल या छोटा प्रतिरुप है। ग्लोब आकार या प्रकार में भिन्न हो सकते हैं। ग्लोब पर देश, महाद्वीप और महासागर उनके सही आकार में दिखाए जाते हैं। एक काल्पनिक रेखा ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती है, जिसे विषुवत वृत्त कहते हैं।

17. Identify the heat zone of the earth from the characteristics.
निम्न विशेषताओं से पृथ्वी के ताप कटिबंध की पहचान कीजिए।

A. The midday sun never shines overhead. दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ऊपर नहीं होता है।
B. These areas have moderate temperature. इन क्षेत्रों का तापमान मध्यम होता है।
C. These areas are bounded by the Tropic of Cancer and the Arctic circle in the northern Hemisphere and the Tropic of Capricorn and the Antarctic Circle in the southern Hemisphere. ये उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव वृत्त तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखा एवं दक्षिण ध्रुव वृत्त के बीच वाले क्षेत्र हैं।

(a) Frigid zone/ शीत कटिबंध
(b) Temperate zone/ शीतोष्ण कटिबंध
(c) Torrid zone / उष्ण कटिबंध
(d) North and South Poles/ उत्तर एवं दक्षिण ध्रुव

Ans. (b) : पृथ्वी के मुख्यतः तीन ताप कटिबंध हैं-
उष्ण कटिबंध, शीतोष्ण कटिबंध और शीत कटिबंध । कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच सभी अक्षांशों पर मध्यान्ह का सूर्य वर्ष में कम से कम एक बार ठीक सिर के ऊपर होता है। इसलिए यह सूर्य से सर्वाधिक सूर्यताप प्राप्त करता है। शीतोष्ण कटिबंध या समशीतोष्ण कटिबंध, उष्णकटिबंध और शीत कटिबंध के बीच का क्षेत्र कहलाता है। इन क्षेत्रों का तापमान मध्यम होता है दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ऊपर नहीं होता है।ये उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा एवं उत्तर ध्रुव तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखाएं दक्षिणी ध्रुव वृत्त के बीच वाले क्षेत्र है।

18. India is located east of Greenwich at 82° 30' E. What will be Indian Standard Time (IST) if Greenwich Mean Time is 1 PM?/भारत ग्रीनविच के पूर्व 82° 30' पूर्व पर स्थित है। भारत का मानक समय क्या होगा यदि ग्रीनविच मीन समय 1 बजे अपराह्न है।

(a) 7:30 PM/ 7:30 अपराह्न
(b) 6:30 PM/ 6:30 अपराह्न
(c) 6:30 AM/ 6:30 पूर्वाह्न
(d) 7:30 AM/ 7:30 पूर्वाह्न

Ans. (b) : भारतीय मानक समय (I ST) यह ग्रीनविच मीन टाइम से 5 घंटे 30 मिनट आगे है। यदि ग्रीनविच मीन समय 1 बजे अपराह्न है तो भारत का मानक समय 6:30 अपराह्न होगा। भारत में 82.5° E के देशान्तर को मानक मध्याह्न रेखा माना जाता है। भारतीय मानक समय की गणना मिर्जापुर से गुजरने वाले 82°30' पूर्व देशान्तर रेखा से की जाती है। इसे भारतीय मानक समय (IST) के रूप में जाना जाता है। प्रधान मध्यान्ह रेखा एक 0° है और इसे ग्रीनविच लाइन के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह लन्दन के पास ग्रीनविच से होकर गुजरती है जहाँ ब्रिटिश रॉयल वेधशाला स्थित है।

19. In which type of forests do softwood trees like chair, pine and cedar grow?
किस प्रकार के वन में नरम काष्ठ वाले वृक्ष जैसे चीड़, देवदार आदि उगते/पैदा होते हैं?

(a) Temperate deciduous forests
शीतोष्ण पर्णपाती वन
(b) Temperate evergreen forests
शीतोष्ण सदाबहार वन
(c) Coniferous forests/ शंकुधारी वन
(d) Tropical deciduous forests
उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Ans. (c) : शंकुधारी वनों में नरम काष्ठ वाले वृक्ष जैसे चीड़ देवदार, हेमलॉक और स्प्रूस शामिल हैं। शंकुधारी जंगल उन हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों में पाये जाते हैं जहाँ तापमान कम होता है इन वनों में सीधे लम्बे वृक्ष पाये जाते हैं तथा जिनकी शाखाएँ नीचे की ओर झुकी होती हैं। जिससे बर्फ इनकी टहनियों पर जमा नहीं हो पाती।

20. Read the given statements and select the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (a): There is a close relationship between height of land and the character of vegetation.
अभिकथन (a): स्थल की ऊँचाई एवं वनस्पति की विशेषताएँ एक-दूसरे से संबंधित हैं।

Reason (R): The growth of vegetation depends on slope and thickness of soil.
कारण (R): वनस्पति की वृद्धि ढाल एवं मिट्टी की परत की मोटाई पर निर्भर करती है।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a). / (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (a).
(a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (a) की।
(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : भूमि की ऊँचाई और वनस्पति की विशेषताओं के बीच घनिष्ट संबंध है। ऊँचाई में परिवर्तन के साथ जलवायु में परिवर्तन होता रहता है और इससे प्राकृतिक वनस्पति बदल जाती है। वनस्पति की वृद्धि तापमान और नमी पर निर्भर करती है। यह ढलान और मिट्टी की माटाई जैसे कारकों पर भी निर्भर करता है। इसे तीन विस्तृत श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः वन, घास स्थल और झाड़ियां।

21. Read the statements (A) and (R) about stratosphere and choose the correct option.
Assertion (A) : It provides most ideal conditions for flying aeroplanes.
Reason (R) : It is almost free from clouds and associated weather phenomenon.
समतापमंडल के बारे में दिए गए कथनों (A) तथा (R) को पढ़े तथा सही विकल्प का चुनाव करें:
अभिकथन (A) : यह हवाई जहाज उड़ाने के लिए सबसे आदर्श परिस्थितियाँ उपलब्ध करता है।
कारण (R) : यह बादलों व मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for correct (A)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true correct (R) is not correct./(A) सही लेकिन किन्तु (R) सही नहीं है।
(d) Both (A) and (R) are not correct./(A) और (R) दोनों सही नहीं हैं।

Ans. (a) : क्षोभमंडल के ऊपर का भाग समताप मंडल कहलाता है। यह लगभग 50 किमी. की ऊँचाई तक फैला है। यह परत बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होता है। इसके फलस्वरूप यहां की परिस्थितियां हवाई जहाज उड़ाने के लिए आदर्श होती है। समताप मंडल की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमे ओजोन गैस की परत होती है। यह परत सूर्य से आने वाली गैसों से हमारी रक्षा करती करती है। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

22. Choose the correct option/सही विकल्प चुनें
Monsoon winds are_____:
मानसून पवनें हैं.....।

(a) Planetary winds / ग्रहीय पवनें
(b) Seasonal winds / मौसमी पवनें
(c) Permanent winds / स्थायी पवनें
(d) Local winds / स्थानीय पवनें

Ans. (b) :मानसून या पावस मूलतः हिन्द महासागर एवं अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण-पश्चिम तट पर आने वाली हवाओं को कहते हैं जो भारत , पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि में भारी वर्षा कराती हैं। ये ऐसी मौसमी पवन होती हैं जो दक्षिणी एशिया क्षेत्र में जून से सितम्बर तक , प्रायः चार माह सक्रिय रहती है।

23. Which of the following represent correct matching of the layers of atmosphere.
निम्नलिखित में से कौन-सा मिलान वायुमण्डल की परतों के विषय में सही है-

A.	Exosphere बहिर्मंडल	(i)	Layer help in radio transmission. रेडियों तरंगों के प्रसारण में सहायक
B.	Troposphere क्षोभमंडल	(ii)	Upper most layer of atmosphere./ सबसे ऊपर की परत
C.	Stratosphere/ समतापमंडल	(iii)	Lower most layer of atmosphere/ सबसे नीचे की परत
D.	Thermosphere/ बाह्यमंडल	(iv)	Layer contains ozone gas. इस परत में ओजोन गैस है।

(a) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(b) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(c) A-(i), B-(iv), C-(iii), D-(ii)
(d) A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)

Ans. (d) : वायुमण्डल की परतों के विषय में सही मिलान इस प्रकार है -

A.	बहिर्मंडल	(ii)	सबसे ऊपर की परत
B.	क्षोभमंडल	(iii)	सबसे नीचे की परत
C.	समतापमंडल	(iv)	इस परत में ओजोन गैस है।
D.	बाह्यमंडल	(i)	रेडियों तरंगों के प्रसारण में सहायक

बहिर्मण्डल- यह सबसे ऊपर की परत है। यह परत बाह्य अंतरिक्ष के साथ विलीन हो जाती है। हल्की गैसें जैसे हिलियम एवं हाइड्रोजन यहीं से अंतरिक्ष में तैरती रहतीं हैं।

क्षोभमण्डल - यह वायुमण्डल की सबसे निचली परत है सभी मौसम की घटनाएं (जैसे कोहरे, बादल, ठंड, बारिस, तूफान, आदि) क्षोभमण्डल तक ही सीमित है।

समतापमण्डल- यह 50 किमी. की ऊँचाई तक फैला हुआ है। इस मंडल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन परत है जो 15 किलोमीटर से 35 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच सीमित है। यहाँ की परिस्थितियाँ हवाई जहाज उड़ाने के लिए अनुकूल होती हैं।

बाह्यमण्डल- यह पृथ्वी की सतह से 80किमी. से 640किमी. तक फैला हुआ है। यह रेडियो तरगों के प्रसारण में सहायक है। इस परत में ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान बढ़ता है।

24. Matching the regions with the animals used for transport in these region and choose the correct option.
क्षेत्रों एवं इन क्षेत्रों में परिवहन के लिए उपयोग होने वाले पशुओं का सुमेल कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Andes Mountains ऐंडीज पर्वत	(i)	Camels and bullocks ऊँट और बैल
B.	Tibet/ तिब्बत	(ii)	Mules and donkey खच्चर और गधे
C.	Indian desert भारतीय मरूस्थल	(iii)	Llamas/ लामा
D.	Indian hills भारतीय पहाड़	(iv)	Yaks/ याक

(a) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(b) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)
(c) A-(iv), B-(ii), C-(iii), D-(i)
(d) A-(ii), B-(iv), C-(i), D-(iii)

Ans. (a) : सही मिलान इस प्रकार है -

A.	ऐंडीज पर्वत	(iii)	लामा
B.	तिब्बत	(iv)	याक
C.	भारतीय मरूस्थल	(i)	ऊँट और बैल
D.	भारतीय पहाड़	(ii)	खच्चर और गधे

ऐंडीज पर्वत- लामा, यह एक कैमिलिड पशु है।

तिब्बत- याक, इसे तिब्बत का बैल भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Bos Grunnies है।

भारतीय मरुस्थल - ऊँट और बैल, ऊँट को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है।

भारतीय पहाड़ - खच्चर और गधे

25. Study the given statements and choose the correct option
दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

Assertion (a): Utility or usability is what makes an object or substance a resource.
अभिकथन (a): एक वस्तु की उपयोगिता अथवा प्रयोज्यता उसे एक संसाधन बनाती है।

Reason (R): Some resources have economic value, some do not have economic value.
कारण (R) : कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है, कुछ का नहीं।

(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (a)./ (a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (a) की।
(c) (a) is true but (R) is false.
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : (a) और (R) दोनों सही हैं (R) सही व्याख्या करता है (a) की। कुछ संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है, कुछ का नही जैसे पेट्रोल का आर्थिक मूल्य होता है लेकिन किसी प्राकृतिकवादी का कोई आर्थिक मूल्य नही है। यही कारण है कि एक वस्तु की उपयोगिता अथवा प्रयोज्यता उसे एक संसाधन बनाती है।

26. Match the names given in column I with the associated activities given in the column II and choose the appropriate option.
कॉलम I में दिए गए नामों का मिलान कॉलम II में दी गई संबंधित गतिविधियों से कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:

Column I /कॉलम I		Column II /कॉलम II	
a)	**Sericulture सेरीकल्चर**	**i**	**Breeding of fish मछली पालन**
b)	**Pisciculture पिसीकल्चर**	**ii**	**Cultivation of grapes अंगूरों की खेती**
c)	**Viticulture विटिकल्चर**	**iii**	**Growing fruits and flowers फलों व फूलों की खेती**
d)	**Horticulture हार्टीकल्चर**	**iv**	**Rearing of silk worms रेशम के कीटों का पालन**

(a) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(c) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(d) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची I	सूची II
सेरीकल्चर	रेशम के कीटों का पालन
पिसीकल्चर	मछली पालन
विटीकल्चर	अंगूरों की खेती
हर्टीकल्चर	फलों व फूलों की खेती

27. Read the following statements (A) and (R) and choose the appropriate option.
(A) : Anand Milk Union Limited is success story of a co-operative venture.
(R) : Co-operative sector industries are owned and operated by the producers or suppliers of raw materials, workers or both.
दिए गए कथनों (A) तथा (R) को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) : आनन्द मिल्क यूनियन सहकारी उपक्रम की सफलता की कहानी का बेहतरीन उदाहरण है।

(R) : सहकारी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकरों कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : आनन्द मिल्क यूनियन सहकारी उपक्रम लि. एवं सुधाडेयरी सहकारी उपक्रम की सफलता की कहानी का बेहतरीन उदाहरण हैं। और सहकारी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व एवं संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकारों कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को निजी क्षेत्र, राज्य स्वामित्व अथवा सार्वजनिक क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र और सहकारी क्षेत्र में वर्गीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन या तो एक व्यक्ति द्वारा या व्यक्तियों के समूह द्वारा किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन द्वारा होता है। जैसे- स्टील ऑथॉरिटी आफ इंडिया।

28. Read the following statements regarding socio-cultural diversity among learners and choose the appropriate option.

(A) The diversity among learner is not only in their social conditions or cultural backgrounds but also in their learning styles, aspirations and attitude.

B) Diversity in a community should be treated with suspicion as it affects learning negatively.

अधिगमकर्ताओं के बीच सामामजि-सांस्कृतिक विविधता के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अधिगमकर्ताओं के बीच विविधता केवल उनकी सामाजिक स्थितियों या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में ही नहीं है परन्तु उनकी अधिगम शैलियों आकांक्षाओं और मनोवृत्ति में भी होती है।

(B) एक समुदाय में व्याप्त विविधता को संदेह भरी नजरों से देखना चाहिए क्योंकि यह अधिगम को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

(a) Both (A) and (B) are true./(A) और (B) दोनों कथन सही है।

(b) Both (A) and (B) are false./(A) और (B) दोनों गलत हैं।

(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही लेकिन (B) गलत है।

(d) (A) is false, (B) is true./(A) गलत है, लेकिन (B) सही है।

Ans. (b) : अधिगमकर्ताओं के बीच विविधता केवल उनकी सामाजिक स्थितियों या सास्कृतिक पृष्ठभूमि में नही है परन्तु उनकी अधिगम शैलियों आकांक्षाओं और मनोवृत्ति में भी होता है। बल्कि सामाजिक स्थितियों या विविधता को नजरो से देखना चाहिए जिससे अधिगम को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सके। इस प्रकार कथन (A) और (R) दोनों गलत है।

प्रो. हरबर्ट रिजले के अनुसार – " भारत का भौतिक और सामाजिक रूप, भाषा, रीति रिवाज, धर्म की विभिन्नता होने पर भी कश्मीर से कन्याकुमारी तक एकता के सूत्र में बंधा है।

29. Match the following.

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Fixing people into one image/ लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(i)	Prejudice./ पूर्वाग्रह
B.	Judging other people negatively दूसरे लोगों को नकारात्मक रूप से देखना/मानना।	(ii)	Untouchability अस्पृश्यता/छुआछूत
C.	Treating some one less fairly than others किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iii)	Stereotype रूढ़िबद्ध धारणा
D.	Practicing purity and pollution शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(iv)	Discrimination भेदभाव

(a) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)

(b) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)

(c) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

(d) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

Ans. (a) :सही मिलान इस प्रकार है -

A.	लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(iii)	रूढ़िबद्ध धारणा
B.	दूसरे लोगों को नकरात्मक रूप से देखना/मानना।	(i)	पूर्वाग्रह
C.	किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iv)	भेदभाव
D.	शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(ii)	अस्पृश्यता/छुआछूत

30. Who is responsible for measuring land and keeping Land records in a village?

गांव में जमीन/भूमि को नापने और उसका रिकॉर्ड रखने का उत्तरदायी कौन होता है?

(a) Station House Officer/ थानेदार
(b) Block Development Officer
खंड विकास अधिकारी
(c) Patwari/village Administrative officer/ पटवारी/ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी
(d) District Collector/जिला अधिकारी

Ans. (c) : पटवारी या लेखपाल राजस्व विभाग में ग्राम स्तर का अधिकारी होता है। इन्हे विभिन्न स्थानों पर अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे - कारनाम अधिकारी शनवोगरु, लेखपाल (उत्तर प्रदेश) आदि। यह भारतीय उपमहाद्वीप के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार का प्रशासनिक पद होता है। ये अपने हल्के के भूमि संबंधी विवाद/भूमि को नापने और उसका रिकॉर्ड रखने का उत्तरदायी होता है।

31. How does the opposition ensure the accountability of the government ? /विपक्ष किस प्रकार सरकार की जवाबदेही को सुनिश्चित करता है?
(a) By constructive criticism of the policies and programs of the government/सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों की रचनात्मक आलोचना द्वारा।
(b) By expressing public opinion./जन-मानस की राय को व्यक्त करके।
(c) By checking the tyranny of the ruling party/सत्ताधारी दल की निरंकुशताओं पर रोक लगाकर।
(d) By putting obstacles in Parliament/संसद में बाधाएँ डालकार।

Ans. (a) : विपक्ष सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों की रचनात्मक आलोचना द्वारा सरकार की जवाबदेही को सुनिश्चित करता है। विपक्ष लोकतंत्र के वास्तविक सार के संरक्षण और लोगों की आकांक्षाओं व उपेक्षाओं के प्रकटीकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान में विपक्ष की विशेष भूमिका रही है मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त के लिए।
नोट – मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी यदि विपक्ष का नेता उपलब्ध न हो तो लोकसभा में सबसे अधिक प्रतिनिधियों वाले विपक्षी दल का मुखिया सदस्य होगा।

32. Which of the following example/s would you give in a class while explaining the term casual worker/अनियमित मजदूर/श्रमिक शब्द की कक्षा में व्याख्या करते हुए आप निम्नलिखित में से कौन-सा/से उदाहरण प्रस्तुत करेंगे?
A. Mason working at a constructive site निर्माण स्थल पर काम करने वाला मिस्त्री।
B. Domestic maids/ घरेलू सहायिकाएँ।
C. Bank manager in a nationalized bank राष्ट्रीयकृत बैंक में बैंक प्रबंधक।
Chose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए:-
(a) Only A and B/ केवल A और B
(b) Only A and C/ केवल A और C
(c) Only B and C / केवल B और C
(d) Only A/ केवल A

Ans. (a) : अनियमित मजदूर / श्रमिक शब्द की कक्षा में व्याख्या करते हुए हम निर्माण स्थल पर काम करने वाला मिस्त्री एवं घरेलू सहायिकाएँ जैसे उदाहरण प्रस्तुत करेंगें। अनियमित मजदूर को नियमित रुप से काम पर नहीं रखा जाता है,सिर्फ उसे दैनिक मजदूरी पर ही रखा जाता है। ऐसे मजदूरों को समाजिक सुरक्षा का लाभ जैसे- भविष्य निधि (Provident fund), पेंशन (Pension) आदि का लाभ नहीं मिलता है। इनका नाम उद्यम के स्वामियों के स्थायी वेतन सूचियों में नहीं होता है।

33. Read the following statements and choose the correct option:
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
Assertion (a): Agricultural labourers are seasonal workers.
अभिकथन (a): खेतिहर मजदूर ऋतुनिष्ठ (सीजनल) श्रमिक होते हैं।
Reason (R): Working on a farm requires operations such as preparing the land, sowing, weeding and harvesting of crops.
Choose the correct option
कारण (R): खेती में कई तरह के काम होते हैं जैसे खेत तैयार करना, रोपाई, बुवाई, निराई और फसलों की कटाई।
(a) Both (a) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (a) की।
(b) Both (a) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (a)/ (a) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं करता है (a) की।
(c) (a) is true but (R) is false
(a) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (a) and (R) are false.
(a) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : खेती में कई तरह के कार्य होते हैं जैसे खेत तैयार करना, रोपाई, बुवाई, निराई और फसलों की कटाई, ये सभी कार्य ऋतुनिष्ठ (सीजनल) होते हैं, यही कारण है कि खेतिहर मजदूर ऋतुनिष्ठ (सीजनल) श्रमिक होते हैं। खेतिहर श्रम जांच समिति की स्थापना 1950-51 में की गई थी। समिति की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की दशा को सुधारने के लिए रिपोर्ट बनाना था। इस समिति के अनुसार खेतिहर मजदूर वे लोग होते हैं, जो मजदूरी के बदले खेतों में काम करके मजदूरी प्राप्त करते हैं।

34. Read the following statements and choose the correct options
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।
A. The Disability Act 1995 states that persons with special needs have equal right and government should make possible their full participation in society
विकलांगता अधिनियम, 1995 कहता है कि विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त है और सरकार को समाज में उनकी पूरी भागीदारी संभव बनानी चाहिए।

B. Under this Act the government has to segregate children with special needs into special schools.
इस अनुच्छेद के अंतर्गत सरकार को विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को विशेष विद्यालयों में पृथक्कृत/अलग करना होगा।

(a) Only a is true/केवल A सही है
(b) Only B is true/केवल B सही है
(c) Both A and B are true/दोनों A और B सही है
(d) Both A and B are false/दोनों A और B गलत है

Ans. (a) : विकलांगता अधिनियम 1995 कहता है कि विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों को भी समान अधिकार प्राप्त है और सरकार को समाज में उनकी पूरी भागीदारी संभव बनानी चाहिए वर्ष 2011 के अनुसार भारत में 2.68 करोड़ विकलांग व्यक्ति है, जो कि कुल जनसंख्या का 2.21% है। यह अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 253 सह पठित संघसूची की पद क्रम संख्या 13 के अन्तर्गत अधिनियमित किया गया है। इसके अन्तर्गत दिव्यांग व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी और समानता की उद्घोषणा को कार्यान्वित करता है और उनकी शिक्षा, उनके रोजगार, बाधा रहित परिवेश का सृजन, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि का प्रावधान करता है।

35. Which of the following pairs are correctly matched ?
(A) Women's property rights : Hindu Succession Amendment Act, 2005
(B) Girls are shy : Gender stereotypes
(C) Participatory Democracy : Panchayati Raj System
निम्नलिखित में से कौन से जोड़े का सही रूप से मिलान हो रहा है?
(A) महिलाओं के संपत्ति का अधिकार : हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 2005
(B) लड़कियाँ शर्मीली होती हैं : लैंगिक रूढ़िवादिता
(C) सहभागीय लोकतंत्र : पंचायती राज प्रणाली/व्यवस्था

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(c) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(d) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)

Ans. (a) : महिलाओं के संपत्ति का अधिकार हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 है। 11 अगस्त 2020 को सर्वोच्च न्यायालय ने हिन्दू उत्तराधिकार (संसोधन, अधिनियम 2005 की पुर्नव्याख्या करते हुए निर्णय लिया कि एक हिन्दू महिला को पैतृक संपत्ति में संयुक्त उत्तराधिकारी होने का अधिकार जन्म से प्राप्त है। यह इस बात पर निर्भर नही करता है उसका पिता जीवित है या नहीं। लड़किया शर्मीली होती है। लैंगिक रूढ़िवादिता को दर्शाती है तथा सहभागीय लोकतंत्र पंचायती राज प्रणाली, व्यवस्था है इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) सही है।

36. Which of the following subjects would come under the state list?
निम्नलिखित में कौन-सा विषय राज्य सूची के अंतर्गत आएगा?

A. The decision to maintain trade relation with Sri Lanka./श्री लंका के साथ व्यापार संबंधों को बनाए रखने का निर्णय।
B. The introduction of a new 100 rupee note. नए 100 रुपये का नोट जारी करना।
C. The decision to introduce Mid Day Meals in primary schools./प्रारंभिक स्कूलों/विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना को लागू कराने का निर्णय।
D. The decision to provide electricity to farmers./किसानों को बिजली/विद्युत उपलब्ध कराने का निर्णय।

Choose the correct option/ सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) A and C /A और C (b) B and C/B और C
(c) C and D/C और D (d) A and D/A और D

Ans. (c) : राज्य सूची के अन्तर्गत प्रारंभिक स्कूलों /विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना लागू कराने का निर्णय, किसानों को बिजली/विद्युत उपलब्ध कराने का निर्णय जिला अस्पताल, राज्य पुलिस, कृषि, सट्टेबाजी और जुआँ आते हैं। जबकि नए 100रु. का नोट जारी करना संघ सूची के विषय के अन्तर्गत आता है तथा श्रीलंका के साथ व्यापार संबंधों को बनाए रखने का निर्णय भी संघ सूची के अन्तर्गत आता है।

37. If a person is denied medical treatment in hospital, it is a clear violation of which right?
अगर एक व्यक्ति को अस्पताल में चिकित्सा उपचार मना कर दिया गया है, तो यह उसके कौन-से अधिकार का प्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है?

(a) Right to health/स्वास्थ्य का अधिकार
(b) Right to information/सूचना का अधिकार
(c) Right to medical treatment/चिकित्सा उपचार का अधिकार
(d) Right to life/जीवन का अधिकार

Ans. (d) : अगर एक व्यक्ति को अस्पताल में चिकित्सा उपचार मना कर दिया गया है, तो यह उसके जीवन के अधिकार का प्रत्यक्ष रुप से उल्लंघन है। क्योंकि भारतीय संविधान में जीवन के अधिकार को मूल अधिकारों की श्रेणी में रखा गया है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि " किसी भी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अतिरिक्त उसके जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। ये अधिकार मनुष्य को जन्मजात प्राप्त होते हैं।

38. In which case did the Supreme Court of India stated that Right to Life is a Fundamental Right under Article 21 of the Constitution and it includes the right to pollution free water and air for full enjoyment of life?
किस मामले/मुकद्दमे में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जीवन का अधिकार, संविधान के अनुच्छेद-21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है और इसमें प्रदूषण मुक्त वायु और पानी का अधिकार भी शामिल है?

(a) M.C Mehta vs Union of India
एम.सी.मेहता बनाम भारतीय संघ
(b) Subhash Kumar vs State of Bihar
सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य
(c) Samit Mehta vs Union of India
समित मेहता बनाम भारतीय संघ
(d) Art of living case on Yamuna Flood Plains
यमुना फ्लडप्लेन पर आर्ट ऑफ लिविंग मुकद्दमा/मामला

Ans. (b) : सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य (1991) में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जीवन का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार है और इसमें प्रदूषण मुक्त वायु और पानी का अधिकार भी शामिल है।

39. In teaching the promotion of social justice a teacher should give example of the following in the class:
कक्षा में सामाजिक न्याय के प्रोत्साहन के शिक्षण में शिक्षक को निम्नलिखित का उदाहरण देना चाहिए:

A. Abolition of Untouchability: Article 17 of the Constitution./छुआछूत/अस्पृश्यता का उन्मूलन: संविधान का अनुच्छेद 17
B. Reservation Policy. / आरक्षण नीति
C. Judicial Review. / न्यायिक समीक्षा

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only A is true/ केवल (a) सत्य है
(b) Only B/केवल B सत्य है
(c) (a) and (b) are true/ A और B दोनों सत्य है
(d) (b) and (c) are true / B और C दोनों सत्य है

Ans. (c) : कक्षा में सामाजिक न्याय के प्रोत्साहन के शिक्षण में शिक्षक को अनुच्छेद 17 छुआछूत/अस्पृश्यता उन्मूलन, आरक्षण नीति जैसे उदाहरण देने चाहिए। क्योंकि समाज के गरीब/निर्धन वर्गों को ऊँचा उठाए बिना, अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों का विकास किए बिना सामाजिक न्याय की स्थापना नहीं हो सकती। किसी के साथ सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। सामाजिक न्याय में सभी लोगों को अपने विकास के समान अवसर प्राप्त होते हैं।

40. Read the following statements :
निम्न कथनों को पढ़िए :

(A) From time to time Indian freedom fighters protested against the tyrannical British laws.
समय-समय पर भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने निरंकुश ब्रिटिश कानूनों के विरुद्ध प्रदर्शन किया।
(B) Irome Sharmila went on fast unto death in protest against the controversial law in Manipur.
मणिपुर में विवादास्पद कानून के विरोध में इरोम शर्मिला आमरण अनशन पर चली गई।

The above statement is an example :
उपरोक्त कथन उदाहरण है:
(a) of the role of the people in making laws/
कानून बनाने में लोगों की भूमिका के।
(b) of the role of the people in governance/
अधिशासन में लोगों की भूमिका के।
(c) demonstrations of the people against the oppressive laws/दमनकारी कानूनों के विरुद्ध लोगों के प्रदर्शन के।
(d) To attract media attention to public demonstrations/मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए लोगों के प्रदर्शान के।

Ans. (c) : समय-समय पर भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने निरंकुश ब्रिटिश कानूनों के विरुद्ध प्रदर्शन किया और मणिपुर में विवादास्पद कानून के विरोध में इरोम शर्मिला आमरण अनशन पर चली गयी। उपरोक्त कथन का उदाहरण दमनकारी कानूनों के विरुद्ध लोगों के प्रदर्शन के है। इरोम चानू शर्मिला-जिन्हें मणिपुर की आयरन लेडी या मैंगार्षा के रूप में भी जाना जाता है।

41. Read the following statements A and B choose the correct option./निम्नलिखित वाक्यों A तथा B को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें।

A. 'Gendering' the curriculum is limited to increasing the number of reference to individal women.
पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करना महिलाओं के संदर्भों/प्रतिनिधित्व में बढ़ोत्तरी मात्र से है।
B. For 'Gendering' the curriculum it is crucial to make the perspectives of women integral to the discussion
B पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के लिए मुद्दों की चर्चा में स्त्री परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखने की आवश्यकता है।

(a) Only A is true/केवल A सही है
(b) Only B is true/ केवल B सही है
(c) Both A and B are true/ दोनों A तथा B सही हैं
(d) Neigher A nor B is true
न तो A सही है और न ही B

Ans. (b) : पाठ्यचर्या में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के लिए मुद्दों की चर्चा में स्त्री परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। क्योंकि इसमें समाजिक गठन के रूप में जेंडर की स्पष्ट समझ विकसित करने और इसे सुगम बनाने के साधन के रूप में अध्यापकों तथा प्रधानाध्यापकों की भूमिका को स्पष्ट किया गया है जो जेंडर न्यायोचित निष्पक्ष समाज की दिशा में सकारात्मक हस्तक्षेप कर सकते हैं। लैंगिग भेदभाव की प्रवृत्ति भारत में प्राचीन काल से ही हो रही है जो काफी सुधार के बाद भी आधुनिक समय में अपना अस्तित्व बनाए हुए है। पितृप्रधान समाज होने के कारण पुरूषवादी मानसिकता आज भी व्याप्त है।

42. To initiate a discussion on the importance of voting in elections, which of the following topics is relevant for the teacher to focus on?
चुनाव में मतदान के महत्व पर एक चर्चा की शुरूआत हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा विषय सबसे प्रासंगिक होगा?

(a) Countries that have a system of universal voting in election/देश जिनमें चुनाव में सार्वभौमिक मताधिकार की प्रणाली है
(b) Fundamental Duties of India citizens
भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्य
(c) Making informed and reasoned decision for public good/सार्वजनिक भलाई के लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय लेना
(d) Why minors cannot vote?
नाबालिग मतदान क्यों नहीं कर सकते?

Ans. (c) : चुनाव में मतदान के महत्व पर चर्चा की शुरूआत हेतु सार्वजनिक भलाई के लिए सूचित और विवेकपूर्ण निर्णय लेना विषय प्रासंगिक होगा, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य प्रक्रिया है। देश में जो प्रशासनिक व्यवस्था है वह चुनाव प्रक्रिया का ही एक हिस्सा है। भारत लोकतांत्रिक देश है। यहाँ पर हर व्यक्ति जो अपनी 18 साल की उम्र पूरी कर चुका है उसे वोट डालने का अधिकार है।

43. A geography teacher wants her students' to deeply explore 'the locational factors for industries'. Which of the following could be best employed?
भूगोल की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'एक उद्योग स्थापित करने के लिए अवस्थिति के कारकों' की गहराई से छानबीन करवाना चाहती है। निम्न में से कौन-सी विधि या विधियाँ अपनाई जा सकती हैं ?
(a) Demonstration / निरूपण
(b) Project / परियोजना
(c) Visit to factory/ फैक्ट्री का भ्रमण
(d) Discussion on few case studies
कुछ अध्ययन-वृत्तों (केस स्टडीज) पर चर्चा
Choose the appropriate option.
उपर्युक्त विकल्पों का चुनाव कीजिए।
(a) (a), (b) and (c)/ (a), (b) तथा (c)
(b) (b), (c) and (d)/ (b), (c) तथा (d)
(c) (a), (c) and (d)/ (a), (c) तथा (d)
(d) Only (b) and (c)/ केवल (b) तथा (c)

Ans. (b) : भूगोल की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'एक उद्योग स्थपित करने के लिए अवस्थिति के कारकों' की गहराई से छानबीन करवाना चाहती है, तो वही शिक्षिका पीरयोजना बनाना, फैक्ट्री का भ्रमण करना, कुछ अध्ययन -वृत्तों (केस स्टडीज) पर चर्चा करना इत्यादि विधियों को अपना सकती है।

44. During the 'Emergency' In India between 1975 and 1977, newspapers were asked to take permission from the government before publishing any piece.
This example is appropriate to explain which of the following concepts?
1975 और 1977 के बीच भारत में आपातकाल की अवधि के दौरान, भारत सरकार ने पत्रकारों के लिए कुछ नियम निर्धारित किए और उन्हें दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया। सभी समाचारपत्रों को कोई भी लेख प्रकाशित करने से पहले सरकार से अनुमति लेने के लिए कहा गया था।
यह उदाहरण निम्नलिखित में से किन सिद्धांतों को समझाने के लिए उपयुक्त है?
(a) Social Advertising/सामाजिक विज्ञापन
(b) Censorship/अभिवेचन (सेंसरशिप)
(c) Discrimination/भेदभाव
(d) Disadvantages of democracy/लोकतंत्र के नुकसान

Ans. (b) : 1975 और 1977 के बीच भारत में आपातकाल की अवधि के दौरान भारत सरकार ने पत्रकारों के लिए कुछ नियम निर्धारित किए और उन्हें दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया था। यह उदाहरण अभिवेचन (सेंसरशिप) के अन्तर्गत आता है। सेंसरशिप का मतलब होता है सरकार द्वारा चिट्ठी-पत्री, सिनेमा आदि की प्रकाशन से पहले की गयी जाँच-पड़ताल। फिल्मों के प्रसारण में भी सेंसरशिप का प्रयोग होता है।

45. During the teaching of social science, more effective opportunities can be provided to the students.
सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी अवसर प्रदान किए जा सकते हैं:
(a) By giving detailed explanation of the topics/ सभी विषयों की विस्तृत व्याख्या देकर
(b) By using more teaching material/ अधिक शिक्षण सामग्री के प्रयोग द्वारा
(c) By conducting periodical examinations आवधिक परीक्षाओं के आयोजन द्वारा
(d) By teaching based on real life situations/ वास्तविक-जीवन की परिस्थितियों पर आधारित शिक्षण द्वारा

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अधिक अवसर प्रदान कर वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित शिक्षण द्वारा किया जा सकता है सामाजिक विज्ञान का शिक्षण विद्यार्थियों को निम्न प्रकार से प्रभावी अवसर प्रदान करता है।
(1) समाज को समझे जिसमें वे रहते हैं जैसे समाज की संरचना एवं प्रबंधन कैसे होता है।
(2) ग्रहण किए गए विचारों, संस्थाओं और परंपराओं के संबंध में प्रश्न कर सकें।
(3) उस आनंददायक पादप सामग्री को पढ़कर आनन्दप्राप्त करे जो उन्हें उपलब्ध कराई गई है।

46. The following are considered by a teacher during teaching of social sciences.
(A) Focus on concepts and the ability to analyse socio –political realities.
(B) Relevant local content should be part of the teaching-learning resources.
(C) transact through activities drawing on local teaching-learning resources.
Which of following is correct option ?
सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के दौरान निम्नलिखित पर शिक्षक द्वारा विचार किया जाता है।
(A) संकल्पनाओं तथा सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं का विश्लेषण करने की योग्यता पर बल।
(B) प्रासंगिक स्थानीय विषय-वस्तु को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए।

(C) स्थानीय शिक्षण अधिगम संसाधनों पर आधारित गतिविधियों का संपादन करना।

निम्नलिखित में से कौन सा सही विकल्प है?

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)
(c) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(d) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)

Ans. (c) : संकल्पनाओं तथा सामाजिक-राजनीतिक वास्तविकताओं का विश्लेषण करने की योग्यता पर बल, प्रासंगिक स्थानीय विषय वस्तु को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा होना चाहिए। और स्थानीय शिक्षण अधिगम संसाधनों पर अधारित गतिविधियों का संपादन करना आदि सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के दौरान शिक्षण द्वारा विचार किया जाता है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A), (B) और (C) तीनों सही हैं।
सामाजिक विज्ञान शिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में आलोचनात्मक और अवधारणात्मक क्षमता का विकास करना है। ताकि वे एक अच्छे नागरिक बन सकें।

47. A teacher asks her students to do an assignment on the need to generate awareness regarding a new law. She can :

(A) Ask students to write about it in the daily newspaper.
(B) Ask students to do project about it with peers.
(C) Ask students to learn the provisions and participate in a test.

Which of following is appropriate option ?

एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को एक नए कानून के संबंध में चेतना पैदा करने की आवश्यकता पर एक नियत कार्य करने के लिए कहती है। वहः

(A) विद्यार्थियों को इसके बारे में दैनिक समाचार पत्र लिखने के लिए कह सकती है।
(B) विद्यार्थियों को सहपाठियों के साथ इससे संबंधित एक प्रयोजन पर काम करने के लिए कह सकती हैं।
(C) विद्यार्थियों को प्रवधानों को सीखने और परीक्षा में भाग लेने के लिए कह सकती है।

निम्नलिखित में से उपयुक्त विकल्प कौन सा है?

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/(A) और (C)
(c) (B) and (C)/(B) और (C)
(d) Only (C)/केवल (B)

Ans. (a) : एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को एक नए कानून के सबंध में चेतना पैदा करने की आवश्यकता पर एक नियत कार्य करने को कहती है। वह विद्यार्थियों को इसके बारे में दैनिक समाचार पत्र लिखने के लिए कह सकती है। और विद्यार्थियों को सहपाठियों के साथ इससे संबंधित एक प्रयोजन पर काम करने के लिए कह सकती है इस प्रकार विकल्प (A) के अन्तर्गत अभीष्ट उत्तर (A) और (B) है।
कानूनी शिक्षा सिद्धान्तों, प्रथाओं और कानूनों के सिद्धान्त में व्यक्तियों की शिक्षा है। यह कई कारणों से किया जा सकता है।

48. A teacher is making a lesson plan to discuss seasons of India. She wants to link it with a concept that she taught earlier. Which of the following concepts should she have taught prior to this lesson?/भारत के मौसमों की चर्चा करने हेतु एक शिक्षिका एक पाठ योजना बना रही है। वह इसे अपने द्वारा पढ़ाए गए संप्रत्यय के साथ जोड़ना चाहती है? उसने इससे पहले निम्नलिखित संप्रत्ययों में से कौन-सा संप्रत्यय पढ़ाया होगा?

(a) Leap year/लीप वर्ष
(b) Revolution/परिक्रमण
(c) Rotation/घूर्णन
(d) Circle of Illumination/प्रदीप्ति वृत्त

Ans. (b) : भारत के मौसमों की चर्चा करने हेतु एक शिक्षिका एक पाठ योजना बना रही है। वह अपने द्वारा पढ़ाए गए संप्रत्यय के साथ जोड़ना चाहती है। उसने इससे पहले परिक्रमण संप्रत्ययों को पढ़ाया होगा, क्योंकि परिक्रमण के द्वारा दिन की अवधि, तापमान वर्षा, आर्द्रता इत्यादि मौसमी दशाएँ एक चक्रीय रूप में बदलतीं हैं। मौसम की दशाओं में वर्ष के दौरान इस चक्रिय बदलाव का प्रभाव परितंत्र पर पड़ता है।

49. The following are statements about critical thinking.

(A) Detect bias and unsubstantiated statements.
(B) Closed mindedness and dismissive of other and their ideas.
(C) Gain as much knowledge as possible on as issue before beginning evaluation.
(D) Distinguish between what is known and what is suspected.

Choose the option containing appropriate statements.

आलोचनात्मक चिंतन के बारे में निम्न कथन हैः

(A) पूर्वाग्रह और निराधार कथनों का पता लगाने में सक्षम है।
(B) सीमित सोच और दूसरों के विचारों को खारिज करने वाले होते है।
(C) मूल्यांकन शुरु करने से पहले किसी मुद्दे पर जितना संभव हो उतना ज्ञान प्राप्त करते हैं।
(D) ज्ञात और संदिग्ध के बीच अंतर करते हैं।

उचित कथनों वाले विकल्प का चुनाव कीजिएः

(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(c) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)
(d) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)

Ans. (b) : आलोचनात्मक चिंतन के अन्तर्गत पूर्वाग्रह और निराधार कथनों का पता लगाने में सक्षम है, मूल्यांकन शुरु करने से पहले किसी मुद्दे पर जितना संभव हो उतना ज्ञान प्राप्त करते है। तथा ज्ञात और संदिग्ध के बीच अंतर करते है। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत (A), (C) और (D) सही है।
आलोचनात्मक चिंतन सत्य-असत्य एवं सही गलत के मध्य अंतर स्पष्ट करने की कला है। यह व्यक्ति को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की ओर आकर्षित एवं अभिप्रेरित करता है। यह व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से विचार करने एवं उचित मूल्यांकन करने का कौशल प्रदान करता है।

50. Data collected from different regions of geographical territory are analyzed and interpreted in order to propound economic principles and laws under.
आर्थिक सिद्धान्तों और कानूनों को प्रतिपादित करने के लिए भूगोल के विभिन्न क्षेत्रों में एकत्र किए गए आँकड़ों (डेटा) का विश्लेषण और व्याख्या की जाती है :
(a) Problem solving method/समस्या के विधि के तहत
(b) Inductive method/आगमनात्मक विधि के तहत
(c) Laboratory method/प्रयोगशाला विधि के तहत
(d) Project method/परियोजना विधि के तहत

Ans. (b) : आर्थिक सिद्धान्तों और कानूनों को प्रतिपादित करने के लिए भूगोल के विभिन्न क्षेत्रों में एकत्र किए गए आँकड़ों (डेटा) का विश्लेषण और व्याख्या आगमनात्मक विधि के तहत की जाती है। आगमन विधि के कुछ गुण एवं कुछ दोष निम्नलिखित है।
(1) यह विधि भौगोलिक समस्याओं की जटिलता पर ध्यान देती है।
(2) यह एक मनोवैज्ञानिक विधि है।
(3) यह विधि छात्रों को गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करती है।

51. For a social science teacher to enhance his/her competencies and skills, which of the following is useful?
(A) By sticking to teach in a particular manner.
(B) Using community resources.
(C) Watching films and documentaries.
(D) Discussing formally and informally with colleagues.
Choose the appropriate Option :
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका के लिए अपनी योग्यताओं और कौशल में वृद्धि करने के लिए, निम्नलिखित में से कौन सा उपयोगी है?
(A) एक विशेष ढंग से पढ़ाने पर टिके रहने द्वारा।
(B) सामुदायिक संसाधनों का उपयोग/प्रयोग करना।
(C) फिल्मों और वृत्तचित्रों को देखना।
(D) सहकर्मियों के साथ औपचारिक और अनौपचारिक रूप से चर्चा करना।
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(b) (A), (C) and (D)/(A), (C) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/(B), (C) और (D)
(d) (A), (B) and (D)/(A), (B) और (D)

Ans. (c) : इसमें विद्यार्थियों द्वारा प्रतिपादित नियम,सिद्धान्त या परिभाषा में त्रुटि की संभावना बनी रहती है।
एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका के लिए अपनी योग्यताओं और कौशलों में वृद्धि करने के लिए एक शिक्षिका द्वारा सामुदायिक संसाधनों का उपयोग करना चाहिए तथा फिल्मों और वृत्तचित्रों को देखने के साथ-साथ सहकर्मियों के साथ औपचारिक और अनौपचारिक रूप से चर्चा करना चाहिए।

52. Suppose textbook gives the following statements:
(A) Razia's weakness (as a queen) was that she was born a woman.
(B) Ashoka weakened the country by preaching Ahimsa.
The above statements indicate _____.
(A) Gender stereotyping
(B) Promotion of violence
(C) Promotion of peace
(D) only males can rule
मान लीजिए एक पुस्तक में निम्न कथन दिए गए है :
(A) रजिया को कमजोरी (एक रानी होने के नाते) यह थी कि वह एक महिला के तौर पर पैदा हुई थी
(B) अहिंसा का उपदेश देकर अशोक ने भारत को एक कमजोर देश बनाया।
उपरोक्त कथन दर्शाते हैं _____
लेव वायगोत्स्की ने संज्ञानात्मक विकास के सिद्वांत में _____जैसे मनोवैज्ञानिक उपकरणों को बहुत महत्वता दी है।

(a) language/भाषा (b) calenders/कैलेंडर
(c) calculators/कैलकूलेटर (d) mobiles/मोबाईल

Ans. (a) : लेव वायगोत्सकी ने संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में भाषा जैसे मनोवैज्ञानिक उपकरणों को बहुत महत्वता दी है।
लेव वायगोत्सकी के अनुसार भाषा बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन्होंने भाषा को सीखने और विकास के बीच एक महत्वपूर्ण मध्यस्थ के रूप में देखा है।
लेव वायगोत्सकी के अनुसार भाषा केवल दूसरों के साथ सिर्फ बात–चीत के लिए ही आवश्यक नही है, अपितु यह सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में मानसिक प्रक्रियाओं के विकास का भी एक महत्वपूर्ण पहलू है।

10. In a progressive classroom:
एक प्रगतिशील कक्षा में :

(a) learning of children is controlled by giving rewards and punishment./बच्चों का सीखना ईनाम व सजा के प्रयोग से नियंत्रित होता है।
(b) Children are kept under strict watch and made to follow rigid curriculum /बच्चों को सख्त निगरानी में रखना चाहिए व अनम्य पाठ्यचर्या अपनानी चाहिए।
(c) The approach of drill and repeated practice is followed to enable learning./सीखने को सुसाधित करने के लिए वेधन व अभ्यास की विधि का पालन किया जाता है।
(d) 'direct experience' and 'discussions' are the basis for learning./सीखने का अधार ' प्रत्यक्ष अनुभव' व 'संवाद' होते हैं।

Ans. (d) : एक प्रगतिशील कक्षा में सीखने का अधार प्रत्यक्ष अनुभव व संवाद होते हैं।
अमेरिकी दार्शनिक जॉन डीवी महोदय ने प्रगतिशील शिक्षा की अवधारणा विकसित की थी। प्रगतिशील कक्षा की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं-
(1) ज्ञान का निर्माण शिक्षार्थियों द्वारा किया जाता है।
(2) पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाता है।
(3) छात्रों द्वारा सक्रिय रूप से जुड़ाव रहता है।
(4) समस्या-समाधान कौशल विकसित किया जाता है।
(5) करके सीखने की प्रक्रिया पर बल दिया जाता है।

11. Individuals who demonstrate _____ are acutely aware of their feelings and can show an appreciation for themselves.
कौन – सी बुद्धि का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति अपने भावनाओं के बारे में गहराई से जानते हैं और अपने गुणों को पहचानते हैं?

(a) Logico- mathematical intelligence/ तर्क – गणितीय बुद्धिमता
(b) Bodily – kinaesthetic intelligence /शारीरिक – गति संवेदानत्मक – बुद्धि
(c) Intrapersonal intelligence/अंतः वैयक्तिक - बुद्धि
(d) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धि

Ans. (c) : अंतः वैयक्तिक बुद्धि का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति अपने भावनाओं के बारे में गहराई से जानते हैं और अपने गुणों को पहचानते हैं।
अंतः वैयक्तिक बुद्धि का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति स्वंय को समझने, स्वंय की जटिल भावनाओं, शक्तियों व कमजोरियों का ज्ञान करने में सक्षम होते है। यह स्वंय की भावनाओं, भय और इच्छाओं को समझने की क्षमता है।
हॉवर्ड गार्डनर महोदय ने बहु बुद्धि के सिद्धांत का प्रतिपादन किया जिसमें इन्होने आठ प्रकार के बुद्धि की व्याख्या की है।

12. Which of the following behaviours by teachers help to reduce gender stereotyping and discrimination in children ?
शिक्षकों का कौन – सा व्यवहार बच्चों में जेंडर रूढ़िवादिता पक्षपात कम करने में मदद करेगा?

(a) Asking only boys to pick up heavy furniture in class /कक्षा में केवल लड़कों को भारी कुर्सी मेज़ उठाने को कहना
(b) Giving toy dolls and houses to only girls/खेल के लिए गुड़िया व घर केवल लड़कियों को देना
(c) Referring to care giving professions for women only /देखभाल करने वाले व्यवसायसों का जिक्र केवल औरतों के संदर्भ में करना
(d) Inclucating qualities autonomy and empathy in all genders/सभी जेंडर में स्वायत्तता व समानुभूति के गुण विकासित करना

Ans. (d) : शिक्षकों का सभी जेंडर में स्वायत्तता व समानुभूति के गुण विकसित करने का व्यवहार बच्चों में जेंडर रुढ़िवादिता पक्षपात कम करने में मदद करेगा।
शिक्षको का निम्नलिखित तरीका जेंडर रुढ़िवादिता पक्षपात कम करने में मदद करेगा-
(1) कक्षा में लैगिक पूर्वाग्रहो पर चर्चा सुसाध्य करना।
(2) लड़के और लड़कियों दोनो से समान अपेक्षाएँ रखना।
(3) लैंगिक पक्षपात के बारे में चर्चा करना।
(4) ऐसे उदाहरणों का उपयोग करना जो लड़कों और लड़कियों को गैर-अनुरूपतावादी भूमिकाओं में दिखाते हैं।

13. Which perspective considers language to be an important tool that facilitates cognition?
कौन – सा परिप्रेक्ष्य भाषा को संज्ञान को सुसाधित करने वाले महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखता है?

(a) Behaviouristic /व्यवहारवादी
(b) Information – processing /सूचना – संक्रमण
(c) Socio - cultural/सामाजिक – सांस्कृतिक
(d) Psycho - dynamic/मनोगतिशील

Ans. (c) : सामाजिक-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य भाषा को संज्ञान को सुसाधित करने वाले महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखता है।
सोवियत मनोवैज्ञानिक लेव वायगोत्स्की ने सामाजिक-सांस्कृतिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। इनके अनुसार सामाजिक अंतःक्रिया एक बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
वायगोत्सकी ने सामाजिक-सांस्कृति सिद्धांत में भाषा के तीन चरणों की व्याख्या की है। ये चरण सामाजिक भाषण निजी भाषण और भीतर का भाषण है।

14. Which of the following is not an effective strategy to accommodate diversity in a classroom?
कक्षा में विविधता को समायोजित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन एक प्रभावी रणनीति नहीं है?

(a) Finding out the student's social and cultural context of the students /सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ का पता लगाना
(b) Adapting pedagogy as per the students' different backgrounds /छात्रों की विभिन्न पृष्ठभूमियों के अनुरूप शिक्षाशास्त्र
(c) Providing a variety of examples that are meaningful to all students /ऐसे विविध उदाहरण प्रदान करना जो सभी विद्यार्थियों के लिए अर्थपूर्ण हों

(d) Using a standard set of instructions and ignoring the background of learners/निर्देशों के मानक सेट का उपयोग करना और शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि को अनदेखा करना

Ans. (d) : कक्षा में विविधता को समायोजित करने के लिए निर्देशों के मानक सेट का उपयोग करना और शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि को अनदेखा करना एक प्रभावी रणनीति नहीं है। जबकि कक्षा में विविधता को समायोजित करने के लिए शिक्षार्थियों की पृष्ठभूमि को सहज रूप से स्वीकार करना एवं उन्हें बढ़ावा देना छात्रों के सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ का पता लगाना, छात्रों की विभिन्न पृष्ठभूमियों के अनुरूप शिक्षाशास्त्र और ऐसे विविध उदाहरण प्रदान करना जो सभी विद्यार्थियों के लिए अर्थपूर्ण हो एक प्रभावी रणनीति है।

15. Which of the following should characterise assessment for meaningful learning?
निम्नलिखित में से अर्थपूर्ण अधिगम के लिए आकलन की विशेषता क्या होनी चाहिए ?

(a) Standardised/मानकीकृत
(b) Comprehensive /व्यापक
(c) Formative/रचनात्मक
(d) Qualitative/गुणात्मक

Ans. (b) (c) : अर्थपूर्ण अधिगम के लिए आकलन की विशेषता व्यापक और रचनात्मक होनी चाहिए। सीखना या अधिगम एक व्यापक प्रक्रिया है, जिसमें छात्र पूरी समझ के साथ सक्रिय रूप से कार्यों तथा गतिविधियों में रचनात्मक रूप से संलग्न होते हैं।
अर्थपूर्ण अधिगम की निम्न विशेषताएँ हैं-
(1) शिक्षार्थी की क्षमता पर जोर देता है।
(2) ज्ञान का सक्रिय निर्माण करते हैं।
(3) मौजूदा ज्ञान को नई जानकारी से जोड़कर सीखते हैं।
(4) विश्लेषण गहन परिप्रेक्ष्य और समस्या-समाधान की प्रक्रिया शामिल होती है।
आकलन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें यह पता लगाया जाता है कि कोई बच्चा अधिगम को किस स्तर तक सीखा या ग्रहण किया है।

16. Inclusive education involves:
(i) provisioning a 'barrier- free' environment
(ii) separation of children based on their abilities
(iii) identification and appropriate labelling of children
(iv) flexibility of curricular experiences and pedagogical strategies
समावेशी शिक्षा में क्या शामिल है?
(i) बाधामुक्त वातावरण का प्रवधान
(ii) योग्यताओं के आधार पर बच्चों का पृथक्कीरण
(iii) बच्चों की पहचान कर उनका उपयुक्त नामीकरण
(iv) पाठ्यपुस्कीय अनुभवों व शिक्षाशास्त्रीय में लचीलापन

(a) (i) (iv)/ (i) (iv) (b) (ii) (iii)/ (ii) (iii)
(c) (iii) (iv)/ (iii) (iv) (d) (ii) (iv)/ (ii) (iv)

Ans. (a) : समावेशी शिक्षा में बाधामुक्त वातावरण का प्रावधान तथा पाठ्यपुस्कीय अनुभवों व शिक्षाशास्त्रीय में लचीलापन शामिल है।
समावेशी शिक्षा में निम्नलिखित प्रक्रियाएँ शामिल होती है-
(1) यह सभी छात्रों की क्षमता को अधिकतम करने का प्रयास करती है।
(2) यह सभी बच्चों को स्वीकार करके उनकी जरुरतों को पूरा करती है।
(3) यह सभी बच्चों की विविध अवश्यकताओं का समर्थन करती है।
(4) व्यक्तिगत भिन्नताओं के प्रति संवेदनशीलता होती है।

17. While interacting with a diverse group of students, a teacher should NOT:
छात्रों के विविध समूह के साथ बातचीत करते समय, एक शिक्षक को क्या नहीं करना चाहिए?

(a) Encourage debates and discussions /बहस और चर्चा को प्रोत्साहित
(b) Reflect on her own biases and stereotypes /अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों पर चिंतन
(c) Follow a uniform curriculum and stadardised evaluation/एक समान पाठ्यक्रम और मानकीकृत मूल्यांकन का पालन
(d) Adopt the lecture method as the only pedagogical strategy/व्याख्यान पद्वति को एकमात्र शैक्षणिक रणनीति के रूप में अपनाना

Ans. (c) : छात्रों के विविध समूह के साथ बातचीत करते समय एक शिक्षक को एक समान पाठ्यक्रम और मानकीकृत मूल्यांकन का पालन नहीं करना चाहिए। क्योंकि विविध समूह में भिन्न-भिन्न प्रकार के बच्चे होते हैं और उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि भी अलग-अलग होती है इसीलिए सभी के लिए एक समान पाठ्यक्रम और मानकीकृत मूल्यांकन सहायक नही होता है।
छात्रो के विविध समूह के साथ बातचीत करते समय एक शिक्षक को चाहिए कि वह बहस और चर्चा को प्रोत्साहित करे, अपने स्वंय के पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों पर चिंतन करे।

18. Assertion (A) : A teacher should make provisions such as giving extra for written tests and provisioning for a variety of materials other than books to support children with dyslexia.
Reason (R): Children with dyslexia have difficulties in reading .
Choose the correct option:
अभिकथन (A): पठन वैकल्य से जूझ रहे बच्चों के सीखने को सुगम बनाने के लिए शिक्षकों को पुस्तकों के अलावा विभिन्न प्रकार के संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए व उन्हें लिखित परीक्षा में अतिरिक्त समय देना चाहिए।
तर्क (R): पठन वैकल्य की चुनौती वाले विद्यार्थियों को पढ़ने में कठिनाई होती है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की ।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की ।
(c) (A) is true, but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : अभिकथन (A) पठन वैकल्य से जूझ रहे बच्चों के सीखने को सुगम बनाने के लिए शिक्षकों को पुस्तकों के अलावा विभिन्न प्रकार के संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए व उन्हें लिखित परीक्षा में अतिरिक्त समय देना चाहिए सही है, क्योंकि इस समस्या से ग्रसित व्यक्तियों को पढ़ने में कठिनाई होती है इसलिए उन्हें अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए।

तर्क (R) पठन वैकल्य की चुनौती वाले विद्यार्थियों को पढ़ने में कठिनाई होती है सही है क्योंकि डिस्लेक्सिया पठन संबंधी विकार है।
अतः (A) और (R) दोनो सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

19. Which of the following is an example of assistive technology to aid students in vision?
कौन – सा उदाहरण सहायकी तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए दृष्टिबधित विद्यार्थियों की मदद करेगा?
(a) Headphone/हैडफोन
(b) Picture based worksheet/चित्र आधारित वर्कशीट
(c) Braille system for reading and writing /पढ़ने व लिखने के लिए ब्रेल प्रणाली
(d) Hearing aid/श्रवण में मदद करने का उपकरण

Ans. (c) : पढ़ने व लिखने के लिए ब्रेल प्रणाली सहायकी तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की मदद करेगा।
दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को निम्नलिखित सहायकी तकनीकी मदद करेगा-
(1) जियोबोर्ड
(2) टेलर का अबेकस
(3) त्रिआयामी मानचित्र और चार्ट
(4) ऐसी किताबे व बोर्ड जिन्हें छुआ या महसूस किया जा सकता है।
(5) स्पर्शनीय सामग्री और उपकरणों का अधिकतम उपयोग

20. Which of the following are typical indicators of creativity?/निम्नलिखित में से रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक कौन – से हैं?
(i) Curiosity/ जिज्ञासा
(ii) Independence/ स्वतंत्रता
(iii) Adaptability/ अनुकूलनशीलता
(iv) High levels of concentration/ उच्च स्तर की एकाग्रता
(v) Need for repeated practice/बारम्बार अभ्यास की आवश्यकता
(a) (i) (ii) (iii) (b) (i) (ii) (iv)
(c) (i) (ii) (iii) (iv) (d) (i) (ii) (iii) (iv) (v)

Ans. (c) : रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक जिज्ञासा, स्वतंत्रता, अनुकूलनशीलता और उच्च स्वर की एकाग्रता है।
भिन्न सोच रचनात्मकता की प्राथमिक पहचान विशेषता होती है। इसमें किसी भी समस्या के लिए असीम दृष्टिकोण होता है।
रचनात्मकता के विशिष्ट संकेतक निम्नलिखित है-
(1) जिज्ञासु और आवेगी स्वभाव
(2) विचारों में प्रवाहशीलता
(3) अत्यधिक विकसित समस्या सुलझाने की क्षमता
(4) पार्श्व या अलग चिंतन शीलता
(5) अपसारी सोच
(6) नवीन विचारो के प्रति जागरुकता

21. Assertion (A) : For effective learning only the teacher should ask question in the classroom and not the children.
Reason (R) : Children learn most meaningfully through the process of passive listening. Choose the correct option:
अभिकथन (A): प्रभावी अधिगम के लिए केवल शिक्षकों को कक्षा में प्रश्न पूछना चाहिए न कि बच्चों को ।
तर्क (R) : बच्चे निष्क्रिय श्रवण की प्रक्रिया के माध्यम से सर्वाधिक अर्थपूर्ण ढंग से सीखते हैं।
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : अभिकथन (A) प्रभावी अधिगम के लिए केवल शिक्षकों को कक्षा में प्रश्न पूछना चाहिए न कि बच्चों को गलत है, क्योंकि प्रभावी अधिगम के लिए बच्चों को कक्षा में प्रश्न पूछना चाहिए और उन्हें प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
तर्क (R) : बच्चे निष्क्रिय श्रवण की प्रक्रिया के माध्यम से सर्वाधिक अर्थपूर्ण ढंग से सीखते हैं गलत है, क्योंकि बच्चे सक्रिय श्रवण की प्रक्रिया के माध्यम से सर्वाधिक अर्थपूर्ण ढ़ंग से सीखते हैं।
अतः कथन (A) और तर्क (R) दोनों गलत है।

22. Assertion (A): Teacher should provide adequate and appropriate scaffolding to the students as and when needed.
Reason(R): Learning is a collaborative process.
Choose the correct option:
अभिकथन (A) : शिक्षकों को विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार उचित व उपयुक्त पाड़ प्रदान करना चाहिए।
तर्क (R): अधिगम या सीखना एक सहयोगी प्रक्रिया है।
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R)दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : अभिकथन (A) शिक्षकों को विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार उचित व उपयुक्त पाड़ प्रदान करना चाहिए सही है, क्योंकि पाड़ का तात्पर्य अधारभूत सहायता व संकेत एवं इशारे प्रदान करने से है।
तर्क (R) अधिगम या सीखना एक सहयोगी प्रक्रिया है सही है, क्योंकि सहयोगी अधिगम के द्वारा बच्चे सक्रिय रूप से एवं स्वयं भागीदारी तथा प्रयास से सीखते हैं।
अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

23. How should teacher view failure of students in an elementary school classroom?
शिक्षकों को प्राथमिक माध्यमिक स्कूली कक्षाओं में बच्चों की असफलता को किस प्रकार देखना चाहिए?

(a) As a refelection of low abilities of the students/बच्चों की कम योग्यताओं का प्रतिबिंबन
(b) As a reflection of low abilities of the teachers/शिक्षकों की कम योग्यताओं का प्रतिबिंबन
(c) As a reflection of low abilities of the parents /माता- पिता की कम योग्यताओं का प्रतिबिंबन
(d) As a reflection of functioning of the school as a system/स्कूली तंत्र की कार्यशीलता का प्रतिबिंबन

Ans. (d) : शिक्षकों को प्राथमिक-माध्यमिक स्कूली कक्षाओं में बच्चों की असफलता को स्कूली तंत्र की कार्यशीलता का प्रतिबिंबन के तौर पर देखना चाहिए।
बच्चों की असफलता या विफलता उसकी व्यक्तिगत जरुरतों को पूरा करने में व्यवस्था की अक्षमता का प्रतिबिंब है अर्थात् बच्चों की जरुरतों और हितों को पूरा करने में व्यवस्था सक्षम नही रही है।
बच्चों की असफलता अक्सर शिक्षकों की तथा विद्यालय की असफलता होती है क्योंकि विद्यालय और शिक्षक बच्चों के सीखने की विविध और शिक्षक बच्चों के सीखने की विविध गतियों को ध्यान में नही रखते हैं।

24. In a socio – constructivist classroom learning is:
एक सामाजिक – रचनात्मक कक्षा में अधिगम :

(a) Passive and individualistic/निष्क्रिय और व्यक्तिगत है।
(b) Active and Individualistic/सक्रिय और व्यक्तिगत है।
(c) Active and social/सक्रिय और सामाजिक है।
(d) Passive and social/निष्क्रिय और सामाजिक है।

Ans. (c) : एक सामाजिक रचनात्मक कक्षा में अधिगम सक्रिय और सामाजिक है। एक सामाजिक रचनात्मक कक्षा में बच्चे स्वयं करके तथा सहयोगिता पूर्ण ढ़ंग से सीखते है। सामाजिक रचनात्मक कक्षा में अधिगम निम्न प्रकार से होता है–
(1) बैठने की व्यवस्था में क्रियाकलाप के अनुसार बदलाव होते हैं।
(2) छात्र आपस में और शिक्षकों के साथ बातचीत करके ज्ञान का निर्माण करते हैं।
(3) छात्र प्रश्न पूँछने और गतिविधियाँ करने के लिए स्वतंत्र होते हैं।
(4) छात्र वास्तविक दुनिया का अनुभव करते हैं।

25. In _____ the problem is divided into a number of intermediate goals and then focus on solving each sub – goal.
_____में समस्या को कई मध्यवर्ती लक्ष्यों में विभाजित किया जाता है और फिर प्रत्येक उप – लक्ष्य को हल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

(a) Functional fixedness /कार्यात्मक स्थिरता
(b) Algorithms/कलन विधि
(c) Means – end analysis/साधन लक्ष्य विश्लेषण
(d) Response set/अनुक्रिया समुच्चय

Ans. (c) : 'साधन-लक्ष्य विश्लेषण' में समस्या को कई मध्यवर्ती लक्ष्यों में विभाजित किया जाता है और फिर प्रत्येक उप-लक्ष्य को हल करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। यह एक समस्या को सुलझाने की रणनीति है, जो किसी समस्या को हल करके किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे अच्छी रणनीति निर्धारित करने करने के लिए अंतिम लक्ष्य की परिकल्पना करती है।

26. Assertion (A) : Teacher should disregard the mental well – being and emotional needs of children .
Reason (R): Academic learning is not influenced by the emotional well – being of the child choose the correct option.
अभिकथन :(A) : शिक्षको को बच्चों की मानसिक स्थिति व संवेगात्मक जरूरतों की उपेक्षा करनी चाहिए।
तर्क (R): अकादमिक अधिगम बच्चे के संवेगात्मक स्वास्थ्य से प्रभावित नहीं होता है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). /(A) और (R)दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the corect explanation. of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true, but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : उपयुक्त कथन (A) और तर्क (R) दोनों गलत हैं।
शिक्षकों को बच्चों की मानसिक स्थिति व संवेगात्मक जरुरतों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए क्योंकि बच्चों की मानसिक व संवेगात्मक विकास उनके सम्पूर्ण विकास में काफी महत्वपूर्ण होता है इसलिए शिक्षक को चाहिए कि वह उनके संवेगात्मक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना चाहिए।
अकादमिक अधिगम बच्चे के संवेगात्मक स्वास्थ्य से प्रभावित होती है। क्योंकि इसी बच्चे हर स्थिति में अपने संवेग को अभिव्यक्त करने में सक्षम हो पाता है।

27. Learnig should be facilitated:
अधिगम को कैसे सुसाधित करना चाहिए?

(a) Through meaningful discovery/अर्थपूर्ण खोज द्वारा।
(b) By promoting competitions among students /विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर।
(c) By offering materialistic rewards /भौतिक पुरस्कार देकर।
(d) By using negative reinforcement/नकारात्मक पुर्नबलन देकर।

Ans. (a) : अधिगम को अर्थपूर्ण खोज द्वारा सुसाधित करना चाहिए अर्थपूर्ण अधिगम इस अवधारणा को संदर्भित करता है कि सीखा ज्ञान (एक तथ्य कहें) व्यक्ति द्वारा पूरी तरह से समझा जाता है। और यह कि व्यक्ति जानता है कि वह विशिष्ट तथ्य अन्य संग्रहीत तथ्यों से कैसे संबंधित है। अर्थपूर्ण अधिगम से तात्पर्य पूरी समझ के साथ सक्रिय रूप से और ठीक से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से है। यह तभी होता है जब शिक्षार्थी सक्रिय रूप से कार्यों और गतिविधियों में लगे होते हैं।

28. _____ involves knowledge and awareness about self as a knower.
स्वयं के ज्ञाता होने के बारे में जागरूकता व समझ प्रक्रिया में शामिल हैं?

(a) Metacognition /अधिसंज्ञान
(b) Assimilation/समायोजन
(c) Accommodation/समावेशन
(d) Conditioning/अनुबंधन

Ans. (a) : स्वयं के ज्ञाता होने के बारे में जागरुकता व समझ प्रक्रिया अधिसंज्ञान में होता है। अधिसंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है। अधिसंज्ञान रणनीतियों में स्व-सुधार शामिल है क्योंकि यह छात्रों को दूसरे अधिगम के तरीके को समझने में मदद करने के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों को संदर्भित करता है, दूसरे शब्दों में इसका अर्थ छात्रों के लिए उनकी 'सोच' के बारे में 'सोचने' के लिए तैयार की गई प्रक्रियाएँ है।

29. Teacher shold believe that ability is _____ and encourage students to set _____.
शिक्षिकों में मान्यता रखनी चाहिए कि योग्यता _____ है और विद्यार्थियों को _____ तय करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(a) fixed; mastery – oriented goals /स्थिर; महारत उन्मुखी लक्ष्य
(b) fixed; performance- oriented goals/स्थिर; प्रदर्शन उन्मुखी लक्ष्य
(c) improvable; mastery- oriented goals /वार्धिक; महारत उन्मुखी लक्ष्य
(d) improvable; performance – oriented goals/वार्धिक; प्रदर्शन उन्मुखी लक्ष्य

Ans. (c) : शिक्षकों में मान्यता रखनी चाहिए कि योग्यता वार्धिक है और विद्यार्थियों को महारत उन्मुखी लक्ष्य तय करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। महारत के लक्ष्यों का उद्देश्य आत्म सुधार या कौशल विकास द्वारा परिभाषित योग्यता के मानक को प्राप्त करना है। जो व्यक्ति निपुण लक्ष्य रखते हैं वे या तो कार्य से सम्बंधित आत्म-सुधार की तालाश करते हैं या कार्य में निपुणता हासिल करने का प्रयास करते हैं। इस प्रकार शिक्षक को महारत उन्मुख लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

30. Which of these statements about motivation and learning is correct?
प्रेरणा और सीखने के बारे में इनमें से कौन – सा कथन सही है?
(a) Learning is effective when the students are motivated to avoid punishment /सीखना तब प्रभावी होता है जब छात्र सजा से बचने के कारण अभिप्रेरित होते हैं।
(b) Learning is effective when the students have intrinsic motivation/सीखना तब प्रभावी होता है जब छात्रों में आंतरिक अभिप्रेरणा हो।
(c) Learning is effective when the students are extrinsically motivation /सीखना तब प्रभावी होता है जब छात्र बाहरी रूप से प्रेरित होते हैं।
(d) Motivation does not have any role to play in learning./सीखने में प्रेरणा की कोई भूमिका नहीं होती है।

Ans. (b) : 'सीखना तब प्रभावी होता है जब छात्र आन्तरिक रूप से प्रेरित होते है।' यह कथन प्रेरणा और सीखने के बारे में सही है। अभिप्रेरणा सीखने की प्रक्रिया का एक सशक्त माध्यम है। अधिगम प्रक्रिया द्वारा व्यक्ति जीवन के सामाजिक, प्राकृतिक एवं वैयक्तिक क्षेत्र में अभिप्रेरणा द्वारा ही सफलता की सीढ़ी तक पहुँच पाता है। यदि उसके लिए उपयुक्त परिस्थितियों का निर्माण नहीं हो पाता है। तो अभिप्रेरणा का उत्पन्न होना सन्देहप्रद रह जाता है। आन्तरिक अभिप्रेरणा स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है कि हम व्यक्तिगत रूचियों को आगे बढ़ाएँ और अपनी क्षमताओं का प्रयोग करें।

SOCIAL SCIENCE

1. Who believed that the result of our action is karma? / कौन मानता था कि हमारे कृत्य का परिणाम ही कर्म है?
(a) Mahavira/महावीर (b) Buddha/बुद्ध
(c) Anagha/अनघ (d) Panini/पाणिनि

Ans. (b) : महात्मा बुद्ध मानते थे कि हमारे कृत्य का परिणाम ही कर्म है। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध का जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व लुंबिनी (नेपाल) में हुआ था और ये शाक्य वंश से संबंधित थे। गौतम बुद्ध को बिहार के बोधगया में एक पीपल के पेड़ के नीचे बोधि (ज्ञानोदय) प्राप्त किया था। बुद्ध ने अपना पहला उपदेश उ.प्र. में वाराणसी के पास सारनाथ गांव में दिया था। इस घटना को धर्म चक्र प्रवर्तन के रूप में जाना जाता है। बौद्ध धर्म की मुख्य शिक्षाएं चार महान आर्य सत्य और ऑस्टांगिक मार्ग की मूल अवधारणा में समाहित है। बौद्ध धर्म का सार आत्मज्ञान या निर्वाण की प्राप्ति में है जिसे इस जीवन में प्राप्त किया जा सकता है।
नोट→ बौद्ध धर्म में कोई देवता सर्वोच्च नही हैं।

2. Who among the following authors wrote about Harshavardhana? /निम्नलिखित में से किस लेखक ने हर्षवर्धन के विषय में लिखा ?
(A) Ravikriti/ रविकृति/
(B) Xuan Zang/ जुआन जैंग/
(C) Fa Xian/ फॉ ज़ियान/
(a) (A) and (B) are correct/(A) और (B) सही हैं
(b) (B) and (C) are correct/(B) और (C) सही हैं
(c) (A) and (C) are correct/(A) और (C) सही हैं
(d) (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C)सहीं हैं

Ans. (a) : रविकीर्ति और जुआन जैंग लेखकों ने हर्षवर्धन के विषय में कुछ लेख लिखे थे। राजा हर्षवर्धन को हर्ष के नाम से भी जाना जाता है। वह पुष्यभूति राजवंश या वर्धन राजवंश के संस्थापक प्रभाकर वर्धन के पुत्र थे। हर्ष वर्धन को 7वीं शताब्दी ईस्वी के सबसे प्रमुख भारतीय सम्राटों में से एक माना जाता है। उसने एक विशाल सम्राज्य का निर्माण किया जो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत से दक्षिण में नर्मदा नदी तक फैला हुआ था। उसकी राजधानी कन्नौज थी। यह एक हिंदू थे जिन्होने बाद में बौद्ध धर्म की महायान शाखा को ग्रहण किया।
नोट→ चीनी यात्री ह्वेनसांग ने अपने लेख में राजा हर्षवर्धन के कार्यो की प्रशंसा की।

3. The Roman name for Arikamedu was:
अरिकामेडु का रोमन नाम था:
(a) Poduca/पोडुका (b) Pattala/पट्टाला
(c) Sopatma/सोपतमा (d) Cana/काना

Ans. (a) : पोडुका अरिकामेडु का रोमन नाम था। अरिकामेडु एक समुद्री पत्तन था, यहां दूर-दूर से आए जहाजों से समान उतारे जाते थे। यहाँ ईटों से बना एक ढाँचा मिला है जो सम्भवतः गोदाम रहा होगा। यहाँ भूमध्यसागरीय क्षेत्र के एंफोरा जैसे पात्र मिले है। इनमें शराब या तेल जैसे तरल पदार्थ रखे जा सकते थे। इनमे दोनो तरफ पकड़ने के लिए हत्थे लगे है। साथ ही यहाँ 'एरेटाइन' जैसे मुहर लगे लाल-चमकदार बर्तन भी मिले है। इन्हें इटली के एक शहर के नाम पर एरेटाइन पात्र के नाम से जाना जाता है। इसे मुहर लगे सांचे पर गीली चिकनी मिट्टी को दबाकर बनाया जाता था।

4. Read the statements (A) and (B) on texts in ancient India and choose the correct option.

(A) The puranas were meant to be heard by everbody, inculding women and shudras.

(B) Women and shudras were not allowed to the Vedas

प्राचीन भारत के लेखों के संदर्भ में (A) तथा (B) कथनों को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।

(A) पुराणों का पाठ प्रत्येक व्यक्ति के पढ़ने के लिए था, शूद्र भी इसे पढ़ते थे।

(B) शूद्रों को वेद पढ़ने की अनुमति नहीं थी।

विकल्प :

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है परन्तु (B) गलत है

(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है परन्तु (A) गलत है

(c) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों गलत हैं।

(d) Both (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : प्राचीन भारत के लेखों के संदर्भ में पुराणों का पाठ शूद्र को पढ़नें की अनुमति नही थी, इसलिए कथन (A) गलत है। कथन (B) में शूद्र को वेद पढ़ने की अनुमति नही थी, यह सत्य है। इस कारण कथन (B) भी सही है। प्राचीन पुराणों में विष्णु, शिव दुर्गा या पार्वती जैसे देवी-देवताओं से जुड़ी कहानियां है। इनमे इन देवी-देवताओं की पूजा की विधियाँ दी गई है। इसके अतिरिक्त इनमें संसार की सृष्टि की रचना तथा राजाओं के बारे में भी कहानियां है।

5. Who among the following founded the institution of Khalsa?/निम्नलिखित में से किसने खालसा संस्था का निर्माण किया?

(a) Guru nanak /गुरू नानक

(b) Guru Arjan/गुरू अर्जन

(c) Guru Gobind Singh/गुरू गोबिंद सिंह

(d) Guru Teg Bahadur/गुरू तेग बहादुर

Ans. (c) : गुरू गोबिन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। 1708 ई. में गुरू गोविन्द सिंह की मृत्यु के बाद बंदा बहादुर के नेतृत्व में 'खालसाओं' ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह किया उन्होने बाद में गुरू नानक और गुरू गोबिन्द सिंह के नामों वाले सिक्के गढ़कर अपने साम्राज्य को सार्व भौम बताया। 1715 में बंदा बहादुर को बंदी बना लिया गया और उसे 1716 ई. में मृत्युदण्ड दिया गया। गुरू गोबिन्द सिंह को सिख धर्म में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। जिसमें बालों को ढकने के लिए पगड़ी की शुरुआत भी शामिल है। इन्होने खालसा योद्धाओं के लिए तंबाकू, शराब, मांस आदि से परहेज करने के नियम निर्धारित किये थे।

6. Read statements (A) and (B) on 18th Century Rural Bengal, and choose the correct option.

Statement (A) : In 1770 a famine killed ten million people in Bengal.

Statement (B) : Artisans and peasants were in deep crisis after the East India Company became the diwan.

अठारहवीं शताब्दी के ग्रामीण बंगाल पर दिए गए कथन (A) और (B) को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए:

कथन (A): 1770 में पड़े अकाल से बंगाल में एक करोड़ लोगों की मृत्यु हुई ।

कथन (B): कारीगर और किसान ईस्ट इंडिया कंपनी के दीवान बनने के बाद गहरे संकट में फँस गए।

विकल्प :

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही हैं परन्तु (B) गलत हैं।

(b) (A) is false but (B) is true/(A) गलत हैं परन्तु (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true; and (B) is the precursor to (A)./(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (B), (A) से पहले आता है।

(d) Both (A) and (B) are true but there is no relationship between the two statements./(A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु दोनों कथनों के बीच कोई संबंध नहीं हैं।

Ans. (c) : 1770 में पड़े अकाल से बंगाल में एक करोड़ लोगों की मृत्यु हुयी। जबकि बंगाल की दीवानी 1765 ई. में मुगल वंश के बादशाह शाह आलम द्वितीय ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी को प्रदान की थी। कारीगर और किसान ईस्ट इंडिया कंपनी के दीवान बनने के बाद गहरे संकट में फंस गए। अठारहवीं शताब्दी के ग्रामीण बंगाल पर दिए गए कथनों में से कथन (A) और (B) दोनों सही है तथा (B), (A) से पहले आता है।

1770 के बाद अकाल की स्थिति, अच्छी वर्षा के अकाल के परिणाम स्वरूप बड़े पैमाने पर भूमि निर्जन हो गयी थी।

7. What were the reason(S) for restlessness of the sepoys in the employment of East India comany?

(A) Rigid methods of revenue collection.

(B) High taxes.

(C) Passing of a law the recruits in the army had to travel overseas if required.

Choose the correct option.

ईस्ट इंडिया कंपनी के तहत काम करने वाले सिपाहियों में असंतोष के क्या कारण थे?

(A) राजस्व वसूली करने के सख्त तरीके

(B) भारी – भरकम लगान

(C) ऐसा कानून बनाना जिसमें सेना में काम करने वालों को जरूरत पड़ने पर समुद्र पार भी जाना पड़ सकता है।

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) and (B) /केवल(A) और (B)

(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)

(c) Only (C)/केवल (C)

(d) (A), (B) and (C) /(A), (B) और (C)

Ans. (d) : ईस्ट इंडिया कंपनी के तहत काम करने वाले सिपाहियों में असंतोष के निम्न कारण थे-
(1) राजस्व वसूली करने के सख्त तरीके।
(2) भारी-भरकम लगान
(3) ऐसा कानून बनाना जिसमें सेना में काम करने वालों को जरुरत पड़ने पर समुद्र पार भी जाना पड़ सकता है।
(4) कंपनी के तहत काम करने वाले भारतीय सिपाहियों के असंतोष की अपनी वजह थी वे अपने वेतन भत्तों और सेवा शर्तों के कारण परेशान थे।
(5) 1824 ई. में सिपाहियों को कंपनी की ओर से लड़ने के लिए समुद्र के रास्ते वर्मा जाने का आदेश मिला तो सिपाहियों ने इनकार कर दिया। इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) तीनों सही हैं।

8. In which of the given places were Universities being established in 1857?/किन स्थानों पर सन् 1857 में विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही थी?
(a) Delhi, Calcultta & Bombay/ दिल्ली, कलकत्ता एवं बॉम्बे
(b) Calcultta, Madras & Delhi/ कलकत्ता , मद्रास एवं दिल्ली
(c) Calcultta , Bombay & Madras/ कलकत्ता, बॉम्बे एवं मद्रास
(d) Bombay, Delhi & Madras/ बॉम्बे, दिल्ली एवं मद्रास

Ans. (c) : 1854 के नीतिपत्र के बाद अंग्रेजों ने कई अहम कदम उठाए। सरकारी शिक्षा विभागों का गठन किया गया ताकि शिक्षा संबंधी सभी मामलों पर सरकार का नियंत्रण स्थापित किया जा सके। विश्वविद्यालयी शिक्षा की व्यवस्था विकसित करने के लिए भी कदम उठाए गए। 1857 ई. में जब मेरठ और दिल्ली में सिपाही विद्रोह कर रहे थे उसी समय कलकत्ता, मद्रास और बम्बई विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही थी। 1854 के वुड डिस्पैच में भारत में लागू की जाने वाली शिक्षा नीति की रूपरेखा स्पस्ट करते हुए एक बार फिर दोहराया गया कि प्राच्यवादी ज्ञान के स्थान पर यूरोपीय शिक्षा को अपनाने से कितने व्यवहारिक लाभ प्राप्त होगें।

9. Read the statements (A) & (B) and choose the correct option.
(A): In 1873, Jyotirao phule wrote a book named Gulamgiri, which meant 'Slavery'.
(B): Phule dedicated his book to all those Americans who had fought to free slaves.
कथन (A) एवं (B) को पढ़े तथा सही विकल्प का चुनाव करें।
(A): 1873 में ज्योतिराव फुले ने गुलामगीरी नामक एक किताब लिखी जिसका अर्थ है गुलामी
(B): फूले ने अपनी पुस्तक उन सभी अमरीकियों को समर्पित की जिन्होने गुलामों को मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया था।
(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत।
(b) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) & (B) are true/ दोनों (A) एवं (B) सही हैं।
(d) Both (A) & (B) are false/ दोनों (A) एवं (B) गलत हैं।

Ans. (c) : 1873 में ज्योतिराव फूले ने गुलामगीरी नामक एक किताब लिखी जिसका अर्थ है गुलामी। फूले ने अपनी पुस्तक उन सभी अमरीकियों को समर्पित की जिन्होने गुलामों को मुक्त कराने के लिए लड़ाई लड़ी थी। इस प्रकार भारत मे निचली जाति की स्थितियों और अमेरिका में काले दासों के बीच एक कड़ी स्थापित की। जैसा कि इस उदाहरण से पता चलता है, फुले ने जाति व्यवस्था की अपनी आलोचना को असमानता के सभी रूपों के खिलाफ तर्क देने के लिए आगे बढ़ाया। इन्होने निम्न जाति की महिलाओं की दुर्दशा, मजदूरों की दुर्दशा और निचली जातियों के अपमान की निंदा की। इस प्रकार कथन (A) और (B) सही है।

10. Which of the pairs on reform organisation and their work is correctly matched?
कौन सा समाज सुधार और उनके कार्य का जोड़ा सही से सुमेल किया गया है?
(a) The Singh Sabha – Freedom of thought/सिंह सभा – विचारों की स्वतंत्रता
(b) The aligarh movement – Modern education/ अलीगढ़ आंदोलन – आधुनिक शिक्षा
(c) The Prathana samaj – Drew upon only Hindu texts/प्रार्थना समाज – केवल हिंदू ग्रंथों से विचार प्राप्त करता था
(d) Veda Samaj – inspired by Singh Sabha /वेद समाज – सिंह सभा से प्रेरित था

Ans. (b) : अलीगढ़ आंदोलन-आधुनिक शिक्षा और समाज सुधार से संबंधित है। शिक्षाविद् सर सैय्य अहमद खाँ सबसे पहले मुसलमानों के लिए उनकी शैक्षिक स्थिति को बदलने में अपनी अग्रणी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। सर सैय्यद अहमद खाँ ने महसूस किया कि मुसलमान केवल तभी प्रगति कर सकते है जब वे आधुनिक शिक्षा ग्रहण करेंगे। इसके लिए उन्होने अलीगढ़ आंदोलन चलाया। सर सैय्यद अहमद खाँ ने 1864 में अलीगढ़ में साइंटिफिक सोसाइटी की स्थापना की ताकि मुसलमानों को पश्चिमी शिक्षा स्वीकार करने के लिए तैयार करने और मुसलमानों मे वैज्ञानिक स्वभाव पैदा करने के लिए पश्चिमी तौर तरीकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया जा सके।
नोट⟶ अलीगढ़ आन्दोलन ने मुस्लिम पुनरुत्थान में मदद की इसने उन्हे एक आम भाषा दी जो उर्दू कहलाती है।

11. Consider the statements (A) and (B) on Indian industries and business during and after the 1st world war:
(A) : Indian industries expanded during the war.
(B): Indian business groups begain to demand greater opportunities for development.
Choose the correct option.
प्रथम विश्व युद्ध के दौरान एवं उसके बाद भारतीय उद्योग और व्यापार के संदर्भ में (A) और (B) कथनों पर विचार कीजिए।
(A) : युद्ध के दौरान भारतीय उद्योग का विस्तार हुआ।
(B) : भारतीय उद्योग समूह विकास के लिए अधिक अवसर की मांग करने लगे।
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें।

(a) (A) is true, (B) is false/(A) सही है, (B) गलत है
(b) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है, (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are true/ दोनों (A) और (B) सही है
(d) Both (A) and (B) are false/ दोनों (A) एवं (B) गलत है

Ans. (c) : प्रथम विश्व युद्ध के दौरान एवं उसके बाद भारतीय उद्योग का विस्तार हुआ, और भारतीय उद्योग समूह विकास के लिए अधिक अवसर की मांग करने लगे। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (a), और (b) दोनो सही है।
प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन में उत्पादन क्षमताओं पर युद्ध के कारण बुरा प्रभाव पड़ा था। युद्ध का एक और परिणाम मुद्रास्फीति के रूप में सामने आया वर्ष 1914 के बाद औद्योगिक कीमते दोगुनी हो गई और बढ़ती कीमतों में तेजी ने भारतीय उद्योगों को लाभ पहुँचाया।

12. Match the following:

List –I	**List – II**
(A) The Vernacular press Act	**(i) 1883**
(B) IIbert Bill	**(ii) 1878**
(C) Transfer of Property Act	**(iii) 1885**
(D) Formation of Indian national congress	**(iv) 1882**

Choose the correct answer from the following
निम्नलिखित का मिलान कीजिए:

लिस्ट - I	**लिस्ट II**
(a) वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट	(i) 1883
(b) ईलबर्ट बिल	(ii) 1878
(c) सम्पत्ति स्थानांतरण अधिनियम	(iii) 1885
(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना	(iv) 1882

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए।
(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

लिस्ट I	लिस्ट II
वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट	1878
इल्वर्ट बिल	1883
सम्पत्ति स्थानांतरण अधिनियम	1882
भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस की स्थापना	1885

13. Which one of the following is a feature of our constitution?
(A) Adoption of Universal adult franchise.
(B) Equal rights to all citizen
(C) Special privileges for the socially disadvantaged Indian.
Choose the correct option.
निम्नलिखित में से कौन सी एक विशिष्टता हमारे संविधान की है?
(A) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाना
(B) सभी नागरिकों को समान अधिकार
(C) भारत के सबसे सामाजिक वंचितों के लिए विशेषाधिकार
सही विकल्प चुनें:
(a) Only (A) and (B) /केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C) /केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C) /केवल (A) और (C)
(d) (A), (B), and (C) /(A), (B), और (C)

Ans. (d) : सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार, सभी नागरिकों को समान अधिकार और सामाजिक रूप से पिछड़ों के लिए विशेषाधिकार ये सभी विशिष्टताएं हमारे संविधान की हैं इस प्रकार कथन (a), (b) और (c) तीनों सही हैं। भारतीय संविधान की कुछ अन्य विशेषताएँ-
(i) लिखित और विशाल संविधान
(ii) संसदीय शासन प्रणाली
(iii) धर्म निरपेक्ष राज्य
(iv) स्वतंत्र न्यायपालिका

14. The Maratha army was a powerful force that challenged the Mughals in the peninsula. The soldiers were largely composed of person from which of the following communities?
मराठा सेना एक ताकतवर सेना थी जिसने प्रायद्वीप में मुगलों को चुनौती दी। सैनिक अधिकांश रूप से किस समुदाय से आने वाले व्यक्ति थे?
(a) Kunbis/कुनबियों
(b) Peshwas/पेशवाओं
(c) Chitpavan Brahmanas/चितपावन ब्राम्हणों
(d) Deshmukhs/देशमुखों

Ans. (a) : मराठा सेना एक ताकतवर सेना थी जिसने प्रायद्वीपीय भारत में मुगलों को चुनौती दी। सैनिक अधिकांश रूप से 'कुनबी' समुदाय से आने वाले व्यक्ति थे। मराठा राज्य एक शक्तिशाली क्षेत्रीय राज्य था, जो मुगल शासन का लगातार विरोध करके उनके साम्राज्य विस्तार में उत्पन्न हुआ था। शिवाजी 1627-1680 ने शक्तिशाली योद्धा परिवारों की सहायता से एक स्थायी राज्य की स्थापना की। अत्यन्त गतिशील कृषक-पशुचारक (कुनबी) समुदाय के लोग मराठों की सेना के मुख्य आधार बन गए। 1720-1761 के बीच मराठा साम्राज्य का काफी विस्तार हुआ। उसने शनैः शनैः और काफी सफलता पूर्वक मुगल साम्राज्य की सत्ता को क्षति पहुँचाई। 1720 के दशक तक मालवा और गुजरात मुगलों से छीन लिए गए।

15. Which of the planets, given below, are correctly matched with their characteristic feature?
(A) Jupiter – outer planet
(B) Earth – blue planet
(C) Venus – made of rocks
निम्नलिखित ग्रहों में से कौन सा ग्रह अपने विशिष्ट लक्षणों से सुमेल किया हुआ है?
(A) बृहस्पति - बाह्य ग्रह
(B) पृथ्वी - नीला ग्रह
(C) शुक्र - चट्टानों से बना है
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B), and (C)/(A), (B), और (C)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

ग्रह		विशेषता
बृहस्पति	–	बाह्य ग्रह
पृथ्वी	–	नीला ग्रह
शुक्र	–	चट्टानों से बना हुआ है।
मंगल	–	लाल ग्रह
अरुण	–	लेटा हुआ ग्रह

16. Which of the following is an example of block Mountains.
निम्न में से कौन सा भ्रंशोत्थ पर्वतों का उदाहरण है?
(a) Aravali/अरावली (b) Himalaya/हिमालय
(c) Vosges/वॉसजेज (d) Appalachians/अप्लेशियन

Ans. (c) : वॉसजेज पर्वत भ्रंशोत्थ पर्वत का उदाहरण है। अरावली पर्वत को वलित पर्वत का उदाहरण माना जाता है। भारत का हिमालय, रूस का यूरॉल उत्तरी अमेरिका का रॉकी तथा दक्षिण अमेरिका का एंडीज मोड़दार पर्वत के उदाहरण हैं। वलित पर्वतों का निर्माण प्लेट टेक्टॉनिक सिद्धान्त पर आधारित है।
पर्वत धरातल का वह विशिष्ट रूप है, जो समुद्र तल से ऊँचा तथा तीव्र ढाल वाला होता है और इसका शिखर संकुचित होता है।

17. Which of the following statements about days and nights on earth is/ are true?
(A) Days and nights on Earth are due to revolution of the Earth.
(B) Days and nights on earth are due to rotation of the earth.
(C) The longest day and the shortest night occurs on 21st june in the northern Hemisphere.
Choose the correct option.
पृथ्वी पर दिनों एवं रातों के बारे में दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही हैं?
(A) पृथ्वी के परिक्रमण के कारण पृथ्वी पर दिन – रात बनते हैं।
(B) पृथ्वी के घूर्णन के कारण पृथ्वी पर दिन – रात बनते हैं।
(C) उत्तरी गोलार्द्ध में 21 जून को सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होती है।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए:
(a) (A) and (B) are true/(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true/(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true/(A) और (C)सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true./(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : पृथ्वी पर दिनों एवं रातों के बारे में दिए गए कथनों में से सही कथन पृथ्वी के घूर्णन के कारण पृथ्वी पर दिन रात बनते हैं, और उत्तरी गोलार्द्ध पर 21 को सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात होती है। इस प्रकार कथन (B) और (C) सही हैं।
पृथ्वी का एक घूर्णन 24 घंटे में पूर्ण होता है जिसे पृथ्वी की दैनिक गति भी कहते हैं यह दैनिक गति दिन व रात के घटित होने के लिए जिम्मेदार होती है पृथ्वी को प्रकाश व ऊष्मा की प्राप्ति सूर्य से होती है अतः घूर्णन करती हुई पृथ्वी के प्रत्येक भाग में एक निश्चित अवधि के लिए सूर्य का प्रकाश पहुंचता है।

18. Aman is travelling from Ranchi to Hyderabad. He is a moving towards which direction?
अमन राँची से हैदराबाद की यात्रा कर रहा है। वह किस दिशा में जा रहा है?
(a) North East/उत्तर पूर्व
(b) North West/उत्तर पश्चिम
(c) South East /दक्षिण पूर्व
(d) South West/दक्षिण पश्चिम

Ans. (d) : अमन राँची से हैदराबाद की यात्रा कर रहा है वह दक्षिण पश्चिम दिशा में जा रहा है। क्योंकि राँची की अपेक्षा हैदराबाद दक्षिण पश्चिम दिशा में स्थित है। वास्तु शास्त्र का विज्ञान जिन चीजों पर आधारित है उनमें से एक भौगोलिक दिशाएं है और किसी विशेष स्थान की भौगोलिक दिशा निर्धारित करने के लिए कम्पास या दिम्सूचक का प्रयोग किया जाता है। एक दिक्सूचक के केन्द्र में एक चुम्बकीय सुई होती है, और यही सुई हमें दक्षिणी ध्रुव और उत्तरी ध्रुव की दिशा बताती है। यह एक सेल्फ पॉइंटिंग डिवाइस है जो हमें दिशाओं के बारे में बताती है।

19. The innermost layer of Earth's core is made up of _____.
पृथ्वी के कोर क्रोड की सबसे आन्तरिक परत बनी हुई है _____.
(a) Silica and Alumina/सिलिका व एलुमिना से
(b) Silica and Magnesium/सिलिका व मैग्नीशियम से
(c) Nickle and Iron/निकल व लोहे से
(d) Nickel and Magnesium/निकल व मैग्नीशियम से

Ans. (c) : पृथ्वी के कोर क्रोड की सबसे आन्तरिक परत निकेल व लोहे से बनी हुई है। पृथ्वी की सतह की सबसे ऊपरी परत को भू पर्पटी कहते हैं। यह सबसे पतली परत होती है यह मुख्य रूप से सिलिका एवं एलुमिना जैसे खनिजों से बनी है। इसीलिए इसे सियॉल कहा जाता है। पर्पटी के ठीक नीचे मैटल होता है जो 2900 किमी. की गहराई तक फैला होता है। पृथ्वी के सबसे आन्तरिक परत को क्रोड कहते हैं। जिसकी त्रिज्या लगभग 3500 किमी. है। पृथ्वी के केन्द्रीय क्रोड का तापमान एवं दाब काफी उच्च होता है।
नोट→ पृथ्वी के आयतन का केवल 1 प्रतिशत हिस्सा ही पर्पटी है। 84% मैंटल एवं 15% हिस्सा क्रोड है।

20. Which of the following rocks may contain fossils of plants, animals and other microorganisms that once lived on them?
निम्न में से किन शैलों में पौधों, जानवरों एवं अन्य सूक्ष्म जीवाणुओं, जो कभी इन शैलों पर रहे हैं, के जीवाश्म पाए जा सकते हैं?
(a) Igneous Rocks/आग्नेय शैल
(b) Sedimentary Rocks/अवसादी शैल
(c) Metamorphic Rocks/कायांतरित शैल
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

Ans. (b) : शैल लुढ़ककर, चटककर तथा एक दूसरे से टकराकर छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाती है। इन छोटे कणों को अवसाद कहते हैं। अवसाद दबकर एवं कठोर होकर शैल की परत बनाते हैं। इस प्रकार की शैलों को अवसादी शैल कहते हैं। इन शैलों में पौधों, जानवरों एवं अन्य सूक्ष्म जीवाणुओं जो कभी इन शैलों पर रहें हैं, के जीवाश्म भी हो सकते हैं। मुख्य रूप से शैल तीन प्रकार की

होती है- आग्नेय (इग्नियस) शैल, अवसादी (सेडिमेंट्री) शैल एवं कायांतरित (मेटामॉरफिक) शैल।
इग्नियस – लैटिन शब्द इग्निस जिसका अर्थ है- अग्नि
सेंडीमेंट्री – लैटिन शब्द सेडिमेंटम जिसका अर्थ है- स्थिर
मेटामॉरफिक- ग्रीक शब्द मेटामॉरफोस जिसका अर्थ है- रूप परिवर्तन

21. Consider the following statements abot rocks:
(A) There are two types of sedimentary rocks: intrusive and extrusive.
(B) Rocks formed from molten lava are called igneous rocks.
(C) Process of transformation of rock from one to another is known as the rock cycle.
Choose the correct option.
शैलों के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:
(A)अवसादी शैल के दो प्रकार हैं : अंतर्भेदी और बर्हिभेदी
(B) द्रवित लावा से बनने वाली शैल, आग्नेय शैल कहलाती है।
(C) एक शैल से दूसरी शैल में परिवर्तन होने की प्रक्रिया को शैल चक्र कहा जाता है।
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) and (B) are correct/केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are correct/केवल (B) और (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are correct/केवल (A) और (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C)सभी सही हैं।

Ans. (b) : पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राकृतिक पिंड को शैल कहते हैं। मुख्य रूप से शैल तीन प्रकार की होती है- (1) आग्नेय चट्टान (2) अवसादी चट्टान (3) कायांतरित चट्टान।
द्रवित मैग्मा ठण्डा होकर ठोस हो जाता है इस प्रकार बनी शैल को आग्नेय शैल कहते हैं इन्हे प्राथमिक शैल भी कहते हैं, आग्नेय शैल दो प्रकार की होती हैं (1) अंतर्भेदी शैल (2) बर्हिभेदी शैल।
एक शैल से दूसरी शैल में परिवर्तन होने की प्रक्रिया को शैल चक्र कहा जाता है। इस प्रकार शैल से संबंधित कथनों में से कथन (B) और (C) सही हैं, क्योंकि कथन (A) अन्तर्भेदी और बर्हिभेदी शैल आग्नेय शैल के उदाहरण है इसलिए कथन (A) सही नही है।

22. Consider the following statements about winds and choose the appropriate option.
(A) A wind is named after the direction to which it blows.
(B) The wind blowing from the west is called westerly.
(C) Seasonal winds change their direction in different seasons.
पवनों के बारे में दिए गए कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) पवन का नाम उसके जाने की दिशा के आधार पर निर्धारित होता है।
(b) पश्चिम से आने वाली पवन को पश्चिमी (पछुआ) पवन कहते हैं।
(C) मौसमी पवनें विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं।
(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) तथा (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) तथा (C)सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : पवन का नाम उसके बहने (आने) की दिशा के आधार पर निर्धारित होता है जाने की दिशा के आधार पर नही निर्धारित होता है इस कारण कथन (a) गलत है।
पश्चिम से आने वाली पवन को पश्चिमी (पछुआ) पवन कहते हैं, और मौसमी पवने विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत कथन (B) और (C) सही है। उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर वायु की गति को पवन गति कहते हैं। पवन को मुख्यतः तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है-
(1) स्थायी पवनें (2) मौसमी पवनें (3) स्थानीय पवनें

23. Consider the following statements about air pressure and choose the appropriate option.
(A) On the moon there is no air and hence no air pressure.
(B) Variation of temperature causes pressure differences in the atmosphere
(C) Air always moves from high pressure areas to low pressure areas.
वायु दाब से संबंधित कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:
(A) चाँद पर वायु नहीं है अतएव वहाँ वायु का दाब भी नहीं हैं।
(B) वायुमंडल में वायुदाब में अंतर तापमान में भिन्नता के कारण होता है।
(C) वायु सदैव उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर गमन करती है
(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) और (C) सही है।
(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) all (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (d) : वायुदाब से संबंधित सही कथन चांद पर वायु नही है अतएव वहां वायु दाब भी नहीं है। वायुमंडल में वायुदाब में अतंर तापमान में भिन्नता के कारण होता है और वायु सदैव उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर चलती है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत दिए गए सभी कथन (A), (B) और (C) तीनों सही है।

चन्द्रमा के पृष्ठ पर विभिन्न आमापों के गर्त है। इस पर बहुत से खड़ी ढाल वाले ऊँचे पर्वत भी है। इनमें से कुछ पर्वत तो ऊँचाई में पृथ्वी के सर्वाधिक ऊँचाई के पर्वतों के समान हैं। चन्द्रमा पर न तो वायुमंडल है और न ही जल।

नोट→ 21 जुलाई 1969 को अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री नील ऑर्मस्ट्रांग ने सबसे पहले चन्द्रमा पर अपने कदम रखे।

24. Consider the following statements about 'Susu' – a dolphin found in river Ganga and River Brahamputra.

(A) The presence of Susu is an indication of the health of the river.

(B) Susu 'dolphins are becoming blind' to adapt to the chemicals present in river water.

(C) The untreated industrial waste and urban waste are killing this species.

Choose the appropriate option.

सुसु- गंगा व बम्हपुत्र नदियों में पाई जाने वाली एक डॉल्फिन के बारे में दिए कथनों को पढ़िए।

(A) 'सुसु' की उपस्थि से नदी में जल की शुद्धता का पता चलता है।

(B) नदी के पानी में उपस्थित रसायनों से अनुकूल होने के लिए सुसु डॉल्फिन अंधी हो रही हैं।

(C) गैर-उपचारित औद्योगिक एवं शहरी गंदगी इन प्रजातियों को खत्म कर रही है।

उपयुक्त विकल्प का चयन करें:

(a) Only (A) and (B) are correct/केवल (A) तथा (B) सही हैं।

(b) Only (B) and (C) are correct/केवल (B) तथा (C) सही हैं।

(c) Only (A) and (C) are correct/केवल (A) तथा (C) सही हैं।

(d) All (A), (B) and (C) are correct/सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : सुसु-गंगा व ब्रम्हपुत्र नदियों में पाई जाने वाली एक डॉल्फिन है इसकी उपस्थिति से नदी में जल की शुद्धता का पता चलता है और गैर उपचारित औद्योगिक एवं शहरी गंदगी इन प्रजातियों को खत्म कर रही है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A) और (C) सही है।

गंगाडॉल्फिन का वैज्ञानिक नाम प्लैटनिस्टा गैंगेटिका है, यह केवल मीठे पानी में रह सकती है और यह वास्तव में दृष्टिहीन होती है ये पराश्रब्य ध्वनियों का उत्सर्जन करके शिकार करती है जो मछलियों और अन्य शिकार से टकराकर वापस लौटती है तथा उन्हे अपने दिमाग में एक छवि ''बनाने'' में सक्षम बनाती है। इनको सुसु भी कहा जाता है।

नोट→ गंगा डॉल्फिन को वर्ष 2009 में राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में मान्यता दी गई है।

25. Which of the following statements are true regarding 'Silicon Valley' and 'Silicon plateau'?

(A) Both are located in the same continent

(B) They are located in different continent

(C) Both are related with same economic activity

(D) Both have similar kind of locational advantages.

निम्नलिखित में से कौन से कथन ' सिलिकॉन घाटी ' एवं सिलिकॅन पठार के संदर्भ में सही हैं?

(A) दोनों एक ही महाद्वीप पर अवस्थित हैं।

(B) दोनों भिन्न महाद्वीपों पर अवस्थित हैं।

(C) दोनों एक ही तरह की आर्थिक गतिविधि से क्रमबद्ध हैं।

(D) दोनों को समान प्रकार के अवस्थितिक लाभ मिलते हैं।

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)

(b) (B) and (C)/ (B) और (C)

(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)

(d) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)

Ans. (c) : सिलिकॉन घाटी एवं सिलिकॉन पठार के संदर्भ में सही कथन दोनों भिन्न महाद्वीपों पर अवस्थित है, दोनो एक ही तरह की आर्थिक गतिविधियों से क्रमबद्ध हैं और दोनों को समान प्रकार के अवस्थितिकी लाभ मिलते है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (B), (C) और (D) सही है।

सिलिकॉन वैली संयुक्त राज्य अमेरिका में सैन फ्रांसिस्कों व कैलीफोर्निया के दक्षिण में स्थित है और कम्प्यूटर सेमीकंडक्टर चिप्स में सिलिकॉन के प्रयोग के कारण इस क्षेत्र का यह नाम प्रसिद्ध हुआ।

नोट→ बेंगलुरू भारत की सिलिकॉन वैली के नाम से जाना जाता है।

26. Which among the following features can be associated with hydel power project?

(A) Displacement of local community

(B) Inundates low lying areas

(C) Expensive to set up

(D) Causes acid rain

(E) Promotes greenhouse effect.

Choose the correct option.

निम्नलिखित में से कौन सा लक्षण जल विद्युत परियोजना से जोड़कर देखा जा सकता है?

(A) स्थानीय समुदाय का विस्थापन

(B) निम्न क्षेत्रों का जलप्लावन

(C) स्थापित करने में खर्चीला

(D) अम्ल वर्षा कराता है

(E) हरित गृह प्रभाव में वृद्धि करता है।

सही विकल्प चुनें।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

(b) (B), (C) and (C)/ (B), (C) और (C)

(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)

(d) (A), (C) and (E)/ (A), (C) और (E)

Ans. (a) : स्थानीय समुदाय का विस्थापन, निम्न क्षेत्रों का जलप्लावन और स्थापित करने में अधिक खर्च ये सभी लक्षण जल विद्युत परियोजनाओं से जोड़कर देखा जा सकता है। आज कल के बांध सिर्फ सिंचाई वे लिए ही नही बनाए जाते है। अपितु इनका प्रयोग विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जाता है। इसलिए बांधों को बहुउद्देशीय परियोजनाएं भी कहा जाता है। जहां एकत्रित जल के

अनेकों उपयोग समन्वित होते है। उदाहरण के तौर पर सतलज-व्यास बेसिन में भांखडा-नांगल परियोजना जल विद्युत उत्पादन और सिंचाई दोनों के काम में आती है।

नोट⟶ जवाहर लाल नेहरू ने बांधो को आधुनिक भारत का मंदिर कहा है।

27. Read the following statements (A), (B) and (C).
(A) Ploughing parallel to the contours of hill slope is called Mulching.
(B) Mulching helps to retain soil moisture.
(C) Through terrace farming soil erosion is reduced in steeps slopes.
Choose the correct option.
नीचे दिए गए कथनों (A), (B) तथा (C) को पढ़ें :
(A) एक पहाड़ी ढाल पर समोच्च रेखाओं के समान्तर जुताई को मल्चिंग कहा जाता है।
(B) मल्चिंग से मृदा की आर्द्रता रूकी रहती है।
(C) वेदिका फॉर्म द्वारा तीव्र ढालों पर मृदा अपरदन कम हो जाती है।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए ।
(a) (A) and (B) are correct/(A) और (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are correct/(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are correct/(A) तथा (C) सही हैं।
(d) Only (C) is correct/केवल (C) सही है।

Ans. (b) : प्रायः पौधों के बीच खुली भूमि जैव पदार्थ जैसे प्रवाल से ढक दी जाती है इससे मृदा की आर्द्रता रुकी रहती है इस प्रक्रिया को मल्चिंग कहा जाता है। मल्चिंग से मृदा की आद्रता रूकी रहती है। वेदिका फॉर्म चौड़े समतल अथवा तीव्र ढालों पर बनाए जाते हैं ताकि सपाट सतह फसल उगाने के लिए उपलब्ध हो जाएं। इससे पृष्ठीय तनाव और मृदा अपरदन कम होता है। इस प्रकार दिये गये कथन में से विकल्प (b) के अन्तर्गत कथन (B) और (C) सही है।
समोच्च रेखीय जुताई- एक पहाड़ी ढाल पर समोच्च रेखाओं के समानान्तर जुताई ढाल से नीचे बहते जल के लिए एक प्राकृतिक अवरोध का निर्माण करती है।

28. The following words were used by jawaharlal nehru to describe Which aspect of India- "Widest tolerance of belief of custom and acknowledgement and encouragement of variety"?
जवाहरलाल नेहरू ने निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग भारत के किस पहलू का विवरण करने के लिए किया था- 'विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना और विविधता की पहचान और प्रोत्साहन'?
(a) Unity in Diversity /अनेकता में एकता
(b) Ancient Civilization/प्राचीन सभ्यता
(c) Cultural Heritage/सांस्कृतिक धरोहर
(d) Spiritual life/आध्यात्मिक जीवन

Ans. (a) : जवाहर लाल नेहरू ने अपने शब्दों का प्रयोग भारत मे अनेकता में एकता जैसे पहलू का विवरण करने के लिए किया था, जिसमे विश्वास और प्रथाओं को स्वीकार करने की भावना और विविधता की पहचान और प्रोत्साहन शामिल है।
अनेकता में एकता भारतीय समाज की महत्वपूर्ण विशेषता है। यह वाक्यांश इस बात का भी सूचक है कि भारत किस प्रकार से विविधतापूर्ण संस्कृति, सामाजिक और जातीय तत्वों को अपनाते हुए निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां अपनी पहचान को अक्षुण्ण रखकर विविधता को अंगीकार करने की आजादी है।

29. What is the literal meaning of the term Dalit?
'दलित' का शाब्दिक अर्थ क्या है?
(a) Stolen/चुराया हुआ
(b) Broken/तोड़ा या दबाया हुआ
(c) Perished/नष्ट किया हुआ या बिगाड़ा हुआ
(d) Repaired/मरम्मत किया हुआ

Ans. (b) : दलित शब्द का शाब्दिक अर्थ पीड़ित शोषित दबाया हुआ एवं जिनका हक छीना गया हो होता है। इस अर्थ में हिन्दू, मुसलमान, ईसाई आदि सभी धर्मों में दलित वर्ग मौजूद है। वर्तमान समय में जिनको दलित समझा जाता है उनमें से अनेक वर्गो को पहले अछूत या अस्पृश्य माना जाता था। उनका अनेक प्रकार से शोषण हुआ।
भारतीय संविधान की प्रस्तावना से लेकर सभी अनुच्छेद इन्ही मानवीय अधिकारों की रक्षा करते नजर आते है। भारत में दलितों की कानूनी लड़ाई लड़ने का जिम्मा डा. भीमराव अम्बेडकर ने उठाया। डॉ अम्बेडकर दलित समाज के प्रणेता थे। बाबा साहब ने सबसे पहले देश में दलितों के लिए सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की पैरवी की।

30. When was the protection of women from Domestic Violence Act Passed?
घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण वाला अधिनियम कब पारित हुआ था?
(a) 2014 (b) 1995
(c) 2005 (d) 2010

Ans. (c) : घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण वाला अधिनियम 2005 में पारित किया गया था। हाल ही में घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 पर चर्चा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को एक ''कभी न खत्म होने वाले चक्र'' के रूप में परिभाषित किया। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी है जो भारत जैसे प्रगतिशील राष्ट्र के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुयी है।

31. Which of the following laws was passed by the British government before Independence that still exists in India?
निम्नलिखित में से कौन सा कानून स्वतंत्रता पूर्व ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित किया गया था जो अब भी भारत में लागू है?
(a) Hindu Succession Act/हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम
(b) Rowlatt Act/रौलट एक्ट
(c) Hindu Marriage Act/हिंदू विवाह अधिनियम
(d) Sedition Act/सेडीशन एक्ट (राजद्रोह का कानून)

Ans. (d) : सेडीशन एक्ट (राजद्रोह का कानून) स्वतंत्रता पूर्व ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित किया गया था जो अब भी भारत में लागू है। I.P.C की धारा 124-A में राजद्रोह को एक ऐसे अपराध के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें किसी व्यक्ति द्वारा भारत में कानूनी तौर पर स्थापित सरकार के प्रति मौखिक, लिखित (शब्दो द्वारा) संकेतो या दृश्य रूप में घृणा या अवमानना या उत्तेजना पैदा करने का प्रयत्न किया जाता है।
नोट⟶ राजद्रोह गैर-जमानती अपराध है।

32. Consider the following statement on why people prefer permanent and regular job:
(A) They can expect their job to continue for a longer period of time.
(b) They get a weekly off and national holidays.
(c) They get medical benefits.
Choose the appropriate option:
लोग स्थायी और नियमित नौकरी को प्राथमिकता क्यों देते हैं, के बारे में निम्न कथनों को पढ़िए:
(A) वे उम्मीद रख सकते हैं कि उनकी नौकरी लंबे समय तक चल सकती है।
(B) उन्हें साप्ताहिक व राष्ट्रीय पर्वो पर अवकाश मिलता है।
(C) उन्हें चिकित्सा - लाभ प्राप्त होते हैं।
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) Only (A) and (B) /केवल (A) तथा (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C) सभी

Ans. (d) : लोग स्थायी और नियमित नौकरी को प्राथमिकता इसलिए देते हैं कि वे उम्मीद रखते है कि उनकी नौकरी लंबे समय तक चल सकती है, उन्हें साप्ताहिक व राष्ट्रीय पर्वों पर अवकाश मिलता है और उन्हें चिकित्सा लाभ प्राप्त होते है। इस प्रकार इस प्रश्न में सभी विकल्प A, B और C तर्क संगत है।
सरकारी नौकरी बहुत ही सिक्योर नौकरी मानी जाती है, क्योंकि सरकारी कर्मचारी आसानी से अपनी नौकरी से नही निकाला जा सकता है। विषम परिस्थितियों में ही किसी सरकारी कर्मचारी को निष्कासित किया जाता है, अन्यथा किसी भी प्राइवेट नौकरी के मुकाबले सरकारी नौकरी बहुत ही सुरक्षित मानी जाती है।

33. Consider the following statements about employment in call centres:
(A) Working in a call center is a traditional form of employment.
(B) A Call centre is a centralised office that deals with problems and question of consumers regarding goods and services.
(C) Companies set up call centres in India because they easily get people who can speak English and will work for lower wages.
Choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों को कॉल सेंटरों में रोजगार के संदर्भ में पढ़े :
(A) कॉल सेंटरों में काम करना रोजगार का एक परंपरागत रूप है।
(B) कॉल सेंटर एक केन्द्रीकृत दफ्तर है जहाँ एक ही जगह पर उपभोक्ताओं की वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित समस्याओं और सवालों से संबंधित जानकारी दी जाती है।
(C) कंपनियाँ भारत में अपना कॉल सेंटर खोलती हैं क्योंकि यहाँ पर अंग्रेजी बोलने वाले और कम वेतन पर काम करने वाले लोग आसानी से मिल जाते हैं।
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:
(a) (A) and (B) are true/(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true/(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true/(A) तथा (C) सही है।
(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : कॉल सेटरों में काम करना रोजगार का एक परम्परागत रूप नही है, परम्परागत रोजगार के अन्तर्गत कृषि एवं खादी उद्योग से संबंधित रोजगार आते हैं। इस प्रकार कथन (A) सही नही है।
कॉल सेंटर एक केन्द्रीकृत दफ्तर है जहां एक ही जगह पर उपभोक्ताओं की वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित समस्याओं और सवालों से संबंधित जानकारी दी जाती है। कंपनियां भारत में अपना कॉल सेंटर खोलती है क्योंकि यहां अग्रेजी बोलने वाले और कम वेतन पर काम करने वाले लोग आसानी से मिल जाते है इस प्रकार कथन (B) और (C) सही है।

34. Nepal witnessed which kind of transformation in 2008?
नेपाल में 2008 में किस तरह का परिवर्तन आया?
(a) From Monarchy to Democracy/ राजतंत्र से लोकतंत्र की तरफ
(b) From Democracy to Monarchy/ लोकतंत्र से राजतंत्र की तरफ
(c) From Monarchy to Aristocracy/ राजतंत्र से कुलीनतंत्र की तरफ
(d) From Aristocracy to Monarchy/ कुलीनतंत्र से राजतंत्र की तरफ

Ans. (a) : नेपाल में राजतंत्र से लोकतंत्र की तरफ परिवर्तन 2008 ई. में हुआ। नेपाली लोकतंत्र आंदोलन 20वीं शताब्दी से 2008 तक राजनीतिक पहलों और आंदोलनो की एक श्रृंखला का संयोजन था, जिसने प्रतिनिधि लोक तंत्र की स्थापना एक बहुदलीय राजनीतिक प्रणाली और नेपाल में राजशाही के उन्मूलन की वकालत की। 20वीं शताब्दी के मध्य में देश की शिक्षा प्रणाली के विस्तार के कारण नेपाल में एक शिक्षित अभिजात वर्ग का उदय हुआ, जिससे देश में साक्षरता दर और उच्च शिक्षा प्रप्ति के बढ़ते स्तर में वृद्धि हुयी जिसके कारण लोकतंत्र की स्थापना हुयी।

35. Which part of the Constitution is called the 'Conscience of the indian Constitution?
संविधान के किस भाग को 'भारतीय संविधान की अंतरात्मा माना जाता है?
(a) Directive Principles of state policy/राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(b) Fundamental Duties/मौलिक कर्तव्य
(c) Universal adult Franchise/सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(d) Fundamental Rights/मौलिक अधिकार

Ans. (d) : संविधान के भाग-3 को भारतीय संविधान की आत्मा माना जाता है यह मौलिक अधिकार में निहित है। संवैधानिक उपचारों का अधिकार स्वंय में कोई अधिकार न होकर अन्य मौलिक अधिकारों का रक्षोपाय है। इसके अन्तर्गत व्यक्ति मौलिक अधिकारों के हनन की अवस्था में न्यायालय की शरण ले सकता है। इसलिए डा. अम्बेडकर ने अनु. 32 को संविधान का सबसे महत्वपूर्ण

अनुच्छेद बताया ''एक अनुच्छेद जिसके बिना संविधान अर्थहीन है, यह संविधान की आत्मा और हृदय है।''
अनुच्छेद 32 का उद्देश्य मूल अधिकारो के संरक्षण हेतु गांरटी, प्रभावी, सुलभ और संक्षिप्त उपचारों की व्यवस्था है। सर्वोच्च न्यायालय अनु. 32 के तहत एवं उच्च न्यायालय अनु. 226 के तहत रिट जारी कर सकते हैं।

36. Choose the correct statements from the following:
(A) Total number of elected members in the Rajya Sabha is 233.
(B) Total number of elected members in the Lok Sabha is 545.
(C) A total of ten members are nominated in the Rajya Sabha by President.
(D) Parliament of India consists of the president, the Rajya Sabha and the Lok Sabha.
choose the correct option.
निम्न में से सही कथनों का चुनाव कीजिए:
(A) राज्यसभा में निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या 233 है।
(B) लोकसभा में निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या 545 है।
(C) राज्य सभा में कुल 10 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
(D) भारतीय संसद के अंन्तर्गत लोकसभा, राज्यसभा व राष्ट्रपति तीनों आते हैं।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) (A) and (C)/ (A) तथा (C)
(b) (B) and (D)/ (B) तथा (D)
(c) (A) and (D)/ (A) तथा (D)
(d) (B) and (C)/ (B) तथा (C)

Ans. (c) : राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 निर्धारित की गई है, जिनमे से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जाते है और 238 सदस्य राज्यों के और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते है तथापि राज्य सभा के सदस्यों की वर्तमान संख्या 245 है जिनमे से 233 सदस्य राज्यसभा में निर्वाहित होते है। भारतीय संसद के अन्तर्गत लोकसभा, राज्यसभा व राष्ट्रपति तीनों सम्मिलत होते है वर्तमान में लोक सभा की सदस्य संख्या 543 है इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A) और (D) सही है।

37. The four key parts in the criminal justice system are:
अपराधिक न्याय प्रणाली में चार प्रमुख अंग हैं:
(a) Police, defence lawyer, social activist and the judge/पुलिस, बचाव पक्ष के वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और जज।
(b) NGO, defence lawyer, public prosecutor and the judge/गैर सरकारी संगठन, बचाव पक्ष के वकील, लोक अभियोजक और न्यायाधीश ।
(c) Police, public prosecutor, judge and people/ पुलिस, लोक अभियोजक, न्यायाधीश और लोग।
(d) Police, Public prosecutor, the defence lawyer and the judge./पुलिस, लोक अभियोजक, बचाव पक्ष के वकील और न्यायाधीश।

Ans. (d) : आपराधिक न्याय प्रणाली के 4 प्रमुख अंग इस प्रकार है-
(i) पुलिस
(ii) लोक अभियोजक
(iii) बचाव पक्ष के वकील
(iv) न्यायाधीश
आपराधिक न्याय प्रणाली का तात्पर्य सरकार की उन एजेसियों से है जो कानून लागू करने आपराधिक मामलों पर निर्णय देने और आपराधिक आचरण में सुधार कराने हेतु कार्यरत है जैसे आपराधिक घटनाओं को रोकना अपराधियों और दोषियों को दंडित करना, समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना आदि।

38. The Sachar commission has examinal the social and economic conditions of which particular community in India?
सच्चर आयोग ने भारत के किस समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का निरीक्षण किया है?
(a) Sikh/सिक्ख (b) Muslim/मुस्लिम
(c) Women/महिलाएँ (d) Transgender/परलैंगिक

Ans. (b) : सच्चर आयोग ने मुस्लिम समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का पता लगाने के लिए निरीक्षण किया था। जस्टिस राजिन्दर सच्चर द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के भारत के मुस्लिम समुदाय की सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक स्थिति की समीक्षा की गई थी।
(i) शिक्षा सुविधा-14 वर्ष तक के बच्चों को मुक्त और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सरकारी स्कूल खोलना, स्कॉलरशिप देना, मदरसों का आधुनिकीकरण करना।
(ii) वक्फ संपत्तियों आदि का बेहतर इस्तेमाल
(iii) रोजगार में मुसलमानों का हिस्सा बढ़ाना, मदरसों को हॉयर सेकेडंरी स्कूल बोर्ड से जोड़ने की व्यवस्था बनाना
(iv) मदरसों की डिग्री को डिफेंस, सिविल, और बैंकिंग एक्जाम के लिए मान्य करने की व्यवस्था करना।

39. Read the following statements (A), (B) and (C) in the context of laws, and choose the appropriate option.
(A) Minimum wages Act is necessary because many workers are denied fair wages by their employers.
(B) Worker have no bargaining power so their right need to be protected by minimum wage act.
(C) Domestic workers right are not protected under minimum wages act.
कानून के संदर्भ में दिए गए कथनों (A), (B) तथा (C) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:
(A) न्यूनतम मेहनताना कानून की आवश्यकता है क्योंकि बहुत सारे मजदूरों को उनके मालिक सही मेहनताना नहीं देते हैं।
(B) मजदूर सौदेबाजी की ताकत नहीं रखते इसलिए न्यूनतम मेहनताना कानून द्वारा उनके अधिकारों की रक्षा हो जाती है।
(C) न्यूनतम मेहनताना कानूनों से घरेलू नौकरों के हितों की रक्षा नहीं होती है।

(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) तथा (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are true/केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (a) : न्यूनतम मेहनताना कानून की आवश्यकता है क्योंकि बहुत सारे मजदूरों को उनके मालिक सही मेहनताना नही देते है। मजदूर सौदेबाजी की ताकत नही रखते इसलिए न्यूनतम मेहनताना कानून द्वारा उनके अधिकारों की रक्षा हो जाती है, और न्यूनतम कानून से घरेलू नौकरो के हितों की रक्षा होती है। इस प्रकार विकल्प (a) के अन्तर्गत कथन (A) और (B) सही है।
न्यूनतम वेतन कानून के तहत किसी भी मजदूर को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी नही दी जा सकती है। न्यूनतम वेतन में हर कुछ साल में बढ़ोत्तरी कर दी जाती है।

40. Lata sells tea at 5:00 am. She then goes to fetch water from a far away well. After reaching home she cooks food, washes clothes cleans the house, sweeps and then goes off to purchase items for her tea shop.
All this can be referred to as:
लता सुबह 5 बजे चाय बेचती है। उसके बाद वह बहुत दूर से कुएँ से पानी भरने के लिए जाती है। घर पहुँचने के बाद वह खाना बनाती है, कपड़े धोती है, घर की सफाई करती है, झाड़ू - पोछा करती है तब वह अपनी चाय की दुकान के लिए सामान लाने चली जाती है।
यह सभी _____के रूप में उल्लिखित किया जा सकता है।
(a) Care work/देखभाल कार्य
(b) Double - burden/दोहरा - भार
(c) House work/गृह कार्य
(d) Paid work/भुगतानवाला कार्य

Ans. (b) : लता सुबह 5 बजे चाय बेचती है। उसके बाद वह बहुत दूर से कुएँ से पानी भरने के लिए जाती है। घर पहुँचने के बाद वह खाना बनाती है, कपड़े धोती है, घर की सफाई करती है, झाड़ू-पोछा करती है तब वह अपनी चाय की दुकान के लिए सामान लाने चली जाती है। इन सभी कार्यों को दोहरा भार के रूप में उल्लिखित किया जा सकता है।
एक दोहरा भार (जिसे दोहरा दिन दूसरी पाली और दोहरा कर्तव्य भी कहा जाता है) उन लोगों के काम का भार है जो पैसे कमाने के लिए काम करते है, लेकिन जो बड़ी मात्रा में अवैतानिक घरेलू श्रम के लिए जिम्मेदार है। इस घटना को दूसरी पारी के रूप में जाना जाता है।

41. At the elementary level, social science teaching-
(A) Develops skills of observation and categorisation.
(B) Develops and understanding of how societies have changed over time.
(C) Develops an understanding of social and economic problems of people.
Choose the appropriate option.
प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण:
(A) प्रेक्षण व वर्गीकरण के कौशलों का विकास करता है।
(B) समय के साथ- साथ समाजों में कैसे परिवर्तन हुए हैं, कि समझ विकसित करना।
(C) लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं की समझ विकसित करता है।
उपयुक्त विकल्प चुनें।
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) तथा (C)
(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)

Ans. (d) : प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण प्रेक्षण व वर्गीकरण के कौशलों का विकास करता है, समय के साथ-साथ समाजों में कैसे परिवर्तन हुए है, कि समझ विकसित करना और लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं की समझ विकसित करने से है। इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) तीनो सही है।
सामाजिक विज्ञान, विज्ञान की एक शाखा है जो मानव व्यवहार और उनके सामाजिक संबंधो से संबंधित है, जो मुख्य रूप से अनुभवजन्म दृष्टिकोणों पर निर्भर करती है। सामाजिक विज्ञान शिक्षाशास्त्र उन सिद्धान्तों का समूह है जो सामाजिक विज्ञान में शिक्षण-अधिगम के दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं।

42. Consider the following statements and choose the correct option.
Statement (I): The distinction between history and the other social science that in the history former's focus on the studies of the past.
Statement (II) : History at the elementary level is only on concerned about important people, events and dates in the past.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:
कथन (I): इतिहास एवं अन्य सामाजिक विज्ञानों के बीच अंतर यह है कि इतिहास अतीत के अध्ययन पर केन्द्रित होता है।
कथन (II) : प्रारम्भिक स्तर पर इतिहास केवल अतीत के महत्वपूर्ण लोगों, घटनाओं एवं तिथियों से संबंद्ध है।
(a) Both (I) and (II) are true/केवल (I) और (II) दोनों सही हैं
(b) Statement (I) is false but (II) is true/कथन (I) गलत है परन्तु (II) सही है
(c) Both (I) and (II) are false/कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं
(d) Statement (I) is true but (II) is false/कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है

Ans. (d) : इतिहास एवं अन्य सामाजिक विज्ञानों के बीच अंतर यह है कि इतिहास अतीत के अध्ययन पर केन्द्रित होता है। प्रारम्भिक स्तर पर इतिहास केवल अतीत के महत्वपूर्ण लोगों घटनाओं एवं तिथियों से संबंद्ध नही है। बल्कि सभी अतीत की जानकारी को सम्मिलत करता है इस प्रकार कथन (A) सही है तथा कथन (B) गलत है।

इतिहास के अन्तर्गत हम जिस विषय का अध्ययन करते है उसमें अब तक घटित घटनाओं या उससे संबंध रखने वाली घटनाओं का कालक्रमानुसार वर्णन होता है। दूसरे शब्दो में मानव की विशिष्ट घटनाओं का नाम ही इतिहास है।

43. Narratives are helpful in social science class, to encourage _____.
सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वृतांत _____ को प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं।
(a) Empathy/समानुभूति
(b) Spirituality/आध्यात्मिकता
(c) Obedience/आज्ञापालन
(d) Reasoning/तर्कशक्ति

Ans. (a) : सामाजिक विज्ञान की कक्षा में वृत्तांत समानुभूति को प्रोत्साहित करने में सहायक होते है। समानुभूति व्यक्ति की वह गहरी संवेगात्मक समझ एवं क्षमता है जिसमें वह स्वयं को दूसरे लोगों की स्थिति को जोड़कर उसकी महानता को महसूस करता है। इसके निम्न लक्षण है-
(i) दूसरे व्यक्तियों की भावनाओं, स्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनकी सहायता करने का प्रयास करते हैं।
(ii) इस संघटक का संबंध दूसरों के भावों का तथा परिप्रेक्ष्य के प्रति संवेदन शीलता तथा दूसरे के कार्यों में सक्रिय रूचि से है।
(iii) समानुभूति विकास हेतु लोगो की समस्याओं के अवगत होने स्थितियों परम्परा विश्वास आदि को तन्मयता से सुनने एवं समझने का अवसर मिलना चाहिए।

44. If there is situation in class where there is a difference of opinion on a topic, which of the following methods would be most appropriate?
अगर कक्षा में एक विषय पर मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो , निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति अति उपयुक्त रहेगी?
(a) Lecture/व्याख्यान
(b) Games/क्रिड़ाएं
(c) Discussion/परिचर्चा
(d) Reading the textbook/पाठयपुस्तक पढ़ना

Ans. (c) : अगर कक्षा में एक विषय पर मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो परिचर्चा विधि अति उपयुक्त होगी। परिचर्चा की कुछ विशेषताए इस प्रकार है-
(i) परिचर्चा के लिए समूह का होना आवश्यक है, यह छोटा या बड़ा हो सकता है
(ii) परिचर्चा में सभी सदस्यों का उपस्थित होना आवश्यक है, इसमे मौखिक रूप से विचारों का आदान प्रदान होता है।
(iii) परिचर्चा उद्देश्य पूर्ण होनी चाहिए और समूह के प्रत्येक सदस्य को उद्देश्य का ज्ञान होना चाहिए।
(iv) इससे छात्रो में सहयोगितापूर्ण प्रतिस्पर्धा पैदा होती है।

45. If a teacher of one state does not allow the learners coming from other states of India to answer in classroom, he/ she in infringing upon which fundamental right of the learners?
अगर एक राज्य का शिक्षक भारत के दूसरे राज्यों के अधिगमकर्ताओं को कक्षा में उत्तर देने की अनुमति नहीं देता है तो वह अधिगमकर्ताओं के किस मूलभूत अधिकार का उल्लघंन कर रहा/रही है?
(a) Right against exploitation /शोषण के विरूद्ध का अधिकार
(b) Right to property/संपत्ति का अधिकार
(c) Right to freedom/स्वतंत्रता का अधिकार
(d) Right to Constitutional Remedies/संवैधानिक उपचारों का अधिकार

Ans. (c) : अगर एक राज्य का शिक्षक भारत के दूसरे राज्यों के अधिगमकर्ताओं को कक्षा में उत्तर देने की अनुमति नही देता है तो वह अधिगम कर्ताओं के स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन कर रहा है।
संविधान के भाग III (अनुच्छेद 12-35 तक) में मौलिक अधिकारों का विवरण है। मौलिक अधिकार छः प्रकार के है, जिनमे से अनु. 19-22 के अन्तर्गत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लेख है। कुछ स्वतंत्रता के अधिकार निम्न है-
(i) व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार
(ii) भारत के किसी भी हिस्से में बसने का अधिकार
(iii) जीवन की रक्षा और दैहिक स्वतंत्रता
(iv) भारत में कही भी आने जाने का अधिकार

46. The most effective method to teach inequity to the upper primary classes would be by:
उच्च प्राथमिक कक्षाओं को 'अन्याय' पढ़ाने का अति प्रभावशाली ढंग होगा:
(a) Making them learn the constitution provisions./उनको संवैधानिक प्रावधानों को सीखाने के द्वारा
(b) giving a lecture on the poor in India./भारत में दीन - हीनों पर व्याख्यान देने के द्वारा
(c) giving a project on income variations among various classes./विभिन्न वर्गो में आय की विविधताओं पर प्रयोजना देने के द्वारा
(d) assigning an observation report on impact of poverty on health and shelter./निर्धनता का स्वास्थ्य एवं आश्रय पर प्रभाव के ऊपर अवलोकन रिपोर्ट जमा करवाना

Ans. (d) : उच्च प्राथमिक कक्षाओं में 'अन्याय' शब्द पढ़ाने का अति प्रभावशाली ढंग निर्धनता के स्वास्थ्य एवं आश्रय पर प्रभाव के ऊपर अवलोकन रिपोर्ट जमा करवाना होगा।
अन्याय अनुचितता या अवांछनीय परिणामों से संबंधित एक गुण है। यह शब्द किसी विशेष घटना या स्थिति के संदर्भ में लागू किया जा सकता है। अन्याय की भावना एक शक्तिहीन प्रेरक स्थिति हो सकती है जिसके कारण लोग न केवल अपने बचाव के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी कार्यवाही करते है।

47. For a group discussion on 'Confronting Marginalisation' , consider these two views.
View I: A teacher should make groups only on the basis of similar social background of students.
ViewII: A teacher should instruct students to only talk about the laws and avoid discussing real incidents of confrontation.
Choose the most appropriate option:
'हाशियाकरण से निपटना' पर एक सामूहिक परिचर्चा के लिए दो विचारों पर ध्यान दीजिए:

विचार (I): एक शिक्षक को केवल विद्यार्थियों की समान पृष्ठभूमि के आधार पर ही समूह बनाना चाहिए।
विचार (II): शिक्षक को विद्यार्थियों को निर्देश देना चाहिए कि वे केवल कानूनों पर ही चर्चा करें और उससे संबंधित वास्तविक घटनाओं की चर्चा से बचे।
अति उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Only I is relevant/केवल I प्रासंगिक है
(b) Only II is relevant/केवल II ही प्रासंगिक है
(c) Both I and II are relevant/ I और II दोनों ही प्रासंगिक हैं
(d) Neither I nor II are relevant/ I और II दोनों ही प्रासंगिक नहीं हैं।

Ans. (c) : हाशियाकरण से निपटना पर एक सामूहिक परिचर्चा के लिए एक शिक्षक को केवल विद्यार्थियों की समान पृष्ठभूमि के आधार पर ही समूह बनाना चाहिए। शिक्षक को विद्यार्थियों को निर्देश देना चाहिए कि वे केवल कानूनों पर ही चर्चा करे और उससे संबंधित वास्तविक घटनाओं की चर्चा से बचे इस प्रकार हाशियाकरण से निपटना पर विचार I और विचार II दोनों ही प्रासंगिक हैं।

48. Consider the following statements and choose the correct option.
Statement (I) : In direct instruction method the student is passive and the teacher directs the course of learning.
Statement (II): In inquiry method the students play an active role but the teacher decides the conclusions.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें:
कथन (I): प्रत्यक्ष निर्देश पद्धति में विद्यार्थी निष्क्रिय होता है एवं शिक्षक अधिगम को संचालित करता है।
कथन (II): अन्वेषण पद्धति में विद्यार्थी सक्रिय भूमिका निभाते हैं परन्तु शिक्षक सार का निर्णय करता है।

(a) Statement (I) is false but (II) is true/ कथन (I) गलत है परन्तु (II) सही है
(b) Both (I) and (II) are false/कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं
(c) Statement (I) is true but (II) is false/कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है
(d) Both (I) and (II) are true/कथन (I) और (II) दोनों सही हैं।

Ans. (c) : प्रत्यक्ष निर्देश पद्धति में विद्यार्थी निष्क्रिय होता है एवं शिक्षक अधिगम को संचालित करता है। अन्वेषण पद्धति में विद्यार्थी सक्रिय भूमिका निभाते हैं परन्तु शिक्षक सार का निर्णय नही करता है। अन्वेषण पद्धति में विद्यार्थी सक्रिय भूमिका निभाते है परन्तु छात्र सार का निर्णय करता है इस प्रकार कथन (i) सही है और (ii) गलत है। शिक्षण हमेशा एक नियोजित व्यवहारात्मक गतिविधि होती है और यह शिक्षकों द्वारा नियंत्रित होती है।

49. Select the most appropriate learning outcome from a discussion and screening of a film on marginalisation in a rural area.
Students will be able to _____
ग्रामीण क्षेत्र में हाशियाकरण पर एक फिल्म दिखाने और परिचर्चा से होने वाले सर्वाधिक उपयुक्त अधिगम - प्रतिफल का चयन कीजिए।
विद्यार्थी _____ सक्षम होंगे।

(a) Identify features of village life./ग्रामीण जीवन की विशेषताओं को पहचानने में
(b) Understand that rural areas are places of exploitation./कि ग्रामीण क्षेत्र शोषण के स्थान होते हैं यह समझने में
(c) develop general awarness./जन चेतना को विकसित करने में
(d) Identify factors that lead to marginalisation./हाशियाकरण तक ले जाने वाले घटकों को पहचानने में

Ans. (d) : ग्रामीण क्षेत्र में हाशियाकरण पर एक फिल्म दिखाने और परिचर्चा से होने वाले सर्वाधिक उपयुक्त अधिगम प्रतिफल का चयन विद्यार्थी हाशियाकरण तक ले जाने वाले घटकों को पहचानने में सक्षम होगे। निम्न सामाजिक प्रतिष्ठा तक सीमित रहने की एक सामाजिक प्रक्रिया हाशियाकरण है। इसमें लोगों को उनके मौलिक अधिकारो से वंचित करना शामिल है जिसके परिणामस्वरूप उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। यह एक ऐसी स्थिति है जब एक विशेष सामाजिक समूह मुख्यधारा के बजाए हाशिए पर रहने के लिए मजबूर होता है। समाज के हाशिए पर पड़े वर्ग को सामाजिक और आर्थिक विकास के अवसर नही मिलते हैं।

50. Which of the following incidents violates the dignity of a child?/ निम्नलिखित में से कौन सी घटना एक बच्चे की गरिमा को चोट पहुँचाती है?

(a) A teacher making a child attend classes without his shirt on as he is not in uniform./शिक्षक एक बच्चे को बिना कमीज (शर्ट) के कक्षाओं में रहने को कहता है क्योंकि वह यूनिफॉर्म में नहीं था।
(b) A teacher discussing with another teacher the difficulties faced by a child at home because of neglect./शिक्षक पर बच्चे द्वारा घर पर उपेक्षा के कारण पैदा होने वाली कठिनाईयों का सामना करने पर एक अन्य शिक्षक के साथ चर्चा कर रहा है।
(c) A teacher asking a girl student to take up cycling to reach school./एक शिक्षक छात्रा को साइकिल द्वारा स्कूल पहुँचने के लिए कहता है।
(d) A teacher asking a child to apologise to the class for using abusive language./शिक्षक एक बच्चे को अभद्र भाषा के प्रयोग के लिए कक्षा से क्षमा माँगने के लिए कहता है।

Ans. (a) : शिक्षक एक बच्चे को बिनाकमीज (शर्ट) के कक्षाओं में रहने को कहता है, क्योंकि वह यूनिफार्म में नही था। यह घटना इस बच्चे की गरिमा को ठेस पहुँचाती है।
वर्ष 1978 के मेनका गांधी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद–21 को एक नया आयाम दिया और यह माना गया कि जीने का अधिकार केवल एक शारीरिक अधिकार नही है, बल्कि इसके दायरे में मान वीयगरिमा के साथ जीने का अधिकार भी शामिल है। हर व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

51. To teach about monuments through a field trip, to elementary school students, which of the following criteria are relevant?

(A) It should be related to a monument under discussion in a class

(B) The expense should be low and not too far.

(C) It should provide a direct experience.

Choose the appropriate option.

प्रारंभिक स्कूल के विद्यार्थियों को क्षेत्र - भ्रमण (फील्ड ट्रिप) के माध्यम से स्मारकों के बारे में पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा मानदंड प्रासंगिक है?

(A) इसे जिस स्मारक - पर कक्षा में चर्चा हो रही है उससे संबंधित होना चाहिए।

(B) खर्चा कम होना चाहिए और अधिक दूर नहीं होना चाहिए।

(C) इसे प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना चाहिए।

उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)

(b) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)

(c) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)

(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (d) : प्रारम्भिक स्कूल के विद्यार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण (फील्ड ट्रिप) के माध्यम से स्मारकों के बारे में पढ़ाने के लिए निम्न मापदंड प्रासंगिक है-

(i) जिस स्मारक पर चर्चा हो रही है उससे संबंधित होना चाहिए।

(ii) खर्चा कम होना चाहिए और अधिक दूर नही होना चाहिए।

(iii) इसे प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना चाहिए।

(iv) भ्रमण के द्वारा बालकों की सामान्य बुद्धि का विकास होता है।

(v) यह विधि पाठ्यक्रम के अनुभवों को समृद्ध बनाती है।

(vi) इससे छात्रों की निरीक्षण शक्ति विकसित होती है। इस प्रकार दिये गये सभी कथन (A), (B) और (C) तीनों सही हैं।

52. Which of the following statement is not a characteristic of a democratic classroom?

निम्न में से कौन - सा कथन लोकतांत्रिक कक्षाकक्ष की विशेषता नहीं हैं?

(a) Students decide the agenda for a classroom activities./विद्यार्थी कक्षा की गतिविधियों हेतु कार्यक्रम का निर्णय लेते हैं?

(b) Students only listen and follow teacher's instructions./विद्यार्थी केवल शिक्षक को सुनते हैं व उनके निर्देशों का पालन करते हैं।

(c) Students express their views freely./विद्यार्थी अपने विचारों को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करते हैं।

(d) Students could question and evaluate the learning task./विद्यार्थी अधिगम कार्य पर प्रश्न पूछ सकते है और उसका आंकलन कर सकते हैं।

Ans. (b) : विद्यार्थी केवल शिक्षक को सुनते है व उनके निर्देशों का पालन करते है। यह कथन लोकतांत्रिक कक्षाकक्ष की विशेषता नही है जबकि विद्यार्थी कक्षा की गतिविधियों हेतु कार्यक्रम का निर्णय लेते है और अपने विचारों को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करते है, अधिगम कार्य पर प्रश्न पूछ सकते हैं और उसका आंकलन कर सकते है। ये सभी विशेषता लोकतांत्रिक कक्षा कक्ष की है। लोकतांत्रिक कक्षा-कक्ष एक तरह का सीखने का माहौल है, जहां बच्चों की आवाज सुनी जाती है, और बालकेन्द्रित शिक्षाशास्त्र का अभ्यास किया जाता है लोकतांत्रिक कक्षा-कक्ष उन्हें विचारशील मानव बनने का अधिकार देता है अर्थात् जो सोचते है और गंभीर रूप से प्रतिबिंबित करते हैं।

53. Consider the following statements and choose the correct option.

Statement I: In order to discuss different dimensions of social reality in the class, the approach to teaching of social science needs to be open - ended.

Statement II: Issues of social conflict need not be discussed in class as students may find it difficult to understand.

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें।

कथन I: सामाजिक वास्तविकता के विभिन्न आयामों पर कक्षा में चर्चा के लिए, सामाजिक विज्ञान अध्यापन के उपागम का खुले का अंत वाला होना आवश्यक है।

कथन II: सामाजिक विवाद के मामलों पर कक्षा में चर्चा नहीं करनी चाहिए क्योंकि विद्यार्थियों को इसे समझने में कठिनाई हो सकती है।

विकल्प:

(a) Statement I is true but II is false/कथन I सही है परन्तु II गलत है।

(b) Both Statements I and II are false/कथन I और II दोनों गलत हैं

(c) Statement I is false but II is true/कथन I गलत है परन्तु II सही है।

(d) Both Statements I and II are true/कथन I और IIदोनों सही हैं।

Ans. (a) : सामाजिक वास्तविकता के विभिन्न आयामों पर कक्षा में चर्चा के लिए सामाजिक विज्ञान अध्यापन के उपागम का खुले और अंत वाला होना आवश्यक है। सामाजिक विवाद के मामलों पर कक्षा में चर्चा करनी चाहिए इससे विद्यार्थियों को समझने में आसानी होती है इस प्रकार कथन I सही है और कथन II गलत है।

सामाजिक वास्तविकता जैविक वास्तविकता या व्यक्तिगत संज्ञानात्मक वास्तविकता से अलग है यह सामाजिक संपर्क के माध्यम से निर्मित एक घटनात्मक स्तर है।

54. A secondary source includes,

एक द्वितीयक स्रोत सम्मिलित करता है:

(a) A letter by Bhagat singh/भगत सिंह द्वारा लिखा गया एक पत्र

(b) A Newspaper clipping from March 1931/मार्च 1931 के एक अखबार की कतरन

(c) A textbook on Indian revolutionaries/भारतीय क्रांतिकारियों पर पाठ्यपुस्तक

(d) A Photograph of Bhagat singh in jail/भगत सिंह की कारागृह में फोटो

Ans. (c) : भारतीय कांतिकारियों पर पाठ्यपुस्तक द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत सम्मिलत है। द्वितीयक स्रोतो में सूचना को एक निश्चत योजना के अनुसार व्यवस्थित और संगठित किया जाता है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि द्वितीयक स्रोतों के उदाहरणों में पाठ्यपुस्तकें शब्दकोश, विश्वकोश, जीवनी और शोध प्रबंध आदि शामिल है।
द्वितीयक स्रोत का महत्व-
(i) पिछली घटनाओं का अध्ययन
(ii) पक्षपात से बचाव
(iii) गोपनीय तथ्यों की प्राप्ति
(iv) समय और पैसे की बचत
(v) असंभव सूचनाओं का संकलन

55. The 'Cultural capital' of a student consists of:
एक विद्यार्थी की 'सांस्कृतिक पूँजी' बनी होती है:
(a) Educational background of the family/परिवार की शैक्षिक पृष्ठभूमि से
(b) historical places that the learner has visited /ऐसे ऐतिहासिक स्थानों से जहाँ अधिगमकर्ता ने भ्रमण किया हो
(c) Financial assests in rural as well as urban areas/ग्रामीण एवं शहरी स्थानों में वित्तीय परिसंपत्तियों से
(d) availability of digital devices during COVID 19 pandemic./कोविड 19 महामारी के दौरान डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता से

Ans. (a) : एक विद्यार्थी की सांस्कृतिक पूँजी परिवार की शैक्षिक पृष्ठभूमि से बनी होती है। प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास दूसरो की तुलना में मूल्यवान संसाधनों का अधिक हिस्सा होता है- धन संपत्ति शिक्षा स्वास्थ्य और शक्ति। इन सामाजिक संसाधनों को पूंजी के तीन रूपों में विभाजित किया जा सकता है-
(i) भौतिक संपत्ति और आय के रूप में आर्थिक पूंजी
(ii) शैक्षिक योग्यता और स्थिति जैसे सांस्कृतिक पूंजी
(iii) संपर्कों और सामाजिक संगठनों के नेटवर्क के रूप में सामाजिक पूंजी
(iv) विभिन्न वर्गों से संबंधित छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियों में विविधता वर्ग की संरचना सांस्कृतिक पूंजी के अन्तर्गत आती है।

56. What is the purpose for assessing students in social sciences?/सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थियों के ऑकलन की जरूरत क्यों है?
(a) To ensure discipline in society/समाज में अनुशासन बनाए रखने के लिए।
(b) To know student's understanding and capabilities/विद्यार्थियों की समझ और क्षमताएँ जानने के लिए।
(c) To make students complete their homework/ विद्यार्थियों से गृहकार्य पूरा करवाने के लिए।
(d) To prepare students for examination/विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थियों के आँकलन की जरूरत विद्यार्थियों की समझ और क्षमताए जानने के लिए हैं। आँकलन के कार्यों को इस प्रकार समझा जा सकता है-
(i) छात्रों की जरूरतों को पहचानना छात्र की रूचि तथा अरूचि को जानना
(ii) छात्रों को विकास के लिए प्रोत्साहित करना
(iii) उनमें प्रश्न बनाने तथा हल करने की क्षमता पैदा करना
(iv) गणित को सीख पाने तथा उसमें आने वाले परिवर्तनों का बोध छात्रो को कराना।
(v) स्व आँकलन के लिए प्रोत्साहित करना।

57. What kind of assessment is requiored to find the misconceptions on the topic of globe, among class VI children at the end of the year?
साल के अंत में कक्षा VI के बच्चों में ग्लोब विषय पर भ्रांतियों को ज्ञात करने के लिए किस प्रकार के आंकलन की आवश्यकता है?
(a) formative assessment/रचनात्मक आंकलन
(b) Summative assessment/योगात्मक आंकलन
(c) Self assessment/स्वः आंकलन
(d) Peer Assessment/सहपाठी आंकलन

Ans. (b) : साल के अंत में कक्षा VI के बच्चों में ग्लोब विषय पर भ्रांतियो को ज्ञात करने के लिए योगात्मक आकलन की आवश्यकता है योगात्मक आंकलन की कुछ विशेषताए निम्न है-
(i) पाठ्यक्रम वर्ष या कार्यक्रम के अंत में छात्रों के ज्ञान और अर्जित कौशल को मापने के लिए योगात्मक मूल्यांकन आवश्यक है।
(ii) योगात्मक आंकलन आपको अपने छात्रों को उनकी ताकत की पहचान करने और उन्हें अपनी कमजोरियों को जानने और उन्हें हल करने में मदद करने के लिए सशक्त बनाता है।
(iii) यह छात्रों की ताकत और कमजोरियों को निर्धारित करने में भी आपकी मदद करता है।
(iv) विकास रणनीतियों को लागू करने के लिए व्यावहारिक तंत्र विकसित करता है।

58. Which of the following question seeks to find the reasoning abilities of students?
निम्नलिखित प्रश्नों में से कौन सा प्रश्न विद्यार्थियों की विवेचन क्षमताओं का पता करना चाहता है?
(a) The type and thickness of vegetation changes from place to place, why ?/भिन्न - भिन्न स्थानों पर वनस्पति की सघनता और प्रकार में भी परिवर्तन होता है, क्यों?
(b) Name two hardwood trees commonly found in tropical evergreen forest/उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन में आमतौर पर पाए जाने वाले दृढ़ काष्ठ वृक्षों के नाम बताएँ ।
(c) Mention uses of coniferous forest/शंकुधारी वन के उपयोग का वर्णन कीजिए।
(d) Where are thorny bushes found?/कँटीली झाड़ियाँ कहाँ पाई जाती हैं?

Ans. (a) : भिन्न-भिन्न स्थानों पर वनस्पति की सघनता और प्रकार में भी परिवर्तन होता है इस तरह का प्रश्न विद्यार्थियों की विवेचन क्षमताओं का पता करना चाहता है।
विवेचन क्षमता किसी विद्यार्थी की योजना बनाने, जांचने, मूल्यांकन करने और अपने ही अधिगम में परिवर्तन करने की क्षमता है। यह व्यक्ति के अनुभव होने और जानकारी के संसाधक के रूप में स्वयं की जागरुकता से संबंधित है। वह अधिगम के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए वैकल्पिक रणनीतियों का चयन करने की क्षमता से संबंधित है।

59. A social science teacher asks students to write their views on the topic " Life Without rights ". After they have completed the task, she asks them to share their write up with their classmates, who then suggest improvements. What evaluation strategy is the teacher using here?

एक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को ''अधिकारों के बिना जीवन'' विषय पर अपने विचार लिखने को कहती है। कार्य खत्म करने के बाद विद्यार्थी अपने लेख अपने सहपाठियों के साथ साझा करते हैं और उसमें सुधार की चर्चा करते हैं।

यहाँ पर शिक्षिका कौन सी मूल्यांकन रणनीति का इस्तेमाल कर रही हैं?

(a) Peer assessment/सहपाठी आँकलन
(b) Group assessment/समूह आँकलन
(c) Self assessment/स्व - आँकलन
(d) Portfolio assessment/पोर्टफोलियो आँकलन

Ans. (a) : एक सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को ''अधिकारों के बिना जीवन'' विषय पर अपने विचार लिखने को कहती है। कार्य खत्म करने के बाद विद्यार्थी अपने लेख अपने सहपाठियों के साथ साझा करते है और उनमें सुधार की चर्चा करते हैं। यहां पर शिक्षिका सहपाठी आंकलन रणनीति का इस्तेमाल कर रही है।

सहपाठी आँकलन जिसे सहपाठी समीक्षा के रूप में भी जाना जाता है, यह एक संगठित सीखने की प्रक्रिया है जिसमें छात्र एक दूसरे के काम की समीक्षा करते है और टिप्पणी करते हैं। यह छात्रों को सिखाता है कि कैसे अपने पूरे जीवन में दूसरों का विश्लेषण करे और प्रतिपुष्टि प्रदान करे, साथ ही साथ अपने काम की जांच और उसमें सुधार कैसे करें।

60. Which of the following is a necessary concept to have an understanding of days and night on earth?

पृथ्वी पर दिन रात बनने की समझ हेतु निम्न में से कौन सी अवधारणा आवश्यक है?

(a) Insolation /आतपन
(b) Rotation/घूर्णन
(c) Revolution /परिक्रमण
(d) Inclination of the earth/पृथ्वी का अपने अक्ष पर झुकाव

Ans. (b) : पृथ्वी पर दिन रात बनने की समझ हेतु घूर्णन की अवधारणा आवश्यक समझी जाती है। पृथ्वी का घूर्णन 24 घंटे में पूर्ण होता है, जिसे पृथ्वी की दैनिक गति भी कहते हैं। यह दैनिक गति दिन व रात के घटित होने के लिए जिम्मेदार होती है। पृथ्वी को प्रकाश व ऊष्मा की प्राप्ति सूर्य से होती है। अतः घूर्णन करती हुयी पृथ्वी के प्रत्येक भाग में एक निश्चित अवधि के लिए सूर्य का प्रकाश पहुंचता है।

पृथ्वी की गति दो प्रकार की है (1) घूर्णन (2) परिक्रमण

घूर्णन – पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है।

परिक्रमण – सूर्य के चारों ओर एक स्थिर कक्षा में पृथ्वी की गति को परिक्रमण कहते हैं।

HINDI

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

समस्त ज्ञान, चाहे वह लौकिक हो अथवा आध्यात्मिक, मनुष्य के मन में है। बहुधा वह प्रकाशित न होकर ढका रहता है। और जब आवरण धीरे- धीरे हटता जाता है, तो हम कहते हैं कि ' हम सीख रहे हैं'। ज्यों - ज्यों इस आविष्करण की क्रिया बढ़ती जाती है, त्यों- त्यों हमारे ज्ञान की वृद्धि होती जाती है। जिस मनुष्य पर से यह आवरण उठता जा रहा है। वह अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक ज्ञानी हैं और जिस पर यह आवरण तह - पर तह पड़ा हुआ है, वह अज्ञानी हैं। जिस पर से यह आवरण पूरा हट जाता है, वह सर्वज्ञ, सर्वदर्शी हो जाता है। चकमक पत्थर के टुकड़े में अग्नि के समान, ज्ञान मन में निहित है और सुझाव या उद्दीपक कारण ही वह घर्षण है, जो उस ज्ञानाग्नि को प्रकाशित कर देता है। सभी ज्ञान और सभी शक्तियाँ भीतर हैं, हम जिन्हें शक्तियाँ, प्रकृति के रहस्य या बल कहते हैं, वे सब भीतर ही हैं। मनुष्य की आत्मा से ही सारा ज्ञान आता है। जो ज्ञान सनातन काल से मनुष्य के भीतर निहित है, उसी को वह बाहर प्रकट करता है, अपने भीतर देख पाता है।

1. गद्यांश के अनुसार समस्त शक्तियाँ

(a) अत्यंत बलशाली हैं
(b) अत्यंत रहस्यमय हैं
(c) उद्दीप्त होती हैं
(d) मनुष्य के भीतर ही हैं

Ans. (d) : गद्यांश के अनुसार समस्त शक्तियाँ मनुष्य के भीतर ही हैं। मनुष्य की आत्मा से ही सारा ज्ञान आता है। जो ज्ञान सनातन काल से मनुष्य के भीतर निहित है।

2. सीखने का अर्थ है -

(a) भीतर विद्यमान ज्ञान का उद्घाटित होना
(b) स्कूल में विविध विषयों का ज्ञानार्जन
(c) मनुष्य का आध्यात्मिक होते जाना
(d) बहुत अधिक ज्ञान प्राप्त करना

Ans. (a) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार सीखने का अर्थ है– भीतर विद्यमान ज्ञान का उद्घाटित होना। जो ज्ञान सनातन काल से मनुष्य के भीतर निहित है।

3. 'अज्ञानी ' वह व्यक्ति है -

(a) जिसे अपने भीतर छिपी शक्तियों पर अहंकार हो
(b) जिसे अपने भीतर छिपे ज्ञान का आभास न हो
(c) जिसने विविध विषयों का अध्ययन न किया हो
(d) जिस पर अहंकार का आवरण चढ़ा है

Ans. (b) : गद्यांश के अनुसार 'अज्ञानी' वह व्यक्ति है– जिसे अपने भीतर छिपे ज्ञान का आभास न हो।

4. मन में निहित ज्ञान की तुलना की गई है-

(a) पत्थरों के बीच घटित घर्षण से
(b) पत्थर में छिपे अग्नि तत्व से
(c) पत्थर में छिपी शक्तियों से
(d) पत्थर की चमक से

Ans. (b) : गद्यांश के अनुसार मन में निहित ज्ञान की तुलना पत्थर में छिपे अग्नि तत्त्व से की गई है।

5. गद्यांश के अनुसार यह वांछनीय है कि मनुष्य -

(a) अपने भीतर छिपे आवरणों को हटाए
(b) अपने जीवन में ज्ञान व शक्ति का प्रकाश लाए
(c) अपने भीतर छिपे ज्ञान व शक्तियों की पहचान करे
(d) अपने जीवन को आध्यात्मिक पथ पर ले जाए

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार यह वांछनीय है कि मनुष्य अपने भीतर छिपे ज्ञान व शक्तियों की पहचान करें।

6. ज्ञान कहाँ से आता है?

(a) किताबों से (b) स्वाध्याय से
(c) आत्मा से (d) सीखने से

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार मनुष्य की आत्म से ही सारा ज्ञान आता है जो सनातन काल से ही मनुष्य के भीतर निहित है।

7. 'ज्ञानाग्नि' का संधि - विच्छेद है-

(a) ज्ञाना + ग्नि (b) ज्ञान + अग्नि
(c) ज्ञान + ग्नि (d) ज्ञाना + अग्नि

Ans. (b) : 'ज्ञानाग्नि' का संधि-विच्छेद ज्ञान + अग्नि = ज्ञानाग्नि है
यह दीर्घ संधि का उदाहरण है।

8. समूह से भिन्न शब्द है -

(a) उद्दीपक (b) लौकिक
(c) आध्यात्मिक (d) प्राकृतिक

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में 'उद्दीपक' शब्द अन्य सभी विकल्पों से भिन्न है। 'उद्दीपक' शब्द का प्रयोग गद्यांश में प्रयोग न होने के कारण समूह से भिन्न शब्द है। जबकि अन्य सभी विकल्पों का प्रयोग गद्यांश में किया गया है।

9. 'सर्वज्ञ' से अभिप्राय है -

(a) जो सब कुछ जानता है
(b) जो सबको ज्ञान देता है
(c) जो सारी कलाएँ जानता है
(d) जो सार्वजनिक ज्ञान प्राप्त हो

Ans. (a) : 'सर्वज्ञ' से अभिप्राय है- जो सब कुछ जानता है।

नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्व पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ - गेहूँ में बाली।
अरहर - सनई की सोने की,
किंकिणियाँ हैं शोभाशाली।
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध
फूली सरसों पीली - पीली।
जो हरित धरा से झाँक रही
नीलम की कलि, तीसी नीली।

10. 'किंकिणियाँ' शब्द का अर्थ है-

(a) कंकड़ (b) छोटा घुँघरू
(c) किनारी (d) सुनहरी किरणें

Ans. (b) : पद्यांश के अनुसार 'किंकिणियाँ' शब्द का अर्थ 'छोटा घुँघरू' होता है।

11. तेल जैसी गंध का कारण है -

(a) तेल का बहना (b) तेल का दीया जलना
(c) सरसों का फूलना (d) सरसों का तेल निकालना

Ans. (c) : पद्यांश के अनुसार तेल जैसी गंध का कारण है– सरसों का फूलना ।
''उड़ती भीनी तैलाक्त गंध।
फूली सरसों पीली - पीली।''

12. कविता के आधार पर कहा जा सकता है कि -

(a) फ़सल अभी कच्ची है (b) फ़सल पक गई है
(c) धरती नीली हो गई है (d) धरती पीली हो गई है

Ans. (b) : कविता के आधार पर कहा जा सकता है कि फसल पक गई है।

13. 'वसुधा' का शाब्दिक अर्थ है -

(a) वसु अर्थात् धन- संपदा को धारण करने वाली
(b) वसु अर्थात् गौ - संपदा को धारण करने वाली
(c) अत्यंत सुंदर चेहरे वाली आकर्षक स्त्री
(d) अत्यंत सुंदर केशों को धारण करने वाली

Ans. (a) : 'वसुधा' का शाब्दिक अर्थ है।
वसु अर्थात् धन–संपदा को धारण करने वाली।

14. निम्नलिखित में से विशेषण - विशेष्य का उदाहरण है-

(a) सोने की (b) जौ - गेहूँ
(c) हरित धरा (d) पीली - पीली

Ans. (c) : निम्नलिखित में विशेषण-विशेष्य का उदाहरण हरित-धरा है।

15. 'तैलाक्त' के समान शब्द है -

(a) दुसाध्य (b) विरक्त
(c) तिलयुक्त (d) विषाक्त

Ans. (d) : 'तैलाक्त' के समान शब्द है– विषाक्त अन्य सभी विकल्प असंगत है।

16. निम्नलिखित में से कौन - से ग्राह्यीय कौशल हैं?

(a) श्रवण एवं बोलना (b) श्रवण एवं पठन
(c) बोलना एवं लिखना (d) विमर्श के कौशल

Ans. (b) : 'श्रवण एवं पठन' ग्राह्यीय कौशल है।

17. निम्नलिखित में से कौन - सा/ से वर्तमान भाषा अधिगम दृष्टिकोण से सही है?

(a) श्रवण, वाचन, पठन, लेखन, ध्यान देना और चिंतन एक रेखीय तरीके से विकसित होते हैं।

(b) श्रवण, वाचन, और पठन, पहले विकसित होते हैं और उसके बाद लेखन विकसित होता है।

(c) भाषा अधिगम में लेखन सबसे बाद में विकसित होने वाला कौशल है।

(d) श्रवण, वाचन, पठन और लेखन, ध्यान देना और चिंतन साथ - साथ विकसित होते हैं।

(a) (b) सही है। (b) (c) सही है।
(c) (d) सही है। (d) (a) सही है।

Ans. (c) : श्रवण, वाचन, पठन और लेखन, ध्यान देना और चिंतन साथ–साथ विकसित होते है। ये सब वर्तमान भाषा अधिगम दृष्टिकोण से सही है।

18. 'पठन अर्थ निर्माण की प्रक्रिया है।' इसका क्या तात्पर्य है?

(a) पठन स्वनिम, ध्वनियों के समूह, शब्द और वाक्यों से शुरू होता है

(b) पठन पढ़ी गई सामग्री के प्रति समझ और उसके प्रति बोध है

(c) पठन के अन्तर्गत शिक्षार्थियों को पढ़ी गई सामग्री से भिन्न - भिन्न अर्थ निकालने चाहिए।

(d) पठन वर्णमाला के अक्षरों और पढ़ी गई सामग्री के शब्दों को डिकोड करना है।

Ans. (b) : पठन अर्थ निर्माण की प्रक्रिया है। इसका तात्पर्य है– पठन पढ़ी गई सामग्री के प्रति समझ और उसके प्रति बोध है।

19. कक्षा पाँच की एक अध्यापिका अपने विद्यार्थियों को पाँच - पाँच के समूह में बाँटती है। वह उन्हें कुछ थीम और टॉपिक देती हैं जिनपर उन्हें राय का संग्रहीकरण करना है, विभिन्न पहलुओं पर लोगों का साक्षात्कार लेना है और उनकी व्याख्या करनी है, आँकड़ों के संग्रहीकरण व व्याख्या के आधार पर रिपोर्ट लिखनी है। इसे किस रूप में जाना जाएगा?

(a) प्रदत्त कार्य

(b) परियोजना का कार्य

(c) पठन का थीम अनुसार उपागम

(d) शब्दावली अधिगम

Ans. (b) : कक्षा पाँच की एक अध्यापिका अपने विद्यार्थियों को पाँच–पाँच के समूह में बाँटती है। वह उन्हे कुछ थीम और टॉपिक देती है। जिन पर राय का संग्रहीकरण करना है। विभिन्न पहलुओं पर लोगों का साक्षात्कार लेना है। उनकी व्याख्या के आधार पर रिपोर्ट लिखनी है इसे 'परियोजन का कार्य' रूप में जाना जाएगा।

20. भारतीय संविधान में अग्रेजी भाषा को किस रूप में स्वीकृत किया गया है?

(a) सह कार्यालयी भाषा

(b) मान्यता प्राप्त भाषाओं में से एक

(c) शिक्षा में द्वितीय भाषा

(d) उप कार्यालयी भाषा

Ans. (d) : भारतीय संविधान में अंग्रेजी भाषा को 'उप कार्यालयी भाषा' के रूप में स्वीकृत किया गया है।

21. निम्नलिखित में से कौन - सा 'पठन के समय का कार्य ' है?

(a) समूची कक्षा की गतिविधि के रूप में अध्यापक शिक्षार्थियों के साथ पठन से पहले पाठ्यसामग्री के मुख्य बिन्दु पर चर्चा करता है।

(b) शिक्षार्थियों से कहा जाता है कि वे कहानी में आए किसी एक पात्र के रूप में स्वयं को मानें और अपने अनुभव डायरी में लिखें।

(c) अध्यापक घर में पाठ्य सामग्री का मौन पठन करता है और उसी सामग्री को कक्षा में पढ़ाने के लिए तैयारी के साथ आता है।

(d) कक्षा को चार - चार के समूह में विभाजित किया जाता है और बारी - बारी से पठन सामग्री का पठन किया जाता है, अध्यापक बच्चों को पाठ्य सामग्री को समझने के लिए डिकोडिंग में सुगमता प्रदान करता है।

Ans. (d) : पठन के समय का कार्य है– कक्षा को चार–चार के समूह में विभाजित किया जाता है। और बारी-बारी से पठन सामग्री का पठन किया जाता है। अध्यापक बच्चों को पाठ्य सामग्री को समझने के लिए डिकोडिंग में सुगमता प्रदान करता है।

22. भाषा क्या है?

(a) व्यवस्थाओं की व्यवस्था है

(b) व्याकरणिक व्यवस्था है

(c) एक वैज्ञानिक व्यवस्था है

(d) सामाजिक संस्था है

Ans. (a) : भाषा व्यवस्थाओं की व्यवस्था है।

23. रूप (फार्म) आधारित उपागम के माध्यम से भाषा के व्याकरणिक पहलुओं का अध्यापन क्या अर्जित करता है?

(a) कार्यविधिक ज्ञान (b) घोषणात्मक ज्ञान
(c) विषयवस्तु का ज्ञान (d) वस्तु ज्ञान

Ans. (b) : रूप (फार्म) आधारित उपागम के माध्यम से भाषा के व्याकरणिक पहलुओं का अध्यापन 'घोषणात्मक ज्ञान' अर्जित करता है।

24. निम्नलिखित में से कौन - सा आकलन के उद्देश्य के बारे में सही है?

(A) आकलन शिक्षार्थी को यह सूचित करने के लिए किया जाता है कि उसने क्या सीखा है।

(B) आकलन यह जानने के लिए किया जाता है कि विद्यार्थी ने क्या नहीं सीखा है।

(C) आकलन शिक्षार्थी को यह बताने के लिए किया जाता है कि कक्षा में वरीयता के अनुसार वह कहाँ है।

(D) आकलन शिक्षार्थी को उच्च कक्षाओं में प्रोन्नत करने के लिए किया जाता है।

(a) (a) और (c) सही हैं। (b) (a) और (b) सही हैं।
(c) (b) और (c) सही हैं। (d) (d) और (b) सही हैं।

Ans. (b) : आकलन के उद्देश्य के विषय में सही कथन है-
(i) आकलन शिक्षार्थी को यह सूचित करने के लिए किया जाता है कि उसने क्या सीखा है।
(ii) आकलन यह जानने के लिए किया जाता है कि विद्यार्थी ने क्या नहीं सीखा है।
इस प्रक्रिया में शिक्षक बालकों की शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन कर उचित समाधान प्रस्तुत करता है।

25. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को किस रूप में अनुशंसित करती है?

(a) त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत
(b) विद्यालयी शिक्षा के आरंभिक चरणों से
(c) माध्यमिक चरण में एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में
(d) प्राथमिक चरण से सभी बच्चों के लिए एक भाषा के रूप में

Ans. (c) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को माध्यमिक चरण में एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में अनुशंसित करती है।

26. निम्नलिखित में से कौन - सा कथन प्रभावशाली तरीके से व्याकरण शिक्षण के बारे में सही नहीं है?

(a) प्रामाणिक सम्प्रेषण के माध्यम से रूपविधान (नियम) प्रस्तुत करना
(b) संदर्भ में व्याकरण के प्रासंगिक नियम बताना
(c) जीवन की वास्तविक सम्प्रेषण स्थितियों को आधार बनाकर रूपविधान का अभ्यास करवाना
(d) व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके व ड्रिल द्वारा सीखना।

Ans. (d) : व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके डिल द्वारा सीखना प्रभावशाली तरीके से व्याकरण शिक्षण के बारे में सही नहीं है। अन्य सभी विकल्प संगत है।

27. किसी विद्यार्थी द्वारा कहानी को अपने शब्दों में कहना किस तरह के आकलन में सहायता करता है?

(a) सटीकता (b) प्रवाहपूर्णता
(c) बोधगम्यता (d) स्मृति

Ans. (c) : किसी विद्यार्थी द्वारा कहानी को अपने शब्दों में कहना 'बोधगम्यता' आकलन में सहायक है।

28. भाषा सीखने के दौरान विद्यार्थी द्वारा की गई गलतियाँ _____ ।

(a) अधिगम में मदद करती हैं
(b) अधिगम में बाधा पहुँचाती हैं
(c) संशोधन कार्य के बोझ में वृद्धि करती हैं
(d) शिक्षार्थियों को नकारात्मक पुनर्बलन देती हैं

Ans. (a) : भाषा सीखने के दौरान विद्यार्थी द्वारा दी गई गलतियाँ अधिगम में मदद करती हैं।

29. एक उत्कृष्ट वाचन गतिविधि वह है जिसमें _____ ।

(a) अध्यापक अधिक बोलते हैं
(b) शिक्षार्थी अधिक बोलते हैं
(c) प्रतिभागिता असमान है
(d) अधिक वाचाल विद्यार्थियों की सहभागिता अधिकतम है

Ans. (b) : एक उत्कृष्ट वाचन गतिविधि वह है। जिसमें शिक्षार्थी अधिक बोलते हैं।

30. भाषा अर्जन से तात्पर्य है -

(a) भाषा की व्याकरण के नियमों का अधिगम
(b) अनौपचारिक स्थितियों में अचेतन रूप से भाषा अधिगम
(c) औपचारिक स्थितियों में सचेतन रूप से भाषा अधिगम
(d) भाषा के बारे में अधिगम

Ans. (b) : भाषा अर्जन से तात्पर्य है– अनौपचारिक स्थितियों में अचेतन रूप में भाषा अधिगम है।

SANSKRIT

निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां यथोचित उत्तराणि देयानि।

भारतीयसंस्कृतेर्महत्वं विश्वस्मिन् विश्वे स्वीक्रियते। भारतवर्षस्य प्राचीनसाहित्यं विपुलाकारं विविध - विद्यासम्पन्नं चास्ति। वेदानां महत्वं, प्राचीनत्वं सर्वोत्कृष्टवं च न केवलं भारतवर्षे, अपितु, विदेशेष्वपि सम्मानपूर्वकं निर्विवादं च शीर्षाण्यवनम्य मन्यन्ते। उपनिषद्ग्रन्थेषु यज्जीवनस्याध्यात्मदर्शनं वर्णितं तदतुलनीयम् अस्ति। प्राचीनकाले विज्ञानमपि चरमावस्थायाम् आसीत् । संख्यानां प्रादुर्भावः प्रयोगश्च सर्वप्रथमं भारतवर्षे एवाभवत् । शुल्बसूत्रेषु ज्यामितिशास्त्रस्य, त्रिकोणमितिशास्त्रस्य, गणितस्य च विकासः भारतवर्षे एवाभवत् इत्येतनिर्विवादं स्वीक्रियते। शस्त्रास्त्राणां वर्णनं यद् रामायणे महाभारते वोपलभ्यते तेन प्रमाणीभूयते यत् शिल्पशास्त्रेऽपि भारतवर्षे भूयसी प्रगतिरभवत् ।

* छात्रों के एक विविध समूह के साथ एक कक्षा में, एक शिक्षक को व्यक्तिगत असहमति की शिकायत करनी चाहिए और उनके व्यक्तिगत मतभेदों का सम्मान देना चाहिए और सभी छात्रों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।
नोट - बोर्ड/आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर पर सबाके समान अंक दिये है।

14. Assessment should be:
मूल्यांकन कैसा होना चाहिए?

(a) Holistic and continuous./सर्वांगीण व समग्र
(b) Standardised and exam centric./मानकीकृत व परीक्षा केन्द्रित
(c) Summative and norm-referenced./योगात्मक व मानक संदर्भित
(d) Teacher-centered and discontinuous/शिक्षक केन्द्रित व विच्छिन्न

Ans. (a) : मूल्यांकन, सर्वांगीण व समग्र होना चाहिए, जिसके द्वारा बच्चे के सीखने को समुन्नत करना है। यह बच्चे की प्रगति की तुलना उसकी स्वयं की पिछली प्रगति से करता है। मूल्यांकन प्रक्रिया के आधार पर हम किसी छात्र के ज्ञान का आकलन करते हैं। मूल्यांकन के द्वारा ही छात्र की किसी विषय में कमियों, उसकी किसी विषय के प्रति रूचि और उसकी प्रतिभा का आकलन किया जाता है।

15. Which of the following is not a characteristic of students who are critical thinkers?
निम्न में से कौन-से अभिलक्षण एक समालोचनात्मक विद्यार्थी के नहीं हैं?

(a) Open-mindedness and inquisitiveness/खुली मानसिकता व जिज्ञासु प्रवृत्ति
(b) Following instructions blindly/आँख बंद करके निर्देशों का पालन
(c) Asking clarifying questions/स्पष्टीकरण के लिए प्रश्न पूछना
(d) Assessing the credibility of sources/स्रोतों की विश्वसनीयता का आकलन

Ans. (b) : आँख बंद करके निर्देशों का पालन करना, समालोचनात्मक विद्यार्थी के अभिलक्षण नहीं है। समालोचनात्मक विद्यार्थियों का मूल्यांकन उनकी व्याख्या कौशल का विश्लेषण करके और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके किया जा सकता है।

16. Which of the following of advocates a flexible learning environment considering the unique needs of each child in an inclusive classroom?
निम्न में से क्या एक समावेशी कक्षा जिसमें प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप लचीले अधिगम में सहायक है?

(a) Highly structured curriculum/बेहद मानकीकृत पाठ्यचर्या
(b) Standardized assessment/मानकीकृत आकलन
(c) Universal designs for learning/सीखने का सार्वभौमिक अभिकल्प
(d) Uniform and summative assessment/एकसमान व योगात्मक मूल्यांकन

Ans. (c) : सीखने का सार्वभौमिक अभिकल्प, एक समावेशी कक्षा जिसमें प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप लचीले अधिगम में सहायक है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करना ताकि प्रत्येक बच्चे को ज्ञान प्राप्त हो सके।

17. In a group of diverse learners teachers should practise multicultural education:
विविध शिक्षार्थियों के समूह में शिक्षकों को बहुसांस्कृतिक शिक्षा का अभ्यास किस तरह करना चाहिए?

(a) Aimed at ensuring uniform and standardised curriculum./एक समान और मानकीकृत पाठ्यक्रम सुनिश्चित करके।
(b) By using uniform and standardized assessment./एकसमान और मानकीकृत आकलन सुनिश्चित करके।
(c) By creating separate sections based on the cultural backgrounds of children./बच्चों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर अलग-अलग संकाय बनाकर।
(d) By creating a classroom ethos where every child feels a sense of belonging./कक्षा का ऐसा लोकाचार बनाकर जहां हर बच्चा अपनेपन की भावना महसूस करे।

Ans. (d) : विविध शिक्षार्थियों के समूह में शिक्षकों को बहुसांस्कृतिक शिक्षा का अभ्यास में कक्षा के वातावरण को ऐसा लोकाचार बनाना चाहिए जहाँ हर बच्चा अपनेपन की भावना महसूस कर सके। कक्षा में शिक्षक को यह विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि वह सिर्फ संस्कृति विशेष तक शिक्षा की सुलभता प्रदान ना करे वरन् सभी सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आए हुए छात्रों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराए।

18. Sunita exhibits repetitive motor actions and has difficulty making friends though she has ability for excellent attention, to detail. These are typical identifying characteristics of:
सुनीता एक ही गतिक कार्य को कई बार दोहराती है तथा उसे दोस्त बनाने में बेहद कठिनाई होती है जबकि वह चीजों को बहुत बारीकी से परखने की समझ रखती है। यह किसके विशिष्ट अभिलक्षण हैं?

(a) Autism/स्वलीनता
(b) Dyslexia/पठन वैकल्य
(c) Dysgraphia/लेखन वैकल्य
(d) Attention deficit hyperactivity disorder/ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार

Ans. (a) : सुनीता एक ही गतिक कार्य को कई बार दोहराती है तथा उसे दोस्त बनाने में बेहद कठिनाई होती है जबकि वह चीजों को बहुत बारीकी से परखने की समझ रखती है। स्वलीनता एक विकासात्मक विकलांगता है जो मस्तिष्क में अंतर के कारण होती है। इससे ग्रसित बालको को अक्सर सामाजिक संचार और बातचीत, प्रतिबंधित या दोहराए जाने वाले व्यवहार या रूचियों की समस्या होती है।

19. Which of the following is an example of assistive technology to aid hearing?
कौन-सा उदाहरण सहायकी तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए विद्यार्थियों को सुनने में मदद करेगा?

(a) Braille system/ब्रेल प्रणाली
(b) Walking stick/छड़ी
(c) Sound amplifier/ध्वनि प्रवर्धक
(d) Eyeglasses/चश्मा

Ans. (c) : ध्वनि प्रवर्धक, सहायक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए विद्यार्थियों को सुनने में मदद करेगा। जिनकी श्रवण क्षमता कम है। ध्वनि प्रवर्धक, आंशिक रूप से सुनने में असमर्थ यूजर्स के लिये आवाज के वाल्यूम या स्पष्टता को बढ़ा देता है, जिससे उसे सुना जा सके।

20. Which of the following are important characteristics of creativity?
निम्नलिखित में से रचनात्मकता की महत्वपूर्ण विशेषताएँ कौन-सी है?

(i) Divergent thinking/अभिसारी सोच
(ii) Originality of ideas/विचारों की मौलिकता
(iii) Flexibility/लचीलापन
(iv) Convergent thinking/अपसारी सोच

(a) (i) (ii) (iii) (b) (i) (ii)
(c) (ii) (iii) (d) (i) (ii) (iii) (iv)

Ans. (a) : रचनात्मकता नवीन विचारों को उत्पन्न करने और उन्हें विचार से वास्तविकता में प्रकट करने की क्षमता है। इसे एक नए परिपेक्ष्य का निर्माण करके कुछ मूल उत्पन्न करने की संज्ञानात्मक क्षमता के रूप में माना जाता है।
रचनात्मकता की विशेषताएँ निम्न हैं–
* यह अभिसारी चिंतन से संबंधित है जो एक से अधिक दृष्टिकोणों द्वारा समस्याओं को हल करने की विधि को संदर्भित करता है।
* रचनात्मकता के लिए मौलिकता की आवश्यकता होती है क्योंकि यह एक नये दृष्टिकोण की पेशकश करके कुछ मूल उत्पन्न करने की संज्ञानात्मक क्षमता है। यह एक मौलिक उत्पाद के रूप में मानव मन को समझने, व्यक्त करने और उसकी सराहना करने की क्षमता है। रचनात्मकता में लचीलापन विभिन्न प्रकार के विचारों को उत्पन्न करने की क्षमता को संदर्भित करता है, जैसे कि किसी विशेष वस्तु के विभिन्न उपयोगों के बारे में सोचना।

अतः विकल्प (a) उपयुक्त उत्तर है।

21. For effective learning, teachers should ensure that the learning activities:
प्रभावशाली अधिगम के लिए शिक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षण गतिविधियाँ:

(a) Build on the previous understanding of the students and further it./विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान पर आधारित हों व उसे आगे बढ़ाएँ।
(b) Are aimed to only reproduce knowledge from the textbook./केवल पाठ्यपुस्तक के ज्ञान की पुनरूप्ति पर केन्द्रित हों।
(c) Are decontextualized and depersonalized./असंदर्भित व प्रतिरूपित हों।
(d) Are extremely complex and abstract./बेहद जटिल व अमूर्त हों।

Ans. (a) : प्रभावशाली अधिगम के लिये शिक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षण गतिविधियाँ विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान पर आधारित हों व उसे आगे बढ़ाएँ। पूर्व ज्ञान नए विचारों को सीखने के लिए आधार बनाते हैं। बच्चे विषयवस्तु की संकल्पना बनाते है, शिक्षण और अधिगम की प्रक्रिया के दौरान नवीन विचारों और अनुभवों को आसानी से समझते हैं, जो उनके पास चर्चा के विषय के बारे में पूर्व ज्ञान के आधार पर होता है, और यह अधिगम के लिए उनके आधारभूत ज्ञान को मजबूत करता है।

22. 'Alternative conceptions' among children:
बच्चों में वैकल्पिक अवधारणाएँ:

(a) Reflect the egocentric and irrational thinking of children./उनकी आत्मकेन्द्रित तथा तर्कशुन्य सोच को दर्शाती हैं।
(b) Are found only in children with very high IQ levels./केवल उच्च बुद्धिलब्धि वाले विद्यार्थियों में पाई जाती है।
(c) Are an obstracle to learning and should be punished./सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालती हैं तथा उन्हें दंडित करना चाहिए।
(d) Are the 'naive' theories that children construct about phenomenon around them./बच्चों की अपने आस-पास की घटनाओं के बारे में बनाए 'सहज सिद्धांतों' को दर्शाती हैं।

Ans. (d) : बच्चों में वैकल्पिक अवधारणाएँ, बच्चों की अपने आस-पास की घटनाओं के बारे में बनाए 'सहज सिद्धान्तों' को दर्शाती है। वैकल्पिक अवधारणाएँ बच्चों की अधिगम की क्षमता से मध्यस्थता करने में सार्थक है।

23. Teachers can encourage effective problem solving by :
शिक्षक प्रभावी समस्या-समाधान को प्रोत्साहित कर सकते हैं?

(a) Discouraging multiple perspectives and guesses in her class/अपनी कक्षा में कई दृष्टिकोणों और अनुमानों को हतोत्साहित करके
(b) Encouraging children to make intuitive guesses/बच्चों को सहज अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके
(c) Writing step-by-step solution to the problem/समस्या का चरण-दर-चरण समाधान लिखकर
(d) Focusing on the reproduction of textbook knowledge/पाठ्यपुस्तक ज्ञान के पुनरुत्पादन पर ध्यान केंद्रित करके

Ans. (b) : बच्चों को सहज अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके, शिक्षक प्रभावी समस्या समाधान को प्रोत्साहित कर सकते हैं। सहज अनुमान द्वारा बालकों की चिंतन क्षमता का विकास होता है और वे समस्या को हल करने के अपने दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते है, जिससे शिक्षक को उनके अधिगम के स्तर को समझने में सहायता होती है।

24. As the class teacher of an underachieving child, which of the following facilitative strategies do you think would be most useful?
एक कम उपलब्धि वाले बच्चे के कक्षा शिक्षक के रूप में, आपको निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति सबसे अधिक उपयोगी लगती है?

(a) Give the student a long lecture on his underachievement/विद्यार्थी को उसकी कम उपलब्धि पर एक लंबा व्याख्यान देना।
(b) Try to identify the reasons for his underachievement and set short term, achievable goals /उसकी कम उपलब्धि के कारणों की पहचान करने का प्रयास करना और अल्पकालिक, कर सकने योग्य लक्ष्य निर्धारित करना।
(c) Ask the school management to take necessary steps such as making a separate section for under achieving students/स्कूल प्रबंधन को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहना जैसे कम उपलब्धि वाले छात्रों के लिए एक अलग संकाय बनाना।
(d) Call the parents of the child and tell them that their child does not have any ability so they should put the child in a seperate school/बच्चे के माता-पिता को बताना और उन्हें बताना कि उनके बच्चे में कोई क्षमता नहीं है इसलिए वे बच्चे को एक अलग स्कूल में डाल दें।

Ans. (b) : एक कम उपलब्धि वाले बच्चे के कक्षा शिक्षक के रूप में आपको उसकी कम उपलब्धि के कारणों की पहचान करने का प्रयास करना और अल्पकालिक, कर पाने योग्य लक्ष्य निर्धारित करना इस प्रकार की रणनीति सबसे अधिक उपयोगी लगती है।

25. Which of these is an important activity to enable conceptual understanding in children?
बच्चों में अवधारणात्मक समझ को सक्षम करने के लिए इनमें से कौन सी महत्वपूर्ण गतिविधि है?

(a) Dialogue/संवाद
(b) Lecture/व्याख्यान
(c) Direct Instruction/प्रत्यक्ष निर्देश
(d) Rewards/पुरस्कार

Ans. (a) : बच्चों में अवधारणात्मक समझ को सक्षम करने के लिए संवाद सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। संवादात्मक होने के नाते एक शिक्षक को संबोधित करके और छात्र - शिक्षक बातचीत के माध्यम से सीखने को सुगम बनाने के द्वारा सीखने की सुविधा प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

26. According to National Education Policy 2020, experiential learning will be adopted in all stages. What is NOT correct with respect to experiential learning?
(i) It makes the teacher more active in the teaching-learning process than the students.
(ii) It helps in connecting past experiences to gaining new knowledge and transfer of positive learning.
(iii) It is completely based on the promotion of traditional bookish knowledge.
(iv) It emphasizes on developing real and scientific understanding in students through experiences and experiments.

(a) (ii), (iv) (b) (i), (iii)
(c) (i), (iv) (d) (ii), (iii)

Ans. (b) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार सभी चरणों में अनुभवात्मक अधिगम को अपनाया जाएगा। जिसमें यह प्रस्तावित किया गया है कि अनुभवात्मक अधिगम को वैचारिक समझ को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि अनुभवात्मक अधिगम सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अनुभव प्राप्त करके सीखने को संदर्भित करता है।
अनुभवात्मक अधिगम के संबंध में गलत कथन निम्न हैं–
* यह छात्रों की तुलना में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक को अधिक सक्रिय बनाता है।
* यह पूरी तरह से पारंपरिक किताबी ज्ञान के प्रचार पर आधारित है।
अतः विकल्प (b) उपयुक्त उत्तर है।

27. Which of the following emotions facilitates the process of meaningful learning?
निम्नलिखित में से कौन-सी भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाती है?

(a) Panic/दहशत (b) Frustration/कुण्ठा
(c) Irritation/चिढ़ (d) Excitement/उत्तेजना

Ans. (d) : उत्तेजना सार्थक सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाती है। सीखने के लिये बालक स्वयं के सीखने के लक्ष्यों को विकसित करने और प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार होता है।

28. Children learn best through the processes of:
बच्चे किस प्रक्रिया से सबसे बेहतर सीखते हैं?
(a) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण
(b) Drill and recall/वेधन व प्रत्यास्मरण
(c) Rote memorization/रटकर स्मरण
(d) Guided discovery/निर्देशित खोज

Ans. (d) : बच्चे निर्देशित खोज प्रक्रिया द्वारा सबसे बेहतर सीखते हैं। इसमें छात्र अपने आप खोज करके, अवलोकन और निरीक्षण करके सत्य की खोज करते हैं।
हरबर्ट स्पेन्सर ने कहा है कि ''बालकों को जितना कम से कम सम्भव हो बताया जाए और उनको जितना अधिक-से-अधिक सम्भव हो खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।''

29. Which of the following is a higher order ability that involves thinking about one's own thinking?
निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च स्तरीय कौशल है जिसमें अपनी सोच के बारे में सोचना शामिल है?
(a) Recall/प्रत्याह्वार
(b) Conditioning/अनुबंधन
(c) Metacognition/अधिसंज्ञान
(d) Repetition/पुनरावृत्ति

Ans. (c) : अधिसंज्ञान उच्च स्तरीय कौशल है जिसमें अपनी सोच के बारे में सोचना शामिल है। जब हम अपने स्वयं के संज्ञानात्मक कार्यों पर नियंत्रण रखते हैं, जिन्हें अधिसंज्ञान कहा जाता है। यह छात्रों के विचारों को अलग बनाता है और उन्हें स्वयं की कार्यक्षमता पर नियंत्रण करने में सहायता करता है।

30. Teachers can encourage children to become intrinsically motivated by:
शिक्षक बच्चों को आंतरिक रूप से अभिप्रेरित होने के लिए क्या कर सकते हैं?
(a) Use of methods of conditioning/अनुबंधन के तरीकों का प्रयोग
(b) Giving appropriate rewards/उचित पुरस्कार देना
(c) By use of punishment/दंड का प्रयोग
(d) By considering student's interests/विद्यार्थियों की अभिरूचि को ध्यान में रखना

Ans. (d) : विद्यार्थियों की अभिरूचि को ध्यान में रखकर शिक्षक बच्चों को आंतरिक रूप से अभिप्रेरित कर सकते हैं। एक शिक्षक अपने छात्रों को स्वयं के लिए और उनकी रूचियों के अनुसार व्यक्तिगत नैपुण्य लक्ष्यों को निर्धारित करने में उनको सहयोग देकर सीखने के लिए आंतरिक रूप से प्रेरित रहने के लिये प्रोत्साहित कर सकते हैं।

SOCIAL SCIENCE

1. Consider the following statements for asteroids:
क्षुद्र ग्रहों के बारे में नीचे लिखे वाक्यों को पढ़े:
(A) They move around the sun/ये सूर्य की परिक्रमा लगाते हैं।
(B) Sometimes they come near the earth and tend to drop upon it. /कभी कभार वे पृथ्वी के नज़दीक आ जाते हैं और इस पर गिर जाते हैं।
(C) They are found between the orbits of Mars and Jupiter. /ये मंगल ग्रह व बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच में पाए जाते हैं।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are true/केवल (B) और (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are true /केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (c) : मंगल एवं बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच कुछ छोटे-छोटे आकाशीय पिंड है जो सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं। उसे क्षुद्र ग्रह कहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्षुद्र ग्रह, एक ग्रह के हिस्से हैं जो कई वर्ष पहले टूटे थे, ये धातुओं और चट्टानों से बने होते हैं और इनमें कार्बनिक यौगिक होते है।
चार सबसे बड़े क्षुद्रग्रह–
सेरेस
वेस्टा
पलस
हाइजिया
इस प्रकार कह सकते है कि कथन (A) और (C) सही है।

2. Read the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(A) Equator is a very important reference point to locate places on the earth.
पृथ्वी पर स्थानों को अवस्थित करने में विषुवत वृत्त एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिन्दु है।
(B) By measuring the angle of the pole star from his/her place, a person can find the latitude of his/her place.
अपने स्थान से ध्रुव तारे का कोण मापकर कोई व्यक्ति विशेष अपने स्थान का अक्षांश जान सकते हैं।
(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B)दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (a) : अपने स्थान से ध्रुव तारे का कोण मापकर कोई व्यक्ति विशेष अपने स्थान का अक्षांश जान सकता है। पृथ्वी पर स्थानों को अवस्थित करने में विषुवत वृत्त एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिन्दु है। यह दोनों कथन सत्य है। अक्षांश वृत्त विषुवत वृत्त के समांतर खींचे हुए काल्पनिक वृत्त है। 180^0 देशान्तर को अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहा जाता है, क्योंकि इस रेखा के दोनों ओर तिथियों में एक दिन का अन्तर होता है। ग्रीनविच देशान्तर तथा 180^0 देशान्तर के बीच 24 घंटे का अन्तर होता है।

3. Two places A and B are located at 20ºE and 95ºE respectively. What will be the time difference between place A and B?
यदि दो स्थान A तथा B क्रमशः 20º पू. तथा 95ºपू. पर स्थित हैं, तो स्थान A और स्थान B के बीच कितना समय अंतराल होगा?

(a) 5 hours/5 घंटे
(b) 7 hours/7 घंटे
(c) 5 hours 30 minutes/5 घंटे 30 मिनट
(d) 7 hours 30 minutes/7 घंटे 30 मिनट

Ans. (a) :



180^0 देशान्तर को अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहा जाता है, क्योंकि इस रेखा के दोनों ओर तिथियों में एक दिन का अन्तर होता है। 0^0 से 180^0 पूर्व की ओर जाने पर ग्रीनविच समय से 12 घण्टे आगे का समय होता है। इसी प्रकार 0^0 से 180^0 पश्चिम की ओर जाने पर ग्रीनविच समय से 12 घण्टे पीछे का समय मिलता है। दो देशान्तरों के बीच 4 मिनट का अंतर होता है, यानी पृथ्वी 1^0 देशांतर घूमने में 4 मिनट का समय लेती है, तो 15^0 घूमने में पृथ्वी 1 घण्टे का समय लेती है।

दिया गया है– A तथा B क्रमशः 20^0 पू. तथा 95^0 पू. पर स्थित है।

A और B में अन्तराल = 95^0 पू. – 20^0 पू.

= 75^0 पू.

= 1^0 देशान्तर घूमने में 4 मिनट का अन्तर

तो 75^0 घूमने में लगा समय = $75^0 \times 4$ मिनट

= 300 मिनट

घण्टे में बदलने के लिए 60 से भाग –

$$\frac{300\text{मि0}}{60} = 5 \text{ घण्टे}$$

4. Consider the following statements for cause of seasons, and choose the correct option.
ऋतुओं के कारण के बारे में दिए गए कथनों को पढ़े और सही विकल्प का चयन करें:

(A) The revolution of the earth and the inclination of the earth's axis in a fixed direction causes seasons./पृथ्वी के परिक्रमण तथा पृथ्वी के अक्ष के निश्चित दिशा में झुके होने के कारण ऋतु परिवर्तन होता है।

(B) Changes in the position of the earth around the sun changes seasons. /ऋतुओं में परिवर्तन सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है।

(C) Rotation of the earth causes seasons. /पृथ्वी के घूर्णन के कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(c) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ (A), (B) तथा (C) सभी

Ans. (b) : पृथ्वी में परिक्रमण तथा पृथ्वी के अक्ष के निश्चित दिशा में झुके होने के कारण ऋतु परिवर्तन होता है क्योंकि पृथ्वी कक्षीय समतल के संबंध $66\frac{1}{2}$° झुकी हुई है। ऋतुओं में परिवर्तन सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की स्थित में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी की धुरी एक काल्पनिक रेखा है जो अपने केन्द्र से होकर एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव तक जाती है। पृथ्वी की धुरी 23.5 डिग्री के कोण पर तिरछी है और इसी धुरी पर पृथ्वी घूर्णन करती है, पृथ्वी के झुके होने के परिणाम स्वरूप ऋतुएँ उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर घूर्णन में कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।

5. Which of the following statement is true?
निम्न में से कौन सा कथन सही है?

(a) Tropical evergreen forests are the monsoon forests./उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन मानसून वन होते हैं।
(b) Tropical evergreen forests are found in the regions near the equator and close to the tropics./उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन भूमध्य रेखा एवं उष्णकटिबंध के पास पाए जाते हैं।
(c) Trees in tropical evergreen forests shed their leaves in the dry season./उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों में पेड़ शुष्क मौसम में अपने पत्ते झाड़ देते हैं।
(d) Sal, Teak and Neem are examples of trees found in tropical evergreen forests./ उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों सदाबहार वनों में साल, सागवान और नीम के वृक्ष पाए जाते हैं।

Ans. (b) : उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन भूमध्य रेखा एवं उष्णकटिबंध के पास पाए जाते हैं। इन क्षेत्रों में भारी वर्षा होती है और इनमें कोई विशेष शुष्क मौसम नहीं होता है। ये वन 200 सेमी से अधिक वर्षा वाले छोटे शुष्क मौसम वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं। इन पेड़ों के पत्ते गिरने का कोई निश्चित समय नहीं होता है और इन वनों के पेड़ वर्ष भर हरे-भरे दिखाई देते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि विकल्प (b) सही है।

6. Consider following statements about the Sahara Desert:/सहारा रेगिस्तान के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) Sahara once used to be lush green plain./आज का सहारा एक समय में पूर्णतया हरा-भरा मैदान था।

(B) Climate of Sahara desert is hot and dry. /सहारा मरुस्थल की जलवायु गर्म एवं शुष्क है।

(C) Nights at Sahara may be freezing cold with temperature nearing zero degrees. /सहारा में रातें ठंडी होती हैं तथा तापमान गिरकर लगभग जीरो डिग्री हो जाता है।

(D) People wear heavy robes in Sahara desert. /सहारा रेगिस्तान में लोग भारी वस्त्र पहनते हैं।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) (A), (B) and (C) are true/(A), (B) तथा (C) सही हैं।
(b) (B), (C) and (D) are true/(B), (C) तथा (D) सही हैं।
(c) (A), (C) and (D) are true/(A), (C) और (D) सही हैं।
(d) (A), (B), (C) and (D) are all true/सभी (A), (B), (C) तथा (D) सही हैं।

Ans. (d) : सहारा रेगिस्तान के बारे में निम्न कथन सत्य है–
* आज का सहारा एक समय में पूर्णतया हरा-भरा मैदान था।
* सहारा मरुस्थल की जलवायु गर्म एवं शुष्क है।
* सहारा रेगिस्तान में रातें ठण्डी होती हैं तथा तापमान गिरकर लगभग जीरो डिग्री हो जाता है।
* सहारा रेगिस्तान में लोग भारी वस्त्र पहनते हैं।
* सहारा रेगिस्तान अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है यह दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है।
* सहारा रेगिस्तान का कुल क्षेत्रफल 3320000 वर्ग मील है।

अतः दिए गए चारों कथन सही हैं।

7. Which of the following is/are correctly matched?
निम्न में से कौन सा/कौन से सही सुमेलित हैं?

Original Rock मूल शैल		Metamorphic Rock कायांतरित शैल
(A) Limestone चूना पत्थर	–	Marble संगमरमर
(B) Clay चिकनी मिट्टी	–	Slate स्लेट
(C) Sandstone बलुआ पत्थर	–	Marble संगमरमर

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Both (A) and (B)/ (A) और (B) दोनों
(c) Both (A) and (C)/ (A) और (C) दोनों
(d) Both (B) and (C)/ (B) और (C) दोनों

Ans. (b) : (A) और (B) सही सुमेलित है तथा (C) सही सुमेलित नहीं है।

मूल शैल		कायांतरित शैल
चूना पत्थर	→	संगमरमर
चिकनी मिट्टी	→	स्लेट
बलुआ पत्थर	→	क्वार्टजाइट

8. Which of the following gases make up the bulk of the atmosphere?
निम्नलिखित गैसों में से कौन सी वायुमंडल का एक बड़ा भाग बनाती है?
(a) Oxygen and Carbon dioxide/ऑक्सीजन और कार्बन डाईऑक्साइड
(b) Oxygen and Helium/ऑक्सीजन और हीलियम
(c) Oxygen and Argon/ऑक्सीजन और ऑर्गन
(d) Oxygen and Nitrogen/ऑक्सीजन और नाइट्रोजन

Ans. (d) : ऑक्सीजन और नाइट्रोजन गैस वायुमण्डल का एक बड़ा भाग बनाती है। वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा 21% और नाइट्रोजन की मात्रा 78% है जो वायुमण्डल में सबसे अधिक मात्रा में पायी जाती है–
वायुमण्डल की स्थायी गैसे–

घटक	आयतन प्रतिशत
नाइट्रोजन (N_2)	78.084
ऑक्सीजन (O_2)	20.95
आर्गन (Ar)	0.93
कार्बन डॉइऑक्साइड (CO_2)	0.03
अन्य सभी (CO_2)	0.04

9. Read the following statements and choose the appropriate option./निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

Statement (A) : Almost all weather phenomena occurs in thermosphere.
कथन (A) : बाह्य वायु मंडल में मौसम संबंधी सभी घटनाएँ होती हैं।

Statement (B) : Radio waves transmitted from the earth are reflected back to the earth by thermosphere.
कथन (B) : पृथ्वी से प्रसारित रेडियों तरंगें इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर परावर्तित कर दी जाती हैं।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A)गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (*) : वायुमण्डल में मौसम संबंधी सभी घटनाएँ जैसे - वर्षा, कुहरा एवं ओलावर्षण आदि क्षोभमण्डल में होती है। पृथ्वी से प्रसारित रेडियों तरंगे आयन मण्डल द्वारा पुनः पृथ्वी पर परावर्तित कर दी जाती है।
इस प्रकार कथन (A) और (B) दोनों गलत है।
नोट - आयोग ने इसका उत्तर (D) माना है लेकिन उत्तर (B) होगा।
वायुमण्डल को निम्न परतों में बाँटा गया है–
(1) क्षोभमण्डल - सभी मौसमी घटनाएँ जैसे - बादल, वर्षा, तुफान, ओलावर्षण आदि इसी परत के अंदर होती है।
(2) समताप मण्डल - इस मण्डल में वायुयान उड़ाने की आदर्श दशा पायी जाती है।
(3) मध्यमण्डल - अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड इसी परत में आने पर जल जाते हैं।
(4) आयनमण्डल - इसमें विद्युत आवेशित कण पाये जाते है, जिन्हें आयन कहते है। रेडियो संचार के लिए इस परत का उपयोग होता है।
(5) बाह्यमण्डल - इस मण्डल में हाइड्रोजन एवं हीलियम गैस की प्रधानता है।

10. Consider the following statements (A) and (B) about destruction of forests in Amazon basin and choose the appropriate option.
अमेजन बेसिन में वनों के विनाश के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों (A) और (B) को पढ़िए तथा उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए:

Statement (A) : The topsoil is being washed away by rain fall and the lush forest is turning into a barren landscape./वर्षा के कारण मिट्टी की ऊपरी परत बह जाती है एवं सघन वन बंजर भूमि में बदल जाता है।

Statement (B): A large area of rain forest in amazon basin has been disappearing due to developmental activities. /विकास गतिविधियों के चलते अमेजन बेसिन में वर्षावन का बड़ा भाग लुप्त होता जा रहा है।

(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are correct/दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is correct/न तो (A) और न ही (B) सही है।

Ans. (c) : अमेजन बेसिन में वनों के विनाश के कारण निम्न है–
* वर्षा के कारण मिट्टी की ऊपरी परत बह जाती है एवं सघन वन बंजर भूमि में बदल जाती है।
* विकास गतिविधियों के चलने अमेजन बेसिन में वर्षावन का बड़ा भाग लुप्त होता जा रहा है।
* अमेजन वर्षावन में वनों के विनाश के प्रमुख कारणों में से एक गौ-माँस (बीफ) की खपत से जुड़ा हुआ है।
* मवेशियों को चराने और चारागाह के निर्माण के लिए पेड़ों को काटकर एवं वनों को जलाकर वन के विशाल क्षेत्रों का साफ किया जाता है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि दिया गया दोनों कथन (A) और (B) सही है।

11. Which of the following steps should be taken to ensure sustainable development.
सतत पोषणीय विकास को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन से कदम उठाए जाने चाहिए?

(A) More focus on the use of renewable resources./नवीकरणीय संसाधनों के इस्तेमाल पर जोर देना।
(B) Respect and care only for those forms of life that are economically useful. /केवल जीवन के उन रूपों का सम्मान और देखभाल करना जो आर्थिक रूप से लाभदायक हैं।
(C) Change in attitudes and practices towards the environment. /पर्यावरण के प्रति व्यवहार और अभ्यास में परिवर्तन

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (b) : सतत पोषणीय विकास को सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय संसाधनों के इस्तेमाल पर जोर देना और पर्यावरण के प्रति व्यवहार और अभ्यास में परिवर्तन करने के कदम उठाए जाने चाहिए। सतत पोषणीय विकास आर्थिक विकास की प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनो तथा पर्यावरण में बिना किसी हानि के वर्तमान तथा भविष्य दोनों पीढ़ियों के जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना है। कथन (A) और (C) सही (B) कथन गलत है।

12. Through population pyramid which of the following sub-topics could be best introduced in an elementary classroom?/एक प्रारंभिक स्तर की कक्षा में जनसंख्या पिरामिड की सहायता से निम्न में से कौन से उप-विषय पढ़ाए जा सकते हैं?

(A) Birth and Death rates/जन्म एवं मृत्यु दर
(B) Comparison of male and female population/महिला एवं पुरुषों की जनसंख्या की तुलना
(C) Expanding labour force/बढ़ती श्रमिक संख्या
(D) Migration pattern (intra-country) /प्रवसन स्वरूप (देश के भीतर)

Choose appropriate option:
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:

(a) A, B, and (C)/ A, B तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) तथा (D)
(c) (A), (B) and (D)/ (A), (B) तथा (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)/ (A), (B), (C) तथा (D) सभी

Ans. (a) : एक प्रारंभिक स्तर की कक्षा में जनसंख्या पिरामिड की सहायता से निम्न उप-विषय पढ़ाए जा सकते है–
* जन्म एवं मृत्यु दर
* महिला एवं पुरुषों की जनसंख्या की तुलना
* बढ़ती श्रमिक संख्या

जनसंख्या पिरामिड एक ऐसा ग्राफ है जो जनसंख्या के पुरुष और महिला सदस्यों के बीच केन्द्र में विभाजित जनसंख्या में आयु के वितरण को दर्शाता है।
जनसंख्या पिरामिड का उपयोग जनसंख्या की आयु-लिंग संरचना को दर्शाने के लिए किया जाता है। जनसंख्या पिरामिड त्रिभुज का आकार बनाता है।

13. Consider the following statements:
निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

Statement (A) : Cooperative sector industries are owned and operated by the producers or suppliers of raw material, workers or both.
कथन (A): सहकारी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकारों, कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है।

Statement (B) : Maruti Udyog Limited and Steel Authority of India are examples of cooperative sector industries.
कथन (B) : मारुति उद्योग लिमिटेड और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सहकारी उपक्रम के उदाहरण हैं।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true/दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is true/न तो (A) सही है और न ही (B) सही है।

Ans. (a) : सरकारी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकारों, कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है। यह कथन सही है तथा कथन B गलत है। उद्योग आर्थिक गतिविधि को संदर्भित करता है जो माल के उत्पादन, खनिजों के निष्कर्षण या सेवाओं के प्रावधान से संबंधित है। उद्योगों को कच्चे माल, आकार और स्वामित्व के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है।

* स्वामित्व ने आधार पर उद्योगों को निजी क्षेत्र, राज्य के स्वामित्व वाले या सार्वजनिक क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र और सहकारी क्षेत्र में वर्गीकृत किया जा सकता है।
* सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन सरकार द्वारा किया जाता है, जैसे कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और स्टील अथॉरटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
* निजी क्षेत्र के उद्योग व्यक्तियों या व्यक्तियों के समूह के स्वामित्व से संचालित होते है।

14. Around 2300 years ago, in the Tamil region, large landowners were known as:
लगभग 2300 वर्ष पूर्व तमिल क्षेत्र में बड़े भूस्वामियों को कहते थे:

(a) Vellalar/वेल्ललार (b) Uzhavar/उझवार
(c) Kadaisiyar/कडैसियार (d) Adimai/अदिमई

Ans. (a) : तमिल क्षेत्र में, बड़े भूस्वामियों को लगभग 2300 वर्ष पूर्व वेल्लालर के रूप में जाना जाता था तथा संगम युग में साधारण हल चलाने वाले को 'उझावर' और भूमिहीन मजदूर, दास को कडैसियार और अदिभई के नाम से जाना जाता था। संगम काल के दौरान तमिलों का प्रमुख व्यवसाय कृषि,पशुपालन था। 500 ई0 पू0-300 ई0 इसे जीवन की आवश्यकताओं के रूप में देखा जाता था और इसलिए इसे सभी व्यवसायों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता था। 'किसान' या 'उझावर' सामाजिक सूची में सबसे उपर थे।

15. We know that the plough was used by the Harappans because archaeologists have found evidence of: /हमें ज्ञात है कि हड़प्पाकालीन लोगों ने हल का प्रयोग किया था क्योंकि पुरातत्वविदों को साक्ष्य (प्रमाण) मिले हैं ..... के।

(a) an actual plough/वास्तविक हल
(b) a plough engraved on a seal/मोहर (मुहर) पर उत्कीर्ण किया हुआ हल
(c) a toy plough/खिलौना हल
(d) a plough on a cave painting/गुफा में बनाए गए चित्र में हल

Ans. (c) : हमें ज्ञात है कि हड़प्पाकालीन लोगों ने हल का प्रयोग किया था क्योंकि पुरातत्त्वविदों को 'खिलौना हल' के साक्ष्य मिले है। हड़प्पा रावी नदी तट पर स्थित है जो पाकिस्तान के पंजाब राज्य में स्थित है हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने 1921 ई0 में किया था।

16. The Tamil epic, "Silappadikaram' was composed by:
तमिल महाकाव्य, 'सिलप्पदिकारम' की रचना की गई थी-

(a) Sattanar/सतानर द्वारा
(b) Ilango/इलांगो द्वारा
(c) Thiruvalluvar/तिरूवल्लुवर द्वारा
(d) Kuttuvanar/कुट्टुवनार द्वारा

Ans. (b) : तमिल महाकाव्य, 'सिलप्पदिकारम' की रचना करने का श्रेय इलांगो आदिगल को जाता है। इलांगो एक चेर राजकुमार, जैन भिक्षु, और कवि थे। सिलप्पदिकारम 5730 पंक्तियों की एक कविता है, इस महाकाव्य में एक साधारण युगल, कन्नगी और उसके पति कोवलन की एक दुखद प्रेम कहानी है।
तमिल के 5 महान महाकाव्य -
* शिलप्पदिकारम * मजिम कलाई
* सिवका चिंतामणि * वलैयापति
* कुंतलकासी

17. Temples and mosques were constructed by rulers to_____/शासकों द्वारा मंदिर और मस्जिदों का निर्माण किया गया-

(A) proclaim their closeness to god./भगवान के साथ अपनी घनिष्ठता घोषित करने के लिए।
(B) demonstrate power and wealth./शक्ति और वैभव प्रदर्शन के लिए।
(C) appease and get support of priestly class./पुजारी वर्ग को संतुष्ट करने और उनका समर्थन पाने के लिए।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन करें:

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (d) : भगवान के साथ अपनी घनिष्ठता घोषित करने के लिए, शक्ति और वैभव प्रदर्शन के लिए तथा पुजारी वर्ग को संतुष्ट करने और उनका समर्थन पाने के लिए शासकों द्वारा मंदिर और मस्जिदों का निर्माण किया गया था।

18. Which of the following regional language was the earliest to be used in official records in the subcontinent? /निम्नलिखित में से कौन सी क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग उपमहाद्वीप के सरकारी अभिलेखों में सबसे पहले हुआ था?

(a) Urdu/उर्दू (b) English/अंग्रेजी
(c) Malayalam/मलयालम (d) Punjabi/पंजाबी

Ans. (c) : मलयालय भाषा का प्रयोग उपमहाद्वीप के सरकारी अभिलेखों में सबसे पहले हुआ था। मलयालम भाषा दक्षिण भारत की एक प्रमुख भाषा है जो मुख्यतः केरल और लक्षद्वीप में बोली जाती है। महोदयपुरम का चेर राज्य प्रायद्वीप के दक्षिणी-पश्चिमी भाग में जो आज के केरल राज्य का एक हिस्सा है नौवीं शताब्दी में स्थापित किया गया था। यहाँ के शासकों ने मलयालम भाषा एवं लिपि का प्रयोग अपने अभिलेखों में किया था। भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप है (संविधान का अनुच्छेद 343(A) ।

19. A Sangha was an association in the true sense because:
संघ सही मायने में एक संगठन था क्योंकि:

(A) Many members ruled together through discussion and debates./कई सदस्यों ने एक-साथ चर्चाओं और वाद-विवादों के माध्यम से शासन किया।

(B) It included women and kammakaras to participate in the assemblies./इसने महिलाओं और कामकारों को सभाओं में भाग लेने के लिए सम्मिलित किया था।

(a) Only (A) is correct/ केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct/ केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are correct/ (A) और (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are incorrect/ (A) और (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : संघ सही मायने में एक संगठन था क्योंकि कई सदस्यों ने एक-साथ चर्चाओं और वाद-विवादों के माध्यम से शासन किया। एक संघ या फेडरेशन, एक राजनीतिक तत्व हैं, जो किसी केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत आंशिक रूप से स्वशासित राज्यों या क्षेत्रों के संघ से चिन्हित होता है।

20. The first cotton spinning mill was set up in:
पहली सूती कपड़ा मिल.....में स्थापित की गई।

(a) Calcutta/कलकत्ता (b) Bombay/बंबई
(c) Madras/मद्रास (d) Surat/सूरत

Ans. (b) : भारत में पहली सूती कपड़ा मिल बंबई में 7 जुलाई 1854 ई. कवासजी डावर द्वारा में स्थापित की गई थी जिसमें 1856 ई. से उत्पादन प्रारंभ हुआ। सूती कपड़ा मिल देश के पश्चिमी हिस्सों जैसे महाराष्ट्र और गुजरात में केन्द्रित थे, जबकि जूट उद्योग बंगाल में केन्द्रित थे। मुम्बई को भारत के सूती वस्त्रों की राजधानी के नाम से जाना जाता है तो वहीं कानपुर को उत्तर भारत का मैनचेस्टर कहा जाता और गुजरात को भारत का बोस्टन कहा जाता है।

21. Read the statements 'A' and 'B' regarding missionary activities in India and choose the correct answer.
भारत में प्रचारकों की गतिविधियों के संदर्भ में कथन (A) एवं कथन (B) को पढ़ें तथा सही विकल्प को चुनें।

Statement (A): Until 1813, the East-India Company was opposed to missionary activities in India.
कथन (A): 1813 तक ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में प्रचारक गतिविधियों के विरुद्ध थी।

Statement (B) : The company feared that missionary activities would provoke reaction amongst the local population and make them suspicious of British presence in India.
कथन (B): कंपनी को भय था कि प्रचारकों की गतिविधियों के वजह से स्थानीय जनता के बीच असंतोष पैदा होगा और लोग भारत में अंग्रेजों की उपस्थिति को शक की नज़र से देखेंगे।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true but (B) does not explain (A)/ दोनों (A) एवं (B) सही हैं किन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) explains (A)/ दोनों (A) एवं (B) सही हैं और (B), (A) की सही व्याख्या करता है।

Ans. (d) : 1813 तक ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में प्रचारक गतिविधियों के विरुद्ध थी क्योंकि कंपनी को भय था कि प्रचारकों की गतिविधियों के वजह से स्थानीय जनता के बीच असंतोष पैदा होगा और लोग भारत में अंग्रेजों की उपस्थित को शक की नजर से देखेंगे। भारत में प्रचारकों की गतिविधियों के संदर्भ में दोनों कथन (A) और (B) सही है। गवर्नर और कम्पनी ऑफ मर्चेन्टस ऑफ लन्दन ट्रेडिंग इन टू द ईस्ट इण्डीज ने भारत में व्यापार किया, जिसे लोकप्रिय रूप से अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में जाना जाता था, इसका गठन 1599 ई0 में हुआ था।

22. 'Paramhans Mandali' was founded in 1840 in Bombay for:/1840 में बाम्बे में 'परमहंस मंडली' की स्थापना क्यों की गई?

(a) Widow remarriage/विधवा पुनर्विवाह के लिए
(b) Abolition of caste/जाति उन्मूलन के लिए
(c) Girls Education/लड़कियों की शिक्षा के लिए
(d) Greater freedom for women/महिलाओं की और अधिक स्वतंत्रता के लिए

Ans. (b) : 1840 में बाम्बे में 'परमहंस' मंडली की स्थापना जाति उन्मूलन के लिए की गई थी। इसकी शुरूआत दुर्गाराम मेहताजी, पांडुरंग और उनके दोस्तों के एक समूह ने की थी। वे मुख्य रूप से जाति के नियमों को तोड़ने में रूचि रखते थे और इसके द्वारा अपनी सभाओं में निम्न जाति के लोगों द्वारा पकाया गया भोजन लिया जाता था। अतः जाति व्यवस्था को तोड़ने के लिए परमहंस मंडली की स्थापना की गई थी।

23. Who among the following was an outspoken critic of Hindu scriptures and said that the texts of codes of Manu, the Bhagwad Gita and the Ramayana had been used to establish the authority of Brahmanas over 'lower' castes and the domination of men over women.
निम्नलिखित में से कौन हिन्दू शास्त्रों के कट्टर आलोचक थे तथा उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों से निचली जातियों पर अपनी सत्ता तथा महिलाओं पर पुरुष का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए मनु द्वारा रचित संहिता, भगवद्गीता और रामायण जैसी पुस्तकों का सहारा लिया है।

(a) Shri Narayan Guru/श्री नारायण गुरु
(b) Jyotirao Phule/ज्योतिराव फुले
(c) Ghasidas/घासीदास
(d) Periyar/पेरियार

Ans. (d) : पेरियार हिन्दु शास्त्रों के कट्टर आलोचक थे तथा उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों ने निचली जातियों पर अपनी सत्ता तथा महिलाओं पर पुरुष का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए मनु द्वारा रचित संहिता भगवद्गीता और रामायण जैसी पुस्तकों का सहारा लिया है। पेरियार का जन्म तमिलनाडु में 17 सितम्बर 1879 को हुआ था। वो बाल विवाह, देवदासी प्रथा, विधवा पुनर्विवाह के खिलाफ होने के साथ स्त्रियों तथा दलितों के शोषण के पूरी तरह खिलाफ थे, उन्होंने हिन्दू वर्ण व्यवस्था का भी बहिष्कार भी किया।

24. Read the statements 'A' and 'B' on movements against caste system in India:
भारत में जाति प्रथा के विरुद्ध आन्दोलनों के संदर्भ में कथन (A) एवं कथन (B) को पढ़े तथा सही विकल्प चुनें।

Statement (A) : B.R. Ambedkar led three temple entry movements between 1927 and 1935.
कथन (A) : 1927 और 1935 के बीच बी.आर. अम्बेडकर ने मंदिरों में प्रवेश के लिए तीन आन्दोलन चलाए।

Statement (B) : His aim was to make everyone see the power of caste prejudices within society.
वह पूरे देश को दिखाना चाहते थे कि समाज में जातीय पूर्वाग्रहों की जकड़ कितनी मज़बूत है।

Choose the correct answer :
सही विकल्प चुनिए:

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है किन्तु (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true but (B) does not explain (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं किन्तु (B), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं तथा (B), (A) की व्याख्या करता है।

Ans. (d) : 1927 और 1935 के बीच बी.आर. अम्बेडकर ने मंदिरों में प्रवेश के लिए तीन आन्दोलन चलाए - उन्होंने मनुस्मृति दहन (1927)ए महाड सत्याग्रह (1927) और येवला की गर्जना (1935) जैसे आन्दोलन चलाएँ। वह पूरे देश को दिखाना चाहते थे कि समाज में जातीय पूर्वाग्रहों की जकड़ कितनी मजबूत है। निचली जाति के लोगों को, इसके बाद मंदिरों में प्रवेश करने और मंदिर के कुओं से पानी का उपयोग और पानी खींचने की भी अनुमति दी गई। इस आंदोलन के माध्यम से निचली जाति के लोगों के लिए बराबरी का दर्जा घोषित किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य हिन्दू समाज में सुधार करना था। अतः दोनों कथन (A) एवं (B) सही हैं तथा (B), (A) की व्याख्या करता है।

25. Gandhiji called off the Non-Cooperation Movement abruptly because :
गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन अचानक रोक दिया क्योंकि-

(a) British government was suppressing it./अंग्रेजी सरकार इसे कुचल रहे थे।
(b) It was not successful as expected./यह उतना कामयाब नहीं हुआ था जितनी उम्मीद की गई थी।
(c) It became violent./यह हिंसात्मक हो गया था।
(d) Big leaders were not cooperating./बड़े नेता सहयोग नहीं कर रहे थे।

Ans. (c) : गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन अचानक रोक दिया क्योंकि यह हिंसात्मक हो गया था। असहयोग आंदोलन 1 अगस्त 1920 को महात्मा गाँधी द्वारा स्व-शासन और पूर्ण स्वतंत्रता के सिद्धान्त के साथ शुरू किया गया था।
5 फरवरी, 1922 ई. को गोरखपुर जिले के चौरा-चौरी नामक स्थान पर असहयोग अंदोलनकारियों ने क्रोध में आकर थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गयी। इस घटना से दुखी होकर गांधी जी ने 11 फरवरी, 1922 को असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया।

26. Arrange the following in a chronological order.
निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें।
(A) Dandi March/दांडी मार्च
(B) Quit India Movement/भारत छोड़ो आंदोलन
(C) Rowalatt Satyagrah/रॉलट सत्याग्रह
(D) Khilafat agitation/खिलाफत आंदोलन
सही विकल्प चुनें।

(a) (C), (D), (A), (B) (b) (A), (B), (C), (D)
(c) (D), (C), (B), (A) (d) (D), (A), (C), (B)

Ans. (a) : कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित रूप इस प्रकार है–
(1) रॉलट सत्याग्रह (6 अप्रैल 1919)
(2) खिलाफत आंदोलन (नवम्बर 1919)
(3) दांडी मार्च (12 मार्च 1930)
(4) भारत छोड़ो आंदोलन (8 अगस्त 1942)

27. In which year was Planning Commission of India set up?
भारतीय योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(a) 1935 (b) 1947
(c) 1950 (d) 1956

Ans. (c) : भारतीय योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को की गई थी। योजना आयोग भारत सरकार की एक संस्था थी, जिसका प्रमुख कार्य भारत की पंचवर्षीय योजनाएँ बनाना था। जवाहरलाल नेहरू योजना आयोग के पहले अध्यक्ष थे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2014 को लाल किले की प्राचीन से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में योजना आयोग के स्थान पर एक नई संस्था की घोषणा की। 1 जनवरी, 2015 को मंत्रिमण्डल के एक प्रस्ताव के तहत एक नई संस्था (योजना आयोग के स्थान पर) जिसे 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान () कहा गया अस्तित्व में आई। आमतौर पर इसे नीति आयोग के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के अध्यक्ष होते हैं।

28. The term Unity in Diversity was coined by
'विविधता में एकता' किसके द्वारा रचा गया शब्द है।

(a) Indira Gandhi/इंदिरा गाँधी
(b) B.R. Ambedkar/बी.आर. अंबेडकर
(c) Jawahar Lal Nehru/जवाहर लाल नेहरू
(d) Mahatma Gandhi/महात्मा गाँधी

Ans. (c) : 'विविधता में एकता' शब्द भारत के पहले प्रधान मंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरू द्वारा रचा गया था। 'अनेकता में एकता' एक लोकप्रिय वाक्यांश है जिसका इस्तेमाल संस्कृतियों, भाषा, धर्मों आदि में अंतर (के बावजूद) में एकता के विचार को दर्शाने के लिए किया जाता है। पं0 नेहरू 1946 में अपनी पुस्तक ''द डिस्कवरी ऑफ इंडिया'' में इस शब्द का इस्तेमाल किया था। बी.आर. अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के लिए एक संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा द्वारा गठित मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था और गाँधी जी ने अपनी आत्मकथा ''माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ' लिखी। उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन और दांडी मार्च शुरू किया।

29. _____are beliefs when we fix people into one image.
..... वे विचार हैं जब हम लोगों को एक छवि में बाँध लेते हैं।

(a) Outgroup/बाह्यसमूह
(b) Prejudice/पूर्वाग्रह
(c) Discrimination/भेदभाव
(d) Stereotype/रूढ़िबद्ध धारणाएँ

Ans. (d) : रूढ़िबद्ध धारणाएँ वे विचार है जब हम लोगों को एक छवि में बाँध लेते हैं। रूढ़िवाद सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत व्यवहृत एक ऐसी विचारधारा है जो पारंपरिक मान्यताओं का अनुकरण तार्किकता या वैज्ञानिकता के स्थान पर केवल आस्था तथा प्रागनुभावों के आधार पर करती है। यह सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक मान्यताओं का समुच्चय है जो चिरकाल से प्रचलित मान्यताओं और व्यवस्था के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है। रूढ़िवादिता शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम वाल्टर लिपमैन ने अपनी पुस्तक पब्लिक ऑपिनियन में 1922 में एक सामान्य अर्थ में किया था। रूढ़ियुक्तियाँ पूर्वकल्पित विचार होती हैं जो विभिन्न समूह के बारे में बने रहते है।

30. What is the function of a Lekhpal in rural administrative structure?
ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था में एक लेखपाल का क्या अर्थ है?

(a) Measuring land and keeping land records/ज़मीन को नापना और उसका रिकॉर्ड रखना
(b) Making arrangements for irrigation/सिंचाई का प्रबंध करना
(c) Preparing the Gram Sabha list/ग्राम सभा की सूची तैयार करना
(d) Managing the funds of the Gram panchayat/ग्राम पंचायत के फंड (विधि) का नियंत्रण करना

Ans. (a) : ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था में एक लेखपाल जमीन को नापता है और उसका रिकॉर्ड रखता है। भूमि अभिलेखों का रखरखाव उनका कार्य है जिसमें भूमि का मूल्यांकन और अभिलेख रखना प्राथमिक कार्य है। लेखपाल एक ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी हैं जो गाँव के जमीन का रिकॉर्ड रखता है। लेखपाल राजस्व विभाग का अधिकारी होता है।

31. In the Panchayati Raj system, the work of the Gram panchayat is approved by:
पंचायती राज व्यवस्था में, ग्राम पंचायत के कार्य को स्वीकृति दी जाती है:

(a) Janpad Panchayat/जनपद पंचायत द्वारा
(b) Zila Parishad/जिला परिषद द्वारा
(c) Panchayat Samiti/पंचायत समिति द्वारा
(d) Gram Sabha/ग्राम सभा द्वारा

Ans. (d) : पंचायती राज व्यवस्था में, ग्राम सभा द्वारा ग्राम पंचायत के कार्य को स्वीकृति दी जाती है। पंचायती राज व्यवस्था सबसे पहले राजस्थान (2 अक्टूबर 1959) में लागू की गई थी इसके बाद यह प्रणाली आंध प्रदेश में लागू की गई थी।
अनुच्छेद - 243 - भारतीय संविधान के भाग –IX में पंचायती राज व्यवस्था का उल्लेख है, जिसे 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से संवैधानिक दर्जा दिया गया और इसे 11वीं अनुसूची में शामिल किया गया। पंचायती राज व्यवस्था को 24 अप्रैल 1993 को लागू किया गया। प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है।

32. Fisher persons do not engage in fishing during monsoon to ensure:
मछुआरे मॉनसून के दौरान मछलियाँ पकड़ने नहीं जाते, यह सुनिश्चित करने के लिए:

(A) fish population is not depleted, as it is their breeding season./मछलियों की संख्या/आबादी कम न हो, क्योंकि यह उनके प्रजनन का समय होता है।
(B) big trawlers can fish in this period. /बड़े जालपोत (ट्रोलर) इस अवधि/समय मछलियाँ पकड़ सकते हैं।
(C) safety of the boats. /नाव सुरक्षित रहें।

(a) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only/ केवल (B) और (C)
(c) (A) only/ केवल (A)
(d) (B) only/ केवल (B)

Ans. (c) : मछुआरे मॉनसून के दौरान मछलियाँ पकड़ने नहीं जाते मछुआरे यह सुनिश्चित करते है कि मछलियों की संख्या/आबादी कम न हो, क्योंकि यह उनके प्रजनन का समय होता है। मानसून के दौरान मछली पकड़ना प्रतिबंधित है, पहले प्रतिबंध की अवधि 41 दिन थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 61 दिन कर दिया गया है। मानसून की अवधि के दौरान मछुआरे व्यापारी से उधार लेकर जीवित रहते है। 'नीली क्रांति' क्रांति झींगा (मछली) उत्पादन से संबंधित है।

33. Many rural families have to borrow money for their survival. What is the most probable reason, when seen with reference to their nature of work and livelihood?
कई ग्रामीण परिवारों को उत्तरजीविता के लिए पैसा उधार लेना पड़ता है। इसका क्या अति संभाव्य कारण है, अगर यह उनके काम और आजीविका के स्वरूप में देखा जाये।

(a) Their consumption is high./उनकी खपत अधिक है।
(b) They are lazy and not hard working./वे आलसी हैं और परिश्रमी नहीं हैं।
(c) They have periods of no available work during a year./साल के दौरान ऐसी अवधियाँ भी आती हैं जब कोई काम उपलब्ध नहीं होता है।
(d) Their family members migrate out of the village and do not send money home./उनके परिवार के सदस्य गाँव से बाहर पलायन कर जाते हैं और घर में पैसा नहीं भेजते।

Ans. (c) : कई ग्रामीण परिवारों को उत्तरजीविता के लिए पैसा उधार लेना पड़ता है इसका अति संभाव्य कारण यह है कि साल के दौरान ऐसी अवधियाँ भी आती हैं जब कोई काम उपलब्ध नहीं होता है, यह उनके काम और आजीविका के स्वरूप में देखा जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में तीन प्रकार की बेरोजगारी का उल्लेख किया जाता है–
खुली बेरोजगारी,
मौसमी बेरोजगारी,
प्रच्छन्न बेरोजगारी

34. An area from where voters choose their MLA is called:
एक क्षेत्र जहाँ वोटर अपना विधायक चुनते हैं, कहलाता है:
(a) Municipal Corporation /नगर निगम
(b) Ward councillor /निगम पार्षद
(c) Constituency/निर्वाचन क्षेत्र
(d) Zila parishad/जिला परिषद्

Ans. (c) : एक क्षेत्र जहाँ वोटर अपना विधायक चुनते हैं, वह निर्वाचन क्षेत्र कहलाता है। भारत के 'चुनाव आयोग' का गठन 25 जनवरी 1950 को किया गया था। निर्वाचन आयोग के पहले कार्यकारी सुकुमार सेन थे, इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
आयोग का उद्देश्य निम्न पदों के चुनाव का संचालन करना है–
* अध्यक्ष
* भारत के राष्ट्रपति
* संसद
* राज्य विधानसभाएँ
* विधान परिषदें

35. With regard to the role of media, consider the following statements and choose the correct answer.
संचार माध्यम की भूमिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए:
Statement (I) : Media decides what is it that they would focus on and accordingly sets the agenda.
कथन (I) : संचार माध्यम निश्चित करते हैं कि किन बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाए और इस तरह वह एजेंडा निश्चित कर देते हैं।
Statement (II) : There is interference at times by state agencies on what is being published.
कथन (II) : संचार माध्यमों द्वारा प्रकाशित सामग्रियों में कभी राज्य एजेन्सी द्वारा दखल भी होते हैं।
(a) Only (I) is correct/केवल (I) सही है।
(b) Only (II) is correct/केवल (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are correct/(I) और (II) दोनों सही हैं।
(d) Both (I) and (II) are incorrect/(I) और (II) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : संचार माध्यम निश्चित करते हैं कि किन बातों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए और इस तरह वह एजेंडा निश्चित कर देते हैं और संचार माध्यमों द्वारा प्रकाशित सामाग्रियों में कभी राज्य एजेन्सी द्वारा दखल भी होते हैं। (I) और (II) दोनों कथन सही है।
संचार के बिना जीवन संभव नहीं है। मानव सभ्यता के विकास में संचार की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संचार दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच सूचनाओं, विचारों और भावनाओं का आदान-प्रदान है।

36. Right to livelihood has been established as a part of which particular fundamental right by the Supreme Court?
जीविका के अधिकार को उच्चतम न्यायालय द्वारा किस मौलिक अधिकार के एक अंग के रूप में स्थापित किया गया है?
(a) Right to equality of opportunity/अवसर की समानता का अधिकार
(b) Right to life/जीवन का अधिकार
(c) Right to freedom of movement/आने-जाने की स्वतंत्रता का अधिकार
(d) Right to freedom of profession/व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (b) : जीविका के अधिकार को उच्चतम न्यायालय द्वारा 'जीवन का अधिकार' मौलिक अधिकार के एक अंग के रूप में स्थापित किया गया है। मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे, लेकिन 44वें संविधान संशोधन (1978 ई0) के द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार की सूची से हटाकर इसे कानूनी अधिकार के रूप में रख दिया गया।
वर्तमान समय में 6 मौलिक अधिकार है। मौलिक अधिकार को संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है।

37. The separation of religion from state leads to:
राज्य के धर्म का पृथक्कीकरण.....की ओर ले जाता है।
(A) Preventing tyranny of majority/बहुसंख्यकों की निरंकुशलता से बचाव
(B) Preventing violation of Fundamental Rights/मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से बचाव
(C) Democratic functioning of the state/राज्य की लोकतांत्रिक कार्य-विधि
(D) Prevention of occurrence of communal riots/सामुदायिक दंगों की घटनाओं पर रोकथाम
Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(c) (C), (D) and (A)/ (C), (D) और (A)
(d) (A), (B), (C) and (D)/ (A), (B), (C) और (D)

Ans. (a) : राज्य के धर्म का पृथक्कीकरण बहुसंख्यकों की निरंकुशता से बचाव, मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से बचाव और राज्य की लोकतांत्रिक कार्य-विधि की ओर ले जाता है। भारत एक धर्मनिरपेक्षता वाला देश है। ''धर्मनिरपेक्ष'' शब्द का अर्थ है धर्म से अलग होना या जिसका कोई धार्मिक आधार नहीं है।
'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को 1976 के 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया।

38. Who among the following are key players of the criminal justice system?
निम्नलिखित में से कौन आपराधिक न्याय प्रणाली में मुख्य भूमिका निभाते हैं?
(A) Judge/न्यायाधीश
(B) Police/पुलिस
(C) Public prosecutor/सरकारी वकील
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), B and (C)/ (A), B और (C)

Ans. (d) : आपराधिक न्याय प्रणाली में न्यायधीश, पुलिस और सरकारी वकील मुख्य भूमिका निभाते है।
आपराधिक न्याय प्रणाली का तात्पर्य सरकार की उन एजेंसियों से है जो कानून लागू करने आपराधिक मामलों पर निर्णय देने और आपराधिक आचरण में सुधार करने हेतु कार्यरत हैं।
उद्देश्य –
* आपराधिक घटनाओं को रोकना।
* अपराधियों और दोषियों को दंडित करना।
* समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना।
* पीड़ितों को यथासंभव मुआवजा दिलाना।
* अपराधियों और दोषियों का पुनर्वास।

39. Which organization has filled a petition in the Supreme Court against the practice of manual scavanging?
किस संगठन ने उच्चतम न्यायालय में मैला उठाने की प्रथा के खिलाफ याचिका दायर की है?
(a) Tawa matsya sangh/तवा मत्स्य संघ
(b) Swasth Foundation/स्वस्थ फाउंडेशन
(c) Safai Karmachari Andolan/सफाई कर्मचारी आन्दोलन
(d) Arogya Seva/आरोग्य सेवा

Ans. (c) : सफाई कर्मचारी आन्दोलन संगठन ने उच्चतम न्यायालय में सिर पर मैला उठाने की प्रथा के खिलाफ याचिका दायर की है। सफाई कर्मचारी आन्दोलन ने 2003 में सिर पर मैला ढ़ोने की प्रथा के आज भी चलते रहने के विरुद्ध याचिका दायर की अपनी याचिका को उन्होंने कहा कि सिर पर मैला ढोने की प्रथा ने केवल आज चल रही, बल्कि रेलवे जैसे सरकारी उपक्रमों में भी बड़े पैमाने पर प्रचलित है।
याचिकाकर्ताओं ने अपने मौलिक अधिकारों को लागू करवाने का आग्रह किया।

40. Read the following (A) and (B) in the context of laws, and identify which law protects the interests of consumers:
कानूनों के संदर्भ में निम्नलिखित (A) तथा (B) को पढ़ें तथा पहचानिए कौन सा कानून उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करता है:
(A) Law ensuring that factories do not pollute air or water./ऐसे कानून जो निश्चित करते हैं कि फैक्ट्रियाँ हवा या पानी को प्रदूषित नहीं करेंगी।
(B) Law against child labour in workplaces. /कार्यस्थल पर बाल मजदूरी रोकने वाले कानून।
(C) Law ensuring electrical appliances meet safety standards. /विद्युत उपकरणों द्वारा सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने को सुनिश्चित करने वाले कारक।
Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) तथा (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) तथा (C)
(c) Only (A) and (C)/ (A) केवल तथा (C)
(d) Only (C)/केवल (C)

Ans. (d) : विद्युत उपकरणों द्वारा सुरक्षा मानकों के अनुरूप होने को सुनिश्चित करने वाले कारक कानून उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम भारत सरकार द्वारा 1986 ई0 में लाया गया था। इस अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ता के अधिकार एवं हितों का संरक्षण किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 24 दिसम्बर को भारत में एक विशिष्ट विषय के साथ राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

41. Teaching of Social Sciences need to adopt methods that_____
सामाजिक विज्ञान के अध्यापन को किसी ऐसी पद्धति को अपनाने की आवश्यकता है, जो:
(A) promote creative approach./रचनात्मक उपागम को प्रोत्साहित करे।
(B) promote critical perspectives. /आलोचनात्मक दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करे।
(C) enable students to draw relationships between past and present. /भूत एवं वर्तमान के बीच संबंध रेखांकित करने में विद्यार्थियों को सक्षम बनाए।
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(d) (B) and (C)/ (B) और (C)

Ans. (c) : सामाजिक विज्ञान के अध्यापन को ऐसी पद्धति को अपनाने की आवश्यकता है,जो रजनात्मक उपागम को प्रोत्साहित करें, आलोचनात्मक दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करें और भूत एवं वर्तमान के बीच संबंध रेखांकित करने में विद्यार्थियों को सक्षम बनाए। सामाजिक विज्ञान जो मानव व्यवहार और सामाजिक संबंधों से संबंधित है, जो मुख्य रूप से अनुभवजन्य दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। युवा अंकुरों को विकसित करने और खिलने की क्षमता को बढ़ावा देने में शिक्षक एक इंटरैक्टिव भूमिका निभाते हैं।

42. Consider the following Statements:
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

Statement I : It has often been observed that cultural, social and class differences generate biases and prejudices in classroom contexts.

कथन I : ऐसा प्रायः देखा गया है कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वर्ग की भिन्नताओं के कारण कक्षा में पूर्वाग्रह पैदा होती हैं।

Statement II : The teachers should confront the biases instructing students on what is 'right' and by proving the students wrong.

कथन II : विद्यार्थियों को गलत दिखा कर और 'सही' का निर्देश देकर शिक्षकों को इन पूर्वाग्रहों का सामना करना चाहिए।

(a) Both I and II are false/ I और II दोनों गलत हैं।
(b) I is false but II is true/ I गलत है परन्तु II सही है।
(c) Both I and II are true/ I और II दोनों सही हैं।
(d) I is true but II is false/ I सही है परन्तु II गलत है।

Ans. (d) : ऐसा प्रायः देखा गया है कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वर्ग की भिन्नताओं के कारण कक्षा में पूर्वाग्रह पैदा होता है यह कथन सत्य है तथा विद्यार्थियों को गलत दिखाकर और 'सही' का निर्देश देकर शिक्षकों को इन पूर्वाग्रहों का सामना करना चाहिए यह कथन गलत है।
रूढ़िवादिता शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम वाल्टर लिपमैन ने अपनी पुस्तक 'पब्लिक ओपिनियन' में 1922 में एक सामान्य अर्थ में किया था। रूढ़ियुक्तियाँ पूर्वकल्पित विचार होती हैं जो विभिन्न समूह के बारे में बने रहते है। रूढ़िवादिता का हिन्दी अर्थ है - परंपरागत बातों को बिना तर्क के मानते चले आने का सिद्धान्त।

43. As a teacher, you could make inter linkages while discussing 'human environment-settlement, Transport and communication, a theme in geography, with which of the following themes in 'Social and Political life':
एक शिक्षक के रूप में भूगोल के 'मानवीय वातावरण-बस्तियाँ-परिवहन एवं संप्रेषण' थीम पर परिचर्चा करते हुए आप निम्नलिखित 'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' के किस थीम के साथ जोड़ सकते हैं?

(A) Key elements of democratic Government/ लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्वों के साथ
(B) Rural and urban administration/ग्रामीण एवं शहरी प्रशासन के साथ
(C) Panchayati Raj/पंचायती राज के साथ
(D) Rural and urban livelihoods/ग्रामीण एवं शहरी आजीविकाओं के साथ

(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(c) (C), (D) and (A)/ (C), (D) और (A)
(d) (B) and (D)/ (B) और (D)

Ans. (d) : एक शिक्षक के रूप में भूगोल के 'मानवीय वातावरण - बस्तियाँ - परिवहन एवं संप्रेषण' थीम पर परिचर्चा करते हुए आप निम्नलिखित 'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' के साथ ग्रामीण एवं शहरी प्रशासन और ग्रामीण एवं शहरी अजीविकाओं थीम के साथ जोड़ सकते हैं। मानव भूगोल, भूगोल की प्रमुख शाखा है, जिसके अन्तर्गत मानव की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान समय तक उसके पर्यावरण के साथ सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। मानव भूगोल का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

44. While discussing the topic of reservation a teacher has to focus on the following ideas:
आरक्षण के विषय पर चर्चा के समय एक शिक्षक को निम्नलिखित विचारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।

(A) Equality/समानता
(B) Equity/समता
(C) Justice/न्याय
(D) Stereotypes/रूढ़िवादिता

option/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(d) (C) and (D)/ (C) और (D)

Ans. (a) : आरक्षण के विषय पर चर्चा के समय एक शिक्षक को 'समानता', 'समता' और 'न्याय' विचारों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। भारत में सकारात्मक विभेद इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है–
* सरकारी सेवाओं में आरक्षण देकर
* सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों में आरक्षण देकर
* केन्द्र और राज्य विधान सभाओं में सीटों का आरक्षण देकर
यह उन वंचित समूहों के सदस्यों का समर्थन करने के लिए सरकार की नीतियों के समूह को संदर्भित करता है, जिन्होंने समाज में शिक्षा, रोजगार, आवास और सम्मान के क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से भेदभाव का सामना किया है।

45. The following is an example of engaging children in activities so that they can learn through lived experiences:
निम्नलिखित एक उदाहरण है बच्चों को गतिविधियों में संलग्न रखने का ताकि वे जिये गए अनुभवों के माध्यम से सीख सकें:

(A) learning about cooperative movement by running a cooperative swap shop in school./विद्यालय में एक सहकारी अदला-बदली वाली दुकान चलाकर सहकारी आंदोलन के बारे में सीखना।
(B) learning about the sun while watching a solar eclipse from school premises./विद्यालय परिसर से सूर्य-ग्रहण देखते हुए सूर्य के बारे में सीखना।
(C) learning about post offices by reading a text./एक लेख पढ़कर डाकघर के बारे में सीखना।
(D) discussing and building upon experiences in a conflict zone after watching a documentary./ एक वृत्त-चित्र देखने के पश्चात परिचर्चा एवं युद्धक्षेत्र में अनुभवों को बनाना।

Choose the appropriate option:
उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A), (B) and (D)/ (A), (B) और (D)
(c) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(d) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)

Ans. (b) : विद्यालय में एक सहकारी अदला-बदली वाली दुकान चलाकर सहकारी आंदोलन के बारे में सीखना, विद्यालय परिसर से सूर्य-ग्रहण दिखाते हुए सूर्य के बारे में सीखना और एक वृत्त-चित्र देखने के पश्चात परिचर्चा एंव युद्धक्षेत्र में अनुभवों को बनाना यह तीनों उदाहरण बच्चों की गतिविधियों में संलग्न रखेगा ताकि वे जिये गए अनुभवों के माध्यम से सीख सके तथा एक लेख पढ़कर डाकघर के बारे में सीखना प्रत्यक्ष अनुभव नहीं है इसलिए कथन (C) गलत है तथा कथन (A), (B) और (D) सही है।
लेख के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव वह होता है, जिसे हम घटित होते हुए देखते हैं। इसके माध्यम से हम अनुभूति, संवेदना और कल्पना को सरलता से आत्मसात् कर लेते हैं।

46. In order to bring forth the previous knowledge of students regarding a particular topic, which of the following strategy is most appropriate?
विषय विशेष से संबंधित विद्यार्थियों के पूर्वज्ञान को सामने लाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति अति उपयुक्त है?

(a) Story telling/कथा वाचन
(b) Essay/निबन्ध
(c) Brainstorming/विचार-मंथन
(d) Question and answer session/प्रश्नोत्तर सत्र

Ans. (c) : विषय विशेष से संबंधित विद्यार्थियों के पूर्वज्ञान को सामने लाने के लिए, निम्नलिखित में से 'विचार-मंथन' रणनीति अति उपयुक्त है। विद्यार्थियों का पूर्व ज्ञान और समझ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सहज बनाते हैं। पूर्व ज्ञान वह सूचना है जो किसी के पास नए विचारों या अवधारणाओं को प्राप्त करने से पहले होती है। यह सूचना समय के साथ उनके सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों से एकत्र की जा सकती है।

47. Locating a place on the map is associated with:
मानचित्र पर एक स्थान को ढूँढना.....के साथ संबद्ध है।

(a) Critical enquiry/विवेचनात्मक परिप्रश्न
(b) Comprehension/बोध
(c) Analysis/विश्लेषण
(d) Skill/कौशल

Ans. (d) : मानचित्र पर एक स्थान को ढूँढ़ना 'कौशल' के साथ संबद्ध है। भौगोलिक दृष्टि से सोचना सीखने के लिए मानचित्र केन्द्रीय हैं। मानचित्र एक ऐसा है जिससे भूगोलवेत्ता स्थानों का वर्णन करते हैं। स्थानों और स्थानिक वितरणों को चित्रित करते है और जानकारी विश्लेषण करते हैं और ऐसे स्वरूपों और संबंधों को देखने की क्षमता विकसित करते हैं, इसे मूल्यांकन कौशल कहते है।
कौशल का शाब्दिक अर्थ है कुशलता, दक्षता, निपुणता अथवा कुशल होने की अवस्था अर्थात् जब कोई व्यक्ति किसी कार्य को बार-बार दोहराकर उस कार्य में दक्षता प्राप्त कर लेता है तो वह कौशल हो जाता है।

48. Which of the following would be the least meaningful learning process for an upper primary student learning about fundamental rights?
मूलभूत अधिकारों के बारे में सीखने वाले उच्च प्राथमिक विद्यार्थी के लिए निम्नलिखित में से कौन सी न्यूनतम अर्थपूर्ण अधिगम प्रक्रिया होगी?

(a) Use of illustrative examples./सचित्र उदाहरणों का प्रयोग।
(b) Encouraging different ways of looking at freedom of expression or any other right./अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अथवा कोई अन्य अधिकार को देखने के भिन्न तरीकों को प्रोत्साहित करना।
(c) Connecting new knowledge and concerns to pre-existing knowledge./नवीन ज्ञान एवं सरोकारों को पहले से मौजूद ज्ञान से जोड़ना।
(d) Promoting memorisation of all the rights and recalling them through formative assessment./सभी अधिकारों को स्मरण करने एवं उनको रचनात्मक आंकलन के माध्यम से अनुस्मरण करने को प्रोत्साहित करना।

Ans. (d) : मूलभूत अधिकारों के बारे में सीखने वाले उच्च प्राथमिक विद्यार्थी के लिए 'सभी अधिकारों को स्मरण करने एवं उनके रचनात्मक आंकलन के माध्यम से अनुसरण करने को प्रोत्साहित करना' न्यूनतम अर्थपूर्ण अधिगम प्रक्रिया होगी। सचित्र उदाहरणों का प्रयोग, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अथवा कोई अन्य अधिकार को देखने के भिन्न तरीकों को प्रोत्साहित करना और नवीन ज्ञान एवं सरोकारों को पहले से मौजूद ज्ञान से जोड़ना मूलभूत अधिकारों के बारे में सीखने वाले उच्च प्राथमिक विद्यार्थी के लिए अधिकतम अर्थपूर्ण अधिगम प्रक्रिया होगी।

49. A teacher which explaining food habits discusses case studies of Indian states with that of states of Russia. Which aspect of learning is she/he focusing upon?
एक शिक्षक भोजन संबंधी आदतों को समझाने के दौरान, भारतीय राज्यों की रूस के राज्यों के साथ केस अध्ययन (केस स्टडी) पर परिचर्चा करता है। अधिगम के कौन पहलू पर वह बल दे रहा/रही है?

(a) Ability to explain./समझाने की क्षमता
(b) Ability to memorise./स्मरण की क्षमता
(c) Ability to compare and contrast through evidences/साक्ष्यों के माध्यम से तुलना करने एवं भेद दिखलाने की क्षमता
(d) Ability to appreciate culture of foreign countries./दूसरे देशों की संस्कृति की प्रशंसा करने की क्षमता

Ans. (c) : एक शिक्षक भोजन संबंधी आदतों को समझाने के दौरान, भारतीय राज्यों की रूस के राज्यों के साथ केस अध्ययन (केस स्टडी) पर परिचर्चा करता है। वह अधिगम के साक्ष्यों के माध्यम से तुलना करने एवं भेद दिखलाने की क्षमता पर बल दे रहा/रही है। केस स्टडी का उपयोग किसी अध्ययन विषय के विभिन्न तत्वों का वर्णन करने, तुलना करने, मूल्यांकन करने और समझने के लिए किया जा सकता है। केस स्टडी को अक्सर सामाजिक, शैक्षिक, नैदानिक और व्यावसायिक अनुसंधानों में नियोजित किया जाता है।

50. A Social Science textbook shows a father involved in household work and mother going to office. This aims at :
एक सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक पिता को घर के कामों में लिप्त एवं माता को कार्यालय जाते हुए दिखाती है। इसका लक्ष्य है:

(A) strengthing gender bias/लैंगिक भेदभाव को सुदृढ़ करना
(B) eliminating gender bias/लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना
(C) encouraging gender discrimination/लैंगिक भेदभाव को प्रोत्साहित करना
(D) encouraging gender equity/लैंगिक समता को प्रोत्साहित करना

Option/सही विकल्प चुनें
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (B) and (D)/ (B) और (D)
(d) (A) and (D)/ (A) और (D)

Ans. (c) : एक सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक पिता को घर के कामों में लिप्त एवं माता को कार्यालय जाते हुए दिखाती है। इसका लक्ष्य है लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना और लैंगिक समता को प्रोत्साहित करना। इसलिए कथन (B) और (D) सही है तथा (A) और (C) कथन गलत है। लैंगिक मुद्दों और लैंगिक भेदभाव में समाजीकरण की भूमिका के बारे में छात्रों को संवदेनशील बनाने के लिए विद्यालयों को शिक्षकों से केस अध्ययन का उपयोग करने और मूर्त उदाहरण देने के लिए कहना चाहिए।

51. Students of a class, waste water in the school by keeping the taps running. Their teacher decides to tell them a story of life in a desert, to talk about water conservation.
Which pedagogic method is she using in the class?
एक कक्षा के बच्चे स्कूल में पानी के नल को चलाकर छोड़ देते हैं जिससे पानी व्यर्थ बह जाता है। उनकी शिक्षिका पानी के संरक्षण को समझाने हेतु मरुस्थल में जीवन की कहानी उन्हें सुनाती हैं।
वह किस शैक्षिक तरीके का उपयोग कर रही हैं?
(a) Narrative method/वृत्तांत उपागम
(b) Observation method/अवलोकनात्मक उपागम
(c) Problem solving method/समस्या समाधान उपागम
(d) Lecture method/व्याख्यान उपागम

Ans. (a) : एक कक्षा के बच्चे स्कूल में पानी के नल को चलाकर छोड़ देते हैं जिससे पानी व्यर्थ बह जाता है। उनकी शिक्षिका पानी संरक्षण को समझाने हेतु मरूस्थल में जीवन की कहानी उन्हें सुनाती हैं। वह 'वृत्तान्त उपागम' शैक्षिक तरीके का उपयोग कर रही हैं। वृत्तांत सामाजिक विज्ञान में एक 'व्याख्यात्मक उपागम' है और इसमें कहानी कथन विधि का उपयोग शामिल है।
यह विधि सबसे उपयुक्त है क्योंकि छात्र कहानी के माध्यम से जल के महत्व के बारे में जान सकेंगे। जो उन्हें अवधारणा को समझने में मदद करता है।

52. Which teaching 'gender' based themes, which strategy would be the most appropriate at the elementary level?
प्रारंभिक स्तर पर, 'लिंग' आधारित प्रकरण पढ़ाते समय, कौन सी रणनीति अति-उपयुक्त होगी?
(a) Give a hand out to learners to define the concepts./संकल्पनाओं को परिभाषित करने के लिए अधिगमकर्ताओं को पर्चे देना।
(b) Engage learners in debates and discussions./वाद विवाद एवं परिचर्चाओं में अधिगमकर्ताओं को लगाए रखना।
(c) Providing awareness raising material on transgender. /ट्रांसजेंडर व्यक्तियों पर चेतना बढ़ाने वाली सामग्री उपलब्ध कराना।
(d) Ask learners to read from Wikipedia and other web resources./अधिगमकर्ताओं को विकिपीडिया एवं वेब स्रोतों से पढ़ने के लिए कहना।

Ans. (b) : प्रारंभिक स्तर पर, 'लिंग' आधारित प्रकरण पढ़ाते समय 'वाद विवाद एवं परिचर्चाओं में अधिगमकर्ताओं को लगाए रखना' अति - उपयुक्त रणनीति होगी।
लिंग भेदः इसे किसी व्यक्ति के उनके लिंग के आधार पर आचरण में अंतर के रूप में संदर्भित किया जाता है। विश्व के समाज में विशेषकर भारतीय समाज लैंगिक भेदभाव में लिप्त है। किसी व्यक्ति या समूह के बारे में लैंगिक भेदभाव पूर्व-कल्पित धारणाएँ हैं।
लिंग समानता को बढ़ावा देने की रणनीतियाँ निम्न हैं–
* शिक्षा में लैंगिक अन्तर को सभी स्तरों पर समाप्त करना।
* छात्रों को बताना कि वे रूढ़िवादी विषय क्षेत्र में भी सफल हो सकते है।
* यह बताना कि दोनों लिंग में विशेष रूप से शारीरिक और मोटर कौशल विकसित करने की समान क्षमता है।
* कक्षा में लड़कों और लड़कियों को समान अवसर देना।

53. Films that represent tribals only as people wearing colourful costumes and dancing in groups, may lead to:
फिल्में जो जनजातीय लोगों को केवल रंगीन पोशाकें पहने हुए एवं समूहों में नृत्य करते हुए दिखाती हैं, के क्या परिणाम हो सकते हैं?
(a) demonstrating the cultural diversity of tribes./ जनजातियों की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन।
(b) attracting the world to the plight of the adivasis./आदिवासियों की दुर्दशा की ओर विश्व का ध्यान आकर्षित करना।
(c) promoting sale of forest products and tribal craft./वन-उत्पादों और हस्तकला की बिक्री का प्रोत्साहन।
(d) creating stereotypes of tribals./जनजातियों के प्रति रूढ़िबद्ध धारणा बनाना।

Ans. (d) : फिल्में जो जनजातीय लोगों को केवल रंगीन पोशाकें पहने हुए एवं समूहों में नृत्य करते हुए दिखाती हैं, इसका परिणाम जनजातियों के प्रति रूढ़िबद्ध बनाना हो सकता है। अगर शिक्षक छात्र रूढ़ियों को तोड़ना या चुनौती देना चाहते हैं, तो वे पुरुष भरतनाट्यम नर्तकियों का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि छात्र केवल यह सोचते हैं कि केवल महिला नर्तक होती है।

54. Why are textual records used more to understand the times of the 'Delhi Sultanate' as compared to the kingdom of 'early' history?
राज्यों के 'प्रारंभिक इतिहास' की तुलना में 'दिल्ली सल्तनत' के काल को समझने के लिए लिखित सामग्री का अधिक प्रयोग क्यों किया गया?

(A) The number of textual records increased in the 'early' historical periods./'प्रारंभिक' ऐतिहासिक कालों में लिखित सामग्री की संख्या बढ़ गई।

(B) The variety of textual records increased during 'Delhi Sultanate'. /'दिल्ली सल्तनत' के समय में लिखित सामग्री की विविधता बढ़ गई।

(C) Textual records gradually displaced other types of information available. /लिखित सामग्रियों ने क्रमशः अन्य प्रकार की उपलब्ध सूचनाओं को विस्थापित कर दिया।

(D) Paper became cheaper and widely in use to record the pasts during the Sultanate period. /सल्तनत के समय में कागज़ सस्ता होता गया और अतीत को लिपिबद्ध करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयोग में आ गया।

Options/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है
(b) Only (A) and (B) are true/केवल (A) और (B) सही हैं
(c) Only (B), (C) and (D) are true/केवल (B), (C) और (D) सही हैं
(d) Only (C) and (D) are true/केवल (C) और (D) सही हैं

Ans. (c) : राज्यों के 'प्रारंभिक इतिहास' की तुलना में 'दिल्ली सल्तनत' के काल के समझने के लिए लिखित सामग्री का अधिक प्रयोग किया गया क्योंकि 'दिल्ली सल्तनत' के समय में लिखित सामग्री की विविधता बढ़ गई, लिखित सामाग्रियों ने क्रमशः अन्य प्रकार की उपलब्ध सूचनाओं को व्यवस्थित कर दिया और 'दिल्ली सल्तनत' के समय में कागज़ सस्ता होता गया और अतीत को लिपिबद्ध करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयोग में आ गया। 1206 में 1526 तक भारत राज्य पर शासन करने वाले पाँच वंश के सुल्तानों के शासनकाल को दिल्ली सल्तनत काल कहा जाता है।

55. Arrange the steps to be followed for conducting a survey-based project, starting from the first.
प्रथम से आरंभ करते हुए, एक सर्वेक्षण आधारित प्रायोजना को करने के लिए अनुसरण किए जाने वाले चरणों को व्यवस्थित कीजिए।

(a) Interviews, Recording, Planning, Presenting/ साक्षात्कार, रिकार्डिंग, नियोजन, प्रस्तुत करना
(b) Presenting, Planning, Recording, Interviewing/ प्रस्तुत करना, नियोजन, रिकार्डिंग, साक्षात्कार करना
(c) Planning, Interviewing, Recording, Presenting/ नियोजन, साक्षात्कार करना, रिकार्डिंग, प्रस्तुत करना
(d) Planning, Recording, Interviewing, Presenting/ नियोजन, रिकार्डिंग, साक्षात्कार करना, प्रस्तुत करना

Ans. (c) : प्रथम से आरंभ करते हुए, एक सर्वेक्षण आधारित प्रयोजन को करने के लिए अनुसरण किए जाने वाले चरणों को इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है–
नियोजन, साक्षात्कार करना, रिकॉर्डिंग और प्रस्तुत करना।

56. 'What is biosphere'? This question seeks to find the ability of a student to_____.
'जीवमंडल क्या है?' यह प्रश्न विद्यार्थी की.....की क्षमता का पता लगाने के लिए है।

(a) Recall/स्मरण करने
(b) Apply/अनुप्रयोग करने
(c) Evaluate/आंकलन करने
(d) Analyse/विश्लेषण करने

Ans. (a) : जीवमण्डल क्या है? यह प्रश्न विद्यार्थी की 'स्मरण करने' की क्षमता का पता लगाने के लिए है। पृथ्वी का वह समस्त भाग जहाँ जीवन विद्यमान है, उसे जैवमण्डल कहते हैं। छोटे से छोटे जीवाणु से लेकर बड़े से बड़ा जीव सभी जैवमण्डल में शामिल है। हमारी पृथ्वी ही एकमात्र ही ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन विद्यमान है। हमारी यादें हमारे व्यक्तित्व का एक प्रमुख अंग है। हम क्या याद रखते है और क्या भूल जाते है यह सब बहुत सी वस्तुओं पर निर्भर करता है। भाषा, दृष्टि, श्रवण, प्रत्यक्षीकरण, अधिगम तथा ध्यान की तरह स्मृति (मेमोरी) भी मस्तिष्क की एक प्रमुख बौद्धिक क्षमता है।

57. Which of the following will help teachers identify the conceptual problems while teaching a unit plan?
निम्नलिखित में से इकाई योजना के शिक्षण के समय संकल्पनात्मक समस्याओं को पहचानने में शिक्षक की सहायता करेगा?

(a) Peer assessment/सहपाठी आकलन
(b) Formative assessment/रचनात्मक आकलन
(c) Summative assessment/योगात्मक आकलन
(d) Self assessment/स्वः आकलन

Ans. (b) : 'रचनात्मक आकलन' इकाई योजना के शिक्षण के साथ संकल्पनात्मक समस्याओं को पहचानने में शिक्षक की सहायता करेगा। रचनात्मक आकलन छात्रों की प्राप्ति में सुधार के लिए शिक्षण और अधिगम की गतिविधियों को संशोधित करने के लिए अधिगम की प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा नियोजित औपचारिक और अनौपचारिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की एक शृंखला है।

रचनात्मक आकलन की विशेषता –
* यह निदानात्मक और उपचारात्मक है।
* यह प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए प्रावधान सुनिश्चित करता है।
* यह छात्रों को उनके अधिगम में सक्रिय भागीदारी के लिए एक आधार प्रदान करता है।
* यह जो पढ़ाया जाता है उसे अभिकल्पित करने में छात्रों के पूर्वज्ञान और अनुभव का गठन करता है।

स्वः आकलन → स्वः- आकलन से तात्पर्य किसी व्यक्ति द्वारा अपने स्वयं के क्रिया-कलाओं मनोवृत्तियों एवं निष्पादन/प्रदर्शन के आकलन या मूल्यांकन से है।

सहपाठी आकलन → एक संगठित सीखने की प्रक्रिया है जिसमें छात्र एक-दूसरे के काम की समीक्षा करते है।

58. At the end of the unit on diversity and discrimination the learning outcomes of three students are as given below:
विविधता एवं भेदभाव पर इकाई के अंत में तीन विद्यार्थियों के अधिगम-प्रतिफल नीचे दिए गए हैं:

Student (A) : **Is able to explain how inter-dependence leads to social well being if biases are restrained.**
विद्यार्थी (A) : **इसकी व्याख्या करने में सक्षम है कि कैसे अंतर्निर्भरता सामाजिक कल्याण की ओर ले जाती है अगर भेदभावों को रोक दिया जाए।**
Student (B): **Is able to defined prejudice and stereotyping.**
विद्यार्थी (B): **पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता की व्याख्या करने में सक्षम है।**
Student (C) : **Is able to distinguish between diversity and inequality.**
विद्यार्थी (C) : **विविधता एवं असमानता के बीच में भेद करने में सक्षम है।**

Arrange the students according to their competency level, starting from minimum.
न्यूनतम से आरंभ करते हुए विद्यार्थियों को उनकी सक्षमता के स्तर के अनुसार व्यवस्थित करें। सही विकल्प चुनें।

(a) (C), (B), (A) (b) (B), (C), (A)
(c) (A), (B), (C) (d) (C), (A), (B)

Ans. (b) : न्यूनतम से आरंभ करते हुए विद्यार्थियों को उनकी क्षमता के अनुसार इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है–
(1) पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता की व्याख्या करने में सक्षम है।
(2) विविधता एवं असमानता के बीच में भेद करने में सक्षम है।
(3) इसकी व्याख्या करने में सक्षम है कि कैसे अंतर्निर्भरता सामाजिक कल्याण की ओर ले जाती है अगर भेदभाव को रोक दिया जाए।
अतः विकल्प (b) सही है।

59. Which of the following questions provide scope for critical thinking?
निम्नलिखित प्रश्नों में कौन सा प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन के अवसर प्रदान करता है?

(a) Explain the question hour in Indian parliament./भारतीय संसद में प्रश्न काल की व्याख्या कीजिए।
(b) Describe the role of the lekhpal./लेखपाल की भूमिका का वर्णन कीजिए।
(c) If you were a ward councillor, which two issues would you prioritise? /अगर आप एक निगम पार्षद होते तो कौन से दो मामलों को आप वरीयता देते?
(d) Who is the head of a state government?/राज्य सरकार का प्रमुख कौन होता है?

Ans. (c) : अगर आप एक निगम पार्षद होते तो कौन-से दो मामलों को आप वरीयता देते? यह प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन के अवसर प्रदान करता है। आलोचनात्मक चिन्तन एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति को निर्णय लेने के लिए विमर्शी, तार्किक और विवेकशील चिन्तन का उपयोग करने के लिए चुनौती देती है।

60. To identify the misconceptions around rotation and revolution, a teacher gives a test. What kind of assessment could this be?
घूर्णन और परिक्रमा से संबंधित अवधारणाओं पहचानने के लिए, शिक्षक एक परीक्षा देता है। यह किस प्रकार का आंकलन हो सकता है?

(A) Summative assessment/योगात्मक आकलन
(B) Diagnostic assessment/नैदानिक आकलन
(C) Self assessment/स्वः आकलन
(D) Assessment for learning/अधिगम के लिए आकलन

Options/विकल्प
(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (C) and (D)/ (C) और (D)
(d) (B) and (D)/ (B) और (D)

Ans. (d) : घूर्णन और परिक्रमा से संबंधित अवधारणाओं को पहचानने के लिए शिक्षक एक परीक्षा देता है। यह नैदानिक आकलन और अधिगम के लिए आकलन हो सकता है।
नैदानिक आंकलन - उस परीक्षण को संदर्भित करता है जो शिक्षकों को अधिगम की कठिनाइयों या शिक्षार्थी की समझ में अंतराल को जानने और शिक्षार्थी की क्षमताओं, कमजोरियों, कौशलों आदि की पहचान करने में मदद करता है।
* अधिगम के लिए आकलन को वृत्ताकार रूप में और अधिगम की प्रक्रिया के भाग रूप में देखा जाता है जिसमें शिक्षार्थी अपनी प्रगति का मूल्यांकन करने में केन्द्रीय भूमिका निभाते है।

HINDI

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

एक बात जो भारत वर्ष में सभी बुराइयों की जड़ में है, वह है गरीबों की अवस्था। मान लो तुमने प्रत्येक गाँव में एक निःशुल्क पाठशाला खोल दी पर तो भी उससे कोई लाभ न होगा, क्योंकि गरीब लड़के पाठशाला में आने की अपेक्षा अपने पिता की सहायता करने खेतों में जाना या जीविका के लिए और कोई धंधा करना अधिक पसंद करेंगे। यदि गरीब बालक शिक्षा लेने नहीं आ सकता तो शिक्षा को ही उसके पास पहुँचना चाहिए। हमारे देश में सहस्त्रों निष्ठावान, स्वार्थ-त्याग संन्यासी हैं, जो एक ग्राम से दूसरे ग्राम में धर्मोपदेश करते हैं। यदि उनमें से कुछ को भौतिक विषयों के भी शिक्षक के रूप में संगठित किया जा सके, तो वे एक स्थान से दूसरे स्थान को, एक दरवाजे से दूसरे दरवाज़े को न केवल धर्मोपदेश करते हुए वरन् शिक्षा-कार्य भी करते हुए जाएँगे। जनसमूह में शिक्षा का प्रसार करना आवश्यक है।

1. गद्यांश में भारत की बुराई का कारण बताया है.....।
(a) भ्रष्टाचार की स्थिति (b) गरीबों का होना
(c) गरीबों की हालत (d) शिक्षित लोग

Ans. (c) : गद्यांश में भारत की बुराई का कारण 'गरीबों की हालत' है।

2. अगर बच्चे शिक्षा तक नहीं पहुँच सकते तो.....।
(a) तुम्हें घर पर पढ़ाना चाहिए
(b) उन्हें छोड़ देना चाहिए
(c) बच्चों को विशेष केंद्र भेजना चाहिए
(d) स्वयं शिक्षा को बच्चों तक पहुँचना चाहिए

Ans. (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार अगर बच्चे शिक्षा तक नहीं पहुँच सकते तो हमें स्वयं शिक्षा को बच्चों तक पहुँचाना चाहिए।

3. संन्यासियों को कौन-सा ज्ञान देने की बात की गई है?

(a) आधुनिक विज्ञान का ज्ञान
(b) भौतिक विषयों का ज्ञान
(c) भौतिक शास्त्रों का ज्ञान
(d) अलौकिक विषयों का ज्ञान

Ans. (b) : गद्यांश के अनुसार संन्यासियों को 'भौतिक विषयों का ज्ञान' देने की बात की गई है।

4. गद्यांश के अनुसार समुदाय के व्यक्तियों को स्वयं लोगों के पास पहुँचकर उन्हें शिक्षित करने का कार्य.....।

(a) सोच-समझकर करना चाहिए
(b) करने का शुल्क लेना चाहिए
(c) नहीं करना चाहिए
(d) करना चाहिए

Ans. (d) : गद्यांश के अनुसार समुदाय के व्यक्तियों को स्वयं लोगों के पास पहुँचकर उन्हें शिक्षित करने का कार्य 'करना चाहिए'।

5. बच्चे शिक्षा की बजाय अपने पिता की सहायता के लिए जाना क्यों पसंद करेंगे?

(a) अपने आनंद के लिए (b) जीविकोपार्जन के लिए
(c) बुनियादी मदद के लिए (d) पढ़ाई से बचने के लिए

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार बच्चे जीविकोपार्जन के लिए शिक्षा की बजाय अपने पिता की सहायता के लिए जाना पसंद करेंगें।

6. संन्यासियों के किन गुणों की चर्चा की गई है?

(a) निष्ठावान एवं निस्वार्थ भाव वाले
(b) निष्ठावान एवं भौतिक विषय जानने वाले
(c) भौतिक विषय एवं धर्मोपदेश देने वाले
(d) निष्ठावान एवं निरूद्देश्य यायावरी प्रवृत्ति वाले

Ans. (a) : गद्यांश में संन्यासियों के 'निष्ठावान एवं निस्वार्थ भाव वाले' गुणों की चर्चा की गई है।

7. 'संन्यासी' का विग्रह है-

(a) सन् + न्यासी (b) सं + न्यासी
(c) सम् + न्यासी (d) सन्य + आसी

Ans. (a) : सन्यासी का विग्रह होगा–
सम् + न्यासी होगा।

8. 'धर्मोपदेश' का संधि-विच्छेद है-

(a) धर्मो + पदेश (b) धर्मो + उपदेश
(c) धर्मोप + देश (d) धर्म + उपदेश

Ans. (d) : धर्मोपदेश का संधि-विच्छेद होगा।
धर्म + उपदेश
यह गुण संधि का उदाहरण है।

9. 'प्रति + एक' की संधि होगी-

(a) प्रतिएक (b) प्रत्येक
(c) प्रतिक (d) प्रतीक

Ans. (b) : प्रति + एक की संधि होगी–
प्रत्येक यह यण संधि का उदाहरण है।

नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

तन से, मन से, वचन से, करो सदा सत्कर्म।
सब धर्मों का सार है, यही है मानव-धर्म।।
कपट, क्रोध, छल, लोभ से रहित प्रेम-व्यवहार।
सबसे मिल-जुलकर रहो, सकल विश्व-परिवार।।
कर्म वही जिनसे मिले, सदा जगत में मान।
जिनकी सब निंदा करें, उन्हें त्याज्य ही जान।।

10. मानव का धर्म है-

(a) सब धर्मों का पालन करना
(b) अच्छे कार्य करना
(c) केवल सच बोलना
(d) केवल सेवा करना

Ans. (b) : पद्यांश के अनुसार मानव का धर्म 'अच्छे कार्य करना' है।

11. प्रेम भरे व्यवहार में क्या होना चाहिए?

(a) उपहार भेंट करना (b) प्रेम का लोभ
(c) क्रोध से मुक्ति (d) निष्कपटता

Ans. (d) : प्रेम भरे व्यवहार में निष्कपटता' होना चाहिए।

12. कविता में किन्हें त्यागने की बात की है?

(a) जो सबकी निंदा करते हैं।
(b) जिनकी सब बुराई करते हैं।
(c) जो सबको मान देते हैं।
(d) जिनकी सब प्रशंसा करते हैं।

Ans. (b) : कविता में जिनकी सब बुराई करते हैं, उन्हें त्यागने की बात की है।

13. 'सकल विश्व-परिवार' में..... का भाव निहित है।

(a) पूरा विश्व समान है
(b) पूरा विश्व एकल परिवार है
(c) सभी परिवार की तरह मिल-जुलकर रहें
(d) सभी परिवार की माँगों को पूरा करें

Ans. (c) : 'सकल विश्व-परिवार' में 'सभी परिवार की तरह मिल-जुलकर रहें' का भाव निहित है।

14. किन कार्यों को करने से मान-सम्मान मिलता है?

(a) बड़े कार्य करने से (b) सत्कर्म करने से
(c) आविष्कार करने से (d) रोगियों की सेवा में

Ans. (b) : पद्यांश के अनुसार सत्कर्म करने से मान-सम्मान मिलता है।

15. 'जगत' शब्द है-

(a) शब्द-युग्म (b) विशेषण शब्द
(c) समानार्थी शब्द (d) अनेकार्थी शब्द

Ans. (a) : 'जगत' अनेकार्थी शब्द है– जगत के अनेकार्थी शब्द हैं– संसार, कुएँ का चबूतरा।

16. बच्चे सामाजिक अन्तःक्रिया के माध्यम से भाषा अर्जित करते हैं। इस विचार का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया है?

(a) पियाजे (b) वाइगोत्स्की
(c) चॉम्स्की (d) स्किनर

Ans. (b) : बच्चे सामाजिक अन्तःक्रिया के माध्यम से भाषा अर्जित करते हैं। इस विचार का प्रतिपादन वाइगोत्स्की द्वारा किया गया है।

17. एक सात माह की बालिका व्यंजन और स्वरों का प्रयोग करते हुए आवाज़ें निकालती है। उसके सम्प्रेषण को क्या कहा जाएगा?

(a) भाषिक वाक् (b) कूजन (कूयिंग)
(c) स्वनिम (d) बबलाना

Ans. (d) : एक सात माह की बालिका व्यंजन और स्वरों का प्रयोग करते हुए आवाजें निकालती है। उसके सम्प्रेषण को बबलाना कहा जाएगा।

18. निम्नलिखित में से किसे सुनियोजित बातचीत कहा जाएगा?

(a) संरचित (b) अल्प
(c) दीर्घ (d) यादृच्छिक

Ans. (a) : संरचित को सुनियोजित बातचीत कहा जाएगा। जो कुछ भी एक संगठित, जानबूझकर तरीके से एक साथ रखा गया है। उसे संरचित के रूप में वर्णित किया जा सकता है।

19. विद्यार्थी पाठ्यसामग्री के भिन्न-भिन्न भागों को सुनते या पढ़ते हैं, उसके पश्चात् कार्य पूरा करने के लिए दूसरों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करते हैं, इसे क्या कहते हैं?

(a) प्रवाह में बोला गया श्रुतलेख
(b) संयुक्त श्रुतलेख
(c) जिगसॉ श्रुतलेख
(d) आंशिक श्रुतलेख

Ans. (c) : विद्यार्थी पाठ्यसामाग्री के भिन्न-भिन्न भागों को सुनते या पढ़ते हैं। उसके पश्चात् कार्य पूरा करने के लिए दूसरों के साथ सूचना का आदान-प्रदान करते हैं, इसे जिगसाँ श्रुतलेख कहते है।

20. एक भाषा अध्यापक के संज्ञान में यह बात आई कि कक्षा सात के विद्यार्थी को कहानी को पुनः कहने में कठिनाई आ रही है। उसके कथन में प्रवाह नहीं है और कक्षा में जिन शब्दों पर चर्चा की गई थी, वह उन शब्दों को भी समझ नहीं पा रहा है। भाषा संबंधी इस विकार को क्या कहते हैं?

(a) डिस्फ़ेजिया (b) डिस्ग्राफ़िया
(c) डिस्प्रेक्सिया (d) डिस्कैलकुलिया

Ans. (a) : एक भाषा अध्यापक के संज्ञान में यह बात आई कि कक्षा सात के विद्यार्थी को कहानी को पुनः कहने में कठिनाई आ रही है। उसके कथन में प्रवाह नहीं है और कक्षा में जिन शब्दों की चर्चा की गई थी। वह उन शब्दों को भी समझ नहीं पा रहा है। भाषा संबंधी इस विकार को डिस्प्रेक्सिया कहते है।

21. एक अध्यापिका प्रत्येक सत्र के अंत में अपने विद्यार्थियों का भाषा कौशलों का परीक्षण करती हैं। इससे उसे किस तरह की सहायता मिलेगी?

(a) विद्यार्थियों की भाषिक निपुणता का आकलन करने में।
(b) भाषा सीखने के प्रति उनकी अभिरुचि का मापन करने में।
(c) उन्हें अंक देने में।
(d) पाठ्यचर्या के उद्देश्य निर्धारित करने में।

Ans. (a) : एक अध्यापिका प्रत्येकक सत्र के अंत में अपने विद्यार्थियों का भाषा कौशलों का परीक्षण करती है। इससे उसे विद्यार्थियों की भाषिक निपुणता का आकलन करने में सहायता मिलेगी।

22. भाषा की कक्षा में आकलन किया जाना चाहिए.....।

(a) यह जानने के लिए कि विद्यार्थियों ने पाठ से संबंधित प्रश्नों के उत्तर याद किए हैं या नहीं।
(b) शिक्षण-अधिगम-प्रक्रिया के दौरान किया जाना चाहिए।
(c) यह जानने के लिए कि अध्यापक पढ़ाने में कितना निपुण है।
(d) पाठ पूरा होने के पश्चात् किया जाना चाहिए।

Ans. (d) : भाषा की कक्षा में आकलन शिक्षण-अधिगम-प्रक्रिया के दौरान किया जाना चाहिए।

23. कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन के बारे में कौन-सा कथन सही है?

(a) कोड मिश्रण वह है जब कोई एक ही वार्तालाप में दो या अधिक भाषाओं का विकल्प के रूप में इस्तेमाल करती है जबकि कोड परिवर्तन वह है जब कोई एक भाषा से कोई एक शब्द या वाक्यांश बोलती है और दूसरा शब्द या वाक्यांश दूसरी भाषा से बोलती है।
(b) कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं।
(c) कोड मिश्रण वह है जब कोई एक ही वार्तालाप में एक भाषा से कोई एक शब्द या वाक्यांश तथा दूसरा शब्द या वाक्यांश दूसरी भाषा से बोलती है जबकि कोई परिवर्तन वह है जब कोई दो या अधिक भाषाओं का विकल्प के रूप में इस्तेमाल करती है।
(d) कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन सिर्फ़ एक भाषा बोलने वालों द्वारा प्रयुक्त किया जाता है।

Ans. (c) : 'कोड मिश्रण वह है जब कोई एक ही वार्तालाप में दो या अधिक भाषाओं का विकल्प के रूप में इस्तेमाल करती है जबकि कोड परिवर्तन वह जब कोई एक भाषा से कोई एक शब्द या वाक्यांश बोलती है और दूसरा शब्द या वाक्यांश दूसरी भाषा में बोलती है।'' यह कथन कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन के बारे में सही है।

24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पठन और लेखन कौशल के मध्य संबंध को दर्शाता है?

(a) एक बच्ची जो लिख नहीं सकती, वह पढ़ भी नहीं सकती।
(b) पठन और लेखन कौशल एकीकृत/समावेशित हैं।
(c) पठन और लेखन पृथक-पृथक सिखाना चाहिए।
(d) यदि कोई बालक इनमें से किसी एक कौशल में अच्छा है तो निश्चित रूप से वह दूसरे में भी अच्छा होगा।

Ans. (b) : पठन एवं लेखन कौशल एकीकृत/समावेशित है यह कथन पठन और लेखन कौशल के मध्य संबंध को दर्शाता है।

25. एक अध्यापक विद्यार्थियों को रेखांकित शब्दों के स्थान पर सही विकल्प देने के लिए कहती है। वह किस कौशल का आकलन नहीं कर रही है?

(a) श्रवण (ध्यान से) (b) लेखन
(c) पठन (d) सुनना

Ans. (b) : एक अध्यापिका विद्यार्थियों को रेखांकित शब्दों के स्थान पर सही विकल्प देने के लिए कहती है। वह लेखन कौशल का आकलन नहीं कर रही है।

26. प्रक्रिया आधारित लेखन उपागम के चरण कौन-से हैं?

(a) लेखनपूर्व-प्रारूपण-संशोधन-संपादन-प्रकाशन
(b) लेखनपूर्व-संशोधन-संपादन-लेखन-प्रकाशन
(c) लेखनपूर्व-संपादन-संशोधन-लेखन-प्रकाशन
(d) लेखन-संशोधन-लेखनपूर्व-संपादन-प्रकाशन

Ans. (a) : प्रक्रिया आधारित लेखन उपागम के चार चरण निम्न है–
लेखनपूर्व → प्रारूपण → संशोधन → संपादन → प्रकाशन

27. विशिष्ट तथ्यों को जानने के लिए किया गया पठन क्या कहलाता है?

(a) बारीकी से पठन (b) सरसरी तौर पर पठन
(c) डिकोडिंग (d) विस्तृत पठन

Ans. (a) : विशिष्ट तथ्यों को जानने के लिए किया गया पठन बारीकी से पठन कहलाता है।

28. कक्षा में सामाजिक भाषा को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए?

(a) विद्यार्थियों को बाल दिवस की रिपोर्ट लिखने के लिए कहें।
(b) विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ अन्तःक्रिया करने के अवसर दें।
(c) विद्यार्थियों को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए एक निमन्त्रण पत्र बनाने के लिए कहें।
(d) विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का सारांशीकरण करने के लिए कहें।

Ans. (b) : कक्षा में सामाजिक भाषा को समुन्नत करने के लिए अध्यापक को चाहिए विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ अन्तःक्रिया करने का अवसर दें।

29. अध्यापिका ने शिक्षार्थियों को कक्षापुस्तकालय से कहानी की पुस्तक चुनने और व्यक्तिगत रूप से पढ़ने के लिए कहा। वह किस तरह के पठन को समुन्नत करना चाहती हैं?

(a) तीव्र पठन (b) विस्तृत पठन
(c) समालोचनात्मक पठन (d) सहभागी पठन

Ans. (b) : अध्यापिका ने शिक्षार्थियों को कक्षा पुस्तकालय से कहानी की पुस्तक चुनने और व्यक्तिगत रूप से पढ़ने के लिए कहा वह विस्तृत पठन को सुमन्नत करना चाहती है।

30. कक्षा छह की अध्यापिका अपनी कक्षा में बच्चों की वर्तनी और विराम-चिह्न विधान में सुधार लाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करवाती हैं। इससे विद्यार्थियों को किस तरह की मदद मिलेगी?

(a) प्रवाह का संवर्द्धन होगा।
(b) श्रवण कौशलों का संवर्द्धन होगा।
(c) सटीकता में सुधार होगा।
(d) शब्द-संपदा में सुधार होगा।

Ans. (c) : कक्षा छह की अध्यापिका अपनी कक्षा में बच्चों की वर्तनी एवं विराम चिह्न विधान में सुधार लाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करवाती है। इससे विद्यार्थियों को सटीकता में सुधार होगा।

SANSKRIT

अधोलिखतं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत-

राजा तारापीडः चन्द्रापीडसंज्ञकस्य आत्मजस्य यौवराज्य-अभिषेकार्थं सामग्रीसमुदायानां संघटनाय सेवकान् आज्ञापयामास। एकदा दर्शनार्थम् समुपस्थितम् यौवराज्यार्थं सद्यसम्भावयिताभिषेकम्, विनीतमपि चन्द्रापीडम् विनीततरम् चिकीर्षन् शुकनासः विस्तरेण वक्तुमुपचक्रमे। वत्स! सर्वज्ञस्य ते किमपि वक्तव्यं नास्ति। किन्तु प्रकृत्यैव बहुलतमः यौवनान्धकारः सूर्यस्य रश्मिभिः, मणीनां तेजोभिः, दीपानां प्रकाशेन-अपि च दूरीकर्तुम् अशक्य एव। अन्येषां मदानां कालान्तरे स्वयमेव उपशमो भवति, धनोन्मादस्य तु जीवनपर्यन्तमपि नोपशमः। 'तिमिर' संज्ञको असाध्यो नेत्ररोगः अञ्जन-आदिना चिकित्स्यः ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वन्तु अञ्जन-शलाकादिभिरपि अचिकित्स्यमेव। अन्यविधोष्मा सामान्य-उपचारैर् हार्य, दर्पोष्मा तु स्रक्चन्दनादिभिः शीतोपचारैर् अपि-अहार्य एव।

विषजन्या मूर्च्छा मन्त्र-औषधिविशेषैः शमयितुमलम्, किन्तु विषयविषास्वादमोहः पूर्वोक्तैः अन्यैरपि च साधन-विशेषैः शमनपथं नावतरति। सामान्य-पङ्क-लेपनं स्नानादिभिः प्रक्षालनीयम् भवति किन्तु प्रबलः अनुराग-पङ्क-अवलेपः पानीयप्रभृतिभिर् अपि अप्रक्षालनीय एव। अन्यविधा निद्रा निशाअवसाने समापनीया भवति किन्तु साम्राज्यसुखसमूह स्वापे नैव कथमपि समाप्यते, इत्यतः विस्तरेण अभिधीयसे मया। गर्भेश्वरत्वम्, अभिनवयौवनत्वम्, अप्रतिम- रूपत्वम्, अमानुष शक्तित्वम् इति इयम् खलु महती अनर्थपरम्परा। यौवनारम्भे च प्रायः शास्त्र-जल-प्रक्षालन-निर्मला-अपि बुद्धि कालुष्यम् उपयाति। भवादृशाः जनाः एव उपदेशानां भाजनानि भवन्ति। अपगतमले हि मनसि स्फटिकमणाविव रजनीकर-गभस्तयो विशन्ति सुखेन उपदेशगुणाः।

1. जीवनपर्यन्तमपि कस्योन्मादस्य नोपशमः?

(a) यौवनोन्मादस्य (b) धनोन्मादस्य
(c) विद्योन्मादस्य (d) मित्रोन्मादस्य

Ans. (b) : जीवनपर्यन्तमपि धनोन्मादस्य नोपशमः भवति। प्रश्नानुसार जीवन पर्यन्त ''धनोन्माद'' का उपशम (शान्ति) नहीं होता है। प्रस्तुत कथानक कादम्बरी ग्रन्थ के शुकनासो पदेश से साम्य रहता है। यहाँ लेखक धनोन्माद का वर्णन करता है।

2. स्रक्चन्दनादिभिः शीतोपचारैर् अपि अहार्या का?

(a) सुखोष्मा (b) दुःखोष्मा
(c) हर्षोष्मा (d) दर्पोष्मा

Ans. (d) : स्रक् चन्दनादिभिः शीतोपचारैः अपि ''दर्पोष्मा'' अहार्या भवति। अर्थात् माला, चन्दन, आदि से और शीतल उपचारों से भी दर्पोष्मा (घमण्ड की ऊष्मा) हरण अर्थात् दूर करने योग्य नहीं होती है।

3. पानीय प्रभृतिभिर् अपि अप्रक्षालनीयः कः?

(a) अनुराग-पङ्क-अवलेपः (b) विषयविषास्वादमोहः
(c) ऐश्वर्यतिमिरान्धत्वम् (d) यौवनान्धकारः

Ans. (a) : पानीय प्रभृतिभिः अपि ''अनुराग -पङ्क - अवलेपः'' अप्रक्षालनीयः भवति। अर्थात् पानी आदि के द्वारा भी ''अनुराग रूपी कीचड़'' प्रक्षालन के योग्य नहीं होता है। युवावस्था में उत्पन्न हुआ राग रूपी पङ्क का अवलेप दूर करने योग्य नहीं होता।

4. शास्त्र-जल-प्रक्षालन-निर्मला-अपि बुद्धि कदा कालुष्यम् उपयाति-

(a) वृद्धत्वे सति (b) यौवनारम्भे
(c) गृहस्थाश्रमे (d) बाल्यकाले

Ans. (b) : शास्त्र-जल-प्रक्षालन-निर्मला अपि बुद्धिः ''यौवनारम्भे'' कालुष्यं उपयाति। अर्थात् शास्त्र रूपी जल के प्रक्षालन से निर्मल हुयी बुद्धि भी युवावस्था के आरम्भ में कालुष्य को प्राप्त हो जाती है।

5. अधोऽङ्कितेषु कस्य गणना महती अनर्थपरम्परासु न कृता?

(a) अप्रतिम-रूपस्य (b) अभिनवयौवनस्य
(c) अमानुषशक्तेः (d) अप्रतिम-विद्वत्तायाः

Ans. (d) : गद्यानुसारं ''अप्रतिम-विद्वत्तायाः'' गणना महती अनर्थ परम्परासु न कृता। गद्यानुसार ''अप्रतिम-विद्वत्तायाः'' अनुपम विद्वता का वर्णन महती अनर्थ परम्परा में नहीं है। अनर्थ परम्परा में अभिनव रूप, अभिनव यौवन, अमानुषशक्ति, आदि की गणना होती है।

6. ''अप्रतिमरूपत्वम्'' इत्यत्र 'अप्रतिम' शब्दस्य कोऽर्थः?

(a) सौन्दर्यः (b) अनुपमः
(c) सीमितः (d) लघुः

Ans. (b) : 'अप्रतिमरूपत्वम्' इत्यत्र अप्रतिम शब्दस्य अर्थः अनुपमः भवति। ''अप्रतिम रूपत्वम्'' यहाँ अप्रतिमशब्द का अर्थ अनुपम है।

सौन्दर्य – रूप सम्पन्न
सीमितः – सीमा में रहना
लघु – थोड़ा

7. ''इत्यतः विस्तरेण अभिधीयसे मया'' इति कः कथयति?

(a) चन्द्रापीडः (b) तारापीडः
(c) शुकनासः (d) महाश्वेता

Ans. (c) : 'इत्यतः विस्तरेण अभिधीयसे मया'' इति वचनं शुकनाशः कथयति। गद्यानुसार ''इत्यतः विस्तरेण अभिधीयसे मया'' इस वचन को शुकनास कहता है। शुकनास तारापीड़ का मन्त्री है। वह चन्द्रापीड़ के राज्याभिषेक के अवसर पर उसे उपदेश देता है। जिसे शुकनाशोपदेश कहा जाता है।

8. उपदेशगुणाः सुखेन मनसि कदा विशन्ति?

(a) ध्यानावस्थायाम् (b) अपगतमले मनसि
(c) अध्ययनगते मनसि (d) प्रसन्ने मनसि

Ans. (b) : उपदेशगुणाः सुखेन ''अपगतमले मनसि'' विशन्ति। अर्थात् उपदेश के गुण सूखपूर्वक ''निर्मल मन में'' प्रवेश कर जाते हैं। मन्त्री शुकनास चन्द्रापीड़ को उपदेश देते हुए कहते है कि मलरहित मन में उपदेश के गुण उसी प्रकार प्रवेश कर जाते हैं। जैसे स्वच्छ मणि में चन्द्रमा की किरणे।

अधोलिखतं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत-

अनन्तरं ते सर्वे जालनिबद्धा बभूवुः, ततो यस्य वचनात् तत्रावलम्बितास्तं सर्वे तिरस्कुर्वन्ति स्म। अतः एव उक्तम्-गणस्य अग्रतो न गच्छेत् कार्ये सिद्धे सति फलं सर्वे समं प्राप्नुवन्ति। यदि कार्ये विघ्नं भवति, तत्र मुखरः हन्यते। तस्य तिरस्कारं श्रुत्वा चित्रग्रीव उवाच-नायमस्य दोषः हितकारी अपि आपन्तीनाम् आपदां हेतुताम् आयाति। वनेषु वत्सस्य बन्धने मातृजङ्घा हि स्तम्भी भवति। विपत्काले विस्मय एव कापुरुष लक्षणम्, तदत्र धैर्यमवलम्ब्य प्रतिकारश्चिन्त्यताम्। इदानीमेवं क्रियताम्, सर्वैरेकचित्तीभूय जालमादाय उड्डीयताम्। ते सर्वे पक्षिणः जालमादाय उत्पतिताः, अनन्तरं स व्याधः सुदूराज्जालापहारकांस्तान् अवलोक्य पश्चाद्धावितोऽचिन्तयत् -एते विहङ्गमाः संहतास्तु मम जालं हरन्ति। यदा तु विवदिष्यन्ति तदा मे वशमेष्यन्ति। अनन्तरं ते पक्षिणः सुदूरं गताः। ततस्तेषु चक्षुविषयमतिक्रान्तेषु पक्षिषु स व्याधो निवृत्तः। अथ लुब्धकं निवृत्तं दृष्ट्वा कपोता ऊचुः- स्वामिन्! किमिदानीं कर्तुमुचितम्? चित्रग्रीव उवाच ''मे मित्रं हिरण्यको नाम मूषिकराजो गण्डकीतीरे चित्रवने निवसति। सोऽस्माकं पाशांश्छेत्स्यति'' इत्यालोच्य सर्वे हिरण्यक- विवरसमीपं गताः, हिरण्यकश्च सर्वदा अपायशंकया शतद्वारं विवरं कृत्वा निवसति। ततो हिरण्यकः कपोताऽवपातभयाच्चकितः तूष्णीं स्थितः । चित्रग्रीव उवाच-सखे हिरण्यक! कथमस्मान्न सम्भाषसे? ततो हिरण्यकस्तद्वचनं प्रत्यभिज्ञाय ससम्भ्रमं बहिर्निःसृत्य अब्रवीत् आः ! पुण्यवानस्मि प्रियसुहृन्मे चित्रग्रीवः समायातः।

9. तत्र मुखरः हन्यते'' इत्यत्र 'मुखरः' इत्यस्य कोऽर्थः?

(a) मूर्खः (b) बहुभाषी
(c) प्रमुखः (d) मौनी

Ans. (c) : ''तत्र मुखरः हन्यते'' इत्यत्र मुखरः शब्दस्य अर्थः प्रमुखः अस्ति। अर्थात् 'वहाँ प्रमुख मारा जाता है। यहाँ मुखर शब्द का अर्थ प्रमुख है।
मुखोऽस्य अस्ति इति मुखरः
मुख + र = मुखर : यहाँ र प्रत्यय होता है।
यह प्रत्यय मत्वर्थ प्रत्यय कहा जाता है।
''न गणस्थाग्रतो गच्छेत् सिद्धे कार्ये सम फलम् ।
यदि कार्यः विपत्तिः स्यात् मुखरः तत्र हन्यते।।

10. विपत्काले कापुरुषस्य किं लक्षणम् ?

(a) विस्मयः (b) पलायनम्
(c) किंकर्तव्यता (d) रोदनम्

Ans. (a) : विपत्काले ''विस्मयः'' एव का पुरुषस्य लक्षणम् अस्ति अर्थात् विपत्ति काल में विस्मित होना कायर पुरुष का लक्षण है।
का पुरुष = कायर पुरुष
विस्मय = वि + स्मि + अच् = आकुल

11. ''हिरण्यको नाम मूषिकः'' कुत्र निवसति-

(a) जलसमीपे (b) गण्डकतीरे
(c) यमुनातीरे (d) हिमालये

Ans. (b) : 'हिरण्यको नाम मूषिकः' गण्डकतीरे निवसति। अर्थात् हिरण्यक नाम का मूषिक राज गण्ड़क नदी के किनारे 100 विवर बनाकर रहता था। वह चित्रग्रीव नामक कपोतराज का मित्र था।

12. चित्रग्रीवः कोऽस्ति?

(a) कपोतराजः (b) खगराजः
(c) मूषकः (d) व्याधः

Ans. (a) : चित्रग्रीवः कपोत राजः अस्तिः।
अर्थात् चित्रग्रीव कबूतरों का राजा है।
वह चित्रग्रीव अपने परिवार के साथ अन्न की तलाश में शिकारी के जाल में फंस जाता है।

13. ''यदा तु विवदिष्यन्ति तदा मे वशमेष्यन्ति'' इति कस्य कथनम् ?

(a) व्याधस्य (b) सिंहस्य
(c) चित्रग्रीवस्य (d) श्रृगालस्य

Ans. (a) : 'यदा तु विवदिष्यन्ति तदा में वशमेष्यन्ति'' इति कथनम् व्याधस्य अस्ति। अर्थात् - जब वे विवाद करेंगे तब वे वश में आयेंगे'' यह कथन बहेलिये का है। व्याध के द्वारा फैलाये गये जाल में फंस जाते है। तब कपोत राज कहता है सभी एक साथ जाल लेकर उड़ो। जाल लेकर कबूतरों को उड़ता देख, व्याध यह कथन कहता है।

14. सखा वाचकः ''मित्र'' इति शब्दः कस्मिंल्लिङ्गे वर्तते?

(a) पुँल्लिङ्गे तथा च नपुंसकलिङ्गे
(b) पुँल्लिङ्गे
(c) नपुंसकलिङ्गे
(d) स्त्रीलिङ्गे

Ans. (c) : सखा वाचकः ''मित्र'' शब्दः नपुसंक लिङ्गे पर्वते। सखा वाचक मित्र शब्द नपुसंक लिङ्ग में होता है। मित्र शब्द का अर्थ जब सखा रहता है तब उसका लिङ्ग नपुंसक होता है।
मित्र शब्द का अर्थ सूर्य भी होता है। परन्तु सूर्य वाचक मित्र शब्द का लिङ्ग पुल्लिंग होता है।

15. चित्रग्रीवः कपोतानादय कस्य समीपे गतः?

(a) हिरण्यकस्य समीपे (b) पितुः समीपे
(c) शृगालस्य समीपे (d) मातुः समीपे

Ans. (a) : चित्रग्रीवः कपोतान् आदाय ''हिरण्यकस्य समीपे'' गतः। चित्रग्रीव नाम का कपोतराज कबूतरों को लेकर अपने मूषिक राज मित्र हिरण्यक के समीप में ले गया। वहाँ वह सबका जाल काट दिया।

16. संरचनात्मक-उपागमः सम्प्रेषणात्मकाद् उपागमाद् भिन्नः यतोहि-अयं केन्द्रितोऽस्ति-

(a) प्राथम्येन-अर्थे अनन्तरं प्रक्रियादशायाम् आकृतिशिक्षणे च।
(b) प्राथम्येन आकृतौ अनन्तरं प्रक्रियादशायाम् अर्थावबोधने।
(c) आकृतेः प्रयोगं ज्ञानञ्च।
(d) अनुशीलनं स्वभावनिर्माणञ्च (On drilling and habit formation)

Ans. (a) : संरचनात्मक उपागमः सम्प्रेषणात्मकाद् उपागमात् भिन्नः यतोहि अयं ''प्रथम्येन - अर्थे अनन्तरं प्रक्रियादशायाम् आकृति शिक्षणे च'' अयं उपागमः केन्द्रितः अस्ति।
संरचनात्मक उपागम, सम्प्रेषणात्मक उपागम से भिन्न है। क्योंकि ''प्रथम अर्थ के बाद प्रक्रिया दशा में आकृति शिक्षण में ''यह केन्द्रित होता है।

17. अधोऽङ्कितेषु कतमो बोध-आधारितो गतिविधिः नास्ति?

(a) पाठ्यपुस्तकैः सह सम्बन्धः
(b) प्राक् ज्ञानस्य प्रयोगः
(c) पठनं तदनन्तरम् पठितज्ञानम् अन्येभ्यो वितरणम्
(d) शब्दशः पठनम्

Ans. (d) : उपरिलिखितेषु गतिविधिषु ''शब्दशःपठनम्'' बोध आधारितः गतिविधिः नास्ति। अर्थात् उपरिलिखित गतिविधियों में ''शब्दशः पढना'' बोध आधारित गतिविधि नहीं है। (1) पाठ्यपुस्तकों के साथ सम्बन्ध (2) प्राक् ज्ञान का प्रयोग (3) पढ़ना तथा पठितज्ञान का अन्यों में वितरण बोध आधारित गतिविधि है।

18. त्रुटीनां विश्लेषणात्मकमध्ययनं किं भवति?

(a) त्रुटि-विश्लेषणम् (b) विपरीतात्मकं विश्लेषणम्
(c) वाक्यविश्लेषणम् (d) शब्दविश्लेषणम्

Ans. (a) : त्रुटीनां विश्लेषणात्मकमध्ययनं ''त्रुटि विश्लेषणम'' भवति। अर्थात् त्रुटियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन ''त्रुटिविश्लेषण'' होता है।
त्रुटियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन विपरीतात्मक विश्लेषण, वाक्य विश्लेषण, शब्द विश्लेषण में नहीं होता।

19. एकोऽध्यापकः सप्तकक्षा-छात्रेभ्यः पठनसमये टिप्पणीलेखनस्य कौशलं शिक्षयति। पठनसमये टिप्पणी लेखनाय कतमं कौशलं महत्त्वपूर्णम् अस्ति?

(a) प्रवाहेण लेखनं योजकचिह्नानां च प्रयोगः करणीयः।
(b) शब्दानां स्थानेषु संकेतचिह्नानां संक्षिप्तरूपाणाञ्च प्रयोगः करणीयः?
(c) पठितपाठस्य स्वशब्देषु पुनर्लेखनम्।
(d) विरामादिचिह्नैः सह सुस्पष्टं लेखनम्।

Ans. (b) : एकोऽध्यापकः सप्त कक्षा-छात्रेभ्यः पठन समये टिप्पणी लेखनाय ''शब्दानाम् स्थानेषु संकेत चिह्नानां संक्षिप्त रूपाणाञ्च् प्रयोगः करणीयः'' एतत् कौशलम् लेखनाय महत्व पूर्णम् अस्ति। अर्थात् एक अध्यापक सातवीं कक्षा के छात्रों से पढ़ने के समय में, टिप्पणी लिखने के लिए ''शब्दों के स्थान पर संकेत चिह्नों के संक्षिप्त रूपों का प्रयोग करना चाहिए''। यह कौशल लेखन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होता है।

20. छात्रा यद्वक्तुमिच्छन्ति तत्कथनाय उपयुक्तां पाठ्यपुस्तकान् (वस्तुजातम्) संकलयन्ति। एषा प्रक्रिया का अस्ति?

(a) श्रवणम् (b) लेखनम्
(c) वदनम् (d) रचनात्मकम्

Ans. (b) : छात्राः यद्वक्तुमिच्छन्ति तत्कथनाय उपयुक्तां पाठ्यपुस्तकात् संकलयन्ति। एषा प्रक्रिया 'लेखनम्' अस्ति अर्थात् छात्र जो कहना चाहते है उसको कहने के लिए उपयुक्त पाठ्यपुस्तक से संकलन करते है। यह प्रक्रिया लेखन कहलाती है।
श्रवणं वदनम् रचनात्मकं यह लेखन प्रक्रिया नहीं है।

21. नूतनां शब्दावलीं पाठनकाले अध्यापकेन प्रमुखतया किं करणीयम् ?

(a) शिक्षार्थिनां गृहभाषायां शब्दानां अर्थं लेखनीयम्।
(b) नूतनशब्दानां कठिनशब्दानाञ्चार्थज्ञानाय शब्दकोश-अध्ययनाय छात्राः प्रेरणीयाः?
(c) छात्राः विभिन्नेषु सन्दर्भेषु शब्दान् प्रयुज्येयुरिति प्रेरणा दातव्या।
(d) छात्राः प्रेरणीया यत् ते श्रुतलेखपरीक्षार्थं शब्दानां वर्तनीं स्मरेयुः।

Ans. (c) : नूतनां शब्दावलीं पाठनकाले अध्यापकेन प्रमुख तया ''छात्राः विभिन्नेषु सन्दर्भेषु शब्दान् प्रयुज्येयुः इति प्रेरणा दातव्याः'' एतत् प्रमुखतया करणीयम्।
नयी शब्दावली को पढ़ाते समय अध्यापक के द्वारा ''छात्रों को विभिन्न सन्दर्भों में शब्दों का प्रयोग करना चाहिए ऐसी प्रेरणा देनी चाहिए' यह प्रमुखतया करना चाहिए।

22. भाषाया अध्यापिका वाञ्छति यत् तस्य छात्राः विज्ञेभ्यः पाठकेभ्यः सोद्देश्यं लिखन्तु। लक्ष्यमिममधिगन्तुं कोऽस्ति-उत्तम उपायः?

(a) छात्रा विद्यालयसम्बन्धितान् विषयानधिकृत्य स्वकीयान् विचारान् प्रकटयितुं प्रधानाचार्यं पत्रं लिखन्ति।
(b) अध्यायान्ते लिखितानां प्रश्नानां परस्परं विचारविमर्शानन्तरम् उत्तरं लिखन्ति छात्राः।
(c) छात्रा सद्यद्रष्टव्यस्य चलचित्रस्य समीक्षां लिखन्ति।
(d) ''मम विद्यालयः'' इति विषयमधिकृत्य लिखन्ति छात्राः।

Ans. (c) : भाषाया अध्यापिका वाञ्छति यत् तस्य छात्राः विज्ञेभ्यः पाठकेभ्यः सोद्देश्यं लिखन्तु। इमं लक्ष्यं अधिगन्तुम् 'छात्रा सद्यद्रष्टजृव्यस्य चलचित्रस्थ समीक्षां लिखन्ति'' इदम उत्तमः उपायः अस्ति।
अर्थात् भाषा की अध्यापिका इच्छा करती है जो उसके छात्र विज्ञ पाठकों के उद्देश्य को लिखें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'छात्र शीघ्र देखे गये चल चित्र की समीक्षा लिखते हैं।'' यह सर्वोत्तम उपाय है।

23. अधोलिखितेषु के द्वे उत्पादके भाषाकौशले स्तः।

(a) पठनं लेखनं च (b) श्रवणं भाषणं च
(c) श्रवणं पठनं च (d) भाषणं लेखनं च

Ans. (d) : उपरिलिखितेषु ''भाषणं लेखनं च'' द्वे उत्पादके भाषा कौशले स्तः।
उपरिलिखित उत्पादको में ''भाषण और लेखन'' भाषा कौशल है।
पठन और लेखन
श्रवण और भाषण
श्रवण तथा पठन भाषा कौशल नहीं है।

24. एका षष्ठकक्षायाः अध्यापिका पाठं पाठयन्ती छात्राणां ध्यानं व्याकरणम्प्रति- आकर्षयन्ती तेषां समक्षं व्यवहारिक जीवनस्य तादृशानि-अनल्पानि दृश्यानि-उपस्थापयति यत्र व्याकरण-नियमानां प्रयोगा अभवन् तदनन्तरं सा व्याकरणस्य नियमान् निर्धारयितुं तेषां नियमानां साधनरूपेण उपयोगं करोति। एषा प्रक्रिया का कथ्यते?

(a) सन्दर्भे व्याकरणम्
(b) पाठान्तर्गते व्याकरणम्
(c) छात्रैः सह व्याकरणम्
(d) अनुवादे व्याकरणम्

Ans. (a) : एका षष्ठकक्षायाः अध्यापिका पाठं पाठयन्ती छात्राणां ध्यानं व्याकरणम्प्रति - आकर्षयन्ती तेषां समक्षं व्यवहारिक जीवनस्य तादृशानि - अनल्पानि दृश्यानि - उपस्थापयति यत्र व्याकरण - नियमानां प्रयोगा अभवन् तदनन्तरं सा व्याकरणस्य नियमान् निर्धारयितुं तेषां नियमानां साधन रूपेण उपयोगं करोति। एषा प्रक्रिया 'सन्दर्भे व्याकरणम्' कथ्यते। अर्थात् एक षठीं कक्षा की अध्यापिका पाठ को पढ़ाती हुयी छात्रों के ध्यान को व्याकरण के प्रति आकर्षित करती हुयी उनके समक्ष व्यावहारिक जीवन के उसके सदृश बड़े दृश्यों को उपस्थापित करती है जो व्याकरण नियमों के प्रयोग है। बाद में वह व्याकरण के नियमों का निर्धारण करने के लिए उन नियमों का साधन रूप में उपयोग करती है। यह प्रक्रिया 'सन्दर्भे व्याकरण' कही जाती है।

25. एकेन अध्यापकेन अवलोकितो यदेका छात्रा वामहस्तेन अनायासेन लिखति, अन्यानि च कार्याण्यपि सुगमतया सम्पादयति। अस्यां दशायां अध्यापकस्य कर्त्तव्यमस्ति-

(a) तत्क्षणमेव छात्रां वामहस्तप्रयोगेण निवार्य दक्षिणहस्तप्रयोगाय प्रेरयेत्।
(b) यथावत् सर्वाः क्रिया करणाय प्रोत्साहनं दद्यात्।
(c) अभिभावकेभ्यः निर्देशं दद्यात् यत्ते दक्षिणहस्तेन लेखनस्य अभ्यासं कारयेयुः।
(d) समस्यामेनां निवारयितुं विशेषज्ञ-अध्यापकेन सह सम्पर्कं कुर्यात्।

Ans. (b) : एकेन अध्यापकेन अवलोकितो यदेका छात्रा वामहस्तेन अनायासेन लिखति अन्यानि च कार्याण्यपि सुगमतया सम्पादयति अस्यां दशायां अध्यापकस्य कर्तव्यम् ''यथावत् सर्वाः क्रियाः करणाय प्रोत्साहनं दद्यात् एतत् कर्तव्यम् अस्ति।
एक अध्यापक ने देखा जो एक छात्रा वायें हाथ से अनायासलिखति है अन्य कार्यों को भी सुगमता से सम्पादित करती है। इस दशा में अध्यापक का कर्तव्य है ''यथावत सभी क्रियाओं को करने के लिए प्रोत्साहन देता है।''

26. विशुद्धरूपेण, द्रुततया, अभिव्यञ्जकतया, बोधगम्यरूपेण च छात्रस्य पुस्तकपठनस्य योग्यता; अधोलिखितासु का अस्ति?

(a) पठनबोधः
(b) मौखिकभाषाविकासः
(c) पठनप्रवीणता (Reading fluency)
(d) कूटानुवादः (Decoding)

Ans. (c) : विशुद्ध रूपेण, द्रुततया, अभिव्यञ्जकतया, बोधगन्थरूपेण च छात्रस्य पुस्तक पठनस्य योग्यता, उपरिलिखितासु ''पठन प्रवीणता'' अस्ति।
विशुद्ध रूप से, शीघ्रता से, अभिव्यंञ्जकता से और वोधगम्य रूपता से छात्र के पुस्तक पढ़ने की योग्यता, उपरिलिखितों में 'पठन प्रवीणता' है।

27. यद्यपि कश्चित् छात्रः नैका वर्तनि-सम्बन्धिता अशुद्धयः कृतवान्, पुनरपि स 'भाषायाः समग्रप्रयोगे' सर्वाधिकान् अङ्कान् प्राप्नोत्। एष उपागमः (Approach) किम्भवति?

(a) समग्रभाषा
(b) संरचनात्मक-उपागमः (Structural approach)
(c) व्याकरण-अनुवादः
(d) व्यवहारवादी-उपागमः (Behaviouristic)

Ans. (a) : यद्यपि कश्चित् छात्रः नैका वर्तनि - सम्बन्धिता अशुद्धयः कृतवान् पुनरपि स 'भाषायाः समग्र प्रयोगे सर्वाधिकान् अङ्कान् प्राप्नोत् एषः उपागमः समग्र भाषा भवति। यद्यपि कोई छात्र एक वर्तनी सम्बन्धित अशुद्धियों को नहीं करता है। फिर भी भाषा के समग्र प्रयोग में सर्वाधिक अंकों को प्राप्त करता है यह उपागम 'समग्र भाषा' उपागम होता है।

28. बहुभाषिककक्षायां पाठनार्थं निम्नाङ्कितेषु कतमा युक्तिः सर्वाधिका उपयुक्ता अस्ति?

(a) कूटपरिवर्तनं कूटसंमिश्रणञ्च (Code-Switching and Code Mixing)
(b) कक्षाया भाषायां छात्राणां मातृभाषायां च अनुवादः
(c) कक्षाया विविधभाषाभाषिणां छात्राणां समूहनिर्माणम् (Forming language groups in the class)
(d) बहुभाषिककक्षायां नास्ति आवश्यकता युक्तिविशेषस्य

Ans. (a) : बहुभाषिक कक्षायां पाठनार्थं उपरि उक्तेषु ''कूटपरिवर्तनं कूट संमिश्रणञ्च'' सर्वाधिका उपयुक्ता युक्तिः अस्ति।
बहुभाषिक कक्षा में पढ़ाने के लिए उपरि उक्तों में ''कूट परिवर्तन तथा कूट संमिश्रण'' सर्वाधिक उपयुक्त युक्ति है।

29. योगात्मकम् आकलनम् किमस्ति (Summative assessment)

(a) निदात्मकम् उपचारात्मकम् च
(b) छात्रेभ्योऽभिभावकेभ्यश्च प्रभावीप्रतिपुष्टिं यच्छति।
(c) शिक्षण-अधिगमप्रक्रियायां शिक्षार्थिभ्यः सक्रियसहभागिताया अवसरं ददाति।
(d) अस्य प्रयोगं छात्राणाम् अधिगम-निष्पादनयोर् मूल्याङ्कनं कर्तुं क्रियते।

Ans. (d) : योगात्मक आकलम् ''अस्य प्रयोगं छात्राणाम् अधिगम निष्पादनयोः मूल्याङ्कनं कर्तुं क्रियते'' एतत् योगात्मक आकलनं भवति।
योगात्मक आकलन ''इसका प्रयोग छात्रों के अधिगम निष्पादन में मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। यह योगात्मक आकलन होता है।

30. कीदृशं श्रवणम् अधिकं ध्यानम् आकर्षयति कक्षायाम्?

(a) व्यापकम् (Extensive)
(b) अतिशयः (Intensive)
(c) सामान्य श्रवणम् (Hearing)
(d) भेदपरकम् (Discriminative)

Ans. (b) : ''अतिशयः'' श्रवणं अधिकं ध्यानं आकर्षयति कक्षायाम्। अतिशय श्रवण कक्षा में अधिक ध्यान आकर्षित करता है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 13-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. The pace of child development _____.
बाल विकास की गति :

(a) is uniform, standard and is disorderly./ एकसमान, मानकीय और अव्यवस्थित होती है।
(b) has individual variations and is disorderly./में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह अव्यवस्थित होती है।
(c) is uniform, standard and is somewhat sequential and orderly./एकसमान, मानकीय और कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है।
(d) has individual variations and is somewhat sequential and orderly./में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है।

Ans. (d) : बाल विकास की गति में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं और यह कुछ हद तक सुनियोजित और क्रमानुसार होती है। एक बच्चा एक क्रमबद्ध क्रम में विकसित होता है। जो सभी बच्चों में लगभग समान होता है। विकास की दर और गति अलग-अलग मामलों में भिन्न हो सकती है, लेकिन सभी बच्चों में विकास स्वरूप का क्रम लगभग समान है। इस प्रकार मानव विकास कुछ सिद्धान्तों पर आधारित है। जन्म के पूर्व और प्रसव के बाद मनुष्य का विकास एक स्वरूप या एक सामान्य अनुक्रम का पालन करता है। शारीरिक विकास, पेशीय या भाषा विकास और बौद्धिक निश्चित क्रमों में होता है।

2. At which age are children's activities primarily focused on use of large muscles for gross motor rather than fine motor movements?
किस उम्र में बच्चों के क्रियाकलाप प्रमुखतः बड़ी मांसपेशियों के स्थूल गति के प्रयोग पर केन्द्रित होते हैं बजाए सुक्ष्म गति कार्य के?

(a) Infancy/शैशवावस्था
(b) Early childhood/प्रारंभिक बाल्यावस्था
(c) Adolescence/किशोरावस्था
(d) Middle childhood/माध्यमिक बाल्यावस्था

Ans. (a) : शैशवावस्था में बच्चों के क्रियाकलाप प्रमुखतः बड़ी मांसपेशियों के स्थूल गति के प्रयोग पर केन्द्रित होते हैं बजाए सुक्ष्म गति कार्य के। स्थूल गत्यात्मक कौशल वे हैं जिन्हें, चलने संतुलन बनाने, दौड़ने और घिसटकर चलने जैसे कार्यों को करने के लिये बड़ी मांसपेशियों के समूह के उपयोग की आवश्यकता होती है।
सुक्ष्म गत्यात्मक कौशल वे हैं जिनमें कलाई, हाथ, अंगुलियों, पैरों की उंगलियों और अंगूठों के साथ सुक्ष्म कार्य करने के लिए छोटी मांसपेशियों के समूह के उपयोग की आवश्यकता होती है।

3. The process of teaching young generation about social processes through everyday interactions is called :
वह प्रक्रिया जिसमें युवा पीढ़ी रोज़मर्रा की अंतःक्रिया से सामाजिक प्रक्रियाओं को सीखती है, क्या कहलाती है?

(a) Sociability/सृजनता
(b) Culturing/संवर्धन
(c) Socialization/समाजीकरण
(d) Delayed imitation/स्थगित अनुकरण

Ans. (c) : समाजीकरण, वह प्रक्रिया है जिसमें युवा पीढ़ी रोजमर्रा की अंतःक्रिया से सामाजिक प्रक्रियाओं को सीखती है। समाजीकरण बच्चों को सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक कौशल प्रदान करता है जिससे वे समाज में सफलतापूर्वक कार्य कर पाने में सक्षम होते हैं। यह कौशल समाज की संस्कृति पर निर्भर करता है।

4. According to Jean Piaget, the infant explores the world by coordinating sensory experiences with physical actions in _____ stage.
जीन पियाजे के अनुसार, किस अवस्था में शिशु शारीरिक क्रियाओं के साथ संवेदी अनुभवों का समन्वय करके दुनिया की खोज करता है?

(a) Concrete operational stage/मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(b) Sensori motor stage/संवेदी चालक अवस्था
(c) Pre-operational stage/पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(d) Formal operational stage/अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

Ans. (b) : जीन पियाजे के अनुसार, संवेदी चालक अवस्था (0-2 वर्ष) में शिशु शारीरिक क्रियाओं के साथ संवेदी अनुभवों का समन्वय करके दुनिया की खोज करता है अर्थात् शिशु अपनी इंद्रियों के माध्यम से और अपने कार्यों के माध्यम से दुनिया के बारे में सीखता है।
पियाजे के अनुसार अन्य चरण हैं–
* पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2-7 वर्ष)
* मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7-11 वर्ष)
* अमूर्त/औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (12 वर्ष व उसके ऊपर)

5. In Jean Piaget's theory a child who perceives car to be alive because it moves, is demonstrating :
जीन पियाजे के सिद्धान्तों में एक बच्ची जो मानती है कि कार सजीव है क्योंकि वह चलती है क्या प्रदर्शित करती है?

(a) animistic thinking/जीववादी सोच
(b) centration/केन्द्रियता
(c) irreversibility/अप्रतिवर्ती सोच
(d) seriation/क्रमबद्धता

Ans. (a) : जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास की पूर्व-संज्ञानात्मक अवस्था (2-7 वर्ष) में, बच्चा जीववादी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है जो इस विश्वास को दर्शाता है कि निर्जीव वस्तुएँ जीवित प्राणी है। अतः हम यह कह सकते हैं कि जीन पियाजे के सिद्धान्तों में एक बच्ची जो मानती है कि कार सजीव है, क्योंकि वह चलती है यह जीववादी सोच प्रदर्शित करती है।

6. According to Kohlberg the last stage 'Morality of individual principles and conscience' of moral development is characterized by the individuals :
कोहलबर्ग के अनुसार नैतिक विकास के अंतिम चरण 'व्यक्तिगत सिद्धांतों की नैतिकता और विवेक' के व्यक्तियों में क्या विशेषता होती है?

(a) Seeing rules as fixed and absolute/नियमों को निश्चित और निरपेक्ष रूप में देखना
(b) Wanting to be respected by others/दूसरों के द्वारा सम्मान प्राप्त करने की चाह
(c) Feeling that it is their duty to uphold laws and rules for their own sake/यह महसूस करना कि अपने लिए कानूनों और नियमों को बनाए रखना उनका कर्तव्य है
(d) Believing that individuals must test the social laws rather than follow them blindly/यह विश्वास करना कि व्यक्तियों को सामाजिक कानूनों का आँख बंद करके पालन करने के बजाय उनका परीक्षण करना चाहिए

Ans. (d) : कोहलबर्ग के अनुसार नैतिक विकास के अंतिम चरण 'व्यक्तिगत सिद्धान्तों की नैतिकता और विवेक' के व्यक्ति यह विश्वास करते हैं कि व्यक्तियों को सामाजिक कानूनों का आँख बंद करके पालन करने के बजाय उनका परीक्षण करना चाहिए। इस अवस्था में व्यक्ति सार्वभौमिक मानवाधिकार पर आधारित नैतिक मापदंड बनाता है। न्याय के सर्वमान्य प्राकृतिक सिद्धान्त होने के साथ-साथ मानव अधिकारों की समानता, परस्परता तथा मानव जाति के प्रति सम्मान की भावना से युक्त होते हैं।

7. As per Lev Vygotsky, when a teacher adjusts the support offered to a child to help the child reach her zone of proximal development she is using :
लेव वायगोत्स्की के अनुसार, जब एक शिक्षक बच्चे को उसके समीपस्थ विकास के क्षेत्र तक पहुँचने में मदद करने के लिए उसे समायोजित समर्थन देता है तब वह किस संरचना का प्रयोग कर रहा है?

(a) Scaffolding/पाड़ (b) Conditioning/अनुबंधन
(c) Imitation/अनुकरण (d) Adaptation/अनुकूलन

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की के अनुसार, जब एक शिक्षक बच्चे को उसके समीपस्थ विकास के क्षेत्र तक पहुँचने में मदद करने के लिए उसे समायोजित समर्थन देता है तब वह पाड़ संरचना का प्रयोग कर रहा है। पाड़ या मचान तब होता है जब बालक को थोड़ा सहयोग मिल जाए तो वह दूसरे स्तर को प्राप्त करते हुए सीख जाता है। इस सहयोग की आवश्यकता बालक को सदैव के लिए नहीं होती बल्कि शुरूआत में होती है।

8. Lev Vygotsky proposed that development :
लेव वायगोत्स्की ने प्रतिपादित किया कि विकास :

(a) is synonymous with learning./सीखने का पर्याय है।
(b) occurs independent of learning./सीखने से स्वतंत्र रूप में होता है।
(c) is not impacted by cultural factors./पर सांस्कृतिक कारकों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
(d) cannot be separated from its social context./को सामाजिक संदर्भ से अलग नहीं किया जा सकता।

Ans. (d) : लेव वायगोत्सकी ने प्रतिपादित किया कि विकास को सामाजिक संदर्भ से अलग नहीं किया जा सकता। व्यक्ति और समाज के बीच एक पारस्परिक संबंध होता है और सामाजिक संपर्क छात्रों के सीखने को प्रभावित करता है।

9. Which of the following does not ensure child-centered teaching-learning?
निम्न में से कौन बाल-केन्द्रित शिक्षण के अनुरूप नहीं है?

(a) Safe and secure child-friendly school environment/स्कूली परिवेश को सुरक्षित व बच्चों के अनुकूल बनाना
(b) Fear free environment where each child can express oneself freely/भय मुक्त वातावरण बनाना जिसमें हर बच्चा खुल कर अभिव्यक्ति कर पाए
(c) Practise of positive discipline in the classroom/कक्षा में सकारात्मक अनुशासन को लागू करना
(d) Recognising students as passive recipients of knowledge./विद्यार्थियों को ज्ञान के निष्क्रिय ग्रहणकर्ता के रूप में पहचानना

Ans. (d) : विद्यार्थियों को ज्ञान के निष्क्रिय ग्रहणकर्ता के रूप में पहचानना, बाल केन्द्रित शिक्षण के अनुरूप नहीं है जबकि स्कूली परिवेश को सुरक्षित व बच्चों के अनुकूल बनाना, भय मुक्त वातावरण बनाना जिसमें हर बच्चा खुलकर अभिव्यक्ति कर पाये तथा कक्षा में सकारात्मक अनुशासन को लागू करना आदि को बाल-केन्द्रित शिक्षण के अन्तर्गत शामिल किया जायेगा।

10. Individuals having high.....are typically good at reading, writing and telling stories.
जिन व्यक्तियों में आमतौर पर पढ़ने, लिखने और कहानियाँ सुनाने के अच्छे कौशल होते हैं उनमें _____ बुद्धि अधिक मात्रा में होती है।

(a) Logico-mathematical intelligence/तर्क-गणितीय बुद्धिमत्ता
(b) Linguistic intelligence/भाषाई बुद्धिमत्ता
(c) Interpersonal intelligence/अंतर्वैयक्तिक बुद्धिमत्ता
(d) Musical intelligence/संगीतमय बुद्धिमत्ता

Ans. (b) : जिन व्यक्तियों में आमतौर पर पढ़ने, लिखने और कहानियाँ सुनाने के अच्छे कौशल होते हैं उनमें भाषाई बुद्धिमत्ता अधिक मात्रा में होती है। यह हॉवर्ड गार्डनर की 8 मल्टीपल इंटेलिजेंस (बहु-बुद्धि) में से एक है।

11. ____ proposes that language has a significant impact on the cognitive development of children.
किसने प्रतिपादित किया कि भाषा का बच्चें के संज्ञानात्मक विकास पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव होता है?

(a) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की
(b) B.F.Skinner/बी.एफ. स्किनर
(c) Howard Gardner/हावर्ड गार्डनर
(d) Jean Piaget/जीन पियाजे

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की ने प्रतिपादित किया कि भाषा का बच्चे के संज्ञानात्मक विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है। बालक समाज के साथ अंतःक्रिया के द्वारा ही अपने विचार या भाषा का विकास करता है।

12. Which of the following is an effective strategy to reduce gender bias in an elementary classroom?
निम्न में से कौन-सी प्रणाली कक्षाकक्ष में जेंडर रूढ़िवादिता को चुनौती देने में प्रभावशाली है?

(a) The teacher should ignore and dismiss gender related issues in the classroom./शिक्षिका को कक्षा में जेंडर संबंधी मुद्दों को नकारना व नज़रअंदाज करना चाहिए
(b) The teacher should assign equal responsibilities to all children in various activities which take place inside the classroom./शिक्षिका को कक्षा में होने वाली गतिविधियों की जिम्मेदारी सभी बच्चों को बराबर देनी चाहिए।
(c) The teacher should give physical tasks such as arranging the desks to boys and soft tasks such as decorating bulletin boards to girls only./शिक्षिका को 'शारीरिक कार्य' जैसे मेज को लगाना लड़कों को और 'हल्के कार्य' जैसे बुलेटिन बोर्ड सजाना लड़कियों को देने चाहिए।
(d) The teacher should not have much expectations from girls in science and mathematics./शिक्षिका को लड़कियों से गणित व विज्ञान में ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

Ans. (b) : शिक्षिका को कक्षा में होने वाली गतिविधियों की जिम्मेदारी सभी बच्चों को बराबर देनी चाहिए यह कक्षाकक्ष में जेंडर रूढ़िवादिता को चुनौती देने में प्रभावशाली है। ऐसा करने से शिक्षिका दोनों के लिए समान और समकक्ष अवसर प्रदान करेगी। इससे बच्चों में यह समझ विकसित होगी कि लड़के और लड़कियाँ सभी कार्य करने में समान रूप से सक्षम है।

13. In a classroom with diverse learners the teachers should : /विविध शिक्षार्थियों वाली कक्षा में शिक्षकों को चाहिए कि वे :

(a) Follow a curriculum in which they include the culture and language of children in the class/ऐसे पाठ्यक्रम का पालन करें जिसमें वे कक्षा में बच्चों की संस्कृति और भाषा को शामिल करें।
(b) Promote stereotypes and biases/रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दें।
(c) Create rigid structures for norm based testing of children/बच्चों के मानक-आधारित परीक्षण के लिए कठोर संरचनाएं बनाएँ।
(d) Make separate sections based on ability/योग्यता के आधार पर अलग संकाय बनाएँ।

Ans. (a) : विविध शिक्षार्थियों वाली कक्षा में शिक्षकों को चाहिए कि वे ऐसे पाठ्यक्रम का पालन करें जिसमें वे कक्षा में बच्चों की संस्कृति और भाषा को शामिल करें। संस्कृति व भाषा को शामिल करने से बच्चों को अधिगम करने में सहजता होगी व वे कक्षा की गतिविधियों में आनंदमय वातावरण की अनुभूति करेंगे तथा कक्षा गतिविधियों में अपनी रूचि से भाग लेंगे।

14. Conducting a group discussion, a teacher ask the children to discuss the impact of the corona pandemic on children from various aspects. What type of thinking does the teacher aim to promote?/शिक्षक समूह चर्चा के दौरान एक शिक्षिका बच्चों से अलग-अलग पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोरोना महामारी के प्रभाव पर चर्चा करने को कहती है। इस चर्चा के माध्यम से शिक्षक का उद्देश्य_____को बढ़ावा देना है।

(a) Procedural learning/कार्यविधि चिंतन
(b) Critical thinking/आलोचनात्मक चिंतन
(c) Convergent thinking/अभिसारी चिंतन
(d) Rote memorization/रटकर स्मरण

Ans. (b) : शिक्षक समूह चर्चा के दौरान एक शिक्षिका बच्चों से अलग-अलग पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोरोना महामारी के प्रभाव पर चर्चा करने को कहती है। इस चर्चा के माध्यम से शिक्षक का उद्देश्य आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना है। आलोचनात्मक चिंतन, तर्कसंगत रूप से सोचने और विचारों के बीच तार्किक संबंध को समझने की क्षमता है।

15. Which of the following modes of assessment would NOT be used in a socio-constructivist classrooms?आकलन के निम्नलिखित तरीकों में से कौन-सा सामाजिक-रचनात्मक कक्षाओं में उपयोग नहीं किया जाएगा?

(a) Collaborative projects/सहयोगी परियोजनाएँ
(b) Standardised tests/मानकीकृत परीक्षण
(c) Peer assessment/सहकर्मी मूल्यांकन
(d) Classroom observations/कक्षा अवलोकन

Ans. (b) : आकलन के मानकीकृत परीक्षणों को सामाजिक-रचनात्मक कक्षाओं में उपयोग नहीं किया जाएगा। क्योंकि वे मुख्य रूप से मुख्यधारा की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं और इसलिए पक्षपाती हैं। यह व्यक्तिगत उपलब्धि के महत्व को पहचानने में विफल रहता है और इसके बजाय सीखने के लिए एक पारंपरिक दृष्टिकोण का उपयोग करता है जो छात्रों के व्यक्तिगत हितों और क्षमताओं की उपेक्षा करता है।

16. The philosophy of inclusive education : समावेशी शिक्षा का दर्शन :

(a) Promotes all practices of exclusion./बहीष्करण के सभी आचरण को प्रोत्साहित करेगा।
(b) Is based on the premise of having seggregated schools for learners based on their abilities./का आधार विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर पृथक स्कूलों में शिक्षित करना है।

(c) Is limited to including children who are visually challenged and hearing impaired./ केवल उन्हीं बच्चों तक सीमित है जो दृष्टिबाधित व श्रवण बाधित हैं।

(d) Challenges all exclusionary policies and practices/अपवर्जन की सभी नीतियों व आचरण को चुनौती देता है।

Ans. (d) : समावेशी शिक्षा का दर्शन अपवर्जन की सभी नीतियों व आचरण को चुनौती देता है। समावेशी शिक्षा का अर्थ स्कूल में सभी बच्चों (सामान्य और विशिष्ट छात्र) के लिए शिक्षा है क्योंकि यह शिक्षा बच्चों को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने के लिए संदर्भित है, भले ही उनमें भिन्नताएँ और अक्षमताएँ हों।

17. In a heterogeneous classroom which has students of mixed ability, the teacher should :
एक विविध कक्षाकक्ष में जिसमें विभिन्न योग्यता वाले विद्यार्थी हैं, एक शिक्षिका को :

(a) Use the same teaching-learning method for all./सबके लिए एक जैसा शैक्षिक शिक्षाशास्त्र अपनाना चाहिए।

(b) Make use of diverse teaching-learning methods/सीखने-सिखाने के लिए विविध सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए।

(c) Use teacher-centered teaching/शिक्षक-केन्द्रित शिक्षण करना चाहिए।

(d) Practice exam directed teaching/परिक्षाओं को और केन्द्रित शिक्षण करना चाहिए।

Ans. (b) : एक विविध कक्षाकक्ष में जिसमें विभिन्न योग्यता वाले विद्यार्थी, एक शिक्षिका को सीखने-सिखाने के लिए विविध सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। जब विद्यार्थी विभिन्न योग्यता रखते हैं तो शिक्षक को समूह के बीच व्यक्तिगत मतभेदों को दूर करने के लिए अपने सांस्कृतिक ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। विभिन्न योग्यता वाले विद्यार्थियों की जरूरतों को समझकर उनकी सहायता करने का प्रयास करना चाहिए।

18. Which of the following are effective adaptations for students with 'Attention Deficit Hyperactivity disorder'?
वह विद्यार्थी जिन्हें 'ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार' है के अनुकूल पद्धति कौन-सी है?

(i) Allow students to stand while working/विद्यार्थियों को खड़े होकर कार्य करने की अनुमति देना

(ii) Break the task into small parts/कार्य को छोटे टुकड़ों में बाँटना

(iii) Strictly enforce time limit to finish class work/ कक्षाकार्य को पूरा करने के लिए सख्त समयावधी तय करना

(iv) Give one task at a time/एक समय पर एक कार्य देना

(a) (ii), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iv)
(c) (i), (ii), (iii) (d) (i),(ii), (iii), (iv)

Ans. (b) : ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार (Attention Deficit Hyperactivity Disorder - ADHD), एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जो किसी बालक की ध्यान देने की क्षमता को प्रभावित करता है। एडीएचडी वाले बच्चो को आमतौर पर स्कूल में परेशानी होती है और वे अपनी भावनाओं को ठीक से प्रदर्शित नहीं कर पाते। वह विद्यार्थी जिन्हें 'ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार' है के अनुकूल पद्धति निम्न है–
* विद्यार्थियों को खड़े होकर कार्य करने की अनुमति देना।
* कार्य को छोटे टुकड़ों में बाँटना
* एक समय पर एक कार्य देना।

19. Which of the following is a correctly matched pair of children and identifying characteristics?
निम्न में से कौन-सा युग्म विद्यार्थी व उनकी पहचान के गुणधर्म का सही मिलान है?

(a) Creative student-rigidity in approach to problem solving/सृजनात्मक विद्यार्थी-समस्या समाधान में अन्मयता

(b) Autism-repetative motor movements/स्वलीन विद्यार्थी-गतिक क्रियाओं का दोहराव

(c) Students with learning disability-very poor memory/अधिगम कठिनाई वाले विद्यार्थी - बेहद कमजोर स्मृति

(d) Students with visual impairment-hard of hearing/दृष्टिबाधित विद्यार्थी-सुनने में कठिनाई

Ans. (b) : 'स्वलीन विद्यार्थी - गतिक क्रियाओं का दोहराव' - यह युग्म विद्यार्थी व उनकी पहचान के गुणधर्म का सही मिलान है। स्वलीन विद्यार्थी को अक्सर सामाजिक संचार और बातचीत और प्रतिबंधित या दोहराये जाने वाले व्यवहार या रूचियों में समस्या होती है।
सृजनात्मक विद्यार्थी - तर्कसंगत रूप से सोचने और विचारों के बीच तार्किक संबंध को समझने की क्षमता।
अधिगम कठिनाई वाले विद्यार्थी – कम बौद्धिक कार्य और अनुचित गत्यात्मक समन्वय
दृष्टिबाधित विद्यार्थी - देखने में कठिनाई

20. In which of the following ways can a teacher promote creativity in students?
एक शिक्षिका विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को कैसे बढ़ावा दे सकती है?

(i) By asking questions that are divergent in nature/अपसारी प्रवृत्ति वाले प्रश्न पूछकर

(ii) By being sensitive and flexible to student's unusual responses/विद्यार्थियों के असामान्य उत्तरों के प्रति संवेदनशील व लचीले हो कर

(iii) Encouraging single right answer/एक मात्र सही उत्तर को प्रोत्साहित करके

(iv) Providing rigid directions to follow/अनम्य निर्देश का पालन करने के लिए कहकर

(a) (i), (ii) (b) (ii), (iii)
(c) (iii), (iv) (d) (i), (iv)

Ans. (a) : एक शिक्षिका विद्यार्थियों से अपसारी प्रवृत्ति वाले प्रश्न पूछकर तथा विद्यार्थियों के असामान्य उत्तरों के प्रति संवेदनशील व लचीले होकर उनमें सृजनात्मकता को बढ़ावा दे सकती है। अपसारी प्रश्न वह है जिनका कोई निश्चित उत्तर नहीं है और इसके बजाय यह किसी विषय के बारे में व्यापक रूप से चिन्तन क्षमता का परीक्षण करता है।

21. For learning to be effective the content :
सीखने को प्रभावशाली बनाने के लिए विषयवस्तु को:

(a) Should be delivered via lecture method/ व्याख्यान विधि से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
(b) Should be connected to the real life experiences of the students./विद्यार्थियों के निजी जीवन के अनुभवों से जोड़ा जाना चाहिए।
(c) Should be presented in disconnected chunks./विभाजित टुकड़ों में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
(d) Should be very challenging and much above the learning level of students./बेहद चुनौतीपूर्ण होना चाहिए जिससे वह विद्यार्थियों की सीखने के स्तर से बहुत ज्यादा हो।

Ans. (b) : सीखने को प्रभावशाली बनाने के लिए विषयवस्तु को विद्यार्थियों के निजी जीवन के अनुभवों से जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा करने से विद्यार्थी अधिगम कार्य आनंदमय व रूचिपूर्ण ढंग से कर पाते है व इसके द्वारा विद्यार्थियों को विषयवस्तु को खुद के जीवन से जोड़कर समझने में सहजता होती है और वे सीखी गई अवधारणा को लम्बे समय तक धारण कर पाने में सक्षम होते हैं। यह अधिगम के लिए तैयार करने की एक सकारात्मक और मनोवैज्ञानिक पहल है जो छात्रों में जानकारी का जुड़ाव एवं संबंध बनाने में सहायक है।

22. Assertion (A) : Teachers must enable children to find their voices and nurture their curiosity to do things, to ask questions and to pursue investigations.
Reason (R) : Learning is an act of meaning-making and not the ability to reproduce textual knowledge.
कथन (A) : शिक्षक को बच्चों को उनकी आवाज़ खोजने में मदद करनी चाहिए व उनकी जिज्ञासा को पोषित करना चाहिए- चीजों को करके देखना, सवाल पूछना, जाँच-पड़ताल करना।
तर्क (R) : सीखना समझ बनाने की प्रक्रिया है न कि पुस्तकीय ज्ञान के ज्यों का त्यों पुनरुप्ति करने का कौशल।
Choose the correct option./सही विकल्प चुनें :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : शिक्षक को बच्चों को उनकी आवाज़ खोजने में मदद करनी चाहिए व उनकी जिज्ञासा को पोषित करना चाहिए क्योंकि सीखना समझ बनाने की प्रक्रिया है न कि पुस्तकीय ज्ञान के ज्यों का त्यों पुनरूप्ति करने का कौशल। दिये गये कथन व उसका तर्क दोनों सही है क्योंकि शिक्षक को एक अच्छा अधिगम का माहौल बनाने में छात्रों की मदद करने के लिए, यह आवश्यक है कि बच्चे केवल अवधारणा को याद रखने पर ध्यान केन्द्रित न करें। उन्हें व्यावहारिक क्षेत्रों में सैद्धान्तिक ज्ञान का उपयोग करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। अतः विकल्प (a) उचित उत्तर है।

23. A constructive teacher :
एक संरचनावादी शिक्षिका :

(a) Gives both examples and non-examples in her classroom./को उदाहरण व गैर उदाहरण दोनों देने चाहिए।
(b) Gives only examples in the classroom./को केवल उदाहरण देने चाहिए।
(c) Refers to only non-examples to strengthen concepts/को संप्रत्ययों के पुष्टिकरण के लिए केवल गैर उदाहरण देने चाहिए।
(d) Should not give both examples and non-examples in the class./को कक्षा में उदाहरण व गैर उदाहरण दोनों नहीं देने चाहिए।

Ans. (a) : एक संरचनावादी शिक्षिका को उदाहरण व गैर उदाहरण दोनों देने चाहिए। इसके द्वारा बालक अपने भौतिक और सामाजिक वातावरण के साथ सीधे बातचीत और खोज करके अपने ज्ञान का निर्माण करता है। पढ़ने वाली सामग्रियों का उपयोग, सीखने की प्रक्रिया में, प्रत्येक छात्र का सक्रिय जुड़ाव दिखता है और उदाहरण के रूप में वास्तविक दुनिया की समस्याओं का उपयोग, उन्हें अपनी अवधारणाओं को स्पष्ट करने में मदद करता है और छात्रों को नए ज्ञान को लागू करने के लिए प्रामाणिक और प्रासंगिक संदर्भ प्रदान करता है।

24. _____ motivate the learners to believe in themselves and work harder.
_____ विद्यार्थियों को खुद पर विश्वास रखने और मेहनत करने के लिए अभिप्रेरित करते है।

(a) Shame and hopelessness/शर्मिंदगी और निराशा
(b) Fear and anxiety/भय और उत्कंठा
(c) View of ability as fixed and incontrollable/यह मान्यता कि क्षमता अटल और अनियन्त्रणीय है
(d) View of ability as incremental and controllable/यह मान्यता की क्षमता वार्धिक और नियन्त्रणीय है

Ans. (d) : यह मान्यता की क्षमता वार्धिक और नियन्त्रणीय है विद्यार्थियों को खुद पर विश्वास रखने और मेहनत करने के लिए अभिप्रेरित करते है।

25. The teacher conducts some activities aiming to evoke previous knowledge of students at the starting of teaching-learning process. Which of the following is NOT correct in the context of these activities?
शिक्षक छात्रों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया शुरू कराते समय उनके पूर्व ज्ञान का आह्वान करने के लिए कुछ गतिविधियाँ कराती है। इन क्रियाकलापों के सन्दर्भ में क्या सही नहीं है?

(i) They helps in building connections of knowledge./यह छात्रों में जानकारी का जुड़ाव एवं संबंध बनाने में सहायक है।

(ii) They are waste of time and resources./यह समय और संसाधन की बर्बादी हैं।
(iii) They are not helpful in making the learning process effective./यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में सहायक नहीं है।
(iv) They are positive and psychological initiative to prepare the students for learning./यह अधिगम के लिए तैयार करने की एक सकारात्मक और मनोवैज्ञानिक पहल है।

(a) (i), (iv) (b) (i), (ii)
(c) (iii), (iv) (d) (ii), (iii)

Ans. (d) : शिक्षक छात्रों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया शुरू कराते समय उनके पूर्व ज्ञान का आह्वान करने के लिए कुछ गतिविधियाँ कराती है। इन क्रियाकलापों के सन्दर्भ में गलत कथन हैं–
* यह समय और संसाधन की बर्बादी है।
* यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में सहायक नहीं है।
अतः विकल्प (d) उपयुक्त उत्तर है।

26. A teacher can help the students cope with anxiety :
एक शिक्षक छात्रों को चिंता से निपटने में कैसे मदद कर सकता है?
(a) By giving them severe punishment/उन्हें कड़ी सजा देकर।
(b) By offering rewards/पुरस्कार देकर।
(c) By telling them to do repeated practice through recall/प्रत्यास्मरण व बार-बार अभ्यास करने के लिए कह कर।
(d) By talking to them about their feelings and helping them/उनसे उनकी भावनाओं के बारे मे बात करके और उनको उससे जूझने में मदद करके।

Ans. (d) : एक शिक्षक छात्रों को चिंता से निपटने में उनसे उनकी भावनाओं के बारे में बात करके और उनको उससे जूझने में मदद करके उनकी सहायता कर सकता है। समस्या के बारे में बात करने से शिक्षक उसका विश्लेषण कर सकता है तथा बालक को उस समस्या के मूल कारण को जानकर उसे समाप्त करने का प्रयास करने को कह सकता है। शिक्षकों को छात्रों के साथ परस्पर समझ, स्नेह, विश्वास, सम्मान, देखभाल और सहयोग की भावना प्रदर्शित करनी चाहिए जिससे छात्र निःसंकोच अपनी समस्या उनसे कह सकें।

27. How can teachers encourage children to become intrinsically motivated learners?
शिक्षक बच्चों को आंतरिक रूप से प्रेरित शिक्षार्थी बनने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?
(a) By praising high achievers/उच्च उपलब्धि वाले शिक्षार्थियों की प्रशंसा करके।
(b) By punishing low achievers/कम उपलब्धि वाले शिक्षार्थियों को दंड देकर।
(c) By promoting them to copy the teacher/उन्हें शिक्षक की नकल करने के लिए बढ़ावा देकर।
(d) By inculcating a sense of joy in learning/सीखने में आनंद की भावना पैदा करके।

Ans. (d) : शिक्षक बच्चों को आंतरिक रूप से प्रेरित शिक्षार्थी बनने के लिए उनमें सीखने में आनंद की भावना पैदा करके प्रोत्साहित कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को प्रेरित करने के कई तरीके हैं जिन्हें या तो बाहरी या आंतरिक प्रकार की प्रेरणा में वर्गीकृत किया जा सकता है।
* बाहरी अभिप्रेरणा एक परिणाम प्राप्त करने के लिए एक गतिविधि के प्रदर्शन को संदर्भित करती है और व्यक्ति के बाहर से आती है।
* आंतरिक अभिप्रेरणा उस प्रेरणा को संदर्भित करती है जो स्वयं कार्य में रूचि से प्रेरित होती है और व्यक्ति के भीतर मौजूद होती है।

28. When Zafar asks his middle school students - Today, what did you learn about how you learn? What process is he encouraging?
जब ज़फर अपने माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों से प्रश्न करता है - आज अपने आप कैसे सीखते हैं इसके बारे में क्या सीखा, तो वह कौन से कौशल प्रोत्साहित कर रहा है?
(a) Conditioning/अनुबंधन
(b) Imitation/अनुकरण
(c) Memorization and recall/स्मरण व प्रत्याहार
(d) Metacognition/अधिसंज्ञान

Ans. (d) : जब ज़फर अपने माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों से प्रश्न करता है– आज अपने आप कैसे सीखते हैं इसके बारे में क्या सीखा, तो वह अधिसंज्ञान कौशल प्रोत्साहित कर रहा है। अधिसंज्ञान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शिक्षार्थी अपने विचारों या चिन्तन शैलियों के माध्यम से अपने स्वयं के ज्ञान पर मनन करता है। अधिसंज्ञान चिन्तन और अधिगम दोनों को नियंत्रित करता है, यह अधिगम को शिक्षार्थियों के चिन्तन से जोड़ सकता है।

29. Assertion (A) : A teacher shares with her students how to approach a problem by going through all the steps of problem solving.
Reason (R) : Think-aloud demonstration to students is an effective teaching strategy.
कथन (A) : एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ साझा करती है किस तरह समस्या समाधान के सभी चरणों का पालन करके किसी समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है।
तर्क (R) : अपनी सोच को बोलकर विद्यार्थियों के साथ साझा करना एक प्रभावी शिक्षण कार्यनीति है।
Choose the correct option :/सही विकल्प चुने :
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanations of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों के साथ साझा करती है किस तरह समस्या समाधान के सभी चरणों का पालन करके किसी समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है क्योंकि वह मानती है कि अपनी सोच को बोलकर विद्यार्थियों के साथ साझा करना एक प्रभावी शिक्षण कार्य नीति है। समस्या समाधान की क्षमताएँ वे कौशल हैं जो व्यक्तियों को कुशलता से और प्रभावी ढंग से मुद्दों का समाधान खोजने की अनुमति देते हैं। अतः विकल्प (a) उपयुक्त होगा।

30. Assertion (A) : A child's emotional state effects her performance in school.

Reason (R) : Cognition and emotions are inter-related.

कथन (A) : एक बच्ची की संवेगात्मक मनोस्थिति स्कूल में उसके प्रदर्शन को प्रभावित करती है।

तर्क (R) : संज्ञान व संवेग परस्पर संबंधित है।

Choose the correct option :/सही विकल्प चुने :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।

(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) Both (A) and (R) are false./(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : एक बच्ची की संवेगात्मक मनोस्थिति स्कूल में उसके प्रदर्शन को प्रभावित करती है क्योंकि संज्ञान व संवेग परस्पर संबंधित है। संज्ञान का संवेगों और भाषा के साथ घनिष्ठ संबंध है। दिमागी स्थिति किसी बालक के वर्तमान विचारों और निर्णय लेने के लिए शक्तिशाली निर्धारक होती है, जो अक्सर सामाजिक और गैर-सामाजिक दोनों संदर्भों में एक कार्य प्रदर्शन के परिणाम को प्रभावित करते है। अतः विकल्प (a) उपयुक्त उत्तर है।

SOCIAL SCIENCE

1. The word 'Indus' is called _____ in Sanskrit.
'इण्डस' शब्द को संस्कृत में _____ कहा जाता है।

(a) Hindos/हिंदोस (b) Indos/इण्डोस
(c) Sindhu/सिंधु (d) Bharata/भारत

Ans. (c) : इण्डस शब्द को संस्कृत में 'सिंधु' कहा जाता है। इण्डस शब्द संस्कृत के सिंधु शब्द से लिया गया है, जो सिंधु (इंडस) नदी का स्थानीय नाम है। सिंधु नदी भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम भाग से होकर बहती है। सिंधु का अर्थ समुद्र भी होता है। सिंधु नदी ऐतिहासिक रूप से एशिया में प्रसिद्ध नदी है। यह तिब्बत के पठार से उत्पन्न होती है। और फिर लद्दाख से होकर बहती हुई पाकिस्तान में प्रवेश करती है और अंत में 3180 किमी की दूरी तय करने के बाद अरब सागर में मिल जाती है।

2. Which of the following is a Megalithic site?
निम्नलिखित में से कौन-सा महापाषाण युगीन स्थल है?

(a) Brahmagiri/ब्रह्मगिरि
(b) Daojali Hading/दाओजली हेडिंग
(c) Bhimbetka/भीमबेटका
(d) Mehrgarh/मेहरगढ़

Ans. (a) : ब्रह्मगिरि एक महापाषाण युगीन स्थल है। महापाषाण काल के लोग पशुपालन, कृषि कार्य जैसी क्रियाएँ करते थे। महापाषाण काल में (कुठार संस्कृति) के समय शिशुओं और वयस्कों के शवों को गाड़ने की अनेक विधियाँ प्रचलित थी। ब्रह्मगिरि कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्ग जनपद में स्थित है। इसी क्षेत्र में सिद्धपुर नामक ग्राम है। जहाँ अशोक का एक शिलालेख मिला है। ब्रह्मगिरि में सर्वप्रथम दक्षिण भारत में पाषाण युग के आरम्भ से आद्य ऐतिहासिक काल के आरम्भ तक की मानव संस्कृति के अनेक चरणों के अवशेष प्राप्त हुए है।

3. Which of the following statements are true about Minhaj - a - Siraj, a chronicler in the court of Raziya Sultan?
निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन रज़िया सुल्तान के दरबार में एक इतिहासकार, मिन्हाज-ए-सिराज के संबंध में सही है?

Statement (A) : He recognized that Raziya was more able and qualified than all her brothers.

Statement (B) : He was not comfortable at having a queen as a ruler.

कथन (A) : उसने स्वीकार किया है कि राज़िया अपने सभी भाईयों से अधिक योग्य और सक्षम थी।

कथन (B) : वह एक रानी को शासक के रूप में मान्यता नहीं दे पा रहा था।

Choose the appropriate option./सही विकल्प चुनें।

(a) Only (A) is correct/केवल (A) सही है
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है
(c) Both (A) and (B) are correct/(A) और (B) दोनों सही हैं
(d) Both (A) and (B) are incorrect/(A) और (B) दोनों सही नहीं हैं

Ans. (c) : मिन्हाज - ए - सिराज 13वीं सदी के फारसी इतिहासकार थे। वह उत्तर भारत में दिल्ली के मामलुक सल्तनत के एक प्रमुख इतिहासकार थे। मिन्हाज - ए सिराज ने अपना काम तबकत-ए-नसीरी गुलाम वंश के शासक नसीरूद्दीन महमूद को समर्पित किया। उसने स्वीकार किया कि राजिया अपने सभी भाइयों से अधिक योग्य और सक्षम थी। मिन्हाज-ए-सिराज ने कहा कि रानी का शासन ईश्वर द्वारा बनाई गई आदर्श सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ था। जिसमें महिलाओं को पुरुषों के अधीन माना जाता था। अर्थात् वह एक रानी को शासक के रूप में मान्यता नहीं दे पा रहा था। उन्होने यह बात रजिया सुल्तान के बारे में कही जो अपने पिता इल्तुतमिश की मृत्यु के बाद शासक बनी। अतः कथन (A) और (B) दोनों सही है।

4. **In a history discussion on architecture of Delhi, a teacher needs to focus on :**
दिल्ली की वास्तुकला के इतिहास की कक्षा में चर्चा के समय शिक्षक को जार देना चाहिए :
(A) Imperial assertion and dominance./ साम्राज्यिक दावे और प्रभुत्व पर।
(B) Stylistic superiority compared to earlier architecture./पुरानी वास्तुकला की तुलना में शैलीगत उत्कृष्टता पर।
Option :/विकल्प :
(a) Only (A) is relevant/केवल (A) प्रासंगिक है।
(b) Only (B) is relevant/केवल (B) प्रासंगिक है।
(c) (A) and (B) are both relevant/(A) तथा (B) दोनों प्रासंगिक हैं।
(d) (A) and (B) are irrelevant/(A) तथा (B) अप्रासंगिक हैं।

Ans. (a) : दिल्ली की वास्तुकला का इतिहास की कक्षा में चर्चा के समय शिक्षक को साम्राज्यिक दावे और प्रभुत्व पर जोर देना चाहिए। अतः केवल (A) प्रासंगिक है। दिल्ली की वास्तुकला मुस्लिम शासकों के आगमन के साथ शुरू हुई। दिल्ली में बनने वाली पहली मुस्लिम इमारत कुब्वत-उल-इस्लाम मस्जिद थी, जिसे कुतुब-उद्-दीन ऐबक द्वारा 1206 ई0 में बनाया गया था। अतः शिक्षक को कक्षा में बच्चों को इतिहास से संबंधित प्रमुख तथ्यों को बताना चाहिए जो वास्तुकला से जुड़े हों।

5. **Read statements (A) and (B) and choose the correct option :**
कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें तथा सही विकल्प चुनें।
Statement (A) : Brahmanas were not allowed to eat non-vegetarian food.
Statement (B) : The Brihaddharma Purana, a thirteenth-century Sanskrit text from Bengal, Permitted the local Brahmanas to eat certain varieties of fish.
कथन (A) : ब्राह्मणों को सामिष भोजन करने की अनुमति नहीं थी।
कथन (B) : बृहद्धर्म पुराण, जो बंगाल में रचित तेरहवीं शताब्दी का संस्कृत ग्रंथ है, ने स्थानीय ब्राह्मणों को कुछ खास किस्मों की मछली खाने की अनुमति दे दी।
Option :/विकल्प :
(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है, परन्तु (B) गलत है
(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है, परन्तु (A) गलत है
(c) Both (A) and (B) are false/(A) तथा (B) दोनों गलत हैं
(d) Both (A) and (B) are true/(A) तथा (B) दोनों सही हैं

Ans. (d) : सामिष भोजन, वह भोजन है जिसमें मांस, मदिरा आदि का सेवन किया जाता है। जिसे ब्राह्मणों को खाने की अनुमति नहीं थी। वृहद धर्म पुराण जो 13वीं शताब्दी का संस्कृत ग्रंथ है ब्राह्मणों को बंगाल में एक खास प्रकार की मछली खाने की अनुमति देता है। वृहद धर्म पुराण एक हिन्दू धार्मिक ग्रंथ है जिसे 18 उपपुराणों में से मुख्यतः अंतिम पुराण के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इस प्रकार (A) तथा (B) दोनों सही हैं।

6. **After the revolt of 1857, British introduced the following changes to regain control on India :**
1857 के विद्रोह के बाद, अंग्रेजों ने भारत पर पुनः नियंत्रण पाने के लिए निम्नलिखित बदलाव किए :
(A) Power was transferred from East India Company to the British crown./ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य को हस्तांतरित किए गए।
(B) Proportion of Indian soldiers was increased to appease them./भारतीय सिपाहियों को संतुष्ट करने के लिए उनके अनुपात को बढ़ाया गया।
(C) Policies were made to protect the tillers from landlords./खेतिहरों को भूस्वामियों से सुरक्षित रखने के लिए नीतियाँ बनाई गई।
(D) British decided to respect customary religious and social practices of people in India./अंग्रेजों ने भारत के लोगों के धार्मिक और सामाजिक रीति-रिवाज़ों का सम्मान करने का निर्णय किया।
Choose the correct option :/सही विकल्प चुनें।
(a) (A), (B) and (C) are true/(A), (B) और (C) सही हैं
(b) (B),(C) and (D) are true/(B),(C) और (D) सही हैं
(c) (A) and (D) are true/(A) और (D) सही हैं
(d) (A) and (B) are true/(A) और (B) सही हैं

Ans. (c) : 1857 का विद्रोह भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के खिलाफ एक व्यापक लेकिन असफल विद्रोह था। 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने भारत पर पुनः नियंत्रण पाने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य को हस्तांतरित किए गए। 1857 के विद्रोह का प्रमुख राजनैतिक कारण अंग्रेजों की विस्तारवादी नीति और व्यपगत का सिद्धान्त था। इस विद्रोह के समय भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग थे। अंग्रेजों ने भारत के लोगों के धार्मिक और सामाजिक रीति-रिवाजों का सम्मान करने का भी निर्णय किया। अतः (A) और (D) तथ्य सही है।

7. **Which of the following legislation was enacted in 1720 by the British Government to ban the use of printed cotton textile from India called Chintz in England?**
1720 में ब्रिटिश सरकार ने इंग्लैंड में भारत के छापे गए सूती कपड़े-छींट के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कानून पारित किया :
(a) The Cotton Act/सूती अधिनियम
(b) The Calico Act/कैलिको अधिनियम
(c) The Chintz Act/छींट अधिनियम
(d) The India Trade Act/भारत व्यापार अधिनियम

Ans. (b) : 1720 में ब्रिटिश सरकार ने इंग्लैण्ड में भारत के छापे गए सूती कपड़े-छींट के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने के लिए कैलिको अधिनियम पारित किया। सूती वस्त्र जिसे पुर्तगाली मसालों के साथ यूरोप वापस ले गए, उसे कैलिको (कालीकट से प्राप्त) कहा जाने लगा और बाद में कैलिको सभी सूती वस्त्रों का सामान्य नाम बन गया।

8. Consider the following statements and choose the correct option :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :

Statement (A) : Birsa Munda co-operated with the British Government, Hindu landlords, money lenders and missionaries.

Statement (B) : The land policy of the British Government was destroying the traditional land system of the Mundas, Hindu landlords and money lenders were laking over the land of the Mundas and missionaries were criticising the traditional culture of the Mundas.

कथन (A) : बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी सरकार, हिंदू भूस्वामियों, महाजनों और मिशनरियों का सहयोग किया।

कथन (B) : अंग्रेजों की भूनीतियाँ मुंडाओं के परंपरागत भूमि व्यवस्था को नष्ट कर रही थीं, हिन्दू भूस्वामी और महाजन मुंडाओं जमीन छीनते जा रहे थे और मिशनरी मुंडाओं की परंपरागत संस्कृति की आलोचना करते थे।

Options :/विकल्प :
(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (A) का कारण (B) है।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is not the reason for (A)/(A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (A) का कारण (B) नहीं है।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (B) is true but (A) is false/(B) सही है, किन्तु (A) गलत है।

Ans. (d) : बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी तथा मुंडा जनजाति के लोक शासक थे। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी सरकार हिन्दू भूस्वामियों, महाजनों और मिशनरियों का कभी भी सहयोग नहीं किया था बल्कि अंग्रेजों की भूनीतियाँ मुंडा के परम्परागत भूमि व्यवस्था को नष्ट कर रही थी। मिशनरी उनकी परंपरागत संस्कृति की आलोचना भी करते थे। मुंडा एक जनजातीय समूह है, जो छोटानागपुर पठार के क्षेत्रों में निवास करते है। इस प्रकार (B) कथन सही है, किन्तु (A) गलत है।

9. The Aligarh movement was founded in the year:
अलीगढ़ आन्दोलन का आरम्भ _____ वर्ष में हुआ।
(a) 1865 (b) 1875
(c) 1885 (d) 1895

Ans. (b) : अलीगढ़ आंदोलन का आरम्भ वर्ष 1875 में हुआ था। अलीगढ़ आंदोलन ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अंध-विश्वास की प्रवृत्ति पर रोक लगाई। इस आंदोलन के माध्यम से मुस्लिमों के लिए शिक्षाओं की व्यवस्था वैज्ञानिक दृष्टिकोण से करने की अपील की गई। इस आंदोलन से मुसलमानों में शिक्षा का प्रसार कर रोजगार में वृद्धि पर जोर दिया गया। ताकि मुस्लिम समाज की दशा में सुधार हो सके। यह आंदोलन सर सैयद अहमद खान द्वारा शुरू किया गया था।

10. Who among the following founded the 'Arya Samaj'?
निम्नलिखित में से किसने आर्य समाज की स्थापना की थी?
(a) Raja Ram Mohan Roy/राजाराम मोहन राय
(b) Ishwarchand Vidyasagar/ईश्वर चन्द्र विद्यासागर
(c) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानन्द
(d) Swami Dayanand Saraswati/स्वामी दयानन्द सरस्वती

Ans. (d) : आर्य समाज की स्थापना 1875 ई0 में (मुंबई) स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा की गयी थी। यह समाज वैदिक धर्म का एक सुधार आंदोलन है। यह पाश्चात्य संस्कृति के प्रभावों की प्रतिक्रिया स्वरूप हिन्दू धर्म में सुधार के लिए प्रारंभ हुआ था। आर्य समाज के लोग शुद्ध वैदिक परम्परा में विश्वास करते है। इसमें छुआछूत व जातिगत भेदभाव का विरोध किया गया।

11. Match the following :
निम्नलिखित का मिलान करें :

Column-I/कॉलम- I		Column-II/कॉलम- II	
(a)	Young Bengal Movement/यंग बंगाल मूवमेंट	(i)	Sayyid Ahmad Khan/सैय्यद अहमद खान
(b)	Ramkrishna Mission/रामकृष्ण मिशन	(ii)	Periyar/पेरियार
(c)	Aligarh Movement/ अलीगढ़ आन्दोलन	(iii)	Swami Vivekanand/ स्वामी विवेकानन्द
(d)	Self Respect Movement/स्वाभिमान आन्दोलन	(iv)	Henry Derozio/हेनरी डेरोज़ियो

Choose the correct answer :/सही उत्तर चुनें :
(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

कॉलम –I	कॉलम–II
यंग बंगाल मूवमेंट	हेनरी डेरोजियो
राम कृष्ण मिशन	स्वामी विवेकानंद
अलीगढ़ आन्दोलन	सैय्यद अहमद खान
स्वाभिमान आन्दोलन	पेरियार

12. Consider the following statements and choose the appropriate option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

Statement (A) : The Muslim League announced 16 August 1946 as 'Direct Action Day' for winning the demand for Pakistan.

Statement (B) : The Cabinet Mission succeeded in providing a suitable political framework for free India that was acceptable for both the Congress and the Muslim League.

कथन (A) : पाकिस्तान की अपनी मांग मंगवाने के लिए मुस्लिम लीग ने 16 अगस्त, 1946 को 'प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस' मनाने का आहवान किया।

कथन (B) : कैबिनेट मिशन स्वतंत्र भारत के लिए एक उपयुक्त राजनीतिक बंदोबस्त करने में जो कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों को स्वीकार्य हो सुझाने में सफल रहा।

(a) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)./(A) और (B) दोनों सही है, किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।
(b) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./(A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है।
(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(d) (B) is true but (A) is false./(B) सही है, किन्तु (A) गलत है।

Ans. (c) : मुस्लिम लीग काउंसिल ने 16 अगस्त, 1946 को अंग्रेजों के भारतीय उपमहाद्वीप से चले जाने के बाद एक अलग मुस्लिम राष्ट्र (पाकिस्तान) की अपनी मांग को बल देने के लिए, 'प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस' के रूप में घोषित किया। उनका मुख्य उद्देश्य मुस्लिम बहुमत के साथ एक अलग देश प्राप्त करना था। कैबिनेट मिशन 1946 कांग्रेस और मुस्लिम लीग के सम्बन्ध को सुझाने के लिए नहीं था, बल्कि यह भारत में संविधान निर्माण करने के तरीके पर विचार विमर्श करने हेतु ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेण्ट एटली की अध्यक्षता में भारत आया था। इस प्रकार (A) कथन पूर्णतः सही है, लेकिन (B) कथन गलत है।

13. Consider the statements (A) and (B) on women's participation in the freedom movement of India.
भारतीय सवतंत्रता संग्राम में महिलाओं की सहभागिता के संदर्भ में कथन (A) एवं कथन (B) पर विचार कीजिए :

Statement (A) : A large number of women participated in the Civil Disobedience Movement led by Mahatma Gandhi.

Statement (B) : Both British officials and Indian nationalists felt that women's participation gave the National struggle an immense force.

कथन (A) : बड़ी संख्या में महिलाओं ने महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन में हिस्सा लिया।

कथन (B) : दोनों, अंग्रेजी अधिकारियों तथा राष्ट्रवादी भारतीयों ने यह महसूस किया कि आन्दोलन में महिलाओं की भागीदारी ने राष्ट्रीय आन्दोलन को बहुत ताकत दी है।

Choose the correct answer :/निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें :

(a) (A) is true, (B) is false/(A) सही है, (B) गलत है।
(b) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है, (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true/दोनों (A) एवं (B) सही है।
(d) Both (A) and (B) are false/दोनों (A) एवं (B) गलत है।

Ans. (c) : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका प्रमुख रही है। महात्मा गाँधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन जिसकी शुरूआत 12 मार्च 1930 को साबरमती आश्रम से की गयी थी। इस आंदोलन में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आंदोलन में अरूणा आसफ अली ने गाँधी जी का पूर्ण सहयोग किया था। राष्ट्रवादी आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी के तहत बारदोली सत्याग्रह के दौरान बल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि वहाँ की महिलाओं ने ही दी थी। राष्ट्रवादी भारतीयों और अंग्रेज अधिकारियों ने यह महसूस किया कि आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी ने राष्ट्रीय आंदोलन को बहुत ताकत दी है। इस प्रकार दोनों कथन (A) एवं (B) सही हैं।

14. The meetings of the Constituents Assembly were held in which of the following place/places?
संविधान सभा की बैठकें किस/किन स्थान/स्थानों पर हुई थी?

(i) New Delhi/नई दिल्ली
(ii) Calcutta/कलकत्ता
(iii) Bombay/बॉम्बे
(iv) Madras/मद्रास

Choose the correct answer from the following: /दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Only (i)/केवल (i)
(b) Only (i) and (ii)/केवल (i) तथा (ii)
(c) Only (i), (ii) and (iii)/केवल (i), (ii) तथा (iii)
(d) Only (i), (ii) and (iv)/केवल (i), (ii) तथा (iv)

Ans. (a) : संविधान सभा की बैठक नई दिल्ली में 9 दिसम्बर 1946 को प्रथम बैठक के रूप में जानी जाती है। कैबिनेट मिशन द्वारा प्रदान किए गए ढांचे के आधार पर 9 दिसम्बर 1946 को एक संविधान सभा का गठन किया गया था। इस बैठक में डॉ0 सच्चिदानंद सिन्हा को अस्थाई अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। हालाँकि, 11 दिसम्बर 1946 को डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को स्थायी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। तथा एच.सी. मुखर्जी को संविधान सभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

15. Which among the following is a true statement?
निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) Outer planets are made up of rocks./बाह्य ग्रह चट्टानों से बने हैं।
(b) Outer planets are small planets./बाह्य ग्रह आकार में छोटे ग्रह हैं।
(c) Inner planets are far from the sun./आंतरिक ग्रह सूर्य से बहुत दूर हैं।
(d) Inner planets are made up of rocks./आंतरिक ग्रह चट्टानों से बने हैं।

Ans. (d) : बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल को आंतरिक ग्रह कहा जाता है क्योंकि वे सूर्य और क्षुद्रग्रहों के क्षेत्र के बीच स्थित है। आंतरिक ग्रह चट्टानों और धातुओं से बने होते है। यह उच्च घनत्व वाले भी होते हैं। शेष चार (बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेफ्च्यून) को जोवियन या गैसीय ग्रह कहा जाता है। आंतरिक ग्रह सूर्य के करीबी ग्रह है।

16. Match the following columns.
स्तम्भों का सही मिलान कीजिए :

	Column-A/कॉलम-A		Column-B/कॉलम-B
(a)	Research station in Antarctica/अंटार्कटिका में शोध केन्द्र	(i)	Nile/नील
(b)	The longest river of world/विश्व की सबसे लम्बी नदी	(ii)	Isthmus of Panama/पनामा स्थलसंधि
(c)	The largest river of world/ विश्व की सबसे बड़ी नदी	(iii)	Amazon/अमेजन
(d)	Strip of land between North and South America /उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका के बीच संकरी भूमि	(iv)	Dakshin Gangotri/ दक्षिण गंगोत्री

Choose the correct option :/सही उत्तर चुनें :
(a) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(c) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

कॉलम –A	कॉलम–B
अंटार्कटिका में शोध केन्द्र	दक्षिण गंगोत्री
विश्व की सबसे लंबी नदी	नील
विश्व की सबसे बड़ी नदी	अमेजन
उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका के बीच संकरी भूमि	पनामा स्थलसंधि

17. Consider the following statements about Equator and choose the correct option :
विषुवत वृत्त के बारे में दिए गए निम्न कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) The equator is a real line running on the globe, which divides it into two equal parts./विषुवत वृत्त एक ग्लोब पर खींची गई वास्तविक रेखा है जो ग्लोब को दो भागों में बांटती है।
(B) The equator is the longest latitude./विषुवत वृत्त सबसे लम्बा अक्षांश है।
(C) The equator represents the 180^0 latitude./विषुवत वृत्त 180^0 अक्षांश को दर्शाता है।

Options :/विकल्प :
(a) Only (A) is true/ केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/ केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is true/ केवल (C) सही है।
(d) Only (B) and (C) are true/ केवल (B) तथा (C) सही है।

Ans. (b) : विषुवत वृत्त पृथ्वी की सतह पर उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव से समान दूरी पर स्थित एक काल्पनिक रेखा है। यह पृथ्वी को उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्द्ध में विभाजित करता है। तथा यह पृथ्वी के केन्द्र से सर्वाधिक दूरस्थ भूमध्यरेखीय उभार पर स्थित पूर्व से पश्चिम की ओर खींची गई काल्पनिक रेखा को विषुवत रेखा (भूमध्य रेखा) कहते है। अतः विषुवत वृत्त सबसे लम्बी अक्षांश रेखा है। यह कथन सही है।

18. Consider the following statements about Meridians.
The Meridians _____.
'याम्योतरों' के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:
याम्योत्तर _____।

(A) are lines of longitude/देशांतरीय रेखाएँ हैं
(B) are parallel lines to equator/विषुवत वृत्त के समांतर रेखाए हैं
(C) are semicircles and the distance between them decreases steadily towards pole until it becomes zero at the poles/ये अर्धवृत्त हैं तथा उनके बीच की दूरी ध्रुवों की तरफ घटती जाती है एवं ध्रुवों पर शून्य हो जाती है

Choose the correct answer :/सही विकल्प का चयन कीजिए :
(a) (A) and (B) are correct/(A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are correct/(B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are correct/(A) तथा (C) सही हैं।
(d) (A), (B) and (C) are all correct/(A), (B) तथा (C) सभी सही हैं।

Ans. (c) : किसी स्थान की स्थिति को बताने के लिए उस स्थान के अक्षांश के अतिरिक्त कुछ अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होती है। प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा द्वीप एवं हिन्द महासागर में स्थित मॉरीशस द्वीप एक ही अक्षांश पर स्थित है। याम्योत्तर रेखाओं

को देशांतरीय याम्योत्तर कहते है। तथा उनके बीच की दूरी को देशांतर के अंशों में मापा जाता है। प्रत्येक अंश को मिनट में तथा मिनट को सेकेंड में विभाजित किया जाता है। ये अर्धवृत्त हैं तथा उनके बीच की दूरी ध्रुवों की तरफ बढ़ने पर घटती जाती है। तथा ध्रुवों पर शून्य हो जाती है, जहाँ सभी देशांतरीय याम्योत्तर आपस में मिलती हैं। अतः (A) और (C) सही है।

19. Consider the following statements about coral reefs and choose the correct option :
प्रवाल भित्तियों के बारे में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) Corals are skeletons of large marine animals./ प्रवाल बड़े समुद्री जीवों के कंकाल हैं।

(B) Coral reefs play an important role in protecting the coastline from erosion./प्रवाल भित्तियाँ समुद्र तट को कटाव से रोकने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

(C) When the living polyps die, their skeletons are left and collection of these skeletons form coral island./जब जीवित पॉलिप मरते है तब उनके कंकाल बच जाते हैं। इन कंकालों के इकट्ठे होने से प्रवाल द्वीप बनते हैं।

Options :/विकल्प :

(a) (A) and (B) are true/(A) और (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are true/(B) और (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are true/(A) और (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are true/(A), (B) और (C) सभी सही हैं।

Ans. (b) : प्रवाल पॉलिप्स कम समय तक जीवित रहने वाले सूक्ष्म प्राणी है, जो कि समूह में रहते है इनका विकास छिछले समुद्र तथा गर्म जल में होता है। इनसे कैल्शियम कार्बोनेट का स्राव होता है। यह समुद्र तट को कटाव से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऑस्ट्रेलिया का ग्रेट बैरियर रीफ प्रवाल रोधिका का अच्छा उदाहरण है। प्रवॉल वलय हॉर्स शू आकार वाले रोधिका होते हैं। प्रवॉल का निर्माण जीवित पॉलिप के मरने के पश्चात बचे हुए कंकाल से होता है। अतः (B) और (C) सही है।

20. An elementary teacher wants to introduce the theme 'Life in the Deserts' to her class. Which of the following characteristic has to be part of the class discussion?
एक प्रारंभिक स्तर की शिक्षिका अपनी कक्षा में 'रेगिस्तान में जीवन' की थीम पढ़ाना चाहती है। निम्न में से किन विशेषताओं को कक्षा की चर्चा में स्थान मिलना चाहिए?

(A) Extreme temperature/अत्यधिक तापमान
(B) Low rainfall/निम्न वर्षा
(C) Scanty vegetable/बहुत कम वनस्पति
(D) Arid region/शुष्क प्रदेश

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (B), (C) and (D)/ (B), (C) और (D)
(c) (A), (C) and (D)/ (A), (C) और (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)/(A), (B), (C) और (D) सभी

Ans. (d) : एक प्रारंभिक स्तर की शिक्षिका अपनी कक्षा में 'रेगिस्तान में जीवन' की थीम पढ़ाना चाहती है, शुष्क प्रदेश की विशेषताओं को कक्षा की चर्चा में स्थान मिलना चाहिए। जहाँ पर अत्यधिक तापमान, निम्न वर्षा, तथा बहुत कम वनस्पति की विशेषता होती है।
राजस्थान की जलवायु में शुष्क उष्ण मरूस्थलीय जलवायु की दशाएँ पाई जाती है। इस क्षेत्र में वनस्पति का अभाव पाया जाता है तथा कुछ भागों में जल प्राप्ति से विशेष प्रकार की कँटीली झाड़ियाँ उग जाती है।

21. A geography teacher in elementary school wants to discuss about monuments built with metamorphic rocks. Which of the following example could she use?
भूगोल की एक शिक्षिका अपनी प्रारंभिक स्तर की कक्षा में कायांतरित शैलों से बने स्मारकों के बारे में चर्चा करना चाहती है। निम्न में से किन उदाहरणों को उसे प्रयोग में लाना चाहिए?

(A) The Taj Mahal/ताज महल
(B) The Red Fort/लाल किला

Choose the appropriate option :/सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Only (A)/ केवल (A)
(b) Only (B)/ केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/ (A) तथा (B) दोनों
(d) Neither (A) nor (B)/ न तो (A) और न ही (B)

Ans. (a) : भूगोल की एक शिक्षिका अपनी प्रारंभिक स्तर की कक्षा में कायांतरित शैलों से बने स्मारकों के बारे में चर्चा करना चाहती है। शिक्षिका को ताजमहल का उदाहरण कक्षा में प्रयोग करना चाहिए क्योंकि ताजमहल का निर्माण मकराना मार्बल से बना है जो मूल रूप से चूना पत्थर के कायांतरण से बनता है। जबकि लाल किला यह लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है। इसलिए विकल्प (a) सही है।

22. Match the weather instruments given in column I with weather phenomena given in column II and choose the appropriate option :
कॉलम-I में दिए गए मौसम मापकों का कॉलम-II में दी गई मौसमी घटना से मिलान कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

Column-I/कॉलम-I		Column-II/कॉलम-II	
(a)	Thermometer/ थर्मामीटर	(i)	Direction of the wind/पवन की दिशा
(b)	Barometer/वायुदाबमापी	(ii)	Amount of rainfall/वर्षा की मात्रा
(c)	Wind Vane/वात-दिग्दर्शी	(iii)	Air temperature/ वायु का तापमान
(d)	Rain Gauge/वर्षा मापी	(iv)	Air pressure/ वायुदाब

Options :/विकल्प :

(a) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(b) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

Ans. (c) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

कॉलम –I	कॉलम–II
थर्मामीटर	तापमान
वायुदाबमापी	वायुदाब
वात दिग्दर्शी	पवन की दिशा
वर्षा मापी	वर्षा की मात्रा

23. Which among the following statement(s) about Stratosphere is/are correct?
समतापमंडल के बारे में निम्न में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) This layer is almost free from clouds and associated weather phenomenon./यह परत बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है।
(b) It contains a layer of ozone./इसमें ओजोन की परत होती है।
(c) Meteoroids burn up in this layer./उल्का पिंड इस परत में जल जाते हैं।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) (a) and (b)/ (a) और (b)
(b) (a) and (c)/ (a) और (c)
(c) (b) and (c)/ (b) और (c)
(d) Only (a)/ केवल (a)

Ans. (a) : समताप मंडल में ओजोन परत पाई जाती है। इसको ओजोन मंडल भी कहते है। क्षोभ मण्डल सीमा के ऊपर समताप मंडल का विस्तार पाया जाता है। इस मंडल में बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाएँ नहीं होती हैं। बादल एवं मौसम की समस्त घटनाए क्षोभ मंडल में होती है, न कि समताप मंडल में। इसलिए (a) और (b) कथन सही हैं।

24. Which of the following is/are example(s) of the assertion that cultural differences existing in the world is the outcome of human interaction with the environment?
निम्नलिखित में से कौन-सा/से इस दावे के उदाहरण हैं कि विश्व में पाए जाने वाले सांस्कृतिक अंतर मानव के अपने पर्यावरण के साथ की गई अन्तर्क्रिया का ही परिणाम हैं।

(A) People of Amazon basin live in houses with a steeply slanting roof./ अमेज़न बेसिन में लोग तीव्र ढलान वाली छतों के मकान में रहते हैं।
(B) People of Amazon practice 'slash and burn agriculture'./अमेज़न बेसिन में लोग 'कर्तन व दहन कृषि पद्धति' का प्रयोग करते हैं।
(C) People in Bihar and Assam make handicrafts from silk.बिहार तथा असम के लोग सिल्क से हस्तशिल्प बनाते हैं।

Options :/विकल्प :

(a) Only (A) and (B)/ केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/ केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/ केवल (A) और (C)
(d) All (A), (B) and (C)/ सभी (A), (B) और (C)

Ans. (d) : विश्व में पाए जाने वाले सांस्कृतिक अंतर मानव के अपने पर्यावरण के साथ की गई अन्तर्क्रिया का ही परिणाम है इसके संबंध में निम्न उदाहरण है–

* अमेजन बेसिन भूमध्य रेखा के आस-पास फैला है पूरे वर्ष यहाँ गर्म एवं नम जलवायु रहती है। वर्षावन अत्यधिक मात्रा में घरो के लिए लकड़ी प्रदान करते है। कुछ परिवार मधुमक्खी के छत्ते के आकार वाले छप्पर के घरों में रहते है जबकि कुछ लोग 'मलोका' कहे जाने वाले अपार्टमेंट जैसे घरों में रहते है जिनकी छत तीव्र ढलान वाली होती है।
* अमेजन बेसिन में लोग कर्तन एवं दहन कृषि पद्धति का प्रयोग करते है। इस पद्धति में किसान पहले वृक्षों एवं झाड़ियों को काटकर भूमि साफ करते है। फिर इनको जलाया जाता है। जिससे पोषक तत्व मिट्टी में मिल जाते है और फसल की पैदावार अच्छी होती है।
* असम तथा बिहार में लोग टोकरी बनाने, चटाई बनाने में सिल्क से हस्तशिल्प बनाने में प्रसिद्ध है। अतः (A), (B) और (C) कथन सही है।

25. Consider the following statements.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

Statement (A) : A pleasant beautiful landscape is not a resource.
Statement (R) : A resource must always have an economic value.
कथन (A) : एक सुखद मनोरम भूदृश्य एक संसाधन नहीं है।
कथन (R) : एक संसाधन को हमेशा आर्थिक मूल्य वाला होना अनिवार्य है।

Choose the correct option:/सही विकल्प चुनें :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ Both (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (d) : भूदृश्य वास्तुकला मानव उपयोग और आमोद के लिए रहन-सहन सुव्यवस्थित करने का एक महत्वपूर्ण संसाधन होता है। एक संसाधन को हमेशा आर्थिक मूल्य वाला होना आवश्यक नहीं होता है। इसलिए (A) और (R) कथन दोनों गलत है।

26. Read the following statements about sustainable development.
सततपोषणीय विकास के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए।

Statement (A) : **Sustainable development is a process of maximum exploitation of resources.**

Statement (B) : **In absence of sustainable development non-renewable resources can definitely get exhauste.**

कथन (A) : **सततपोषणीय विकास का तात्पर्य संसाधनों का अधिकतम दोहन करना है।**

कथन (B) : **सततपोषणीय विकास के अभाव में अनवीकरणीय संसाधन निश्चित रूप से शीघ्र समाप्त हो सकते हैं।**

Choose the correct option./सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Both (A) and (B) are true, and (B) is the correct explanation of (A)/ दोनों (A) तथा (B) सही हैं और (B) सही व्याख्या करता है (A) की।

(b) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A)/ दोनों (A) तथा (B) सही हैं, किन्तु (B) सही व्याख्या नहीं करता (A) की।

(c) (A) is true, but (B) is false/(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।

(d) (A) is false, but (B) is true/(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (d) : सततपोषणीय विकास, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों तथा पर्यावरण में बिना किसी हानि के वर्तमान तथा भविष्य की पीढ़ियों दोनों के जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना है। यहाँ पर संसाधनों का अत्यधिक उपयोग होता है न कि दोहन अतः (A) कथन गलत है। सततपोषणीय विकास का अगर अभाव होता है तो अनवीकरणीय संसाधन निश्चित रूप से शीघ्र समाप्त हो सकते है। इसलिए सततपोषणीय विकास का नियमित उपयोग होना चाहिए । (B) कथन सही है।

27. Consider the following statements :
निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

Statement (A) : **In mixed farming the land is used for growing food and fodder crops and rearing livestock.**

Statement (B) : **Shifting cultivation is practised in the semi-arid and arid regions.**

कथन (A) : **मिश्रित कृषि में भूमि का उपयोग भोजन एवं चारे की फसल उगाने और पशुपालन हेतु किया जाता है।**

कथन (B) : **स्थानांतरीय कृषि मुख्यतः अर्धशुष्क व शुष्क प्रदेशों में प्रचलित हैं।**

Choose the correct option :/सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A) is true/ केवल (A) सही है।

(b) Only (B) is true/ केवल (B) सही है।

(c) Both (A) and (B) are true/ दोनों (A) तथा (B) सही हैं।

(d) Neither (A) nor (B) is true/ न तो (A) सही है और न ही (B) सही हैं।

Ans. (a) : मिश्रित कृषि में फसलों के उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन भी किया जाता है। इसमें एक बार में एक से अधिक फसल एक जगह पर उगाया जाता है। स्थानांतरी कृषि उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र में प्रचलित है न कि अर्धशुष्क क्षेत्र में इसलिए (A) कथन सही है।

28. In Ladakh, local versions of the Tibetan National epic 'kesar saga' is/are sung and performed by which of the following religion/s people ?
लद्दाख में किस धर्म के लोग, तिब्बत का मौखिक संग्रह ग्रंथ 'केसर सागा' को गाते हैं और उस पर नाटक खेलते हैं?

(a) Only Buddhists/केवल बौद्ध

(b) Muslims and Buddhists/मुसलमान और बौद्ध

(c) Hindus and Buddhists/हिन्दू और बौद्ध

(d) Only Hindus/केवल हिन्दू

Ans. (b) : लद्दाख में मुसलमान और बौद्ध धर्म के लोग तिब्बत का मौखिक संग्रह ग्रंथ 'केसर सागा' को गाते है। और उस पर नाटक खेलते है। लद्दाख को छोटा तिब्बत भी कहा जाता है। इस क्षेत्र में चार सौ साल से भी पहले इस्लाम की शुरूआत हुई थी और यहाँ मुस्लिम आबादी काफी है। लद्दाख में गीतों और कविताओं को गाने की मौखिक परम्परा है। तिब्बती राष्ट्रीय महाकाव्य 'केसर सागा' के स्थानीय संस्करण यहाँ मुसलमानों और बौद्धों दोनों द्वारा गाए जाते हैं।

29. Which among the following is not representative of diversity?
निम्नलिखित में से क्या विविधता का एक उदाहरण नहीं माना जा सकता?

(a) Multilingual Society/बहुभाषी समाज

(b) Caste System/जाति व्यवस्था

(c) Religion pluralism/धार्मिक बहुलवाद

(d) Multi culturalism/बहु संस्कृतिवाद

Ans. (b) : 'जाति व्यवस्था' विविधता का एक उदाहरण नहीं माना जा सकता। विविधता से तात्पर्य जहाँ विभिन्न धर्म, जाति, लिंग, बहुसंस्कृतिवाद तथा बहुभाषा के समाज हो वह विविधता कहलाती है।

30. When were the Electronic Voting Machines (EVM) used in general elections in India for the first time?
भारत में आम चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम) का प्रयोग सर्वप्रथम कब हुआ?

(a) 2004 (b) 2014

(c) 2009 (d) 1999

Ans. (d) : भारत में आम चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) का प्रयोग सर्वप्रथम सन् 1999 में हुआ था। ई.वी.एम. ने भारत में स्थानीय, राज्य और (संसदीय) चुनावों में पेपर युक्त मत पत्रों का स्थान लिया है। ई.वी.एम. की सुरक्षा पर भी राजनीतिक दलों ने प्रश्न चिह्न उठाए थे, जो कि सिद्ध नहीं हो सका था। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और कई राजनीतिक दलों के मांग के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) प्रणाली के साथ ईवीएम लागू करने का फैसला किया।

31. In different talukas of various districts, land disputes are largely taken care of by the _____.
कई जिलों के विभिन्न तालुकों में, भूमि के मामलों का निपटारा _____ द्वारा किया जाता है।

(a) District Collector/जिला अधिकारी
(b) Tehsildar/तहसीलदार
(c) Patwari/पटवारी
(d) Gram Panchayat/ग्राम पंचायत

Ans. (b) : कई जिलों के विभिन्न तालुकों में, भूमि के मामलों का निपटारा 'तहसीलदार' द्वारा किया जाता है। जमीन संबंधी विवादों का निपटारा सिविल प्रक्रिया के द्वारा किया जाता है। जिसमें तहसीलदार की प्रमुख भूमिका निभाता है।

32. Which of the following is relevant for a cooperative?
निम्नलिखित में से कौन-सा सहकारी संस्था के संदर्भ में प्रासंगिक है?

(A) Brings higher income and reduces dependence on merchants/बेहतर आय उपलब्ध कराती है और व्यापारियों पर कम निर्भरता रहती है।
(B) Supports large companies/बड़ी कम्पनियों को सहायता करती है।
(C) Increases capabilities of members/ सदस्यों की क्षमता बढ़ाती है।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A) and (B) only/केवल (A) और (B)
(c) (A) and (C) only/केवल (A) और (C)
(d) (B) and (C) only/केवल (B) और (C)

Ans. (c) : सहकारी संस्था में व्यक्ति अपने आर्थिक हितों के लिए कार्य करते हैं। यह अपनी सहायता स्वयं और परस्पर सहायता के सिद्धान्त पर करती है। यह बेहतर आय उपलब्ध कराती है और व्यापारियों पर निर्भरता कम करती है तथा सदस्यों की क्षमता बढ़ाती है। यह पूंजीवादी तथा समाजवादी दोनों प्रकार के आर्थिक तंत्रों में पायी जाती है। सहकारी संस्था का नियंत्रण लोकतांत्रिक तरीके से होता है तथा यहाँ पर एक व्यक्ति एक मत की संकल्पना पर आधारित होता है।
अतः सहकारी संस्था के संदर्भ में कथन (A) और (C) सही है।

33. Which of the following statement is true about weekly markets?
साप्ताहिक बाजार के बारे में निम्न में से कौन-सा वाक्य सही है?

(a) Weekly markets have permanent shops which open on a specific day of the week./साप्ताहिक बाजार में पक्की दुकानें होती हैं जो सप्ताह में किसी विशेष दिन पर ही खुलती हैं।
(b) Traders at weekly market have to pay rent, electricity bill and wages to workers./साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों को किराया, बिजली का बिल और कर्मचारियों को तनख्वाह देनी पड़ती है।
(c) Most of the things people need are available at one place in weekly markets./साप्ताहिक बाजार में ज़रुरत का सभी सामान एक ही जगह पर मिल जाता है।
(d) Most of the things available in the weekly market are relatively higher priced./साप्ताहिक बाजार में मिलने वाली अधिकतर वस्तुएँ अधिक कीमत में मिलती हैं।

Ans. (c) : साप्ताहिक बाजार, यह नाम से ही स्पष्ट है कि सप्ताह के किसी एक दिन लगता है। इस साप्ताहिक बाजार में रोज खुलने वाली पक्की दुकानें नहीं होती है। साप्ताहिक बाजारों में बहुत-सी चीजें सस्ते दामों पर मिल जाती है। साप्ताहिक बाजारों में बेची जाने वाली चीजों को दुकानदार अपने घरों में ही जमा करके रखते है। साप्ताहिक बाजार में एक ही तरह के सामानों के लिए कई दुकानें होती है, जिसमें उनमें आपस में खुली प्रतियोगिता भी होती है। यदि एक दुकानदार किसी वस्तु के लिए अधिक कीमत माँगता है तो लोगों के पास यह विकल्प होता है, कि वे अगली दुकानों पर वही सामान देख लें। साप्ताहिक बाजारों का एक फायदा यह होता है कि जरूरत का सभी सामान एक ही जगह पर मिल जाता है। सब्जियों, कपड़ों किराना सामान से लेकर बर्तन तक सभी चीजें यहाँ उपलब्ध होती है। अलग-अलग तरह के सामान के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में जाने की जरूरत भी नहीं होती है।

34. Which movement demanded equal rights for African American people in USA?
कौन-सा आंदोलन संयुक्त राज्य अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकन लोगों के लिए समान अधिकारों की माँग कर रहा था?

(a) Abolition Movement/उन्मूलन आंदोलन
(b) Civil Rights Movement/नागरिक अधिकार आंदोलन
(c) Labour Movement/मजदूर आंदोलन
(d) Women's Rights Movement/स्त्री अधिकार आंदोलन

Ans. (b) : नागरिक अधिकार आंदोलन संयुक्त राज्य अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकी लोगों के लिए समान अधिकारों की मांग कर रहा था। यह आंदोलन 1954 और 1968 के बीच शुरू हुआ था। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य नस्लीय भेदभाव को गैर-कानूनी घोषित करना और दक्षिणी देशों में मतदान अधिकार को पुनः स्थापित करना था।

35. Which of the following statement is correct about advertisements?
विज्ञापनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(A) Ensures consumers take critically informed decisions to buy products./सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता उत्पाद क्रय करने के लिए तार्किक समझ और सूचित निर्णय लें।

(B) Appeals to personal emotions to make purchases./खरीद के लिए निजी भावनाओं की अपील करता है।

(C) Make consumers believe that brands are better./उपभोक्ता को विश्वास दिलाता है कि ब्रांड उत्तम है।

(D) Showcasing advertisements in electronic media is very expensive./विज्ञापनों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में दिखाना बहुत महंगा है।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Only (A), (B) and (C)/ केवल (A), (B) और (C)
(b) Only (B), (C) and (D)/ केवल (B), (C) और (D)
(c) Only (A), (C) and (D)/ केवल (A), (C) और (D)
(d) (A), (D) and (B)/ (A), (D) और (B)

Ans. (b) : विज्ञापन, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का एक प्रचार का अच्छा माध्यम है। जिसमें वस्तुओं की खरीद के लिए निजी भावनाओं की अपील की जाती है। विज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ता को यह विश्वास दिलाया जाता है कि अमुक वस्तु अच्छी है। जब ग्राहक को यह विश्वास हो जाता है तो वह संबंधित वस्तु की खरीद की तरफ विश्वास के साथ बढ़ता है। विज्ञापनों को वर्तमान के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में दिखाना बेहद खींचता है। इस प्रकार विज्ञापन के संदर्भ में (B), (C) और (D) कथन सही हैं।

36. What is the relationship between State and Religion according to the Indian Constitution?
भारतीय संविधान के अनुसार राज्य और धर्म के बीच क्या संबंध है?

(a) They are strictly separate from each other/वे एक दूसरे से पूर्णतः अलग है
(b) They follow principled distance from each other/उनके बीच एक सैद्धांतिक फासला है
(c) They are not separated from each other/दोनों के बीच कोई फासला नहीं है
(d) They are arbitrarily separated from each other/उनके बीच अतार्किक फासला है

Ans. (b) : भारतीय संविधान के अनुसार राज्य और धर्म के बीच एक सैद्धान्तिक फासला है। भारतीय संविधान धार्मिक समुदायों को अपने स्कूल और कॉलेज खोलने का अधिकार देता है। गैर-प्राथमिकता के आधार पर राज्य से उन्हें सीमित आर्थिक सहायता भी मिलती है। भारतीय धर्म निरपेक्षता और अमेरिकी धर्म निरपेक्षता के बीच एक विशेष फर्क है ऐसा इसलिए है कि अमेरिकी धर्म निरपेक्षता में धर्म और राज्य के बीच स्पष्ट अलगाव के विपरीत भारतीय धर्म निरपेक्षता में राज्य को धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने की छूट दी गई है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता में राज्य धर्म से अलग तो है, लेकिन धर्म से उसका फासला सैद्धान्तिक है। इसका आशय यह है कि संविधान में दिए गए आदर्शों के आधार पर राज्य किसी भी धर्म के मामले में हस्तक्षेप कर सकता है।

37. If A is elected as the President of India, which of the following decision can A take by herself?
अगर A भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुनी जाती है, तो निम्नलिखित में से कौन सा निर्णय वह अपने आप ले सकती है?

(a) Can select a person of her choice to be the Prime Minister./प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी पसंद के व्यक्ति को चुन सकती है।
(b) Nominate the leader of her choice to the Council of Minister./मंत्री परिषद् के लिए अपनी पसंद के नेता को नामांकित कर सकती है।
(c) Ask for reconsideration of a bill passed by both the houses./दोनों सदनों से पारित विधेयक पर पुर्नविचार करने के लिए कह सकती है।
(d) Dismiss a Prime minister despite the person having a full majority in the lower house./निचले सदन में पूर्ण बहुमत होने के बाद भी प्रधानमंत्री को पदच्युत कर सकती है।

Ans. (c) : अगर A भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुनी जाती है तो वह दोनों सदनों से पारित विधेयक पर पुर्नविचार करने के लिए कह सकती है। दोनों सदनों द्वारा विधेयक पारित कर दिया गया हो परन्तु राष्ट्रपति की स्वीकृति हेतु लंबित हो, तो वह व्यपगत नहीं होगा। यदि दोनों सदनों द्वारा पारित परन्तु सदन के पुनर्विचार के लिए राष्ट्रपति द्वारा लौटाया गया विधेयक व्यपगत नहीं होगा। किसी भी धन विधेयक को केवल लोक सभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। लोक सभा में पारित होने के बाद उसे राज्य सभा में भेज दिया जाता है। अगर विधेयक में कोई गतिरोध की स्थिति उत्पन्न होती है राष्ट्रपति दोनों सदनों के सत्र आहूत करता है। तथा उसकी अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष करता है।

38. With regard to First Information Report, consider the following statements and choose the correct option.
प्रथम सूचना रिपोर्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए :

(I) The complainant does not have the legal right to get a copy of the FIR that she/he has lodged for a cognizable offence./शिकायत करने वाले को एफ.आई.आर. की नकल प्राप्त करने का कानूनी अधिकार नहीं है जिसकी उसने एक संज्ञेय अपराध की एफ.आई.आर. दर्ज कराई है।

(II) The information for FIR can be given by the complainant to the police only in writing and not through verbal communication./शिकायत करने वाला एफ.आई.आर. की सूचना मौखिक रूप में नहीं वरन् केवल लिखित रूप में पुलिस को दे सकता है।

Options :/विकल्प :

(a) Only (I) is correct/ केवल (I) सही है।
(b) Only (II) is correct/ केवल (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are correct/ (I) और (II) दोनों सही हैं।
(d) Both (I) and (II) are incorect/ (I) और (II) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) यह प्रायः अपराध के शिकार व्यक्ति द्वारा पुलिस के पास एक शिकायत के रूप में दर्ज कराई गई सूचना है। किसी अपराध के बारे में पुलिस को कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित रूप से सूचित कर सकता है। FIR पुलिस द्वारा तैयार किया हुआ एक प्रमुख दस्तावेज है, जिसमें अपराध की सूचना वर्णित होती है। शिकायत दर्ज करने वाले को एफ.आई.आर. की नकल प्राप्त करने का कानूनी अधिकार होता है। जिसे वह रिकॉर्ड के तौर पर अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षित रख सकता है। अतः प्रथम सूचना रिपोर्ट के संदर्भ में दिए गए दोनों कथन गलत हैं।

39. Niyamgiri hill located in the kalahandi district of Odisha, is home to which of the following tribes?
उड़ीसा के कालाहाँडी जिले में स्थित न्यामगिरी पहाड़ी निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति का इलाका है?

(a) Bhils/भील
(b) Santals/संथाल
(c) Gonds/गोंड
(d) Dongaria Konds/डोंगरिया कोंड

Ans. (d) : उड़ीसा (ओडिशा) के कालाहाँडी जिले में स्थित न्यामगिरि पहाड़ी डोंगरिया कोंड जनजाति का इलाका है। यह जनजाति आदिवासी पहाड़ों में बॉक्साइट के खनन के कारण लगातार विस्थापित हो रहे है। अनेक वैधानिक उपायों के बावजूद डोगरिया समुदाय अभी भी पिछड़े है और मुख्यधारा से अलग-थलग हैं। इसका मुख्य कारण है शिक्षा एवं संचार साधनों की पहुँच इन दुर्गम क्षेत्रों तक न होना।

40. Read the following (A) and (B) in the context of laws, and idenitify which law protects the interests of the marginalised?
कानूनों के संदर्भ में निम्नलिखित (A) तथा (B) को पढ़िए तथा पहचानिये कि कौन-सा कानून हाशियेकृत लोगों के हित में हैं?

(A) Law specifying that adequate safety measures be ensured in the work place./कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था को निश्चित करने वाले कानून।
(B) Law requiring that the quality of goods ment certain prescribed standards./चीजों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने वाले कानून।

Choose the correct option :/सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Only (A)/ केवल (A)
(b) Only (B)/ केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/ दोनों (A) तथा (B)
(d) Neither (A) nor (B)/ न तो (A) और न ही (B)

Ans. (a) : कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था को निश्चित करने वाले कानून हाशियेकृत लोगों के हित में है। कानून बनाने और लागू करने वाली संस्था के नाते यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि सुरक्षा कानूनों को सही ढंग से लागू किया जाए। सरकार को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनु0 21 में दिए गए जीवन के अधिकार का उल्लंघन न हो।

41. The National Curriculum Framework, (2005) suggests :
राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2005) सुझाती है :

(a) Inclusion of local examples in the curriculum of history/इतिहास के पाठ्यक्रम में स्थानीय उदाहरणों का समावेश।
(b) Social Science curriculum as utilitarian in nature./सामाजिक विज्ञान का पाठ्यक्रम स्वभाव में व्यावहारिक है।
(c) Increasing curiosity in learners within the scope of the textbooks./पाठ्यपुस्तकों के दायरे में अधिगमकर्ताओं में उत्सुकता को बढ़ावा।
(d) Perpetuating the status quotes in society./समाज में यथा-स्थिति बनाए रखना।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Only (a) and (b)/ केवल (a) और (b)
(b) Only (b), (c) and (d)/ केवल (b), (c) और (d)
(c) Only (c) and (d)/ केवल (c) और (d)
(d) Only (a), (b) and (c)/ केवल (a), (b) और (c)

Ans. (d) : राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 यह सुझाव देती है कि इतिहास के पाठ्यक्रम में स्थानीय उदाहरणों का पूरी तरह से समावेश हो जैसे उदाहरण देने से बालक कठिन विषय वस्तु को भी सरलता से सीख सकते हैं। बालकों के ज्ञान को स्कूल के बाहरी जीवन में जोड़ना चाहिए। सामाजिक विज्ञान का पाठ्यक्रम का आधार उनके व्यवहार के अनुकूल हो जिससे वे सीखने तथा ज्ञान प्राप्त करने में असहज न महसूस करें।
अधिगमकर्ता में उत्सुकता की वृद्धि हो, इसके लिए पाठ्यचर्या को इस तरह संवर्धन करें कि बच्चों का चहुँमुखी विकास के अवसर प्राप्त हों।
अतः (a), (b) और (c) कथन सही हैं।

42. Which of the following is true about Social Science? Choose the appropriate option.
निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में सही है? उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) Facts are sacrosanct and not to be questioned./तथ्य परमपावन हैं तथा इन पर प्रश्न नहीं कर सकते।
(b) Teaching of controversial issues should be avoided in upper Primary classes./उच्च प्राथमिक कक्षाओं में विवादास्पद मामलों के शिक्षण से बचना चाहिए।

Options :/विकल्प :

(a) (a) is correct/(a) सही है।
(b) (b) is correct/(b) सही है।
(c) Both (a) and (b) are correct/ (a) और (b) दोनों सही हैं।
(d) Both (a) and (b) are incorrect/ (a) और (b) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : उच्च प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षक एवं छात्र को किसी कठिन विषय वस्तु पर विवाद के स्थान पर एक साथ आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए शिक्षक को संबंधित विषय पर छात्र की मदद करनी चाहिए। इससे कथा का वातावरण अधिगम परिपूर्ण बना रहता है। किसी भी संबंधित तथ्य पर छात्र को शिक्षक से प्रश्न करना चाहिए, इसमें शिक्षक एवं छात्रों के मध्य अन्योनक्रिया वातावरण का निर्माण होता है। अतः सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में (a) और (b) दोनों कथन गलत है।

43. Following statements are related to concept mapping. Choose the correct option.
निम्नलिखित कथन 'कॉन्सेप्ट मैपिंग' अवधारणा मानचित्रण संबंधित हैं, सही विकल्प का चयन करें :

Statement (A) : Concept map are represented in hierarchical fashion with most inclusive concept at the top.

Statement (B) : Concept map is grounded in theory of assimilation.

कथन (A) : अवधारणा मानचित्र पदानुक्रम में व्यवस्थित अवधारणाओं की ऐसी व्यवस्था है जिसमें समावेशी अवधारणा सबसे शीर्ष पर होती है।

कथन (B) : अवधारणा मानचित्र 'मिलान' के सिद्धांत पर आधारित है।

Options :/विकल्प :

(a) Only statement (A) is true/ केवल कथन (A) सही है।
(b) (A) and (B) both statements are true/कथन (A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(c) Only statement (B) is true/ केवल कथन (B) सही है।
(d) Statement (A) is true but (B) is wrong/ कथन (A) सत्य है, जबकि कथन (B) असत्य है।

Ans. (b) : अवधारणा मानचित्र विद्यार्थियों के पूर्व-ज्ञान और विचारों को जानने का एक तरीका है। यह मानचित्र एक बिल्कुल अलग परन्तु एक पूरक तकनीकि है। यह विचारों के संगठन और अवधारणाओं के बीच के संबंध स्थापित करती है।
इस अवधारणा मानचित्र में समावेशी अवधारणा सबसे शीर्ष पर होती है। इस मानचित्र में अवधारणाओं को एक तीर से जोड़ा जाता है। और शब्द उस जुड़ाव के बारे में समझाते है। अवधारणा मानचित्र मिलान के सिद्धान्त पर आधारित है। अतः अवधारणा मानचित्र के संदर्भ में कथन (A) और (B) दोनों सत्य है।

44. In a geography class on renewable energy, the objective of an activity based on the concept of 'Solar Cooker' would be to demonstrate :
नवीकरणीय ऊर्जा पर एक भूगोल कक्षा में, 'सोलर कूकर' की संकल्पना पर आधारित गतिविधि का उद्देश्य _____ को प्रदर्शित करने का होगा।

(a) how cooking can be fun./कैसे भोजन बनाना मनोरंजक हो सकता है।
(b) how solar energy can be trapped and utilized./कैसे सौर ऊर्जा का संग्रहण एवं उपयोग किया जा सकता है।
(c) how solar energy is usually wasted./कैसे सौर ऊर्जा प्रायः अपशिष्ट होती है।
(d) how slow cooking is better than junk food./कैसे धीमी रफ्तार से खाना बनाना जंक फूड की तुलना में अच्छा है।

Ans. (b) : कैसे सौर ऊर्जा का संग्रहण एवं उपयोग किया जा सकता है, यह नवीकरणीय ऊर्जा पर एक भूगोल कक्षा में, सोलर कूकर की संकल्पना पर आधारित गतिविधि के उद्देश्य को प्रदर्शित करने का होगा। नवीकरणीय ऊर्जा, वह ऊर्जा होती है, जो प्रदूषण मुक्त होती है तथा जिनके स्रोत का क्षय नहीं होता है। इनके स्रोत का पुनः भरण होता रहता है। उदाहरण– सौर ऊर्जा, पवन, ऊर्जा, भूतापीय ऊजा।
अनवीकरणीय ऊर्जा के उदाहरण– कोयला, पेट्रोल, प्राकृतिक गैस

45. Who can be a part of team teaching?
कौन अध्यापन समूह का भाग हो सकता है?

(a) A teacher from another subject but from the same institution./एक ही संस्थान का परन्तु अन्य विषय का शिक्षक।
(b) A teacher of same subject from another institution./एक अन्य संस्थान से समान विषय का शिक्षक।
(c) A teacher appointed specifically for the purpose./विशिष्ट उद्देश्य के लिए नियुक्त एक शिक्षक।
(d) Any teacher, from any discipline having expertise related to the theme being taught./कोई भी शिक्षक, किसी भी विषय से है जिसे पढ़ाई जाने वाली थीम पर महारत हासिल है।

Ans. (d) : कोई भी शिक्षक, किसी भी विषय से है जिसे पढ़ाई जाने वाली थीम पर महारत हासिल है। यह अध्यापन समूह का एक प्रमुख भाग हो सकता है। अध्यापन के अन्तर्गत शिक्षक संबंधित विषय को अच्छी तरह जानता हों, अन्यथा पढ़ाने में असुविधा होगी। जब शिक्षक संबंधित विषय की जानकारी नहीं रखता है। तो कक्षा में शिक्षण प्रक्रिया सही ढंग से संचालित नहीं हो पाती है।

46. What would be the most appropriate reason for an activity involving students in energy audit of their school?
विद्यार्थियों को उनके विद्यालय की ऊर्जा संपरीक्षा (ऑडिट) की एक गतिविधि में भागीदारी के लिए अति उपयुक्त कारण क्या होगा?

(a) To know the types of appliances used in school./विद्यालय में प्रयोग होने वाले उपकरणों के प्रकारों को जानने के लिए।
(b) To know the functioning of different appliances./विभिन्न उपकरणों के प्रकार्यों को जानने के लिए।
(c) To know how much energy can be saved by simple changes in habits./आदतों में साधारण बदलावों द्वारा कितनी ऊर्जा की बचत की जा सकती है यह जानने के लिए।
(d) To know how much energy is consumed by the school./विद्यालय द्वारा कितनी ऊर्जा का उपभोग किया गया यह जानने के लिए।

Ans. (c) : विद्यार्थियों को उनके विद्यालय की ऊर्जा संपरीक्षा (ऑडिट) की एक गतिविधि में भागीदारी के लिए एक अति उपयुक्त कारण 'आदतों में साधारण बदलावों द्वारा कितनी ऊर्जा की बचत की जा सकती है' यह जानने के लिए यह एक उचित एवं सारगर्भित कारण है। विद्यार्थियों को विद्यालय के बाहरी जीवन से भी जोड़ना चाहिए इससे उनके अंदर मौलिक चिंतन का विकास होता है।

47. A teacher selects a few students from a class for a demonstration of the solar system. Each of the selected is given a placard, with name of a planet of the Solar System. Students are asked to hold the placards and take their places with the sun in the centre to create a model of solar system. What would be an appropriate criterion to select students for the given roles of the planets?

सौर-मण्डल के प्रदर्शन के लिए अध्यापक कक्षा से कुछ विद्यार्थियों का चुनाव करता है। चुने गए प्रत्येक विद्यार्थी को सौरमण्डल के ग्रहों के नाम वाले पट्ट दिए गए। विद्यार्थियों को पट्ट थामने के लिए कहा गया और उनको उनका स्थान ग्रहण करते हुए सौर-मण्डल का प्रतिरूप बनाने के लिए कहा गया। ग्रहों की प्रदान की गई भूमिकाओं के लिए विद्यार्थियों के चुनाव की अति उपयुक्त कसौटी क्या होगी?

(a) Color of skin/त्वचा का रंग
(b) Height/लम्बाई
(c) Marks obtained in the last examination/गत् परीक्षा में प्राप्त अंक
(d) Communication skill/संप्रेषण का कौशल

Ans. (b) : सौरमण्डल के प्रदर्शन के लिए अध्यापक कक्षा से कुछ विद्यार्थियों का चुनाव करता है। चुने गए प्रत्येक विद्यार्थी को ग्रहों के नाम वाले पट्ट दिए गए। विद्यार्थियों को पट्ट थामने के लिए कहा गया और उनको उनका स्थान ग्रहण करते हुए सौर-मण्डल का प्रतिरूप बनाने के लिए कहा गया। ग्रहों की प्रदान की गई भूमिकाओं के लिए विद्यार्थियों के चुनाव की अति उपयुक्त कसौटी लंबाई होगी।

48. Which of the following could be the most effective and interesting teaching strategy to <u>introduce</u> history to class 6 students?

निम्नलिखित में से छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को इतिहास से परिचित कराने के लिए अतिप्रभावशाली एवं रुचिकर अध्यापन की रणनीति कौन-सी हो सकती है?

(a) Show an Oscar awarded movie followed by a lecture without break./ऑस्कर पुरस्कृत फिल्म के प्रदर्शन के बाद बिना किसी अवकाश के व्याख्यान।
(b) Play a 'treasure-hunt' game to make learners understand that historical constructions are made through piecing together of sources./अधिगमकर्ताओं को यह समझाने के लिए कि ऐतिहासिक रचनाएँ स्रोतों को जोड़ने के माध्यम से बनती हैं, 'ख़जाना-खोजने' का खेल खेलें।
(c) Giving a project on the conservation and protection of monuments./स्मारकों के संरक्षण एवं सुरक्षा पर एक प्रायोजना देना।
(d) Engaging with a work sheet on the content of the syllabus of class 6./छठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अंश पर एक कार्यपत्रक में कार्य करवाना।

Ans. (b) : अधिगमकर्ताओं को यह समझाने के लिए कि ऐतिहासिक रचनाएँ स्रोतों को जोड़ने के माध्यम से बनती है, 'खजाना-खोजने' का खेल खेलें। यह छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को इतिहास से परिचित कराने के लिए अति प्रभावशाली एवं रूचिकर अध्यापन की रणनीति हो सकती है। विद्यार्थियों को इस स्तर से पढ़ाना चाहिए कि जिससे उनके अंदर सीखने की रूचि बनी रहे।

49. Consider the following statements (A) and (B) on how Social and Political life books differ from the earlier 'Civics' books at middle school level.

मिडिल स्कूल स्तर पर कैसे 'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' की पुस्तकें पुरानी 'नागरिक शास्त्र' की पुस्तकों से भिन्न हैं, के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें।

Statement (A) : **'Civics' books backed concrete examples to highlight the functioning of democracy in people's life in India.**

Statement (B) : **'Social and Political Life' books include content grounded in the life of students.**

कथन (A) : **'नागरिक शास्त्र' की पुस्तकों में ऐसे ठोस उदाहरणों की कमी थी जिनके ज़रिए लोगों के जीवन में लोकतंत्र की स्थिति को उजागर किया जा सकें।**

कथन (B) : **'सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन' पुस्तकों में ऐसी विषय वस्तु शामिल की गई है जो विद्यार्थियों के जीवन से जुड़ी हैं।**

Choose the correct option :/सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) Only (A) is correct/ केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is correct/ केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are correct/ दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is correct/ न तो (A) और न ही (B) सही हैं।

Ans. (c) : नागरिक शास्त्र की पुस्तक में समाज तथा राजनीति का एक अन्योन्य संबंध रहता है। यह पुस्तक विद्यार्थियों को समाज तथा देश में हो रहे प्रमुख राजनीतिक एवं सामाजिक बदलाव के परिप्रेक्ष्य को दर्शाती है।

नागरिक शास्त्र की पुस्तक में लोकतंत्र से संबंधित ऐसे प्रमुख उदाहरण होते है, जो विद्यार्थियों के जीवन में लोकतंत्र की महत्ता को उजागर करते है। सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन की इन पुस्तकों में कुछ ऐसे विषय वस्तु समाविष्ट होने चाहिए, जो विद्यार्थियों के जीवन स्तर से जुड़ी हो। अतः दोनों (A) तथा (B) सही है।

50. Read the following statements about objectives of teaching social-political realities in classroom.
कक्षा में सामाजिक व राजनीतिक वास्तविकताओं को पढ़ाए जाने के उद्देश्यों के बारे में दिए गए कथनों को पढ़िए।

(A) To develop both critical and constructive approach to social realities./ताकि सामाजिक वास्तविकताओं के प्रति विद्यार्थी आलोचनात्मक एवं रचनात्मक दोनों रवैये विकसित करें।

(B) To make students cynical about stark realities of social and polities./ताकि जब विद्यार्थी भारत के सामाजिक व राजनीतिक स्याह यथार्थ से निराश हों।

(C) To discuss Indian democracy, its everyday manifestations in the form of justice and struggle./ताकि विद्यार्थी भारतीय लोकतंत्र के बारे में जानें, दैनिक जीवन में इसका स्वरूप व न्याय व संघर्ष के रूप को जान पाएं।

Choose the correct option :/उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A) and (B) are correct/ केवल (A) तथा (B) सही हैं।
(b) Only (B) and (C) are correct/ केवल (B) तथा (C) सही हैं।
(c) Only (A) and (C) are correct/ केवल (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are correct/ सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : कक्षा में सामाजिक व राजनीतिक वास्तविकताओं को पढ़ाए जाने का प्रमुख उद्देश्य यह है ताकि विद्यार्थी भारतीय लोकतंत्र के बारे में जाने तथा दैनिक जीवन में इसका स्वरूप वे न्याय तथा संघर्ष के रूप के जान पाएं तथा सामाजिक वास्तविकताओं के प्रति विद्यार्थी आलोचनात्मक एवं रचनात्मक दोनों रवैये विकसित कर सकें। विद्यार्थियों को सामाजिक विषय पढ़ाने से उनके अंदर समाज तथा देश के प्रति अच्छी एवं रचनात्मक भावना का विकास होता है।

51. A teacher provides newspaper articles to students on themes deal within the Social Science class. She asks them to link issues raised in the article with concepts deal in the class.
एक शिक्षिका अपनी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में पढ़ाई गई कई थीम्स से संबंधित अखबार के लेख अपने विद्यार्थियों को देती है। वह उन्हें लेख में उठाए गए मुद्दों के साथ कक्षा में पढ़ाए गए संप्रत्ययों के साथ जोड़ने को कहती है। इससे _____।

(A) develop oral skills of presentation/प्रस्तुती के मौखिक कौशलों का विकास होगा।

(B) show newspapers articles are more relevant than textbooks/पता लगेगा कि अखबारों के लेख पाठ्यपुस्तकों से अधिक प्रासंगिक हैं।

(C) encourage evidence based learning/जाँच आधारित अधिगम का प्रोत्साहन होगा।

(D) develop analyzing skills/विश्लेषणात्मक कौशलों का विकास होगा।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Only (A) and (B)/ केवल (A) तथा (B)
(b) Only (C) and (D)/ केवल (C) तथा (D)
(c) Only (A), (B) and (C)/ केवल (A), (B) तथा (C)
(d) Only (B), (C) and (D)/ केवल (B), (C) तथा (D)

Ans. (b) : एक शिक्षिका अपनी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में पढ़ाई गई कई थीम्स से संबंधित अखबार के लेख अपने विद्यार्थियों को देती है। यह उन्हें लेख में उठाए गए मुद्दों के साथ कक्षा में पढ़ाए गए संप्रत्ययों के साथ जोड़ने को कहती है। इससे विद्यार्थियों में जाँच आधारित अधिगम को प्रोत्साहन मिलेगा तथा विद्यार्थियों के अंदर विश्लेषणात्मक कौशलों का उचित विकास होगा। विद्यार्थियों को वाह्य वातावरण में जोड़ने हेतु उनके अधिगम के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

52. In order to make students understand that modern historical documents are to be read while being sensitive to contexts in which information about the past was produced a teacher could :
विद्यार्थियों को यह समझाने के लिए कि आधुनिक ऐतिहासिक दस्तावेज़ों को ऐसे संदर्भों के प्रति संवेदनशील रहते हुए पढ़ना चाहिए जिनमें इतिहास के बारे में सूचना उपलब्ध कराई गई है, एक शिक्षक :

(A) discuss how subject knowledge may change over time/इस पर चर्चा कर सकता है कि कैसे समय के साथ विषय का ज्ञान परिवर्तित हो सकता है।

(B) discuss how language changes over time/इस पर चर्चा कर सकता है कि कैसे समय के साथ भाषा परिवर्तित होती है।

(C) discuss how meaning of terms may change over time/इस पर चर्चा कर सकता है कि कैसे शब्दों के अर्थ समय के साथ परिवर्तित हो सकते है।

Choose the appropriate option :/उपयुक्त विकल्प चुनें।

(a) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(b) (A) and (B)/ (A) और (B)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A) and (C)/ (A) और (C)

Ans. (d) : विद्यार्थियों को यह समझाने के लिए कि आधुनिक ऐतिहासिक दस्तावेजों को ऐसे संदर्भों के प्रति संवेदनशील रहते हुए पढ़ना चाहिए जिनमें इतिहास के बारे में सूचना उपलब्ध कराई गई है। एक शिक्षक यह चर्चा कर सकता है कि कैसे समय के साथ विषय का ज्ञान परिवर्तित हो सकता है क्योंकि समय परिवर्तनशील है, समय की गतिशीलता के साथ विषय रूपी तथ्यात्मक ज्ञान परिवर्तित हो जाता है। शब्दों के अर्थ भी समय के साथ परिवर्तित हो जाते है। इतिहास के संदर्भ में यह कहा जाता है कि यह पूर्व घटित घटनाओं के साथ सूचना को एकत्रित करने में सहायक होते है। इस प्रकार (A) और (C) सही है।

53. Consider the following statement and choose the correct option :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प का चयन करें :

Statement (I) : In order to make the learning of Social Science more enjoyable and effective, there is a need for innovation in teaching methods.

Statement (II) : The teaching of Social Science needs to involve as many games as possible so that students enjoy the subject.

कथन (I) : सामाजिक विज्ञान के अधिगम को अधिक आनंददायक एवं प्रभावशाली बनाने के लिए अध्यापन पद्धति में अभिनव परिवर्तन की आवश्यकता है।

कथन (II) : सामाजिक विज्ञान के अध्यापन में यथा संभव क्रीडाओं को सम्मिलित करना चाहिए ताकि विद्यार्थी विषय का आनंद उठा सकें।

Options :/विकल्प

(a) Both (I) and (II) are true/ (I) और (II) दोनों सही हैं।
(b) Only (I) is false but (II) is true/ केवल (I) गलत है, परन्तु (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are false/ (I) और (II) दोनों गलत हैं।
(d) Only (I) is true but (II) is false/ केवल (I) सही है, परन्तु (II) गलत है।

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान के अधिगम को अधिक प्रभावशाली तथा सीखने में रूचि उत्पन्न करने के लिए शिक्षण प्रक्रिया में यथोचित परिवर्तन की आवश्यकता है। बालक में सामाजिक शिक्षण के प्रति रूचि जाग्रत करने हेतु शिक्षक को समय-समय पर विद्यार्थियों से विषय से संबंधित खोज आधारित प्रश्न पूछने चाहिए, ताकि छात्र कक्षा में सक्रिय रूप से बना रहे। सामाजिक विज्ञान में क्रीडाओं को शामिल करना यह तथ्य सही नहीं है। अतः केवल कथन (I) सही है, कथन (II) सही नहीं है।

54. Why are photographs of famine in Bengal during the British period usually considered as primary source?
ब्रिटिश काल के दौरान बंगाल में अकाल के चित्रों को क्यों प्रायः एक प्राथमिक स्त्रोत के रूप में माना जाता था?

(a) They were clicked by real and reliable people./वे वास्तविक एवं विश्वासी लोगों द्वारा खींचे गए थे।
(b) They illustrate past events as what really happened and people as they were at that time./वे अतीत की घटनाओं को जैसी वास्तव में वो घटीं एवं जैसे उस समय में लोग थे उसी रूप में दर्शाती हैं।
(c) They are old and considered as a heritage resource by the Archaeological Survey of India/वे पुरानी हैं और उन्हें भारतीय पुरातत्त्वीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा धरोहर के रूप में माना जाता है।
(d) Photographs cannot change with the passage of time./समय बीतने के साथ चित्र बदल नहीं सकते।

Ans. (b) : ब्रिटिश काल के दौरान बंगाल में अकाल के चित्रों को प्रायः एक प्राथमिक स्त्रोत के रूप में माना जाता था। क्योंकि वे अतीत की घटनाओं को जैसी वास्तव में वो घटी एवं जैसे उस समय में लोग थे उसी रूप में दर्शाती है। इतिहास पूर्व में घटित घटनाओं को दर्शाता है। सामाजिक विज्ञान में छात्रों को विषय से केन्द्रित उपागम को ध्यान में रखते हुए अध्यापन कार्य को करना चाहिए।

55. Arrange the order (beginning to end) the steps of applied form of problem solving :
समस्या समाधान के अनुप्रयुक्त रूप के चरणों को (आरंभ-से अंत तक) क्रम में लगाएँ :

(A) Developing a hypothesis/परिकल्पना को विकसित करना
(B) Modifying the hypothesis in some cases/कुछ मामलों में परिकल्पना को रूपांतरित करना
(C) Defining the problem/समस्या को परिभाषित करना
(D) Testing hypothesis/परिकल्पना की जाँच करना

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) (C), (A), (B) and (D)/ (C), (A), (B) और (D)
(b) (C), (A), (D) and (B)/ (C), (A), (D) और (B)
(c) (A), (D), (B) and (C)/ (A), (D), (B) और (C)
(d) (D), (B), (C) and (A)/ (D), (B), (C) और (A)

Ans. (b) : समस्या समाधान, शिक्षण प्रक्रिया का एक प्रमुख अंग माना जाता है। यह कठिन विषय के निवारण हेतु तथा छात्रों के मौलिक चिंतन में सहायक होता है। समस्या समाधान के अनुप्रयुक्त रूपों के चरणों को (आरंभ से अंत) तक के क्रम निम्नवत् है–
1. समस्या को परिभाषित करना
2. परिकल्पना को विकसित करना
3. परिकल्पना की जाँच करना
4. कुछ मामलों में परिकल्पना को रूपांतरित करना।

56. A classroom quiz on India's lesser known freedom fighters as part of history class is an example of _____ (Choose the appropriate option)
इतिहास की कक्षा में भारत के कम विख्यात स्वतंत्रता सेनानियों पर प्रश्नोंत्तरी उदाहरण है _____ का।

(A) Formative Assessment/रचनात्मक आंकलन
(B) Summative Assessment/योगात्मक आंकलन
(C) Diagnostic Assessment/नैदानिक आंकलन
(D) Assessment of learning/ अधिगम का आंकलन

Options :/विकल्प :

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (C)/ (A) और (C)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (A) and (D)/ (A) और (D)

Ans. (b) : इतिहास की कक्षा में भारत के कम विख्यात स्वतंत्रता सेनानियों पर प्रश्नोंत्तरी एक रचनात्मक आंकलन तथा नैदानिक आंकलन का उदाहरण है। रचनात्मक मूल्यांकन एक सतत आंकलन का दृष्टिकोण है यह छात्रों की समझ का आंकलन करने की अनुमति देता है। नैदानिक आंकलन में छात्र द्वारा की जाने वाली कठिनाइयों की प्रकृति की जांच करना है, ताकि उचित उपचारात्मक निर्देश लागू हो सकें।

57. Which of the following questions promote critical thinking skills?/निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न आलोचनात्मक चिंतन कौशल को बढ़ावा देते हैं?

(A) Do you think dams across rivers affect the delta soils? How?/क्या आप सोचते है कि नदियों पर बाँध, डेल्टा की मिट्टी को प्रभावित करते हैं? कैसे?

(B) Construction of large dams affect marginalized communities. Do you agree with this view? Justify./विशाल बाँधों का निर्माण हाशियाकृत समुदायों को प्रभावित करता है। क्या आप इस मत से सहमत हैं?

(C) Why it is not possible to construct a large dam in Medak district in Telangana?/क्यों तेलंगाना में मेडक जिले में विशाल बाँध का निर्माण संभव नहीं है?

(D) Why west flowing rivers do not form delta?/क्यों पश्चिम दिशा की ओर बहने वाली नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती हैं?

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (B) and (C)/ (B) और (C)
(c) (A) and (C)/ (A) और (C)
(d) (A) and (C)/ (A) और (C)

Ans. (a) : आलोचनात्मक चिंतन कौशल को बढ़ाने में व्यक्ति कठिन विषयों को किस प्रकार सहज ढंग से सीखता है, यह उसके मौलिक चिंतन को बढ़ाता है। नदियों पर बाँध, डेल्टा की मिटटी को प्रभावित करते हैं, तथा विशाल बाँधों का निर्माण हाशियाकृत समुदायों को प्रभावित करता है। यह सभी प्रश्न छात्रों के आलोचनात्मक चिंतन कौशल को बढ़ावा देते है।

58. Consider the following statements about 'rubrics' and choose the correct option :
'रुब्रिक्स' के बारे में कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) 'Rubrics' can help teachers to clearly convey their expectations to the students./'रुब्रिक्स' अधिगमकर्त्ताओं तक अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से पहुँचाने में शिक्षकों की मदद कर सकते हैं।

(B) With the help of rubric students can understand what level of work is considered good./'रुब्रिक्स' की मदद से विद्यार्थी यह समझ पाते हैं कि अच्छा कार्य किस स्तर के कार्य को माना जा रहा है।

(C) Application of rubrics in classroom help teachers to improve their tests, but not students performance./'रुब्रिक्स' का कक्ष में प्रयोग शिक्षक के परीक्षणों को बेहतर बनाने में मदद करता है, किन्तु अधिगमकर्त्ताओं के प्रदर्शन को नहीं।

Options :/विकल्प :

(a) (A) and (B) are correct/ (A) तथा (B) सही हैं।
(b) (B) and (C) are correct/ (B) तथा (C) सही हैं।
(c) (A) and (C) are correct/ (A) तथा (C) सही हैं।
(d) All (A), (B) and (C) are correct/ सभी (A), (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (a) : रूब्रिक्स, छात्र उत्पादों और प्रदर्शन का आकलन करने हेतु एक बहुउद्देशीय स्कॉटिंग गाइड है। यह शिक्षण में सुधार करने में मदद करते है। रूब्रिक्स छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। रूब्रिक्स के द्वारा छात्र यह समझ पाने में सफल होते है कि अच्छा कार्य किस स्तर के कार्य को माना जा रहा है। यह विभिन्न विषय क्षेत्रों के लिए कार्यों का मूल्यांकन करता है। अतः रूब्रिक्स के संबंध में (A) तथा (B) सही है।

59. Which of the following question would help to build the critical thinking skills of students?
निम्न में से कौन-सा प्रश्न छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन का विकास करने में सहायक होगा?

(a) What benefits does Sudha, a Government employee get along with her salary?/सुधा जो एक सरकारी कर्मचारी है, जो अपनी तनख्वाह के साथ और कौन सी सुविधाएँ मिलती है?

(b) What is the role of Gram Panchayat?/ग्राम पंचायत की क्या भूमिका है?

(c) Why do you think small workshops and factories employ casual workers? How does it affects casual workers life?/छोटी कार्यशालाएँ और फैक्ट्रियाँ अस्थाई मजदूरों की भर्ती क्यों करती हैं? ये अस्थाई मजदूरों के जीवन पर क्या प्रभाव डालता है?

(d) What are the differences between those who sell on the street and those in the market?/जो लोग गलियों में सामान बेचते हैं तथा जो बाजार में सामान बेचते हैं, उनमें क्या अंतर होता है?

Ans. (c) : छोटी कार्यशालाएँ और फैक्ट्रियाँ अस्थाई मजदूरों की भर्ती क्यों करती है, ये अस्थाई मजदूरों के जीवन पर इसका क्या प्रभाव गलत है। यह संबंधित प्रश्न छात्रों के आलोचनात्मक चिंतन के विकास में सहायक होता है। आलोचनात्मक चिंतन करने से छात्रों में तर्क करने की क्षमता, सोचने की क्षमता तथा मौलिक चिंतन की क्षमता का विकास होता है।

60. Which of the following Social Science question promote acquisition of metacognitive knowledge?
निम्नलिखित में से कौन सामाजिक विज्ञान का प्रश्न परा-संज्ञानात्मक ज्ञान के अधिग्रहण को बढ़ावा देता है?

(a) Why symbols are required to prepare a map?/मानचित्र बनाने के लिए चिन्हों की आवश्यकता क्यों होती है?

(b) Find out the distance from your Mandal headquarters to District headquarters with the use of a map./मानचित्र के उपयोग से अपने मंडल मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक की दूरी ज्ञात कीजिए।

(c) Why is the actual distance on the ground reduced on the map?/क्यों जमीन पर वास्तविक दूरी मानचित्र पर घट जाती है?

(d) List important features of a map./मानचित्र की महत्त्वपूर्ण विशिष्टताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

Ans. (b) : मानचित्र के उपयोग से अपने मंडल मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक की दूरी ज्ञात करना, सामाजिक विज्ञान का यह प्रश्न परा संज्ञानात्मक ज्ञान के अधिग्रहण को बढ़ावा देता है। परा संज्ञानात्मक ज्ञान, किसी की स्वयं की अनुभूति और विशेष संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता है। यह एक रणनीतिक या चिंतनशील ज्ञान है जो समस्याओं, संज्ञानात्मक कार्यों को हल करने के बारे में जाना जाता है। परा संज्ञानात्मक ज्ञान में आत्म-सुधार शामिल होता है। क्योंकि यह छात्रों को सीखने के तरीके को समझने में मदद के लिए उपयोग की जाने वाली विधि है।

HINDI

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

तिरुवल्लुवर तमिल के संत कवि थे। अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर तिरुवल्लुवर कविता करते। जीवन के अनुभवों पर आधारित उन्होंने तेरह सौ 'कुरल' रचे। 'कुरल' का अर्थ ही छोटा और ये दो पंक्तियों में सिमटा छंद है। 'तिरुक्कुलर' नामक ग्रंथ में इनके सभी 'कुरल' संग्रहीत हैं, जो तीन भागों में बँटे हैं। सद्गुण संपन्नता तथा प्रेम। परन्तु तिरुवल्लुवर के कुरलों में सामाजिक कुरीतियों तथा मानव स्वभाव की अनेक दुर्बलताओं का भी वर्णन आता है। इनके काव्य में कोरी उपदेशात्मकता और किसी धार्मिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का भाव तनिक भी नहीं है। उसमें सर्वत्र वह व्यावहारिकता और सहजता है जिसे लोकजीवन में सरलता से अपनाया जा सकता है। 'तिरुक्कुरल' को तमिल भाषा का 'वेद' कहा जाता है।

1. 'कुरल' से तात्पर्य है :

(a) महाकाव्यात्मक ग्रंथ (b) दो पंक्तियों का छंद
(c) तीन पंक्तियों का छंद (d) छोटा काव्यात्मक ग्रंथ

Ans. (b) : 'कुरल' से तात्पर्य दो पंक्तियों का छंद है। तिरूवल्लुवर जी ने जीवन के अनुभवों पर आधारित तेरह सौ 'कुरल' रचे। 'कुरल' का अर्थ है छोटा और ये दो-पंक्तियों में सिमटा छंद है।

2. तिरुवल्लुवर ने कितने 'कुरल' की रचना की?

(a) बारह सौ बीस (b) तेरह सौ तीस
(c) बाहर सौ (d) तेरह सौ

Ans. (d) : तिरुवल्लुवर ने तेरह सौ 'कुरल' की रचना की।

3. 'तिरुक्कुलर' क्या है?

(a) तिरुवल्लुवर का उपनाम (b) 'कुरल' का संग्रह ग्रंथ
(c) 'कुरल' का अनुवाद ग्रंथ (d) सद्गुणों का संग्रह

Ans. (b) : 'तिरुक्कुलर' 'कुरल' का संग्रह ग्रंथ है। जो तीन भागों में बँटा है– सद्गुण, संपन्नता तथा प्रेम।

4. तिरुवल्लुवर के 'कुरल' में किन विषयों को शामिल किया गया है?

(a) सामाजिक कुरीतियाँ और मानव-दुर्बलताएँ
(b) सामाजिक कुरीतियाँ और सहजता
(c) मानव-दुर्बलताएँ और सरलता
(d) सरलता और उपदेशात्मकता

Ans. (a) : तिरूवल्लुवर के 'कुरल' में सामाजिक कुरीतियाँ और मानव-दुर्बलताएँ को शामिल किया गया है। तिरूवल्लुवर तमिल के संत कवि थे। अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर तिरुवल्लुवर कविता करते थे।

5. 'तिरुक्कुरल' में _____ शामिल नहीं हैं।

(a) सामाजिक कुरीतियाँ (b) धार्मिक दृष्टिकोण
(c) लोक जीवन (d) मानवीय दुर्बलताएँ

Ans. (b) : 'तिरुक्कुरल' में धार्मिक, दृष्टिकोण शामिल नहीं है। सामाजिक कुरीतियाँ, लोक जीवन, मानवीय दुर्बलताएँ शामिल हैं।

6. तिरुवल्लुवर की कविता का विषय एवं उद्देश्य है :

(a) धर्मों की स्थापना करना
(b) उपदेशात्मकता का प्रसार
(c) कुरीतियों को दूर करना
(d) धार्मिक अनुभवों को सिद्ध करना

Ans. (c) : तिरूवल्लुवर की कविता का विषय एवं उद्देश्य कुरीतियों को दूर करना है। कुरलों में सामाजिक कुरीतियों तथा मानव स्वभाव की अनेक दुर्बलताओं का भी वर्णन है। इनके काव्य में कोरी उपदेशात्मकता और किसी धार्मिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का भाव तनिक भी नहीं है।

7. तिरुक्कुरल को तमिल भाषा का _____ कहा जाता है।

(a) छंद (b) वेद
(c) महाकाव्य (d) कुरल

Ans. (b) : तिरुक्कुरल को तमिल भाषा का 'वेद' कहा जाता है। इसके ग्रन्थ के रचनाकार तिरुवल्लुवर थे।

8. तिरुवल्लुवर की कविता की विशेषता है :

(a) व्यावहारिकता एवं सहजता
(b) व्यावहारिकता एवं उपदेशात्मकता
(c) उपदेशात्मकता एवं सहजता
(d) सहजता एवं धार्मिकता

Ans. (a) : तिरूवल्लुवर की कविता की विशेषता व्यवहारिकता एवं सहजता है। जिसे लोक जीवन में सरलता से अपनाया जा सकता है।

9. किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग नहीं हुआ है?

(a) व्यावहारिकता (b) उपदेशात्मकता
(c) सामाजिकता (d) सहजता

Ans. (d) : सहजता शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग नहीं हुआ है। सहज मूल शब्द है तथा 'ता' प्रत्यय है। व्यवारिकता में व्यवहार मूल शब्द है तथा इक और ता प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। उपदेशात्मकता में उपदेश मूल शब्द तथा आत्मक और ता का प्रत्यय, सामजिकता में समाज मूल शब्द तथा इक और ता प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल-सी कोमल हरियाली।
लिपटी जिसमें रवि की किरणें,
चाँदी की-सी उजली जाली।
तिनकों के हरे-हरे तन पर
हिल हरित रुधिर है रहा झलक।
श्यामल भूतल पर झुका हुआ
नभ का चिर निर्मल नीलफलक।

10. कविता में मुख्यतः किसका वर्णन है?

(a) धरती का (b) खेतों का
(c) आकाश का (d) चाँदी का

Ans. (b) : कविता में मुख्यतः खेतों का वर्णन है। 'ग्राम श्री' कविता में पंत ने गाँव की प्राकृतिक सुषमा और समृद्धि का मनोहारी वर्णन किया है। खेतों में दूर तक फैली लहलहाती फसलें, फल-फूलों से लदी पेड़ों की डालियाँ और गंगा की सुन्दर रेती कवि को रोमांचित करती है।

11. 'हरित रुधिर' का प्रयोग किया गया है :

(a) हरे रक्त के लिए
(b) हरित क्रांति के लिए
(c) अपरिपक्व फ़सल के लिए
(d) पकी हुई फ़सल के लिए

Ans. (c) : 'हरित रूधिर' का प्रयोग 'अपरिपक्व फसल' के लिए किया गया है। ऐसे हरे तिनको में हरियाली इस प्रकार समा गई है जैसे नसों में बहता हुआ खून हो।

12. आकाश कैसा है?

(a) साफ़ और नीला (b) श्यामल और निर्मल
(c) श्यामल और नीला (d) नीला और पीला

Ans. (a) : काव्यांश के अनुसार आकाश 'साफ और नीला' है। फसलों की हरीतिमा से साँवली हुई धरती के ऊपर विशाल आकाश का कभी न धूमिल पड़ने वाला नीला आकाश (फलक) मानों नीचे झुककर धरती को छू लेना चाहता है।

13. सूरज की किरणों से जाली कैसे बन रही होगी?

(a) किरणें जाल बुनती हैं
(b) फ़सल में से रोशनी छन रही है
(c) चाँदी का जाला बुना गया है
(d) सूर्य किरणों से उजाला होने पर

Ans. (b) : सूरज की किरणों से जाली फसल में से रोशनी छन रही है। फसलों की मखमली, कोमल हरियाली खेतों में दूर-दूर तक फैली हुई है सूरज की किरणें उससे ऐसे लिपट गई हैं जैसे उस हरियाली पर चाँदी की उजली जाली लपेट दी गई हो।

14. 'मखमल-सी कोमल' में अलंकार है -

(a) रूपक (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) यमक

Ans. (b) : 'मखमल-सी कोमल' में उपमा अलंकार है। किसी वस्तु की उसके किसी विशेष गुण क्रिया स्वभाव आदि की समानता के आधार पर अन्य वस्तु से समानता स्थापित की जाए तो उपमा अलंकार होता है।

15. 'नभ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

(a) गगन (b) आकाश
(c) संसार (d) आसमान

Ans. (b) : नभ का पर्यायवाची है– गगन, आकाश, आसमान, नभ, अम्बर, अब्र इत्यादि।
संसार का पर्याय है– विश्व, जगत, जग, दुनिया लोक, जहाज, जग इत्यादि।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावशाली तरीके से व्याकरण पढ़ाने के संदर्भ में सही नहीं है?

(a) उचित सम्प्रेषण द्वारा नियम सम्प्रेषित करना
(b) संदर्भ में व्याकरण के प्रासंगिक नियम प्रस्तुत करना
(c) वास्तविक जीवन से जुड़े सम्प्रेषण द्वारा अभ्यास के लिए नियम बताना
(d) नियमों को याद करके, अभ्यास (ड्रिल) द्वारा व्याकरण सीखना

Ans. (d) : नियमों को याद करके अभ्यास (ड्रिल) द्वारा व्याकरण सीखना प्रभावशाली तरीके से व्याकरण पढ़ाने के संदर्भ में सही नहीं है। उचित सम्प्रेषण द्वारा नियम सम्प्रेषित करना, संदर्भ में व्याकरण के प्रासंगिक नियम प्रस्तुत करना, वास्तविक जीवन से जुड़े सम्प्रेषण द्वारा अभ्यास के लिए नियम बताना, व्याकरण पढ़ाने के संदर्भ में सही है।

17. जब हम किसी विशिष्ट सूचना के लिए पाठ्य-सामग्री पढ़ते हैं, तब यह क्या कहलाता है?

(a) सरकारी तौर पर पठन (b) बारीकी से पठन
(c) बहिर्वेशन (एक्सट्रपोलेशन) (d) विश्लेषण

Ans. (b) : जब हम किसी विशिष्ट सूचना के लिए पाठ्य सामग्री पढ़ते हैं तब यह क्रिया 'बारीकी से पठन' कहलाता है।

18. मुख्यतः हम मातृभाषा कैसे/कब अर्जित करते हैं?

(a) औपचारिक अधिगम स्थितियों में
(b) इसे बोलकर
(c) इसे सुनकर
(d) इसे लिखकर

Ans. (c) : मुख्यतः हम मातृभाषा 'सुनकर' अर्जित करते हैं।
मातृभाषा - भाषा का वह रूप जिसे बालक सबसे पहले परिवार में रहकर सीखता है वह मातृभाषा कहलाती है।

19. व्याकरण सिखाने का कौन-सा उपागम इस सिद्धान्त को प्रोत्साहित करता है कि भाषा सीखना नियमों को सीखने से संबंधित है?

(a) निगमनात्मक (b) आगमनात्मक
(c) सम्प्रेषणात्मक (d) व्याकरण अनुवाद

Ans. (a) : व्याकरण सिखाने का 'निगमनात्मक उपागम' इस सिद्धान्त को प्रोत्साहित करता है कि भाषा सीखना नियमों को सीखने से संबंधित है।
* शिक्षक शिक्षण कार्य करते समय पहले से स्थापित किसी नियम या सूत्र का उपयोग करते हुए किसी उदाहरण को कम समय में स्पष्ट कर देता है तो वह निगमन उपागम कहलाता है।

20. कोई अध्यापक अपने शिक्षार्थियों के कम अंक आने के कारणों का पता किस प्रकार लगाएंगे?

(a) निदानात्मक परीक्षण द्वारा (b) निपुणता परीक्षण द्वारा
(c) उपलब्धि परीक्षण द्वारा (d) अभिरुचि परीक्षण द्वारा

Ans. (a) : 'निदानात्मक परीक्षण द्वारा' अध्यापक अपने शिक्षार्थियों के कम अंक आने के कारणों का पता लगाएंगे।
* 'निदान' शब्द का अर्थ है 'कारण'। शिक्षा के क्षेत्र में बालकों की शिक्षा संबंधी कठिनाइयों को जानने के लिए निदानात्मक परीक्षण का प्रयोग किया जाता है। यह परीक्षण किसी विशिष्ट विषय वस्तु अथवा अधिगम अनुभव के अर्जित ज्ञान की विशिष्टता एवं कमी का मूल्यांकन करता है।

21. एक अध्यापिका 'लेखन' सिखाने के लिए समाचारपत्र की एक रिपोर्ट का उपयोग करती है। इस प्रकार की सामग्री को क्या कहा जाएगा?

(a) अकादमिक सामग्री (b) प्राकृतिक सामग्री
(c) प्रामाणिक सामग्री (d) बाह्य सामग्री

Ans. (c) : एक अध्यापिका 'लेखन सिखाने' के लिए समाचार पत्र की एक रिपोर्ट का उपयोग करती है। इस प्रकार की सामग्री को 'प्रामाणिक सामग्री' कहा जाएगा।
* प्रामाणिक सामग्री शिक्षण के लिए अधिक रचनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है। इसका शिक्षार्थी की प्रेरणा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह प्रामाणिक सांस्कृतिक जानकारी तथा प्राकृतिक भाषा से संबंधित है।

22. स्वर शैली (लहजा) किस में भिन्नता दर्शाता है?

(a) ध्वनि (b) स्तर (पिच)
(c) अवयव (d) वायु

Ans. (b) : स्वरशैली (लहजा) स्तर (पिच) में भिन्नता दर्शाता है।
* **स्वर शैली -** इसके अन्तर्गत बोलने में आवाज का उतार-चढ़ाव होता है। यह बोलते समय उच्चारण के अर्थ में बदलाव लाता है तथा श्रोता के अर्थ का एक विचार देता है।

23. कक्षा में मातृभाषा का इस्तेमाल न करना किस विधि की चारित्रिक विशेषता है?

(a) प्रत्यक्ष
(b) द्विभाषिकता
(c) व्याकरण अनुवाद
(d) कला समावेशित अधिगम

Ans. (a) : कक्षा में मातृ भाषा का इस्तेमाल न करना प्रत्यक्ष विधि की चारित्रिक विशेषता है। प्रत्यक्ष विधि में वस्तुओं को प्रत्यक्ष रूप में दिखाना होता है। इस विधि को सुगम पद्धति अथवा प्राकृतिक विधि भी कहते हैं।
द्विभाषिकता में एक या एक से अधिक भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

24. निदानात्मक परीक्षण किनके लिए प्रयुक्त किए जाते हैं?

(a) उपचारात्मक योजना बनाने की दृष्टि से विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमियाँ ढूँढ़ने के लिए
(b) किसी विशिष्ट कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थी की उपयुक्तता का आकलन करने के लिए
(c) काम (जॉब) देने के लिए निपुणता संबंधी परीक्षण
(d) विद्यार्थियों की योग्यताओं को जानने के लिए

Ans. (a) : उपचारात्मक योजना बनाने की दृष्टि से विद्यार्थियों की सीखने संबंधी कमियाँ ढूंढ़ने के लिए निदानात्मक परीक्षण प्रयुक्त किये जाते हैं। एक ऐसा परीक्षण जिसके माध्यम से शिक्षार्थियों की संप्राप्ति में पाये जाने वाले दोषों व कमियों का सम्यक् ज्ञान हो।

25. 'मूल्याँकन' के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) मूल्याँकन मापन की अधिक सारगर्भित सामग्री है
(b) मूल्याँकन मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों ही प्रकार का होता है
(c) मूल्याँकन कुल शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के मापन से संबंधित है
(d) मूल्याँकन शिक्षार्थी को उसके मजबूत पक्ष और कमियों के बारे में प्रतिपुष्टि देने के लिए किया जाता है

Ans. (d) : मूल्याँकन शिक्षार्थी को उसके मजबूत पक्ष और कमियों के बारे में प्रतिपुष्टि देने के लिए किया जाता है 'मूल्यांकन' के सन्दर्भ में कथन सही नहीं है।
मूल्यांकन मापन की अधिक सारगभित सामग्री है। मूल्यांकन मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों ही प्रकार का होता है।
तथा मूल्यांकन कुल शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के मापन से संबंधित है।

26. भाषा शिक्षण के रचनावादी उपागम में अध्यापक से क्या अपेक्षा की जाती है?

(a) शिक्षार्थी को पहले से ही मौजूद ज्ञान देना
(b) अपनी पाठ्यचर्या सृजित करना
(c) शिक्षार्थियों को अपनी पाठ्यपुस्तक बनाने के लिए कहना
(d) शिक्षार्थियों को ज्ञान के निर्माण में अपने अनुभवों का प्रयोग करने में मदद करना

Ans. (d) : भाषा शिक्षण के रचनावादी उपागम में अध्यापक से शिक्षार्थियों को ज्ञान के निर्माण में अपने अनुभवों का प्रयोग करने में मदद करने की अपेक्षा की जाती है। सीखने के लिए रचनावादी उपागम से पता चलता है कि बालक सक्रिय रूप से अपने ज्ञान का निर्माण करता हैं और वह वास्तविकता शिक्षार्थी के अनुभवों से निर्धारित होती है।

27. ''पूर्व-पठन' से जुड़े कार्य किसलिए होते हैं?

(a) शिक्षार्थियों के पठन कौशल का मूल्याँकन करने के लिए
(b) कठिन शब्दों और वाक्याशों का अर्थ बताने के लिए
(c) मुख्य बिंदु को प्रस्तुत करने और शिक्षार्थियों को प्रोत्सहित करने के लिए
(d) पाठ्य सामग्री में प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं की व्याख्या करने के लिए

Ans. (c) : 'पूर्व-पठन' से जुड़े कार्य मुख्य बिन्दु को प्रस्तुत करने और शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए होते हैं। यह विशिष्ट रूप से उन छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है, जिनके घर की भाषा स्कूल की भाषा से अलग है।

28. निम्नलिखित में से किसके आधार पर सम्प्रेषण एक चक्रीय प्रक्रिया कहलाएगी?

(a) प्रेषक (b) ग्रहण करने वाली/वाला
(c) प्रतिपुष्टि (d) संदेश

Ans. (c) : प्रतिपुष्टि के आधार पर सम्प्रेषण एक चक्रीय प्रक्रिया कहलाएगी। जब प्राप्तकर्ता संदेश को अच्छी तरह से जान लेता है, तब वह अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। इस प्रतिक्रिया का स्वरूप प्रतिकूल या अनुकूल हो सकता है। इस प्रतिक्रिया को प्रतिपुष्टि कहते हैं। प्रेषक का अर्थ भेजने वाला है। संदेश का मतलब समाचार, खबर, सूचना, माध्यम इत्यादि होता है।

29. संज्ञा समझाने के लिए एक अध्यापिका पहले उदाहरण देती है और उसके बाद उसकी परिभाषा बताती है। यह विधि क्या कहलाती है?

(a) आगमनात्मक विधि (b) निगमनात्मक विधि
(c) (1) तथा (2) दोनों (d) प्रत्यक्ष विधि

Ans. (a) : आगमन विधि में पहले उदाहरण बताया जाता है फिर उसकी परिभाषा दी जाती है। जैसे- जहाँ-जहाँ धुआँ है वहाँ - वहाँ आग है।
निगमनात्मक विधि में परिभाषा के बाद उदाहरण बताया जाता है।

30. जब एक अध्यापक भाषा पढ़ाने के लिए विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के पाठों का उपयोग करता है, यह उपागम क्या कहलाएगा?

(a) वस्तुनिष्ठ भाषा शिक्षण
(b) बहुलवादीय भाषा शिक्षण
(c) अनुशासन (विषय) अनुसार भाषा शिक्षण
(d) भाषा समूचे पाठ्यक्रम में

Ans. (d) : जब एक अध्यापक भाषा पढ़ाने के लिए विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के पाठों का उपयोग करता है, यह उपागम भाषा समूचे पाठ्यक्रम उपागम कहलाता है। समग्र भाषा पद्धति बच्चों के भाषायी विकास की स्पष्ट समझ पर बल देती है।

SANSKRIT

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चिनुत -

लौहपुरुषः सरदारवल्लभभाईपटेलः जन्मतः कृषकः आसीत् । तस्य जन्म 1875 तमे खीष्टाब्दे गुर्जरप्रदेशे अभवत्। तस्य पिता 1857 वर्षस्य प्रथमस्वतन्त्रतायुद्धे सहभागी आसीत्। यद्यपि अयं महापुरुषः आङ्ग्लदेशात् विधिपरीक्षायां प्रथमश्रेण्यां प्रथमं स्थानं लब्ध्वा अधिवक्ता जातः, तथापि सः स्वकीयं सम्पूर्ण जीवनम् भारतस्य स्वतन्त्रता-संग्रामाय अर्पितवान्। सः बारदोली-कृषकाणाम् आन्दोलनस्य सफलं नेतृत्वं अकरोत्। तेन कारणेन महात्मा गान्धिना 'सरदार' इति उपाधिना सम्मानितः। गुर्जरप्रदेशे जलौघ-पीडितानां भूकम्पपीडितानां च एषः अहर्निशं सेवाम् अकरोत्।

अनेकवारं सः कारागारे पातितः। तस्य वृद्धा माता आङ्ग्लाधिकारिभिः प्रताडिता। 1942 तमे वर्षे, 'भारतं त्यजत' इति आन्दोलने स अकथयत् न केवलं भारतं त्यजत अपितु एशियामेव त्यजत इति वक्तव्यम्। स्वतन्त्रभारतस्य स उपप्रधानमन्त्री अभवत्। भारतं तदा अनेकेषु लघुराज्येषु विभक्तम् आसीत्। सः स्वनीतिचातुर्येण षट्शतस्वदेशीय राज्यानाम् अखण्डे भारते विलयम् अकरोत् ।

लौहपुरुषः श्रीपटेलः अतीव अनुशासनप्रियः आसीत्। भारतस्य वर्तमान स्वरूपं तस्य एव सत्प्रयत्नानां परिणामः।

1. सरदारपटेलस्य जन्म कुत्र अभवत् ?

(a) कर्नाटकप्रदेशे (b) सीमान्तप्रदेशे
(c) आन्ध्रप्रदेशे (d) गुर्जरप्रदेशे

Ans. (d) : सरदार पटेलस्य जन्म गुर्जर प्रदेशे अभवत्। अर्थात् सरदार पटेल का जन्म गुर्जर प्रदेश में हुआ था। इनका जन्म सन् 1875 ई.वी. में हुआ। इनके पिता का नाम झाबेर भाई पटेल तथा माता का नाम लार्ड बाई था।

2. सरदारपटेलस्य पिता कस्मिन् सहभागी आसीत् ?

(a) प्रथमस्वतन्त्रतायुद्धे
(b) चम्पारण आन्दोलने
(c) असहयोग आन्दोलने
(d) सविनय अवज्ञा आन्दोलने

Ans. (a) : सरदार पटेलस्य पिता ''प्रथम स्वतन्त्रता युद्धे सहभागी आसीत् । सरदार वल्लभभाई पटेल के पिता 1875 के स्वतन्त्रता संग्राम में सहभागी थे।
चम्पारण आन्दोलन – 1917 महात्मा गाँधी
असहयोग आन्दोलन – 1920
सविनय अवज्ञा आन्दोलन – 1930

3. सरदारपटेलः कस्य आन्दोलनस्य सफलं नेतृत्वं अकरोत्?

(a) असहयोग आन्दोलनस्य (b) सैनिक आन्दोलनस्य
(c) चम्पारण आन्दोलनस्य (d) बारदोली आन्दोलनस्य

Ans. (d) : सरादार पटेल : 'बारदोली आन्दोलनस्य सफलं नेतृत्वं अकरोत् । सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बारदोली आन्दोलन का सफल नेतृत्व किया,
असहयोग आन्दोलन– 1920
चम्पारण आन्दोलन – 1917
बारदोली आन्दोलन – 1928

4. पटेलमहोदयः केन 'सरदार' इति उपाधिना सम्मानितः?

(a) तिलकेन (b) गान्धिना
(c) मदनमोहनमालवीयेन (d) अरबिन्दघोषेण

Ans. (b) : पटेलमहोदयः गान्धिना ''सरदार'' इति उपाधिना सम्मानितः।
सरदार वल्लभ भाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि महात्मा गाँधी ने दिया था।

5. 'ईस्वीय वर्षे' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं पदं चित्वा लिखत -

(a) विक्रमीय वर्षे (b) शक वर्षे
(c) खीष्टाब्दे (d) गुप्तसंवते

Ans. (c) : 'ईस्वीय वर्षे' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं पदं खीष्टाब्दे अस्ति। ईस्वी वर्ष में इस पद का समानार्थक पद खीष्ट्राब्दि है।

6. 'अहर्निशं' इत्यस्य पदनिर्देशं कुरुत -

(a) सञ्ज्ञापदम् (b) क्रियापदम्
(c) विशेषणम् (d) क्रियाविशेषणम्

Ans. (d) : 'अहर्निशं' इति पदम् क्रियाविशेषणम् अस्ति।
अहर्निश पद का अर्थ दिन-रात है यह पद क्रिया विशेषण का शब्द होता है।

7. 'त्यजत' इति क्रियापदं कस्मिन् लकारे प्रयुक्तः

(a) लट्लकारे (b) लोट्लकारे
(c) विधिलिङ्गलकारे (d) लृट्लकारे

Ans. (b) : 'त्यजत' इति क्रिया पदम् लोट्लकारे प्रयुक्तः अस्ति। त्यजत यह क्रियापद लोट्लकार मध्यमपुरुष बहुवचन में है।
त्यज् (छोड़ना) भ्वादिगण (लोट्लकार)

एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष त्यजतु	त्यजताम्	त्यजन्तु
मध्यम पुरुष त्यज्	त्यजतम्	त्यजत
उत्तम पुरुष त्यजानि	त्यजाव	त्यजाम

8. 'लब्ध्वा' इत्यस्मिन् पदे प्रयुक्तः कृदन्तप्रत्ययः चित्वा लिखत -

(a) क्त्वा (b) तुमुन्
(c) शतृ (d) शानच्

Ans. (a) : ''लब्ध्वा'' इत्यस्मिन् पदे क्त्वा कृदन्त प्रत्ययः प्रयुक्तः। अर्थात् 'लब्ध्वा' इस पद में क्त्वा कृदन्त प्रत्यय है। भूतार्थवृत्ति में क्त्वा तथा क्तवतु प्रत्यय होता है।

लभ् + क्त्वा = लब्ध्वा
लभ् + तुमुन् = लभतुम्
लभ् + शतृ = लभन्
लभ् + शानच् = लभमानः

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चिनुत -

काचित् विधवा पुत्रेण सह निवसति स्म। दारिद्र्यमयं जीवनं तयोः। अथ एकदा प्रातः पाकं कर्तुम् इच्छन्ती सा माता चुल्लीसमीपं गता। चुल्ल्याम् अग्निः सर्वथा निर्विण्णः आसीत्।

अतः माता पुत्रम् अवदत् - ''वत्स! पार्श्वगृहं गत्वा तप्ताङ्गारान् आनय'' इति।

बालः एतत् अङ्गीकृत्य पार्श्वस्थधनिकगृहम् अगच्छत्। गृहस्य पुरतः अग्नेः पार्श्वे कश्चन सेवकः उपविष्टः आसीत् ।

बालः तम् अवदत् - ''केचन तप्ताङ्गारान् दीयन्ताम् आर्य!'' इति।

सः सेवकः बालकम् उपेक्षया पश्यन् अवदत् - ''तत्ताङ्गागाराः किं युतकेन नीयेरन्? त्वया तु युतकमपि न धृतम्!! कथं नयसि तप्ताङ्गारान्?'' इति।

क्षणं विचिन्त्य सः बालः समीपे स्थितेन जलेन हस्तौ आर्द्रीकृत्य काष्ठभस्म अञ्जलौ धृत्वा तं सेवकम् अवदत् - ''तप्ताङ्गाराः अत्र अञ्जलौ निक्षिप्यन्ताम्'' इति।

आगच्छन्तं धनिकं दृष्ट्वा - 'मम पुत्रेण कोऽपि दोषः आचरितः स्यात् ' इति विचिन्त्य भीता बालस्य माता दैन्येन अवदत् ''महाशय! अज्ञानाकारणतः मम पुत्रेण यदि कोऽपि दोषः कृतः स्यात् तर्हि कृपया क्षमा दर्शनीया'' इति।

तदा धनिकः अवदत् - ''आर्ये! भवत्याः पुत्रेण कोऽपि दोषः न कृतः। सः अस्ति महाबुद्धिमान्। अयं विद्यालयं गत्वा ज्ञानं सम्पादयेत् । अस्य शिक्षणव्यवस्था मया करिष्यते। कृपया अनुमन्तव्यं भवत्या'' इति।

माता सहर्षम् एतत् अनुमतवती। सः बालः विद्यालयं प्रति गमनम् आरब्धवान्। गच्छता कालेन न्यायशास्त्रम् अधीत्य सः न्यायशास्त्रे महत् ज्ञानं सम्पाद्य ख्यातिं प्राप्तवान्। तस्य नाम अस्ति 'रघुनाथशिरोमणिः' इति।

9. विधवा केन सह निवसति स्म?

(a) अनुजया सह (b) पुत्रेण सह
(c) पित्रा सह (d) मात्रा सह

Ans. (b) : विधवा पुत्रेण सह निवसति स्म।
प्रसंगानुसार विधवा स्त्री पुत्र के साथ रहती थी।
'पुत्रेण सह' यहाँ सह के योग में ''सहयुक्तेऽप्रधाने सूत्र से सह के योग में ''पुत्रेण'' इस पद में तृतीया विभक्ति है।

10. माता पुत्रं किं आनेतुं निर्दिष्टवती?

(a) वस्त्राणि (b) भिक्षाम्
(c) तप्ताङ्गारान् (d) जलम्

Ans. (c) : माता पुत्रं तप्ताङ्गारान् आनेतुं निर्दिष्टवती। अर्थात् प्रसंग के अनुसार माता ने पुत्र को आग लाने को निर्दिष्ट किया। कथानक के अनुसार माता पुत्र के लिए भोजन बनाने जाती है चुल्हे की आग शान्त हो गयी थी। अतः उसने पुत्र को आग लाने के लिए पड़ोसी के घर भेजती है।

11. रघुनाथशिरोमणिः कस्य शास्त्रस्य विद्वान् आसीत्?

(a) व्याकरणस्य (b) ज्योतिषशास्त्रस्य
(c) न्यायशास्त्रस्य (d) मीमांसाशास्त्रस्य

Ans. (c) : रघुनाथशिरोमणिः न्यायशास्त्रस्य विद्वान् आसीत् । अर्थात् रघुनाथ शिरोमणि न्याय शास्त्र के विद्वान थे।

12. 'शांतः' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं चित्वा लिखत -

(a) निर्विण्णः (b) क्रुद्धः
(c) क्लान्तः (d) श्रान्तः

Ans. (a) : ''शांत'' इत्यस्य पदस्य समानार्थकं पदं निर्विण्णः अस्ति। शान्त इस पद का समानार्थक पद निर्विण्ण है।
निर्विण्णः – शान्तः
कुद्धः – अमर्षितः
क्लान्तः – परिश्रान्तः
श्रान्त : – शान्तः, जितेन्द्रियः

13. 'दीयन्ताम्' इत्यास्मिन् क्रियापदे को लकारः?

(a) लोट्लकारः (b) लट्लकारः
(c) विधिलिङ्गलकारः (d) लृट्लकारः

Ans. (a) : 'दीयन्ताम्' इत्यास्मिन् क्रियापदे लोट्लकारः अस्ति।
दीयन्ताम् इस क्रियापद में लोटलकार है।
दा धातु (लोट्लकार)

	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	दीयताम्	दीयेताम्	दीयन्ताम्
मध्य पुरुष	दीयस्व	दीयेथाम	दीयध्वम्
उत्तम पुरुष	दीयै	दीयावहै	दीयामहै

14. 'सम्पाद्य' इत्यस्मिने पदे प्रयुक्तः कृदन्तप्रत्ययः लिखत -

(a) शतृ (b) ल्यप्
(c) क्त्वा (d) शानच्

Ans. (b) : 'सम्पाद्य' इत्यस्मिन् पदे प्रयुक्तः कृदन्त प्रत्ययः 'ल्यप्' अस्ति। ''सम्पाद्य'' इस पद में प्रयुक्त कृदन्त प्रत्यय ल्यप् है। धातु के पूर्व उपसर्ग हो तो क्त्वा को ल्यप् हो जाता है। यह प्रत्यय भूतकाल की विवक्षा में होता है।
सम् + पत् + ल्यप्

15. 'अञ्जलौ' इत्यस्मिन् पदे का विभक्तिः अस्ति?

(a) तृतीया (b) सप्तमी
(c) चतुर्थी (d) पञ्चमी

Ans. (b) : 'अञ्जलौ'' इत्यस्मिन् पदे सप्तमी विभक्तिः एक वचनः अस्ति। ''अञ्जलौ'' इस पद में सप्तमी विभक्ति एक वचन है।

16. शिक्षकः एकं पाठं स्वगत्या पठति विद्यार्थिनः समूहेषु विभज्य मुख्यबिन्दून् आदाय पाठस्य पुनर्निर्माणं कुर्वन्ति। एवंविधं कार्यम् अस्ति---

(a) श्रुतलेखः
(b) व्याकरणश्रुतलेखः
(c) कार्यस्य पुनर्लेखनम्
(d) पारस्परिक श्रुतलेखः

Ans. (b) : शिक्षकः एकं पाठं स्वगत्या पठति विद्यार्थिनः समूहेषु विभज्य मुख्यबिन्दून् आदाय पाठस्य पुनर्निर्माणं कुर्वन्ति। एवंविधं कार्यम् व्याकरणश्रुतलेखः अस्ति।
शिक्षक एक पाठ स्वयं पढ़ता है विद्यार्थियों को समूह में बाँटकर मुख्यबिन्दु देकर पाठ का पुनः निर्माण करता है। इस प्रकार का कार्य व्याकरण श्रुतलेख है।

17. सप्तमकक्षायाः एकः शिक्षकः कथाशिक्षणक्रमे कथारम्भात् पूर्वं छात्रान् कथा-सम्बन्धिविचारान् संग्रहीतुं निर्दिशति। एतेन सः किं प्रयतते?

(a) वैयक्तिक-पठन-माध्यमेन छात्राणां मध्ये पठन-सम्वर्धनम्।
(b) छात्राणां पूर्वज्ञानेन सह संयोजनम्।
(c) कक्षायां प्रभावशालिपठनाय लेखनाय च प्रयासः यतः सामाजिकगतिविधीनां सम्वर्धनम् भवेत्
(d) छात्रान् प्राक्-लेखने संयोजितुं प्रविधि-स्वीकरणम्।

Ans. (b) : सप्तमकक्षायाः एकः शिक्षकः कथाशिक्षण क्रमे कथारम्भात् पूर्व छात्रान् कथा - सम्बन्धित विचारान् संग्रहीतुं निर्दिशति। एतेन सः ''छात्राणां पूर्वज्ञानेन सह संयोजनम्'' प्रयतते। अर्थात् सातवीं कक्षा के एक शिक्षक कथाशिक्षण क्रम में कथा आरम्भ से पूर्व छात्रों को कथा सम्बन्धी विचारों का संग्रह करने का निर्देश देता है। इसके द्वारा वह शिक्षक ''छात्रों के पूर्वज्ञान के साथ संयोजन'' करने का प्रयत्न करता है।

18. राष्ट्रीय शिक्षा-नीतिविषये (NEP, 2020) अधोलिखितेषु किं असमीचीनः?

(a) प्रारम्भिक-शिक्षण वर्षाणि यावत् मातृभाषायाः शिक्षणम्।
(b) माध्यमिक-शिक्षण चरणे श्रेष्ठ (Classical) भाषाणां शिक्षणम्।
(c) माध्यमिक-शिक्षण-चरणे वैदेशिक-भाषायाः शिक्षणम्।
(d) प्राथमिक-शिक्षण कालादेव आङ्ग्ल-भाषायाः शिक्षणम्।

Ans. (d) : राष्ट्रीय शिक्षा - नीति विषये (NEP 2020) उपरिलिखितेषु क्रमे 'प्राथमिक - शिक्षण कालादेव आंग्ल भाषायाः शिक्षणम् '' असमीचीनः अस्ति। राष्ट्रीय शिक्षा - नीति के विषय में उपरलिखित क्रम में ''प्राथमिक शिक्षण काल से ही आङ्ग्लभाषा का शिक्षण'' यह NEP के विषय में असमीचीन है।

19. पठनम् अस्ति -

(a) अक्षराणां ध्वनिषु कूटानुवादः
(b) पदानाम् उच्चारणम्
(c) अर्थ-निर्माणम्
(d) अक्षराणां पदेषु कूटानुवादः

Ans. (c) : प्रश्नानुसार पठनं ''अर्थ-निर्माणं'' अस्ति प्रश्नानुसार पठन ''अर्थ का निर्माण करना है'' अक्षरों के ध्वनियों का कूटानुवाद पठन नहीं है। पदों का उच्चारण भी पठन नहीं है। अक्षरों का पदों में कूटानुवाद पठन नहीं है।

20. भारतस्य भाषाव्यापि शिक्षा (Language-in-education) नीचतेः लक्ष्यः मातृभाषामधिकृत्य बहुभाषावादस्य सम्वर्धनम्।

(a) सर्वे बालाः मातृभाषया अधिगमम् आरभन्ते अधिकाधिकभाषाः अधिगन्तुं व्यवस्यन्ते।
(b) सर्वे बालाः विद्यालयि-भाषां, आङ्ग्लभाषां हिन्दीभाषां च शिक्षन्ते, तदन्तरं वैदेशिकभाषाः शिक्षन्ते।
(c) सर्वे बालाः राजभाषां, आङ्ग्लभाषां, एकां वैदेशिकीभाषां च शिक्षन्ते।
(d) सर्वे बालाः स्वमातृभाषां शिक्षन्ते, स्वमातृभाषया च शिक्षन्ते।

Ans. (a) : भारतस्य भाषाव्यापि शिक्षा (Language - in - education) नीचतेः लक्ष्यः मातृभाषां अधिकृत्य बहुभाषा वादस्य सम्वर्धनम् अनया प्रक्रियया 'सर्वे बालाः मातृभाषया अधिगमम् आरभन्ते अधिकाधिक भाषाः अधिगन्तुम् व्यवस्यन्ते।
भारत में भाषा व्यापक शिक्षा नीति का लक्ष्य, मातृभाषा को अधिकृत करके बहुभाषावाद का सम्वर्धन है। इस प्रक्रिया से ''सभी बालक मातृभाषा के द्वारा सीखना आरम्भ करते है और अधिक भाषा सीखने का प्रयत्न करते हैं।

21. भाषया सह संलग्नता किमस्ति?

(a) भाषा किमस्ति इति शोधनम्।
(b) छात्राः भाषा-कार्यं कुर्वन्ति विविधसाप्रयोजनेभ्यः अस्याः प्रयोगः कुर्वन्ति।
(c) छात्राः कण्ठस्थं कृत्वा भाषां शिक्षन्ते।
(d) छात्राः भाषया संलग्नता किमस्ति इति शिक्षन्ते।

Ans. (b) : भाषया सह संलग्न्ता ''छात्राः भाषा-कार्यं कुर्वन्ति विविध प्रयोजनेभ्यः अस्याः प्रयोगः कुर्वन्ति। एतत् संलग्नता अस्ति। भाषा के साथ संलग्नता है'' छात्र भाषा कार्य करते है विविध प्रयोजनों से इसका प्रयोग करते है।

22. बालाः/मानवाः शिक्षन्ते -

(a) सरलतया मातृभाषाम्
(b) सरलतया वैदेशिकभाषाम्
(c) सर्वे बालाः एकसमानरीत्या भाषाः शिक्षन्ते
(d) दैनन्दिनप्रयोजनाय मातृभाषाधिगमः बहुश्रमः अपेक्षते

Ans. (a) : बालाः/मानवाः ''सरलतया मातृभाषाम् शिक्षन्ते'' बालक अथवा मानव ''सरलता से मातृभाषा को सीखते है।

23. अधोलिखितेषु कथनेषु कः समीचीनः?

(अ) द्वितीयभाषायाः अधिगमे मातृभाषा व्यवधानं जनयति।
(ब) द्वितीयभाषायाः अधिगमे मातृभाषा न तु साहाय्यं भवति न व्यवधानं जनयति।
(स) द्वितीयभाषायाः अधिगमे मातृभाषा एकं संसाधनम्।
(द) द्वितीयभाषायाः अधिगमे मातृभाषा साहाय्यं भवति।
(a) कथनः अ कथनः ब समीचीनौ
(b) कथनः अ, कथनः द समीचीनौ
(c) कथनः ब कथनः स समीचीनौ
(d) कथनः स कथनः द समीचीनौ

Ans. (d) : उपरिलिखितेषु कथनेषु समीचीनः कथन :
(स) द्वितीय भाषायाः अधिगमे मातृभाषा एकं संसाधनम् ।
(द) द्वितीय भाषायाः अधिगमे मातृभाषा साहाय्यं भवति।
कथन 'स' एवं कथन 'द' दोनों समीचीन है।
(स) दूसरी भाषा को सीखने में मातृभाषा एक संसाधन है।
(द) दूसरी भाषा के अधिगम में मातृ भाषा सहायक होती है।

24. अधोलिखितेषु उच्चारणस्य शिक्षण-अधिगम-दृष्ट्या कः प्रभावकारिविधिः इति कथ्यते?

(a) उच्चारणकृते अभ्यासः (pronunciation drills)
(b) जिह्वा-घूर्णनम् (tongue-twisting)
(c) स्वरविज्ञानस्य (phonetics) शिक्षणम्
(d) मूक-पठनम्

Ans. (b) : उपरिलिखितेषु उच्चारणस्य शिक्षण - अधिगम दृष्ट्या प्रभावकारिविधिः ''जिह्वा-घूर्णनम् ''इति कथ्यते'' उपरिलिखितों में उच्चारण शिक्षा सीखने की दृष्टि से प्रभावशाली विधि को ''जिह्वा घूर्णनम्'' कहा जाता है।

25. कवितायाः शिक्षण-अधिगमस्य प्रमुखलक्ष्याः वर्तन्ते -

(a) भाषा-अधिगमः, व्याकरण-अधिगमः, संक्षेपणम् शब्दावलिः च
(b) कण्ठस्थीकरणं गायनं च
(c) कविविषये तस्य कालविषये च ज्ञानग्रहणम्
(d) निहितविचारेभ्यः रसास्वादनं, सौन्दर्यग्रहणं, भाषा-प्रयोगः, काव्यशैली च

Ans. (d) : कवितायाः शिक्षण-अधिगमस्य ''निहितविचारेभ्यः रसास्वादनम्, सौन्दर्यग्रहणम् भाषा-प्रयोगः काव्यशैली च'', प्रमुखलक्ष्याः वर्तन्ते। अर्थात् कविता शिक्षण के अधिगम में ''निहित विचारों का रसास्वादन, सौन्दर्य ग्रहण भाषा का प्रयोग और काव्य शैली'' का ज्ञान, प्रमुख लक्ष्य है।

26. पठनोत्तरकार्ये अधोलिखितेषु कः न समाविष्टः?

(a) शिक्षकः छात्रान् पठितपाठात् एकां व्यामिश्रितकथां (Jumbled story) समुचितक्रमे संयोजनाय निर्दिशति।
(b) शिक्षकः छात्रान् पठितपाठे प्रदत्तशब्देभ्यः नवीनशब्दरचयितुं निर्दिशति।
(c) छात्राः पाठविषयक स्वविचारान् प्रस्तूय पाठलेखकं सम्बोध्य पत्रं लिखन्ति।
(d) शिक्षकः पाठस्य नवशब्दानां अभिज्ञानं करोति, लेखकस्य विषये च ज्ञातुं यतते।

Ans. (d) : पठनोत्तर कार्ये ''शिक्षकः पाठस्य नव शब्दानां अभिज्ञानं करोति लेखकस्य विषये च ज्ञातुं यतते। एतत् न समाविष्टः पठनोत्तर कार्ये। पठनोत्तर कार्य में ''शिक्षक पाठ के नवीन शब्दों का अभिज्ञान करता है, लेखक के विषय में जानने का प्रयत्न करता है। यह पठनोत्तर कार्य नहीं है।

27. भाषा-अधिगमस्य केन्द्रिकतया कः आशयः?

(a) भाषा-शिक्षणस्य प्रधानलक्ष्यः केवलं विषय-वस्तुनि अवधानं भवेत्।
(b) विषयवस्तु-अधिगमः (Content-learning) भाषोपति अवधानं न दद्यात्।
(c) भाषा-अधिगमः मूलतः विषयवस्तु-अधिगमः अस्ति।
(d) सर्व-विषयवस्तु-अधिगमः मूलतः भाषा-अधिगमः अस्ति।

Ans. (d) : भाषा - अधिगमस्य केन्द्रिकतया आशयः ''सर्वविषय वस्तु अधिगमः मूलतः भाषा अधिगमः अस्ति। भाषा अधिगम का केन्द्रित आशय है। सभी विषयवस्तु को सीखना मूलतः भाषा-अधिगम है।

28. लेखनस्य प्रक्रिया उपागमे (Process approach) केषां समावेशः भवति?

(a) विचारचिन्तनं, सम्पादनं, पुनर्लेखनं, अन्तिमप्रारूपणम्।
(b) रूपरेखा-लेखनम्, सम्पादनम्, पुनर्लेखनम्।
(c) रूपरेखा-लेखनम्, प्रारूप-लेखनम्, समीक्षणम् अन्तिमप्रारूपणं च, पुनर्विशदीकरणं, संशोधनं सम्पादनं च।
(d) विचारमन्थनं, रूपरेखणं, प्रारूप-लेखनम्, पुनरावृत्तिकरणं समीक्षणं च, सम्पादनम् अन्तिमप्रारूपलेखनं च।

Ans. (d) : लेखनस्य प्रक्रिया उपागमे (Process approach) 'विचार मन्थनम् , रूपरेखणम् , प्रारूपलेखनम्, पुनरावृत्तिकरणं समीक्षणम् च, सम्पादनम् अन्तिम प्रारूप लेखनम् च।'' एतेषां प्रक्रिया समावेशः भवति अर्थात् लेखन् प्रक्रिया के उपागम में ''विचार मन्थन, रूपरेखण, प्रारूप लेखन् , और पुनरावृत्ति का समीक्षण, सम्पादन तथा अन्तिम प्रारूप लेखन है। इसका लेखन प्रक्रिया उपागम में समाविष्ट होता है।

29. आस्था अष्टमकक्षायाः आङ्ग्लभाषायाः शिक्षिका अस्ति। सा स्वछात्रान् भूगोलपाठ्यपुस्तकात् पाठं पठितुं निर्दिशति। एवं सा छात्रान् भाषां विषयवस्तूनि च अधिगन्तुम् बोधकार्यं करणाय शब्दावलिं संकलनाय निर्दिशति। इयं पद्धतिः का कथ्यते?

(a) अन्यत् परिक्षेत्रेभ्यः ग्रहीत-संसाधनानि
(b) भूगोलस्य अधिगमः
(c) शब्दावलि-अधिगमः
(d) अपाठ्यचर्या-भाषा (Language Across the Curriculum)

Ans. (d) : आस्था अष्टम कक्षायाः आङ्ग्ल भाषायाः शिक्षिका अस्ति। सा स्वच्छात्राम् भूगोल पाठ्यपुस्तकात् पाठं पठितुम् निर्दिशति। एवं सा छात्रान् भाषां विषयवस्तूनि अधिगन्तुम् बोधकार्यं करणाय शब्दावलिं संकलनाय निर्दिशति इयं पद्धतिः ''अपाठ्यचर्या - भाषा'' कथ्यते वह अपने छात्रों को भूगोल पाठ्यपुस्तक से पाठ पढ़ने के लिए निर्देश देती है। वह छात्रों को भाषा और शब्दावली का संकलन के लिए निर्देश देती है। यह पद्धति 'अपाठ्यचर्या भाषा'' पद्धति कही जाती है।

30. आकलने प्रतिपुष्टिः किमर्थं भवति?

(a) किं न अधिगतम् इति अन्वेष्टुम्
(b) छात्रान् स्वसबलताः एवं स्थलागि-यत्र अवधानम् अपेक्षते-इत्यस्य विषये ज्ञापनाय।
(c) छात्राः किं न जानन्ति इति शिक्षकान् ज्ञापनाय।
(d) पाठ्यचर्याः पाठ्यपुस्तकान् संशोधयितुं व्यवस्थाकरणाय।

Ans. (b) : आकलने प्रतिपुष्टिः ''छात्रान् स्वसबलताः एवं स्थलागि-यत्र अवधानम् अपेक्षते इत्यस्य विषये ज्ञापनाय'' आकलनप्रतिपुष्टिः भवति।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 12-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. In which period do children establish autonomy from the family and define personal values and goals carving their own identity?
वह कौन सी अवस्था है जिसमें बच्चे परिवार से स्वायत्तता स्थापित करते हैं और अपने व्यक्तिगत मूल्यों एवं लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए अपनी खुद की एक पहचान का निर्माण करते हैं?

(a) Early childhood/प्रारंभिक बाल्यावस्था
(b) Middle childhood/मध्य बाल्यावस्था
(c) Late childhood/उत्तर बाल्यावस्था
(d) Adolescence/किशोरावस्था

Ans. (d) : किशोरावस्था में बच्चे परिवार से स्वायत्तता स्थापित करते हैं और अपने व्यक्तिगत मूल्यों एवं लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए अपनी खुद की एक पहचान का निर्माण करते हैं। विद्वानों ने (13-21) वर्ष की अवस्था को किशोरावस्था माना है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार किशोरावस्था यौनिक परिपक्वता से प्रारम्भ होती है और वैधानिक परिपक्वता पर समाप्त हो जाती है। परिवर्तन की इस अवस्था में माता पिता, शिक्षक, अभिभावक तथा अन्य लोग जो बालकों के कल्याण में रुचि रखते हैं और परिवार समाज व राष्ट्र की प्रगति चाहते हैं तो उन्हें किशोरों के विकास पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये क्योंकि किशोर ही वर्तमान की शक्ति और भविष्य की आशा है। स्टेनले हॉल के अनुसार, ''किशोरावस्था बड़े संघर्ष, तूफान व विरोध की अवस्था है।''

2. Assertion (A) : In the context of physical development it is important to look at a 'range' rather than specific age to understand a child's developments.
कथन (A): शारीरिक विकास के संदर्भ में बच्चों के विकास को समझने के लिए यह ज़रूरी है कि बजाए एक विशिष्ट उम्र को देखने के, विकास की 'सीमा क्षेत्र' को देखा जाए।
Reason (R): There are considerable individual differences in children's growth and development.
तर्क (R): बच्चों की वृद्धि व विकास में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती हैं।
Choose the correct options/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेंकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : शारीरिक विकास के संदर्भ में बच्चों के विकास को समझने के लिए यह जरूरी है कि बजाए एक विशिष्ट उम्र को देखने के, विकास की 'सीमा क्षेत्र' को देखा जाए क्योंकि बच्चों की वृद्धि व विकास में व्यक्तिगत भिन्नताएँ होती है। कभी-कभी वृद्धि और विकास दोनों को पर्याय मान लिया जाता है लेकिन इनमें अंतर है। वृद्धि को मानव के कोशीय वृद्धि के संदर्भ में समझा जाता है वहीं विकास का संदर्भ वृद्धि के साथ मानव के सम्पूर्ण पक्ष में वृद्धि से है। अर्थात् विकास में वृद्धि तो निहित है ही, साथ ही साथ व्यक्ति के मानसिक, भावात्मक, सामाजिक, नैतिक आदि पक्षों में परिवर्तन से है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

3. Which one of the following is not the principle of development ?
निम्नलिखित में से कौन सा विकास का सिद्धान्त नहीं हैं?

(a) Development is a sequential process/विकास एक क्रमानुसार होने वाली प्रक्रिया है।
(b) Development has no specific direction/विकास की कोई विशिष्ट दिशा नहीं होती।
(c) Development is somewhat predictable/कुछ हद तक विकास की भविष्यवाणी की जा सकती है।
(d) Development is a result of interplay of heredity and environmental factors/विकास आनुवंशिकता और पर्यावरण कारकों की पारस्परिक अंतःक्रिया का परिणाम है।

Ans. (b) : 'विकास की कोई विशिष्ट दिशा नहीं होता है' यह विकास के सिद्धान्त के अन्तर्गत नहीं है। मानव विकास के सिद्धान्त को उस रूप में परिभाषित किया जाता है जिस तरीके में एक व्यक्ति विकसित होगा। विकास के कई सिद्धान्त है जिसमें से एक 'क्रमिकता का सिद्धान्त' है इस सिद्धान्त के अन्य दो रूप है, सिफेलोकॉडल प्रवृत्ति एवं 'प्रोक्सिमो-डिस्टल'। इसके अलावा निरंतरता का सिद्धान्त, व्यक्तिगत अंतर, पारस्परिक संबंध, सामान्य से विशिष्ट, परस्पर क्रिया, दर में विभेदन, एकीकरण और पूर्वानुमेयता है।

4. According to Jean Piaget, It is in _____ stage that the children are able to overcome the limitations of centration and demonstrate logical thought.
जीन पियाजे के अनुसार, किस चरण में बच्चे केन्द्रियता की सीमाओं से उभरकर तार्किक चिंतन कर पाते हैं?

(a) sensori-motor/संवेदी चालक
(b) pre-operational/पूर्व संक्रियात्मक
(c) concrete-operational/मूर्त संक्रियात्मक
(d) formal operational/अमूर्त संक्रियात्मक

Ans. (c) : जीन पियाजे के अनुसार, मूर्त संक्रियात्मक चरण में बच्चे केन्द्रियता की सीमाओं से उभरकर तार्किक चिंतन कर पाते हैं। इस चरण में बच्चे संख्या, क्षेत्रफल, आयतन और अभिविन्यास के संरक्षण की क्षमता प्राप्त करते हैं। संरक्षण यह समझ है कि कोई वस्तु अपनी संरचना को बदलने पर भी मात्रा में समान रहती है। यह चरण लगभग 7 से 11 साल की उम्र तक रहती है जो बाल विकास के उत्तर बाल्यावस्था को संदर्भित करती है। इस चरण में, बच्चे वस्तुओं को समूहों और उपसमूहों में वर्गीकृत कर सकते हैं।

5. Assertion (A): Ramesh, a five year old reasons that the pounded from a broader glass to a taller glass has become more in quantity.
कथन (A): पाँच साल का रमेश तर्क करता है कि एक चौड़े गिलास से एक लम्बे गिलास में डाला गया पानी मात्रा में अधिक हो गया है।

Reason (R): Children in concrete operational stage cannot solve problems in a systematic and logical manner.
तर्क (R): मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बच्चे समस्याओं को व्यवस्थित और तार्किक तरीके से हल नही ं कर पाते।

Choose the correct options/सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेंकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : नोट – आयोग द्वारा इस प्रश्न का उत्तर कुंजी में (a) दिया गया है, जो कि गलत है। इसका सही उत्तर (b) होगा।
उपयुक्त कथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं। (A) की। क्योंकि मूर्त संक्रियात्मक अवस्था का वर्ष काल 7-11 वर्ष का होता है तथा इसमें बच्चे समस्याओं को व्यवस्थित और तार्किक तरीके से हल नहीं कर पाते। इसी प्रकार रमेश जो कि पाँच साल का है। यह तर्क करता है कि चौड़े गिलास से एक लम्बे गिलास में डाला गया पानी मात्रा में अधिक हो जाता है। रमेश पियाजे द्वारा दिये गये संज्ञानात्मक विकास की चार अवस्थाओं में से दूसरी अवस्था 'पूर्व संक्रियात्मक अवस्था' के अन्तर्गत आता है। इस अवस्था कार्य का काल '2-7' वर्ष तक का होता है। अतः इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) होगा।

6. The stage of 'Instrumental purpose orientation' in Kohlberg's theory is characterized by:
कोहलबर्ग के सिद्धान्त में यांत्रिक सापेक्षता अभिविन्यास, के चरण की क्या विशेषता हैं?
(a) Satisfying personal needs/व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करना।
(b) Viewing rules as fixed and absolute/नियमों को निश्चित और निरपेक्ष रूप में देखना।
(c) Maintaining the approval of others/दूसरों के अनुमोदन को बनाए रखना।
(d) Abstract universal principle that are valid for all humanity/अमूर्त सार्वभौमिक सिद्धान्त जो सभी मानवता के लिए मान्य हैं।

Ans. (a) : कोहलबर्ग का नैतिक विकास का सिद्धान्त पियाजे के सिद्धान्त का संशोधित रूप था। उनके नैतिक विचार पियाजे के सिद्धान्त से प्रभावित थे। कोहलबर्ग के अनुसार छात्रों में नैतिकता का विकास जन्मजात नहीं बल्कि समाज द्वारा होता है। वह अपने सिद्धान्त द्वारा दिए गए 3 अवस्थाओं के 6 चरणों को सार्वभौमिक मानते हैं। कोहलबर्ग के सिद्धान्त में 'यांत्रिक सापेक्षता अभिविन्यास' जो कि पहली अवस्था (पूर्व परम्परागत) का दूसरा चरण होता है। इसमें नैतिक विकास के व्यक्तिवाद और विनिमय चरण में, बच्चे व्यक्तिगत दृष्टिकोणों को दिखाते हैं, और व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के आधार पर कार्यों का निर्णय करते हैं।

7. The term used by Lev Vygotsky to describe the process whereby two participants who begin a task with different understanding arrive at a shared understanding is_____ .
लेव व्यागोत्सकी के अनुसार वह प्रक्रिया जिसमें दो भागीदार जो एक कार्य को अलग समझ से शुरू करके बाद में एक साझी समझ पर पहुँचते है, क्या कहलाती है?
(a) Zone of proximal development/समीपस्थ विकास का क्षेत्र
(b) Intersubjectivity/अंतर्विषयकता
(c) Conditioning/अनुकूलन
(d) Discovery learning/खोज विधि

Ans. (b) : लेव वाइगोत्स्की के अनुसार वह प्रक्रिया जिसमें दो भागीदार जो एक कार्य को अलग समझ से शुरू करके बाद में एक साझी समझ पर पहुँचते हैं, 'अंतर्विषयकता' कहलाती है। इंटरसब्जेक्टिविटी पर वाइगोत्स्की का मुख्य सूत्र कहता है : "बच्चे के सांस्कृतिक विकास में प्रत्येक कार्य दो बार प्रकट होता है : पहले सामाजिक स्तर पर और बाद में, व्यक्तिगत स्तर पर; पहले लोगों के बीच (अंतर मनोवैज्ञानिक) और फिर बच्चे के अंदर (अंतः मनोवैज्ञानिक)। "यह स्वैच्छिक ध्यान, तार्किक स्मृति और अवधारणाओं के निर्माण के लिए समान रूप से लागू होता है। सभी उच्च कार्य व्यक्तियों के बीच वास्तविक संबंधों के रूप में उत्पन्न होते हैं।"

8. In Lev Vygostsky's theory, language:
लेव व्यागोत्सकी के सिद्धान्तों के अनुसार, भाषाः
(a) Plays a significant role in cognitive development of children/बच्चों के संज्ञानात्मक विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
(b) Hinders children's cognitive abilities/बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमतओं में बाधा डालती है।
(c) Is highly influential in regulating children's emotional development/बच्चों के संवेगात्मक विकास को नियमित करने में बेहद प्रभावकारी होता है।
(d) Does not play any role in development of children/की बच्चों के विकास में कोई भूमिका नहीं है।

Ans. (a) : वाइगोत्स्की बालक के संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तःक्रिया, भाषा, संस्कृति को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं। इनके सिद्धान्त के अनुसार भाषा बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वह भाषा को एक उपकरण मानते हैं। जिसकी सहायता से बालक समाज और संस्कृति के साथ रहकर अन्तःक्रिया का कार्य करता है। वाइगोत्स्की के अनुसार भाषा के अभाव में व्यक्ति अपना संज्ञानात्मक विकास नहीं कर सकते है। ''एक बच्चे की भाषा के विकास में दूसरों के साथ सम्प्रेषण एक महत्वपूर्ण तत्व है।''

9. In which type of classroom the teacher adopts pedagogy and assessment method to cater to needs of individual learners?
किस प्रकार की कक्षा में शिक्षक अपनी शिक्षा पद्धति और आंकलन तरीकों को अलग-अलग शिक्षार्थियों की जरूरतों के अनूकूल अपनाता है?

(a) Behaviourisic/व्यवहारवादी
(b) Teacher Centric/शिक्षक केन्द्रित
(c) Progressive/प्रगतिशील
(d) Exam-centric/परीक्षा केन्द्रित

Ans. (c) : प्रगतिशील कक्षा में शिक्षक अपनी शिक्षा पद्धति और आकलन तरीकों को अलग-अलग शिक्षार्थियों की जरूरतों के अनुकूल अपनाता है। एक प्रगतिशील कक्षा में गतिविधियों /कार्यों को करते हुए बच्चों का मूल्यांकन किया जाता है। यह बच्चों को अपने स्वयं के अनुभवों और प्रतिबिंबों के आधार पर दुनिया की अपनी समझ और ज्ञान विकसित करने की अनुमति देती है। यह केवल मौन श्रवण को ही महत्व नहीं देती है। यह शिक्षा बच्चों को उनके ज्ञान और प्रतिभा को प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आत्मनिर्भर और उत्पादक बनाने के लिए ''करके सीखने' को बढ़ावा देता है।

10. Assertion (A): The intelligence test is not the only measures to indentify a gifted child.
कथन (A): प्रतिभाशाली बच्चे की पहचान के लिए बुद्धि परीक्षण ही एकमात्र पैमाना नहीं हैं।
Reason (R): Each gifted child present different strengths, personalities and characteristics.
तर्क (R): हर प्रतिभाशाली बच्चा विभिन्न शक्तियों, व्यक्तित्वों और विशेषताओं को प्रस्तुत करता है।
Choose the correct option/सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेंकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : उपर्युक्त कथन (A) और तर्क (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
प्रतिभाशाली बच्चे की पहचान के लिए बुद्धि परीक्षण ही एकमात्र पैमाना नहीं है क्योंकि हर प्रतिभाशाली बच्चा विभिन्न शक्तियों, व्यक्तियों और विशेषताओं को प्रस्तुत करता है। वह बालक जिसकी मानसिक आयु जीवन की आयु के अनुपात में औसत से बहुत अधिक हो, उसे प्रतिभाशाली बालक कहा जाता है। ऐसे प्रतिभाशाली बालकों के लिए प्लेटों ने कहा था कि, ''उच्च बुद्धि स्तर वाले बालकों का चयन करे उन्हें विज्ञान, दर्शन आदि की शिक्षा देनी चाहिए, जिससे वे ग्रीक 'प्रजातंत्र' का कुशलता से संचालन कर सके।''

11. Young children often talk to themselves while play. As per Lev Vygotsky this is an example _____ and should be _____ by the teacher.
छोटे बच्चे खेलते समय अक्सर खुद से बात करते है। लेव व्यागोत्स्की के अनुसार यह _____ का उदाहरण है तथा शिक्षकों को इसे _____ चाहिए।

(a) Private speech, discouraged/ निजी वाक : हतोत्साहित करना
(b) Private speech encouraged/निजी वाक : बढ़ावा देना
(c) Egocentric speech discouraged/आत्मकेन्द्रित भाषाः हतोत्साहित करना
(d) Egocentric speech encouraged/आत्मकेन्द्रित भाषाः बढ़ावा देना

Ans. (b) : छोटे बच्चे खेलते समय अक्सर खुद से बात करते है। लेव वाइगोत्स्की के अनुसार यह निजी वाक का उदाहरण है तथा शिक्षकों को इसे बढ़ावा देना चाहिए। निजी वाक् की अवधारणा भाषण का वह प्रकार है जो बिना किसी संचारी क्रिया के स्वयं के लिए निर्देशित करता है। बच्चे स्वयं बोलकर अपने कार्यों का मार्गदर्शन करने के लिए निजी वाक का उपयोग करते है इसलिए शिक्षकों को इस प्रकार की वाक् को बढ़ावा देना चाहिए।

12. Association of colour 'Pink' with girls and 'blue' with boys is an example of :
गुलाबी रंग को लड़कियों व नीले रंग को लड़कों से जोड़ कर देखना _____ का उदारहण है।

(a) Gender equity/जेंडर समता
(b) Gender equality/जेंडर समानता
(c) Gender stereotyping/जेंडर रूढ़िवादिता
(d) Gender empowerment/जेंडर सशक्तता

Ans. (c) : गुलाबी रंग को लड़कियों व नीले रंग को लड़कों से जोड़ कर देखना जेंडर रूढ़िवादिता का उदाहरण है। समाज के स्तर पर लिंग (जेंडर) रूढ़िवादिता बहुत प्रभाव पैदा करती है क्योंकि यह लैंगिक आधार पर असमानता पैदा करती है और स्त्री पुरुष में भेदभाव स्थापित करती है। इसके लिए आवश्यक है कि पुरानी पारम्परिक परम्पराओं को तोड़ा जाए और लड़के-लड़कियाँ दोनों के लिए एक समान वातावरण दिया जाए। कार्य या रंग के आधार पर दोनों में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

13. Assertion (A) : Teachers should create a classroom ethos in which they convey their belief in every individual child's ability to learn.
कथन (A): शिक्षकों को अपनी कक्षा में ऐसा सांस्कृतिक वातावरण बनाना चाहिए जिसमें वह अपनी मान्यता कि सभी बच्चों में सीखने की क्षमता है- दर्शा पाएँ।
Reason (R): Teachers' beliefs about childern's abilities and their expectations from children influence learning.
कथन (R): शिक्षकों की बच्चों के क्षमताओं के बारे में मान्यताएँ व बच्चों से उनकी अपेक्षाएँ सीखने को बेहद प्रभावित करती हैं।
Choose the correct option/सही विकल्प चुने ।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता हैं (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं हैं (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेंकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : उपर्युक्त कथन (A) व तर्क (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
शिक्षकों को अपनी कक्षा में ऐसा सांस्कृतिक वातावरण बनाना चाहिए जिसमें वह अपनी मान्यता कि सभी बच्चों में सीखने की क्षमतायें दर्शा पाएँ क्योंकि शिक्षकों की बच्चों के क्षमताओं के बारे में मान्यताएँ व बच्चों से उनकी अपेक्षाएँ सीखने को बेहद प्रभावित करती है। शिक्षक ही बालकों की योग्यता, क्षमता, रूचि, अभिरूचि आदि के अनुसार शिक्षा प्रदान करता है। वह छात्रों को ज्ञान व क्रिया का अधिगम कराने के लिए उचित वातावरण की तैयारी करता है ताकि छात्र भविष्य में सफलता प्राप्त कर सके।

14. An effective method to implement continuous and comprehensive evaluations is:
निम्न में से सतत् व समग्र मूल्यांकन को लागू करने का प्रभावी तरीका कौन सा है?
(a) to access children periodically using a variety of strategies/विभिन्न तरीकों का प्रयोग करते हुए बच्चों का समय-समय पर मूल्यांकन करना।
(b) to conduct assessment at the beginning and at the end of the year/साल के शुरू व अंत में मूल्यांकन करना।
(c) through objective type written tests given to all children/सभी विद्यार्थियों का मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा देकर करना।
(d) through use of standardized test for assessment/मूल्यांकन के लिए मानकीकृत परीक्षाओं का इस्तेमाल करना।

Ans. (a) : सतत् एवं समग्र मूल्यांकन से अभिप्राय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनका निरन्तर आकलन करना तथा उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायता प्रदान करना है। सतत् व समग्र मूल्यांकन में विभिन्न तरीकों का प्रयोग करते हुए बच्चों का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाता है। इसमें बच्चे की प्रगति की तुलना उसके स्वयं की पिछली प्रगति से की जाती है न कि अन्य बच्चों की प्रगति से। इसे क्षेत्र के अन्तर्गत सहशैक्षिक क्रियाकलाप अर्थात् खेलकूद, योग, साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, कार्यानुभव, सहयोग, अनुशासन, अभिवृत्ति आदि क्षेत्रों में शामिल किया जाता है।

15. Which of the following questions promotes critical thinking rather than mere recall?
निम्नलिखित में कौन सा प्रश्न महत प्रत्यास्मरण को नही अपितृ आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है?
(a) In which year was telephone invented/टेलीफोन का अविष्कार किस वर्ष में हुआ था।
(b) How many states are there in India/भारत में कितने राज्य हैं
(c) Who was the first prime ministers of India/भारत का प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे।
(d) What are the various ways in which gender stereotypes can be challenged/जेंडर रूढ़िवादिता को चुनौती देने के लिए क्या विभिन्न तरीके हो सकते हैं?

Ans. (d) : 'जेंडर रूढ़िवादिता को चुनौती देने के लिए क्या विभिन्न तरीके हो सकते हैं?' यह प्रश्न महत प्रत्यास्मरण को नहीं अपितु आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है। आलोचनात्मक सोच एक ऐसा व्यक्ति बनने के लिए एक आवश्यक कौशल है जो स्वतंत्र रूप से सोचता है और खुद को प्रचलित विचारों या कुछ समूहों या जोड़ तोड़ करने वाले लोगों द्वारा लापरवाही से संक्रमित नहीं होने देता है। इसके बावजूद, यह समाज में एक दुर्लभ क्षमता है जो हमें यह बताने के लिए डिजाइन की गई है कि हमें क्या सोचना है, हमें सोचना नहीं सिखाना है। आलोचनात्मक सोच स्पष्ट और सुसंगत मानदंडों का उपयोग करके हमारे द्वारा उत्पन्न या प्राप्त जानकारी को ठीक से व्यवस्थित, सत्यापित और मूल्यांकन करने की क्षमता है।

16. Which statement is correct about an inclusive classroom ?
एक समावेशी कक्षा के संदर्भ में कौन सा कथन सही हैं?
(a) The participation of girls and other disadvantaged groups in the school curriculum and other activities is prohibited /विद्यालयी पाठ्यचर्चा तथा अन्य गतिविधियों में लड़कियों व अन्य वंचित समूह के बच्चों सहभागिता को प्रतिबंधित रखा जाता है।
(b) Inclusion creates in the education 'other' children which affects the quality of education/समावेशन से 'अन्य' बच्चों की शिक्षा में बाधा व रूकावट आती है। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है।
(c) During inclusion need of all children are addressed irrespective of difference in their abilities and backgrounds/समावेशन के दौरान सभी बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि व क्षमताओं में विभिन्नता होते हुए भी विद्यालय में संबोधित किया जाता है।
(d) Inclusion only pertains to children with disabilities since only the benefits from it/समावेशन केवल 'विकलांगता से जूझते' बच्चों से संबंधित ही होता है क्यों कि समावेशन से केवल वो ही लाभान्वित होते है।

Ans. (c) : एक समावेशी कक्षा में समावेशन के दौरान सभी बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि व क्षमताओं में विभिन्नता होते हुए भी विद्यालय में संबोधित किया जाता है। समावेशी कक्षा में सभी छात्रों को एक शिक्षा प्राप्त होती है जो उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करती है। विकलांगता के प्रकार या डिग्री के आधार पर किसी भी छात्र को बाहर नहीं रखा गया है। स्कूल के सभी सदस्य (जैसे, प्रशासन, कर्मचारी, छात्र और माता-पिता) सहकारी/सहयोगी शिक्षण व्यवस्था को बढ़ावा देते हैं। अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी शिक्षा को मुख्य स्तम्भ माना जाता हैं। समावेशी शिक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योग्य व निपुण अध्यापकों की आवश्यकता पड़ती है। समावेशी शिक्षा के अतिरिक्त ये अध्यापक अयोग्य व विकलांग विद्यार्थियों की योग्यता का विकास करके उनको अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक कर सकते है।

17. Teachers can ensure that students belonging to disadvantaged groups are successfully included by :
एक शिक्षिका वंचित समूह से आने वाले बच्चों का सफलतापूर्वक समायोजन किस तरह कर सकती हैं?

(a) creating a separate 'section" for them/उनके लिए अलग संकाय बनाकर।
(b) making it compulsory for them to take tuitions at home/उनके लिए घर पर ट्यूशन लेना अनिवार्य करके।
(c) completely disregarding their social and cultural contexts/उनके सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश की उपेक्षा करके।
(d) inculcating in sense of belonging and boosting their confidence/उनमें अपनेपन की भावना पैदा करके व उनका आत्मविश्वास बढ़ाकर।

Ans. (d) : एक शिक्षिका वंचित समूह से आने वाले बच्चों का सफलतापूर्वक समायोजन उनमें अपनेपन की भावना पैदा करके व उनका आत्मविश्वास बढ़ाकर कर सकती है। एक शिक्षक समाज के 'वंचित वर्गों' से आए बच्चों की जरूरतों के लिए प्रभावी ढंग से निम्न प्रकार से प्रतिक्रिया दे सकती है–
* वंचित बच्चों की मानसिक स्थितियों को समझना और स्कूल या कक्षा कार्यक्रमों में विविधता में एकता स्थापित करना।
* भिन्न, पक्षपाती और रूढ़िवादी मुद्दों को लेकर स्कूल प्रणाली और स्वयं पर चिंतन करना।
* उन्हें कक्षा में भाग लेने और सहज महसूस कराने के लिए उनके स्थानीय ज्ञान को कक्षा के परिवेश से जोड़ना।

18. Which of the following are effective accommodations in the classroom environment as per the need of students with low vision?
निम्न में से कौन-से कक्षाकक्षीय प्रावधान एक विद्यार्थी जिसकी दृष्टि कम है के अनुसार उपयुक्त समायोजन हैं?

(i) provide magnifying glass with light/प्रकाश के साथ आवर्धक लेंस का प्रावधान करना।
(ii) supplement blackboard work with oral; explanations/ ब्लैकबोर्ड के कार्य को मौखिक व्याख्यान द्वारा परिशिष्ट करना।
(iii) use a lot of visual presentations/बहुत से दृश्यिक प्रस्तुतीकरण देना।
(iv) give extra time to complete work/काम पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देना।

(a) (ii), (iii) (b) (i), (iv)
(c) (i), (ii), (iii) (d) (i), (ii), (iv)

Ans. (d) : शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में, दृष्टिबाधित विद्यार्थी दृष्टि या देखने के साथ एक समस्या से पीड़ित होते हैं लेकिन जब उन्हें सही प्रशिक्षण और साधनों की सुविधा प्रदान की जाती है, तो वे अच्छी साक्षर क्षमता विकसित करते हैं। ऐसे विद्यार्थी के लिए कक्षाकक्ष में इस प्रकार समायोजन करना चाहिए–
* प्रकाश के साथ आवर्धक लेंस का प्रावधान करना।
* ब्लैकबोर्ड के कार्य को मौखिक व्याख्यान द्वारा परिशिष्ट करना।
* ऐसे बच्चों को अन्य बच्चों के साथ बैठकर मुख्यधारा में जोड़ा जाना चाहिए ताकि वे हीनता का अनुभव न करें।
* बहुत से दृश्यिक प्रस्तुतीकरण देना।
* काम पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देना।

19. Teachers can encourage children to think creatively by:
शिक्षक बच्चों को रचनात्मक रूप में सोचने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?

(a) Asking them to think of different ways to solve a problem/उन्हें किसी समस्या को हल करने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में सोचने के लिए कहना।
(b) Asking them to memorize answers/उन्हें उत्तर रटने के लिए कहकर
(c) Asking recall based questions/प्रत्यास्मरण पर आधारित प्रश्न पूछकर।
(d) Giving multiple choice questions/बहुविकल्पीय प्रश्न देकर।

Ans. (a) : रचनात्मकता साक्षरता के रूप में शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और हमें इसे उसी स्थिति के साथ व्यवहार करना चाहिए। हर बच्चे में रचनात्मकता की कुछ जन्मजात क्षमता होती है। रचनात्मकता व्यक्तित्व के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और अलग-अलग और असामान्य रूप से चीजों का विश्लेषण करने की दिशा प्रदान करता है। रचनात्मक रूप से सोचने के लिए शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वह बच्चों को रचनात्मक रूप में सोचने के लिए उन्हें किसी समस्या को हल करने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में सोचने के लिए कह सकते हैं। इससे बच्चे अपने को अभिव्यक्त कर सकेंगे और समाज के लिए कुछ नया योगदान दे सकेंगे।

20. Which of the following pedagogies would be a hindrance to students learning in an inclusive classroom?/एक समावेशी कक्षा में कौन सा शिक्षाशास्त्र विद्यार्थियों के सीखने में बाधक होगा?

(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक अधिगम
(b) Ethos of care and empathy/परवाह व समानुभूति पर आधारित कक्षा संस्कृति
(c) Standardized instruction/मानकीकृत निर्देश
(d) Reasonable accomodation/उचित समायोजन

Ans. (c) : एक समावेशी कक्षाएँ मतभेदों के बारे में खुली और स्पष्ट बातचीत को प्रोत्साहित करती हैं और साथ ही विभिन्न क्षमताओं, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और जरूरतों वाले लोगों के लिए सम्मान करती है। समावेशी कक्षा में मानकीकृत निर्देश शिक्षाशास्त्र विद्यार्थियों के सीखने में बाधक होगा। हर छात्र की अलग-अलग समझने की क्षमता होती है जिससे मानकीकृत निर्देश उनके लिए बाधा उत्पन्न करते है। इसके अलावा दृष्टिकोण, भौतिक बाधाएँ, पाठ्यचर्या, भाषा और संचार, सामाजिक आर्थिक बाधा इत्यादि द्वारा भी छात्रों को सीखने में बाधा उत्पन्न होती है।

21. Effective learning takes place when:
प्रभावशाली शिक्षण कब होता है?

(a) Individual difference are ignored and dismissed in the class/जब व्यक्तिगत विभिन्नताओं को अनदेखा व खारिज किया जाए।
(b) Concepts are taught in an abstract and decontextualized way/जब संप्रत्ययों को अमूर्त बनाकर व अंसंदर्भित तरीके से पढ़ाया जाए।
(c) Classroom environment is centered around fear and stress/जब कक्षा का वातावरण भय और तनाव पर आधारित हो।
(d) The role of emations in learning is acknowledged and addressed/जब सीखने में संवेगों के इस्तेमाल को स्वीकार व संबोधित किया जाए।

Ans. (d) : प्रभावशाली शिक्षण तब होता है जब सीखने में संवेगों के इस्तेमाल को स्वीकारा व संबोधित किया जाए। प्रभावशाली शिक्षण वह है जिससे अधिकांश शिक्षण उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सके अर्थात् अधिक से अधिक अधिगम हो सके। बी.ओ. स्मिथ महोदय का कहना है कि 'शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए उसके विभिन्न चरों एवं उनके कार्यों का सही ज्ञान आवश्यक है।' बालक के संतुलित विकास में संवेगों का प्रभाव पड़ता है। संवेग व्यक्ति की अभिवृत्ति, जीवन-मूल्य और भविष्य के व्यवहार को प्रभावित करते है।

22. When teachers promote KWL approach- encouraging students to think about what they already know, what they want to know and identity what they have learnt at the end of the topic, what abilities are the encouraging?
जब शिक्षक 'के. डब्ल्यू एल' नीति, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न सोच के लिए प्रेरित किया जाता है– वह क्या जानते हैं जब जानना चाहते हैं तथा उन्होंने विषय के अंत में क्या सीखा, अपनाते हैं तब वह किन कौशलों को बढ़ावा दे रहे हैं?

(a) Metacognition/अधिसंज्ञान
(b) Memorization and recall/याद रखना व प्रत्यास्मरण
(c) Imitation/अनुकरण
(d) Conditioning/अनुबंधन

Ans. (a) : जब शिक्षक 'के. डब्ल्यू.एल.' नीति, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न सोच के लिए प्रेरित किया जाता है - वह क्या जानते हैं जब जानना चाहते हैं तथा उन्होंने विषय के अंत में क्या सीखा, अपनाते हैं तब वह अधिसंज्ञान (Metacognition) कौशलों को बढ़ावा दे रहे हैं। अधिसंज्ञान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शिक्षार्थियों अपने विचारों या चिंतन शैलियों के माध्यम से अपने स्वयं के ज्ञान पर मनन करता है। अधिसंज्ञान चिंतन और अधिगम दोनों को नियंत्रित करता है यह अधिगम को शिक्षार्थियों के चिंतन से जोड़ सकता है।

23. Which of the following is teacher- centred method ?
निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति शिक्षक केन्द्रित हैं?

(a) Collaborative learning/सहयोगात्मक शिक्षा
(b) Lecturing/व्याख्यान
(c) Concept mapping/अवधारणात्मक मानचित्रण
(d) Conduction experiments/प्रयोगों का संचालन

Ans. (b) : व्याख्यान पद्धति शिक्षक केन्द्रित होती है। व्याख्यान विधि को अंग्रेजी में Lecture Method कहते हैं। व्याख्यान विधि को प्रभुत्ववादी शिक्षण विधि की संज्ञा दी जाती है। व्याख्यान विधि शिक्षक केन्द्रीय विधि है जिसमें विद्यार्थी केवल श्रोता होते हैं और इस विधि में विद्यार्थियों को ध्यान केन्द्रित करने के लिए शिक्षक प्रश्न विधि का भी प्रयोग करते हैं। पढ़ाने का यह तरीका उच्च स्तर की शिक्षा के लिए तो ठीक है, किन्तु प्राथमिक वर्ग तक के बच्चों के लिए उपयोगी नहीं है।

24. Which of the following hinders problem-solving?
निम्नलिखित में से कौन समस्या समाधान में बाधा डालता है?

(a) Thinking aloud about various steps involved in problems solving/समस्या समाधान में शामिल चरणों के बारे में बोलकर सोचना
(b) Thinking of worked examples/सुलझाए हुए उदाहरणों पर चिंतन करना।
(c) Getting stuck at one way of representing the problems/समस्या का प्रतिनिधित्व करने के एक तरीके पर अटक जाना
(d) Brainstorming and discussion with peers/साथियों के साथ विचार-मंथन और चर्चा

Ans. (c) : समस्या का प्रतिनिधित्व करने के एक तरीके पर अटक जाना समस्या समाधान में बाधा डालता है। समस्या-समाधान एक जटिल व्यवहार है। इस व्यवहार में अनेक मनोवैज्ञानिक प्रक्रियायें सम्मिलित रहती है। छात्र के समक्ष ऐसी समस्यात्मक परिस्थितियाँ उत्पन्न की जाती हैं जिनमें वह स्वयं चिंतन, तर्क तथा निरीक्षण के माध्यम से समस्या का हल ढूँढ़ सके। इस विधि में चार आम बाधा आती हैं– मानसिक सेट, कार्यात्मक स्थिरता, अनावश्यक बाधाएँ और अप्रासंगिक जानकारी।

25. Knowledge or awareness of self as knower is referred to as :/स्वयं को एक ज्ञाता के रूप में समझने की क्षमता क्या कहलाती है?

(a) Adaptation/अनुकूलन
(b) Metacognition/अधिसंज्ञान
(c) Regulation/नियमन
(d) Imitation/अनुकरण

Ans. (b) : स्वयं को एक ज्ञाता के रूप में समझने की क्षमता अधिसंज्ञान कहलाती है। अधिसंज्ञान छात्रों के विचारों को अपसारी बनाता है और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मकताओं पर नियंत्रण देता है। एक शिक्षक को विभिन्न गतिविधियों, प्रयोगों और व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों के अधिसंज्ञान के विकास को बढ़ावा देना चाहिए। अधिसंज्ञान रणनीतियों में स्व-संशोधन शामिल है क्योंकि यह छात्रों को दूसरे शब्दों में अधिगम विधि को समझने में मदद करने के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों को संदर्भित करता है, इसका अर्थ है कि यह छात्रों को उनके 'चिंतन' के बारे में 'सोचने' के लिए प्रारूपित की गई प्रक्रियाएँ हैं।

26. The enable students to make conceptual changes in their thinking a teacher should:
छात्रों में अपनी सोच में वैचारिक परिवर्तन करने में सक्षम बनाने के लिए एक शिक्षक को:

(a) Offer an explanation in a lecture mode/व्याख्यान प्रणाली से स्पष्टीकरण करना चाहिए।
(b) Have discussions with the students and offer examples and non-examples/छात्रों के साथ चर्चा करना और उदाहरण और गैर-उदाहरण पेश करने चाहिए।
(c) Offer rewards for children to change their thinking/बच्चों को उनकी सोच बदलने के लिए पुरस्कार प्रदान करने चाहिए।
(d) Discourage children to think on their own and ask them to just listen to her and follow that/बच्चों को खुद से सोचने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए और उन्हें सिर्फ शिक्षक की बात सुनने और उसका पालन करने के लिए कहना चाहिए।

Ans. (b) : छात्रों में अपनी सोच में वैचारिक परिवर्तन करने में सक्षम बनाने के लिए एक शिक्षक को निम्न चीज़े करना चाहिए–

* छात्रों के साथ चर्चा करना और उदाहरण और गैर-उदाहरण पेश करने चाहिए।
* बच्चों के विचारों को साझा करने और चर्चा को प्रोत्साहित करने के अवसर प्रदान करें।
* बच्चों की सोच को प्रगतिशील, सुसंस्कृत और सभ्य बनाए।
* छात्रों की सोच प्रक्रिया को विकसित करने और तथ्यों को एकीकृत करने में मदद करें।
* एक शिक्षक को अपने अनुभव के प्रति अपनी कठिनाइयों और दृष्टिकोण का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए छात्र की बात सुननी चाहिए, जो बच्चे को उनकी सोच में वैचारिक बदलाव लाने में मदद करता है।

27. Mastery - oriented learners are characterized by _____ fear of failure and _____ view of ability.
महारत-उन्मुख शिक्षार्थियों की विशेषता है कि उनमें विफलता का _____ डर और क्षमता का _____ दृष्टिकोण होता है।

(a) Low ; incremental/कम; वृद्धिशील
(b) Low ; entity/कम; स्थिर
(c) High : incremental/उच्च; वृद्धिशील
(d) High : entity/उच्च; स्थिर

Ans. (a) : महारत - उन्मुख शिक्षार्थियों की विशेषता है कि उनमें विफलता का कम डर और क्षमता का वृद्धिशील दृष्टिकोण होता है। शिक्षार्थी जो अधिक निपुणता से प्रेरित होते हैं, वे अधिगम को वृद्धिशील के रूप में देखते हैं। उनका मानना है कि अभ्यास के साथ क्षमताओं में सुधार किया जा सकता है। वे सीखने की रणनीतियों का उपयोग करते हैं जो समझ को बढ़ावा देते हैं। वे असफलता को कड़ी मेहनत करने के संकेत के रूप में व्याख्या करते हैं और त्रुटियों को सीखने के एक सामान्य हिस्से के रूप में देखते हैं और त्रुटियों को सुधारने के लिए इनका उपयोग करते है। इसलिए इनमें असफलता का भय कम होता है।

28. A teacher organises various types of cultural programmes showing different traditions and festivals of India in the school. the purpose behind organising these programs should be:
एक शिक्षक विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसमें भारत के विभिन्न त्यौहार तथा परंपराओं को प्रदर्शित किया जाता है। कार्यक्रम आयोजन के क्या उद्देश्य होने चाहिए?

(A) Promoting collaborative learning/ सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना।
(B) Developing respect for diversity/ विविधता का सम्मान।
(C) Promoting Creativity/सृजनात्मक को बढ़ावा देना।
(D) Promoting Stereotypes/रूढ़िवादिता को बढ़ावा देना।

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (ii), (iv) (d) (iii), (iv), (i)

Ans. (a) : एक शिक्षक विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसमें भारत के विभिन्न त्यौहार तथा परम्पराओं को प्रदर्शित किया जाता है। कार्यक्रम आयोजन के निम्नलिखित उद्देश्य होने चाहिए–

* सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना।
* विविधता का सम्मान।
* सृजनात्मक को बढ़ावा देना।

29. A teacher should have the qualities of:
एक शिक्षक में निम्नलिखित में गुण होने चाहिए:

(i) Empathy/समानुभूति
(ii) Care/देखभाल
(iii) Genuineness/प्रामाणिकता
(iv) Intolerance/असहिष्णुता

(a) (i), (ii)
(b) (i), (iii)
(c) (i), (ii), (iii)
(d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (c) : शिक्षक को एक आदर्श पुरूष की भाँति बच्चों के मन में ईमानदारी, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, सद्चरित्तता, स्वावलम्बन आदि के प्रति उत्साह भी भरना पड़ता है तो कभी एक समाज निर्माता के रूप में न केवल अपने विद्यार्थियों में बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों व समुदायों के नागरिकों में परिवार, समाज, राष्ट्र और मानवता के प्रति उनके अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्व से संबंधित चेतना जगाककर उनका मार्गदर्शन भी करना पड़ता है। एक शिक्षक में प्रायः समानुभूति, देखभाल व प्रमाणिता का गुण होना चाहिए।

30. An effective way to keep children intrinsically motivated is by:
बच्चों को आंतरिक रूप में प्रेरित करने का एक प्रभावी तरीका है:

(a) Offering rewards/
पुरस्कार प्रदान करना।
(b) Giving punishments/
दण्ड देना।
(c) Creating a learning environment that foster a sense of belonging and autonomy/
सीखने का ऐसा माहौल बनाए जो अपनेपन और स्वायत्तता की भावना को बढ़ावा देता है।
(d) Encouraging total compliance and passive receptions of information/
सूचना के पूर्ण अनुपालन और निष्क्रिय ग्रहण को प्रोत्साहित करना।

Ans. (c) : बच्चों को आन्तरिक रूप में प्रेरित करने के लिए सीखने का ऐसा माहौल बनाए जो अपनेपन और स्वायत्तता की भावना को बढ़ावा देता है। आन्तरिक अभिप्रेरणा को उस अभिप्रेरणा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। जो एक व्यक्ति के भीतर से आती है और इसमें चुनौती, आनंद, निपुणता और स्वायत्तता के तत्व शामिल होते हैं।''

उदाहरण – कोई ऐसी गतिविधि हो सकती है जिसे करने में व्यक्ति को आनंद आता हो।

SOCIAL SCIENCE

1. Rules of the Mahajanapadas collected regular taxes. Which of the following were the sources of taxes?
महाजनपदों के राजाओं (शासकों) ने नियमित रूप से कर वसूले। निम्नलिखित में से कौन-से कर के स्रोत थे।
(a) Taxes on crops/फसलों पर कर
(b) Taxes on crafts person/शिल्पकारों पर कर
(c) Taxes on traders/व्यापारियों पर कर
(d) Taxes on pilgrims/तीर्थयात्रियों पर कर
Choose the correct options/सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) (a), (b) and (c)/(a), (b) और (c)
(b) (a), (b) and (d)/(a), (b) और (d)
(c) (a) and (b)/ (a) और (b)
(d) (a) and (d)/ (a) और (d)

Ans. (a) : महाजनपदों के राजा लोगों द्वारा समय-समय पर लाए गए उपहारों पर निर्भर न रहकर अब नियमित रूप से कर वसूलने लगे जो निम्न है–
(i) फसलों पर लगाए गए कर
(ii) शिल्पकारों पर कर
(iii) व्यापारियों पर कर
(iv) पशुपालकों को जानवरों या उनके उत्पाद के रूप में कर देना पड़ता था।
(v) आखेटकों तथा संग्राहकों को जंगल से प्राप्त वस्तुएँ देनी होती थी।
इस प्रकार महाजनपद काल में तीर्थयात्रियों पर कर का कोई प्रावधान नहीं मिलता है तथा विकल्प (A) के अन्तर्गत कथन (A), (B) और (C) सही है।

2. Consider the following statements and choose the appropriate options/निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें:
Statement I: Emperors needed more resources than kings.
कथन-I: सम्राटों को राजाओं की तुलना में ज्यादा संसाधनों की आवश्यकता होती थी।
Statement II: Emperors had a large number of officials who collected taxes.
कथन-II: सम्राटों के पास बड़ी संख्या में कर इकट्ठा करने वाले अधिकारी होते थे।
(a) I is true but II is false/I सही है परन्तु II गलत है।
(b) I is false but II is true/I गलत है परन्तु II सही है।
(c) Both I and II are true and I and explanations of II/I और II दोनों सही है तथा I, II की व्याख्या है।
(d) Both I and II are true and I is not explanation of II/I और II दोनों सही हैं परन्तु I, II की व्याख्या नहीं है।

Ans. (c) : सम्राटों को राजाओं की तुलना में ज्यादा संसाधनों की आवश्यकता होती थी और सम्राटों के पास बड़ी संख्या में कर इकट्ठा करने वाले अधिकारी होते थे। इस प्रकार ये दोनों कथन सही है तथा कथन-I, कथन-II की सही व्याख्या करता है। साम्राज्य राज्यों से बड़े होते हैं और उनकी रक्षा के बड़ी सेनाओं की जरूरत होती हैं चूँकि मौर्य साम्राज्य बहुत बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग ढंग से शासन किया जाता था। पाटिलपुत्र और उसके आस-पास के इलाकों पर सम्राट के इलाकों पर सम्राट का सीधा नियंत्रण होता था। इसका तात्पर्य यह हुआ कि इस इलाके के गांवों और शहरों के किसानों, पशुपालकों शिल्पकारों से कर इकट्ठा करने के लिए राजा अधिकारियों की नियुक्ति करता था।

3. Which of the following is not part of Delhi Sultanate?
निम्नलिखित में से कौन सा दिल्ली सल्तनत का भाग नहीं है?
(a) Rajput Dynasity/राजपूत वंश
(b) The Mongols/मंगोल
(c) Early Turkish rulers/प्रारंभिक तुर्की शासक
(d) Sayyid Dynasty/सैय्यद वंश

Ans. (b) : मंगोल दिल्ली सल्तनत का भाग नहीं था, जबकि राजपूत वंश, प्रारम्भिक तुर्की शासक और सैय्यद वंश दिल्ली सल्तनत के भाग थे। मंगोल मध्य एशिया और पूर्वी एशिया में रहने वाली एक जाति है, जिसका विश्व इतिहास पर गहरा प्रभाव रहा है। आधुनिक युग में मंगोल लोग मंगोलिया चीन और रूस में वास करते हैं। मंगोल जाति के लोग खानाबदोश का जीवन व्यतीत करते थे और शिकार, तीरंदाजी व घुड़सवारी में बहुत कुशल थे। 12वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसके मुखिया तेमुचिन ने तमान मंगोल कबीलों को एक किया। मंगोल जाति के विभिन्न कबीलों के सरदारों ने तेमुचिन को अपनी जाति का सबसे बड़ा मुखिया चुना और उसे सम्मान में चंगेज खां कहना शुरू किया। सैय्यद वंश 1414 से 1451 तक चला।

4. Which of the following are the technological and stylistic developments ware noticeable from the twelfth century ?
निम्नलिखित में से कौन सा बारहवीं शताब्दी में प्रौद्योगिकी एवं शैली संबंधी दिखाई पड़ने वाला परिवर्तन था?
(a) Arcurate and use of limestone cement/चापाकार एवं चूना पत्थर सीमेन्ट का प्रयोग
(b) Trabeate and use of limestone cement/अनुप्रस्थ टोडा निर्माण एवं चूना पत्थर सीमेन्ट का प्रयोग
(c) Trabeate and arcuate/अनुप्रस्थ टोडा निर्माण एवं चापाकार
(d) Arucate, Trabeate and use of limestone cement/चापाकार, अनुप्रस्थ टोडा निर्माण एवं चूना पत्थर सीमेंट का प्रयोग

Ans. (a) : 12वीं शताब्दी में प्रौद्योगिकी एवं शैली संबंधित दिखाई पड़ने वाला परिवर्तन चापाकार एवं चूना पत्थर एवं सीमेन्ट का प्रयोग था। बारहवीं शताब्दी में दो प्रौद्योगिकीय एवं शैली संबधी परिवर्तन दिखाई पड़ने लगते हैं (1) दरवाजों और खिड़कियों के ऊपर की अधिरचना का भार कभी-कभी मेहराबों पर डाल दिया जाता था। वास्तुकार का यह 'चापाकार' रूप था। (2) निर्माण कार्य में चूना-पत्थर सीमेंट का प्रयोग बढ़ गया। यह उच्च श्रेणी की सीमेंट होती थी, जिसमें पत्थर के टुकड़ों के मिलाने से कंकरीट बनती थी। इसकी वजह से विशाल ढांचों का निर्माण सरलता और तेजी से होने लगा।

5. Consider the following statement and choose the appropriate options.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

Statement-I: Inscriptions indicate that around twelfth century Jatis, rather then varnas became the basis for orgainising sobriety.
कथन-I: बारहवी शताब्दीं के अभिलेख संकेत करते हैं कि वर्ण की बजाय जाति, समाज के संगठन का आधार बनीं।

Statement-II: In order to promote the idea of 'unity' many tribes and specialised artisans were given statue of 'Jatis'.
कथन-II: 'एकता' के विचार को प्रोत्साहित करने के लिए, कई जनजातियों एवं विशेषज्ञता प्राप्त शिल्पकारों को जातियों का दर्जा दे दिया गया।

(a) Statement I is false but II is true/कथन I गलत है परन्तु II सही है
(b) Statement I is true but II is false/कथन I सही है परन्तु II गलत है।
(c) Both statement I and II are true but II is not correct explanation of I/कथन I और II दोंनों सही हैं परन्तु II, I की सही व्याख्या नहीं है।
(d) Both statement I and II are true but Ii is correct explanation of II/कथन I और II दोंनों सही है तथा II, I की सही व्याख्या है।

Ans. (b) : बारहवीं शताब्दी के अभिलेख संकेत करते है कि वर्ण की बजाय जाति, समाज के संगठन के आधार है इस प्रकार कथन I सही है। एकता के विचार को प्रोत्साहित करने के लिए, कई जनजातियों एवं विशेषज्ञता प्राप्त शिल्पकारों को जातियों का दर्जा दे दिया गया यह कथन गलत है। अभिलेख उन्हें कहते हैं जो पत्थर धातु या मिट्टी के बर्तन जैसी कठोर सतह पर खुदे होते हैं। इनमें राजाओं के क्रियाकलाप तथा महिलाओं और पुरुषों द्वारा धार्मिक संस्थाओं को दिए गए दान का ब्योरा होता है। यानी अभिलेख एक प्रकार से स्थायी प्रामाण होते हैं।

6. Consider the following statement and choose the appropriate options:
नीचे दिये गये कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

Statement-I: Some of the East India Company's rules violated religions sensibilities and beliefs of solders.
कथन-I: ईस्ट इण्डिया कम्पनी के कुछ नियम सिपाहियों की धार्मिक भावनाओं और आस्थाओं को ठेस पहुँचाते थे।

Statement-II: In 1824 the Sepoys refused to go Burma by sea route but offered to go by land route.
कथन-II: 1824 में सिपाहियों ने समुद्र के रास्ते बर्मा जाने से मना कर दिया परन्तु ज़मीन के रास्ते जाने का प्रस्ताव दिया।

(a) Statement I is true but II is false/कथन I सही है परन्तु II गलत है।
(b) Both I and II are true but II is not an example of I/ I और II दोनों सही हैं परन्तु II, I का उदारहण नहीं है।
(c) Statement I is false but II is true/कथन I गलत है परन्तु II सही है।
(d) Both I and II are true and II is an example of I/ I और II दोनों सही हैं तथा II, I का उदाहरण है।

Ans. (d) : ईस्ट इंडिया कंपनी के कुछ नियम सिपाहियों की धार्मिक भावनाओं और आस्थाओं को ठेस पहुँचाते थे। उन्हें लगता था कि समुद्र पार यात्रा से उनका धर्म और जाति भ्रष्ट हो जाएगें। जब 1824 ई0 में सिपाहियों को कंपनी की ओर से लड़ने के लिए समुद्र के रास्ते बर्मा जाने का आदेश मिला तो उन्होंने इस हुक्म को मानने से इंकार कर दिया। उन्हें जमीन के रास्ते से जाने से ऐतराज नहीं था। सरकार का हुक्म न मानने के कारण उन्हें सख्त सजा दी गई। कयोंकि यह मुद्दा अभी-अभी खत्म नहीं हुआ था इसलिए 1856 में कंपनी को एक कानून बनाना पड़ा। इस कानून में कहा गया था कि अगर कोई व्यक्ति कंपनी की सेवा में नौकरी करेगा तो उसे समुद्र पार भी जाना पड़ेगा। इस प्रकार कथन - I और कथन-II दोनो ही है और II, I की सही व्याख्या करता है।

7. Match the tribes with the areas of their influence.
जनजातियों का उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों के साथ सुमेल कीजिए:

List-A/सूची-A		List-B/सूची-B	
A.	**Khokhar/ खोखर**	**i.**	**Multan/मुल्तान**
B.	**Langahs/ लंगाह**	**ii.**	**Western Himalayas/ पश्चिमी हिमालय**
C.	**Balochis/ बलोच**	**iii.**	**Punjab/पंजाब**
C.	**Gaddis/ गड्डी**	**iv.**	**North-West of the Indian subcontinent/ भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में**

Code/कूट:
(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(b) A-i, B-iii, C-iv, D-ii
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-i
(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची- I	सूची-II
खोखर	पंजाब
लंगाह	मुल्तान
बलोच	भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर पश्चिम में
गड्डी	पश्चिम हिमालय

8. Consider the following statements on British role in tribal and choose the correct options.
ब्रिटिश शासन की आदिवासी मामलों पर भूमिका के संदर्भ में कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें:

Statement (A): Under British rule the function and power of the tribal chiefs changed considerably.
कथन (A): ब्रिटिश शासन के तहत आदिवासी मुखियाओं के कार्यों और ताकत में बहुत परिवर्तन आया।

Statement (B): Tribal chiefs ware allowed to keep their land titles over a cluster of villages and rent out lands.
कथन (B): आदिवासी मुखियाओं को कई गाँवों पर ज़मीनों का मालिकाना मिला और साथ में ज़मीन को किराये पर देने का अधिकार मिला।

Code/कूट:
(a) A is true, B is false/ A सही है और B गलत है।
(b) B is true, A is false/ B सही है और A गलत है।
(c) A and B are true/ A और B दोनों सही हैं।
(d) A and B are false/ A और B दोनों गलत है।

Ans. (c) : ब्रिटिश शासन की आदिवासी मामलों पर भूमि के संदर्भ में ब्रिटिश शासन के तहत आदिवासी मुखियाओं के कार्यो और ताकत में बहुत परिवर्तन आया। आदिवासी मुखियाओं को कई गांवों पर जमीनों का मालिकाना मिला और साथ में जमीन को किराए पर देने का अधिकार मिला इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A) और (B) सही है। अंग्रेजों के आने से पहले बहुत सारे ईलाकों में आदिवासियों के मुखियाओं का महत्वपूर्ण स्थान था। उनके पास औरों से ज्यादा आर्थिक ताकत होती थी।

9. Match the following societies with the work they formed on and chose the correct options.
निम्नलिखित संस्थाओं का उनके द्वारा किए गए कार्यों के साथ मिलान कीजिए तथा सही विकल्प चुनें:

List-A//सूची-A		List-B/सूची-B	
A.	Brahma samaj/ ब्रह्मो समाज	**i.**	demands for freedom of thought and expression/ सोच व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की माँग
B.	Derozio and Young Bengal/ डेरोज़ियों एवं यंग बंगाल	**ii.**	salvation through social service/ समाज सेवा द्वारा मुक्ति
C.	Veda samaj/ वेद समाज	**iii.**	prohibited idolatory and sacrifice/ मूर्ति-पूजा और बलि का निषेध
D.	Ramakrishan mission/ रामकृष्ण मिशन	**iv.**	abolish caste distinctions/ जातीय भेदभाव की समाप्ति

Code/कूट:
(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii
(b) A-i, B-iv, C-ii, D-iii
(c) A-iv, B-ii, C-iii, D-i
(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची- I	सूची-II
ब्रह्म समाज	मूर्ति पूजा और बलि का विरोध
डेरोज़ियों एवं यंग बंगाल	सोच व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की मांग
वेद समाज	जातीय भेदभाव की समाप्ति
रामकृष्ण मिशन	समाज सेवा द्वारा मुक्ति

10. The Paramhans Mandali was founded for the abolition of _____ .
परमहंस मंडली का गठन _____ के उन्मूलन के लिए हुआ था।
(a) Sati practice/सती प्रथा
(b) Honour killing/प्रतिष्ठा के लिए हत्या
(c) Child marriage/बाल-विवाह
(d) Caste system/जाति व्यवस्था

Ans. (d) : परमहंस मंडली का गठन 'जातीय व्यवस्था' उन्मूलन के लिए हुआ था। परमहंस मंडली एक गुप्त सामाजिक धार्मिक समूह था जिसे 1849 में बॉम्बे में स्थापित किया गया था और मानव धर्म सभा से संबंधित है। इसकी शुरूआत रामचन्द्र जयकर, दादोबा पांडुरंग और उनके दोस्तों के एक समूह ने की थी। यह महाराष्ट्र का पहला सामाजिक-धार्मिक संगठन था, जिसकी स्थापना 1849 में हुयी थी। इस मंडली के संस्थापक एक ईश्वर में विश्वास करते थे। वे मुख्य रूप से जाति के नियमों को तोड़ने में रूचि रखते थे। उनकी बैठकों में निम्न जाति के लोगों द्वारा पकाया गया भोजन सदस्यों द्वारा ग्रहण किया जाता था। मंडली ने महिलाओं की शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह की भी वकालत की।

11. Sri narayana Guru taught about caste equality mainly:
श्री नारायण गुरू ने जाति समानता को सिखाया मुख्यत:
(A) to demand work outside the caste assigned work/जातियों के निर्दिष्ट कार्यों से बाहर काम के अवसरों की माँग करके।
(B) to promoted the idea that all humans belong to the same caste/इस विचार को प्रोत्साहित करने के लिए कि सभी मानव एक ही जाति से हैं।
(C) to improve social status of people through western eudction/पश्चिमी शिक्षा के माध्यम से लोगों के सामाजिक स्तर को बेहतर करना।

Choose the appropriate options/उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए:
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (C)/केवल (C)
(d) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)

Ans. (b) : ऐझावा जाति के श्रीनारायण गुरू ने अपने लोगों के बीच एकता का आदर्श रखा। उन्होंने जातिगत भिन्नता के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव करने का विरोध किया। उनके अनुसार सारी मानवता की एक ही जाति है। उनका एक महत्वपूर्ण कथन था - ''ओरू जाति, ओरू मतम् ओरू दैवय मनुष्याचु' (मानव की एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर) इस प्रकार इस प्रश्न में केवल कथन (B) तर्कसंगत है।
उन्नीसवीं सदी के दूसरे हिस्से तक गैर-ब्राह्मण जातियों के भीतर से भी लोग जातीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने लगे थे। उन्होंने सामाजिक समानता और न्याय की मांग करते हुए आंदोलन शुरू कर दिया।

12. Match the two columns and choose the correct options/निम्नलिखित कॉलम का मिलान कीजिए तथा सही विकल्प का चयन करें:

	List-A/सूची-A		List-B/सूची-B
A.	**Rowlatt Satyagraha रॉलट सत्याग्रह**	**i.**	**1921**
B.	**Call for Purna Swaraj पूर्ण स्वराज की माँग**	**ii.**	**1930**
C.	**Dandi March दांडी यात्रा**	**iii.**	**1919**
D.	**Non-Cooperation movement/असहयोग आंदोलन**	**iv.**	**1929**

Code/कूट:
(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv
(b) A-ii, B-i, C-iv, D-iii
(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii
(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

सूची- I	सूची-II
रॉलट सत्याग्रह	1919 ई0
पूर्ण स्वराज की मांग	1929 ई0
दांडी यात्रा	1930 ई0
असहयोग आन्दोलन	1920-21 ई0

13. By which one of the following Act did the British provide 'Provincial Autonomy' to Indians?
निम्नलिखित में से कौन से कानून द्वारा ब्रिटिशों ने भारतीयों की 'प्रांतीय स्वायत्तता' दी?
(a) Morley Minto Reform, 1909/मोरले-मिंटो सुधार, 1909
(b) The Rowlatt Act, 1919/रॉलट कानून, 1919
(c) The Government of India Act, 1935/गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935
(d) The Government of India Act, 1947/गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1947

Ans. (c) : गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 द्वारा ब्रिटिशों ने भारतीयों की प्रांतीय स्वायत्तता दी। यह अधिनियम ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया था। भारत सरकार अधिनियम 1935 - अधिनियम द्वारा लाए गए परिवर्तन इस प्रकार है–



→ वर्ष 1909 में भारत परिषद अधिनियम, जिसे मार्ले-मिंटो सुधार भी कहा जाता है, लाय गया। मार्ले-मिंटों सुधार का मुख्य उद्देय उदारवादियों को गिग्भ्रमित कर राष्ट्रवादियों में फूट डालना तथा सांप्रदायिक निर्वाचन प्रणाली को अपनाकर राष्ट्रीय एकता को विनिष्ट करना था।
→ गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1947 युनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट द्वारा पारित व विधान है जिसके अनुसार ब्रिटेन शासित भारत को दो भागों में विभाजन किया गया। यह अधिनियम 4 जुलाई 1947 को ब्रिटिस संसद में पेश हुआ और 18 जुलाई 1947 को स्वीकृत हुआ और 14 अगस्त 1947 को भारत बंट गया।

14. Consider the two statement (A) and (B):
दो कथनों (A) और (B) पर विचार कीजिए:
Statement (A): English continued to be used in India after Independence because administrative transactions and communications between states would be easier.
कथन (A):स्वतंत्रता के पश्चात भी अंग्रेजी भाषा प्रयोग में रही क्योंकि राज्यों के मध्य प्रशासनिक लेन-देन एवं संप्रेषण सरल होंगे।
Statement (B):English was accepted as an official language post-Independence without dispute.
कथन (B): राजभाषा के रूप में अंग्रेजी को स्वतंत्रता पश्चात निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया।
Choose the correct options/सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (A) is true and (B) is also true/(A) सही है और (B) भी सही है।
(b) (A) is false and (B) is true/(A) गलत है और (B) सही है।
(c) (A) is false and (B) is also false/(A) गलत है और (B) भी गलत है।
(d) (A) is true and (B) is false/(A) सही है परन्तु (B) गलत है।

Ans. (d) : स्वतंत्रता के बाद भी अंग्रेजी भाषा प्रयोग में रही क्योंकि राज्यों के मध्य प्रशासनिक लेन देन एवं संप्रेषण सरल हो सके। संविधान निर्माताओं ने अंग्रेजी नही बल्कि हिन्दी को भारत की राजभाषा का दर्जा दिया जबकि अदालतों, सेवाओं, विभिन्न राज्यों के बीच संचार आदि के लिए अंग्रेजी के इस्तेमाल का फैसला लिया

गया। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत कथन (A) सही है, परन्तु (B) गलत है।
संविधान सभा में भाषा के सवाल पर बड़ी तीखी बहस हुयी। बहुत सारे लोगों का मानना था कि अंग्रेजों के साथ अंग्रेजी भाषा को विदा कर दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि अंग्रेजी की जगह हिन्दी को अपनाया जाना चाहिए।
चूंकि हिन्दी को संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को राजभाषा के रूप में अंगीकार किया, इसलिए भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
संविधान की धारा 343 (i) के अंतर्गत हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। देवनागरी लिपि को भी मान्यता दी गयी है।

15. As we move away from the sun in the Solar system:/सौरमंडल में जैसे-जैसे हम सूर्य से दूर होते जाते है:

(a) Time taken to complete one orbit around sun by planets increases/ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने का समय बढ़ता जाता है।
(b) Time take to complete one orbit around sun by planets decreases/ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने के समय घटता जाता हैं।
(c) Time take to complete one spin on its own axis by planets increases/ग्रहों द्वारा अपने अक्ष पर एक घूर्णन करने का समय बढ़ता जाता है।
(d) Time take to complete one spin on its own axis by planets remains constant/ग्रहों द्वारा अपने अक्ष पर एक घूर्णन करने का समय समान रहता है।

Ans. (a) : सौरमंडल में जैसे-जैसे हम सूर्य से दूर होते जाते हैं। ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने का समय बढ़ता जाता है। ग्रह तारों की भांति प्रतीत होते हैं परन्तु ग्रहों में अपना प्रकाश नहीं होता। वे केवल अपने ऊपर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करते है। प्रत्येक ग्रह एक निश्चित पथ पर सूर्य की परिक्रमा करता है। इस पथ को कक्षा कहते है। किसी भी ग्रह द्वारा सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करने में लगे समय को उस ग्रह का परिक्रमण काल कहते है। ग्रहों की सूर्य से दूरी बढ़ने पर उनके परिक्रमण काल में भी वृद्धि हो जाती है। ग्रों की कुल संख्या आठ है– बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्च्पति, शनि, युरेनस और नेप्चून। सूर्य का सबसे नजदीकी गह वुध है। और सबसे दूर का ग्रह बृहस्पति है।

16. Which longitude has been termed as standard meridian of India?
किस देशांतर को भारत के लिए मानक याम्योत्तर माना गया है?

(a) 82°30 West/82°30 पश्चिम
(b) 82°30 East/82°30 पूर्व
(c) 81°30 West/81°30 पश्चिम
(d) 81°30 East/81°30 पूर्व

Ans. (b) : $82^0$30 पूर्व याम्योत्तर को भारत का मानक याम्योत्तर माना गया है। भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से 5 घंटे 30 मिनट आगे हैं। कुछ देश ऐसे हैं जिनमें अधिक पूर्व पश्चिम विस्तार के कारण एक से अधिक मानक देशांतर रेखाएँ है। उदाहरणतः संयुक्त राज्य अमेरिका में छः समय कटिबंध हैं।
भारत के आकार ने इसे विशिष्ट भौतिक रूप प्रदान की है।

17. Which of the following statement is associated with Andes mountains and Great dividing range?
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एंडीज़ पर्वत और ग्रेट डिवाइडिंग रेंज से संबंधित है?

(a) Equator passes through both the region/विषुवत रेखा इन दोनों क्षेत्रों से होकर गुजरती है।
(b) Tropic of Capricorn passes through both the region/मकर रेखा इन दोनों क्षेत्रों से होकर गुजरती है।
(c) Both are located in the same time zone/दोनों एक ही समय-क्षेत्र में अवस्थित हैं।
(d) Both are located in the eastern part of the continent/दोनों महाद्वीप के पूर्वी भाग में अवस्थित हैं।

Ans. (b) : विषुवत रेखा एंडीज पर्वत और ग्रेट डिवाइडिंग से होकर गुजरती हैं। दक्षिण अमेरिका का अधिकांश भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है। विश्व की सबसे लंबी पर्वत ऋंखला एंडीज इसके उत्तर से दक्षिण की ओर फैली है। दक्षिण अमेरिका में विश्व की सबसे बड़ी नदी अमेजन बहती है। ग्रेट डिवाइडिंग रेंज श्रेणी ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप से मकर रेखा गुजरती है।
मकर रेखा दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप से होकर गुजरती है।
नोट- अफ्रीका महाद्वीप से तीनों रेखा कर्क, मकर और विषुवत रेखा गुजरती है।

18. Consider the following statements:
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

(A) Globe provides more information about a country than maps/ग्लोब किसी एक देश के बारे में मानचित्रों की अपेक्षा ज्यादा जानकारी देती हैं।
(B) Large areas like continents or countries are shown on small scale maps/बड़े क्षेत्र वाले भागों जैसे महाद्वीपों या देशों को छोटे पैमाने वाले मानचित्र पर दर्शाया जाता है।
(C) Only red colour is used for showing Platean in a map/ मानचित्र पर पठारों को दर्शाने के लिए केवल लाल रंग का इस्तेमाल किया जाता है।

Which of the above statement/statements is/are true/उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) (B) and (C)/(B) और (C)

Ans. (b) : ग्लोब किसी एक देश के बारे में मानचित्रों की अपेक्षा ज्यादा जानकारी देता है यह सही नहीं है बल्कि बड़े पैमाने वाले मानचित्र छोटे पैमाने वाले मानचित्र की अपेक्ष अधिक जानकारी देते हैं। बड़े क्षेत्रफल वाले भागों जैसे महाद्वीपों या देशों को छोटे पैमाने वाले मानचित्र पर दर्शाया जाता है। मानचित्र पर पठारों को दर्शाने के लिए पीला रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रकार केवल कथन (B) सही है। प्रतीक के रूप में विभिन्न रंगों का उपयोग दिया जाता है। उदाहरण के लिए सामान्यतः नीले रंग का इस्तेमाल जलाशयों भूरा रंग पर्वतों, पीला रंग पठारों और हरा रंग मैदानों को दर्शाने के लिए किया जाता है।

19. In the biosphere, living being are:
जैवमंडल में सभी जीवित जीव-जन्तुः

(a) inter related, but not interdependent on each other/एक दूसरे से परस्पर संबंधित हैं, पर निर्भर नहीं हैं।
(b) Interdependent, but not inter-related in each other/एक दूसरे पर परस्पर निर्भर हैं, पर संबंधित नहीं हैं।
(c) neither inter-related, not inter-dependent on each other/न तो एक दूसरे से परस्पर संबंधित हैं, न ही निर्भर हैं।
(d) inter-related, as well as inter-dependent on each other/एक दूसरे से परस्पर संबंधित हैं और निर्भर भी हैं।

Ans. (d) : जैव मंडल में सभी जीवित जीव जन्तु एक दूसरे से संबंधित होते है, और एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं। पृथ्वी तथा उसके पर्यावरण के उस भाग को जिसमें जीवधारी रहते हैं, अथवा जो जीवन को सुचारू रूप से चलाने में समर्थ है, उसे जैव मंडल कहते हैं। अतः जल, स्थल एवं वायुमंडल का वह भाग जिसमें जीवधारी रहते हैं जैवमंडल कहलाता है।
जैवमंडल एक तंत्र के रूप में कार्य करता है। जिस प्रकार एक तंत्र में एक घटक दूसरे घटक से आवश्यक रूप से समबद्ध रहते है तथा ये घटक एक निश्चित प्रणाली के तहत कार्यशील होते है उसी प्रकार जैवमंडल के तीनों घटक (जैविक अजैविक तथा ऊर्जा) एक दूसरे से घनिष्ठता से संबंधित है। जैविक तथा अजैविक घटकों में ऊर्जा, खनिज पदार्थों आदि के चक्रण की प्रक्रिया जैव-भू रासायन चक्र कहलाती है।

20. Vultures in the Indian subcontinent were dying of kidney Failure shortly after scavenging livestock treated with diclofenac (a painkiller). What efforts are relevant for saving them?
भारतीय उप-महाद्वीप में जिन पशुओं का उपचार डिक्लोफिनैक (एक पीड़ानाशी दवाई) से किया जाता था, उनके अपमार्जन उपरांत गिद्ध किडनी खराब होने से मर रहे थे। उनको बचाने के लिए कौन से कदम प्रासंगिक हैं?

(A) Ban on the production of diclofenac.
डिक्लोफिनैक के उत्पादन पर रोक
(B) Ban for livestock declofenac/पशुओं के लिए डिक्लोफिनैक के उपयोग पर रोक
(C) Allow migration of vultures to some other continent/गिद्धों के दूसरे-महाद्वीपों की ओर प्रवासन को बढ़ावा देना
(D) Try to change the food habit of vultures/गिद्धों की खान-पान की आदतों को बदलने का प्रयास करना
(E) Breeding vultures in captivity/आरक्षित स्थानों पर गिद्ध के प्रजनन का प्रयास करना

Choose the correct option/सही विकल्प चुनेः
(a) (A) and (C)/ (A) और (C)
(b) (B) and (E)/ (B) और (E)
(c) (A), (C), (D) and (E)/ (A), (C), (D) और (E)
(d) (B), (C), (D) and (E)/ (B), (C), (D) और (E)

Ans. (b) : भारतीय उप-महाद्वीप में जिससे पशुओं का उपचार डिक्लोफिनैक (एक पीड़कनाशी दवाई) के रूप में किया जाता था, उनके अपमार्जन उपरांत गिद्ध की किडनी खराब होने से मर रहे थे। उनको बचाने के लिए पशुओं के लिए डिक्लोफिनैक के उपयोग पर रोक लगाई जाए, और आरक्षित स्थानों पर गिद्ध के प्रजनन संरक्षण पर प्रयास करना चाहिए।
नोट– 16 नवम्बर 2020 को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने देश में गिद्धों के संरक्षण के लिए एक 'गिद्ध कार्य योजना 2020-25 शुरू की है।

21. Consider the following statements.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करेंः

Statement (A): Solar energy is considered as an important renewable resource.
कथन (A): सौर ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण नवीकरणीय संसाधन के रूप में देखा जाता हैं।

Statement (B): Over use and pollutions does not affect any renewable resource.
कथन (B) :जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल और प्रदूषण का किसी भी नवीकरणीय संसाधन पर प्रभवा नहीं पड़ता है।

Choose the correct option/सही विकल्प चुनेः
(a) Bothe A and B are true and B is the correct explanation of A/ A और Bदोनों सही हैं और B सही व्याख्या करता है A की।
(b) Both A and B are true but B is not the correct explanation of A/ A और B दोनों सही हैं लेकिन B सही व्याख्या नहीं है A की।
(c) A is true but B is false/ A सहीं है लेंकिन B गलत है।
(d) Both A and B are false/ A और B दोनों गलत है।

Ans. (c) : सौर ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण नवीकरणीय संसाधन के रूप में देखा जाता है। जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल और प्रदूषण से भी नवीकरणीय संसाधन पर प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत कथन (A) सही है परन्तु कथन (B) गलत है।
नवीकरणीय संसाधन वे संसाधन है जो शीघ्रता से नवीकृत अथवा पूरित हो जाते है। इनमें से कुछ असीमित है उन पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता है। जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा। लेकिन फिर भी कुछ नवीकरणीय संसाधनों जैसे जल मृदा और वन का इस्तेमाल लापरवाही से किया गया। उपयोग उनके भण्डार को प्रभावित कर सकता है।
नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत - सौर ऊर्जाद्व पवन ऊर्जा, वायोभास ज्वारीय ऊर्जा जलविद्युत ऊर्जा आदि।
अनवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत - कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस

22. Gulf stream are examples of _____ .
गल्फ स्ट्रीम उदाहरण हैं _____ ।

(a) Warm current/गर्म जलधाराओं का
(b) Cold current/ठंडी जल धाराओं का
(c) Ocean current/महासागरीय धाराओं का
(d) Winds/पवनों का

Ans. (*) : गल्फ स्ट्रीम एक गर्म महासागरीय जल-प्रवाहह का उदाहरण हैं। गल्फ स्ट्रीम उत्तरी अटलांटिक महासागरीय में एक प्रमुख गर्म जल की धारा है। ये धारा मैक्सिकों की खाड़ी में 20 डिग्री उत्तरी अक्षांश के पास उत्पन्न होकर फ्लोरिडा के अन्त तक

फैली होती है। समुद्री जल के सतत पूर्वानुमानित निश्चित दिशा में गति करने को महासागरीय धारा कहते हैं। समुद्र के विशाल जलराशि की गत्यात्मक अवस्था है जो विभिन्न शक्तियों के कारण प्रभावित होती है। वे समुद्र में बहने वाली नदी की तरह है। आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (c) माना है जबकि यह गर्म जलधारा का भी उदाहरण है।

23. Consider the following statements on wind system:
पवनों के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) Equatorial low pressure belt is also called Doldrums/भूमध्यरेखीय निम्न दाब पेटी को डोलड्रम भी कहा जाता है।

(B) Horse latitudes are high pressure areas/हार्स अंक्षाश उच्च दाब क्षेत्र है।

Choose the correct option/सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) is true/केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true/ केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true/दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(d) Neither (A) not (B) is true/ना तो (A) सही है और ना ही (B) सही है।

Ans. (c) : भूमध्यरेखीय निम्न वायुदाब पेटी में हवाओं की गति कम होने के कारण वातावरण शांत रहता है, इस कारण इसे 'डोलड्रम' अथवा 'शांति का क्षेत्र' भी कहा जाता है। उपोष्ण कटिबंधीय उच्च दाब पेटी को अश्व अक्षांश (हार्स अक्षांश) कहा जाता है।
विषुवत रेखा के निकटवर्ती उष्ण कटिबंधीय प्रदेशों में तड़ित झंझा की उत्पत्ति के लिए आदर्श दशाएँ होती है। यहाँ उष्णाद्र वायु के अतिरिक्त डोलड्रम की पेटी में पवनों के अभिसरण के कारण वायु के ऊपर उठने में सहायता मिलती है साथ ही सूर्यातप के कारण धरातल के गर्म होने संवहनीय धाराएं उत्पन्न करती है। इसलिए भूमध्यरेखा क्षेत्र में इन तूफानों की बारंबारता होती है।

24. To practice transhumance people have often lived in _____ .
ऋतु-प्रवास हेतु लोग अक्सर रहते थे _____।

(a) cities/शहरों में
(b) permanent settlements/स्थाई बस्तियों में
(c) temporary settlements/अस्थाई बस्तियों में
(d) the open without shelter/खुले में बिना किसी आश्रय के

Ans. (c) : ऋतु प्रवास हेतु लोग अक्सर अस्थाई बस्तियों में रहते थे लोगों के मौसमी आवागमन को ऋतु प्रवास कहते है। जो लोग पशु पालते है वे मौसम के अनुसार नए चारागाहों की खोज में दूसरे जगह चले जाते हैं।
बस्तियाँ स्थायी या अस्थायी हो सकती है। जो बस्तियाँ कुछ समय के लिए बनाई जाती है, उन्हें अस्थायी बस्तियाँ कहते है। घने जंगलों गर्म एवं ठंडे रेगिस्तानों तथा पर्वतों के निवासी अक्सर अस्थायी बस्तियों में रहते है। वे आखेट संग्रहण, स्थानांतरी कृषि एवं ऋतु प्रवास करते है।

25. If a rock contains copper, then the rock will be of which colour?
अगर किसी शैल में तॉबा मौजूद हैं, तो उस शैल का रंग क्या होगा?

(a) Red/लाल (b) Green/हरा
(c) Blue/नीला (d) Brown/भूरा

Ans. (c) : शैल में तांबा मौजूद होने से उस शैल का रंग नीला होता है। पृथ्वी की ऊपरी परत या भूपटल में मिलने वाले पदार्थ चाहे वे ग्रेनाइट तथा बलुआ पत्थर की भांति कठोर प्रकृति हो या चाक या रेत की भांति एवं लाइमस्टोन की भांति प्रवेश्य हो स्लेट की भांति अप्रवेश्य हो चट्टान अथवा शैल कहे जाते हैं। खनिज आधुनिक सभ्यता की आधारशिला है। धात्विक खनिजों में मूल्यवान सोना, प्लेटिनम, चांदी तांबा से लेकर एल्यूमीनियम और लोहा मिलता है। ये धात्विक खनिज विभिन्न प्रकार की शैलों में पाए जाते हैं।

26. What step should be taken so that a potential resource could be utilised in near future?
संभाव्य संसाधन का निकट भविष्य में इस्तेमाल हो सके, इसके लिए कौन सा कथन उठाया जाना चाहिए।

(a) By increasing the level of associated technology/संसाधन से जुड़ी हुई प्रौद्योगिकी के स्तर को बढ़ाकर
(b) By making polities regarding the use of that resource/उस संसाधन के इस्तेमाल को लेकर नीति बनाकर
(c) By making awareness in society/समाज में जागरूकता फैलाकर
(d) By minimising the depletion of natural a resource/प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को कम करके

Ans. (a) : संभाव्य संसाधन का निकट भविष्य में इस्तेमाल हो सके इसके लिए संसाधन से जुड़ी हुई प्रौद्योगिकी के स्तर को बढ़ाकर कदम उठाया जाना चाहिए। विकास और उपयोग के आधार पर संसाधनों को दो वर्गों में रखा जा सकता है। (1) वास्तविक संसाधन (2) संभाव्य संसाधन
(1) वास्तविक संसाधन → वे संसाधन जिनकी मात्रा ज्ञात होती है। इन संसाधनों का इस समय उपयोग किया जा रहा है। जर्मनी के रूर प्रदेश में कोयले, पश्चिम एशिया में खनिज तेल वास्तविक संसाधन है।
(2) संभाव्य संसाधन → वे संसाधन है जिनकी सम्पूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं हो सकती है और इस समय इनका प्रयोग नहीं किया जा रहा। इन संसाधनों का उपयोग भविष्य में किया जा सकता है।

27. Consider the following Assertion (A) and Reasoning (R).
नीचे दिये गए कथन (A) और कारण (R) पर विचार करें।

Assertion (A): Cotton textile and Jute based industries have some common features to be considered as sunrise industry.
कथन (A): सूती वस्त्र उद्योग और जूट आधारित उद्योगो में कुछ समान लक्षण मौजूद है जिसकी वजह से इन्हें 'सनराइज उद्योग' के रूप में जाना जाता है।

Reasoning (R): Intensity of Sun rays plays an important role in sunrise industries.
कारण (R): सनराइज उद्योगों में सूर्य के किरणें की तीव्रमा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

Choose the correct option/सही विकल्प चूनें:

(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A/ A और R दोनों सही हैं और R सही व्याख्या करता है A की।

(b) Both A and R are true and R is not the correct explanation of A/ A और R दोनों सही हैं लेकिन R सही व्याख्या नहीं है A की।

(c) A is true but R is false/ A सही है लेकिन R गलत है।

(d) Both A and R are false/ A और R दोनों गलत है।

Ans. (d) : उभरते हुए उद्योग 'सनराइज उद्योग' के नाम से भी जाने जाते हैं, इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, स्वारूप लाभ, सत्कार तथा ज्ञान से संबंधित उद्योग शामिल है। इसका संबंध सूती उद्योग और जूट आधारित उद्योग से नहीं है। इस उद्योग में सूर्य के किरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है यह भी सही नहीं है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।
उद्योग का संबंध आर्थिक गतिविधि से हैं जो कि वस्तुओं के उत्पादन खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं की व्यवस्था से संबंधित है। इस प्रकार लोहा और ईस्पात उद्योग वस्तुओं के उत्पादन से संबंधित हैं, कोयला खनन उद्योग कोयले को धरती से निकालने से संबंधित है तथा पर्यटन सेवा देने से संबंधित उद्योग है।

28. Who translated our National Anthem form Bengali to Hindi? /हमारे राष्ट्रगान के बंगाली में हिन्दी अनुवाद किसने किया था?

(a) Rabindranath Tagore/रवीन्द्र नाथ टैगोर

(b) Bankim Chandra Chatterjee/बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय

(c) Surojini Naidu/सरोजनी नायडू

(d) Subhash Chandra Bose/सुभाष चन्द्र बोस

Ans. (*) : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत का राष्ट्र 'जनगण मन' बंगाली भाषा में लिखा था। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा द्वारा 'जन-गण-मन के हिन्दी संस्करण को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया। राष्ट्रगान का संस्कृतनिष्ठ बांग्ला से हिन्दी में अनुवाद सुभाष चन्द्र बोस ने करवाया था, कैप्टन आबिद अली ने इसका हिन्दी में अनुवाद किया था। इसका उत्तर आयोग ने (a) माना है।

29. Which of the following is an example of discrimination not diversity?
निम्नलिखित में से क्या विविधता नहीं बल्कि भेदभाव का एक उदाहरण है?

(a) In an apartment some families celebrate Holi while some celebrate Christmas/एक अपार्टमेंट में कुछ परिवार होली का त्योंहार मनाते हैं तो कुछ क्रिसमस।

(b) In a school some children sit on chair while some others are made to sit on the ground/एक स्कूल में कुछ बच्चे कुर्सियों पर बैठती हैं और कुछ को जमीन पर बिठाया जाता है।

(c) In an market some vendors sell fish while some others sell fruits/एक बाजार में कुछ विक्रेता मछली बेचते हैं तो कुछ फल।

(d) On a street some house are painted white while some are painted yellow/एक गली में कुछ घर सफेद रंग क हैं तो कुछ पीले।

Ans. (b) : स्कूल में कुछ बच्चे कुर्सियों पर बैठते हैं और कुछ को जमीन पर बिठाया जाता है, यह विविधता नहीं बल्कि भेदभाव का उदाहरण हैं। भेदभाव तब होता है जब लोग पूर्वाग्रहों या रूढ़िबद्ध धारणाओं के आधार पर व्यवहार करते है। अगर आप लोगों को नीचा दिखाने के लिए कुछ करते हें, अगर आप उन्हें कुछ गतिविधियों में भाग लेने से रोकते है किसी खास नौकरी को करने से रोकते हैं, एक ही कुएँ या हैंडपंप से पानी नहीं लेने देते तो इसका मतलब है कि आप उनके साथ भेदभाव कर रहे हैं। बहुत से लोगों के पास अपने खाने, कपड़े और घर की मूल जरूरतों को पूरा करने के लिए साधन और पैसे नहीं होते है। इस कारण दफ्तरों, अस्पतालों, स्कूलों आदि में उनके साथ भेदभाव किया जाता है।

30. Who appointed the Chief Minister of state?
एक राज्य के मुख्य मंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

(a) President of India/भारत के राष्टपति

(b) Speaker of the Legislative Assembly/विधानसभसा के अध्यक्ष

(c) Vice President of India/भारत के उपराष्ट्रपति

(d) Governor of the state/राज्य के राज्यपाल

Ans. (d) : किसी राज्य के मुख्यमंत्री की नियुति राज्य का राज्यपाल करता है। संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी। और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाएगी। इसमें कहा गया है कि मंत्री राज्यपाल के प्रसादपर्यन्त पद धारण करते है। एक संवैधानिक योजना जिसमें उन्हें पूरी तरह से मुख्यमंत्री की सलाह पर नियुक्ति किया जाता है। संदर्भित 'प्रसाद पर्यंत का आशय मुख्यमंत्री के एक मंत्री को बरर्वास्त करने के अधिकार के रूप में भी लिया जाता है न कि राज्य पाल का। संक्षेप में किसी भारतीय राज्य का राज्यपाल स्वयं किसी मंत्री को नहीं हटा सकता है।

31. Which among the following statement is not correct about urban administration in India?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत में नगर प्रशासन के संबंध में सही नहीं है?

(a) Municipal Corporations manage school and hospitals in cities/नगर निगम शहरों में स्कूल एवं अस्पतालों का प्रबंधन करते हैं।

(b) Big cities have Municipal Councils/बड़े शहरों में नगर पालिकाएँ होती है।

(c) Municipal corporation collect Property taxes/नगर निगम संपत्ति कर की उगाही करते है।

(d) A ward councilor is and elected member/निगम पार्षद एक चुना हुआ सदस्य होता है।

Ans. (b) : बड़े शहरों में नगर पालिकाएँ नहीं बल्कि नगर निगम होते है। यह कथन भारत में नगर प्रशासन के संबंध में सही नहीं है। बल्कि नगर निगम शहरों में स्कूल एवं अस्पतालों का प्रबंधन करते है, नगर निगम संपत्ति कर की उगाही करते है और निगम पार्षद एक चुना हुआ सदस्य होता है। भारत में नगर निगम दस लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले किसी भी महानगर/शहर के विकास के लिए जिम्मेदार एक शहरी स्थानीय निकाय है। राज्यों में नगर निगमों की स्थापना राज्य विधान सभाओं के अधिनियमों द्वारा तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में संसद के अधिनियमों के माध्यम से की जाती है।

नोट - नगर निगम (संसोधन) विधेयक - 2022 जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य नगर निकाय के विभाजन के 10 साल बाद राजधानी दिल्ली के तीनों (दक्षिण, उत्तर और पूर्व) नगर निगमों का विलय करना।

32. Which among the following would be called self-employed?
निम्नलिखित में से कौन स्वरोजगार में संलग्न हैं?

(a) A government factory worker/एक कपड़े के कारखाने में काम करने वाला श्रमिक
(b) A cosmetic brand sales women/एक सौन्दर्य प्रसाधन ब्रांड की विक्रेता
(c) A rickshaw puller/ एक रिक्शा चलाने वाला
(d) A cell centre employee/एक कॉल सेन्टर का कर्मचारी

Ans. (c) : स्वरोजगार का अर्थ स्वयं अपने लिए रोजगार का सृजन करना और दूसरे की नौकरी न करने से है। इस प्रकार एक रिक्शा चलाने वाला स्वरोजगार के अन्तर्गत आएगा। स्वरोजगार के निम्न लाभ है–
(1) व्यक्ति पर कोई नियंत्रण नहीं होने से स्वतंत्र होकर काम करता है।
(2) जीविका के लिए एक माध्यम तैयार हो जाता है।
(3) स्वरोजगार को दो फायदे है कार्य के साथ-2 घर का भी ठीक से देखरेख हो जाता है।

33. Rajeev owns 15 acres of fertile land. He got a loan of one lakh rupees for buying seeds from a government bank. He most likely belong to a family of:
राजीव के पास 15 एकड़ उर्बर ज़मीन है। उसे एक लाख रुपये का ऋण बीज खरीदने के लिए सरकार बैंक से मिला। वह संभवतः किस परिवार से है?

(a) Shopkeepers/दुकानदार
(b) Small formers/छोटे किसान
(c) Agricultural workers/खेत मजदूर
(d) Large farmers/बड़े किसान

Ans. (d) : राजीव के पास 15 एकड़ उर्वर जमीन है। उसे एक लाख रूपये का ऋण बीज खरीदने के लिए सरकार बैंक से मिला वह संभवतः बड़े किसान परिवार से है। सामान्यतः 2 हेक्टेयर से कम भूमि धारण करने वाले किसानों को लघु जोतधारक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। 10 हेक्टेयर से अधिक जोत वाले वृहद किसान के अन्तर्गत आते है। इसलिए राजीव के पास 15 एकड़ जमीन है तो वह बड़े किसान के अन्तर्गत आएगे। हाल ही में कृषि क्षेत्र में निम्नलिखित व्यापक परिवर्तनकारी सुधारों को लागू किया है–
(1) आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में संसोधन
(2) कृषि उपज मूल्य निर्धारण और गुणवत्ता का अश्वासन
(3) कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अध्यादेश

34. A long standing demand has continued for reservation in parliament for which of the following categories?
निम्नलिखित में से किस वर्ग के लिए संसद में आरक्षण की मॉग लम्बे समय से चलती आ रही है?

(a) Scheduled Castes/अनुसूचित जातियाँ
(b) Scheduled Tribes/अनुसूचित जन-जातियाँ
(c) Anglo Indian Community/एंग्लो-इंडियन समुदाय
(d) Women/महिलाएँ

Ans. (d) : महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण की मांग लंबे समय से चलती आ रही है। महिला आरक्षण विधेयक को मई 2008 में राज्यसभा में पेश किया गया था और एक स्थायी समिति के पास भेजा गया था इसे वर्ष 2010 में सदन में पारित किया गया तथा अंत में लोकसभा को प्रेषित किया गया। हालांकि यह बिल 15वीं लोकसभा के साथ लैप्स हो गया। राजनीति में महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के समय सामने आया। वर्ष 1931 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में तीन महिला निकायों, नेताओं - बेगम शहनवाज और सरोजिनी नायडू द्वारा नए संविधान में महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त रूप से जारी अधिकारिक ज्ञापन प्रस्तुत किए गए थे।

35. 'Amar Jibari' is an autobiography narrating the experiences of a _____ .
'आमार जिबारी' एक _____ के अनुभवों का विवरण करती हुई एक आत्मकथा है।

(a) Spiritual leader/आध्यात्मिक गुरु
(b) Domestic servant/गृह सेवक
(c) Housewife/गृहिणी
(d) Dalit/दलित

Ans. (c) : रासमुंदरी देवी दो सौ वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल में पैदा हुयी थी। साठ वर्ष की अवस्था में उन्होंने बांग्ला भाषा में अपनी आत्मकथा लिखी। उनकी पुस्तक 'आमार जिबारी' किसी भारतीय महिला द्वारा लिखित पहली आत्मकथा है। रास सुंदरी देवी एक धनवान जमींदार परिवार की गृहिणी थी। उस समय लोगों का विश्वास था कि यदि लड़की लिखती-पढ़ती है, तो दुर्भाग्य लाती है और विधवा हो जाती है। इसके बावजूद उन्होंने अपनी शादी के बहुत समय बाद स्वयं ही छुप-छुपकर लिखना पढ़ना सीखा।
रास सुंदरी देवी के अक्षर ज्ञान ने उन्होंने चैतन्य भागवत पढ़ने का अवसर दिया तथा स्वयं अपने लेखन से उन्होंने संसार को उस समय की स्त्रियों के जीवन के बारे में जानने का अवसर मिला।

36. Which fundamental right has been reported by the Supreme Court to include within its fold the right to livelihood?
उच्चतम न्यायालय ने किस मौलिक अधिकार का विस्तार करते हुए, जीविका के अधिकार को उसका एक अंग बताया है?

(a) Right to freedom/स्वतंत्रता का अधिकार
(b) Right to equality/समानता का अधिकार
(c) Right to life/जीवन का अधिकार
(d) Right against exploitation/शोषण के विरुद्ध अधिकार

Ans. (c) : उच्चतम न्यायालय ने 'जीवन जीने के अधिकार' का विस्तार करते हुए, जीविका के अधिकार को उसका एक अंग बताया है। निजता का अधिकार आमतौर पर यह समझा जाता है। कि गोपनीयता 'अकेला छोड़ दिये जाने का अधिकार' (Right to be left alone) का पर्याय है।
Ans. (c) : एका शिक्षिका मन्यते यत् मानवाः जन्मतः एक भाषार्जनस्य योग्यतां। तस्याः विचारः ''सहजज्ञान वादेन'' सहसङ्गतः अस्ति। अर्थात् एक शिक्षिका मानती है जो मनुष्य जन्म से एक भाषा अर्जन की योग्यता रखता है। उसका विचार सहजज्ञान वाद के साथ सङ्गत है।

23. सर्वे शिशवः कूजनं अव्यक्तवाचं च कुर्वन्ति। अयं केन सैद्धान्तिकपरिप्रेक्ष्येण समर्थितः?

(a) व्यवहारवादीसिद्धान्तेन (b) सहजज्ञानवादीसिद्धान्तेन
(c) संक्रियानुकूलनसिद्धान्तेन (d) संज्ञानात्मकसिद्धान्तेन

Ans. (b) : सर्वे शिशवः कूजनं अव्यक्त वाचं च कुर्वन्ति। अयं ''सहजज्ञानवादीसिद्धान्तेन'' सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्येण समर्थितः। अर्थात् सभी शिशु कूजन तथा अव्यक्त वाणी का उच्चारण करते है। यह सहजज्ञान वादी सिद्धान्त से'' सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य में समर्थित है।

24. गीता पञ्चभिन्नाभिः भाषाभिः सम्भाषते। अत एव सा _____ भवेत्।

(a) द्विभावी वक्तृ (b) बहुभाषाविद्
(c) एकलभाषी वक्तृ (d) भाषावैज्ञानिकः

Ans. (b) : गीता पञ्चभिन्नाभिः भाषाभिः सम्भाषते
अत एव सा 'बहुभाषाविद्' भवेत्
अर्थात् गीता पाँच भिन्न भाषाओं में बोलती है इसलिए वह बहुभाषाविद् है। दो भाषाओं को जानने वाला द्विभाषी होता है। एक भाषा बोलने वाला एकल भाषी होता है।

25. भाषाशिक्षणविषये अधोलिखितेषु किं कथनं सत्यं अस्तिः?

(a) सर्वे जनाः समानगत्या भाषां शिक्षन्ते।
(b) कोऽपि जनः प्रारम्भिकवयसि भाषां शिक्षितुं शक्नोति।
(c) कोऽपि जनः स्वजीवनकाले द्विभाषानां अर्जितुम् शक्नोति।
(d) कोऽपि जनः कस्याम् अपि वयसि भाषां शिक्षितुं शक्नोति परन्तु अल्पवयसि एतत् सरलतरं भवति।

Ans. (d) : भाषा शिक्षण विषये उपरिलिखितेषु कथनेषु सत्यं कथनं ''कोऽपि जनः कस्याम् अपि वयसि भाषां शिक्षितुं शक्नोति परन्तु अल्पवयसि एतत् सरलतरं भवति। अर्थात् भाषा शिक्षण के विषय में उपरिलिखित कथनों में सत्य कथन कोई व्यक्ति किसी भी अवस्था में भाषा सिखने का प्रयास कर सकता है परन्तु अल्प अवस्था में यह सरलता से हो जाता है।

26. षष्ठकक्षायाः छात्रा-साधना मन्ददृष्टिः बालिका अस्ति। भाषाशिक्षकरूपेण भवान् कां पद्धतिं प्रयोज्यति?

(a) अधिकारिगणं तस्यै विशेषाध्यापकस्य प्रबंधनाय आग्रहः।
(b) तया सह सामान्यव्यवहारः तथा च श्रव्यसामग्रीमाध्यमेन तस्याः सहायता।
(c) प्रधानाचार्या ताम् विशेषविद्यालयं प्रेषितुं अभ्यर्थन।
(d) परेभ्यः निम्नतरप्रदर्शनाय तस्यै क्षमादानम्।

Ans. (b) : षष्ठ कक्षायाः छात्रा - साधना मन्ददृष्टिः बालिका अस्ति। भाषा शिक्षक रूपेण ''तया सह सामान्य व्यवहारः तथा च श्रव्य सामग्री माध्यमेन तस्याः सहायता'' इति पद्धतिं भवान् प्रयोज्यति।
अर्थात् छठवीं कक्षा की छात्रा साधना मन्द दृष्टि बालिका है। भाषाशिक्षक रूप से आप 'उसके साथ सामान्य व्यवहार और श्रव्य सामग्री के माध्यम से उसकी सहायता करें'' इस पद्धति का ''आप प्रयोग करेंगे।

27. भवान् भोजनपचनात् पूर्व पाकविधिं पठति। भवान् कां पठनपद्धतिं पठति। भवान् कां पठनपद्धतिं प्रयोज्यति?

(a) विस्तृतपठनम् (b) क्रमवीक्षणम्
(c) पूर्वपठतम् (d) द्रुतपठनम्

Ans. (b) : भवान् भोजनपचनात् पूर्वं पाकविधिं पठति। भवान् कां पठति। अत्र भवान् ''क्रमवीक्षणम्'' पठनपद्धतिं प्रयोज्यति अर्थात् आप भोजन पकाने के पूर्व पाक विधि को पढ़ते हैं। आप क्या पढ़ते है। यहाँ आप ''क्रम वीक्षण'' पठन पद्धति का प्रयोग करते है।

28. बालकेन्द्रितवाचि अधोलिखितेषु किं सर्वाधिकं उचितं अस्ति?

(a) अस्यां पूर्णानि वाक्यानि समाविष्ठानि सन्ति।
(b) अस्यां पुनरावृत्तेः अभावः वर्तते।
(c) इयं पूर्वानुभवैः सह संयुक्तः भवति।
(d) इयं ध्यानाकर्षणाय उपकल्पते।

Ans. (a) : बालकेन्द्रित वाचि उपरिलिखितेषु सर्वाधिकं उचितं अस्यां पूर्णानि वाक्यानि समाविष्टानि सन्ति'' एतत उचितं अस्ति। अर्थात् बाल केन्द्रित वाणी में उपरिलिखितो में ''सर्वाधिक उचित इसमें पूर्ण वाक्यों का समायोजन है।

29. मौखिकभाषायाः विकासः भाविभाषशिक्षणाय एकस्य सशक्तआधारस्य निर्माणं करोति। मौखिकभाषाविकासाय का कक्षापद्धतिः प्रयोज्या?

(a) पाठ्यपुस्तके पाठस्यकथायाः स्वशिक्षकेन सह छात्रैः समवेतपठतम्।
(b) कठिनशब्दानां उच्चारणभ्यासः।
(c) छात्रैः कवितानां कण्ठस्थीकरणं वचनं च।
(d) छात्राणाम् रुचिअनुसारं भूमिकानिर्वाहगतिविधेः आयोजनम्।

Ans. (d) : मौखिक भाषायाः विकासः भावि भाषा शिक्षणाय एकस्य सशक्त आधारस्य निर्माणं करोति। मौखिक भाषा विकासाय कक्षायाम् ''छात्राणाम् रुचि अनुसांर भूमिका र्निवाह गतिविधेः आयोजम्'' कक्षा पद्धतिः प्रयोज्या।
मौखिक भाषा का विकास भावी भाषा शिक्षण के लिए एक सशक्त आधार का निर्माण करता है। मौखिक भाषा विकास के लिए कक्षा में 'छात्रों के रुचि अनुसार भूमिका निर्वाह गतिविधि का आयोजन'' कक्षा पद्धति का प्रयोग करना चाहिए।

30. कक्षायां एका बालिका सम्यक्रूपेण पठितुम् न शक्नोति। शिक्षिका तस्याः उपरि विशेषं ध्यानं ददाति तथा च अनुसंकेतप्रदानेन तस्याः साहाय्यं करोति। व्यागोत्स्कीमहोदस्य अनुसारं एतद्विधसहयोगः कथयते-

(a) पुनर्बलनम्
(b) आधारभूतसहयोगः
(c) अनुकूलनम्
(d) प्रतिकूटिकरणम्

Ans. (b) : कक्षायां एका बालिका सम्यक्रूपेण पठितुम् न शक्नोति। शिक्षिका तस्याः उपरि विशेषं ध्यानं ददाति तथा च अनुसंकेतप्रदानेन तस्याः साहाय्यं करोति। व्यागोत्स्कीमहोदस्य अनुसारं एतद्विधसहयोगः ''आधार भूत सहयोगः'' कथ्यते अर्थात् कक्षा में एक बालिका सम्यक् रूप से पढ़ने में असमर्थ है। शिक्षिका उसके ऊपर विशेष ध्यान देती तथा अनुसंकेतों के प्रदान से उसकी सहायता करती है। वायगोत्सकी महोदय के अनुसार इस प्रकार का सहयोग ''आधार भूत सहयोग'' कहा जाता है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 11-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. In the context of physical development, children acquire _____ before achieving the capacity to use _____.
शारीरिक विकास के संदर्भ में, बच्चे _____ पहले हासिल करते हैं फिर _____के कौशल सीखते हैं।

(a) gross motor skills; fine muscles/स्थूल गतिक कौशल, सूक्ष्म मांसपेशियों के इस्तेमाल
(b) fine motor skills; gross muscles/सूक्ष्म गतिक कौशल; स्थूल मांसपेशियों के इस्तेमाल
(c) language;; analytical reasoning/भाषा; विश्लेषणात्मक तर्क
(d) analytical reasoning; language/विश्लेषणात्मक तर्क; भाषा

Ans. (a) : शारीरिक विकास के संदर्भ में, बच्चें स्थूल गतिक कौशल पहले हासिल करते हैं फिर सूक्ष्म मांसपेशियों के इस्तेमाल के कौशल सीखते हैं।
स्थूल गतिक कौशल आमतौर पर बच्चे के गत्यात्मक विकास के हिस्से के रूप में शैशवावस्था और प्रारम्भिक बाल्यावस्था के दौरान हासिल की जाने वाली क्षमताएँ हैं। जैसे - खड़े होना, चलना, दौड़ना, कूदना, सीढ़ियाँ चढ़ना आदि।
सूक्ष्म गतिक कौशल छोटे मांसपेशीय गतियों के समन्वय को संदर्भित करता है जो शरीर के विभिन्न अंगों में होता है। जैसे- उंगलियों/अंगूठे का प्रयोग, रेत में पैर की अंगुलियों को हिलाना आदि।

2. Contemporary theories of child development view children as :
बाल विकास के समकालीन सिद्धांत बच्चों के बारे में क्या समझ रखते हैं?

(a) blank slate who can be totally molded as per the environment./बच्चे 'कोरी पट्टी' हैं जिन्हें वातावरण के अनुकूल पूरी तरह से ढाला जा सकता है।
(b) active purposeful beings who contribute substantially to their own development. /बच्चे सक्रिय उद्देश्यपूर्ण प्राणी है जिनकी अपने खुद के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका हैं।
(c) having an innate plan for orderly growth that cannot be changed./बच्चों के विकास की व्यवस्थित योजना जन्मजात होती है जिसे बदला नहीं जा सकता।
(d) genetically programmed beings who cannot do anything to alter their own course of development./बच्चों के विकास की दिशा आनुवांशिक रूप से क्रमोदेशित होती है जिसे बदलने के लिए वह कुछ भी नहीं कर सकते।

Ans. (b) : बाल विकास के समकालीन सिद्धान्त बच्चों के बारे में समझ रखते हैं कि - बच्चे सक्रिय उद्देश्यपूर्ण प्राणी है जिनकी अपने खुद के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। बाल विकास के समकालीन परिप्रेक्ष्य बाल्यावस्था को एक विशिष्ट सांस्कृतिक एवं सामाजिक संरचना मानते हैं।

3. Which of the following statement is correct in the context of development?
विकास के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही है?

(a) Development depends only on environmental factors./विकास केवल पर्यावरणीय कारकों पर निर्भर करता है।
(b) Development depends only on the heredity factors./विकास केवल आनुवांशिक कारकों पर निर्भर करता है।
(c) Development is a temporary change of short duration./विकास कम समय के लिए होने वाला अस्थायी परिवर्तन है।
(d) Development continues in a holistic and systematic manner./विकास समग्र एवं व्यवस्थित रूप से निरंतर होता रहता है।

Ans. (d) : विकास समग्र एवं व्यवस्थित तरीके से निरंतर होता रहता है - यह कथन विकास के सन्दर्भ में सही है क्योंकि विकास शारीरिक वृद्धि के अवरुद्ध हो जाने के बाद भी चलता रहता है। बल्कि ये कहें कि जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त तक चलता रहता है। यह क्रमबद्ध रूप से होने वाले सुसंगत परिवर्तनों की एक क्रमिक श्रृंखला है।

4. The ability to form and use symbols is a major accomplishment of _____.
प्रतीकों के निर्माण एवं उपयोग करने की क्षमता _____ की एक प्रमुख उपलब्धि है।

(a) sensori motor stage/संवेदी पेशीय अवस्था
(b) pre-operational stage/पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(c) concrete operational stage/मूर्त संक्रियात्मक अवस्था
(d) formal operational stage/अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

Ans. (b) : प्रतीकों के निर्माण एवं उपयोग करने की क्षमता पूर्व संक्रियात्मक अवस्था की एक प्रमुख उपलब्धि है। संज्ञानात्मक विकास का यह चरण 2 से 7 वर्ष की आयु तक रहता है। इसकी कुछ अन्य विकास सम्बन्धी तथ्य निम्न हैं–
* बच्चों में स्मृति, जिज्ञासा और कल्पना का विकास होता है।
* वे चीजों को प्रतीकात्मक रूप से समझने में सक्षम होते हैं (घर-घर खेलना, चाय पार्टी करना आदि।
* सोचना उदासीन होता है और दूसरों के बारे में उनके दृष्टिकोण पर विचार नहीं करते हैं।

5. In Piaget's theory, what process describes an infant's action when she changes the way she holds her hand as she reaches for round objects as opposed to square ones?
पियाजे के सिद्धांत के अनुसार, कौन सी प्रक्रिया है जो एक शिशु की क्रिया का वर्णन करती है जिसमें वह गोलाकार वस्तुओं की जगह समकोण वस्तुओं तक पहुँचने के लिए अपने हाथ के पकड़ने के तरीके को बदलती है?

(a) Accommodation/समायोजन
(b) Conditioning/अनुबंधन
(c) Inter-subjectivity/अंतर-विषयकता
(d) Schemas/स्कीमा

Ans. (a) : पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार, समायोजन वह प्रक्रिया है जो एक शिशु की क्रिया का वर्णन करती है जिसमें वह गोलाकार वस्तुओं की जगह समकोण वस्तुओं तक पहुँचने के लिये अपने हाथ के पकड़ने के तरीके को बदलती है।
समायोजन में नई जानकारी को समझने के लिये मौजूदा स्कीमा का संशोधन शामिल है। इसमें पूरी तरह से एक नया स्कीमा बनाना शामिल हो सकता है।

6. According to Lawrence Kohlberg, at which stage does satisfaction of personal needs determines moral choice?
लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार, किस स्तर पर व्यक्तिगत आवश्यकताओं की संतुष्टि नैतिक चयन को निर्धारित करती है?

(a) Instrumental purpose orientation/विनिमय उद्देश्य अभिविन्यास
(b) Punishment and obedience orientation/सजा व आज्ञापालन अभिविन्यास
(c) Universal ethical principles orientation/सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास
(d) Good boy-good girl orientation/अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास

Ans. (a) : किसी व्यक्ति की सही और गलत, विवेक, नैतिक और धार्मिक मूल्यों, सामाजिक दृष्टिकोण और व्यवहार की अवधारणाओं के क्रमिक गठन को नैतिक विकास कहा जाता है। नैतिक व्यवहार जन्मजात नहीं होता है, बल्कि इसे सामाजिक परिवेश से सीखा या अर्जित किया जाता है। लारेंस कोहलबर्ग के अनुसार, विनिमय उद्देश्य अभिविन्यास स्तर पर व्यक्तिगत आवश्यकताओं की संतुष्टि नैतिक चयन को निर्धारित करती है। लारेंस कोहलबर्ग द्वारा 1958 में नैतिक विकास सिद्धान्त प्रस्तावित किया था, जिसे इन्होंने 3 स्तरों तथा 6 चरणों में वर्गीकृत किया था, ये चरण निम्न हैं–
चरण 1. सजा व आज्ञापालन अभिविन्यास
चरण 2. विनिमय उद्देश्य अभिविन्यास
चरण 3. अच्छा लड़का-अच्छी लड़की अभिविन्यास
चरण 4. कानून और व्यवस्था अभिविन्यास
चरण 5. सामाजिक अनुबंध, कानूनी अभिविन्यास
चरण 6. सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त अभिविन्यास

7. Lev Vygotsky proposed that children should be provided _____ to facilitate learning.
लेव वायगोत्सकी ने प्रतिपादित किया कि बच्चों के सीखने को सुसाधित करने के लिए उन्हें :

(a) negative feedback/नकारात्मक प्रतिपुष्टि देनी चाहिए
(b) rewards/ईनाम देने चाहिए
(c) scaffolding/पाड़ प्रदान करना चाहिए
(d) positive reinforcement/सकारात्मक पुनर्बलन देना चाहिए

Ans. (c) : लेव वायगोत्स्की ने प्रतिपादित किया कि बच्चों के सीखने को सुसाधित करने के लिए उन्हें पाड़ प्रदान करना चाहिए। यदि बालक को थोड़ा सहयोग मिल जाए तो वह दूसरे स्तर को प्राप्त करते हुए सीख जाता है और यह प्रक्रिया बालक के लिए एक मचान का कार्य करती है इसलिए बाहरी व्यक्ति के सहारे से बच्चे द्वारा सीखना ही पाड़ या मचान (स्कैफोल्डिंग) कहलाता है। इस सहयोग की आवश्यकता बालक के लिए सदैव नहीं होती बल्कि शुरूआत में होती है।

8. Lev Vygotsky proposed that thinking :
लेव वायगोत्स्की ने प्रस्तावित किया कि सोच :

(a) is co-constructed during shared activities between the child and another person./बच्चों और किसी अन्य व्यक्ति के बीच सहभागी-गतिविधियों के दौरान सह-निर्मित की जाती है।
(b) takes place outside of the child's context./का बच्चों के संदर्भ से कोई सरोकार नहीं है।
(c) happens when stimulus and responses get paired together./तब घटित होती है जब उत्तेजना और प्रतिक्रियाएँ का अनुबंधन होता है।
(d) is not related to development of language./का भाषा के विकास से कोई संबंध नहीं है।

Ans. (a) : लेव वायगोत्स्की एक रूसी मनोवैज्ञानिक हैं जिन्होंने सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के सिद्धान्त का प्रस्ताव रखा था। इस सिद्धान्त में, वायगोत्सकी बच्चे के विकास में समाज और संस्कृति की भूमिका पर बल देते हैं। उन्होंने प्रस्तावित किया कि सोच बच्चों और किसी अन्य व्यक्ति के बीच सहभागी-गतिविधियों के दौरान सह-निर्मित की जाती है।

9. In a _____ classroom the child is an active participant in the learning process and learns as per her own pace, needs and capacities.
_____ कक्षाकक्ष में बच्चे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हैं और वे अपनी गति, जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार सीखते हैं।

(a) progressive/प्रगतिशील
(b) teacher-centered/शिक्षक-केन्द्रित
(c) behaviouristic/व्यवहारवादी
(d) textbook-centric/पाठ्यपुस्तक-केन्द्रित

Ans. (a) : प्रगतिशील कक्षाकक्ष में बच्चे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हैं और वे अपनी गति, जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार सीखते हैं। प्रगतिशील कक्षा प्रगतिशील शिक्षा का एक भाग है जो हर बच्चे की क्षमता में विश्वास करती हैं। प्रगतिशील शिक्षा के जॉन डीवी महोदय हैं।

10. According to the theory of 'Multiple Intelligence' every individual has :
बहु बुद्धि के सिद्धांत के अनुसार हर व्यक्ति में :

(a) a set of general abilities./सामान्य क्षमताओं का एक समूह होता है।
(b) a fixed IQ determined at the time of birth./एक निश्चित IQ (बुद्धि लब्धि) होती है जो जन्म के समय तय हो जाती है।
(c) different cognitive abilities in different amounts./अलग-अलग मात्रा में विभिन्न संज्ञानात्मक क्षमताएँ होती हैं?
(d) five types of cognitive abilities./पाँच प्रकार के संज्ञानात्मक कौशल होते हैं।

Ans. (c) : बहु-बुद्धि सिद्धान्त जिसमें आठ अलग-अलग प्रकार की बुद्धि होती है, एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक 'हॉवर्ड गार्डनर' द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस सिद्धान्त के अनुसार हर व्यक्ति में अलग-अलग मात्रा में विभिन्न संज्ञानात्मक क्षमताएँ होती हैं। आठ विभिन्न प्रकार की बुद्धि निम्न हैं–
1. भाषाई बुद्धि
2. तार्किक गणितीय बुद्धि
3. स्थानिक बुद्धि
4. संगीतमय बुद्धि
5. शरीर और गतिज बुद्धि
6. अंतरा वैयक्तिक बुद्धि
7. अंतः वैयक्तिक बुद्धि
8. प्राकृतिक बुद्धि

11. Children's 'private speech' play an important role in cognitive development because it helps in guiding & regulating self thinking. This concept is supported by :
बालक एवं बालिकाओं की 'निजी भाषा' संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है क्योंकि व स्व चिन्तन को निर्देषित एवं नियंत्रित करती है। इस प्रत्यय के समर्थक है :

(a) Noam Chomsky/नोम चौम्स्की
(b) Jean Piaget/जीन पियाजे
(c) Jerome Bruner/जिरोम ब्रूनर
(d) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की

Ans. (d) : बालक एवं बालिकाओं की 'निजी भाषा' संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है क्योंकि वे स्व चिन्तन को निर्देषित एवं नियंत्रित करती है। इस प्रत्यय के समर्थक लेव वायगोत्स्की है। बच्चे आत्म-मार्गदर्शन और आत्म-निर्देशन के लिए निजी भाषा का प्रयोग करते हैं।

12. The following is an effective strategy in reducing children's gender-stereotyping and gender-role conformity :
बच्चों में जेंडर-रूढ़िवादिता और जेंडर-भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए निम्न में से कौन सी प्रभावी युक्ति है?

(a) Gender-segregated seating arrangement/जेंडर-पृथक बैठने की व्यवस्था करना
(b) Focusing upon gender specific roles./जेंडर विशिष्ट भूमिकाओं पर ध्यान देना
(c) Gender-segregated play groups./जेंडर-पृथक खेल समूह बनाना
(d) Discussion about gender biases./जेंडर संबंधित पूर्वाग्रहों पर चर्चा करना

Ans. (d) : बच्चों में जेंडर - रूढ़िवादिता और जेंडर-भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए जेंडर संबंधित पूर्वाग्रहों पर चर्चा करना प्रभावी युक्ति है। कक्षा परिचर्चाएँ बच्चे के समग्र व्यक्तित्व को आकार देने या निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परिचर्चाएँ बच्चे को न केवल उसके दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने में मदद करती हैं बल्कि दूसरे की धारणा का भी पता लगाने में मदद करती हैं और इससे बच्चे की सर्वांगीण सोच को आकार देने में मदद मिलती है।

13. In order to make teaching and learning effective for every child, the teachers should :
सीखने-सिखाने को हर बच्चे के लिए उपयुक्त व प्रभावशाली बनाने के लिए एक शिक्षिका को :

(a) use multiple strategies to engage children./बच्चों को संलग्न करने के लिए विविध गतिविधियाँ करनी चाहिए।
(b) ignore and disregard individual differences./व्यक्तिगत भिन्नताओं को नजरअंदाज व खारिज करना चाहिए
(c) be absolutely rigid in her assessment methods./मूल्यांकन के तरीकों में बेहद अनम्य होना चाहिए।
(d) Follow uniform and structured curriculum./एकसमान व मानकीकृत पाठ्यचर्या का पालन करना चाहिए।

Ans. (a) : सीखने-सिखाने को हर बच्चे के लिए उपयुक्त व प्रभावशाली बनाने के लिए एक शिक्षिका को बच्चों को संलग्न करने के लिए विविध गतिविधियाँ करनी चाहिए। बालकों में सार्थक सीखने को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को विभिन्न कार्यों, विषयों और भौतिक समायोजन में विभिन्न पद्धतियों का उपयोग करके एक ही अवधारणा प्रक्रिया या दृष्टिकोण को पढ़ाना चाहिए।

14. Assertion (A) : In a socio-constructivist classroom recall based written tests should be the only basis of assessment.
Reason (R) : Children learn most effectively by rote memorisation.
Choose the correct option :
कथन (A) : एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में स्मरण पर आधारित लिखित परीक्षाएँ मूल्यांकन का एकमात्र तरीका होनी चाहिए।
तर्क (R) : बच्चे रटकर स्मरण करने द्वारा सबसे प्रभावी ढंग से सीखते हैं।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (d) : एक सामाजिक-रचनात्मक कक्षा में स्मरण पर आधारित लिखित परीक्षाएँ मूल्यांकन का एकमात्र तरीका होनी चाहिए - कथन गलत है क्योंकि सामाजिक - रचनात्मक कक्षा ज्ञान को एक सामाजिक निर्माण के रूप में मानता है और अधिगम और संज्ञानात्मक विकास के सामाजिक पहलुओं को प्राथमिकता देता है। ऐसी कक्षा में सहयोगी प्रायोजित परियोजनाएँ छात्रों के अधिगम के मूल्यांकन के लिए एक प्रभावी मूल्यांकन उपकरण हो सकती है।
तथा बच्चे रटकर स्मरण करने द्वारा सबसे प्रभावी ढंग से सीखते हैं। यह तर्क गलत है क्योंकि रटकर याद रखना सीखने का प्रभावी तरीका नहीं है, इसके द्वारा सीखा गया ज्ञान समयानुसार कम हो जाता है। इसमें नई और पूर्व सूचना के बीच कोई सम्बन्ध नहीं होता है। अतः विकल्प (d), (A) और (R) दोनों गलत हैं।

15. Assertion (A) : Inclusive education refers to an education system that accommodates all children regardless of their physical, intellectual, social, emotional, linguistic or other conditions.
Reason (R) : Inclusion is not confined to the 'disabled' but is a broader term.
Choose the correct option :
कथन (A) : समावेशी शिक्षण ऐसे शैक्षिक तंत्र को संबोधित करता है जिसमें बच्चों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक, भाषाई व अन्य विशिष्टताओं को न देखते हुए, सभी बच्चों का समायोजन किया जाए।
तर्क (R) : समावेशन एक व्यापक दर्शन है जो केवल दिव्यांग बच्चों तक सीमित नहीं है।
सही विकल्प चुनें।
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : समावेशी शिक्षण ऐसे शैक्षिक तंत्र को संबोधित करता है जिसमें बच्चों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक, भाषाई व अन्य विशिष्टताओं को न देखते हुए, सभी बच्चों का समायोजन किया जाए क्योंकि समावेशन एक व्यापक दर्शन है जो केवल दिव्यांग बच्चों तक सीमित नहीं है।
समावेशी शिक्षण के अन्तर्गत शारीरिक रूप से बाधित बालक तथा सामान्य बालक साथ-साथ सामान्य कक्षा में शिक्षण ग्रहण करते हैं। अतः विकल्प (a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

16. In an elementary classroom, how should teacher view diversity?
प्राथमिक-माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षिकाओं को विविधता को किस तरह देखना चाहिए?
(a) As a barrier to learning/सीखने में अवरोधक के रूप में
(b) Ignore diversity/विविधता को नजरअंदाज करना चाहिए
(c) Minimize diversity and promote standardised curriculum/विविधता को कम करने के लिए मानकीकृत पाठ्यचर्या को प्रोत्साहित करना चाहिए
(d) As an asset since it promotes heterogeneity/एक गुण के रूप में देखना चाहिए जिससे बहुरूपता को बढ़ावा मिले।

Ans. (d) : प्राथमिक - माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षिकाओं की विविधता को एक गुण के रूप में देखना चाहिए जिससे बहुरूपता को बढ़ावा मिल सके। शिक्षिका को बच्चों को शिक्षा के अलावा सह शैक्षिक गतिविधियों में संलग्न करके, एक शास्त्रीय संसाधन के रूप में बच्चों की सामाजिक, सांस्कृतिक और पृष्ठभूमि शिक्षा का उपयोग करके, विभिन्न शिक्षण शैलियों को समायोजित करना चाहिए।

17. Karthik a fifth standard child has persistent difficulty in verbal and non-verbal communication with his friends and teachers. These could be primary characteristics of :
कार्तिक जो पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है उसे अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ मौखिक और गैर-मौखिक सामाजिक संवाद करने में निरंतर मुश्किल होती है। यह किस के लक्षण हो सकते हैं?
(a) Dysgraphia/लेखन वैकल्य
(b) Dyscalculia/गुणज वैकल्य
(c) Autism/स्वालीनता
(d) Dyslexia/पठनवैकल्य

Ans. (c) : कार्तिक जो पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है उसे अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ मौखिक और गैर-मौखिक सामाजिक संवाद करने में निरंतर मुश्किल होती है। यह स्वालीनता के लक्षण हो सकते हैं जिसमें बच्चों को बातचीत करने में पढ़ने-लिखने में और समाज में मेल-जोल बनाने में परेशानी आती है।

18. Which of the following are effective accommodations in the classroom environment as per the needs of students with visual challenge?

(i) Eliminate unnecessary obstacles from classroom
(ii) Use a variety of visual presentations
(iii) Give a lot of handouts having mind-maps
(iv) Provide recorded materials to supplement classroom teaching

निम्न में से कौन से शिक्षाशास्त्रीय प्रावधान एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी की जरूरतों के अनुसार उपयुक्त समायोजन हैं?

(i) कक्षा में गैर जरूरी बाधाओं को हटाना।
(ii) विभिन्न प्रकार का दृश्यिक प्रस्तुतिकरण देना।
(iii) बहुत से विज्ञप्ति पत्रक देना जिसमें संकल्पनात्मक चित्रण हो।
(iv) कक्षाई अधिगम को परिशिष्ट करने के लिए अभिलिखित सामग्री देना।

(a) (ii), (iv) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

Ans. (c) : कक्षा में गैर जरूरी बाधाओं को हटाना तथा कक्षाई अधिगम को परिशिष्ट करने के लिए अभिलिखित सामग्री देना आदि शिक्षाशास्त्रीय प्रावधान एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी की जरूरतों के अनुसार उपयुक्त समायोजन है। दृष्टिबाधित विद्यार्थी के लिए ब्रेल लिपि में सामग्री उपलब्ध कराना चाहिए जिससे वे पठन व लेखन का कार्य स्पर्श रूप में सहजता से कर सकें।

19. An identifying characteristic of creativity is :
रचनात्मकता की एक पहचान विशेषता है

(a) Divergent thinking - the ability to propose many different ideas or answers/अपसारी सोच-कई अलग-अलग विचारों या उत्तरों को प्रस्तावित करने की क्षमता
(b) Convergent thinking - the ability to focus on one answer/अभिसारी सोच-एक उत्तर पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता
(c) Ability of passive imitation/निष्क्रिय नकल की क्षमता
(d) Skill to rote memorise long passages/लंबे गद्यांशों को रटने का कौशल

Ans. (a) : रचनात्मकता की एक पहचान विशेषता अपसारी सोच-कई अलग-अलग विचारों या उत्तरों को प्रस्तावित करने की क्षमता है। रचनात्मकता की विशेषताओं में मौलिकता, धाराप्रवाहिता, लचीलापन, गहन जिज्ञासा की भावना शामिल है।

20. If a teacher wants to assess creativity of students, she should avoid : /यदि शिक्षिका विद्यार्थियों की रचनात्मकता का आकलन करना चाहती है, तो उसे कौन सा कार्य नहीं करना चाहिए?

(a) focusing on process rather than product./परिणाम से अधिक प्रक्रिया पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए
(b) comparing the students with each other./विद्यार्थियों की आपस में तुलना करना चाहिए
(c) comparing the students with their previous performance./विद्यार्थियों की उनकी पूर्व निष्पादन से तुलना करनी चाहिए।
(d) giving opportunity for self assessment./स्व आकलन के अवसर प्रदान करने चाहिए

Ans. (b) : यदि शिक्षिका विद्यार्थियों की रचनात्मकता का आकलन करना चाहती है, तो उसे विद्यार्थियों की आपस में तुलना करने का कार्य नहीं करना चाहिए क्योंकि रचनात्मकता का आकलन शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया में बच्चे के प्रगति की निगरानी करने को संदर्भित करता है तथा प्रत्येक बालक दूसरे बालक से ज्ञानात्मक व भावात्मक रूप से भिन्न होता है।

21. Learning :/
सीखना :

(a) is a passive process./एक निष्क्रिय प्रक्रिया है।
(b) is influenced by personal factors./व्यक्तिगत कारकों से प्रभावित होता है।
(c) occurs independent of socio-cultural context./सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ से स्वतंत्र होता है।
(d) is a process of only recall and reproduction of information./केवल जानकारी के प्रत्याहार और पुनरूपण की प्रक्रिया है।

Ans. (b) : सीखना व्यक्तिगत कारको से प्रभावित होता है। व्यक्तिगत कारक जैसे- प्रेरणा, क्षमता, अभिवृत्ति, अभिरूचि और रूचियाँ, ध्यान और उम्र हैं। व्यक्तिगत कारक व्यक्ति के व्यक्तित्व के तत्व हैं जो सीखने और सोचने के तरीकों को बेहतर बनाते हैं।

22. Students with which of the following belief will be encouraged to learn and have a better performance in class?
निम्न में से किस प्रकार की मान्यता रखने वाले विद्यार्थी कक्षा में सीखने की ओर उन्मुख होंगे व बेहतर प्रदर्शन करेंगे?

(a) One cannot change one's inborn abilities at all./अपनी जन्मजात योग्यताओं को बिल्कुल भी बदला नहीं जा सकता।
(b) Effort can influence one's learning and performance./मेहनत से खुद के सीखने व प्रदर्शन में बदलाव लाया जा सकता है।
(c) Getting good marks is a matter of luck./अच्छे अंक प्राप्त करना किस्मत का खेल है।
(d) One who has not succeeded previously, will not succeed in future as well./जो एक बार सफल नहीं हुआ वो कभी सफल नहीं होगा।

Ans. (b) : मेहनत से खुद के सीखने व प्रदर्शन में बदलाव लाया जा सकता है। इस प्रकार की मान्यता रखने वाले विद्यार्थी कक्षा में सीखने की ओर उन्मुख होंगे व बेहतर प्रदर्शन करेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्व-प्रेरित विद्यार्थी शिक्षक के निर्देशों का पालन करते हैं और शैक्षणिक व पाठ्येतर गतिविधियों में अपनी रूचि से भाग लेते हैं तथा अच्छा प्रदर्शन भी करते हैं।

23. Teachers can encourage students to become mastery-oriented learners by :
शिक्षकों को अपनी कक्षा में महारत उन्मुख विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए क्या करना चाहिए?

(a) overemphasising scoring high marks./उच्च अंक प्राप्त करने पर अधिक जोर देना
(b) encouraging children to win all competitions./विद्यार्थियों को सभी प्रतियोगिताएँ जीतने के लिए प्रोत्साहित करना।

(c) inculcating love and joy in the process of learning./सीखने की प्रक्रिया में आनंद व खुशी की अनुभूति महसूस करवाना।
(d) inculcating fear and stress to avoid failure./असफलता से बचने के लिए उनमें डर व तनाव पैदा करना।

Ans. (c) : शिक्षकों को अपनी कक्षा में महारत उन्मुख विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए सीखने की प्रक्रिया में आनंद व खुशी की अनुभूति महसूस करवाना चाहिए। सीखने के दौरान मस्ती करने से खेल-खेल में भी छात्रों को जानकारी बेहतर तरीके से याद रखने में मदद मिलती है क्योंकि यह प्रक्रिया सुखद और यादगार होती है।

24. Which of the following strategies will help students to learn meaningfully?
निम्न में से कौन सी प्रणाली विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण तरीके से सीखने में मदद करेगी?
(a) Relating the knowledge with their everyday life./ज्ञान को विद्यार्थियों के निजी जीवन से जोड़ना
(b) Focussing only on teaching for students to get good marks./केवल विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए शिक्षण करना।
(c) Stressing on repetitive drill and practice./बारम्बार वेधन व अभ्यास पर बल देना
(d) Remembering lots of information at the same time./बहुत सी जानकारी को एक ही समय पर याद रखने का प्रयास करना।

Ans. (a) : ज्ञान को विद्यार्थियों के निजी जीवन से जोड़कर सिखाना विद्यार्थियों के अर्थपूर्ण तरीके से सीखने में मदद करेगी। यह विद्यार्थियों की विविध अधिगम आवश्यकताओं को पूरा करेगा तथा अवधारणाओं की बेहतर समझ विकसित करेगा।

25. In a socio-constructivist classroom, learning promotes
एक सामाजिक रचनावादी कक्षा में सीखना किसको प्रोत्साहित करके किया जाता है?
(i) metacognitive abilities/ अधिसंज्ञानात्मक कौशल
(ii) self-regulation/ स्व-नियमता
(iii) critical thinking/ विवेचनात्मक सोच
(iv) problem-solving / समस्या समाधान
(v) meaningless drill and rehearsal/
(v) अर्थहीन वेधन व दोहराव
(a) (iii), (iv) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

Ans. (c) : एक सामाजिक रचनावादी कक्षा में सीखना अधिसंज्ञानात्मक कौशल, स्व-नियमता, विवेचनात्मक सोच तथा समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करके किया जाता है।
* अधिसंज्ञानात्मक कौशल एक महत्वपूर्ण सोच को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसमें बेहतर ज्ञान प्राप्ति के लिए उन्हें बेहतर बनाने के लिए अपनी स्वयं की सोच प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक होना शामिल है।
* स्व-नियमता शिक्षा में किसी के सीखने के माहौल को समझने और नियंत्रित करने की क्षमता को संदर्भित करती है। स्व-नियमन क्षमताओं में लक्ष्य निर्धारण, आत्म-निगरानी, आत्म-निर्देश और आत्म-सुदृढ़ीकरण शामिल है।
* विवेचनात्मक सोच विद्यार्थियों को मूल और अपरंपरागत विचारों को ग्रहण करने में सक्षम बनाता है।
* समस्या समाधान कौशल, समस्याओं को पहचानने और हल करने की क्षमता है। जिसमें हम जो जानते हैं उसे खोजने के लिए जो हम नहीं जानते है उसे लेते हैं। अतः, विकल्प (c) उपयुक्त उत्तर है।

26. Alternative conceptions of concepts among students :
विद्यार्थियों में संप्रत्ययों के वैकल्पिक संरचनाएँ :
(a) are indicative of the 'naive' theories that students construct./विद्यार्थियों द्वारा रचित 'सहज सिद्धांतों' को दर्शाती हैं।
(b) should be discouraged through use of punishment./सजा द्वारा हतोत्साहित की जानी चाहिए।
(c) are meaningless in the process of learning./अधिगम की प्रक्रिया में अर्थहीन हैं।
(d) should be ignored by the teacher while teaching./शिक्षण के दौरान शिक्षकों द्वारा नजरअंदाज कर देनी चाहिए।

Ans. (a) : विद्यार्थियों में संप्रत्ययों के वैकल्पिक संरचनाएँ विद्यार्थियों द्वारा रचित 'सहज सिद्धान्तों' को दर्शाती है। यह संरचनाएँ अधिगम प्रक्रिया का एक सामान्य हिस्सा है। इसके द्वारा शिक्षक यह पहचानता है कि बच्चे सोचने में सक्षम है और उनकी सोच वयस्कों से भिन्न होती है।

27. Children learn by :
(i) experimentation and exploration
(ii) listening and talking
(iii) discussing and reflecting
(iv) making and doing things
बच्चे कैसे सीखते हैं?
(i) प्रयोग व अन्वेषण द्वारा
(ii) सुनकर व बोलकर
(iii) चर्चा व मनन करके
(iv) चीजें बनाकर व करके
(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii)
(c) (i), (iii), (iv) (d) (ii), (iii), (iv)

Ans. (a) : सीखना एक व्यापक प्रक्रिया है, जो अभ्यास और अनुभव के परिणामस्वरूप व्यवहार, ज्ञान और कौशल में परिवर्तन को संदर्भित करती है। बच्चे प्रयोग व अन्वेषण द्वारा, सुनकर व बोलकर, चर्चा व मनन करके तथा चीजें बनाकर व करके सीखते हैं।

28. The most motivating and meaningful learning tasks for diverse students in a middle classroom are those that are :
एक माध्यमिक कक्षाकक्ष में विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा अभिप्रेरित करने वाले अर्थपूर्ण शैक्षिक कार्य वह होते हैं जो :
(a) not challenging at all./बिल्कुल चुनौतीपूर्ण नहीं होते।
(b) moderately challenging./मध्यम चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हैं।
(c) extremely challenging./बेहद चुनौतीपूर्ण होते हैं।
(d) repetitive and boring./पुनरावर्ती व ऊबाऊ होते है।

Ans. (b) : एक माध्यमिक कक्षाकक्ष में विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा अभिप्रेरित करने वाले अर्थपूर्ण शैक्षिक कार्य वह होते हैं जो मध्यम चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हैं।

29. For learning to be meaningful it should be associated with :
अधिगम को अर्थपूर्ण बनाने के लिए उसे _____ से जोड़ा जाना चाहिए।

(a) discipline and distress./ अनुशासन व तनाव
(b) fear and punishment./डर व सजा
(c) enjoyment and satisfaction./ आनंद व संतुष्टि
(d) achievement and competition./ उपलब्धि व प्रतिस्पर्धा

Ans. (c) : अधिगम को अर्थपूर्ण बनाने के लिए उसे आनंद व संतुष्टि से जोड़ा जाना चाहिए। अर्थपूर्ण अधिगम तभी संभव है जब अधिगमकर्ता नवीन ज्ञान को उस प्रासंगिक अवधारणा से जोड़ने का सुविचारित प्रयास करें जिसे वे पहले जानते हैं। इसे प्रोत्साहित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रदर्शन के लक्ष्यों के बजाय अधिगम के लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए।

30. Assertion (A) : A teacher gives a lot of project work and encourages children to work collaboratively.
Reason (R) : Children learn a lot through discussion with peers.
Choose the correct option :
कथन (A) : एक शिक्षिका बहुत से परियोजना कार्य देती है व बच्चों को सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है।
तर्क (R) : बच्चे अपने सहकक्षियों से चर्चा करके बहुत कुछ सीखते हैं।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false./(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : एक शिक्षिका बहुत से परियोजना कार्य देती है व बच्चों को सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करती है क्योंकि बच्चे अपने सहकक्षियों से चर्चा करके बहुत कुछ सीखते हैं। कथन तथा तर्क दोनों सही है। समूह गतिविधियाँ छात्रों को समस्या में गहरे अर्थ खोजने और सोचने के कौशल में सुधार करने में सक्षम बनाती है। अत; विकल्प (a) उपयुक्त उत्तर होगा।

SOCIAL SCIENCE

1. _____ are grand, long compositions about heroic men and women, and include stories about Gods./_____ शूरवीरों एवं वीरांगनाओं के बारे में भव्य एवं लंबी रचनाएँ हैं तथा इनमें देवताओं से संबंधित कहानियाँ (कथाएँ) भी सम्मिलित हैं।

(a) Historical texts/ऐतिहासिक लेख
(b) Epics/महाकाव्य
(c) Narratives/वृत्तांत (आख्यान)
(d) Bibliographies/संदर्भिकाएँ

Ans. (b) : महाकाव्य शूरवीरों एवं वीरांगनाओं के बारे में भव्य एवं लंबी रचनाएँ हैं तथा इनमें देवताओं से संबंधित कहानियाँ (कथाएँ) भी सम्मिलित हैं। महाकाव्य में किसी महापुरुष के जीवन का सम्पूर्ण चित्रण व्यापक रूप से किया जाता है। महाकाव्य की रचना में इतिहास की प्रसिद्ध कथाएँ शामिल होती हैं एवं इसका नायक उदात्त एवं महान चरित्र धारण करने वाला व्यक्ति होता है।

2. Consider the following statements :
Statement-I :
A new form of Buddhism developed during the rule of King Kanishka.
Statement-II :
Mahayana Buddhism had two distinct features; Buddh's presence was dpeicted through signs and the belief in Bodhisattvas.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
कथन-(I) :
बौद्ध धर्म की एक नई धारा का विकास राजा कनिष्क के (शासन) के समय में हुआ।
कथन-(II) : बौद्ध धर्म की नई धारा महायान की दो मुख्य विशेषताएँ थीं, बुद्ध की उपस्थिति सिर्फ कुछ संकेतों एवं बोधिसत्व में आस्था के माध्यम से दर्शाई जाती थी।
विकल्प ;

(a) Both (I) and (II) are true and (II) is linked to (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं एवं कथन (II), कथन (I) से संबंधित है।
(b) (I) is false but (II) is true./कथन (I) गलत परन्तु कथन (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are true but (II) is not linked to (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु कथन (II) कथन (I) से संबंधित नहीं है।
(d) (I) is true but (II) is false./कथन (I) सही है परन्तु कथन (II) गलत है।

Ans. (d) : कनिष्क के समय आयोजित चतुर्थ बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म औपचारिक रूप से दो शाखाओं हीनयान और महायान में विभाजित हो गया। बौद्ध धर्म में बढ़ती रूढ़िवादिता महायान के उदय का एक कारण रही। विदेशी शासकों ने बौद्ध धर्म में रूचि दिखायी और बौद्ध धर्म के नियमों को अनुकूल व सरल बनाने का प्रयास किया। महायान शाखा में बुद्ध के प्रतीकों की पूजा का स्थान अब बुद्ध की प्रतिमाओं ने ले लिया। यही कारण था कि व्यापारियों के साथ-साथ शासकों द्वारा भी बौद्ध धर्म से संबंधित स्थापत्य कला, जैसे - स्तूप, विहार, मंदिर आदि को प्रोत्साहन दिया। अतः कथन (I) सही है परन्तु कथन (II) गलत है।

3. **Consider the following statements :**
Statement-I :
The best known of the rulers who controlled the silk route were the Kushanas.
Statement-II :
Kushanas ruled over Central Asia and North West India and were earliest rulers to issue gold coins which were used by traders.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
कथन-(I) :
सिल्क रूट पर नियंत्रण रखने वाले शासकों में सबसे प्रसिद्ध कुषाण थे।
कथन-(II) : कुषाणों ने मध्य-एशिया तथा पश्चिमोत्तर भारत पर शासन किया एवं वे सबसे पहले सोने के सिक्के जारी करने वाले शासक थे जिनका उपयोग व्यापारियों ने किया।
विकल्प ;
(a) Both (I) and (II) are true and (II) is linked to (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं एवं कथन (II), कथन (I) से संबंधित है।
(b) (I) is false but (II) is true./कथन (I) गलत परन्तु कथन (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are true but (II) is not linked to (I)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु कथन (II) कथन (I) से संबंधित नहीं है।
(d) (I) is true but (II) is false./कथन (I) सही है परन्तु कथन (II) गलत है।

Ans. (c) : सिल्क रूट पर नियंत्रण रखने वाले शासकों में सबसे प्रसिद्ध कुषाण थे। कनिष्क ने चीन से रोम को जाने वाले सिल्क मार्ग पर अपना नियंत्रण स्थापित किया था। कुषाणों ने मध्य-एशिया तथा पश्चिमोत्तर भारत पर शासन किया एवं वे सबसे पहले सोने के सिक्के जारी करने वाले शासक थे जिनका उपयोग व्यापारियों ने किया। विमकडफिसेस पहला कुषाण शासक था जिसने भारत में सोने के सिक्कों की शुरूआत की। अतः कथन I और II दोनों सही है परन्तु कथन II कथन I से संबंधित नहीं है।

4. **Consider the following statements :**
Statement-I :
King in every dynasty wanted to emphasise it their moral right to be rulers.
Statement-II :
Kings constructed places of worship to proclaim their close relationship to God.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
कथन-(I) :
प्रत्येक राजवंश के राजा शासक होने के अपने नैतिक अधिकार पर बल देना चाहते थे।
कथन-(II) : ईश्वर के साथ अपने घनिष्ठ संबंध की उद्घोषणा करने के लिए राजाओं ने उपासना के स्थानों का निर्माण किया।
विकल्प ;
(a) Statement (I) is true but (II) is false./कथन (I) सही है परन्तु (II) गलत है।
(b) Both statement (I) and (II) are true and is (I) explanation for (II)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं तथा (I) , (II) की व्याख्या है।
(c) Statement (I) is false but (II) is true./कथन (I) गलत परन्तु (II) सही है।
(d) Both statement (I) and (II) are true but (I) is not explanation for (II)./कथन (I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु (I), (II) की व्याख्या नहीं है।

Ans. (b) : जैसे-2 प्रत्येक नया राजवंश सत्ता में आया राजा अपने शासक होने के नैतिक अधिकार पर जोर देना चाहते थे। इसलिए पूजा के स्थानों का निर्माण करने से शासकों को परमेश्वर के साथ अपने घनिष्ठ संबंध की घोषणा करने का अवसर मिला, जो कि तीव्र राजनीतिक परिवर्तन के युग में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अतः कथन (I) और (II) दोनों सही है तथा (I), (II) की व्याख्या है।

5. **Match the places and/or communities to their crafts.**
जगहों और/अथवा समुदायों का उनके शिल्प-कला के साथ सुमेल कीजिए-

A.	Bidar बीदर	(I)	Iron work लौह-संबंधित कार्य/लोहार
B.	Surat सूरत	(II)	Weaving बुनाई
C.	Panchalas पांचाल	(III)	Textile with gold lace borders/सुनहरे गोटा-किनारियों (जरी) वाले वस्त्र
D.	Saliyar सालियार	(IV)	Inlay work in silver and copper/ ताँबे तथा चाँदी में जड़ाई का काम

	A	B	C	D
(a)	(IV)	(I)	(III)	(II)
(b)	(IV)	(II)	(I)	(III)
(c)	(I)	(II)	(IV)	(III)
(d)	(IV)	(III)	(I)	(II)

Ans. (d) : सही सुमेलित है–

जगह/समुदाय	शिल्प कला
बीदर	ताँबे तथा चाँदी में जड़ाई का काम
सूरत	सुनहरे गोटा - किनारियों (जरी) वाले वस्त्र
पांचाल	लौह संबंधित कार्य/लोहार
सालियार	बुनाई

6. **Consider the following statements :**
Statement-I :
In his inscriptions Ashoka suggested that rituals are not useful.
Statement-II :
People in Mauryan empire followed different religions and this sometimes led to conflict and animal sacrifice.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें

कथन-(I) :
अशोक ने अपने अभिलेखों में यह सुझाव दिया कि कर्मकांड किसी काम के नहीं हैं।
कथन-(II) : मौर्य वंश के साम्राज्य में लोग विभिन्न धर्मों का अनुसरण करते थे तथा यह कभी-कभी विवाद एवं पशु बलि तक पहुँच जाता था।

(a) I is false and II is true./(I) गलत है एवं (II) सही है।
(b) II is false and I is true./(II) गलत है एवं (I) सही है।
(c) Both I and II are true but II is not a cause for I./(I) और (II) दोनों सही हैं परन्तु (II), (I) के लिए कारण नहीं है।
(d) Both I and II are true and II is a cause of I./(I) और (II) दोनों सही हैं तथा (II), (I) का कारण है।

Ans. (d) : मौर्य साम्राज्य के लोग विभिन्न धर्मों का पालन करते थे और इससे कभी-2 संघर्ष भी होता था। जानवरों की बलि दी जाती थी एवं दासों और नौकरों के साथ बुरा व्यवहार किया जाता था। अशोक ने यह महसूस कि इन समस्याओं को हल करना उसका कर्तव्य है। इसलिए उसने अधिकारियों को नियुक्त किया जिसे धम्म महामात्य के नाम से जाना जाता था। उसने अपने अभिलेखों के माध्यम से लोगों से व्यर्थ के कर्मकांडों को त्यागने को कहा। उन्होंने अपनी प्रजा को दासों और सेवकों के साथ कोमल व्यवहार करने की सलाह दी। अतः कथन (I) और (II) दोनों सही है तथा (II), (I) का कारण है।

7. Match the term with its corresponding role in the villages in North India.
निम्नलिखित शब्दों का उत्तर भारत के गाँवों में उनकी अनुरूप भूमिका के साथ मिलान कीजिए :

A. Grama Bhojaka ग्राम भोजक	(I) Work on other's fields/दूसरों की जमीन पर काम करने वाले
B. Grihapati गृहपति	(II) Craftspersons शिल्पकार
C. Dasa Karmakara दास कर्मकार	(III) Free formars स्वतंत्र कृषक
	(IV) Village headman भू-स्वामी (ग्राम प्रमुख)

	A	B	C
(a)	(IV)	(III)	(I)
(b)	(II)	(III)	(I)
(c)	(IV)	(II)	(I)
(d)	(II)	(IV)	(I)

Ans. (a) : सही सुमेलित है–

ग्राम भोजक	भू-स्वामी (ग्राम प्रमुख)
गृहस्पति	स्वतंत्र कृषक
दास कर्मकार	दूसरों की जमीन पर काम करने वाले

8. Consider the following statements :
Statement-I :
The Ryotwari system of revenues built a direct relationship with the cultivators and tillers.
Statement-II :
The Ryotwari system emphasised the extraction of revenue through the village headman.
Choose the correct option :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें
कथन-(I) :
राजस्व की रैयतवारी व्यवस्था ने किसानों (रैयतों) और खेतिहर कृषकों के बीच सीधा संबंध स्थापित किया।
कथन-(II) : रैयतवारी व्यवस्था ने ग्राम प्रमुख के माध्यम से राजस्व की उगाही पर बल दिया।
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) (A) is true, (B) is false./(A) सही है, (B) गलत है।
(b) (A) is false, (B) is true./(A) गलत है, (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।

Ans. (a) : मद्रास के तत्कालीन गवर्नर टॉमस मुनरो ने रैय्यतवाड़ी व्यवस्था आरम्भ की। यह व्यवस्था मद्रास, मुंबई एवं असम के कुछ भागों में लागू की गई। रैय्यतवाड़ी व्यवस्था के तहत लगभग 51 प्रतिशत भूमि आई। इसमें रैय्यतों या किसानों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया गया। अब किसान (रैय्यत) स्वयं कंपनी को भू-राजस्व देने के लिए उत्तरदायी थे। इस व्यवस्था में भू-राजस्व का निर्धारण उपज के आधार पर नहीं बल्कि भूमि की क्षेत्रफल के आधार पर किया गया। अतः कथन (I) सही है और (II) गलत है।

9. Match the following social reformers with their work.
निम्नलिखित सामाजिक सुधारकों को उनके कार्य के साथ सुमेलित कीजिए :

A. Jyoti Rao Phule ज्योतिराव फूले	(I) started schools for girls in Patna and Calcutta./पटना और कलकत्ता में लड़कियों के लिए स्कूल खोले।
B. Begum Rokeya Sakhawat/ बेगम रूकैया सखावत	(II) founded widow's home in Poona/ पूना में विधवागृह की स्थापना की।
C. Tarabai Shinde ताराबाई शिंदे	(III) opened schools for girls in Maharashtra./महाराष्ट्र में लड़कियों के लिए स्कूल खोले।
D. Pandita Ramabai पंडिता रमाबाई	(IV) wrote "Stripurushtulna."/ स्त्रीपुरूषतुलना लिखी

	A	B	C	D
(a)	(I)	(IV)	(II)	(III)
(b)	(III)	(I)	(IV)	(II)
(c)	(II)	(III)	(I)	(IV)
(d)	(IV)	(II)	(III)	(I)

Ans. (d) : सही सुमेलित है–

सामाजिक सुधारक	उनके द्वारा किये गये कार्य
ज्योतिराव फूले	महाराष्ट्र में लड़कियों के लिए स्कूल खोले
बेगम रूकैया सखावत	पटना और कलकत्ता में लड़कियों के लिए स्कूल खोले
ताराबाई शिंदे	स्त्रीपुरुष तुलना लिखी
पंडित रामाबाई	पूना में विधवा गृह की स्थापना की

10. If Ved Samaj condemned the superstitions of orthodox Hinduism, Prathana Samaj sought _____.

अगर वेद समाज ने रूढ़िवादी हिंदुत्व के अंधविश्वासों की सख्त निंदा की तो प्रार्थना समाज ने _____ प्रयास किया।

(a) removal of caste restrictions/जातीय बंधनों के उन्मूलन के लिए
(b) freedom of thought/विचारों की स्वतंत्रता के लिए
(c) introduction of Western Science to Muslims/मुसलमानों को पश्चिमी विज्ञान से परिचित कराने के लिए
(d) permission for child marriage/बाल विवाह की अनुमति के लिए

Ans. (a) : अगर वेद समाज ने रूढ़िवादी हिन्दुत्व के अंधविश्वासों की सख्त निंदा की तो प्रार्थना समाज ने जातीय बंधनों के उन्मूलन के लिए प्रयास किया। प्रार्थना समाज ने रानाडे के नेतृत्व में जाति प्रथा, बाल-विवाह, मूर्ति पूजा तथा हिन्दू समाज की अन्य कुरीतियों के विरुद्ध आंदोलन किया।

11. Which of the following statements is true in case of social reform and caste abolition?

(A) Rammohun Roy wrote pamphlets written as a dialogue to spread his ideas.
(B) Singh Sabha leaders promoted modern education and Sikh teachings.
(C) Periyar's teachings promoted the idea of equality through religion.
Choose the correct option.

निम्नलिखित में से कौन से कथन सामाजिक सुधार और जातीय उन्मूलन के संदर्भ में सही है?

(A) राममोहन राय ने अपने विचारों के प्रसार के लिए पर्चे लिखे जो संवाद के रूप में थे।
(B) सिंह सभा के नेताओं ने आधुनिक शिक्षा और सिख सिद्धांतों का प्रोत्साहन किया।
(C) पेरियार के शिक्षण में समानता का विचार धर्म के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया।
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A) and (B) /केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C) /केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C) /(A), (B) और (C)

Ans. (a) : पेरियार द्वारा शुरू किया गया आत्म-सम्मान आंदोलन का उद्देश्य हिन्दू सामाजिक व्यवस्था को उसकी समग्रता में शामिल करना और जाति, धर्म और ईश्वर के बिना एक नया, तर्क संगत समाज बनाना था। पेरियार समाज में व्याप्त सभी असमानताओं के लिए धर्म को उत्तरदायी मानते थे। पेरियार की राय में धर्म वास्तव में सभी बुराइयों का स्रोत हैं, अतः उन्होंने हिन्दू धर्म की आलोचना शुरू कर दी। कथन (A) और (B) सही है तथा (C) गलत है।

12. Arrange the following statements from earliest to recent, to reflect the emergence of Nationalism :

राष्ट्रवाद के उदय को प्रतिबिम्बित करने के लिए निम्नलिखित को प्रारंभिक से नूतन क्रम मे लगाएँ :

(A) Rise of consicousness that Indian people should be sovereign./भारतीय लोगो को संम्प्रभु होना चाहिए यह चेतना जागृत हुई।
(B) Withdrawal of Ilbert Bill/इल्बर्ट बिल को वापस लेना।
(C) Formation of Indian National Congress./भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना
(D) Enstament of Vernacular Press Act./वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का पारित होना।

(a) (C), (B), (A) and (D)/ (C), (B), (A) और (D)
(b) (B), (A), (D) and (C)/ (B), (A), (D) और (C)
(c) (A), (D), (B) and (C)/ (A), (D), (B) और (C)
(d) (D), (C), (A) and (B)/ (D), (C), (A) और (B)

Ans. (c) : राष्ट्रवाद के उदय को प्रतिबिंबित करने का प्रारंभिक से नूतन क्रम - भारतीय लोगों को सम्प्रभू होना चाहिए, यह चेतना जागृत हुई। वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का पारित होना (1878), इल्बर्ट बिल को वापस लेना (1883), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना (1885)।

13. The moderate leaders of the National Movement _____.

राष्ट्रीय आंदोलन के मध्यमार्गी नेताओं _____

(a) felt British had no respect for the ideas of freedom when it came to Indians' just demands./को लगता था कि अंग्रेज स्वतंत्रता के आदर्शों का सम्मान तब नहीं करते जब भारतीयों की न्यायसंगत माँगों की बात आती है।
(b) emphasized self reliance and constructive work./ने आत्मनिर्भरता तथा रचनात्मक कामों पर बल दिया।
(c) politics of prayers had failed./की निवेदन की राजनीति विफल रही।
(d) mobilised public opinion against the economic ruin of the country./ने देश की आर्थिक तबाही के विरूद्ध जनमत निर्माण किया।

Ans. (d) : राष्ट्रीय आंदोलन के मध्यमार्गी नेताओं ने देश की आर्थिक तबाही के विरुद्ध जनमत निर्माण किया। उदारवादी नेता प्रारंभिक राष्ट्रवादी भारत के ब्रिटिश शोषण की व्याख्या करते हुए धन के निकासी सिद्धान्त के साथ आगे आए। इस प्रकार ब्रिटिश शासन में भारत के गरीबी और आर्थिक पिछड़ेपन का प्रमुख कारण होने के बारे में अखिल भारतीय राय बनाई। उन्होंने अपने भाषणों में ब्रिटिश शासन की आलोचना की और जनमत जुटाने के लिए देश के विभिन्न भागों में प्रतिनिधि भेजे।

14. Consider the following statements :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

Statement - I :/कथन - (I)

Second five year plan was formulated in 1954.
1954 में दूसरी पंचवर्षीय योजना तैयार की गई।

Statement-II :/कथन-(II) :

Second five year plan focused on development of heavy industries under the control of private players.
दूसरी पंचवर्षीय योजना में निजी संस्थानों के नियंत्रण में भारी उद्योगों के विकास पर बल दिया गया।

(a) Both (I) and (II) are true/(I) और (II) दोनों सही हैं।
(b) Both (I) and (II) are false/(I) और (II) दोनों गलत है।
(c) (I) is true but (II) is false./(I) सही है परन्तु (II) गलत है।
(d) (I) is false but (II) is true./(I) गलत है परन्तु (II) सही है।

Ans. (b) : दूसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि 1956–51 तक थीं दूसरी पंचवर्षीय योजना में सार्वजनिक क्षेत्र के नियंत्रण में भारतीय उद्योगों के विकास पर बल दिया गया। दूसरी पंचवर्षीय योजना में भिलाई, दुर्गापुर और राउरकेला में इस्पात संयंत्रों का निर्माण किया गया। दूसरी पंचवर्षीय योजना पी0सी0 महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी। अतः कथन (I) और (II) दोनों गलत हैं।

15. Consider the following statement regarding Solar System./सौर मंडल के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(A) Inner planets are made of gases and liquids whereas outer planets are made of rocks./आंतरिक ग्रह गैस और तरल पदार्थों से बने होते हैं जबकि बाह्य ग्रह चट्टानों से बने होते है।
(B) Outer planets are bigger in size as compared to inner planets and some of the outer planets have rings around them./बाह्य ग्रह आंतरिक ग्रहों की तुलना में बड़े आकार के होते हैं और कुछ बाह्य ग्रहों के चारों ओर छल्लें हैं।

Choose the correct option./सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (B) are true./(A) और (B) दोनों सही है।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।
(c) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true./(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (d) : आंतरिक ग्रह (बुध, शुक्र, मंगल, पृथ्वी) चट्टानों से बने होते हैं। जबकि वाह्य ग्रह गैस में लिपटे हुए विशाल ग्रह है। वाह्य ग्रह (बृहस्पति, शनि, अरूण, वरूण) आंतरिक ग्रहों की तुलना में बड़े आकार के होते है और कुछ वाह्य ग्रहों के चारों ओर छल्ले (शनि) होते है। अतः (A) गलत है लेकिन (B) सही है।

16. Which of the following are Antarctic Substations of India?
निम्न में से कौन से अंटार्कटिक में भारत के सब स्टेशन है?

(A) Maitri/मैत्री
(B) Dakshin Gangotri/दक्षिण गंगोत्री
(C) Bharti/भारती
(D) Aditi/अदिति

(a) (A) and (D) only./केवल (A) और (D)
(b) (B) and (C) only./केवल (B) और (C)
(c) (A), (B) and (C) only./केवल (A), (B) और (C)
(d) (B), (C) and (D) only./केवल (B), (C) और (D)

Ans. (c) : दक्षिण गंगोत्री (पहला), मैत्री (दूसरा 1989), तथा भारती (तीसरा, 2012) अंटार्कटिक में भारत के सब स्टेशन हैं। भारती, वर्ष 2012 से भारत का नवीनतम अनुसंधान स्टेशन है। इसका निर्माण खराब मौसम में शोधकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया गया है।

17. Tropic of Cancer, Equator and Tropic of Capricorn do not pass through which of the following continent/s?
कर्क रेखा, विषुवत रेखा और मकर रेखा निम्नलिखित में से किन महाद्वीप/महाद्वीपों से नहीं गुजरती है?

(a) North America and Antarctica/उत्तर अमेरिका और अंटार्कटिका
(b) Australia and Antarctica/आस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका
(c) Europe and Antarctica/यूरोप और अंटार्कटिका
(d) Only Antarctica/केवल अंटार्कटिका

Ans. (c) : कर्क रेखा, विषुवत रेखा और मकर रेखा यूरोप और अंटार्कटिका महाद्वीपों से नहीं गुजरती हैं।

18. The longitude of 82 ½° E is trated as the standard meridian for India. It passes through which of the following region?
भारत में 82 ½° पू. को मानक याम्योत्तर माना गया है। यह रेखा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से होकर गुजरती है।

(a) Great Indian Desert/भारतीय महामरुस्थल
(b) Western Ghats/पश्चिमी घाट
(c) Suderban Delta/सुन्दरवन डेल्टा
(d) Eastern Ghats/पूर्वी घाट

Ans. (d) : भारत में $82\frac{1}{2}^0$ पू0 को मानक याम्योत्तर रेखा माना गया है। यह रेखा पूर्वी घाट से होकर गुजरती है। भारतीय मानक समय रेखा भारत के पाँच राज्यों - उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा एवं आन्ध्र प्रदेश से होकर गुजरती है।

19. Which type of vegetation occur in the Western Ghats?
पश्चिमी घाट में किस तरह की वनस्पति पाई जाती है?

(a) Tropical rain forest on the Western slopes and thorny bushes on the Eastern slopes./पश्चिमी ढालों पर उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन तथा पूर्वी ढालों पर कंटीली झाड़ियाँ
(b) Thorny bushes on the Western slopes and tropical rain forest on the Eastern slopes/पश्चिमी ढालों पर कंटीली झाड़ियाँ तथा पूर्वी ढालों पर उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन
(c) Tropical rain forest on the both slopes./दोनों ढालों पर उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन
(d) Thorny bushes on the both slopes./दोनों ढालों पर कंटीली झाड़ियाँ

Ans. (a) : पश्चिमी घाट में पश्चिमी ढ़ालों पर उष्णकटिबंधीय वर्षा वन तथा पूर्वी ढालों पर कटीली झाड़ियाँ तरह की वनस्पति पायी जाती है। पश्चिमी ढलानों में उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय (चौड़ी पत्ती वाले) वन हैं, जिसमें मुख्यतः रोजवुड, महोगनी, देवदार आदि शामिल है। पश्चिमी घाट के पूर्वी ढ़लानों में मुख्य रूप से सागौन, साल, शीशम, जैसे शुष्क और आर्द्र पर्णपाती वन है।

20. Cave painting in Sahara desert depicts rivers and different kinds of animals. It shows that :
सहारा मरुस्थल के गुफा चित्रों में नदियों और विभिन्न प्रकार के जानवरों को दिखाया गया है। यह दर्शाता है कि:

(a) People of Sahara had been highly imaginative./सहारा के लोग बहुत कल्पनाशील थे।
(b) People of Sahara had travelled across the world./सहारा के लोग दुनिया घूमे हुए थे।
(c) Climatic change occurred in the Saharan area./सहारा के क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन हुआ था।
(d) Foreigners were staying in Sahara./विदेशी सहारा के क्षेत्र में रहते थे।

Ans. (c) : सहारा मरुस्थल के गुफा चित्रों में नदियों और विभिन्न प्रकार के जानवरों को दिखाया गया है। जो यह दर्शाता है कि सहारा क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन हुआ था। हजारों साल पहले सहारा रेगिस्तान बहुत सारे पानी के श्रोतों, वनस्पति और वन्य जीवन के साथ आज से बहुत अलग था। चाड़ में एनेडी की गुफाओं से गुफा चित्र और पेट्रोग्लिफ, अतीत में सहारा रेगिस्तान कैसा था, इस बारे में और जानने के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

21. Assertion (A) : Short stunted trees and grasses form the grasslands.
कथन-(A) : छोटे आकार वाले वृक्ष और घास, घास-स्थलों का निर्माण करते है।
Reason (R) : Amount of moisture regulates the sizes of trees and their density.
कारण-(A) : आर्द्रता की मात्रा वृक्षों के आकार और उसके घनत्व को प्रभावित करती है।
Choose the correct option.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explantion of (A)./(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./)./(A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false/(A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : वनस्पति की वृद्धि मुख्य रूप से तापमान और आर्द्रता पर निर्भर करती है। भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में विशाल वृक्ष उग सकते हैं। इस प्रकार वन प्रचुर जल आपूर्ति वाले क्षेत्रों में ही पाए जाते है। जैसे-जैसे आर्द्रता कम होती है। वैसे-वैसे वृक्षों का आकार और उनकी सघनता कम हो जाती है। सामान्य वर्षा वाले क्षेत्रों में छोटे आकार वाले वृक्ष और घास उगती है जिससे विश्व के घास स्थलों का निर्माण होता है। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

22. Which of the following is a permanent wind?
निम्नलिखित में से कौन सी स्थायी पवनें हैं?

(a) Easterlies and Monsoon winds/पूर्वी पवनें मानसूनी पवनें
(b) Loo and Monsoon winds/लू और मानसूनी पवनें
(c) Sea breeze and Westerlies/समुद्री समीर और पश्चिमी पवनें
(d) Trade winds and Westerlies/व्यापारिक पवनें और पश्चिमी पवनें

Ans. (d) : व्यापारिक पवनें और पश्चिमी पवनें स्थायी पवनें है। स्थायी पवनें पूरे वर्ष चलती है। इसलिए इन्हें स्थायी पवनें कहते है। स्थायी पवनों के प्रकार –
1. व्यापारिक पवनें
2. पूर्वी हवाएँ
3. पश्चिमी पवनें

23. Consider the following statements (A) and (B) about the winds :
पवनों के बारे में दिए गए निम्न दो कथनों (A) और (B) पर ध्यान दें:

(A) The wind blows from high pressure to low pressure.
पवनें उच्च दाब से निम्न दाब की ओर बहती है।
(B) Rotation of the earth is also one of the factor which affects the direction of the winds.
पवनों की दिशा निर्धारण में पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना भी एक कारक के रूप में प्रभावित करता है।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(a) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A)./दोनों (A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (B), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A)./दोनों (A) तथा (B) सही हैं किन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) is true but (B) is false./(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(d) (A) is false but (B) is true/(A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

Ans. (b) : वायुदाब में क्षैतिज विषमताओं के कारण हवा उच्च वायुदाब क्षेत्र से निम्न वायुदाब क्षेत्र की ओर बहती है। पवनों की दिशा निर्धारण में पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना भी एक कारक के रूप में प्रभावित करता है। (कोरिऑलिस बल के प्रभाव के कारण) अतः कथन (A) और (B) दोनों सही है किन्तु (B), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

24. Read the following statements (A) and (B) :
निम्नलिखित कथनों (A) तथा (B) को पढ़ें :

(A) Due to varied climatic conditions, India has a wide range of natural vegetation.
विभिन्न जलवायविक दशाओं के चलते भारत में प्राकृतिक वनस्पतियों में काफी भिन्नता पाई जाती है।

(B) Natural vegetation of any area is dependent only on rainfall in that area.
किसी क्षेत्र विशेष की प्राकृतिक वनस्पति केवल वहाँ पर होने वाली वर्षा पर निर्भर करती है।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) is true./केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true./केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true./दोनों (A) तथा (B) सही हैं।
(d) Neither (A) is true nor (B)/न तो (A) सही है ना ही (B) सही है।

Ans. (a) : मिट्टी और जलवायु में विभिन्नता के कारण भारत में प्राकृतिक वनस्पतियों में काफी भिन्नता पायी जाती है। किसी क्षेत्र विशेष की वनस्पति वहाँ पर होने वाली वर्षा और तापमान पर निर्भर करती है। यह मिट्टी की मोटाई और ढलान जैसे कारकों पर भी निर्भर करती है। अतः केवल कथन (A) सही है।

25. Prince Charles mountains, which is associated with iron ore is located in :
लौह अयस्क से सम्बद्ध प्रिंस चार्ल्स पर्वत अवस्थित है-
(a) Australia/ऑस्ट्रेलिया में
(b) Antarctica/अंटार्कटिका में
(c) North America/उत्तर अमेरिका में
(d) South America/दक्षिण अमेरिका में

Ans. (b) : लौह अयस्क से सम्बद्ध प्रिंस चार्ल्स पर्वत अंटार्कटिका में अवस्थित है।

26. Which of the given factors can change any substance into resource?
दिए गए कौन से कारक किसी भी पदार्थ को संसाधन में परिवर्तित कर सकते हैं।
(A) Time/समय
(B) Technology/प्रौद्योगिकी
(C) Need/जरूरत
(a) (A) and (B) only./केवल (A) और (B)
(b) (B) and (C) only./केवल (B) और (C)
(c) (A) and (C) only./केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)./(A), (B) और (C)

Ans. (d) : समय और प्रौद्योगिकी दो महत्वपूर्ण कारक है जो किसी पदार्थ को संसाधनों में बदल सकते है। दोनों लोगों की जरूरतों से सम्बन्धित है। कोई भी वस्तु जिसकी हमारे लिए कुछ उपयोगिता होती है, संसाधन कहलाती है। संसाधनों को आमतौर पर निम्न प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है– प्राकृतिक एवं मानव निर्मित और मानव संसाधन।

27. Which of the following plantations are found in the tropical regions of the world?
निम्नलिखित में से कौन सी रोपण कृषि विश्व के उष्ण कटिबंधीय प्रदेशों में पाई जाती है?
(A) Rubber in Malaysia/मलेशिया में रबड़
(B) Coffee in Brazil/ब्राजील में कॉफी
(C) Tea in India/भारत में चाय
(D) Maize in Canada/कनाडा में मक्का
(a) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(b) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(c) Only (A), (C) and (D)/केवल (A), (C) और (D)
(d) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

Ans. (b) : रोपण कृषि वाणिज्यिक कृषि का एक प्रकार है जहाँ चाय, काजू, रबड़, केला अथवा कपास की एकल फसल उगाई जाती है। इसमें वृहत पैमाने पर श्रम और पूंजी की आवश्यकता होती है। रोपण कृषि के मुख्य क्षेत्र विश्व के उष्ण कटिबंधीय प्रदेशों में पाये जाते हैं। मलेशिया में रबड़, ब्राजील में कॉफी, भारत और श्रीलंका में चाय इसके कुछ उदाहरण है।

28. Dr. Bhim Rao Ambedkar converted to which religion in search of equality?
समानता की खोज में डा. भीम राव अंबेडकर ने धर्म परिवर्तन कर किस धर्म को अपनाया?
(a) Jainism/जैन धर्म
(b) Christianity/इसाई धर्म
(c) Buddhism/बौद्ध धर्म
(d) Islam/इस्लाम

Ans. (c) : समानता की खोज में डा0 भीमराव अंबेडकर ने धर्म परिवर्तन कर 14 अक्टूबर, 1956 को अपने 3 लाख से अधिक अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म धारण किया था तथा बुद्ध आदर्शों का पालन करने की शपथ ली थी।

29. Which among the following is NOT a valid example of diversity?
निम्नलिखित में से क्या विविधता का एक वैध उदाहरण नहीं है?
(a) A village has members of different communities who practice different religion./एक गांव में अलग-अलग समुदाय के लोग हैं जो अलग-अलग धर्मों का पालन करते है।
(b) A village has people belonging to different castes who are seen in hierarchical manner./एक गांव में अलग-अलग जाति के लोग हैं जिन्हें पदानुक्रमित तरीके से देखा जाता है।

(c) A village has a public place where different festivals are celebrated./एक गांव में एक सार्वजनिक स्थान है जहाँ अलग-अलग त्योहारों को मनाया जाता है।

(d) A village has many people who speak Hindi and some also English and they often engage in common coversation./एक गांव में कई लोग हिन्दी बोलते है और कुछ अंग्रेजी बोलते हैं और वे सब अक्सर सामान्य वार्तालाप करते है।

Ans. (b) : एक गाँव में अलग-अलग जाति के लोग है जिन्हें पदानुक्रमित तरीके से देखा जाता है विविधता का वैध उदाहरण नहीं है। गरीबी-अमीरी, जाति व्यवस्था विविधता का उदाहरण न होकर असमानता का उदाहरण है। जबकि दिये गये अन्य विकल्प धार्मिक, भाषयी और सांस्कृतिक विविधता के उदाहरण है।

30. What is the more popular name for the Council of States in India?
काउंसिल ऑफ स्टेट्स का भारत में ज्यादा प्रचलित नाम क्या है?

(a) Sansad/संसद
(b) Lok Sabha/लोक सभा
(c) Rajya Sabha/राज्य सभा
(d) Vidhan Sabha/विधान सभा

Ans. (c) : भारत की संसद में राष्ट्रपति के साथ दो अन्य सदन होते हैं, जो लोक सभा (हाउस ऑफ पीपल) और राज्य सभा (काउंसिल ऑफ स्टेट्स) में विभाजित है।

31. The "questions hour" in the Parliament ensures _____
संसद में 'प्रश्नकाल' _____ सुनिश्चित करता है।

(a) Executive accountability towards legislature./कार्यपालिका की विधायिका के तरफ जवाबदेही
(b) Judicial independence from legislature./न्यायपालिका की विधायिका से स्वतंत्रता
(c) Legislative control over judiciary./विधायिका की न्यायपालिका पर नियंत्रण
(d) Judicial cooperation with the legislature./न्यायपालिका का विधायिका के साथ सहयोग

Ans. (a) : संसद में प्रश्नकाल कार्यपालिका की विधायिका के तरफ जवाबदेही सुनिश्चित करता है। सामान्यतया, लोकसभा की बैठक का पहला घंटा प्रश्नों के लिए होता है और उसे प्रश्नकाल कहा जाता है। प्रश्न चार प्रकार के होते है– तारांकित, अतारांकित, अल्प सूचना प्रश्न और गैर सरकारी सदस्यों से पुछे गए प्रश्न।

32. Which among the following is not a type of market?
निम्नलिखित में से क्या बाजार का एक प्रकार नहीं है?

(a) Weekly Market/साप्ताहिक बाजार
(b) Shopping Complex/शॉपिंग कॉम्पलेक्स
(c) Putting-Out System/दादन व्यवस्था
(d) Malls/मॉल

Ans. (c) : दादन व्यवस्था बाजार का एक प्रकार नहीं है। यह घरेलू स्तर पर निर्मित वस्तुओं को खरीदने और बेचने की एक पुरानी प्रथा थी जिसमें व्यापारी कच्चे माल की आपूर्ति करते थे। बाजार से अभिप्राय किसी दिये गये क्षेत्र में उस व्यवस्था से है जिसके द्वारा वस्तुओं के क्रय-विक्रय के लिए क्रेता तथा विक्रेता प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सम्पर्क में आते है। साप्ताहिक बाजार, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल बाजार के प्रकार है।

33. What is the disadvantage for a weaver in the "Putting-Out System" of making a living?
जीविकोपार्जन के लिए अपनाए गए 'दादन व्यवस्था' से एक बुनकर को क्या नुकसान होता है?

(a) Weaver is supplied the new material by the merchant./बुनकर को व्यापारी द्वारा कच्चा माल पहुँचाया जाता है।
(b) Weaver has to bear the cost of transportation of clothes to market./बुनकर को कपड़ा बाजार तक ले जाने का परिवहन लागत देना पड़ता है।
(c) Weaver has no control over pricing of cloth in market and the merchant walks away with the profit./बाजार में कपड़े के मूल्य पर बुनकर का कोई नियंत्रण नहीं होता और सारा मुनाफा व्यापारी का हो जाता है।
(d) Weaver has to work from his/her home in Weaving the yarn into cloth./बुनकर को सूत काटकर कपड़ा बुनने का काम घर से करना होता है।

Ans. (c) : जीविकोपार्जन के लिए अपनाए गए 'दादन व्यवस्था' से एक बुनकर का बाजार में कपड़े के मूल्य पर कोई नियंत्रण नहीं होता है और सारा मुनाफा व्यापारी का हो जाता है। इस व्यवस्था में बुनकरों के पास यह जानने का कोई साधन नहीं है कि वे किसके लिए कपड़ा बना रहे है और वह किस कीमत पर बेचा जाएगा। इस तरह से बाजार का झुकाव व्यापारियों के हित में ही अधिक होता है। भारत के अनेक क्षेत्रों में कपड़ा बुनाई के उद्योग में यह व्यवस्था प्रचलित है।

34. Rosa Parks' refused to give up her seat to a White man in a bus. This was the commencement of which great movement in modern history?
रोज़ा पार्क्स ने बस में एक श्वेत पुरुष के लिए अपनी सीट देने से इनकार किया। यह आधुनिक इतिहास में किस बड़े आन्दोलन की शुरूआत थी?

(a) Civil Rights movement in United States of America./संयुक्त राज्य अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन
(b) Anti-Apartheid movement in South Africa./दक्षिण अफ्रीका का रंगभेद विरोधी आन्दोलन
(c) French Revolution in France./फ्रांस की फ्रांसीसी क्रान्ति
(d) Women's Suffrage movement in England./इंग्लैंड का महिला मताधिकार आन्दोलन

Ans. (a) : रोजा पार्क्स एक अफ्रीकी-अमेरीकी कार्यकर्त्ता थी जिन्हें अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन की जननी के रूप में जाना जाता है। 1955 में अलबामा प्रांत में रोजा पार्क्स ने बस में एक श्वेत पुरुष के लिए अपनी सीट देने से इंकार कर दिया था। रोजा पार्क्स के नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन का असर सिविल राइट एक्ट के रूप में सामने आया जिसे अमेरिकी कांग्रेस ने 1964 में लागू कियाा था।

35. What are Anganwadis?
आंगनवाड़ी क्या है?

(a) Women Protection Homes/महिला संरक्षण गृह
(b) Child-Care Centres/बालगृह
(c) Mid-Day Meal Centres/मिड-डे मील केन्द्र
(d) Old-Age Homes/वृद्ध आश्रम

Ans. (b) : आंगनबाड़ी एक बालगृह है। आंगनबाड़ी राज्यों अथवा केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जो भारत में ग्रामीण बच्चों और मातृ देखभाल केन्द्र के रूप में कार्य करती है। एक कार्यक्रम के तौर पर इसकी शुरूआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 1975 में बाल कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए की गई थी।

36. The Right to move courts incase a citizen's Fundamental Rights are voilated has been established by which of the following?
किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर उसके द्वारा न्यायालय में जाने का अधिकार निम्नलिखित में से कौन सुनिश्चित करता है?

(a) Right against exploitation/शोषण के विरूद्ध अधिकार
(b) Right to Constitutional Remedies/संवैधानिक उपचार का अधिकार
(c) Right to Life/जीवन का अधिकार
(d) Right to Personal Liberties/व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. (b) : भारतीय संविधान का अनुच्छेद 32 (संवैधानिक उपचारों का अधिकार) किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर उसके द्वारा न्यायालय में जाने का अधिकार सुनिश्चित करता है। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने इस अधिकार को 'संविधान की आत्मा और हृदय' कहा है।

37. Consider the following statements and identify the misuse of authority and power :
निम्न कथनों पर विचार कीजिए और पहचानिए कि कहाँ सत्ता एवं शक्ति का दुरुपयोग हो रहा है:

(A) A minister refuses to sanction a project of his ministry for sound technical reasons./मंत्री द्वारा ठोस तकनीकी कारणों के चलते परियोजना को मंजूरी न देना।
(B) A senior officer calling the police station to ask them not to register a complaint against a relative./उच्च अधिकारी द्वारा पुलिस स्टेशन में फोन करके रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज न करने के लिए कहना।
(C) Falsely accusing a poor student in a class by the class monitor./कक्षा मॉनीटर द्वारा एक गरीब छात्र पर झूठा आरोप लगाना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (B)/केवल (B)
(b) Both (A) and (B)/दोनों (A) तथा (B)
(c) Both (B) and (C)/दोनों (B) तथा (C)
(d) All (A), (B) and (C)/सभी (A), (B) तथा (C)

Ans. (c) : उच्च अधिकारी द्वारा पुलिस स्टेशन में फोन करके रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज न करने के लिए कहना और कक्षा मॉनीटर द्वारा एक गरीब छात्र पर झूठा आरोप लगाना सत्ता एवं शक्ति के दुरूपयोग का उदाहरण है।

38. Which among the following statements is true about Judiciary in India?
भारत में न्यायपालिका के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही है?

(a) There is not hierarchy between different levels of the judiciary./न्यायपालिका के विभिन्न स्तर पदानुक्रमित व्यवस्था में नहीं है।
(b) The Chief Justice of a High Court is the highest judge in the country./एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश देश का सर्वोच्च न्यायाधीश होता है।
(c) An appeal can be made in a High Court against a judgement passed by the Supreme Court./उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक उच्च न्यायालय में सुनवाई की मांग की जा सकती है।
(d) Different levels of court are connected with each other trough an appellate system./न्यायपालिका के विभिन्न स्तर एक-दूसरे से अपील व्यवस्था के द्वारा जुड़े हुए हैं।

Ans. (d) : भारत में न्यायपालिक के 3 स्तर पाये जाते हैं, जिनमें सर्वोच्च स्थान पर भारत का उच्चतम न्यायालय है। ये एक दूसरे से अपील व्यवस्था द्वारा जुड़े हुए है। सर्वोच्च न्यायालय भारत का सर्वोच्च अपीलीय न्यायालय है। अन्य दिये गये विकल्प गलत है।

39. Hakim Seikh and Paschim Banga Khet Mazdoor Samiti had filed a petition in the court to ensure which of the following?
हाकिम शेख एवं पश्चिम बंग खेत मजदूर समिति ने निम्नलिखित में से क्या मुहैया करवाने के लिए न्यायलय में याचिका दायर की थी?

(a) Medical Aid and health care/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ
(b) Minimum wage/न्यूनतम आय
(c) Right to shelter/आश्रय का अधिकार
(d) Land rights/भूमि अधिकार

Ans. (a) : हाकिम शेख एवं पश्चिम बंग खेल मजदूर समिति ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया करवाने के लिए न्यायालय में याचिका दायर की थी।

40. Stereotyping a community often results in its _____.
किसी समुदाय के बारे में रुढ़िबद्ध धारणाएँ अक्सर उसके _____का कारण बनती हैं।
(a) development /विकास
(b) empowerment/सशक्तिकरण
(c) marginalisation/हाशियाकरण
(d) diversification/विविधीकरण

Ans. (c) : किसी समुदाय के रूढ़िबद्ध धारणाएँ अक्सर उसके हाशियाकरण का कारण बनती है। किसी समूह के सभी सदस्यों के बारे में विश्वासों का ऐसा संग्रह जिसमें विवेकपूर्ण आधार की कमी होती है रूढ़िवादिता कहलाती है।

41. While teaching social history, teachers need to be sensitive because :
सामाजिक इतिहास के शिक्षण के समय, शिक्षक को संवेदनशील होना चाहिए क्योंकि ;
(A) the past is context based./इतिहास संदर्भ आधारित है।
(B) there are multiple pasts./यहाँ बहुलित इतिहास हैं।
(C) the past is singular and monolithic./इतिहास अखंड एवं विशिष्ट है।
(D) the past is not contentions./इतिहास विवादास्पद नहीं है।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(c) Only (C) /केवल (C)
(d) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

Ans. (b) : सामाजिक इतिहास, इतिहास की शाखा जो राज्य के मामलों के बजाय सामाजिक संरचनाओं और समाज में विभिन्न समूहों की बातचीत पर जोर देती है। सामाजिक इतिहास के शिक्षण के समय, शिक्षक को संवेदनशील होना चाहिए क्योंकि :
* सामाजिक इतिहास वर्तमान घटनाओं की व्याख्या करता है इसलिए, उन मुद्दों की पहचान करना जो वर्तमान में प्रासंगिक है, उन उद्देश्यों में से एक है जिन्हें इतिहास पढ़ाने के दौरान ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए।
* इतिहास संदर्भ आधारित है।
* यहाँ बहुलित इतिहास है।

42. What is the motive behind renaming civics as Social and Political life at upper primary level?
उच्च प्राथमिक स्तर पर नागरिक शास्त्र की पुस्तकों का नामकरण 'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' करने के पीछे बढ़ते प्रतिरोध की पृष्ठभूमि में शामिल किया गया था।
(A) Civics appeared in the Indian school curriculum in the colonial period against the background of increasing resistance among Indians towards Raj.
औपनिवेशिक काल में भारतीय स्कूली पाठ्यचर्या में नागरिक शास्त्र को ब्रिटिश राज के प्रति भारतीयों के बीच बढ़ते प्रतिरोध की पृष्ठभूमि में शामिल किया गया था।
(B) Social and Political Life draw its learning experiences mostly from History and Economics.
'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' अपने सीखने के अनुभवों को मुख्यतः इतिहास और अर्थशास्त्र से इकट्ठा करता है।
(C) Social and Political life is based on real life situations which was practical situation to teach concepts.
'सामाजिक और राजनैतिक जीवन' वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित है जो प्रत्येक संकल्पना के लिए व्यवहारिक स्थितियों का प्रयोग करत है।
(a) Only (A) is correct/केवल (A) सत्य है।
(b) (A) and (B) are correct/(A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(c) (A) and (C) are correct/(A) और (C) सत्य हैं।
(d) (A), (B) and (C) are correct/(A), (B) और (C) तीनों सत्य है।

Ans. (c) : 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन (एस पी एल)' उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम का एक नया शिक्षण क्षेत्र है जो 'नागरिकशास्त्र' की जगह लेता है। एन सी एफ (NCF) 2005 ने टिप्पणी की कि राज्य के प्रति भारतीयों में बढ़ती 'असंतोष' की पृष्ठभूमि दिखाई दिया। आज्ञाकारिता और वफादारी पर जो नागरिक शास्त्र की पुस्तकों का नामकरण 'सामाजिक और राजनैतिक जीवन'' करने के पीछे उद्देश्य हैं–
* औपनिवेशिक काल में भारतीय स्कूली पाठ्यचर्या में नागरिकशास्त्र को ब्रिटिश राज के प्रति भारतीयों के बीच बढ़ते प्रतिरोध की पृष्ठभूमि में शामिल कियाा गया था।
* ''सामाजिक और राजनैतिक जीवन'' वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित है जो प्रत्येक संकल्पना के लिए व्यावहारिक स्थितियों का प्रयोग करती हैं।

43. Which pedagogical strategy would encourage meaning-making in learners of upper primary stage?
कौन सी शिक्षाशास्त्रीय रणनीति उच्च प्राथमिक स्तर के अधिगमकर्ताओं में अर्थ निकालने को प्रोत्साहित करेगी?
(a) Giving a lot of information by going beyond the textbook./पाठ्यपुस्तक से परे जाकर बहुत सारी सूचनाएँ प्रदान करना।
(b) Asking learners to explore and discuss in the classroom./अधिगमकर्ता को कक्षा में अन्वेषण करने एवं चर्चा करने के लिए कहना।
(c) Use punishment for every worng answer./प्रत्येक गलत उत्तर के लिए दंड का प्रयोग
(d) Use uniform and standardised tests./समान एवं मानकीकृत किए हुए परीक्षणों का प्रयोग।

Ans. (b) : अधिगमकर्ताओं को कक्षा में अन्वेषण करने एवं चर्चा करने के लिए कहना शिक्षाशास्त्री रणनीति उच्च प्राथमिक स्तर के अधिगमकर्ताओं में अर्थ निकालने को प्रोत्साहित करेगी।

सार्थक अधिगम में अर्थ-निर्माण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य सीखने वाले को मूल्यावान ज्ञान प्रदान करने के लिए वैचारिक समझ के माध्यम से सीखता हैं।

* बच्चों में अर्थ निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अन्वेषण और चर्चा सबसे अच्छी रणनीति है।

* यह अवलोकन, अन्वेषण, विश्लेषण, चर्चा, निष्कर्ष आदि जैसे विभिन्न शिक्षण विशेषताओं द्वारा सुगम हैं।

* अर्थ-निर्माण बच्चों को पहले से मौजूद जानकारी के साथ वर्तमान जानकारी से संबंधित करने और संपूर्ण अवधारणा की समझ बनाने में मदद करता है।

44. 'Patriotism' can be best developed in history classroom by :
इतिहास की कक्षा में 'देशभक्ति' को श्रेष्ठ रूप से विकसित किया जा सकता है :

(a) making it compulsory to sing the National Anthem before every class./प्रत्येक कक्षा से पहले राष्ट्रगान को गाना अनिवार्य बनाने के द्वारा

(b) having activities to develop a sense of belongingness and responsibility to the nation and its people./देश एवं देशवासियों के लिए उत्तरदायित्व एवं संबद्ध होने की भावना को विकसित करने के लिए गतिविधियों द्वारा

(c) praising the efforts of all the socio-religious information without subjecting them to any enquiry./सभी सामाजिक-धार्मिक के प्रयासों के बिना उनके विचारों को कोई जाँच किए हुए प्रशंसा करना।

(d) giving lectures on golden ancient pasts without talking about the 'social context'./बिना 'सामाजिक संदर्भ' बताए स्वर्णिम प्राचीन इतिहास पर व्याख्यान देकर।

Ans. (b) : इतिहास की कक्षा में 'देशभक्ति' को श्रेष्ठ रूप से विकसित किया जा सकता हैः

* बच्चों को देशभक्ति गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

* अपने झंडे के प्रति सम्मान और निष्ठा दिखाकर, उचित अवसरों पर राष्ट्रीय गान गाकर अपनी देशभक्ति को दिखा सकते हैं।

* देश एवं देशवासियों के लिए उत्तरदायित्व एवं संबद्ध होने की भावना को विकसित करने के लिए गतिविधियों द्वारा।

45. Which one is an example of an inclusive classroom?
निम्नलिखित में से कौन समावेशी कक्षा का उदाहरण है?

(a) All students are taugt in the same classroom and teacher uses a uniform method for teaching and assessment of all students./सभी विद्यार्थियों को एक ही कक्षा में पढ़ना और अध्यापक द्वारा सभी के लिए एक समान शिक्षण विधि और मूल्यांकन विधि का प्रयोग करना।

(b) Teacher takes separate classes for special needs students./अध्यापक द्वारा विशिष्ट विद्यार्थियों को अलग पढ़ाना।

(c) Teacher announces a weekly test for students and gives an off to special students./अध्यापक द्वारा विद्यार्थियों के लिए साप्ताहिक मूल्यांकन करना और विशिष्ट विद्यार्थियों की परीक्षा के दिन अवकाश देना।

(d) Teacher provides visually challenged students access to resources in Braille./अध्यापक द्वारा दृष्टि बाधित विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि में लिखी शिक्षण सामग्री को उपलब्ध कराना।

Ans. (d) : समावेशी शिक्षा सभी वर्गों के लिए नियमित कक्षाओं में विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों को शिक्षित करने के अभ्यास को संदर्भित करती है। यह एक नियमित कक्षा के माहौल में सामान्य बच्चों के साथ विकलांग बच्चों को शामिल करने का प्रावधान प्रदान करता हैं।

* समावेशी शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य विकलांग छात्रों को नियमित कक्षा में शिक्षित करना और तभी भी उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करना है।

* अध्यापक द्वारा दृष्टि बाधित विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि में लिखी शिक्षण सामग्री को उपलब्ध कराना समावेशी कक्षा का उदाहरण है।

* विशिष्ट शिक्षण कठिनाइयों वाले छात्रों को अपनी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधन सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

46. Column A represents a situation in a Social-Political life classroom and Column B represents the action taken by a teacer. Match appropriately.
कॉलम A सामाजिक व राजनैतिक जीवन की कक्षा की स्थितिों को दर्शाता है और कॉलम B अध्यापक द्वारा उस स्थिति में लिए गये उचित निर्णय को दर्शाता है।

A : Situation in classroom/A : कक्षा की स्थितियाँ		**B : Action taken by teacher/ B : अध्यापक द्वारा लिया गया निर्णय**	
(A)	**No response/ कोई प्रतिक्रिया नहीं की स्थिति**	**(I)**	**Seeking further information/ अधिक जानकारी माँगना**
(B)	**Incomplete response/ अपूर्ण जवाब की स्थिति**	**(II)**	**Prompting/ उत्साह देना**
(C)	**Partially correct response/ अर्धसत्य जवाब की स्थिति**	**(III)**	**Refocusing/ पुनः फोकस करना**
(D)	**Completely correct response/ पूर्ण सत्य जवाब की स्थिति**	**(IV)**	**Increasing critical awareness/ आलोचनात्मक जागरुकता को बढ़ाना**

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।

	A	B	C	D
(a)	2	1	4	3
(b)	3	4	2	1
(c)	2	1	3	4
(d)	4	3	1	2

Ans. (c) :

A : Situation in classroom/ A : कक्षा की स्थितियाँ		B : Action taken by teacher/ B : अध्यापक द्वारा लिया गया निर्णय	
(A)	No response/ कोई प्रतिक्रिया नहीं की स्थिति	(II)	Prompting/ उत्साह देना
(B)	Incomplete response/ अपूर्ण जवाब की स्थिति	(I)	Seeking further information/ अधिक जानकारी माँगना
(C)	Partially correct response/ अर्धसत्य जवाब की स्थिति	(III)	Refocusing/ पुनः फोकस करना
(D)	Completely correct response/ पूर्ण सत्य जवाब की स्थिति	(IV)	Increasing critical awareness/ आलोचनात्मक जागरुकता को बढ़ाना

47. An Elementary School teacher did following activities in social science classroom :
प्रारंभिक स्तर की एक शिक्षिका अपनी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निम्न गतिविधियाँ करवाती है :

- **Discussion on how melting of sea effects animals./पिघलती बर्फ का समुद्री जीवों पर प्रभाव की चर्चा।**
- **Analysis of weather changes using weather report and data of the country for last 50 years./देश के पिछले 50 वर्षों की मौसम रिपोर्ट के आँकड़ों की सहायता से मौसम में आए परिवर्तनों का विश्लेषण करना।**
- **Discussion on reasons for rising temperature on earth./पृथ्वी पर बढ़ते तापमान के कारणों पर चर्चा**
- **Discussion on causes Acid Rain./अम्लीय वर्षा के कारणों पर चर्चा।**

Which of the following concept is she intending to cover through these activities?
इन गतिविधियों के द्वारा वह निम्न में से कौन सप्रत्यय को पूरा करवाना/समझाना चाहती है?

(a) Green House Effect/ग्रीन हाऊस प्रभाव
(b) Weather Change/मौसम परिवर्तन
(c) Climate Change/जलवायु परिवर्तन
(d) Temperature Change/तापमान परिवर्तन

Ans. (c) : प्राथमिक स्तर की एक शिक्षिका अपनी सामाजिक विज्ञान की कक्षा में निम्न गतिविधियाँ करवाती हैं :
* पिघलती बर्फ का समुद्री जीवों पर प्रभाव की चर्चा।
* देश के पिछले 50 वर्षों की मौसम रिपोर्ट के आंकड़ों की सहायता से मौसम में आए परिवर्तनों का विश्लेषण करना।
* पृथ्वी पर बढ़ते तापमान के कारणों पर चर्चा।
* अम्लीय वर्षा के कारण पर चर्चा।
* इन गतिविधियों के द्वारा वह जलवायु परिवर्तन सम्प्रत्यय को पूरा करवाना/समझाना चाहती हैं। जलवायु परिवर्तन एक क्षेत्र के लिए विशिष्ट मौसम में बदलाव का वर्णन करता है - जैसे कि उच्च और निम्न तापमान और वर्षा की मात्रा - लंबी अवधि में।

48. At which stage of teaching a teacher will decide about the learning resources to be used for teaching?
शिक्षण के किस चरण पर एक अध्यापक शिक्षण के लिए आवश्यक सहायक सामग्री के विषय पर विचार करेगा?

(a) Pre-active stage/पूर्व-सक्रिय चरण
(b) Post-active stage/उत्तर-क्रिया चरण
(c) Inter-active stage/अंतः-क्रिया चरण
(d) While explaining the concept in the classroom/कक्षा में संकल्पना को समझाने के दौरान

Ans. (a) : एक शिक्षक को अपने शिक्षण उत्तरदायित्व को निभाने हेतु विभिन्न प्रकार की शिक्षण गतिविधियाँ अपने विद्यार्थियों के साथ मिलकर सम्पन्न करनी होती हैं और इसके लिए विधिवत् नियोजन तथा कार्यान्वयन सम्बन्धित उचित प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। यह सब करने के लिए उसे अपने शिक्षण कार्य को कुछ निश्चित सोपानों या अवस्थाओं में व्यवस्थित करके आगे बढ़ना होता है। इन्हीं सोपानों या अवस्थाओं को शिक्षण अवस्थाओं या शिक्षण चरणों (Phases of Teaching) की संज्ञा दी जाती है।
जैक्सन के अनुसार, शिक्षण प्रक्रिया को वैज्ञानिक ढंग से निम्नांकित तीन अवस्थाओं में विभाजित किया जा सकता है।
(1) पूर्व सक्रिय अवस्था/चरण
(2) अन्तः क्रिया अवस्था/चरण
(3) उत्तर-क्रिया अवस्था/चरण
शिक्षण के पूर्व सक्रिय चरण पर एक अध्यापक शिक्षण के लिए आवश्यक सहायक सामग्री के विषय पर विचार करेगा।

49. The purpose of probing question in social science is :
सामाजिक विज्ञान में जांच प्रश्नों का उद्देश्य होता है

(A) To increase number of meaningful questions.
सार्थक प्रश्नों की संख्या को बढ़ाना।
(B) To understand students thinking pattern.
विद्यार्थियों के सोचने के पैटर्न को समझना।
(C) To go deep into pupil's response.
विद्यार्थियों के उत्तर की गहराई में जाना।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only statement (A) is correct./केवल कथन (A) सही है।
(b) Statement (A) and (B) are correct./कथन (A) और कथन (B) सही है।
(c) Statement (B) and (C) are correct./कथन (B) और (C) सही है।
(d) Statement (A) and (C) are correct./कथन (A) और (C) सही है।

Ans. (c) : सामाजिक अध्ययन में छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन एक आवश्यक गतिविधि हैं। यह निर्धारित करने की एक प्रक्रिया है कि छात्रों द्वारा सामाजिक अध्ययन के उद्देश्यों को किस सीमा तक प्राप्त किया गया है। सामाजिक विज्ञान में जाँच प्रश्नों का उद्देश्य –
* विद्यार्थियों के सोचने के पैटर्न को समझना।
* विद्यार्थियों के उत्तर की गहराई में जाना।
* अधिगम प्रक्रिया या कार्यक्रम की प्रभावशीलता का निर्धारण।

50. India's diverse social context necessitates that social science classrooms nurture :
भारतीय विविध सामाजिक संदर्भ यह अनिवार्य बना देता है कि सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ पोषित करें :
(a) the views of government only./केवल सरकार के दृष्टिकोण को
(b) the opinion of the majority./अधिकांश लोगों के विचारों को
(c) a golden past and avoid/contested topics./स्वर्णिम इतिहास को एवं विवादित विषयों से बचकर रहने को
(d) the views of all sections of the larger society./बृहत् समाज के सभी वर्गों के दृष्टिकोण को

Ans. (d) : भारतीय विविध सामाजिक संदर्भ के लिए आवश्यक है कि सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ छात्रों के बीच एक समावेशी और बहुलवादी दृष्टिकोण का पोषण करें।
* भारत के विविध सामाजिक संदर्भ के लिए आवश्यक है कि सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ बृहत समाज के सभी वर्गों के दृष्टिकोण का पोषण करें।
* सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ समावेशी, विविधता का सम्मान करने वाली होनी चाहिए, और छात्रों को विभिन्न दृष्टिकोणों और मतों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना चाहिए।
* इस प्रकार, सामाजिक विज्ञान की कक्षाएँ एक अधिक सूचित और सहिष्णुता समाज को प्रोत्साहन दे सकती हैं।

51. Choose the correct order of steps for inquiry based learning :
पूछताछ आधारित सीखने के लिए चरणों के सही क्रम को चुनें।
(A) Questioning/प्रश्न पूछना
(B) Investigating/जाँच करना
(C) Planning and Predicting/योजना बनाना और अनुमान लगाना
(D) Recording/रिकॉर्डिंग करना
(E) Reflecting/चिंतन करना
(a) (A), (B), (C) (D), (E)
(b) (A), (C), (D), (B), (E)
(c) (C), (A), (B), (D), (E)
(d) (B), (C), (A), (D), (E)

Ans. (b) : पूछताछ - आधारित शिक्षा एक सीखने और सिखाने की रणनीति है जहाँ छात्र अवलोकन, जाँच और खोज की प्रक्रिया के माध्यम से ज्ञान का निर्माण करते हैं। पूछताछ - आधारित सीखने के उदाहरणों में अवलोकन संबंधी क्षेत्र यात्राएँ, विज्ञान प्रयोग और परिकल्पना - आधारित शोध परियोजनाएँ शामिल हैं। पूछताछ आधारित सीखने के लिए चरणों के सही क्रम :
* प्रश्न पूछना
* योजना बनाना और अनुमान लगाना
* रिकॉर्डिंग करना
* जाँच करना
* चिंतन करना

52. Consider the following statemets :
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
Statement-A :
कथन-A :
Social Science teaching is a means for inculcating and ideology.
सामाजिक विज्ञान शिक्षण एक विचारधारा को आत्मसात् करने का साधन है।
Statement-B :
कथन-B :
Pedagogy of social science benefits from thematic planning.
सामाजिक विज्ञान के शिक्षा शास्त्रीय पक्ष में थीमेटिक योजना लाभदायक है।
Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन करें।
(a) (A) is true, (B) is false/(A) सही है (B) गलत है।
(b) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है (B) सही है।
(c) (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही है।
(d) (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत है।

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान मानव मूल्यों, जैसे स्वतंत्रता, विश्वास, आपसी सम्मान, विविधता के लिए सम्मान, आदि के लिए लोकप्रिय और व्यापक आधार बनाने के लिए एक मानक जिम्मेदारी लेता है। इस प्रकार, सामाजिक विज्ञान शिक्षण को बहुत समय से विचारधारा या मूल्य लागू करने के साधन के रूप में देखा गया है। अतः कथन (A) गलत है।
सामाजिक विज्ञान के शिक्षा - शास्त्रीय पक्ष का उद्देश्य आपको सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लक्ष्यों, मुद्दों, चिंताओं और चुनौतियों से परिचित कराना है। यह आपको सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयवस्तु क्षेत्रों में अधिगम के अनुभव प्रदान करने में विभिन्न शिक्षण-अधिगम रणनीतियों, अधिगम के संसाधनों और मूल्यांकन के विभिन्न रूपों का उपयोग करने में सक्षम करेगा। सामाजिक विज्ञान के शिक्षा शास्त्रीय पक्ष में थीमेटिक योजना लाभदायक हैं। अतः (A) गलत है (B) सही है।

53. A social science teacher may give which of the following to explain the condition of women in the colonial period?
एक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक, औपनिवेशिक काल में महिलाओं की परिस्थिति को समझाने के लिए निम्नलिखित में से क्या दे सकता है?

(A) "Sultana's dream" written by Rokeya Sakhawat./रूकैया सखावत द्वारा लिखित 'सुल्ताना का स्वप्न'

(B) Rashsundari Deve's autobiography "Amar Jibon"./राससुंदरी देवी की आत्मकथा 'आमार जीबोन'

(C) "Padhna jara sochna" written by Krishna Kumar./कृष्ण कुमार द्वारा लिखित 'पढ़ना जरा सोचना'

(D) "The Subaltern subject in structural historical process" by Denzil Saldenha./डेन्जिल सल्डेनहा द्वारा संरचित किताब 'दी सबाल्टर्न सब्जैक्ट इन स्टक्चर्ड हिस्टोरिकल प्रोसेस'।

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(c) Only (B)/केवल (B)
(d) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)

Ans. (b) : एक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक, औपनिवेशिक काल में महिलाओं की परिस्थिति को समझाने के लिए निम्न उदाहरण दे सकता है :
* रूकैया सखावत हुसैन एक मुस्लिम नारीवादी समाज सुधारक थी। इनके द्वारा लिखित पुस्तक 'सुल्ताना का स्वप्न' है जिसे 1905 में लिखा गया।
* राससुंदरी देवी ने आत्मकथा 'अमर जिबोन' लिखी। अमर जिबोन 1876 में प्रकाशित हुआ था। यह राससुंदरी देवी की आत्मकथा हैं। साथ ही, यह किसी भारतीय महिला द्वारा लिखी गई पहली आत्मकथा हैं।

54. For teaching the topic "India's Freedom Movement" a teacher brings some old newspaper snippets having pictures and stories of partition. Which method is being used by the teacher?
'भारतीय स्वतंत्र संग्राम' अध्याय को पढ़ाने के लिए एक अध्यापक शिक्षण सहायक सामग्री के तौर पर पुराने समाचार पत्रों की कुछ कटिंग लेकर आता है जिसमें उस समय की वास्तविक कहानियाँ और फोटोग्राफ छपे है।

(a) Problem solving method/समस्या समाधान विधि
(b) Field survey method/क्षेत्रीय सर्वेक्षण विधि
(c) Demonstration method/प्रदर्शन विधि
(d) Source method/स्रोत विधि

Ans. (d) : 'भारतीय स्वतंत्र संग्राम' अध्याय को पढ़ाने के लिए एक अध्यापक शिक्षण सहायक सामग्री के तौर पर पुराने समाचार पत्रों की कुछ कटिंग लेकर आता हैं जिसमें उस समय की वास्तविक कहानियाँ और फोटोग्राफ छपे हैं। अध्यापक इस शिक्षण में स्रोत विधि का प्रयोग कर रहा है।
स्रोत विधि वह विधि है जिसमें घटनाओं के साथ-साथ जानकारी की व्याख्या करने के लिए मूल स्रोतों का उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, इतिहास पढ़ाते समय, एक शिक्षक उन्हें ऐतिहासिक स्थानों के चित्र/क्लिप दिखा सकता हैं।
स्रोत विधि के लाभ : सजीवता विकसित करता है और वास्तविकता से जुड़ता है।

55. Which statement is not related to project based learning?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन परियोजना आधारित सीखने की विधि से संबंधित नहीं है।

(a) It enhances a conformist approach./यह अनुरूपवादी दृष्टिकोण को बढ़ाती है।
(b) It enhances student's creative skill/यह विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाती है।
(c) It enhances student's problem solving skills/यह विद्यार्थियों के समस्या समाधान कौशल को बढ़ाती है।
(d) It enhances student's inquiry skill./यह विद्यार्थियों के पूछताछ कौशल को बढ़ाती है।

Ans. (a) : परियोजना आधारित अधिगम एक विद्यार्थी केन्द्रित विधि है, जिसमें विद्यार्थी को कक्षा-कक्ष के बाहर, स्वयं के द्वारा कुछ करने के लिए, चुनौती होती है। परियोजना आधारित अधिगम एक व्यक्तिगत या समूह क्रियाकलाप हैं, जो कुछ समय तक चलता है, जिसका परिणाम उत्पादकता के रूप में होता है तथा जिसमें प्रस्तुतीकरण या प्रदर्शन भी होता है।
परियोजना आधारित सीखने की विधि से संबंधित है–
* यह विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाती है।
* यह विद्यार्थियों के समस्या समाधान कौशल को बढ़ाती है।
* यह विद्यार्थियों के पूछताछ कौशल को बढ़ाती है।
परियोजना आधारित सीखने की विधि में अनुरूपवादी दृष्टिकोण को बढ़ाना इससे संबंधित नहीं है।

56. A teacher in her classroom provides students the opportunities to assess themselves. Which of the following assessment practice is she trying to adopt in her class?
एक शिक्षिका कक्षा में विद्यार्थियों को स्वयं का आकलन करने का अवसर प्रदान करती है। वह निम्न में से आकलन के किस तरीके को अपनाने का प्रयास कर रही है?

(a) Formative Assessment/सतत मूल्यांकन
(b) Assessment for Learning/अधिगम के लिए आकलन
(c) Assessment of Learning/अधिगम का आकलन
(d) Assessment as Learning/अधिगम के रूप में आकलन

Ans. (d) : एक शिक्षिका कक्षा में विद्यार्थियों को स्वयं का आकलन करने का अवसर प्रदान करती है। वह अधिगम के रूप में आकलन के तरीके को अपनाने का प्रयास कर रही हैं।
* अधिगम के रूप में आकलन छात्रों के द्वारा सीखने की प्रक्रिया के दौरान किया जाता है।

* इस प्रकार के आकलन को छात्र स्वयं करते हैं एवं अपने अधिगम के स्तर को बढ़ाने के लिए आकलन को करते हैं।
* इस प्रकार के आकलन को स्व-आकलन (Self-assessment) कहा जाता है।

57. Which of the following should be a criteria for assessment in social science :
निम्न में से क्या सामाजिक विज्ञान में आकलन का मानक होना चाहिए-
(A) Questioning/प्रश्न पूछना
(B) Concern for justic and equality/न्याय व समानता हेतु सोच
(C) Remembering/याद रखना
(D) Cooperation/सहयोग
Choose the correct option.
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) (A), (B) and (C)/(A), (B) तथा (C)
(b) (B), (C) and (D)/(B), (C) तथा (D)
(c) (A), (B) and (D)/(A), (B) तथा (D)
(d) (A), (C) and (D)/(A), (C) तथा (D)

Ans. (c) : मूल्यांकन शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है जो छात्र के अध्ययन को सुगम बनाने और अनुदेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है। मूल्यांकन के तरीके औपचारिक या अनौपचारिक हो सकते हैं।
मूल्यांकन सीखने की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से जानकारी एकत्र करने, प्राप्त करने और उपयोग करने की एक प्रक्रिया है।
सामाजिक विज्ञान में आकलन का निम्न मानक होना चाहिए–
* प्रश्न पूछना
* न्याय व समानता हेतु सोच
* सहयोग

58. Read the following questions which of them assesses the analytical competencies of the students?
निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़िए। इनमें से कौन सा विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक दक्षताओं का आकलन करती है?
(a) Who is Lekhpal? What are his roles?/लेखपाल कौन है? उसकी क्या भूमिकायें हैं?
(b) Distinguish between a tropical and temperate regions./उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण क्षेत्रों के बीच भेद कीजिए।
(c) If your home is burgled, where will you go to file a complaint?/अगर आपके घर में चोरी होती है, आप कहाँ जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराएँगे?
(d) How does a population pyramid point to the quality of health system available in a particular society?/किसी समाज में उपलब्ध स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणात्मकता को जनसंख्या पिरामिड कैसे चिन्हित करता है?

Ans. (d) : विश्लेषणात्मक क्षमता का अर्थ है सही से चिंतन मनन कर विषय के हर पक्ष की जाँच करना और उचित-अनुचित जानने का प्रयास करना। दूसरा प्रश्न इस क्षमता के लिए विकास हेतु सबसे महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। विश्लेषणात्मक क्षमता वाले प्रश्न तथ्यों और नियमों के समूह पर विचार करने की उम्मीदवार की क्षमता का आकलन करने के लिए डिजाइन किये जाते हैं, और इन तथ्यों और नियमों को देखते हुए, यह निर्धारित करना होता है कि क्या सच होना चाहिए।
किसी समाज में उपलब्ध स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणात्मकता को जनसंख्या पिरामिड कैसे चिन्हित करता है?' यह विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक दक्षताओं का आकलन करती है।

59. Which of the following questions assesses the 'understand' aspect of the cognitive process?
निम्नलिखित में से कौन सा प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'समझ' पहलू का आकलन करता है?
(a) Define population explosion./जनसंख्या विस्फोट परिभाषित कीजिए।
(b) List three features that lead to population charge./तीन विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए जो जनसंख्या बदलाव का कारण बनती है?
(c) How did East India Company bring to an end the Mughal dynasty? /ईस्ट इंडिया कंपनी कैसे मुगल वंश के अंत को ले लाई?
(d) If rivers dried up what would happen to human life?/अगर नदियाँ सूख जायें, तब मनुष्य जीवन का क्या होगा?

Ans. (b) : ब्लूम का वर्गीकरण : यह संज्ञानात्मक, भावात्मक और मनोगत्यात्मक अनुक्षेत्रों का एक पदानुक्रमित क्रम है और प्रत्येक अनुक्षेत्र के कुछ उद्देश्य होते हैं जो अध्यापकों को शिक्षण करने और विद्यार्थियों को अधिगम करने में मदद कर सकते हैं। संज्ञानात्मक अनुक्षेत्र में मानसिक कौशल शामिल है। जिन्हें अधिगम के छह स्तरों में वर्गीकृत किया जाता है जो बौद्धिक कौशल के विकास और शक्ति के अर्जन में मदद करते है।
'तीन विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए जो जनसंख्या बदलाव का कारण बनती है?' यह प्रश्न ज्ञानात्मक प्रक्रिया के 'समझ' पहलू का आकलन करता है। समझ, सूचना की व्याख्या और आत्मसात करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।

60. Which of the following option is characteristic of a well written learning outcomes?
निम्न में से कौन सा विकल्प एक अच्छे लिखे गए अधिगम प्रतिफल को दर्शाता है?
(a) The specified action by the students must be related to the context taught in the classroom./निर्दिष्ट क्रिया, कक्षा में पढ़ायी जाने वाली सामग्री से संबंधित होना चाहिए।
(b) The specified action by the students must be practical in the classroom./निर्दिष्ट क्रिया का कक्षा में अभ्यास होना चाहिए।
(c) The specified action by the students must be measurable./निर्दिष्ट क्रिया अपने योग्य होनी चाहिए।
(d) The specified action by the students mut be observable, measurable and done by the students./निर्दिष्ट क्रिया अवलोकन योग्य और मापने योग्य और छात्रों के द्वारा की जानी चाहिए।

Ans. (d) : निर्दिष्ट क्रिया अवलोकन योग्य और मापने योग्य और छात्रों के द्वारा की जानी चाहिए, यह विकल्प एक अच्छे लिखे गये अधिगम प्रतिफल को दर्शाता है।
अधिगम प्रतिफल प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी के सीखने के बारे में जानना एवं उसके अनुसार बच्चे के सीखने सम्बन्धी प्रगति पर ध्यान देना जरूरी है। अतः उसके लिए आवश्यक है की कुछ मानदंड निर्धारित किये जाये जिनकी सहायता से अपेक्षित सीखने के स्तर का आकलन किया जा सके। इन्हीं मानदंडों को अधिगम प्रतिफल के रूप में परिभाषित किया गया है। अर्थात् निश्चित मानदंड के आधार पर बच्चे ने जो कुछ सीखा है उसका आकलन करना ही सीखने का प्रतिफल या अधिगम प्रतिफल हैं।

HINDI

निम्नलिखित दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

भारत से लगे समुद्र में 500 से अधिक द्वीप हैं। सदियों से इनमें आदिवासी रहते आए हैं। इनकी जीवन-शैली पाषाण युग के मनुष्य की तरह है। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का एक छोटा किंतु अत्यंत खूबसूरत द्वीप है- चावरा द्वीप। कारनिकोबार इस द्वीप समूह का सर्वाधिक महत्वपूर्ण द्वीप है। कारनिकोबार के वासियों ने चावरा द्वीप की खोज बड़े रोमांचक तरीके से की थी। मनुष्य का स्वभाव नई-नई चीजों को खोजने और जानने का रहा है। इस गुण के कारण ही खोजों का सिलसिला शुरू हुआ। इनके लिए समुद्र-यात्रा एक भारी समस्या थी। तब तक इन आदिवासियों को नाव बनाने का ज्ञान नहीं था। जब यह तय हो गया कि खोज पर निकलना ही है तब कई दिमाग सक्रिय हो उठे। निकोबारियों पर एक ही धुन सवार रहने लगी कि कुछ न कुछ किया जाए। तरह-तरह के प्रयोग होने लगे। अचानक कुछ लोगों को ध्यान आया कि जब लकड़ी पानी में गिर जाती है तो वह तैरती रहती है। उन्होंने प्रयोग के तौर पर नारियल का एक पेड़ उखाड़ कर उसे छीना आरंभ किया। तरह-तरह से काटा। उसका आकार छोटा किया। गोलाई कम की। पानी पर तैराकर देखना शुरू किया। इससे उन्हें संतुलन की कला समझ में आई और आखिरकार एक छोटी-सी नाव बना ली। नाव का नाम दिया - केनो।

1. भारत से सटे समुद्र में कितने द्वीप हैं?
(a) केवल 500 (b) 500 से कम
(c) 500 से अधिक (d) 5000 से अधिक

Ans. (c) : भारत से सटे समुद्र में 500 से अधिक द्वीप हैं।

2. 'चावरा द्वीप' किस द्वीप समूह से संबंधित है?
(a) लक्षद्वीप समूह (b) कारनिकोबार
(c) अंडमान-निकोबार (d) मालद्वीप

Ans. (c) : 'चावरा द्वीप' अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का एक छोटा किन्तु अत्यन्त खूबसूरत द्वीप है।

3. नई-नई खोजों का सिलसिला शुरू होने के पीछे प्रमुख कारण है .....।
(a) मनुष्य का मनमौजी स्वभाव
(b) मनुष्य का जिज्ञासु स्वभाव
(c) मनुष्य की आरामपरस्ती
(d) मनुष्य की श्रमशीलता

Ans. (b) : नई-नई खोजों का सिलसिला शुरू होने के पीछे प्रमुख कारण मनुष्य का जिज्ञासू स्वभाव रहता है। इस गुण के कारण ही खोजों का सिलसिला शुरू हुआ।

4. इन आदिवासियों के लिए समुद्र यात्रा एक बहुत बड़ी समस्या थी, क्योंकि .....
(a) समुद्र का आकार विशाल है।
(b) समुद्र में ऊँची-ऊँची लहरे उठती है।
(c) उन्हें नाव बनाना नहीं आता था।
(d) उन्हें नाव तैराना नहीं आता था।

Ans. (c) : इन आदिवासियों के लिए समुद्र यात्रा एक बहुत बड़ी समस्या थी, क्योंकि उन्हें नाव बनाना नहीं आता था। उसके बिना खोजों का सिलसिला शुरू नहीं किया जा सकता था।

5. 'केनो' नाव किससे बनाई गई?
(a) नारियल के पत्तों से
(b) नारियल के तने से
(c) नारियल के रेशों से
(d) नारियल के फल से

Ans. (b) : 'केनो' नाव नारियल के तने से बनाई गई।

6. निम्न में से ..... विशेषण-विशेष्य का उदाहरण नहीं है।
(a) छोटी नाव (b) कुछ लोग
(c) नई चीज (d) खूब प्रसन्न

Ans. (d) : 'खूब प्रसन्न' विशेषण-विशेष्य का उदाहरण नहीं है, जबकि अन्य सभी विकल्प विशेषण-विशेष्य के उदाहरण हैं। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रगट हो उसे विशेषण कहते हैं। जैसे - नीला, सुन्दर, खट्टा, लोभी आदि।
विशेषण शब्द जिस शब्द (संज्ञा/सर्वनाम) की विशेषता बतलाता है, उसे विशेष्य' कहते हैं। जैसे - सविता सबसे लम्बी लड़की है। उपयुक्त उदाहरण में संज्ञा 'सविता' की विशेषता बताई जा रही है कि वह सबसे लम्बी लड़की है। अतः यहाँ 'सविता' विशेष्य है।

7. निम्न में से समूह से भिन्न कौन-सा है?
(a) द्वीप (b) विद्वान
(c) द्विज (d) देना

Ans. (d) : 'देना' शब्द समूह से भिन्न है, क्योंकि अन्य शब्द द्वीप, विद्वान तथा द्विज' जातिवाचक संज्ञा है जबकि 'देना' क्रिया है।

8. 'समुद्र' का पर्यायवाची है ..... ।
(a) जलधि (b) जलद
(c) जलज (d) अम्बु

Ans. (a) : समुद्र का पर्यायवाची - सागर, पयोधि, उदधि, पारावार, नदीश, जलधि, वारिधि, नीरनिधि।
बादल – जलधर, जलद, मेघ, अभ्र, घन, वारिधर
आकश – नभ, व्योम, गगन, अम्बर।

9. 'कई दिमाग सक्रिय हो उठे।'
अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए।
(a) विधानवाचक (b) संकेतवाचक
(c) इच्छावाचक (d) विस्मयादिवाचक

Ans. (a) : 'कई दिमाग सक्रिय हो उठे'। अर्थ के आधार पर विधानवाचक वाक्य है। अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं।
* वह वाक्य जिससे किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है, विधानवाचक वाक्य' कहलाता है। जैसे- मेरा काम खत्म हो गया। * वह वाक्य जिससे किसी प्रकार की गहरी अनुभूति का प्रदर्शन किया जाता है, वह विस्मयादिवाचक वाक्य कहलाता है।
* जिन वाक्यों से किसी चाह, जरूरत, इच्छा, आकांक्षा, कामना या आर्शीवाद का बोध होता है, उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं। **जैसे-** आपकी यात्रा शुभ हो।

दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्न के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

जला अस्थियाँ बारी-बारी
छिटकाई जिसने चिनगारी
जो चढ़ गए पुण्य-वेदी पर
लिए बिना गरदन का मोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।
जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफ़ानों में एक किनारे
जल-जलकर बुझ गए, किसी दिन
माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।

10. यह कविता किन लोगों को समर्पित है?
(a) जय बोलने वालों को
(b) लेखक और कवियों को
(c) मातृभूमि हेतु प्राणों की आहुति देने वालों को
(d) मातृभूमि हेतु धन-दौलत कमाने वालों को

Ans. (c) : प्रस्तुत कविता मातृभूमि हेतु प्राणों की आहुति देने वालों को समर्पित है।

11. कविता में 'पुण्य-वेदी' से आशय है-
(a) पवित्र वेदी (b) पुण्य की वेदी
(c) बलिदान की वेदी (d) विवाह की वेदी

Ans. (c) : कविता में 'पुण्य वेदी' से आशय 'बलिदान की वेदी' है।

12. कविता की पंक्तियों में कौन-सा भाव है?
(a) करूणा (b) वीरता
(c) भयानक (d) हास्य

Ans. (b) : कविता की पंक्तियों में वीरता का भाव है। दिनकर की इस कविता में देशप्रेम और राष्ट्रीयता की भावना से भरे देशभक्तों के द्वारा दिए बलिदान का वर्णन किया गया है।

13. 'जल-जलकर बुझ गए' से आशय है-
(a) दीयों का जलकर बुझ जाना
(b) कष्ट सहकर वीर गति को प्राप्त होना
(c) कष्ट सहकर स्वतंत्र हो जाना
(d) तूफ़ान से दीयों का बुझ जाना

Ans. (b) : 'जल-जलकर बुझ गए' से आशय देशभक्तों द्वारा कष्ट सहकर वीर गति को प्राप्त होना है।

14. समूह से भिन्न शब्द है :
(a) बोल (b) मोल
(c) खोल (d) डोर

Ans. (d) : 'डोर' शब्द समूह से भिन्न है, क्योंकि इसके अन्त में 'र' है जबकि विकल्प के अन्य शब्दों के अन्त में 'ल' है।

15. निम्नलिखित में से विशेषण-विशेष्य का उदाहरण है-
(a) बारी-बारी (b) जय बोल
(c) लघु द्वीप (d) जला अस्थियाँ

Ans. (c) : 'लघु द्वीप' विशेषण - विशेष्य का उदाहरण है, जबकि अन्य विकल्प असंगत है।

16. कक्षा 7 की शिक्षिका 'एक पत्ती' कविता के पठन-उपरांत कार्य के रूप में शिक्षार्थियों से सूखी पत्तियों से विभिन्न जानवरों की तस्वीरें बनाने के लिए कहती हैं। वे-
(a) अपने कार्य को समाप्त करने के लिए शिक्षार्थियों को कुछ गतिविधियों में व्यस्त रख रही हैं।
(b) भाषा के साथ कला को समेकित कर रही है
(c) शिक्षार्थियों के सूक्ष्म मोटर कौशलों का विकास करने का प्रयास कर रही हैं।
(d) भाषा को जानवरों के साथ समेकित कर रही हैं।

Ans. (b) : कक्षा 7 की शिक्षिका 'एक पत्ती' कविता के पठन उपरान्त कार्य के रूप में शिक्षार्थियों से सूखी पत्तियों से विभिन्न जानवरों की तस्वीरें बनाने के लिए कहती है। शिक्षिका शिक्षार्थियों से भाषा के साथ कला को समेकित कर रही है।

17. भारतीय कक्षाएँ अपनी प्रकृति में बहुभाषिक हैं, इसे एक संसाधन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए जिससे -
(a) प्रत्येक बच्चा एक ही तरीके से सीख सके।
(b) बच्चे सभी भाषाओं से परिचित हो सकें।
(c) शिक्षक विभिन्न भाषाओं में निपुणता प्राप्त कर सकें।
(d) प्रत्येक बच्चा सुरक्षित और स्वीकृत महसूस कर सकें।

Ans. (d) : भारतीय कक्षाएँ अपनी प्रकृति में बहुभाषिक हैं, इसे एक संसाधन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए जिससे प्रत्येक बच्चा सुरक्षित और स्वीकृत महसूस कर सकें।

18. गहन पठन रणनीति ..... पर बल देती है।
(a) आनंद के लिए पाठ्य-वस्तु पढ़ना
(b) विस्तृत जानकारी के लिए पढ़ना
(c) संपूर्ण समझ के लिए पढ़ना
(d) दूसरों के लिए पढ़ना

Ans. (b) : गहन पठन रणनीति विस्तृत जानकारी के लिए पढ़ना पर बल देती है। अन्य विकल्प संगत नहीं है।

19. सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन करते हुए निम्नलिखित कथन को पूरा कीजिए-
उदीयमान पाठक के लिए चित्र-पठन एक मूल्यवान संसाधन हो सकता है, क्योंकि .....
(a) यह महत्वपूर्ण संकेत उपलब्ध कराता है कि कहानी में क्या हो रहा है।
(b) यह उन्हें अपनी लिखावट सुधारने में मदद करता है।
(c) यह उन्हें आत्मविश्वासी और अच्छा लेखक बनाता है।
(d) यह उन्हें श्रव्य शिक्षार्थी बनाता है।

Ans. (a) : उदीयमान पाठक के लिए चित्र-पठन एक मूल्यवान संसाधन हो सकता है, क्योंकि यह महत्वपूर्ण संकेत उपलब्ध कराता है कि कहानी में क्या हो रहा है।

20. एक प्रभावी अनुच्छेद लेखन में ..... शामिल है।
(a) सुपाठ्य एवं अच्छी लिखवट
(b) विषय-वस्तु में कठिन शब्द
(c) विचार, प्रस्तुति एवं सुसंगतता
(d) शिक्षार्थियों को शामिल करने के लिए आलंकारिक भाषा

Ans. (c) : एक प्रभावी अनुच्छेद लेखन में विचार, प्रस्तुति एवं सुसंगतता शामिल है। जबकि अन्य विकल्प प्रभावी अनुच्छेद लेखन हेतु उपयुक्त नहीं हैं।

21. छोटे बच्चे किसी भी सतह पर पेंसिल या मोमी रंगों को आगे-पीछे घुमाना पसंद करते हैं। यह कहलाता है-
(a) स्व-वर्तनी लेखन (b) समसामयिक लेखन
(c) आड़ी-तिरछी रेखाएँ (d) ज़िग-ज़ैग लेखन

Ans. (c) : छोटे बच्चे किसी भी सतह पर पेंसिल या मोमी रंगों को आगे-पीछे घुमाना पसन्द करते हैं। छोटे बच्चों का यह क्रियाकलाप आड़ी-तिरछी रेखाएँ खिंचना कहलाता है।

22. समग्र भाषा से तात्पर्य है-
(a) शब्दों को अक्षरों में तोड़ना और अक्षरों का संयोजन
(b) अक्षर-ध्वनि संबंध स्थापित करना
(c) शब्दों को भाषा के समग्र टुकड़ों के रूप में समझना
(d) ध्वनि-विज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करना

Ans. (c) : समग्र भाषा से तात्पर्य शब्दों को भाषा के समग्र टुकड़ों के रूप में समझना होता है, जबकि अन्य विकल्प संगत नहीं हैं।

23. एक शिक्षिका लक्ष्य भाषा के शिक्षण के लिए बच्चों की मातृभाषा को अनुदेशन का माध्यम बनाती हैं। वे ..... का प्रयोग कर रही है।
(a) व्याकरण-अनुवाद पद्धति (b) प्रत्यक्ष पद्धति
(c) संरचना उपागम (d) सम्प्रेषणपरक उपागम

Ans. (a) : शिक्षिका 'व्याकरण- अनुवाद पद्धति' का प्रयोग कर लक्ष्य भाषा के शिक्षण के लिए बच्चों की मातृभाषा को अनुदेशन का माध्यम बनाती है।

24. सुनना दूसरे व्यक्ति की मौखिक भाषा और गैर-शाब्दिक संदेशों को ..... एवं अर्थ के प्रति समुचित तरीके से प्रतिक्रिया देने की योग्यता है।
(a) याद रखने और समझने
(b) समझने और विश्लेषण करने
(c) परखने और विश्लेषण करने
(d) परखने और संश्लेषित करने

Ans. (b) : सुनना दूसरे व्यक्ति की मौखिक भाषा और गैर-शाब्दिक सन्देशों को समझने और विश्लेषण करने एवं अर्थ के प्रति समुचित तरीके से प्रतिक्रिया देने की योग्यता है।

25. भाषा सीखने में भाषाई निवेश को व्याख्यायित करने में कौन-सी शब्दावली सर्वाधिक उपयोगी है?
(a) देखभाल करने वाले का वाक्
(b) बाल-निर्देशित वाक्
(c) शिशु-निर्देशित वाक्
(d) शुरूआती चरण में माँ और बच्चे का सम्प्रेषण

Ans. (a) : भाषा सीखने में भाषाई निवेश को व्याख्यायित करने में देखभाल करने वाले का वाक् शब्दावली सर्वाधिक उपयोगी है।

26. यदि एक बच्चा अपने शुरूआती वर्षों में एक ऐसे परिवेश में रहता है जहाँ भाषा का बहुत कम या कोई भी खुलासा नहीं है, उसका भाषा विकास सीमित है। निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त कथन का समर्थन करता है?
(a) वाक्य-संरचना की समस्या
(b) भाषा के अर्थ की समस्या
(c) विकास की संवेदनशील अवधि
(d) सहज प्रज्ञावाद

Ans. (c) : यदि एक बच्चा अपने शुरूआती वर्षों में एक ऐसे परिवेश में रहता है जहाँ भाषा का बहुत कम या कोई खुलासा नहीं है, उसका भाषा विकास सीमित है तो वह बच्चा भाषा की संवेदनशील अवधि का समर्थन करता है।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा पठन का उप-कौशल नहीं है?
(a) संबंध बनाना (b) अनुमान लगाना
(c) लिपिबद्ध करना (d) अवबोधन

Ans. (c) : 'लिपिबद्ध करना' पठन का उप-कौशल नहीं है, जबकि सम्बन्ध बनाना, अनुमान लगाना और अवबोधन पठन के उप-कौशल हैं।

28. एक शिक्षिका इस बात में विश्वास करती है कि शिक्षार्थियों को अधिकाधिक बोधगम्य दिए जाने चाहिए, क्योंकि यह भाषा-अर्जन को सुगम बनाता है, शिक्षक का यह विश्वास ..... से संबंधित है।
(a) वाइगोत्स्की का समाज-सांस्कृतिक सिद्धांत
(b) पियाजे का संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत
(c) स्किनर का व्यवहारवाद का सिद्धांत
(d) स्टीफन क्रेशन का भाषा-अर्जन का सिद्धांत

Ans. (d) : भाषा-अर्जन को सुगम बनाये जाने में शिक्षक का यह विश्वास स्टीफन क्रेशन का भाषा-अर्जन का सिद्धान्त से सम्बन्धित है।

29. निम्नलिखित में कौन-सा निर्माणवादी कक्षा-कक्ष का उदाहरण है?
(a) बच्चे समूह में परस्पर बातचीत कर रहे हैं ओर कक्षा में थोड़ा-सा शोरगुल हो गया है।
(b) बच्चे बोर्ड पर लिखे उत्तरों को सुंदर लिखावट में लिख रहे हैं।
(c) शिक्षार्थी शिक्षक की बातों को बहुत ध्यान से सुन रहे है।
(d) शिक्षार्थियों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाता है।

Ans. (a) : बच्चे समूह में परस्पर बातचीत कर रहे हैं और कक्षा में थोड़ा-सा शोरगुल हो गया है। यह निर्माणवादी कक्षा-कक्ष का उदाहरण है।

30. भाषा का विचार सापेक्ष रूप से इस विचार से समर्थित है कि -
(a) भाषा हमारे चिंतन और प्रत्यक्षण के निर्धारण की अपेक्षा मनन करती है।
(b) भाषा और संस्कृति अलग और स्वतंत्र है।
(c) हम दुनिया के बारे में जिस तरह से चिंतन करते हैं और देखते हैं, भाषा उसका निर्धारण करती है।
(d) विचारों को आकार देने में भाषा की कोई भूमिका नहीं है।

Ans. (a) : भाषा का विचार सापेक्ष रूप से इस विचार से समर्थित है कि भाषा हमारे चिन्तन और प्रत्यक्षण के निर्धारण की अपेक्षा मनन करती है।

संस्कृत

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्य समीचीनमुत्तरं चिनुत -

अस्ति ब्रह्मारण्ये कर्पूरतिलको नाम हस्ती। तमवलोक्य सर्वे शृगालाश्चिन्तयन्ति स्म - 'यद्ययं केनाप्युपायेन म्रियते तदाऽस्माकमेतद्देहेन मासचतुष्टयस्य भोजनं भविष्यति।' तत्रैकेन वृद्धशृगालेन प्रतिज्ञातम् - 'मया बुद्धिप्रभावादस्य मरणं साधयितव्यम् ।' अनन्तरं स वञ्चक; कर्पूरतिलकसमीपं गत्वा साष्टाङ्गपातं प्रणम्योवाच - 'देव! दृष्टिप्रसादं कुरु'। हस्ती ब्रूते - 'कस्त्वम् ? कुतः समायातः?' सोऽवदत् - 'जम्बुकोऽहम् । सर्वैर्वनवासिभिः पशुभिर्मिलित्वा भवत्सकाशं प्रस्थापितः। यद्विना राज्ञाऽवस्थातुं न युक्तम्, तदात्राटवीराज्येऽभिषेक्तुं भवान् सर्वस्वामिगुणोपेतो निरूपितः। यतो अराजके राष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः प्रजाः महत् क्लेशाननुभवन्ति। मनुना अपि, लिखितं स्वकीये धर्मशास्त्रे यत् - ''दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वाः दण्डः एवाभिरक्षति। दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः।'' कौटिल्योऽपि दण्डस्य महत्त्वं प्रतिपादयति। अतः सर्वैः पशुभिर निश्चितं यद्भवानेवास्माकमधिपतिर्भविष्यति। तद्यथा लग्नवेला न विचलति तथा कृत्वा सत्वरमागम्यतां देवेन'। इत्युक्त्वोत्थाय चलितः ततोऽसौ राज्यलोभाकृष्टः कर्पूरतिलक; शृगालवर्त्मना धावन्महापङ्के निमग्नः। ततस्तेन हस्तिनोक्तम् - 'सखे शृगाल! किमधुना विधेयम् ? पङ्के निपतितोऽहं म्रिये। परावृत्य पश्य'। शृगालेन विहस्योक्तम् - 'देव! मम पुच्छकावलम्बनं कृत्वोत्तिष्ठ। यन्मद्विधस्य वचसि त्वया प्रत्ययः कृतस्तदनुभूयतामशरणं दुःखम्। ततो महापङ्के निमग्नो हस्ति शृगालैर् भक्षितः। अतः कथ्यते - ''विश्वासो नैव कर्त्तव्यो यादृशे तादृशे जने''।

1. 'तदात्राटवीराज्येऽभिषेक्तुं भवान्' इत्यत्र (अटवी राज्ये) इतिपदस्य कोऽर्थः?

(a) दक्षिणापथराज्ये (b) अरण्यराज्ये
(c) विन्ध्यराज्ये (d) उत्तरापथराज्ये

Ans. (b) : 'तदात्राटवीराज्येऽभिषेक्तुं भवान्' इत्यत्र (अटवी राज्ये) इतिपदस्य अरण्यराज्ये अर्थः।
तदात्राटवीराज्येऽभिषेक्तुं भवान्' यहाँ (अटवी राज्ये) पद का अर्थ 'अरण्यराज्य' है।

2. 'तद्यथा लग्नवेला न विचलति तथा कृत्वा सत्वरमागम्यताम्' इति कस्य कथनम्?

(a) कर्पूरतिलकस्य (b) सिंहस्य
(c) शशकस्य (d) वृद्धशृगालस्य

Ans. (d) : 'तद्यथा लग्नवेला न विचलति तथा कृत्वा सत्वरमागम्यताम्' इति वृद्धऋगालस्य कथनम् ।
'तद्यथा लग्नवेला न विचलति तथा कृत्वा सत्वरमागम्यताम्' यह कथन 'वृद्धशृगाल' का है।

3. 'समायातः' शब्दः कथं निष्पद्यते?

(a) सम् + आ + या धातुः + क्त प्रत्ययः
(b) समा + यात् धातुः + सु प्रत्यय; + शपागमः
(c) सम् + आ + इण् धातुः + क्तप्रत्ययः
(d) सम् + आय् धातुः + क्त्वाप्रत्ययःय

Ans. (a) : 'समायातः' शब्दः निष्पद्यते - सम् + आ + या धातुः + क्त प्रत्ययः।
क्त प्रत्यय – क्त और क्तवतु की निष्ठा' संज्ञा होती है। निष्ठा शब्द का अर्थ 'समाप्त' होता है। ये प्रत्यय किसी की समाप्ति का बोध कराते हैं। क्त प्रत्यय में 'त' शेष बचता है। इनके रूप तीनों लिङ्गों, सातों विभक्तियों में विशेष्य के अनुसार चलते है।

4. 'यन्मद्विधस्य वचसि त्वया प्रत्यय कृतः' इत्यत्र 'प्रत्ययः' इतिशब्दस्य कोऽर्थः?

(a) आग्रहः (b) अत्यविश्वासः
(c) अविश्वासः (d) विश्वासः

Ans. (d) : 'यन्मद्विधस्य वचसि त्वया प्रत्यय कृतः' इत्यत्र 'प्रत्ययः' इति शब्दस्य अर्थः विश्वासः।
'यन्मद्विधस्य वचसि त्वया प्रत्यय कृतः' यहाँ 'प्रत्यय' शब्द का अर्थ 'विश्वास होगा।

5. 'साष्टाङ्गपातं प्रणम्योवाच' इत्यत्र 'प्रणम्य' शब्दस्य कथं निष्पत्तिर्भवति?

(a) प्र + णुञ् + ल्यप् (b) प्र + नम् + ल्यप्
(c) प्रणम् + य (d) प्रनम् + अम्

Ans. (b) : 'साष्टाङ्गपातं प्रणम्योवाच' इत्यत्र 'प्रणम्य' शब्दस्य प्र + नम् + ल्यप् निष्पत्तिर्भवति।
'साष्टाङ्गपातं प्रणम्योवाच' यहाँ प्रणम्य शब्द की निष्पत्ति होती है–
प्र + नम् + ल्यप्
धातु से पूर्व कोई अव्यय, उपसर्ग या च्वि प्रत्यय हो तो क्त्वा के स्थान पर ल्यप् हो जाता है। ल्यप् का 'य' शेष रहता है। धातु से पहले नञ् होगा तो ल्यप् नहीं होगा। ल्यप् का 'य' शेष बचता है। ल्यप् अव्यय, होता है। अतः इसके रूप नहीं चलते है।

6. कीदृशे जने विश्वासो नैव कर्त्तव्यः?

(a) धूर्ते जने (b) चौरे जने
(c) यादृशे तादृशे जने (d) अविश्वसनीये जने

Ans. (c) : यादृशे तादृशे जने विश्वासो नैव कर्त्तव्यः।
जैसे तैसे लोगों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

7. प्रजाः महत् क्लेशं कथमनुभवन्ति?

(a) अराजके राष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः
(b) कुराष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः
(c) विप्लवग्रस्ते राष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः
(d) पराधीने राष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः

Ans. (a) : प्रजाः महत् क्लेशं अराजके राष्ट्रे मत्स्यन्यायाभिभूताः अनुभवन्ति।
प्रजा अराजक राष्ट्र में मत्स्यन्याय से अभिभूत होकर महान क्लेश का अनुभव करता है।
(मत्स्य न्याय अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाती है।)

8. 'दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वाः' इति केन उक्तम् ?

(a) नारायणपण्डितेन (b) विष्णुशर्मणा
(c) मनुना (d) कौटिल्येन

Ans. (c) : 'दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वाः' इति मनुना उक्तम् ।
'दण्ड सम्पूर्ण प्रजा पर शासन करता है।' यह महर्षि मनु का कथन है।

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः समीचीनमुत्तरं चिनुत-

आस्ते भागीरथीतीरे गृध्रकूटनाम्नि पर्वते महान्पर्कटीवृक्षः। तस्य कोटरे दैवदुर्विपाकाद्गलितनखनयनो जरद्गवनामा गृध्रः प्रतिवसति। अथ कृपया तज्जीवनाय तद्वृक्षवासिनः पक्षिणः स्वाहारात्किंचित्किंचिदुद्धृत्य ददति। तेनासौ जीवति। अथ कदाचिद्दीर्घकर्णनामा मार्जारः पक्षिशावकान्भक्षितुं तत्रागतः। ततस्तमायान्तं दृष्ट्वा पक्षिशावकैर्भयार्तैः कोलाहलः कृतः। तत्छुत्वा जरद्गवेनोक्तम् - 'कोऽयमायाति?'। दीर्घकर्णो गृध्रमवलोक्य सभयमाह - 'हा, हतोऽस्मि'।

तस्यामवस्थायां तेन विचारितम् यत् - भयात् तावदेव भेतव्यं यावद् भयमनागतमस्ति, यदि भयप्रदा काचित्समस्या पुरतः समागता तदा विचार्य यथोचितं कार्यं करणीयम् ।

अधुनास्य संनिधाने पलायितुमक्षमः। तद्यथा भवितव्यं तद्भवतु। तावद्विश्वासमुत्पाद्यास्य समीपं गच्छामि। इत्यालोच्योपसृत्याब्रवीत् - 'आर्य! त्वामभिवन्दे।' गृध्रोऽवदत् - 'कस्त्वम्?'। सोऽवदत् - 'मार्जारोऽहम्'। गृध्रो ब्रूते - 'दूरमपसर। नो चेद्धन्तव्योऽसि मया'। मार्जारोऽवदत् - 'श्रूयतां तावदस्मद्वचनम् । ततो यद्यहं वध्यस्तदा हन्तव्यः। किं कश्चित् जातिमात्रेण हन्यते यद्वा पूज्यते? व्यवहारं परिज्ञाय कश्चित् वध्यो यद्वा पूज्यो भवेत् । '

गृध्रो ब्रूते-'ब्रूहि, किमर्थमागतोऽसि?' सोऽवदत् - 'अहमतत्र गङ्गातीरे नित्यस्नायी निरामिषाशी ब्रह्मचारी चान्द्रायणव्रतमाचरंस्तिष्ठामि। 'यूयं धर्मज्ञानरता विश्वासभूमयः' इति पक्षिणः सर्वे सर्वदा ममाग्रे प्रस्तुवन्ति। अतो भवद्भयो विद्यावयोवृद्धेभ्यो धर्मं श्रोतुमिहागतः। भवन्तश्चैतादृशा धर्मज्ञा यन्मामतिथिं हन्तुमुद्यताः। गृहस्थवस्तु एष धर्मः यदि तस्य पार्श्वे कश्चित् वैरी अपि-अतिथिरूपेण समागत तर्हि तस्य अपि सत्कारं करणीयम् । यथा वृक्षाणां कर्तयिता यदि वृक्षछायायां गच्छति तदा वृक्षाः स्वकीयां छायां नोपसंहन्ते।

एवं प्रकारेण विश्वास्य समार्जारस्तरुकोटरे संस्थितः।

ततो दिनेषु गच्छत्सु पक्षिशावकानाक्रम्य कोटरमानीय प्रत्यहं खादति। येषामपत्यानि खादितानि तैः शोकातैर्विलपद्भिरितस्ततो जिज्ञासा समारब्धा। तत्परिज्ञाय मार्जारः कोटरान्निः सृत्य बहिः पलायितः। पश्चात्पक्षिभिरितस्तो निरूपयद्भिस्तत्र तरुकोटरे शावकास्थीनि प्राप्तानि। अनन्तरं त ऊचुः - ''अनेनैव जरद्गवेनास्माकं शावकाः खादिताः'' इति सर्वैः पक्षिभिर्निश्चित्य गृध्रो व्यापादितः।

9. 'भयात्तावदेव भेतव्यं यावद्भयमनागतमस्ति' इति कस्य कथनं सन्दर्भे?

(a) जरद्गवस्य (b) जम्बूकस्य
(c) शावकस्य (d) दीर्घकर्णस्य

Ans. (d) : 'भयात्तावदेव भेतव्यं यावद्भयमनागतस्मि' इति दीर्घकर्णस्य कथनं सन्दर्भे।
'भयात्तावदेव भेतव्यं यावद् भयमनागतास्मि' यह दीर्घकर्ण के कथन के सन्दर्भ में है।

10. 'भक्षितुं तत्रागतः' इत्यत्र 'भक्षितुम्' इति शब्दो निष्पद्यते-

(a) भुज् + तुमुन् (b) भक्षि + तुमुन्
(c) भुज् + णमुल् (d) भक्षि + णमुल

Ans. (b) : 'भक्षितुं तत्रागतः' इत्यत्र 'भक्षितुम्' इति शब्दो भक्षि + तुमुन् निष्पद्यते।
'भक्षितुम्' शब्द की निष्पत्ति है – भक्षि + तुमुन्
तुमुन प्रत्यय 'को', 'के लिए' अर्थ में होता है। तुमुन् का तुम शेष रहता है। तुमुन प्रत्ययान्त अव्यय होता है, अतः रूप नहीं चलते। ऐसे स्थानों पर दूसरी क्रिया के लिए कोई क्रिया की जाती है। तुमुन् का 'तुम्' शेष रहता है।

11. 'तद्यथा भवितव्यं तद्भवतु' इत्यत्र 'भवितव्यम्' इति शब्दो निष्पद्यते-

(a) भू + कर्तरि 'तव्य' प्रत्ययः
(b) भू + कर्मणि 'तव्य' प्रत्ययः
(c) भू + कर्मकर्तरि 'तव्य' प्रत्ययः
(d) भू + भावे 'तव्य' प्रत्ययः

Ans. (d) : 'तद्यथा भवितव्यं तद्भवतु' इत्यत्र 'भवितव्यम्' इति शब्दो निष्पद्यते भू + भावे 'तव्य' प्रत्ययः।
भवितव्यम् शब्द की निष्पत्ति है – भू + भावे तव्य प्रत्यय
तव्यत् प्रत्यय चाहिए अर्थ में होता है तव्यत् का 'तव्य' शेष रहता है।

12. 'भयार्तैः कैः कोलाहलः कृतः'?

(a) मृगैः (b) पक्षिभिः
(c) पक्षिशावकैः (d) दरदुरैः

Ans. (c) : 'भयार्तैः पक्षिशावकैः कोलाहलः कृतः। पक्षी शावक भयातुर हो के कोलाहल कर रहे थे।

13. 'इत्यालोच्योपसृत्याब्रवीत् - आर्य! त्वामभिवन्दे।' इति कस्य कथनम् -

(a) मार्जारस्य (b) गृध्रस्य
(c) शावकस्य (d) गृध्रकूटस्य

Ans. (a) : 'इत्यालोच्योपसृत्याब्रवीत् - आर्य! त्वामभिवन्दे' इति मार्जारस्य कथनम् ।
'इत्यालोच्योपसृत्या ब्रवीत् - आर्य! त्वामभिवन्दे।' यह मार्जार का कथन है।

14. ''कोलाहलः कृतः'' इत्यत्र 'कृतः' इति शब्दो निष्पद्यते-

(a) कृ + त; आत्मनेपदे (b) कृ + क्त पुंल्लिङ्गे
(c) कृ + क्त भावे (d) कृ + क्त कर्मकर्तरि

Ans. (b) : ''कोलाहलः कृतः'' इत्यत्र 'कृतः' इति शब्दो निष्पद्यते। कृतः में क्त प्रत्यय है। क्त प्रत्यय का 'त' शेष रहता है क्त कर्मवाच्य या भाववाच्य में होता है।

15. ''श्रूयतां तावदस्मद्वचनम्'' इत्यत्र 'श्रूयताम' शब्दो निष्पद्यते -

(a) श्रु + यक् + ताम् परस्मैपदम्
(b) श्रु + यक् + त + नाम् आत्मनेपदम्
(c) श्रु + यु + ताम् परस्मैदम्
(d) श्रु + यक् + ताम् आत्मनेपदम्

Ans. (d) : ''श्रूयतां तावदस्मद्वचनम्'' इत्यत्र ''श्रूयताम'' शब्दो श्रु + यक् + ताम् आत्मनेपदम् निष्पद्यते।

16. स्वभाविकरूपेण बहुभाषाभाषिकाणां भारतीयानां कक्षाया उपयोगः संसाधनरूपेण करणीयः येन प्रत्येकं छात्रः -

(a) बहुभाषाकौशलमधिगच्छेत्
(b) विभिन्नाः भाषाः अधिगच्छेत्
(c) सुरक्षितं स्वीकृतञ्च अनुभवेत्
(d) विविधतया अभिव्यक्तं कुर्यात्

Ans. (c) : स्वभाविकरूपेण बहुभाषाभाषिकाणां भारतीयानां कक्षाया उपयोगः संसाधनरूपेण करणीयः येन प्रत्येकं छात्रः सुरक्षितं स्वीकृतञ्च अनुभवेत्।
स्वाभाविक रूप से बहुभाषा भाषी भारतीयों की कक्षा में संसाधन का उपयोग इस प्रकार करना चाहिए ताकि प्रत्येक छात्र सुरक्षित एवं सकारात्मक स्वीकृत अनुभव कर सके।

17. अधस्तनेषु कतमः पठनाय सर्वाधिकमुपयुक्तोऽस्ति?

(a) पठनं संकेतानां विसंकेतनमात्रमेवास्ति
(b) पठनं पाठ्यपुस्तकस्य शुद्धोच्चारणमस्ति।
(c) पठनं पाठ्यपुस्तकस्य अवबोधनमस्ति।
(d) पठनं पाठ्यपुस्तकस्य वर्तनीनां स्मरणम् अस्ति।

Ans. (c) : पठनं पाठ्यपुस्तकस्य अवबोधनमस्ति एतत् सर्वाधिकमुपयुक्तोऽस्ति।
पाठ्य पुस्तक को पढ़ना ही अवबोधन है यह सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प है। बालक पुस्तक को पढ़कर भी ज्ञान अर्जित कर सकता है।

18. अधोऽङ्कितासु कतमा व्यापकाध्ययनस्य विधा नास्ति?

(a) विहङ्गमदृष्टिपातः (b) क्रमवीक्षणम्
(c) समवेत्-पठनम् (d) मौन-अध्ययनम्

Ans. (b) : समवेत् पठनम् व्यापकाध्ययनस्य विधा नास्ति।
समवेत - पठन व्यापक अध्ययन विधा नहीं।
समवेत पठन में शिक्षार्थी स्वतः अध्ययन कार्य नहीं करता वरन् अध्यापक द्वारा पढ़ाये गये अवतरणों को उन्हीं के साथ पढ़ते हैं। यह एक प्रकार से साझा पठन है। जबकि विहङ्गमदृष्टिपात, क्रमवीक्षण, मौन-अध्ययन ये सब व्यापक अध्ययन की विधा है।

19. स्वच्छन्दलेखनं लेखकेभ्यः सहायकमस्ति, यतोहि -

(a) इदं सम्पादने सहायकमस्ति
(b) इदं लेखनाय विचारानुद्भावयति
(c) इदं पाठ्यपुस्तकाय अन्तिमस्वरूपनिर्धारणे सहायकमस्ति
(d) इदं त्रुटिसंशोधने सहायकमस्ति

Ans. (b) : स्वच्छन्दलेखनं लेखकेभ्यः सहायकमस्ति, यतोहिइदं लेखनाय विचारानुद्भावयति।
स्वच्छन्दलेखन लेखकों के लिए सहायक होता है। यह लेखन के लिए विचार उत्पन्न करता है।

20. लेखनप्रक्रियायां किम् मानसिकप्रारूप - निर्धारणाय सुव्यवस्थिता पद्धतिर् भवितुं शक्नोति।

(a) समीक्षा (b) प्रारूपलेखनम्
(c) पूर्वलेखनम् (d) अन्तिमस्वरूपनिर्धारणम्

Ans. (c) : लेखनप्रक्रियायां पूर्वलेखनम् मानसिकप्रारूप - निर्धारणाय सुव्यवस्थिता पद्धतिर् भवितुं शक्नोति।
लेखन प्रक्रिया में पूर्वलेखन मानसिक प्रारूप निर्धारण के लिए सुव्यवस्थित पद्धति होने में सक्षम है।

21. एका भाषा-अध्यापिका कक्षायां छात्राणां जीवनस्य यथार्थपरिस्थितीनाम् प्रयोगं करोति, तथा च तान् लक्ष्यभाषां वदनाय प्रेरयति। सा किम् प्रयोगं करोति-

(a) सम्प्रेषणात्मकः उपागमः (b) संरचनात्मकः उपागमः
(c) श्रव्य भाषिकपद्धतिम् (d) व्याकरणानुवादपद्धतिम्

Ans. (a) : एका भाषा - अध्यापिका कक्षायां छात्राणां जीवनस्य यथार्थपरिस्थितीनाम् प्रयोगं करोति, तथा च तान् लक्ष्यभाषां वदनाय प्रेरयति। सा सम्प्रेषणात्मकः उपागमः करोति।
एक भाषा- अध्यापिका कक्षा में छात्रों के जीवन के यथार्थ-परिस्थिति का प्रयोग करती है तथा उनको लक्ष्य भाषा बोलने के लिए प्रेरित करती है। वह सम्प्रेषणात्मक उपागम का प्रयोग करती है।
सम्प्रेषणीय उपागम भाषा शिक्षण की एक विधि है जो शिक्षार्थियों को वास्तविक सम्प्रेषण में प्रभावशाली ढंग से शामिल करता है। यह एक शिक्षार्थी केन्द्रित उपागम है।

22. इदं चिन्तनं यत् भाषा अस्माकं विचारानाकारं ददाति। यथा - वयं संसारमधिकृत्य यत् चिन्तनं कुर्मः पश्यामश्च, भाषा तं निर्धारयति। इदं सम्बन्धितमस्ति -

(a) भाषासापेक्षताम्
(b) भाषायाः सामाजिकीकरणम्
(c) 'स्टीफन-क्रेशन' इत्यस्य सिद्धांतः
(d) सपीर-वोर्फ इत्यस्य परिकल्पना

Ans. (d) : इदं चिन्तनं यत् भाषा अस्माकं विचारानाकारं ददाति। यथा - वयं संसारमधिकृत्य यत् चिन्तनं कुर्मः पश्यामश्च, भाषा तं निर्धारयति। इदं सम्बन्धितम् सपीर - वोर्फ इत्यस्य परिकलपना अस्ति।
यह चिन्तन जो भाषा हमारे विचारों को देती है। जो हम सब संसार से अधिकृत करके चिन्तन कर्म करते हैं। और देखते हैं, वह भाषा का निर्धारण करती है। यह 'सपीर-वोर्फ' इस परिकल्पना से सम्बन्धित है।

23. एका अध्यापिका विश्वसिति यन्मानवो भाषामपि तदवदेव अवगच्छति यथा अनुभवने अन्यान् कौशलान्, योग्यताश्च। सा केन सिद्धान्तनिर्धारकेण सह सम्मता?

(a) पियाजे (b) चामस्की
(c) स्किनर (d) वाइगोत्स्की

Ans. (c) : एका अध्यापिका विश्वसिति यन्मानवो भाषामपि तदवदेव अवगच्छति यथा अनुभवने अन्यान् कौशलान् योग्यताश्च। सा स्किनर सिद्धान्तनिर्धारणे सह सम्मता।
स्किनर के क्रियाप्रसूत अनुकूलन या नैमित्तिक अनुकूलन सिद्धान्त के अनुसार व्यवहार के परिणाम क्रिया के होने की सम्भावना को प्रभावित करते हैं। यदि क्रिया के बाद कोई बल प्रदान करने वाला उद्दीपन मिलता है, तो उस क्रिया की शक्ति में वृद्धि होती है। स्किनर के मत में प्रत्येक पुनर्बलन अनुक्रिया को करने के लिए प्रेरित करता है।

24. बालस्य प्राक्भाषिक-अवस्थाया विशेषता अस्ति -

(a) रोदनम्, कूजनम्, अव्यक्तवाक् च
(b) एकशब्दस्य - उच्चारणम्
(c) शब्दद्वयस्य - उच्चारणम्
(d) मनोभाषा (Telegraphic speech)

Ans. (a) : बालस्य प्राक्भाषिक - अवस्थाया विशेषता रोदनम्, कूजनम्, अव्यक्त वाक् च
बालक की पूर्व भाषिक अवस्था की विशेषता है रोना, बोलना और अव्यक्त करना।
जन्म के समय बालक क्रन्दन करता है। यह उसकी पहली भाषा होती है। इस समय न उसे स्वरों का ज्ञान होता है न व्यञ्जनों का 25 सप्ताह तक शिशु जिस प्रकार की ध्वनि निकालता है, उनमें स्वरों की संख्या अधिक होती है।

25. अस्माकं शारीरिकमुद्रा, भावभङ्गिमा, निरन्तरावलोकनम् च कस्य उदाहरणानि?
(a) संकेतस्य
(b) अशाब्दिकसम्प्रेषणस्य
(c) शाब्दिकसम्प्रेषणस्य
(d) कम्प्यूटरमाध्यमेन सम्प्रेषणस्य

Ans. (b) : अस्माकम् शारीरिकमुद्रा, भावभङ्गिमा, निरन्तरावलोकनम् च अशाब्दिक सम्प्रेषणस्य उदाहरणानि।
हमारी शारीरिकमुद्रा, हाव-भाव और निरन्तर अवलोकन करना अशाब्दिक सम्प्रेषण के उदाहरण है। यह सामान्यतः शब्द रहित संदेशों को भेजने एवं प्राप्त करने की सम्प्रेषण प्रक्रिया है। अशाब्दिक सम्प्रेषण को शारीरिक हाव-भाव एवं स्पर्श, शारीरिक भाषा एवं भावभंगिमा, चेहरे की अभिव्यक्ति या आंखों के सम्पर्क से भी सम्प्रेषित किया जा सकता है।

26. सर्वा भाषा नियमैर्बद्धा सन्ति। एषा नियमबद्धता वक्तृन् शब्दानां योगे अर्थसम्प्रेषणे च साहाय्यं करोति। एषा नियमबद्धता केन नाम्ना ज्ञायते?
(a) वाक्यसंरचना (b) व्याकरणम्
(c) संकेतः (d) अर्थः

Ans. (b) : सर्वा भाषा नियमैर्बद्धा सन्ति। एषा नियमबद्धता वक्तृन् शब्दानां योगे अर्थसम्प्रेषणे च साहाय्यं करोति। एषा नियमबद्धता व्याकरणं नाम्ना ज्ञायते।
सभी भाषाएं नियम बद्ध है। इस प्रकार नियमबद्धता से बोलना और शब्दों के योग से अर्थ सम्प्रेषण में सहायता करना ऐसी नियम बद्धता 'व्याकरण' के नाम से जानी जाती है।
किसी भी भाषा के अंग-प्रत्यंग का विश्लेषण तथा विवेचन 'व्याकरण' कहलाता है।

27. एक अध्यापिका छात्रान् कथयति यत् युग्मेषु उपविशन्तु, सा तेभ्य एकं चित्रं ददाति निर्दिशति च, परस्परं चित्रमधिकृत्य विचारविनिमयं कुर्वन्तु। एषा का पद्धतिरस्ति?
(a) सहपाठिनां मध्ये अन्तः क्रिया।
(b) समूहे अन्तः क्रिया।
(c) अध्यापकस्य सुविधानुकूलं शिक्षणम्।
(d) परियोजना कार्यम्।

Ans. (a) : एक अध्यापिका छात्रान् कथयति यत् युग्मेषु उपविशन्तु, सा तेभ्य एकं चित्रं ददाति निर्दिशति च, परस्परं चित्रमधिकृत्य विचारविनिमयं कुर्वन्तु। एषा सहपाठिनां मध्ये अन्तः क्रिया पद्धतिरस्ति। एक अध्यापिका छात्रों से कहती है इस युग्म में बैठो, वह उनको एक चित्र देती है और निर्देशित करती है कि इस चित्र पर आधारित परस्पर विचार-विनिमय करो। यह 'सहपाठियों' के बीच में अन्तः क्रिया पद्धति है।
बच्चे परस्पर विचार विनिमय से ज्यादा अच्छा सीखते हैं।

28. लेखनवैफल्यम् (Dysgraphia) अधिगम-अयोग्यता वर्तते यत्प्रभावयति-
(a) वाक्ध्वनीनां संज्ञानं यत्पठनसमस्यामुद्भावयति
(b) गतिम् समन्वयम् च
(c) हस्तलेखनम् सूक्ष्माङ्गक्रियां च
(d) सम्प्रेषणम्

Ans. (c) : लेखनवैफल्यम् (Dysgraphia) अधिगम-अयोग्यता वर्तते यत्प्रभावयति - हस्तलेखनम् सूक्ष्माङ्गक्रियां च
लेखनवैफल्य अधिगम - अयोग्यता है इससे हस्त लेखन और सूक्ष्माङ्ग क्रिया प्रभावित होती है।
लेखनवैफल्य एक विकार है जिससे लेखन क्रिया प्रभावित होती है। इसे 'डिस्ग्राफिया' भी कहते है। इस विकार से युक्त बालक लेखन क्रिया नहीं कर पाता है।

29. प्रक्रियालेखन-उपागमे लेखनात्पूर्व विचारमन्थनं महत्वपूर्णम् अस्ति। यतोहि -
(a) प्रारूपं संशोधनाय महत्वपूर्णा पद्धतिरस्ति।
(b) सम्पादने सहायकमस्ति।
(c) चिन्तनमुद्दीपयति।
(d) पुनर्लेखने सहायकमस्ति।

Ans. (c) : प्रक्रियालेखन - उपागमे लेखनात्पूर्व विचारमन्थनं महत्वपूर्णम् अस्ति। यतोहि - चिन्तनमुद्दीपयति।
प्रक्रिया लेखन - उपागम में लेखन से पूर्व विचार-विमर्श महत्वपूर्ण है। यह चिन्तन को बढ़ाता है।
बालक यदि सोच-विचार करके लेखन कार्य प्रारम्भ करता है तो लेखन कार्य सही भी होता है। और बालक के चिन्तन स्तर को भी बढ़ाता है।

30. सम्भाषणकौशले, भाषायाः क्रियाविधौ सम्मिलिताः सन्ति -
(a) उच्चारणम्, व्याकरणम् शब्दावली च
(b) लिखित लिपिः यद्वा शब्दाः
(c) भाषायाः सम्प्रयोगे सामाजिक-सांस्कृतिकाश्च नियमाः
(d) प्रवाहमयं सम्भाषणम्

Ans. (a) : सम्भाषण कौशले, भाषयाः क्रियाविधौ सम्मिलिताः उच्चारणम् , व्याकरणम् शब्दावली च सन्ति।
सम्भाषण कौशल और भाषा क्रियाविधि में उच्चारण, व्याकरण एवं शब्दावली सम्मिलित है।
बालक जब भाषण देता है यदि उसे व्याकरण का ज्ञान न हो या पर्याप्त शब्दकोश न हो तो वह भाषण कार्य समुचित रूप से नहीं कर सकता है।

Central Teacher Eligibility Test (CTET) 2022
Social Science (VI-VIII)
Solved Paper with Explanation

(Exam Date : 09-01-2023) **(Time : 2.30)**

CHILD DEVELOPMENT PEDAGOGY

1. Which aspect of development deals with the acquisition of skills, values and attitudes of the society and formation of healthy interpersonal relationship/विकास का कौन सा पहलू समाज के कौशल, मूल्य व रवैया के अधिग्रहण व अतंर्वैयक्तिक रिश्ते बनाने से संबंधित हैं?

(a) Cognitive development /संज्ञानात्मक विकास
(b) Social development/सामाजिक विकास
(c) Emotional development/संवेगात्मक विकास
(d) Physical development/शारीरिक विकास

Ans. (b) : सामाजिक विकास वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा वह सामाजिक परम्पराओं और रूढ़ियों के अनुसार व्यवहार करता है तथा अन्य लोगों से सहयोग करना सीखता है। सामाजिक विकास समाज के कौशल, मूल्य व खैया के अधिग्रहण व अतंर्वैयक्तिक रिश्ते बनाने से सम्बन्धित होता है। दूसरे शब्दों में सामाजिक विकास का अर्थ है - बालक का समाजीकरण करना। समाज में रहकर ही वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है और अपनी जन्मजात शक्तियों और प्रवृत्तियों का विकास करता है। उसकी समस्त शक्तियों का विकास तथा आचरण - व्यवहार का परिमार्जन और सामाजिक गुणों का विकास सामाजिक वातावरण में ही सम्भव होता है।

2. Which of the following factors contributes towards overall development of a child?
निम्न में से कौन से कारक बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए जिम्मेदार हैं?

(i) Heredity/आनुवंशिकता
(ii) Physical environment/भौतिक वातावरण
(iii) Social context/सामाजिक परिवेश

(a) Only (i)/केवल (i)
(b) Only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)
(c) Only (i) and (ii)/केवल (i) और (ii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii), और (iii)

Ans. (d) : मानव विकास का सामान्य अर्थ व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व में आयु के साथ आए परिवर्तन से है। विकास व्यक्ति के मानसिक, भावात्मक, सामाजिक, नैतिक आदि पक्षों में परिवर्तन से है। यह विकास प्रक्रिया मानव जीवन में गर्भावस्था से लेकर मृत्युपर्यंत तक चलती रहती है। विकास का क्षेत्र अति व्यापक होता है। बच्चों के सम्पूर्ण विकास में निम्न कारक जिम्मेदार होते हैं–

- **आनुवांशिकता (Heredity) –**
  * शारीरिक संरचना
  * लिंग भेद
  * संवेगात्मक विशेषताएँ
  * बुद्धि
  * वंश/प्रजाति
  * आंतरिक संरचना
- **भौतिक वातावरण (Physical Environment) –** बोरिंग, वैल्ड और लैंगफील्ड ने वातावरण के प्रभाव को इस तरह व्यक्त किया है - ''वातावरण वह प्रत्येक वस्तु है जो व्यक्ति को पित्रैकों के अतिरिक्त अन्य सभी बातों को प्रभावित करती है।''
- **सामाजिक परिवेश (Social Context) –**
  * जीवन की आवश्यक सुविधाएँ
  * समाज और संस्कृति
  * पारिवारिक पृष्ठभूमि
  * रोग तथा चोट
  * विद्यालय

3. ——— is the process in which a child picks up social skills, idea and values through interaction with parents, teachers, peer and significant others.
वह प्रक्रिया जिसमें एक बच्ची अपने माता-पिता, समकक्षी व अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों से अंतः क्रिया करके सामाजिक कौशल, विचार व मूल्य सीखती है _____ कहलाती है।

(a) Scaffolding /पाड़
(b) Socialization/सामाजीकरण
(c) Metacognition /अधिसंज्ञान
(d) Intergration/एकीकरण

Ans. (b) : वह प्रक्रिया जिसमें एक बच्ची अपने माता-पिता, समकक्षी व अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों से अन्तःक्रिया करके सामाजिक कौशल, विचार व मूल्य सीखती है समाजीकरण कहलाती है। समाजीकरण लोगों को इसके मानदंडों और अपेक्षाओं को सिखाकर एक सामाजिक समूह में भाग लेने के लिए तैयार करता है। समाजीकरण के तीन प्राथमिक लक्ष्य हैं : आवेग नियंत्रण सीखना, विवेक विकसित करना, लोगों को कुछ सामाजिक भूमिकाएँ निभाने के लिए तैयार करना और अर्थ व मूल्य के साझा स्त्रोतों की खेती करना। इसके द्वारा व्यक्ति समाज में, संस्कृति, आदर्श, मूल्य और परम्परा के अनुरूप व्यवहार करना सीखता है। चलना, बोलना, खाना, कपड़ा पहनना, पढ़ना लिखना आदि क्रियाएँ व्यक्ति समाज में सीखता है।

4. In Piaget's theory, the process in which children either modify their schemas or make new ones due to direct interaction with the environment is called
पियाजे के सिद्धान्तों के अनुसार उस प्रक्रियों को जिसमें बच्चे या तो नये स्कीमा का निर्माण करते हैं या अपने स्कीमा में बदलाव करते हैं, को क्या कहते हैं?

(a) In variation/निश्चरता
(b) Conditioning /अनुबंधन
(c) Adaptation/संतुलीकरण
(d) Equilibration/अनुकूलन

Ans. (c) : पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार 'संतुलीकरण (Adaptation)' वह प्रक्रिया है जिसमें बच्चे या तो नये स्कीमा का निर्माण करते हैं या अपने स्कीमा में बदलाव करते हैं। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त में आत्मसात्करण, समायोजन और संतुलीकरण कुछ ऐसे तरीके हैं जिनके माध्यम से बच्चे नए अनुभवों को पहले से मौजूद संज्ञानात्मक संरचनाओं (स्कीमा) में एकीकृत करते हैं।
संतुलीकरण (Adaptation) – पियाजे का मानना था कि सभी बच्चे आत्मसात्करण और समायोजन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं जिसे एक क्रियाविधि के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। यह वह प्रक्रिया थी जिसमें बच्चे को अपने अनुभव के बेहतर और अधिक परिष्कृत ज्ञान की ओर अग्रसर किया।

5. According to Jean Piaget, children in concrete operational stage can think logically but have difficulty in :
जीन पियाजे के अनुसार मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बच्चे तर्कपूर्ण ढ़ंग से सोच पाते हैं पर उन्हें _____ में कठिनाई आती है।
(a) Symbolic representation/प्रतिकात्मक प्रतिनिधित्व
(b) Tasks of conservation/संरक्षण के कार्य
(c) Hypo-thetico deductive reasoning /परिकल्पित निगमनात्मक तर्क
(d) Tasks of seriation/क्रमबद्धता के कार्य

Ans. (c) : जीन पियाजे के अनुसार मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बच्चे तर्कपूर्ण ढंग से सोच पाते हैं पर उन्हें 'परिकल्पित निगमनात्मक तर्क में कठिनाई आती है। मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में बच्चे संबंधपरक शब्दों को समझने और उनसे संबंधित होने में सक्षम होते हैं। समय, आकार, स्थान और दूरी जैसे सम्बन्धपरक शब्द इस अवस्था में अधिक आसानी से समझे जाते हैं और अवधारणा बनाते है। परिकल्पित निगमनात्मक तर्क अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था के दौरान विकसित हो जाते हैं। जिनसे बालक किसी समस्या का समाधान आसानी से कर लेता है।

6. According to Kohlberg at which stage do children see rules as fixed and absolute ?
कोहलबर्ग के अनुसार बच्चे किस अवस्था में नियमों को निश्चित और निरपेक्ष मानते हैं?
(a) Punishment and obedience orientation./सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास।
(b) Social contract orientation./सामाजिक अनुबंध अभिविन्यास।
(c) Universal ethical principles orientation./ सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास।
(d) Good boy- good girl orientaition./अच्छा लड़का–अच्छी लड़की अभिविन्यास।

Ans. (a) : कोहलबर्ग के अनुसार बच्चे के पूर्व परम्परागत अवस्था के पहले चरण (सजा और आज्ञाकारिता अभिविन्यास) में नियमों को निश्चित और निरपेक्ष मानते हैं। दंड और आज्ञापालन (Punishment and Obedience) चरण में बच्चा सही गलत के मध्य अंतर का चयन उनके प्रति दूसरे के व्यवहार के अनुसार करते हैं, अर्थात् अगर वह गलत कार्य करते हैं तो उन्हें उनके घर वालों से दंड प्राप्त होता है और अगर वह कोई अच्छा काम करते हैं तो उन्हें किसी व्यक्ति के द्वारा पुरस्कार या तारीफ सुनने को मिलती है।

7. Who among the following is also known as Social Constructivist theorist?
निम्न में से किसे सामाजिक रचनावादी सैद्धान्तिक के रूप में भी जाना जाता है?
(a) B.F. Skinner/बी. एफ.
(b) Lawhrence Kohlberg/लावरेंस कोहलबर्ग
(c) J.P. Guilford/जे.पी. गिलफोर्ड
(d) Lev Vygotsky/लेव वायगोत्स्की

Ans. (d) : लेव वाइगोत्स्की सामाजिक रचनावादी सैद्धान्तिक रूप में भी जाने जाते हैं। वाइगोत्स्की के सिद्धान्त के अनुसार, अधिगम व विकास सांस्कृतिक और सामाजिक अधिगम सिद्धान्त को व्यवहारवाद और संज्ञानात्मक सिद्धान्तों का पुल कहा जाता है, क्योंकि यह ध्यान, स्मृति और प्रेरणा से संबंध रखता है। इन्होंने मानव के सांस्कृतिक तथा जैव सामाजिक विकास का सिद्धान्त दिया। इसे सांस्कृतिक - ऐतिहासिक सिद्धान्त के नाम से भी जाना जाता है। इनके अनुसार, सामाजिक अंतःक्रिया ही बालक की सोच व व्यवहार में निरन्तर बदलाव लाता है जो एक संस्कृति से दूसरे में भिन्न हो सकता है।

8. The students in a class are working in groups to understand a concept, when teacher observes that all members of a group are not able to move further in their understanding. Teacher helps them by giving prompts and cues and then leaves them again on their own. Which concept is used in the class?
एक कक्षा में विद्यार्थी समूह में कार्य कर रहे तथा प्रत्यय को समझ रहे हैं शिक्षक यह देखती है कि एक समूह के सभी सदस्य आगे नहीं बढ़ पा रहे है। वह उन्हें इशारे व संकेत देकर उनकी सहायता करती है तथा पुनः उन्हें उनके प्रयासों पर छोड़ देती है। कक्षा में कौन में प्रत्यय का प्रयोग हो रहा है?
(a) Conditioning /अनुबंधन
(b) Scaffolding/पाड़
(c) Passive imitation/निष्क्रिय अनुकरण
(d) Rote memorization/रटकर स्मरण

Ans. (b) : एक कक्षा में विद्यार्थी समूह में कार्य कर रहे तथा प्रत्यय को समझ रहे हैं शिक्षक यह देखती है कि एक समूह के सभी सदस्य आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। वह उन्हें इशारे व संकेत देकर उनकी सहायता करती है तथा पुनः उन्हें उनके प्रयासों पर छोड़ देती है। कक्षा में 'पाड़ (Scaffolding)' प्रत्यय का प्रयोग हो रहा है। वाइगोत्स्की के अनुसार बालक को सीखने के लिए एक पाड़ (Scaffolding) की जरूरत होती है, अर्थात् एक ऐसी सीढ़ी जो उसे अधिगम के उस शिखर तक ले जा सकें। जिस शिखर पर पहुँचकर वह अपनी अधिगम के अन्तर्गत आने वाली समस्त समस्याओं का समाधान कर सकें। यह पाड़ छात्र के अनुभव, कौशल एवं ज्ञान का उत्तम विकास करने हेतु अत्यंत आवश्यक है। इसके अन्तर्गत छात्र क्रमबद्ध रूप से अपना संज्ञानात्मक विकास करता है।

9. A progressive classroom is characterized by:
एक प्रगतिशील कक्षा की विशेषता है:
(i) Teacher's Mobility/शिक्षक की गतिशीलता
(ii) Flexible grouping/लचीला समूहीकरण
(iii) Autonomy to children/बच्चों की स्वायत्तता
(iv) Provisioning of a lot of materials/बहुत सारी सामग्रियों का प्रावधान
(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)
(c) (i), (ii) and (iv)/ (i), (ii) और (iv)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii) और (iv)

Ans. (d) : एक प्रगतिशील शिक्षा में प्रगतिशील कक्षा एक पक्ष है। जिसमें प्रत्येक छात्र स्वतंत्रतापूर्वक, अनुभवों, शिक्षक एवं साथियों के सहयोग द्वारा शिक्षा ग्रहण करते हैं प्रत्येक बच्चे की क्षमता में विश्वास प्रगतिशील शिक्षा की अवधारणा का केन्द्र है क्योंकि यह सामग्री और अनुभवों के साथ जुड़कर शिक्षार्थियों के कौशल और समझ को बढ़ाने पर जोर देता है। एक प्रगतिशील कक्षा की निम्नलिखित विशेषताएँ होती है–
* ज्ञान के निर्माण में पर्याप्त अवसर प्रदान करने चाहिए।
* शिक्षक की गतिशीलता।
* लचीला समूहीकरण।
* बच्चों की स्वायत्तता।
* बहुत सारी सामग्रियों का प्रावधान।

10. The abilities in _____ include manipulating images, graphic skills, and reasoning - anything that would include more than two dimension.
कौन सी बुद्धि में शामिल हैं- बिम्बों को कुशलतापूर्वक संचलन करने की क्षमता, आलेख के कौशल और तर्क-उनका जिनके दो से अधिक विमितियाँ हैं?
(a) Logico-mathematical intelligence/तर्क-गणितीय बुद्धिमत्ता
(b) Bodily-kinaesthetic intelligence/शारीरिक–गति संवेदनात्मक बुद्धि
(c) Interpersonal intelligence/अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि
(d) Spatial intelligence /स्थानिक बुद्धि

Ans. (d) : बिम्बो को कुशलतापूर्वक संचालन करने की क्षमता, आलेख के कौशल और तर्क उनका जिनके दो से अधिक विमितियाँ हो ये सभी गार्डनर द्वारा प्रतिपादित 'स्थानिक बुद्धि (Spatial Intelligence) के अन्तर्गत आती है। स्थानिक बुद्धि स्थानिक और दृश्य जानकारी को प्रभावी ढंग से देखने, समझने और उपयोग करने की क्षमता है। ऐसे लोग स्थानिक अभिविन्यास में अच्छे होते हैं, दृश्य चित्र और पैटर्न बनाते हैं। अंतःवैयक्तिक बुद्धि से तात्पर्य दूसरों को समझने की क्षमता और सामाजिक अंतःक्रियाओं से है। इंजीनियर, वैज्ञानिक, आर्किटेक्ट और कलाकार उनमें से हैं जिन्हें गार्डनर उच्च स्थानिक बुद्धि वाले के रूप में देखते हैं।

11. Development of language and thought:
भाषा व सोच विकास:
(a) Occurs independent of each other/एक दूसरे से स्वतंत्र होता है।
(b) Occurs independent of the socio-cultural contexts./सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ से स्वतंत्र होता है।
(c) Is inter-related since they interact in myriad ways to influence each other. /एक दूसरे से परम्पर जुड़ा है क्योंकि दोनों एक दूसरे को असंख्य रूप से प्रभावित करते हैं।
(d) Is influenced by heredity only and not environmental factors./केवल आनुवंशिकता से प्रभावित होता है न कि पर्यावरणीय कारकों से।

Ans. (c) : भाषा व सोच एक दूसरे से परस्पर जुड़ा है क्योंकि दोनों एक दूसरे को असंख्य रूप से प्रभावित करते हैं। भाषा व सोच एक-दूसरे को परिपोषित करते हैं। भाषा और सोच का अटूट संबंध होता है। सोच से भाषा का जन्म होता है। और भाषा विचार (सोच) को जन्म देती है। भाषा शिक्षण, भाषा साहित्य को समझते हुए सामाजिक परिवेश के प्रति जागरूक करते हुए सोच का दायरा बढ़ाता है।

12. A child who sees his father and mother performing 'non-conformist' roles is likely to:
यह संभावित है कि एक बच्ची जो अपने माता-पिता को गैर अनूरूपवादी जेंडर व्यवहार करते हुए देखती है:
(a) follow gender stereotypes./जेंडर रूढ़िवादित का पालन करेगी।
(b) question 'traditional' gender roles. /पारम्परिक जेंडर भूमिकाओं पर सवाल उठाएगी।
(c) have gender constancy/जेंडर निरंतरता का पालन करेगी।
(d) be gender biased./जेंडर पूर्वाग्रह से ग्रसित होती है।

Ans. (b) : यह सम्भावित है कि एक बच्ची जो अपने माता-पिता को गैर अनुरूपवादी जेंडर व्यवहार करते हुए देखती है तो वह उस समय पारम्परिक जेंडर भूमिकाओं पर सवाल उठाएगी। लिंग भूमिकाएँ समाज द्वारा निर्धारित कुछ मानकों पर आधारित होती है। जब लिंग की बात आती है, तो आमतौर पर विश्व में दो श्रेणियाँ, पुरूष और महिला होती है। ये ऐसी मान्यताएँ हैं जो व्यक्ति को सामाजिक भूमिकाओं से जोड़ती है जिसे प्रत्येक लिंग एक संस्कृति में पूरा करता है। इसमें पुरूषों और महिलाओं को कैसे कार्य करना चाहिए। पारम्परिक लिंग-भूमिका दृष्टिकोण पति और पत्नी की भूमिकाओं के बीच अधिकारों में अंतर को संदर्भित करता है।

13. To cater to diversity in his classroom a teacher needs to:
अपनी कक्षा में विविधता के समायोजन के लिए एक शिक्षक को:
(a) Be sensitive to the socio-cultural background of the students./छात्रों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के प्रति संवेदनशीन रहना चाहिए।
(b) Give uniform instruction and disregard individual differences./समान निर्देश देने चाहिए और व्यक्तिगत मतभेदों की अवहेलना करनी चाहिए।
(c) Disregard the social context of the students completely. /छात्रों के सामाजिक संदर्भ की पूरी तरह से अवहेलना करनी चाहिए।
(d) Label the children on the basis of their parents occupation. /बच्चों को उनके माता-पिता के व्यवसाय के आधार पर नामीकरण करना चाहिए।

Ans. (a) : कक्षा में विविधता से तात्पर्य छात्रों में सामूहिक भिन्नता से है, ये भिन्नताएँ जो एक समूह से दूसरे को पृथक करती है। यह भिन्नताएँ संस्कृति, भाषा, लिंग, धर्म, शारीरिक संरचना, सामाजिक एवं आर्थिक स्तर, पारिवारिक संरचना, योग्यताएँ, मूल्यों एवं मान्यताओं से संबंधित हो सकती है। इसमें शिक्षक की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, वह अपनी कक्षा में विविधता के समायोजन के लिए निम्नलिखित कार्य करता है–

* छात्रों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए।
* बच्चों को शिक्षा के अलावा सह-शैक्षिक गतिविधियों में संलग्न करना।
* एक शास्त्रीय संसाधन के रूप में बच्चों की सामाजिक-सांस्कृतिक और पृष्ठभूमि शिक्षा का उपयोग करना।
* विभिन्न शिक्षण शैलियों को समायोजित करके।
* विभिन्न शिक्षण शैलियों और संसाधनों का उपयोग करके सीखने में विविधता लाना।

14. The focus of assessment needs to be:
आकलन का उद्देश्य क्या होना चाहिए?

(a) Enhancement of learning./सीखने में वृद्धि।
(b) Caltegorisation and labeling of children. /बच्चों का वर्गीकरण और नामीकरण
(c) Increasing competition among the children/बच्चों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना।
(d) Generation of fear and stress among children./बच्चों में भय और तनाव पैदा करना।

Ans. (a) : वालेस, लार्सन और एल्क्सनीन (1992) के अनुसार, ''आकलन का तात्पर्य किसी व्यक्ति या समूह के बारे में सूचना संग्रहण विश्लेषण एवं उनका अर्थ निकालने की प्रक्रिया से है जिससे किसी व्यक्ति के बारे में अनुदेशात्मक, निर्देशात्मक अथवा प्रशासनिक निर्णय लिए जा सके।''
आकलन शिक्षा प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है आकलन एक शिक्षक को अपने शिक्षण के उद्देश्य एवं उनके संदर्भ में विद्यार्थियों की संप्राप्ति को जानने में, अधिगम में विद्यार्थियों को हो रही कठिनाइयों और उनके कारणों का विश्लेषण करने में एवं तदनुसार नैदानिक शिक्षण की योजना बनाने में मदद करता है। आकलन का उद्देश्य सीखने में वृद्धि करना होता है। अधिगम के लिए आकलन विद्यार्थी को उसके अधिगम लक्ष्यों के विभिन्न अवयवों को समझने में सहायता करता है उन्हें उनके अधिगम के प्रति जिम्मेवार बनाता है एवं आगे के अधिगम को योजनाबद्ध करने में सहायक है।

15. Assertion (A): A variety of methods and tools should be used to assess children's learning as well as progress.
Reason (R) : No single method of assessment is capable of providing comprehensive information about a child in different areas of development.
Choose the correct option:
कथन (A): बच्चों के सीखने और तरक्की के मूल्यांकन के लिए विविध तरीकों व प्रणालियों का प्रयोग करना चाहिए।
तर्क (R) : विभिन्न क्षेत्रों मे बच्चों के विकास की समग्र जानकारी देने के लिए मूल्यांकन का एक तरीका काफी नहीं है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A). /(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : बच्चों के सीखने और तरक्की के मूल्यांकन के लिए विविध तरीकों व प्रणालियों का प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों के विकास की समग्र जानकारी देने के लिए मूल्यांकन का एक तरीका काफी नहीं है। मूल्यांकन का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है सीखने के लिए मूल्यांकन, सीखने के रूप में मूल्यांकन और सीखने का मूल्यांकन। इनमें से प्रत्येक उद्देश्य के लिए शिक्षकों के लिए एक अलग भूमिका, अलग योजना बनाने और विभिन्न गुणवत्ता के मुद्दों को उठाने की आवश्यकता होती है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या कर रहा (A) की।

16. Creation of an inclusive school involves:
समावेशी स्कूल की रचना में क्या शामिल है?

(a) Accepting labeling and stigmatisation. /नामीकरण व दोषारोपण को अपनाना।
(b) Questioning stereotypes and prejudices. /पूर्वाग्रह व पक्षपात पर सवाल उठाना।
(c) Endorsing categorisation and segregation./वर्गीकरण व पृथक्कीकरण का पुष्टिकरण।
(d) Promoting rigidity and standardisation of curriculum and pedagogy./पाठ्यचर्या शिक्षाशास्त्र को सख्त व मानकीकृत बनाना।

Ans. (b) : समावेशी स्कूल की रचना में पूर्वाग्रह व पक्षपात पर सवाल उठाना शामिल है। स्कूल को समावेशी बनाने के लिए, विद्यालय में प्रशासकों, शिक्षकों, माता-पिता, समुदाय के सदस्यों सहित सभी का दृष्टिकोण व्यक्तिगत भिन्नताओं और कक्षाओं में छात्रों की विविध अधिगम आवश्यकताओं को स्वीकार करने के प्रति सकारात्मक होना चाहिए। इस शिक्षण व्यवस्था में बालक की क्षति को सहायक यंत्रों एवं प्रविधियों की सहायता से समाप्त कर दी जाती है या कम कर दी जाती है जिससे बालक सामान्य कक्षा व्यवस्था से लाभान्वित होने लगता है। इस शिक्षा के द्वारा समाज में ऐसे बालकों के प्रति फैले पूर्वाग्रह, पक्षपात को दूर करने में सहायता प्रदान करता है।

17. Which of the following intervention strategies can help in inclusion of children from 'socially disadvantaged groups'?
निम्नलिखित में से कौन सी हस्तक्षेप रणनीति सामाजिक तौर पर वंचित समूह से आने वाले बच्चों को समावेशन में मदद करेगी?

(a) Patiently listening to all children's voices. /सभी बच्चों की बात को धैर्यपूर्वक सूनना।
(b) Clear segregation of children on the basis of ability./बच्चों का योग्यता के आधार पर स्पष्ट पृथक्कीकरण।
(c) Strict monitoring of attendance and severe physical punishment for absentees. /बच्चों की उपस्थिति पर सख्त निगरानी व अनुपस्थित बच्चों को कड़ी शारीरिक सजा।
(d) Participation of only high achieving children in school annual day and other celebrations at schools. /स्कूल के वार्षिक दिवस व अन्य उत्सवों में केवल उच्च उपलब्धि वाले बच्चों की भागीदारी।

Ans. (a) : 'सभी बच्चों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनना' सामाजिक तौर पर वंचित समूह से आने वाले बच्चों को समावेशन में मदद करेगी। सामाजिक रूप से वंचित बच्चा वह है जो समुदाय के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से है, जो एक प्रकार या किसी अन्य से वंचित होने के कारण स्कूल का लाभ नहीं उठा सकता है। ऐसे बच्चे संचयी शैक्षिक हानि, स्कूल को छोड़ने की उच्च दर और बौद्धिक कार्य प्रणाली में एक प्रगतिशील कमी को दर्शाते हैं। कुछ प्रमुख कारणों में अस्थिर वातावरण, खराब संवेदी अनुभव, गरीबी, निम्न सामाजिक स्थिति, आदि हैं।

18. Omission of words in written work; slow copying pace; difficulty in writing identifying characteristics of :
लेखन कार्य में शब्दों की चूक; धीमी नकल की गति व लिखने में अन्य चुनौतियाँ किसकी विशिष्ट पहचान हैं?
(a) Dysgraphia/लेखनवैकल्य
(b) Dyscalculia/गुणज वैकल्य
(c) Autism Spectrum Disorder/स्वलीन क्रम विकार
(d) Giftedness/प्रतिभाशाली

Ans. (a) : लेखन कार्य में शब्दों की चूक; धीमी नकल की गति लिखने में अन्य चुनौतियाँ 'लेखनवैकल्य' की विशिष्ट पहचान हैं। डिस्ग्राफिया एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जो लिखित अभिव्यक्ति को प्रभावित करती है और ठीक मोटर नियंत्रण को बाधित करती है। यह सीखने की स्थिति मस्तिष्क को प्रभावित करती है और लेखन को बाधित करती है। डिस्ग्राफिया बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित करता है। यह वर्तनी, पठनीयता, शब्द रिक्ति, आकार और अभिव्यक्ति सहित लेखन के लगभग हर पहलू को बाधित करता है। डिस्ग्राफिया ADHD वाले व्यक्तियों में आम है, क्योंकि यह सभी सीखने की अक्षमताओं के साथ है।

19. Aarav insists on sitting too close to the blackboard, and holds the book very close to his eyes while reading. What should a teacher do for Aarav in such a case?/आरव ब्लैकबोर्ड के बहुत नजदीक बैठने पर जोर देता है और पढ़ते समय किताब को अपनी आँखों के बहुत पास रखता है। ऐसी स्थिति में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए?
(a) Punish Aarav for his behaviour./आरव को इस व्यवहार पर कड़ी सजा देनी चाहिए।
(b) Seek professional support to check for low vision./आरव की आँखों की जाँच के लिए पेशेवर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए।
(c) Send report card with poor scores to parents./बेकार अंक वाले रिपोर्ट कार्ड को उसके माता-पिता के पास भेज देना चाहिए।
(d) Send Aarav to special school for visually impaired. /आरव को दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट स्कूल मे भेज देना चाहिए।

Ans. (b) : आरव ब्लैकबोर्ड के बहुत नजदीक बैठने पर जोर देता है और पढ़ते समय किताब को अपनी आँखों के बहुत पास रखता है। ऐसी स्थिति में एक शिक्षक को आँखों की जाँच के लिए पेशेवर विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें समस्या के बारे में भिन्न रूप से सोचने में मदद करने के लिए मौखिक संकेत प्रदान करना चाहिए। वे अपनी कल्पना का उपयोग यह कल्पना करने के लिए करते हैं, कि समस्या के परिदृश्य कैसे देखते हैं, फिर वे समस्या का विश्लेषण करते हैं और इसे हल करने का प्रयास करते हैं।

20. Originality, fluency and flexibility in thinking are typical identifying characteristics of :
मौलिकता, सोच में प्रवाह व लचीलापान किसकी प्रमुख विशिष्ट पहचान है?
(a) Autism/स्वलीनता
(b) Creativity/सृजनात्मकता
(c) Dyslexia/भाषा वैकल्य
(d) Attention deficit Hyperactivity Disorder/ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार

Ans. (b) : मौलिकता, सोच में प्रवाह व लचीलापन सृजनात्मकता की प्रमुख विशिष्ट पहचान है। सृजनात्मकता एक आदर्श वैचारिकता है जो एक कलाकार के मस्तिष्क की कल्पनापूर्ण स्वाभाविक प्रवृत्ति है तथा कलाकार से संबंधित उसके अतीत और वर्तमान के परिवेश से प्रभावित है। सृजनात्मकता वह योग्यता है जो व्यक्ति को किसी समस्या का समाधान खोजने के लिए नवीन ढंग से सोचने व विचार करने के लिए समर्थ बनाती है। अर्थात् प्रचलित ढंग से चिंतन करने, विचार करने तथा कार्य करने की अमूर्त योग्यता को ही सृजनात्मकता कहते हैं।

21. For effective learning, teachers should focus on promoting which skills in their students?
प्रभावशाली अधिगम के लिए शिक्षिकाओं को अपने विद्यार्थियों में किन कौशलों का विकास करना चाहिए?
(i) Critical thinking/ समालोचनात्मक सोच
(ii) Creativity/सृजनात्मकता
(iii) Problem Solving/ समास्य समाधान
(iv) Learning how to learn / कैसे सीखते हैं यह सीखना
(a) (i) and (iii)/ (i) और (iii)
(b) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)
(c) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(d) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii) और (iv)

Ans. (d) : अधिगम की प्रभावशीलता ऐसी होनी चाहिए जो बच्चों के लिए सार्थक हो, ताकि वे जो कुछ भी सीखते हैं उसका उपयोग कर सकें। प्रभावशाली अधिगम के लिए शिक्षिकाओं को अपने विद्यार्थियों में निम्न कौशलों का विकास करना चाहिए–
* समालोचनात्मक सोच * सृजनात्मकता
* समस्या - समाधान * कैसे सीखते हैं यह सीखना।

22. Assertion (A): Teachers should promote dialogue amongst students to facilitate collaborative learning.
Reason (R): Learning is a process of co-construction with support from others.
Choose the correct option:
कथन (A): सहयोगात्मक अधिगम को सुसाधित करने के लिए शिक्षकों को विद्यार्थी में आपसी संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए।
तर्क (R): सीखना दूसरों की मदद लेकर सह निर्माण की प्रक्रिया है।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) /(A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही हे लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : सहयोगात्मक अधिगम को सुसाधित करने के लिए शिक्षकों को विद्यार्थी में आपसी संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि सीखना दूसरों की मदद लेकर सह निर्माण की प्रक्रिया है। सहयोगात्मक अधिगम शिक्षा का एक तरीका है जिसमें छात्रों का एक समूह (दो या अधिक) परियोजनाओं, असाइनमेंट आदि का उपयोग करके एक साथ कुछ सीखने का प्रयास करता है। इस प्रकार की शिक्षा में छात्रों को दूसरों के कौशल और संसाधनों से सीखने का अवसर मिलता है। सहयोगात्मक अधिगम एक सामाजिक परिवेश में फलता-फूलता है, जहाँ शिक्षार्थी एक-दूसरे से बातचीत कर सकते हैं। इसमें छात्र अपने सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए समूहों में अध्ययन करते हैं। वे कार्य करने, परियोजनाओं पर काम करने और नई अवधारणाओं को समझने के लिए एक साथ आते हैं।

23. Which of the following statement about children's learning is NOT correct?
बच्चों के सीखने के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(a) Children learn in a spiral way./बच्चे चक्रीय तरीके से सीखते हैं।
(b) Children learn in a linear manner./बच्चे रैखिक तरीके से सीखते हैं।
(c) Children learn from their mistakes and errors. /बच्चे अपनी गलतियों और त्रुटियों से सीखते हैं।
(d) Children learn when they are able to make active connections./बच्चे तब सीखते हैं जब वे सक्रिय संबंध में सक्षम होते हैं।

Ans. (b) : किंग्सले तथा ग्रे के शब्दों में, ''अधिगम एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति को सन्तुष्टि की प्राप्ति होती है, प्रेरणा मिलती है तथा वह कठिनाइयों व समस्याओं पर विजय प्राप्त करने के लिए अपने व्यवहार को समायोजित करने में समर्थन होता है।''
एक अच्छे एवं सुव्यवस्थित शिक्षण का उद्देश्य अच्छा अधिगम होता है। अधिगम सदैव उद्देश्यपूर्ण तथा लक्ष्योन्मुख होता है। अधिगम की कुछ विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–
* अधिगम का वर्तुलाकार तरीका जिसमें एक छात्र किसी विषय को कई बार शामिल करता है ताकि उन्हें उस पर अच्छी पकड़ मिल सके।
* अधिगम व्यवहार के प्रत्येक पक्ष को प्रभावित करता है और उसमें परिवर्तन लाता है।
* अधिगम प्रत्युत्तर अथवा व्यवहार में परिवर्तन लाता है।
* अधिगम, अनुभव अथवा प्रशिक्षण के कारण पूरा या आंशिक रूप से जन्म लेता है।

24. In a constructivist classroom, _____ is central to learning.
एक रचनावादी कक्षाकक्ष में ____ सीखने का केन्द्र है।

(a) Conditioning /अनुबंधन
(b) Rote Memorization/रटकर स्मरण करना
(c) Meaning-making/अर्थ बनाना
(d) Drill and Practice/वेधन व अभ्यास

Ans. (c) : रचनावादी कक्षाकक्ष में अर्थ बनाना सीखने का केन्द्र है। रचनावादी कक्षाएँ छात्र के सवालों और रूचियों पर ध्यान केन्द्रित करती हैं, वे उस पर निर्माण करती हैं जो छात्र पहले से जानते हैं, वे (परस्पर) या इंटरैक्टिव सीखने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और छात्र-केन्द्रित होते हैं, शिक्षक छात्रों के साथ संवाद करते हैं ताकि उन्हें अपने ज्ञान का निर्माण करने में मदद मिल सके। रचनावादी दृष्टिकोण संज्ञानात्मक अधिगम से सम्बन्ध रखता है। यह दृष्टिकोण बताता है कि लोग सक्रिय रूप से ज्ञान रचते हैं या बनाते हैं और यह वास्तविकता सीखने वाले के अनुभवों से निर्धारित होती है।

25. To make children become capable of regulating their own learning the teachers should:
विद्यार्थियों को सक्षम करने के लिए कि वे अपने सीखने को विनियमित कर पाएँ, एक शिक्षिका को:

(a) Encourage the children to follow instructions passively./बच्चों को निष्क्रिय रूप से निदेशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(b) Rigidly maintain control over the processes of learning. /सीखने की प्रक्रिया पर सख्त नियंत्रण रखना चाहिए।
(c) Discourage the children themselves to set goals and work out strategies to achieve them/बच्चों को स्वंय लक्ष्य तय करने व उसे पाने की रणनितियों पर काम करने से हतोत्साहित करना चाहिए।
(d) Focus on development of metcognitive capabilities in children. /बच्चों में अधिसंज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास पर ध्यान केन्द्रि करना चाहिए।

Ans. (d) : विद्यार्थियों को सक्षम करने के लिए कि वे अपने सीखने को विनियमित कर पाएँ, एवं शिक्षिका को बच्चों में अधि-संज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास पर ध्यान केन्द्र करना चाहिए। अधि-संज्ञान छात्रों के विचारों को भिन्न बनाता हैं और उन्हें अपनी स्वयं की कार्यात्मक कक्षाओं पर नियंत्रण देता है। एक शिक्षक को विभिन्न गतिविधियों, प्रयोगों और व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों के अधि-संज्ञान को बढ़ावा देना चाहिए। अधि-संज्ञान रणनीतियों में आत्म-सुधार शामिल है क्योंकि यह छात्रों को उनकी अधिगम विधि को समझने में मदद करने के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों को संदर्भित करता है।

26. To enable effective problem-solving the student should:
छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधान को सक्षम करने के लिए:

(a) Be promoted to think over the worked examples./सुलझाए हुए उदाहरणों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
(b) Be given the worked examples and asked to transfer the strategies passively to similar problems./सुलझाए हुए उदाहरण देकर उन्हें वही रणनीतियों को निष्क्रिय रूप से समान समस्याओं में स्थानांतरित करने के लिए कहा जाना चाहिए।
(c) Be discouraged to think-aloud. /बोल कर सोचने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए।
(d) Be discouraged to look at worked examples. /सुलझाए हुए उदाहरणों को देखने से हतोत्साहित करना चाहिए।

Ans. (a) : समस्या-समाधान बाल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह महत्वपूर्ण कौशल सिर्फ एक समाधान के साथ नहीं आ रहा है। बल्कि, इसमें अपनी रचनात्मकता का उपयोग करना, सम्भावनाओं के माध्यम से सोचना, सम्भावित योजनाओं या मागों के माध्यम से तर्क करना और जटिल समस्याओं या प्रश्नों को हल करने के लिए तर्क का उपयोग करना शामिल है। यह हमें पर्यावरण में अवसरों की पहचान करने और उनका फायदा उठाने और भविष्य पर नियंत्रण (कुछ स्तर) करने में सक्षम बनाता है। छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधान को सक्षम बनाने के लिए सुलझाए हुए उदाहरणों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

27. An effective learning strategy is:
एक प्रभावी शैक्षिक रणनीति है:

(a) Total control of the teacher on the learning processes./सीखने की प्रक्रियाओं पर शिक्षक का पूर्ण नियंत्रण।
(b) Creating concept maps and associating new information with previous one/संकल्पनात्मक मानचित्र बनाना व नई जानकारी को पूर्व जानकारी से जोड़ना।
(c) Detontextualizing information and remembering it in disconnected chunks./जानकारी को गैर-प्रासंगिक बनाना और उसे वियोजित टुकड़ो मे याद करना ।
(d) Meaningless drill and practice./अनर्थक वेधन व अभ्यास।

Ans. (b) : शिक्षण रणनीतियों की अवधारणा का मतलब है सीखने के उद्देश्यों की उपलब्धि हासिल करने के लिए, एक नियोजित तरीके से शिक्षण कर्मचारी, कार्यवाही करते हैं। शिक्षण रणनीतियाँ कक्षा निर्देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक रणनीति के उपयोग के बिना, शिक्षक लक्ष्यहीन रूप से ऐसी जानकारी पेश करेंगे जो शिक्षार्थियों से जुड़ी नहीं है या उन्हें संलग्न नहीं करती है। रणनीतियाँ शिक्षार्थियों को भाग लेने जुड़ने और वितरित की जा रही सामग्री में उत्साह जोड़ने में मदद करती है। संकल्पनात्मक मानचित्र बनाना व नई जानकारी को पूर्व जानकारी से जोड़ना एक प्रभावी शैक्षिक रणनीति है।

28. Assertion (A): Children often make up theories of their own to explain various phenomenon.
Reason (R): Children are active beings always engaged in processes of meaning-making.
Choose the correct option:
कथन (A): बच्चे अक्सर विभिन्न घटनाओं को समझाने के लिए अपने स्वयं के सिद्धान्त गढ़ते हैं।
तर्क (R): बच्चे सक्रिय प्राणी हैं जो हमेशा अर्थ बनाने की प्रक्रिया में लगे रहते हैं।
सही विकल्प चुनें।

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत है।

Ans. (a) : बचचे अक्सर विभिन्न घटनाओं को समझाने के लिए अपने स्वयं के सिद्धान्त गढ़ते हैं क्योंकि बच्चे सक्रिय प्राणी है जो हमेशा अर्थ बनाने की प्रक्रिया में लगे रहते हैं। बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमताओं और सीखने की शैली में भिन्नता होती है तभी तो वे अलग ढंग से सोचते और व्यवहार करते हैं, विश्लेषण भी अलग ढंग से करते हैं और उसी के अनुसार निर्णय लेते हैं। अतः (A) और (R) दोनों सही है और (R) सही व्याख्या करता है (A) की।

29. When students feel they have control over their learning activities they maintain _____ level of motivation and become _____.
जब विद्यार्थी महसूस करते है कि सीखने की गतिविधियों पर उनका नियंत्रण है तब उनकी अभिप्रेरणा का स्तर _____ जाता है और वे _____ विद्यार्थी बन जाते हैं।

(a) high; self-regulating learners./बढ़; स्व नियमित
(b) high; passive learners./बढ़; निष्क्रिय
(c) low; self-regulating learners. /कम; स्व नियमित
(d) low; passive learners./कम; निष्क्रिय

Ans. (a) : जब विद्यार्थी महसूस करते है कि सीखने की गतिविधियों पर उनका नियंत्रण है तब उनकी अभिप्रेरणा का स्तर बढ़ जाता है और वे स्व नियमित विद्यार्थी बन जाते हैं। अभिप्रेरणा किसी उद्देश्यपूर्ण व्यवहार से संबंधित होती है अभिप्रेरणा की प्रक्रिया किसी व्यक्ति द्वारा तब तक आरम्भ होती है जब वह किसी असंतुष्ट आवश्यकताओं को देखता है। इस प्रकार एक उद्देश्य निर्धारित हो जाता है जिससे वह आवश्यकता संतुष्ट हो सके तथा इसके लिए एक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाती है जो व्यक्ति को निर्धारित उद्देश्य की ओर ले जा सकती है।

30. Which of the following emotions hinders the process of meaningful learning?
निम्नलिखित में से कौन सी भावना सार्थक सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालती है?

(a) Anxiety/चिंता (b) Enthusiasm/उत्साह
(c) Happiness/खुशी (d) Pride/गर्व

Ans. (a) : चिंता की भावना सार्थक रूप से सीखने की प्रक्रिया में बाधा डालती है। चिंता एक छात्र को सतर्क, घबराया हुआ, शर्मीला या भयभीत दिखाई दे सकती है। चिंतित छात्र रो कर या नखरे दिखाकर अपने डर को व्यक्त कर सकते हैं, और उनके लिए शांत होना बहुत मुश्किल हो सकता है। यह इनके जीवन की अन्य क्रियाकलापों को काफी प्रभावित करता है। चिंता एक मात्रा तक अच्छी होती है जब तक वह उसे लक्ष्य से भटकने न दे लेकिन इसकी अति ही इसका दुष्परिणाम होती है क्योंकि यह व्यवस्थित चीज को अव्यवस्थित कर देती है।

SOCIAL SCIENCE

1. Sangam poems mention a Tamil word *Muvendar* meaning three chiefs. Which of the following set correctly represents the three chiefs?
संगम कविताओं में एक तमिल शब्द *मुवेन्दार* की चर्चा मिलती है, जिसका अर्थ तीन मुखिया है। निम्नलिखित में से कौन सा समुच्चय तीनों मुखियाओं का सही प्रतिनिधित्व करता है?

(a) Chera, Chalukyas, Chola/चेर, चालुक्य, चोल
(b) Pandya, Chola, Chalukya/पांड्य, चोल, चालुक्य
(c) Chola, Satavahana, Chalukya/चोल, सातवाहन, चालुक्य
(d) Chola, Chera, Pandya/चोल, चेर, पांड्य

Ans. (d) : संगम कविताओं में एक तमिल शब्द मुवेन्दार की चर्चा मिलती है। जिसका अर्थ तीन मुखिया है। और ये तीन क्षेत्र चोल, चेर, पाण्ड्य तीनों मुखियाओं के सही समुच्चय का प्रतिनिधित्व करता है। चोल, चेर, पाण्ड्य करीब 2300 साल पहले दक्षिण भारत में काफी शक्तिशाली माने जाते थे। इन तीनों मुखियाओं के अपने दो-दो सत्ता केन्द्र थे। इनमें से एक तटीय हिस्से में और दूसरा अंदरूनी हिस्से में था। इस तरह छः केन्द्रों में से दो बहुत महत्वपूर्ण थे। एक चोलों का पत्तन पुहार या कावेरीपट्टनम दूसरा पण्ड्यों की राजधानी मदुरै।
नोट - दक्षिण भारत सोना, मसाले, खास तौर पर कालीमिर्च तथा कीमती पत्थरों के लिए प्रसिद्ध था। कालीमिर्च की रोमन साम्राज्य में इतनी माँग थी कि इसे 'काला सोना' के नाम से जाना जाता था।

2. Which of the following statements is true about Upanishad
निम्नलिखित कथनों में से कौन सा उपनिषद् के संदर्भ में सही है?

(a) These are the part of Early vedic texts. /उपनिषद् प्रारंभिक वैदिक ग्रंथों का हिस्सा है।
(b) Upanishad literally means 'approaching and sitting near' /उपनिषद् का शाब्दिक अर्थ है ' गुरु के समीप बैठना'।
(c) The text contains conversations between rulers and subjects/इन ग्रंथों मे प्रजा और शासकों के बीच बातचीत का संकलन किया गया है।
(d) Often ideas were presented through abstract dialogues./प्रायः ये विचार अमूर्त वार्तालाप के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं।

Ans. (b) : उपनिषद् का शाब्दिक अर्थ है गुरु के समीप बढ़ना जो कि उपनिषद् के सन्दर्भ में सही है। वैदिक साहित्य के विकास के अंतिम चरण में उपनिषद् ग्रन्थ आते हैं इसी कारण इन्हें वेदान्त भी कहा जाता है। इनमें दर्शनशास्त्र की विवेचना हुयी है, यद्यपि यह शास्त्र यत्र तत्र पहले भी संहिताओं और आरण्यकों में आ चुका है। उपनिषद् दर्शन पर आधारित पुस्तक है, जिसमें प्रथम बार मोक्ष की चर्चा मिलती है। इनमें कुछ क्षत्रिय राजाओं का भी उल्लेख मिलता है।
नोट– छांन्दोग्य उपनिषद् में केवल तीन आश्रमों का उल्लेख मिलता है, जबकि जाबालोपनिषद् में चारों आश्रमों का उल्लेख मिलता है।

3. Choose the correct chronology of the Delhi Sultanate rule:
दिल्ली सल्तनत राज के सही वंशानुक्रम का चयन कीजिए।

(a) Turkish → Khalji → Tughluq → Sayyid → Lodi/तुर्क → ख़लजी → तुगलक → सैयद → लोधी
(b) Turkish → Sayyid → Tughluq → Khalji → Lodi/तुर्क → सैयद → तुगलक → ख़लजी → लोधी
(c) Turkish → Sayyid → Khalji → Tughluq → Lodi/तुर्क → सैयद → ख़जली → तुगलक → लोधी
(d) Turkish → Khalji → Sayyid → Tughluq → Lodi/तुर्क → ख़जली → सैयद → तुगलक लोधी

Ans. (a) : निम्न में से दिल्ली सल्तनत राजवंश के सही वंशानुक्रम का चयन इस प्रकार है–
तुर्क → खलजी → तुगलक → सैय्यद → लोदी
962 ई0 में अलप्तगीन नामक एक व्यक्ति ने गजनी में स्वतंत्र तुर्क राज्य की स्थापना की थी। 1206 ई0 में गोरी की मृत्यु के बाद कुतुबद्दीन ऐबक ने गुलाम/ममलूक वंश की स्थापना की थी। इन्होंने अपनी राजधानी लाहौर में बनाई थी। गुलाम वंश के बाद खिलजी वंश की स्थापना हुयी इसका संस्थापक जलालुद्दीन फिरोज खिलजी था। खिलजी वंश के बाद तुगलक वंश की स्थापना हुयी। इस वंश का संस्थापक गयासुद्दीन तुगलक था। तुगलक वंश के बाद सैय्यद वंश की स्थापना हुयी। इसका संस्थापक खिज्र खां था। इस वंश के बाद लोदी वंश की स्थापना हुयी जिसका संस्थापक बहलोल लोदी था।

4. Match the following dance forms in List-A with their respective states in List - B
Choose the correct option.
निम्नलिखित सूची - A में दी गई नृत्य शैलियों का सूची- B में उनसे संबंधित राज्यों में मिलान करें।
सही विकल्प चुनें।

List- A/सूची- A		List-B/सूची-B	
(i)	Bharatanatyam/भरतनाट्यम्	(a)	Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश
(ii)	Kathakali/ कथकली	(b)	Tamil Nadu/ तमिलनाडु
(iii)	Yakshaganam/ यक्षगणम्	(c)	Kerala/केरल
(iv)	Kuchipudi/ कुचिपुड़ी	(d)	Karnataka/ कर्नाटक
		(e)	Manipur/ मणिपुर

(a) (i)-(c), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(e)
(b) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(c) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(e)
(d) (i)-(a), (ii)-(e), (iii)-(b), (iv)-(c)

Ans. (b) : निम्नलिखित नृत्य शैलियों का संबंधित राज्यों से सही मिलान इस प्रकार है–

सूची–A	**सूची–B**
भरतनाट्यम	तमिलनाडु
कथकली	केरल
यक्षगणम्	कर्नाटक
कुचिपुड़ी	आंध्र प्रदेश

इस प्रकार सही सुमेलित करने पर विकल्प b सही है।
नोट– विश्व प्रसिद्ध संगीतकार A. R. रहमान के नाम पर कनाडा के मरखम शहर की एक सड़क का नाम अगस्त 2022 में रखा गया है।

5. Which of the following is NOT true about the Nayanars and Alvars?/निम्नलिखित में से कौन सा कथन नयनारों और अलवारों के विषय में सही नहीं है?

(a) They came from all castes including those considered 'untouchable'./ये संत सभी जातियों के जिनमें 'अस्पृश्य' समझी जाने वाली जातियों के लोग भी शामिल थे।
(b) They were sharply critical of the Buddhists and Jainas./वे बौद्धों और जैनों के कटु आलोचक थे।
(c) They preached ardent love of Shiva or Vishnu as the path to salvation./वे शिव या विष्णु के प्रति सच्चें प्रेम को मुक्ति का मार्ग बताते थे।
(d) They were opposed to the use of music./वे संगीत का विरोध करते थे।

Ans. (d) : प्रारंभिक भक्ति आन्दोलन लगभग छठी शताब्दी अलवारों (विष्णु भक्ति में तन्मय) और नयनारों (शिवभक्त) के नेतृत्व में हुआ। नयनारों और अलवारों के संत संगीत का विरोध नहीं करते थे। बल्कि वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते हुए तमिल में अपने ईस्ट की स्तुति में भजन संगीत किया करते थे। इस प्रकार विकल्प (d) सही नहीं है।
इसके अतिरिक्त ये संत सभी जातियों के जिनमें 'अस्पृश्य' समझी जाने वाली जातियों के लोग भी शामिल थे, वे बौद्धों और जैनों के कटु आलोचक थे और शिव या विष्णु के प्रति सच्चे प्रेम को मुक्ति मार्ग बताते थे, अर्थात् ये सभी कथन अलवार और नयनार से संबंधित सही है।

6. Put in chronological order the causes of decline of Mughal Empire./मुगल साम्राज्य के पतन के कारणों को कालक्रमानुसार लगाएँ।

(A) Break down of the efficiency of administration. /प्रशासन की कार्य-कुशलता का विघटन
(B) Competition amongst Irani and Turnai nobles./ईरानी और तूरानी मूल के अभिजातों में पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता
(C) Depletion of military and financial resources during war on Deccan. /सैन्य एवं वित्तीय संसाधनों का कम होना
(D) Invasion by Nadir Shah and Ahmed Shah Abdali./नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली द्वारा आक्रमण

Choose the correct option./सही विकल्प चुने।

(a) (A), (D), (B) and (C)/ (A), (D), (B) और (C)
(b) (D), (B), (C) and (A)/ (D), (B), (C) और (A)
(c) (C), (A), (D) and (B)/ (C), (A), (D) और (B)
(d) (B), (C), (A) and (D)/ (B), (C), (A) और (D)

Ans. (c) : बाबर ने भारत में मुगल वंश की स्थापना 1526 ई0 में की थी। मुगल वंश के पतन का कारण क्रमानुसार इस प्रकार है– सैन्य एव संसाधनों का कम होना, प्रशासन की कार्यकुशलता का विघटन नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली द्वारा आक्रमण और सबसे अंत में ईरानी और तूरानी मूल के अभिजातों में पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता। मुगलों की सरकार एक व्यक्तिगत निरंकुशता को प्रेरित की और इसलिए इसकी सफलता शासकों के चरित्र पर निर्भर करती थी। बाद के मुगल शासक अयोग्य ने और राज्य के प्रशासन की उपेक्षा करते थे।
इस प्रकार विकल्प b के अन्तर्गत सही क्रम C, A, D और B है।
नोट - औरंगजेब की ढक्कन नीति पूरी तरह विफल रही और मुगल साम्राज्य के पतन का एक महत्वपूर्ण कारण थी।

7. Consider the following statements and choose the appropriate option./निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुने।

Statement (A): The East India Company was granted Diwani of the province of Bengal in 1765.
कथन (A): 1765 में ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल की दीवानी प्रदान की गई।

Statement (B): The Diwani did not allow the company to use the vast revenue resources of Bengal.
कथन (B): दीवानी मिलने से कंपनी को बंगाल के विशाल राजस्व संसाधनों को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं मिली।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है किन्तु (B) गलत है।
(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है किन्तु (A) गलत है।
(c) Both (A) and (B) are true/ (A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (B) are false/ (A) तथा (B) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : 1765 ई0 में ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल की दीवानी प्रदान की गई। दीवानी मिलने के कारण कंपनी को विशाल राजस्व संसाधनों पर नियंत्रण मिल गया था। इस कारण कंपनी की एक पुरानी समस्या हल हो गई थी। अठारहवीं शताब्दी की शुरुआत से ही भारत के साथ उसका व्यापार बढ़ता जा रहा था। लेकिन उसे भारत में ज्यादातर चीजें ब्रिटेन से लाए गए सोने चांदी के बदले में खरीदनी पड़ती थी। इसकी वजह ये थी कि उस समय ब्रिटेन के पास भारत में बेचने के लिए कोई चीज नहीं थी। प्लासी की युद्ध के बाद से ही ब्रिटेन से सोने की निकास कम होने लगी और बंगाल की दीवानी मिलने के बाद तो सोना लाने की जरूरत ही नहीं रही। इस प्रकार उपयुक्त विकल्प में से कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

8. Consider the following statements and choose the appropriate option./निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा उपयुक्त विकल्प चुनें।

Statement (A) : The Nawab of Awadh was forced to give over half of his territory to the East India Company in 1801.
कथन (A) : अवध के नवाब को 1801 में अपने आधे इलाके को ईस्ट इंडिया को सौंपने के लिए बाध्य किया गया।

Statement (B): According to the terms of the ' Subsidiary Alliance' the Indian rulers had to pay for the 'Subsidiary forces' that the company was supposed to maintain for the purpose the their protection. If the Indian rulers failed to make the payment, then part of their territory was taken away as penalty.
कथन (B): 'सहायक संधि' के शर्तों के अनुसार भारतीय रियासतों को अपनी सुरक्षा के लिए तैनात 'सहायक सेना' के रख-रखाव के लिए कंपनी को पैसा देना पड़ता था। अगर भारतीय शासक रकम अदा करने में चूक जाते थे तो जुर्माने के तौर पर उनके इलाके का हिस्सा कंपनी अपने कब्जे में ले लेती थी।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(b) (B) is true but (A) is false/(B) सही है, किन्तु (A) गलत है।
(c) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A)/ (A) तथा (B) दोनों सही हैं तथा (A) का कारण (B) है।
(d) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A)/ (A) तथा (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) का कारण (B) नहीं है।

Ans. (c) : अवध के नवाब को 1801 में अपने आधे इलाके को ईस्ट इंडिया को सौपने के लिए बाध्य किया गया। और सहायक संधि के शर्तों के अनुसार भारतीय रियासतों को अपनी सुरक्षा के लिए तैनात सहायक सेना, के रख-रखाव के लिए कंपनी को पैसा देना पड़ता था। अगर भारतीय शासक रकम अदा करने में चूक जाते थे तो जुर्माने के तौर पर इनके इलाके का हिस्सा कंपनी अपने कब्जे में लेती थी। इस प्रकार इस प्रश्न के कथन (A) और कथन (B) दोनों सही है तथा (A) का कारण (B) है।

9. Who wrote the book, 'Stripurustulna' ?
किसने 'स्त्रीपुरुषतुलना' किताब लिखी है?

(a) Pandita Ramabai/पंडित रमाबाई
(b) Tarabai Shinde/ताराबाई शिंदे
(c) Rashsundari Devi/रासुंदरी देवी
(d) Begum Rokeya Sakhawat Hossain/बेगम रूकैया सखावत हुसैन

Ans. (b) : सही मिलान इस प्रकार है–

पुस्तक	संबंधित व्यक्ति
स्त्री पुरुष तुलना	ताराबाई शिंदे
स्त्रीधर्म नीति	रमाबाई
आमेर जीबोन	रासुंदरी देवी
सुल्ताना का स्वप्न	रूकैया सखाबत हुसैन
गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स	अरूंधती राय
फास्टिंग फीस्टिंग	अनीता देसाई

10. Who authored the book 'Sultana's Dream'?
'सुल्ताना का स्वप्न' नामक किताब की लेखिका कौन थीं?

(a) Rokeya Sakhawat Hossain/रूकैया सखावत हुसैन
(b) Ismat Chughtai/इस्मत चुगताई
(c) Hajara Begum/हाजरा बेगम
(d) Abadi Bano Begum/अबादी बानो बेगम

Ans. (a) :

पुस्तक	संबंधित लेखिका
सुल्ताना का स्वप्न	रूकैया सखावत हुसैन
दिल की दुनिया	इस्मत चुगताई
प्लेस कॉल्ड होम	प्रीती शेनॉय
द टाइगर ऑफ द्रास	मीना नैयर
अनफील्ड बैरल :	रिचा मिश्रा

11. Labour in the plantation of Mauritius and Trinidad was sourced from the "lower castes" and poor living in colonial India as _____.
मॉरिशस और त्रिनीदाद के बागानों में काम करने वाले मजदूरों को औपनिवेशिक भारत में रहने वाले 'निम्न जातियों' से और गरीब परिवारों से लाया गया था क्योंकि _____।

(A) this opportunity helped the people to get away from the oppression and humiliation./इस अवसर ने लोगों की दमन और अपमानजनक परिस्थितियों से दूर जाने में सहायता की।
(B) it helped the people to improve their social life and gain upward mobility./इससे उनके सामाजिक जीवन को सुधारने में और ऊर्ध्व गतिशीलता अर्जित करने में सहायता मिली।
(C) they had the adequate built and skills required for the work./इनके पास यह काम करने के लिए पर्याप्त कद–काठी और कौशल था।
(D) they were not worried about their life getting polluted by the crossing of seas. /वे समुद्री यात्रा के कारण 'प्रदूषित–होने–वाले उनके–जीवन' के बारे में चिंतित नहीं थे।

Choose the appropriate option./सही विकल्प चुनें।

(a) (A) and (B)/ (A) और (B)
(b) (A) and (D)/ (A) और (D)
(c) (B) and (C)/ (B) और (C)
(d) (B) and (D)/ (B) और (D)

Ans. (b) : मॉरीशस और त्रिनीदाद के बागानों में काम करने वाले मजदूरों को औपनिवेशिक भारत में रहने वाले 'निम्न जातियों' से और गरीब परिवारों से लाया गया था। क्योंकि इस अवसर ने लोगों की दमन और अपमान जनक परिस्थितियों से दूर जाने में सहायता की और वे समुद्री यात्रा के कारण प्रदूषित होने वाले उनके जीवन के बारे में चिंतित नहीं थे। इस प्रकार विकल्प (B) के अन्तर्गत कथन (A) और (D) सही है।

12. The Swadeshi Movement sought to oppose British rule and encourage the ideas of :
स्वदेशी आन्दोलन अंग्रेजी शासन के विरोध में उत्पन्न एवं निम्नलिखित विचारों को प्रोत्साहित किया:

(i) Swadeshi enterprise/स्वदेशी व्यापारिक संगठन
(ii) National Education/राष्ट्रीय शिक्षा
(iii) Use of Indian Language/भारतीय भाषा का उपयोग
(iv) Swadeshi Police/स्वदेशी पुलिस

Choose the correct option form the following:
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें:

(a) Only (i) and (ii)/केवल (i) और (ii)
(b) Only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)
(c) Only (i), (ii) and (iii)/केवल (i), (ii) और (iii)
(d) Only (i), (ii) and (iv)/केवल (i), (ii) और (iv)

Ans. (c) : स्वदेशी आन्दोलन अंग्रेजी शासन के विरोध में उत्पन्न स्वदेशी व्यापारिक संगठन, राष्ट्रीय शिक्षा और भारतीय भाषा का उपयोग जैसे विचारों को प्रोत्साहित किया। इस प्रकार विकल्प (c) के अन्तर्गत (i), (ii) और (iii) सही है।
अगस्त 1905 में कलकत्ता के टाउनहॉल में एक विशाल बैठक आयोजित की गई जिसमें 'स्वदेशी आन्दोलन' की औपचारिक घोषणा की गई। स्वदेशी आन्दोलन की जड़े विभाजन विरोधी आन्दोलन में थी, जो लॉर्ड कर्जन के बंगाल प्रांत को विभाजित करने के फैसले का विरोध करने के लिए शुरू किया गया था। विभाजन के बाद सबसे पहले विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संकल्प लिया गया।

13. Read the statement (A) and (B) and choose the correct option.
कथन (A) एवं (B) को पढ़े और सही विकल्प का चयन करें:

Statement (A): In 1916, the Indian National Congress and the Muslim League signed the historic Lucknow Pact.
कथन (A): भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग ने 1916 में ऐतिहासिक 'लखनऊ पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए।

Statement (B): Both the parties decided to work together for representative government in the country.
कथन (B): दोनों पार्टियों ने फैसला किया कि वे साथ मिलकर देश में प्रतिनिधात्मक सरकार के लिए काम करेंगे।

(a) (A) is true but (B) is false/(A) सही है लेकिन (B) गलत है।
(b) (A) is false (B) but is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are true but (B) does not explain (A)/दोनों (A) एवं (B) सही है लेकिन (B), (A) की व्याख्या नहीं करता है।
(d) Both (A) and (B) are true and (B) explains (A)/दोनों (A) एवं (B) सही हैं लेकिन (B), (A) की व्याख्या करता है

Ans. (d) : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग ने 1916 में ऐतिहासिक 'लखनऊ पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए और उसके बाद पार्टियों ने फैसला किया कि वे एक साथ मिलकर देश के प्रतिनिधात्मक सरकार के लिए काम करेंगे। इस प्रकार विकल्प (D) के अन्तर्गत दिए गए कथन (A) और (B) दोनों सही है, और (B) (A) की व्याख्या करता है।
वर्ष 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन लखनऊ में आयोजित किया गया था। इस अधिवेशन में गरमदल (अतिवादियों) का कांग्रेस में पुनः प्रवेश हुआ था। इस अधिवेशन की दूसरी सबसे अहम उपलब्धि थी। लखनऊ समझौताा। अतः यह इस अधिवेशन से गरम एवं नरमदल दोनों एक हो गए। इस अधिवेशन में कांग्रेस व मुस्लिम लीग एक दूसरे के करीब आ गए तथा दोनों ने सरकार के समक्ष अपनी समान मांगे प्रस्तुत की।

14. Which of the following countries were members of Non-Aligned Movement?
निम्नलिखित में से कौन से देश गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य थे?

(A) Indonesia/इन्डोनेशिया
(B) Egypt/मिस्त्र (इजिप्ट)
(C) Ghana/घाना
(D) England (Britain)/इंग्लैंड (ब्रिटेन)

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) (A), (B), (C)/ (A), (B), और (C)
(b) (B), (C), (D)/ (B), (C), और (D)
(c) (A), (C), (D)/ (A), (C), और (D)
(d) (A), (B), (D)/ (A), (B), और (D)

Ans. (a) : इंडोनेशिया, मिस्त्र (इजिप्ट) और घाना गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य देश थे। गुटनिरपेक्ष आंदोलन का मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में है। गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला शिखर सम्मेलन 1961 ई0 में बेलग्रेड में आयोजित किया गया और इसमें कुल 25 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया वर्तमान में गुटनिरपेक्ष आंदोलन संयुक्त राष्ट्र के बाद विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक समन्वय और परामर्श का मंच है। इस समूह में वर्ष 2018 तक कुल 120 विकासशील देश शामिल थे। इसके अतिरिक्त इस समूह में 17 देशों और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

15. Consider the following pairs:
निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

	(Planet/ग्रह)		(Decription/वर्णन)
(i)	Mars/ मंगल	:	Inner planet/ आन्तरिक ग्रह
(ii)	Venus/ शुक्र	:	Dwarf planet/ बौना ग्रह
(iii)	Jupiter/ वृहस्पति	:	Highest number of moons/ सबसे अधिक उपग्रह
(iv)	Earth/ पृथ्वी	:	Fifth largest planet/ आकार में पाँचवाँ बड़ा ग्रह

Which of the pairs given above are correctly matched?/उपरोक्त में से कौन से युग्म सही सुमेलित है?

(a) (i) and (ii) Only/केवल (i) और (ii)
(b) (ii) and (iii) Only/केवल (ii) और (iii)
(c) (iii) and (iv) Only/केवल (iii) और (iv)
(d) (i) and (iv) Only/केवल (i) and (iv)

Ans. (d) : मंगल ग्रह आन्तरिक ग्रह है। पृथ्वी आकार में पाँचवा सबसे बड़ा ग्रह है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत (i) और (iv) सही है।
आन्तरिक ग्रह सूर्य के बहुत नजदीक है तथा ये चट्टानों के बने होते हैं। इसके अन्तर्गत बुध शुक्र पृथ्वी एवं मंगल आते है। जबकि बाह्य ग्रह सूर्य से बहुत दूर होते हैं। ये गैस और अन्य इसी तरह पदार्थों के बने होते हैं। इसके अन्तर्गत वृहस्पति, शनि, अरूण एवं वरूण ग्रह आते है। सूर्य सौरमंडल के केन्द्र में स्थित है। यह बहुत बड़ा है एवं अत्यधिक गर्म गैसों से बना है। इसका खिंचाव बल इससे सौरमंडल को बांधे रखता है। सूर्य सौरमंडल के लिए प्रकाश एवं ऊष्मा का एकमात्र स्रोत है। लेकिन हम इसकी अत्यधिक तेज ऊष्मा को महसूस नहीं करते है।

16. The equator goes through which of the following country?
विषुवत् वृत्त निम्नलिखित में से किस देश से होकर गुजरती है?
(a) Bolivia/बोलीविया (b) Botswana/बॉत्स्वाना
(c) Brazil/ब्राजील (d) Bangladesh/बांग्लादेश

Ans. (c) : ब्राजील देश से विषुवत रेखा गुजरती है। पृथ्वी के ग्लोब पर शून्य अंश के अक्षांश को विषुवत रेखा, या भूमध्य रेखा कहा जाता है। विषुवत रेखा के उत्तरी भाग को उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी भाग को दक्षिणी गोलार्द्ध कहा जाता है। विषुवत रेखा साओ टोम और प्रिंसिप, गौबन कांगोगण राज्य, लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा, केन्या, सोमलिया, मालदीव, इण्डोनेशिया किरिबाती, इक्वेडोर, कोलबिंया, ब्राजील देशों से होकर गुजरती है।
नोट- विषुवत रेखा, कर्क रेखा तथा मकर रेखा तीनों अफ्रीका महाद्वीप से होकर गुजरती है।

17. Consider following statement for latitudes.
अक्षांशों के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए:
Statement (A): Equator is a latitude which divides globe into two equal parts.
कथन (A): विषुवत् वृत्त वह अक्षांश रेखा है जो ग्लोब को दो बराबर भागों में विभाजित करती है।
Statement (B): Latitudes play important role in determination of local time of a place.
कथन (B): किसी स्थान विशेष के स्थानीय समय के निर्धारण में अक्षांशों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
Choose the correct option:/
सही विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) Only (A) is correct./केवल (A) सही है
(b) Only (B) is correct/केवल (B) सही है।
(c) Both (A) and (B) are correct/(A) तथा (B) दोनों सही हैं।
(d) Neither (A) nor (B) is correct./न तो (A) न ही (B) सही है।

Ans. (a) : विषुवत वृत्त वह अक्षांश रेखा है जो ग्लोब को दो भागों में विभाजित करती है। किसी स्थान विशेष के स्थानीय समय के निर्धारण में अक्षांशों की भूमिका होती है। यह सही नहीं है। इस प्रकार कथन (A) सही है और कथन (B) सही नहीं है।
विषुवत रेखा पृथ्वी के ग्लोब पर शून्य अंश के अक्षांश को विषुवत रेखा या भूमध्य रेखा कहा जाता है। विषुवत रेखा के उत्तरी भाग को उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी भाग को दक्षिणी गोलार्द्ध कहा जाता है।
नोट - विषुवत रेखा और ग्रीनविच रेखा आपस में अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिम में स्थित गिनी की खाड़ी में मिलती है।

18. If it is 12 noon at Greenwich, what will be the local time at 120° east longitude at same time?
यदि ग्रीनिच रेखा पर दोपहर के 12 बजे हैं तो उसी समय 120° पूर्वी देशान्तर पर क्या स्थानीय समय होगी?
(a) 8 : 00 P.M./8 : 00 अपराह्न
(b) 4 : 00 A.M./पूर्वाह्न
(c) 8 : 00 A.M./पूर्वाह्न
(d) 4 : 00 P.M./अपराह्न

Ans. (a) : यदि ग्रीनिच रेखा पर दोपहर के 12 बजे है तो उसी समय 120^0 पूर्वी देशान्तर पर स्थानीय समय 8:00 अपराह्न होगा। पृथ्वी पर 0^0 देशान्तर पर खींची गई मध्याह्न रेखा प्रधान मध्याह्न रेखा या ग्रीनविच रेखा कहलाती है। दुनिया का मानक समय इसी रेखा से निर्धारित किया जाता है।

19. Consider the following table showing type of Natural Vegetation and region.
नीचे दिए प्राकृतिक वनस्पति और क्षेत्र को दर्शाता टेबल पर विचार करें।

I : Natural Vegetation प्राकृतिक वनस्पति	II : Region क्षेत्र
(A) Evergreen forests सदाबहार वन	(i) Tropical zone उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र
(B) Deciduous forests पर्णपाती वन	(ii) Temperate zone शीतोष्ण क्षेत्र

Choose the correct match./
सही मिलान का चयन करें।
(a) (A)-(i) and (B)-(ii)/ (A)-(i) और (B)-(ii)
(b) (A)-(i), (ii) and (B)-(ii)/ (A)-(i), (ii) और (B)-(ii)
(c) (A)-(i) and (B)-(i), (ii)/ (A)-(i) और (B)-(i), (ii)
(d) (A)-(i), (ii) and (B)-(i), (ii)/ (A)-(i), (ii) और (B)-(i), (ii)

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

प्राकृतिक वनस्पति	क्षेत्र
सदाबहार वन	उष्णकटिबंधीय क्षेत्र
पर्णपाती वन	शीतोष्ण क्षेत्र

इस प्रकार विकल्प (D) के अन्तर्गत (A का (i) तथा B का (ii) सही है। सदाबहार वन ऐसे पौधों और वृक्षों को कहा जाता है। जिन पर हर मौसम में पत्ते होते हैं। यह उन पतझड़ी वृक्षों और पौधों से अलग होते हैं। जो आमतौर पर शरद ऋतु में अपने पत्ते खो देते हैं। सदाबहार वनों के पत्ते भी गिरते हैं लेकिन वे सब एक साथ नहीं गिरते है और पत्तों के गिरने के साथ-साथ उन पर नए पत्ते भी आते रहते हैं।

20. Consider the following statement regarding soil.
मृदा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

Statement (A) : Weathered rock material lies between parent rock and sub-soil.
कथन (A) : अपक्षयित चट्टानी पदार्थ, जनक चट्टान और उपमृदा के बीच अवस्थित होता है।

Statement (B): Climatic condition of the region determines thickness of the soil profile.
कथन (B): किसी क्षेत्र की जलवाविक दशा वहाँ के मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को निश्चित करता है।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Both (A) and (B) are true/(A) और (B) दोनों सही हैं।
(b) Both (A) and (B) are false/(A) और (B) दोनों गलत हैं।
(c) Both (A) and (B) are false/(A) सही है (B) लेकिन गलत है।
(d) (A) is false, (B) is true/(A) गलत है लेकिन (B) सही है।

Ans. (c) : अपक्षयित चट्टानी पदार्थ, जनक चट्टान और उपमृदा के बीच अवस्थित होता है, और किसी क्षेत्र की जलवायविक दशा वहाँ के मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को निश्चित करता है यह कथन सही नहीं है। इस प्रकार मृदा से संबंधित कथनों में से कथन (A) सही है जबकि कथन (B) गलत है।

पृथ्वी के धरातल पर मिट्टी (मृदा) असंघठित पदार्थों की एक परत है जो अपक्षय और विघटन के कारकों के माध्यम से चट्टानों और जैव पदार्थों से बनी है। उच्चावच एवं जलवायु संबंधी दशाओं में भिन्नता पायी जाती है।

नोट- केन्द्रीय मृदा संरक्षण बोर्ड का गठन 1953 में किया गया था।

21. What are the main criteria of dividing major natural regions of the world?
विश्व के मुख्य प्राकृतिक क्षेत्रों के विभाजन में निम्न से कौन से मुख्य मानक हैं?

(a) Latitudes and Longitudes/अक्षांश एवं देशांतर
(b) Atmospheric Pressure and Winds/वायुमंडलीय दाब एवं पवनें
(c) Temperature, rainfall and vegetation/तापमान, वर्षण एवं वनस्पति
(d) Tides and Currents/ज्वारभाटा एवं धाराएँ।

Ans. (c) : विश्व के मुख्य प्राकृतिक क्षेत्रों के विभाजन में तापमान वर्षण और वनस्पति की अहम भूमिका होती है विभिन्न भू-आकृतियों के अनुसार वनस्पतियों में भी भिन्नता पायी जाती है। गंगा ब्रह्मपुत्र के मैदानों में सागवान, साखू एवं पीपल के साथ उष्णकटिबंधीय पर्णपाती पेड़ भी पाए जाते हैं। आमेजन बेसिन भूमध्य रेखा के आस-पास फैला है। और पूरे वर्ष यहाँ गर्म एवं नम जलवायु रहती है। यहाँ का मौसम दिन एवं रात दोनों ही समय लगभग समान रूप से गर्म एवं आद्र रहता है तथा शरीर में चिपचिपाहट महसूस होती है।

22. Consider the following statement and identify the atmospheric layer.
निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा वायुमंडल की परत पहचान कीजिए।

Statement (A): Temperature rises very rapidly with increasing height in this layer.
कथन (A): इसमें बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है।

Statement (B): Ionosphere is a part of this layer.
कथन (B): आयन मंडल इस परत का एक भाग है।

(a) Troposphere/क्षोभमंडल
(b) Stratosphere/समतापमंडल
(c) Mesosphere/मध्यमंडल
(d) Thermosphere/बाह्य वायुमंडल

Ans. (d) : बाह्य वायुमंडल में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है। इस परत की एक महत्वपूर्ण विशेषता है कि वह आयन मंडल का एक भाग है यह 80 से 400 किमी0 तक फैला है। रेडियों संचार के लिए इस परत का उपयोग होता है। वास्तव में पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगे इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर परावर्तित कर दी जाती है। इस प्रकार कथन (A) और कथन (B) बाह्य वायुमंडल से संबंधित है। हमारा वायुमंडल पांच परतों में विभाजित है जो पृथ्वी की सतह से आरंभ होती है।

(1) क्षोभमंडल (2) समताप मंडल
(3) मध्य मडल (4) बाह्य वायुमंडल
(5) बर्हिमंडल

23. High pressure is associated with:
उच्च दाब संबंधित है :

(a) Cloudy skies and wet weather/बादल युक्त आकाश और नम मौसम से
(b) Heavy rainfall/भारी वर्षण से
(c) Clear and sunny skies/स्पष्ट एवं स्वच्छ धूप भरे आकाश से
(d) Storms/तूफान से

Ans. (c) : उच्च दाब स्पष्ट एवं स्वच्छ धूप भरे आकाश से संबंधित है। कम तापमान वाले क्षेत्रों की वायु ठंडी होती है। इसके फलस्वरूप यह भारी होती है। भारी वायु निमज्जित होकर उच्च दाब क्षेत्र बनाती है। उच्च दाब के कारण स्पष्ट एवं स्वच्छ आकाश होता है। वायुदाब का क्षैतिज वितरण किसी स्थान पर उपस्थित वायु के ताप द्वारा प्रभावित होता है। अधिक तापमान वाले क्षेत्रों में वायु गर्म होकर ऊपर उठती है। यह निम्न दाब क्षेत्र बनता है। निम्न दाब, बादल युक्त आकाश एवं नम मौसम के साथ जुड़ा होता है।

नोट– वायु सदैव उच्च वायुदाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर गमन करती है।

24. Which of the following states have a coast on the Arabian Sea?
निम्न में से किन राज्यों का तट अरब सागर पर है :

(a) Odisha and Andhra Pradesh/ओडिशा और आंध्र प्रदेश
(b) Tamil Nadu and Karnataka/तमिलनाडु और कर्नाटक
(c) Kerala and Tamil Nadu/ केरल और तमिलनाडु
(d) Karnataka and kerala/कर्नाटक और केरल

Ans. (d) : कर्नाटक और केरल अरब सागर के तट पर स्थित राज्य है। भारत के 9 राज्य (गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, तमिलनाडु, आ0 प्र0, ओडिशा एवं पं0 बंगाल) की सीमा समुद्र तट से लगी है।

पांच राज्य – गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल अरब सागर के तट पर स्थित राज्य है।

चार राज्य– तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा एवं पं0 बंगाल, बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित राज्य है।

नोट- भारत का सर्वाधिक तटीय सीमा की लंबाई वाला राज्य गुजरात है।

25. Consider the following statement.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

Assertion (A): Forest replenish more underground water as compared to barren land.
कथन (A): बंजर भूमि की तुलना में वन भूमिगत जल को पुनः प्राप्ति करते हैं।

Reasoning (R) : Forest and the other vegetation cover slow the surface runoff.
कारण (R) : वन और अन्य वनस्पति आवरण धरातलीय प्रवाह को मंद करते हैं।

Choose the correct option:
सही विकल्प चुनेः

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या करता है (A) कीं
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)./ (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की।
(c) (A) is true but (R) is false./ (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are false./ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Ans. (a) : बंजर भूमि की तुलना में वन भूमिगत जल को पुन; प्राप्ति करते हैं। और वन के साथ-साथ अन्य वनस्पति आवरण धरातलीय प्रवाह को मंद करते हैं। इस प्रकार विकल्प (A) के अन्तर्गत दिए गए कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है आर (A), (R) की सही व्याख्या करता है।

जल संग्रहण पृष्ठीय प्रवाह को बचाने की दूसरी विधि है। जल रिसाव को कम करने के लिए खेतों को सिंचित करने वाली नहरों को ठीक से पक्का करना चाहिए। रिसाव और वाष्पीकरण से होने वाली जल क्षति को रोकने के लिए स्प्रिंकलर विधि से सिंचाई करना चाहिए।

नोट– जल एक नवीकरणीय संसाधन है।

26. A teacher wants to introduce population pyramids in her elementary social science classroom. Which of the following sub concepts she need to discuss to give a fairer understanding of population pyramids?
प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाली एक शिक्षिका अपनी कक्षा में जनसंख्या पिरामिड पढ़ाना चाहती है। जनसंख्या पिरामिड की बेहतर समझ बनाने हेतु उन्हें निम्न में कौन से उपसंप्रत्ययों पर चर्चा करने की जरूरत है?

(A) Population density/जनसंख्या घनत्व
(B) Age groups/आयु-वर्ग
(C) Young dependents and old dependents/युवा आश्रित लोग एवं वृद्ध आश्रित लोक
(D) Birth rates/जन्म दर

Choose appropriate option.
उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) तथा (C)
(b) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) तथा (D)
(c) Only (A), (C) and (D)/ केवल (A), (C) तथा (D)
(d) All (A), (B), (C) and (D)/ (A), (B), (C) तथा (D) सभी

Ans. (b) : प्रारम्भिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाली एक शिक्षिका अपनी कक्षा में जनसंख्या पिरामिड पढ़ाना चाहती है। इसके लिए जनसंख्या पिरामिड की बेहतर समझ बनाने हेतु आयु वर्ग, युवा आश्रित लोग एवं वृद्ध आश्रित लोग तथा जन्मदर जैसे उपसंप्रत्ययों पर चर्चा करने की जरूरत हैं। जनसंख्या पिरामिड एक विशिष्ट जनसंख्या की आयु और लिंग संरचना का चित्रमय प्रतिनिधित्व है। इसमें दो हिस्टोग्राम होते हैं, प्रत्येक लिंग के लिए (सम्मेलन के अनुसार, पुरुषों को बाईं ओर महिलाओं को दाईं ओर, जहाँ संस्थाओं को क्षैतिज रूप से और आयु को लंबवत रूप से दिखाया जाता है।

नोट – भारतीय आबादी में बच्चों, किशोरों और युवा वयस्कों का अनुपात अधिक है।

27. 'Inter-cropping' is an important agricultural soil practice because it _____.
'बीच की फसल उगाना' एक महत्त्वपूर्ण कृषिगत मृदा गतिविधि मानी जाती है क्योंकि यह _____।

(a) allows farmers to earn throughout the year./किसानों को साल भर कमाने का मौका देती है।
(b) doubles the income of the farmer./किसानों की आय दुगुनी करती है।
(c) protects from rain wash./वर्षा दोहन से सुरक्षित रखती है।
(d) increases the productivity of the land./खेत की उत्पादकता बढ़ाती है।

Ans. (c) : बीच की फसल उगाना एक महत्वपूर्ण कृषिगत मृदा है यह गतिविधि किसानों को साल भर कमाने का मौका देती है। अन्तरासस्यन (intercroping) का अर्थ बीच बीच में या खाली जगह में कोई दूसरी फसल लगाना। इंटरक्रपिंग का सबसे आम लक्ष्य संसाधनों या पारिस्थितिकी प्रक्रियाओं का उपयोग करके भूमि के एक दिए गए टुकड़े पर अधिक उपज का उत्पादन करना।

28. In which of the following states a particular fishing net is used called, cheena-vala?
निम्नलिखित में से किस राज्य में, एक विशिष्ट जाल 'चीना -वला' मछली पकड़ने के लिए प्रयुक्त होता है?

(a) Karnataka/कर्नाटक
(b) Kerala/केरल
(c) Andhra Pradesh/आन्ध्र प्रदेश
(d) Tamil Nadu/तमिलनाडु

Ans. (b) : केरल राज्य में एक विशिष्ट जाल 'चीना-वला' मछली पकड़ने के लिए प्रयुक्त होता है। केरल, दक्षिण-पश्चिम भारत के उष्ण कटिबंधीय मालाबार तट पर स्थित एक राज्य है, जो देश के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह जाल विशाल यांत्रिक उपकरणों से बीस मीटर या उससे अधिक के ब्यास वाले क्षैतिज जाल होते हैं। जालों को पानी में डुबोया जाता है और फिर से उठाया जाता है। इससे अतिरिक्त अन्य मछली पकड़ने वाले जाल का नाम–

(1) लिफ्ट जाल (2) सीन जाल

29. Which one of the following situation seem to in a way challenge social prejudice?
निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति एक प्रकार सामाजिक पूर्वाग्रह को चुनौती देती प्रतीप होती है?

(a) The disabled boy who won the drawing competition in his school went up to the stage on his wheelchair to collect his prize./वह अशक्ल लड़का जिसने अपने विद्यालय की चित्र प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता है, अपनी व्हीलचेयर पर अपना पुरस्कार प्राप्त करने के लिए मंच पर आता है।

(b) Children in a class refrain from sharing food with a particular classmate as she stays in a slumकिसी कक्षा में बच्चे अपना भोजन ऐसे सहपाठी के साथ साझा करने से बचते हैं क्यों कि वह एक कच्ची बस्ती में रहती है।

(c) A Primary school provides boys and girls only indoor games./एक प्राथमिक विद्यालयों में लड़के लडकियों को केवल विद्यालय के भीतर खेले जाने वाले खेलों का प्रावधान किया जाता है।

(d) Children make fun of their friend who wants to become a social media influencer as she is dark skinned./बच्चे अपने मित्र का मज़ाक उड़ाते हैं जो एक सोशल मीडिया इन्फ्लुयेंसर बनना चाहता है क्योंकि उसका रंग सांवला है।

Ans. (a) : वह अशक्ल लड़का जिसने अपने विद्यालय की चित्र प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता है, अपनी व्हीलचेयर पर अपना पुरस्कार प्राप्त करने के लिए मंच पर आता है। यह एक प्रकार सामाजिक पूर्वाग्रह को चुनौती देती प्रतीत होती है। पूर्वाग्रह अंग्रेजी शब्द prejudice का हिन्दी रूपान्तर है। अंग्रेजी शब्द prejudice लैटिन भाषा के prejudicium शब्द से बना है जिसमें Pre का अर्थ है 'पूर्व' तथा judicium का अर्थ 'निर्णय' अथवा धारणा। इस दृष्टि कोण से पूर्वाग्रह का शाब्दिक अर्थ हुआ 'पूर्व-निर्णय'। पूर्वाग्रह सामान्य रूप से एक ऐसी सामाजिक अवधारणा है, जो सामाजिक अन्तःकरण के दौरान पनपती है। पूर्वाग्रह किसी समूह के प्रति सकारात्मक और नकारात्मक, अनुकूल अथवा प्रतिकूल, पक्ष अथवा विपक्ष में हो सकता है।

नोट - पूर्वाग्रह अतार्किक होते है– पूर्वाग्रह तथ्यों पर आधारित नहीं होते हैं।

30. Who is responsible for measuring land and maintaining as well as updating records in a village?
किसी गाँव में भूमि को नापने, लेखा-जोखा रखने और उसका रिकॉर्ड रखने के लिए कौन उत्तरदायी है?

(a) Gram Panchayat/ग्राम पंचायत
(b) Patwari/पटवारी
(c) District Collector/जिला अधिकारी
(d) Panchayat Samiti/पंचायत समिति

Ans. (b) : किसी गांव में भूमि को नापने, लेखा-जोखा रखने और उसका रिकार्ड रखने के लिए पटवारी उत्तरदायी होता है। पटवारी या लेखपाल राजस्व विभाग में ग्राम लेवल का अधिकारी होता है। इन्हें विभिन्न स्थानों पर अन्य नामों से भी जाना जाता है। जैसे कारनाम अधिकारी, शानबोगरू, लेखपाल (उ0प्र0) आदि। यह भारतीय उपमहाद्वीप के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार का प्रशासनिक पद होता है। इसमें खेती बाड़ी की जमीन और उसकी उपज का लेखा-जोखा रखना इसका मुख्य कार्य है।

नोट- 9 सितम्बर 2021 को राजस्व मंडल ने एक और नवाचारी पहल करते हुए वर्ष 2020-21 के तहत राजकीय दायित्वों के निर्वहन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रत्येक तहसील से एक-एक पटवारी को सम्मानित किए जाने का निर्णय किया है।

31. Which of the following statement about Public Healthcare services is NOT correct?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में सही नहीं है?

(a) It is a chain of health centres run by the government./यह सरकार द्वारा चलाई जाने वाली स्वास्थ्य केंद्रों की एक शृंखला है।

(b) The services are provided to people residing in both rural as well as urban areas. /इसकी सेवाएँ शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों को प्रदान की जाती है।

(c) The resources required for the services are obtained from the money collected from citizens in the form of taxes. /इन सेवाओं को चलाने के लिए धन उस पैसे से आता है जो लोग सरकार को टैक्स के रूप में देते हैं।

(d) Treatment in only restricted to health problems that are critical in nature. /इलाज केवल उन्ही स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए है जो असाध्य हैं।

Ans. (d) : इलाज केवल उन्हीं स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए है जो असाध्य है, यह कथन सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में सही नहीं है। बल्कि यह सरकार द्वारा चलाई जाने वाली स्वास्थ्य केन्द्रों की एक शृंखला है, इसकी सेवाएँ शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों को प्रदान की जाती है और इन सेवाओं को चलाने के लिए धन उस पैसे से आता है जो लोग सरकार को टैक्स के रूप में देते हैं। ये सभी कथन सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में सही है। स्वास्थ्य सेवा से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत में बेहतर स्वस्थ्य देखभाल की आवश्यकता है।

नोट - प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) को बढ़ावा देने के लिए किए गए है जिसे अक्टूबर 2021 (वित्त वर्ष -2025-26) हेतु लांच किया गया था।

32. Identify the correct sequence in which markets function.
वही सही क्रम पहचानिए जिसमें बाजार कार्य करते हैं।

(a) Producer - trader - consumer/उत्पादक - व्यापारी - उपभोक्ता
(b) Producer - consumer - trader/उत्पादक - उपभोक्ता - व्यापारी
(c) Trader - producer - consumer/व्यापारी - उत्पादक - उपभोक्ता
(d) Consumer - trader - producer/उपभोक्ता - व्यापारी - उत्पादक

Ans. (a) : उत्पादक → व्यापारी → उपभोक्ता बाजार के सही क्रम है। हम बाजार जाते हैं और बाजार से बहुत-सी चीजें खरीदते हैं। जैसे- सब्जियाँ, साबुन, दंतमंजन, किताब कॉपी आदि। बाजार भी कई प्रकार के होते हैं। जहाँ हम अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जाते हैं। जैसे- हमारे पड़ोस की गुमटी, साप्ताहिक बाजार, बड़े-बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स मॉल आदि।

साप्ताहिक बाजार → ये बाजार नियमित बाजार नहीं होते है, वरन एक नियत स्थान पर सप्ताह में एक या दो बार लगाए जाते हैं। इन बाजारों में घरेलू समान की लगभग सभी चीजें बिकती है।

थोक बाजार – इसका आशय बहुत बड़ी मात्रा में खरीदना और बेचना होता है। अधिकांश उत्पादों जिनमें सब्जी, फल और फूल आदि भी सम्मिलित है, के अपने बड़े थोक बाजार होते हैं।

33. With regard to Weaver's Cooperative, consider the following statements and choose the correct option./बुनकर सहकारी संस्थाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

Statement (I) : Weaver's cooperative increases the dependence of the weavers on the merchants to earn a higher income./
कथन (I) : बनुकर सहकारी संस्था अधिक आय अर्जित करने के लिए बुनकरों की व्यापरियों पर निर्भरता बढ़ा देते हैं।

Statement (II) : In a cooperative, weavers with common interests come together and work for their mutual benefit.
कथन (II) : एक सहकारी संस्था में, बुनकर जिनका हित समान होता है, इकट्ठे होकर परस्पर लाभ के लिए काम करते हैं।

(a) Only (I) is correct/केवल (I) सही हैं
(b) Only (II) is correct/केवल (II) सही है।
(c) Both (I) and (II) are correct/(I) और (II) दोनों सही हैं।
(d) Both (I) and (II) are incorrect/(I) और (II) दोनों गलत हैं।

Ans. (b) : एक सहकारी संस्था में, बुनकर जिनका हित समान होता है, इकट्ठे होकर परस्पर लाभ के लिए काम करते हैं। यह कथन सही है, जबकि बुनकर सहकारी संस्था अधिक आय अर्जित करने के लिए बुनकरों की पारियों पर निर्भरता बढ़ा देते है यह कथन सही नहीं है इस प्रकार कथन (I) गलत है तथा कथन (II) सही है। कपड़ा बुनने वाले बुनकर आस-पास के गांवों में रहते हैं। वे इन व्यापारियों से सूत ले आते हैं। बुनाई करने के लिए उन्होंने अपने घरों के पास ही करघे की व्यवस्था करते थे।

34. Which among the following statements is not true about democracy in India?
निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत में लोकतंत्र के बारे में सही नहीं है?

(a) India is a representative democracy/भारत एक प्रतिनिधि लोकतंत्र है।
(b) Some India had the right to vote during British India./ब्रिटिश राज के काल में कुछ भारतीयों को मताधिकार प्राप्त था।
(c) India adopted universal adult franchise in the first general election./प्रथम आम चुनावों में भारत ने सार्वभौमिक मताधिकार अपनाया।
(d) There is direct participation of people in government decision making process./सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोगों की प्रत्यक्ष सहभागिता है।

Ans. (d) : सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोगों की प्रत्यक्ष सहभागिता होती है। यह कथन भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के संबंध में सही नहीं है जबकि भारत एक प्रतिनिधि लोकतंत्र है और ब्रिटिश राज के काल में कुछ भारतीयों को मताधिकार प्राप्त था, इसके अतिरिक्त प्रथम आम चुनावों में भारत ने सार्वभौमिक मताधिकार को अपनाया गया था। लोकतंत्र या प्रजातंत्र एक ऐसी प्रणाली है, जिसके अन्तर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन में आए हुए किसी भी उम्मीदवार को मत देकर अपना प्रतिनिधि चुन सकती है। लोकतंत्र, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों पर आधारित होना चाहिए ताकि सत्ता में बैठे लोगों के लिए जीत-हार के समान अवसर हों।

35. In school, boys and girls are made to choose certain subjects not because she/he has an aptitude for it, but because they belong to a certain gender. This is:
''विद्यालय में, लड़के और लड़कियों को कुछ विषयों में चुनाव करना पड़ता है, इसलिए नहीं कि उनका उन विषयों के प्रति रुझान है बल्कि इसलिए कि वे विशिष्ट जेंडर के हैं। यह है:

(a) Discrimination/भेदभाव
(b) Stereotyping/रूढ़िवादिता
(c) Homophobia/समदुर्भीति (होमोफोबिया)
(d) Ghettoisation/घेटोआइजेशन

Ans. (b) : विद्यालय में लड़के और लड़कियों को कुछ विषयों में चुनाव करना पड़ता है। इसलिए नहीं कि उनका उन विषयों के प्रति रूझान है बल्कि इसलिए कि वे विशिष्ट जेंडर के है यह कथन रूढ़िवादिता को दर्शाता है। लैंगिक रूढ़िवादिता एक अनुचित विचार है जो ऐसी सामान्यीकृत दृष्टिकोण या विशेषताओं को संदर्भित करता है जो महिलाओं और पुरुषों के पास होना चाहिए। लैगिंक रूढ़िवादिता हानिकारक होती है यह महिलाओं और पुरुषों की व्यक्तिगत क्षमताओं को विकसित करने, उनके पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने अथवा उनकी चुनाव करने की उनकी क्षमता को सीमित करती है।

36. _____ means that there are no unreasonable restrictions on the citizens in what they think, how they wish to express their thoughts, the way they wish to follow up their thought in action.

_____ का अर्थ यह है कि नागरिकों पर, जैसा वे सोचते हैं, कैसे वे अभिव्यक्त करना चाहते हैं, उनके विचार और जैसे वे अपने विचारों को कार्यों में बदलना चाहते हैं पर, कोई भी अव्यवहारिक प्रतिबंध नहीं है।

(a) Justice/न्याय (b) Equality/समानता
(c) Liberty/स्वतंत्रता (d) Fraternity/बंधुत्व

Ans. (c) : स्वतंत्रता का अर्थ है कि नागरिकों पर जैसा वे सोचते हैं कैसे वे अभिव्यक्त करना चाहते हैं, उनके विचार और जैसे वे अपने विचारों को कार्यों में बदलना चाहता है पर कोई भी अव्यवहारिक प्रतिबंध नहीं है।

भारतीय संविधान के भाग - 3 के तहत अनु0 19 से 22 तक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। अनु0 19 में भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित 6 प्रकार की स्वतंत्रताएँ प्रदान की गई है। संविधान में प्रत्यक्ष रूप से प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लेख नहीं है किन्तु अनुच्छेद 19(1) का के अन्तर्गत वर्णित वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के अधिकार न्यायालय द्वारा निहित माना गया है।

37. Match the guiding values of the Indian Constitution given in column A, with their meaning in column B.

स्तम्भ - A में दिए गए भारतीय संविधान के मार्गदर्शक मूल्यों का स्तम्भ -B में उनके अर्थ के साथ मिलान कीजिए।

Column A/ स्तम्भ - A		Column B/ स्तम्भ -B	
(A)	Sovereign/ संप्रभु	(i)	Government will not favour any religion/सरकार किसी भी धर्म का पक्ष नहीं लेगी।
(B)	Republic/ गणतंत्र	(ii)	People have the supreme right to make decisions/लोगों को निर्णय लेने का सर्वोच्च अधिकार है।
(C)	Fraternity/ बंधुत्व	(iii)	Head of the state is an elected person/राज्य का मुखिया एक निर्वाचित व्यक्ति है।
(D)	Secular/ धर्मनिरपेक्ष	(iv)	People should live like brothers and sisters/लोगों को भाइयों और बहनों की तरह रहना चाहिए।

(a) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)- (iv)
(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)- (iv)
(c) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)- (i)
(d) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)- (i)

Ans. (c) : भारतीय संविधान के मार्गदर्शक मूल्यों का सही मिलान इस प्रकार है–

स्तम्भ-A	स्तम्भ - B
संप्रभु	लोगों को निर्णय लेने का सर्वोच्च अधिकार।
गणतंत्र	राज्य का मुखिया एक निर्वाचित व्यक्ति होता है।
बंधुत्व	लोगों को भाइयों और बहनों की तरह रहना चाहिए।
धर्मनिरपेक्ष	सरकार किसी भी धर्म का पक्ष नहीं लेगी।

इस प्रकार सही सुमेलित करने पर विकल्प (c) सही है।

नोट - भारतीय संविधान की उद्देशिका ने भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य के रूप में घोषित किया है। संविधान संशोधन 1976 द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 3 नए शब्द समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता को जोड़ा गया।

38. Which of the following is associated with criminal law in India?

निम्नलिखित में से कौनसा भारत में फौज़दारी कानून से संबंधित है?

(A) Deals with conduct or acts that are offences in the eyes of law. /ऐसे व्यवहारों या क्रियाओं से निपटना जो कानून की दृष्टि में अपराध हैं।

(B) Case is filed in the court after investigation of the crime. /अपराध की जाँच के बाद अदालत में मुकदमा दायर करना।

(C) Accused found guilty can be sent to jail or can be fined. /यदि व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसे जेल भेजा जा सकता है या उस पर जुर्माना भी किया जा सकता है।

(D) A petition has to be filed before the court by the affected party only./न्यायालय में याचिका केवल प्रभावित पक्ष की ओर से किया जाता है।

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन करें।

(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(b) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)
(c) Only (A), (C) and (D)/केवल (A), (C) और (D)
(d) (A), (B), (C) and (D)/ (A), (B), (C) और (D)

Ans. (a) : भारत में फौजदारी कानून से संबंधित कथन ऐसे व्यवहारों या क्रियाओं से निपटना जो कानून की दृष्टि में अपराध है, अपराध की जांच के बाद अदालत में मुकदमा दायर करना, और यदि व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसे जेल भेजा जा सकता है या उस पर जुर्माना भी किया जा सकता है। इस प्रकार विकल्प (a) के अन्तर्गत कथन (A) (B) और (C) सही है।

आपराधिक अथवा फौजदारी मामले (अनु0-134) में उच्च न्यायालयों के निर्णयों के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है। जब किसी अपराधी को अधीनस्थ न्यायालय ने छोड़ दिया होता है तथा अपील में उच्च न्यायालय ने उसे मृत्युदंड दिया हो।

39. Different strategies are used in a women's movement to fight discrimination and seek social justice./
Which among the following is not a strategy?
भेदभाव के विरुद्ध लड़ने और सामाजिक न्याय माँगने हेतु महिलाओं के आंदोलन में विभिन्न रणनीतियाँ प्रयुक्त की गई।
निम्नलिखित में से क्या एक रणनीति नहीं है?

(a) Campaign/अभियान
(b) Ostracisation/बहिष्कृत करना
(c) Solidarity/एकजुटता
(d) Protest/विरोध करना-

Ans. (b) : भेदभाव के विरुद्ध लड़ने और सामाजिक न्याय मांगने हेतु महिलाओं के आंदोलनों में विभिन्न रणनीतियाँ प्रयुक्त की गई जिसमें बहिष्कृत करना एक रणनीति नहीं है, जबकि अभियान, एक जुटता और विरोध करना न्याय मांगने हेतु रणनीति है।
अनुच्छेद 17 अश्पृश्यता को समाप्त करता है और किसी भी रूप में इसके अभ्यास पर रोक लगाता है। अस्पृश्यता से उत्पन्न होने वाली किसी भी विकलांगता का प्रवर्तन कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा।

40. According to 2011 census, over 4 million children in India aged between 5 and 14 work in various occupations including hazardous ones. Which of the following situation is implied by the above statement ?
सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 5 से 14 साल की उम्र के 40 लाख बच्चे विभिन्न व्यवसायों में काम करते हैं। इनमें से बहुत सारे खतरनाक व्यवसायों में हैं। उपरोक्त कथन से निम्न में से कौन-सी परिस्थितियाँ अन्तर्निहित है?

(A) India has no law to protect children's rights./भारत में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए कोई कानून नहीं हैं
(B) Few children are allowed to work in occupations including hazardous ones by law./कानून द्वारा कुछ बच्चों को व्यवसायों, जिनमें कुछ खतरनाक व्यवसाय भी शामिल हैं, में काम करने की अनुमति है।
(C) Merely making laws is not enough, the Government has to ensure that these are implemented./कानून बना देना ही काफी नहीं होता, सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होता है कि कानूनों को लागू किया जाए।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।

(a) Only (A) is true./केवल (A) सही है।
(b) Only (B) is true./केवल (B) सही है।
(c) Only (C) is true/केवल (C) सही हैं।
(d) Both (B) and (C) are true./दोनों (B) तथा (C) सही हैं।

Ans. (c) : सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 5 से 14 साल की उम्र के 40 लाख बच्चे विभिन्न व्यवसायों में काम करते हैं। इनमें से बहुत सारे खतरनाक व्यवसायों में संलग्न हैं। इसके लिए सही विकल्प यह होगा कि कानून बना देना ही काफी नहीं होता, सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होता है कि कानूनों को लागू किया जाए।
नेहरू रिपोर्ट 1928 द्वारा मूल अधिकारों को भारत के संविधान में सम्मिलित करने की आकांक्षा प्रकट की गई। भारतीय संविधान के भाग-3 के अन्तर्गत अनु0 12-35 में मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में चौदह वर्ष से कम की आयु के बच्चों को कारखाने खनन इत्यादि क्षेत्रों में नियोजन को निषिद्ध करता है।

41. The following stream of geography attempts to understand and to challenge the structures existing in society across space and time.
निम्नलिखित भूगोल की धारा स्थान एवं समय के परे समाज में विद्यमान संरचनाओं को समझने एवं चुनौती देने का प्रयास करती है।

(a) Critical geography/आलोचनात्मक भूगोल
(b) Physical geography/भौतिक भूगोल
(c) Human geography/मानव भूगोल
(d) Regional geography/क्षेत्रीय भूगोल

Ans. (a) : आलोचनात्मक भूगोल द्वारा धारा स्थान एवं समय के पूरे समाज में विद्यमान संरचनाओं को समझने एवं चुनौती देने का प्रयास करती है। आलोचनात्मक भूगोल आलोचनात्मक सामाजिक विज्ञान का एक रूप है जो विश्व भूगोल विश्व की व्याख्या करने और बदलने के लिए मार्क की थीसिस को अपनाता है। आलोचनात्मक भूगोल का उपयोग मार्क्सवादी, नारीवादी, उत्तर संरचनात्मक विचित्र वामपंथी भूगोल के लिए एक क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है।

42. Examine the two statement on social science curriculum at upper primary level.
उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम पर दिए गए दो कथनों को परखें।

Statement I: Social Science curriculum is utilitarian in nature.
कथन I: सामाजिक विज्ञान का पाठ्यक्रम प्रकृति से व्यावहारिक है।

Statement II: Evolution of state and its institution are emphasised in the curriculum.
कथन II: पाठ्यक्रम में राज्य एवं उसके संस्थानों के विकास पर बल दिया गया है।

Choose the correct option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Only statement I is correct./केवल कथन I सही है।
(b) Only statement II is correct. /केवल कथन II सही है।
(c) Both the statement are correct/दोनों कथन सही हैं।
(d) Both the statements are incorrect./दोनों कथन गलत हैं।

Ans. (c) : उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सामाजिक विज्ञान का पाठ्यक्रम प्रकृति से व्यावहारिक है, तथा पाठ्यक्रम में राज्य एवं उसके संस्थानों के विकास पर बल दिया गया है। इस प्रकार दिए गये दोनों कथन सही है। उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य निम्न हैं–
(1) सामाजिक और राजनैतिक संस्थाओं के कार्यों की सक्रियता तथा राष्ट्र की प्रक्रियाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराना।
(2) मानव जाति और अन्य जीवों के निवास के रूप में पृथ्वी की अवधारणा का विकास करना।
(3) विश्व के अन्य भागों में समकालीन विकास के संदर्भ में विद्यार्थी को भारत के अतीत के अध्ययन के लिए प्रेरित करना।

43. 'Meaning making' of complex issues in political and social life is best done through:
राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में जटिल मुद्दों का 'अर्थ निकालना' श्रेष्ठ रूप से _____ के माध्यम से किया जा सकता है।
(a) Acquisition of skills/कौशल का अधिग्रहण
(b) Digitalisation of classrooms/कक्षाओं की डिजिटलाइजेशन
(c) Active engagement of learners/अधिगमकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी
(d) Repetitive lessons to promote desirable answers./वाँछित उत्तरों को बढ़ावा देने के लिए पुनरावृत्ति वाले पाठों

Ans. (c) : राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में जटिल मुद्दों का अर्थ निकालना श्रेष्ठ रूप से अधिगमकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से किया जा सकता है। सक्रिय अधिगम प्रविधि में विद्यार्थी सक्रिय सहभागिता करता है तथा विषयवस्तु अनुसार गतिविधि/प्रयोग आदि कार्य स्वयं करता है तथा शिक्षक सुविधादाता के रूप में होता है। सक्रिय भागीदारी के साथ सीखने की प्रविधि इसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी का निम्न माध्यम से प्रोत्साहित करना चाहिए–
(1) कक्षा को बाल केन्द्रित बनाना।
(2) शिक्षार्थियों को सामाजिक गतिविधियों समूह कार्य आदि में शामिल करना।
(3) ज्ञान के अवसर प्रदान करना।

44. In order to familiarise students of upper primary level with the biography of a writer, a teacher screens a short film in the class. The most relevant reason would be:
उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को लेखक की आत्म-कथा से परिचित कराने के लिए शिक्षक कक्षा में एक लघु चलचित्र दिखाता है। इसका अतिप्रासंगिक कारण होगा:
(A) Film is an important means of entertainment./चलचित्र मनोरंजन का एक महत्त्वपूर्ण साधन है।
(B) Film is an effective and popular audio visual aid./चलचित्र एक प्रभावशाली एवं लोकप्रिय दृश्य-श्रव्य साधन है।
(C) Film can provide more information in less time./चलचित्र कम समय में अधिक सूचना उपलब्ध कराती है।
(D) Film provides scope for entertainment as well as learning./चलचित्र मनोरंजन और अधिगम के लिए भी अवसर प्रदान करती है।

Choose the appropriate option.
उपयुक्त विकल्प चुनें।
(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)
(d) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)

Ans. (d) : उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को लेखक की आत्मकथा से परिचित कराने के लिए शिक्षक कक्षा में एक लघु चलचित्र दिखाता है, इसका अतिप्रासंगिक कारण चलचित्र एक प्रभावशाली एवं लोकप्रिय दृश्य - श्रव्य साधन है, यह कम समय में अधिक सूचना उपलब्ध कराती है और चलचित्र मनोरंजन और अधिगम के लिए भी अवसर प्रदान करती है। इस प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत दिए गए कथन (B), (C) और (D) सही है।
चलचित्र का अर्थ है चलता फिरता चित्र। ये चित्र चलने के साथ-साथ बोलते भी हैं। ध्वनि तथा प्रकाश की सहायता से चलचित्र का आविष्कार किया गया है। चलचित्र के द्वारा शिक्षा का प्रसार तथा समाज सुधार के कार्यों में बहुत अधिक सफलता प्राप्त की जा सकती है।

45. Which of the following are the examples of an inclusive classroom?
निम्नलिखित में से कौन से समावेशी कक्षा के उदाहरण हैं?
(A) Teacher is modifying her teaching technique as per needs of each student./प्रत्येक विद्यार्थी की आवश्यकता अनुसार शिक्षिका अपनी अध्यापन विधि में परिवर्तन कर रही हैं।
(B) Visually challenged students are reading in the class with the help of Braille textbooks./दृष्टि बाधित विद्यार्थी ब्रेल-लिपि वाली पाठ्यपुस्तकों की सहायता से कक्षा में पढ़ रहे हैं।
(C) Hearing impaired students are seated at the front of the class./ श्रवण बाधित विद्यार्थी कक्षा में सबसे आगे बैठे हैं।

Choose the correct option.
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (d) : समावेशी शिक्षा के उदाहरण इस प्रकार है–
(1) विद्यार्थी की आवश्यकतानुसार शिक्षिका अपनी अध्ययन विधि में परिवर्तन कर रही है।
(2) दृष्टि-बाधित विद्यार्थी ब्रेल लिपि वाली पाठ्यपुस्तकों की सहायता से कक्षा में पढ़ रहे हैं।
(3) श्रवण बाधित विद्यार्थी कक्षा में सबसे आगे बैठे हैं।

इस प्रकार कथन (A), (B) और (C) सही है। समावेशी शिक्षा से आशय उस शिक्षा प्रणाली से हैं जिसमें एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ मिलकर अधिकतर समय बिताता है। शिक्षा का समावेशीकरण यह बताता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग छात्र को समान शिक्षा प्राप्ति के अवसर मिलने चाहिए।

46. When using a resource in the classroom, it is important for a teacher to ensure that the language and imaes of the material are :
कक्षा में किसी संसाधन का प्रयोग करते समय, एक शिक्षक के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विषय-की भाषा एवं चित्रः

(A) Understandable/बोधगम्य हो
(B) Be gender sensitive/लैंगिक संवेदनशील हो
(C) Be Critical of social hierarchies and inequalities/सामाजिक पदानुक्रम एवं असमानताओं के आलोचनात्मक हो

Choose the right option.
सही विकल्प चुनें।

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) (A), (B) and (C)/(A), (B) और (C)
(c) (A) and (B)/(A) और (B)
(d) Only (C)/केवल (C)

Ans. (b) : कक्षा में किसी संसाधन का प्रयोग करते समय, एक शिक्षक के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विषय की भाषा एवं चित्र बोधगम्य हो, लैंगिक संवेदनशील हो, और सामाजिक पदानुक्रम एव असमानताओं में आलोचनात्मक हो। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत दिये गए कथन (A), (B) और (C) सही है।
संसाधन कक्ष का एकमात्र उद्देश्य है व्यक्तिगत और नवाचारी शिक्षण विधियों के माध्यम से ऐसे बच्चे की अन्तर्निहित क्षमता को बाहर निकालना जिसका प्रदर्शन टेस्ट या परीक्षा में अपनी वास्तविक क्षमता से कम है। संसाधन कक्ष सभी विषयों के सभी पाठों के लिए कक्षा की गतिविधियों का खजाना है।

47. Column A gives techniques of probing questions for a teacher and column B gives few statements related to that. Match column A with B
कॉलम- A एक अध्यापक द्वारा जाँच प्रश्नों की तकनीक को दर्शाता है और कॉलम- B उससे संबंधित विस्तार को। कॉलम- A का B के साथ मिलाने करिये।

Column A/कॉलम-A		Column B/ कॉलम-B	
(A)	Seeking further information/ अधिक जानकारी इकट्ठा करना	**(i)**	To give hints to the pupil/छात्रों को संकेत देना
(B)	Refocusing/ पुनः केंद्रित करना	**(ii)**	To direct the question to many pupils/प्रश्नों को और छात्रों की तरफ निर्देशित करना
(C)	Prompting/ याद दिलाने का प्रयास करना	**(iii)**	To set more information from the pupil/छात्र से और जानकारी इकट्ठा करना
(D)	Redirection/ पुनः निर्देशत करना	**(iv)**	To ask a related question on what the people has already studied/छात्र से उसी बिन्दु पर और प्रश्न पूछना

Choose the correct option:
सही विकल्प का चयन करें।

(a) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(b) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
(c) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(d) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

कॉलम–A	कॉलम–B
अधिक जानकारी इकट्ठा करना	छात्र से और जानकारी इकट्ठा करना
पुनः केन्द्रित करना	छात्र से उसी बिन्दु पर और प्रश्न पूछना
याद दिलाने का प्रयास करना	छात्रों को संकेत देना
पुनः निर्देशित करना	प्रश्नों को और छात्रों की तरफ निर्देशित करना

48. To engage with 'experiential learning' on the theme of Elections as an important process of Indian democracy, which of the following could be the most effective pedagogical strategy?
भारतीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के रूप में चुनाव के थीम पर 'प्रयोगात्मक अधिगम' में संलग्न करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी अति प्रभावशाली शिक्षाशास्त्रीय रणनीति होगी?

(a) Showing a movie clip on the electrol process./निर्वाचण प्रक्रिया पर फिल्मी क्लिप दिखाना
(b) Sending the students to a political rally/विद्यार्थियों को राजनीतिक रैली में भेजना
(c) Reading excerpts from the Indian Constitution/भारतीय संविधान से उद्धरण पढ़ना
(d) Organising an election in the class to elect the class representative. /कक्षा प्रतिनिधि चुनने के लिए कक्षा में चुनाव का आयोजन करना

Ans. (d) : भारतीय लोकतंत्र की एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया के रूप में चुनाव के थीम पर 'प्रयोगात्मक अधिगम' में संलग्न करने के लिए अति प्रभावशाली शिक्षण शास्त्रीय रणनीति, कक्षा प्रतिनिधि चुनने के लिए कक्षा में चुनाव का आयोजन करना सही रणनीति होगी। लोकतंत्र सरकार की एक प्रणाली है जो नागरिकों को वोट देने और

मतदाताओं को अपनी पसंद की विधायिका का चुनाव करने की अनुमति देती है। इसके तीन मुख्य है– कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका। लोकतंत्र एक प्रकार की शासन व्यवस्था है, जिसमें सभी व्यक्ति को समान अधिकार होता है। एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी है।

49. A teacher wants to take the theme of 'marginalisation' in her middle level social science classroom.
अपनी मिडिल स्तर की सामाजिक विज्ञान की कक्षा में शिक्षिका 'हाशियाकरण' की थीम पढ़ाना चाहती है।
Which of the following sub concepts should she include in her discussions:
निम्न में से कौन से उप-संप्रत्यय उसे अपनी चर्चाओं में शामिल करना चाहिए?
(A) Ghettoisation/घेटोआइज़ेशन
(B) Relative deprivation/तुलनात्मक वंचन
(C) Displacement/विस्थापन
(D) Mainstream/मुख्यधारा
Choose the appropriate option from the ones given below:/निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे उचित का चयन करें।
(a) Only (A), (B) and (C)/केवल (A), (B) और (C)
(b) Only (B), (C) and (D)/केवल (B), (C) और (D)
(c) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(d) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)

Ans. (a) : अपनी मिडिल स्तर की सामाजिक विज्ञान की कक्षा में शिक्षिका, हाशिया करण की थीम पढ़ाना चाहती है, इसके अन्तर्गत घेटोआइजेशन, तुलनात्मक वंचन और विस्थापन जैसे उप-संप्रत्यय अपनी चर्चाओं में शामिल करना चाहिए। हाशिए पर स्थित समूह से तात्पर्य एक ऐसे समूह से है जो सामाजिक रूप से बहिष्कृत है तथा जिसे समाज की मुख्य धारा से हाशिए पर धकेल दिया जाता है। सामान्यतः ऐसे समूहों के हितों की अनदेखी की जाती है। ऐसे समूह संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा सामाजिक जीवन में सहभागिता हेतु संघर्षरत रहते हैं। ये प्रायः अल्पसंख्यक वर्ग के अन्तर्गत आते हैं। इन वर्गों के पास रोजगार के अवसरों का अभाव, शिक्षा का अभाव, सामाजिक सुरक्षा का अभाव आदि। इस प्रकार विकल्प (a) के अन्तर्गत कथन A, B और C सही है।

50. 'Glossary' is provided in social science textbooks as:/सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में 'शब्द संकलन' प्रस्तुत होता है:
(A) A dictionary that helps in memorizing definitions/शब्दकोश के रूप में जो महत्त्वपूर्ण संप्रत्यों की परिभाषाओं को याद करवाने में मददगार है।
(B) A tool to be used for understanding usage of terms./शब्दों के प्रयोग को समझने के औजार के रूप में।
(C) A tool to provide contextual use of words./शब्दों के संदर्भ में प्रयोग करने वाले औजार के रूप में।
Choose the appropriate option
उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (A) and (C)/केवल (A) और (C)
(d) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)

Ans. (b) : सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में शब्द संकलन प्रस्तुत होता है शब्दों के प्रयोग को समझने के औजार के रूप में और शब्दों के संदर्भ में प्रयोग करने वाले औजार के रूप में। किसी भी सर्वेक्षण या शोध के लिए आंकड़ों का संकलन नितांत आवश्यक है। जब तक शोध विषय से संबंधित तथ्यों को निश्चित विधियों का प्रयोग करके एकत्रित नहीं किया जाता तब तक शोध के आधार पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है और न ही नियमों का निर्माण किया जा सकता है। संकलन शोध प्रक्रिया का प्रमुख चरण है। सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत आंकड़ों को एकत्र करने की आवश्यकता तब महसूस होती है जब हम तथ्यों के आधार पर उनका विश्लेषण और व्याख्या करना चाहते हैं और सामाजिक वास्तविकता के संदर्भ में सही परिणाम प्राप्त करना चाहते हैं।

51. A social science teacher wants her students to engage in evidence based inquiry on the theme of 'marginalisation in India'. Which of the following activities should she encourage her students toward:
सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को 'भारत में हाशियारण' थीम पर साक्ष्य-आधारित जाँच में संलग्न करना चाहती है। वह अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित में से किन गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें?
(A) Collection of reports and data on literacy rates of different communities./विभिन्न समूहों की साक्षरता दरों आँकड़ों व रिपोर्ट्स को एकत्रित करना।
(B) Organizing a Quiz on this theme for other students/इस थीम पर दूसरें छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन।
(B) Collection of pictures on types of clothes worn by different communities/विभिन्न समुदायों द्वारा पहने जाने वाले वस्त्रों के प्रकारों के चित्रों के एकत्रित करना।
(D) Presentation of data on public employment./सरकारी नौकरियों पर आँकड़ों को प्रस्तुत करना।
Choose the most appropriate option:
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) Only (A) and (B)/केवल (A) और (B)
(b) Only (B) and (C)/केवल (B) और (C)
(c) Only (C) and (D)/केवल (C) और (D)
(d) Only (A) and (D)/केवल (A) और (D)

Ans. (d) : सामाजिक विज्ञान की एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को भारत में 'हाशियाकरण' थीम पर साक्ष्य-आधारित जाँच में संलग्न करना चाहती है। वह अपने विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों की साक्षरता दरों आंकड़ों व रिपोर्ट्स को एकत्रित करना, और सरकारी नौकरियों पर आंकड़ों को प्रस्तुत करना जैसे गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। हाशियाकरण से तात्पर्य एक ऐसे समूह से है जो सामाजिक रूप से बहिष्कृत है तथा जिसे समाज की मुख्य धारा से हाशिए पर धकेल दिया जाता है। सामान्यतः ऐसे समूहों के हितों की अनदेखी की जाती है। इसका प्रकार विकल्प (d) के अन्तर्गत कथन (A) और (D) सही है।

52. Which statements represents the most popular misconception about social science context at the upper primary level?
उच्च प्राथमिक पर सामाजिक विज्ञान विषय के संदर्भ में सबसे प्रचलित गलत अवधारण क्या है?

(a) It promotes creativity and critical thinking./यह रचनात्मक और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है।
(b) It is full of facts and demands rote learning./यह तथ्यों से भरा है जो रटकर लिखने की माँग करता है।
(c) It has components of disciplines of all social science and humanities in each class./इसमें हर कक्षा स्तर पर सामाजिक विद्धान और मानविकी के सभी विषयों के घटक हैं।
(d) It opens efficient employment avenues./यह कुशल रोजगार के रास्ते खोलता है।

Ans. (b) : उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में प्रचलित गलत अवधारणा इस प्रकार है यह तथ्यों से भरा है जो रटकर लिखो की माँग करता है। जबकि सामाजिक विज्ञान के संदर्भ में सही अवधारणा रचनात्मक और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है इसमें हर कक्षा स्तर पर सामाजिक विद्वान और मानविकी के सभी विषयों के संघटक है और यह कुशल रोजगार के रास्ते खोलता है।
सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत समाज की आवश्यकताओं एवं समाज में हो रहे बदलावों का अध्ययन किया जाता है। सामाजिक विज्ञान को कला एवं विज्ञान दोनों रूपों में स्वीकार किया गया है क्योंकि इसमें कौशल के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धति का भी प्रयोग किया जाता है।

53. Which of the following could an upper primary social science Teacher address, while discussing the theme 'Poverty'?
'निर्धनता' विषय पर परिचर्चा के दौरान एक उच्च प्राथमिक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक निम्नलिखित में से किसे संबोधित कर सकते हैं?

(A) Issues of equity and equality./समता एवं समानता के मामलों को

(B) Appeal to the personal emotions./व्यक्तिगत भावनाओं के आग्रह को

(a) Only (A)/केवल (A)
(b) Only (B)/केवल (B)
(c) Both (A) and (B)/ (A) और (B) दोनों
(d) Neither (A) nor (B)/ (A) और (B) कोई नहीं

Ans. (c) : 'निर्धनता' विषय पर परिचर्चा के दौरान एक उच्च प्राथमिक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक समता एवं समानता के मामलों को और व्यक्तिगत भावनाओं के आग्रह को संबोधित कर सकते हैं। निर्धनता का अर्थ उस सामाजिक आर्थिक स्थिति से है जिसमें समाज का एक भाग जीवन, स्वास्थ्य एवं दक्षता के लिए न्यूनतम उपभोग आवश्यकताओं को जुटा पाने में असमर्थ होता है। जब समाज का बहुत बड़ा भाग न्यूनतम जीवन स्तर से वंचित होकर केवल निर्वाह स्तर पर गुजारा करता है तो उसे व्यापक निर्धनता कहा जाता है। निर्धनता की गणना सापेक्ष एवं निरपेक्ष दोनों रूपों में की जाती है। तीव्र आर्थिक विकास एवं निर्धनता के स्थायी समाधान के लिए पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है।

54. Which of the following statement about secondary sources is correct?
द्वितीयक स्रोत के विषय में कौन सा कथन सही हैं?

(a) Provides information that have not been analysed, critiqued and interpreted./इससे वह सूचना मिलती है जिसका विश्लेषण, आलोचना और व्याख्या नहीं हुई है।
(b) Provides interpretation of an event of a phenomena./यह किसी घटना या प्रघटना को व्याख्यायित करता है।
(c) Provides information that is first hand and raw./प्रथम दृष्टा और अपरिष्कृत रूप में सूचना प्रदान करता है।
(d) Provides original information./यह मौलिक सूचना प्रदान करता है।

Ans. (b) : द्वितीयक स्रोत के विषय में सही कथन यह किसी घटना या प्रघटना को व्याख्यायित करता है। ऐसे स्रोत जो अपने अस्तित्व के लिए पूर्णतः प्राथमिक स्रोतों पर निर्भर होते हैं उन्हें द्वितीयक स्रोत कहते हैं। द्वितीयक स्रोतों में सूचना को व्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से संकलित किया जाता है। अनुक्रमणीकरण, और साधारण प्रक्रियाएँ, द्वितीयक स्रोतों का एक उदाहरण है। अनुक्रमणीकरण, प्रक्रियाएँ, या किसी अन्य प्रकाश की सामग्री को नियमित आधार पर अनुक्रमित करती है। जो आंकड़ें प्रथम बार व्यक्तिगत रूप से अथवा व्यक्तियों के समूह संस्था/संगठन द्वारा एकत्रित किए जाते हैं, आंकड़ों के प्राथमिक स्रोत कहलाते हैं। दूसरी तरफ जो आंकड़े किसी प्रकाशित अथवा अप्रकाशित साधनों द्वारा एकत्र किये जाते हैं, वे द्वितीयक स्रोत कहलाते हैं।

55. Consider the following statements and choose the correct option.
निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प चुनें।

Statement I: In order to create an engaging learning process for the students a teacher could use Project Method.
कथन I: विद्यार्थियों के लिए एक रुचिकर अधिगम प्रक्रिया बनाने के लिए एक शिक्षक परियोजना पद्धति का प्रयोग कर सकता है।

Statement II: Assessment of the project is to be carried out after the project is completed.
कथन II: परियोजना का आंकलन, परियोजना के पूरा होने पश्चात् किया जाना चाहिए।

(a) Both statement I and II are false/कथन I और II दोनों गलत हैं।
(b) Statement I is true and II is false/कथन I सही है और II गलत है।
(c) Both statement I and II are true/कथन I और II दोनों सही हैं।
(d) Statement I is false and II is true/कथन I गलत है और II सही है।

Ans. (b) : विद्यार्थियों के लिए एक रूचिकर अधिगम प्रक्रिया बनाने के लिए एक शिक्षक परियोजना पद्धति का प्रयोग कर सकता है। परियोजना का आकलन परियोजना को पूरा होने के पश्चात् किया जाना चाहिए नहीं बल्कि परियोजना का आकलन पहले ही किया जाना चाहिए। इस प्रकार विकल्प (b) के अन्तर्गत दिए गये कथनों में से कथन I सही है और कथन II गलत है। इसके अलावा परियोजना प्रणाली के निम्न सिद्धान्त–
(I) प्रयोजनता
(II) क्रियाशीलता
(III) यथार्थता
(IV) रोचकता
(V) स्वतंत्रता
(VI) सामाजिकता
(VII) उपयोगिता

56. How can we as citizens and teachers help in conserving plants and animals? Choose the correct statements from the following.
हम नागरिकों एवं शिक्षकों के तौर पर पौधों एवं जंतुओं को संरक्षित करने में कैसे सहायता कर सकते हैं? निम्नलिखित में से सही कथन का चयन कीजिए।

A. Planting of trees by students and community members. / शिक्षार्थियों एवं सामुदायिक सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण।
B. Dumping of a garbage in vacant spaces and parks.
उद्यानों एवं रिक्त स्थानों में कूड़ा डालना।
C. Organise student visits to nature camps.
प्राकृतिक कैंपो पर शिक्षार्थियों की यात्रा का आयोजन करना।
D. National parks can be developed as tourist spots./राष्ट्रीय उद्यानों को पर्यटक स्थलों की तरह विकसित किया जा सकता है।

Choose The correct option:
सही विकल्प का चयन कीजिए।
(a) A, B and C/ A, B और C
(b) A, C and D/ A, C और D
(c) B, C and D/ B, C और D
(d) A, B and D/ A, B और D

Ans. (b) : हम नागरिकों एवं शिक्षकों के तौर पर पौधों एवं जंतुओं को संरक्षित करने में निम्न सहायता कर सकते हैं शिक्षार्थियों एवं सामुदायिक सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण करके, प्राकृतिक कैंपों पर शिक्षार्थियों की यात्रा का आयोजन करके तथा राष्ट्रीय उद्यानों को पर्यटक स्थलों की तरह विकसित करके। यह सुनिश्चित करें कि वे जानवरों और पौधों का सम्मान करते हैं और समुदाय के लिए उनके महत्व को समझते हैं।

57. The following are the features of formative assessment.
रचनात्मक आंकलन की निम्नलिखित विशिष्टताएँ
(A) It is diagnostic and remedial./यह नैदानिक एवं उपचारात्मक है।
(B) It makes provision for effective feedback./यह प्रभावी प्रतिपुष्टि के लिए प्रावधान बनाता है।
(C) It provides a report on students weak areas to parents./यह विद्यार्थियों के कमजोर क्षेत्रों की जानकारी उनके माता-पिता को उपलब्ध करता है।
(D) It builds upon a student's prior knowledge./यह विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान पर बनता है।

Choose the most appropriate option.
सबसे उचित विकल्प का चयन करें।
(a) (A), (B), (C) and (D)/ (A), (B), (C) और (D)
(b) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(c) (A), (B) and (C)/ (A), (B) और (C)
(d) (A) and (C)/ (A) और (C)

Ans. (b) : रचनात्मक आकलन की निम्नलिखित विशिष्टताएँ–
(I) यह नैदानिक एवं उपचारात्मक है।
(II) यह प्रभावी प्रतिपुष्टि के लिए प्रावधान बनाता है।
(III) यह विद्यार्थियों के कमजोर क्षेत्रों की जानकारी उनके माता-पिता को उपलब्ध कराता है।
(IV) यह शिक्षार्थियों को उनके स्वयं के सीखने में सक्रिय भागीदारिता के लिए मंच उपलब्ध कराता है।
(V) शिक्षार्थियों को वे मानदंड समझने के लिए प्रोत्साहित करता है जिन्हें उनके कार्य की जांच करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा।
(VI) यह शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि मिलने के बाद अपने कार्य में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है।
इस प्रकार दिये गए कथनों में से कथन A, B और C सही है।

58. Read the following situation and identify which of students requires the maximum support.
निम्नलिखित परिस्थिति को पढ़िए तथा यह पहचानिए कि किस विद्यार्थी को अधिकतम सहायता की आवश्कता है?

Situation : A teacher has finished teaching maps and the children in the class are at the following levels.
परिस्थिति : एक शिक्षिका नक्शों के बारे में पढ़ा चुकी है तथा विद्यार्थी निम्नलिखित स्तरों पर हैं:
(a) Student (A) : Is able to draw sketches of the surroundings she is taken to with relevant symbols./ विद्यार्थी (A) : अपने आस-पास के वातावरण का सही प्रतीकों के साथ खाका खींच पाती है।

(b) Student (B) : Is able to point to North and South without errors and East and West most of the time correctly./ विद्यार्थी (B) : उत्तर-दक्षिण दिशा को बिना त्रुटि के बता पाती है और पश्चिम व पूर्व को अधिकतर बार सही बताती है।

(c) Stuedent (C) : Is able to draw to scale her village with relevant sysmbos / विद्यार्थी (C) : अपने गाँव का मानचित्र पैमाने के साथ व सही प्रतीकों के साथ बना पाती है।

(d) Student (D): Is able to read a Political map / विद्यार्थी (D): राजनैतिक मानचित्र को पढ़ने में सक्षम है।

Ans. (b) : एक शिक्षिका नक्शों के बारों में पढ़ा चुकी है तथा विद्यार्थी (B) उत्तर दक्षिण दिशा को बिना त्रुटि के बता पाती है और पश्चिम व पूर्व को अधिकतर बार सही बताती है तथा विद्यार्थी को अधिकतम सहायता की आवश्यकता है। पृथ्वी के सतह के किसी भाग स्थानों, नगरों, देशों, पर्वत नदी आदि की स्थिति को पैमाने की सही सहायता से कागज पर लघु रूप में बनाना मानचित्रण कहलाता है। मानचित्र दो शब्दों मान और चित्र से मिलकर बना है। जिसका अर्थ किसी माप या मूल्य को चित्र द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

59. Match the following.
निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

A.	Fixing people into one image/ लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(i)	Prejudice./ पूर्वाग्रह
B.	Judging other people negatively दूसरे लोगों को नकारात्मक रूप से देखना/मानना।	(ii)	Untouchability अस्पृश्यता/छुआछूत
C.	Treating some one less fairly than others किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iii)	Stereotype रूढ़िबद्ध धारणा
D.	Practicing purity and pollution शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(iv)	Discrimination भेदभाव

(a) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(b) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)
(c) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(d) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

Ans. (a) :सही मिलान इस प्रकार है -

A.	लोगों को एक ही छवि में बाँधना	(iii)	रूढ़िबद्ध धारणा
B.	दूसरे लोगों को नकरात्मक रूप से देखना/मानना।	(i)	पूर्वाग्रह
C.	किसी के साथ दूसरे की अपेक्षा असमुचित रूप से व्यवहार करना।	(iv)	भेदभाव
D.	शुद्धता और अशुद्धता को मानना	(ii)	अस्पृश्यता/छुआछूत

60. Which of the following examination questions provides scope for critical thinking?
निम्नलिखित दिये गये परीक्षा प्रश्नों में कौन से प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन के लिए जगह बनाता है?

(a) Describe the legal safeguards available for women./महिलाओं के लिए उपलब्ध वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों की व्याख्या करें।

(b) Explain what is social equality and give examples./सामाजिक बराबरी क्या होती है उदाहरण सहित समझायें।

(c) List the legal safeguards available for women in India./भारत में महिलाओं के लिये उपलब्ध वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों की सूची बनायें।

(d) Are existing legal safeguards for women enough to ensure social equality./क्या मौजूदा वैधानिक सुरक्षा प्रावधान महिलाओं की सामाजिक बराबरी को सुनिश्चित करते है?

Ans. (d) : क्या मौजूदा वैधानिक सुरक्षा प्रावधान महिलाओं की सामाजिक बराबरी को सुनिश्चित करते हैं। जैसे प्रश्न समालोचनात्मक चिंतन के लिए जगह बनाता है। समालोचनात्मक चिंतन तर्क या तर्क को नई या अपरिचित स्थितियों विचारों और सुझावों पर लागू करने की क्षमता है। यह तथ्यों घटनाओं आदि को पहचानने या उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है। समालोचनात्मक चिंतन के लिए उचित विश्लेषण, मूल्यांकन, निष्कर्ष और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होती है।

HINDI

दिए गए गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिएं

मानव की दो मूल प्रवृत्तियाँ होती हैं। एक तो यह कि लोग हमारे गुणों की कद्र करें, हमें दाद दें और हमारा आदर करें। दूसरी यह कि हमसे प्रेम करें, हमारा अभाव महसूस करें, उनके जीवन में हम कुछ महत्व रखते हैं, ऐसा अनुभव करो आपके जरा-से भी कार्य की यदि किसी ने सच्चे दिल से प्रशंसा की तो आपका दिल कैसा खिल उठता है ? कोई आपसे सलाह माँगने आता है तो आपका मन कैसे फूल जाता है। ऊपर से कोई बड़ा आदमी कितना भी आत्माविश्वासी और आत्मसंतुष्ट क्यों न दिखाई दे, भीतर से वह हमारी-आपकी तरह प्रशंसा का, प्रोत्साहन का, स्नेह का भूखा है। यदि आप उसे प्रामाणिकतापूर्वक ले सकें तो आप फौरन उसके हृदय के निकट पहुँच जाएँगे। दूसरों की भावनाओं को ठीक-ठीक समझना, उनकी कद्र करना, उनके साथ सच्चाई और स्नेह का व्यवहार करना ही व्यवहार-कुशलता है। इसी-से सामाजिक जीवन में लोकप्रियता के दरवाजे खोलने की कुंजी हाथ लगती है।

1. मनुष्य की कौन-सी दो मूल प्रवृत्तियाँ हैं?

(a) स्वयं की तारीफ सुनना तथा दूसरें द्वारा उनकी कमी महसूस होना
(b) आत्माप्रशंसा में विमुग्ध रहना तथा दूसरों की निंदा करना
(c) अपने गुणों की कद्र करवाना एवं दूसरों को प्रेम करना
(d) स्वयं की प्रशंसा सुनना और दूसरों की प्रशंसा करना

Ans. (a) : गद्यांश के अनुसार मनुष्य की दो मूल प्रवृत्तियाँ हैं–
(1) स्वयं की तारीफ करना।
(2) दूसरें द्वारा उनकी कमी महसूस होना।

2. व्यवहार कुशलता में क्या शामिल नहीं है?

(a) सम्मान करना (b) सच्चाई का साथ
(c) स्नेहपूर्ण व्यवहार (d) उपहार देना

Ans. (d) : उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'उपहार' देना व्यवहार कुशलता में शामिल नहीं है।

3. समाज में लोकप्रिय बनने के लिए क्या करना चाहिए?

(a) दूसरों की सदा प्रशंसा करना
(b) दूसरों की भावनाओं को समझना
(c) दूसरों की सदा सेवा करना
(d) दूसरों का कभी विरोध न करना

Ans. (b) : समाज में लोकप्रिय बनने के लिए दूसरों की भावनाओं को समझना चाहिए।

4. गद्यांश के अनुसार प्रशंसा-

(a) केवल लोभी व्यक्ति चाहता है।
(b) दूसरों को अहकारी बनाती है।
(c) सच्चे हृदय से होनी चाहिए।
(d) व्यक्ति से सामने कभी न करें।

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार प्रशंसा सच्चे हृदय से होनी चाहिए।

5. सामान्यतः मनुष्य को किस चीज़ की जरूरत होती है?

(a) प्रेम, प्रशंसा, प्रोत्साहन
(b) स्नेह, सामान, सरलता
(c) सम्मान, सामान, सान्निध्य
(d) फल, फूल फर्ज

Ans. (a) : सामान्यतः मनुष्य को प्रेम, प्रशंसा तथा प्रोत्साहन की जरूरत होती है।

6. मनुष्य को कब खुशी मिलती है?

(a) जब उनसे कोई सलाह माँगता है।
(b) जब उन्हें कोई उपहार देता है।
(c) जब उन्हें कोई अभाव देता है।
(d) जब उन्हें कार्य नहीं करना पड़ता।

Ans. (a) : गद्यांश के अनुसार मनुष्य को खुशी तब मिलती है जब उनसे कोई सलाह माँगता है।

7. 'दिल कैसा खिल उठता है।' का भाव है-

(a) फूल जाना (b) हृदय की विशालता
(c) प्रसन्न होना (d) अहंकार आना

Ans. (c) : 'दिल कैसा खिल उठता है।' का भाव अथवा आशय है– 'प्रसन्न होना'।

8. मानव की दो मूल प्रवृत्तियों की चर्चा की गई है। ये प्रवृत्तियाँः

(a) ऊँचे पर आसीन लोगों में होती हैं
(b) अभावी से ग्रस्त लोगों में होती हैं
(c) सभी मनुष्यों में होती हैं
(d) आत्मविश्वास से युक्त लोगों में होती हैं

Ans. (c) : मानव की दो मूल प्रवृत्तियों की चर्चा की गई है। ये प्रवृत्तियाँ 'सभी मनुष्यों में होती है।

9. 'दाद देना' का अर्थ है-

(a) भेंट देना (b) प्रशंसा करना
(c) सांत्वना देना (d) सम्मनित करना

Ans. (b) : 'दाद देना' का अर्थ 'प्रशंसा करना' है।

दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

बंदनी जननी ! तुझे
हम मुक्त कर देंगे।
शृंखलाएँ ताप से उर की गलेंगी
भित्तियाँ यह लौह की रज में मिलेंगी
रक्त से अपने खिलाकर लाल बादल
तिमिर को अब हम उषा आरक्त कर देगें।
तुझें हम मुक्त कर देंगें।

10. कविता में मातृभूमि के लिए कौन -सा शब्द आया है?

(a) बंदनी (b) उषा
(c) जननी (d) शृंखलाएँ

Ans. (c) : उपर्युक्त काव्यांश में मातृभूमि के लिए 'जननी' शब्द आया है।

11. कविता का मुख्य स्वर क्या है?

(a) विपन्नता को संपन्नता में परिवर्तित करना
(b) परतंत्र भारत को स्वतंत्र करना
(c) आसमान को लालिमा से भर देना
(d) कठोर परिश्रम से लोहे को गलाना

Ans. (b) : कविता का मुख्य स्वर 'परतंत्र भारत को स्वतंत्र करना' है।

12. 'शृंखलाएँ ताप से उर की गलेंगी' पंक्ति में 'ताप' से अभिप्राय हैंः

(a) देशभक्ति का प्रबल भाव
(b) हृदय का घोर तप करना
(c) बंधन की बेड़ियों को समझना
(d) लोहे को बहुत गर्म करना

Ans. (a) : 'शृंखलाएँ ताप से उर की गलेंगी' पंक्ति में 'ताप' से अभिप्राय है - 'देश भक्ति का प्रबल भाव'।

13. कविता में 'तिमिर' _____ का प्रतीक है।

(a) रात (b) अंधकार
(c) परतंत्रता (d) संध्या

Ans. (c) : कविता में 'तिमिर' परतंत्रता का प्रतीक है।

14. 'उषा' का समानार्थी शब्द है:

(a) संध्या (b) भोर

(c) शाम (d) मंजरी

Ans. (b) : 'भोर' उषा का समानार्थी शब्द है।

15. 'लाल बादल खिलाना' का भाव है–

(a) स्वयं का बलिदान करना

(b) बादलों में लाल रंग भरना

(c) मृत्यु का प्राप्त हो जाना

(d) शत्रुओं को रक्तरंजित करना

Ans. (a) : उपर्युक्त कविता में 'लाल बादल खिलाना' का भाव है– स्वयं का बलिदान करना।

16. शिक्षार्थी भाषा अर्जित करते हैं-

(a) भाषा की संरचना का विश्लेषण करके।

(b) भाषा के साहित्य का अध्ययन करके।

(c) उस भाषा को बोलने वालों की संस्कृति के बारे में सीखकर

(d) प्राकृतिक अन्तःक्रियात्मक वातावरण में भाषा का उपयोग करके

Ans. (d) : शिक्षार्थी भाषा अर्जित करते हैं 'प्राकृतिक अन्तःक्रियात्मक वातावरण में भाषा का उपयोग करके।'

17. निम्नलिखित में से कौन से भाषायी कौशल अभिव्यक्ति से संबंधित है?

(a) पढ़ना, सुनना

(b) सुनना, लिखना

(c) बोलना, लिखना

(d) पढ़ना, बोलना और लिखना

Ans. (c) : 'बोलना और लिखना' भाषायी कौशल अभिव्यक्ति से सबंधित है।

भाषा कौशल के चार महत्वपूर्ण कारक है- सुनना , बोलना , पढ़ना और लिखना।

भाषा एक अभिव्यक्ति का साधन है और उसका माध्यम कौशल होता है।

18. यदि कोई विद्यार्थी निम्नलिखित कार्य करने में असमर्थ है तो किस विकलाँगता से पीड़ित होने की संभावना है?

पाठ्य सामग्री से अर्थ ग्रहण।

सारांशीकरण

अपेक्षित गति दर से पढ़ना

ऊपरी ओर गहरे अर्थ का विश्लेषण

(a) लेखन वैकल्य (b) क्रिया वैकल्य

(c) गणन वैकल्य (d) पठन वैकल्य

Ans. (d) : पाठ्य समाग्री से अर्थ ग्रहण सारांशीकरण, अपेक्षित गति दर से पढ़ना और उपरी ओर गहरे अर्थ का विश्लेषण 'पढन वैकल्य' की श्रेणी मे आता है।

पढन का शाब्दिक अर्थ है- पढ़ना-अर्थत लिखित समाग्री को पढ़ना और उसके अर्थ को ग्रहण करना।

19. अभिकथन (a): भाषा का कार्यात्मक मॉडल संप्रेषणात्मक क्षमता की अवधारणा से जुड़ा है।

तर्क (R) : भाषा कार्यात्मक अर्थो की अभिव्यक्ति और वास्तविक दुनिया की गतिविधियों को करने का एक माध्यम है।

(a) (a) और (R) दोनों सही हैं और (R), (a) की सही व्याख्या है।

(b) (a) और (R) दोनों सही है और (R), (a) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (a) सही है और (R) गलत है।

(d) (a) गलत है, लेकिन (R) सही है।

Ans. (a) : ''(a) और (R) दोनों सही हैं और (R), (a) की सही व्याख्या है।''

अभिकथन(a) भाषा का कार्यात्मक मॉडल संप्रेषणात्मक क्षमता की अवधारणा से जुड़ा है।

क्योंकि भाषा कार्यात्मक अर्थो की अभिव्यक्ति और वास्तविक दुनियाँ की गतिविधियों को करने का एक माध्यम है।

20. निम्नलिखित में से कौन सी एक विषय उन्मुख लेखन शैली है जो किसी मुद्दे, विषय उस पर प्रकाश डालने का प्रयास करती है?

(a) वर्णनात्मक लेखन (b) विवरणात्मक

(c) वृत्तांत लेखन (d) तार्किक लेखन

Ans. (a) : 'वर्णनात्मक लेखन' यह एक विषय उन्मुख लेखन शैली है जो किसी मुद्दें, विषय उस वर्णात्मक लेखन एक निबंध शैली है, निबंध शैलियां मुख्यतया तीन प्रकार की होती हैं, भावनात्मक, विचारात्मक तथा वर्णात्मक।

विवरणात्मक, वृत्तांत लेखन और तार्किक लेखन ये सभी लेखन की एक शैली है।

इसमे भाव और भाषा दोनो समान रूप से भाव और भाषा को समन्वित करने के ढंग को शैली कहते है, जहाँ परिमार्जित भाव और परिमार्जित भाषा का मेल होता है, वही शैली बनती है।

21. इनमें से किसे भाषा शिक्षण परंपरा के अंतर्गत मानवतावादी दृष्टिकोण के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया गया है?

(a) कुल भौतिक प्रतिक्रिया

(b) मौन तरीका

(c) प्राकृतिक उपागम

(d) सामुदायिक भाषा अधिगम

Ans. (d) : 'सामुदसयिक भाषा अधिगम' भाषा शिक्षण परम्परा के अंतर्गत मानवतावादी दृष्टिकोण के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया गया है।

22. विद्यार्थियों के काम के उद्देश्यपूर्ण संग्रह जो एक और अधिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों के प्रयासों, प्रगति और उपलब्धि को प्रदर्शित करता है, क्या कहलाता है?

(a) उपाख्यानात्मक रिकार्ड (एनक्डोट)

(b) पोर्टफोलियो

(c) रूबरिक

(d) परियोजना

Ans. (b) : विद्यार्थियों के काम के उद्देश्यपूर्ण संग्रह जो एक और अधिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों की प्रागति और उपलब्धि को प्रदर्शित करता है उसे 'पोर्टफोलियो' कहते हैं।

23. निम्नलिखित में से कौन-सा पठन का उपकौशल नहीं है?

(a) किसी पाठ्य सामग्री अवधारणात्मक अर्थ को सुनिश्चित करना और समझना
(b) वाक्यों और अभिव्यक्ति के सम्प्रेषणात्मक प्रकार्य की समझ।
(c) पाठ्यसामग्री में प्रयुक्त साहित्यिक रचना/युक्त की पहचान
(d) अक्षरों और शब्दों की ध्वनि उच्चारित कर पाना पर अर्थ न समझ पाना

Ans. (d) : 'अक्षरों और शब्दों की ध्वनि उच्चारित कर पाना पर अर्थ न समझ पाना' पठन का उपकौशल नहीं है। जबकि अन्य सभी पठन के उपकौशल है। अर्थ एवं भाव को ध्यान में रखकर किसी लिखित भाषा को पढ़ना ही पठन कौशल कहलाता है।

24. राहुल ने सुबह जिस समाचार को पढ़ा था, उसमें से विशिष्ट सूचना देखना चाह रहा है। इस प्रकार के पठन को क्या जाएगा?

(a) बारीकी से पठन (b) सरसरी तौर पर पठन
(c) अन्तरपाठीय पठन (d) व्याख्यात्मक पठन

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रकार के पठन को 'बारीकी से पठन' कहा जाएगा। बारीकी से पढ़ने का संबंध गहन पठन से होता है, जिसका अर्थ है किसी विषय वस्तु को गहराई से समझना।

25. एक अध्यापक अपने शिक्षार्थियों को कहती है कि वे अपने विचारों को एक जगह लिखें, एक रूपरेखा तैयार करें पहला प्रारूप लिखें, लेखन का संपादन करें और अन्ततः अन्तिम प्रारूप लिखें। अध्यापक लेखन के किस उपागम का प्रयोग कर रही है?

(a) लेखन का उत्पादन उपागम
(b) लेखन का प्रक्रिया उपागम
(c) उद्देश्य के लिए लिखना
(d) शिक्षार्थी आधारित लेखन

Ans. (b) : उपर्युक्त संदर्भ के संबंध में अध्यापिका लेखन का प्रक्रिया उपागम का प्रयोग कर रही है।
* लेखन का प्रक्रिया उपागम स्वतंत्र लेखन कौशल के विकास के लिए विभिन्न चरणों के अनुसार लेखन की अनुमति देता है। ये चरण एक विशिष्ट अनुक्रम में शामिल होते हैं, जो निम्न हैं– पूर्व लेखन, प्रारूपण और संशोधन।

26. कनिका कक्षा-6 में एक ऐसी पाठ्यसामग्री जिसमें भाषा के तत्त्व कई बार आए हैं, के माध्यम से समय और काल पढ़ा रही है। वह शिक्षार्थियों दो-दो के जोड़े में बैठकर पाठ्यसामग्री पढ़ने के लिए कहती है और उसमें आए भाषिक तत्वों पर ध्यान देने के लिए कहती है। उसके बाद वह पुनः पाठ्यसामग्री पढ़ने के लिए कहती है और संदर्भ में भिन्न-भिन्न कालों की पहचान और उनका उपयोग करने के लिए कहती है। इसके बाद वह समय और काल के रूप और नियमों की ओर ध्यान आकृष्ट करती है। इस युक्ति को क्या कहा जाएगा?

(a) व्याकरण का अभ्यास (ड्रिल)
(b) अध्ययन - संलग्नता – विमर्श - प्रयोग
(c) गहन व्याकरण अभ्यास
(d) प्रस्तुतीकरण, अभ्यास - परिणाम

Ans. (b) : उपर्युक्त संदर्भ की युक्ति को 'अध्ययन - संलग्नता - विमर्श - प्रयोग' कहा जाएगा।

27. कक्षा - 6 के अध्यापक रहीम ने महसूस किया कि उसका एक विद्यार्थी अपने साथियों की तुलना में अधिक समय लेता है। उसने देखा कि शिक्षार्थी शब्दों के हिस्से करने में कठिनता का अनुभव करता है। इस कमी को क्या कहा जाएगा?

(a) डिस्लैक्सिया (b) डिस्ग्राफ़िया
(c) दृश्यात्मक पहचान (d) पठन में कठिनाई

Ans. (a) : उपर्युक्त के संदर्भ में शिक्षार्थी 'डिस्लैक्सिया' रोग से ग्रसित है।
डिस्लैक्सिया – अपठन या डिस्लैक्सिया एक अधिगम विकलांगता है जिसका प्रकटीकरण मुख्य रूप से वाणी या लिखित भाषा के दृश्य अंकन की कठिनाइयों के रूप में होता है।
डिस्ग्राफिया - यह एक कमी है जो सुसंगत रूप से लिखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

28. संरचनात्मक आकलन (फार्मेटिव) का उद्देश्य है:

(a) नियमित अंतरालों पर शिक्षार्थी का आकलन करना
(b) सैमेस्टर या सत्र के अन्त में आकलन करना
(c) शिक्षार्थी के अधिगम के सभी उदाहरणों का रिकार्ड रखना
(d) शिक्षार्थी को यह जानने में मदद करना कि सीखने के संबंध में कक्षा में उसकी क्या स्थिति है

Ans. (a) : नियमित अंतरालों पर शिक्षार्थी का आकलन करना संरचनात्मक आकलन (फार्मेटिव) का उद्देश्य है।

29. एक बालिका भारत से अमेरिका गई तथा उसे सभी विषय वहाँ की भाषा में पढ़ाए गए। शिक्षण की इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(a) निमज्जन (b) द्विभाषावाद
(c) बहुभाषावाद (d) एकल भाषावाद

Ans. (a) : 'निमज्जन' संस्कृति भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है- गोता या डुबकी लगाकर स्नान करना अर्थात् अवगाहन। किसी विषय मे निमग्न या लीन होना। निमज्जन एक शिक्षण प्रक्रिया है जब विद्यार्थी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण कर लेता है उसके बाद उसे अन्य दूसरी भाषा में शिक्षा प्रदान की जाती है तो उस प्रक्रिया की निमज्जन शिक्षण विधि के अन्तर्गत रखा जाता है।

30. संदर्भ विषयों; जैसे- विज्ञान, गणित, सामाजिक ज्ञान में विचारों, संकल्पनाओं तथा अर्थों को बताने के लिए भाषा का वैज्ञानिक उपयोग है। भाषा शिक्षक विषय के सहयोग से भाषा शिक्षण के लिए भाषा के इस पहलू को प्रयोग करने की कोशिश करता है। इसे क्या कहा जाता है?

(a) रजिस्टर आधारित भाषा शिक्षण
(b) संदर्भ के द्वारा भाषा
(c) भाषा के द्वारा संदर्भ
(d) संदर्भ समूची भाषा में है

Ans. (a) : विज्ञान, गणित, सामाजिक ज्ञान में विचारों संकल्पनाओ तथा अर्थो को बताने के लिए भाषा का वैज्ञानिक उपयोग ही,'' रजिस्टर आधारित भाषा शिक्षण'' कहलाती है।

SANSKRIT

निम्नलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नानाम् उत्तराणि देयानि

प्राचनीकाले भारते अनेके वैज्ञानिकाः अभवन्। एतेषाम् आविष्काराः अद्यापि विस्मयं। तेष्वेव प्राक्तनवैज्ञानिकेषु आर्यभटः अन्यतमः। अस्य सम्माने भारतसर्वकारेण स्वस्य अन्तरिक्षोपग्रहस्य 'आर्यभट्ट' इति नाम कृतम्।

असौ महान् वैज्ञानिकः 476 ईसवीये वर्षे पाटलिपुत्रे जातः अस्य ग्रन्थस्य नाम 'आर्यभटीयम्' अस्ति। इदम् समस्तेऽपि जगति खगोलविज्ञानस्य सुविख्यातं पुस्तकम् अस्ति।

ज्योतिषशास्त्रस्य विशिष्टसिद्धान्तेषु अस्य महावैज्ञानिकस्य सुमहद् योगदानम् अस्ति। अनेन अङ्कगणित- बीजगणित- भूमिति – त्रिकोणमिति – ग्रहगति – खगोलविज्ञान – प्रभृति विषयेषु मौलिकानी चिन्तनानि प्रस्तुतानि। तस्मिन् युगे एवं विवस्य अनुसन्धानस्य कृते साधनानि विरलानि आसन्। तथापि अनेन विदुषा विस्मयकारिणः आविष्काराः कृताः।

अनेनैव सर्वप्रथमं साधितं यत् पृथिवी चलति। तेनैव इदम् उदाहृतं यद् गतिशीलायां नौकायाम् उपविष्टः मानवः नौकां स्थिरां मनुते, अथ च अन्यान् पदार्थान् गतिशीलान् वेत्ति। एवमेव गतिशीलायां पृथिव्याम् अवस्थितः मानवः पृथिवीं स्थिरां मनुते सूर्यादि - ग्रहान् गतिशीलान् च वेत्ति।

अत्यन्यं दूरवर्तिनां ग्रहाणां गतिं प्रभावं वैशिष्ट्यं च नितरां सूक्ष्मेण विधिना अयं कथं ज्ञातवान् इति कल्पनातीतम्। गणितविद्यायाः महती संख्या कथम् अल्पीयसा अक्षरसङ्केतेन ज्ञातव्या, इत्यपि आर्यभटेन अतिप्राचीनकाले आविष्कृतम्। यथा-यथा अनुसन्धानानि भविष्यन्ति तथा तथाऽस्य सूक्ष्माणामाविष्काराणां वैशिष्ट्यानि चमत्कृतिं जनयिष्यन्ति। धन्या संस्कृतभाषा यस्याम् एवंविधानां वैज्ञानिकानां विचाराः आविष्काराश च विराजन्ते।

1. 'आर्यभटीयम्' कस्य रचना अस्ति?

(a) आर्यभटस्य (b) वराहमिहिरस्य
(c) भास्करस्य (d) बीजगुप्तस्य

Ans. (a) : आर्यभटीयम् आर्यभटस्य रचना अस्ति। 'आर्यभटीयम् आर्यभट्ट की रचना है। यह सम्पूर्ण जगत में विख्यात खगोलशास्त्र की पुस्तक है। ज्योतिषशास्त्र के विशिष्ट सिद्धान्तों के विषय में इस महानवैज्ञानिक का महत्वपूर्ण योगदान है।

2. 'आर्यभटीयम्' कस्य विषयस्य पुस्तकम् अस्ति?

(a) खगोलविज्ञानस्य (b) समुद्रविज्ञानस्य
(c) ब्रह्मविज्ञानस्य (d) अध्यात्मस्य

Ans. (a) : 'आर्यभटीयम्' खगोलविज्ञानस्य विषयस्य पुस्तकम् अस्ति। 'आर्यभटीयम्' खगोलविज्ञान विषय की पुस्तक है। खगोलविज्ञान ऐसा विज्ञान है जिसके अन्तर्गत पृथ्वी और उसके वायुमण्डल के बाहर होने वाली घटनाओं का अवलोकन, विश्लेषण तथा उसकी व्याख्या की जाती है।

3. आर्यभटस्य का मान्यता अस्ति?

(a) पृथ्वी स्थिरा अस्ति
(b) पृथ्वी चला अस्ति
(c) पृथ्वी गतिशीला नास्ति
(d) पृथ्व्याः गतिकारणात् सर्योऽपि गतिमान् भवति

Ans. (b) : आर्यभटस्य मान्यता पृथ्वी चला अस्ति। प्रसिद्ध खगोलशास्त्री आर्यभट्ट का मानना है कि 'पृथ्वी चलायमान है।''

4. संस्कृतभाषा केन कारणेन धन्या?

(a) संस्कृतभाषायाः सौष्ठवं प्रसिद्धम् अस्ति।
(b) संस्कृतभाषा व्याकरणदृष्ट्या सर्वोत्तमा अस्ति।
(c) संस्कृतभाषायाम् महान्तः ग्रन्थाः रचिता।
(d) संस्कृतभाषायां वैज्ञानिकानां विचाराः आविष्काराश्च विराजन्ते।

Ans. (d) : संस्कृतभाषा 'संस्कृतभाषायां वैज्ञानिकानां विचाराः आविष्काराश्च विराजन्ते' येन कारणेन धन्या।
संस्कृत भाषा वैज्ञानिक विचारों एवं आविष्कार के लिए सुशोभित है। संस्कृतभाषा इन्हीं कारणों से धन्य है।

5. संख्यानां विषये आर्यभटस्य किम् योगदानम्?

(a) संख्यानां प्रथमः आविष्कारः आर्यभटेन कृतम्।
(b) आर्यभटस्य गणनाप्रक्रिया मूलतः वैदिकी अस्ति।
(c) आर्यभटेन एतद् आविष्कृतम् यत् कथं महतीसंख्या अल्पीयसा अक्षरसंकेतेन ज्ञातुं शक्यते।
(d) संख्यानां जन्म सांख्यदर्शनात् सञ्जाताः।

Ans. (c) : संख्यानां विषये आर्यभट्स्य योगदानम् अस्ति आर्यभटेन एतद् आविष्कृतम् यत् कथं महतीसंख्या अल्पीयसा अक्षर संकेतेन ज्ञातुं शक्यते।
संख्या के विषय में आर्यभट्ट का योगदान है– आर्यभट्ट के द्वारा यह आविष्कार करके कैसे बड़ी संख्या को छोटी करके अक्षर संकेत के द्वारा जाना जा सके।

6. 'अन्यतमः' शब्दस्य कोऽर्थः?

(a) अन्यैः स्वीकृतः (b) सर्वोत्तमः
(c) परोपकारी (d) बहुमान्यः

Ans. (b) : 'अन्यतमः' 'शब्दस्य सर्वोत्तमः अर्थः।
अन्यतमः शब्द का अर्थ 'सर्वोत्तमः' है।
जैसा कि गद्यांश में दिया गया है कि वेष्वेव प्राक्तनवैज्ञानिकेषु आर्यभटः अन्यतमः।
अन्यैः स्वीकृतः - दूसरों द्वारा स्वीकृत
सर्वोत्तम - सर्वश्रेष्ठ
परोपकारी - दूसरों का उपकार करने वाला
बहुमान्यः - बहुत लोगों द्वारा मान्य

7. 'वेत्ति' शब्दस्य निम्नलिखितेषु कः पर्यायवाची?

(a) मनुते (b) साधयति
(c) जानाति (d) पश्यति

Ans. (c) : 'वेत्ति' शब्दस्य 'जानाति' पर्यायवाची। 'वेत्ति' शब्द का 'जानाति' पर्यायवाची शब्द है।

ज्ञा धातु लट्लकार

पुरुष	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम	जानाति	जानीतः	जानन्ति
मध्यम	जानासि	जानीथः	जानीथ
उत्तम	जानामि	जानीवः	जानीमः

8. 'चमत्कृति' इत्यस्मिन् पदे कः प्रत्ययः-

(a) क्तिन् (b) तिन्
(c) ति (d) वितिन्

Ans. (a) : 'चमत्कृति' इत्यस्मिन् पदे क्तिन् प्रत्ययः।
'चमत्कृति' पद में क्तिन् प्रत्यय है।
स्त्रीलिंग भाववाचक शब्द धातुओं में क्तिन् (ति) जोड़कर बनाये जाते हैं। जैसे कृतिः, धृतिः, मतिः, स्तुतिः, चितिः।

निम्नलिखितगद्यांशं पठित्वा प्रश्नाम् उत्तराणि देयानि-

अस्ति विन्ध्याटव्यां महातपा नाम मुनिः। तेनैकदा उटजद्वारे काकमुखाद् भ्रष्टो मूषकशावको दृष्टः। ततो जातकारुण्येन तेन मुनिना स नीवारकणैः परिवर्धितः।

एकदा तं मूषकं खादितुमनुधावन् कश्चित् बिडालो मुनिना दृष्टः। तदा तपःप्रभावात् तेन मुनिना मूषको बलिष्ठो बिडालः कृतः। अथ कदाचित् कुक्कुरात् भीतः स विडालः धावित्वा मुनिः समीपमागच्छत्। बिडालोऽयं कुक्कुरात् विभेति इत्यवगम्य असौ मुनिना कुक्कुरः कृतः। ततः प्रभृति स कुक्कुरः इतस्ततः निर्भयं भ्रमति स्म। अथैकदा व्याघ्रात् भीतः कुक्कुरः मुनेः समीपमागच्छत्। कुक्कुरस्य व्याघ्रात् महत्भयम् इति मत्वा तेन स व्याघ्रः कृतः। परं व्याघ्रमपि मूषकनिर्विशेषं एव पश्यति स मुनिः। अतः सर्वेऽपि तत्रत्याः जनास्तं व्याघ्र दृष्ट्वा वदन्ति-

